भास्करराय भारती दीक्षित
व्यक्तित्व एवं कृतित्व

कुलपति आचार्य वि० वेङ्कटाचलम् के 'शिवसङ्कल्प'
से विभूषित

प्रणेता एवं सम्पादक

आचार्य बटुकनाथ शास्त्री खिस्ते

सहायक सम्पादक

डॉ० शीतला प्रसाद उपाध्याय

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी

योगतन्त्र-ग्रन्थमाला
[21]

भास्करराय भारती दीक्षित व्यक्तित्व एवं कृतित्व

कुलपति श्री वि. वेङ्कटाचलम् के 'शिवसङ्कल्प' से विभूषित

प्रणेता एवं सम्पादक
आचार्य श्रीबटुकनाथ शास्त्री खिस्ते
भूतपूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष, साहित्य-विभाग
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

सहायक सम्पादक
डॉ. शीतला प्रसाद उपाध्याय
प्राध्यापक,
सांख्ययोग-तन्त्रागम-विभाग
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

वाराणसी

२०५० वैक्रमाब्द **१९१५ शकाब्द** **१९९३ खैस्ताब्द**

अनुसन्धान-प्रकाशन-पर्यवेक्षक—
निदेशक, अनुसन्धान-संस्थान
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी ।

■

प्रकाशक—
डॉ. हरिश्चन्द्र मणि त्रिपाठी
प्रकाशनाधिकारी,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी - २२१ ००२.

■

प्राप्ति-स्थान—
विक्रय-विभाग,
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी-२२१ ००२.

■

प्रथम संस्करण, १००० प्रतियाँ
मूल्य—३००-०० रूपये

■

मुद्रक—
रत्ना प्रिंटिंग वर्क्स
बी. २१/४२ ए, कमच्छा,
वाराणसी-२२१ ०१०.

YOGATANTRA-GRANTHAMĀLĀ
[Vol. 21]

BHĀSKARARĀYA BHĀRATĪ DĪKṢITA VYAKTITVA EVAṂ KṚTITVA

BY

PROF. BAṬUKANĀTHA ŚĀSTRĪ KHISTE
Ex-Professor & Head, Sāhitya-Department
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi

FOREWORD BY

PROF. V. VENKATACHALAM
Vice-Chancellor

ASSISTED BY

DR. ŚĪTALĀ PRASĀDA UPĀDHYĀYA
Lecturer-SāṅkhyaYoga-Tantrāgama-Dept.
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi

VARANASI
1993

Research Publication Supervisor–
Director, Research Institute,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi.

■

Published by–
Dr. Harish Chandra Mani Tripathi
Publication Officer,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

■

Available at–
Sales Department,
Sampurnanand Sanskrit University
Varanasi-221 002.

■

First Edition-1000 Copies
Price-Rs. 300-00

■

Printed by–
Ratna Printing Works
B 21/42 A, Kamachha,
Varanasi-221 010.

'ŚIVA-SAṄKALPA' (INTRODUCTION)

I have immense pleasure in introducing this excellent monograph on the life and works of a great son of India, who trod the sacred soil of this land about three centuries back and wrought a silent renaissance in the field of Religion. Bhāskara-Rāya was a name to conjure within the history of the practice of Tantraśāstra in this country. He was one of those rare geniuses who descend on the world under some divine mandate and make their exit from the scene when their life's mission is accomplished. When one looks at his eventful life packed with multifarious achievements from this point of time, one feels constrained to marvel, along with the innocent little children around Goldsmith's Village Schoolmaster, how "one small head could carry all he knew". He combined prolific authorship with profound erudition, profound erudition with tenacious practice, tenacious practice with pristine tradition, pristine tradition with dedicated *guru-bhakti* and dedicated *guru-bhakti* with absolute *siddhi*. A combination of such rare accomplishments in religious discipline made his life a truly unique phenomenon. It is a matter of gratification that unlike many geniuses in other fields, this tāntrik genius attained great popularity and universal acclaim during his own days. His fame measured from Gaṅgā in the north to Kāverī in the south. Kashi on the banks of the Gaṅgā and Bhāskarapura–a village named after him–on the banks of the Kāverī were both bases for the hectic activities that marked his epoch-making life.

He inherited his scholarship in the *tāntrika* tradition from his father who was also a scholar, writer and poet and had established his reputation in the country around Karnataka. A measure of the greatness and importance of this tradition is provided by the circumstance that Ādya-Śaṅkarācārya of hallowed memory and the great philosopher-stateman-polymath Sri Vidyāraṇya-Svāmin, the pontiff of the Śaṅkarācārya-maṭh at Sringeri (Karnataka) belonged to this same *guru-paramparā*. Those who have imbibed the right philosophical tradition in India are well aware that Ādya-Śaṅkarācārya was not a mere intellectual philosopher, but also a *siddha-puruṣa par excellence* who attained *siddhi* and attested the authenticity of practically all the forms of worship. He was Śaiva, a Śākta, a Vaiṣṇava, a Gāṇapatya, a Kaumāra and a Saura, all in one and was, therefore, hailed as *Ṣaṇmata-Sthāpana-Ācārya* in the advaitic tradition. His accredited works include the Tantra work *Prapañcasāra*, commented upon by his direct disciple Padmapāda. Most of these features could be seen reflected in the personality of Bhāskara-Rāya too.

Pandit Khisteji has given a full account of all such necessary details in the short chapter on the life of Bhāskara Rāya, based largely upon *Śrīguru-paramparā,* a compendious complilation of the history of this esoteric tradition. As Pandit Khisteji has rightly remarked, the tāntrika tradition had a clear bifurcation among the followers of Śaṅkarācārya. Of these two branches, the first was the exclusive preserve of his sannyāsin-disciples and the second was open to householders. Obviously, the great Bhāskara-Rāya as well as Pt. Khisteji belonged to the second line of householders. It may also be observed here, in passing, that this sannyāsin-tāntrika tradition which runs as unbroken continuum; continues to be preserved in the extant Maṭhas of Ācārya Śaṅkara, whereas the gṛhastha-line pervades major areas of the whole country. It may also be safe to postulate that the spirit behind this division of two streams as gṛhastha and sannyāsin runs also in the bifurcation of the followers of Tantra as right *(dakṣiṇācāra)* and left *(vāmācāra)* wings of the Śākta tradition.

This is, perhaps, the right place to recall an interesting anecdote which throws interesting light on the inter-relation of these two wings of tāntrika sādhanā. The 35th ācārya of Sringeri Peeth, the late Abhinava Vidyātīrtha Swamiji of hallowed memory was camping, along with his disciple and successor-elect, the present Ācārya Sri Bharatītīrtha Swamiji, at a small place called Maxi about 20 Km. from Ujjain, A factory of asbestos-cement was to be opened there by an industrialist belonging to the Raja family from Rajapalayam (Tamil Nadu). His Holiness was requested to visit the factory and bless the venture. The customary pādapūjā was being performed with *Lalitāsahasranāma* according to the practice of the Maṭh. I had the privilege of sitting close to the two ācāryas. The junior ācārya was in a strange teaching mood. He started expatiating upon the wonderful scholarship of Bhāskara Rāya, hidden in his bhāṣya on *Lalitāsahasranāma.* Taking the names one after another, from here and there, he went into ecstasy about how Bhāskara Rāya's bhāṣya revealed his genius as a commentator and his fantastic scholarship. I was a mute listener. The whole exposition was followed by his concluding remarks which came as kind of anti-climax : "But our Guru is not much pleased with the work". I looked towards him. Assuming a serious mien, he turned towards me and said, "Nothing else. He belongs to the 'vāmācāra' camp". That said, all was said. Further comment is superfluous.

The present monograph is possibly the first sustained effort to present a complete study of all the extent works of this great polymath.

The author Pandit Batuk Nath Shastri Khiste, I am happy to say, is perhaps one of the most well-equipped scholars surviving in the country to write such a monograph. He belongs to the *guru-paramparā* of Bhāskara Rāya and is himself a repository of the floating traditions about Bhāskara Rāya circulating in the scholarly circles of Varanasi. Besides, he took up this study of Bhāskara Rāya with missionary zeal to preserve for posterity whatever is available of the works of Bhāskara Rāya and about Bhāskara Rāya in the country today. During my previous tenure as Vice-Chancellor of this University, I had occasion to know of his ardent interest in this great work, assigned to him by the Indian Council of Philosophical Research, to be executed under the auspices of this University. It is a matter of great satisfaction to me that it was given to me now to accept his work for publication under our scheme of publications and get it completed for release during this Sampurnanand Birth Centenary Celebration week. It is also a matter of some little extra satisfacation to me not far different from the contribution of the little squirrel in the building of the bridge to Lanka by Sri-Rama–that I could provide the learned author with two minor stotra-works of Bhāskara Rāya, not accessable to him from other sources, from my personal collection of printed stotras. In fact, *pārāyaṇa* of Bhāskara Rāya's *Śivadaṇḍaka* and *Śivāṣṭaka* used to be part of my routine regimen of *pradoṣa* worship for many years.

I am equally happy to inform the enlightened readers of this book through this Preface that, at my instance, Prof. Batuka Nath Shastri Khiste has agreed to undertake the onerous responsibility of editing the complete works of Bhāskara Rāya for publication by the University. It is my hope that it will be possible for the University to place this complete set of volumes in the hands of scholars in the course of the next two or three years.

The present volume contains a complete survery of all the available works of Bhāskara Rāya. It is not possible, for reasons quite obvious, to summarise the contents of all his numerous works. I do not propose even to enumerate the different titles of Bhāskara Rāya's works here, much less to attempt a critical assessment of his contribution to *Tantra* and *Sanskrit* literature here. However, I wish to place before the scholars a random sample of Bhāskara Rāya's creative genius :–

"गयाप्रयाग"- द्वितयं वैपरीत्येऽपि तादृशम् ।
"काशिका"-पि तथैवातस्त्रिस्थली स्तूयते बुधैः ॥

His faith in the sacredness of Kashi and the two national centres of pilgrimage Prayāg and Gayā find unique expression in this literary couplet. Greatness of these three tīrthas, says Bhāskara Rāya, lies in the fact that they bless the faithful and the faithless alike. They sanctify those who are pious as well as those who are opposite (विपरीत). To drive this point home, he manages to arrange the names in such a way that even when they are read in the reverse (विपरीत) direction, they continue to be the same. When you read 'गयाप्रयाग' in the reverse direction, it reads the same. And so does काशिका. The poet draws the felicitous conclusion that they bless all their residents, including those who are perverse.

I wish to place on record my personal gratitude to Pandit Khisteji for all the pains he has taken at this advanced age for revising his previous work for the press and also getting it through the press. Dr. Shitala Prasad Upadhyaya, Lecturer in our Yoga-Tantra department also deserves special mention for the devoted assistance he has been giving to Pandit Khisteji in this work. Dr. Harischandra Mani Tripathi, our indefatigable Publication Officer and his cohesive team have again placed before us a fine example of quality work. I commend him and his team for their good work. Sri Vipul Shankar Pandya of M/s Ratna Printing Works also deserves to be complemented for the neat printing and excellent get up of the book.

To conclude, I can do no better than to quote these two fine verses from the poem Śrī-Bhāskara-Vilāsa by his direct disciple, which give a pen picture of the versatility of his profound scholarship in the śāstras and the feelings of awe which he drew from his contemporary admirers:

शृण्वन्नेत्रस्य वीप्सा खलु पदविषये पश्यदङ्घ्रैर्विभाषा
न्याये नव्येऽप्यनव्येऽप्यथ च परिणतिर्जैमिनेर्वाक्यजाते ।
छन्दोंऽशे पिङ्गलोऽन्यः श्रुतिशिखरमते सत्यवत्यास्तनूज-
स्तन्त्रेष्वेष स्वतन्त्रा गिरिशगुणनिका कीर्त्यते कीर्तनीयैः ॥
त्यक्तन्यग्रोधमूलः किमु शशिमुकुटः किंस्विदेकास्यशेषो
नागः शेषोऽयमाहो गुरुरमृतभुजामादृतक्ष्माविहारः ।
किं विद्यानां समष्टिर्जगति विविधतां भेजुषीणामुदञ्च-
त्पुंभावा भारती वेत्यखिलबुधजनैर्भावितो भारतीन्दुः ॥

Varanasi,
5. 1. 1994

V. Venkatachalam
Vice-Chancellor
Sampurnanand Sanskrit University

श्रीमत्पदवाक्यप्रमाणपारावारपारीणसर्वतन्त्रस्वतन्त्र-
श्रीमद्भास्कररायदीक्षितश्रीचरणाः
(श्रीभासुरानन्दनाथपादाः)

श्रीगुरुपरम्पराचरित्रोक्त-गुरुनामानुक्रमः

आदिनाथानन्दनाथ आदिशक्त्यम्बिका तथा ।
सदाशिवश्च तच्छक्तिरीश्वरस्तस्य शक्तिका ॥ १ ॥
रुद्रश्च रुद्रशक्त्यम्बा विष्णुस्तच्छक्तिरेव च ।
ब्रह्मा च ब्रह्मशक्त्यम्बा सनकश्च सनन्दनः ॥ २ ॥
ततः सनातनानन्दः सनत्कुमार एव च ।
ततः सनत्सुजातः स्यादृभुक्षानन्द एव च ॥ ३ ।
दत्तात्रेयो रैवतको वासुदेवस्ततः परम् ।
व्यासः शुको नृसिंहश्च महेशो भास्कराभिधः ॥ ४ ॥
महेन्द्रो माधवानन्दो जिष्णुदेवस्ततः परम् ।
गौडपादानन्दनाथो गोविन्दानन्द एव च ॥ ५ ॥
ततः **श्रीशङ्कराचार्यः** पद्मपादस्ततः परम् ।
बिम्बाऽथ वाग्भवानन्दश्चिदानन्दः प्रसन्नकः ॥ ६ ॥
संभ्रमः परमात्मा च नीलकण्ठोऽथ शाम्भवः ।
विश्वात्मकः प्रियानन्दः क्रोडीशो वीर एव च ॥ ७ ॥
चिन्मुद्रः संविच्छक्त्यम्बा बीजकाशक्तिरेव च ।
भट्टानन्दोऽथ मदनो गेयोऽनुत्तर एव च ॥ ८ ॥
भीमसिंहः शाकवृद्धिः शिलाभट्टारिकाम्बिका ।
भट्टिश्च विक्रमादित्यो भोगः क्लिन्नः कुलेश्वरः ॥ ९ ॥
लीलानन्दोऽथ सहजः कामः कौलेश्वरः स्वरः ।
श्रीविद्यानन्दनाथश्च धर्माचार्योऽथ दीपकः ॥ १० ॥
पराभट्टारिकानन्दो घोरः शक्तिधरोऽमृतः ।
मातृगुप्तो मुक्तकेशः प्रतिभो विष्णुदेवकः ॥ ११ ॥
विमलः संविदानन्दो भोजः परशिवस्तथा ।
मनोजदेवो गगनो गेयादित्यश्च मूर्तिमान् ॥ १२ ॥
आज्ञाशक्तिर्मौर्विका च शिवादासोऽभिनन्दकः ।
धाराकदम्बनामा च भुवनानन्द एव च ॥ १३ ॥
महेश्वरस्त्र्यम्बकाख्यो जयगुप्तः सदाशिवः ।
श्वेताम्बरो देवदासो दुर्गासेनोऽथ पाणिनिः ॥ १४ ॥

ततः कपिलरुद्राख्यः शङ्कुको दीपकस्तथा ।
भासः कर्णोत्पलानन्द उपमन्युरुमापतिः ॥ १५ ॥
विद्यापतिश्च हरणो वामनः सङ्कुलाभिधः ।
ततस्त्वद्भुतपुण्याख्य उत्प्रेक्षावल्लभाभिधः ॥ १६ ॥
रामानन्दः शिवस्वामी कपोलो रुद्रटाभिधः ।
कुमारदासः श्रीहर्षः शम्भुः पृथ्वीधराभिधः ॥ १७ ॥
हम्मीरो वैद्यनाथश्च कालीदासस्त्रिलोचनः ।
रत्नाकरो लोलटश्च स्यान्मातङ्गदिवाकरः ॥ १८ ॥
दामोदरः श्रुतधरः शर्मवर्माऽथ गोभिलः ।
मयूरश्चैव माघश्च गोपालो राजशेखरः ॥ १९ ॥
चाणक्यः कृष्णमिश्रश्च क्षेमेन्द्रो जयमाधवः ।
अनन्तो बिल्हणो दण्डी सुरवर्माऽथ भैरवः ॥ २० ॥
त्रिविक्रमो वररुचिः कृष्णभट्टो गुहेश्वरः ।
सारस्वतो भर्तृहरिः कण्ठपण्डित एव च ॥ २१ ॥
चन्द्राननो नार्मदेयो बिल्वमङ्गल एव च ।
तत उत्पलराजाख्यस्ततः शक्तिकुमारकः ॥ २२ ॥
अरसीठाकुरानन्दो भवभूतिश्च लक्ष्मणः ।
क्रीडाचन्द्रः शार्ङ्गधरो भारविर्भैरवाभिधः ॥ २३ ॥
नागम्मा कुमुदो बाणो वाक्परो नन्दिवर्धनः ।
मुक्तापीडो माथुरश्च धर्मकीर्तिश्च हेतुकः ॥ २४ ॥
नागवैद्यो भोजदेवः कर्पूरश्च कुटुम्बकः ।
निवृत्तिदेवनामा च ज्ञानदेवाभिधस्तथा ॥ २५ ॥
मुक्ताम्बा भल्लटानन्दो भट्टस्वामी ततः परम् ।
लक्ष्मीधरो हरिगणो विद्यातीर्थाभिधः स्मृतः ॥ २६ ॥
विद्यारण्यः सायणः स्यादिन्दुराजश्च रासकः ।
गोविन्दराजो भानुश्च जयदेवो महेश्वरः ॥ २७ ॥
पीयूषवर्षो देवेशः सर्वज्ञः सिंहभूपतिः ।
विष्णुगुप्तो भोगभट्टो भेरीभाङ्कार एव च ॥ २८ ॥
ततो राघवचैतन्यस्ततः शङ्खधरः स्मृतः ।
भट्टारको विष्णुशर्मा ततो गोवर्धनोद्धरः ॥ २९ ॥
धनपालो मुरारिश्च सुबन्धुर्हरदत्तकः ।
पुष्पाकरश्चोत्कटश्च तत आनन्ददेवकः ॥ ३० ॥

विमर्शश्चैव पूर्णश्च राजदेवो विनायकः ।
ततो वल्लभदेवाख्यः स्वभावानन्द एव च ॥ ३१ ॥
हरिहरदेवनामा च धर्मनारायणाभिधः ।
सुभगो वै परिमलो रेवादासः प्रशस्तकः ॥ ३२ ॥
वसुन्धरोऽथ कुमुदानन्दो गोविन्दभट्टकः ।
आनन्दश्च प्रकाशश्च **भासुरानन्द** एव च ॥ ३३ ॥
उमापत्यानन्दनाथः शुकानन्दाभिधः परम् ।
श्रीदेशिकानन्दनाथो यज्ञेशानन्द एव च ॥ ३४ ॥
धर्मानन्दस्तथा धीरो भूमाऽम्बानन्द एव च ।
ततोऽम्बुजेशानन्दनाथ इति ज्ञेया परम्परा ॥ ३५ ॥



श्रीमद्भास्कररायसम्प्रदायधुरन्धराः श्रीपरमाचार्याः
श्रीरघुनाथशास्त्रि-गोडबोलेमहाराजाः
(श्री-अम्बानन्दनाथपादाः)

॥ श्रीर्गुरुगणेशः ॥

आमुख

श्रीसाम्बशिवगुर्वाद्यां शङ्कराचार्यमध्यगाम् ।
अस्मदाचार्यपर्यन्तां वन्दे गुरुपरम्पराम् ॥
श्रेयोमार्गनिरूपणाय शरणापन्नेषु बद्धादरा
दुर्वारप्रतिवादचक्रविमर्दीकारप्रकारोद्धुराः ।
साष्टाङ्गप्रणमन्नरेन्द्रमुकुटीरत्नप्रभामेदुराः
श्रीमद्भास्करभारतीपदनखज्योत्स्नाङ्कुराः पान्तु नः ॥

इस पुण्यभूमि भारतवर्ष में भगवान् समय-समय पर प्रत्यक्ष अवतार लेते हैं, यह बात शास्त्रों से प्रमाणित है। उसी प्रकार विभिन्न कालों में शिथिल होने वाली विद्याओं, वेदों, शास्त्रों तथा अन्य विषयों का पुनरुज्जीवन करने के लिए भगवदंशभूत महापुरुष भी अवतीर्ण होते हैं।

इस प्रकार की परम्परा में सर्वप्रथम भगवत्पाद श्रीशङ्कराचार्य का नाम उल्लेखनीय है, जिन्होंने म्लान होने वाली वेद-शास्त्र लता का पुनरुज्जीवन कर भारतवर्ष के लोगों का मार्ग-दर्शन किया और वैदिक संस्कृति तथा सभ्यता का पुनः प्रतिष्ठापन किया।

न केवल वेदों का ही किन्तु उससे संबद्ध आगम-तन्त्रादिशास्त्रों की भी प्रतिष्ठा करने में आचार्य का ही अवदान था। विद्यार्णव-निबन्ध में श्रीविद्यारण्य जी ने लिखा है कि जितने भी उपासना-सम्प्रदाय हैं उनके प्रवर्तक एवं प्रतिष्ठापक श्री शङ्कर ही थे। श्रीशङ्कराचार्य से भिन्न कोई सम्प्रदाय नहीं है, भले ही आगे लोगों ने पृथक् मान लिया हो।

आचार्य शङ्कर का अधिक समय लुप्तप्राय वैदिक-मर्यादाओं की रक्षा में व्यतीत हुआ। उनके और भी दो कर्त्तव्य थे—शिवोपासना एवं शक्त्युपासना, जिन पर उन्होंने बहुत कुछ लिखा। शतशः स्तोत्रों का निर्माण किया तो भी कार्य अपेक्षाकृत पूरा न हो सका, ऐसा प्राचीन परम्परा का मत है।

इस प्रसङ्ग में शिवोपासना सम्बन्धी विशेष वाङ्मय का निर्माण महान् आचार्य अप्पय्य दीक्षितजी ने किया, अद्वैत-वेदान्त के साथ ही शैव-दर्शन पर भी उनका कार्य मूल्यवान् है।

उसके बाद शक्त्युपासना सम्बद्ध विशिष्ट कार्य करने का उपक्रम प्रातः-स्मरणीय श्रीभास्करराय जी ने किया और पर्याप्तमात्रा में इस कार्य में वे सफल रहे, यह बात उनके ग्रन्थ ही प्रमाणित करते हैं।

सौभाग्यवश मेरे पूज्य पितृचरण म. म. पं. नारायण शास्त्री खिस्ते जी इसी परम्परा में थे। उनके संस्कार तथा शिक्षा से मेरी भी प्रवृत्ति इस ओर शैशव से ही थी।

श्रीभास्करराय दीक्षित जी की अविच्छिन्न परम्परा में नवम पुरुष श्री १०८ रघुनाथ शास्त्री गोडबोले जी महाराज (अम्बानन्दनाथ) थे, इनसे पूज्य पिताजी का सम्पर्क सन् १९१८ ई. से ही था। श्री गोडबोले जी महाराज प्रायः पुस्तकान्वेषण-कार्य के लिए वाराणसी आते थे तथा सरस्वती भवन में भी जाते थे।

पूज्यपाद श्रीगोपीनाथ कविराज जी का भी उनसे सम्पर्क था। कविराजजी उनका अत्यन्त आदर करते थे। कविराजजी के बहुत आग्रह करने पर भी उन्होंने कहीं लेख या फोटो देना स्वीकार नहीं किया। निकट आने वाले जिज्ञासुओं का वे मार्गदर्शन तत्काल करते थे। बम्बई जैसी नगरी में रहते हुए भी वे अपने प्रचार-प्रसार से पराङ्मुख थे, परन्तु भारतवर्ष के दूर-दूर के साधक, विद्वान् उनके पास अपनी शङ्काओं के समाधान हेतु आते थे। उनका प्रातिभज्ञान अलौकिक था, इसका अनुभव अनेक विद्वानों को होता था।

उनकी कृपा से मेरे पूज्य पिताजी तथा मैं श्रीभास्करराय जी के सम्प्रदाय में प्रवेश पा सके। उनके अनुग्रह से एक विशद दृष्टि मिली, जिससे सम्प्रदाय के महत्त्व-पूर्ण बातों का आकलन हो सका।

सेवा-निवृत्ति के बाद कुछ वर्षों तक मैं कुछ प्रकाशनादि कार्य करता रहा। प्रसङ्गवशात् दिल्ली की 'भारतीय दार्शनिक अनुसन्धान परिषद' की योजना के विषय में मुझे जानकारी हुई। मैंने श्रीभास्करराय दीक्षित जी के वाङ्मय के अवदान पर कार्य करने के लिए पत्र-व्यवहार किया तथा परिषद ने स्वीकृति भी दी।

इस प्रसङ्ग में मेरे स्वर्गीय शिष्य डॉ. राम सुशील सिंह (प्रोफेसर, द्रव्य-गुण-विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय) का नाम उल्लेखनीय है, जिन्होंने परिषद से सम्बन्ध स्थापित करने में परिश्रम किया तथा स्वीकृति दिलायी। खेद है कि वे आज भौतिक रूप में उपस्थित नहीं है, उनका मैं सस्नेह स्मरण करता हूँ।

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के वर्तमान कुलपति प्रो. वी. वेङ्कटाचलम् जी सन् १९८६ में प्रथम बार कुलपति होकर आये थे जिनके परम स्नेह तथा सहयोग से इस योजना का शुभारम्भ हुआ था। आज बड़ी प्रसन्नता है कि पुनः

उनके ही कार्य-काल में इसकी पूर्ति प्रबन्ध प्रकाशन के रूप में हो रही है। इनके सहयोग, सत्परामर्श तथा स्नेह भाव के लिए मैं सर्वथा कृतज्ञ हूँ।

आप स्वयं शास्त्र व्यसनी सहृदय विद्वान् है। उज्जयिनी के उत्सवों में शनैः शनैः अङ्कुरित परिचय आपके वाराणसी-आगमन के साथ-साथ और भी सुदृढ़तर होता गया, जिसकी सुखद परिणति इस ग्रन्थ का प्रकाशन है। साथ ही इस ग्रन्थ के प्रकाशन के समय इनके संग्रह से श्रीभास्करराय जी की दो महत्त्व-पूर्ण कृतियाँ 'शिवाष्टकम्' और 'शिवदण्डकम्' भी प्राप्त हुई जो मुद्रित होने पर भी दुर्लभ थीं, इसके लिए भी मैं इनका ऋणी हूँ। इनकी ही सत्प्रेरणा तथा स्वीकृति से श्री भाष्करराय दीक्षित जी का समग्र वाङ्मय 'श्रीभास्करराय ग्रन्थावली' नाम से इस विश्वविद्यालय से शीघ्र ही प्रकाशित हो रहा है जिसकी चिरकाल से अपेक्षा थी। यह भी कार्य इन्हीं के कार्य-काल में सम्पन्न होने से सम्पूर्ण विद्वज्जनों को अवश्य ही हर्ष होगा।

श्रीलालबहादुर शास्त्री केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के कुलपति सुहृद्वर डॉ. मण्डन मिश्र जी का भी मेरे इस कार्य में बहुत सहयोग रहा है। परिषद से मुझे पाण्डुलिपि इनके ही प्रयत्नों से मिली तथा समय-समय पर ये कार्य पर ध्यान देते रहे। इनको भी मैं हार्दिक साधुवाद देता हूँ।

हैदराबाद निवासी वयोवृद्ध, श्रीभास्करराय जी के वंशज श्रीवेङ्कटेश भारती के उपकार का भी मैं स्मरण करता हूँ जिनके द्वारा आचार्य को राजाओं से प्राप्त हुए मोड़ी लिपि में लिखी हुई दो दान-पत्रों की प्रतिलिपियाँ आदि सामग्री प्राप्त हुईं।

श्रीभास्कररायजी के ग्रन्थ गम्भीर हैं। अनेक शास्त्रों के सिद्धान्त इनमें वारंवार आते हैं। सहस्रों ग्रन्थों के उद्धरण उनमें हैं, विषय-शैली कहीं-कहीं दुर्गम भी हैं। मैंने यथामति लिखने का साहस किया है। मेरा उद्देश्य जिज्ञासु-जनों का समाधान करना है। साधारण लोग भी इससे लाभान्वित हो सकें, अतः हिन्दी-भाषा में ही पुस्तक-प्रणयन किया गया है।

श्रीभास्कररायजी की लेखन-शैली अपना एक विशेष प्रकार रखती है। एक ही बात को अनेक प्रकार से स्पष्ट करना यह उनकी विशेषता है। जहाँ साम्प्रदायिक तथा गोपनीय विषय हैं, वहाँ वे 'इदं गुरुमुखादवगम्यम्' यह स्पष्ट लिखते हैं, तो भी जितना विवरण सम्भव हो सकता है वह उन्होंने किया ही है।

इस प्रबन्ध के मुद्रण, शोधन एवं प्रकाशन के कार्य में मेरे प्रिय शिष्य डॉ. शीतला प्रसाद उपाध्याय (प्राध्यापक, सांख्ययोगतन्त्रागम विभाग, सं. सं. वि. वि., वाराणसी) का असीम परिश्रम एवं लगन प्रशंसनीय है। इन्होंने दिन-रात एककर प्रूफ-संशोधनादि कार्य सम्पन्न किया। मैं इनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना

के साथ शुभाशीर्वाद देता हूँ कि भविष्य में इनके हाथ से ऐसे ही महनीय कार्य होते रहेंगे।

मुद्रणादि कार्यों में सहयोग करने के लिए प्रकाशनाधिकारी डॉ. हरिश्चन्द्रमणि त्रिपाठी जी को मैं साधुवाद देता हूँ।

अन्त में शास्त्रानुरागी विद्वज्जनों से प्रार्थना है कि इस प्रबन्ध का अवलोकन कर मेरे श्रम को सफल करें। अपनी सम्भावित त्रुटियों के लिए क्षमा माँगते हुए मैं अपने वक्तव्य को पूर्ण करता हूँ।

मार्गशीर्ष, दत्त-पूर्णिमा
संवत् २०५०
दिनाङ्क २८-१२-१९९३

बटुकनाथशास्त्री खिस्ते

विषय-सूची

शिवसङ्कल्प (FOREWORD)	i
गुरुनामानुक्रम	v
आमुख	ix
ग्रन्थ-भाग	
उपक्रम	१
जीवनवृत्त-इतिहास	५
काल निर्णय	२०
कृतियाँ	
खद्योत-वार्तिक	२७
नाथनवरत्नमाला	३६
कौलोपनिषद्-व्याख्या	४३
भावनोपनिषद्-भाष्य	५१
त्रिपुरोपनिषद्-भाष्य	६७
शिवनामकल्पलतालवाल	९२
तृंच-भास्कर	१३९
वरिवस्यारहस्य	१७२
गुप्तवती	२३७
सौभाग्य-भास्कर	२९५
सेतुबन्ध	४१९
परिशिष्ट	
1. श्रीभास्करराय जी के सामाजिक महत्त्व-पूर्ण कार्य	५२९
2. आचार्य के कतिपय-ग्रन्थों का परिचय–	
पूर्वमीमांसावादकुतूहलम्	५३१
चन्द्रलाम्बामाहात्म्यम्	५३२
भाट्टचन्द्रिका	५३२
वृत्तचन्द्रोदय	५३३

3. आचार्य की लघु-रचनाएँ—
श्रीगुरुस्तवारार्त्रिकम् ५३८
श्रीत्रिपुरसुन्दर्या आरार्त्रिकम् ५३९
शिवाष्टकम् ५४०
शिवदण्डकः ५४१
बिल्वसमर्पणाष्टकम् ५४५
बाह्यवरिवस्याविधिः ५४७
4. भास्करराय की ज्ञात-कृतियाँ ५५०
5. भास्करविलास ५५५
6. दानपत्र की मूल प्रति ५६५
7. विशिष्ट-पदानुक्रमणी ५६९

चित्र-सूची

1. श्रीभास्करराय भारती दीक्षित iv
2. श्री गोडबोले जी महाराज viii
3. महागणपति ३२
4. श्रीयन्त्र ७२
5. तृच-भास्करोक्त सौरयन्त्र १६८
6. नाद-बिन्दु का क्रम २३६
7. कामेश्वर सहित ललिताम्बा ३०८
8. अन्नपूर्णा-मन्दिरस्थ श्रीयन्त्र ५२८

॥ श्रीगुरुगणेशः ॥

श्रीभास्करराय भारती दीक्षित—व्यक्तित्व एवं कृतित्व

उपक्रम

देवताओं के लिये भी स्पृहणीय इस भारतभूमि पर समय-समय पर वेद-वेदाङ्गादि विद्याओं तथा उनके सम्प्रदायों एवं नानाविध शास्त्रों और कलाओं की परम्परा सुरक्षित रखने के लिये देवांशभूत महापुरुष अवतार ग्रहण करते थे, यह भारतीय विद्वानों की दृढ़ मान्यता है। ऐसे पुरुषों के लिये स्वयं भगवान् कहते हैं—

यद्यद् विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा।
तत्तदेवाऽवगच्छ त्वं मम तेजोंऽशसम्भवम् ॥

वैदिक धर्म-मर्यादा का ह्रास या अवनति होने पर स्वयं भगवान् ही मानुषाकार में विशिष्टरूप से आते हैं, एवं विशीर्ण मर्यादाओं को पुनरुज्जीवित कर धर्मस्थापन करते हैं, यह प्रसिद्धि है। भगवान् की तो यह प्रतिज्ञा ही है—

"धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे"

संसार में अनेक परम्पराएँ, संस्कृतियाँ और सभ्यताएँ उत्पन्न हुईं और कालान्तर में क्षीण होकर नाम-शेष हो गईं; परन्तु वैदिक और वेदमूलक परम्पराएँ अनेक आघात-प्रतिघातों के बीच मार्ग बनाती हुई आज भी क्रियात्मक रूप से जीवित हैं। भले ही उनमें शिथिलता और कालकृत विपर्यास आदि दोष आ गये हों। भारतीय शास्त्र आशावादी हैं। "जीवेम शरदः शतम्", "तेजस्विनाऽवधीत-मस्तु", "व्यशेम देवहितं यदायुः", "माता पृथिवी पुत्रोऽहं पृथिव्याः" इत्यादि घोषणाएँ भारतीय ओजस्विता को प्रकट करती हैं। बीच में आने वाले काले बादलों से जूझते हुए भारत का ज्ञान-सूर्य अपनी प्रभा से पुनः पुनः विश्व को आलोकित करता रहता है। इसी सन्दर्भ में हमें अपने आचार्यों, व्याख्याकारों एवं उपदेष्टाओं का स्मरण होता है, जिनमें आचार्य भगवत्पाद शङ्कर, श्री अभिनवगुप्त पादाचार्य, वाचस्पति मिश्र, अप्पय दीक्षित और श्रीभास्करराय आदि प्रमुख हैं।

भारतवर्ष की विद्याओं, शास्त्रों तथा अन्य कलाओं की रक्षा के लिये स्वयं भगवान् महाविष्णु ने अठासी हजार गृहमेधी ऋषियों को हिमालय में प्रतिष्ठापित किया है तथा वे दिव्यरूप से वर्तमान हैं। ऐसा विष्णुपुराण में निर्दिष्ट है। इसका उल्लेख प्रसङ्गवश गणेशसहस्रनाम की "खद्योत" टीका में श्रीभास्करराय जी ने किया है। "अष्टाशीतिसहस्राद्यमहर्षिस्तोत्रयन्त्रितः" नाम की व्याख्या "खद्योतवार्तिक" में उल्लिखित है—

"सर्वविद्याकलाराशिरक्षणैकप्रयोजनाः ।
विष्णुना हिमवत्पृष्ठे स्थापिता गृहमेधिनः ॥
पुराणे वैष्णवे प्रोक्तास्तैः स्तुत्योऽसि नियन्त्रितः ।"

इससे देववाणी के अमरत्व का सङ्केत मिलता है । विभिन्न मतावलम्बियों की प्रबलता से भारतीय गगन-मण्डल के धूमिल होने पर आचार्य कुमारिल तथा भगवत्पाद शङ्कर ने वैदिक ज्ञान की पुनः प्रतिष्ठा के लिये प्रबल तपःपूर्वक प्रयास किया और वैदिक संस्कृति को सम्पूर्ण भारतवर्ष में अक्षुण्ण रूप से स्थापित किया । आचार्य शङ्कर का सम्पूर्ण जीवन नास्तिकों के खण्डन एवं आस्तिकता की प्रतिष्ठा में ही व्यतीत हुआ । प्रसिद्धि के अनुसार आचार्य का जीवनकाल केवल बत्तीस वर्षों का था । यह प्रसिद्ध श्लोक है—

"अष्टवर्षे चतुर्वेदी द्वादशे सर्वशास्त्रवित् ।
षोडशे कृतवान् भाष्यं द्वात्रिंशे मुनिरभ्यगात्" ॥

आचार्य के जीवन में वेदमर्यादा की प्रतिष्ठा के बाद दो और बातें महत्त्वपूर्ण थीं । एक शिवोपासना और दूसरी शक्त्युपासना और तद्विषयक शास्त्रों का आलोचन । यद्यपि इस पर कुछ कार्य तो आचार्य ने ही स्वयं किया, यथा—अनेक स्तोत्रों का प्रणयन तथा प्रपञ्चसार, सौन्दर्यलहरी, त्रिशती व्याख्या आदि ग्रन्थों का निर्माण । इस विषय में कतिपय आधुनिक विद्वान् संशयापन्न हैं; परन्तु उनको यह जानना चाहिये कि ब्रह्मसूत्रभाष्य लिखते हुए तथा स्तोत्र-रचना करते हुए आचार्य के सामने अधिकारी भिन्न हैं । अतः उसकी एककर्तृकता में सन्देह नहीं है । आचार्य के अवशिष्ट संकल्प के अनुसार उन्हीं की परम्परा में प्रादुर्भूत दो विद्वानों ने इस कार्य को आगे बढ़ाया तथा उत्तम ग्रन्थों का निर्माण भी किया ।

श्री अप्पय दीक्षित जी ने अद्वैत-सिद्धान्त के साथ ही शिवाद्वैत पर तथा शिवोपासना पर बहुत कुछ लिखा है । श्रीभास्करराय जी ने उसी परम्परा में चलते हुए शक्त्युपासना विषयक अत्यन्त बहुमूल्य वाङ्मय का निर्माण किया है । शिवरहस्य के उद्धरण के अनुसार ये तीनों ही आचार्य शिव के अवतार थे । शिवरहस्य का वाक्य है—

शिवे ! मदंशसम्भूतः शङ्करश्शाङ्करोत्तमः ।
चतुर्भिः सह शिष्यैस्तु कलाववतरिष्यति ॥
दीक्षितोऽपि भवेत्कश्चिन्मदंशो भूसरोऽम्बिके ।
भासुराचारनिरतश्शैवश्छन्दोगवंशजः ॥

शिव के अंश से शङ्कराचार्य आये और कुछ काल के बाद सामवेदी कुलोत्पन्न दीक्षित (सोमादि याग करने वाले) अप्पय दीक्षित हुए । इसी श्लोक में श्री भास्कर राय विषयक सङ्केत भी है । "भासुराचारनिरतः" यह विशेषण अप्पय

दीक्षित के लिये प्रयुक्त है; परन्तु यह श्रीभास्करराय दीक्षित के दीक्षा नाम "श्रीभासुरानन्दनाथ" का भी सूचक है। दोनों बड़े यायजूक थे तथा शाङ्कराद्वैत के पुरस्कर्ता भी। इन दोनों ही की गणना शिवावतार के रूप में विद्वानों में मान्य थी।

भगवत्पाद शङ्कर षण्मतप्रतिष्ठापनाचार्य भी कहे जाते हैं। पञ्च-देवताओं के साथ षष्ठ स्कन्द की उपासना, जो दक्षिण भारत में विशेष रूप से की जाती है, के पुनःप्रवर्तक आचार्य शङ्कर ही थे। शाङ्करमठों में भगवान् चन्द्रमौलीश्वर, शारदाम्बा तथा श्रीचक्राधिष्ठात्री महात्रिपुरसुन्दरी की उपासना की जाती है। किसी-किसी मठ में कुछ विशेष बातें हो सकती हैं; परन्तु इनमें कोई अन्तर नहीं है। शक्तिसङ्गमतन्त्र में "कलियुग में आचार्य शङ्कर ही उपासनाओं को प्रवृत्त करेंगे" यह लिखा है। इस बात को श्रीभास्करराय दीक्षित ने दुर्गासप्तशती की अपनी टीका "गुप्तवती" के प्रारम्भ में मङ्गलाचरण में निर्दिष्ट किया है–

सत्सम्प्रदायप्रथनाय तिष्ये शिष्यैश्चतुर्भिः सह योऽवतीर्णः।
उक्तो बृहत्सङ्गमतन्त्रराजे श्रीशङ्कराचार्यगुरुं तमीडे॥

वेद और आगम या निगमागम ये दोनों धाराएं परमेश्वर रूप आदिगुरु से गङ्गा और यमुना की तरह निकलकर समस्त देश के आध्यात्मिक धरातल को आप्लावित करती रहीं। यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै इत्यादि श्रुतियाँ परम्परा को सूचित करती हैं।

अष्टादशानामेतासां विद्यानां भिन्नवर्त्मनाम्।
आदिकर्ता कविः साक्षात् शूलपाणिरिति श्रुतिः॥

इत्यादि वचन भी हैं।

आचार्य शङ्कर की परम्परा में वेद और आगम का समन्वय है। भागवत की निम्नांकित उक्ति के अनुसार–

वैदिकस्तान्त्रिको मिश्र इति मे त्रिविधो मखः।
त्रयाणामीप्सितेनैव विधिना मां समर्चयेत्॥

आचार्य ने प्रायः मिश्र मार्ग का ही उपदेश तथा प्रवर्तन किया और यही वैदिक मर्यादा है। किसी कारण से वेदमार्ग से परिभ्रष्ट लोगों के लिये पुनः पूर्वभूमिका प्राप्त करने के लिये प्रथम सोपान के रूप में पाञ्चरात्र, पाशुपत आगम की विशेष शाखाओं का उपयोग किया जाता है–यह विचार श्रीभास्करराय जी ने "सेतुबन्ध" के प्रारम्भ में किया है। यहाँ एक बात ज्ञातव्य है कि प्राचीनकाल से ही शाङ्कर मठों में पीठाधिरूढ यति के साथ गृहस्थ परम्परा से दीक्षित विद्वान् भी रखे जाते थे।

"श्रीविद्यार्णव" निबन्ध में आचार्य के संन्यासी और गृहस्थ दो प्रकार के शिष्यों का उल्लेख है। गृहस्थ परम्परा का दीक्षित विद्वान् शिक्षा देने के लिये और

संरक्षक के रूप में मठ में रहता था। विशेष परिस्थिति में पीठ में यति को रखना या न रखना आदि निर्णय में इन विद्वानों का अधिकार "मठाम्नाय" से सूचित होता है। ये किसी कारण से अयोग्य यति को हटा सकते थे–**"निग्रहार्हो मनीषिणाम्"** यह उक्ति है। इसी पण्डित-श्रेणी में सायणाचार्य, अप्पय दीक्षित तथा श्रीभास्करराय आदि की गणना होती है। "मनीषी" शब्द का अर्थ केवल विद्वान् न होकर आगमिकपूर्ण दीक्षासम्पन्न भी है। श्रीललितात्रिशती की फलश्रुति (ब्रह्माण्डपुराण) की उक्ति है–

न शिल्पादिज्ञानयुक्ते विद्वच्छन्दः प्रयुज्यते।
मोक्षैकहेतुर्विद्या तु श्रीविद्या नाऽत्र संशयः॥

परम्परागत शिष्यों में किसी में विशेष प्रतिभा या प्रातिभज्ञान का उदय होता है, वही आचार्य पद के योग्य होता है, जैसा वहीं का वचन है–

"सामान्यवेदिनः सर्वे विशेषज्ञोऽतिदुर्लभः"।

इसी धारा में आचार्यगण प्रादुर्भूत होते हैं। श्री अभिनवगुप्तपाद और श्रीभास्कर राय को इसी कोटि में माना जाता है। श्रीविद्यार्णव के अनुसार श्रीशङ्कराचार्य का सम्प्रदाय ही समस्त शाखाओं का मूल है–

"सम्प्रदायो हि नान्योऽस्ति लोके श्रीशङ्कराद् बहिः"।

(प्रथम श्वास)

●

जीवनवृत्त-इतिहास

आचार्य का परिचय जानने के तीन-चार साधन हैं। प्रथम–"श्रीगुरुपरम्परा" नामक संस्कृत-श्लोकबद्ध ग्रन्थ है, जिसकी रचना उन्हीं की परम्परा के शिष्य पण्डित रामकृष्ण सोमयाजी ने की है। श्रीरामकृष्ण सोमयाजी ने अपने गुरु श्रीमयूरेश्वर या बाबा महाराज के मुख से जो बातें सुनी थीं, उन्हें श्लोकबद्ध पुराणशैली में विस्तार के साथ लिखा है। ग्रन्थ बहुत बड़ा है। यद्यपि परम्परागत अनुश्रुतियाँ ही इसका आधार हैं; परन्तु इसमें उपवर्णित घटनाओं का अन्य बाह्य प्रमाणों से समर्थन होता है। सम्प्रदाय की परम्परा की रक्षा और ज्ञान के लिये श्रीसोमयाजी का यह प्रयास महत्त्वपूर्ण है। इस ग्रन्थ को पूर्वार्ध और उत्तरार्ध दो भागों में विभाजित किया गया है। पूर्वार्ध में ५४ सर्ग और उत्तरार्ध में भी ५४ सर्ग हैं। यह ग्रन्थ श्रीसोमयाजी के योग्यशिष्य विद्वद्वर श्रीगोपाल शास्त्री जी की "स्फूर्ति" नामक संस्कृत टीका के साथ प्रथम बार शक १८२९ में बम्बई के व्यङ्कटेश्वर मुद्रणालय से प्रकाशित हुआ था। इस समय शक १९१५ चल रहा है, तदनुसार इसका मुद्रण पचासी वर्ष पूर्व हुआ था। इस संस्कृत के श्लोकबद्ध ग्रन्थ का मराठी पद्यों में अनुवाद महाराष्ट्र नांदेड (मराठवाडा) के सुप्रसिद्ध कवि और लेखक श्री दे. ल. महाजन ने किया था, जो अत्यन्त सरस और लोकप्रिय हुआ। महाजन कविं की मृत्यु के बाद "महाजन साहित्य प्रकाशन मण्डल" नामक संस्था ने नांदेड से इसको प्रकाशित किया। यह चार भागों में प्रकाशित हुआ है। ईस्वी. १९७८ से १९८९ तक इसके भाग प्रकाशित हुए। श्रीमहाजन कवि भी इस परम्परा के शिष्य थे।

इस ग्रन्थ में आदिगुरु परमशिव से लेकर अपने गुरु श्री बाबा महाराज (श्रीयज्ञेशानन्दनाथ) तक २३२ गुरुओं का वर्णन श्रीसोमयाजी ने किया है। ग्रन्थ की श्लोक-संख्या बारह हजार है। यह अपने रूप में परम्परा की रक्षा का महत्त्वपूर्ण प्रयास था। भले ही आज के अन्वेषकों को उसमें कुछ असंगति या ऐतिहासिक विपर्यय मालूम पड़े, तो भी परम्परा की अनुश्रुतियों का उसमें बहुत बड़ा योगदान है। इस ग्रन्थ के उत्तरार्ध में ४१ से ५० वें अध्याय तक विस्तार के साथ श्रीभास्करराय जी का चरित्र उपवर्णित है। उसी क्रम के अनुसार हम आगे जीवनरेखा संक्षेप में दे रहे हैं। यह तो एक साधन उपलब्ध है। दूसरा है– श्रीभास्करराय के प्रत्यक्ष शिष्य तंजौर के राजा के सभापण्डित जगन्नाथ शुक्ल (दीक्षानाम-उमानन्दनाथ, "नित्योत्सव" ग्रन्थ के लेखक) के द्वारा विरचित एक लघु-काव्य जिसका नाम "भास्करविलास" है। यह निर्णयसागर, बम्बई से दो

बार श्रीललितासहस्रनाम के भास्करराय विरचित "सौभाग्यभास्कर" भाष्य के साथ मुद्रित हुआ है। इसमें श्रीजगन्नाथ शुक्ल ने अपने गुरु की जीवन-कथा संक्षेप में सुन्दर शैली में काव्यबद्ध लिखी है, साथ ही अपने गुरु के कतिपय पद्यों को भी उसमें परिशिष्ट के रूप में जोड़ दिया है। उसमें उल्लिखित घटनाओं के साथ गुरु-परम्परा-चरित्र की कथा प्रायः समानता रखती है। इसके अतिरिक्त श्रीभास्करराय के "वरिवस्यारहस्य" आदि ग्रन्थों के प्रकाशन में कतिपय विद्वानों द्वारा लिखी भूमिकाएँ भी घटना एवं काल-निर्णय में उपयोगी हो सकती हैं।

श्रीभास्करराय जी जन्मना विश्वामित्रगोत्रीय महाराष्ट्रदेशस्थ ब्राह्मण थे और ऋग्वेद की आश्वलायन शाखा के अनुयायी थे। उनके जीवन का अधिक समय आन्ध्र, कर्नाटक तथा तमिल प्रदेश में व्यतीत हुआ था। श्रीभास्करराय को शाहू-छत्रपति (महाराष्ट्र के नरपति) से एक-दो भूमि के दानपत्र भी प्राप्त हुए हैं, जिनमें शक का उल्लेख है। इन सब उपलब्ध सामग्री के आधार पर उनका काल-निर्णय किया जायेगा। इनके वंशज अभी भी हैदराबाद दक्षिण में वर्तमान हैं। श्रीव्यङ्कटेश त्र्यम्बक भारती जो वयोवृद्ध हैं, मेरी प्रार्थना पर दोनों दानपत्रों की प्रतिलिपियाँ और उपलब्ध वंश-वृक्ष भी भेजा है।

श्रीभास्करराय दीक्षित का आवास कर्णाटक के अन्तर्गत बीजापुर राज्य में था। इनके पिता श्रीगम्भीरराय भारती दीक्षित बहुत बड़े संस्कृत-शास्त्रों के विद्वान्, सोमयाग करने वाले, अनेक ग्रन्थों के रचयिता एवं सुप्रसिद्ध राजनीतिक कुशल पुरुष थे। यवन राजा के आदेश से इन्होंने सम्पूर्ण महाभारत का फारसी भाषा में अनुवाद किया था, तभी से इनकी उपाधि "भारती" पड़ गई।

अपने पिता के सम्बन्ध में श्रीभास्करराय ने अपने छन्दःशास्त्रीय ग्रन्थ "छन्दःकौस्तुभ" के प्रारम्भ में निम्नाङ्कित श्लोक लिखे हैं–

प्रख्यातो विजयापुरीयनृपतेर्यः सेवया फारसी-
भाषाष्टादशपर्वभारतकृतिं सर्वां विपर्यासयत्।
आचान्ताखिलशास्त्रवारिधिमिमं दृष्ट्वैव वाचंयमाः
पाराशर्यकणादजैमिनिमुखा अद्यापि चान्तर्हिताः॥ १॥
यः शास्त्राम्बुनिधीन् प्रमथ्य कृतवान् ग्रन्थाननन्योपमान्
अग्निष्टोममुखैर्मखैः सुरपतिं तुष्टं गृहेऽवासयत्।
यः काश्यां चरमायुरौज्झदमलः साम्वादभेदेन तं
तातं भारतिदीक्षितोत्तरपदं गम्भीरराजं नुमः॥ २॥

भारत्युपाख्यबुधमण्डनसोमपीथी गम्भीररायसुतभास्कररायशैवः।
छन्दांसि वक्ति सगणानि सलक्षणानि सप्रत्ययानि समतानि सयुक्तिकानि॥ ३।

अन्त का श्लोक है–

इति श्रीशारदोपास्तिलब्धधीर्दीक्षितोऽग्निचित्।
बभाषे शिवतोषाय भाष्यं भास्करभारती ॥ ४ ॥

श्रीगम्भीरराय दीक्षित ने स्वविरचित श्लोकबद्ध "विष्णुसहस्रनामपद्यप्रसूनाञ्जलिः" नामक निबन्ध के उपोद्घात में अपने वंश का परिचय इस प्रकार दिया है–

यन्मातुः प्रपितामहो हि भिषजां वर्यो बुधो मुद्गलः
श्रीवत्सान्वयसम्भवो गुणनिधिर्नारायणस्तत्सुतः।
तस्याण्णाजिबुधः सुतः किल पुनर्नारायणस्तत्सुत-
स्तं वन्दे गुरुमागमांश्च सकलान् योऽध्यापयन्मातुलः॥
विश्वामित्र इति प्रसिद्धमहिमा मूर्ध्ना तपोऽग्निं त्यजन्
त्रैलोक्यं सचराचरं स सहसा सन्तापयन् तापसः।
यो ब्रह्मेन्द्रमहेशमुख्यविबुधैः संप्रार्थितः पूजिते
ब्रह्मर्षित्वमवाप कोऽपि मुनिराट् पायात्पुनः सृष्टिकृत् ॥
तद्गोत्रोद्भव एकनाथ इति च श्रीमानुदारः शुचि-
स्तत्पुत्रस्तुकदेवपण्डित इति प्रौढः प्रतापोच्छ्रितः।
तत्सूनुश्च यमाजिपण्डित इति ख्यातः सतां सम्मतो
जाया तस्य सती सतीजननुता स्याच्चन्द्रमानामतः॥
दमवांश्चन्द्रमाख्यायां यमाजिर्यमजीजनत्।
स सूरिशिक्षादीक्षावान् कविर्गम्भीरभारती ॥

विश्वामित्र-गोत्र के मूलपुरुष एकनाथ से तुकदेव उत्पन्न हुए। तुकदेव के पुत्र यमाजि पण्डित हुए, जिनकी चन्द्रमाम्बा नामक भार्या से गम्भीरराय का जन्म हुआ। यह वंशवृक्ष की पूर्वभूमि है। श्रीगम्भीर राय परम्परा से भागवत-सम्प्रदाय के अनुयायी थे; परन्तु बीजापुर के राजवैद्य मुद्गलभट्ट के वंशज नारायण नामक अपने मातुल से सम्पूर्ण आगम-शास्त्र की परम्परा और शिक्षा इन्होंने ग्रहण की थी।

आदिशङ्कराचार्य और विद्यारण्य स्वामी के बाद शाङ्कर परम्परा में शाङ्करमतप्रतिष्ठापक तथा वैदिक-मर्यादा की रक्षा के लिये सर्वदा तत्पर एवं सभी उपासना-मार्गों और आगमों के रहस्यज्ञ श्रीभास्करराय ही विशिष्ट उल्लेखनीय पुरुष हैं। इनका जीवन बहुमुखी कार्यकलापों से भरा हुआ है। एक व्यक्ति कितना कार्य कर सकता है, यह इनकी कृतियों, ग्रन्थों तथा व्यवस्थाओं से देखने वालों को आश्चर्यचकित करने के लिये पर्याप्त है।

श्रीरामकृष्ण सोमयाजी का ही प्रथम प्रयत्न था, जो इस विभूति का यथोपलब्ध परिचय "गुरुपरम्परा-चरित्र" में अङ्कित हुआ।

यह पहले ही लिखा है कि श्रीभास्करराय के पिता श्रीगम्भीरराय दीक्षित बीजापुर के नवाब के मन्त्री थे। बीजापुर का नवाब संस्कृत का प्रेमी था। उसकी प्रार्थना से श्रीगम्भीरराय ने अठारह पर्व महाभारत का फारसी में अनुवाद किया था। श्रीगम्भीरराय जी का समय राजकीय कार्यों के साथ ही वैदिक यज्ञ, देवताराधन तथा ग्रन्थ-निर्माण आदि में व्यतीत होता था। श्रीगम्भीरराय जी को अपने मातुल से रहस्य-विद्या तथा तन्त्रागमों की दीक्षा प्राप्त हुई थी। श्रीगम्भीर राय की पत्नी का नाम कोणाम्बिका था। श्रीगम्भीरराय को प्रथम पुत्र "नारायण" नामक हुआ। पिता की इच्छा उसे विशिष्ट योग्य विद्वान् बनाने की थी; परन्तु उसमें वह प्रतिभा जागृत नहीं हुई, इसका उनको खेद था।

एक बार उनके आवास पर एक सिद्ध योगी आये। उनका सत्कार आदि करने के बाद कोणाम्बिका ने अपनी पुत्रविषयक अभिलाषा उनके सामने प्रस्तुत की। योगी ने कुछ देर ध्यानस्थ होकर बाद में कहा –"देवि! आपको दूसरा पुत्र होगा, जो संसार में अप्रतिम प्रतिभासम्पन्न एवं विशिष्ट कार्यों को करने वाला होगा; परन्तु उसके लिये सूर्य का व्रत और उपासना करें'। इस सिद्धादेश के अनुसार कोणाम्बिका ने भगवान् भास्कर की तीव्र उपासना की और यथासमय उस व्रत का साङ्गतापूर्वक अनुष्ठान समाप्त किया। कुछ समय के बाद राजकीय कार्य के सिलसिले में श्रीगम्भीरराय दीक्षित को भागानगर (वर्तमान हैदराबाद) में दीर्घकाल तक रहना पड़ा। उसी अवसर में श्रीकोणाम्बिका ने भास्करराय को जन्म दिया। सम्भवतः यह समय १६७५ ई. का था। श्रीभास्करराय जी का प्रारम्भ से ही जीवन अद्भुत गुणों से युक्त था। पहले वर्ष में ही यह बालक स्पष्ट भाषा बोलने लगा। तीन वर्षों में अङ्कलेखन, अक्षर-ज्ञान आदि उसे आ गया। पाँच वर्ष की अवस्था तक कोष, काव्य, व्याकरण के नियम, छन्द, निरुक्त, ज्योतिष आदि विषयों को बालक कण्ठस्थ बोलने लगा। बीच-बीच में श्रीगम्भीरराय काशी तक जाते थे।

काशी-निवास के प्रसङ्ग में श्रीगम्भीरराय जी के समीप उपस्थित पण्डित समुदाय में बालक भास्कर की बुद्धि-परीक्षा ली गई। पण्डितों ने पिता से आग्रह किया कि शीघ्र ही इसका उपनयन संस्कार करना चाहिये। इस अनुरोध के अनुसार काशी में ही इनके पिता ने पूरे उत्साह एवं वैभव के साथ पुत्र का उपनयन सम्पन्न किया, जिसमें अनेक विद्वान्, महात्मा तथा जनसमुदाय सम्मिलित हुआ था। समागत लोगों का सत्कार भी प्रचुर मात्रा में किया गया। श्रीगम्भीर राय जी ने बालक की उत्पत्ति के बाद से ही एक सारस्वत मन्त्र का प्रयोग प्रारम्भ किया था। सरस्वती मन्त्र से अभिमन्त्रित संवित्-लता का जल नित्य बालक को

पिलाया जाता था। उसके प्रभाव से शीघ्र ही प्रतिभा का उन्मेष हुआ और विना अधिक प्रयत्न के विद्याएँ और कलायें उपस्थित होने लगीं।

कुछ और अवस्था बढ़ने पर श्रीगम्भीरराय जी ने, अपने पुत्र की शिक्षा के लिये योग्य गुरु का अन्वेषण करने पर, शृङ्गेरी मठ से सम्बद्ध और उस समय के महान् विद्वान्, अठारह शास्त्रों के वेत्ता श्रीनृसिंहाध्वरी जी से सम्पर्क स्थापित किया। इनका निवास-स्थान आन्ध्र-प्रदेश में "नारायण पेठ" नामक नगर के समीप "लोकापल्ली" ग्राम था।

श्रीनृसिंहाध्वरी के श्रीस्वामिशास्त्री नामक पुत्र थे, उनके साथ ही श्रीभास्करराय जी का विद्याध्ययन प्रारम्भ हुआ। गुरु को योग्य शिष्य मिलने पर प्रसन्नता हुई और थोड़े ही वर्षों में अनेक शास्त्रों का गम्भीर अध्ययन गुरु से प्राप्त कर श्रीभास्करराय की प्रतिभा चमक उठी। ये गुरु भी महान् थे। शिष्य को इन्होंने अठारह शास्त्रों में पारंगत बनाया था।

श्रीभास्करराय जी अपने प्रत्येक ग्रन्थ के प्रारम्भ में यह बात लिखते हैं– "विद्याष्टादशकस्य मर्मभिदभूद्यः श्रीनृसिंहाद्गुरोः" यह केवल प्रशंसा या अतिशयोक्ति न होकर यथार्थ भी है। आज भी उनके उपलब्ध ग्रन्थों को देखकर विद्वज्जन आश्चर्यचकित होते हैं। वेद-वेदाङ्ग-न्याय-व्याकरण-मीमांसा-धर्मशास्त्र- वेदान्त-मन्त्र-आगम-छन्द-अलङ्कार-कोष-शिल्पकला विषयक उनका ज्ञान देखकर आश्चर्य होता है। उनके प्रधान गुरु श्रीनृसिंहाध्वरी ही थे, साथ ही दो और विद्या-गुरुओं का उल्लेख मिलता है। श्रीगङ्गाधर वाजपेयी से उन्होंने "गौडतर्क" अर्थात् नव्य-न्यायशास्त्र का अध्ययन और दक्षिण के रुक्मण्णा पण्डित से छन्द और अलङ्कार का अध्ययन किया था। कुछ समय के बाद श्रीभास्करराय जी का विवाह-संस्कार सुयोग्य वधू "आनन्दी" के साथ सम्पन्न हुआ। यथासमय इन्होंने अग्निहोत्र ग्रहण कर ब्राह्मणोचित जीवन आरम्भ किया। इनके पिता की इच्छा इन्हें अपने स्थान पर राजकीय सेवा में लगाने की थी; परन्तु बीच में कुछ घटनाएँ ऐसी हुईं जिनसे "इनकी जीवनधारा का लक्ष्य कुछ और बड़ा और व्यापक है," यह बात पिता के ध्यान में आई और अपना विचार उन्होंने बदल दिया। कुछ लक्षणज्ञों ने 'इनका जीवन धर्म-सम्बन्धी विशेष कार्य के लिये ही है'-यह बतलाया। श्रीभास्करराय जी की प्रवृत्ति भी शास्त्राध्ययन, ग्रन्थ-लेखन एवं धार्मिक मर्यादाओं की रक्षा करने की ओर ही थी। अतः यह प्रायः बाहर परिभ्रमण भी करते थे।

इस समय राजदरबारों में शास्त्रार्थ और विद्वत्सत्कार आदि प्रायः होते थे। उनमें जहाँ भी ये गये विजयश्री और वैभव इनको स्वतः ही प्राप्त हुआ। इसका विनियोग ये धर्मकार्य और ब्राह्मणों की सहायता में ही करते थे। यद्यपि श्रीभास्करराय जी को भगवती की प्रारम्भिक उपासना श्रीनृसिंहाध्वरी जी से प्राप्त

हुई थी; परन्तु आगे का अधिकार एवं पूर्णता प्राप्त करना शेष था। प्रसङ्गवश प्रतिष्ठानपुर (पैठण) में यात्रा करते हुए इन्हें पण्डितों से ज्ञात हुआ कि गुजरात के सूरत नगर में श्रीशिवदत्त शुक्ल नामक एक महापुरुष हैं जो शङ्कराचार्य के उपासना-मार्ग के पूर्णवेत्ता एवं महान् सिद्ध हैं। श्रीभास्करराय जी ने मन में उनसे दीक्षा लेने का निश्चय कर गुजरात की ओर प्रस्थान किया; परन्तु अपने वैभवशाली रूप में जाना उचित न समझकर अकेले ही एक ब्राह्मण वेश में ये सूरत में गुरु-गृह पहुँचे। उस समय संयोगवश उस नगर में अनेक उद्भट विद्वान् जमे हुए थे और वल्लभ-सम्प्रदाय के कोई आचार्य भी आये थे। स्वभावतः ये लोग शाङ्कर मत का खण्डन एवं अपने मत का मण्डन करते थे। इधर श्रीभास्करराय जी ब्रह्मचारी के वेष में श्रीशिवदत्त शुक्ल जी की सेवा में लगे रहते थे। उनके घर में नगर के शाङ्करमतानुयायी विद्वानों ने आकर यह वृत्तान्त कहा और सभा में चलने के लिये श्रीशिवदत्त जी से अनुरोध किया।

श्रीशिवदत्त जी वृद्ध हो चले थे, साथ ही अपना नित्य उपासना-क्रम छोड़कर बाहर जाना उन्हें स्वीकार न था। इस चर्चा को श्रीभास्करराय जी बाहर से सुन रहे थे। यह सुनते हुए इनके अन्दर का वैदुष्य उद्वेलित हुआ और शाङ्कर पक्ष की रक्षा की भावना भी जागी। ये सहसा आगे आकर प्रणाम करते हुए गुरु से बोले—"भगवन्! मुझे सभा में जाने की आज्ञा दीजिये। मैं आपकी कृपा से विजयश्री लेकर ही आऊँगा"। यह सुनते ही श्रीशिवदत्त जी कुछ आश्चर्यचकित हुए। वैसे तो उन्हें सन्देह था ही कि यह साधारण विद्यार्थी नहीं है। उन्होंने पूर्ण आशीर्वाद भी दिया। उधर शास्त्रार्थ कई दिनों तक चला। श्रीभास्करराय ने प्रतिवादियों के तर्कों की धज्जियाँ उड़ाई और शाङ्कर मत की पूर्ण प्रतिष्ठा की। इस बात का उल्लेख उनके शिष्य जगन्नाथ शुक्ल ने **"भास्कर-विलास"** काव्य में किया है—

शिवदत्तशुक्लचरणासादितपूर्णाभिषेकसाम्राज्यः।
जर्जरधैर्यं विदधे गुर्जरदेशे स वल्लभाचार्यम्॥

इस घटना से श्रीभास्करराय जी की प्रतिभा और गुरुभक्ति को देखकर श्रीशिवदत्त शुक्ल जी ने यथावसर प्रसन्नतापूर्वक शिष्य को पूर्णाभिषेक-दीक्षा एवं आचार्य का अधिकार प्रदान किया। श्रीशिवदत्त शुक्ल जी का सम्प्रदायगत नाम श्रीप्रकाशानन्दनाथ" है। श्रीभास्करराय जी का दीक्षा नाम 'श्रीभासुरानन्दनाथ' तथा उनकी पत्नी का नाम 'पद्मावंत्यम्बा' प्रतिष्ठित हुआ। अभिषेक-दीक्षा के बाद शास्त्रीय मर्यादा के अनुसार श्रीभास्करराय जी ने श्रीगुरु, गुरुपत्नी तथा उनकी कन्या आदि सभी का बहुमूल्य वस्त्रालङ्कार-दक्षिणा आदि के द्वारा सम्मानपूर्वक पूजन किया।

इस प्रकार गुरु से पूर्ण दीक्षा प्राप्त कर श्रीभास्करराय अपने परिजनों के साथ सूरत से प्रतिष्ठान करते हुए अपने पिता के पास बीजापुर आये। कुछ दिन वहाँ रहने के बाद अपने विद्वान् शिष्यों और परिजनों के साथ श्रीभास्करराय धार्मिक कार्यों और यात्राओं के लिये बाहर की ओर चले। उनका चरित्र जानने पर यह उल्लेखनीय है कि यात्रा करते हुए भी शास्त्रचर्चा तथा अनवरत ग्रन्थलेखन आदि भी साथ-साथ चलता था। अग्निहोत्र के कारण स्थान-स्थान पर इष्टि और याग आदि भी चलते थे। भारतीय संस्कारों की रक्षा हेतु वे अहर्निश उपाय सोचते थे। योग्य शिष्यों को उपासना-मार्ग में भी लगाते थे। भगवान् शङ्कराचार्य के मत और सिद्धान्तों का प्रचार-प्रसार वे करते थे। इस प्रसङ्ग में अनेक बार विपक्षियों से उनके शास्त्रार्थ हुए। सर्वत्र विजयश्री ने उनको ही वरण किया।

ऐसे ही यात्रा-प्रसङ्ग में दक्षिण भारत में इनकी ख्याति तथा प्रतिष्ठा से क्षुब्ध होकर माध्वपीठ के एक आचार्य 'सत्याश्रम' ने शास्त्रार्थ की चुनौती दी। श्रीभास्करराय जी ने एक शर्त के साथ शास्त्रार्थ करना स्वीकार किया। शर्त यह थी कि विजित पक्ष विजयी पक्ष को अपनी कन्या दान करेगा। महाराष्ट्र देश में महाराष्ट्र एवं कर्णाटक ब्राह्मणों में विवाह सम्बन्ध की यह एक परम्परा है। तदनुसार प्रचण्ड शास्त्रार्थ हुआ। अन्ततः विद्वत् समुदाय के सामने माध्वयति को पराजय स्वीकार करनी पड़ी और प्रतिज्ञा के अनुसार उसने अपने भाई की कन्या का श्रीभास्करराय जी से विवाह कर दिया। इस घटना को जगन्नाथ शुक्ल ने निम्नाङ्कित श्लोक में लिखा है–

वादे मस्करिणं माध्वं विधूयाऽमुष्य बन्धुजाम्।
पार्वतीं व्यवहृतकीर्त्या समं सत्यप्रतिश्रवः॥

माध्व सम्प्रदाय में विशेषतः उस यति को यह बात हृदय में काँटे की तरह चुभती थी और उसने बाद में एक बार श्रीभास्करराय जी पर अभिचार और विषप्रयोग भी किया था। श्रीभास्करराय जी यात्रा समाप्त कर कुछ दिन पिता के पास रहे; परन्तु कुछ दिनों बाद पुनः उन्होंने अपनी यात्रा प्रारम्भ की। अपनी यात्रा में यज्ञ-यागादि करना, विभिन्न देवस्थानों का दर्शन, विद्वानों की गोष्ठी आमन्त्रित करना तथा धर्म व मर्यादा की प्रतिष्ठा, यही उनका लक्ष्य रहता था। दक्षिण दिशा की यात्रा में विभिन्न राजाओं ने उनका सम्मान किया था। कृष्णा नदी के दक्षिण की ओर कावेरी के प्रदेशों में कुछ दिन वे रहे। राजाओं से मिली भूमि का दान वे ब्राह्मणों को देते थे। शाहू छत्रपति का दानपत्र उपलब्ध है, जिसमें इन दोनों की भेंट होना तथा राजा के द्वारा भूमि दान करने का उल्लेख है। (इसे परिशिष्ट में देखें)

तन्जौर के समीप कुछ दूरी पर इनके नाम से "भास्करपुर" नामक अग्रहार (ब्राह्मणों की भूमि) है। आज भी "भास्करराजपुरम्" नामक रेलवे स्टेशन है। वहाँ पर इनकी ज्येष्ठ पत्नी ने भास्करेश्वर शिव और देवी की प्रतिष्ठा की थी। ज्ञातव्य है कि अभी कुछ वर्ष पूर्व काञ्चीपीठ के ज्येष्ठ शङ्कराचार्य श्रीचन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती जी ने उस स्थान का जीर्णोद्धार कराया था। इसी यात्रा के बीच उन्हें माता का निधन-वृत्त ज्ञात हुआ। अपनी माता का सभी श्राद्धादि कर्म उन्होंने सम्पन्न किया। कुछ समय के बाद इनके पिता का भी स्वर्गवास हुआ। इसके बाद रामेश्वर, मथुरा, मीनाक्षी, अनन्तशयन इत्यादि की यात्रा करते हुए पुनः शृङ्गेरी तक आ पहुँचे। उस समय शृङ्गेरी शाङ्करपीठ में श्रीपुरुषोत्तम भारती नामक आचार्य प्रतिष्ठित थे। वे इनसे मिलना भी चाहते थे। उनके समीप उपस्थित होकर श्रीभास्करराय ने विनम्र भाव से निवेदन किया कि मैं जो कुछ कार्य कर रहा हूँ आचार्य की अन्तःप्रेरणा से ही कर रहा हूँ। मठ की सेवा ही मेरा धर्म है। इसमें यदि कुछ अनुचित हो तो आप मुझे अनुशासित करें।

आचार्य पहले से ही इनके वैदुष्य, व्यक्तित्व, तपस्विता तथा शास्त्रज्ञान से प्रभावित थे। उन्होंने इनकी प्रशंसा करते हुए शाङ्करमठ का प्रतिनिधित्व प्रदान किया एवं मठ के छत्रचामरादि राजचिह्न साथ में रखने की आज्ञा दी। श्रीभास्करराय जी ने विनम्रता से आवश्यक वस्तु छोड़कर अन्य कुछ ग्रहण नहीं किया। इसके बाद दक्षिण कर्नाटक, गोकर्ण क्षेत्र और महाबलेश्वर आदि स्थानों की यात्रा करते हुए यह कोल्हापुर (करवीर पीठ) में महालक्ष्मी के स्थान पर पधारे। वहाँ पर विधिवत् भगवती का पूजनोत्सव किया। ज्ञातव्य है कि यह मन्दिर श्रीचक्राकार बना हुआ है और सप्तशती में उल्लिखित **"सर्वस्याद्या महालक्ष्मीस्त्रिगुणा परमेश्वरी"** इत्यादि यहीं का ध्यान है। कोल्हापुर के छत्रपति राजा ने इनका सम्मान किया। वहीं पर शाङ्करमठ की एक शाखा है, उसकी भी कुछ व्यवस्था आचार्य ने की। वहाँ से श्रीभास्करराय जी भार्गवतीर्थ (कोङ्कण का दक्षिण भाग) गये। वहाँ समुद्र-तीर-वासी विद्वानों से शास्त्रचर्चा और शास्त्रार्थ आदि किया तथा विद्वत्सत्कार भी किया। शास्त्रार्थ में तो सभी उनकी प्रतिभा से अभिभूत हो जाते थे। इसके आगे कृष्णा नदी के तट पर प्रसिद्ध विराटपुर वांई क्षेत्र है, जहाँ वेदशास्त्रों के अनेक विद्वान् निवास करते थे। वहाँ पर भी आचार्य के निवास काल में विद्वत्समागम होता था। इसके आगे भीमाशङ्कर, मयूरपुर (गणेशक्षेत्र) आदि का दर्शन करते हुए गोदावरी तटवर्ती नासिक पञ्चवटी क्षेत्र में आचार्य आये। वहाँ पर महाराष्ट्र में पूना के शासक पेशवाओं के दूत उनसे मिले और पूना चलने की प्रार्थना की। पूना नगर में राज्य के प्रधान न्यायाधीश रामशास्त्री जी ने उनका स्वागत किया तथा उनकी पादुका को स्वयं उठाते हुए

आगे चले। पेशवा दरबार में आचार्य का अत्यन्त श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं सत्कार हुआ। त्र्यम्बकेश्वर, सप्तशृङ्गी, घृष्णेश्वर आदि देवस्थानों की यात्रा करते हुए आचार्य ने गुजरात की ओर प्रस्थान किया। बड़ौदा नगर में उनके आने पर वहाँ के राजा ने उनकी आवभगत तथा पूजा-सम्मान किया।

बड़ौदा में आचार्य के एक प्रमुख शिष्य 'घनश्याम शास्त्री जडे' नामक थे, जिनको बड़ौदा नरेश से निकट ही "सायन" नामक स्थान में बड़ी जागीर मिली थी। यह जडे वंश अपनी विद्वत्ता तथा तपस्विता से आगे प्रसिद्ध हुआ। इनकी परम्परा में वैदिक और उपासक अनेक पुरुष हुए। जड़े वंश की एक शाखा काशी में भी है। ज्ञातव्य है कि संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के प्रथम कुलपति श्रीआदित्यनाथ झा के कार्यकाल (३-३-१९५८ से १५-३-१९६० ई.) में इन पंक्तियों के लेखक ने इस वंश की उत्कृष्ट पाण्डुलिपियों का संग्रह सरस्वती-भवन पुस्तकालय को उपलब्ध कराया था। इसके आगे यात्रा-क्रम में आचार्य अपने गुरु के वासस्थान सूरत गये तथा वहाँ वास करते हुए उन्होंने गुरु, गुरुपत्नी तथा गुरुकन्या का सेवा-सत्कार किया तथा प्रचुर मात्रा में दक्षिणा आदि प्रदान की। सम्भवतः इसी काल में गुरुतत्त्व को स्पष्ट करने वाली एक लघु रचना "**नाथनवरत्न-मालामञ्जूषा**" आचार्य ने लिखी है। इसके आगे आचार्य द्वारका गये। वहाँ श्रीकृष्ण का पूजन और सोमनाथ का दर्शन कर वहाँ भी धार्मिक विधि सम्पन्न किये। मार्ग में जो भी देवस्थान आते थे, उनका यथासम्भव वन्दन-पूजन चलता था। इसके बाद आचार्य की यात्रा काश्मीर की हुई। वहाँ शारदापीठ के देवताओं का और भगवती के श्रीचक्र का यथाविधि आचार्य ने पूजन किया।

उस समय काश्मीर में उत्कृष्ट विद्वान् मिलते थे। उनसे भी शास्त्रचर्चा तथा शास्त्रीय विषयों पर ऊहापोह आचार्य ने किया। जो ग्रन्थ उपलब्ध होते थे, उनका सङ्ग्रह भी आचार्य करते थे। इस तरह आचार्य की धर्मयात्राएँ निरन्तर चलती रहती थीं। बीच-बीच में स्वदेश आकर विश्राम भी करते थे। उनकी सभी यात्राओं का उद्देश्य धर्मरक्षा तथा पाखण्डवाद का खण्डन एवं वैदिक मर्यादा की अभिवृद्धि करना ही था। इससे आगे आचार्य ने ओङ्कार, उज्जयिनी इत्यादि की यात्रा करते हुए हरिद्वार, पञ्चप्रयाग, गङ्गोत्तरी तक की यात्रा की। उत्तराम्नाय मठ में जाकर उसकी व्यवस्था को देखा तथा पण्डितों से परामर्श किया।

इसके आगे की यात्रा नेपाल में पशुपति-दर्शन के लिए हुई। नेपाल-नरेश तथा वहाँ के पण्डितों ने आचार्य का स्वागत किया तथा आचार्य के शिष्य वर्ग का भी वहाँ स्वागत-सम्मान किया गया। वहाँ से आगे चलकर अयोध्या, मथुरा, काशी और गया इत्यादि होते हुए आचार्य गौतमाश्रम (सम्भवतः मिथिला या बंगाल का कोई स्थान जो न्यायशास्त्र-कर्ता गौतम का स्थान है) तक पहुँचे। वहाँ पर

न्यायशास्त्र के धुरन्धर विद्वानों के साथ आचार्य का शास्त्रार्थ एवं विचार-विनिमय हुआ। वहाँ भी आचार्य के वैदुष्य की पण्डितों ने सराहना की। इसके आगे आचार्य कामरूप कामाख्या पीठ तक गये। प्रसिद्धि है कि उस समय वहाँ तान्त्रिकों का बड़ा प्रभाव था। साधारण व्यक्ति वहाँ जाने में भी डरता था। कामरूप सीमा में आने पर पालकी वालों ने डर से आगे जाना अस्वीकार कर दिया तथा उनसे मिलने आये कुछ तान्त्रिकों ने भी भयप्रद बातें कीं। आचार्य ने परिजनों को वहीं रुकने का आदेश दिया तथा शिबिका को आदेश दिया "तू मुझे मन्दिर तक ले चल"। शिबिका विना किसी सहारे के ऊपर चली और मन्दिर-द्वार पर जाकर रुकी। आचार्य की यह शक्ति देखकर वहाँ के तान्त्रिकों ने आचार्य को मन्दिर में पहुँचाया तथा उन्होंने यथाविधि भगवती कामाख्या का पूजन सम्पन्न किया। उसके बाद आचार्य वापस लौट आये। उसके आगे नामरूप नामक जनपद (सम्भवतः नागालैण्ड) था। आचार्य के शिष्य जगन्नाथ शुक्ल ने लिखा है कि कामरूप के आगे नामरूप जनपद की सीमा तक आचार्य गये; परन्तु आगे जाना उन्हें उचित नहीं लगा; क्योंकि वहाँ के नर-नारी नग्न रहते थे। अतः शिष्टाचाररहित स्थान में जाना उन्होंने स्थगित कर दिया। इस विषय में जगन्नाथ शुक्ल का निम्नाङ्कित श्लोक है–

कामरूपात्परं नामरूपाभिधं दृष्ट्वान्नीवृतं दूरतः केवलम्।
पापभीरुर्यदा भूपतेरासते तत्र नार्यः पुमांसोऽपि दिग्वाससः॥

इस यात्रा में भी कामरूप के तान्त्रिकों का गर्व भी आचार्य के सामने पराजित हुआ। वापसी यात्रा में वे लोग स्वयं सम्मानपूर्वक आचार्य को विदा करने आये थे। इसके आगे की आचार्य की यात्रा श्रीजगन्नाथपुरी की हुई। वहाँ से नागपुर में आये, जो उस समय भोंसले राजाओं की राजधानी थी। वहाँ भी पण्डितों से वाद-चर्चा आदि हुई। भोसला-नरेश ने आचार्य का पूरी तरह सम्मान किया।

इस यात्रा के बाद आचार्य ने महाराष्ट्र (मराठवाडा) के ज्योतिर्लिङ्ग आमर्दक-नागनाथ, परली वैद्यनाथ आदि का दर्शन कर अन्त में तुलजा भवानी की यात्रा की। श्रीभास्करराय के पूर्वजों के (पण्ढरपुर के) विट्ठल आराध्य देव थे। अतः वहाँ पर जाकर उन्होंने रुक्मिणी-विट्ठल का बड़े समारोह से पूजन किया तथा उसी अवसर पर एक स्तोत्र "पाण्डुरङ्गाष्टक" की रचना भी की। इसके आगे आचार्य की यात्रा सङ्गमेश्वर और श्रीचन्द्रला भगवती के स्थान तक हुई। आन्ध्र-प्रदेश में सन्नति नामक क्षेत्र में चन्द्रला भगवती का स्थान है। यह आचार्य की कुलदेवता हैं, इनका उल्लेख आचार्य ने सप्तशती की टीका "गुप्तवती" के अन्त में किया है–

या नन्दादिषु सप्तमी भ्रमरिणी भीमातटे सन्नति-
क्षेत्रेऽस्मत्कुलदेवताभगवती सा चन्द्रला प्रीयताम्॥

श्रीचन्द्रला का मन्दिर श्रीचक्राकार आचार्य ने बनवाया तथा वहाँ के शासक से देवी की पूजा-अर्चा के लिये ब्राह्मणों को भूमि-अग्रहार देकर व्यवस्था की। इसी प्रसङ्ग में "चन्द्रलाष्टक" स्तोत्र भी बनाया है। इस प्रकार उत्तर-दक्षिण दिशा की यात्रायें पूरी कर मार्ग में जगह-जगह शास्त्रार्थ आदि करते हुए आचार्य नारायण पेठ (अपने पूर्वगुरु के स्थान) तक आ गये। इसी नारायण पेठ में श्री आचार्य का कन्यावंश अभी भी विद्यमान है, जिसमें विट्ठलदेव नामक एक परम समर्थ योगी हुए थे। श्रीभास्करराय जी का एक शिष्य चन्द्रसेन जाधव नामक महाराष्ट्रीय सरदार था, इसका पिता धनाजी जाधव महाराष्ट्र राजा का सेनापति था। आगे कुछ राजनीतिक कारणों से चन्द्रसेन जाधव का मराठा राजा से विरोध होने लगा और उसने मराठा राज्य छोड़कर अपने कुछ शक्तिशाली सरदारों के साथ निजाम का आश्रय लिया। निजाम ने उसे बड़ी जागीर और अधिकार देकर सम्मानित किया। इसकी राजधानी "भालकी" नामक स्थान में थी। इसके राज्य में प्रचुर संख्या में वैदिक तथा पण्डित भी थे। इसने ब्राह्मणों को अनेक अग्रहार आदि देकर सम्मानित किया था। नारायण पेठ तथा कृष्णा नदी के आस-पास का भाग इसके अधिकार में था।

इस चन्द्रसेन राजा का सम्बन्ध पूर्वकाल में किसी मुस्लिम फकीर से हुआ था। उसके मायाजाल में फँसकर उसकी बुद्धि विपरीत होने लगी और कुछ दिनों में उसने मुस्लिम बनने का विचार किया। उसी समय श्रीभास्करराय जी अपने अनुयायी-जनों के साथ उस प्रदेश में यात्रा पर थे। चन्द्रसेन की रानी ने उनके विषय में बहुत-सी बातें सुनी थीं और वह उनके दर्शन के लिये आतुर हो गई। दासी को साथ में लेकर गुप्तरूप से श्रीभास्करराय जी के वासस्थान पर रानी पहुँची। उसने आर्त्तभाव से शरणागत होकर पति का बुद्धिभ्रंश आदि सुनाया और रक्षा की प्रार्थना की। आचार्य स्वभावतः दयालु और धर्मरक्षा के लिये तत्पर रहते थे। उन्होंने ब्राह्मणों के द्वारा भगवती दण्डनायिका का अनुष्ठान कराया, जिसके फलस्वरूप वह फकीर और उसका सभी मण्डल उद्विग्न होकर भाग गया। इसके बाद ये दोनों राजदम्पत्ति यावज्जीवन अपने गुरु के परम भक्त हुए और सेवा में तत्पर रहते थे। शिष्य के आग्रह और अत्यन्त श्रद्धा के कारण बीच-बीच में आचार्य भालकी में आकर रहते थे। सम्भवतः आचार्य की कुलदेवता चन्द्रलाम्बा का मन्दिर भी इसी की सीमा में था। इसका पुत्र रामचन्द्र जाधव नामक हुआ। यह भी पिता की तरह शौर्यसम्पन्न था। निजाम और पेशवा के संघर्ष में इसका उल्लेख मिलता है। चन्द्रसेन का सम्पर्क पण्डितों से भी था। **"संस्कारकौस्तुभ"** नामक ग्रन्थ का निर्माता अनन्तदेव इसी के आश्रय में था। रामचन्द्र जाधव के

सम्बन्ध में एक कथा है, जिसे आगे **"तृचभास्कर"** ग्रन्थ के निर्माण के विषय में लिखा जायेगा।

श्रीभास्करराय जी का अधिकांश समय बाहर की यात्रा में व्यतीत होता था। वाराणसी में भी उनका तथा उनके पिता का निरन्तर सम्बन्ध बना रहा। काशी में रहते हुए ही उन्होंने गणेशसहस्रनाम की "खद्योत" टीका लिखी है और "ललितासहस्रनाम" की टीका "सौभाग्यभास्कर" भी काशी में ही लिखकर पूरी की थी। गणेशसहस्रनाम के अन्तिम श्लोक से ज्ञात होता है कि काशी के त्रिलोचन घाट के समीप वास करते हुए आचार्य ने यज्ञ किया एवं "खद्योत" टीका पूर्ण की थी।

काशी-यात्रा के समय आचार्य के जीवन की एक अद्भुत घटना घटी है, जिसका उल्लेख "ललितासहस्रनाम" के प्रथम संस्करण के सम्पादक ने किया है; परन्तु जो समय उन्होंने दिया वह ठीक नहीं है। नारायणभट्ट नामक प्रसिद्ध विद्वान् की चर्चा की गई है, वह भी असंगत है; क्योंकि प्रसिद्ध भट्टवंश के नारायणभट्ट अकबर के शासनकाल में थे और उनके पौत्र निर्णयसिन्धुकार कमलाकरभट्ट भी १६६८ संवत् में थे। श्रीभास्करराय का समय उसके बाद का है; क्योंकि ललितासहस्रनाम के अन्त में विक्रम-संवत् १७८५ (मोदच्छाया-मितायाम्) दिया गया है।

उस घटना के समय वाराणसी में रहने वाले पेशवाओं के गुरु नारायण दीक्षित पाटणकर थे, जिनका विशाल भवन आज भी ब्रह्माघाट के समीप है। घटना इस प्रकार है कि काशी-यात्रा के समय श्रीभास्करराय जी अपने सभी परिजनों और परिवार के साथ स्वतन्त्र स्थान में रहते थे। नित्य यज्ञ-क्रिया, पूजनादि कर्म चलता था। साथ ही विद्वानों का सम्मान, शास्त्र-चर्चा आदि भी चलती ही थी। काशी में उस समय एक से बढ़कर एक अनेक शास्त्रज्ञ विद्वानों का जमघट लगा रहता था। सायंकाल आचार्य के प्राङ्गण में नित्य पण्डित-सभा का आयोजन होता था। पण्डितगण जिन-जिन शास्त्रों में पूर्वपक्ष करते थे, उन सबका पूर्ण पाण्डित्य से आचार्य समाधान कर देते थे। इस तरह नाना शास्त्रों में वाद होने पर भी पण्डितों की समझ में यह नहीं आया कि किस शास्त्र-विशेष के ये पण्डित हैं। आचार्य सभी शास्त्रों में धाराप्रवाह उत्तर देते थे तथा पण्डितों को पर्याप्त दक्षिणा आदि देकर सम्मानित भी करते थे। तब पण्डितों ने सोचा कि ये बहुत बड़े तन्त्रशास्त्रज्ञ हैं। इनसे तन्त्रविषयक ही कोई कठिन प्रश्न पूछा जाय। यह विचार कर उन्होंने प्रश्न उपस्थापित किया—पण्डितवर ! आपने 'श्रीललितासहस्रनाम-स्तोत्र' पर भाष्य लिखा है, उसमें एक नाम है '**महाचतुःषष्टिकोटियोगिनीगणसेविता**'। इन योगिनियों में प्रत्येक का मन्त्र, ध्यान, उत्पत्ति आदि का वर्णन कहीं उपलब्ध

नहीं है। कृपया इसका विवरण आप प्रस्तुत करें"। आचार्य ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि सायंकाल गङ्गातट पर आप लोग उपस्थित हों, वहीं पर मैं सुनाऊँगा।

निश्चित दिन में सायंकाल यथासमय विप्र-मण्डली आसनों पर बैठ गई। सामने के स्थान पर आचार्य विराजमान हुए और बोले—अब आप सावधान होकर श्रवण करें। क्रमशः योगिनी-चरित्र की कथा प्रारम्भ हुई। उस समय गगनमण्डल से असंख्य कण्ठों से एक साथ श्लोकबद्ध चरित्र-कथा सुनाई देने लगी। यह आश्चर्य देखकर अग्रणी पण्डितों ने आकुलता से समीप उपस्थित महासिद्ध कुङ्कुमानन्द सरस्वती जी से इसका कारण जानना चाहा। स्वामी जी ने प्रमुख पण्डित के नेत्रों को अभिमन्त्रित जल से स्पर्श किया। तत्काल उसने आकाश में विविध वाहनों पर आरूढ़ योगिनियों को देखा तथा श्रीभास्करराय जी के दक्षिण स्कन्ध में ललिताम्बा को और वामस्कन्ध में श्यामलाम्बा को देखा। थोड़े ही अवधि तक यह दृश्य देखा गया। फिर स्वामी जी के आदेशानुसार पण्डितों ने श्रीभास्करराय जी को साष्टाङ्ग वन्दन कर क्षमा माँगी। सम्भवतः यह घटना वाराणसी के चौसट्ठी घाट पर घटित हुई थी।

श्रीभास्करराय जी किसी को झुककर नमस्कार नहीं करते थे। पण्डितों के इस विषय की शङ्का को भी दूर करने के लिये स्वामी जी ने अपना कमण्डलु आचार्य के सामने रख दिया। आचार्य ने हँसते हुए उस कमण्डलु को झुककर प्रणाम किया। प्रणाम करते ही वह कमण्डलु जोर की आवाज के साथ टुकड़े-टुकड़े होकर बिखर गया। कृष्णस्वामी शास्त्री की "वरिवस्यारहस्य" की भूमिका में यह घटना मध्यार्जुन क्षेत्र में उपवर्णित है। इन घटनाओं से आचार्य की अलोक- सामान्य शक्ति का अनुमान किया जा सकता है।

ललितासहस्रनाम के प्रथम संस्करण की भूमिका में आचार्य के चरित्र में वाममार्ग सम्बन्धी कुछ बातों को भी लिखा गया है; लेकिन वे बातें सर्वथा अप्रामाणिक और अश्रद्धेय हैं। आचार्य भास्कर शाङ्कर-सम्प्रदाय की मर्यादा के अनुयायी थे। अतः शिष्टजनोचित आचार का ही स्वयं अनुष्ठान करते थे तथा शिष्यों को भी उसी मर्यादा में चलने का आदेश देते थे। श्रीभास्करराय जी की दो पत्नियाँ थीं। उनमें ज्येष्ठ पत्नी का व्यावहारिक नाम "आनन्दी" था। दीक्षा के बाद उसका नाम "पद्मावत्यम्बा" हुआ। द्वितीय पत्नी माध्वों की कन्या थी। प्रथम पत्नी से एक कन्या हुई, जिसका नाम "कौमुदी" या "काकु" था और एक पुत्र पाण्डुरङ्गराय नामक हुआ। द्वितीय पत्नी को भी एक "ललिता" नामक कन्या हुई थी। ज्येष्ठ पत्नी की कन्या का विवाह देववंश में हुआ था, जिसकी परम्परा आज भी नारायण पेठ में विद्यमान है। द्वितीय पत्नी की कन्या का विवाह कल्याणी

नामक स्थान के सन्त शिवराम स्वामी के वंशज रामदीक्षित के पुत्र से हुआ था। श्रीभास्करराय के पुत्र पाण्डुरङ्गराय का जीवन-काल थोड़ा ही था, ऐसा जान पड़ता है। श्रीभास्करराय के वंशजों से प्राप्त वंशवृक्ष में दो पुत्रों का उल्लेख मिलता है– (१) पाण्डुरङ्गराय, (२) त्र्यम्बकराय। त्र्यम्बकराय की ही आगे शाखा चली, ऐसा लगता है। कहीं-कहीं "त्र्यम्बकी" ऐसा भी उल्लेख मिलता है। कदाचित् यह कन्या का नाम हो। "त्र्यम्बकी" नाम से एक पूजापद्धति भी देखी गई है। श्रीभास्करराय जी के जीवन का पूर्वार्ध भारतवर्ष के विभिन्न प्रदेशों के भ्रमण में बीता था। वाराणसी उनको प्रिय थी। अनेक बार वे यहाँ आये और चिरकाल तक यहां वास भी किया। उनका उपनयन यहीं हुआ। ललितासहस्रनाम-भाष्य एवं गणेश-सहस्रनाम की टीका का लेखन यहीं हुआ था। स्वभावतः वाराणसी शिवपुरी होने से और विद्वत्समाज का सम्पर्क होने से आचार्य ने अनेक बार यहाँ वास किया था।

आचार्य ने जीवन का उत्तरार्ध प्रायः दक्षिण भारत में गोदावरी, कृष्णा, कावेरी के तटवर्ती स्थानों में बिताया। राजा चन्द्रसेन जाधव की भक्ति और प्रार्थना से आचार्य ने भालकी तथा उसके निकटवर्ती स्थानों पर भी वास किया था। आचार्य के एक पण्डित-शिष्य जगन्नाथ शुक्ल, जो तन्जौर के राजा शहाजी (द्वितीय) आदि के सभापण्डित थे, उनके सम्पर्क से अथवा राजाओं की प्रार्थना से उस प्रदेश में भी आचार्य ने वास किया। यही जगन्नाथ शुक्ल (दीक्षानाम-उमानन्दनाथ) "नित्योत्सव" ग्रन्थ के लेखक हैं। इनका महत्त्वपूर्ण कार्य अपने गुरु के जीवन वृत्त पर "भास्करविलास" काव्य की रचना है, जो उनके जीवनवृत्त पर पर्याप्त प्रकाश डालती है और इतिहास लिखने में मार्गप्रदर्शक है।

भालकी निवासी कौण्डिन्यगोत्रज श्रीकाल दीक्षित के पुत्र गणेश दीक्षित श्रीभास्करराय जी के प्रिय शिष्य थे। जिनकी पुत्र-परम्परा में श्रीशुकानन्द, श्रीदेशिकानन्द, श्रीयज्ञेशानन्द आदि महान् आचार्य हुए। श्रीयज्ञेशानन्द (बाबा महाराज) के शिष्य श्रीरामकृष्ण सोमयाजी हुए, जिन्होंने गुरुमुख से परम्परागत कथाओं को सुनकर "गुरुपरम्परा" नाम से श्लोकबद्ध विशाल ग्रन्थ का निर्माण किया। आज भी श्रीशुकानन्द मठ वसुमती (महाराष्ट्र) में अपनी परम्परा की रक्षा कर रहा है। वर्तमान अधिकारी श्रीचिन्तामणि सिद्ध महाराज भी सुयोग्य शास्त्रवेत्ता पुरुष हैं। श्रीरामकृष्ण सोमयाजी (दीक्षानाम-धर्मानन्दनाथ) शिष्यक्रम में ज्येष्ठ हैं। द्वितीय हैं, श्रीभास्करराय के कन्यावंश के श्रीविट्ठलदेव एवं तृतीय हैं श्रीलक्ष्मीशानन्दनाथ (श्रीबाबा महाराज के पुत्र)। श्रीरामकृष्ण सोमयाजी भी अत्यन्त सरल सात्त्विक पुरुष थे। गुरु की आज्ञा से उन्होंने सोमयाग किया था। इनके शिष्य थे–श्रीगोपाल शास्त्री औंढेकर। ये शास्त्रों के विशिष्ट विद्वान् थे।

इनका दीक्षानाम श्रीधीरानन्दनाथ है। गुरुपरम्परा ग्रन्थ पर इनकी संस्कृत में "स्फूर्ति" नामक टीका है। श्रीरामकृष्ण सोमयाजी के दौहित्र थे–श्रीनागेश शास्त्री जोशी। ये श्रीगोपाल शास्त्री जी के शिष्य थे। इनका दीक्षानाम श्रीभूमानन्दनाथ है। ये भी परम तपस्वी थे और स्मार्त्ताग्नि का पालन करते थे। इनकी नित्य-चर्या बड़ी नियमित थी। इनके शिष्य हमारे गुरुदेव पूज्यपाद श्रीरघुनाथ शास्त्री गोडबोले जी (दीक्षानाम-अम्बानन्दनाथ) हुए। इन गुरु-शिष्यों के सम्बन्ध में बहुत-सी बातें हैं। यहाँ अवसर न होने से लिखना सम्भव नहीं है। श्रीगोडबोलेजी महाराज ने यावज्जीवन पर्यटन कर सम्प्रदाय को दृढ़ किया तथा अनेक आगमों के विधानों, क्रियाओं का पुनरुज्जीवन किया। उन्हीं के परिश्रम से आज भी सम्प्रदाय जीवित और क्रियाशील है।

श्रीभास्करराय जी का अन्तिम अवस्था में आवास-स्थान "मध्यार्जुन" क्षेत्र था। वहीं पर आचार्य ने समाधि ग्रहण की थी। सम्भवतः वह समय १७५० ई. का था। गुरुपरम्परा के अनुसार २२७वें संख्या पर आचार्य की गणना की गई है।

काल-निर्णय

श्रीभास्करराय दीक्षित का समय (जीवन-काल) अनेक प्रमाणों की विवेचना करने पर प्रायः १६७५ ई. से १७६८ ई. के बीच में सिद्ध होता है। ये दीर्घजीवी थे। लगभग ७५ वर्षों से अधिक ही इनका जीवन-काल ज्ञात होता है, अर्थात् सत्रहवीं शताब्दी के अन्तिम चौथाई से अठारहवीं शताब्दी के आधे भाग के मध्य तक का समय मानना चाहिये। "वरिवस्यारहस्य" ग्रन्थ का सम्पादन करने वाले कृष्णस्वामी शास्त्री ने अनेक प्रमाणों के आधार पर पूर्वोक्त बात प्रमाणित की है।

श्रीभास्करराय सम्पूर्ण उत्तर भारत में विशेषकर वाराणसी में आते थे तथा रहते भी थे। उनके एक-दो ग्रन्थों से वाराणसी में रहना भी प्रमाणित होता है। उनका जन्म भागा नगर (वर्तमान हैदराबाद) में हुआ था; परन्तु यज्ञोपवीत संस्कार उनके पिता ने काशी में आकर ही किया था। उनके चरित्र के अनुसार तथा उनके शिष्य जगन्नाथ के काव्य के अनुसार भी सम्पूर्ण भारत में उनकी यात्राएँ होती रहती थीं। जगन्नाथ पण्डित के "नित्योत्सव" निबन्ध के प्रारम्भ में एक श्लोक है–

यस्याऽज्ञातो नाऽस्ति भूमण्डलांशो यस्याऽदासो विद्यते न क्षितीशः।
यस्याऽज्ञातं नैव शास्त्रं किमन्यैर्यस्याऽऽकारः सा पराशक्तिरेव॥

यहाँ पर "भूमण्डल" शब्द का अर्थ सम्पूर्ण भारतवर्ष ही है। यात्रा के प्रसङ्ग में पूर्व दिशा में कामरूप तक जाने के बाद आगे नागालैण्ड (नामरूप) आदि प्रदेशों में जङ्गली और आचारहीन लोगों के रहने से यात्रा करना उन्होंने उचित नहीं समझा था, यह बात चरित्र-खण्ड में लिखी जा चुकी है।

श्रीभास्करराय जी के जन्म के सम्बन्ध में "श्रीगुरुपरम्परा" ग्रन्थ के मराठी अनुवाद के पहले भाग में भूमिका के लेखक वि. अ. कानोले ने सन् १६८३ ई. लिखा है; परन्तु विचार करने पर इससे कुछ वर्षों पूर्व ही जन्मकाल मानना उचित है। अतः कृष्णस्वामी का मत ठीक लगता है। श्रीभास्करराय जी के पिता श्रीगम्भीरराय दीक्षित बीजापुर के राजा के सचिव थे। सम्भवतः यह आदिलशाह होगा, इसका समय १६८६ ई. है। आगे औरङ्गजेब ने उसे युद्ध में हराया था। श्रीभास्करराय के ग्रन्थों और उनके जीवन की घटनाओं के अनुसार उपलब्ध शक-संवत् निम्नाङ्कित हैं–

१. श्रीललितासहस्रनाम की टीका "सौभाग्यभास्कर" के अन्त में १७८५ वि. संवत् के अनुसार इस ग्रन्थ का लेखनकाल १७२८ ई. होता है।

२. नित्याषोडशिकार्णवटीका "सेतुबन्ध" के अन्त में शक १६५५ दिया है, जो १७३३ ई. होता है।

३. सप्तशती की गुप्तवती टीका के अन्त में १७९७ वि. सं. है, तदनुसार १७४१ ई. होता है।

४. माध्वयति–जिसका नाम कुछ लोगों ने सत्यबोध तीर्थ कहा है, जिससे आचार्य का शास्त्रार्थ हुआ था; परन्तु बाद में उस यति का नाम सत्यप्रिय तीर्थ था, यह निश्चय होता है। उसका काल ई. १७३७-१७४४ है और यह ठीक भी लगता है।

५. भोसले वंश के राजाओं की तीन शाखाएँ थीं। एक कोल्हापुर-सातारा में, दूसरी तमिलनाडु के तंजावर नगर में और तीसरी नागपुर में थी। इनमें कोल्हापुर-सातारा की शाखा के शाहू छत्रपति के द्वारा आचार्य को दो दानपत्र दिये गये थे। जिनमें एक दानपत्र में शक १६६० का उल्लेख है तथा दूसरे में "शके ५० शुभकृत्संवत्सरे" यह उल्लेख है। प्रथम दानपत्र में मुरार जी "इन्दुराव घोरपडे" नामक राजकीय अधिकारी का उल्लेख है, जो सम्भवतः शाहू-छत्रपति का सेवक होगा। इस दानपत्र में लिखा है कि तुङ्गभद्रा-तीरवर्ती बर्लेल नामक स्थान में राजा शाहू ने श्रीभास्करराय जी से भेंट की थी तथा वह उनसे अत्यन्त प्रभावित हुआ था। जिसके फलस्वरूप उसने धारादत्त वर्षासन प्रदान किया था। दूसरे दानपत्र में "क्षत्रियकुलावतंस श्री राजा शाहू छत्रपति स्वामी" का उल्लेख है। इसमें मौजे-शेजवली तालुका सौंदेल राजापुर के अधिकारी को आज्ञा दी गई है कि वह उनकी दी हुई भूमि की व्यवस्था करे और यह आदेश वंशपरम्परा के लिये स्थायी है। तीसरे भोसले वंश का राजा नागपुर का था। गुरुपरम्परा ग्रन्थ के अनुसार यात्रा-प्रसङ्ग में आचार्य का उसने भी सम्मान किया था–यह उपलब्ध होता है। छत्रपति के विषय में आचार्य के एक पद्य का उल्लेख जगन्नाथ ने "भास्कर-विलास" में किया है। जो इस प्रकार है–

श्रीभास्करेणैव भुवि स्थितानि छत्राणि सर्वाण्यधरीकृतानि।
छायां त्वदीयामभिवाञ्छतिस्म श्रीभास्करश्छत्रपतिततस्त्वम् ॥

६. श्रीशिवाजी महाराज के ही द्वितीय पुत्र की शाखा तंजावर में गई। इसमें एकोजि, व्यङ्कोजि, शाह जी, शरभोजि आदि अनेक राजा हुए। ये सभी राजा शास्त्रों और कलाओं के प्रेमी थे। इनके शासन-काल में अनेक विद्वानों द्वारा ग्रन्थ-लेखन आदि किया गया था। शाह जी ने ही आचार्य को एक ग्राम दिया था, जिसका नाम बाद में भास्करपुर प्रसिद्ध हुआ। इसकी चर्चा पहले भी की गई है। श्रीधर वेङ्कटेश कवि ने "शाहेन्द्रविलास" नामक काव्य लिखा है। उसकी भूमिका में

प्रसिद्ध विद्वान् डॉ. वी राघवन् ने श्रीभास्करराय की पर्याप्त चर्चा की है । यह काव्य-ग्रन्थ है तथा १९५२ में तञ्जावर सरस्वती महल से प्रकाशित हुआ है ।

श्रीभास्करराय जी के एक विद्यागुरु गङ्गाधर वाजपेयी नामक थे, जिनसे उन्होंने न्यायशास्त्र का अध्ययन किया था । शाहजी नरपति ने इन दोनों गुरु-शिष्यों को कावेरी के दोनों तटों पर आमने-सामने "तिरुवलगुडू" नामक ग्राम में भूमिदान किया था । उसका उद्देश्य ऐसा लगता है कि गुरु-शिष्य दोनों यथासमय मिल सकें । ये गङ्गाधर वाजपेयी भी बहुत बड़े विद्वान् थे, इनके भी अनेक ग्रन्थ हैं । गङ्गाधर वाजपेयी के पितामह के भाई सुप्रसिद्ध अप्पय दीक्षित के शिष्य थे । इस प्रकार अप्पय दीक्षित के विद्यावंश से श्रीभास्करराय का सम्बन्ध था । अपने ग्रन्थों में अनेक जगहों पर इन्होंने अप्पय दीक्षित के ग्रन्थों के उद्धरण दिये हैं । गङ्गाधर वाजपेयी से न्यायशास्त्र के अध्ययन के सम्बन्ध में जगन्नाथ पण्डित (श्रीभास्करराय के शिष्य) ने अपने काव्य में लिखा है–

स एष गङ्गाधरवाजपेयीसकाशतः साधितगौडतर्कः ।

गङ्गावगाहाद्विरजाः पितॄणां गतोऽनृणत्वं सुकृती गयायाम् ॥

गङ्गाधर वाजपेयी के कुछ ग्रन्थों के नाम हैं–"कुवलयानन्द" पर रसिकरञ्जिनी-टीका, अवैदिकदर्शनसङ्ग्रह, भोसले-वंशावली तथा कणादसिद्धान्तचन्द्रिका । "अवैदिकदर्शनसङ्ग्रह" की एक हस्तलिखित प्रति के नीचे श्रीभास्करराय द्वारा विरचित शाहजी राजा के विषय में पद्याष्टक (आठ श्लोक) उपलब्ध है, जिसके अन्त में ये दो पद्य हैं–

एकः शाहमहीपतिर्नृपगणेष्वेकः शिवो निर्जरे-
ष्वेको ज्योतिषि भास्करः कुलगिरिष्वेकः सुवर्णाचलः ।
श्रीगङ्गाधरवाजपेयिबुधराडेको बुधानां गणे
छन्दःशास्त्रविचारचारुचतुरेष्वेकः कृती भास्करः ॥

कृतं भास्कररायेण पद्याष्टकमिदं मुदे ।
शाहभूमिपतेर्यस्मान्ना विष्णुः पृथिवीपतिः ॥

इस शाह जी का समय १६८४ ई. से १७११ ई. है । इसके बाद के शासक राजा शरभोजी भोसले हुए । इनका समय १७१२ से १७२८ ई. कहा जाता है । इस राजा के दरबार में श्रीभास्करराय के प्रमुख शिष्य पण्डित जगन्नाथ शुक्ल थे, जिन्होंने "शरभविलास" नामक काव्य लिखा है । श्रीभास्करराय के समाधि-ग्रहण के बाद कुछ ही दिनों में जगन्नाथ ने सम्भवतः १७५०-५१ ई. (अब्दे प्रमोदसचिवे) में "भास्करविलास" काव्य की रचना की थी । यह काव्य तथा गुरुपरम्पराचरित्र की कथा–ये दोनों सूत्र श्रीभास्करराय जी की जीवन-यात्रा तथा प्रमुख घटनाओं को प्रमाणित करते हैं । शाहजी राजा शिवाजी राजा के भतीजे तथा व्यङ्कोजी के पुत्र

थे। इनका अन्यत्र उल्लेख "महिषशतक" काव्य की भूमिका में भी मिलता है, जो व्यङ्ग्यकाव्य बालकवि या वाञ्छेश्वर की रचना है। उस भूमिका में एक प्रसङ्गागत पद्य है–शाह जी मीनाक्षी-देवी का दर्शन करने गये हुए थे, तथा उन्होंने अपने स्वरचित पद्य से भगवती मीनाक्षी की स्तुति की थी। पद्य यह है–

गिरिमधुरं पुरिमधुरं गरिमधुरन्धरनितम्बभाराख्यम्।
स्थूलकुचं नीलकचं बालकचन्द्राङ्कितं तेजः॥

इस श्लोक को पीछे खड़ा बालक कवि सुन रहा था, उसने भी तत्काल राजा की प्रशस्ति में एक श्लोक कहा–

भुवितरसा विदितरसा तदितरसाहित्यवाङ्न मे लगति।
कविलोकेर्म विलोके भुवि लोकेशस्य शाहजेरुपमाम्॥

इन बातों से शाहजी की विद्याभिरुचि और पण्डितों का सहवास सिद्ध होता है।

इस प्रसङ्ग में श्रीभास्करराय के प्रमुख शिष्य "नित्योत्सव" निबन्ध के निर्माता पण्डित जगन्नाथ का उल्लेख भी आवश्यक है। जगन्नाथ शाह जी के छोटे भाई शरभोजी राजा के समकालीन था। शरभोजी का समय १७११-२८ ई. है। "शरभविलास" काव्य की रचना इन्होंने ई. १७२२ में की है। दूसरी रचना "वसुमती-परिणय" नाटक व्यङ्कोजी राजा के समय लिखा गया। व्यङ्कोजी का समय १७३५ ई. है। जगन्नाथ पण्डित ने अनेक काव्यों तथा नाटकों की रचना की है। इनके पिता बालकृष्ण पण्डित भी तंजौर की राजसभा में सचिव थे। जगन्नाथ की अन्य रचनाएँ "हृदयामृतस्तोत्र" ई. १७४२ में लिखा गया एवं नित्योत्सव ई. १७४५ में। नित्योत्सव के आरम्भ के उल्लेख से ज्ञात होता है कि श्रीभास्करराय जी वाराणसी से चोलदेश गये और जगन्नाथ को ग्रन्थ लिखने की आज्ञा दी। इसका हेतु यह मालूम होता है कि श्रीविद्या की सर्वाङ्गीण परन्तु संक्षिप्त एक पद्धति का निर्माण कराना उन्हें अपेक्षित था। इस कार्य के लिये जगन्नाथ सर्वथा योग्य विद्वान् थे। जगन्नाथ ने लिखा है–

काश्याश्चोलान् समागत्य कावेर्यङ्कविहारिणा।
नाथेन भासुरानन्दनाथेनाऽस्मीह योजितः॥

जगन्नाथ पण्डित गुरु का प्रियशिष्य था। उसने अपने निबन्ध में आचार्य के रत्नालोक, सौभाग्यचन्द्रोदय आदि कतिपय ग्रन्थों का भी उल्लेख किया है। अधिकांशतः दक्षिण भारत में नित्योत्सव के अनुसार ही उपासना की जाती है।

●

श्रीभास्करराय भारती दीक्षित की कृतियाँ

खद्योतवार्तिक
(श्रीगणेशसहस्रनाम-व्याख्या)

श्रीभास्करराय जी की कृतियों में इस गणेशसहस्रनाम-व्याख्या का महत्त्व और उपादेयता गणेशोपासना के अनेक पक्षों पर प्रकाश डालने के कारण है। उनकी शैली के अनुसार प्राचीन किसी भी ग्रन्थ की व्याख्या के पूर्व वे भूमिका के रूप में उस ग्रन्थ के मौलिक रूप, उपलब्धि और उसकी प्रामाणिकता पर पूरा विचार करते हैं।

इस ग्रन्थ की विशेषता यह है कि यह टीका श्लोकबद्ध अनुष्टुप् छन्दों में लिखी गई है। अतः परम्परा में इसे गणेशसहस्रनामवार्तिक भी कहा जाता है। वार्तिक से तात्पर्य संक्षिप्त टीका से है। उन्होंने स्वयं भी कहा है—नामों का पूरी तरह अर्थ करना दुष्कर है, अर्थात् उसमें विस्तार की अपेक्षा है, अतः संक्षेप में वक्तव्य स्पष्ट करने के लिए ही श्लोकबद्ध व्याख्या की गई है[1]।

इस टीका के लिखने में एक कारण और था। ऐसा सुना जाता है कि इस पर कोई प्राचीन टीका थी; परन्तु उस टीका का लेखक उस कोटि का विद्वान् न था, जो गणेश-सम्प्रदाय की ठीक जानकारी रखता हो। विद्वानों ने सम्भवतः यह बात श्रीभास्करराय जी से कही, तदनुसार उन्होंने उन भक्तों और विद्वानों के सन्तोष के लिए टीका लिखने का उपक्रम किया[2]। 'खद्योत' यह नाम भी विशेष अभिप्राय का सूचक है। संस्कृत-कोश के अनुसार 'नभः खं' अर्थात् आकाश का वाचक 'ख' शब्द है। दूसरा अर्थ है 'खं ब्रह्म' खं का अर्थ महाशून्य या सर्वव्यापक ब्रह्मतत्त्व है।

न्यायशास्त्र के अनुसार 'शब्दगुणमाकाशम्' कहा जाता है। जितने नाम-रूप शब्द के हैं, वे सामूहिक रूप से चिदाकाश 'ज्ञानमय आकाश' के वाचक हैं और भगवान् गणपति भी मूलरूप में ब्रह्मतत्त्व से अभिन्न हैं। अतः 'खं द्योतयति इति खद्योतः' इस प्रकार शब्द की व्युत्पत्ति मानकर 'खद्योत' शब्द का औचित्य सिद्ध होता है[3]।

प्रारम्भिक पद्यों में अपनी विनम्रता प्रकट करते हुए ग्रन्थकार ने कहा है कि प्रत्येक नाम में अनेक अर्थ होते हैं। शेषनाग (महाभाष्यकार पतञ्जलि) ही

---

1. केषां न दुष्करं नाम्नां साकल्येनार्थवर्णनम्।
   अतः संक्षिप्य वक्तव्ये श्लोकैरेव स वर्ण्यते॥ (खद्योत, पृ. 1)
2. प्राचां कुसृष्टिरचनैकमयस्वभावामज्ञातगाणपततन्त्रपुराणभावाम्।
   व्याख्यामुदस्य सुविभाव्य गणेशनामान्यर्थापयामि तदुपासकतोषहेतोः॥ (तत्रैव, पृ. 1)
3. नाम्नामर्थश्चिदाकाशस्तं द्योतयितुमुद्यतः।
   ग्रन्थः खद्योतनामाऽस्तु ब्रह्म खं गगनं च खम्॥ (तत्रैव, पृ. 1)

कदाचित् पूरे अर्थो की व्याख्या कर सकें। अतः मुझ जैसा अल्पबुद्धि पुरुष इस कार्य में प्रवृत्त हुआ है, तो भी कोई दोष नहीं होगा। अपने सामर्थ्य के अनुसार सभी को प्रयास करने का अधिकार है। गरुड या सूर्य के द्वारा भी पूरा आकाश पार करना सम्भव नहीं है; परन्तु 'खद्योत' (जुगनू) बरसात की रात में चमकते हुए कुछ तो प्रकाश प्रकट करता ही है। टीका के अन्त में उसका महत्त्व भी उन्होंने सूचित किया है कि–ठीक परम्परा से थोड़े में कही हुई बात भी पूरा प्रकाश डालती है, इस अर्थ में यह ग्रन्थ खद्योत-सूर्य है। ग्रन्थ का विस्तार न देखकर जो इसे छोटा समझेंगे, उनके लिए यह जुगनू ही है[1]।

'खद्योत' टीका की रचना वाराणसी के त्रिलोचन घाट के समीप की गई थी। सम्भवतः उसके पूर्व श्रीभास्करराय जी ने कोई श्रौतयज्ञ (सोम या चातुर्मास्य आदि) किया था। उनके ऐतिहासिक विवरण में इसका विशेष विचार किया गया है[2]।

इस पुस्तक का मुद्रण निर्णयसागर प्रेस, बम्बई के द्वारा सन् १९५१ में हुआ था। इसका सम्पादन 'नारायण राम आचार्य' काव्यतीर्थ ने किया है। यद्यपि इसमें मुद्रण की कुछ अशुद्धियाँ रह गई थीं। संशोधनपूर्वक वाराणसी के प्राच्य प्रकाशन से लेखक के द्वारा अभी हाल ही में (सन् १९९१ ई.) सम्पादित हुआ है।

मूलग्रन्थ के सम्बन्ध में श्रीभास्करराय का कथन है कि यह सहस्रनामस्तोत्र पद्मपुराण से लिया गया है–यह मत प्राचीन टीकाकार का है; परन्तु भास्करराय जी के मत से गणेशपुराण से ही इसकी उपलब्धि प्रामाणिक है। उसके निम्न लिखित कारण हैं–गणेशपुराण के छियालीसवें अध्याय के रूप में यह स्तोत्र निर्दिष्ट है। उसमें पूर्वपीठिका भाग पाँच श्लोकों में है। मध्य का 'नामभाग' एक सौ छाछठ और अर्ध श्लोकात्मक है। फलश्रुतिभाग तैंतालीस और आधा श्लोक है। गणेशसहस्रनाम का पाठ कुल मिलाकर दो सौ पन्द्रह श्लोकात्मक है। उसके आगे के अध्याय में विषय का उपसंहार किया गया है।

पद्मपुराण के गणेशसहस्रनाम में पूर्वपीठिका में प्रथम श्लोक नहीं है, द्वितीय श्लोक में कुछ पाठभेद है। फलश्रुतिभाग में 'यो नामभिर्हुनेदेतैः' इत्यादि चार श्लोक नहीं हैं, अतः पूर्ण संख्या में दो सौ दस श्लोक ही होते हैं। इस तुलना के आधार पर 'गणेशपुराण' को ही मुख्य आधार-ग्रन्थ माना गया है। हमारी समझ

1. सम्प्रदायजुषामेव खद्योतो लोकबान्धवः।
ग्रन्थविस्तरलुब्धानां खद्योतो ज्योतिरिङ्गणः॥ (खद्योत, पृ. 86)

2. गभीरबुधयज्वनस्तनुभवोऽधिवाराणसि-
त्रिलोचनपदानुगः कृतमखोऽग्निचिद्भास्करः।
महागणपतेर्महान्त्यपि सहस्रनामानि तद्-
दयाजनितया धिया सुजनतुष्टये व्याकरोत्॥ (तत्रैव, पृ. 86)

में आचार्य ने आधुनिक शैली के अनुसार गणेशतत्त्व का प्रधानतया प्रतिपादक होने के कारण गणेशपुराण को अधिक प्रमाण माना है। अद्यतन दृष्टि से पद्मपुराण कुछ अर्वाचीन है। जिसमें बहुत से विषय जोड़ दिये गये हैं। इस स्तोत्र की उत्पत्ति के सम्बन्ध में निम्नाङ्कित पौराणिक सन्दर्भ हैं–

गणेशपुराण के उपासना खण्ड में ऋषियों ने सूत से प्रश्न किया है कि 'अष्टादश पुराणों को हमने विस्तार से सुना; परन्तु अन्य भी जो श्रोतव्य हो हम सुनना चाहते हैं'। इस पर सूत ने उत्तर देते हुए कहा कि "अन्य अष्टादश उपपुराण भी हैं–जैसे गणेश, नारदीय, नारसिंह आदि"। इसके बाद गणेशपुराण के मूल प्रश्न का उत्तर देते हुए सूत ने स्पष्ट किया–"पूर्व युग में ब्रह्मा ने व्यास को इसका उपदेश किया, व्यास से भृगु ने सुना और भृगु से सोमकान्त ने ग्रहण किया" इत्यादि उपक्रम के बाद अन्य कुछ आख्यानों को भी कहा गया है।

इसके बाद छत्तीसवें अध्याय में गृत्समदोपाख्यान का निरूपण किया गया है। गृत्समद के क्षुत् (छींक) से त्रिपुरासुर की उत्पत्ति, त्रिपुरासुर का तप करना तथा उसे वर मिलना, उसके द्वारा त्रैलोक्य-विजय करना वर्णित है। इसके बाद शिव के साथ त्रिपुरासुर का युद्ध हुआ। उस युद्ध में शिव की पराजय हुई। शिव ने नारद से पराजय का कारण पूछा। नारद ने कहा कि युद्ध में जाने से पहले आपने गणेश का पूजन नहीं किया, अतः पराजय हुई। नारद से यह बात जानकर शिव ने दस वर्षों तक तीव्र तप किया। तब शिव के मुख से पञ्चमुख और दशभुज गणेश की उत्पत्ति हुई। गणेश ने अपने सहस्रनाम का उपदेश शिव को किया, जिसके बल से शिव ने त्रिपुरासुर का संहार किया।

उसके अग्रिम अध्याय के प्रारम्भ में व्यास ने ब्रह्मा से प्रश्न किया–"हे ब्रह्मन्! शिव को गणेश ने किस प्रकार अपने सहस्रनाम का उपदेश किया था? कृपया मुझे बतायें'! इसके बाद ब्रह्मा ने त्रिपुरासुर-वध की पूर्व-कथा का सन्दर्भ देते हुए गणेशसहस्रनाम का उपदेश किया। यह इस स्तोत्र के सन्दर्भ की अवतरणिका है।

गणेशसहस्रनाम की व्याख्या प्रारम्भ करने से पहले देवतावाद (हिन्दू देवता-तत्त्व) और पुराणों की प्रामाणिकता पर कुछ आलोचना भी आचार्य ने की है। जिसका निम्नाङ्कित सारांश है–भारतीय शास्त्रों में सभी वेदान्तों (उपनिषदों) से संवेद्य एकमात्र अखण्ड, सत्, चित्, आनन्दात्मक, समस्त भेदों से शून्य, वाणी और मन से अगोचर, स्वप्रकाश, मुक्त पुरुषों से संवेद्य, सर्वश्रेष्ठ ब्रह्मतत्त्व माना गया है।

निर्विकल्प चित्तवृत्ति के द्वारा चिरकाल के बाद अज्ञान निवृत्त होने पर 'कण्ठचामीकरन्याय' (जैसे गले में पड़ी सोने की जंजीर को भ्रमवश पुरुष बाहर खोजता है; परन्तु अन्ततः किसी के द्वारा स्मरण दिलाने पर अपने ही गले में उसे पाता है) से स्वरूपावाप्ति ही 'मोक्ष' पद से निर्दिष्ट होती है। शुद्ध पुरुषों की

चित्तवृत्ति निर्विकल्प हो सकती है, मलिन आशयवालों की नहीं होती । अतः चित्तशुद्धि के लिये वर्णाश्रम-धर्मानुसार अपने अधिकारानुरूप श्रौत-स्मार्त कर्म जो कर्मकाण्ड में उपवर्णित हैं, उनका अनुष्ठान करना 'बहिरङ्ग' उपाय है । उसी ब्रह्मतत्त्व की सगुण और निर्गुण दो रूपों से उपासना, जो वेदों में, रहस्यतर उपनिषदों में उपवर्णित है उसका अनुष्ठान करना 'अन्तरङ्ग' उपाय है । बहिरङ्ग अनुष्ठान करने वाले ही अन्तरङ्ग अनुष्ठान के अधिकारी होते हैं । 'सगुण' रूप उपासकों के अनुग्रह के लिये कल्पित है । उपासकों की रुचि और संस्कार के अनुसार वह रूप अनेक प्रकार का है, जैसे–**'आदित्यमम्बिकां विष्णुं गणनाथं महेश्वरम्'**, इत्यादि धर्मशास्त्रों में निर्दिष्ट विभिन्न देवताओं और उनके अवान्तर अनेक मूर्तिभेद उपवर्णित हैं । उपासकों के जन्मान्तर संस्कार के अनुसार विशेष-विशेष देवता में श्रद्धा उत्पन्न होती है; परन्तु इस प्रकार सभी देवता ईश्वररूप ही हैं ।

देवतोपासना के लिये उन देवताओं की उपासना, महत्त्व, चरित्र आदि बताने के लिये ही पुराणों की प्रवृत्ति हुई । उनमें हेतु उपासक का मार्गदर्शन और उसका कल्याण करना ही है । पुराणों में कहीं-कहीं किसी विशिष्ट देवता को सर्वोत्तम सिद्ध करना और अन्य देवताओं को उससे निम्न कोटि में रखना, यह निन्दा नहीं है; किन्तु प्रस्तुत विधेय के प्रति निष्ठा उत्पन्न करने के लिये है । कल्पभेद से देवताओं की परस्पर से उत्पत्ति की कथाएँ भी हैं । अतः उनमें कोई बात अप्रमाण नहीं माननी चाहिये ।

श्रीगणेश के विषय में प्रमाणभूत ग्रन्थ निम्नाङ्कित हैं–हेरम्बोपनिषद्, गणेशोपनिषद् आदि और वेदों में आने वाले 'गणानां त्वा' इत्यादि मन्त्र, गणेशविषयक अनेक तन्त्र, गणेशपुराण, मुद्गलपुराण तथा अन्य पुराणों में गणेशविषयक भाग इत्यादि सैकड़ों प्रमाण हैं । इस प्रसङ्ग में यह विचारणीय है–वैदिक निघण्टु कोष में 'अग्नि' से लेकर 'देवपत्नी' तक परिगणित देवताओं में गणेश का नाम न मिलने के कारण प्राचीन टीकाकार ने **'मरुतो गणानामधिपतयः'** इत्यादि 'अभ्यातान' मन्त्र से 'गणेश' की सत्ता मानी है; परन्तु कर्मकाण्डीय देवताओं में 'गणेश' की गणना आवश्यक नहीं है । निघण्टु ग्रन्थ में एक सौ इक्यावन देवताओं का ही उल्लेख है; परन्तु उनसे अतिरिक्त शतशः देवताओं का उल्लेख वेदों और पुराणों से प्राप्य है । 'वायु' पद का कहीं सूत्रात्मा के अर्थ में प्रयोग देखकर उसी के पर्याय 'मरुत' शब्द का और उसके बहुवचन का गणेश के अर्थ में समर्थन करना सर्वथा असङ्गत है ।

उपनिषदों को सर्वोच्च प्रमाण माना गया है । जब उनसे ही 'गणेश' की प्रामाणिकता हो रही है, तो अन्य प्रमाणों की आवश्यकता नहीं है । अब प्रश्न उपस्थित होता है कि पुराणों की प्रामाणिकता कैसे मानी जाय? इसका समाधान

आचार्य ने इस प्रकार किया है–"पुराणेष्वर्थवादत्वं ये वदन्ति नराधमाः" इत्यादि बृहन्नारदीयपुराण के वचन से अर्थवादप्रचुर कर्मकाण्ड की तुलना में अर्थवादरहित पुराणों की प्रामाणिकता अधिक है। इसका तात्पर्य यह है कि यदि पुराणों में अर्थवाद माना जाय, तो देवतोपासना और अवतारवाद का समर्थन करना सम्भव न होगा। वचन भी हैं–

"श्रुतिस्मृती हि नेत्रे द्वे पुराणं हृदयं मतम्।
श्रुतिस्मृतिभ्यां हीनोऽन्धः काणः स्यादेकया विना" ॥ इत्यादि।

अतः देवतातत्त्व-निर्णय के प्रसङ्ग में कर्मकाण्ड से अधिक पुराणों को ही प्रमाण माना गया है। शिव, विष्णु, देवीविषयक उपनिषदों की तरह गणपति- विषयक उपनिषद् भी उपलब्ध हैं। कर्मकाण्ड में भी प्राचीन टीकाकार ने 'अभ्यातान' मन्त्र का **'मरुतो गणानामधिपतयः'** इत्यादि प्रमाण दिया है। उससे अधिक महत्त्वपूर्ण तो **'गणानां त्वा गणपतये'** इत्यादि मन्त्र, जो तीनों वेदों में पठित है, वही प्रबल प्रमाण मानना चाहिये।

भगवान् गणेश की उपासना के लिए एकाक्षर, षडक्षर, अष्टाविंशत्यक्षर अनेक मन्त्र और उनके विधान तन्त्र-ग्रन्थों में प्राप्य हैं। ऋग्वेद के 'ब्रह्मणस्पतिसूक्त' को भी गणेशोपासना में प्रयुक्त किया जाता है। मन्त्रोपासना के साथ 'गणेश-सहस्रनामपाठ' करना 'क्रत्वर्थ' है। मीमांसाशास्त्र की दृष्टि से क्रतु अर्थात् याग गणेशोपासना का अङ्ग है; परन्तु विना मन्त्रोपासना के भी केवल 'गणेशसहस्रनाम' का पाठ चारों पुरुषार्थों का फल देता है। अतः उसे स्वतन्त्र भाव से पुरुषार्थ भी कहा गया है। यद्यपि पुराणों और तन्त्रों के भेद से गणेश के अन्य भी सहस्रनाम उपलब्ध हैं; परन्तु उन सब में इसकी प्रधानता है और परम्परा से भी इसका महत्त्व स्वीकार किया गया है।

फलश्रुति भाग में इस स्तोत्र के विषय में कहा गया है–**"सकृत् पाठेन संसिद्धः स्त्रीशूद्रपतितैरपि"**, अर्थात् इसके एक पाठ से भी स्त्री, शूद्र, पतित सभी को इष्ट फल की प्राप्ति होती है। इसके लिए कोई विशेष बन्धन नहीं है। यहाँ तक इस ग्रन्थ के विषय में बहिरङ्ग चर्चा हुई। अब मूलग्रन्थ 'खद्योत' टीका के अन्तरङ्ग भाग पर कुछ प्रकाश डालने का प्रयास किया जा रहा है।

श्रीभास्करराय जी के अनुसार कोई भी विद्या गुरुमुख से प्राप्त होनी चाहिये। इसके अनुसार इस सहस्रनाम का प्रथम उपदेश स्वयं गणेश ने शिव को दिया, अतः गणेश ही प्रथम गुरु हुए। शास्त्रों का वचन है–

गुरुक्रममविज्ञायोपास्ते यः स्वेष्टदेवताम्।
सोपास्तिर्निष्फला ज्ञेया भस्मन्यर्पितहव्यवत्॥
तस्माद् यत्नेन विज्ञेया मूलाद् गुरुपरम्परा॥

अर्थात् गुरु-परम्परा को जाने विना इष्ट-देवता की आराधना भस्म में किये गये हवन की तरह निष्फल है । इस प्रकार सभी गाणपत-तन्त्रों के आदिगुरु गणेश ही हैं । उसके बाद गणक्रीड, विकट इत्यादि क्रम से 'कुल' नामक नौ गुरु हैं । इसके आगे 'सुरानन्द' आदि नौ 'विद्या-गुरु' कहे जाते हैं और इसके बाद विनायक आदि 'सन्तानगुरु' बीस हैं । इन प्रत्येक समूहों में दिव्यौघ, सिद्धौघ तथा मानवौघ नाम के तीन विभाग हैं, जो परम्पराओं में प्रसिद्ध हैं । उसके बाद 'कपिल' से 'व्यास' तक इक्कीस गुरुओं की गणना की गयी है । इसके बाद 'गणक' से लेकर शङ्कराचार्य तक बयालीस गुरुओं के नाम वर्णित हैं । इस प्रकार एक सौ एक गुरुओं की गणना श्रीविद्यारण्य स्वामी ने अपने प्रबन्ध में लिखी हैं[1] ।

इस स्तोत्र के प्रारम्भिक दो सौ नामों में लगभग सभी गुरुओं के नाम आ जाते हैं । शङ्कराचार्य से लेकर अपने गुरु तक परम्परा का ज्ञान उन विद्वानों को हो सकता है, जिन्हें पारम्परिक गुरु प्राप्त हुए होंगे । इस प्रकार इस स्तोत्र के प्रसङ्ग में आचार्य शङ्कर की परम्परा का सम्बन्ध भी सूचित किया गया है । आचार्य शङ्कर केवल अद्वैतवेदान्त के ही नहीं; किन्तु समस्त हिन्दू सम्प्रदायों के भी प्रवर्तक थे । उनकी बिरुदावली में 'षण्मतप्रतिष्ठापक' शब्द का प्रयोग होता है, जो इस बात का सूचक है । श्रीभास्करराय जी ने गणेश के सहस्र नामों के व्याख्यानों के प्रसङ्ग से विभिन्न वैदिक, पौराणिक, तान्त्रिक तथा अन्य शास्त्रीय विषयों की पर्याप्त चर्चा की है, जिनमें कतिपय स्थलों पर परिचय रूप से आगे लिखा जा रहा है । बीच-बीच में प्राचीन टीकाकार के दोषों पर भी विवेचना कर विषय को स्पष्ट किया गया है । प्राचीन टीकाकार ने 'गजवक्त्र' और 'गजानन' आदि नामों की समानार्थता को देखकर 'सहस्र संख्या में बाधा आ रही है '—यह विचार उठाया है । उसके उत्तर में श्रीभास्करराय जी ने शास्त्रों के अनुसार अर्थभेद से शब्दभेद और शब्दभेद से अर्थभेद मानने की शास्त्रपरम्परा का उल्लेख किया है और 'विष्णुसहस्रनाम' की व्याख्या में शङ्कराचार्य जी ने भी उसी सिद्धान्त का समर्थन किया है—यह बात कही है ।

श्रीभास्करराय जी का कथन है कि व्याकरण, निगम, निरुक्त, कोष आदि के द्वारा जो अर्थ सुलभ और प्रसङ्ग में उचित हो, वही लेना चाहिये । खींचतान के द्वारा अर्थ की कल्पना करना उचित नहीं है । आचार्य ने यथासम्भव शास्त्र-सम्मत नये अर्थों की व्याख्या की है । समान अर्थों की तरह मालूम होने वाले शब्दों के भी विशेष अर्थ लिखे हैं, जैसे—

---

1. द्रष्टव्य-'श्रीविद्यार्णव' । (प्रथम श्वास)



श्रीसिद्धिलक्ष्मीसहितः श्रीमहागणपति

गणेश्वर —यहाँ पर गण-शब्द से आकाशादि पञ्चमहाभूतों का समुदाय लिया गया है। उनके ईश्वर या स्वामी या स्वयं पञ्चभूतात्मक 'गणेश्वर' शब्द का अर्थ है; क्योंकि तैत्तिरीय उपनिषद् में कहा है—**'तत् सृष्ट्वा तदेवाऽनुप्राविशत्'** ।

गणञ्जय का अर्थ किया है—साधारण योद्धा एक-एक शत्रु से अलग-अलग युद्ध कर उन्हें जीतता है; परन्तु गणेश अनायास अनेक शत्रु-समूहों से युद्ध में विजयी हुए। इसमें गणेशपुराण की कथा प्रमाण है।

महागणपति —इसकी व्याख्या में कहा है गण, गुल्म आदि सेनाओं के व्यूह की रक्षा करने वाले।

अमित —जो मित न हो, अर्थात् जिसे किसी पैमाने से नापा न जा सके। न्याय के अनुसार अणु, स्थूल, ह्रस्व तथा दीर्घ चार ही परिमाण हैं। वेदान्त के अनुसार वह परमतत्त्व नापने योग्य नहीं है। बृहदारण्यक का वाक्य है—**'स होवाचैतद्वै तदक्षरं गार्गि ब्राह्मणा अभिवदन्त्यस्थूलमनण्वह्रस्वमदीर्घम्'** (बृ. ३।३।८)।

नादप्रतिष्ठित —इस नाम की व्याख्या में सूक्ष्म शब्दतत्त्व का प्रसङ्ग सूचित किया गया है ओङ्कार में बिन्दु के उच्चारण में अर्धचन्द्रादि आठ अक्षरों के अंश हैं, जिनमें 'नाद' का तृतीय स्थान है, वह भी गणेश का वाचक है। इन सूक्ष्म अक्षरों–तत्त्वों का विशेष विचार 'वरिवस्यारहस्य' एवं अन्य ग्रन्थों के प्रसङ्ग में विस्तार से किया गया है।

योगाधिप —लिङ्गपुराण में योगाचार्यों के अट्ठाइस अवतारों का वर्णन है, जिन्हें नकुलीश आदि कहा जाता है, उनसे गणेश अभिन्न हैं। अतः योगाधिप नाम कहा गया।

महानाद —वैदिक यज्ञों में 'अस्तु, श्रौषट्, वौषट्, ये, यजामहे, आश्रावय' इत्यादि शब्दों का उच्चारण किया जाता है, इसे महानाद कहते हैं। यह मीमांसा-शास्त्र का विषय है।

श्रीहृदय —यहाँ 'श्री' शब्द से वेदत्रयी ली गई है। वही उनके हृदय स्थान में है। वेद में कहा है—**'ऋचः सामानि यजूंषि सा हि श्रीरमृता सताम्'**।

लिपिपद्मासनाधार —इस नाम से तन्त्रों में उपवर्णित मातृका के अक्षरों से युक्त कमल का बोध होता है—

> **द्विद्विस्वरककिञ्जल्कं पराप्रासादकर्णिकम्।**
> **कादिवर्गाष्टकदलं मातृकापद्ममुच्यते॥**

यह गणेश का आसन है।

कुठारवान् —इस नाम से योगविषयक 'कुठार' नामक ज्ञानविशेष की चर्चा की है। **'कुठारं केवले रतः'** इस हैमकोष के अनुसार 'केवल' नामक ज्ञान इसका अर्थ है और उसके साक्षी गणेश हैं।

प्रमाणप्रत्ययातीत –प्रत्यक्ष, अनुमान आदि प्रमाणों से होने वाली 'प्रमिति' (बोध) अनित्य होने से भगवान् गणेश को नित्यज्ञानस्वरूप माना गया है।

लक्ष्य –लक्ष्य का अर्थ है निशाना; परन्तु यहाँ योगशास्त्र के आशय से '**तारेण धनुषा चित्तशरेण ब्रह्म वेधयेत्**' इस वेदान्त के अनुसार ओङ्काररूपी धनुष में चित्तरूपी बाण को लगाकर ब्रह्म को लक्ष्य बनाना चाहिये–यह अर्थ किया है।

हृल्लेखामन्त्रमध्यग –इस मायाबीज नाम से प्रसिद्ध तान्त्रिकबीज का गणेश से अभेदपरक व्याख्यान है। इसके सन्दर्भ में आचार्य ने तन्त्रराज ग्रन्थ का उल्लेख किया है–

व्योम्ना प्रकाशमानस्त्वं ग्रसमानस्त्वमग्निना।
तयोर्विमर्श ईकारो बिन्दुना तन्निफालनम्॥
इति ह्रींकारवाच्योऽसि हृल्लेखामन्त्रमध्यगः॥

मीमांसा–शब्द की व्याख्या करते हुए कहा है कि द्वादश अध्याय के साथ चार अध्याय सङ्कर्षकाण्ड के मिलाने पर षोडश अध्याय होते हैं। साथ ही तीन अध्याय भक्तिमीमांसा के तथा चार अध्याय उत्तरमीमांसा के ग्रहण करना उचित है।

स्वस्ति, हुम्, फट्–इन तीनों नामों की विलक्षण व्याख्या की गई है। स्वस्ति एकमात्र सद् ब्रह्म की सत्ता है। उससे भिन्न कुछ नहीं है, अतः हटाने के अर्थ में 'हुम्' का प्रयोग हुआ। केवल ब्रह्मातिरिक्त वस्तु को हटाना ही नहीं; किन्तु उसका नाश भी है–'फट्' शब्द से यह सूचित किया गया है।

एकवीर –तन्त्र-दर्शन के अनुसार अहन्ता में इदन्तारूपी ज्ञान का विलय करना पराक्रम है। अतः एकवीर शब्द सार्थक है।

पञ्चाक्षरात्मा–इस नाम में 'प्रणव' की पूर्ण व्याख्या की गई है–नाद, बिन्दु, मकार, उकार, अकार इन पाँच अक्षरों से घटित प्रणव तत्त्व है।

पञ्चप्रणवभावित –इस नाम पर तन्त्रोक्त पञ्च-प्रणव की व्याख्या की गई है–

तारवाग्भवलज्जामाः प्रासादपरया सह।
प्रणवाः पञ्च तैर्वाच्यः पञ्चप्रणवभावितः॥

पञ्च प्रणव–ॐ, ऐं, ह्रीं, श्रीं, हसौः।

सप्तसप्तिवरप्रद –'प्ता' जटा से सहित 'सप्त' का अर्थ शिव है। पुराणों के अनुसार शिव को 'सप्ति' अश्व गणेश ने दिया था।

सप्तदश –सप्तदशस्तोम नाम का साम-मन्त्रों से होने वाला एक यज्ञ है, गणेश तद्रूप हैं।

सप्तदशाक्षर –यज्ञ में 'वौषट्, आश्रावय, यज, अस्तु, श्रौषट्, ये, यजामहे' इन १७ अक्षरों का प्रयोग होता है। ये गणेशरूप हैं।

द्वात्रिंशद्भैरवाधीश –तन्त्रों में 'अष्ट-भैरवों' के चार समूह हैं–कुल संख्या ३२ हुई, यह भी गणेशरूप हैं।

पञ्चाशन्मातृकालय –पचास या इक्यावन मातृका (अक्षर) हैं। 'नाद' तत्त्व में उनका लय या स्थान है। अतः नादात्मा भगवान् गणेश हैं।

अष्टाशीतिसहस्राद्यमहर्षिस्तोत्रयन्त्रितः–विष्णुपुराण के अनुसार भगवान् ने हिमालय पर अठासी हजार गृहस्थ ऋषियों को समस्त विद्या और कलाओं की रक्षा करने के लिये बसाया था। वे आपकी (गणेश की) स्तुति करते हैं।

अनन्तनामा–सभी शब्द भगवद्रूप के वाचक होते हैं; क्योंकि वेद में कहा है– **'यावत् प्रतिष्ठितं ब्रह्म तावती वाक्'**।

इस प्रकार कुछ नामों की व्याख्यान-शैली का दिग्दर्शन यहाँ किया गया है, जिससे श्रीभास्करराय जी की व्यापक और सूक्ष्म दृष्टि की कल्पना की जा सके।

व्याख्यान के प्रसङ्ग में स्थान-स्थान पर अज्ञान के कारण प्राचीन टीकाकारों ने जो भ्रान्तिपूर्ण व्याख्यायें की थीं, उनका सप्रमाण निराकरण भी आचार्य ने किया है। इससे शास्त्रीय तत्त्वों की शुद्ध व्याख्या पर आचार्य का कितना मनोयोग था, यह स्पष्ट हो जाता है। इस प्रकार यह 'खद्योत' व्याख्या गाणपत्य-परम्परा के ज्ञान के लिये एक आधार-स्तम्भ है।

श्रीनाथनवरत्नमाला
(मञ्जूषा टीका सहित)

श्रीभास्करराय जी की लघु ग्रन्थ-रचनाओं में इस नाथनवरत्नमाला स्तोत्र का स्थान भी महत्त्वपूर्ण है। उपासना के प्रसङ्ग में 'अजपा गायत्री' का विधान प्राचीन अनेक ग्रन्थों, तन्त्रों, पुराणों आदि में प्राप्य हैं। 'अजपा' का अर्थ यह है–विना जप किये भी जिसका स्वयं ही जप हुआ करे, अर्थात् जो स्वभावतः गतिशील मन्त्र है। प्रत्येक प्राणी के श्वासोच्छ्वास से निकलने वाला ध्वनि 'हंसः सोऽहम्' इसका प्रतीकात्मक रूप है।

प्रायः प्रातःस्मरण की विधियों में पद्धतिकारों ने इसका अनुष्ठान निर्दिष्ट किया है। वैसे तो लगभग सभी तन्त्रोक्त देवतोपासना में इसका समावेश है; परन्तु श्रीभास्करराय जी ने अपने विशिष्ट दृष्टिकोण से इस पर नौ श्लोक लिखकर गुरु की स्तुति की है। विषय सूक्ष्म तथा गम्भीर होने के कारण अपनी ही 'मञ्जूषा' नामक व्याख्या भी साथ में लिखी है।

यह ग्रन्थ अभी तक अप्रकाशित था; परन्तु सन् १९८४ ई. में मेरी ही प्रेरणा से दतिया (मध्यप्रदेश) के पीताम्बरा पीठ की साहित्य-परिषद् ने इसे हिन्दी अनुवाद के साथ प्रकाशित किया है अनुवादक हैं–पं. शिवदत्त शर्मा चतुर्वेदी। इस ग्रन्थ का नाम 'नाथनवरत्नमाला' है। 'नाथ' शब्द गुरु का वाचक है। स्तोत्र नवरत्नों की (श्लोकों)की माला के रूप में ग्रथित है, इसीलिये टीका का नाम 'मञ्जूषा' (अलङ्कार रखने की छोटी पेटी) रखा गया है। 'मत्तमयूर' नामक छन्द में यह रचना लिखी गई है।

वस्तुतः सभी उपासनाएँ गुरुतत्त्व के प्रति समर्पित हैं। उपासना-काण्ड में गुरु ही सर्वोच्च चरम प्राप्य तत्त्व है। सम्पूर्ण मन्त्रराशि, देवतागण भी उससे अभिन्न हैं। इस सिद्धान्त को मानते हुए 'अजपा' गायत्री के जप का विवरण तथा संख्याओं का समन्वय इस रचना में गुम्फित किया गया है। इसका आरम्भ इस प्रकार है–

श्रीनाथादित्रितयं नत्वा गम्भीररायसूरिसुतः।
नाथनवरत्नमालागूढार्थव्याकृतिं तनुते॥

अर्थात् अपने गुरु-परमगुरु-परमेष्ठि गुरुओं का वन्दन कर श्रीगम्भीरराय पण्डित का पुत्र नाथनवरत्नमाला के गूढ अर्थों की व्याख्या कर रहा है। इसका उपक्रम करते हुए आचार्य ने अपने विचार निम्न निर्दिष्ट शैली से प्रकट किये हैं–जितनी भी उपासनाएँ हैं, वे गुरु की कृपा से ही प्राप्य हैं; क्योंकि शास्त्रों का कथन है–

'गुरुमूलाः क्रियाः सर्वाः' गुरु की कृपा की उपलब्धि गुरु के वास्तविक स्वरूप को जाने विना सम्भव नहीं है। उनका प्रसाद प्राप्त करने के लिये उनके स्वरूप की उपासना आवश्यक है। गुरु का रूप तीन प्रकार का है—स्थूल, सूक्ष्म तथा पर। उनमें प्रथम रूप **'सहस्रदलपङ्कजे'** इत्यादि ध्यान-श्लोक में **'हस्तापादादिमानवाकार'** वर्णित है। द्वितीय सूक्ष्मरूप तन्त्रों में वर्णित **'गुरुपादुका-मन्त्र'** स्वरूप है। तीसरा वासनात्मक (सूक्ष्मतर सत्ता) रहस्य होने से उपासकों के लिये सङ्केत-भाषा से इस स्तोत्र में बताया गया है। प्रथम श्लोक इस प्रकार है—

हंसः सोऽहं मन्त्रमयश्वासनिकायै-
र्या गायत्री जन्तुषु सर्वेषु पिनद्धा।
तद्रूपः सन्नाविरभूद्वासनया य-
स्तं सन्मार्गं मत्तमयूरं गुरुमीडे॥

सृष्टि-क्रम की व्याख्या करते हुए आचार्य ने लिखा है—प्राथमिक सृष्टि तीन बिन्दुओं से हुई, उसमें बिन्दु पुरुष है और विसर्ग प्रकृति है। इन दोनों ने अपने स्वरूप से ही 'ह'कार और 'स'कार उत्पन्न किये। यही 'हंसः' नामक अजपा मन्त्र है। इसी को विपरीत दिशा से पढ़ने पर 'सोऽहं' यह परमात्मा का मन्त्र है। इसी में सकार और हकार को कल्पित भाग मानकर उन्हें छोड़ देने पर 'ओम्' के रूप से प्रणव बनता है। परमात्मा के लिये इसी से पराप्रासाद मन्त्र भी बनता है, यह विचार शारदातिलक-प्रभृति अनेक ग्रन्थों में वर्णित है। इस प्रकार परस्पर से अभिन्न ये पाँच मन्त्र हैं। ये ही उच्छ्वास और निःश्वास के रूप में प्रकट होते हैं—**'उच्छ्वासश्चैव निःश्वासो हंस इत्यक्षरद्वयम्'** यह शास्त्र की उक्ति है। यह मन्त्र सभी प्राणियों के द्वारा दिन और रात में अर्थात् २४ घण्टों में इक्कीस हजार छह सौ बार जपा जाता है। यह जप अनायास से होता है; परन्तु इसकी ज्ञानपूर्वक भावना करने पर ही मोक्षप्रद है। इसीलिये इसे 'सर्वमन्त्रोत्तम' कहा है। इसके लिये शास्त्रीय वचन निम्नाङ्कित हैं—

हंसः पदं परेशानि! प्रत्यहं जपते नरः।
मोहान्धो यो न जानाति मोक्षस्तस्य न विद्यते॥
श्रीगुरोः पादुका देवि ज्ञायते जप्यते ततः।
तस्योच्छ्वासैश्च निःश्वासैस्तदा बन्धक्षयो भवेत्॥
अजपा नाम गायत्री योगिनां मोक्षदायिनी।
अस्याः सङ्कल्पमात्रेण नरः पापैः प्रमुच्यते॥
अनया सदृशी विद्या अनया सदृशो जपः।
अनया सदृशं पुण्यं न भूतं न भविष्यति॥

यद्यपि शारदातिलक आदि ग्रन्थों में इसके विषय में पर्याप्त सामग्री है; परन्तु यहाँ पर आचार्य ने मूलसिद्धान्त से गुरुतत्त्व और अजपा गायत्री का समन्वय बड़े ही कौशल से प्रदर्शित किया है। गुरु, देवता और मन्त्र का अभेद मानने के कारण सभी श्वास गुरुस्वरूप हैं।

'हंस' यह अजपा मन्त्र सभी प्राणियों के श्वास के रूप में वर्तमान रहता है। उसी में अभिन्न वासनात्मक (सूक्ष्मतया) रूप में गुरुतत्त्व विद्यमान रहता है। 'गुरु' का एक अर्थ यह भी है–मुक्तिपुरी में जाने का मार्ग। यतः शिवसूत्र में कहा है–'**गुरुरुपायः**'। इस स्तोत्र का छन्द 'मत्तमयूर' भी विशेष तात्पर्य का सूचक है। वर्षाकाल में आनन्दावस्था में नृत्य करने वाला मयूर अपने पंखों को फैलाकर नाचता है। उस समय उसका रूप विचित्र तथा मनोहर दृष्टिगोचर होता है। साधारण अवस्था में यह रूप नहीं दिखाई देता। इसी प्रकार गुरु का भी व्यापक रूप आनन्दावस्था (पूर्णावस्था) में ही प्रकट होता है, सामान्य स्थिति में नहीं होता। इसी अभिप्राय से 'मत्तमयूर' शब्द का प्रयोग भी उचित है। इस स्तोत्र के दस श्लोक 'मत्तमयूर' नामक छन्द में ग्रथित हैं। इस छन्द का पिङ्गलसूत्र के अनुसार यह लक्षण है–'**मत्तमूयरा मतौ यसौ गौ समुद्रनवकौ**', अर्थात् क्रमशः इसमें भ, त, य, स गण होंगे और एक गुरु, चार एवं नौ अक्षरों पर यति 'विराम' होगा।

'मत्तमयूर' शब्द से छन्द के नाम की सूचना, गुरु की अवस्था और श्वास-संख्या तीन बातों की सूचना देने से 'मुद्रा' नामक अर्थालङ्कार भी प्रतीत होता है। अक्षरों के नाम से अङ्कों की संख्या निकालने की सरणि ज्योतिष और तन्त्रों में प्रयुक्त होती है, तदनुसार 'मत्तमयूर' तथा 'मार्ग' इन दो शब्दों से २१६०० संख्या अभिव्यक्त होती है[1]। इसी संख्या को विभिन्न वासनाओं के द्वारा विभाग कर प्रत्येक श्लोक में दिखाया गया है।

दूसरे श्लोक में तन्त्रराजोक्त प्रकार से श्वास-संख्या का विभाजन किया गया है। २०७३६ श्वासों में अक्षरों के पारायणों से मन्त्र-विद्यायें बनती हैं। वह भी गुरु का ही रूप है। छः प्रकार के मन्त्रों के अर्थ हैं, वे भी गुरु से अभिन्न हैं। ३६ व्यञ्जनों से सोलह स्वरों के संयोग से ये संख्यायें बनती हैं।

---

1. अहोरात्र (दिन और रात) के सम्पूर्ण समय की श्वास-निश्वास संख्या 'हंस'-मन्त्रात्मक २१६०० होती है। इसके बोधक शब्द-सङ्केत निम्नाङ्कित हैं–

मत्तमयूर	२१५६५
मार्ग	३५
योग–	२१६००

तीसरे श्लोक में विवरण करते हुए नौ श्वासों को नवनाथ रूप (प्रकाशानन्द प्रभृति) माना गया है। उसके बाद छत्तीस तत्त्वों की गणना अक्षरों से की है, पृथ्वी से लेकर शिव तक ३६ तत्त्व हैं। उसके बाद १६ नित्या देवियों की गणना है। इन देवताओं का तीन सन्ध्याओं में (प्रातः, मध्याह्न, सायंकाल) स्मरण किया जाता है। ये भी वासनाएँ (भावनाएँ) गुरु से अभिन्न हैं।

चतुर्थ पद्य के द्वारा कालचक्र से श्वास-संख्या का विचार किया गया है। विसर्ग से रहित पचास मातृका के अक्षरों से प्रत्येक भिन्न वर्ग बनता है, जिसे अ, ए, च, त, य कहा गया है। प्रथम वर्ग का आदि और अन्त में जप करने पर ६० अक्षर होते हैं, जो अहोरात्र (दिन और रात्रि) की साठ घटिका के रूप में अवस्थित हैं। पूर्व श्लोक में निर्दिष्ट 'नित्याओं' की गणना के बाद इन साठ श्वासों को जोड़ा गया है। ये भी देवतारूप हैं। इसके आगे मेष आदि बारह राशियों के श्वासों की गणना की गयी है। इसके बाद नौ श्वास नवग्रहात्मक परिगणित हैं।

पाँचवें श्लोक के अनुसार ग्रहात्मक श्वासों के बाद पाँच श्वास पञ्च-महाभूतात्मक हैं। इसके पचास श्वास मातृका (अक्षर) स्वरूप हैं। मातृका में केवल 'विसर्ग' की गणना नहीं है। इसके आगे ९१ श्वास श्रीचक्र में वर्णित ९१ शक्तियों से अभिन्न हैं। इन सब बातों को 'तन्त्रराज' आदि ग्रन्थों के विचार के साथ उद्धृत किया गया है।

छठवें पद्य में इसी श्वास-गणना का दूसरा प्रकार दिखाया गया है। तन्त्रों में श्वास की वासनाओं के अनेक प्रकार हैं। अभी तक अलग अवयवों से गणना की गई थी, अब गणना पूरे श्वास-समूह की बताई गयी है। इसके सम्बन्ध में प्राचीन ग्रन्थों और टीकाकारों के नाना मत हैं। मूलग्रन्थ में कुछ बातें न होने पर भी टीकाकार सम्प्रदाय तथा गुरुमुख से अवगत विचारों को भी निर्दिष्ट करते हैं। इस श्लोक में पञ्चाशत् लिपि (अक्षर), पीठ (कामरूप आदि), विघ्नेश्वरादि गणेश, इनमें भी विसर्ग को छोड़कर ये तीनों पचास हैं। इनको पचास से विभाग करने पर चार सौ बत्तीस (४३२) संख्या बनती है, जो 'फलवान्' के सङ्केत से जानी जाती है। इसके बाद डाकिनी आदि छः योगिनियों की संख्या मिलाने से ३६०० श्वासों की गणना होगी। पूर्वोक्त श्वास-संख्या को छः से विभाजित करने से ही इस संख्या की उपपत्ति होती है। इस प्रसङ्ग में अन्य आचार्यों के मत-मतान्तर की भी चर्चा की गई है, जो दूसरे प्रकार से गणना करते हैं; परन्तु परिणामतः सब की गणना समान ही मानी जायेगी। काश्मीर के व्याख्याताओं की दूसरे प्रकार से गणना कुछ भिन्न है; परन्तु आचार्य के अनुसार गणना की पूर्ति एक निश्चित सिद्धान्त पर अवस्थित है।

सप्तम पद्य में पञ्चभूत संख्या से श्वासों का विभाग करने से चार हजार तीन सौ बीस (४३२०) श्वास-संख्या आती है, अर्थात् ये श्वास भी गुरुरूप ही हैं। इसी प्रकार नवनाथों की संख्या का फल दो हजार चार सौ (२४००) होता है। नक्षत्रों के साथ श्वास-गणना से आठ सौ (८००) संख्या होती है। इन संख्याओं को 'आनन्द' आदि शब्दों के साङ्केतिक अर्थ से व्यक्त किया गया है।

अष्टम पद्य में सोलह नित्याओं से श्वासों की गणना तेरह सौ पचास (१३५०) होती है। साठ नाड़ियों की संख्या से विभाग करने पर तीन सौ साठ (३६०) श्वास होते हैं। राशियों में गणना करने पर अठारह सौ (१८००) संख्या होती है। पूर्वोक्त छत्तीस तत्त्वों के साथ गणना से छः सौ (६००) संख्या होती है।

नवम पद्य में श्रीचक्र में वर्तमान शक्ति-चक्र की वासनाओं की गणना की गई है। 'धृति' शब्द से अठारह देवतायें भूपुर की सूचित हुईं, (अणिमादि दस, ब्राह्म्यादि आठ)। कादिमत में तृतीय रेखा को न मानने से उसकी दस मुद्रा-देवताओं की गणना नहीं की गई। 'उर्वीश' शब्द से सोलह 'कामाकर्षणी' आदि देवताएँ ली गई हैं। 'अष्टौ' शब्द से 'अनङ्गकुसुमा' आदि अष्टदल कमल की देवताएँ सूचित हुई हैं। 'इन्द्र' शब्द से चौदह 'सर्वसंक्षोभिणी' आदि चतुर्दशारगत देवताएँ ली गई हैं। 'दिशा' और 'आशा' शब्दों से क्रमशः बहिर्दशार व 'सर्व-सिद्धिप्रदा' आदि दस शक्तियाँ और अन्तर्दशार की 'सर्वज्ञा' आदि दस शक्तियों का परिगणन हुआ है। 'अहि' शब्द से अष्टकोण स्थित 'वशिनी' आदि आठ वाग्देवताओं की सूचना है। 'युग' शब्द से श्रीदेवी के चार आयुध लिये गये हैं। 'त्रि' शब्द से त्रिकोण में स्थित 'कामेश्वरी' आदि तीन देवताएं ली गई हैं।

ये सब मिलाकर इक्यानबे (९१) संख्या होती है, यह बात पाँचवे श्लोक में भी कही गई है; परन्तु इस संख्या में चार 'कामेश्वर' के आयुधों की गणना करने से छानबे संख्या (९६) होगी। इस प्रकार छानबे देवताओं की गणना के मिलाने से श्वास-संख्या दो सौ पचीस (२२५) होती है।

इन संख्याओं के सम्बन्ध में पूर्वोक्त वचन के '**सैकानवतयः प्रोक्ताः श्रीचक्रस्थास्तु शक्तयः**' के अनुसार इक्यानबे की गणना होनी चाहिये; परन्तु चार आयुधों की गणना परम्परागत सिद्धान्त से मान्य होने पर करनी आवश्यक है। शास्त्रकारों ने गणना ग्रन्थ और सम्प्रदाय दोनों रीति से की है, जो 'मनोरमा' टीकाकार को भी सम्मत है। यहाँ पर '**श्रीचक्रेण च**' इस तन्त्र की पंक्ति से नव चक्रों की संख्या को भी श्वास-वासनाओं में परिगणित करते हैं; परन्तु आचार्य अपनी पूर्वोक्त संख्या की प्रामाणिकता सिद्ध कर अन्य बातों की अपेक्षा नहीं मानते। वस्तुतः गणना के

अनेक प्रकार हैं, जो मानक चित्र बनाकर दिखलाये गये हैं[1]। ग्रन्थों और सम्प्रदायों के भेद से गणना-प्रकार भिन्न हो सकता है; किन्तु अन्तिम योग एक होना चाहिये तथा उसकी पुष्टि परम्परा से होनी चाहिये, इस बात पर आचार्य का विशेष आग्रह है।

अन्तिम दशम श्लोक में कहा गया है–श्रीभास्करराय ने नवरत्नों की यह माला गूँथी है, जो नाथ (गुरु) के स्वरूप तथा रहस्य को स्पष्ट करती है। यह

---

1. प्रथम प्रकार से श्वासों को अलग अवयवों से विभाग करने पर वासनाएँ (प्रथम और पञ्चम श्लोक के अनुसार) दिन, नित्या, विद्या–अ, आ, इ इत्यादि से क्ष, क्षा, ई तक षडर्थी नर शब्दों से–२०७३६ श्वास।

सङ्केत शब्द

		२०७३६
पूर्णमण्डलाक्षरविद्या	तीर्थात्मा	५७६
नाथनवकरूप	-	९
तत्त्वरूप	-	३६
नित्यारूप	-	१६
घटीरूप	-	६०
राशिरूप	-	१२
ग्रहरूप	-	९
महाभूतरूप	-	५
मातृकारूप	-	५०
श्रीचक्रावरणशक्तिसमूहरूप	-	९१
		योग–२१६००

द्वितीय प्रकार में सम्पूर्ण श्वास-समूह की एक-एक वासना ६ से ९ श्लोकों में प्रदर्शित रीति से–

सङ्केत शब्द

लिपि	५०	फलवान्	४३२ बार आवृत्ति
पीठ	५०	•	•
एकरद	५०	•	•
योगिनियाँ	६	ज्ञानोत्तुङ्ग	३६००
वशिन्यादि-योगि	८		२८००
पञ्चभूत	५	नेत्रोद्गाढ	४३२०
नवनाथ	९	एनोवारी	२४००
नवग्रह	९	•	•
नवचक्र	९	•	•
नक्षत्ररूप	२७	आनन्द	८००
नित्यारूप	१६	ईशलय	१३५०
नाडीरूप	६०	अचल	३६०
राशिरूप	१२	नानाजप	१८००
तत्त्वरूप	३६	उन्नत	६००
अम्बारूप	९६	शिखर	२२५

नवरत्नमाला भी पराशक्ति का रूप ही है, जो इसे धारण करेगा (जो नित्य भावनापूर्वक अभ्यास करेगा), वह अभ्यास से (पुनः पुनः अनुसन्धान से) इसी शरीर से शिवत्व (जीवन्मुक्ति) को प्राप्त करेगा। तन्त्रराज का वचन है–'**एवंविधां वासनां यो भावयेत् स महेश्वरः**'। 'अजपा' गायत्री के सम्बन्ध में यह विवरण अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। आचार्य ने ललितासहस्रनाम-व्याख्या में प्रसङ्गवश 'अजपा'-विषयक चर्चा की है; परन्तु स्वतन्त्र स्तोत्र रूप से इस रचना को बनाकर सम्प्रदाय के एक महत्त्वपूर्ण अङ्ग का विशद विवेचन प्रस्तुत किया है।

●

कौलोपनिषद्-व्याख्या

उपनिषदों में तत्त्व-चिन्तन की धारा प्राचीनकाल से रही है। सांसारिक बन्धनों से विरक्त पुरुष उपनिषदों का अध्ययन गुरु-परम्परा से करते थे। इनमें मानव जीवन के चरम लक्ष्य का तथा यथार्थ लोकातीत स्थिति का विवेचन रहता है। 'उपनिषद्' शब्द का अर्थ ही है—रहस्य, जो सृष्टि के मूलभूत सिद्धान्तों पर प्रकाश डाले। इसको जानने या पढ़ने का अधिकार भी वास्तविक मुमुक्षु पुरुष को ही होता है।

श्रीविद्योपासना के प्रसङ्ग से श्रीभास्करराय दीक्षित ने तीन उपनिषदों पर व्याख्या के द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किये हैं—कौलोपनिषद्, त्रिपुरोपनिषद् और भावनोपनिषद्। इनमें 'कौलोपनिषद्' कौल-सिद्धान्तों का थोड़े सूत्रों में विवरण प्रस्तुत करती है। यह उपनिषद् अथर्ववेद से सम्बन्ध रखती है। इसके व्याख्यान का प्रथम श्लोक इस प्रकार है—

श्रीगुरुचरणाब्जकिरणविसरणनिर्धूतहृद्गतावरणः।
भास्कररायः कौलोपनिषदमाथर्वणीं विकासयति॥

अर्थात्, श्रीगुरु के चरण-कमलों की प्रभा से जिसके हृदय का आवरण (अज्ञान) मिट चुका है, वह भास्करराय अथर्ववेद की कौलोपनिषद् की व्याख्या कर रहा है। कौलसिद्धान्त तन्त्रोपासना में अत्यन्त रहस्य माना गया है। प्राचीन आचार्यगण शिष्य की पूरी परीक्षा कर ही उन्हें इसमें दीक्षित करते थे।

तन्त्रों में कहीं-कहीं कुलमार्ग की निन्दा भी की गई है; परन्तु परम्परा और शिष्टाचार को देखने से यह स्पष्ट होता है कि अनधिकारियों और चञ्चल बुद्धि वालों को इससे पराङ्मुख करने के लिये ही ये निन्दावाक्य प्रयुक्त हैं। स्वयं भगवान् शिव ने भी कहा है कि मैं कौलिक की निन्दा नहीं कर रहा हूँ; किन्तु अनधिकारी की निन्दा कर रहा हूँ। 'कुल' शब्द की व्याख्या अनेक प्रकार से श्रीभास्करराय जी ने "ललितासहस्रनामभाष्य" आदि अनेक ग्रन्थों में की है, जैसे—'कुः पृथ्वीतत्त्वं लीयते यत्तत्कुलं मूलाधारचक्रम्', 'कुलं परमशिवादिस्वगुरुपर्यन्तो वंशो वा कुलम्', 'सजातीयानां समुदायो वा कुलम्' 'प्रमातृ-प्रमाण-प्रमेयाणां समूहः कुलम्' 'आचारो वा कुलम्', 'न कुलं कुलमित्याहु आचारः कुलमुच्यते' (भविष्योत्तर-पुराण) इत्यादि।

ललितासहस्रनाम के अन्तर्गत 'कौलमार्गतत्परसेविता' इस नाम की व्याख्या में श्रीभास्करराय जी ने स्पष्ट किया है—'स्ववंशपरम्पराप्राप्तो मार्गः कुलसम्बन्धित्वात् कौलः'। तदुक्तं व्रतखण्डे—

'यस्य यस्य हि या देवी कुलमार्गेण संस्थिता।
तेन तेन च सा पूज्या बलिगन्धानुलेपनैः॥
नैवेद्यैर्विविधैश्चैव पूजयेत्कुलमातरम्' ॥

अर्थात् अपनी वंशपरम्परा से प्राप्त कुल-सम्बन्धी होने के कारण 'कौल' कहा गया है। साधक को अपने कुलमार्ग की देवी का अपनी परम्परा के अनुसार ही पूजन करना चाहिये।

आचार्य के अनुसार उपासना में तीन मत हैं–समयमत, कौलमत, मिश्रमत। शुक्र, वसिष्ठ आदि की पाँच संहिताओं से प्रतिपादित वैदिक मार्ग **समयमत** है। चन्द्रकुल आदि आठ तन्त्रोक्त **मिश्रमत** है, जिसमें कुल और समय दोनों मार्गों का समन्वय है। इन दोनों से भिन्न तन्त्रों के द्वारा प्रतिपादित **कौलमत** है (सौभाग्य-भास्करटीका)। तन्त्रों में विशेष रूप से 'कुलार्णव' तन्त्र प्रधान रूप सें कौल-सिद्धान्त का विशद विवेचन करता है। इस कौलोपनिषद् को उसी के मूलसूत्र की तरह देखना चाहिये। श्रीभास्करराय जी तन्त्रों की प्रामाणिकता को वेदमूलक ही मानते हैं। उस दृष्टि से इस उपनिषद् का उपबृंहण ही कुलार्णवतन्त्र में किया गया है, ऐसा माना जाय तो अनुचित न होगा।

तन्त्रों में विशेषतः 'पञ्च-मकारों' की उपासना को बड़ी गम्भीर दृष्टि से देखा जाता है और स्वभावतः अल्प बुद्धिवालों के लिये यह साध्य नहीं है। इसी उपासना को अद्वैतभाव की आधारभूमि पर प्रतिष्ठित करते हुए उपनिषद् की व्याख्या की गई है।

इस उपनिषद् का प्रारम्भ इस प्रकार है–'शन्नः कौलिकः शन्नो वारुणी शन्नः शुद्धिः शन्नोऽग्निः शन्नः सर्वं समभवत्'। इसकी व्याख्या करते हुए आचार्य लिखते हैं–कौलिक अर्थात् कुलमार्गप्रवर्तक परशिव विघ्ननिराकरण कर स्वात्मानन्द-प्राप्ति हमें देवें। इसी प्रकार प्रथम द्रव्य की अभिमानिनी वारुणी महती देवता कल्याण करे। शुद्धिः–द्वितीय मकार की अभिमानिनी देवता मङ्गल करे। अग्निप्रभृति सभी तेज मङ्गल करें। इसके आगे पृथिव्यादि पञ्चमहाभूत देवताओं और शिवादि गुरु-परम्परा का वन्दन किया है।

'त्वमेव प्रत्यक्षं सैवाऽसि' इसका व्याख्यान यह है–'अहं' प्रत्यय के अनुसार सभी को अनुभवगोचर ब्रह्म ही त्रिपुरसुन्दरी से अभिन्न कौलोपनिषद् है। **त्वमेव प्रत्यक्षं तां वदिष्यामि**–अर्थात् हे कौलोपनिषत्! तुम उस देवता से अभिन्न हो, अतः तुम्हारा ही विवरण करूँगा। ऋतं, सत्यं दोनों शब्द ब्रह्मपरक हैं। अधिक आदर के लिये दो बार प्रयोग किया है। यह मन्त्र शान्तिपाठ का है। इसके आगे सूत्र है–'**अथातो धर्मजिज्ञासा**'। यद्यपि मीमांसाशास्त्र में इसकी व्याख्या है; परन्तु यहाँ पर कौलतन्त्रानुसार व्याख्या आचार्य ने की है–अथ शब्द का अर्थ है ब्रह्मजिज्ञासा के

बाद । अतः धर्मिज्ञान अर्थात् ब्रह्मज्ञान के बाद धर्म अर्थात् 'विमर्श-शक्ति' का विचार करना चाहिये[1] ।

ज्ञान-शब्द का अर्थ है–ब्रह्म का अपरोक्ष अनुभव और उस ज्ञान का जनक परोक्षज्ञान बुद्धि शब्द से अभिहित है । मोक्ष का लक्षण है–**'मोक्षः सर्वात्मता सिद्धिः'** । सर्वत्र अखण्ड आत्माभेद की प्रतीति ही मोक्ष है । इसी को 'अखण्डवृत्ति' कहा है[2] ।

'पञ्चविषयाः प्रपञ्च': – इस सृष्टि में पञ्चभूतों से बाहर कुछ नहीं है । तात्पर्य यह है कि स्थूल, सूक्ष्म और पर रूप से सभी का अन्तर्भाव इसमें होता है । शैवागमोक्त छत्तीस तत्त्वों का भी इसी में अन्तर्भाव है । इसी अभिप्राय से वचन है– 'सर्वत्र पञ्चभूतानि षष्ठं किञ्चिन्न विद्यते' (योगवासिष्ठ) ।

ज्ञानस्वरूपाः –'ज्ञश्च असौ अनश्च' इस व्युत्पत्ति के अनुसार प्राणी और ज्ञानी जीव का लक्षण है ।

'योग' शब्द का अर्थ, वृत्तियों का निरोध और मोक्ष दोनों है ।

अधर्मकारणाऽज्ञानमेव ज्ञानम्–'अधर्म' शब्द से धर्मरहित परब्रह्म लिया गया है । उसके कारण के मूल स्वरूप का अज्ञान ही ज्ञान कहा जाता है । इसका तात्पर्य है–विषय, जीव, योग, मुक्ति और अविद्या ये सभी ज्ञानरूप हैं । सभी मूलभूत शक्ति के प्रकार हैं, अतः उससे पृथक् मानना उचित नहीं है । 'भेद' ज्ञान ही वस्तुतः मिथ्या है ।

'प्रपञ्च ईश्वर': –भेदज्ञान तथा उसके सभी सम्बन्ध मिथ्या होने के कारण प्रपञ्च भी ईश्वरस्वरूप है ।

अनित्यं नित्यम्–घट-पटादि अनित्य पदार्थ भी शक्ति रूप से नित्य ही हैं ।

अधर्म एव धर्मः –शक्ति रूप धर्म का आधार अधर्म (धर्मिरूप) ब्रह्म ही है ।

एष मोक्षः –यही मोक्ष का मार्ग है ।

पञ्चबन्धा ज्ञानस्वरूपाः –अनात्मा में आत्मबुद्धि, आत्मा में अनात्मा बुद्धि, जीवों का परस्पर भेद, ईश्वर से भेद, चैतन्य से भेद, यह पाँच बन्ध भी ज्ञान-स्वरूप हैं ।

पिण्डाज्जननम्–इन सम्बन्धों के कारण ही पिण्डाण्ड सम्बन्ध ही जनन (जन्म) है ।

तत्रैव मोक्षः –कौलज्ञान के माहात्म्य से उसी पिण्डाण्ड में मोक्ष भी होता है । इस मार्ग का ज्ञान निम्नांकित है–

---

1. इस प्रसंग में अप्पय दीक्षित कृत 'रत्नत्रयपरीक्षा' के विचारों की तुलना हो सकती है ।
2. 'सर्वं खल्विदमेवाहं नान्यदस्ति सनातनम्' (देवीभागवत) ।

सर्वेन्द्रियाणां नयनं प्रधानम्–'नयतीति नयनम्' इस व्युत्पत्ति के अनुसार 'ब्रह्म प्रति नयेत्', अर्थात् ब्रह्म की ओर ले जावे, इस अर्थ से छहों इन्द्रियों की प्रत्येक ज्ञान में 'अहमिदं जानामि', अर्थात् मैं यह जानता हूँ, इस अनुभव में 'अहंता' रूप से भासमान ब्रह्म ही प्रधान है। अतः सभी इन्द्रियों की वृत्तियों में 'ब्रह्मानुधावन' का अनुसंधान करना चाहिये। वस्तुतः ब्रह्मानुधावन सभी वृत्तियाँ स्वभावतः करती हैं। ज्ञानी और अज्ञानी दोनों की स्थिति इसमें समान है; परन्तु ज्ञानी वृत्तियों के विषय में सावधान रहता है, अर्थात् अनुसन्धानतत्पर रहता है, यही उसकी विशेषता है। इस विषय में वचन है–

'ग्राह्यग्राहकसंवित्तिः सामान्या सर्वदेहिनाम्।
योगिनां तु विशेषोऽयं सम्बन्धे सावधानता'॥

धर्मविरुद्धाः कार्याः, धर्मविहिता न कार्याः –

इन दो सूत्रों का अभिप्राय यह है कि पूर्वोक्त सन्तत ज्ञानधारा का अनुसंधान करने वाले साधक चित्तवृत्ति की स्थिरता रखने के लिये 'संवित्' आदि द्रव्यों का (जो धर्मशास्त्रविरुद्ध हैं) सेवन कर सकते हैं। इसी प्रकार धर्मशास्त्र से विहित ज्योतिष्टोम आदि याग भी उस अखण्ड ज्ञानधारा में बाधक हों तो नहीं करना चाहिये। आचार्य का आशय है कि यह न तो विधि है और न ही निषेध है; परन्तु साधक की चर्या के अनुसार निर्देश है। आचार्य ने यहाँ पर गौतम तथा मनु की चर्चा कर विषय को और स्पष्ट किया है–

गौतम ने चालीस बहिरङ्ग संस्कार और आठ अन्तरङ्ग संस्कारों का निरूपण करने के बाद अन्तरङ्ग की शुद्धि हो जाने के बाद बहिरङ्गों को अनावश्यक कहा है। इसी प्रकार मनु ने भी सभी धर्मों का विस्तार से वर्णन करने के बाद शास्त्रों के अन्त में 'ब्रह्माभ्यास' का ही विधान किया है; अर्थात् पूर्वोक्त धर्मों का आगे महत्त्व नहीं रह जाता।

सर्वं शाम्भवीरूपम्–विहित आचरण या निषिद्ध आचरणों की स्थिति में उपास्य देवता की अभेद भावना करनी चाहिये। जिन्हें इस भावना में सफलता नहीं मिलती या नहीं मिल सकती, उन पुरुषों के लिये ही विधि-निषेधात्मक बन्धन है। इसी बात को स्वयं भगवान् ने कहा है–

'मत्कर्म कुर्वतां पुंसां कर्मलोपो भवेद्यदि।
तत्कर्म ते प्रकुर्वन्ति त्रिंशत्कोट्यो महर्षयः'॥

आम्नाया न विद्यन्ते–इस सूत्र का आशय है कि जो पूर्वोक्त ज्ञान भूमिका में दृढ़ है, वेद आदि शास्त्र भी उसके प्रवर्तक नहीं हैं; क्योंकि पूर्व भूमिका से वह बाहर है। इसीलिये वेदान्त में अध्यास भाष्य का सूत्र है–**'अविद्यावद्विषयाणि शास्त्राणि'**।

गुरुरेकः –यथोक्त लक्षणों से सम्पन्न एकमात्र गुरु की उपासना से पूर्वोक्त स्थिति प्राप्त होती है। अनेक गुरुओं के उपदेशों में भेद होने पर संशय उत्पन्न होता है। इसीलिये परशुरामकल्पसूत्र में भी कहा है–**'एकगुरूपास्तिरसंशयः'**। इसी प्रकार **'लब्ध्वा कुलगुरुं सम्यग् न गुर्वन्तरमाश्रयेत्'** यह कुलार्णवतन्त्र का वचन भी इसी मूलभूत उपनिषद् का अनुगमन करता है। यद्यपि शक्तिरहस्य में **'कौलिके गुरवोऽनन्ताः'** अर्थात् कौलमत में अनेक गुरु हैं। इस वचन का तात्पर्य यह है कि पूर्ण अधिकारी गुरु न मिलने तक अन्य गुरुओं से लाभ लिया जा सकता है, पूर्ण गुरु मिलने पर उनकी आवश्यकता न होगी।

सर्वैक्यताबुद्धिमन्ते–इस प्रकार की चिन्तनधारा में निरत साधक अन्तकाल में भी अद्वैत बुद्धि को ही पाता है।

आमन्त्रसिद्धेः –यह अधिकार-सूत्र है इसके आगे आने वाले विषय मन्त्रसिद्धि प्राप्त होने तक आवश्यक नियमों की सूचना देंगे। इन नियमों में से किसी एक का भी उल्लङ्घन करने पर हानि हो सकती है।

मदादिस्त्याज्यः –मादक द्रव्यों के सेवन से उत्पन्न विकार ही मद है। यहाँ आदि पद से काम-क्रोध-लोभादि षड्वर्ग भी ग्रहण करना चाहिये। मन्त्रसिद्धि प्राप्त होने के बाद तो स्वयं ही काम-क्रोध आदि विकार उत्पन्न नहीं होंगे। कुछ विकारों को रूपान्तर से पहले स्वीकार किया है।

तात्पर्य यह है कि शास्त्रों के वचन ही विरुद्ध भासित होने पर भी भिन्न अवस्थाओं में लागू होते हैं, अतः उनमें परस्पर विरोध नहीं होता। जैसे–

'यावन्नचलते दृष्टिः यावन्न चलते मनः।
तावत् पानं प्रकर्तव्यं पशुपानमतः परम्' ॥

यह साधक के स्तर पर निर्देश है। **'आगलान्तं पिबेद् द्रव्यम्'** इत्यादि सिद्धावस्था में विहित है।

प्राकट्यं न कुर्यात्–यह सूत्र अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। अपने उपास्य मन्त्र की दीक्षा से रहित तथा अन्य धर्मों के प्रति आदरशील पुरुष अथवा अपने मन्त्र के भी अस्थिर एवं अविश्वासी उपासक, ये सभी बहिर्मुख प्रकृति के होते हैं। अतः इन लोगों से अपनी उपासना को गोपनीय रखना चाहिये।

यह बात श्रौतविद्या में भी प्रसङ्गतः कही गई है–**'नैनमदीक्षिता व्रतयन्तं पश्यन्ति'** इत्यादि। यद्यपि यह दीक्षा वेदों के अरण्यकाण्ड में विहित है, अतः इसकी गोपनीयता स्वयं सिद्ध है। क्रतु के अङ्ग 'प्रवर्ग्य' की तरह होती है; परन्तु इस उपासना की गोपनीयता उससे भी अधिक है; क्योंकि वैदिक रहस्य-विद्या को प्रकट करने से 'व्रत' में दोष आता है और यहाँ तो नरक प्राप्त होता है। इसीलिये परशुराम का सूत्र है–**'प्राकट्यान्निरयः'**।

न कुर्यात् पशुसम्भाषणम्–इसका अर्थ यही है कि बहिर्मुख सभी लोग पशु हैं। उन्हें विद्या प्राप्त नहीं है; क्योंकि श्रीविद्या को ही 'विद्या' कहा गया है, अर्थात् अपने रहस्य की चर्चा साधारण जनों से न करे। व्यावहारिक बातें तो हो सकती हैं।

अन्यायो न्यायः–यदि कोई विद्वान् पूर्व-उत्तर मीमांसाशास्त्रों के तर्कों से 'कौलाचार' का खण्डन करे, तो उसके उत्तर में 'कौलाचार' के पक्ष में तर्क या वाद नहीं करना चाहिये; क्योंकि यह विषय सामान्य समाज के लिये नहीं है; अपितु विशिष्ट अधिकारियों के लिये ही है।

पूर्वमीमांसा के देवताधिकरण आदि स्थलों में इस प्रकार के परस्पर विरुद्ध अनेक वाद किये गये हैं। ऋषियों के विचारानुसार भिन्न-भिन्न विचारों का उपपादन शास्त्रों में हुआ है। वादी दुर्बल हो सकता है, न्याय दुर्बल नहीं होता; क्योंकि व्यास का सूत्र है–'**तर्काप्रतिष्ठानात्**'। अन्यत्र भी कहा गया है–'**अचिन्त्याः खलु ये भावा न तांस्तर्केण योजयेत्**' ये सभी शास्त्रीय न्याय चित्त-समाधान के लिये उपयुक्त हैं। विद्वान् लोग अपने सम्प्रदाय के अनुसार ही उनकी योजना करते आये हैं। उदाहरण के लिये श्रुति, स्मृति, सम्प्रदाय इनमें उत्तरोत्तर दुर्बल हैं; परन्तु इस तन्त्र में विपरीत गणना करनी होगी। यह भी दोष नहीं है। धर्मशास्त्रों में भी कहीं-कहीं उत्तरोत्तर से पूर्व-पूर्व का सङ्कोच स्वीकार किया गया है।

न गणयेत् कमपि–इस सूत्र का आशय है कि स्वयं ब्रह्मा भी यदि अपने सिद्धान्त के विरोध में बोलें तो भी उनकी बात नहीं माननी चाहिये। अत्यन्त दृढ़ विश्वास रखने में तात्पर्य है। इसी आशय से परशुरामकल्पसूत्र में कहा है–'**विश्वासभूयिष्ठं प्रामाण्यम्**'।

आत्मरहस्यं न वदेत्–अपने निकटतम मित्र से भी रहस्य की चर्चा न करे, प्रकट होने से दोष है।

शिष्याय वदेत्–कर्णपरम्परा से दीक्षा के द्वारा ही शास्त्र की धारा चली आई है। वचन है–'**कर्णात् कर्णोपदेशेन सम्प्राप्तमवनीतलम्**' (इस पर विशेष विवेचन '**सेतुबन्ध**' टीका में द्रष्टव्य है)। सम्प्रदाय की परम्परा से प्राप्त होने के कारण श्रुति, स्मृति से अधिक सदाचाररूपी सम्प्रदाय ही प्रधान है। उदाहरण के लिये व्याकरणशास्त्र की अपेक्षया प्राचीन प्रयोगात्मक सदाचार ही प्रमाण माना गया है।

अन्तः शाक्तः, बहिः शैवः, लोके वैष्णवः –इन तीन सूत्रों का क्रम से अभिप्राय यह है कि–शक्ति की उपासना अन्तःकरण से करनी चाहिये, भ्रूमध्य में रक्तचन्दन धारण आदि चिह्नों को भी भस्म (शैवचिह्न) से आच्छादित रखना चाहिये। शिव और शक्ति वस्तुतः अभिन्न ही हैं। '**ममैव पौरुषं रूपं गोपिकानयनामृतम्**' (अर्थात् गोपिकाओं के लिये मनोरम मेरा ही पुरुषरूप कृष्ण है) इत्यादि वचनों के

अनुसार परशिव की शक्ति त्रिपुरसुन्दरी का बाह्यरूप ही विष्णु हैं। अतः सभा और समाज में विष्णु नाम के बारम्बार उच्चारण से विष्णु की उपासना प्रकट करें। इसी आशय से ललितासहस्रनाम के सन्दर्भ में क्रम से विष्णु, शिव और शक्ति के नाम-माहात्म्य को उत्तरोत्तर उत्कृष्ट माना गया है।

अयमेवाऽऽचारः –कौलिकधर्म में अनेक आचार हैं, उनमें भी प्राकट्य न करना (गोपनीयता) ही मुख्य आचार है।

आत्मज्ञानान्मोक्षः –कर्मकाण्ड और वैदिक आचारों में तत्पर रहते हुए भी आत्मानुसन्धान में प्रमाद (आलस्य) नहीं करना चाहिये। दोनों कार्य (वैदिक और कौलिक) यथाविधि से करना चाहिये। यद्यपि यह बात पूर्व सूत्रों में कही है; परन्तु पुनः स्मरण करायी गयी है।

लोकान्न निन्द्यात्–अनादि प्रवाह से चलने वाले नाना दर्शनों का अधिकारानुसार उपयोग है, अतः उनकी निन्दा करनी उचित नहीं है। उनकी निन्दा से उनके अधिकारियों को अविश्वास उत्पन्न होगा और वे कौलधर्म में विश्वास नहीं करेंगे। इस स्थिति में दोनों ओर से उनका भ्रंश (पतन) होगा। 'उभयतो भ्रष्टः' कहा जाता है। इस प्रकार के उपदेश देने वाले उपासक की भी निन्दा होगी। इसी अभिप्राय से भगवान् ने गीता में भी कहा है–'**न बुद्धिभेदं जनयेदज्ञानां कर्मसङ्गिनाम्**'। परशुरामकल्पसूत्र में भी है–**सर्वदर्शनाऽनिन्दनम्**, अर्थात् सभी दर्शनों की निन्दा नहीं करनी चाहिये। इस सिद्धान्त की उपयोगिता यह है कि दोनों ओर से भ्रष्ट बनने से अच्छा है सर्वत्र समभाव की भावना करना और यह भावना आत्मज्ञान (कौलज्ञान) के लिये सहायक है।

व्रतं न चरेत्–इस सूत्र का आशय यह है कि किसी फल की इच्छा से व्रत-नियमादि न करें; क्योंकि उससे मिलने वाले फल से अधिक उपासना ही फल देती है; किन्तु वर्णाश्रमधर्म-सम्बन्धी धर्मों का पालन अवश्य करे। नित्य-नैमित्तक-दर्श-पौर्णमासादि वैदिक धर्मों को करना ही चाहिये, इनका त्याग विहित नहीं है।

न तिष्ठेन्नियमेन–किसी नियम का बन्धन ठीक नहीं है। नियम का स्वरूप बन्धनात्मक होने से आत्मानुसन्धान में बाधा आती है। इसी अर्थ को आगे का सूत्र पुष्ट करता है।

नियमान्न मोक्षः –मुख्य लक्ष्य आत्मानुसन्धान में बाधक होने से नियम से मोक्षप्राप्ति में विलम्ब होगा।

कौलप्रतिष्ठां न कुर्यात्–यदि कोई विद्वान् मीमांसा आदि शास्त्रों के तर्कों से कौलसिद्धान्त की स्थापना कर सकता हो, तो भी न करे; क्योंकि यह सर्वसामान्य धर्म नहीं है। प्रकट होने का दोष पीछे कहा जा चुका है। इसीलिये ग्रन्थकार

विषय प्रतिपादन करते हुए भी कुछ अंशों को ' गुरुमुख ' से ही जानना चाहिये, इस प्रकार लिखते हैं।

सर्वसमो भवेत्–इस शास्त्र का निचोड़ बताते हुए यह कहा है कि सर्वत्र जड़, चेतन, स्थावर, जङ्गम में समान दृष्टि शिवमयत्व **'खं वायुमग्निं सलिलं महीं च'** इत्यादि श्लोक से सर्वत्र समदृष्टि करने की सूचना दी गई है।

स मुक्तो भवति–इस प्रकार सर्वत्र अभेद दृष्टि रखनेवाला तपस्वी तत्काल मुक्त हो जाता है। मन्दशक्ति वाला धीरे-धीरे मुक्त होता है। इन सूत्रों को अर्थानुसन्धानपूर्वक प्रातःकाल पढ़नेवाला देशिक (आचार्य) आज्ञासिद्ध, अर्थात् उसकी आज्ञा अप्रतिहत (सफल) होती है। परमेश्वर की आज्ञा में अविश्वास नहीं करना चाहिये। इन सूत्रों का पाठ करने वाला यदि पूर्वनिर्दिष्ट आचारों का पालन न करता हो और संशय के कारण पूजाविधि भी न करता हो, तो भी स्वर्ग-प्राप्तिरूप फल का अधिकारी होता है।

●

भावनोपनिषद् भाष्य

उपासना-शास्त्र का क्षेत्र अत्यन्त विस्तृत है। उसमें विभिन्न अधिकारियों के मानसिक धरातल के अनुसार विधियों का उपदेश शास्त्र ने किया है। विशेषतः चिरकाल तक बाह्य उपासना करने के बाद मनोभूमि का पूर्ण परिपाक होने की स्थिति में अथवा बाह्य उपासना के साथ भी 'भावना' द्वारा उपासना की जा सकती है। उसे मानसी उपासना कह सकते हैं। विशेषतः इस पद्धति के अधिकारी जीवन्मुक्त पुरुष होते हैं।

उपासना–पद्धति में पद-पद पर भावना की आवश्यकता होती है। बाह्य पूजन में भी उसकी आवश्यकता है। आचार्य अभिनवगुप्तपाद ने तन्त्रालोक में 'भावना' को कामदुघा (कामधेनु) कहा है। आचार्य लिखते हैं–श्रीगुरु-चरणों की धूलि से मेरी बुद्धि परिमार्जित हुई। अतः भावनोपनिषद् का भाष्य लिख रहा हूँ। अन्य ग्रन्थों की तरह इस भाष्य के आरम्भ में आचार्य ने अपने सिद्धान्तों की प्रतिष्ठा निम्ननिर्दिष्ट रीति से की है–भगवती त्रिपुरसुन्दरी के तीन रूप हैं–स्थूल, सूक्ष्म और पर। तदनुसार उपासनात्मक क्रिया भी तीन प्रकार की है–कायिकी, वाचिकी और मानसिकी। उन्हीं का बहिर्याग, अन्तर्याग, भावना इन शब्दों से निर्देश किया जाता है।

इन तीनों प्रकारों में एक के साथ दो प्रकार संमिश्रित रहते हैं। केवल प्रधानता एवं प्रचुरता के कारण 'कायिक' आदि संज्ञा होती है। इनमें दो कायिकी और वाचिकी का त्रिपुरातापिनी आदि उपनिषदों के द्वारा उपदेश करने के बाद उससे भी रहस्यतर कालचक्र के अन्तर्गत श्रीचक्र की 'भावना' नामक तीसरी उपासना को अथर्ववेद नामक आदि पुरुष योगिजनों पर कृपा हेतु प्रकाशित कर रहे हैं। इसमें प्रथमतः सद्गुरु का पर रूप कह रहे हैं–

श्रीगुरुः सर्वकारणभूता शक्ति ॥ तेन नवरन्ध्ररूपो देहः ॥ १-२ ॥

इन दो वाक्यों से यह उपनिषद् सूत्रों के रूप में विरचित है। इस उपनिषद् के अन्त में **'भावनापरो जीवन्मुक्तो भवति'** यह वाक्य है। यह वाक्य 'आग्नेयादि' वाक्य की तरह **'भावनया जीवन्मुक्तिं भावयेत्'** (भावना से जीवन्मुक्ति की भावना करे) इस प्रकार अपूर्वविधि रूप है। आर्थ भावना की करणीभूत भाव्यार्थोपायरूप भावना स्वर्गादि रूप अलौकिक विषय के तुल्य है। अतः उसके निरूपण के लिये 'श्रीगुरुः' इत्यादि सूत्र पूर्वोक्त विधि का शेष है। इससे 'यन्न दुःखेन संभिन्नम्' इत्यादि वाक्यों के समान विधि से एकवाक्यता होने से इसका स्वार्थ में प्रामाण्य मानना चाहिये (इस प्रकार मीमांसाशास्त्र के अनुसार कहा है)।

ये भावनायें कादिमत, कौलमत के भेद से दो तरह की तन्त्रों में उपलब्ध हैं; परन्तु प्रस्तुत उपनिषद् में कादिमतानुसार ही वर्णित हैं। आगे **'कादिमतेनान्तश्चक्र-भावनाः प्रतिपादिताः, य एवं वेद'** इन वाक्यों से उपसंहार किया गया है। इसलिये इस उपनिषद् में शाखाभेद से पाठभेद देखने पर भी कादिमत-सम्बन्धी तन्त्र और सूत्र आदि के उपबृंहणानुसार पाठ स्वीकार कर व्याख्या की गई है। अतः प्रयोगविधि-लेखन के अवसर में प्रकृत शाखा में जो अंश नहीं हैं, उन्हें भी अपेक्षानुसार 'नित्याहृदय', 'तन्त्रराज', 'बिन्दुसूत्र' आदि ग्रन्थों से लेकर उपसंहार किया गया है।

इसी सूत्र का उपबृंहण तन्त्रराज में है—

गुरुराद्या भवेच्छक्तिस्सा विमर्शमयी मता।
नवत्वं तस्य देहस्य रन्ध्रत्वेनाऽवभासते॥

ईश्वर के अनुग्रह से होने वाला विवेक ही सम्पूर्ण संशयों का भेदन करने और मन्त्रवीर्य को प्रकाशित करने से तात्त्विक पदार्थों को अवकाश (स्थिति) देने से 'विमर्श' शब्द से वाच्य 'गुरु' है। इस प्रकार के गुरु से अभिन्न नवरन्ध्र (छिद्रों) से युक्त देह है। उसमें भी दो कान और वाणी दिव्यौघ हैं। दो आँखें तथा उपस्थेन्द्रिय सिद्धौघ हैं। नासा और पायु इन्द्रियाँ मानवौघ हैं। गुरुमण्डल में दिव्य, सिद्ध, मानव तीन प्रकार के ओघ माने गये हैं। इन नव विमर्शों (नवस्थानीय भावनाओं) की मूलभूता 'सुषुम्णा' नाड़ी है। 'सुषुम्णा' नाड़ी में इन नव इन्द्रियों की नाडियाँ सम्मिलित हैं। अतः सुषुम्णावच्छिन्न चिच्छक्ति (सुषुम्णा नाड़ी में नियन्त्रित चैतन्यशक्ति) ही सभी तत्तद् बाह्यविषयों का अवभास (प्रकाश) करती है। शास्त्रों में नाड़ियों की स्थिति विस्तार से उपवर्णित है, उसके लिये मूलभाष्य के वचन द्रष्टव्य हैं। जैसे— **'प्रागुक्तमूलाधारस्य मध्यस्थत्र्यस्रमध्यतः'** इत्यादि और इसी प्रकार नाड़ियों का मूलाधार में स्थिति का क्रम भी वर्णित है—**'मूलाधारे त्र्यस्रमध्ये सुषुम्णाऽलम्बुसे उभे'** इत्यादि। इसीलिये शिवसूत्र में कहा है—**'गुरुरुपायः'**। इस पर वार्तिककार ने व्याख्या करते हुए स्पष्ट किया है कि ईश्वर की अनुग्रहात्मिका परा शक्ति ही गुरु है। मार्ग-प्रदर्शन करने से वही उपाय भी कही गई। अकृत्रिम 'अहं' रूप परामर्श के आदि और अन्त को बताने के कारण गुरु परमेष्ठी (प्रजापति) हैं और सर्वश्रेष्ठ उपाय भी हैं। तन्त्रसिद्धान्त के अनुसार मातृकाचक्र में 'अ' से 'ह' तक वर्णसमुदाय है। इसी के अन्तर्गत सभी विश्व के पदार्थ वाच्यवाचकभाव से समाविष्ट हैं। उस मातृका का या गुरुस्वरूप का अभेद ज्ञान ही चरम लक्ष्य है। इसी बात को मालिनीतन्त्र आदि अन्य ग्रन्थों में भी कहा गया है—

'स गुरुर्मत्समः प्रोक्तो मन्त्रवीर्यप्रकाशकः।
आदिमध्यान्तहीनास्तु मन्त्राः स्युः शरदभ्रवत्॥
गुरोर्लक्षणमेतावदादिमान्त्यं निवेदयेत्' ॥ इत्यादि।

उस प्रकार की विवेक नामक वृत्ति से अवच्छिन्न चिच्छक्ति ही प्राण के विहार के लिये सहायक 'सुषुम्ना' नाडी नाम से विदित है और यह 'विमर्शमयी' है। गुरु का पूर्वोक्त निर्देशानुसार दिव्य, सिद्ध, मानव रूप से तीन प्रकार का रूप हैं। इस प्रत्येक विभाग में भी प्रत्येक के तीन भेद हैं। ये ही तन्त्रों में प्रकाशानन्दनाथ से लेकर सुभगानन्दनाथ तक उपवर्णित हैं। तान्त्रिक पञ्चाङ्ग में नवाह में ये नौ वार के रूप में परिगणित हैं। इसीलिये द्वितीय सूत्र की अवतारणा में कहा है–'**तेन नवरन्ध्ररूपो देहः**'। 'तेन' यह षष्ठी के अर्थ में तृतीया विभक्ति है। उस विमर्श शक्ति का स्वरूप ही नवरन्ध्रमय देह है। पूर्वनिर्दिष्ट क्रमानुसार श्रोत्र-चक्षु-नासा ये दो-दो हैं और जिह्वा, पायु, गुह्य ये एक-एक हैं। इन नवरन्ध्रों से अपने-अपने विषय का विमर्श अर्थात् उपादेय का ग्रहण और अनुपादेय का त्याग किया जाता है। इसलिये इन्हें विमर्शरूप ही कहा जाता है।

वस्तुतः '**धान्येन धनवान्**' इस उदाहरण के समान यहाँ पर भी अभेद के लिये तृतीया प्रयुक्त है। उससे यह अर्थ प्रतीत हुआ 'तदभिन्नरन्ध्रनवकवान् स्वदेहः'। तन्त्रराज में भी इसी प्रकार व्याख्या की गई है। स्वदेहगत नवरन्ध्र ही नवनाथ हुए। अतः नवरन्ध्र सम्बन्धी विमर्श की समष्टि की गुरुरूप से भावना करनी चाहिये। कुछ लोग श्रोत्रादि अवयव और उनकी नाडियों के साथ भी अभेदभावना मानते हैं।

तीसरा सूत्र है–'**नवचक्ररूपं श्रीचक्रम्**' ॥ इसका अर्थ यह है कि अपना देह ही त्रैलोक्यमोहनादि नवचक्र-समुदायात्मक श्रीचक्र से अभिन्न है।

अवान्तर चक्रों का विभाग आवरण-देवताओं के स्थानों से स्पष्ट होगा, वे स्थान रहस्यात्मक हैं, शाखाभेद से बताये गये हैं। ये तन्त्रराज में भी निर्दिष्ट नहीं हैं; परन्तु नित्याषोडशिकार्णव में उनका निर्देश है। इस बात को बिन्दुसूत्र में इस प्रकार कहा है–'**अपरशिवोदितव्याकुलस्थाननिर्णीतचरणदेशिकप्रसादाधिगतविभावना-रहस्यमुपसंहारम्**'। इसका अर्थ पद्मपादाचार्य ने इस प्रकार किया है–अपर शिव वेदपुरुष हैं। उसने 'व्याकुल स्थान अर्थात् शाखाभेदों के स्थान-निर्णय में समर्थ गुरु के प्रसाद से ही इस देह के या देहाभिन्न श्रीचक्र के अपरोक्षानुभव की सिद्धि होती है', यह कहा है। अतः इसका ज्ञान अतिरहस्यभूत है। 'अट्टशूला जनपदा शिवशूलाश्चतुष्पथाः' इस महाभारत के श्लोक में 'शिव' शब्द वेदपरक है। अतः 'अपरशिव' से शाखान्तर का अर्थ लिया जा सकता है। इसके आगे दो सूत्र हैं–

'वाराही पितृरूपा कुरुकुल्ला बलिदेवता माता॥ पुरुषार्थाः सागराः' ॥ ४-५ ॥

अपने देह-इन्द्रियादि में संक्रान्त होने वाले जनक और जननी के अस्थि आदि भाग और मांस आदि भागों को क्रमशः वाराही और कुरुकुल्ला के रूप में समझना चाहिये। वाराही के स्त्रीरूप होने पर भी उनकी मुखाकृति पुरुष के समान है। पश्चिम से उत्तर तक दिशाओं में वर्तमान इक्षु, इरा, घृत, क्षीर के सागर ही धर्म आदि चारों पुरुषार्थ हैं। तन्त्रराज में कुछ पाठभेद के साथ यही बात कही गई है–

बलिदेव्यः स्वमायाः स्युः पञ्चमी जनकात्मिका।
कुरुकुल्ला भवेन्माता पुरुषार्थास्तु सागराः॥

प्रथम में शाखाभेद के कारण पाठभेद है। 'माया' शब्द से ऐसी शक्तियाँ, जो मिथ्याज्ञान की ओर ले जाती हैं, उनका सङ्केत किया गया है (मनोरमा टीका)। इसके आगे सूत्र के हैं–

देहो नवरत्नद्वीपः॥ त्वगादिसप्तधातुरोमसंयुक्तः॥ संकल्पाः कल्पतरवस्तेजः कल्पकोद्यानम्॥ ६-८॥

त्वक् एक और रुधिर से अस्थि पर्यन्त सात और रोमसमूह इस प्रकार नौ पदार्थ नवरत्नात्मक नवखण्ड हैं। आचार्य इसकी व्याख्या में कहते हैं कि यहाँ सम्प्रदाय से इस प्रकार का अर्थ होगा–मांस, रोम, त्वक्, रुधिर, शुक्र, मज्जा, अस्थि, मेद, ओजस् ही क्रमशः पुष्पराग, नील, वैदूर्य, विद्रुम, मौक्तिक, मरकत, वज्र, गोमेद, पद्मराग, नामक नवरत्नों के स्वरूप हैं और इनकी स्थिति पश्चिम दिशा से नैऋत्य तक है, अर्थात् इस प्रकार भावना करनी चाहिये। अन्य शाखाओं (उपासनाविषयक-शास्त्रों) में भी ये भावनाएँ किञ्चित् भिन्न प्रकार से ली गई हैं। उनका भी अन्तर्भाव पूर्वोक्त भावनाओं में होगा। **'सर्वशाखाप्रत्ययमेकं कर्म सर्ववेदान्तप्रत्ययमेकमुपासनम्'** इस प्रकार के पूर्वोत्तरमीमांसा के न्यायों से गुणोपसंहार करना आवश्यक है। अतः अन्य शाखाओं में पठित 'कालचक्रेश्वरी' आदि नौ देवताओं की अभेद-भावना इन धातु-देवताओं से करनी उचित होगी। इसके विषय में आगे भी चर्चा है।

मानसिक संकल्प विशेष ही 'सन्तानक' आदि कल्पवृक्ष हैं। संकल्पपूर्वक कर्म की प्रवृत्ति रहने पर ही अभीष्ट फल की सिद्धि होती है। उनका आधारभूत 'तेज' ही मन है और वही कल्पकोद्यान है। श्रुति में भी **'मनोज्योतिः'** (तै. सं. १।५।३) इस प्रकार संकल्प-विकल्पात्मक मन को 'तेजः' शब्द से निर्दिष्ट किया है।

'रसनया भाव्यमाना मधुराम्लतिक्तकटुकषायलवणरसाः षड्ऋतवः' ॥ ९॥

मधुर आदि रस जब रसनेन्द्रिय से अनुभूत हों, तब अनुभव काल में ही उनकी वसन्त आदि ऋतुओं से अभेद-भावना करनी चाहिये। उनका केवल अनुभव करने में अपने से भिन्न स्थिति मानने के कारण मनोवृत्ति बहिर्मुखी हो जायेगी, यह भावना प्रत्यग्वृत्ति (अन्तर्मुखी) का अभ्यास होने के कारण इतर

पदार्थ के निरोध की आवश्यकता नहीं है। इसीलिये सूत्र में 'रसनाभाव्यमानत्व' विशेषण जोड़ा गया है। इसी प्रकार त्वक् आदि निष्ठ भावना के विषय में व्यावृत्ति समझनी चाहिये। तन्त्रराज में–

रत्नद्वीपो भवेद्देहो नवत्वं धातुरोमभिः।
संकल्पाः कल्पतरवः स्वाधारा ऋतवः स्मृताः॥

यह वचन है। इसमें 'स्वाधार' पद से डाकिनी आदि छः योगिनियों के आधारभूत सुषुम्णा के अन्तर्गत छः चक्र लिये गये हैं। सुषुम्णा का इडापिङ्गलात्मक चन्द्र-सूर्य संयोग होने से कालरूपता का अनुमान होता है। इसलिये उसके अन्तर्गत चक्रों का ऋतुरूप उपयुक्त है–ऐसा व्याख्याकार का मत है।

परन्तु प्रत्यक्ष श्रुति के अनुसार अपने अनुभव से लभ्य (स्वानुभूयमान-रसपरत्वेन) रसपरक ही स्वाधार पद की व्याख्या समुचित है। यहाँ पर 'भाव्यमान' पद से 'शानच्' प्रत्यय से वर्तमान काल की सूचना है। वर्तमान काल तो उपासना का है, उस समय रसास्वाद कैसे होगा? इस शङ्का का उत्तर यह है–अनुभव ही संस्कार रूप से उस समय भी विद्यमान रहते हैं और भी विषय स्पष्ट करते हुए आचार्य लिखते हैं–स्वं आत्मा आधारः समवायी येषाम्, इस व्युत्पत्ति से स्वाधार पद का अर्थ रसानुभवजन्य संस्कार ही है। डाकिन्यादि देवताओं की इसके पूर्व चर्चा न होने से 'स्वं' पद से उनकी उपस्थिति नहीं होगी। वैद्यकशास्त्र में ऋतुओं के भेद से रसों की व्यवस्था है। अतः ऋतु और संस्कार का अभेद करना उचित है। इस पूर्वोक्त उपपत्ति से शाखान्तरमूलकता का अनुमान भी नहीं करना होगा। यहाँ पर अश्व-गजों का भावना में उपसंहार किया गया है।

'ज्ञानमर्घ्यं ज्ञेयं हविर्ज्ञाता होता ज्ञातृज्ञानज्ञेयानामभेदभावना श्रीचक्रपूजनम्' ॥ १० ॥

इसी का उपबृंहण तन्त्रराज में किया गया है–

ज्ञाता स्वात्मा भवेज्ज्ञानमर्घ्यं ज्ञेयं हविः स्थितम्।
श्रीचक्रपूजनं तेषामेकीकरणमीरितम्॥

ज्ञान शब्द 'घट' आदि ज्ञानपरक है। 'अर्घ्य' शब्द पूजासामग्री का सूचक है। जितना विषय 'इदन्ता' रूप से प्रतीत होता है वह सभी 'हविः' के रूप से श्रुति ने कहा है। वही नैवेद्य है। इसीलिये 'अर्घ्य' शब्द दूसरे अर्थ मे 'विशेषार्घ्य' के रूप से सङ्कुचित किया गया है। पूजनीय देवता चिद्रूपा प्रसिद्ध ही है, अतः अलग नहीं कही गई है। 'अहन्ता' का विषय है ज्ञाता या पूजक। प्रस्तुत प्रकरण के अनुसार श्रुति में निर्दिष्ट न होने पर भी तन्त्रों ने सूचित किया है।

स्वात्मचैतन्य से भेद से प्रतीत होने वाले ज्ञातृ-ज्ञान-ज्ञेय की भेदक नाम-रूप आदि वस्तुओं का अनुसन्धान न कर केवल चिन्मात्र रूप से विभावना करना, यही

यहाँ प्रतिपाद्य है। पूर्वोक्त तन्त्रराज के वचन में भाव के अर्थ में ल्युट्प्रत्ययान्त 'पूजन' पदार्थ से तीनों का अभेद मात्र है, न कि अभेद की विभावना।

बाह्य व्यापार में विशेषार्घ्य जल-बिन्दु आदि नैवेद्य का अपना तथा देवता का समर्पणात्मक सम्बन्ध ही 'पूजा' कही जाती है। इसी प्रकार प्रस्तुत भावनाक्रम में तीनों का 'चिद्रूपा' शक्ति के साथ तादात्म्यभावना करना ही मुख्य कार्य है। तदनुकूल कृति कार्य या व्यापार ही 'विभावन' शब्द से अभिहित है। विभावना और पूजन को यदि अभिन्न माना जाय, तो एक अन्य 'विभावन' भी मानना पड़ेगा। इसलिये 'करण' अर्थ में ल्युडन्त पूजन शब्द पूजानुकूल कृतिविषयक है। इसी बात को 'एकीकरण' शब्द से उपबृंहण कर स्पष्ट किया गया है।

'नियतिः शृङ्गारादयो रसा अणिमादयः' ॥ ११ ॥

नियतिः अर्थात् प्रारब्ध एक और शृङ्गारादि नव रस, आदि पद से भयानक-रौद्र-बीभत्स-हास-वीर-करुण-अद्भुत-शान्त रसों का ग्रहण होगा। यह दस पदार्थ क्रम से अणिमा आदि दस सिद्धियों से अभिन्न हैं। श्रीचक्र के प्रथम आवरण में इनका स्थान हैं। इनके क्रम का निर्देश 'बिन्दूसूत्र' में है। 'शृङ्गारादि' शब्द में आदि पद से सूचित क्रम अज्ञात होने से अन्य प्रमाणों से लिया गया है। कामाकर्षणी प्रभृति (द्वितीयावरण की देवताओं का) वासनाओं के पाठ-क्रम का निर्णय हो सकता है, अतः निधिकार का व्युत्क्रम मानना विना किसी मूलप्रमाण के स्वीकार नहीं किया जा सकता।

'काम-क्रोध-लोभ-मोह-मद-मात्सर्य-पुण्य-पापमया ब्राह्म्याद्यष्टशक्तयः' ॥ १२ ॥

यहाँ पर 'मयट्' प्रत्यय 'ब्रह्ममयं जगत्' इत्यादि की तरह अभेद के अर्थ में है। ब्राह्मी आदि आठ शक्तियाँ श्रीचक्र के प्रथमावरण की द्वितीय रेखा में हैं; परन्तु तन्त्रराज में उद्धृत श्लोक आलोचनीय है—

श्रीचक्रे सिद्धयः प्रोक्ता रसा नियतिसंयुताः।
ऊर्मयः पुण्यपापे च ब्राह्म्याद्या मातरः स्मृताः॥

यहाँ पर निर्दिष्ट 'उर्मि' शब्द कामादि अरि-षड्वर्ग का सूचक है। पुराणों में काम आदि को भी 'उर्मि' शब्द से कहा गया है। इसलिये क्षुधा-पिपासा-शोक-मोह-जरा-मरण-परक दूसरों का व्याख्यान प्रत्यक्ष श्रुति से विरुद्ध होने के कारण उपादेय नहीं है।

'आधारनवकं मुद्राशक्तयः। पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशश्रोत्रत्वक्-चक्षुर्जिह्वाघ्राणवाक्पाणिपादपायूपस्थानि मनोविकारः कामाकर्षिण्यादिषोडश-शक्तयः' ॥ १४ ॥

मूलाधार आदि छः, ऊर्ध्व और अधः दो सहस्रदलकमल, लम्बिकाग्र एक, इस प्रकार कुल नौ आधार हैं और इनका पूरा समुदाय भी एक है, इस तरह दस

संख्या होती है। इन आधारों का श्रीचक्र-स्थित सर्वसंक्षोभिणी से लेकर सर्वत्रिखण्डा मुद्रा तक मुद्राभिमानी देवताओं से अभेद है। अन्य तन्त्रों में प्रथमावरण में तीसरी रेखा न मानने के कारण उसके अनुयायी 'बिन्दुसूत्र' आदि ग्रन्थोक्त आवरण देवताओं के स्थानों का यहाँ पर ग्रहण न होगा; किन्तु 'योगिनीहृदय' भी कादिमत का होने के कारण उसमें निर्दिष्ट मुद्रा-देवताओं को शरीर के अवयवों में वर्णित किया है, तदनुसार उन्हीं स्थानों को लेना चाहिये।

इस उपनिषद् में निर्दिष्ट देवताओं की भावना, पूजा और न्यास दोनों रूप से ग्राह्य है, यह बात निधिकार आदि साम्प्रदायिक विद्वानों ने मानी है। अतः कुछ न्यास के धर्म (क्रम) तन्त्रोक्त यहाँ पर भी लगाने चाहिये। जैसे–'चतुरस्राद्यरेखायै नमः' इत्यादि से आरम्भ कर 'न्यसेत्' इत्यादि के द्वारा प्रयोगविधि का उपसंहार किया गया है। इस प्रयोग में प्रत्येक आवरण में एक-एक सिद्धि और मुद्रा की विभावना आगे कही जायेगी। तत्तत् चक्रेश्वरियों की विभावना भी जो अन्यत्र कही गयी है, उसका भी इसके साथ उपसंहार होगा।

सूत्र में 'विकार' शब्द षोडशसंख्यापरक है, अथवा 'मनोविकारः' इसको एक पद भी माना जाये। अर्थात् विकृत हुआ मन। 'कृदभिहितो भावो द्रव्यवत् प्रकाशते' इस व्याकरण के अनुसार जानना चाहिये। अतः 'मन इक्षुधनुः' इससे पुनरुक्ति नहीं समझनी चाहिये।

'वचनादानगमनविसर्गानन्दहानोपादानोपेक्षाख्य-बुद्धयोऽनङ्गकुसुमाद्यष्टौ' ॥ १५ ॥

'अलम्बुसा कुहूर्विश्वोदरा वारणा हस्तिजिह्वा यशोवती पयस्विनी गान्धारी पूषा शङ्खिनी सरस्वती इडा पिङ्गला सुषुम्ना चेति चतुर्दशनाड्यः सर्वसंक्षोभिण्यादि-चतुर्दशशक्तयः' ॥ १६ ॥

कर्मेन्द्रियों के वचन आदि पाँच विषय हैं। हान का अर्थ त्याग है। उपादान का अर्थ ग्रहण है। उपेक्षा का उदासीनता है और इस प्रकार की बुद्धि मिलाकर आठ हुए। इस प्रकार की तीन बुद्धियों को दोष मानकर तन्त्रराज में लिखा है–

'भूतेन्द्रियमनांस्यैव क्रमानित्याः कलाः पुनः।
कर्मेन्द्रियार्थदोषाश्च ज्ञेयाः स्युः शक्तयोऽष्टकाः' ॥

वात, पित्त, कफ ये दोष कुछ लोग मानते हैं। नवनाथों की वासना के व्याख्याप्रसङ्ग में नाडियों का स्वरूप कहा गया है। 'निधि' ग्रन्थ में पूर्वोक्त पृथिव्यादि षोडश वस्तुओं के विषय में तथा नाडियों के विषय में अनेक जगह क्रम भिन्न हैं (व्युत्क्रम हैं)। श्रौतक्रम की बोधक प्रत्यक्षश्रुति के विना यहाँ के पाठक्रम को बदला नहीं जा सकता, अतः 'निधि' ग्रन्थ का मूल विचारणीय है।

'प्राणापानव्यानोदानसमाननागकूर्मकृकरदेवदत्तधनञ्जयाः दश वायवः सर्वसिद्धि-प्रदादिबहिर्दशारदेवताः' ॥ १७ ॥

'एतद्वायुसंसर्गकोपाधिभेदेन रेचकः पाचकः शोषको दाहकः प्लावक इति प्राणमुख्यत्वेन पञ्चधा जठराग्निर्भवति' ॥ १८ ॥

'क्षारक उद्गारकः क्षोभको जृम्भको मोहक इति नागप्राधान्येन पञ्चविधास्ते मनुष्याणां देहगा भक्ष्यभोज्यचोष्यलेह्यपेयात्मकपञ्चविधमन्नं पाचयन्ति' ॥ १९ ॥

'एता दशवह्निकलाः सर्वज्ञाद्या अन्तर्दशारदेवताः' ॥ २० ॥

प्राण आदि पञ्च महावायु और नाग आदि पाँच उपवायु इस प्रकार ये दस सर्वार्थसाधकचक्रस्थ देवताओं से अभिन्न हैं। तन्त्रराज का भी वचन है—

'नाड्यश्चतुर्दश प्रोक्ताः क्षोभिण्याद्यास्तु शक्तयः।
वायवो दश सम्प्रोक्ताः सर्वसिद्ध्यादिशक्तयः' ॥

एक ही 'उदराग्नि' का प्राणादि दस वायुओं के सम्बन्ध से औपाधिक रूप दो वाक्यों से स्पष्ट किया गया है। तीसरे वाक्य से पाचक का कार्य बतलाया गया है। चतुर्थ वाक्य से सर्वार्थसाधकचक्र स्थित देवताओं से अभेद बताया गया है। अन्य लोग सात धातु और तीन दोषों को लेकर दस प्रकार की 'अग्नि' मानते हैं। तन्त्रराज का वाक्य है— 'वह्नयो दश सम्प्रोक्ताः सर्वज्ञाद्याश्च शक्तयः'। यहाँ पर 'संप्रोक्ता' कहने से श्रुति में वर्णित रेचक आदि का ही ग्रहण होगा। कुछ लोग 'प्रोक्त' पद का 'वक्ष्यमाण' यह अर्थ करते हैं। उसी पटल में—

'अग्निर्वह्निः शुचिस्तेजः प्रभा दावः शुचिर्द्युतिः।
दाहो ग्रासः...' ॥

इस प्रकार दस नाम कहे गये हैं; परन्तु भावना के प्रयोग में मन्त्रों में श्रौतक्रम से ही नाम लेना उचित है; क्योंकि मीमांसाशास्त्र में **'विधिशब्दस्य मन्त्रत्वे'** (जै. सू. २३। ४/१०) । इस प्रकार दाशमिकाधिकरणन्याय सूचित किया गया है।

'शीतोष्णसुखदुःखेच्छाः सत्त्वरजस्तमो वशिन्यादि शक्तयोऽष्टौ' ॥ २१ ॥

शीत-उष्ण और सुख-दुःख दो दो हैं। एक इच्छा, सत्त्व आदि तीन—ये आठ वाग्देवता के अष्टक से अभिन्न हैं। तन्त्रराज में भी कहा है—

'शीतोष्णसुखदुःखेच्छागुणाः प्रोक्ताः क्रमेण वै।
वशिन्याद्याः शक्तयः स्युः.........................' ॥

'शब्दादितन्मात्राः पञ्चपुष्पबाणाः' ॥ २२ ॥

'मन इक्षुधनुः' ॥ २३ ॥

'रागः पाशः' ॥ २४ ॥

'द्वेषोऽङ्कुशः' ॥ २५ ॥

शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गन्ध ये तन्मात्रा कहे जाते हैं। ये अग्रभाग में अभिमुख होते हैं, अन्त में कठोर होते हैं, अतः बाणों से अभिन्न हैं। अविकृत 'मन' ही पुण्ड्रेक्षुचाप (धनुष) है। यह विषयपरामर्शात्मक इन्द्रियों का प्रेरक है। राग-प्रीति

स्वरूप है। यह छत्तीस तत्त्वों के अन्तर्गत एक तत्त्वरूप है, इसे केवल इच्छा नहीं समझना चाहिये। यहाँ पर 'अरुणा' वाग्देवता की वासना से पुनरुक्ति नहीं समझनी चाहिये। बन्धक होने के कारण पाश से उसका अभेद है। द्वेष क्रोधात्मक है। वह द्वेष्य वस्तु का निवारक होने से अङ्कुशरूप है। जैसा सहस्रनाम में प्रसिद्ध है—

'रागस्वरूपपाशाढ्या क्रोधाकाराङ्कुशोज्ज्वला।
मनोरूपेक्षुकोदण्डा पञ्चतन्मात्रसायका॥'

तन्त्रराज की भी उक्ति है—

............................तन्मात्राः पुष्पसायकाः।
मनो भवेदिक्षुधनुः पाशो राग उदीरितः॥
द्वेषः स्यादङ्कुशः प्रोक्तः क्रमेण वरवर्णिनि॥

'अव्यक्तमहदहङ्काराः कामेश्वरीवज्रेश्वरीभगमालिन्योऽन्तस्त्रिकोणगा देवताः' ॥ २६॥

यहाँ महत्, अव्यक्त, शब्द क्रम से बुद्धि और प्रकृति के विषय में हैं। अव्यक्त आदि पदों में समाहारद्वन्द्व समास है; परन्तु संख्यानुसार अभेद नहीं है; किन्तु तन्त्रों के उपबृंहण के अनुसार प्रतिलोम क्रम से कामेश्वरी आदि देवताविषयक वासनाएँ हैं।

इस प्रकरण में मुख्य रूप से विशेष्य पदार्थ 'ललिता' है। विशेष्यतावच्छेदक (स्वरूपनियामक धर्म) कामेश्वर है। इन दोनों के रक्त-शुक्ल चरणों के ही रक्त-शुक्ल वर्ण हैं। इन दोनों युगलों का सम्बन्ध विशेष है। उसी के स्थूल, सूक्ष्म और मिश्र चरण ये तीन रूप हैं। प्रकारता सम्बन्ध का विषय उपासक है। उसमें मुख्य विशेष्य का सम्बन्ध और प्रकारतावच्छेदक सम्बन्ध इस तरह एकादश पदार्थों का विवेचन तीन वाक्यों से किया जा रहा है—

'निरुपाधिकसंविदेव कामेश्वरः' ॥ २७॥

उपाधिरहित शुद्ध चैतन्य ही 'बिन्दु' रूप कामेश्वर है। **'संवित्कामेश्वरः स्मृतः'** ऐसा अन्यत्र उपबृंहण है।

'सदानन्दपूर्णः स्वात्मैव परदेवता ललिता' ॥ २८॥

इससे पहले 'संवित्' का निरुपाधिकत्व विशेषण कहा था, अतः उनके (कामेश्वर के) वामाङ्क में स्थित परदेवता को कुछ उपाधिसहित (उपाधि-विशिष्ट) मानना पड़ेगा। उपाधिविशिष्ट रूप मानने से ही कुछ भिन्न रूप से उपास्यता ज्ञात होती है और उस प्रकार की परदेवता 'स्वात्मा' ही है। आत्मा से अभिन्न परदेवता उपास्तिरूप ज्ञान से निरूपित मुख्य विशेष्यताशालिनी हैं, अर्थात् उपास्यता बुद्धि का प्रधान आश्रय परदेवता ही है। उसी का असाधारण नाम से निर्देश किया है 'ललिता' इस पद के द्वारा। ललितासहस्रनाम के भाष्य में आचार्य ने 'ललिता' नाम को विशेष्य और पूर्ववर्ती सभी नामों को विशेषण माना है

(द्रष्टव्य 'सौभाग्यभास्कर-भाष्य') । यहाँ पर 'सदानन्दपूर्णः' यह विशेषण उपाधि का सूचक है ।

यहाँ पर अन्तःकरणावच्छिन्नमात्र स्वरूप 'ललिता' नहीं है; क्योंकि वह तो उपासक का है; क्योंकि 'स्वात्मा' पद से 'स्वस्य उपासकस्य आत्मा अन्तर्यामी' इस व्युत्पत्ति से आत्मा और अन्तरात्मा दो की स्थिति सिद्ध हुई । अतः एक ही आत्मा अन्तःकरणोपाधिक तो उपासक है । दूसरा स्वरूप सत्त्व, चित्त्व, आनन्दत्व इन तीनों धर्मों से रहित धर्मिमात्र उपास्य देवता के आधारभूत कामेश्वर हैं । इस विषय के स्पष्ट निरूपण का प्रमाण उपस्थापित करते हुए आचार्य ने अप्पय दीक्षित जी के रत्नत्रयपरीक्षा के श्लोक उद्धृत किये हैं–

नित्यं निर्दोषगन्धं निरतिशयसुखं ब्रह्मचैतन्यमेकम् ।
धर्मो धर्मीति भेदद्वितयमिति पृथग्भूय मायावशेन ॥
धर्मस्तत्राऽनुभूतिः सकलविषयिणी सर्वकार्यानुकूला ।
शक्तिः स्वेच्छादिरूपा भवति गुणगणश्चाश्रयस्त्वेक एव ॥
कर्तृत्वं तत्र धर्मे कलयति जगतां पञ्चसृष्ट्यादिकृत्ये
धर्मः पुंरूप आत्मा सकलजगदुपादानभावं बिभर्ति ।
स्त्रीरूपं प्राप्य दिव्या भवति च महिषी स्वाश्रयस्यादिकर्तुः
प्रोक्ता धर्मप्रभेदावपि निगमविदां धर्मिवद् ब्रह्मकोटिः ॥

इन श्लोकों का आशय यह है–

सभी उपाधियों से रहित शुद्ध ब्रह्मचैतन्य ही अपनी स्वातन्त्र्य शक्ति से धर्म और धर्मिरूप से पृथग् बनता है । धर्म ही विमर्शरूपिणी शक्ति है जो इच्छादि रूपों से सभी विषयों का विस्तार करती है । सभी गुण भी उसके आश्रित हैं । उसी धर्म में पञ्चकृत्य (सृष्टि, स्थिति, संहार, निग्रह और अनुग्रह) करने का सामर्थ्य है । पुंरूप आत्मा प्रकाशात्मक शिव, विमर्शशक्ति के आश्रय से जगत् के लिये उपादान (कारण) है । दिव्य स्त्रीरूप धारण कर महिषी (शक्तिचक्रैकनायिका) अपने आश्रय (कामेश्वर) के साथ रहती है । इस प्रकार ब्रह्मतत्त्व धर्म-धर्मिभाव से शास्त्रों में उपवर्णित है ।

'लौहित्यमेतस्य सर्वस्य विमर्शः' ॥ २९ ॥

सर्व पद से यहाँ पर कामेश्वर, ललिता, स्वयं (उपासक) तीनों का ग्रहण होगा । इसका विमर्श अर्थात् अनुसन्धान ही देवीनिष्ठ (देवी-सम्बन्धी) लौहित्य है । सभी लोगों को स्वात्मा में अनुराग होता है, अतः इस राग और लौहित्य का अभेद माना गया है । इसी विषय को तन्त्रराज में भी कहा है–

स्वात्मैव देवता प्रोक्ता ललिता विश्वविग्रहा ।
लौहित्यं तद्विमर्शः स्यादुपास्तिरिति भावना ॥

यहाँ पर आचार्य कहते हैं कि इस विषय में कुछ गुरुमुखैकवेद्य रहस्य भी है, जो आगे लिखा जा रहा है। 'निरुपाधिक' पद से 'केवलत्व' का और 'सदानन्दपूर्ण' पद से धर्मविशिष्टत्व का बोध होता है, इससे विशिष्ट और केवल का अवयव और अवयवी की तरह अयुतसिद्ध का (स्वभावतः साथ रहने का) सम्बन्ध 'तादात्म्य' नाम का होता है। संयोग आदि की तरह भेदघटित सम्बन्ध नहीं है। वह सम्बन्ध त्रिपुरसुन्दरी और कामेश्वर का शरीरात्मक स्थूल दो रूपों का सम्बन्ध है। कामेश्वराङ्क में रहने वाला (कामेश्वराङ्कनिलया—इस पद से व्यवहार में आने वाला) सम्बन्ध शिव और शक्ति का सामरस्य सम्बन्ध है और वह सम्बन्ध लाक्षाद्रव और पट (लालरंग और वस्त्र) की तरह संयोगादि रूप भेदघटित ही है—ऐसी वासना का सूचक है। इसी प्रकार उपाधिनिर्मुक्त (धर्मशून्य) को ही शुद्ध कहा जाता है, जैसे स्फटिक में अन्य रङ्गों के संक्रमण न होने की स्थिति में शुद्ध स्फटिक और उसके वर्ण का अभेद ही रहता है। इस प्रकार कामेश्वर की शुक्लचरण-वासना जाननी चाहिये।

अनुसन्धान के समय 'अहम्' इत्याकारक मानसिक वृत्ति-विशेष मात्र रूप रहने से उसकी विषयता या विषयता सम्बन्ध से वृत्ति का या वृत्ति के सम्बन्ध से मन का ही 'राग' से अभेद में पर्यवसान होने के कारण पूर्वोक्त वृत्तिविशिष्ट ही रक्तचरण की वासना है। 'सर्वस्य' इस पद से विषयता का विशेष्य-विशेषण और उसके सम्बन्ध में व्याप्ति सूचित हुई और दो प्रकार की चरण-प्रभाओं का समरसभाव रूप सम्बन्ध सूचित होने से 'मिश्रचरण' की भी वासना सूचित होती है।

तन्त्रराज में **'गुरुराद्या भवेच्छक्तिः'** इत्यादि प्रकारों से जो वासनाओं का अनुसन्धान है, वही 'उपास्ति' पद से अभिहित है। इसी आशय से पूर्वोक्त श्लोक में चतुर्थ चरण में **'स्यादुपास्तिरिति भावना'** यह कहा है। अथवा उपासना के भी तीन रूप हैं—विग्रहादि रूप (स्थूलशरीरात्मक), सूक्ष्म-मानसिक जप और यह भावना (वासना) पर रूप है। न कि उपासना के वासना की विभावना करने की विधि है। ऐसी शङ्का न करें।

"अनन्यचित्तत्वेन च सिद्धिः" ॥ ३० ॥

श्रीचक्र के प्रत्येक आवरण में एक सिद्धि और एक मुद्रा का बहिर्याग में पूजन विहित है, उस वासना के लिये यह श्रुति (सूत्र) है। 'अनन्यचित्तत्वेन' यह अभेद के अर्थ में तृतीया विभक्ति है। 'च'कार मुद्रा का संग्रह करता है। इसका उपबृंहण तन्त्रराज में है—**"सिद्धिस्त्वनन्यचित्तत्वं मुद्रावैभववासना"**।

उन-उन विशिष्ट आवरण देवताओं की स्वशरीर के विशेष अवयवों से अभेद भावना करने पर भी अपने से अभिन्नता (स्वात्मानन्यत्वेन) की चित्त में भावना

करना ही आवरण स्थित सिद्धि है। अर्थात् ये मुझसे भिन्न नहीं हैं, यह बुद्धि ही सिद्धि है। कुछ लोग सिद्धि पद का उपासना-फल की सिद्धि ऐसा अर्थ करते हैं। उनके पक्ष में पूर्वोक्त भावना में विषयता के भेद से प्रयुक्त अभेद का निरास न करने से उपासना फलवती होती है, यह अर्थ होगा। वस्तुतः विचार करने पर आगे कहे जाने वाले तर्पण के प्रसङ्ग में विषयवैलक्षण्य (भेद) का निराकरण मानने से यह ग्रन्थ 'सिद्धि'परक होगा। उनका ही वैभव या अपरिच्छिन्नता और उसकी भावना ही उन आवरण स्थित मुद्राओं की भावना है।

'भावनायाः क्रिया उपचारः' ॥ ३१ ॥

पूर्वोक्त स्वात्माभेद से ललिता की भावना सम्बन्धी क्रियाएँ और उनका पुनः पुनः करना ही धारावाहिनी भावनाएँ है। उपचार-समर्पण का व्यापार भेदघटित होने के कारण यथाक्रम गन्ध आदि की भावना के पक्ष में पूर्व-विभावित का लोप न हो, इसलिये उससे अविरोधिनी उपचारभावनाओं की स्वेच्छया कल्पना करनी चाहिये। इसीलिये तन्त्रराज का कथन है–"उपचाराश्चलत्वेऽपि तन्मयत्वाऽप्रमत्तता"। यहाँ चलत्व या चांचल्य से तात्पर्य यह है कि अभेद-भावना में स्थिरता का अभाव। उस प्रकार स्वभाव रहने पर भी "ब्रह्ममयत्व" के अंश में सर्वथा प्रमादरहित होना इसकी सावधानता आवश्यक है और उस स्थिति में विभावना ही उपचार है। यद्यपि तन्त्रराज की टीका "मनोरमा" में 'चल' शब्द को अवश्य होने वाले प्रमाद या स्वप्नादि के अर्थ में लिया गया है; परन्तु 'चलत्वेऽपि' यहाँ पर 'अपि' शब्द का स्वारस्य देखते हुए कम से कम जाग्रत्काल में सावधानता अवश्य हो, यह अर्थ लेना उचित होगा। उस प्रकार के अप्रमाद की स्थिति का वर्णन योगवासिष्ठ की शिवपूजा में द्रष्टव्य है। अपने विषय के उपभोग से उत्पन्न सभी आनन्दों का स्वात्माऽभेद से अनुसन्धान करना और प्रारब्ध से प्राप्त सुख और दुःखों का भी कर्मक्षय में सहायक होने से परिणाम में सुखावहता ही है। जैसे कड़वी दवा पीना या लगाना भी हितकर ही होता है। इसलिये सभी प्रकार की भावनाएँ पूजारूप ही हैं। यही योगवासिष्ठ का तात्पर्य है।

भगवत्पाद शङ्कराचार्य ने भी सौन्दर्यलहरी में कहा है–**"सपर्यापर्यायस्तव भवतु यन्मे विलसितम्"** यह भी पूर्वोक्त सिद्धान्त का पोषक ही है; परन्तु इस प्रकार की पूजा, जो दिन-रात चालू रहने वाली है। वस्तुतः उपनिषद् की भावनाओं के कुछ मुहूर्त्त का काल निर्दिष्ट है। अतः इस नियम की दृष्टि से विरोध उत्पन्न होता है, अतः उपचारों का प्रयोग अन्य प्रकार से करना चाहिये। उसका यह प्रकार है– **"स्वे महिम्नि प्रतिष्ठितिविभावनमासनम्"**–अपनी महिमा में प्रतिष्ठा ही आसन है। **"पादोऽस्य विश्वा भूतानि"** इस श्रुति के अनुसार पादरूप (अंशात्मक) वियदादि (आकाशादि) प्रपञ्च में "अस्ति", "भाति", "प्रियम्" इनके अंश के भावनारूप जल

से नामरूप मल का क्षालन ही पाद्य है। उसी सूक्ष्म प्रपञ्च का एकदेश विषय में अध्यास मानकर पूर्वोक्त रीति से मल का क्षालन ही अर्घ्य है। भावनारूपी जल को पीना आचमन है। सत्त्व, चित्त्व, आनन्दत्व आदि धर्मों का अखिल अवयवों से अभेदपूर्वक भावना-जल का सम्पर्क ही स्नान है। उन अवयवों में उक्त जल-सम्पर्क से प्रसक्त वृत्तिविषयता पोंछना ही वस्त्र है। निर्विषयत्व, निरञ्जनत्व आदि ब्रह्मलिङ्गभूत तदभिन्न धर्मों की विभावना ही आभरण हैं। अपने शरीर के अन्तर्गत क्रमशः पार्थिव, नाभस, वायवीय, तैजस भागों का और चन्द्रमण्डलस्थ अमृत का और उस मण्डल का भी जड़भाग हटाकर सच्चिदानन्दमात्र अवशेष मानकर ब्रह्ममयत्व की विभावनाएँ ही गन्ध से लेकर ताम्बूल तक छः उपचार होते हैं। नित्याहृदय का भी कथन है–

"भवतीं त्वन्मयैरेव नैवेद्यादिभिरर्चयेत्।
पञ्चभूतमयं विश्वं तन्मयी सा सनातनी" ॥

प्रस्तुत भावनाओं के अङ्गभूत पश्यन्ती आदि सम्पूर्ण शब्दों का नाद के द्वारा ब्रह्म में उपसंहार करना ही स्तोत्र है। विषयों में इधर-उधर दौड़नेवाली चित्तवृत्तियों की जड़ता का निरास कर "ब्रह्म" में विलापन करना ही प्रदक्षिणा है। विषयों से लौटने वाली वृत्तियों की ब्रह्मैकप्रवणता नमस्कार है। आचार्य का कथन है कि मूलसूत्र में कहीं-कहीं पर **"बाह्यान्तःकरणानामेकरूपस्थितिरासनम्"** इत्यादि वाक्य हैं; परन्तु कुछ उपचारों का प्रस्तुत भावना से मेल न होने से और अन्यत्र पुस्तकों में भी उस पाठ की उपलब्धि न होने से तथा अन्य ग्रन्थ में उनका उपबृंहण भी न देखने से उन पर मैंने विचार नहीं किया है।

'अहं त्वमस्ति नास्ति कर्तव्यमकर्तव्यमुपासितव्यमिति विकल्पानामात्मनि विलापनं होमः' ॥ ३२ ॥

श्रीचक्र में पूर्वभावित शक्तियों के अतिरिक्त अन्य भी अनन्त शक्तियाँ हैं–

अन्यास्तु शक्तयश्चक्रगामिन्यो याः समन्ततः।
तास्तु विश्वविकल्पानां कल्पनाः समुदीरिताः ॥

इस तरह तन्त्रों में उनकी सूचना मिलती है। वह शक्तियाँ त्रिपुरसुन्दरी से अभेदरूप फल देने वाले होम की वासनाएँ हैं। इससे नैवेद्य के अङ्गभूत होम की उपचारों से अलग कहने की सङ्गति लगती है। अतः विसर्जनात्मक उपचारपरक ही 'अहं' से लेकर तीन वाक्य सिद्ध होते हैं।

युष्मत्, अस्मत् प्रत्ययों का 'अहं' और 'त्वं' से ग्रहण होता है। 'अस्ति', 'नास्ति' पदों से लौकिक विधि और निषेध का तथा "कर्तव्यम्", "अकर्तव्यम्" पदों से कर्मकाण्डविषयक विधि और निषेध का ग्रहण हुआ। "उपासितव्यम्" इस पद से वेदशिरोभाग (उपनिषद्) की विधि का ग्रहण हुआ। 'न उपासितव्यम्' इस प्रकार

के निषेध का उपनिषदों में दर्शन न होने से उसका उल्लेख नहीं किया गया। इन सात बातों से वृत्तियों का समग्र ग्रहण किया गया है; क्योंकि–"**ईदृशानां विकल्पानां स्वात्मन्यस्तमयो दृढम्**" यह उपबृंहण देखा गया है। विकल्पों का निर्व्युत्थानपूर्वक पुनः उत्पन्न न होना, उनके कारणीभूत शक्तिसमुदाय का देवता में विलय की भावना करना यही तात्पर्य है।

"भावनाविषयाणामभेदभावना तर्पणम्" ॥ ३३ ॥

श्रीगुरु से लेकर होम तक जितने पदार्थ यहाँ भावित हुए हैं, या होंगे, उन सबकी परस्पर अभेद-भावना करने के बाद, विषयतावैलक्षण्य (विषयगत रूप का भेद) के कारण जो भेदांश हैं, उनका निगरण (निगलना) अर्थात् विलय कर सभी पूर्वनिर्दिष्ट पदार्थों को निर्विकल्प, तुरीय अखण्ड विषयरूप से मानकर उस भावना को भी छोड़कर स्वात्ममात्र (स्वस्वरूपमात्र) अवशेष है, यह भावना ही तर्पण की वासना है। यद्यपि "**ताम्बूलमर्चना स्तोत्रं तर्पणं च नमस्क्रिया**" इस वाक्य के अनुसार परिगणित उपचार में ही तर्पण भी है; परन्तु यहाँ आवरण देवताओं के उपचार रूप से निर्दिष्ट होने से विसर्जन का ही एक भाग है; क्योंकि यहाँ तर्पण भावना का भी निरोध कर तर्पण का उपसंहार किया गया है। "**एषामन्योन्यसंभेदभावनं तर्पणं स्मृतम्**" इस तन्त्रराज के वचन के "एषां" पद की व्याख्या में "न्यासजपहोमानां" यह निधिकार की व्याख्या सङ्कुचित है तथा प्रत्यक्षश्रुति से विरुद्ध है, अतः वह स्वीकार्य नहीं है। यहाँ तक के ग्रन्थ-विस्तार से देहरूप श्रीचक्र की स्वात्ममात्र अवशेषता कही गई, अब इसके साथ बहिरङ्ग सम्बन्ध रखने वाले प्रपञ्च के भी स्वात्मरूप मे विलापन का निरूपण करते हैं–

"पञ्चदशतिथिरूपेण कालस्य परिणामा वलोकनं पञ्चदशनित्याः" ॥ ३४ ॥

वह प्रपञ्च तीन प्रकार का है–कालरूप, देशरूप और उभयरूप। उसमें प्रथम के विषय में चन्द्रमण्डल में रहनेवाली 'सादा' नामक कला से अतिरिक्त 'दर्शा, दृष्टा, दर्शता' (तै. ब्रा. ३ ।१० ।१) इत्यादि श्रुति से परिगणित पन्द्रह कलायें हैं। वे ही प्रतिपत् से लेकर पूर्णिमान्त तिथियाँ हैं। तिथिरूप वे ही 'कामेश्वरी' से लेकर 'चित्रा' तक नित्या देवियों से अभिन्न हैं। 'सादा' कला ही ललिता है। इस प्रकार के नित्य परिवर्तमान होने वाले कालरूप तिथिचक्र के भीतर ही श्रीचक्र रहता है, बाहर नहीं रहता।

दूसरा प्रपञ्च देशरूप भूगोल के उत्तरभाग में मेरु है, उसके दक्षिण-भाग में जम्बू, प्लक्ष, शाल्मलि, कुश, क्रौञ्च, शाक, पुष्कर नाम के सात द्वीप हैं। उनके अन्तराल (बीच) में भूगोल का वेष्टन करने वाले लवण, इक्षु, सुरा, सर्पि, मधु, क्षीर नामक समुद्र हैं। 'पुष्कर' के बाहर 'मधुरोद' सातवाँ समुद्र है। उसके भी दक्षिण-भाग में 'परं व्योम' (महाकाश) है। इस प्रकार सोलह देवताएँ हुईं। उनमें

मेरु से लेकर व्योम तक क्रम से ललिता से लेकर चित्रा तक नित्याएँ युग के प्रथम वर्ष में रहती हैं। दूसरे वर्ष में जम्बूद्वीप से लेकर मेरु तक जाती हैं। तीसरे वर्ष में लवण सागर से लेकर जम्बू तक जाती हैं। इस प्रकार सोलहवें वर्ष में परमव्योम से लेकर मधुर समुद्र तक के प्रदेशों में ललिता आदि षोडश नित्याएँ रहती हैं। इस प्रकार सोलह-सोलह वर्षों में नित्याओं की एक-एक परिवृत्ति होती है। इस प्रकार के देशरूप चक्र के भीतर श्रीचक्र की स्थिति है, उसके बाहर नहीं है।

तीसरा प्रपञ्च–(उभयरूप) भूगोल के ऊपर तथा नीचे वलयाकार से चन्द्र, बुध, शुक्र, रवि, भौम, गुरु, शनि कक्षाएँ और उनके अन्तराल (मध्यभाग) आठ और सोलह देश कालचक्रात्मक हैं। उनके स्थानों में देशपरिवृत्ति और विपरिवृत्ति के क्रम से सोलह नित्याएँ परिवर्तित होती हैं। इस चक्र के भी भीतर ही श्रीचक्र है, बाहर नहीं है। इस प्रकार के त्रिविध चक्रों का पारमार्थिक (वास्तव) रूप 'नित्याचक्र' ही है।

"ब्रह्म" से अतिरिक्त सभी पदार्थ, देश और काल के अवच्छेद (भेदों) से युक्त होने से नित्या के ही स्वरूप हैं। उन नित्याओं की स्वात्मा से अभेद-भावना का ही यहाँ विधान किया गया है। इस बात को तन्त्रराज में निम्नाङ्कित रूप से कहा गया है–

"अथ षोडशनित्यानां स्वात्मत्वे भावनां शृणु।
यदा तन्मयता सिद्धा प्रत्यक्षा भवति ध्रुवम्"॥

इस प्रकार उपक्रम कर **"गुरुराद्या भवेच्छक्तिः"** इत्यादि श्लोकों के द्वारा साङ्गोपाङ्ग देवतासहित ललिता की स्वात्मत्वभावना (अभेद-भावना) की वासना बतायी गयी है और उसके बाद–

तिथिरूपेण कालस्य परिणामावलोकनम्।
नित्याः पञ्चदशैताः स्युरिति प्रोक्तास्तु वासनाः॥

इस प्रकार उपसंहार किया है। यह वासना प्रपञ्चों के उपसंहार में ही फलित हुई हैं। "तिथिरूपेण" कथन से त्रिविध चक्रों का ग्रहण होगा। प्रपञ्च रूप से काल ही परिणत होता है। इसकी विभावना ही पञ्चदश नित्याओं की विभावना है। उन पञ्चदश नित्याओं का त्रिपुरसुन्दरी से अभेद सिद्ध है। अतः तदनुसार भावना विषय पद से कही हुई या कही जानेवाली सभी का सङ्ग्रह होगा अथवा पूर्व वाक्य में ही अभेद-भावना का विधान कर दिया गया है।

वस्तुतः विचार करने पर सभी शक्तियाँ बीस हजार छह सौ (२०,६००) श्वासात्मक कालरूप ही हैं। उन सभी का समष्टिस्वरूप ललिता है। अन्य पञ्चदश नित्याएँ 'व्यष्टि' के रूप में प्रत्येक चौदह सौ चालीस (१४४०) श्वासरूप हैं। अर्थात् इस रूप में उनकी विभावना करनी चाहिये। इन दो पक्षों के अनुसार

भावनाएँ आवरण-पूजा के बाद करनी चाहिये, ऐसा किसी का मत है। बाह्य पूजा में उन्हीं स्थानों की कल्पना होने के कारण सर्वविलापन के बाद अन्य भावना करनी सम्भव नहीं है, यह उनका आशय है। वस्तुतः स्वात्ममात्र पर 'मन' का स्तम्भन (केन्द्रीयकरण) होने के बाद श्वास का स्तम्भन अवश्य होगा। (**मनःपवनयोः एकयत्ननिरोद्धव्यत्वज्ञानात् प्रत्यगात्मवित्तिः**–परशुरामकल्पसूत्र)। देवता की रश्मियों का विलापन विसर्जन काल में ही उचित है, अतः मन और पवन के स्तम्भन का उत्तरकाल में विचार न कर, पहले ही भावनाएँ करनी चाहिये। अतः मूलग्रन्थ के वाक्य का अपकर्ष करना उचित न होगा।

इस प्रकार आन्तर एवं बाह्य सकल प्रपञ्च का विलापन कर स्वात्ममात्र भावना की अहर्निश धारावाहिक स्थिति की आवश्यकता को सूचित करते हुए साथ ही उसमें असमर्थ साधकों की उत्तम-मध्यम-अधम श्रेणियों के अनुसार तीन प्रकार के काल-नियम का निर्देश करते हैं–

"एवं मुहूर्तत्रयं मुहूर्तद्वितयं मुहूर्तमात्रं वा भावनापरो जीवन्मुक्तो भवति स एव शिवयोगीति निगद्यते" ॥ ३५ ॥

यहाँ पर 'एवं' पद से ऊपर कही गई स्वात्ममात्रविषयिणी श्वास-स्तम्भन-सहित निर्विकल्प-वृत्ति का निर्देश किया गया है। 'भावनापरः' का अर्थ यह है–तद्भिन्न भावनाओं में भी सर्वथा आसक्त, अर्थात् अन्य भावनाओं से रहित। इसका तात्पर्य है–धारावाहिक भावनाशाली होना। वह साधक जीवन्मुक्तिरूपी फल का शीघ्र ही अधिकारी होता है।

"जैगीषव्य" आदि जो शिवयोगी कहे गये हैं, वे भी इस प्रकार की भावना से 'जीवन्मुक्त' संज्ञा से निर्दिष्ट हुए। तीनों वेद प्रायः बहिरङ्ग कर्मों के प्रतिपादक हैं, अथर्ववेद अन्तरङ्ग कर्मों का ही अधिक प्रतिपादन करता है, उसका भी 'शिरोरूप' यह उपनिषद् और भी अन्तरङ्गतम भावना को बता रही है।

"कादिमतेनान्तश्चक्रभावनाः प्रतिपादिताः" ॥ ३६ ॥

"य एवं वेद सोऽथर्वशिरोऽधीते" ॥ ३७ ॥

इस उपनिषद् में जो अन्तःचक्र की भावनाएँ कही गई हैं, वे 'कादिनामक' शक्तिमत के अनुसार हैं, कौलमत के अनुसार नहीं हैं। जो उपनिषद् की इन भावनाओं के प्रतिपादन को पदों से, वाक्यों से जानता है, वही अथर्वशिर का अध्ययनशाली है। अध्ययनकरणक भावना अर्थ तक भाव्य है (मीमांसा-पद्धति से)।

'**योऽर्थज्ञ इत् सकलं भद्रमश्नुते**' इस प्रकार की अन्य श्रुति में 'सकल' पद का तात्पर्य देखते हुए शब्दमात्र पाठ से भी कुछ भद्र (कल्याण) अवश्य ही होता है, यह बात माननी चाहिये। इस प्रकार भावनोपनिषद् अथर्वशिर-सम्बन्धी भावनाओं का भाष्य जीवन्मुमुक्षु विद्वानों के लिये श्रीभास्करराय ने लिखा।

त्रिपुरोपनिषद् भाष्य

'त्रिपुरोपनिषद्' या 'महोपनिषद्' ऋग्वेद की शाङ्खायन शाखा के आरण्यक में पठित है। श्रीभास्करराय जी ने व्याख्या के प्रारम्भ में उपनिषद् का परिचय देते हुए कहा है कि "जो ब्राह्मण शाङ्खायनकल्पसूत्र की विधियों से अपने कर्म करते हैं और शाकल-संहिता के ही मन्त्रों का अध्ययन करते हैं, जिनका ब्राह्मण-ग्रन्थ 'कौषीतक' है, वे बह्वृच (ऋग्वेदपाठी) अपने आरण्यक के मध्यभाग में जिन मन्त्रों को पढ़ते हैं, उन्हीं में विद्यमान सोलह ऋचाओं से युक्त इस महोपनिषद् की मैं व्याख्या कर रहा हूँ[1]।"

इस उपनिषद् की उपलब्धि अभी तक दो संस्करणों में प्राप्य है। प्रथम संस्करण कलकत्ता के तांत्रिक टेक्स्ट(भाग ग्यारह)में 'आर्थर एवलेन' द्वारा सन् १९२२ ई. में सम्पादित है। द्वितीय संस्करण वाराणसी के 'वेदमीमांसाकेन्द्र, हनुमान घाट' द्वारा १९८१ ई. में प्रकाशित है। इसमें दो टीकाएँ साथ में मुद्रित हैं–प्रथम श्रीराघवानन्दतीर्थ योगीन्द्र के शिष्य श्रीरामानन्दयति द्वारा विरचित है, दूसरी टीका श्रीभास्करराय दीक्षित जी की है। इसके प्रधान सम्पादक पण्डित पट्टाभिराम शास्त्री जी हैं। इस ग्रन्थ की भूमिका इन पङ्क्तियों के लेखक ने लिखी है। इसके अतिरिक्त कहीं-कहीं उपनिषदों के सङ्ग्रह में भी यह उपनिषद् मूलमात्र छपी है। इसके दो नाम देखने में आते हैं–'त्रिपुरोपनिषद्' तथा 'महोपनिषद्'। इस उपनिषद् के सम्बन्ध में कुछ महत्त्वपूर्ण बातें विचारणीय हैं–

अन्य महाविद्याओं, काली-तारा आदि सभी के विषय में उपनिषद् प्रायः अथर्ववेद में प्राप्य हैं। श्रीविद्या के सम्बन्ध में केवल ऋग्वेद में ही यह उपनिषद् उपलब्ध है। तान्त्रिक सिद्धान्तों के अनुसार सभी विद्याओं का यथास्थान गौरव एवं प्रामाणिकता सिद्ध है। उपासना के विषय में वेदों के साथ तन्त्रों और पुराणों का भी महत्त्वपूर्ण भाग है। 'पुराण' वेदों तथा तन्त्रों दोनों का अङ्ग या पूरक है; परन्तु यदि कोई 'वेदत्रयी' (ऋक्, यजुः, साम) को ही अधिक प्रमाण मानता हो तो, उसके उत्तर में 'श्रीविद्या' की उपासना का वेद के द्वारा समर्थन का प्रमाण यह उपनिषद् है। इसीलिये आरम्भ में श्रीभास्करराय ने ऋग्वेद की शाखा और आरण्यक का स्पष्ट उल्लेख किया है।

---

1. श्रीशांखायनकल्पसूत्रविधिभिः कर्माणि ये कुर्वते
येषां शाकल एव मन्त्रनिचयः कौषीतकं ब्राह्मणम्।
तैरारण्यकमध्यमन्त्रविततिर्या पठ्यते बह्वृचै
ऋग्भिः षोडशभिर्महोपनिषदं व्याचक्ष्महे तां वयम्॥

वस्तुतः 'श्रीविद्या' वेद तथा तन्त्र दोनों धाराओं की चरमभूमि में प्रतिष्ठित है; परन्तु संशय निवारण के लिये वेदमूलकता का प्रतिपादन आचार्य ने किया है। परम्परा के अनुसार श्रीशङ्कराचार्य जी ने भी अपनी मठ-परम्परा में श्रीविद्या की उपासना एवं श्रीचक्र की प्रतिष्ठा को इसी कारण प्रधानता दी है।

त्रिपुरा सम्प्रदाय के आचार्य भगवान् परशुराम ने अपने कल्पसूत्र के अन्त में लिखा है–'य इमां दशखण्डीं महोपनिषदं महात्रैपुरसिद्धान्तसर्वस्वभूतामधीते स सर्वेषु यज्ञेषु यष्टा भवति, यं यं क्रतुमधीते तेन तेनाऽस्य क्रतुनेष्टं भवति इति श्रूयत इत्युपनिषद् इति शिवम्'।

श्रीभास्करराय जी के अनुसार इस उपनिषद् में जो बातें नहीं कहीं गई हैं, वे कल्पसूत्र में हैं और कल्पसूत्र से उन्हें ग्रहण करना चाहिये, जैसे वेद की एक शाखा में कही हुई बात दूसरी शाखा में विस्तार से कही जाती है। इस प्रकार त्रिपुरोपनिषद् और परशुरामकल्पसूत्र का सम्बन्ध स्थापित किया है। यह शांखायन शाखा गुजरात के नागर ब्राह्मणों में प्रचलित है। काशी में भी शांखायन शाखा के अनुयायी ब्राह्मण उपलब्ध होते हैं।

अथर्ववेद में त्रिपुरातापिनी उपनिषद् है, उसका अपने ग्रन्थों और व्याख्याओं में श्रीभास्करराय जी ने पर्याप्त निर्देश किया है। उस उपनिषद् पर श्रीभास्कर-राय जी की टीका के सम्बन्ध में अभी तक कोई चर्चा प्राप्त नहीं है।

द्वितीय संस्करण की रामानन्दयतिकृत टीका विस्तृत है और अनेक ध्यान-श्लोकों और प्रमाण-ग्रन्थों का उसमें उल्लेख है; परन्तु सिद्धान्त विचार-दृष्टि से उसका उतना महत्त्व नहीं है। 'सौन्दर्यलहरी' की लक्ष्मीधरकृत टीका का उस पर पर्याप्त प्रभाव मालूम होता है। नाना देवताओं के ध्यान तथा उपनिषदों तथा अन्य ग्रन्थों के लम्बे उद्धरण इसमें दिये हैं। सङ्ग्रह की दृष्टि से अवलोकनीय होने पर भी सिद्धान्त विचार में इसका दृष्टिकोण उतना सुस्पष्ट नहीं है। लक्ष्मीधर के द्वारा प्रवर्तित समयमत और कौलमत के विषय में विचार श्रीभास्करराय जी को सम्मत नहीं है। समयमत में बाह्यपूजा नहीं है, ऐसी भ्रमात्मक बातें लक्ष्मीधर ने प्रवृत्त की हैं। इस टीका पर विशेष विचार न कर हम श्रीभास्करराय जी के भाष्य पर अपना विचार प्रस्तुत करेंगे।

त्रिपुरोपनिषद् सोलह ऋचाओं में उपनिबद्ध है। इसका एक सङ्केत षोडश कला या षोडश नित्या के रूप में मिलता है–**'पुरुषे षोडशकले तामाहुरमृतां कलाम्'**।

इस प्राचीन वचन के अनुसार षोडशी कला या सप्तदशी कला भी क्षय-वृद्धि रहित होने से 'नित्या' कही जाती है। यद्यपि उसकी अन्य कलाओं को भी सजातीय मानकर 'नित्या' कहा गया है। इस उपनिषद् का उपोद्घात भी विचारणीय है। श्रीभास्करराय जी की शैलीगत विशेषता यह है कि किसी भी

नवीन विषय का आरम्भ करते हुए उस विषय की शास्त्रीय पृष्ठभूमि का वे विस्तार से निरूपण करते हैं, जिससे आगे सम्पूर्ण विषय का महत्त्व और उपादेयता मालूम हो सके।

श्रीभास्करराय जी लिखते हैं—त्रैवर्णिक द्विजों का वेदाध्ययन में अधिकार है। वह वेद पूर्व और उत्तर दो काण्डों में विभक्त है। यह दोनों प्रकार का वेद साक्षात् या परम्परा से क्रियाविशेष के विधानों के लिये प्रवृत्त है। क्रियाएँ कुछ देवतासहित हैं, कुछ देवताओं से रहित हैं, जैसे—अग्निहोत्र, स्नानादि, राम-कृष्ण आदि की उपासना अथवा 'योषिदग्नि' आदि वैदिक विद्या।

इन विद्याओं के अधिकारी वे ही लोग हो सकते हैं जो देह से अतिरिक्त, परलोक में जाने और आने वाले 'आत्मा' के अस्तित्व को मानते हैं। ऐसे विश्वासशील पुरुष ही आमुष्मिक (परलोक-सम्बन्धी) क्रियाओं के अधिकारी होंगे। उनमें भी वे लोग, जो यह मानते हैं कि 'हमें आँखों से न दिखाई देने वाले भी देवताओं का अस्तित्व है और अभीष्ट फल देने की उनकी शक्ति भी है' ऐसे विश्वासशील जन राम-कृष्ण आदि देवतोपासना के अधिकारी हैं। इसी आशय से देवताओं की सशरीर स्थिति का निरूपण बादरायणादि आचार्यों ने किया है।

परन्तु जन्मान्तर संस्कारवश जिन लोगों को देवतास्वरूप के विषय में विश्वास नहीं है; परन्तु आस्तिकता है, वे लोग पूर्वकाण्डोक्त कर्मों (अग्निहोत्रादि) के अधिकारी होते हैं, देवतोपासना के वे अधिकारी नहीं होंगे। इस प्रकार के लोगों के लिये ही देवताओं के 'विग्रहपञ्चक' आदि का खण्डन कर कर्मप्राधान्यवाद जैमिनि आदि आचार्यों ने प्रवृत्त किया है। उस प्रकार के कर्मठ पुरुषों के कर्मपरिपाक होने पर कुछ लोगों की शिव, शक्ति आदि देवताओं की पूजा में प्रवृत्ति देखकर मीमांसामत परित्याग के विषय में मृगेन्द्रसंहिता और उसकी वृत्ति में उपहास किया गया है।

जो देवतोपासक हैं, वे 'विग्रहपञ्चक' के खण्डन के रहस्य को भी समझते हैं। उन्हें भी 'कर्मप्राधान्यवाद' छोड़ना नहीं चाहिये; क्योंकि उसे सुनकर कर्मपरायण लोगों को संस्कार-परिपाक न होने से विश्वास उत्पन्न नहीं होगा। युक्ति-प्रमाणों से कर्मवाद का खण्डन करने पर कर्मठ लोग दोनों ओर से च्युत हो जायेंगे, अतः उसे करना भी उचित नहीं है। इसीलिये कर्मानुगामी पुरुषों की रक्षा के लिये उपासकों को भी यथाविधि वैदिकादि कर्माचरण करना ही चाहिये। यतः शास्त्रों के वचन हैं—**'लोकसङ्ग्रहमेवाऽपि संपश्यन् कर्तुमर्हसि'** इत्यादि विधि है तथा **'न बुद्धिभेदं जनयेदज्ञानां कर्मसङ्गिनाम्'** इत्यादि निषेध भी है। तात्पर्य यह है कि उत्तरभूमिकारूढ़ पुरुषों को भी पूर्वभूमिका का समर्थन और अपनी भूमिका का गोपन करना चाहिये। इस प्रकार ये विधि-निषेध **'निस्त्रैगुण्ये पथि विचरतां को विधिः को निषेधः'** के अनुसार

जीवन्मुक्तों के लिये भी सर्वथा त्याज्य नहीं हैं। जिन पुरुषों को अनेक जन्मों के पूर्व-काण्डोक्त अनुष्ठानों द्वारा चित्तशुद्धि प्राप्त हुई है, तथा परिपाकदशा की मनःस्थिति है, ऐसे अधिकारियों की ठीक परीक्षा कर उपासना के आचार्य धीरे-धीरे अग्रिम भूमिकाओं का उपदेश करें। यदि ऐसा न किया जावे, तो सम्प्रदाय ही लुप्त हो जायेगा। श्रीत्रिपुरसुन्दरी की उपासनापर्यन्त जो भूमिकाएँ हैं, उन्हें वामकेश्वरतन्त्र के सेतुबन्ध-व्याख्यान में श्रीभास्करराय ने लिखा है। उपासनाशास्त्र में देवताप्राधान्यवाद है, कर्म का प्राधान्य नहीं है। क्रियाप्राधान्य न होने से देवतारूप सिद्ध वस्तु का बोधक वेदान्त (उपनिषद्) है। क्रिया सदा साध्य होती है और देवता सिद्ध दोनों में यह भेद है।

देवता के तीन रूप हैं–स्थूल, सूक्ष्म और पर। इनमें प्रथम तो ध्यानोक्त श्लोकानुरूप मानना चाहिये। दूसरा तत्तद् मन्त्ररूप से जाना जाता है। तृतीय वासनात्मक (अधिष्ठानभूत मूल तेज) है। देवता की त्रिविधता के कारण उपासना भी तीन प्रकार की होगी–१. बहिर्याग, २. जप ३. अन्तर्याग के रूप से। इस सम्पूर्ण विषय को ऋग्वेद पुरुष महोपनिषद् के द्वारा 'तिस्रः पुरः' से आरम्भ कर 'इत्युपनिषत्' तक के मन्त्रों द्वारा प्रतिपादन कर रहा है। इस उपनिषद् का परदेवता की स्तुति में विनियोग है, यह तृतीय और दशम मन्त्रलिङ्गों से स्पष्ट होता है। प्रथम ऋचा है–

तिस्रः पुरस्त्रिपथा विश्वचर्षणी अत्राकथा अक्षराः सन्निविष्टा।
अधिष्ठायैनामजरा पुराणी महत्तरा महिमा देवतानाम्॥ १॥

मुक्ति पाँच प्रकार की है–सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सायुज्य, ये चार और कैवल्य। इनमें पहला और अन्तिम भेद दो मार्ग हैं, बीच के तीन एक मार्ग हैं। इस बात को तैत्तिरीय संहिता में **'य एवं विद्वानुदगयने प्रमीयते'** इत्यादि मन्त्रों के रूप में कहा है। इसका तात्पर्य है–ऊर्ध्वरेता (अपने आश्रमोक्त कर्म करने वाले) पुरुषों को चन्द्रलोक की प्राप्ति होती है। यह 'सालोक्य' है और क्रमशः प्रतीकोपासना से स्वस्वामिभाव (स्वामी और सेवक का भाव) से और अहंग्रहोपासना (अभेदोपासना से) सामीप्य-सारूप्य-सायुज्यरूप आदित्यलोक की प्राप्ति होती है। निर्गुणोपासनारूप ब्रह्मज्ञानी पुरुषों को 'कैवल्य' (ब्रह्म) पद की प्राप्ति होती है। इन मार्गों का विवरण विष्णुपुराण के तृतीय अंश में प्राप्य है[1]। इन तीन मार्गों के कारण गन्तव्यपुरी (नगरी) तीन हैं। इन नगरियों को त्रिपुरा की कृपा से प्राप्त किया जा सकता है, अतः **'त्रीणि पुराणि प्रापयति'** इस व्युत्पत्ति के द्वारा 'त्रिपुरा' शब्द की सार्थकता है। अन्यत्र भी शास्त्रों में पाँच प्रकार की उपासना निर्दिष्ट की गयी है–

---

1. **उत्तरं यदगस्त्यस्य अजवीथ्याश्च दक्षिणम्।**
पितृयाणः स वै पन्था वैश्वानरपथाद् बहिः॥ (विष्णुपुराण)

(१) आत्मबुद्धि से, (२) प्रतीकों से, (३) मातृबुद्धि से, (४) अहंग्रह से तथा (५) कर्म से। इन पाँचों का भी त्रिविध में अन्तर्भाव है। अतः त्रिपुरा ही तीन पुरों से अभिन्न है। अतः 'त्रिपथा' कहा है। 'चर्षणी' शब्द निघण्टु के अनुसार प्रजा का वाचक है। '**विश्वचर्षणी**' का अर्थ हुआ समस्त विश्व ही जिसकी प्रजा है अथवा 'विश्वदृष्टि' यह भी अर्थ होता है। यहाँ पर उपनिषदों की दृष्टि से '**तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय**' इत्यादि संकल्पानुसार ब्रह्म का प्रथम ईक्षण (अवलोकन) ही सृष्टि का प्रारम्भ है। वही अनेक श्रुतियों द्वारा (**स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च**) ज्ञानशक्ति, इच्छाशक्ति और क्रियाशक्ति का रूप है।

वही ब्रह्म की वृत्ति इच्छा, ज्ञान, क्रिया शक्तियों के समष्टि रूप से 'शान्ता' कही गई है। पश्यन्ती-मध्यमा-वैखरी वाणी के समष्टिरूप में 'परा' कही जाती है। वामा-ज्येष्ठा-रौद्रीरूप तीन शक्तियों के समष्टि रूप में 'अम्बिका' कही गई है। पूर्वनिर्दिष्ट 'शान्ता' नामक देवता श्रीचक्र के बिन्दु रूप में प्रतिष्ठित हैं। यह बात नित्याहृदय ग्रन्थ में परब्रह्म के निरूपण के प्रसङ्ग में निम्नाङ्कित शब्दों से निर्दिष्ट है–

प्रसृतं विश्वलहरीस्थानं मातृत्रयात्मकम्।
बैन्दवं चक्रं................................ ॥

उसी ब्रह्मतत्त्व का **तिस्रः पुरः** इत्यादि तीन विशेषणों से निर्देश किया गया है। इन विशेषणों में बहुवचन और एकवचन के प्रयोग से विशेष्य (ब्रह्म) की त्रिरूपता और एक अखण्डता भी सिद्ध होती है। इसी ब्रह्मतत्त्व का स्वरूप कालिकापुराण में स्पष्ट रूप से लिखा गया है–

त्रिकोणमण्डलंलं चास्या भूपुरं च त्रिरेखकम्।
सर्वं त्रयं त्रयं यस्मात्तस्मात्तु त्रिपुरा मता॥ इत्यादि।

इस प्रकार अर्थ-सृष्टि के जनक के रूप में निर्देश कर शब्द-सृष्टि के जनक रूप का भी आगे के शब्दों में श्रुति निर्देश करती है-'**यत्राऽकथा**' इत्यादि। जिस शान्ताम्बिकारूपिणी त्रिपुरा में 'अ' 'क' 'थ' अक्षर सन्निविष्ट हैं, अर्थात् अकार से सोलह अक्षर, ककार से सोलह अक्षर और 'थ'कार से भी सोलह अक्षर सन्निविष्ट हैं। वटवृक्ष के बीज में जैसा सम्पूर्ण वृक्ष समाविष्ट रहता है, उसी तरह सन्निवेश समझना चाहिये। 'ह'कार विमर्शस्वरूप है, अतः पृथक् व्यष्टिरूप से उसकी गणना नहीं होती[1]। 'ळ'कार और 'ल'कार में भेद नहीं है। 'क्ष'कार 'क-ष' के संयोगरूप से बना है, अतः स्वतन्त्र वर्ण नहीं है। अतः मातृकाएँ अड़तालीस हुईं। ये ही वर्ण-मातृका-शब्द से निर्दिष्ट हैं। सूतसंहिता का वाक्य है–

1. **हकारार्णः कलारूपो विमर्शाख्यः प्रकीर्तितः।**

एकधा च द्विधा चैव तथा षोडशधा स्थिता ।
द्वात्रिंशद्भेदसंभिन्ना या तां वन्दे परां कलाम् ॥

द्विधा-स्वर और व्यञ्जनों के भेद से। स्वर सोलह हैं और व्यञ्जन बत्तीस हैं। 'अक्षरा' इत्यादि प्रयोग छान्दस (वैदिक) हैं। इस प्रकार मन्त्र (ऋचा) के पूर्वार्ध से बिन्दु-चक्र (नवमावरण) का परिचय देकर मन्त्र के उत्तराध में उसकी अधिष्ठात्री देवता का निरूपण किया जा रहा है–इस प्रकार के त्रिबिन्दु रूप चक्र में अधिष्ठान कर रहने वाली कोई देवता है। उस देवता का परिचय भी आवश्यक है। वह देवता 'अजरा' है, जरा-मरण से रहित है। 'जृष् वयोहानौ' धातु से आयुष्य का ग्रहण किया गया है। 'पुराणी' अनादि और जन्मरहित है। '**महत्तरा**' ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र आदि अतिप्रसिद्ध देवताओं में भी श्रेष्ठ है। '**देवतानां महिमा**' अर्थात् उन प्रसिद्ध देवताओं का माहात्म्य भी इसी की कला से है। इसी की उपासना से उन देवताओं को महिमा मिली है। त्रिपुरोपनिषद् में तदनुयायी अनेक पुराणों और तन्त्रों में शिव-विष्णु आदि देवताओं के द्वारा अपने मन्त्रों से इसी देवता की उपासना उपवर्णित है। भिन्न-भिन्न देवताओं के द्वारा पूजनीय प्रतिमा-भेदों का पद्मपुराण में सविस्तर वर्णन उपलब्ध है। इस प्रसङ्ग में आचार्य ने एक विनोदात्मक 'आभाणक' का प्रयोग किया है–'भिक्षुक भिक्षुक से नहीं माँगता है, यदि देने में तीसरा कोई समर्थ हो' ('न हि भिक्षुको भिक्षुकान्तरं याचितुमर्हति सत्यन्यस्मिन् अभिक्षुके')। तब इस परिस्थिति को देखते हुए अन्य देवताओं की उपासना से परदेवता की उपासना करना ही श्रेष्ठ है–यह अभिप्राय ध्वनित हुआ। इस प्रसङ्ग में आचार्य ने अपने परशिवस्तव से एक श्लोक भी उद्धृत किया है[1]। 'अजरा' इत्यादि ब्रह्मलिङ्गों से ब्रह्मचक्राधिष्ठात्री ही परब्रह्म है, यह बात सिद्ध हुई। 'देवता' पद स्त्रीलिङ्ग होने से उसके विशेषण भी उसी लिङ्ग में प्रयुक्त हैं। उपनिषदों तथा अन्य श्रुतियों में इन विशेषणों को 'अजरम्', 'अक्षरम्' इत्यादि रूप से नपुंसकलिङ्ग में प्रयुक्त किया है। आथर्वण-मन्त्रों में इसी बात को रूपान्तर से कहा गया है–

अष्टचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या
तस्यां हिरण्मयः कोशः स्वर्गलोको ज्योतिषावृतः।
तस्मिन् हिरण्मये कोशे त्र्यस्रे त्रिप्रतिष्ठिते
तस्मिन् तद्यक्षमात्मन्वत्तद्वै ब्रह्मविदो विदुः॥

---

1. **त्वद्दत्तैश्वर्यभाजः परमशिव ! कथङ्कारमन्यान् सुरेन्द्रान्**
याचे देहीति शक्रद्रुहिणहरिमुखान् भिक्षुकान् भिक्षुकोऽहम्।
अज्ञोऽपि द्वादशाहक्रतुविकृतिशतस्याङ्गभूतोऽपि चोक्थ्यो
ज्योतिष्टोमोक्तधर्मानभिलषति न तु द्वादशाहोक्तधर्मान् ॥



श्रीचक्रराजः

इसका आशय यह है–भूपुर से लेकर त्रिकोण तक आठ चक्र हैं। उनके ऊपर कोश-गर्भीकृत रूप बिन्दु है। उसमें 'यक्ष' या 'महद्भूत' रहता है। बहिःपूजा अयोग्य अथवा अदर्शनीय होने से 'यक्ष' पद से निर्देश है। वेदों में गुह्य तत्त्वों के लिये ऐसे साङ्केतिक प्रयोग मिलते हैं। उन्हें ब्रह्मवित् साधक आत्मस्वरूप में ही देखते हैं[1]। वेद की सङ्केत-भाषा में नाना प्रकार के शब्दों में प्रयोग देखने में आते हैं–**'महद्भूतं वायसं देवतानाम्'** इत्यादि।

इस प्रकार प्रथम मन्त्र से बिन्दुचक्र और देवता का निर्देश करने के बाद त्रिकोण और वसुकोण दोनों को मिलाकर नवयोन्यात्मक चक्र की व्याख्या के लिये दूसरी ऋचा का प्रारम्भ होता है–

नवयोनीर्नव चक्राणि दीधिरे नवैव योगा नव योगिनीश्च।
नवानां चक्रे अधिनाथाः स्योना नवमुद्रा नवभद्रा महीनाम् ॥ २ ॥

नवयोनीः तिस्रः पुरः, अर्थात् त्रिपुरा ने नवयोनियों का रूप धारण किया अर्थात् एक ही बिन्दु-चक्र त्रिकोणात्मक या त्रिरेखात्मक होने के कारण, प्रत्येक से तीन रूपों का आविर्भाव हुआ। 'शान्ता' नामक शक्ति से इच्छा, ज्ञान, क्रिया नामक तीन देवताओं का विकास हुआ। 'अम्बिका' शक्ति से ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र रूप देवताएँ ही वामा, ज्येष्ठा, रौद्री शक्ति रूप से विकसित हुईं। इन पुरुष देवताओं का स्त्रीरूप यहीं है। 'परा' शक्ति से पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी इन वाणियों का विकास हुआ। इस प्रकार उस परदेवता नें 'त्रिपुरा' स्वरूप के आधार पर नवयोनि-चक्रों का विकास किया। यही पूर्वोक्त नव देवताएँ नवयोनिचक्र के रूप से परिणत हुईं।

इसके बाद प्रथम 'त्रैलोक्यमोहन' चक्र से लेकर सभी नवचक्र सूक्ष्म संस्कार रूप से इन नवयोनियों में ही समाविष्ट हैं, यह बात **'नवयोनीर्नव चक्राणि दीधिरे'** इन शब्दों से कही गयी। दो शक्ति-त्रिकोण (अधोमुख त्रिकोण), एक वह्नित्रिकोण (ऊर्ध्वमुख त्रिकोण) के मेलन से नवयोन्यात्मक चक्र का निर्माण हुआ। प्रत्येक त्रिकोण में तीन रेखाएँ हैं, नव रेखाओं का जोड़ 'कोण' रूप से नवयोन्यात्मक चक्र बना। उनमें नव प्रकट, गुप्त, गुप्ततर इत्यादि नाम वाला योगिनी समुदाय भी कोण रूप से अवस्थित है।

'देशकालानवच्छिन्नं तदूर्ध्वं परमं महः' इत्यादि वचनों के अनुसार ब्रह्मरूप 'बिन्दु' के नीचे चक्र का सम्पूर्ण विस्तार हुआ है। इसीलिये मेरु-प्रस्तार से श्रीचक्र का निर्माण भी होता है। इन नवचक्रों एवं नवचक्रेश्वरियों का भी सूक्ष्मरूप से नवकोणात्मक चक्र में ही रूप अवस्थित है। इसी बात को **'नवानां चक्रे अधिनाथा'** इन शब्दों से सूचित किया गया है। नवमुद्रा शब्द से 'सर्वसंक्षोभिणी' आदि नवमुद्राएँ सूचित हुई हैं। वे भी सूक्ष्म रूप से 'नवयोनि-चक्र' में अन्तःस्थित हैं।

---

1. इस मन्त्र पर 'सेतुबन्ध' टीका में भी विचार किया गया है।

नवभद्रा शब्द से ये नव पदार्थ सूचित होते हैं–पुण्य, पाप, आत्मा, अन्तरात्मा, परमात्मा, ज्ञानात्मा, प्रमाता, प्रमेय, प्रमा । इसके लिये आत्मोपनिषद् द्रष्टव्य है, अथवा 'नवभद्रा' शब्द से मन्त्रों का ग्रहण करना भी सम्भव है। कुछ लोगों के अनुसार वे 'नवचक्रेश्वरी' के मन्त्र हैं; परन्तु आचार्य की दृष्टि में मुद्राओं के मन्त्र ही ग्राह्य हैं । इसकी दूसरी ऋचा का तात्पर्य यही है कि इस बिन्दु, त्रिकोण, वसुकोण रूप तीन चक्रों में (इसे संहारचक्र भी कहते हैं) सम्पूर्ण श्रीचक्र सूक्ष्मरूप से अवस्थित है । आपत्काल में संक्षिप्त पूजाविधानों से इस चक्र की पूजा से भी पूर्णता मानी गई है । उस विषय में तन्त्रों के अनेक वचन हैं, उन सब के लिये यह श्रुति (मन्त्र) मूलभूत है । इसी के आधार पर अन्य तन्त्रों में यह विषय विस्तार से प्रतिपादित है ।

तीसरे मन्त्र से दो दशार तथा एक चतुर्दशार रूप 'स्थिति-चक्र' की व्याख्या की गई है–

एका सा आसीत् प्रथमा सा नवासीदासोनविंशदासोनत्रिंशत् ।
चत्वारिंशदथ तिस्रः समिधा उशतीरिव मातरो मा विशन्तु ॥ ३ ॥

एका साऽऽसीत् प्रथमा–इन नवयोनियों से सूक्ष्मभूत पाँच तथा स्थूलभूत पाँच इस प्रकार 'भूतदशक' उत्पन्न हुआ । उनसे स्थूल और सूक्ष्म दो भेदों से शब्दादि तन्मात्राओं का 'दशक' उत्पन्न हुआ । उनसे स्थूल और सूक्ष्म दो भेदों से शब्दादि तन्मात्राओं का 'दशक' उत्पन्न हुआ । उनसे कर्मेन्द्रिय पाँच, ज्ञानेन्द्रिय पाँच और चार अन्तःकरण इस प्रकार चौदह उत्पन्न हुए । ये सभी देवता स्त्रीरूप होने के कारण योनिरूप से ही प्रकट हुए हैं । वामकेश्वरतन्त्रादि ग्रन्थों में इसका विस्तृत वर्णन है । तृतीयमन्त्र का अर्थ इस प्रकार है–'या प्रथमा' जो सबसे प्रथम सर्वकारणभूत एक ही देवता, अर्थात् 'बिन्दुचक्र' के रूप में थी । उसके बाद वह नवयोनि स्वरूप में नव संख्या वाली हुई । इसके बाद उन्नीस संख्या हुई (नवयोनि तथा अन्तर्दशार मिलाकर) । फिर उनतीस हुई, पूर्वोक्त संख्या में 'बहिर्दशार' की संख्या जोड़ने से । '**अथ चत्वारिंशत् तिस्रश्च**' अर्थात् पूर्वोक्त देवताओं के साथ चतुर्दशार (१४) के देवताओं के योग से वही देवता ४३ भेदों से व्याप्त हुई । बिन्दुचक्र का आकार शून्य रूप होने के कारण '**एका सा आसीत्**' इससे प्रथम त्रिकोण की गणना की गई है । '**समिधा**' शब्द का अर्थ है–देदीप्यमान तेजोमयी, यह '**मातरः**' योगिनियां '**मा विशन्तु**' मेरे शरीर में प्रवेश करें । '**उशतीरिव**' मानों कामना, स्नेह या प्रेम से प्रवेश करें, जैसे वन से लौटने वाली गाय अपने वत्स के प्रति प्रेम से दौड़कर आती है, उसी प्रकार ये माताएँ मेरे पास आवें[1] ।

1. अन्यत्र वचन भी है–'वत्सं गौरिव गौरीयं धावन्तमनुधावति' ।

वस्तुतः 'श्रीचक्रन्यास' विधि की सूचना इस मन्त्र से दी गई है। साधक का शरीर ही न्यास-विधि से श्रीचक्र रूप हो जाता है। **'योगिन्यो यास्तु ताः सर्वा गेहं कुर्वन्तु मे वपुः'** इत्यादि मन्त्र शक्तिन्यास में पढ़े जाते हैं। उपासना-काण्ड में न्यास का भी बहुत महत्त्व है। श्रीविद्या सम्बन्धी न्यासों का एक स्वतन्त्र विषय है। प्राचीनकाल में अनेक महापुरुषों ने न्यासों से सिद्धि प्राप्त की थी।

इसके बाद 'सृष्टिचक्र' नामक तृतीय अंश में वृत्तत्रय (तीन रेखायें) और दो कमलदल (अष्टदल और षोडशदल) की स्थिति स्पष्ट करने के लिये चतुर्थ मन्त्र आरम्भ होता है–

ऊर्ध्वज्ज्वलज्ज्वलनज्योतिरग्रे तमो वै तिरश्चीनमजरं तद्रजोऽभूत्।
आनन्दनं मोदनं ज्योतिरिन्दोरेता उ वै मण्डला मण्डयन्ति॥ ४॥

ऊर्ध्वज्ज्वलज्ज्वलनज्योतिरग्रे–श्रीचक्र में चतुर्दशार के नीचे दो चक्र अष्टदल और षोडशदल कमलों के हैं, उन पर कर्णिका के ऊपर दो वृत्त (गोल रेखाएँ) हैं, इस प्रकार तीन वृत्त स्वभावतः बन जाते हैं। अन्यत्र वचन भी है–**'ज्येष्ठारूपं चतुष्कोणं वामारूपं भ्रमित्रयम्'**, अर्थात् भूपुर ज्येष्ठाशक्ति रूप है और तीन भ्रमि (वृत्त-रेखाएँ) वामा शक्ति का रूप हैं। इस प्रकार अन्य ग्रन्थों में भी लक्षण प्राप्य हैं। ये तीनों वृत्त अग्नि-सूर्य-सोम रूप या गुणत्रयात्मक हैं। ऊपर वाली ऋचा में रेखाओं के द्वारा ही दोनों पद्मदलों की सूचना ग्रहण करनी चाहिए। अब इस मन्त्र के अर्थ पर ध्यान देना चाहिये–

अग्रे स्थितिचक्र के आगे प्रथम तम अर्थात् तमोगुणात्मक ज्वलन नामक ज्योतिर्मण्डल है। अग्निज्वाला ऊर्ध्वभाग में जलती है। उसके ऊपर कज्जल की उत्पत्ति होती है। उसे ही तमोरूप से निर्दिष्ट किया है। तेजोमय और तमोरूप की एकता में सन्देह मिटाने के लिये बीच में **'ज्योतिरग्रे तमो वै'** इन शब्दों में **'वै'** इस निश्चयसूचक अव्यय का प्रयोग है। **'तिरश्चीनं'** तिर्यक् प्रसरणशील रक्तवर्ण ज्योतिर्मण्डल रजोगुण रूप है। यह सूर्यात्मक है। अग्नि की ऊर्ध्वगति और सूर्य की तिर्यग्गति (वक्ररेखात्मक) प्रसिद्ध है। माघ कवि का प्रयोग भी है– 'गतं तिरश्चीनमनूरुसारथेः प्रसिद्धमूर्ध्वज्वलनं हविर्भुजः'।

'अजरम्' यह विशेषण अग्नि से भिन्नता सूचित करता है। इसके आगे **'मोदनम्'** अर्थात् आनन्द देने वाला (वैषयिक सुखोत्पादक) है। 'आनन्दनं' पद से **सत्त्वगुण** सूचित होता है। सत्त्वाधिक्य ही ब्रह्मानन्द का व्यञ्जक है। यही **ज्योतिरिन्दोः'** चन्द्रमण्डलात्मक है। 'उ', 'वै' ये दोनों अव्यय क्रमशः कोमल आमन्त्रण तथा एवकार के अर्थ में हैं। इस प्रकार तीन वृत्ताकार मण्डल हैं। **एताः'** शब्द से चक्रस्थ योगिनियों को, **'मण्डयन्ति'** सुशोभित करते हैं। सारांश यह है–इस वृत्तत्रय से वेष्टित दो कमलों के चक्र हैं। इसके साथ 'मन्वस्र' चतुर्दशार की

गणना करनी उचित है। आपत्कालिक पूजाभेदों में चतुर्दशार से बिन्दुचक्रान्त पूजा का भी विधान है। यह 'सृष्टिचक्र' का निरूपण हुआ।

इसके बाद भूगृह या भूपुर नामक नवम चक्र का परिचय पाँचवी ऋचा से प्रारम्भ होता है—

तिस्रश्च रेखाः सदनानि भूमेस्त्रिविष्टपास्त्रिगुणास्त्रिप्रकाशाः।
एतत्पुरं पूरकं पूरकाणामत्र प्रथेते मदनो मदन्या॥ ५॥

तिस्रश्च रेखाः—रेखाओं के सम्बन्ध में दो प्रकार के विवरण तन्त्रों में हैं। मन्वस्र अष्टदल और षोडशदल के साथ प्रत्येक रेखाओं से तीन वृत्त मानना या दोनों कमलचक्रों के बाद एक साथ तीन रेखाओं को लिखना। इसलिये 'तिस्रश्च रेखाः' का अर्थ दोनों पक्षों में लगता है। 'तन्त्रराज' ग्रन्थ के अनुसार मन्वस्र के बाद भी मर्यादावृत्त माना गया है। उस मन्त्र के लिये यही श्रुति मूल है। '**भूमेः सदनानि तिस्रो रेखाः**' इस प्रकार अन्वय लगाना उचित है। ये ही रेखायें 'त्रिविष्टप' अर्थात् देवताओं की वासस्थान होने के कारण स्वर्ग हैं। '**त्रिगुणा**' गुणत्रय रूप हैं। '**त्रिप्रकाशाः**' सूर्य, चन्द्र, अग्नि रूप प्रकाशात्मक वृत्त हैं। अब श्रीचक्र-वर्णन का उपसंहार करते हुए मन्त्र में '**एतत्पुरम्**' इत्यादि कहा है। '**एतत्पुरं पूरकं पूरकाणाम्**' इन शब्दों का तात्पर्य है—भक्तों के मनोरथपूरक शिव-विष्णु प्रभृति देवताओं के भी मनोरथ का पूरक यह 'पुर' श्रीचक्र-पुर है। इसमें '**अत्र.....मदनः**' अर्थात् कामेश्वर शिव मदन्या कामेश्वरी के साथ '**प्रथेते**' अपनी किरणसमूहात्मक आवरण-देवताओं के साथ विहार करते हैं। 'प्रथेते' प्रयोग छान्दस है।

विविध क्षेत्रों में विभिन्न नाम वाली देवियों के रूप पुराणों तथा तन्त्रों में प्राप्त होते हैं, वे सभी रूप इसी प्रधान देवता से अभिन्न हैं, यह सूचित करने के लिये वेद-पुरुष छठीं ऋचा की अवतारणा करते हैं—

मदन्तिका मानिनी मङ्गला च सुभगा च सा सुन्दरी शुद्धमत्ता।
लज्जा मतिस्तुष्टिरिष्टा च पुष्टा लक्ष्मीरुमा ललिता लालपन्ती॥ ६॥

मदन्तिका मानिनी—पद्मपुराण में देवीतीर्थों की गणना के प्रसङ्ग में कुछ रूपों का इस प्रकार निर्देश किया गया है—

प्रयागे ललिता देवी........................।
लङ्कायां मङ्गलानाम त्रिकूटे भद्रसुन्दरी।
करवीरे महालक्ष्मीस्तथा देवी विनायके॥
देवदारुवने पुष्टिर्मेधा काश्मीरमण्डले।
.... तुष्टिर्वत्सेश्वरे तथा॥

इत्यादि अनेक प्रकार के रूपों की चर्चा पुराणादि ग्रन्थों से ज्ञात होती है। इन्हीं नामों का उल्लेख मदन्तिका, मानिनी, मङ्गला से लेकर ललिता तक किया गया

है। 'लालयन्ती' या 'लालपन्ती' का तात्पर्य है, इन शब्दों या नामों से जो प्रशंसित है। दूसरा भी एक अर्थ है–इस मन्त्र में पन्द्रह देवताओं का उल्लेख है। ये पञ्चदशाक्षरी मन्त्र के प्रत्येक अक्षर की देवताएँ हैं। 'शुद्धिमत्ता' का अथर्ववेद में 'सिद्धिमत्ता' यह पाठ है।

इस प्रकार देवता का परिचय देने के बाद उपासना की पद्धति का निर्देश करने के लिये सातवीं ऋचा का उपक्रम है–

इमां विज्ञाय सुधया मदन्ति परिस्रुता तर्पयन्तः स्वपीठम्।
नाकस्य पृष्ठे महतो वसन्ति परं धाम त्रैपुरं चाविशन्ति ॥ ७ ॥

'**इमां विज्ञाय**' इत्यादि पंक्तियों का आशय है–इस पूर्वनिर्दिष्ट परदेवता की उपासना को विशेष विधि से गुरु से दीक्षा ग्रहण कर जानना चाहिये। उसके बाद स्वपीठ अर्थात् अपने शरीररूप श्रीचक्र पर आवरण-देवताओं के साथ मूल देवता का परिस्रुत अर्थात् अमृतीकृत द्रव्यपदार्थ से तर्पण करना चाहिये। इस प्रकार की पूजाविधि में बाह्य विषयों का विलापन कर आत्ममात्रविषयक निर्विकल्प भावना करने वाले साधकगण महान् स्वर्ग से भी ऊर्ध्वभाग में स्थित त्रैपुरधाम में प्रवेश करने में सफल होते हैं। यहाँ पर 'अमृतीकरण' कहने से अन्य संस्कारों की भी सूचना समझनी चाहिये। उस द्रव्य में रहने वाली देवता को 'सुधा देवी' या 'संविद्' शब्द से भी शास्त्रों में कहा गया है। रुद्रयामल का वचन है– '**मन्त्रसंस्कारसंशुद्धं तदेवाऽमृतमुच्यते**'। '**महतो नाकस्य पृष्ठे**' (महान् स्वर्ग के ऊपर)। इन शब्दों से त्रिविध पुरुषार्थों की उपलब्धि बताई गई है। त्रिपुरा का परम धाम तो मुक्त साधकों से प्राप्य स्वरूप है, मोक्ष मात्र नहीं। तात्पर्य यह है कि सभी कामों के साथ मोक्षप्राप्ति भी इस उपासना से लभ्य है। इस बात को देवीभागवत ने शब्दभेद से सूचित किया है–

'धर्मार्थकाममोक्षाणां स्वामिनी सा निराकुला।
ददाति वाञ्छितानर्थानर्चिता विधिपूर्वकम्॥

यहाँ पर आचार्य ने मीमांसाशास्त्र का 'रेवत्यधिकरण-सिद्धान्त' भी सूचित किया है। 'श्रीविद्यादीक्षित पुरुष' द्रव्ययुक्त स्वपीठ के अर्चन से निर्विकल्पकवृत्ति के द्वारा सभी कामों की भावना करे। इस प्रकार 'भावनाविशिष्ट भावनान्तरविधि' का रूप स्पष्ट होता है। इसके दृष्टान्त के लिये मीमांसाशास्त्र का रेवत्यधिकरण इस प्रकार है–'**एतस्यैव रेवतीषु वारवन्तीयमग्निष्टोमसाम कृत्वा ब्रह्मवर्चसकामो यजेत**'। यहाँ पर 'क्त्वा' प्रत्यय से वाक्यभेद का निराकरण कर भावनाविशिष्ट भावनान्तरविधि सिद्ध किया है। इसी प्रकार पूर्वनिर्दिष्ट श्रीविद्योपासना के द्वारा सर्वपुरुषार्थोपलब्धि को भी प्रदर्शित किया है।

परशुरामकल्पसूत्र में '**सर्वथा मतिमान् दीक्षेत**' इत्यादि विशेषण-विधियों के लिये यही त्रिपुरोपनिषद् 'श्रुति' मूल है। '**विज्ञाय तर्पयन्तः**' इस कथन से अधिकारी का विशेषणीभूत तर्पण पदार्थ फलभावना के करणरूप से संबद्ध है। जैसे अन्यत्र कहा है–'**हिरण्यदा अमृतत्वं भजन्ते**'। अप्राप्त अर्थ का प्रापक होने से विधिशक्तिकृत प्रतिबन्ध के न होने से 'मन्त्र' में भी विधि स्वरूप का व्याघात नहीं होगा। अनेक ऐसे स्थल हैं, जहाँ 'मन्त्र' भी विधिरूप से माने गये हैं, जैसे–'**वसन्ताय कपिञ्जलानालभेत**', '**प्रणीयादीन्नाथमानायतव्यान्**' इत्यादि। वास्तविक रूप से 'मदन्ति' इत्यादि वाक्यों में 'यदाग्नेयादि' (यदाग्नेयोऽष्टाकपालोऽमावास्यायां पौर्णमास्याञ्चाच्युतो भवति) इत्यादि की तरह 'लेट्' लकार की कल्पना कर भावार्थाधिकरणन्याय से चिद्देवी से अभिन्न आत्ममात्रविषयक वृत्तिविशेष का बोधक मद-धातु का अर्थ ही करण माना गया है। 'यजति' धातु वृत्तिविशेष का वाचक होने से 'अन्तर्याग' शब्द से भी निर्दिष्ट किया जा सकता है। '**परिस्रुता**' शब्द मत्वर्थलक्षणा से धात्वर्थ से अन्वित होता है। भावना से अन्वित पूर्वोक्त दोनों पदार्थों का 'अरुणैकहायनी' न्याय से पार्ष्टिक अन्वय हो सकता है। 'प्रतितिष्ठन्ति' इत्यादि की तरह '**नाकस्य पृष्ठे**' इत्यादि अंश का भाव्य समर्पकत्व है। '**च**'कार से अन्य फलों का भी 'समुच्चय' सूचित हुआ है। जैसे अन्यत्र भी प्रयोग देखा जाता है–

"**पूत एव तेजस्वी अन्नाद इन्द्रियावी पशुमान् भवति**" इत्यादि अनेक फलों का समुच्चय है। तात्पर्य यह है कि व्यासज्यवृत्ति से (समूह को ग्रहण करने वाले प्रयत्न से) अनेक फलों की प्राप्ति सूचित की गई है। अन्यत्र 'सर्वेभ्यः कामेभ्यः' इत्यादि स्थानों में तो प्रत्येक का अलग फल है। तर्पण तो फलवदफलन्याय से अङ्ग है। '**इमां विज्ञाय**' इत्यादि स्थल में 'विद्वत्ता' अधिकारितावच्छेदक धर्म है, अर्थात् अधिकार के स्वरूप का नियामक धर्म है। इसीलिये समयाचारस्मृति का वचन है–'**कुलदीक्षाविहीनानां नाऽधिकारो द्विजन्मनाम्**'। यहाँ पर मन्त्रों के क्रम में परस्पर सम्बन्ध के द्वारा विशेष विधि की सूचना मिलती है। '**तर्पयन्तः**' यह सप्तम ऋचा का शब्द है। बारहवीं ऋचा में '**निवेदयन् स्वात्मीकृत्य**' यह शब्द है। इन प्रयोगों में 'शतृ' और 'ल्यप्' प्रत्ययों के द्वारा निवेदन और स्वात्मीकरण की समानकालिकता सूचित है। इससे दिव्य-पान विधि में ही श्रुति का स्वारस्य (अभिप्राय) है। इसलिये–

'पानं तु त्रिविधं प्रोक्तं दिव्यवीरपशुक्रमैः।
दिव्यं देव्यग्रतः पानं वीरमुद्रासने कृतम्॥
तदन्यत् पशुपानं स्यात्......................' ॥

इत्यादि स्मृतिवचन हैं। इनकी मूलश्रुति का अन्वेषण करना चाहिये। पुरुषार्थ निषेध-वचन जैसे '**न सुरां पिबेत्, न मांसमश्नीयात्**' इत्यादि रागप्राप्त अवस्था के

विषय में प्रवृत्त हैं। क्रत्वर्थ रूप से विहित उन पदार्थों के लिये प्रवृत्त नहीं होते। इसी आशय से–

'येन केनाप्युपायेन शिवे चित्तं निवेशयेत्।
तस्मात् केनाप्युपायेन मनः कृष्णे निवेशयेत्' ॥

इत्यादि पुराणों के वचनों का भी आशय यही सूचित करता है। 'क्रत्वर्थ' के लिये सभी वर्णों को उद्देश्य कर स्पष्ट विधायक वचन अनेक उपलब्ध होते हैं। उन वचनों के विषय में पूर्वोक्त श्रुति-वचन और भी अनेक प्रत्यक्ष श्रुति-वचनों से मूलभूत प्रामाणिकता सिद्ध होती है। अतः इस विषय में वचनों की बलाबल की चिन्ता करना व्यर्थ है।

यहाँ तक 'पर' रूप की उपासना का उपदेश कर सूक्ष्म रूप की उपासना करने के लिये आठवीं ऋचा आरम्भ होती है–

कामो योनिः कमला वज्रपाणिर्गुहा हसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः।
पुनर्गुहा सकला मायया च पुरूच्येषा विश्वमातादिविद्या ॥ ८ ॥

कामो योनिः –इस मन्त्र के द्वारा पञ्चदशाक्षरी श्रीविद्या मन्त्र का उद्धार किया जा रहा है। वह मन्त्र स्त्री-देवता का है और चिद्रूप है। अतः 'विद्या' पद से उसका निर्देश होगा। गायत्री मन्त्र भी उसी रूप का होने पर भी वेदों में स्पष्ट रूप से उद्धृत किया गया है; परन्तु इस विद्या में प्रत्येक अक्षर के वाचक पद को न दिखलाकर, कुछ ही बताये गये हैं और अन्य अक्षर निर्देश (सङ्केत) के द्वारा सूचित हैं। इससे मन्त्र का रहस्य, स्वरूप एवं तत्सम्बन्धी कर्मों की भी गोपनीयता ज्ञात होती है। अधिक क्या कहें, त्रिपुरातापिनी उपनिषद् से प्रतीत होता है कि गायत्री भी आदिविद्या (श्रीविद्या) की उद्धारक है। देवीभागवत का प्रथम श्लोक भी इसी बात को पुष्ट करता है[1]। अतिरहस्य होने से ही यह मन्त्र श्रीगुरुमुख से ही ग्राह्य है। उद्धृत ऋचा में **'मातरिश्वा'** और **'काम'** शब्द चतुर्मुख के वाचक हैं। **'कमला'**, **'योनि'** ये दोनों क्रमशः चतुर्थ स्वर 'ई' और एकादश स्वर 'ए' के वाचक हैं। **'इन्द्रवज्रपाणि'** शब्द तृतीय अन्तस्थाक्षर 'ल'कार के वाचक हैं। **'गुहा'**, **'माया'** भुवनेश्वरी बीज (ह्रीं) हैं। **'अभ्रं'** से 'ह'कार लेना चाहिये। अवशिष्ट पाँच मन्त्र स्वरूप से स्पष्ट हैं। यह आदिविद्या **'पुरूची'** अर्थात् पुरातनी हैं। **'विश्वमाता'** जगत् की जनयित्री है। विद्या के अक्षरों से जगत् की उत्पत्ति का विषय योगिनीहृदय में सम्प्रदायार्थ के विवरण में आचार्य ने स्पष्ट किया है। इस मन्त्र का अर्थ दत्तात्रेय, अगस्त्य आदि आचार्यों ने विभिन्न तन्त्रों में किया है। उसके भी अनेक प्रकार हैं

---

1. **सर्वचैतन्यरूपां तामाद्यां विद्यां च धीमहि।**
बुद्धिं या नः प्रचोदयात् ॥

उन अर्थों को यथासम्भव सङ्ग्रह कर आचार्य ने 'वरिवस्यारहस्य' में उपनिबद्ध किया है।

यहाँ तक कामराजोपासित विद्या का उपदेश देकर नवम ऋचा द्वारा लोपामुद्रा से उपासित विद्या का उपदेश किया जा रहा है–

षष्ठं सप्तममथ वह्निसारथिमस्या मूलत्रिकमावेशयन्तः।
कथ्यं कविं कल्पकं काममीशं तुष्टुवांसो अमृतत्वं भजन्ते ॥ ९ ॥

षष्ठं सप्तममथ–इस पूर्वोक्त विद्या के प्रारम्भ के तीन अक्षरों को बदलकर उनके स्थान में अन्य अक्षरों का समावेश मात्र करने से यह दूसरी विद्या (लोपामुद्रोपासिता) होगी। वे वर्ण हैं–ह, स, क। इस प्रकार दोनों में से किसी भी विद्या के जापक संशुद्ध सत्त्वोपाधिक (शुद्ध-सत्त्वात्मक) परशिव की स्तुति करते हुए (जप करते हुए) अमृतत्व प्राप्त करते हैं। यहाँ पर आचार्य मीमांसा की दृष्टि से कहते हैं–'**विद्याजपेन मोक्षं भावयेत्**'। अन्य शब्द उस परम शिव के विशेषण हैं। '**कामम्**' का अर्थ हुआ–'**सोऽकामयत**' इत्यादि रीति से श्रुतिप्रतिपादित ईक्षणदशापन्न ब्रह्मतत्त्व। **कथ्यम्**–शास्त्रयोनित्वाधिकरण में दो वर्णकों का उक्त ब्रह्म से तात्पर्य है।

इसके पूर्व ऋचाओं में 'अजरा', 'पुराणी' आदि ब्रह्मलिङ्गों से तथा यहाँ प्रयुक्त पुल्लिङ्गों से आगे कामकला-ध्यान के प्रसङ्ग द्वारा स्त्रीलिङ्गों से परदेवता का तीनों प्रकारों से ध्यान का विधान समझना चाहिये। इसी अभिप्राय को कुलार्णव में उपबृंहित किया है–

पुंरूपं वा स्मरेद्देवीं स्त्रीरूपं वा विचिन्तयेत्।
अथवा निष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम् ॥

यद्यपि पर उपासना में निष्कल रूप उपास्य है। बहिर्याग में पुंरूप, अन्तर्याग में स्त्रीरूप, ऐसी व्यवस्था मानने पर भी स्त्री-पुंरूप की समप्रधानता आगे कही गयी है। तदनुसार एवं सम्प्रदायानुसार वैकल्पिक व्यवस्था ही मान्य है। त्रिपुरातापिनी उपनिषद् में मनु, चन्द्र आदि से उपासित अन्य विद्याओं का उद्धार है; परन्तु इस उपनिषद् में ये दो ही विद्याएँ प्रदर्शित की गई हैं, इससे इन दो विद्याओं की प्रधानता और महत्त्व सिद्ध होता है। इसीलिये 'ज्ञानार्णवतन्त्र' में द्वादश विद्याओं को बताकर अन्त में लिखा है–'**विद्याद्वयमिदं भद्रे देवानामपि दुर्लभम्**' इत्यादि। इन दो विद्याओं में भी कादि-विद्या का प्रथम उद्धार करने से अधिकता ज्ञात होती है। इसी का उपबृंहण ब्रह्माण्डपुराण में है–'**श्रीविद्यैव तु मन्त्राणां तत्र कादिर्यथा परा**'।

वस्तुतः सभी विद्यायें श्रीविद्या का रूप होने से परस्पर अभिन्न ही हैं, अतः तारतम्य केवल प्रशंसापरक है, यह बात सेतुबन्ध-टीका में आचार्य ने लिखी है। इसी कारण आचार्य शङ्कर ने "सौन्दर्यलहरी" में व्युत्क्रम से इन दोनों विद्याओं का उद्धार किया है। उसमें भी प्रकृत श्रुति (ऋचाओं) को लगाने के लिये शिव-शक्ति-

काम आदि पदों का जो अन्य अर्थ लोगों ने किया है, वह क्लिष्ट और निष्प्रयोजन होने से ग्राह्य नहीं है। यहाँ पर अन्तर्याग ही प्रकरण से प्राप्त है, उसी के द्रव्य के अनुवाद से गुणान्तरसमुच्चय बारहवीं ऋचा में कहा जायेगा, अतः प्रकरण की अनुवृत्ति अवश्य है। इस बीच आया हुआ 'जप' का विधान 'प्रकरणी' अन्तर्याग का अङ्ग होगा। **'अमृतत्वं भजन्ते'** यह अपाप श्लोक-श्रवण के समान 'अर्थवाद' है[1]।

पहले यह कहा जा चुका है कि 'मन्त्र' भी 'विधि' रूप होता है, उसी तरह अर्थवाद के स्वीकार में कोई बाधा न होगी। **'तिस्रः पुरः'** इत्यादि विषय अन्तर्याग का विधि-शेष है; परन्तु वह अर्थवाद नहीं हो सकता। विधिशेष अर्थवाद से व्याप्य नहीं होता। यदि उसे अर्थवाद ही मानना हो, तो भूतार्थवाद मानकर स्वार्थ में उसका प्रामाण्य सिद्ध हो सकता है। बारहवीं ऋचा में स्थूल उपासना बहिर्यागात्मिका कही गई है, अतः उसी का विधान क्यों न माना जाये ? इसका उत्तर आचार्य ने इस प्रकार दिया है–तो भी पन्द्रहवीं ऋचा में 'मद' धातु के अर्थ का विवरण करते हुए उपसंहार किया गया है। अतः प्रकरण की अनुवृत्ति (सातत्य) माननी ही चाहिये। वस्तुतः तीनों प्रकार की उपासनायें समान श्रेणी में हैं और यथास्थान उनका प्राधान्य भी है। तीनों विधियों का फल-श्रवण स्पष्ट है। अतः किसी एक को ही प्राकरणिक मानना उचित नहीं है। जैसे-आग्नेयादि छः यागों का सम्मिलित फलजनकत्व स्वीकार किया गया है, उसी रीति से यहाँ पर भी सामूहिक फलजनकत्व मानना उचित है[2]। इसीलिये तन्त्रों में ये वचन हैं–

"अन्तर्यागबहिर्यागौ गृहस्थः सर्वदाऽऽचरेत्।
चक्रराजार्चनं विद्याजपो नाम्नां च कीर्तनम्।
भक्तस्य कृत्यमेतावदन्यदभ्युदयं विदुः" ॥

विशेष अधिकारी के लिये केवल अन्तर्याग और जप की फलवत्ता मानी गई है। जैसे–'आग्नेयो वै ब्राह्मणो देवतया स सोमेनेष्ट्वाऽग्नीषोमीयो भवति' इत्यादि वाक्य के अनुसार सोमयाजी को ही 'अग्निषोमीय पुरोडाश' में अधिकार होता है, असोमयाजी को नहीं होता; परन्तु उसके द्वारा अनुष्ठित दर्शपूर्णमास की 'अग्नीषोमीय परोडाश' के विना भी फलदान क्षमता मानी गई है। वैसे ही अन्तर्याग और जप की सफलता विशिष्ट साधक के लिये मानने में कोई बाधा नहीं है।

---

1. पर्णमय्यधिकरण न्याय है–'यस्य पर्णमयी जुहूर्भवति न स पापं श्लोकं शृणोति'। यहाँ पर अपाप श्लोक-श्रवण जैसा अर्थवाद है, उसी तरह प्रकृत विषय में भी है।
2. दर्शपूर्णमास में प्रतिपर्व में तीन-तीन याग हैं–आग्नेय, उपांशुयाग, अग्नीषोमीय पुरोडाश, ये पौर्णमासी में हैं। आग्नेय, ऐन्द्रं दधि, ऐन्द्रं पयः ये अमावस्या में हैं। इन छः यागों का फलजनकत्व **'दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत'** इस अधिकार-वाक्य से सिद्ध है। इसी प्रकार तीनों उपासनाओं को समझना चाहिये।

अब दसवीं ऋचा से स्थूल उपास्ति का प्रारम्भ होता है। जिस मूल देवता को अन्तःस्थ गुण (सूत्र) के रूप में देखा गया था, उसकी बाह्य चक्र में स्थापना करने के लिये स्थूल विशेष रूप का निर्देश किया जा रहा है—

त्रिविष्टपं त्रिमुखं विश्वमातुर्नवरेखाः स्वरमध्यं तदीळे।
बृहत्तिथीर्दश पञ्चादि नित्या सा षोडशी पुरमध्यं बिभर्ति ॥ १० ॥

त्रिविष्टपं त्रिमुखम्—इस ऋचा में **'नवरेखाः स्वरमध्यं'** इन पदों के बीच में विसर्ग के बाद 'अः' इस अक्षर की कल्पना करनी है। नवयोनियों से बनी हुई नव रेखा में 'अः' स्वर मध्य में है, इस बात की व्याख्या करनी उचित है, अर्थात् नवरेखात्मक संहारचक्र में 'अः' स्वर से युक्त मध्य स्थान है। इस प्रकार का 'त्रिमुख' अर्थात् त्रिकोण (मध्य-त्रिकोण) है। यह विश्वमाता त्रिपुरसुन्दरी का 'त्रिविष्टप' निवासस्थान या पूजास्थान है। त्रिविष्टप पद स्वर्गवाचक है, उससे देवता का आवासस्थान उपलक्षित होता है। **'तदीळे'**—इसकी मैं स्तुति करता हूँ। 'द्वयोश्चा स्य स्वरयोर्मध्यमेत्य सम्पद्यते स डकारो ळकारः' इस प्रातिशाख्य के नियमानुसार 'ड'कार का 'ळ'कार रूप बना है। यही उपनिषद् 'आथर्वण' लोग भी पढ़ते हैं; परन्तु उनके पक्ष में 'दुस्पृष्ट' का आदेश नहीं करना पड़ता। 'अः' स्वर को मध्य में कहने से शेष पन्द्रह स्वरों को तीन रेखाओं में 'बिन्दु' के तीनों तरफ लिखना स्वयं सिद्ध होता है। 'समं स्यात्' इन नियम से पाँच-पाँच के समूह में स्वरों का लेखन सिद्ध होता है। वह त्रिकोण **'बृहत्'** अर्थात् विस्तार से भावित होने पर **'दशपञ्च तिथीः'** अर्थात् पन्द्रह तिथियों की अधिष्ठात्री 'कामेश्वरी' से लेकर 'चित्रा' तक नित्या देवियों को धारण करता है, यह बात ज्ञात होती है। नित्याओं की स्थिति वामावर्त क्रम से दक्षिण, ऊर्ध्व और उत्तर रेखाओं में है। इसी बात को ज्ञानार्णवतन्त्र में भी सूचित किया है—

विभाव्य च महत्यस्रमग्रदक्षोत्तरक्रमात्।
रेखासु विलिखेत् पश्चात् पञ्चपञ्चक्रमेण च ॥ इत्यादि।

वृद्धि और क्षयवाली चन्द्र की पन्द्रह कलायें हैं, वे ही तिथि रूप से भी हैं। तन्त्रों में कहा है—'दर्शाद्याः पूर्णिमान्ताश्च कलाः पञ्चदशैव तु'।

इन्हीं कलाओं को तैत्तिरीयब्राह्मण में 'दर्शा-दृष्टा-दर्शता' इत्यादि नामों से निर्दिष्ट किया है। इन कलाओं की मूलकारण स्वरूप वृद्धि और क्षय से शून्य 'सादा' नामक षोडशी कला है। वह पन्द्रह नित्याओं की कारणस्वरूप होने से 'आदि नित्या' कही जाती है। इस प्रकार **'सा'** वही पूर्ववर्णित त्रिपुरसुन्दरी आदित्यस्वरूपा बनकर पुर अर्थात् श्रीचक्र के मध्य विसर्ग स्थान में **बिभर्ति** अधिष्ठित है। षोडश स्वर 'अः' प्रकाश-विमर्शात्मक अकार-हकार दोनों का व्यञ्जक होने से मूल विद्या का भी वही अधिष्ठान है।

अब इसी सन्दर्भ में 'काम' का स्वरूप, 'कामकला' का ध्यान, जो 'बहिर्याग' में आवश्यक है, उसे स्पष्ट करने के लिये ग्यारहवीं ऋचा का आरम्भ होता है—

मण्डला द्वा स्तना बिम्बमेकं मुखं चाधस्त्रीणि गुहा सदनानि।
कार्मी कलां काम्यरूपां विदित्वा नरो जायते कामरूपश्च काम्यः॥ ११॥

द्वामण्डला द्वास्तना—दो मण्डल, दो स्तन, एक बिम्ब (मुख), तीन सदन-भूगृह, गुह्य हकारार्धस्वरूपा। यद्यपि बिम्ब पद भी मण्डल का वाचक है; क्योंकि चतुर्थ ऋचा में वर्णित तीन मण्डलों का भी यही विभाग का क्रम है। वह्नि और सूर्यमण्डल ही दोनों स्तन हैं। '**बिम्ब**' पद का यही अर्थ लिया गया है। पाठ के क्रम से उन दोनों के नीचे का इन्दु बिम्ब ही मुख है। '**अधः**' पद यही सूचित करता है। उसके नीचे का 'भूपुर' हकारार्ध है। यही एक व्याख्या का क्रम है। इस विषय में आचार्य का कथन है कि विविध तन्त्रों में कामकला का उलटा रूप भी निर्दिष्ट है; परन्तु आचार्य शङ्कर के द्वारा "सौन्दर्यलहरी" में निर्दिष्ट—

'मुखं बिन्दुं कृत्वा कुचयुगमधस्तस्य तदधो
हकारार्धं ध्यायेद्यो हरमहिषि ते मन्मथकलाम्'॥

इत्यादि के अनुसार आर्थक्रम से पाठक्रम का बाध होता है, अर्थात् आचार्य की इस व्याख्या को श्रुति-तात्पर्य के लिये निर्णायक मानना चाहिये। 'बिम्ब' पद 'बिन्दु'परक भी है। 'बिन्दु' पद से बिन्दु से लेकर मन्वस्रपर्यन्त चक्रों की भी प्रतीति होती है। '**मण्डलत्रयरूपन्तु चक्रशक्त्यनलात्मकम्**' इस प्रकार सुन्दरीश्लोक में विवरण है। बिन्दु से लेकर मण्डलों तक छः अवयवों के समूह की 'एक अवयव' के रूप में भावना करनी अपेक्षित है, अतः बीच में '**एकम्**' यह पद आया है। चक्र के अर्थ में '**द्वामण्डला**' शब्दों से अष्टदल एवं षोडशदल दो चक्रों का सङ्केत समझना चाहिये। ऊपर निर्दिष्ट छः अवयव भी वस्तुतः तीन विभागों में बँटे हैं। इन अवयवों से सम्पूर्ण अवयवों की स्थिति कल्पित होती है।

विचार करने पर मानव-शरीर में ये ही तीन अवयव हैं। मस्तक से गले की घण्टिका तक, कण्ठ से स्तन तक, हृदय से सीवनी (मूलाधार) तक। केश, हाथ, पैर आदि तो उन अवयवों की शाखा मात्र हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण चक्र के रूप में परिणत '**कार्मी**' कामेश्वरात्मक मन्मथ से सम्बद्ध, '**कलां**' चित्कला को, '**काम्यरूपां**' कमनीय स्वरूपवाली को, '**विदित्वा**' जानकर ('विदित्वा' के स्थान पर अन्य शाखा में '**चिकित्वा**' यह पाठ है), '**नरः**' अर्थात् उपासक, '**कामरूपः**' काम के समान सुन्दर सम्पूर्ण नारियों का क्षोभण करने वाला हो जाता है। यह तो अल्प फल है, अतः उससे भी अधिक परिणाम सूचित करने के लिये '**काम्यः**' पद का प्रयोग हुआ है, अर्थात् त्रिभुवनों में रहने वाले सभी जनों से अभिलषणीय होता है। इसी बात को "सौन्दर्यलहरी" के पूर्वनिर्दिष्ट श्लोक के उत्तरार्ध में आचार्य ने लिखा है—

'स सद्यः संक्षोभं नयति वनिता इत्यतिलघु ।
त्रिलोकीमप्याशु भ्रमयति रवीन्दुस्तनयुगाम्' ॥

इस विषय पर भाष्यकार आचार्य भास्करराय जी ने मीमांसापद्धति से कुछ विवेचन किया है, जो इस प्रकार है–'कामरूपत्वकाम्यत्वकामः कामकलां ध्यायेत्' गुण-फलसम्बन्धविधि है। जैसे 'दध्नेन्द्रियकामस्य जुहुयात्' इत्यादि स्थल में दधि गुण है। उसका इन्द्रिय-फल के सम्बन्ध का विधान किया जाता है। दधि सिद्ध द्रव्य होने से फलसम्पादकता उसमें नहीं है, क्रियारूप आश्रय की अपेक्षा जाती है। प्रकरणवशात् 'अग्निहोत्र' होम ही आश्रय है। इसलिये प्रकृत होम के आश्रय से दधि से इन्द्रियरूप फल की भावना करनी चाहिये। इस दृष्टान्त के अनुसार इस कामकला के प्रकरण में 'सकललोकाभिलषणीयत्व' रूप फल के प्रति कामकला-ध्यान का विधान होता है। विधेय ध्यान-क्रियास्वरूप होने से आश्रय की अपेक्षा नहीं है। अतः 'कामकलाध्यानेन सकललोककाम्यत्वं भावयेत्' इस प्रकार अर्थ निष्पन्न होता है।

यहाँ पर फलार्थतया (फल के लिये) विधेय-ध्यान भी क्रियारूप होने से दूसरे किसी आश्रय की अपेक्षा नहीं है। अन्यत्र तो अपेक्षा होती है, जैसे–'श्येनेना भिचरन् यजेत' यह विहित यज्ञ भी सोमयाग ही है। वह ज्योतिष्टोम की विकृति है। ज्योतिष्टोम से अङ्गों का अतिदेश किया जाता है। अतः श्येनयाग सौमिकाङ्ग से सापेक्ष है। इस प्रकार प्रस्तुत कामकला प्रकरण में बहिर्याग और कामकला ध्यान की सापेक्षता भी नहीं है। अतः बहिर्याग के बाहर अर्थात् स्वतन्त्र रूप से भी इस ध्यान का फल प्राप्य है। यही श्रीशङ्कर भगवत्पाद का तात्पर्य है, यह बात श्रीभास्करराय जी लिखते हैं। यद्यपि नित्याषोडशिकार्णव में–

'बिन्दुं संकल्प्य वक्त्रं तु तदधःस्थं कुचद्वयम्।
तदधः सपरार्धं तु चिन्तयेत्तदधोमुखम्' ॥

इत्यादि वचनों से क्रतु के प्रकरण में इस ध्यान का विधान है। अतः 'क्रत्वर्थ' ही है। तो भी इसमें कोई बाधा नहीं आती, जैसे-राजसूय यज्ञ में 'दिशामावेष्टयो भवन्ति' इस वचन के अनुसार पञ्चहविष्क 'अवेष्टि' नामक 'इष्टि' विहित है; परन्तु 'एतया अन्नाद्यकामं याजयेत्' इस वाक्य से राजसूय के बाहर भी इस इष्टि का विधान सिद्ध है। अतः स्वतन्त्र भी कामकला ध्यान का विधान सर्वथा प्रामाणिक है। इसीलिये भगवत्-स्मरण के उपक्रम में भक्तिसूत्र का वचन है–**'बहिरन्तस्त-दुभयमवेष्टिवत्सर्वम्'**।

इसके बाद बहिर्याग के पदार्थों को और उनकी प्रतिपत्ति 'उपयोग' के विधान को बारहवीं **ऋचा स्पष्ट करती है–**

परिस्रुतं झषमाद्यं पलं च भक्तानि योनीस्सुपरिष्कृतानि ।
निवेदयन् देवतायै महत्यै स्वात्मीकृत्य सुकृती सिद्धिमेति ॥ १२ ॥

परिस्रुतं झषमाद्यम्—'झष' मत्स्य है, 'पल' मांस का वाचक है। झष का आद्य पूर्ववर्ती प्रथम के बाद द्वितीय 'पल' है। इससे 'झष' तृतीय हुआ। **भक्तानि** वटक (बडा) चना या मूँग आदि से बने हुए नानाविध अन्न पदार्थ, यह चतुर्थ हुआ। 'योनिपद' कुण्डगोलोद्भवादि रहस्य द्रव्यों का उपलक्षण है, यह पञ्चम हुआ। **'योनीः'** यह बहुवचन ब्राह्मण-क्षात्रियादि जातिभेद का सूचक है। इसी को तन्त्रों में 'कुलाष्टक' इत्यादि नामों से सूचित किया है। **'पलं च'** इसमें एक 'चकार' पाँचों द्रव्यों का समुच्चय सूचित करता है। 'पल' को 'झष' के बाद कहने पर भी **'आद्यं'** पद से 'म'कारों की क्रम से गणना विवक्षित है। मुख्यद्रव्य के न मिलने पर प्रतिनिधि द्रव्यों से भी याग होता है, **'मपञ्चकाऽलाभेऽपि नित्यक्रमप्रत्यवमृष्टिः'**—यह कल्पसूत्र का वचन है; परन्तु उस स्थिति में पूर्व-पूर्व द्रव्य के अभाव में उत्तरोत्तर मुख्य द्रव्य मिलने पर भी प्रयुक्त नहीं होगा, यह ग्रन्थ का आशय है। प्रथम द्रव्यमात्र मिलने पर 'चतुर्थ' द्रव्य की नैवेद्य के लिये आवश्यकता होने के कारण उसका ही मात्र ग्रहण सम्प्रदाय से सम्मत है। अन्य शाखा में 'आद्य' के स्थान पर **'आज्य'** यह पाठ भी है। उसका अर्थ घृत ही है। 'तत्र पक्वम्' इस व्युत्पत्ति से द्वितीय, तृतीय पदार्थों का काकाक्षिगोलक न्याय से अन्वय होगा, अर्थात् आज्य में पकाया हुआ।

'अज' सम्बन्धी यह व्याख्या ठीक न होगी। तन्त्र में विकारार्थक कहा गया है और पञ्चत्वादि से परिसंख्या की आपत्ति आ जायेगी। वस्तुतः परदेवता के तर्पणमात्र के लिये पर्याप्त द्रव्य के मिलने पर प्रतिनिधिद्रव्य से याग करना उचित नहीं है। बहिर्याग में स्वात्मीकार (स्वयं स्वीकार करना) ही तो प्रतिपत्ति (उपयोगी) है। उसका लोप होने पर भी बाधक नहीं है, यह बात मीमांसा के षाष्ठन्याय से सिद्ध है। **सुपरिष्कृतानि** का अर्थ है दृष्ट और अदृष्ट संस्कारों से संस्कृत किये हुए। उसमें पाक आदि लौकिक संस्कार हैं, शापमोचन आदि वैदिक और तान्त्रिक संस्कार हैं अथवा 'बह्वल्पं वा स्वगृह्योक्तं' इस नियम के अनुसार कल्पसूत्रोक्त मात्र में वर्णित संस्कार लेना चाहिये। **महत्यै देवतायै** अर्थात् महादेवी को **निवेदयन्** यजन करते हुए सुकृती बहिर्याग करने वाला उन वस्तुओं को स्वात्मीकृत्य स्वयं भी भक्षण कर सिद्धि अर्थात् याग के फल को एति प्राप्त करता है। यहाँ भी पूर्वोक्त अन्तर्याग के समान ही मीमांसा-पद्धति से 'परस्परं समुच्चित-प्रथमादि मपञ्चकवता यागेन महादेवीदेवताकेन इष्टसिद्धिं भावयेत्' यह मानना पड़ेगा, अर्थात् 'म'पञ्चकसमुदाय सहित महादेवी के आराधनारूप याग से पुरुषार्थसिद्धि की प्राप्ति माननी चाहिये।

अब देवता का सगुण ध्यान जो क्रत्वङ्ग है, अर्थात् याग का अङ्ग है, उसके उपदेश के लिये तेरहवीं ऋचा का आरम्भ होता है—

सृण्येव सितया विश्वचर्षणिः पाशेन प्रतिबध्नात्यभीकान् ।
इषुभिः पञ्चभिर्धनुषा च विध्यत्यादिशक्तिररुणा विश्वजन्या ॥ १३ ॥

सृण्येव सितया—यह उपलक्षण में तृतीया विभक्ति है। **सितया** शुभ्रवर्ण रजतमयी (चाँदी से बनी)। यहाँ 'स' और 'श' का अभेद मानकर दो शब्द बनते हैं-'सितया' और 'शितया'। शुभ्रवर्ण और तीक्ष्ण यह अर्थ हुए। इस प्रकार के अङ्कुश को धारण करने वाली। **विश्वजन्या** विश्व को उत्पन्न करने वाली, **अरुणा** रक्तवर्ण शरीर वाली, **आदिशक्तिः** महात्रिपुरसुन्दरी, **विश्वचर्षणिः** प्राणिमात्र के शुभाशुभ कर्मों को देखने वाली देवता (तृष्णा से लोलुप बनकर इस मार्ग में प्रवृत्त भ्रष्ट लोगों को) **अभी कान्** कामुक लोगों को, **प्रतिबध्नाति** बाँधकर अपने धनुष और पाँच बाणों से वेधन करती है, अर्थात् ऐसे लोगों का अधःपतन होता है। तृष्णारहित वैधमार्ग से प्रवृत्त लोगों को तो ऊर्ध्व पद की ओर ले जाती है, यह बात तो स्वयं सिद्ध हुई। इसलिये इस बात को पुनः नहीं कहा गया। इसीलिये शास्त्रों में वचन है—

विधिबुध्यैव सेवेत तृणया चेत्स पातकी ।
यैरेव पतनं द्रव्यैर्मुक्तिस्तैरेव चोदिता ॥
अभीकंस्यानभीकस्येत्येवमेते व्यवस्थिताः ॥

इत्यादि। **सृण्येव** के प्रसङ्ग में यास्क का कथन है—'द्विविधा सृणिर्भवति भर्ता च हन्ता च'। रक्षक और नाशक दोनों स्वरूप हैं। प्रारम्भ में **'इव'** शब्द का प्रयोग है, जिसका आगे भी अन्वय लगेगा। 'इव' शब्द सम्भावना का सूचक है, अतः सगुण रूप बाह्य है, निर्गुण रूप ही वास्तविक है, यह सूचित हुआ।

सगुणरूप कल्पित होने के कारण स्त्री-पुंरूप दोनों की प्रधानता समान है, यह कहने के लिये चौदहवीं ऋचा का आरम्भ होता है—

भगश्शक्तिर्भगवान् काम ईश उभा दाताराविह सौभगानाम् ।
समप्रधानौ समसत्त्वौ समोतयोः समशक्तिरजरा विश्वयोनिः ॥ १४ ॥

भगश्शक्तिर्भगवान्—'भग' शब्द ईश्वर का ही वाचक पर्याय है।

'ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः ।
ज्ञानविज्ञानयोश्चैव षण्णां भग इतीरणा' ॥

इसके अनुसार ईश्वर में रहने वाले धर्मसमुदाय को 'भग' शब्द से कहा गया है। वही ईश्वरगत धर्मसमूह ही शक्ति है। उपास्य रूप से वर्णित स्त्रीदेवता का यह रूप है।

नागानन्दसूत्र में विभिन्न नामों से इसका निर्देश किया है। प्रकाशात्मक ब्रह्म का स्वभावविमर्श ही शक्ति है, उसके नाम अनेक हैं—'एष एव विमर्श-श्चितिश्चैतन्यमात्मा स्वरसोदिता परा वाक् स्वातन्त्र्यं परमात्मोन्मुखमैश्वर्यं सतत्त्वं सत्ता स्फुरत्ता सारो मातृका मालिनी, हृदयमूर्मिः स्वसंवित् स्पन्द इत्यादि

शब्दैरागमैरुद्घुष्यते' इत्यादि। इन शब्दों का विवरण उक्त सूत्र के भाष्य में प्राप्य है। **भगवान्** उस प्रकार के धर्मों से युक्त, 'काम ईश' कामेश्वर शिव हैं। यही उपासना में उपास्य देवता का पुरुष रूप है। **इह** उपासना में, **सौभगानां** धर्म-अर्थ-कामरूप फलों के, **दातारौ** देनेवाले हैं। ये दोनों रूप मिलकर एक ही देवता हैं; परन्तु दोनों प्रकार के सगुण ध्यान से त्रिवर्ग (धर्मार्थ-काम) की सिद्धि होती है।

समप्रधानौ समसत्त्वौ–सत्त्व शब्द यहाँ गुणपरक है। उससे परस्पर 'गुणगुणिभाव' सूचित हुआ। कामेश्वरी का कामेश्वर के अङ्क (गोद) में ध्यान करने पर शिव आधार होने से गुण है और शक्ति प्रधान हुई। शिव का अर्धनारीश्वर रूप से ध्यान करने पर हाथ-मस्तक आदि अवयवों के रूप से शक्ति का सम्बन्ध मानने पर शक्ति गुण हुई, शिव ही प्रधान हुए।

इस प्रकार अभिमतफल देने में और परस्पर गुणप्रधानभाव में दोनों की समानता रहने पर भी 'जगत्कर्तृत्व' का अंश शक्ति में ही है। अतः स्त्रीरूप से ही शीघ्र फल की सिद्धि होती है। इस विचार से आगे शब्द है–**समोतयोः** सम्यक् परस्पर अभेद से मिले हुए दोनों शिव-शक्ति के मध्य में, **समशक्तिः** सर्वशक्तिरूपिणी निखिलधर्मसमूहात्मिका देवी ही **'विश्वयोनिः'** है, अर्थात् जगत् का निर्माण करती है। शक्तिसूत्र भी इसी बात को कहता है–**'चितिः स्वतन्त्रा विश्वसिद्धिहेतुः'**। **'सम'** शब्द 'सर्व' शब्द का ही पर्याय है। **'अजरा'** यह पद 'विश्वयोनिः' का विशेषण है। इस विषय में भागवत में अनेक वचन हैं–

शक्तिः करोति ब्रह्माण्डं सा वै पालयतेऽखिलम्।
इच्छया संहरत्येषा जगदेतच्चराचरम्॥
न विष्णुर्न हरो नेन्द्रो न ब्रह्मा न च पावकः।
नार्को न वरुणः शक्ताः स्वे स्वे कार्ये कथञ्चन॥
तया युक्ता हि कुर्वन्ति स्वानि कार्यणि ते सुराः।
कारणं सर्वकार्येषु प्रत्यक्षेणाऽवगम्यते॥ इति॥

अन्यत्र भी कहा है–

शिवोऽपि शवतां याति कुण्डलिन्या विवर्जितः।
शक्तिहीनोऽपि यः कश्चिदसमर्थः स्मृतो बुधैः॥

इत्यादि। इस विषय पर 'सेतुबन्ध' टीका में आचार्य ने विशेष विचार किया है। पूर्वोक्त सिद्धान्त के अनुसार शिव का फलदान-सामर्थ्य शक्ति के अधीन होने से विलम्ब से होता है। शक्ति स्वयं स्वतन्त्र होने के कारण शीघ्र फल देती है। अतः शीघ्र फल को चाहने वाले स्त्रीरूप देवता का ध्यान करें, यह उचित है।

इस प्रकार सगुण ध्यान का निरूपण कर निर्गुण ध्यान के विषय में कोई वक्तव्य न होने से तज्जन्य फल को और फल की जनन की रीति को बताने के लिये पन्द्रहवीं ऋचा प्रवृत्त होती है–

परिस्रुता हविषा पावितेन प्रसङ्कोचे गलिते वै मनस्तः।
सर्वः सर्वस्य जगतो विधाता धर्ता हर्ता विश्वरूपत्वमेति ॥ १५ ॥

परिस्रुता हविषा–कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग, भक्तिमार्गों में उन शास्त्रों के प्रवर्तक आचार्यों ने परस्पर विलक्षण प्रकार की नानाविध पद्धतियाँ (अनुष्ठान-पद्धतियाँ) बतलाई हैं। वे सभी पद्धतियाँ कष्ट से साध्य और चिरकाल से फल देने वाली हैं, यह बात शास्त्रज्ञ जानते हैं। इस मार्ग में द्रव्य स्वीकार से आवर्तमान उल्लासों की परम्परा ही एक अनुष्ठान-पद्धति है। उसमें भी प्रौढोल्लास तक समयाचार कृत धर्मों का बन्धन है। तदन्तोल्लास में 'यथाकाम्यं' (स्वेच्छानुसार चलना) कहा है। अन्तिम चरम उल्लास में ब्रह्मस्वरूपता ही है। इसीलिये कल्पसूत्रकार लिखते हैं–'आरम्भतरुणयौवनप्रौढतदन्तोन्मनानवस्थोल्लासेषु प्रौढान्तः समयाचारः, ततः परं यथाकामीति'। इन सातों उल्लासों के लक्षण 'कुलार्णव' में वर्णित हैं।

यद्यपि प्रतिदिन ब्रह्मरूपता की प्राप्ति होती है, जब मन निलीन होता है; परन्तु अविद्या के परिणामरूप निद्रा के आवरण के कारण वह पुरुषार्थरूप नहीं है। यदि वही दशा निद्रारहित स्थिति में प्राप्त हो तो पुरुषार्थरूप ही है। उसी को ज्ञानियों ने ज्ञान की सप्तम भूमिका कहा है। योगवासिष्ठादि में तथा सेतुबन्ध टीका में इस पर विशेष विचार किया गया है। ज्ञानीगण उसी दशा का निर्विकल्प स्थिति में अनुभव करते हैं। उसी दशा का उन्मनोत्तर अनवस्थोल्लास में योगिजन अनुभव करते हैं। इस विषय में वचन है–

आनन्दं ब्रह्मणो रूपं तच्च देहे व्यवस्थितम्।
तस्याऽभिव्यञ्जकं द्रव्यं योगिभिस्तेन पीयते ॥

कल्पसूत्र में भी 'तस्याऽभिव्यञ्जकाः पञ्चमकाराः' इस तरह कहा गया है; परन्तु यदि वही द्रव्य यदि यज्ञाङ्ग न हो और अपवित्र हो तो उसके पान में पुरुषार्थ-निषेध की प्रवृत्ति होगी और पापरूपी प्रतिबन्ध के कारण उस योगिदशा की उत्पत्ति भी न होगी। मन्त्रों से पवित्रीकृत हवि के रूप से ही वह समाधिदशा को उत्पन्न कर सकता है। इसीलिये समयाचार स्मृति का वचन है–

असंस्कृतं पशोः पानं कलहोद्वेगतापकृत्।
मन्त्रपूजाविहीनं यत्पशुपानं तदेव हि ॥
पशुपानविधौ पीत्वा वीरोऽपि नरकं व्रजेत्।
संस्कृतं बोधजनकं प्रायश्चितञ्च शुद्धिकृत् ॥

मन्त्राणां स्फुरणं तेन महापातकनाशनम् ।
आयुःश्रीःकान्तिसौभाग्यं ज्ञानं संस्कृतपानतः ॥
अष्टैश्वर्यं खेचरत्वं पतनं विधिवर्जितम् ।
सौत्रामण्यां कुलाचारे मदिरां ब्राह्मणः पिबेत् ॥
अन्यत्र ब्राह्मणः पीत्वा प्रायश्चित्तं समाचरेत् ॥

इत्यादि; परन्तु–

वरं प्राणाः प्रगच्छन्तु ब्राह्मणो नार्पयेत् सुराम् ।
ब्राह्मणो मदिरां पीत्वा ब्राह्मण्यादेव हीयते ॥

इत्यादि शक्तिसङ्गम तथा तन्त्रराज आदि ग्रन्थों के वचनानुसार निषेध भी है । ऐसी स्थिति में धर्मपाश (धर्मच्युत होने का पाप) कैसे हटाया जावे, यह बात अपने सत्सम्प्रदाय से ही जानना चाहिये । उसके व्यवस्था-प्रकार आचार्य ने कौलोपनिषद् के भाष्य में स्पष्ट किये हैं । इसलिये उस प्रकार के विशिष्ट अधिकारियों का उन उल्लासों की दशाओं से अन्तःकरणावच्छिन्न जीवात्मा का अन्तःकरणोपाधिरूप सङ्कोच का नाश होने पर ब्रह्मभाव की प्राप्ति में कोई शङ्का नहीं रहती । यदि इस पर यह शङ्का हो कि द्रव्य का उल्लास आगमापायी (आनेवाला और जानेवाला) है, तो उससे लक्ष्य की सिद्धि कैसे होगी ? यह प्रश्न 'समाधि' दशा में भी लागू हो सकता है; क्योंकि समाधि भी आगमापायशील है । यदि 'समाधि' के समर्थन में यह कहा जाये कि वायु-नियमन आदि उपायों से, वारंवार प्रयास से, चिरकाल की अभ्यासकुशलता से कुछ समय के बाद पवननिरोध के विना भी चिरकालिक 'समाधि' प्राप्त हो सकती है । समुद्रादि में नौका से जाने वाले लोगों को उतरने पर भी तरङ्गों के आन्दोलन की अनुभूति होती रहती है । उसी प्रकार प्रस्तुत उल्लासों के विषय में भी संस्कृत द्रव्य के पान से प्राप्त उन्मनी अवस्था के अभ्यास की कुशलता से 'द्रव्य' के विना भी कुछ समय के बाद स्वाभाविक उन्मनी दशा सिद्ध होती है । इस ऋचा का शब्दार्थ इस प्रकार है–

पावितेन–मन्त्रसंस्कार से संस्कृत किये गये, **हविषा**–देवी पूजा के शेषभूत, **परिस्रुता**–पानयोग्य द्रव्य से, **मनस्तः**–अन्तकरण में उत्पन्न, **प्रसङ्कोचे**–आत्मा के परिच्छेद का, **प्रगलिते**–निर्व्युत्थान दशा से विलय होने पर, अर्थात् उन्मन्युल्लास के बाद अनवस्थोल्लास की स्थिति में, **वै**–निश्चय से, **सर्वः**–सर्वात्मक होता है । इस प्रकरण में स्वात्ममात्रविषयक निर्विकल्पवृत्ति का जनक 'मद' ही अन्तर्याग के विधायक वाक्य में धात्वर्थ है । इस प्रकार उपसंहार मानना चाहिये । इसी आशय से तन्त्र में मत्त की स्थिति अनेक तरह से उपवर्णित है–

रमन्ते कामुका मत्ता मत्ताः कुप्यन्ति कोपनाः ।
गायन्ति गायका मत्ता मत्ता ध्यायन्ति योगिनः ॥

सृण्येव सितया विश्वचर्षणिः पाशेन प्रतिबध्नात्यभीकान् ।

इषुभिः पञ्चभिर्धनुषा च विध्यत्यादिशक्तिररुणा विश्वजन्या ॥ १३ ॥

सृण्येव सितया–यह उपलक्षण में तृतीया विभक्ति है । **सितया** शुभ्रवर्ण रजतमयी (चाँदी से बनी) । यहाँ 'स' और 'श' का अभेद मानकर दो शब्द बनते हैं–'सितया' और 'शितया' । शुभ्रवर्ण और तीक्ष्ण यह अर्थ हुए । इस प्रकार के अङ्कुश को धारण करने वाली । **विश्वजन्या** विश्व को उत्पन्न करने वाली, **अरुणा** रक्तवर्ण शरीर वाली, **आदिशक्तिः** महात्रिपुरसुन्दरी, **विश्वचर्षणिः** प्राणिमात्र के शुभाशुभ कर्मों को देखने वाली देवता (तृष्णा से लोलुप बनकर इस मार्ग में प्रवृत्त भ्रष्ट लोगों को) **अभी कान्** कामुक लोगों को, **प्रतिबध्नाति** बाँधकर अपने धनुष और पाँच बाणों से वेधन करती है, अर्थात् ऐसे लोगों का अधःपतन होता है । तृष्णारहित वैधमार्ग से प्रवृत्त लोगों को तो ऊर्ध्व पद की ओर ले जाती है, यह बात तो स्वयं सिद्ध हुई । इसलिये इस बात को पुनः नहीं कहा गया । इसीलिये शास्त्रों में वचन है–

विधिबुध्यैव सेवेत तृष्णया चेत्स पातकी ।

यैरेव पतनं द्रव्यैर्मुक्तिस्तैरेव चोदिता ॥

अभीकस्यानभीकस्येत्येवमेते व्यवस्थिताः ॥

इत्यादि । **सृण्येव** के प्रसङ्ग में यास्क का कथन है–'द्विविधा सृणिर्भवति भर्ता च हन्ता च' । रक्षक और नाशक दोनों स्वरूप हैं । प्रारम्भ में **'इव'** शब्द का प्रयोग है, जिसका आगे भी अन्वय लगेगा । 'इव' शब्द सम्भावना का सूचक है, अतः सगुण रूप बाह्य है, निर्गुण रूप ही वास्तविक है, यह सूचित हुआ ।

सगुणरूप कल्पित होने के कारण स्त्री-पुंरूप दोनों की प्रधानता समान है, यह कहने के लिये चौदहवीं ऋचा का आरम्भ होता है–

भगशक्तिर्भगवान् काम ईश उभा दाताराविह सौभगानाम् ।

समप्रधानौ समसत्त्वौ समोतयोः समशक्तिरजरा विश्वयोनिः ॥ १४ ॥

भगशक्तिर्भगवान्–'भग' शब्द ईश्वर का ही वाचक पर्याय है ।

'ऐश्वर्यस्य समग्रस्य धर्मस्य यशसः श्रियः ।

ज्ञानविज्ञानयोश्चैव षण्णां भग इतीरणा' ॥

इसके अनुसार ईश्वर में रहने वाले धर्मसमुदाय को 'भग' शब्द से कहा गया है । वही ईश्वरगत धर्मसमूह ही शक्ति है । उपास्य रूप से वर्णित स्त्रीदेवता का यह रूप है ।

नागानन्दसूत्र में विभिन्न नामों से इसका निर्देश किया है । प्रकाशात्मक ब्रह्म का स्वभावविमर्श ही शक्ति है, उसके नाम अनेक हैं–'एष एव विमर्शश्चितिश्चैतन्यमात्मा स्वरसोदिता परा वाक् स्वातन्त्र्यं परमात्मोन्मुखमैश्वर्यं सतत्त्वं सत्ता स्फुरत्ता सारो मातृका मालिनी, हृदयमूर्मिः स्वसंवित् स्पन्द इत्यादि

शब्दैरागमैरुद्घुष्यते' इत्यादि। इन शब्दों का विवरण उक्त सूत्र के भाष्य में प्राप्य है। **भगवान्** उस प्रकार के धर्मों से युक्त, **'काम ईश'** कामेश्वर शिव हैं। यही उपासना में उपास्य देवता का पुरुष रूप है। **इह** उपासना में, **सौभगानां** धर्म-अर्थ-कामरूप फलों के, **दातारौ** देनेवाले हैं। ये दोनों रूप मिलकर एक ही देवता हैं; परन्तु दोनों प्रकार के सगुण ध्यान से त्रिवर्ग (धर्मार्थ-काम) की सिद्धि होती है।

समप्रधानौ समसत्त्वौ–सत्त्व शब्द यहाँ गुणपरक है। उससे परस्पर 'गुणगुणिभाव' सूचित हुआ। कामेश्वरी का कामेश्वर के अङ्क (गोद) में ध्यान करने पर शिव आधार होने से गुण है और शक्ति प्रधान हुई। शिव का अर्धनारीश्वर रूप से ध्यान करने पर हाथ-मस्तक आदि अवयवों के रूप से शक्ति का सम्बन्ध मानने पर शक्ति गुण हुई, शिव ही प्रधान हुए।

इस प्रकार अभिमतफल देने में और परस्पर गुणप्रधानभाव में दोनों की समानता रहने पर भी 'जगत्कर्तृत्व' का अंश शक्ति में ही है। अतः स्त्रीरूप से ही शीघ्र फल की सिद्धि होती है। इस विचार से आगे शब्द है–**समोतयोः** सम्यक् परस्पर अभेद से मिले हुए दोनों शिव-शक्ति के मध्य में, **समशक्तिः** सर्वशक्तिरूपिणी निखिलधर्मसमूहात्मिका देवी ही **'विश्वयोनिः'** है, अर्थात् जगत् का निर्माण करती है। शक्तिसूत्र भी इसी बात को कहता है–**'चितिः स्वतन्त्रा विश्वसिद्धिहेतुः'**। **'सम'** शब्द 'सर्व' शब्द का ही पर्याय है। 'अजरा' यह पद 'विश्वयोनिः' का विशेषण है। इस विषय में भागवत में अनेक वचन हैं–

शक्तिः करोति ब्रह्माण्डं सा वै पालयतेऽखिलम्।
इच्छया संहरत्येषा जगदेतच्चराचरम्॥
न विष्णुर्न हरो नेन्द्रो न ब्रह्मा न च पावकः।
नार्को न वरुणः शक्ताः स्वे स्वे कार्ये कथञ्चन॥
तया युक्ता हि कुर्वन्ति स्वानि कार्यणि ते सुराः।
कारणं सर्वकार्येषु प्रत्यक्षेणाऽवगम्यते॥ इति॥

अन्यत्र भी कहा है–

शिवोऽपि शवतां याति कुण्डलिन्या विवर्जितः।
शक्तिहीनोऽपि यः कश्चिदसमर्थः स्मृतो बुधैः॥

इत्यादि। इस विषय पर 'सेतुबन्ध' टीका में आचार्य ने विशेष विचार किया है। पूर्वोक्त सिद्धान्त के अनुसार शिव का फलदान-सामर्थ्य शक्ति के अधीन होने से विलम्ब से होता है। शक्ति स्वयं स्वतन्त्र होने के कारण शीघ्र फल देती है। अतः शीघ्र फल को चाहने वाले स्त्रीरूप देवता का ध्यान करें, यह उचित है।

इस प्रकार सगुण ध्यान का निरूपण कर निर्गुण ध्यान के विषय में कोई वक्तव्य न होने से तज्जन्य फल को और फल की जनन की रीति को बताने के लिये पन्द्रहवीं ऋचा प्रवृत्त होती है—

परिस्रुता हविषा पावितेन प्रसङ्कोचे गलिते वै मनस्तः।

सर्वः सर्वस्य जगतो विधाता धर्ता हर्ता विश्वरूपत्वमेति ॥ १५ ॥

परिस्रुता हविषा—कर्ममार्ग, ज्ञानमार्ग, भक्तिमार्गों में उन शास्त्रों के प्रवर्तक आचार्यों ने परस्पर विलक्षण प्रकार की नानाविध पद्धतियाँ (अनुष्ठान-पद्धतियाँ) बतलाई हैं। वे सभी पद्धतियाँ कष्ट से साध्य और चिरकाल से फल देने वाली हैं, यह बात शास्त्रज्ञ जानते हैं। इस मार्ग में द्रव्य स्वीकार से आवर्तमान उल्लासों की परम्परा ही एक अनुष्ठान-पद्धति है। उसमें भी प्रौढोल्लास तक समयाचार कृत धर्मों का बन्धन है। तदन्तोल्लास में 'यथाकाम्यं' (स्वेच्छानुसार चलना) कहा है। अन्तिम चरम उल्लास में ब्रह्मस्वरूपता ही है। इसीलिये कल्पसूत्रकार लिखते हैं—'आरम्भतरुणयौवनप्रौढतदन्तोन्मनानवस्थोल्लासेषु प्रौढान्तः समयाचारः, ततः परं यथाकामीति'। इन सातों उल्लासों के लक्षण 'कुलार्णव' में वर्णित हैं।

यद्यपि प्रतिदिन ब्रह्मरूपता की प्राप्ति होती है, जब मन निलीन होता है; परन्तु अविद्या के परिणामरूप निद्रा के आवरण के कारण वह पुरुषार्थरूप नहीं है। यदि वही दशा निद्रारहित स्थिति में प्राप्त हो तो पुरुषार्थरूप ही है। उसी को ज्ञानियों ने ज्ञान की सप्तम भूमिका कहा है। योगवासिष्ठादि में तथा सेतुबन्ध टीका में इस पर विशेष विचार किया गया है। ज्ञानीगण उसी दशा का निर्विकल्प स्थिति में अनुभव करते हैं। उसी दशा का उन्मनोत्तर अनवस्थोल्लास में योगिजन अनुभव करते हैं। इस विषय में वचन है—

आनन्दं ब्रह्मणो रूपं तच्च देहे व्यवस्थितम्।

तस्याऽभिव्यञ्जकं द्रव्यं योगिभिस्तेन पीयते ॥

कल्पसूत्र में भी 'तस्याऽभिव्यञ्जकाः पञ्चमकाराः' इस तरह कहा गया है; परन्तु यदि वही द्रव्य यदि यज्ञाङ्ग न हो और अपवित्र हो तो उसके पान में पुरुषार्थ-निषेध की प्रवृत्ति होगी और पापरूपी प्रतिबन्ध के कारण उस योगिदशा की उत्पत्ति भी न होगी। मन्त्रों से पवित्रीकृत हवि के रूप से ही वह समाधिदशा को उत्पन्न कर सकता है। इसीलिये समयाचार स्मृति का वचन है—

असंस्कृतं पशोः पानं कलहोद्वेगतापकृत्।

मन्त्रपूजाविहीनं यत्पशुपानं तदेव हि ॥

पशुपानविधौ पीत्वा वीरोऽपि नरकं व्रजेत्।

संस्कृतं बोधजनकं प्रायश्चितञ्च शुद्धिकृत् ॥

मन्त्राणां स्फुरणं तेन महापातकनाशनम् ।
आयुःश्रीःकान्तिसौभाग्यं ज्ञानं संस्कृतपानतः ॥
अष्टैश्वर्यं खेचरत्वं पतनं विधिवर्जितम् ।
सौत्रामण्यां कुलाचारे मदिरां ब्राह्मणः पिबेत् ॥
अन्यत्र ब्राह्मणः पीत्वा प्रायश्चित्तं समाचरेत् ॥

इत्यादि; परन्तु–

वरं प्राणाः प्रगच्छन्तु ब्राह्मणो नार्पयेत् सुराम् ।
ब्राह्मणो मदिरां पीत्वा ब्राह्मण्यादेव हीयते ॥

इत्यादि शक्तिसङ्गम तथा तन्त्रराज आदि ग्रन्थों के वचनानुसार निषेध भी है। ऐसी स्थिति में धर्मपाश (धर्मच्युत होने का पाप) कैसे हटाया जावे, यह बात अपने सत्सम्प्रदाय से ही जानना चाहिये। उसके व्यवस्था-प्रकार आचार्य ने कौलोपनिषद् के भाष्य में स्पष्ट किये हैं। इसलिये उस प्रकार के विशिष्ट अधिकारियों का उन उल्लासों की दशाओं से अन्तःकरणावच्छिन्न जीवात्मा का अन्तःकरणोपाधिरूप सङ्कोच का नाश होने पर ब्रह्मभाव की प्राप्ति में कोई शङ्का नहीं रहती। यदि इस पर यह शङ्का हो कि द्रव्य का उल्लास आगमापायी (आनेवाला और जानेवाला) है, तो उससे लक्ष्य की सिद्धि कैसे होगी ? यह प्रश्न 'समाधि' दशा में भी लागू हो सकता है; क्योंकि समाधि भी आगमापायशील है। यदि 'समाधि' के समर्थन में यह कहा जाये कि वायु-नियमन आदि उपायों से, वारंवार प्रयास से, चिरकाल की अभ्यासकुशलता से कुछ समय के बाद पवननिरोध के विना भी चिरकालिक 'समाधि' प्राप्त हो सकती है। समुद्रादि में नौका से जाने वाले लोगों को उतरने पर भी तरङ्गों के आन्दोलन की अनुभूति होती रहती है। उसी प्रकार प्रस्तुत उल्लासों के विषय में भी संस्कृत द्रव्य के पान से प्राप्त उन्मनी अवस्था के अभ्यास की कुशलता से 'द्रव्य' के विना भी कुछ समय के बाद स्वाभाविक उन्मनी दशा सिद्ध होती है। इस ऋचा का शब्दार्थ इस प्रकार है–

पावितेन–मन्त्रसंस्कार से संस्कृत किये गये, **हविषा**–देवी पूजा के शेषभूत, **परिस्रुता**–पानयोग्य द्रव्य से, **मनस्तः**–अन्तकरण में उत्पन्न, **प्रसङ्कोचे**–आत्मा के परिच्छेद का, **प्रगलिते**–निर्व्युत्थान दशा से विलय होने पर, अर्थात् उन्मन्युल्लास के बाद अनवस्थोल्लास की स्थिति में, **वै**–निश्चय से, **सर्वः**–सर्वात्मक होता है। इस प्रकरण में स्वात्ममात्रविषयक निर्विकल्पवृत्ति का जनक 'मद' ही अन्तार्याग के विधायक वाक्य में धात्वर्थ है। इस प्रकार उपसंहार मानना चाहिये। इसी आशय से तन्त्र में मत्त की स्थिति अनेक तरह से उपवर्णित है–

रमन्ते कामुका मत्ता मत्ताः कुप्यन्ति कोपनाः ।
गायन्ति गायका मत्ता मत्ता ध्यायन्ति योगिनः ॥

इत्यादि। इस अवस्था में कोई विशेष योग भी सहायक है, ऐसा समझना उचित है। सर्वात्मकता को स्पष्ट करने के लिये अग्रिम शब्दों की योजना है–**सर्वस्य जगतो विधाता**–ब्रह्मा, **भर्ता**-विष्णु, **हर्ता**-रुद्र भी वही है। अधिक क्या कहा जाय, दास, दाश, कितव आदि समस्त प्राणिमात्र से वह पुरुष अभिन्न है। इस आशय से कहा है–**विश्वरूपत्वमेति**। शरीर का पात प्रारब्ध कर्म से जब चाहे जहाँ चाहे होता रहे, उससे उस पुरुष की कोई हानि नहीं होगी; क्योंकि वह सर्वथा कृतकृत्य है। इसी आशय से कल्पसूत्रकार का वचन द्रष्टव्य है–'इत्थं विदित्वा विधिवदनुष्ठितवतः कुलनिष्ठस्य सर्वतः कृतकृत्यता शरीरत्यागे श्वपचगृहकाश्योर्नान्तरं स जीवन्मुक्त इति'।

इस प्रकार त्रैपुरसिद्धान्त का विवरण कर उपसंहार के साथ इसके अध्ययन से भी फल है, यह सूचित करने के लिये सोलहवीं यजुःपर्यवसायिनी ऋचा का आरम्भ होता है–

इयं महोपनिषत्त्रिपुराया यामक्षरं परमे गीर्भिरीट्टे।
एषर्ग्यजुः परमेतच्च सामेवायमथर्वेयमन्या च विद्यो३ म्॥ १६॥

इयं महोपनिषत्–इत्यादि विषय का भगवान् परशुराम ने अपने कल्पसूत्र के अन्त में इन शब्दों में उपबृंहण किया है–'य इमां दशखण्डीं महोपनिषदं महात्रैपुरसिद्धान्तसर्वस्वभूतामधीते सर्वेषु यज्ञेषु यष्टा भवति यं यं क्रतुमधीते तेन तेनाऽस्य क्रतुनेष्टं भवति इति श्रूयते इत्युपनिषत्[1]' इससे सिद्ध होता है कि इस महोपनिषद् में जो बातें नहीं कही गई हैं, उनका कल्पसूत्र से ग्रहण करना चाहिये। कल्पसूत्रों के शाखान्तराधिकरण न्याय से विभिन्न शाखाओं में फैले हुए अङ्गों का उपसंहार प्रयोग के नियमों से प्रमाणित होता है। इस मन्त्र का शब्दार्थ इस प्रकार है–

इस त्रिपुरा के रहस्यप्रतिपादक वाक्य सन्दर्भ रूप उपनिषद् को पढ़ना चाहिये। इसमें कारण यह है कि इस उपनिषद् की अक्षर-ब्रह्म (वेदपुरुष) अपनी वाणियों से प्रार्थना कर रहा है। अन्वय को बदलकर–'यां ब्रह्म' इत्यादि वाक्य को बदलकर (विभक्ति परिवर्तन से) उपनिषद् 'ब्रह्म' की स्तुति करती है, ऐसा अर्थ भी हो सकता है। यह उपनिषद् परमेश्वर से स्तुत है, और परमेश्वर की स्तुति करने वाली भी है, अथवा हृल्लेखा रूप (मायाबीज) अक्षर जिस त्रिपुरा की स्तुति करता है, अथवा 'परं' 'ए' इन दो शब्दों को अलग करने पर 'ए'कार रूप अक्षर द्वारा भी स्तुति व्यक्ति होती है। **'यदेकादशमाधारं बीजं कोणत्रयोद्भवम्'** इत्यादि वामकेश्वरतन्त्र में यह स्पष्ट किया गया है। 'ए'कार में भी सन्धिविच्छेद से अ + ई इस रूप से दो वर्णों की स्थिति है। उस दृष्टि से **'अकारो वै सर्वा वाक्'** इस

1 इन वाक्यों के विषय में पहले भी विचार इसी उपनिषद् के प्रसङ्ग में हुआ है।

प्रमाण से अकार का ग्रहण होता है। ईकार के विषय में श्रुति का प्रमाण है–**'यदीं शृणोत्यलकं शृणोति** ', अथवा इस ऋचा के अन्त में ओङ्कार है, अक्षर पद उसका विशेषण मानकर उसी अक्षर को प्रधान माना जावे। वह ओङ्कार **'गीर्भिः'** अकार-उकार-मकार रूप वाणियों से 'परमः' स्वयं अखण्ड होने पर भी जिसकी स्तुति कर रहा है। ओङ्कार के विषय में निम्नाङ्कित पंक्तियाँ शिवरहस्य और महिम्नस्तव में उद्धृत हैं–**'समस्तं व्यस्तं वाशरणद गृणात्योमितिपदम्'**, जो अखण्ड या सखण्ड रूप से प्रणव परमब्रह्म को सूचित करता है।

'स्वाध्यायोऽध्येतव्यः' यह वेदाध्ययन के लिये विधिवाक्य है। इसके अनुसार भी इस उपनिषद् के अध्ययन से विविध वेदों का अध्ययन सिद्ध हो जाता है। इस अभिप्राय से ऋचा का उत्तरार्ध है–**'एषर्ग्यजुः'** इत्यादि। इस स्थल में 'ऋग्' आदि शब्द प्रत्येक वेद के लिये हैं, केवल एक मन्त्र के लिये नहीं हैं; क्योंकि इसमें 'अथर्व' तक चारों वेदों की सूचना दी गई है। इसमें भी क्रम से 'एषा' 'एतद्' 'अयं' ये शब्द 'ऋग्यजुरथर्वण' वेदपरक विशेष्य पद हैं। **'साम'** का स्वरूप ध्वन्यात्मक होने के कारण, साक्षात् अक्षर रूप न होने से **'इव'** शब्द का प्रयोग किया गया है; परन्तु फल में सब की समानता है। अठारह विद्याओं में से चार का यह प्रत्यक्ष उपादान किया, शेष **'अन्य'** पद से चतुर्दश विद्याओं का ग्रहण करना चाहिये।

इससे यह उपनिषद् सर्वविद्यामय है–यह अभिप्राय है। अन्ततः 'प्रणव' स्वरूप ही यह उपनिषद् है। अतः 'ॐ' पद से निर्देश है। अतः इसका अध्ययन यति (संन्यासी) को भी करना चाहिये। 'यह उपनिषद् इस प्रकार महत्त्वपूर्ण है' यह कहने में वेद भी अपनी असमर्थता को द्योतित करते हैं, अतः 'ओम्' इस पद से मौन धारण किया गया है, अर्थात् जितना महत्त्वपूर्ण इस विद्या का रहस्य है, वह इस उपनिषद् में संक्षेप और सार रूप से कहा गया है।

अन्त में आचार्य लिखते हैं कि इस 'त्रिपुरामहोपनिषद्' के गोपनीय रहस्य के अर्थ विद्वानों (साधकों) के सन्तोष के लिये मैंने लिख दिये हैं। इस प्रकार इस उपनिषद् की व्याख्या से श्रीभास्करराय जी ने सूत्रभूत सिद्धान्तों की प्रतिष्ठा की है। उनका लक्ष्य यह है कि वेदमूलक तन्त्र की प्रामाणिकता के आधार पर इस उपासनाशास्त्र को देखना चाहिये। यथास्थान ऋचाओं की व्याख्या करते हुए परशुरामकल्पसूत्र, तन्त्रराज आदि ग्रन्थों से एकवाक्यता स्थापित करते हुए इस उपनिषद् को ही प्रधान आधार माना है। आचार्य शङ्कर की परम्परा में इस वेदमूलकता का अत्यन्त महत्त्व है।

श्रीशिवनामकल्पलतालवाल

श्रीभास्करराय दीक्षित जी की कृतियों में श्रीशिव के अष्टोत्तरशतनामों के ऊपर श्लोकबद्ध टीका है, जिसका नाम 'शिवनामकल्पलतालवालः' है। श्रीभास्करराय जी भगवान् शङ्कराचार्य के अद्वैत-सिद्धान्त के विषय में पूर्ण निष्ठावान् थे। साथ ही उनकी उपासना परम्परा को पुनरुज्जीवित करने के लिये तत्पर थे।

देवता-विषयक नाम-स्तोत्रों में श्रीललितासहस्रनाम, श्रीगणेशसहस्रनाम तथा शिवाष्टोत्तरशतनाम की व्याख्या आचार्य ने की है। श्रौत-स्मार्त कर्म अपने-अपने मर्यादानुसार करते हुए अभीष्ट देवता की उपासना करना भारतीय परम्परा का आदर्श रहा है; क्योंकि अद्वैत और भक्ति का परस्पर विरोध नहीं है। उपास्य देवता से अन्ततः अभेद-भावना करना यही भक्ति अद्वैतवादी को अभिमत है। यदि ऐसा न होता तो आचार्य शंकर अनेक देवताओं की स्तोत्र-रचना न करते। भक्ति के विना वास्तविक अद्वैत में प्रवेश पाना सम्भव नहीं है। इसी दृष्टि को ध्यान में रखकर आचार्य ने शिवनामों की व्याख्या की है।

इस ग्रन्थ की प्राप्ति और प्रकाशन–

यह ग्रन्थ अनेक वर्षों पहले बम्बई में सम्भवतः 'गुजराती प्रिण्टिंग प्रेस' से छपा था तथा मूलमात्र था, टीका नहीं थी; परन्तु वह प्रकाशन भी दुर्लभ हो गया। इसके बाद जो संस्करण मैंने विचार के लिये लिया है, वह 'ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टिट्यूट, मैसूर' से प्रकाशित है। प्रकाशन वर्ष १९८४ ई. है। इसमें मूल श्लोकों के साथ श्रीवेङ्कटाचल पण्डित के द्वारा विरचित 'सुधापूर' नामक व्याख्या भी है। व्याख्याकार भी महान् पण्डित हैं, जो श्लोकों में आये विषय के सम्बन्ध में भिन्न-भिन्न शास्त्रों, पुराणों आदि के सन्दर्भ का पूरा विवेचन करते हैं। इस व्याख्या की उपलब्धि के समय एक बाधा उपस्थित हुई–'**शुद्धविग्रहाय नमः**' इस नाम से आरम्भ कर चार श्लोकों पर वेंकटाचल पण्डित की व्याख्या उपलब्ध न थी; परन्तु उतने ही अंश की रामचन्द्र पण्डित द्वारा विरचित व्याख्या है। मैसूर के संस्करण में रामचन्द्र की व्याख्या को अन्त में जोड़ दिया गया है।

श्रीभास्करराय का समय १७४१ खिस्ताब्द है। विभिन्न ग्रन्थों में तत्तत् संवत् का उल्लेख किया गया है। यद्यपि वेंकटाचल पण्डित का समय-निर्धारण कहीं नहीं है, तो भी अनुमानतः अठारहवीं शताब्दी के अन्त या उन्नीसवीं शती के आरम्भ में उनका समय माना गया है और इस टीका का दक्षिण भारत में शीघ्र प्रचार भी हुआ।

इस ग्रन्थ में शंकर-संहिता तथा शिवरहस्य में उल्लिखित अष्टोत्तरशत नाम लिये गये हैं। श्रीभास्करराय की कृतियों में साधारण रचना नहीं होती। उसमें अनेक प्रयोजन समाविष्ट रहते हैं। शास्त्रीय व्याख्या के साथ प्रत्येक श्लोक एक नये छन्द में बनाया गया है। इससे छन्दःशास्त्र के सम्बन्ध में भी ज्ञान होगा। इस प्रकार अष्टोत्तरशत छन्दों का परिचय देना भी एक उद्देश्य है।

श्रीभास्करराय अन्य शास्त्रों के समान छन्दःशास्त्र के भी विशिष्ट विद्वान् थे। उनके छन्दोभास्कर, छोटी वृत्ति, वृत्तचन्द्रोदय आदि ग्रन्थ हैं। टीकाकार के अनुसार ये शिवनाम स्कन्दपुराण में भी हैं। इस व्याख्या के ब्याज से आचार्य ने 'शिव' की ब्रह्मरूपता तथा श्रुति-स्मृति-पुराण-तन्त्रों की अनुगामिता सिद्ध की है। साथ ही अनेक कथाओं के अनुसार विशिष्ट क्षेत्रों का महत्त्व भी दिखाया है। इस शतनाम व्याख्या के अन्तिम पद्य में आचार्य ने लिखा है–

इयं शम्भोरष्टोत्तरशतकनामार्थविवृति-
र्विजातीयैरष्टोत्तरशतकवृत्तैर्विरचिता।
फलं नामस्वर्थावगतिषु च भूम्नैव विदितं
बहूनां वृत्तानां प्रमितिरधिकाप्यत्र फलति॥

अर्थात् शम्भु के अष्टोत्तरशतनाम की व्याख्या नये : अष्टोत्तर छन्दों में निबद्ध है। भगवान् के नाम और नामार्थ के विवेचन से अखण्ड पुण्य प्राप्त होगा ही। साथ ही बहुत से नये (अप्रसिद्ध) छन्दों का ज्ञान भी इसका फल है।

इस ग्रन्थ का नाम 'शिवनामकल्पलतालवाल' है। 'लता' के नीचे जल भरने के स्थान को 'आलवाल' कहा जाता है। यहाँ शिव नाम ही कल्पलता है। सम्पूर्ण कामना देनेवाली दिव्य लता मानी गई, तो उसका अर्थरूपी 'आलवाल' भी उसके अनुरूप होना चाहिये। अतः आचार्य ने इस व्याख्या को 'रत्नावाल' कहा है। 'आलवाल' और 'आवाल' दोनों समान अर्थ के शब्द हैं। इसी भाव के अनुरूप टीकाकार वेंकटाचल पण्डित ने व्याख्या का नाम 'सुधापूर' अर्थात् अमृतमय जल रखा है। इस प्रकार नामों में रूपक अलंकार का पूर्ण निर्वाह हुआ है। इसके प्रारम्भ में कुछ श्लोक इस प्रकार हैं–

मोक्षस्यैकनिदानमब्जनयनब्रह्मेन्द्रचन्द्रादिभि-
र्देवैः प्राणपदीकृतं कलिमलप्रध्वंसि धर्माङ्कुरः।
भारत्याऽपि सुदुर्निरूपमहिम त्रय्यन्तरे गोपितं
वक्तुर्मङ्गलदं शिवेति विमलं नामैव नस्तारकम्॥

इसका आशय यह है–जो मोक्षरूपी परम पुरुषार्थ का मूल कारण है और जिसे विष्णु, ब्रह्मा, इन्द्र, चन्द्र प्रभृति देवों ने अपने प्राण के समान माना है, और जो कलिकाल में सुलभ पापराशि का नाशक है (इससे सभी प्राणियों का इसमें

अधिकार सिद्ध होता है), और जो धर्म का उत्पत्ति स्थान है, सभी शास्त्रों की अधिष्ठात्री स्वयं भगवती भारती भी जिसका माहात्म्य वर्णन करने में अपने को असमर्थ अनुभव करती है, त्रयी अर्थात् वेदत्रयी के बीच में जो सुरक्षित है। इसका तात्पर्य यह है कि वेदों का मध्य यजुर्वेद हुआ। यजुर्वेद सप्तकाण्डात्मक है। उसका भी मध्यभाग चतुर्थ काण्ड है, उसी में रुद्राध्याय है। उसमें भी 'नमः सोमाय च' इत्यादि अनुवाक हैं। उसके मध्यभाग में 'नमः शिवाय च' यह षडक्षर मन्त्र है। शंकर-संहिता का वचन भी है–

नमः सोमाय चेत्यत्र वरा पञ्चाक्षरी मता।
तन्मध्ये जीवरत्नं स्यात् शिव इत्यक्षरद्वयम्॥

वक्ता को सहजभाव से पढ़ने या उच्चारण करने वाले को भी मंगल देने वाला फिर ध्यानादि की तो बात ही क्या है ?

विमलम्–शैव सिद्धान्त में तीन प्रकार के मल माने गये हैं–आणव, कार्मण और मायीय। इन तीनों को संसार में बाँधने वाले मलों को तत्काल नाश करने वाला 'शिव' यह नाम ही हमारा तारक उद्धार करने वाला है।

अब अन्य देवताओं के नाम-माहात्म्य से 'शिव' की विशेषता प्रदर्शित करने के लिये दूसरा श्लोक इस प्रकार है–

आनन्त्यौदार्यसत्यादृतिमृतिधृतिभिः स्वल्पसेवातितोषात्
सङ्कष्टोच्छित्त्युपेक्षाभयहितवचनैरुत्तमत्वाच्च शम्भुः।
सेव्यो विष्णूपमन्युद्रुहिणमुनिसुतश्रीदमन्थेच्छुदेवै-
र्दक्षश्रीरामवेदैरशिशुपशुवधूराक्षसैः साक्षिभिर्नः॥ ३॥

इस श्लोक में अनेक घटनाओं के द्वारा भगवान् की ही सेवनीयता प्रमाणित की गई है। इसमें नौ प्रमाण और नौ साक्षियों का वर्णन है।

'आनन्त्य'–भगवान् शिव के ज्योतिर्मय लिङ्ग का आदि-अन्त देखने के लिए ब्रह्मा-विष्णु ऊपर और नीचे गये थे; परन्तु उसका अन्त नहीं मिला। ब्रह्मा ने मैंने अन्त देखा' ऐसा मिथ्या कहा था। अतः उन्हें शाप भी मिला; परन्तु विष्णु भगवान् ने सत्य ही कहा था। यह 'सत्यादृति' है। 'मृतिधृति' मरण को भी रोकना–इसमें महर्षि मार्कण्डेय की कथा प्रसिद्ध है। भगवान् शिव की कृपा से उनकी मृत्यु भी नष्ट हो गयी थी और वे चिरजीवी हो गये थे।

औदार्य–उदारता के लिये 'उपमन्यु' की कथा स्मरणीय है, जिनको साधारण दुग्ध भी दुर्लभ था। उनको सम्पूर्ण दुग्धसागर ही भगवान् ने प्रदान कर दिया।

स्वल्पसेवातितोषात्–इसमें कुबेर की कथा प्रमाण है। जो पहले साधारण दुर्बल बालक था तथा माता-पिता ने उसे घर से निकाल दिया था; परन्तु दैववशात्

घूमते हुए शिव मन्दिर में पहुँचा। उसको अत्यन्त भक्ति उत्पन्न हुई। वहाँ पर रखे हुए प्रदीप की बाती के जल जाने से वह (प्रदीप) बुझने जा रहा था, उसने अपने वस्त्र को फाड़कर भगवान् पर पड़ने वाले प्रकाश के बढ़ने के लिये दीपक की बाती बढ़ा दी। उसकी इस अत्यल्प सेवा से भी शिव प्रसन्न हुए और उसे ऐश्वर्य और दिशा का अधिपतित्व भी दिया। इसी का नाम कुबेर था।

सङ्कष्टोच्छित्ति–अमृतमन्थन के समय समुद्र से भयानक ज्वालामय विष निकला, जिसे ग्रहण करना किसी भी देवता के वश की बात नहीं थी। भगवान् ने जगत् की करुणा से उसका पान कर उसे 'कण्ठ' में नियन्त्रित किया, इसीलिये उन्हें 'नीलकण्ठ' भी कहते हैं।

उपेक्षाभय–उपेक्षा करने पर भय या दण्ड देने की भी उनकी शक्ति असीम है। दक्ष ने जान-बूझकर उपेक्षा की थी, उसका फल उसके यज्ञ का ध्वंस तथा शिरश्छेद वीरभद्र ने किया, यह कथा भी प्रसिद्ध है।

हितवचनैः–भगवान् राम को शिव ने उपदेश दिया था, जो 'शिवगीता' के रूप में प्रसिद्ध है।

उत्तमत्वात्–वेदों ने किसी प्रसंग में शिव की सर्वोत्तमता एक स्वर से स्वीकार की थी। यह कथा काशीखण्ड आदि ग्रन्थों में प्रसिद्ध है। इनके साक्षी हैं–विष्णु, उपमन्यु, द्रुहिण, मुनिसुत, श्रीद, मन्थेच्छु, देव, दक्ष, श्रीराम और वेद। शिशु, पशु, वधू और राक्षस इनसे भिन्न साक्षी हैं। इसका तात्पर्य किसी विष्णुभक्त ने ऐसा ही श्लोक उनके विषय में लिखा है; परन्तु उनके साक्षी शिशु, पशु, वधू और राक्षस भी हैं, जिनको उत्तम साक्षी नहीं कहा जाता। वह श्लोक निम्नाङ्कित है–

वात्सल्यादभयप्रदानसमयादार्तार्तिनिर्वापणाद्
औदार्यादघशोषणादगणितश्रेयःपदप्रापणात् ।
सेव्यः श्रीपतिरेक एव जगतामेते च षट् साक्षिणः
प्रह्लादश्च विभीषणश्च करिराट् पाञ्चाल्यहल्याध्रुवः ॥ ४ ॥

इसके आगे श्लोक है–

स्वामिन् कर्मणि कायिके न जरसा शक्तोऽस्मि नो मानसे
चाञ्चल्यान्मनसो न निर्धनतया पूर्तेष्टदानादिके।
तस्माद्वाचिकमेव कर्म विदुषां साध्यं विदित्वा भवन्
नाम्नामष्टशतं निरुच्य जनुषः साफल्यमीहेतमाम् ॥ ५ ॥

इसका आशय यह है–हे स्वामिन्! वृद्धावस्था के कारण शारीरिक सेवा करने में मैं असमर्थ हूँ। मन स्वभावतः चञ्चल है, अतः मानसिक भी करना कठिन है। स्वयं निर्धन होने के कारण दान-धर्म, यज्ञ-याग या कूप-तडाग आदि बनवाने में मैं

असमर्थ हूँ। अतः शास्त्र-ज्ञान होने के कारण वाचिक कर्म ही मेरे लिये साध्य है। इसलिये आपके अष्टोत्तरशतनामों की व्याख्या लिखकर अपने जीवन को सफल बनाना चाहता हूँ। आगे का पद्य है–

शिवनामकल्पवल्ल्याः शिवचरितानन्दकाननभवायाः।
रुचिरं रत्नावालं रचये सत्पद्यरत्नवरैः॥ ६॥

शिवनामकल्पलता शिवचरितरूपी आनन्दकानन में उत्पन्न हुई। उसका सुन्दर आलवाल रत्नमय मनोरम पद्यों से बना रहा हूँ। शिवरहस्य तथा शंकर-संहिता में ये नाम पठित हैं; परन्तु शिवरहस्य में 'शरीरार्धमहम्' इत्यादि बत्तीस श्लोकों के बाद 'शिवो महेश्वरः' इत्यादि तेरह श्लोकों से अष्टोत्तरशतनाम बताकर 'इमानि दिव्यनामानि' इत्यादि आठ श्लोक पठित हैं। शंकर-संहिता में इसी में प्रथम भाग के आदि और अन्त के दो श्लोक पठित हैं। बीच में नाम दिये हैं और अन्त में 'एवमष्टोत्तरशतं' इत्यादि नौ श्लोक दिये हैं, यह कुछ भेद है। 'नामकल्पलतेयं मे सर्वाभीष्टप्रदायिनी' इस शिवरहस्य की उक्ति के कारण ही श्रीभास्करराय ने 'नामकल्पलतालवाल' यह नाम रखा है।

इस अष्टोत्तरशतनाम के विषय में शिवरहस्य, वातुलशुद्धागम आदि ग्रन्थों में चर्चा की गई है। टीकाकार ने उस पर पर्याप्त प्रकाश डाला है। ये नाम भी वेदों की तरह अनादिसिद्ध हैं। अष्टोत्तरसहस्रनामों से ही अष्टोत्तरशतनाम स्वयं भगवान् शिव ने निकाले हैं। इसके पाठ के विधान के लिये टीकाकार ने निम्नांकित विधान उद्धृत किया है–

ॐ अस्य श्रीपरमशिवाष्टोत्तरशतनामकल्पलतास्तोत्रमहामन्त्रस्य नारायण ऋषिः, अनुष्टुप् छन्दः, श्रीसदाशिवो देवता, श्रीसाम्बशिवप्रीत्यर्थं जपे विनियोगः।

अथ ध्यानम्–**धवलवपुषमिन्दोर्मण्डले सन्निविष्टं**
भुजगवलयहारं भस्मदिग्धाङ्गमीशम्।
हरिणपरशुपाणिं चारुचन्द्रार्धमौलिं
हृदयकमलमध्ये सन्ततं चिन्तयामि॥

हरिण, परशु के साथ वर और अभय भी लेना चाहिये। कामिक आगम मे भी वचन है–

जपमाले तु मन्त्रस्य ध्येयो देवश्चतुर्भुजः।
वराभयपरश्वेणलसत्करसरोरुहः॥

अतः पूर्वोक्त ध्यान में चारों आयुध-मुद्राओं को लेना चाहिये। आरम्भ के नामों में '**शिवो महेश्वरः शम्भुः**' इत्यादि हैं। उनमें प्रथम **शिव** नाम की व्याख्या करते हुए आचार्य लिखते हैं–

प्रकृत्या नैर्मल्यादमलगुणयोगादपि शमा-
ज्जगत्यधारत्वाद् भजदमृतदानाच्च भवतः ।
बलादिच्छाशक्तेः प्रथितपुरि भद्रश्रव इति
प्रतीतस्त्वं लिङ्गे त्रिपुरहर ! तस्मादसि 'शिवः' ॥ ७ ॥

स्वभावतः निर्मल होने से शिव कहे गये । **'वशकान्तौ शिवः स्मृतः'** इत्यादि प्रमाणों के अनुसार वर्णव्यत्यय से शिव शब्द की व्युत्पत्ति मानी गई है । निर्मल गुणों के योग से भी शिव कहा है । शैवदर्शन के मलों की चर्चा पहले की गई है । शम से, शान्ति से भी शिव का समर्थन है । 'शाम्यतीति शिवः' यह व्युत्पत्ति माननी होगी । 'शेते जगद् अस्मिन्' यह सारा संसार शिव में ही रहता है । अतः वे संसार के आधारस्वरूप भी हैं । भजनकर्ता को 'अमृतपद' अर्थात् 'शिवपद' देने से भी शिव हैं । इच्छा-शक्ति के आश्रय होने से भी शिव हैं । आगमों का वचन है–

अनादिनिधनात् शान्तात् शिवात्परमकारणात् ।
इच्छाशक्तिर्विनिष्क्रान्ता ततो ज्ञानं ततः क्रिया ॥

शिव के अट्ठासी क्षेत्रों की गणना काशीखण्ड में की गई है । उसमें **'भद्रकर्णह्रदे शिवम्'** यह वचन है । भद्रकर्ण क्षेत्र का शिवलिङ्ग 'शिव' शब्द से अभिहित है ।

इस प्रकार से प्रत्येक नाम के शब्दों की व्युत्पत्ति तथा प्रासङ्गिक कथा शिवक्षेत्रों का परिचय आदि जो विभिन्न शास्त्रों, पुराणों और तन्त्रागमों में है, दिया गया है ।

दूसरा नाम **'महेश्वर'** है उसकी व्याख्या इस प्रकार है–

तवेश्वरत्वं त्रिजगद्विलक्षणं
त्वमीश्वराणां महतामपीश्वरः ।
जगत्तिरोधानकरः श्रुतीरितः
त्वं पञ्चविंशोऽपि परो 'महेश्वरः' ॥ ८ ॥

भगवान् का 'ईश्वरत्व' सामर्थ्य रखना सारे संसार की परिपाटी से भिन्न है । गुह्याङ्गरूपी लिङ्गाकार से प्रकट होना तथा उसकी ही पूजा करवाना अन्य किसी भी देवता के लिये सम्भव नहीं है । महाभारत का कथन है–

सत्येन ब्रह्मचर्येण लिङ्गमस्य यथास्थितम् ।
समर्चयन्ति लोकाश्च महेश्वर इति स्मृतः ॥

महताम् बड़े इन्द्रादि देवों के भी ईश्वर हैं । महाभारत कहता है– **'सेन्द्रादिषु च देवेषु तस्य चैश्वर्यमुच्यते'** । जगत् का तिरोधान (विलय) करने वाले भी आप ही हैं । शैव शास्त्रों में भगवान् में सृष्टि आदि पञ्चकृत्य उपवर्णित हैं । यह बात श्रुति-वचनों से भी सिद्ध है–

यो वेदादौ स्वरः प्रोक्तो वेदान्ते च प्रतिष्ठितः।
तस्य प्रकृतिलीनस्य यः परः स महेश्वरः॥

'तमीश्वराणां परमं महेश्वरम्' इत्यादि भी वचन हैं। भगवान् शंकर के चन्द्रशेखर आदि नाम वाले नामों में पचीसवाँ नाम उनका है; परन्तु वे सर्वातीत परमशिव ही वास्तविक रूप में हैं।

इसके आगे **'शम्भु'** नाम है। उसकी व्याख्या इस प्रकार की है–

शं भावयसि च भवसे शं च भवसि चेति वा देव !!
त्वं देवदारुविपिने लिङ्गे प्रथितोऽस्यतः 'शम्भुः' ॥ ९ ॥

शं अर्थात् सुख को देने वाले अथवा सुख को प्राप्त करने वाले आनन्दस्वरूप, शं सुख-रूप सत्ता के आश्रय। यह 'शम्भु' नामक शिवलिङ्ग देवदारुवन क्षेत्र में प्रसिद्ध है। **'देवदारुवने शम्भुं'** यह पुराण का वचन है। इस पद्य में आर्या छन्द का 'उपगीति' नामक भेद है। छन्दों के विषय में इस अध्याय के अन्त में एक सूची मेरे द्वारा पृ. १३५-१३८ पर दी गयी है।

अग्रिम नाम **'पिनाकी'** है। उसकी व्याख्या है–

नाकोऽपि येन पिहितो मुनिकण्वमूर्ध-
वल्मीकवेणुजधनुस्त्रितयाग्रजन्मा।
यः सप्तशीर्षफणिरूप उदारकर्मा
चापस्तमावहसि नाथ ! ततः 'पिनाकी' ॥ १० ॥

'पिनाक' शिव के धनुष का नाम है। त्रिपुरासुर के युद्ध के समय इसका उपयोग हुआ था। प्रसंगवश उस धनुष की उत्पत्ति की कथा इसमें आ गई है। किसी समय 'कण्व' नामक महर्षि ने अत्यन्त उग्र तप किया। उस समय उनके मस्तक पर वल्मीक (बाँबी) जम गई थी, उसमें बाँस का वृक्ष उत्पन्न हुआ। उसी के अंश से तीन धनुष बने। शिव का पिनाक, विष्णु का शार्ङ्ग और अर्जुन का गाण्डीव। 'यह पिनाक सातफण वाले सर्प की आकृतिवाला और अत्यन्त तेजस्वी है' इत्यादि वर्णन महाभारत की उपमन्यु कथा में आया है। श्रुति भी कहती है– **'नमस्ते अस्तु धन्वने'** इत्यादि।

इसके आगे **'शशिशेखर'** नाम है। इसकी व्याख्या इस प्रकार है–

मतिमयोऽखिलजीवसमष्टिरप्यमथि दक्षमखे हिमगुर्वृथा।
इति धिया दयया विधृतस्त्वया शिरसि तेन भवान् 'शशिशेखरः' ॥ ११ ॥

चन्द्रमा ज्ञानस्वरूप एवं सम्पूर्ण जीवों की आत्मा है; परन्तु दक्षयज्ञ के अवसर पर मैंने (शिव ने) उसे व्यर्थ पैरों से आहत किया। अतः उसके प्रति दया के कारण आपने अपने मस्तक पर उसे धारण किया। अतः 'शशिशेखर' नाम सार्थक हुआ।

इसके आगे नाम है **'वामदेव'** । उसकी व्याख्या द्रष्टव्य है—

वामार्धेन क्रीडसि त्वं त्रिलोकी-
वक्राचारो वल्गुमोदोऽसि तस्मात् ।
विश्वोत्तीर्णः स्रष्टृतामप्यतीतः
प्रेयानात्मा कथ्यसे 'वामदेवः' ॥ १२ ॥

आप वामार्ध अर्थात् पार्वती के साथ क्रीडा करते हैं । सम्पूर्ण त्रैलोक्य से आपका आचार उलटा है । श्मशानवास, कपालमाला धारण, मुखवाद्य 'बं बं' इत्यादि से प्रसन्न होना इत्यादि विलक्षण आपका आचार है और सर्वदा आनन्दमग्न रहते हैं । अतएव आप विश्व से उत्तीर्ण हैं । सब तत्त्वों के ऊपर परमशिव रूप में प्रतिष्ठित हैं । स्रष्टा प्रजापति से भी आप ऊपर हैं । यह प्रिय आत्मा आपका ही स्वरूप है । भगवान् की अष्टमूर्तियों की गणना में 'यजमान' मूर्ति पुरुष रूप में परिगणित है । श्रुति भी कहती है—**'आत्मा यजमानः'** अतः 'वामदेव' नाम प्रसिद्ध हुआ ।

इसके बाद का नाम है **'विरूपाक्ष'** । उसकी व्याख्या है—

विषमाणि विविधशक्तीन्यक्षीणि विलक्षणानि वाक्षाणि ।
हर ! हेमकूटशैले लिङ्गे व्यक्तोऽस्यतो विरूपाक्षः ॥ १३ ॥

विषम संख्यावाले तीन सोम-सूर्य-अग्नि जिनके नेत्र हैं, अथवा इच्छा, ज्ञान, क्रिया ये तीन शक्तियाँ नेत्र रूप में अवस्थित हैं । शैवागम में कहा है—**'इच्छाज्ञानक्रियारूपविलसल्लोचनत्रयम्'** । आपकी इन्द्रियाँ लोकोत्तर हैं । इच्छामात्र से कल्पित हैं । हेमकूट पर्वत के क्षेत्र में विरूपाक्ष नामक लिङ्ग है । **'हेमकूटे विरूपाक्षम्'** यह पद्मपुराण का वचन है ।

इसके आगे **'कपर्दी'** नाम है—

नदीपूरैः शोधादथ सुरधुनीशोधनात्तत्प्रदानात्
कचग्रन्थेर्भेदोऽतिशयितगुणः स्यात्कपर्दो वराटः ।
तदाधारः पूरस्थगनमपि तत्पावनं तत्प्रकाश-
क्षमत्वं मैरालीं प्रथयसि तनुं छागलाण्डे 'कपर्दी' ॥ १४ ॥

अनेक नदियों के सम्पर्क में स्नान करने से और गंगा को भी धारण करने से या गंगा को अपनी जटा के स्पर्श से पवित्र करने से यह नाम है । रामायण का वाक्य है—**'पपात जाह्नवी पुण्या पुण्ये रुद्रस्य मूर्धनि'** । अतिशय गुणवान् होने से (कपर्द) वराटक (कौडी) को धारण करने से भगवान् ने 'मैराल' नामक अवतार में कौड़ियों की माला धारण की थी, यह बात तन्त्रचिन्तामणि में उल्लिखित है और छगलाखण्ड नामक क्षेत्र में निवास करने से वे 'कपर्दी' कहे गये । **'छगलण्डे कपर्दिनम्'** यह पद्मपुराण का वाक्य है ।

इसके बाद 'नीललोहित' की व्याख्या है–

नेमाङ्गनं प्रकृतिपूरुषं रवे-
रन्तश्च रूपयुगवद्वपुस्तव ।
वेधोऽलिकाम्बुकणतोऽरुणा सिता-
ज्जातः शिव त्वमिति 'नीललोहितः' ॥ १५ ॥

अर्धभाग में स्त्री और अर्धभाग में पुरुष रूप धारण करने से अथवा प्रकृति और पुरुष रूप से स्थित होने से अथवा सूर्यमण्डल के अन्दर भी दो प्रकार का रूप होने से अथवा सृष्टिकर्ता ब्रह्मा की इच्छा से उनके ललाट के जलकण (पसीने से) दो रंगवाला शरीर धारण करने से आप 'नीललोहित' नाम से प्रसिद्ध हैं। इन सबका प्रमाण हैं– "अर्धं पुंलक्षणं वन्दे पुरुषं कृष्णपिङ्गलम्" (वेदपादस्तवः)। प्रकृति मायामयी होने से नीलवर्ण है। पुरुष रजःप्रधान होने से रक्तवर्ण है। सूर्यमण्डल के विषय में भी वचन है–'**य एषोऽन्तरादित्ये हिरण्मयः पुरुषो दृश्यते हिरण्यश्मश्रुर्हिरण्यकेशः आ प्रणवात् सर्व एव सुवर्णः असौ योऽवसर्पति नीलग्रीवो विलोहितः**' इत्यादि। ब्रह्मा के ललाट बिन्दुओं से भी नीललोहित तेज उत्पन्न हुआ था।

महाकवि कालिदास ने भी अपने शाकुन्तल नाटक के अन्त में नीललोहित का स्मरण किया है–

प्रवर्ततां प्रकृतिहिताय पार्थिवः सरस्वती श्रुतिमहती महीयताम् ।
ममाऽपि च क्षपयतु नीललोहितः पुनर्भवं परिगतशक्तिरात्मभूः ॥

इस पद्य की टीका में नीललोहित का निम्नाङ्कित प्रमाण है–

वामे मरकतश्यामा दक्षिणे विद्रुमारुणा ।
देवता दम्पतिमयी सा मे कामदुघा भवेत् ॥

इसके आगे 'शङ्कर' नाम की व्याख्या में है–

कर एव सुखं धत्से भक्तानां कुरुषे च तत् ।
पीठे चन्द्रपुराभिख्ये नाम्ना ख्यातोऽसि 'शङ्कर' ॥ १६ ॥

शं अर्थात् सुख कर में है जिसके, जो सर्वदा भक्त के कल्याण का दान हाथ में रखते हैं, वे शङ्कर हैं। अट्ठासी पीठों के अन्तर्गत चन्द्रपुर नामक स्थान में 'शङ्करेश्वर' लिङ्ग है।

इसके आगे 'शूलपाणि' नाम की व्याख्या है–

शिवतृप्तपुरस्य लिङ्गमध्ये
प्रकटः संस्त्रिगुणात्मकाललोकैः ।
शुचिशक्तिदशादिभिस्त्रिशूलं
विदधत्त्वं प्रथितोऽसि 'शूलपाणिः' ॥ १७ ॥

अनेक तीन-तीन पदार्थों को त्रिशूल के रूप में आपने हाथ में ग्रहण किया है। तीन गुण, तीन आत्मा (आत्मा, अन्तरात्मा, परमात्मा), तीन प्रकार का काल, तीन लोक, तीन अग्नि (गार्हपत्य, आहवनीय, दक्षिणाग्नि), इच्छा आदि तीन शक्तियाँ, बाल्य-यौवनादि तीन दशाएँ ये सब त्रिशूल स्वरूप हैं। शूलपाणि का लिङ्ग 'तृप्तपुर' नामक क्षेत्र में है।

आगे का नाम **'खट्वाङ्गी'** है, उसकी व्याख्या है–

द्रुहिणस्यैकं वदनं मिथ्यावचनं दृष्ट्वा सद्यश्छिन्नम्।
न ततो वेधोमरणं शम्भोः क्व पुनर्हिंसाजन्यं पापम्॥
अथ दण्डार्थं वहसि त्वं तज्जनशिक्षार्थं खट्वाया वा।
चरणं यत्तद्विमलं सत्त्वं प्रथितस्तेन त्वं 'खट्वाङ्गी'॥ १८॥

ज्योतिर्मय लिङ्ग के अन्वेषण में ब्रह्मा जी का मिथ्या-भाषण सुनकर उनका एक मस्तक भगवान् ने काट दिया था; परन्तु ब्रह्मा के और मुख थे, इसलिये उनकी हत्या नहीं कही जायगी; परन्तु लोक-शिक्षा के लिये मानों खट्वाङ्ग-दण्डार्ध का धारण करना यह प्रायश्चित्त आपने स्वीकार किया। अथवा खट्वाङ्ग का अर्थ नरमुण्ड लगा हुआ दण्ड यह भी है, अथवा खट्वा खाट का पाया वह भी खट्वाङ्ग है, उसे आप धारण करते हैं। वस्तुतः यह आयुध शुद्ध सत्त्वगुण का प्रवर्तक है। शैवागम का वाक्य है–

इच्छाज्ञानक्रियारूपास्त्रिशूलं शक्तयो मताः।
उक्तास्ता एव खट्वाङ्गः शुद्धसत्त्वप्रवर्तकाः॥

आगे नाम है **'विष्णुवल्लभ'** । इसका व्याख्यान है–

वितरन् हरये तपस्यते पदरेखाजनितं सुदर्शनम्।
वपुरर्धमपि प्रियाय ते प्रथितस्त्वं भुवि विष्णुवल्लभः॥ १९॥

जलन्धर नामक दैत्य के वध के लिये अपने पादाङ्गुष्ठ की रेखा से निकला हुआ 'सुदर्शन' चक्र तपस्या से प्रसन्न होकर विष्णु को दिया था, अथवा 'विष्णु' जिसका वल्लभ उपास्य या प्रिय है, इस समास से अर्थ करने पर अपने अत्यन्त प्रिय मित्र को शरीर का अर्धभाग भी दिया था, जो 'हरिहर' रूप से प्रसिद्ध ध्यान है। अतः विष्णुवल्लभ नाम सफल है।

वातुलशुद्धागम के अनुसार भगवान् शिव की पच्चीस मूर्तियों में तेरहवीं 'हरिहर' की और चौदहवीं 'अर्धनारीश्वर' की है– **'त्रयोदशं हरेरर्धमर्धनारी चतुर्दशम्'** यह वचन है।

शिपिविष्ट, इसकी व्याख्या निम्नाङ्कित है–

पशवः परमात्मनि धीविरहाद्
द्विपदोऽपि नराश्च सुराः शिपयः।
तदनुग्रहकृद् हृदयं प्रविशन्
प्रथितोऽसि विभो 'शिपिविष्ट' इति ॥ २० ॥

इसका आशय है–'शिपि' शब्द पशु का वाचक है, पशु से तात्पर्य केवल सींग-पूँछ वाला पशु ही नहीं; किन्तु शिव का ज्ञान न होना है। अज्ञान ही पशुता का कारण है। अतः दो पैर के नर और सुर भी पशु ही हैं। उनके हृदय में प्रवेश कर आप यथार्थ ज्ञान का प्रकाश करते हैं। अतः शिपिविष्ट नाम हुआ। लिङ्गपुराण का कथन है–

देवादयः पिशाचान्ताः पशवः परिकीर्तिताः।
तेषां पतित्वात् सर्वेशो भवः पशुपतिः स्मृतः॥

अम्बिकानाथ, इसकी व्याख्या–

नाथसि हिमाचलमुमां मनसा तां नाथसेऽथ तन्नाथः।
प्रकटोऽसि देविकायां लिङ्गे तेनाम्बिकानाथः॥ २१ ॥

अम्बिका पार्वती को नाथसि अर्थात् हिमाचल से सप्तर्षियों के द्वारा माँगते हैं, अथवा अम्बिका की प्राप्ति की आशा करते हैं। यहाँ पर 'नाथसे' और 'नाथसि' दो रूपों का प्रयोग किया है। परस्मैपद में याचना अर्थ है, आत्मनेपद का आशंसा अर्थ है। 'आशिषि नाथः' यह विधायक सूत्र है। देविका क्षेत्र में 'अम्बिकानाथ' नामक शिवलिङ्ग है।

श्रीकण्ठ, नाम की व्याख्या–

क्ष्वेलं गङ्गामिन्दोर्लेखामाद्योत्थां वा कान्तिं कण्ठे।
बिभ्रन्माण्डल्येशे लिङ्गे विख्यातोऽसि त्वं 'श्रीकण्ठः' ॥ २२ ॥

यद्यपि 'श्रीकण्ठ' शब्द में विषयुक्त कण्ठ इत्यादि अर्थ अन्य लोगों ने किया है; परन्तु आचार्य 'श्रीकण्ठ' इस पद से ही अनेक वस्तुओं का ग्रहण करते हैं– 'श्रीः' का अर्थ विष, 'क' का अर्थ गङ्गाजल, 'ठ' का अर्थ चन्द्रमा, इन तीनों को धारण करने वाले अथवा विष को कण्ठ में रखने वाले। श्रीकण्ठेश्वर नामक शिवलिङ्ग माण्डल्येश नामक क्षेत्र में वर्तमान है।

भक्तवत्सल, इसकी व्याख्या निम्नाङ्कित है–

दासानुरस्यावपसीति तर्णकान् भक्तात्मकानोदनबालकोभयम्।
पोषाय गृह्णास्यथ तेषु सौहृदं पुष्णासि तस्मादसि 'भक्तवत्सलः' ॥ २३ ॥

जो भक्तों अर्थात् दासों को 'वत्स' में वक्षःस्थल में ग्रहण करते हों, अथवा 'वत्स' शब्द गाय के बच्चे के लिये भी है, अर्थात् भक्तरूप बच्चों का लालन आप

करते हैं। भक्त का अर्थ भात भी है, जो अन्न का उपलक्षण है। भक्तों को अन्न भी आप देते हैं। अतः आप 'भक्तवत्सल' हैं।

भव, इसकी व्याख्या–

सत्तामात्रमधिष्ठानमुपादानमसि विश्वस्य।
सलिलास्याधिष्ठात्री मूर्तिस्तव तेन विश्रुतोऽसि 'भवः' ॥ २४ ॥

'भू' धातु सत्तार्थक है। 'भवत्यस्तीति भवः' इस अर्थ से आप परम सत्तास्वरूप हैं। चराचरात्मक विश्व के आप अधिष्ठान-आश्रय हैं, अतः भव हैं। उपादान प्रवृत्ति का मूल कारण भी आप हैं, अथवा अष्टमूर्ति समष्टिरूप परमशिव से अभिन्न जलमयी आपकी मूर्ति को भव कहते हैं, अथवा परस्पर ब्रह्म-विष्णु-रुद्र जिससे उत्पन्न होते हैं, वह भव हैं।

शर्व, इसकी व्याख्या–

यदेतदाभाति बहुप्रकारं जगत्तदन्ते सकलं शृणासि।
अधिष्ठितो मध्यमदेशलिङ्गे धरण्यधिष्ठातृतयापि 'शर्वः' ॥ २५ ॥

प्रलयकाल में यह दृश्यमान विश्व आपके द्वारा विलीन किया जाता है, 'शृणातीति शर्वः' यह व्युत्पत्ति है। मध्यप्रदेश में 'शर्वेश्वर' नामक लिङ्ग है। अथवा अष्टमूर्तियों में पृथ्वीरूपिणी मूर्ति ही 'शर्व' कही गयी है। शिवपुराण में कहा गया है–

'उर्वी शर्वात्मिका मूर्तिरिति शास्त्रस्य निश्चयः'।

त्रिलोकीश, इसकी व्याख्या–

ऊर्ध्वाधोमध्यभुवाममरासुरमानवप्रकरनिबिडानाम् ।
अन्तर्यमनात् त्रिपुटीसाक्षितया शङ्कर ! 'त्रिलोकीशः' त्वम् ॥ २६ ॥

ऊर्ध्व में अमरगण हैं, अधोभाग में असुर हैं, मध्यभाग में मानव समुदाय है। इस प्रकार के तीनों लोकों का नियन्त्रण अथवा प्रेरणा देना आपका ही कार्य है और त्रिपुटी ज्ञाता, ज्ञान और ज्ञेय इन तीनों में आप ही साक्षी हैं, अतः त्रिलोकीश हैं। इस विषय में श्रुति भी प्रमाण है–'**एको देवः सर्वभूतेषु गूढः सर्वव्यापी सर्वभूतान्तरात्मा**' इत्यादि।

शितिकण्ठ इसकी व्याख्या–

दधदधिगलमिन्द्रपविप्रहृतिप्रभवं कालम्।
कालञ्जरगिरिशिखरे प्रथितस्त्वं शितिकण्ठः ॥ २७ ॥

किसी प्रसंग में इन्द्र ने शिव पर वज्रायुध से प्रहार किया था। उससे कण्ठ में नीला दाग पड़ गया। यह कथा हरिवंश में कृष्णकृत बिल्वोदकेश्वरस्तोत्र में आई है। कालञ्जर नामक क्षेत्र में शितिकण्ठ नामक लिङ्ग उपवर्णित है।

शिवाप्रिय, इसकी व्याख्या–

वतिर्धृतिः कृतिर्बलं शरीरमिन्द्रियं मनः।
समस्तमेव ते शिवा भवानतः 'शिवाप्रियः' ॥ २८ ॥

भगवान् परमशिव की धृति, कृति, बल, शरीर, इन्द्रिय, मन ये सभी शिवा (पार्वती) का स्वरूप है, अर्थात् समस्त प्रपञ्च का विलास करने वाली शिवा चिच्छक्ति है और वह आपको प्रिय है या आप उसके प्रिय हैं। इस पर महाकवि नीलकण्ठ दीक्षित का पद्य है–

शक्तिः शरीरमधिदैवतमन्तरात्मा
ज्ञानं क्रिया करणमासनजालमिच्छा।
ऐश्वर्यमावरणमायतनानि च त्वं
किं तन्न यद् भवसि देवि ! शशाङ्कमौलेः ॥

उग्र, इसका व्याख्यान–

उच्चस्यन्तर्निखिलजनानामुद्गच्छस्यप्यथ जगदूर्ध्वम्।
प्रव्यक्तः सन् कनखललिङ्गे वायोरन्तर्वससि तद् 'उग्रः' ॥ २९ ॥

सभी प्राणियों में उच्चसि अर्थात् समोविष्ट हो। उद्गच्छसि ऊर्ध्वभाग में अपने स्वरूप से व्याप्त हो। 'कनखल' क्षेत्र में वायुतत्त्व की अधिष्ठात्री शिवमूर्ति का नाम 'उग्र' है। शिवपुराण कहता है–

स्पन्दयन् पवनो विश्वं बिभर्ति स्पन्दते च यत्।
उग्र इत्युच्यते सद्भिर्मूर्ती रुद्रस्य वेधसः ॥

कपाली- पद का व्याख्यान–

कमलभवकरोटिव्रातमालाधरत्वात्
तदधिकबलशाली भासि कङ्कालनाथः।
परशिव करवीरक्षेत्रमध्यस्थलिङ्गे
निवससि सुरवन्द्यो नामतस्त्वं 'कपाली' ॥ ३० ॥

हे भगवन् परमशिव ! आपने अनेक ब्रह्म कपाल मालाओं को धारण किया है। तात्पर्य यह है कि अनेक सृष्टियों के अनेक ब्रह्मा मूर्तियों के कपाल आपने धारण किये हैं। इससे आपका बल स्वयं ही मालूम होता है। कङ्कालनाथ नाम पच्चीसमूर्तियों के अन्तर्गत एक मूर्ति का है। वातुलागम का वचन है–'**कङ्कालं षोडशं भवेत्**'। करवीर क्षेत्र में लिङ्गरूप से 'कपाली' नाम से आप देवताओं से पूजित हैं।

कामारि की व्याख्या–

कर्पूरश्वेतत्वं कामेच्छोर्दूरे निष्कामानामासन्नः।
दर्पं कन्दर्पस्य प्रक्षिण्वन् विख्यातोऽभूर्लोके 'कामारिः' ॥ ३१ ॥

हे कर्पूरधवल ! काम अर्थात् कामना के आप अरि (शत्रु) हैं। आपको कामना करने वाला प्रिय नहीं है और निष्काम त्यागी तपस्वियों के लिये आप सुलभ हैं। अथवा कामदेव का नाश करने से भी आप कामारि कहे गये। शिवगीता का वचन है–

यावज्जीवं विरक्तः सन् लिङ्ग एवार्चयेत् शिवम्।
एकेन जन्मना तस्य ददाम्यन्ते परं पदम्॥

अन्धकासुरसूदन की व्याख्या–

लीलया जगदम्बया पिहितेषु ते नयनेष्वभू-
दन्धकारत एव यः स तु भैरवेण निषूदितः।
तादृशः कृपया त्वया गाणपत्यमवापितः
प्रेमवानपि नामतः पुनरन्धकासुरसूदनः॥ ३२॥

वाराहपुराण में यह कथा प्रसिद्ध है कि किसी समय जगदम्बा पार्वती ने लीलावश शिव के नेत्रों को हाथों से ढँक दिया, तो भीतर अन्धकार हो गया। उस समय अन्धकार से अन्धकासुर की उत्पत्ति हुई। यद्यपि देवी ने उसे पुत्रवत् माना था; परन्तु तामसी स्वभाव के कारण वह समस्त संसार को पीड़ित करने लगा। तब शिव के ही अवतार भैरव ने शूल से उसे विदारित कर ललाट की ज्वाला से तपाया। इससे उसका प्रायश्चित्त हो गया और पुनः देवी की अमृतमय दृष्टि से उज्जीवित हो गया। भगवान् के गणों में उसे स्थान मिला। अतः 'अन्धकासुरसूदन' नाम सार्थक है।

गङ्गाधर की व्याख्या–

अमरतटिनी निजं बलमवेक्ष्य गर्वाद्भव-
च्छिरसि गगनादपीपतदतीव वेगोद्धुरा।
पटुतरजटाटवीमुपगता न दृष्टा क्वचित्
परमशिव ! तां दधन्निगदितोऽसि 'गङ्गाधरः' ॥ ३३॥

भगीरथ की प्रार्थना से भूतल पर अवतीर्ण होने वाली गंगा को गर्व हो गया कि मेरे वेग को कौन सह सकता है। इस पर देवताओं की प्रार्थना से भगवान् शिव ने उसे धारण करना स्वीकार किया। गंगा बड़े वेग से शिव की जटाओं में गिरने लगी, परन्तु उनकी जटाओं में समा गई। तब आगे देवों की प्रार्थना पर भगवान् ने उसे जटा से मुक्त किया था। इस प्रसंग पर अप्पय दीक्षित का पद्य 'ब्रह्मतर्कस्तव' में है–

गङ्गा धृता न भवता शिव पावनीति
नास्वादितो मधुर इत्यपि कालकूटः।
संरक्षणाय जगतां करुणातिरेकात्
कर्मद्वयं कलितमेतदनन्यसाध्यम्॥ ३४॥

कालकाल की व्याख्या—

मार्कण्डेयः कालमुखाद्विमुक्तो
दग्धो रुद्रः काल इति प्रसिद्धः ।
तुर्यां मूर्तिं बिभ्रदुमादिनाथ
प्रख्यातोऽसि त्वं भुवि 'कालकालः' ॥ ३५ ॥

लिङ्गपुराण में मार्कण्डेय की कथा प्रसिद्ध है कि स्वयं उपस्थित काल को भगवान् शङ्कर ने पराजित कर मार्कण्डेय की रक्षा की तथा चिरायु का वर भी दिया था । रुद्र का एक रूप कालाग्नि है, उसका भी भगवान् अन्त में संहार करते हैं ।

'कालं कालयति नाशयति' यह व्युत्पत्ति है । परमशिव की पच्चीस मूर्तियों के अन्तर्गत अष्टमी मूर्ति को ही कालकाल कहा गया है, उसे धारण करने वाले । वातुलशुद्ध का वचन है—**'कालकालमथाष्टमम्'** ।

कृपानिधि की व्याख्या—

दैतेयेषु जलन्धरादिषु स्वीयानामपकारकेष्वपि ।
सालोक्यादिपदानि दित्ससि त्वं ख्यातोऽसि ततः 'कृपानिधिः' ॥ ३६ ॥

कृपा का वास्तविकी तो प्राणिमात्र के सन्ताप हरण करने की इच्छा ही है । जो देवताओं को सर्वदा पीडित करते थे, ऐसे जलन्धर आदि राक्षसों को भी आपने सालोक्य, सामीप्य, सायुज्य आदि पद देकर कृतार्थ किया । प्रत्यक्ष वैरियों पर भी कृपा करना आपका स्वभाव है—यह कथा लिङ्गपुराण में है । अतः आप कृपानिधि हैं ।

भीमः की व्याख्या—

भिया वातो वाति ज्वलनदिनकरौ शक्रमृत्युप्रचेतो-
मुखा देवास्त्वत्तो भयचकितहृदस्तत्पराः स्वस्वकार्ये ।
नभोऽधिष्ठात्री ते तनुरतिविपुला सप्तगोदावरे च
प्रतीतस्त्वं लिङ्गे गिरिवरतनयानाथ तेनाऽसि 'भीमः' ॥ ३७ ॥

सम्पूर्ण जगत् के नियन्ता परमेश्वर के भय से ही वायु, अग्नि, सूर्य, इन्द्र, मृत्यु, वरुण प्रभृति देवता अपने कार्यों में लगे रहते हैं । इसलिये आप 'भीम' अर्थात् भयजनक कहे गये हैं, अथवा आपकी आकाशमयी मूर्ति भीम नाम से प्रसिद्ध है । उसका स्थान सप्तगोदावर नामक है, जहाँ गोदावरी सात धाराओं में बहती है । जगन्नियामकता के विषय में श्रुति भी कहती है—

भीषाऽस्माद् वातः पवते भीषोदेति सूर्यः ।
भीषाऽस्मादिन्द्रश्चाऽग्निश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः ॥

परशुहस्त की व्याख्या—

अमोघचरितत्वं व्यनक्ति परशुस्ते ।
शिवागमवचोभिस्ततः 'परशुहस्तः' ॥ ३८ ॥

हे भगवन् ! आपका परशु असीम शक्तिसम्पन्न है—यह बात शिवागमों के वचनों से प्रमाणित है । **'त्रैगुण्यं शूलमेतस्य परशुः सत्यनिष्ठता'** इत्यादि प्रमाण हैं ।

मृगपाणि की व्याख्या—

दारुवनस्थैस्त्वाभिचरद्भिः प्रेषितः एणो वेदशरीरः ।
याचनमुद्रा वा तव हस्ते तत्प्रथितोऽसि त्वं 'मृगपाणिः' ॥ ३९ ॥

दारुक वन में अपने स्वरूप से मुनि-पत्नियों का मोहन शिव ने किया था । उससे क्रुद्ध होकर चौदह हजार ऋषियों ने अभिचार (मारणप्रयोग) के रूप में मृग को भेजा । भगवान् ने उसे अपने हाथ में धारण कर लिया, अथवा याचन की मुद्रा भी मृग का ही रूप है । याचनमुद्रा से भक्तों की कामना पूर्ण करने की सूचना मिलती है । मृत्युञ्जय के ध्यान में मृग को वेद कहा है—**'स्वकरकलित-मुद्रापाशवेदाक्षमालम्'** ।

जटाधर की व्याख्या—

द्विविधतनुको दक्षध्वंसे बभूविथ यः पुरा
मृगमनुययावेकोऽन्यस्तु स्थितो मखमण्डपे ।
अखिलसरितः पारावारान् पवित्रतरान् धरान्
शिरसि कचतापन्नान् बिभ्रच्छ्रुतोऽसि 'जटाधरः' ॥ ४० ॥

वामनपुराण में कथा है—दक्षयज्ञ के ध्वंस के प्रसंग में परमशिव के कोपाग्नि के भय से यज्ञपुरुष मृग रूप से भागा । अन्य देवता भय से स्तब्ध होकर यथास्थान बैठे रहे । उस समय भगवान् ने दो रूप धारण किये—एक तो धनुर्बाणयुक्त किरात का, जिससे यज्ञ-मृग का पीछा किया और दूसरा जटा आदि से युक्त तापस वेष का । दूसरे रूप से यज्ञशाला में स्थित लोगों का ताडन किया । यही रूप 'वीरभद्र' के नाम से ज्ञात है और सम्पूर्ण नदियाँ, समुद्र, बड़े पवित्र पर्वत ये सभी आपके जटा के रूप में परिणत हुए । उनके धारण करने से आपका जटाधर नाम प्रसिद्ध हुआ ।

कैलासवासी की व्याख्या—

हरेर्मूर्ध्नि मेरौ हिमे मन्दराद्रौ
भवत्केलिभूमौ भवत्कर्मगम्याः ।
तदूर्ध्वं परा ज्ञानलभ्याऽस्ति तासु
स्थितत्वेन जातोऽसि 'कैलासवासी' ॥ ४१ ॥

कैलास शब्द की व्युत्पत्ति है—केलीनां विलासानां समूहः कैलम्, आस्यतेऽस्मिन्निति आसः कैलासः । यहाँ भगवान् की विहार-भूमि से तात्पर्य है । यह कैलास विभिन्न स्थानों में है—विष्णुलोक वैकुण्ठ के ऊपर एक, हिमालय में दूसरा, मन्दराचल में तीसरा और सुमेरु पर्वत पर चौथा । इन स्थानों में वे ही जा

सकते हैं, जो आपकी उपासना से जीवन्मुक्त हो गये हैं। इन चारों स्थानों से ऊपर भी 'परा' भूमि है, जो अत्यन्त शिवैकनिष्ठ योगियों को ही प्राप्य है। इन नाना प्रकार के कैलास स्थानों में वास से 'कैलासवासी' नाम प्रसिद्ध है। इसके लिये उत्तररामायण, कूर्मपुराण, स्कन्दपुराण, शिवधर्मोत्तर आदि ग्रन्थों में प्रमाण उपलब्ध हैं।

कवची की व्याख्या–

वर्माभावे परशरनयनैः स्पृश्यो दृश्यो भवति हि सकलः।
स्वातन्त्र्येण द्वयमपि तिरयन् दुष्प्रापत्वात्प्रभवसि 'कवची' ॥ ४२ ॥

कवच के अभाव में कोई भी पुरुष दूसरों की दृष्टियों और बाणों का लक्ष्य बन सकता है; परन्तु आपने अपनी स्वातन्त्र्यशक्ति से दोनों तरह से अदृश्यता प्राप्त कर ली है, अर्थात् स्वातन्त्र्यशक्ति ही आपका कवच है। श्रुति भी कहती है **'नमो बिल्मिने च कवचिने च'**।

कठोर की व्याख्या–

घोरैका ते तनुरन्या शिवेति द्वे ते बिभ्रज्जगतां रक्षकोऽसि।
दुष्टा जीवा दमनेनैव रक्ष्याः पूर्णत्वाद्वा कथितस्त्वं 'कठोरः' ॥ ४३ ॥

भगवान् शिव की दो मूर्तियाँ हैं–घोरा और शिवा। इनका वर्णन रुद्राध्याय में आया है। इन दोनों स्वरूप से वे जगत् की रक्षा ही करते हैं; परन्तु घोरमूर्ति की क्या आवश्यकता है ? यदि यह शंका हो तो यह जानना चाहिये कि सिंह, व्याघ्र, राक्षस, भूतादि के नियमन करने के लिये और उससे भक्तों की रक्षा के लिये 'घोर' मूर्ति की भी आवश्यकता है। अतः कठोर नाम सार्थक है, अथवा कठोर का अर्थ पूर्ण भी होता है, अतः आप परिपूर्ण नित्य तृप्त हैं। कवियों का प्रयोग प्रसिद्ध है–**'कठोरताराधिपलाञ्छनच्छविः'**।

त्रिपुरान्तक पद की व्याख्या–

स्थूलं लिङ्गं करणमिति यत् त्रयं वपुषां नृणां
भक्तानां चेत्तदखिलमपि त्वमन्तयसि क्षणात्।
यद्वा नाथ त्रिपुरदहनादलौकिकचर्यया
श्रीशैलेऽसि प्रथिततनुमानिति 'त्रिपुरान्तकः' ॥ ४४ ॥

शरीर तीन प्रकार का है–स्थूल-भौतिक शरीर, लिंग-सूक्ष्म शरीर अन्तःकरणादिरूप, कारण-अविद्या स्वरूप है। इन तीनों प्रकार के भक्तों के शरीर को आप अपनी कृपा से नष्ट कर स्वरूप में मिला लेते हैं। अतः त्रिपुरान्तक हैं, अथवा त्रिपुरासुर की कथा के अनुसार तारकाक्ष, कमलाक्ष और विद्युन्माली नामक दैत्यों ने अन्तरिक्ष में काञ्चन, राजत (चाँदी का) और आयस (लोहे का) तीन पुर बनाकर घूम-घूम कर उत्पात मचा रखा था। उनको आपने दाह कर

भस्मसात् किया था। आपकी यह अलौकिक चर्या प्रसिद्ध है। यह कथा लिंगपुराण में तथा अन्यत्र भी प्रसिद्ध है। श्रीशैल क्षेत्र के मल्लिकार्जुन शिवलिङ्ग का ही त्रिपुरान्तक नाम है। शिव के अड़सठ क्षेत्रों की गणना में **'श्रीशैले त्रिपुरान्तकम्'** यह उल्लेख है।

वृषाङ्क की व्याख्या–

त्वं गवामनयतः कुपितोऽपि
प्रार्थितोऽसि सुकृतेन वृषेण।
तेन तद्ध्वजरथो वृषशैले
विश्रुतोऽस्यभिधयाऽपि 'वृषाङ्कः'॥ ४५॥

महाभारत में यह कथा है कि किसी समय भगवान् शिव उग्र तपस्या में लीन थे। उस समय वन में विचरने वाली मदोन्मत्त गायों ने भगवान् को बहुत कष्ट दिया। इससे क्रुद्ध होकर भगवान् ने उन्हें दग्ध कर दिया। यह देखकर धर्म-स्वरूप वृषभ सामने आया और उसने नाना प्रकार की प्रार्थनाओं से भगवान् को प्रसन्न किया। तब से शिव ने वृषभ को अपना वाहन और ध्वज का चिह्न भी बनाया। उसी समय से उनका नाम 'वृषाङ्क' हुआ। शैवागम में भी कहा है– **'शुद्धस्फटिक सङ्काशो धर्मरूपो वृषः स्मृतः'**।

वृषभारूढ की व्याख्या–

नन्द्यारोहात् त्रैपुरदाहे हरिणा पृष्ठे
वेदाश्वानां गोवृषरूपैः समुपात्तत्वात्।
धर्मज्ञानैश्वर्यविरागेषु निरूढत्वा-
द्विख्यातोऽसि त्वं सुरवृन्दे 'वृषभारूढः'॥ ४६॥

त्रिपुरासुर के दाह करने के अवसर पर सकल देवता मय रथ पर शिव आरूढ हुए। उनके भार-वहन में वेदरूपी अश्व असमर्थ हो गये। यह देखकर विष्णु ने वृषभ रूप धारण कर अपनी पीठ पर रथ को वहन किया था। अतः परम्परा से वृषभ-वाहन होने से वृषभारूढ नाम हुआ, अथवा वृषभ शब्द धर्म, ज्ञान, ऐश्वर्य और वैराग्य इनका वाचक है, उन पर शिव का अधिष्ठान है। अतः पूर्वोक्त नाम सार्थक है। उल्लिखित कथा का सन्दर्भ लिंगपुराण में प्राप्य है।

भस्मोद्धूलितविग्रह नाम की व्याख्या–

स्वाङ्गे भस्म विलिम्पन् नाथ ज्ञानां शिरोव्रतमुपदिशसि।
भूतेशाभिधतीर्थेऽपि त्वं 'भस्मोद्धूलित'विग्रहनामा॥ ४७॥

हे नाथ! आप स्वयं अपने अंगों में भस्म धारण कर ज्ञानी पुरुषों को 'शिरोव्रत' का उपदेश देते हैं। 'भूतेश' नामक तीर्थ में 'भस्मोद्धूलितविग्रह' नामक शिवलिंग अवस्थित है।

भस्मोद्धूलन कर्म ब्रह्मविद्या की उपासना का अंग है। इसको 'शिरोव्रत' भी कहा गया है। सौरसंहिता तथा मुण्डक उपनिषद् में इसका उल्लेख है।

सामप्रिय नाम की व्याख्या–

चन्दनस्पर्शशीतामृतस्यन्दिनी
सान्त्ववाक् सामवेदोऽथ सामानि वा।
तैः प्रयुक्तैरतीवेश संप्रीयसे
गीयसे तेन लोकेषु 'सामप्रियः' ॥ ४८ ॥

अमृत के समान मधुर एवं चन्दन के समान शीतल वाणी 'साम' है, वह भगवान् को प्रिय है। शिवधर्मोत्तर का वचन है–

अमृतस्यन्दिनीं वाचं चन्दनस्पर्शशीतलाम्।
सर्वत्रैव प्रयुञ्जानः शिवलोके महीयते ॥

अथवा 'सामवेद' ही उनको प्रिय है। **'सामानि यो वेद स वेद सर्वम्'** यह श्रुति- वाक्य है। रथन्तर, ज्येष्ठ, वामदेव्य प्रभृति अनेक साम हैं, जिनके गायन से भगवान् प्रसन्न होते हैं।

स्वरमय नाम की व्याख्या–

षड्जोदात्तमुखाः स्वरा अवयवा वेदैकवपुषः
साम्ब व्यञ्जनको भवान् स्वरमयी शक्तिस्तव मता।
ओङ्कारावयवेषु मप्रभृतयो रुद्रेश्वरशिवाः
सर्वे यस्य विभूतितां विदधते सोऽसि 'स्वरमयः' ॥ ४९ ॥

निषाद, ऋषभ, गान्धार, षड्ज, मध्यम, धैवत, पञ्चम–ये संगीत के सात स्वर हैं अथवा उदात्त, अनुदात्त, स्वरित, प्रचय ये व्याकरण के स्वर हैं। ये सभी वेदमूर्ति भगवान् शिव के अंग रूप हैं। अवयव और अवयवी का अभेद मानकर 'स्वरमयः' कहा जा सकता है। क से क्ष तक व्यञ्जन शिव का स्वरूप है और अ आ आदि सोलह स्वर शक्ति का रूप है। शिव और शक्ति का अभेद मानने से भी स्वरमय है अथवा सब वर्णों का मूल 'ॐ'कार है। उसके अवयव क्रमशः अकार, उकार, मकार, नाद, बिन्दु–ये पाँच हैं। इनके देवता क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, सदाशिव, अनाश्रित शिव हैं। ये सब सृष्ट्यादि पञ्चकृत्य करते हैं; परन्तु वस्तुतः इन सबमें आपका ही रूप या अधिष्ठान है। अतः 'स्वरमयः' नाम सार्थक है। वायु-संहिता में कहा है–**'प्रणवो वाचकस्तस्य शिवस्य परमात्मनः'**।

त्रयीमूर्ति नाम की व्याख्या–

साम्ब ! ऋग्वेदकोऽस्यागलान्तात्
आ च नाभेर्यजुर्वेदरूपः।
नाभिदेशादधः सामवेदः
तेन तेऽभूत् 'त्रयीमूर्ति'नाम ॥ ५० ॥

हे साम्ब ! आप मस्तक से कण्ठ तक ऋग्वेदात्मक हैं और कण्ठ से नाभि तक यजुर्वेदरूप हैं। नाभिभाग से नीचे सामवेदात्मक हैं। अतः आपका नाम त्रयीमूर्ति हुआ। यद्यपि पुराणों में शब्द-स्वरूप पार्वती का और अर्थ-स्वरूप शिव का उपवर्णित है; परन्तु वहाँ पर शिव और शक्ति का अभेद मानकर व्याख्या की जाती है।

अनीश्वर नाम की व्याख्या–

ईश्वरत्वावधिर्यः स सर्वेश्वरः।
तस्य नेशः परं त्वं ततो'ऽनीश्वरः'॥ ५१ ॥

सकल चराचर प्रपञ्च में प्रवर्तकत्व आपका ही है। आपका कोई प्रवर्तक नहीं है। अतः निरवधि ऐश्वर्यवान् होने से आप 'अनीश्वर' कहे गये हैं। श्रुति का वचन है–

न चैतस्य कश्चित्पतिरस्ति लोके
न चेशिता नैव च तस्य लिङ्गम्।
स कारणं कारणाधिपाधिपो
न चाऽस्य कश्चिज्जनिता च नाऽधिपः॥

इसी आशय से महाकवि कालिदास ने भी कहा है–**'यस्मिन्नीश्वर इत्यनन्यविषयः शब्दो यथार्थाक्षरः'**।

सर्वज्ञ नाम की व्याख्या–

षट्त्रिंशत्तत्त्वी त्वय्येवाध्यस्ता।
सर्वाधिष्ठानं तत्त्वं 'सर्वज्ञः' ॥ ५२ ॥

शैवदर्शनों में वर्णित पृथिव्यादि-शिवान्तपर्यन्त छत्तीस तत्त्व हैं। वह आपके स्वरूप में ही हैं। अतः उनके अधिष्ठाता होने से आप सर्वज्ञ हैं। श्रुति में कहा है–

यः सर्वज्ञः सर्वविद् यस्य ज्ञानमयं तपः।
तस्मादेतद् ब्रह्म नाम रूपमन्नं च जायते ॥

परमात्मा नाम की व्याख्या–

अन्तर्यमयंस्त्वं भूतान्यखिलानि।
भूयः कथितोऽसि श्रुत्या 'परमात्मा' ॥ ५३ ॥

अखिल भूतों तथा सृष्टि के पदार्थों को अपने द्वारा नियमन करने से आप 'परमात्मा' कहे गये हैं। इस विषय में वेदों के अनेक वचन हैं–

'यो रुद्रो अग्नौ यो अप्सु स ओषधीषु।
यो रुद्रो विश्वा भुवना विवेश।
यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येकः' ॥ इत्यादि।

सोमसूर्याग्निलोचन नाम की व्याख्या–

मानसातिगं त्वां विदन्ति नो लोचनानि ते किञ्च तान्यतः।
भान्तमन्वमी भास्वदादयो भान्ति 'सोमसूर्याग्निलोचनः' ॥ ५४ ॥

सोम, सूर्य, अग्निरूप ये लोचन भी मानस से अतीत आपको प्रकाशित् नहीं करते। उल्टे ही आपके स्वतः प्रकाश का अनुगमन कर ये सूर्यादि प्रकाशित होते हैं। अतः इन नेत्रों का धारण तो लीलामात्र है। इस विषय में श्रुतिवाक्य प्रसिद्ध है–

न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं
नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः।
तमेव भान्तमनुभाति सर्वं
तस्य भासा सर्वमिदं विभाति ॥

हवि नाम की व्याख्या–

दुग्धमात्रस्य कुहरे यथा घृतं
प्राणिमात्रस्य दहरे तथा भवान्।
चेतसा संमथित एव लभ्यते
हूयमानं त्वंमखिलं ततो 'हविः' ॥ ५५ ॥

'हविः' शब्द घृत का वाचक है। प्रायः होम में उसका उपयोग होता है। जैसे दुग्ध के अन्दर गूढ़ रूप से घृत रहता है, वैसे ही प्राणिमात्र के हृदय में आप रहते हैं। चित्त से मथन करने पर ही आपकी उपलब्धि होती है। अतः जो भी हवन किया जाय, वह हवि आपका ही रूप है। श्रुति का कथन है–

घृतमिव पयसि निगूढं भूते भूते वसति च विज्ञानम्।
सततं मन्थयितव्यं मनसा मन्थानभूतेन ॥

यज्ञमय नाम की व्याख्या–

वेदः पादो यूपो दंष्ट्रानलचयनरसनवदनस्तनूरुहधर्मकः
स्रौवश्चञ्चुः सर्पिर्नासा दिवसरजनिनयनयुगः करः सवनत्रयम्।
औद्गात्रान्त्रो वेदीस्कन्धश्चरणयुगलमुपनिषदः प्रवर्ग्यकचभ्रमिः
वक्षो दाक्षिण्यो मन्त्रस्फिग्विविधमखकरणतनुकोऽसि 'यज्ञमया'भिधः ॥ ५६ ॥

'यज्ञो वै विष्णुः' इस श्रुति के अनुसार भगवान् स्वयं यज्ञस्वरूप हैं। इस वर्णन में अंग-प्रत्यंगों में यज्ञ के रूप का समावेश कहा है।

वेद ही पैर हैं। यूप (यज्ञस्तम्भ) दंष्ट्रा है। अग्नि का चयन ही जिह्वा और मुख है। रोमावली धर्मक है। स्रुव (यज्ञपात्र विशेष) चोंच है। घृत ही नासिका है। दिन और रात दो आँखें हैं। सवनत्रय (प्रातः, मध्याह्न और तीसरा) ही हाथ है। औद्गात्र (उद्गाता का गायन) ही आन्त्र है। वेदी ही स्कन्ध है। उपनिषदें ही दो पैर हैं। प्रवर्ग्य जटामण्डल है। वक्षःस्थल दक्षिणा स्वरूप है। मन्त्र ही

स्फिक् अर्थात् कटि पार्श्व की सन्धि है और नानाविध यज्ञांग ही शेष शरीर के अवयव हैं । अतः आपका 'यज्ञमय' यह नाम सार्थक है । इसी रूपक को हरिवंश और पद्मपुराण में विस्तार से दिखलाया है–

वेदपादो यूपदंष्ट्रः क्रतुहस्तश्चितीमुखः ।
अग्निजिह्वो धर्मरोमा ब्रह्मशीर्षो महातपाः ॥ इत्यादि ॥

सोम नाम की व्याख्या–

मूर्तिष्वष्टास्वीश तवैका रजनीशो
ज्योतिष्टोमस्तस्य हविश्चैडविडश्च ।
सौराष्ट्रस्थस्त्वं शिव गङ्गायमुनस्थो
गौर्या साकं नित्यविहारीति च 'सोमः' ॥ ५७ ॥

'सोम' शब्द की अनेक प्रकार से व्याख्या की गई है । अष्टमूर्ति शिव का एक रूप चन्द्रात्मक है । ज्योतिष्टोम नामक याग भी सोम कहा जाता है । उस याग में हवि भी सोम या सोमरस है अथवा कुबेर का नाम भी सोम है । सौराष्ट्र देश में सोमनाथ लिंग प्रसिद्ध है और गंगा-यमुना के संगम में सोमेश्वर शिव का स्थान है । उमा के साथ नित्य विहार करने के कारण (उमया सहितः सोमः) भी आप सोम शब्द से प्रसिद्ध हैं । **'नमः सोमाय च रुद्राय च'** श्रुति भी निर्देश करती है ।

पञ्चवक्त्र नाम की व्याख्या–

सर्वेश ब्रह्मतत्त्वेन्द्रियविषयकलाभूतसादाख्यमूर्ति-
ष्वेकैकश्येन पञ्चात्मसु तव वदनेष्वादिहीनेषु सत्सु ।
योऽयं सुन्दोपसुन्दासुरहननिमित्ताप्सरस्तल्लजेक्षा
प्रादुर्भावः स तद्वक्त्यतिरभसकृतेऽजायथाः 'पञ्चवक्त्रः' ॥ ५८ ॥

हे भगवन् सर्वेश ! आपके ब्रह्म प्रभृति पदार्थभेद से एक एक मुख पाँच प्रकार के हुए । वस्तुतः ये मुख अनादि हैं; परन्तु सुन्द और उपसुन्द नामक दो दानवों के नाश के लिये विश्वकर्मा ने 'तिलोत्तमा' नाम की अप्सरा की सृष्टि की । उसका उद्देश्य देवताओं की रक्षा करना ही था । उसके द्वारा मोहित होकर उसकी प्राप्ति की होड़ में वे दोनों असुर परस्पर से मारे गये । उस समय तिलोत्तमा ने पहले जाकर भगवान् शिव की प्रदक्षिणा की थी । उसे देखने के लिये वे स्वयं चतुर्वक्त्र बने, यह कथा आनुशासनिक पर्व में है ।

अब पञ्च पदार्थों का विभाग द्रष्टव्य है–

ईशान, तत्पुरुष, अघोर, वामदेव, सद्योजात ये पञ्च ब्रह्म हैं । पुरुष, प्रकृति, बुद्धि, अहंकार, मन ये पञ्चतत्त्व हैं । श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, रसन, घ्राण ये पाँच ज्ञानेन्द्रिय हैं । वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ ये पाँच कर्मेन्द्रिय हैं । शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ये पाँच ज्ञानेन्द्रियों के विषय हैं । वचन, आदान, गमन, विसर्ग,

आनन्द ये पाँच कर्मेन्द्रियों के विषय हैं। निवृत्ति, प्रतिष्ठा, विद्या, शान्ति, शान्त्यतीता ये पाँच कलायें हैं। पृथिवी, अप्, तेजस्, वायु, आकाश ये पञ्चभूत हैं। शिवसादाख्य, मूर्तसादाख्य, अमूर्तसादाख्य, कर्तृसादाख्य, कर्मसादाख्य ये पाँच सादाख्य हैं। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर, सदाशिव ये पाँच मूर्तियाँ हैं। वायवीय-संहिता में विस्तार से इनका परिचय दिया है। वस्तुतः भगवान् की यह महती व्याप्ति है। अप्सरा तिलोत्तमा को देखना तो लीलामात्र है। अतः आप 'पञ्चवक्त्र' कहे गये।

सदाशिव नाम की व्याख्या–

यो विधीश्वरदृशा सदाशिवः
तद्दृशाऽपि खलु यः सदाशिवः।
तस्य कालकलना क्व ते तद-
स्यौपचारिकतया 'सदाशिवः' ॥ ५९ ॥

शिव तो सर्वकाल में विद्यमान हैं, तो 'सदा' पद लगाने की क्या आवश्यकता है? इस पर व्याख्या की गई है–ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर इनकी दृष्टि से जो व्यापक या पूर्ववर्ती होने से 'सदाशिव' हैं और सदाशिव की दृष्टि से भी जो अपरिच्छिन्न हैं। सदाशिव मूर्ति से भी परम शिव सर्वव्यापक हैं। उनका काल के द्वारा निर्णय करना सम्भव ही नहीं है। अतः 'सदाशिव' शब्द में 'सदा' पद औपचारिक (काल्पनिक) ही है। शिवपुराण में सृष्टिप्रकरण में ब्रह्मा आदि के कालमान का विस्तार से वर्णन और शिव का कालातीत होना आदि विस्तार के साथ दिखाया है।

योगसूत्र भी कहता है–'स पूर्वेषामपि गुरुः कालेनाऽनवच्छेदात्'। न तो उस स्वरूप में रात्रि है और न दिन, केवल लोककल्याण के लिये व्यवहार किया जाता है। वचन है–

अहर्न विद्यते तस्य न रात्रिरिति धारयेत्।
उपचारस्तु क्रियते लोकानां हितकाम्यया ॥

विश्वेश्वर नाम की व्याख्या–

केवलं चिन्मयज्योतिरात्मैव काशी
तेन सर्वाणि विश्वान्यतीताऽपि विश्वम्।
तत्र वासात् परिच्छेदबुद्ध्या गृहीतः
काशिकाधीश्वरोऽपीश 'विश्वेश्वर'स्त्वम् ॥ ६० ॥

केवल चिन्मय ज्योति ही काशी का स्वरूप है। अतः सम्पूर्ण विश्व से अतीत 'विश्व' कहा जाता है। उसमें वास करने वाले आपको 'परिच्छेद' की बुद्धि से

(मूर्ति विशेष के रूप से) लोग ग्रहण करते हैं; क्योंकि आप काशी के अधीश्वर हैं, अतः विश्वेश्वर हैं।

वीरभद्र नाम की व्याख्या–

श्रीगौर्या वीरः स्वीकृतः पुत्रबुद्ध्या
क्रोधाग्निस्वेदोत्पादितो भद्रनामा।
भद्रायोगाद्वा राजपूर्वासशाली
तद्वांस्तद्रूपस्त्वं ततो 'वीरभद्रः' ॥ ६१ ॥

भगवती गौरी ने 'वीर' नामक शिवगण को अपना पुत्र माना था और अन्य कथा के अनुसार परशिव की क्रोधाग्नि से 'भद्र' नामक गण उत्पन्न हुआ। आगे इन दोनों को मिलाकर 'वीरभद्र' शब्द का प्रयोग होने लगा। इस विषय में पद्मपुराण और वायवीय-संहिता में सन्दर्भ है।

अथवा, 'वीर' के लिये 'भद्रा' नामक शक्ति को देवी ने उत्पन्न किया था। अतः 'भद्रया सहितः वीरभद्रः' यह व्युत्पत्ति होगी। इसी गण ने 'दक्ष-यज्ञ' का ध्वंस और 'शरभ' के रूप में नृसिंह के गर्व का परिहार किया था। 'राजपुर' नामक क्षेत्र में इनका स्थान है, जो 'वेङ्कटाचल' के समीप है। यह रूप भी शिव का होने से वे 'वीरभद्र' कहे गये।

गणनाथ नाम की व्याख्या–

शशिकरगुणनुखसंख्यानां प्रमथतुषितमथमुख्यानाम्।
अधिपतिरसि शिव ! कैलासे पुरि निवससि 'गणनाथ'स्त्वम् ॥ ६२ ॥

शशि एक, कर दो, गुण तीन इत्यादि संख्याओं (गणनाओं) के आप अधिपति हैं, अथवा–

आदित्यविश्ववसवस्तुषिता भास्वरानिलाः।
महाराजिकसाध्याश्च रुद्राश्च गणदेवताः॥

ये आदित्यादि अनेक संख्यात्मक देवता हैं। 'म य र स त ज भ न ल ग' ये छन्दों के गण हैं। यद्यपि गण शब्द से वहाँ उनका निर्देश नहीं है; परन्तु 'लः **समुद्रा गणः**' इत्यादि के द्वारा 'गण' संज्ञा की जा सकती है। इस पर भाष्य तथा वार्तिकराज आदि ग्रन्थों में विचार है। इन सबके आप अधिपति हैं और कैलासपुरी में वास करते हैं। अतः आपका 'गणनाथ' नाम उचित है।

प्रजापतिः नाम की व्याख्या–

अन्तरिक्षभूमिनाकसंस्थिता
याः सहस्रशः सहस्रसंहिताः।
रुद्रनामिकाः प्रजाः सृजत्यतः
स्थाणुनामको भवान् प्रजापतिः ॥ ६३ ॥

आकाश, भूमि और स्वर्ग में रहने वाले हजारों प्रजाओं की आप सृष्टि करते हैं। इसमें श्रुति भी प्रमाण है–

सहस्राणि सहस्रशो ये रुद्रा अधिभूम्यां
तेषां सहस्रयोजनेव धन्वानि नन्मसि।
नमो रुद्रेभ्यो ये पृथिव्यां येऽन्तरिक्षे
ये दिवि येषामन्नं वातो वर्षमिषवस्तेभ्यः॥

अतः आप प्रजापति हैं। वराहपुराण के 'गौरी-विवाह' प्रकरण में यह कथा सूचित है। सृष्टि के प्रारम्भ में ब्रह्मा के ललाट से उत्पन्न एक प्रजापति 'स्थाणु' नाम का हुआ। उसने प्रजाओं की सृष्टि की और जलमग्न होकर चिरकाल तक तपश्चर्या की। फिर कालान्तर में जल से निकल कर गणों की सृष्टि की। उनके साथ जाकर दक्ष-यज्ञ का ध्वंस किया। इसका नाम 'स्थाणु' है। यह शिव का ही रूप है।

हिरण्यरेता नाम की व्याख्या–

त्वद्वीर्ययोगेन भवेद्धिरण्यं
यद्वाऽग्निरूपोऽस्यथ वा जलार्धे।
त्यक्तेन वीर्येण बभूव हैम-
मण्डं तदीशोऽसि 'हिरण्यरेताः' ॥ ६४ ॥

पारद भगवान् शिव का रेतस् (वीर्य) है। उसके संस्कार से ही सुवर्ण का निर्माण होता है (द्रष्टव्य–रसरत्नाकर ग्रन्थ)। इसके सम्बन्ध में गौरी-विवाह के प्रकरण की एक कथा भी है कि देवी का रूप देखकर ब्रह्मा का वीर्य च्युत हो गया। उसके आधे से वालखिल्य नामक ऋषि हुए और आधे भाग से हिरण्य उत्पन्न हुआ (द्रष्टव्य–ब्रह्माण्डपुराण), अथवा 'हिरण्यरेता' अग्नि का नाम है। तद्रूप भी आप हैं, अथवा सृष्टि के समय रुद्र ने जल में वीर्य का उत्सर्ग किया था, जिससे सुवर्णमय ब्रह्माण्ड का निर्माण हुआ। स्कन्दपुराण और सौरसंहिता में इसका उल्लेख है।

पुरस्तादण्डसर्गस्य ससर्जादौ द्विधा पुनः।
अपामेकांशके विद्वान् स्वकं वीर्यमपासृजत्॥
तदण्डमभवद्धैमं सहस्रांशुसमप्रभम्।
तस्मिन् जज्ञे स्वयं विष्णुर्ब्रह्मांशेन समन्वितः॥
आपो नारा इति प्रोक्ताः सूक्ष्मस्ता मुनिसत्तमाः।
शिवस्य नरसंज्ञस्य यतः कार्याणि तास्ततः॥ इत्यादि।

दुर्धर्ष नाम की व्याख्या–

कैलासे शिखरिणि पौलस्त्यप्रागल्भ्यं तृणसमतां प्राप।
एवं सत्यभिभवकारी कस्तस्मात्त्वं भवसि हि 'दुर्धर्षः' ॥ ६५ ॥

'दुःखेनाऽपि धर्षयितुमशक्यो दुर्धर्षः' इस व्युत्पत्ति के अनुसार जिसका कोई पराभव न कर सके वही दुर्धर्ष है। रावण ने कैलास पर्वत को शिव सहित उठाने की चेष्टा की थी; परन्तु भगवान् के पैर के अँगूठे मात्र से वह दब गया था। इसमें यह श्रुतिवाक्य स्मरणीय है–'**न तत् समश्चाऽभ्यधिकश्च विद्यते**'।

गिरीश नाम की व्याख्या–

भूरिगुणे पदवाक्ये निष्कलुषे सुसमर्थः।
पर्वतराडपि शम्भो तेन मतोऽसि 'गिरीशः'॥ ६६॥

'गिरिर्वैदिकवाक्ये ईशः समर्थः' अर्थात् वेदादिशास्त्रों के समर्थ व्याख्याता, अथवा 'गिरीणामीशः' अर्थात् पर्वतों के स्वामी, इन दो आशयों से गिरीश पद सार्थक होता है। हरिवंश में धन्याश्चर्योपाख्यान में नारद के प्रति पर्वतों ने अपनी प्रशंसा के उत्तर में कहा है–

ब्रह्मर्षे न वयं धन्या नाप्याश्चर्याणि सन्ति नः।
अस्माकमीश्वरः शूली गिरीशो वृषभध्वजः॥ इत्यादि॥

गिरिश नाम की व्याख्या–

मेरुपर्वतमपि धनुर्हेतवे कृशयसितराम्।
पर्वते निवससि सुखं नाथ तद्भवसि 'गिरिशः'॥ ६७॥

गिरि अर्थात् मेरु पर्वत को धनुष्य का रूप देने के लिये आपने छील दिया था अथवा गिरि-पर्वत में आप सुख से रहते हैं। 'गिरिं श्यति' और 'गिरौ शेते' इस प्रकार की व्याख्या है।

अनघ नाम की व्याख्या–

दुःखं नाथ न ते पापं च व्यसनम्।
त्रैलोक्याधिपते तस्मादस्यनघः॥ ६८॥

'अघ' शब्द का अर्थ दुःख, पाप या व्यसन होता है। ये तीनों बातें आप में नहीं हैं, अतः 'अनघः' नाम उचित है। '**समस्तसाक्षी तमसः परस्तात्**', '**निर्दुःखो निरहङ्कारो निर्गुणो गणनायकः**' इत्यादि शास्त्रवचन हैं।

भुजङ्गभूषण नाम की व्याख्या–

अभिचारसमर्थदारुकावनगैः प्रहितानहीन् दधत्।
गरुडादपि बिभ्यतस्तनौ कथितोऽसि 'भुजङ्गभूषणः'॥ ६९॥

दारुका वनवासी मुनियों ने प्रतिहिंसा की भावना से मन्त्रों के द्वारा सर्पों को भेजा था और कुछ सर्प गरुड के भय से सन्त्रस्त होकर आये थे। उन सबको भगवान् शिव ने अलङ्कारों की तरह शरीर में धारण कर लिया था। अतः 'भुजङ्गभूषणः' नाम हुआ। स्कन्दपुराण में यह वृत्तान्त उल्लिखित है–

ततः पञ्चफणा नागा निश्वसन्तो विषोल्वणाः।
शीघ्रमुत्थाय कुण्डेभ्यः समाजग्मुर्महेश्वरम् ॥ इत्यादि ॥

भर्ग नाम की व्याख्या–

भर्ज्यन्ते दुरितानां सन्दोहा यदवाप्त्या।
गायत्रीप्रतिपाद्यस्त्वं तस्मादसि 'भर्गः' ॥ ७० ॥

'भर्ज्यन्ते पापराशयः अनेन' इस व्युत्पत्ति से पापराशि को भस्म करने वाले भर्ग हैं और गायत्री के भी प्रतिपाद्य भर्ग हैं। **'भर्गो देवस्य धीमहि'** यह अंश है। 'योगयाज्ञवल्क्य' में कहा है–

देवस्य सवितुर्मध्ये यो भर्गो नो धियः क्रमात्।
प्रचोदयात्तं वरेण्यं धीमहीत्यन्वयक्रमः ॥

मैत्रायणीय शाखा में गायत्री के अर्थ के प्रसंग में. रुद्र ही भर्ग हैं–यह कहा है। इसी प्रकार कूर्मपुराण में भी कथा है। 'भर्ग' शब्द अकारान्त और विसर्गान्त दोनों प्रकार से वर्णित है।

गिरिधन्वा नाम की व्याख्या–

वाग्विषये त्वं मरुरिव भवसि त्वां हि मनागभिदधति न वाचो
दिव्यरथे वा पुरदहनविधौ वेदमयाः चतुरतुरङ्गाः।
चक्रयुगं ते दिनरजनिकरौ बाणशरीभृदभवदुपेन्द्रो
मेरुरभूत्ते धनुरुरगपतिर्ज्याभवदीश तदसि 'गिरिधन्वा' ॥ ७१ ॥

गिरि अर्थात् वाणी में धन्वा (मरुभूमि) के तुल्य अर्थात् आप वाणी के अगोचर हो। दूसरे अर्थ में गिरि सुमेरु पर्वत आपका धनुष है। इस प्रसंग में त्रिपुरासुर की कथा का स्मरण किया है–

त्रिपुरासुर के साथ युद्ध के लिये दिव्य रथ में वेदमय चार अश्व हुए। सूर्य और चन्द्र रथ के पहिये हुए। भगवान् विष्णु बाण बने। सुमेरु धनुष बना था। भुजङ्गराज धनुष की ज्या बने थे। इस पर एक श्लोक है–

वेदाश्वे पुष्पवच्चक्रे शरोपेन्द्रे धनुर्गिरौ।
स्थित्वा रथे ददाहाऽऽशु त्रिपुरं त्रिपुरार्दनः ॥

लिङ्गपुराण में इसका विस्तार से वर्णन है।

गिरिप्रिय नाम की व्याख्या–

प्रेमभूरि ते विभाति वैदिकस्तवात्मवाचि।
सर्वपर्वतेष्वपीति नामतो 'गिरिप्रियो'ऽसि ॥ ७२ ॥

गिरि अर्थात् वैदिकवाणी में आपका अत्यन्त प्रेम है, अथवा मेरु-मन्दरादि पर्वत आपको प्रिय हैं। अतः 'गिरिप्रिय' नाम उचित है।

कृत्तिवासा नाम की व्याख्या—

वाराणस्यां शिव त्वद्भवतांस्तुदन्तं गजेन्द्रं
विप्रोत्सृष्टाभिचारव्याघ्रं च शूलेन हत्वा।
चर्मद्वन्द्वं तदीयं प्रावृत्य विभ्राजमानोऽ-
स्येकाम्रे चन्द्रलेखामौले ततः 'कृत्तिवासा:' ॥ ७३ ॥

वाराणसी में एक उन्मत्त गजेन्द्र ने शिवभक्तों को पीड़ा देना शुरू किया था और दारुकावासी मुनियों ने अभिचारात्मक व्याघ्र भी भेजा था। उन दोनों को शूल से भेदकर भगवान् ने गजचर्म और व्याघ्रचर्म ओढ़ लिया था। अतः 'कृत्तिवासा' कहे गये। एकाम्रक्षेत्र (काञ्ची के समीप) 'कृत्तिवासा' नामक शिवलिङ्ग है। **'एकाम्रे कृत्तिवाससम्'** यह वचन है।

पुराराति नाम की व्याख्या—

भवान् पूर्वमाभाति पश्चादिदं जगद् भाति यद्वा पुराणामरिः।
तनोः कारणस्थूलसूक्ष्मात्मनो विनाशेन वा ते 'पुराराति'ता ॥ ७४ ॥

'पुरा पूर्वं राति आदत्ते प्रकाशते' इस व्युत्पत्ति के अनुसार सबसे पूर्व आपकी स्थिति है, अथवा त्रिपुरासुर के सुवर्ण, रौप्य, लोहमय पुरों के आप शत्रु हैं, अथवा भक्तों के स्थूल-सूक्ष्म-कारण शरीरों का आप विलय करते हैं। अतः 'पुराराति' आपका नाम है।

भगवान् नाम की व्याख्या—

पराक्रममती विरागयशसी
श्रिया सह जगत्पतित्वमिति षट्।
गुणा भगपदोदितास्त्वयि वस-
न्त्यतः श्रुतिगिरेरितोऽसि 'भगवान्' ॥ ७५ ॥

'भग' शब्द के छः अर्थ हैं—

ऐश्वर्यस्य समग्रस्य वीर्यस्य यशसः श्रियः।
ज्ञानवैराग्ययोश्चैव षण्णां भग इतीरणा ॥

इसके अनुसार पराक्रम, बुद्धि, वैराग्य, यश, श्री और जगत्पतित्व ये छः गुण आप में हैं। अतः श्रुति ने आपको 'भगवान्' नाम से सम्बोधित किया है। श्री शब्द 'उमा'परक भी है। विविध कथाओं में इन गुणों का वर्णन है। श्रुति भी भगवान् को प्रशस्य कहती है—'नमः श्लोक्याय चावसान्याय च'।

प्रमथाधिप नाम की व्याख्या—

मथ्नन्तितरां यदवैदिकां-
स्त्वत्पारिषदाः प्रमथा मताः।
तान् ईश सदा परिपालयन्
भक्तैरुदितः 'प्रमथाधिपः' ॥ ७६ ॥

वेद के विरुद्ध आचरण करने वाले पाखण्डियों को आपके प्रमथ नामक गण मथन करते हैं (नष्ट करते हैं)। उन गणों का परिपालन करने के कारण भक्तों ने आपका नाम 'प्रमथाधिप' कहा है। सौप्तिक पर्व में श्लोक है–

मनोवाक्कर्मभिर्भक्तान् पाति पुत्रानिवौरसान्।
पिबन्त्यसृग्वसां चान्ये क्रुद्धा ब्रह्मद्विषां सदा।

मृत्युञ्जय नाम की व्याख्या–

रुद्राच्युतेशब्रह्मणां कोट्यो यया गीर्णाः क्षणात्।
तद्गोचरो न त्वं विभो तेनाभवो 'मृत्युञ्जयः' ॥ ७७ ॥

जिस मृत्यु की शक्ति ने प्रतिकल्प में होने वाले रुद्र, विष्णु और ब्रह्मा का भी भक्षण किया है, वह आपके सामने असमर्थ है। आप अपने भक्तों की मृत्यु से भी रक्षा करते हैं। अतः आप 'मृत्युञ्जय' हैं, अथवा 'अभवः' उत्पत्ति और नाश से रहित होने के कारण भी आप 'मृत्युञ्जय' हैं। श्रुति भी कहती है–

यस्य ब्रह्म च क्षत्रं च उभे भवत ओदनः।
मृत्युर्यस्योपसेचनं क इत्था वेद यत्र सः॥

सूक्ष्मतनु नाम की व्याख्या–

दुर्ज्ञेयमूर्तिधरोऽप्याम्रातके प्रकटः।
सूक्ष्मादपीशतनुस्तेनासि 'सूक्ष्मतनुः' ॥ ७८ ॥

सूक्ष्म का अर्थ दुर्ज्ञेय है। सूक्ष्म होते हुए भी आप आम्रातक नामक क्षेत्र में भक्तों के लिये प्रकट हैं। वचन भी है–**'सूक्ष्मात् सूक्ष्मतरं नित्यं तत्त्वमेव त्वमेव तत्'**।

जगद्व्यापी नाम की व्याख्या–

सत्ताभानं प्रियमिति चानुस्यूतं
सर्वेष्वर्थेष्वनुभवसिद्धं लोके।
सच्चित्सौख्यत्रयमपि यौष्माकीणं
रूपं तस्माद् भवसि 'जगद्व्यापी' ॥ ७९ ॥

सत्ता सद्रूप है, भान ज्ञानरूप है, प्रिय सुखरूप है और इसका अनुभव संसार में सभी वस्तुओं में होता है और यही सत्, चित्, आनन्द आपका रूप है। अतः आप जगद्व्यापी हुए। **'सर्वव्यापी च भगवान् तस्मात्सर्वगतः शिवः'** यह श्रुति है।

जगद्गुरु नाम की व्याख्या–

वटतरुनिकटे मुनीनखिलान् सुरान्
कमलभवमुखान् प्रबोधनमुद्रया।
उपदिशसि परं महस्तव दक्षिणामुख !
परशिव तन्मतोऽसि 'जगद्गुरुः' ॥ ८० ॥

वटवृक्ष के नीचे बैठकर आप सम्पूर्ण ऋषियों और ब्रह्मादि देवों को हाथ की चिन्मुद्रा से सर्वश्रेष्ठ तेज ब्रह्मविद्या रूपी तत्त्व का उपदेश करते हैं। अतः आप जगद्गुरु हैं।

व्योमकेश नाम की व्याख्या–

पृथ्वीपाथोज्वलनपवनव्योमरूपेषु भूते-
ष्वल्पाल्पानि प्रथमगदितान्युत्तराणीशितॄणि।
व्योम्नोऽपीशोऽस्यथ च गगनं कुन्तलास्ते विराजो
गङ्गाधारा वियदिव जटास्तेन च 'व्योमकेशः'॥ ८१॥

पृथिवी, अप्, तेज, वायु, आकाश इन पाँच महाभूतों में अल्प-अल्प व्याप्य हैं; उत्तरोत्तर अधिक व्यापक हैं। उस पाँचवे सर्वभूतव्यापक आकाश (व्योम) के भी आप ईश अर्थात् व्यापक हैं, अथवा व्योम ही आपके केश (जटामण्डल) हैं। आपके विराट् स्वरूप में जटाओं में ही गंगा बाँधी गई थीं। **'आत्मन आकाशः सम्भूतः'** इत्यादि श्रुतियाँ हैं। **'मयि सर्वं लयं याति मत्तः सर्वं प्रवर्तते'** यह स्मृति है।

महासेनजनक नाम की व्याख्या–

सुब्रह्मण्येन पृष्टे प्रणवपरमार्थोऽत्र क इति
ब्रह्मण्यब्जेक्षणे स्वं दिशति सति कारानियमिते।
आत्मा वै पुत्रनामेत्युपदिशति तौ मोचितवति
त्वय्यब्जाक्षाजपुत्रैः स्तुत इति 'महासेनजनकः'॥ ८२॥

कुमारसंहिता की कथा का स्वरूप इस व्याख्या में आया है–स्कन्द ने ओङ्कार का वास्तविक अर्थ क्या है ? यह प्रश्न ब्रह्मा और विष्णु से किया था। उसके उत्तर में उन दोनों ने अपना ही स्वरूप बतलाया; परन्तु वे दोनों माया से मोहित थे। उसके बाद वही प्रश्न स्कन्द ने शिव से किया, तो उन्होंने **'आत्मा वै पुत्रनामाऽसि'** इस श्रुतिवचन के अनुसार वास्तविक तत्त्व बताया। उसके बाद ब्रह्मा, विष्णु और स्कन्द तीनों ने शिव की स्तुति की। अतः 'महासेनजनक' यह नाम है।

चारुविक्रम नाम की व्याख्या–

परशिव त्वया ये निषूदिताः गजजलन्धरत्रैपुरादयः।
अपुनरागमं ते पदं गतास्तव चमत्कृतश्'चारुविक्रमः'॥ ८३॥

हे भगवन् ! आपने जिन गज, जलन्धर, त्रिपुर आदि दुष्टों को मारा था, वे सभी परम निर्वाण पद में पहुँच गये। अतः आपका पराक्रम भी बड़ा चमत्कारी है। इसी से आपका 'चारुविक्रम' नाम हुआ।

रुद्र नाम की व्याख्या–

बालो धातृललाटाज्जातः सन्नरुदस्त्वं
सोऽरोदीद्यदरोदीदग्नित्वादपि रुद्रः।
उल्लाघीकरणाद्वा निश्चिन्तीकरणाद्वा
संवर्ते रोदयसि ब्रह्मादीन् इति 'रुद्रः' ॥ ८४ ॥

पहले भगवान् शिव विधाता के ललाट से बालक रूप से उत्पन्न होकर रोने लगे। अतः 'रोदनाद् रुद्रः' यह नाम हुआ। अग्नि को भी रुद्र कहा गया है। शिवपुराण में प्रसिद्ध है–

बहिरन्तर्जगद्विश्वं प्राप्य तेजोमयी शुभा।
रौद्री रुद्राभिधा मूर्तिरुत्थिता घोररूपिणी ॥

अथवा 'रुजं द्रावयति' इस व्युत्पत्ति से शरीर के रोगों का नाश करने से भी रुद्र नाम सार्थक है, अथवा रुत् अज्ञानरूपी दुःख को आप नष्ट करते हैं, अतः रुद्र हैं। महाप्रलयकाल में ब्रह्मादि देवता भी आपके भय से रोदन करते हैं, अतः आप रुद्र हैं। वायुसंहिता का वचन है–

रुद् दुःखं दुःखहेतुर्वा तद् द्रावयति यः प्रभुः।
रुद्र इत्युच्यते तस्मात् शिवः परमकारणम् ॥

भूतपति नाम की व्याख्या–

धरणीजलादिषु तथात्मगणे-
ष्वनुविश्य तान्नियमयन् अटसि।
अथवा पिशाचनिकरान्नटयन्
भुवनावनाय ननु 'भूतपतिः' ॥ ८५ ॥

'भूत' शब्द का अर्थ पञ्चमहाभूत पृथिव्यादि या जीवसमुदाय भी है। उन दोनों में प्रवेश कर संसार-यात्रा का आप व्यापार करते हैं, अथवा भूतपिशाचादि गणों को अपनी इच्छा से क्रीडा में योजित करते हैं। अतः आपका 'भूतपति' नाम सिद्ध है। 'तत् सृष्ट्वा तदेवाऽनुप्राविशत्' इस श्रुति के अनुसार सृष्टि का सञ्चालन शिव करते हैं। महाभारत में कहा है–

मन्नियोगाद् भूतसङ्घाः न च घ्नन्तीह कञ्चन।
तांस्तु लोकहितार्थाय श्मशाने रमयाम्यहम् ॥

स्थाणु नाम की व्याख्या–

वृक्षाभः स्तब्धो दिवि भुवि पुर उद्दिश्य
स्फारं वर्षाणि स्थिरतर उदतिष्ठस्त्वम्।
ज्योतिर्लिङ्गेऽपि प्रभवति सति नैश्चल्यात्
कल्पान्ते वातैर्न चलसि तदसि 'स्थाणुः' ॥ ८६ ॥

'स्थाणु' का अर्थ सूखा वृक्ष या अचञ्चल स्थिर प्रकाशमान तत्त्व भी है। त्रिपुरासुर से युद्ध की प्रतीक्षा में चिरकाल तक तैयार होकर शिव खड़े थे। महाभारत के द्रोणपर्व का श्लोक है–

अतिष्ठत् स्थाणुभूतः सन् सहस्रपरिवत्सरान्
यदा त्रीणि समेतानि अन्तरिक्षे पुराणि वै।
त्रिपर्वणा त्रिशूलेन तदा तानि बिभेद सः॥

अथवा ज्योतिर्लिङ्ग के स्वरूप में पाताल से ऊपर तक स्थिर रूप से प्रकट हुए, अतः स्थाणु कहे गये। प्रलयकाल के महावात से भी जो हिलते नहीं, इसलिये भी 'स्थाणु' नाम उचित है। इसकी व्युत्पत्ति महाभारत में इस प्रकार है–

दहत्यूर्ध्वं स्थितो यच्च स्थाणुवत् तत् स्थितं च यत्।
स्थिरलिङ्गं च यन्नित्यं तस्मात् स्थाणुरिति स्मृतः॥

अहिर्बुध्न्य नाम की व्याख्या–

ब्रह्माण्डस्याधो दशशतफणो बुध्नभावं प्रयाते
पाताले साधुर्वहति वसुधां सार्णवद्वीपशैलाम्।
तन्मूर्धभ्योऽन्ते विषमयवपुः कालसङ्कर्षणाख्यो
रुद्रो भूत्वेदं दहसि निखिलं सोऽस्याहिर्बुध्न्यनामा॥ ८७॥

'बुध्न' शब्द मूल का वाचक है। अहि शब्द सर्प का है। सर्पराज शेष के रूप में सारी सृष्टि के नीचे वर्तमान हैं।

सम्पूर्ण ब्रह्माण्डों के नीचे सहस्रफणात्मक शेष मूल बनकर समुद्र और पर्वतों के सहित भूमण्डल को धारण करते हैं। उस सर्पराज की फणाओं के ऊपर विषमय शरीर वाले आप कालसङ्कर्षण नामक रुद्र के रूप में सभी सृष्टि को भस्म करते हैं। अतः 'अहिर्बुध्न्य' नाम प्रसिद्ध हुआ।

दिगम्बर नाम की व्याख्या–

महेश दारुकावने महर्षिसिद्धसेविते
तदङ्गनाः पतिव्रताः परीक्षमाणया धिया।
मनोभवातिशायिनीं मनोहरां दधत्तनू-
मुपागतस्तदाश्रमेषु भिक्षितुं 'दिगम्बरः'॥ ८८॥

किसी समय भगवान् शिव महर्षि, सिद्ध आदि के वास-स्थान दारुका वन में गये। वहाँ पर ऋषियों की पतिव्रता स्त्रियों की परीक्षा करने के लिये उन्होंने अत्यन्त मनोहर तथा दिगम्बर रूप धारण कर भिक्षाटन किया था। अतः दिगम्बर नाम पड़ा। यह कथा लिङ्गपुराण में है।

अष्टमूर्ति नाम की व्याख्या–

मेदिनीं भूतमभिमन्यसे शर्व इति
पाथसो भवपदेनाभिमानी ।
रुद्रनाम्ना तु वैश्वानरस्योग्र इति
मारुतं भीम इत्यम्बरस्य ॥
भानुमीशान इति शीतभानुं महा-
देव इत्यात्मनो यज्वनो वा ।
मन्यसे पशुपतीभूय शम्भो जगद्-
व्याप्य तिष्ठन् भवस्यष्टमूर्तिः ॥ ८९ ॥

पाँचें भूतों में पृथिवी में 'शर्व' इस नाम से अभिमानी अर्थात् अधिष्ठाता हैं। जल में भव पद से अभिमानी, अग्नि में रुद्र नाम से अभिमानी, वायु में उग्र नाम से अधिष्ठित, आकाश में भीम नाम से अधिष्ठित, सूर्य में ईशान नाम से वर्तमान, चन्द्रमा में महादेव नाम से स्थित, यजमान या आत्मा में पशुपति नाम से आप अधिष्ठित हैं। इस प्रकार सम्पूर्ण जगत् को व्याप्त कर आप 'अष्टमूर्ति' नाम से प्रसिद्ध हुए। इसका विस्तार से परिचय वायुसंहिता तथा लिङ्गपुराण में दिया है।

अनेकात्मा नाम की व्याख्या–

यत् किञ्चिद् ब्रह्माण्डे सर्वो वै रुद्रस्तत् ।
संख्येयत्ताभावाद् विख्यातोऽनेकात्मा' ॥ ९० ॥

ब्रह्माण्ड में जो दृश्य-अदृश्य है, वह सब रुद्र का ही स्वरूप है। श्रुति भी कहती है–

विश्वं भूतं भुवनं चित्रं जातं जायमानं च यत् ।
सर्वो ह्येष रुद्रस्तस्मै रुद्राय नमो अस्तु ॥

अथवा उनके रूप की संख्या नहीं है, असंख्य हैं। अतः अनेकात्मा कहा है। श्रुति भी कहती है–'**असंख्याताः सहस्राणि ये रुद्रा अधिभूम्याम्**'।

सात्त्विक नाम की व्याख्या–

त्वयि निवसति जन्तुरस्तिता-
गुण इति तानि तव प्रयोजनम् ।
त्वमपि भवसि तेषु तद्वपुः
परशिव तेन मतोऽसि 'सात्त्विकः' ॥ ९१ ॥

सत्त्व शब्द की विविध व्याख्या है। '**सत्त्वान्यस्मिन् इति सात्त्विकः**' सम्पूर्ण जीव आप में ही रहते हैं। अस्मिता अस्तित्व आपका ही है। 'गुण' सत्त्वगुण आपका स्वभाव है और आप सत्त्व के प्रवर्तक हैं। यद्यपि रजोगुण और तमोगुण का वर्णन

भी शिव में किया गया है; परन्तु वह विशेष कारणों से आपेक्षिक है। स्वभावतः भगवान् सत्त्वगुणवान् हैं। 'सत्त्वेषु भवः सात्त्विकः' यह भी व्युत्पत्ति मानी गयी है।

शुद्धविग्रह नाम की व्याख्या–

घनघृतमिव सत्त्वमात्रपिण्डो
न तु वपुरण्वपि ते रजस्तमोक्तम्।
शिव भवसि च नैव कूटयोधी
हरसि मलानीति 'शुद्धविग्रह'स्त्वम्॥ ९२॥

आगम का वचन है–'घृतरीतिघनीभूतसच्चिदानन्दविग्रहम्', अर्थात् जमे हुए शुद्ध घृत की तरह आपका शरीर शुद्ध सत्त्वगुण से बना है। संसार में सभी शरीरों में कम-ज्यादा सत्त्व, रजस्, तमस् इनका अनुपात या मिश्रण होता है; परन्तु स्वेच्छा से स्वीकृत लीलामय भगवान् के शरीर में केवल सत्त्व ही है और आप कूटयोधी अर्थात् कपट से युद्ध नहीं करते। यहाँ विग्रह शब्द युद्ध के अर्थ में है और आपकी कृपा से साधकों के आणवादि मल शुद्ध हो जाते हैं। अतः आप शुद्धविग्रह हैं। इस अर्थ में विग्रह शरीरपरक है।

शाश्वत नाम की व्याख्या–

पूर्वतो जगतो जनेः सर्वसंहारतः परे।
वर्तमाने जगत्यपि त्वमस्येवेति शाश्वतः॥ ९३॥

जगत् की उत्पत्ति से पहले और सबके संहार के बाद और वर्तमानकाल में भी आप रहते हैं। अतः शाश्वत पद से वाच्य हैं। अथर्वशिखा का वचन है– **'अहमेकः प्रथममासं वर्तामि भविष्यामि च नान्यः कश्चिन्मत्तो व्यतिरिक्तः'।**

खण्डपरशु नाम की व्याख्या–

गजासुरवधे खण्डास्तव जाताः परशवः।
तदारभ्याखिलैर्देवैर्गीयसे 'खण्डपरशुः'॥ ९४॥

गजासुर के साथ युद्ध करने में आपके परशु खण्ड-खण्ड हो गये थे। अतः तब से देवताओं ने आपको 'खण्डपरशु' कहा।

अज नाम की व्याख्या–

'न जनिः शिव ते तदसि त्वमजः'॥ ९५॥

आपकी उत्पत्ति किसी से नहीं हुई। अतः आप यथार्थ 'अज' हैं।

पाशविमोचन नाम की व्याख्या–

अभिमतिगुणपञ्चपरुर्दशत्रिचतुरयुतविंशतिपाशतः।
शिव पदबजनेन विमोचयन् पशुगणमिति 'पाशविमोचनः'॥ ९६॥

शास्त्रों के मतानुसार नानाविध बन्धन के कारण पाश हैं, अपने भजन का आश्रय लेने वाले भक्तों को उन पाशों से मुक्त कर आप परमगति देते हैं। अतः

आपका नाम 'पाशविमोचन' है। अभिमति अर्थात् कर्तृत्वादि अभिमान, यह पाश है। गुण सत्त्वादिरूप भी पाश हैं। परु अर्थात् पञ्चपर्वात्मिका अविद्या—तम, मोह, महामोह, तामिस्र, अन्धतामिस्ररूपा या अविद्या-अस्मिता-राग-द्वेष-अभिनिवेश नामक पञ्च क्लेशात्मिका अविद्या भी पाश है। दश-दशेन्द्रिय भी पाश हैं। त्रयोविंशति या चतुर्विंशति सांख्योक्त तत्त्व भी पाश रूप हैं। पाशतः इन पाशों से पञ्चम्यर्थ में तसिल् प्रत्यय है। इन पाशों से शरणागत भक्तों की मुक्ति आप करते हैं। 'चतुर्विंशतितत्त्वानि पाशाः स्युः परमेष्ठिनः' इत्यादि लिङ्गपुराण में विस्तार से बताये हैं। अन्य भी वचन हैं—

स एव मोचकस्तेषां भक्त्या सम्यगुपासितः।
अविद्या पाशबद्धानां नान्यो मोचक इष्यते॥
तमृते परमात्मानं शङ्करं परमेश्वरम्॥ इत्यादि॥

मृड नाम की व्याख्या—

पूर्णाहुत्या त्वयि सुहिते यज्ञे पूर्णे सति सुहिते।
यष्टॄन् ध्यातॄनपि सुखयस्यार्यानेतस्तदसि 'मृडः'॥ ९७॥

'मृड सुखने' इस धातु से 'मृडयति सुखयतीति मृडः' यह व्यवहार बना है। यज्ञ की पूर्णाहुति से आपके प्रसन्न होने पर और यज्ञ भी सुहित सम्यक् हवन से पूर्ण होने पर, हे पार्वतीपते! आप यजकों को तथा ज्ञानी पुरुषों को आनन्दित करते हैं। अतः 'मृड' यह नाम प्रसिद्ध हुआ।

पशुपति नाम की व्याख्या—

ख्यातं तन्त्रेषु पाशः पशुरथ पतिरित्येतत्त्रयमपि
त्वद्रूपं नाथ जीवान् नियमयसि नुतो मुक्तांश्च कुरुषे।
ग्राम्यारण्याधिपत्यं वहसि च यजमानात्माभिमतिमान्
भक्तान् नेपालपीठे रमयसि निवसन्नासीः 'पशुपतिः'॥ ९८॥

तन्त्रों में पाश, पशु और पति ये तीनों पदार्थ प्रसिद्ध हैं, जो आपके ही स्वरूप हैं। उनसे जीवों को आप बाँधते हैं और आराधना करने पर मुक्त करते हैं अथवा ग्राम्य, आरण्य जितने भी पशु हैं, वे आपके वशवर्ती हैं और यजमानस्वरूप अष्टम रूप में आप नेपाल क्षेत्र में पशुपतीश्वर के रूप में विराजमान हैं। इस विषय में वचन हैं—

अजडं च जडं चैव नियन्तृ च तयोरपि।
पशुः पाशः पतिश्चेति कथ्यते त्रितयं क्रमात्॥

तथा—

सर्वात्मनामधिष्ठात्री सर्वक्षेत्रनिवासिनाम्।
मूर्तिः पाशुपती ज्ञेया पशुपाशनिकृन्तनी॥ इत्यादि॥

देव नाम की व्याख्या–

द्युतिमोदव्यवहारात् सुरजातिष्ववतारात् ।

शशिमौले जगतीनामधिपत्वादपि 'देवः' ॥ ९९ ॥

'दिवु क्रीडाविजिगीषाव्यवहारद्युतिस्तुतिमोदमदस्वप्नकान्तिगतिषु' इस धातुपाठ के अनुसार देव शब्द के विविध अर्थ शिव में सार्थक होते हैं। दीप्ति, हर्ष, व्यवहार से देवजाति में अवतार ग्रहण करने से जगत् के अधिपति देव इस अर्थ से भी 'देव' पद का व्यवहार उचित है। 'राजा भट्टारको देवः' कोष है। श्रुति है– **'सर्वेश्वरः शम्भुराकाशमध्ये सर्वाधिपत्यं कुरुते महात्मा'** ।

महादेव नाम की व्याख्या–

गीर्वाणानामपि मधुहादीनां

नमनीयः स्तवनीयस्त्वं देवः ।

शशिबिम्बेऽधिष्ठात्री तव मूर्ति-

र्जगदाप्याययतीति 'महादेवः' ॥ १०० ॥

ब्रह्मा, विष्णु आदि देवताओं से वन्दनीय और स्तवनीय होने से आप महादेव हैं। साम्बपुराण के अनुसार–

पूज्यते यः सुरैः सर्वैर्महांश्चैव प्रमाणतः ।

धातुर्महेति पूजायां महादेवस्ततः स्मृतः ॥

इस व्युत्पत्ति से भी आप महादेव हैं। चन्द्रमण्डल के मध्य में रहने वाली आपकी मूर्ति (मृत्युञ्जय रूप में) महादेव कही गई है। शिवपुराण का वचन है–

आप्याययति यो नित्यममृतांशुर्निशाकरः ।

महादेवस्य सा मूर्तिर्महादेवसमाह्वया ॥

अव्यय नाम की व्याख्या–

न जायसे परिणमसि प्रवर्धसे

न हीयसे न च विकृतोऽसि नश्यसि ।

त्वमव्ययैर्दशभिरपि क्षमादिभिः

परिष्कृतः परशिव तेन चाव्ययः ॥ १०१ ॥

नश्वर पदार्थों में षड्विकार 'व्यय' होते हैं। शास्त्रों में प्रसिद्ध है–जायते, अस्ति, वर्धते, विपरिणमते, अपक्षीयते, नश्यति ये विकार आपमें सर्वथा नहीं हैं। अतः आप अव्यय हैं अथवा 'क्षमा' आदि दस अव्यय (गुण) हैं। अतः आप अव्यय पद से वाच्य हैं। विष्णुपुराण में कहा गया है–

ज्ञानं वैराग्यमैश्वर्यं तपः सत्यं क्षमा धृतिः ।

स्रष्टृत्वमात्मसंबोधो ह्यधिष्ठातृत्वमेव च ।

अव्ययानि दशैतानि नित्यं तिष्ठन्ति शङ्करे ॥

हरि नाम की व्याख्या—

परशिव तव नामसङ्कीर्तनं
कलिकलुषितचेतसां पावनम् ।
निवससि नगरे हरिश्चन्द्रके
हरसि च दुरितानि स त्वं 'हरिः' ॥ १०२ ॥

हे परशिव ! आपका नाम-संकीर्तन कलिकाल के पाप से मुक्ति दिलाता है। अतः पाप के हरण से आपका हरि नाम हुआ। 'हरति भक्तानां दुरितानि इति हरिः' उणादि, इन् प्रत्यय से यह रूप बना है, अथवा हरिश्चन्द्र नामक क्षेत्र विशेष में आप वास करते हुए पापों का हरण करते हैं, इसलिये भी हरि हैं।

पूषदन्तभित् नाम की व्याख्या—

अधिमखं रदविकासपूर्वकं
परिहसन्तमवलोक्य पूषणम् ।
शिवं भवान् अकृत पिष्टभागिनं
गलितदन्तमिति 'पूषदन्तभिद्' ॥ १०३ ॥

भगवान् शिव के द्वारा दक्ष यज्ञ विध्वंस करने के अवसर पर 'पूषा' नामक सूर्य का अंशभूत देवता हँसा था। उस अपराध के कारण शिवावतार वीरभद्र ने उसके दाँत तोड़ दिये थे। अतः आपका नाम पूषदन्तभित् हुआ। पूषा के दाँत न होने से उसको केवल पिष्ट(पीसा हुआ)यज्ञभाग मिलता है। शिवपुराण का वचन है—

पूष्णो दशनपंक्तिं च दीप्त्या मुक्तावलीमिव ।
बिभेद धनुषः कोट्या ततः सोऽस्पष्टवागभूत् ॥

अव्यग्र नाम की व्याख्या—

पौलस्त्येनोन्नयनसमये कैलासाद्रे-
र्ब्रह्माण्डानामपि दहनकाले संवर्ते ।
युद्धेष्वन्येष्वपि बहुषु सन्तोषोद्रेका-
द्देवीं पश्यन्नटसि शिव तस्मादव्यग्रः ॥ १०४ ॥

हे शिव ! आप कभी भी व्यग्र या विचलित नहीं हुए। चाहे रावण के द्वारा कैलास के उठाने के समय या सम्पूर्ण ब्रह्माण्डों के नाशकाल में या अन्य अनेक त्रिपुरासुर आदि के साथ युद्धों में। आप सर्वदा स्थिर एवं प्रसन्न रहे और ऐसे समय में भी देवी के सामने आप आनन्द नृत्य करते हैं। अतः आप वास्तविक 'अव्यग्र' हैं।

दक्षाध्वरहर नाम की व्याख्या—

पुरा देवो दक्ष इति शिव तवैकः श्वशुरकः
परो मर्त्यो दक्ष इति विटपिकन्योदरभवः ।
प्रचेतःपुत्रोऽखिलमखफलदाताऽपि च भवां-
स्तयोर्यज्ञौ हा व्यदलय इति 'दक्षाध्वरहरः' ॥ १०५ ॥

'दक्ष' नाम से दो हुए–एक दक्ष देवता रूप में भगवान् शिव के श्वशुर थे, जो दक्ष प्रजापति कहे गये और दूसरा 'दक्ष' नाम का मानव राजा शिव के शाप से वृक्ष की शाखा की कन्या से हुआ था। वह भी पूर्ववर्ती दक्ष का ही अंश था, जो चाक्षुष चतुर्दश मनुओं के अन्तर्गत किसी मनु की शाखा में हुआ था। इन दोनों के यज्ञों का आपने विध्वंस किया था। जब कि आप यज्ञों के फलदाता भी कहे जाते हैं। इसमें 'ह्वा' यह अव्यय आश्चर्यसूचक है, अर्थात् आपका चरित्र अविचिन्तनीय है। अतः आप 'दक्षाध्वरहर' कहे गये।

हर नाम की व्याख्या–

परशिव जनयसि भव इति भणितः
स्थिरमपि रचयसि मृडपदगणितः।
सुचरमचरमपि चरमगुणधरः
प्रहरसि जगदिदमखिलमिति 'हरः' ॥ १०६ ॥

हे परशिव ! आप भव इस नाम से ख्यात होकर सारे प्रपञ्च की सृष्टि करते हैं। 'मृड' इस नाम से संसार की स्थिति या पालन करते हैं और अन्तिम तमोगुण से अखिल चराचर सृष्टि का संहार करते हैं। अतः हर कहे गये। 'हरत्युपसंहरति विश्वमिति हरः'–यह व्युत्पत्ति है।

भगनेत्रभित् नाम की व्याख्या–

विष्णुब्रह्माद्यखिलदिविषद्वृत्ते मखमण्डपे
वीरं भद्रापतिमुपगतं सुरासुरमर्दनम्।
कोपाटोपादरुणनयनो भगस्तमदीदृशत्
तन्नेत्रे स प्रसभमभिनत्ततो 'भगनेत्रभित्' ॥ १०७ ॥

दक्ष-यज्ञ के ध्वंस के समय ब्रह्मा, विष्णु प्रभृति देवताओं से युक्त यज्ञमण्डप में शिव के क्रोधावतार वीरभद्र आए और उन्होंने यज्ञ ध्वंस किया था। उस समय 'भग' नामक देवता (सूर्य का अवतार विशेष) क्रोध से लाल आँखें बनाकर वीरभद्र को देखने लगा, तो वीरभद्र ने उसकी आँखें निकाल लीं। अतः आपका नाम भगनेत्रभित् हुआ। उक्त कथा लिङ्गपुराण और वायवीय संहिता में है–

भगस्य विपुले नेत्रे शतपत्रसमप्रभे।
प्रसह्योत्पाटयामास भद्रः परमवेगवान् ॥

अव्यक्त नाम की व्याख्या–

सांख्यो मूलप्रकृतिरिति यदाचख्यौ
यत्पाराशर्यश्चिदिति गदति तत्त्वं तत्त्वम्।
सामष्ट्यं चाक्षरमपि भुवि नैव व्यक्तं
लिङ्गं बाणाभिधमपि शिव इत्यव्यक्तः ॥ १०८ ॥

हे शिव ! सांख्य-शास्त्र जिसे मूलप्रकृति कहता है और पराशरात्मज व्यास जिसे चित्प्रकाश कहते हैं, वह तत्त्व आप ही हैं। आप सर्वतत्त्व समष्टि स्वरूप हैं और अक्षर भी हैं। बाण नामक लिङ्ग भी अव्यक्त कहा जाता है। अतः आप अव्यक्त हैं। श्रुति कहती है—**'न चक्षुषा गृह्यते नापि वाचा नान्यैर्देवैः तपसा कर्मणा च'**। नृसिंहपुराण में कहा है—**'समष्टिं विदुरव्यक्तं व्यक्तं व्यष्टिं मुनीश्वराः'**। ब्रह्मवैवर्तपुराण का वचन है—

स्वायम्भुवं बाणलिङ्गं शैललिङ्गमिति त्रिधा।
कीर्तितं व्यक्तमव्यक्तं व्यक्ताव्यक्तमिति क्रमात्॥

सहस्राक्ष नाम की व्याख्या—

अगणितकरचरणशिरोदंष्ट्रोदरयुक् प्रतिभयमाश्चर्यं
युगपत्सृष्टिस्थितिलयकारि च यदवच्छेदकभेदेन।
क्षेत्रे च सुवर्णाक्षे प्रथितं लिङ्गे शिव तव यद्रूपं
बहुविधकर्मज्ञानेन्द्रियपरिपूर्णं तदिति 'सहस्राक्षः'॥ १०९॥

असंख्य कर, चरण, शिर, दंष्ट्रा, उदर इनसे युक्त, भयंकर और आश्चर्यजनक तथा एक साथ ही सृष्टि, स्थिति, संहार करनेवाला तथा नाना प्रकार के कर्मेन्द्रिय और ज्ञानेन्द्रियों से युक्त आपका रूप 'सहस्राक्ष' कहा गया है। उपाधि भेद से सृष्टि, स्थिति, संहार भिन्न-भिन्न स्थानों पर एक साथ करना भगवान् की अचिन्त्य शक्ति है। 'सहस्राक्षेश्वर' नामक शिवलिङ्ग सुवर्णाक्ष क्षेत्र में है।

सर्वाननशिरोग्रीवः सर्वभूतगुहाशयः।
सर्वव्यापी च भगवान् तस्मात् सर्वगतः शिवः॥

इत्यादि प्रमाण हैं।

सहस्रपात् नाम की व्याख्या—

जगदवनार्थमष्टसु धृतासु मूर्तिषु
स्मरहर भास्करस्य तव मूर्तिरष्टमी।
गणनपथातिगाङ्घ्रिमय विश्वरूपधृक्
श्रुतिगदितोऽसि शङ्कर ततः 'सहस्रपात्'॥ ११०॥

हे स्मरहर ! जगत् की रक्षा के लिये आपने अष्टमूर्ति स्वरूप धारण किया है। उसमें आठवीं मूर्ति सूर्य की है। उसकी अनन्त किरणों को ही पाद कहा है। अतः आप सहस्रपात् हैं, अथवा विश्व रूप धारण करने में आपके चरण असंख्य हैं। अतः आप सहस्रपात् हुए। पुरुषसूक्त में कहा है—**'सहस्राक्षः सहस्रपात्'**।

अपवर्गप्रद नाम की व्याख्या–

प्रतीकविदहंग्रहो भृतक इत्युपास्तिर्निजाद्
विधेः शिवसलोकता शिवतदात्मता सार्ष्टिता ।
भवन्ति ससमीपता अमृततात्मविज्ञानतोऽ-
खिलं फलमतो भवेदिति मतो'ऽपवर्गप्रदः' ॥ १११ ॥

अपवर्ग (मोक्ष) प्राप्ति के अनेक उपाय हैं, उन सबको क्रमशः इस पद्य में कहा है। अपने वर्णाश्रम का पालन करते हुए सेवक भाव से प्रतीकोपासना है। उसका फल सालोक्य है। सर्वज्ञत्वादिगुण वाले सगुण ब्रह्म में अहंग्रह से उपासना शिवसायुज्य देती है। प्रतीकवित् और अहंग्रहोपासना के विना पृथग्भाव से ऐश्वर्य विशिष्टता से उत्कर्षापकर्षपूर्वक उपासना भृतकोपासना है और इसका फल सारूप्य है। इसको ही 'सार्ष्टि' कहते हैं। ये सभी उपासनाएँ कर्मफलभूत हैं, सातिशय हैं। अतः अनित्य हैं। ये भूमिकायें सगुण ब्रह्म की हैं। इसके आगे आत्मविज्ञान से अमृतता निर्गुण ब्रह्म की उपासना है। यही बात तैत्तिरीय-श्रुति में **'य एवं विद्वानुदगयने प्रमीयते'** इत्यादि मन्त्रों में कही गई है। इस प्रकार सालोक्यादि पांचों प्रकार के अपवर्ग को आप देते हैं। अतः 'अपवर्गप्रद' नाम उचित है।

अनन्त नाम की व्याख्या–

नात्रेति विभो नेदानीमिति नेदं
ब्रह्मेति न वाचो यत्र प्रसरन्ति ।
नास्त्येव गुणानामन्तो न विभूतेः
शेषोऽसि धराधृत्तेन त्वमनन्तः ॥ ११२ ॥

अन्त अर्थात् परिच्छेद जिसका नहीं है। वह परिच्छेद भी तीन प्रकार का है-- देशकृत, कालकृत और वस्तुकृत। आपमें यह तीनों नहीं है। 'अत्र न' यहाँ नहीं, यह देश का परिच्छेद है। 'इस समय नहीं' यह काल का परिच्छेद है और 'ब्रह्म कहाँ नहीं है' यह वस्तुकृत परिच्छेद है। इनसे अतीत होने से आप 'अनन्त' हैं और आपके गुणों, ऐश्वर्य का अन्त नहीं है। पृथ्वी के धारण करने वाले शेष भी अनन्त हैं। वह भी आपके ही रूप हैं। अतः 'अनन्त' शब्द सार्थक है। श्रुति है– **'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'**। गीता में कहा है–**'नान्तोऽस्ति मम दिव्यानां विभूतीनां परन्तप'**।

तारक नाम की व्याख्या–

तव पदकमले भजन्तो जनास्तारिता यत्त्वया
भवजलनिधितो महादेव ताराख्यवर्णात्मकः ।
प्रणवमुपदिशन् द्विजान् काशिकायां परेतानपि
श्रुतिषु निगदितस्तदन्वर्थनामा भवांस्तारकः ॥ ११३ ॥

आपके चरणकमलों को भजने वाले भक्तों को भवसागर से आप उद्धार कर देते हैं। अतः तारक हैं–तारयत्युपासकान् संसारात्, अथवा ताराख्य वर्णात्मक आप हैं। श्रुति भी आपको कहती है–'**नमस्ताराय नमः शम्भवे च**'। अथवा तारक ओंकाररूप प्रणव मन्त्र आपका ही स्वरूप है। काशी में मरने वाले द्विजों को प्रणव मन्त्र का उपदेश देकर आप उद्धार करते हैं। न केवल द्विजों का किन्तु मरण से ज्ञानशून्य जन्तुओं का भी तारक मन्त्र से आप उद्धार करते हैं, यह श्रुति भी कहती है–'**प्राणेषूत्क्रमेषु रुद्रस्तारकं ब्रह्म व्याचष्टे। येनासावमृतीभूत्वा मोक्षीभवति**'॥ यह श्लोक प्रसिद्ध है कि काशी में जीव के मरणकाल में उमा-महेश्वर दोनों प्रणवोपदेश कर जीव का उद्धार करते हैं–

अनिलो मृगनाभिरेणुगन्धिर्हरवामाङ्गकुचोत्तरीयजन्मा।
हरते मरणश्रमं जनानामधिकाशि प्रणवोपदेशकाले॥

परमेश्वर नाम की व्याख्या–

ग्रामाणां पतयोऽपि सोपपदेश्वरा भुवि भूरिश-
स्तेऽपि स्वाश्रितमात्रपोषपरास्तथैव दिवौकसः।
ईशानामपि चेशितासि निजाश्रिताश्रिततच्छ्रितान्
सर्वानप्यवसीशता परमावधिः परमेश्वरः॥ ११४॥

ग्राम, नगर इत्यादि के स्वामियों की ईशिता–प्रभुत्व सीमित होता है; क्योंकि उनका भी नियामक दूसरा होता है। वे केवल अपने आश्रितों का पोषण कर सकते हैं। वही स्थिति देवताओं की भी है, वे भी अपने आश्रित मात्र की रक्षा और पोषण करते हैं।

भगवन् आप तो ईश्वरों के भी ईश्वर हैं और अपने आश्रित और उनके आश्रित या आश्रितों के भी आश्रितों की रक्षा और पोषण करते हैं। अतः ऐश्वर्य की परमावधि के कारण परमेश्वर शब्द आपके विषय में ही सार्थक है। इसके आगे शिवरहस्य और शंकरसंहिता में उत्तरभाग के श्लोक हैं, जिससे ज्ञात होता है कि ये दिव्य नाम भगवान् ने स्वयं बताये थे। कुमारस्कन्द, विष्णु तथा गौरी ने इन नामों से शिव को प्रसन्न किया था।

इमानि दिव्यनामानि जप्यन्ते सर्वदा मया।
नामकल्पलतेयं मे सर्वाभीष्टप्रदायिनी॥
नामान्येतानि सुभगे शिवदानि न संशयः।
वेदसर्वस्वभूतानि नामान्येतानि वस्तुतः॥
एतानि यानि नामानि तानि सर्वार्थदान्यतः।
जप्यन्ते सादरं नित्यं मया नियमपूर्वकम्॥

वेदेषु शिवनामानि श्रेष्ठान्यघहराणि च ।
सन्त्यनन्तानि सुभगे वेदेषु विविधेष्वपि ॥
तेभ्यो नामानि संगृह्य कुमाराय महेश्वरः ।
अष्टोत्तरसहस्रं तु नाम्नामुपदिशत् पुरा ।
ततोऽपि सारमुद्धृत्याब्रवीदष्टोत्तरं शतम् ॥
तानि नामानि जप्यन्ते मया प्रत्यहमादरात् ।
इत्युक्त्वा प्रणिपत्याम्बां सम्पूज्य च जनार्दनः ॥
ततो जगाम वैकुण्ठं प्रेषितो जगदम्बया ।
शिवमाराधयन्ती सा गिरिजाऽपि ततः शिवम् ॥
सम्प्राप्ता शिवरूपं सा भूयः प्राप्तशिवाऽपि सा ।
नारायणोपदेशेन सा सिद्धिं परमां गता ॥
समवाप्य शरीरार्धं प्रसादात् शूलधारिणः ।
ततः प्रभृति लोकेऽस्मिन् अर्धनारीश्वरः शिवः ॥
यस्त्रिसन्ध्यं पठेच्छम्भोर्नाम्नामष्टोत्तरं शतम् ।
स सर्वकामानाप्नोति भुक्तिं मुक्तिं च विन्दति ॥

इस प्रकार से नाम-माहात्म्य और कथा का सन्दर्भ उपवर्णित है । अन्त में आचार्य भास्करराय जी 'भक्ति से नम्र होकर शिव की महत्ता तो प्राचीन ऋषियों तथा भक्तों ने ही समझी है, साधारण पुरुष क्या समझेगा' इस प्रकार अपनी नम्रता की सूचना देते हैं–

जानाति साम्ब तव नामरुचिं दधीचि-
र्जानाति ते पदनखाग्रबलं दशास्यः ।
जानाति दोर्बलपराक्रममेष मेरु-
र्जानन्त्यमोघपटुबाणगतिं पुराणि ॥ ११५ ॥

हे साम्ब ! आपके नाम का महत्त्व दधीचि ऋषि ही जानते हैं । इसमें एक कथा है–प्राचीन समय में ब्रह्मा के छींक से उत्पन्न 'क्षुप' नाम का विष्णुभक्त कोई क्षत्रिय था तथा दधीचि ऋषि शिवपरायण ब्रह्मर्षि थे । उन दोनों में वाद उत्पन्न हुआ कि 'क्षत्रिय वरिष्ठ है या ब्राह्मण' ? अन्ततः दोनों का युद्ध हुआ । क्षुप के लिये विष्णु ने अपने चक्र प्रभृति आयुध दधीचि पर छोड़ने के लिये भेजे । दधीचि ने शिव-नामांकित कुशों को ही आयुध बनाकर भेजा । उस कुशास्त्र से ही क्षुप की सारी शक्ति लुप्त हो गई । इस प्रकार नाम की शक्ति का दधीचि ने अनुभव किया । यह कथा लिङ्गपुराण में है और जब मद से भरे रावण ने कैलास को उठाने की चेष्टा की, तो शिव ने पैर के नखाग्र भाग से ही उसे रगड़ दिया और क्षमा माँगने पर छोड़ा । रामायण के उत्तरकाण्ड में यह कथा है ।

बाहुबल के पराक्रम को सुमेरु ही जानता है; क्योंकि त्रिपुरासुर के युद्ध में वह धनुष बना था। अतः भगवान् को 'मेरुधन्वा' कहा जाता है। अमोघ बाणों की शक्ति को त्रिपुरासुर के तीन पुर ही जानते हैं; क्योंकि स्वयं नारायण बाण बने थे और उससे दाह किया था। अतः आपके महत्त्व को अलग से प्रमाणित करने की आवश्यकता नहीं है।

अब इस 'नामकल्पलतालवाल' की विशेषता को प्रकट करने के लिये यह पद्य लिखा है—

इयं शम्भोरष्टोत्तरशतकनामार्थविवृति-
विजातीयैरष्टोत्तरशतकवृत्तैर्विरचिता
फलं नामस्वर्थावगतिषु च भूम्नैव विदितं
बहूनां वृत्तानां प्रमितिरधिकाऽप्यत्र फलति ॥ ११६ ॥

इन अष्टोत्तरशत शिव-नामों के अर्थ के विवरण का महत्त्व पिछली व्याख्याओं से स्पष्ट ही है।

महापातकविच्छित्यै शिव इत्यक्षरद्वयम्।
अलं नमस्क्रियायुक्तो मुक्तये कल्पितो मनुः ॥

इत्यादि वचन हैं।

इन अष्टोत्तरशतनामों को इस व्याख्या में विभिन्न विजातीय वृत्तों (छन्दों) में वर्णित किया है। अतः भगवन्नाम से प्राप्य फलों के साथ नाना छन्दोविषयक ज्ञान प्राप्त करना भी इस व्याख्या का प्रयोजन है।

अब अन्त में श्री आचार्य पूर्वप्रतिज्ञात सिद्धान्त के अनुसार अपने जीवन की सफलता को उद्घोषित कर ग्रन्थ की समाप्ति करते हैं—

इति काशिनिवासिसाग्निचित्यक्रतुकृद्भास्कररायभारती।
जनुषः सफलत्वसिद्धये शिवनामाष्टशतं व्यवर्वरीत् ॥

इस प्रकार काशी के निवासी साग्निचित् यज्ञ करनेवाले श्रीभास्करराय भारती ने अपने जीवन को सफल बनाने के लिये शिवाष्टोत्तरशत-नामों की व्याख्या प्रस्तुत की है।

इस श्लोक में 'काशि' ह्रस्व पद छन्दों के अनुरोध से प्रयुक्त है। 'छन्दो-व्याकरणयोर्विरोधे छन्दो बलीयः' इत्यादि, 'इयादि पूरणे' इस सूत्र के प्रसंग में छन्दोवार्तिक भाष्य में विचार किया गया है। इस व्याख्या के प्रत्येक श्लोक में प्रयुक्त छन्दों की निम्नाङ्कित तालिका दी जा रही है, जो श्लोक सं. ७ से प्रारम्भ होती है—

श्लोकसंख्या	छन्द-नाम	लक्षण
७.	शिखरिणी–	'शिखरिणी य्मौ न्सौ भ्लौगृतुरुद्रा'–पिङ्गलसूत्रम् ।
८.	वंशस्थम्–	'वंशस्थं ज्तौ ज्रौ' ।
९.	उपगीतिः—	'अन्त्येनोपगीतिः' ।
१०.	वसन्ततिलका–	'वसन्ततिलका त्भौ जौ गौ' ।
११.	द्रुतविलम्बितम्–	'द्रुतविलम्बितं न्भौ भ्रौ' ।
१२.	शालिनी–	'शालिनी म्तौ गौ समुद्रऋषयः' ।
१३.	गीतिः–	'आद्यर्धं समा गीतिः' ।
१४.	मेघविस्फूर्जितम्—	'रसऋत्वश्वैर्य्मौन्सौ रो मेघविस्फूर्जिता रगौ' ।
१५.	ललितम्–	'धीरैरभाणि ललिता तभौ जरौ' ।
१६.	पथ्यावक्त्रम्–	'पथ्यायुज्जोऽज्' ।
१७.	औपच्छसिकम्–	'गौपच्छन्दसिकम्' ।
१८.	शम्भुः–	'दशबाणार्थैर्यतिधारी स्तौ यभमा मो गः शम्भुः प्रोक्तः' ।
१९.	वैतालीयम्–	'वैतालीयं द्विस्वरा अयुक्पादे युग्वसवोऽन्तेर्लग' ।
२०.	तोटकम्–	'तोटकं सः' ।
२१.	आर्यावृत्तम्–	'स्वरार्धं चार्यार्धम्' इत्यादि ।
२२.	विद्युन्माला–	'विद्युन्माला मौ गौ' ।
२३.	इन्द्रवंशा–	'इन्द्रवंशा तौ ज्रौ' ।
२४.	उद्गीतिः–	'उत्क्रमेणोद्गीतिः' ।
२५.	उपेन्द्रवज्रा–	'उपेन्द्रवज्रा ज्तौ ज्गौग्' ।
२६.	आर्यागीतिः–	'अर्धे वसुगण आर्यागीतिः' ।
२७.	अर्धाङ्गी–	'तुरगैस्त्रिभिरर्धाङ्गी' ।
२८.	प्रमाणिका–	'प्रमाणिका जरौ लगौ' ।
२९.	मत्ता–	'मत्ता म्भौ स्गौ' ।
३०.	मालिनी–	'मालिनी नौ म्यौ च' ।
३१.	कर्पूरम्–	'मा रामा यस्मिन् तत्कर्पूरम्' ।
३२.	विबुधप्रिया–	'रात्सजौ जभरागजैर्दशभिर्यतिर्विबुधप्रिया' ।
३३.	मालाधरः–	'नसजसयला गुरुर्यदि तदैष मालाधरः' ।
३४.	भुजगशिशुसृता–	'भुजगशिशुसृता नौम्' ।
३५.	गुणाङ्गी–	'म्तौ ज्गौ गः स्यादब्धिनगैर्गुणाङ्गी' ।
३६.	शुद्धविराट्–	'शुद्धविराण् म्सौ ज्गो' ।
३७.	शोभा–	'रसैरश्वैः शैलैः यमननततगा गश्च शोभा प्रसिद्धा' ।
३८.	कुमारललिता–	'कुमारललिता ज्सौग्' ।

३९. रुक्मवती—'रुक्मवती भ्यौ स्गौ' ।
४०. हरिणी—'हरिणी न्सौ म्रौ स्लौग्रससमुद्रऋषयः' ।
४१. भुजङ्गप्रयातम्—'भुजङ्गप्रयातं चतुर्भिर्यकारैः' ।
४२. भ्रमरविलसितम्—'भ्रमरविलसितं म्भौ न्लौ लोग्च' ।
४३. वातोर्मीयम्—'वातोर्मी म्भौ त्गौ ग्च' ।
४४. भाराक्रान्ता—'भाराक्रान्ता श्रुतिरसहयैर्मभौ नरसा लगौ' ।
४५. स्वागता—'स्वागता र्नौ भ्गौ ग्' ।
४६. गोवृषम्—'वेदैर्दिग्भिः मस्तयसा गोवृष उक्तो गौ' ।
४७. पादाकुलकम्—'एभिः पादाकुलकं षोडशमात्रापादैः' ।
४८. स्रग्विणी—'स्रग्विणी रः' ।
४९. शार्दूलललितम्—'छेदो भानुरसैर्मसौ जसतसाः शार्दूलललितम्' ।
५०. त्रयी—'रास्त्रयश्चेत् त्रयी नामकं गः' ।
५१. विमोहः—'रौ विमोहो यदि' ।
५२. सर्वज्ञः—'मो गौ सर्वज्ञः' ।
५३. तनुमध्या—'तनुमध्या त्यौ' ।
५४. लोचनम्—'रो यजौ गुरु लोचनं भवेत्' ।
५५. दुग्धम्—'दुग्धवृत्तं रभजरैरुदीरितम्' ।
५६. भुजङ्गविजृम्भितम्—'भुजङ्गविजृम्भितं मौ त्लौ नौ सौ ल्गौ वसुरुद्र-ऋषयः' ।
५७. मत्तमयूरम्—'मत्तमयूरा म्तौ य्सौग् समुद्रनवकौ' ।
५८. स्रग्धरा—'स्रग्धरा म्रौ भ्नौ यौ य् त्रिसप्तकाः' ।
५९. रथोद्धता—'रथोद्धता र्नौ र्लौग्' ।
६०. विश्वम्—'रैश्चतुर्भिर्युतं गेन युक्तं च विश्वम्' ।
६१. वैश्वदेवी—'वैश्वदेवी मौ याविन्द्रिय-ऋषयः' ।
६२. वृत्तम्—'वृत्ता नौ स्गौग्' ।
६३. श्येनी—'श्येनी र्जौ र्लौग्' ।
६४. इन्द्रव्रजा—'इन्द्रवज्रा तौ ज्गौग्' ।
६५. पणवः—'पणवो म्नौ य्गौ' ।
६६. चित्रपदा—'चित्रपदा भौ गौ' ।
६७. हलमुखी—'हलमुखी र्नौस्' ।
६८. अनघः —'मात्सश्चेदनघः' ।
६९. अपरान्तिका—'युगेऽपरान्तिका' ।
७०. मदलेखा—'म्सौ गः स्यान्मदलेखा' ।

७१. तन्वी–'तन्वी भ्तौ न्सौ भौ न्यौ द्विरादित्याः' ।
७२. समानी–'ग्लिति समानी' ।
७३. चन्द्रलेखा–'म्रौ म्यौ यान्तौ भवेतां सप्ताष्टभिश्चन्द्रलेखा' ।
७४. मन्दाकिनी–'त्रिभिर्यैर्लगाभ्यां च मन्दाकिनी' ।
७५. जलोद्धतगतिः–'जलोद्धतगतिः ज्सौ ज्सौ रसर्तवः' ।
७६. उपस्थिता–'उपस्थिता तजौग्' ।
७७. मृत्युञ्जयः –'तो मो लगौ मृत्युञ्जयः' ।
७८. चूडामणिः–'चूडामणिस्तभगाः' ।
७९. जलधरमाला–'अब्ध्यङ्गैः स्याज्जलधरमाला म्भौ स्मौ' ।
८०. अपराजिता–'अपराजिता नौ र्सौ ल्गौ स्वर-ऋषयः' ।
८१. मन्दाक्रान्ता–'मन्दाक्रान्ता म्भौ न्तौ तोगौ समुद्र ऋतुस्वराः' ।
८२. महासेनः–'म्रौ भ्नौ त्सौ सप्तरुद्रैर्यतिरिति महासेन उदितः' ।
८३. कामदा–'भवति नश्च रौ कामदा लगौ' ।
८४. अलोला–'द्विः सप्तच्छिदलोला म्सौ म्भौ गौ चरणे चेत्' ।
८५. प्रमिताक्षरा–'प्रमिताक्षरा स्जौ सौ' ।
८६. असम्बाधा–'असम्बाधा म्तौ न्सौ गाविन्द्रियनवकौ' ।
८७. कुसुमितलतावेल्लिता–'कुसुमितलतावेल्लिता म्तौ न्यौ याविन्द्रियर्तुस्वराः' ।
८८. पञ्चचामरम्–'लगौ निरन्तरौ यदा तदा स पञ्चचामरः' ।
८९. आन्दोलिका–'सप्तभिः प्रहरणैः संयुतान्तिमगुरुः त्रिर्दशसु यतियुतान्दोलिकोक्ता' ।
९०. शेषाख्यम्–'मद्वन्द्वं शेषाख्यम्' ।
९१. अपरवक्त्रम्–'अपरवक्त्रं नौ र्लौग् न्जौ ज्रौ' ।
९२. पुष्पिताग्रा–'पुष्पिताग्रा नौ न्जौ ज्रौग्' ।
९३. जविपुला–'सर्वत्र सैतवस्य' ।
९४. विपरीतचपला–'चपला युजोन्' ।
९५. रमणाख्यम्–'चरणचतुष्टयस्यापि सगणात्मकत्वाद् रमणाख्यम्' ।
९६. उज्ज्वला–'ननभरसहिताभिहितोज्ज्वला' ।
९७. पारन्ती–'पारन्ती वै मभसगणैः' ।
९८. सुवदना–'सुवदना म्रौ भ्नौ य्भौ ल्गौ स्वर-ऋषिरसाः' ।
९९. मोदः –'सभगा गोयदि मोदः' ।
१००. कलहंसी–'षण्मात्रैस्त्रिभिरुदिता कलहंसी' ।
१०१. रुचिरा–'रुचिरा ज्भौ स्जौग् चतुष्कनवकौ' ।

१०२. प्रमुदितवदना–'प्रमुदितवदना भवेन्नौ च रौ' ।

१०३. प्रियंवदा–'भुवि भवेन्नभजरैः प्रियंवदा' ।

१०४. हंसश्येनी–'मोभोन्मौगौ यदि निगदिता हंसश्येनी' ।

१०५. कलातन्त्रम्–'कलातन्त्रं यात्तनसभलघुभिर्गेन सहितम्' ।

१०६. मणिगणनिकरः –'मणिगणनिकरो वसु-ऋषयः' ।

१०७. भाराक्रान्तम्–'भाराक्रान्ता श्रुतिरसहयैर्मभौ नरसालगौ' ।

१०८. कुटिलकम्–'मो भो न्यौ गौ यदि कुटिलकमुक्तं वृत्तम्' ।

१०९. आनन्दनामकम्–'सार्धैः सप्तगणैर्द्वाविंशत्या वसुभिर्मतमानन्दम्' ।

११०. प्रभद्रकम्–'भवति नजौ भजौ रसहितौ प्रभद्रकम्' ।

१११. पृथ्वी–'पृथ्वी ज्सौ ज्सौ य्लौग्वसुनवकौ' ।

११२. मणिमाला–'मणिमाला त्यौ त्यौ' ।

११३. लालसा–'दशवसुविरतिर्ननौरैश्चतुर्भिर्युता लालसा' ।

११४. हरिणप्लुता–'मात् सौ जौ च भरौ च दन्तिशरेषुभिर्हरिणप्लुता' ।

तृचभास्कर

श्रीभास्करराय भारती जी की कृतियों में 'तृचभास्कर' का अपना एक अलग स्थान है। प्राचीन हिन्दू धर्म की परम्परा में वेदानुयायी हिन्दू मात्र पाँच या छः देवताओं की उपासना करते हैं—"**आदित्यमम्बिकां विष्णुं गणनाथं महेश्वरम्**" इत्यादि पौराणिक उक्तियों के अनुसार सूर्य, देवी, विष्णु, गणेश तथा महेश्वर ये पाँच हैं, तथा छठें स्कन्द या कुमार कार्तिकेय हैं, जिनकी उपासना विशेष रूप से दक्षिण भारत में प्रचलित है। इसलिये शङ्कराचार्य की बिरुदावली में "षण्मत-प्रतिष्ठापनाचार्य" शब्द कहा जाता है। आस्तिक स्मार्त सम्प्रदाय के अनुसार ये पूर्वोक्त सभी देवताएँ पूज्य और समानभाव से आदरणीय हैं। सिद्धान्ततः पूर्ण ब्रह्म ही भक्तों के अनुग्रह के लिये इन देवताओं के रूप से प्रकट होकर वासना के अनुसार भोग एवं मोक्ष प्रदान करता है।

उसमें भी जन्मान्तर के संस्कार या वासना से किसी एक विशिष्ट देवता में भक्ति होने पर उस देवता के विषय में अधिकारी गुरु से मन्त्र-दीक्षा ग्रहण कर ज्ञान प्राप्त करना चाहिये—यही भारतीय परम्परा है। इन देवताओं में सभी के मूलभूत उपासना के उपदेशक वेद-भाग, उपनिषद् आदि तथा तत्तत् पुराणों के अंश अध्येतव्य हैं, ज़ो विद्वानों से जाने जा सकते हैं।

उसमें भगवान् सूर्य का भी साहित्य आता है। वेद, पुराण तथा तन्त्रों में सूर्य पर विपुल साहित्य है; परन्तु 'सूर्य' की स्वतन्त्र उपासना कम ही लोग करते हैं। यद्यपि प्रत्येक उपनीत पुरुषों को सन्ध्योपासना में गायत्री मन्त्र से सूर्यार्घ्य दान करना पड़ता है। ऐसे ही तान्त्रिक उपासना में अपने इष्ट देवता की तान्त्रिक सन्ध्या में सूर्यार्घ्य दान और इष्ट देवता की गायत्री से उसको अर्घ्य दान करना शास्त्र में विहित है। इस प्रकार सूर्य की उपासना भारतीय जीवन का अनिवार्य अङ्ग है। सूर्यविषयक वैदिक मन्त्रों के समूह को "सौर" शब्द से व्यवहृत किया गया है। शिष्टाचार की परम्परा में सूर्य के द्वादश नामों से नमस्कार (साष्टाङ्ग-नमस्कार) करने की परम्परा विशेषतः महाराष्ट्र में है। उन्हीं नामों की तृच-मन्त्रों से नमस्कार करने की परम्परा भी है। "सौर" सूर्यविषयक मन्त्रों का समूह है, जिसका "उदुत्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः। दृशे विश्वाय सूर्यम्" इत्यादि मन्त्रों से आरम्भ होता है।

षष्ठी या सप्तमी को सूर्य का व्रत करने की परम्परा रही है। रविवार को नमकरहित आहार से व्रत रखने की भी परम्परा है। बिहार में तथा अन्यत्र भी सूर्यषष्ठी (डाला छठ) का व्रत विशेष प्रसिद्ध है। इस प्रकार भारतीय जीवन में

सूर्योपासना का स्थान महत्त्वपूर्ण है; परन्तु इस विषय पर स्वतन्त्र रूप से किसी विद्वान् ने लेखनी उठाने का साहस नहीं किया, तथा सम्पूर्ण ऊहापोह के साथ सूर्योपासना के मुख्य अङ्ग 'तृचार्घ्यदान' पर विस्तार से विचार नहीं किया। यह कार्य श्रीभास्करराय जी ने अपनी शास्त्रप्रवीण दृष्टि से किया, जिसका परिणाम 'तृचभास्कर' ग्रन्थ के रूप में हम देख रहे हैं।

तृचभास्कर की उपलब्धि

यह 'तृचभास्कर' ग्रन्थ गायकवाड़ ओरियण्टल सीरीज, बड़ौदा से सन् १९८२ में प्रकाशित हुआ। इसका सम्पादन श्रीभास्करराय की परम्परा के वृद्ध विद्वान् पं. रघुनाथ गोपाल साठे ने अतिपरिश्रम-पूर्वक किया था। श्री साठे जी वृद्ध हो गये थे; परन्तु सम्प्रदाय की रक्षा के लिये उनका जीवन समर्पित था। तीन पाण्डुलिपियों को अक्षरशः मिलाकर शुद्ध प्रतिलिपि उन्होंने प्रस्तुत की थी। खेद है कि मुद्रित पुस्तक को वे अपने जीवन में देख न सके; परन्तु इसके मुद्रण में उनकी श्रद्धा और श्रम सदा अविस्मरणीय है। इसकी मूल तीन पाण्डुलिपियाँ मिली थीं—

(१) सरस्वतीभवन पुस्तकालय, वाराणसी,
(२) स्व. पं. हरिशङ्कर शास्त्री, बड़ौदा,
(३) गायकवाड़ ओरियंटल लायब्रेरी, बड़ौदा।

इन तीनों पाण्डुलिपियों से ग्रन्थ शुद्ध और पूर्णरूप में उपलब्ध हुआ। कहीं-कहीं पत्रों में व्यतिक्रम था, जो इनके मिलाने से ठीक हुआ है। डॉ. अरुणोदय नटवरलाल जानी जो उस समय निदेशक थे, उन्होंने भूमिका लिखी है। उनके अनुरोध से इन पंक्तियों के लेखक ने पं. रघुनाथ गोपाल साठे जी के निर्देशानुसार श्रीभास्करराय जी के जीवन पर संस्कृत में प्रास्ताविक भूमिका लिखी है, जिसमें अनुश्रुतियों के आधार पर श्रीभास्करराय जी का संक्षिप्त परिचय दिया गया है।

प्रसङ्गतः सूर्य के सम्बन्ध में भारतीय स्थापत्यकला में सूर्य की चर्चा करनी भी आवश्यक है—ऐतिहासिकों का कथन है कि पूर्व-वैदिककाल में सूर्य की उपासना अन्तरङ्ग या आत्मरूप से की जाती थी और उत्तर-वैदिककाल से मूर्तिपूजा या मन्दिर निर्माण की परम्परा प्रारम्भ हुई। रामायण तथा महाभारत के सन्दर्भों से सूर्य-पूजा की जानकारी मिलती है।

भगवान् राम सूर्यवंशी थे, यह प्रसिद्ध है। वैवस्वत मनु का प्रथम राजा के रूप में कालिदास ने भी उल्लेख किया है। सूर्य के मन्त्र के प्रभाव से कुन्ती को पुत्र के रूप में कर्ण के उपलब्ध होने की कथा महाभारत में प्रसिद्ध है। पुराणों के अनुसार जाम्बवती से उत्पन्न कृष्ण के पुत्र को पिता के शाप से कुष्ठ रोग हुआ था, जिसके परिहार के लिये उसने सूर्य की उपासना की और आरोग्य प्राप्त किया

था। साम्ब ने उदयगिरि, मथुरा तथा साम्बपुर तीन स्थानों में सूर्य का मन्दिर स्थापित किया था। कहा जाता है कि साम्बपुर की सूर्य-प्रतिमा सोने की थी।

अतिप्रसिद्ध कोणार्क का सूर्य-मन्दिर उड़ीसा में है। नागर शैली की शिल्प-कला से इसका निर्माण किया गया है। इसकी शिल्पकला अत्यन्त सुन्दर एवं प्रभावोत्पादक है। नृत्यमण्डप, आराधना-गृह और गर्भगृह इन तीन भागों से मन्दिर का विस्तार किया गया है। नृत्यमण्डप में भित्तियों पर उनकी नृत्याङ्गनाओं की मनोरम मूर्तियाँ अंकित हैं। आराधना-गृह के प्रवेश द्वार पर एक अखण्ड शिला पर नवग्रहों की मूर्तियाँ अंकित हैं।

नृत्यमण्डप और जगमोहन से होकर प्रातःकाल की कोमल सूर्य-किरणें गर्भगृह के दक्षिण भाग में स्थित 'प्रभात सूर्य-प्रतिमा' के मुख पर पड़ती है। मध्याह्न की सूर्य-किरणें पश्चिम भाग स्थित 'मध्याह्न सूर्य-प्रतिमा' पर पड़ती हैं तथा सायंकाल की किरणें 'अस्ताचल सूर्य-प्रतिमा' पर पड़ती है। प्रभात सूर्य के मुख पर सौम्य एवं शान्त भाव, मध्याह्न सूर्य के मुख पर कठोर भाव एवं अस्ताचल सूर्य के मुख पर श्रान्ति का भाव कलाकार ने अभिव्यक्त किया है।

इसके अतिरिक्त मन्दिर में नाना प्रकार की विलास मुद्राएँ (विशेषतः नारियों की) अंकित हैं। यह विशाल सूर्य-मन्दिर सात तेज दौड़ने वाले घोड़ों से युक्त रथ के रूप में बना हुआ है। इस मन्दिर का निर्माण महाराज नरसिंह देव प्रथम ने १२४५-५६ के मध्य में कराया था। चन्द्रभागा नदी के क्षेत्र को पुराणों में 'पद्म-क्षेत्र' कहा है। यहीं पर साम्ब की शाप से मुक्ति हुई थी। यहाँ पर १२ सौ शिल्पियों द्वारा निरन्तर सोलह वर्षों के प्रयास से सूर्य-मन्दिर बना, ऐसी प्रसिद्धि है। यह मन्दिर सम्भवतः झालरापाटन का ही मन्दिर है; क्योंकि इसके पास से चन्द्रभागा नदी बहती है।

लगभग ८० वर्गमीटर के क्षेत्रफल में ९७ फीट ऊँचे शिखर वाले इस मन्दिर का शिखर सप्तशृङ्गों की तीन-तीन शृङ्खलाओं में विनिर्मित है। सुप्रसिद्ध इतिहासज्ञ 'कनिंघम' ने इसकी तुलना खजुराहों के शिल्प से की है। इसके मध्य में पद्मनाभ विष्णु की प्रतिमा स्थापित है।

राजस्थान में ११-१२ वीं शताब्दियों में सूर्य-मन्दिरों का निर्माण राणकपुर, तलवाडा, कोटा में किया गया था।

गुजरात में सूर्य-मन्दिर मोढेरा में १०२५ ई. में निर्मित हुआ है। इसके सिवाय काश्मीर का 'मटन' या मार्तण्ड-मन्दिर है, जो आज ध्वंसावशेष के रूप में वर्तमान है। इसके अतिरिक्त अनेक स्थानों में छोटे-बड़े सूर्य-मन्दिर बने, तथा सूर्य-क्षेत्र के नाम से भी अनेक स्थान प्रसिद्ध हुए।

वाराणसी में द्वादश आदित्य के अलग-अलग स्थान प्रसिद्ध हैं, जिनमें 'लोलार्क-कुण्ड' प्रख्यात है। वाराणसी में सूर्य के द्वारा स्थापित शिवलिङ्ग 'गभस्तीश्वर' नाम का प्रसिद्ध है, जो पञ्चगंगा घाट के समीप है। इस प्रकार सूर्योपासना की महत्ता एवं व्यापकता विचारणीय है।

महाराष्ट्र में सूर्य का एक विशेष अवतार 'खण्डोबा' नाम से प्रसिद्ध है, जो अश्वारूढ हैं। इसे तन्त्रों में 'मार्तण्डभैरव' कहा गया है। इनकी शक्ति का नाम महालसा है। इन सबका पुराणों में विवेचन किया गया है। उपासना-पटलों एवं तन्त्र-ग्रन्थों में सूर्य की प्रतिमा यन्त्र, मन्त्रविधान, स्तोत्र, कवच, सहस्रनाम आदि प्राप्य हैं। वाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण के युद्ध से पूर्व भगवान् राम ने सूर्य की उपासना की थी।

इस प्रकार भारतीय परम्परा में सूर्य-सम्बन्धी संस्कृति पर्याप्त व्यापक रूप से बिखरी हुई है। स्तोत्र-साहित्य में 'आदित्यहृदय-स्तोत्र' विशेष प्रसिद्ध है। सुप्रसिद्ध मयूर कवि का 'सूर्यशतकम्' तो शतक-साहित्य का पहला ग्रन्थ माना जाता है। 'साम्बपञ्चाशिका' एक महत्त्वपूर्ण अतिगम्भीर शास्त्रीय सिद्धान्तों से युक्त सूर्यस्तोत्र है। इस प्रकार साहित्य में भी सूर्य-सम्बन्धी विपुल सामग्री अध्येतव्य है।

तृचभास्कर के निर्माण के सम्बन्ध में

श्रीभास्करराय जी का कार्यक्षेत्र समस्त वैदिक एवं तान्त्रिक वाङ्मय था। आचार्य शङ्कर की तरह उन्हें भी भारत में शिथिल होने वाले वैदिक शास्त्रों की सुरक्षा एवं पुनः प्रतिष्ठा करने की लगन थी। शंकराचार्य का ही कार्य उन्होंने चलाया, यदि ऐसा कहें तो अनुचित न होगा। प्रसंगवश सूर्य के अर्घ्यदान का अनुष्ठान उन्हें करना पड़ा। उस प्रसंग में अपनी प्रखर अन्वेषणात्मक दृष्टि से सूर्यसम्बन्धी सभी साहित्यों का उन्होंने आलोडन किया और उसके फलस्वरूप इस 'तृचभास्कर' ग्रन्थ का निर्माण हुआ। इस ग्रन्थ के अन्तिम पद्यों से निर्माण की कथा मिलती है, जैसे–

"ततः कालेन महता तृचेनाराधयन् रविम्।
नानाविधाः समालोच्य शतशस्तृचपद्धतीः॥
बहूनामुपकाराय निश्चकर्ष स्वया धिया" ॥ इत्यादि।

अतः इस ग्रन्थ के निर्माण में अनेक ग्रन्थों का परिशीलन एवं संग्रह आचार्य ने किया, यह स्पष्ट है। इस सम्बन्ध में आचार्य की जीवन-कथा की एक अनुश्रुति है कि किसी शिष्ट राजा के सन्तान को असाध्य रोग हुआ था एवं उसके निवारण के लिये 'तृचार्घ्यदान' का अनुष्ठान आचार्य ने किया और उस बालक का सम्पूर्ण रोग नष्ट हुआ तथा उसने आरोग्य-लाभ किया।

श्रीभास्करराय जी का शिष्य, जो भोसला राजाओं का सेनापति था, जिसका नाम इतिहास में चन्द्रसेन जाधव कहा जाता है, घटना उसके परिवार की है। चन्द्रसेन को पुत्र नहीं था; परन्तु देवाराधन और गुरु के आशीर्वचन से उसे पुत्र प्राप्त हुआ था। चन्द्रसेन की पत्नी जब गर्भिणी थी, उसी समय उनके आवास-क्षेत्र में कोई वाक्सिद्ध महात्मा पधारे थे। स्त्रियों का स्वभाव कुतूहल-प्रधान होता ही है। उस महात्मा की शक्ति सुनकर चन्द्रसेन की रानी अपनी दासी के साथ गुप्त रूप से महात्मा के पास दर्शन के लिये गई और उनकी पूजा कर अपने भावी सन्तान के विषय में प्रश्न पूछा–'पुत्र होगा या पुत्री'। महात्मा जी के मुख से निकला कि 'पुत्री' होगी। यह सुनकर रानी का संयम न रहा और उसने अपने गुरुदेव के द्वारा पुत्र होने का आशीर्वाद सुनाया।

यह बात जानकर वे महात्मा अत्यन्त क्रुद्ध हुए और उन्होंने कहा कि जब गुरुदेव ने आशीर्वाद दिया ही था, तब मुझसे पूछने की क्या आवश्यकता थी ? अब तो मेरी वाक्सिद्धि भी नष्ट हो जायेगी और तुम्हारा पुत्र स्त्री और पुरुष से विलक्षण लक्षणों से युक्त होगा। यह कहकर महात्मा ने उस स्थान को छोड़कर अन्यत्र प्रयाण किया।

इधर श्रीभास्करराय जी बाहर की यात्राओं से लौटने पर उस राजा की राजधानी 'भालकी' नामक स्थान में आये। ये दोनों पति-पत्नी भयातुर मुद्रा में उनके सम्मुख गये। गुरु ने सन्तान के विषय में प्रश्न किया; क्योंकि इस बीच लगभग पाँच वर्ष व्यतीत हो चुके थे। दोनों ने बड़ी कठिनाई से बीती घटना को बताया और उस सन्तान को दिखलाया, जो एक विलक्षण व्याधि से पीड़ित था।

आचार्य पहले तो कुछ रुष्ट हुए; परन्तु शिष्य की बारंबार प्रार्थना और निष्ठा से अनुकूल हुए और उन्होंने कहा कि यह 'कर्मज' रोग है, अपनी गलती से हुआ है। अतः दूसरे कर्म से ही इसका परिहार हो सकेगा। **'कर्मणा कर्म हन्यते'** यह प्राचीन सिद्धान्त है। रोग-निवारण के लिये भगवान् भुवनदीपक भास्कर की उपासना ही सर्वोत्तम उपाय है। अतः 'अर्घ्यदान' विधि से सूर्योपासना करने पर रोग निर्मूल होगा एवं कल्याण होगा।

आगे राजा की प्रार्थना के अनुसार आचार्य ने स्वयं ब्राह्मणों को साथ लेकर 'कावेरी' नदी के तट पर यह अनुष्ठान सम्पन्न किया, जिसके फलस्वरूप शीघ्र ही उक्त बालक निरोग हो गया। इसके पूर्व अनेक प्रकार की चिकित्सा भी की गई थी; परन्तु उसका कोई परिणाम नहीं हुआ था। इस घटना के बाद विद्वानों के अनुरोध से अनेक ग्रन्थों का अवलोकन-मनन आदि करने के बाद लोकोपकार की भावना से आचार्य ने इस 'तृचभास्कर' ग्रन्थ की रचना की।

इस घटना के साथ एक और कथा सम्बद्ध है–ग्रीष्म ऋतु में कावेरी नदी का तट कुछ दूर हो गया था। बालू का मैदान पारकर आचार्य को ब्राह्मणों के साथ कावेरी नदी के तट तक जाना पड़ता था। कुछ दिन जाने के बाद भी जब बालक को पूरा लाभ नहीं हुआ, तो आचार्य उद्विग्न हुए। उन्हें अपना नित्यकर्म और अग्निहोत्र आदि के बाद नदी तक जाने में क्लेश होता था। अतः किसी दिन उनके मन में संकल्प आया कि क्यों न नदी का प्रवाह ही निकट से बहे। यह विचार कर वे समाधिस्थ हुए एवं उस दशा में सूर्य से सम्पर्क किया तथा उनसे कहा कि नदी निकट से बही तभी अनुष्ठान होगा, अन्यथा न होगा। मैं भिक्षा नहीं माँग रहा हूँ, यह तुम्हारी प्रतिष्ठा का विषय है। आरोग्य के लिये सूर्य की उपासना की परम्परा मान्य करने के लिये ही अनुष्ठान कर रहा हूँ, अन्यथा इस बालक का रोग तो मैं स्वयं मिटा सकता हूँ। सुना जाता है कि इस विवाद में आचार्य ही विजयी हुए और सूर्य को झुकना पड़ा और नदी का प्रवाह निकट आकर बहने लगा तथा श्रीभास्करराय जी के जीवन-काल तक नदी उसी मार्ग से बहती रही। बाद में अपने पूर्व मार्ग पर चली गई। वह ग्राम अनुष्ठान के बाद राजा ने ब्राह्मणों को 'अग्रहार' रूप से दान कर दिया तथा उस पर कोई टैक्स नहीं लगता था। इन घटनाओं का संकेत "तृचभास्कर" के आदि और अन्त के श्लोकों से तथा आचार्य द्वारा प्रणीत 'गुरुस्तव-आरार्तिकम्' से मिलता है। गुरुस्तवारार्तिक का यह पद्य अवलोकनीय है–

जय नाथ जय नाथ जय सद्गुरुमूर्ते ॥
आरार्तिकमुररीकुरु कृपयाऽखिलसद्गुणपूर्ते ॥ ध्रुव ॥
तव पादाम्बुजमध्वास्वादनतो बुद्ध्वा
योनेर्मुद्रांबध्वा पवनावपि रुद्ध्वा ।
अहमभवं शिवध्वावेशोत्थषडध्वाऽऽ-
मर्शत्यक्तकदध्वा भास्करसहयुद्ध्वा भास्करराय: ॥

इसका यह अर्थ है-गुरुदेव ! आपके चरण-कमलों का मधु पीकर और योग-शास्त्र की योनिमुद्रा (बन्धविशेष) बाँधकर जब शिव-वधू (कुण्डलिनी) ऊर्ध्व-गामिनी हुई और षट्चक्रों का भेदन कर परमशिव से मिली, तो उस दशा की सिद्ध भूमिका में अवस्थित होकर मैंने भास्कर को युद्ध के लिये ललकारा। प्रत्यक्ष भास्कर को भी इस भूतल के भास्कर के सामने झुकना पड़ा। "तृचभास्कर" के प्रारम्भ का पद्य यह है–

कविरपि गुरुरपि मूढो यद्धामगतः कलाधरोऽप्यकलः ।
भास्करमेव तमेकं मन्ये गम्भीरभारतीजातम् ॥

अर्थात्–ज्योतिषशास्त्र के अनुसार जिस राशि के केन्द्र में बलवान् सूर्य बैठा हो, उसमें शुक्र, गुरु और चन्द्रमा अपनी प्रभा से विहीन हो जाते हैं; केवल सूर्य का प्रभाव ही प्रबल रहता है। इस श्लोक से आचार्य ने सूर्य के महत्त्व के साथ श्लेष अलङ्कार से अपना महत्त्व भी सूचित किया है। आगे अपने पिता का परिचय देते हुए श्लोक दिया है–

गम्भीरराज इति दीक्षितभारतीति
योऽन्वर्थनाम समवाप नृपाद् बुधेभ्यः।
तस्यात्मजो भृशमवेक्ष्य बहून्निबन्धान्
ग्रथ्नात्यदः किमपि भास्कररायनामा॥

अर्थात्–गम्भीरराज दीक्षित, जिन्हें फारसी भाषा में सम्पूर्ण महाभारत का अनुवाद करने के कारण राजा ने 'भारती' पद से सम्मानित किया था, उनका पुत्र (भास्करराय) अनेक प्रकार के निबन्धों का अध्ययन कर इस ग्रन्थ (तृचभास्कर) की रचना कर रहा है। इसके आगे का तीसरा श्लोक है–

भारत्युपाख्यबुधमण्डनयायजूक-
गम्भीरराजसुतभास्कररायसूरिः।
नानानिबन्धमतविप्रतिपत्तिलब्ध-
जन्मानमप्रतिहतं भ्रममुच्छिनत्ति॥

अर्थात्–भारती उपनामधारी पण्डितश्रेष्ठ, यज्ञ करने वाले श्रीगम्भीर राय का पुत्र भास्करराय अनेक निबन्धों के मत-मतान्तरों की पर्यालोचना से उत्पन्न भ्रान्तियों को दूर कर विषय का प्रतिपादन कर रहा है। इसके आगे के पद्य में आचार्य ने अपनी नम्रता और विशेषता दोनों को प्रस्तुत किया है–

सन्त्येव दोषाः कतिचिद्विशेषादथाऽपि तोषाय सतां ममैषा।
कृतिर्हि मुख्या तृचभास्कराख्या गुणाधिकख्यापितगुर्वभिख्या॥

अर्थात्–यद्यपि मानव-सुलभ मेरे दोष यत्र तत्र हो सकते हैं; परन्तु यथास्थान इसमें महत्त्व की बातें हैं तथा गुरु-सम्प्रदाय के अनुसार सिद्धान्तों का प्रतिपादन भी है, अतः इस कृति का आदर होगा। इसके आगे एक श्लोक श्रीभास्करराय का बहुत प्रसिद्ध है, जो प्रायः अपने ग्रन्थों में उन्होंने दिया है। ललितासहस्रनाम-व्याख्या, वरिवस्यारहस्य और सेतुबन्ध-टीका के प्रारम्भ में यह श्लोक है–

आप्राचः कामरूपाद् द्रुहिणसुतनदप्लाविताादाप्रतीचो
गान्धारात्सिन्धुसार्द्राद्रघुवररचितादा च सेतोरवाचः।
आकेदारादुदीचस्तुहिनगहनतः सन्ति विद्वत्समाजा
ये ये तानेष यत्नः सुखयतु समजान् कश्चमत्कर्तुमीष्टे॥

इसका अर्थ है–पूर्व दिशा में कामरूप से लेकर द्रुहिण नदी (ब्रह्मपुत्र) से प्लावित भारत के पूर्व भाग तक, पश्चिम में गान्धार देश तक, समुद्र से सिक्त राम से बनाये सेतु से युक्त दक्षिण दिशा से लेकर, हिमाच्छादित केदारखण्ड से युक्त उत्तर दिशा से लेकर जो जो विद्वानों के समाज हैं (यहाँ विद्वत् शब्द का प्रयोग उपासक के लिये प्रयुक्त है), उनको मेरा ग्रन्थ-निर्माण का यह प्रयास सुखदायक होगा। 'समज' पशुओं का समुदाय या अदीक्षित एवं उपासना से अनभिज्ञों का समाज, उसे क्या आनन्द मिलेगा, अर्थात् कुछ भी न मिलेगा। इस सम्बन्ध में 'ललितात्रिशती' (११३-११४) में 'विद्वान्' शब्द की व्याख्या द्रष्टव्य है। लिखा है–

'मोक्षैकहेतुर्विद्या तु श्रीविद्या नात्र संशयः।
न शिल्पादिज्ञानयुक्ते विद्वच्छब्दः प्रयुज्यते।
मोक्षैकहेतुर्विद्या सा श्रीविद्या नात्र संशयः॥

अब इस ग्रन्थ के अन्तिम भाग के श्लोकों पर विचार करना आवश्यक है। ग्रन्थ के अन्त में आचार्य लिखते हैं–

सञ्चाराद् बहुदेशानां रोगैर्बहुभिरर्दितः।
रसायनानि भूयांसि सिषेवे वत्सरत्रयम्॥
अमोघैरपि तैस्तेषां न च लोमाऽप्यमीयत।
तदा भास्कररायोऽस्तौद्भास्करं लोकभास्करम्॥
बाह्यान्तरतमोजाड्यरोगपातकघातकम्।
स्मृतमात्रः कर्मसाक्षी धियमेतामचोदयत्।
तृचार्घ्यदानतो रोगाः प्रणङ्क्ष्यन्त्यचिरादिति॥
स मुमूर्षुदशापन्नोऽप्यारेभे सद्य एव तत्।
द्वितीय एव दिवसे किञ्चिदुल्लङ्घतां गतः॥
दशमे दिवसे सर्वे रोगास्तस्य लयं गताः।
इदमत्यद्भुतं दृष्ट्वा ये प्रत्याख्यातभास्कराः॥
भिषजस्ते भेषजानि व्यर्थान्येवेति मेनिरे।

अर्थात्–बहुत से देशों में परिभ्रमण के कारण कोई रोगी नाना प्रकार के रोगों से पीड़ित हो गया था। उसके लिये उसने तीन वर्षों तक विविध रसायनों की चिकित्सा ली। उन अव्यर्थ औषधियों से भी एक केशमात्र सुधार न हो सका। तब श्रीभास्करराय ने लोकप्रकाशक भास्कर की स्तुति की, जिनकी कृपा से बाह्य और आभ्यन्तर अन्धकार और रोग निवृत्त होते हैं। स्मरणमात्र करने पर कर्मसाक्षी श्रीसूर्य ने इस प्रकार बुद्धि दी कि तृचार्घ्यदान करने से सभी रोग शीघ्र नष्ट होंगे। वह रोगी आसन्न मृत्यु की दशा में था, तो भी उसने शीघ्र उस अनुष्ठान का प्रारम्भ किया। दूसरे ही दिन उसे कुछ स्वस्थता का अनुभव होने

लगा। दस दिनों में उसके सभी रोग सर्वथा नष्ट हो गये। इस अद्भुत घटना को देखकर जो सूर्य पर विश्वास नहीं करते थे, वे वैद्य अपनी दवाओं को व्यर्थ कहने लगे। इस घटना के बाद—

ततः कालेन महता तृचेनाराधयन् रविम्।
नानाविधाः समालोक्य शतशस्तृचपद्धतीः॥
बहूनामुपकाराय निश्चकर्ष स्वया धिया।
ज्ञानतोऽज्ञानतो वाऽपि दोषाः सन्त्यत्र यद्यपि॥
न ते दोषत्रयघ्नस्य प्रभावाद्दूषणक्षमाः।
हंसत्वादपि सूर्योऽस्माद् गुणानेव ग्रहीष्यति॥
अहो माया जगत्सर्वं व्यामोहयति यद्गदैः।
सचक्षुषोऽपि पीड्यन्ते प्रत्यक्षे भास्करे सति॥
प्रत्यक्षेणैव निर्णीतो भास्करेणैव भास्करः।
धीचोदो गदहा चेति गायत्र्याप्येतदुच्यते॥
आग्रहायणिकमासि कीलके वत्सरे धवलपक्षपक्षतौ।
भास्करेण तृचभास्करः कृतो भास्करावधि स जीवतु क्षितौ॥

इन श्लोकों का तात्पर्य है—पूर्वोक्त घटना के बाद बहुत दिनों तक 'तृच' मन्त्रों से सूर्य की आराधना करते हुए आचार्य ने सैकड़ों तृच-पद्धतियों का अवलोकन किया और बहुजनों के उपकार के लिए अपनी बुद्धि से निर्णय कर इस ग्रन्थ की रचना की। यद्यपि ज्ञान या अज्ञान से कुछ दोष इसमें भी हो सकते हैं; परन्तु दोषत्रयघ्न (आध्यात्मिक, आधिदैविक और आधिभौतिक बाधाओं के नाशक) सूर्य के प्रभाव से वे दोष हानि नहीं कर सकते। सूर्य का नाम 'हंस' भी है, हंस जल में से दुग्धांश को निकाल लेता है, उसी प्रकार से सूर्य भगवान् हमारे गुणों का ही ग्रहण करेंगे।

यह माया का प्रभाव है कि प्रत्यक्ष भास्कर के रहते भी आँख वाले पुरुष रोगों से पीड़ित होते हैं, उन्हें तो तत्काल भास्कर की शरण में जाना चाहिये। प्रत्यक्ष भास्कर (आचार्य भास्करराय) ने ही भास्कर का निर्णय (भास्कर सम्बन्धी विवाद का या 'तृचभास्कर' ग्रन्थ का) किया। गायत्री मन्त्र ने भी धीचोद और गदहा सूर्य को कहा है (गायत्री मन्त्र में—'धियो यो नः प्रचोदयात्')। इस अन्तिम पद्य से पूर्वोक्त विवाद सम्बन्धी घटना की पुष्टि होती है। श्रीभास्करराय जी को अनुष्ठान के समय जो श्रम और कष्ट हुआ था, उसे याद कर मर्यादा से सूर्य को दो अपशब्द उन्होंने लिखे हैं। यह बात उनके जैसे सामर्थ्यशाली पुरुष ही लिख सकते हैं। अतः उस पर विचार करना उचित न होगा। अन्तिम श्लोक के अनुसार ग्रन्थ का रचनाकाल स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। मार्गशीर्ष मास, कीलक नामक

संवत्सर, मार्गशीर्षशुक्ल प्रतिपदा तिथि इसका रचनाकाल है। हस्तलिखित प्रति के अन्त में कोष्ठान्तर्गत पाठ लिखा है–'श्रीशके १६३० कीलकनामसंवत्सरे मार्गशीर्षशुद्धप्रतिपत्तिथौ तृचभास्करः पूर्णतामगात्'। वर्तमान शकाब्द १९१५ है। उसमें गणना करने पर इस ग्रन्थ की रचना दो सौ **पच्चासी** (२८५) वर्ष पहले हुई थी, यह बात स्पष्ट होती है। अब 'तृचभास्कर' की रचना-शैली पर ध्यान देना आवश्यक है। ये आचार्य अपना ग्रन्थ-निर्माण अपने नये ढंग से करते थे।

तृचभास्कर का पूर्वार्ध पूजा के विविध विषयक विचारों के लिये लिखा गया है, जो विद्वानों की दृष्टि से विचार-विमर्श के लिये उपयोगी है। उत्तरार्द्ध में क्रमशः प्रयोगविधि लिखा गया है, जो वैदिकों या कर्मकाण्डियों के लिये उपयोगी है। द्वितीय भाग के प्रारम्भ में लिखा है–

पूर्वं निर्णीतोऽर्थो विदुषामेव प्रयोगार्हः।
केवलवैदिकमुदिश्याऽथो वच्मि स्फुटं प्रयोगविधिम्॥

'तृचभास्कर' के प्रारम्भ में आचार्य ने उपोद्घात लिखते हुए कुछ विचार प्रस्तुत किये हैं। उनका मन्तव्य है कि इस संसार में धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति के लिये साधन स्वरूप यह पाञ्चभौतिक देह ही है। कालिदास की उक्ति प्रसिद्ध है–'**शरीरमाद्यं खलु धर्मसाधनम्**'। इसमें 'धर्म' पद अर्थ आदि अन्य पुरुषार्थों का उपलक्षक है। इस प्रकार सम्पूर्ण कल्याण के साधन देह को बाधा पहुँचाने वाले रोग रूप विघ्न बहुत आते हैं; क्योंकि '**श्रेयांसि बहुविघ्नानि भवन्ति महतामपि**'-यह प्रसिद्ध है।

उन रोगों का वैद्यों ने तीन प्रकार से वर्गीकरण किया है–दोषज, कर्मज और उभयज। वात-पित्त-कफ ये दोष हैं। कर्मज अन्य जन्मों में अर्जित अथवा इसी जन्म का अत्यन्त उत्कट पाप। उसमें भी सम्पूर्ण कार्य मात्र के प्रति 'अदृष्ट' को शास्त्रकारों ने कारण माना है। अतः पुण्य और पाप के विना सुख और दुःख की उत्पत्ति हो ही नहीं सकती, अतः दोषज रोगों के लिये भी उनका जनक 'कर्म' मानना चाहिये। इस प्रकार दो प्रकार के अथवा एक ही प्रकार का रोगसमूह मानना चाहिये। अब उसका प्रतिघातक (निवारक) कोई कर्म अवश्य खोजना चाहिये; क्योंकि '**कर्मणा कर्म हन्यते**' यह नियम है। वह कर्म तन्त्र-ग्रन्थों में नाना प्रकार के देवताओं से सम्बद्ध नाना प्रकार का उपलब्ध होता है। उनमें भी केवल अनुमान और आगम आदि लभ्य देवताओं की तुलना में प्रत्यक्ष प्रमाण से पुष्ट और आगम से प्रमाणित '**सूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च**' इत्यादि मन्त्रों से सूर्य की प्रबलता न्यायों से सिद्ध होती है–

दिनेशं प्रवदन्त्यन्ये सर्वेशं वेदवादिनः।
स्तुवन्ति चैव गायत्र्या सायं प्रातरतन्द्रिताः॥

इस भागवत के श्लोक के अनुसार तृतीय स्कन्ध में सूर्य ही वेदमाता गायत्री से प्रतिपादित हैं । इस कथन के अनुसार सर्वदेवोत्तमत्व सिद्ध होता है । 'आरुणकेतुकभाष्य' आदि में भी इनका माहात्म्य स्पष्ट है । ब्रह्मपुराण में और स्पष्ट किया गया है–

गृहस्थो ब्रह्मचारी च वानप्रस्थोऽथ भिक्षुकः ।
य इच्छेन्मोक्षमाधातुं देवतां कां यजेत सः ॥

इस प्रकार मुनियों द्वारा प्रश्न करने पर ब्रह्मा ने निम्नांकित उत्तर दिया–

उदयन्नेष कुरुते जगद्वितिमिरं करैः ।
नातः परतरो देवः कश्चिदन्यो द्विजोत्तमाः ॥
अनादिनिधनो ह्येष पुरुषः शाश्वतोऽव्ययः ।
तापयन्नेष लोकांस्त्रीन् दहन् रश्मिभिरुल्बणैः ॥
सर्वदेवमयो ह्येष तपसां चाशुभावनः ।
सर्वस्य जगतो नाथः सर्वसाक्षी शुभाशुभे ॥
संक्षिपत्येष विश्वं च तथा विसृजते पुनः ॥

इत्यादि से लेकर–

ईषन्मात्रश्रुतमुखा ब्रह्मविष्णुशिवादयः ।
प्रत्यक्षोऽयं परो देवः सूर्यस्तिमिरनाशनः ॥
तस्मादन्यत्र भक्तिर्हि न कार्या शुभमिच्छता ।
दृष्टं न बाधते यस्माददृष्टादेवमेव हि ॥

यहाँ तक । इन वाक्यों से ब्रह्मा ने अन्य देवताओं की अपेक्षा प्रत्यक्ष फलदायक होने के कारण सूर्य का महत्त्व स्थापित किया और इसके आगे बारह मूर्तियों से सूर्य की जगद्व्यापकता दिखाई है । 'मित्रावरुण' देवताओं ने सूर्य के लिये तप क्यों किया ? इत्यादि प्रश्न किया है । सूर्य और नारद के संवाद के द्वारा विस्तार के साथ सूर्य की परब्रह्मरूपता तथा लीलाविग्रहधारण की क्षमता का प्रतिपादन– **'यत्तत्सूक्ष्ममविज्ञेयमव्यक्तमचलं ध्रुवम्'** इत्यादि शब्दों से कही है । ऐसे ही कूर्म-पुराण में–

'सर्वात्मा सर्वलोकेशो महादेवः प्रजापतिः ।
सूर्य एव त्रिलोकस्य मूलं परमदैवतम्' ॥

सूर्य की प्रशस्ति की है । इसी प्रकार भविष्योत्तर-स्कन्दपुराण आदि में वचन द्रष्टव्य हैं–**'घृणिः सूर्य आदित्योम् प्रभावात्यक्षरम्'** ये श्रुतियाँ ही इन पुराणों की मूलभूत हैं । सौरमत में पुरुषसूक्त का अर्थ सूर्य-परक होता है । 'सहस्रपात्' शब्द से सहस्र-किरण का अर्थ संकेतित है । सूर्यसहस्रनाम का प्रारम्भ भी इसी प्रकार से है–

'सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रपात् ।
सहस्ररश्मिरादित्यः सहस्रकिरणो रविः' ॥ इत्यादि ।

अद्वैतवाद में मण्डलावच्छिन्न सूर्य ब्रह्म की एवं द्वैतवाद में उसके अन्तर्यामी ब्रह्म की उपासना मान्य होने से पूर्वोक्त सभी वचनों की संगति हो जाती है। इसीलिये **'चक्षोः सूर्यो अजायत'**, **'एषोदेति सूर्यः'**, **'न तत्र सूर्यो भाति'** इत्यादि मन्त्र मण्डल मात्र के अर्थ में प्रयुक्त हैं। अतः सूर्य के ब्रह्मस्वरूप के बाधक नहीं हैं। **'अन्तस्तद्धर्मोपदेशात्'** यह अधिकरण भी इस विषय में अनुकूल ही है।

आचार्य शङ्कर ने भी छः प्रकार के सौरमतों का विवेचन करते हुए परस्पर के अविरोध से सौरमत की प्रतिष्ठा की थी। यह बात शङ्कर-दिग्विजय के तेरहवें और अड़सठवें प्रकरण में उल्लिखित है। इस प्रकार सूर्य नामक देवता या ब्रह्म सर्वदेवताओं में उत्तम होने के कारण उनके कर्म प्रबल सिद्ध होते हैं। विशेषतः आरोग्य का फल उनसे ही मिलता है। **'आरोग्यं भास्करादिच्छेत्'** यह वचन है। ब्रह्मपुराण का कथन है–

येषां धर्मक्रियाः सर्वा सदैवोद्दिश्य भास्करम्।
न कुले जायते तेषां दारिद्र्यं व्याधयोऽपि वा॥

सूर्य सम्बन्धी कर्म भी तन्त्रों में अनेक प्रकार के उपलभ्य हैं। भुवनेशी-चतुरक्षरप्रयोजनतिलक आदि मन्त्र जपात्मक हैं। उसमें वैदिक (वेद-प्रोक्त) होने के कारण 'तृच' मन्त्रों का प्रयोग ही सर्वोत्तम है। अतः उसी का यहाँ विवेचन और वर्णन किया जा रहा है। भविष्योत्तरपुराण में अर्जुन के प्रति श्रीकृष्ण का निम्नांकित वाक्य है–

उद्यन्नद्येति मन्त्रोऽयं सौरः पापप्रणाशनः।
रोगघ्नश्च द्विषद्घ्नश्च भुक्तिमुक्तिफलप्रदः॥
कण्वेन च पुरा दृष्टो गुह्याद्गुह्यतरो महान्।
पुत्रस्य रोगनाशाय सर्वलोकहिताय च।
तेन चाराधितो देवस्तृचमन्त्रेण भास्करः॥

कण्व ने अपने पुत्र के लिये और सभी के लिये 'तृच' मन्त्रों से आराधना की थी। इस मन्त्र के विषय में त्रैवर्णिक द्विजों को स्वतः अधिकार है, शूद्रों को ब्राह्मण के द्वारा ही है। 'तृच' शब्द से तात्पर्य **'उद्यन्नद्य मित्रमह'** इत्यादि तीन ऋचाओं से है। उसमें बह्वृच (ऋग्वेदी) और याजुष (यजुर्वेदी) तीसरी ऋचा को कुछ भेद से पढ़ते हैं।

शाखाभेद से मन्त्रों के पाठभेद की व्यवस्था तथा कर्मों में उनका उपयोग परम्परासिद्ध है, जैसे–आर्चिक पुरुषसूक्त षोडश ऋचाओं को देवपूजा आदि में पढ़ा जाता है। याजुष अष्टादश ऋचाओं वाले पुरुषसूक्त का सन्तानगोपालस्तोत्र के साथ सम्पुट लगाकर वन्ध्यात्वदोष दूर करने के लिये 'प्रपञ्चसार' में प्रयोग बतलाया गया है, तो भी प्रस्तुत प्रयोग में विशेष प्रमाणान्तर न होने से दोनों

प्रकार के पुरुषसूक्त का वैकल्पिक प्रयोग हो सकता है। इसीलिये 'महार्णव' में रुद्राङ्गन्यास प्रकरण में दोनों प्रकार के सूक्तों का विकल्प स्वीकार किया गया है। यदि कहीं वचन बल से व्यवस्था हो, तो वह मान्य ही होगी।

शिष्टाचार के अनुसार आर्चिक 'तृच्' का ही आगे वाले कर्मों में विनियोग देखा गया है। इस मन्त्र का शौनक-ऋग्विधान की रीति से पुरश्चरण करना आवश्यक है। उसके विना मन्त्र-सिद्धि न होगी और मन्त्र-सिद्धि के विना काम्य-प्रयोग सम्भव नहीं होता। **'एवं सिद्धे मनौ मन्त्री प्रयोगान् कर्तुमर्हति'** इत्यादि शास्त्रों के वचन हैं। शौनक ने भी कहा है–

सर्वेषां वेदमन्त्राणां सिद्ध्यर्थं लक्षकं जपेत्।
गायत्रीं न्यासपूर्वं च सप्तव्याहृतिसम्पुटाम्॥

अन्यत्र भी प्रमाण है–

प्रथमं लक्षगायत्रीं सप्तव्याहृतिसम्पुटाम्।
ततः सर्वैर्वेदमन्त्रैरिष्टसिद्धिं स विन्दति॥

इस गायत्री-जप के विधान के पूर्व भी दस-सहस्र गायत्री-जप का विधान है; क्योंकि शौनक ने ही कहा है–

त्र्ययुतं वै जपेत्पूर्वं गायत्री सिद्धिदा ततः।
घृतेन गायत्र्या जुहुयादथ.................॥

पहले गायत्री-मन्त्र की सिद्धि के लिये संकल्पपूर्वक तीस हजार गायत्री का जप करे, उसके दशांशानुसार होम-तर्पण-मार्जन-ब्राह्मणभोजन करे। इसके बाद तृचमन्त्र की सिद्धि के लिये संकल्प कर लक्ष-गायत्री का जप करना चाहिये। उसके होम आदि विधानों को करे। इसके बाद 'अमुक रोग निरास के लिये' इस प्रकार संकल्प कर 'तृच' मन्त्रों से अर्घ्यदान आदि करे–यह अनुष्ठान का क्रम है। इस कर्म के अभाव में तन्त्रों में उक्त पुरश्चरण-क्रिया के प्रतिनिधि विधि (ग्रहण-कालीन जप आदि) कर सकता है। जिस साधक को 'सिद्धारिचक्र' की शोधन रीति से 'मध्यम' या 'अधम' मन्त्र आता हो, वह वर्णमाला से जप करे। वैदिक मन्त्रों में सिद्धारि का शोधन आवश्यक नहीं है, ऐसा भी किसी का मत है। उपदेश से लेकर पुरश्चरण तक विधियों का प्रकार गुरुमुख से या अन्य ग्रन्थों से जानना चाहिये। इस प्रकार सिद्धमन्त्र पुरुष के लिये अथवा रोग आदि की निवृत्ति चाहने वाले के लिये अनेक प्रकार के प्रयोग तन्त्रों में बताये गये हैं। वे प्रयोग अर्घ्य, नमस्कार, प्रदक्षिणा, व्रत, यन्त्रधारण आदि नाना प्रकार के हैं। यावदङ्गोप-संहार (आवश्यक सम्पूर्ण कर्मों की विधि) करने वाले व्यक्ति को ही काम्यकर्म में अधिकार होता है, यह बात मीमांसा के षष्ठ अधिकरण में कही गई है।

वे कर्म भी दो प्रकार के होते हैं-सामान्य और विशेष। सामान्य अंग भी दो प्रकार के हैं–कुछ तो अग्निहोत्र-उपासना आदि श्रौत-स्मार्त क्रिया के साधारण कर्मों को लेकर प्रवृत्त होते हैं, जिनका श्रुति, स्मृति, भविष्य आदि पुराणों में निर्देश किया गया है। अन्य कुछ 'मन्त्रत्व' को प्रधान मानकर प्रवृत्त होने वाले तान्त्रिक क्रियाकलाप हैं। उनमें पहली श्रेणी में शिरःस्नान, आचमन, प्राणायाम, संकल्प आदि हैं। दूसरी श्रेणी में भूशुद्धि आदि शेष अंग और तृच के षडङ्ग न्यास आदि हैं। इस विषय में निम्नांकित वचन हैं–

शिरःस्नातश्च कुर्वीत दैवं पित्र्यमथाऽपि वा।
उदङ्मुखः प्राङ्मुखो वा श्मश्रुकर्म न कारयेत्॥
देवार्चनादिकर्माणि तथा गुर्वभिवादनम्।
कुर्वीत सम्यगाचम्य प्रयत्तोऽपि सदा द्विजः॥
(मार्कण्डेयपुराण)

प्राणानायम्य कुर्वीत सर्वकर्माणि संयतः। (बृहन्मनु)
मासपक्षतिथीनां च निमित्तानां च सर्वशः।
उल्लेखनमकुर्वाणो न तस्य फलभाग्भवेत्॥ (देवलस्मृति)

मन्त्रों का अर्थ 'महासौर' के अर्थनिर्णय के अवसर पर स्पष्ट होगा। काल ज्योतिर्विद् विद्वानों से निर्दिष्ट ही मुख्य है। उक्त काल ही शास्त्रीय वचनों से ग्राह्य है। उसमें भी गौण, मुख्य आदि विभाग ज्योतिष के अनुसार जाना जा सकता है। ज्योतिषशास्त्र के अभाव में भी रोग का दिन या जिस दिन भक्ति का उद्रेक (उत्पत्ति) हो, वह भी ग्राह्य है। ब्रह्मपुराण का कथन है–

अयने तूत्तरे सूर्यमथवा दक्षिणायने।
पूजयित्वा विशेषेण सर्वपापैः प्रमुच्यते॥
एवं वेलासु सकलास्ववेलासु च मानव।
भक्त्या पूजयते योऽर्कं सोऽर्कलोके महीयते॥

इस प्रकार भक्ति की विशेषता दिखाकर जिस समय भी सूर्य की आराधना की जा सकती है–यह शास्त्र का आशय ज्ञात होता है। इसके आगे आचार्य ने स्नानादि विधि का विचार किया है। इसमें प्रसंगतः वैदिक और तान्त्रिक दोनों विधियों की चर्चा की गई है। सामान्य रूप से वैदिक कर्म करने के बाद तान्त्रिक कर्म करना चाहिये। ऐसे वचन हैं–

'वैदिकं कर्म निर्वर्त्य तान्त्रिकं तु समाचरेत्'।

इसके अनुसार प्रातःस्मरण, दन्तधावन आदि सम्पूर्ण आह्निक कर्म का समूह स्मार्त और तान्त्रिक भेद से दो प्रकार का है और उसे साथ ही करने का विधान भी है। केवल स्नानमात्र को अलग कहने की आवश्यकता नहीं है। यदि यह कहा

जाय कि 'तृच' वैदिक मन्त्र होने से इसके साथ तान्त्रिक कर्म की आवश्यकता नहीं है, तो यह कहना अनुचित होगा। वस्तुतः गायत्री-शिवपञ्चाक्षर-सौराष्टाक्षर आदि मन्त्रों को तान्त्रिक अंगों के साथ ही प्रयोग में लाना चाहिये। इसलिये इन मन्त्रों में या इनके कर्म में वैदिक और तान्त्रिक का कोई विवाद नहीं है। यहाँ पर 'तान्त्रिक दीक्षा वाले पुरुषों के लिये तन्त्र कर्म आवश्यक हैं, अन्य लोगों के लिये नहीं' यह निषेध उनके लिये है, जिन्हें तन्त्रदीक्षा नहीं है। अतः पूर्वोक्त समुच्चय-विधान (वैदिक और तान्त्रिक) उभय-दीक्षा वालों के लिये ही लागू है।

बह्वल्पं वा स्वगृह्योक्तं यस्य यावत्प्रकीर्तितम्।
तस्य तावति शास्त्रार्थे कृते सर्वः कृतो भवेत्॥

यह वचन केवल स्मार्त कर्म करने वाले के लिये है। तन्त्र से दीक्षित व्यक्तियों को भी प्रति तन्त्र में वर्णित भिन्न-भिन्न अङ्गवाले कर्मों के कारण अपने परम्परागत तन्त्र के कर्मों का अनुष्ठान करना ही मुख्यपक्ष है। इतर कर्म आवश्यक नहीं हैं। यद्यपि **'सर्वशाखाप्रत्ययमेकं कर्म'**, **'सर्ववेदान्तप्रत्ययमेकं ब्रह्मोपासनम्'** इत्यादि पूर्वोत्तर तन्त्रों के नियमानुसार तन्त्रान्तरोक्त गुणोपसंहार (अङ्गाङ्गिभावनिर्णय) आवश्यक है; परन्तु सम्पूर्ण अंगों का समावेश करना सम्भव नहीं होता। अतः किसी एक परम्परागत तन्त्र की विधि को ही मानना आवश्यक होता है। इस प्रकार का विचार "सुन्दरीमहोदय" में किया गया है।

इसका निष्कर्ष यह हुआ कि तन्त्रोक्त दीक्षा वाले पुरुषों को सभी वैदिक कर्म साथ ही करना चाहिये। अन्य लोगों को केवल वैदिक ही विहित है। इसके आगे स्नानविधि का वर्णन किया गया है। देश-काल की चर्चा करते हुए कहा गया है– कामरूप से गान्धार तक और हिमालय से सेतुबन्ध तक, उसमें भी उत्तरदेश श्रेष्ठ है, और उसमें आर्यावर्त और उसमें भी ब्रह्मावर्त मुख्य है। आगे तीर्थों के सम्बन्ध में चर्चा की गयी है। नान्दी-श्राद्ध, स्वस्तिवाचनादि के विषय में बौधायन-कात्यायनादि ग्रन्थों का उल्लेख किया गया है।

'प्रणव' मन्त्र के उच्चारण के प्रसंग में आथर्वणभाष्य की चर्चा है, जो भाष्य श्रीभास्करराय जी ने लिखा था, ऐसा प्रतीत होता है; परन्तु वह उपलब्ध नहीं है। अनेक दिन साध्य कर्म में प्रतिदिन संकल्प करना उचित है, न कि केवल प्रारम्भ के दिन में।

ब्राह्मणों के निर्वाचन के विषय में आचार्य का कहना है–कर्मानुसार ब्राह्मणों का वरण करना चाहिये। ब्राह्मण बहुशाखाध्यायी उत्तम हैं, अथवा स्वशाखा-मात्राध्यायी या प्रस्तुत कर्मों में प्रयुक्त मन्त्रों का जानकार हो। ब्राह्मणों में भी अर्थज्ञानवान् श्रेष्ठ हैं, यह बात आपस्तम्बसूत्रादि में लिखी है। उस प्रकार के ब्राह्मण के न मिलने पर केवल शुद्धपाठी भी ग्राह्य है। इसके आगे ऋत्विग्-वरण

आदि पर विचार किया गया है। यह अनुष्ठान प्रधानरूप से नदी-तीर में करना प्रशस्त कहा है, अथवा अपने निजी कूप आदि से जल निकाल कर भी किया जा सकता है।

नदी-तीर के मण्डप के सम्बन्ध में कहा है कि–मण्डप चार द्वारों का हो, बीच में हस्तमात्र वेदिका हो, उसके बीच में षड्दल कमल और उसके ऊपर वृत्त लिखना चाहिये, उसके ऊपर द्वादशदल कमल और ऊपर वृत्तत्रय लिखे। यह मण्डल कुङ्कुम (केशर) से लिखना चाहिये। भविष्यपुराण के अनुसार यन्त्र की भावना मात्र भी की जा सकती है। इसके आगे द्वारपूजा विघ्नोत्सारण आदि विधि है। जिनका* विस्तार से वर्णन है। आगे आचार्य कहते हैं कि–'**ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती नारायणः सरसिजासनसन्निविष्टः**' इत्यादि ध्यान-श्लोक से यह कर्म वैष्णव या विष्णुपरक है, यह कहने वाले भ्रान्त हैं। यह शुद्ध सूर्य का ही ध्यान है।

आचार्य ने पूजा की अंगभूत विधियों का विस्तार से वर्णन किया है। स्थान-स्थान पर विधियों के संक्षेप और विस्तार करने के विषय में शास्त्रीय प्रमाण भी दिये हैं। भूशुद्धि, भूतशुद्धि, मातृकान्यास आदि के विषय में जो स्पष्ट और प्रामाणिक विवेचन इस प्रबन्ध में किया गया है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। मातृका-न्यास के सम्बन्ध में एक श्लोक प्रसिद्ध है–'**आधारे लिङ्गनाभौ हृदयसरसिजे**' इत्यादि। इस श्लोक में विपरीत क्रम से अक्षरों का विन्यास वर्णित है; परन्तु आचार्य के अनुसार मातृका के क्रम से ही यह न्यास करना उचित है। मातृका-न्यास के कतिपय प्रकारों का स्पष्टीकरण इस प्रकार किया है। बाह्य अंगों में वर्णों की भावना करना बहिर्मातृका न्यास है। सृष्टिन्यास का अर्थ सभी वर्णों का विसर्ग-सहित उच्चारण करना है। षोडश स्वर (अः) में दो बार विसर्ग का उच्चारण होगा, जैसे–'अहह'। स्थिति-न्यास में वर्णों का बिन्दु-विसर्ग-सहित उच्चारण करना है। उसमें भी बिन्दु पहले और विसर्ग बाद में रहेगा।

'**बिन्दुविसर्गसाहित्ये प्रथमं बिन्दुमुच्चरेत्**'।

ऐसा वचन है। षोडशस्वर (अः) में बिन्दु बीच में तथा उसके दोनों ओर विसर्ग का उच्चारण करना है। संहारन्यास से तात्पर्य बिन्दुमात्र सहित वर्णों का उच्चारण करना है। षोडश स्वर (अः) में पहले विसर्ग और बाद में बिन्दु यह स्थिति रहेगी। संहारक्रम में 'क्ष' से 'अ' तक, सृष्टिक्रम में 'अ' से 'क्ष' तक, स्थितिक्रम में 'ड' से 'ठ' तक वर्ण है। तीनों प्रकारों में वर्णों के वे ही नियत स्थान होंगे, जो सामान्य क्रम से निर्दिष्ट हैं। ब्रह्मचारियों के लिये संहार, स्थिति, सृष्टि का क्रम है। गृहस्थों के लिये संहार, सृष्टि, स्थिति का क्रम है। वानप्रस्थ और यतियों के लिये सृष्टि, स्थिति, संहार का क्रम है, इत्यादि मातृका के विषय में विवेचन आचार्य ने किया है।

'तृच' मन्त्र के न्यास के सम्बन्ध में विविध मत-मतान्तरों का उल्लेख करते हुए न्यास के प्रकार लिखे गये हैं। इनका यहाँ अधिक उल्लेख करना सम्भव नहीं है। न्यासक्रम में अनेक प्रकार के न्यासों का संग्रह किया गया है, जो विविध स्रोतों से संगृहीत हैं। जिनमें करशुद्धिन्यास, द्वादशाङ्गन्यास, भास्करादिनामन्यास, कवच-न्यास, पुरुषसूक्तन्यास, पीठन्यास इत्यादि हैं।

इसके आगे पूजा-प्रकरण प्रारम्भ होता है। पूजा के सम्बन्ध में पाञ्चरात्र-आगम को उद्धृत करते हुए आचार्य ने पञ्चविध पूजा की व्याख्या की है— अभिगमन, उपादान, इज्या, स्वाध्याय और योग। इन पाँचों प्रकारों के निम्नांकित लक्षण भी दिये हैं—

देवताऽऽयतनं गत्वा तत्संमार्ज्योपलिप्य च।
निर्माल्यादिकमुद्धार्य तच्चाऽभिगमनं मतम्॥
उपादानं तु गन्धादियावत्साधनसङ्ग्रहः।
इज्या तु पीठपूजादिसाङ्गावरणपूजनम्॥
स्वाध्यायोऽर्थानुसन्धानं स्तोत्रपाठो मनोर्जपः।
स्वस्य देवतया तस्याः स्वेन वाऽभेदचिन्तनम्॥
योगं इत्युच्यते सद्भिरित्थं पूजा तु पञ्चधा॥

देवता के साथ अभेद-चिन्तन ही योग है और इसे ही तन्त्रों में 'अन्तर्याग' शब्द से कहा है। आगे कहा गया है कि 'मुक्ति' पाँच प्रकार की है—सालोक्य, सामीप्य, सारूप्य, सार्ष्टि और सायुज्य। यह पाँचों प्रकार की मुक्ति पूर्वोक्त पूजा से मिल सकती है। यद्यपि काम्यकर्म में इन पांचों का '**आग्नेयादिवाक्यवत्**' (मीमांसा के अनुसार) सम्मिलित रूप से फलजनकत्व है। फल न चाहने वाले को भी यथेष्ट फल या ब्रह्मीभाव की प्राप्ति स्वतः सिद्ध है। इसके आगे पूजासम्बन्धी पात्रासादन-विधि का विस्तार से वर्णन किया गया है। अन्तर्याग की व्याख्या करते हुए आचार्य ने '**हिरण्मयेन पात्रेण सत्यस्यापिहितं मुखम्। सहस्रपुरुषादित्य**' इत्यादि मन्त्रों के बाद '**योऽसावादित्ये पुरुषः सोऽसावहमहं सूर्य आत्मा। जगतस्तस्थुषश्च विश्वरूपाय परमात्मने नमः**' इस मन्त्र से अभेद का अनुसन्धान करना लिखा है। अभेदानु-सन्धान की भावना के विषय में न्यायभाषा से विवेचन करते हुए लिखा है—'**अत्र स्वोद्देश्यको देवताविधेयको देवतोद्देश्यकः स्वविधेयकश्च इत्यभेदबोधो द्वितीयः**', अर्थात्—उद्देश्य-विधेय भाव दोनों ओर से करना होगा। अपने स्वरूप में देवता का विधान या आरोप और देवता के स्वरूप में अपनी भावना का विधान करना।

अन्तर्याग और आत्मपूजा ये दोनों विषय सूक्ष्म भावना और कुछ योग-क्रिया से सम्बद्ध होने से गुरुमुख से जाने जा सकते हैं। अतः साधारण व्यक्ति के लिये आचार्य ने '**गन्धद्वारां**' आदि मन्त्र से '**नमोऽस्त्वनन्ताय सहस्रमूर्तये**' इत्यादि श्लोक से

अपने मस्तक पर पुष्पादि धारण करना और 'सूर्यात्मने मह्यं नमः' इस मन्त्र से अपने अन्तरात्मा की पूजा करना, यह प्रकार लिखा है। इसके आगे यन्त्र-निर्माण को अनेक प्रकारों से बताया है। यदि जल के समीप स्थान हो, तो जल में ही यन्त्र की भावना करनी चाहिये। जल समीप न हो, तो सुवर्ण आदि के पीठ के ऊपर बड़ा जलपात्र रखकर उसमें यन्त्र की भावना करे। इन दोनों के अभाव में सूर्य-प्रतिमा में या सूर्यकान्त मणि में, शालग्राम में, बाणलिंग में या दर्पण में यन्त्र की कल्पना की जा सकती है। सामान्य रूप से सुवर्ण आदि के पटल पर उत्कीर्ण यन्त्र ही प्रचलित हैं। यन्त्र-लेखन के विषय में सम्प्रदाय और ग्रन्थों के अनुसार अनेक पक्ष हैं, उसमें अपनी परम्परा से निर्दिष्ट यन्त्र लेना चाहिये।

तृचकल्पे लिखेच्चक्रं कृष्णेन परिभाषितम्।
त्रिकोणं पूर्वमुद्धृत्य तद्बाह्ये चतुरस्रकम्॥
तद्बाह्ये चाऽथ षट्कोणं ततश्चाष्टदलं लिखेत्।
तत ऊर्ध्वं समालेख्यं दलद्वादशकं शुभम्॥
भूगृहं तु ततो लेख्यं चतुर्द्वारोपशोभितम्।

यह एक पक्ष है। इस प्रकार चार-पाँच यन्त्र लिखने के प्रकार इसमें दिये गये हैं। इसके आगे द्वारपूजा और द्वार-देवताओं का वर्णन है। इसके आगे यन्त्र-न्यास से सम्बद्ध देवताओं का विस्तृत एवं संक्षिप्त दो प्रकारों का वर्णन है। इसके आगे तन्त्र-भेद से सूर्य के ध्यान अनेक प्रकार के दिये गये हैं, जिनमें प्रयोग के समय जो निर्दिष्ट हो उसे ही लेना चाहिये, ऐसा आचार्य का मत है। ध्यान-श्लोकों में कहीं दोनों हाथ में कमल हैं, कहीं पर शंख, चक्र, आयुध हैं। अन्यत्र सूर्य को अष्टबाहु और बारह नेत्रवाला कहा गया है। इन सबका प्रयोगानुसार उपयोग होता है। कुछ ध्यान निम्नांकित हैं–

(१) **पद्मासनः पद्मकरः पद्मगर्भसमद्युतिः।**
सप्ताश्वरथसंयुक्तो ध्यातव्यो द्विभुजो रविः॥

(२) **अष्टबाहुं द्विषट्काक्षं पद्मस्थं रविमण्डले।**
हृत्पद्मस्थमुदाराङ्गं स्मरेच्चन्द्रग्रहैर्युतम्॥

(३) **ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती**
नारायणः सरसिजासनसन्निविष्टः।
केयूरवान् मकरकुण्डलवान् किरीटी
हारी हिरण्मयवपुर्धृतशङ्खचक्रः॥ इत्यादि।

इसके आगे '**एहि सूर्यसहस्रांशो**' इत्यादि मन्त्रों से आवाहन आदि कार्य का विधान है। '**एहि सूर्य**' यह मन्त्र थोड़े से भेद के साथ विभिन्न कर्मों में प्रयुक्त होता है। कुछ लोग अन्य मन्त्रों का ग्रहण करते हैं; परन्तु यह बात उचित नहीं है;

क्योंकि 'एहि सूर्येति मन्त्रेण कुर्यादावाहनं बुधः' इस विधि में मन्त्र-प्रतीक को लिया गया है। आवाहन से परमीकरण तक नव मुद्राएँ तन्त्रों में निर्दिष्ट हैं।

आवाहन आदि दस हैं—आवाहन, स्थापन, सन्निधापन, संरोधन, सम्मुखीकरण, प्रार्थन, अवगुण्ठन, सकलीकरण, परमीकरण। इसकी क्रियाओं को मुद्रा-मन्त्र और वासना के साथ किया जाता है। आवाहन आदि क्रियाओं की पृष्ठभूमि में कुछ वासनाएँ या भावनाएँ हैं। उनके साथ ही क्रिया फलवती होती है।

आवाहन की वासना यह है कि सर्वत्र व्याप्त परम तेज, जो त्रिविध परिच्छेद से रहित है, उसको परिच्छेद के साथ (सीमित रूप में) देखना और हृदयस्थान से आगे निकालकर परिच्छेद के योग्य बनाकर अपने लिए दृष्टिगोचर बनने की प्रार्थना करना।

परिच्छेद देश, काल और वस्तु से तीन प्रकार का होता है, जैसे—देवदत्त काशी में है, पाटलिपुत्र में नहीं है (देश का परिच्छेद)। यह एक तरह से अत्यन्ताभाव ही है। जीवनकाल से पूर्व या पश्चात् प्रागभाव और प्रध्वंस कहा जाता है। ऐसे ही यज्ञदत्त देवदत्त का परिच्छेद अन्योन्याभाव होगा। अतः यह निष्कर्ष निकला कि अभाव का अप्रतियोगी होना ही अपरिच्छेद है।

संस्थापन—पूजा-सम्बन्धी पीठ पर बैठने की प्रार्थना है। सन्निधापन—निकट रहने की प्रार्थना है। सन्निरोधन—अनन्यचित्त होने की प्रार्थना है। सम्मुखीकर—अभिमुख होकर उपचारों के स्वीकार करने की प्रार्थना है। अवगुण्ठन—अयोग्य लोगों की दृष्टि से दूर करना है। सकलीकरण—सभी अवयवों से परिपूर्ण होकर अवस्थिति की प्रार्थना है। अमृतीकरण—आनन्द-परिपूर्ण स्वभाव से अक्षुभित चित्त से अवस्थान की प्रार्थना है। परमीकरण—सभी अपराधों को क्षमा करते हुए परम कृपा युक्त रहने की प्रार्थना है।

तन्त्रराज की टीका में इस पर प्रकाश डाला गया है। इन क्रियाओं में तन्त्रभेद से मुद्राएँ न्यून या अधिक हैं। ये आवाहन आदि क्रियाएँ अत्यन्त आवश्यक हैं, इनमें त्रुटि रहने पर तो देवता का आविर्भाव ही सम्भव न होगा। अब जहाँ आवाहन की आवश्यकता नहीं होती और आवाहन निबद्ध है, उस पर विचार प्रस्तुत है। इस विषय में मन्त्रदेवताप्रकाशिका का वचन विचारणीय है—

स्थण्डिले नित्यमेव स्यात्प्रतिमायां कृताकृतम्।
चलायामचलायां तु शालग्रामशिलासु वा॥
न कर्तव्यमिहावाहप्रमुखं पूर्वमेव तत्।

स्थण्डिल (भूमि) में आवाहन विहित है। प्रतिमा में करना या न करना विकल्प है, चल हो या अचल हो, शालग्राम शिला आदि आधारों में आवाहन की पृथक् आवश्यकता नहीं होती। उनमें देवता-सान्निध्य सर्वदा रहता है। 'शिलासु'

पद में बहुवचन होने से अन्य शिलाओं का भी ग्रहण होगा, जैसे बाणलिङ्ग, हिङ्गुलाज आदि । आवाहन या आवाह शब्द से हृदय कमल के बाहर लाने की क्रिया समझनी चाहिये ।

प्रसिद्धि है कि परम शिव-भक्त बाणासुर ने लिङ्गों की पूजा की थी, जो नर्मदा से उपलब्ध हैं । अतः उनमें पुनः प्रतिष्ठा की आवश्यकता नहीं है । आवाहन पद से कुछ लोग परमीकरण तक (पूर्वनिर्दिष्ट क्रम के अनुसार) क्रिया मानते हैं; परन्तु आचार्य के अनुसार हृदय-कमल से ऊपर लाना ही केवल आवाहन है और शिलादि वस्तुओं में उसका ही निषेध है । इस विषय में एक और ध्यान देना आवश्यक है–शालग्राम शिला में विष्णु का ही आवाहन है, अन्य देवताओं का नहीं । इसी प्रकार बाण में शिव की पूजा में आवाहन की आवश्यकता नहीं है । हिङ्गुलाज पीठ के पाषाण में देवी का आवाहन अपेक्षित नहीं है । ऐसे ही मातृपुरस्थ (माहुर महाराष्ट्र) पाषाण में भी समझना चाहिये । शोणभद्र और नर्मदा के पाषाण में गणपति का आवाहन आवश्यक नहीं है । इसके आगे भिन्न मत-मतान्तरों से पूजा के उपचारों पर विचार किया गया है । उपचार चौंसठ, एक सौ आठ, अठारह, सोलह, दस, पाँच–इस तरह छः प्रकार के हैं । अष्टोत्तरशत और चौंसठ इन दोनों का प्रयोग प्रायः देवी की पूजा में किया जाता है; परन्तु प्रायः षोडश उपचार ही अधिक प्रचलित है । नित्यपूजा में लोग पञ्चोपचार का प्रयोग करते हैं । उपचार मन्त्रों के लिये यद्यपि पुरुषसूक्त सभी देवताओं में साधारण है; परन्तु सूर्य के असाधारण मन्त्र 'सौर' का पूजा में उपयोग करना विशेष उचित होगा । अर्थ-प्रतीति की दृष्टि से तत्तद् विशिष्ट देवता के मन्त्र शीघ्र अर्थबोधक होते हैं, अतः सूर्य-मन्त्रों का प्रयोग प्रशस्त है । इसके आगे 'आसन' के विषय में विस्तार से नाना मतों के उद्धरण दिये गये हैं । इसके आगे पाद्य, अर्घ्य, आचमनीय, स्नान, वस्त्र आदि पर विचार किया है । देवता-भेद से वस्त्रों के रंग आदि का पृथग् विचार है ।

अलङ्कारों के सम्बन्ध में भी विचार किया गया है । अलंकारों से अपेक्षित धातुओं का निर्देश है । गन्ध के प्रसंग में 'सूर्य' के लिये विशेष रूप से एक अष्टगन्ध का प्रकार निर्दिष्ट है–

सेध्यकं कुङ्कुमं कुष्टं ह्रीबेरागुरुचन्दनम् ।
जटामांसी मुरश्चेति सौरं गन्धाष्टकं मतम् ॥

पुष्पादि पूजा के बाद आवरणों पर विचार किया गया है । मतभेद से पन्द्रह, बारह, सात, तीन और एक आवरणों की संख्या सम्प्रदाय-भेद से या शक्ति-तारतम्य के अनुसार व्यवस्थित है । प्रत्येक आवरण के अन्त में एक श्लोक प्रत्येक देवता के पूजा-विधान में आता है–

अभीष्टसिद्धिं मे देहि शरणागतवत्सल ।
भक्त्या समर्पये तुभ्यं प्रथमावरणार्चनम् ॥

इसी श्लोक के चतुर्थ पाद में 'द्वितीयावरणार्चनम्' या 'तृतीयावरणार्चनम्' इत्यादि ऊह किया जाता है । इस प्रसंग में 'षष्ठ' या 'एकादश' इत्यादि शब्दों को जोड़ने में विद्वानों को छन्दोभङ्ग दोष की आशंका हो सकती है, उसके समाधान में आचार्य का कथन है कि–'**न वा एकेनाक्षरेण छन्दांसि वियन्ति न द्वाभ्याम्**' यह छन्दशास्त्र का वचन है । इसके अनुसार न्यूनाधिक शब्द-निवेश का दोष नहीं होता । इस विषय पर आचार्य ने 'छन्दोभास्कर' ग्रन्थ में विशेष विचार किया है । इसी प्रकार अक्षरों के गुरु या लघु का विकल्प छन्दःकौस्तुभ के अनुसार दिखाया गया है ।

सूर्य के आवरण-पूजा के सम्बन्ध में अनेक विकल्प शास्त्रतः सिद्ध हैं । उनमें भी देवताओं की स्थिति विभिन्न प्रकार से उपवर्णित है । आचार्य का कथन है कि प्राचीन आचारों को ध्यान में रखकर चतुर्थ प्रकार के यन्त्र में ही पन्द्रह आवरणों की पूजा की जाती है । इस पूजाविधान के प्रत्येक अंगों के सम्बन्ध में सप्रमाण ऊहापोह किया गया है । पूजा के अन्त में प्रसन्नार्घ्य का भी विधान है ।

मुख्य रूप से सूर्य-पूजा का उद्देश्य अर्घ्यदान सम्बन्धी अनुष्ठान करने का ही है । इस विषय में आगे विशेष रूप से विवेचन है–अर्घ्य सम्बन्धी जल के ग्रहण के विषय में द्रव-द्रव्य (जल आदि तरल पदार्थ) के सम्बन्ध में प्राचीन तौल की परिभाषाएँ दी हैं, जिसमें क्रमशः पाँच गुञ्जा के बराबर एक माष (मासा), सोलह मासे का एक कर्ष (तोला), चार कर्षों का एक पल, सोलह पलों का एक प्रस्थ बताया है । 'पल' को ही लौकिक व्यवहार में 'ढबुक' कहा गया है । सम्भवतः 'ढबुक' एक छोटा जलग्रहण का पात्र है । अर्घ्यदान के लिये बत्तीस ढबुक जल होना चाहिये । तौल के माने गये दो प्रकार 'मागध' और 'कलिंग' इन दो देशों के नाम पर प्रसिद्ध हैं । अर्घ्य में मिलाने के लिये अनेक द्रव्यों का विधान है–

गोरोचनाभ्रतिलवैणवराजिरक्तशीताख्यशालिकरवीरजपाकुशाग्रान् ।
श्यामाकतण्डुलयवांश्च यथा प्रभावात्संयोज्य भक्तिभरतोऽर्घ्यविधिर्विधेयः ॥

ये पदार्थ अर्घ्य द्रव्य में मिलाने के लिये लिखे गये हैं । इनके साथ 'शतपत्र' (कमल विशेष) का भी अर्घ्य में विनियोग लिखा गया है । 'कमल' को अङ्गुष्ठ और अनामिका से उठाकर पात्र में डालने का विधान है । इस सूर्यार्घ्य दान में एक विशेष प्रकार के आसन का विधान है जिसे 'उष्ट्रासिका' कहा गया है, अर्थात् ऊँट की तरह बैठना । इसका निम्नांकित विधान है–

'निषीदति यथा भूमौ पूर्वजानु क्रमेलकः ।
पादाग्रं पश्चिमस्थाने गुल्फस्थस्तु यथाक्रमम्' ॥
'उष्ट्रासिकाख्यमुपवेशनं सौरार्घ्यकर्मणि' ।

इसका अर्थ यह है कि जिस प्रकार ऊँट अगले पैरों को मोड़कर जमीन पर बैठता है, वैसे ही अग्रभाग को पीछे की ओर मोड़कर घुँटने पर भार देकर बैठे।

अर्घ्य में निक्षेप करने के लिये कहीं सोलह पदार्थ, कहीं पर तेरह, कहीं पर ग्यारह, कहीं पर छः, कहीं पर पाँच, कहीं पर चार, कहीं पर तीन, कहीं पर दो और अन्ततः एक पदार्थ है। अपनी शक्ति और वस्तु की उपलब्धि के अनुसार उपयोग करना चाहिये। संक्षेप के पक्ष में चन्दन, रक्ताक्षत दोनों ही या केवल रक्ताक्षत अर्घ्य में अवश्य देना चाहिये। सूर्य की दिशा की ओर मुख करके अर्घ्यपात्र मस्तक तक उठाकर बारम्बार नमस्कार करते हुए, नासाग्र में दृष्टि रखकर मन्त्रोच्चारणपूर्वक अर्घ्यदान देना चाहिये। आसन पूर्वोक्त 'उष्ट्रासिका' ही करना चाहिये। अर्घ्य के साथ उच्चारणीय मन्त्रों के सम्बन्ध में भी अनेक पक्ष ग्रन्थकार ने लिखे हैं–'तृच' मन्त्र मात्र से या पौराणिक मन्त्र और तृच से या अन्य मन्त्रों से अर्घ्य दिया जा सकता है। इनमें मन्त्र-बीजों को लगाकर अर्घ्यदान करने की परम्परा है, जैसे–

'ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः उद्यन्नद्य मित्रमहः ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः मित्राय नमः इदमर्घ्यं समर्पयामि' इस प्रकार बारह नामों के साथ बीज एवं तृचमन्त्र की योजना करनी चाहिये। इसमें भी बीज सम्पुट के अनेक प्रकार दृष्टिगोचर होते हैं, उनमें भी जो अपने अनुकूल और शक्य हो उसे ही करना चाहिये। 'अर्घ्य' शब्द का 'इदमर्घ्यं', 'इममर्घ्यं' इत्यादि नपुंसक और पुल्लिङ्ग दोनों में प्रयोग होता है। 'इदमर्घ्यं न मम' यह भी सम्प्रदायानुसार जोड़ना चाहिये। यदि अर्घ्य-संख्या अधिक हो, तो कोटिहोम आदि का त्याग कर 'न मम' शब्द संयोजन करना चाहिये, यद्यपि शास्त्रों में अनेक प्रकार से अर्घ्यदान तथा उसकी संख्या लिखी है। उनमें से कोई एक निश्चित पक्ष लेकर ही कर्म करना उचित होगा। दो पक्षों का एक में मिश्रण आदि नहीं करना चाहिये। अनेक ब्राह्मणों के द्वारा एक ही उद्देश्य को लेकर एक ही प्रकार का पक्ष (विधि) लेना ठीक होगा। इनमें भी छोटे-बड़े प्रकार शास्त्रों में निर्दिष्ट हैं। उनमें भी शास्त्र और गुरु-सम्प्रदाय का समन्वय लेकर ही कर्म करना प्रशस्त है। इसी प्रकार 'अर्घ्यदान' संख्या का निर्धारण करने के भी अनेक प्रकार शास्त्रों में हैं। उन सभी का निष्कर्ष आचार्य ने अपने शब्दों में कर दिया है।

बाईस मन्त्रों की स्वस्थानविवृद्धिन्यास (अपने स्थान में नाम, संख्या आदि बढ़ाने) से त्रिगुणित छाछठ (६६) संख्या होगी। इस संख्या से एक आवृत्ति मानी जायेगी। यह मुख्य पक्ष है। इसमें जो असमर्थ हैं, वे केवल आखिरी समष्टिमन्त्र की मात्र आवृत्ति कर सकते हैं। उससे इक्कीस व्यष्टि-मन्त्रों की आवृत्ति भी हो जाती है। इस पक्ष में चौबीस प्रक्षेपों (अर्घ्यों) से एक आवृत्ति मानी जायेगी।

पादार्धर्चतृचैरेवं त्रिधाऽऽवृत्तैस्तृचादिना।
दद्यादर्घ्याणि मन्त्राणामानुलोम्यैर्विवस्वते ॥

यह भविष्योत्तरपुराण का वचन है। इसके अनुसार छाछठ प्रक्षेपों से एक आवृत्ति का पक्ष बनता है। **'चतुर्विंशत्यर्घ्यदानैरेकमावर्तनं मतम्'** यह शौनक का पक्ष है। प्रकार-भेद होने से इन वचनों का कोई परस्पर विरोध नहीं होता। अर्घ्यदान के सम्बन्ध में नाना मत उपलब्ध होते हैं। मुख्य पक्ष षट्षष्टि (६६) संख्या वाला है। दूसरा पक्ष चतुर्विंशति (२४) संख्या का है। उसमें भी अर्घ्यदान की कुछ पारिभाषिक संज्ञायें हैं–चौबीस प्रक्षेपों से एक आवृत्ति कही जाती है। चौबीस आवृत्तियों से एक अंश कहा जाता है। चौबीस अंशों से एक लघु कहा गया है। चौबीस लघुओं से एक 'अर्घ्य' कहा गया है। चौबीस अर्घ्यों से एक 'महार्घ्य' माना गया है। चौबीस महार्घ्यों से एक 'अत्यर्घ्य' कहा गया है। इस प्रकार अर्घ्यदान के विधान का विस्तार शास्त्र और सम्प्रदाय के अनुरोध से विभिन्न प्रकार का उपलभ्य है। इसकी अंक-तालिका निम्नांकित पद्धति से दी गई है–

६६ आवृत्ति। १५८४ अंश। ३८०१६ लघु।
९१२३८४ अर्घ्य। २१८९७२१६ महार्घ्य।
५२५५३३१८४ अत्यर्घ्य।

यह एक पक्ष है। अथवा–

२४ आवृत्ति। ५७६ अंश। १३८२४ लघु।
३३१७७ अर्घ्य। ७९६२६२४ महार्घ्य।
१९११०२९७६ अत्यर्घ्य।

यह दूसरा पक्ष है। इन्हीं बातों को संख्या के संकेतसूचक पद्यों के द्वारा उपनिबद्ध किया गया है–**'आवृत्तिस्तु तृषारवौ क्षेपैरंशस्तु भेदमूकमितैः'** इत्यादि। इस प्रकार आवृत्ति, अंश, लघु, अर्घ्य, महार्घ्य और अत्यर्घ्य इन छः पारिभाषिक नामों से अर्घ्यदान का विभाजन किया गया है। इसमें भी ग्रन्थ और सम्प्रदाय के भेद से कर्म में कुछ विभिन्नता है। आचार्य का कथन है–इनमें जहाँ भिन्न-भिन्न कर्म होंगे या पृथक् संकल्प होगा, वहाँ ब्राह्मणों का भेद तथा दक्षिणाओं का भेद होगा, या वे ही ब्राह्मण रहेंगे और अन्त में दक्षिणा भी एक साथ दी जायेगी।

इस प्रकार अर्घ्य-प्रक्षेप पर विचार करने के बाद वैदिक तथा पौराणिक मन्त्रों के सम्बन्ध में विचार किया गया है। कुछ विद्वानों का पक्ष है कि–

हिमघ्नाय तमोघ्नाय रक्षोघ्नाय च ते नमः।
कृतघ्नघ्नाय देवाय नमस्ते धरणीधर ॥
नमस्ते पद्मनाभाय नमस्ते पद्मरूपिणे।
पद्महस्त परंज्योतिःस्वरूपाय नमो नमः ॥

इत्यादि सात श्लोकों से श्लोक की आधी संख्या को जोड़कर पन्द्रह मन्त्र होते हैं। इसके साथ ही निम्नांकित वैदिक मन्त्रों को भी जोड़ा जाता है–**'हंसः शुचिषत्०'** **'सूर्यो देवीमुषसं०'** 'आकृष्णेन रजसा०' इन ऋचाओं को लेकर अठारह मन्त्र होते हैं। इन मन्त्रों के उच्चारण के बाद 'श्रीसूर्याय नमो नमः इदमर्घ्यं समर्पयामि' यह अंश पृथक् जोड़ना चाहिये। इसके आगे '**अग्निमीडे॰** ऋग्वेदात्मने श्रीसूर्यनारायणाय' इत्यादि। वैसे ही–'**इषे त्वोर्जे त्वा॰**' '**यजुर्वेदात्मने॰**' इत्यादि। '**अग्न आयाहि वीतये॰ सामवेदात्मने॰**'। '**शन्नो देवीरभीष्टय॰ अथर्ववेदात्मने॰ श्रीसूर्याय॰**' इत्यादि चार मन्त्रों को जोड़ने से बाईस मन्त्र होंगे। इसके आगे '**एहि सूर्य सहस्रांशो॰**' इत्यादि श्लोक और दूसरा श्लोक है–

दिवाकर नमस्तुभ्यं पापाज्ञानं प्रणाशय।
त्रयीमयार्क विश्वात्मन् गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते॥

'श्रीसूर्यनारायणाय' इत्यादि दो मन्त्रों के संयोग से २४ पौराणमिश्रित मन्त्र होते हैं, यह पद्धतिकारों की मान्यता है। वेद के सम्बन्ध में प्रमाण-वाक्य भी है–**'चतुर्वेदादिमैर्मन्त्रैश्चतुरोऽर्घ्यान् प्रदापयेत्'**। इस प्रकार अनेक शाखाओं से व्यवस्था की गई है। अथर्वणवेद में शौनकादि शाखाओं में–

'ये त्रिषत्याः परियन्ति विश्वा रूपाणि बिभ्रति।
वाचस्पतिर्बला तेषां त्वं नो अय दधातु मे'॥

इत्यादि ऋक् पहले ही पढ़ी जाती है। बह्वृचादि शाखाओं में 'शन्नो देवी०' यही ऋक् पढ़ी जाती है। व्याकरणशास्त्र के प्रतिपादक महाभाष्य में भी 'शन्नो देवी०' का पाठ किया जाता है; परन्तु 'ये त्रिषत्या०' इत्यादि मन्त्र के लिये स्पष्ट वचन होने के कारण उसका ही प्रयोग करना उचित है।

'यावदेकं स्मृतौ कर्म' इत्यादि तन्त्रवार्तिक के सिद्धान्तानुसार इस मन्त्र की प्रथम स्थिति में सन्देह नहीं है। अब इसमें अन्य भी कई मत उपलब्ध हैं, जिन पर विचार किया गया है। पूर्वनिर्दिष्ट पन्द्रह मन्त्रों के बाद **'नमस्ते घृणिने तुभ्यं सूर्याय ब्रह्मरूपिणे'** इत्यादि नौ मन्त्र जोड़ने चाहिए। चतुर्थ्यन्त बाईस नाम मन्त्रों को लेना चाहिये और प्रति मन्त्र 'विकर्तनाय नमः' इत्यादि के साथ एक-एक मन्त्र की योजना करनी चाहिये। बाईस मन्त्रों के बाद "विकर्तन-विवस्वान्-मार्तण्ड-भास्कर-रवि-लोकप्रकाशक-श्रीमल्लोकचक्षु-ग्रहेश्वर-लोकसाक्षि-त्रिलोकीश-कर्तृ-हर्तृ-तमिस्रह-तपन-पावक-शुचि-सप्ताश्ववाहन-गभस्तिहस्त-ब्रह्मण्य सर्वदेवनमस्कृतेभ्यो नमः" इस समष्टि मन्त्र का तीन बार प्रयोग करने से चौबीस मन्त्रों की संख्या होती है, ऐसा मत है। उसमें भी भुवनेशी षड्दीर्घ (ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रैं ह्रौं ह्रः) की योजना से और भी मन्त्र वीर्यवान् होगा, ऐसा मत है।

इस प्रकार आचार्य ने उपलब्ध सभी तृच-पद्धतियों से प्रयोग भेद की व्यवस्था की है। उसमें भी शाखाभेद तथा सम्प्रदाय-भेद से कुछ नवीनता रहती है, जिसका पूर्ण विचार कर ही प्रयोग करना चाहिये।

आवृत्ति छोटी-बड़ी कई प्रकार की बताई गई है। इस प्रयोग से होनेवाला फल (आरोग्य-लाभ आदि) दृष्ट रूप होने के कारण जब तक फलसिद्धि न हो, पुनः पुनः आवृत्ति करनी चाहिये। जैसे–ब्रह्म ज्ञान भी कर्मसाध्य होने के कारण विवरणादि के मत से अदृष्टद्वारक है, तो भी उपासनारूपी कर्म बारम्बार करना आवश्यक होता है। **'आवृत्तिरसकृदुपदेशात्'** यह उत्तरमीमांसा का सिद्धान्त है। अतः अंश आदि की कल्पना में 'अंश' एक कर्म होने से बारह-बारह आवृत्तियों से इष्टसिद्धि होने पर भी 'षाष्ठन्याय' से कर्म समाप्त नहीं होगा। यदि भिन्न-भिन्न कर्म मानें, तो पृथक् समाप्ति होगी। तदनुसार ही संकल्प आदि का प्रकार भिन्न होगा।इस प्रकार दोनों विधि मीमांसक-पद्धति से जाननी चाहिये। कुछ विद्वानों के मत के अनुसार–

नमोऽस्तु सूर्याय नमोऽस्तु भानवे
नमोऽस्तु वैश्वानर जातवेदसे।
त्वमेव चार्घ्यं मम गृह्ण गृह्ण
देवाधिदेवाय नमोऽस्तु तुभ्यम्॥

इत्यादि श्लोकों से तथा अन्तिम कतिपय मन्त्रों से बारह अर्घ्य-मन्त्रों की गणना की गई है। उनमें नव श्लोकों से नव मन्त्र हैं। त्रयोदश अक्षरात्मक मन्त्र के साथ चतुर्थ श्लोक एक मन्त्र है। दसवाँ मन्त्र बीस अक्षरों का है। ग्यारहवाँ दशाक्षर मन्त्र है। बारहवाँ त्रयोदशाक्षर मन्त्र है। इनमें प्रति मन्त्र के अन्त में **'त्रिपादूर्ध्व उदैत्'** इस मन्त्र की योजना करनी चाहिये। इस प्रकार बारह अर्घ्यों की भी व्यवस्था है। ये द्वादश अर्घ्य प्रधान कर्म में नहीं आते; क्योंकि इनका पृथक् फल नहीं कहा गया है। फलवान् अर्घ्यों के साथ ही इनका प्रयोग लिखा गया है (यहाँ मीमांसा का फलवदफलन्याय लगेगा)। पञ्चम मन्त्र से इसकी सूचना मिलती है– **'पूजायाः परिपूर्त्यर्थं गृहाणार्घ्यं नमोऽस्तु ते'**। अतः पूर्वोक्त प्रधान अर्घ्य-मन्त्रों के प्रयोग में विशेषार्घ्य के बाद या प्रधान अर्घ्य के बाद कलश के जल से ये अर्घ्य एक बार देने चाहियें।

इस प्रकार प्रतिदिन बारह आवृत्तियाँ एक-एक ब्राह्मण के द्वारा की जावें, यह उत्तम पक्ष है। छः यह मध्यम पक्ष है। चार यह अवम पक्ष है। तीन यह निकृष्ट पक्ष है और इसके आगे यथाशक्ति का आखिरी पक्ष है। प्रथम दिन की तरह समाप्तिपर्यन्त प्रतिदिन का अनुष्ठान करना चाहिए, न उससे कम हो और न तो उससे अधिक हो। कुछ लोग सम्पूर्ण के अंश या आधा अंश प्रतिदिन करते हैं;

परन्तु यह दक्षिणा बचाने से द्रव्यलोभ और कर्मलोप दो दोषों का कारण है। शीघ्रता से बड़ा अनुष्ठान समाप्त करना हो, तो उचित यह है कि ब्राह्मण ही अधिक वरण किये जावें, न कि एक ही ब्राह्मण से अधिक कर्म कराना उचित होगा।

प्रतिदिन से रविवार को द्विगुण अर्घ्यदान करना चाहिये, यह द्विगुण कर्म नैमित्तिक होगा और कर्ता को विशेष संस्कारक होगा। अतः यह उपकारक का अंग है; परन्तु प्रधान कर्म की संख्यापूर्ति में इसका उपयोग न होगा। इसके बाद पुरुषसूक्तन्यास, सप्तषडङ्गी या अर्धर्चषडङ्ग आदि न्यासों का विधान है। इसमें कुछ मत-मतान्तरों की चर्चा की गई है। इसके बाद अन्त में अर्घ्यजल लेकर तृच-मन्त्र से या सौर गायत्री से पीना चाहिये या अन्य लोगों को पिलाना चाहिये। इसके बाद एक-एक ऋचा से बारह प्रदक्षिणाएँ कर नमस्कार करना चाहिये। इसके बाद **'यज्ञेन॰'** इत्यादि मन्त्रों से पुष्पाञ्जलि दी जावे। स्तोत्र के सम्बन्ध में भी अनेक मत हैं, जैसे—'आकृष्णेन॰' मन्त्र से। यदि सम्भव हो तो भविष्योत्तरपुराण का या रुद्रयामल का सूर्यसहस्रनाम या ब्रह्मपुराण का अष्टोत्तरशतनाम या स्कन्दपुराण के बहत्तर नाम या पद्मपुराण के इक्कीस नाम या कूर्मपुराण के बारह नाम का पाठ करना चाहिये। सूर्यहृदय, आदित्यहृदय आदि स्तोत्रों का पाठ भी किया जा सकता है। 'महासौर' मन्त्रों से उपस्थान समाप्त कर ये सब स्तोत्र पढ़ने चाहिये। ये सब स्तोत्र स्वतन्त्र भी हैं, कर्माङ्ग भी हैं; क्योंकि आचार्य उनके विधायक वचन में दोनों बातें लिखते हैं। अतः 'संयोगपृथक्त्वन्याय' से यह बात माननी चाहिये। इसके बाद 'सविता पश्चात्तात्' इत्यादि प्रार्थना है। इसमें भी विभिन्न प्रयोगकारों के मत हैं। सबके अन्त में—

रविः कर्ता रविर्भोक्ता रविः सर्वमिदं जगत्।
रविर्जयति सर्वत्र यो रविः सोऽहमेव हि॥
त्वमेवाहमहं त्वं च सच्चिन्मात्रवपुर्धरः।
आवयोरन्तरभ्रान्तिस्त्वत्प्रसादात्प्रणश्यतु॥

यह श्लोक पढ़कर गुरु, मन्त्र, देवता और आत्मा की एकता की भावना करनी चाहिये। आवरण देवताओं को तेजोमय मानकर वे सूर्य के शरीर में प्रविष्ट हुईं, ऐसा समझे। क्षणभर ध्यान कर प्रणाम करे। तालत्रय से देवता को प्रबोधित कर तेजोमय मात्र विभावना करे।

'अभ्यारमिदद्रय' इस ऋचा का उच्चारण कर 'श्रीसूर्यं साङ्गं सपरिवारं विसर्जयामि नमः, स्वस्थानं गच्छ' यह कहकर संहारमुद्रा से पुष्प को उठाकर घ्राणमार्ग से हृदय तक ले जावे। पुनः सगुण मूर्ति के रूप से ध्यान करे। षडङ्ग का न्यास करे। मानसिक पञ्चोपचार समर्पण करे। क्षणभर विश्राम करे। पुनः तेजोमय की

भावना कर ब्रह्मरन्ध्र तक ले जावे। सुषुम्णा मार्ग से पुनः हृदय में लाकर दण्डाकार सूक्ष्मतर तेज की भावना कर मूलाधार में कुण्डलिनी रूप से अवस्थापित करे। यह विसर्जन की प्रक्रिया है।

इसके आगे महासौर मन्त्रों से उपस्थान का प्रकार दिखाया है। महासौर मन्त्रों के ऋष्यादिन्यास को एक बार कर खड़े होकर अर्थानुसन्धानपूर्वक सूर्याभिमुख होकर दोनों बाहु उठाकर पाठ करना चाहिये। इसमें **'उदुत्य०', 'चित्रं देवाना०', 'इन्द्रं मित्र०', 'हंसः शुचिषदि०', 'यत्त्वा सूर्यस्य०', 'यदद्ये०', 'उदत्यद्दर्शतमि०' 'षण्महानि०', 'नमो मित्रस्ये०', 'सूर्यो न०', 'बिभ्राड् बृहदि०', 'आयं गौः०'** इत्यादि वैदिक मन्त्र निर्दिष्ट हैं। इसके बाद ब्रह्मार्पण-विभावन करना कहा गया है। उसके भी अनेक प्रकार हैं–

प्रीणातु भगवानीशः कर्मणाऽनेन शाश्वतः।
धियेत्थं कर्मकरणं ब्रह्मार्पणमिदं परम्॥

इत्यादि अनेक वचन इसके लिये मिलते हैं। इसके बाद साधक अपने घर जावे। प्रति रविवार बारह ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिये, अथवा यथा-शक्ति भोजन करावे–'**विप्रान् द्वादश शक्त्या वा भोजयेद्रविवासरे**' (भविष्योत्तरपुराण)। यद्यपि कामना-भेद से प्रयोग-भेद की सूचना मिलती है–

'अल्पज्वरे त्वेकदिनं शिरोरोगे दिनत्रयम्।
शूले सप्तदिनं कार्यं षण्मासान् क्षयरोगके' ॥

इसके अनुसार पूर्वोक्त अर्घ्य-संख्या 'अंश, लघु, अर्घ्य, अत्यर्घ्य' इत्यादि का अनुष्ठान सम्भव न होगा; परन्तु वचन-बल से निर्दिष्ट कर्म और संख्या मात्र से भी अभीष्ट फल हो सकता है। ऐसा अन्य भी वचन है–'**उदयेऽर्घ्यं सदा दत्वा सिद्धिं संवत्सराल्लभेत्**'।

प्रकारान्तर से भी कर्म करने की सूचना मिलती है, यदि चाहे तो ब्राह्मणों की संख्या बढ़ाकर एक ही दिन में 'अंश' या 'लघु' संज्ञा वाला अर्घ्यदान का प्रयोग पूरा किया जा सकता है। इस अर्घ्यदान के काम्यप्रयोग भी पद्धतिकारों ने लिखे हैं–

वैरिचक्षुःक्षयार्थं तु प्रातिलोम्येन कारयेत्।
अयुते त्वयुते धेनुरेका स्याद्दक्षिणाधिका॥

इसमें अनुलोम-प्रतिलोम ऋचाओं के पाठ के कुछ क्रम बताये गये हैं, जैसे–मन्त्रों के बारह पादों में '**मो अहं**' इत्यादि से '**उद्यन्नद्येति**' तक प्रक्षेप कर अर्धर्च (आधी ऋचा) में 'द्विषन्तं' से आरम्भ कर 'आदि' तक पाठ करे और इसके आगे 'उदगादय' इत्यादि तीन ऋचाओं को यथाक्रम पढ़े, ऐसा एक मत है अथवा पूर्वोक्त बाईस मन्त्रों के चरम मन्त्र से आरम्भ कर प्रथम मन्त्र तक तृच-ऋचाओं के आधे पाद का क्रम से प्रक्षेप करे, यह भी कहते हैं। आचार्य की दृष्टि से पद्धतिकार इस

विषय में कुछ भ्रान्त हैं; क्योंकि अनुलोम और प्रतिलोम पाठ का विषय-भेद से विधान वचनसिद्ध है–

एवमर्घ्याः प्रदातव्याः पुरुषैस्तु विचक्षणैः ।
प्रतिलोम्यप्रकारेण आनुलोम्येन वा पुनः ॥

इस वचन के अनुसार विकल्प ऐच्छिक ही है। पद्धतिकारों को कहीं-कहीं भ्रम हुआ है। वस्तुतः तृचमन्त्र के सम्बन्ध में प्रारम्भ में ही कहा है–**'रोगघ्नश्च द्विषद्घ्नश्च**। इससे रोग में अनुलोम तथा शत्रुनिवृत्ति के लिये प्रतिलोम यह विकल्प स्पष्ट है। वस्तुतः भुक्ति-मुक्तिप्रदायक प्रयोग के लिये अनुलोम मन्त्र-जप ही सर्वसम्मत है। इस प्रकार तृचभास्कर के पूर्वार्ध में प्रयोगसम्बन्धी मत-मतान्तरों का सप्रमाण विवेचन किया गया है। इसके आगे दूसरे भाग में शुद्ध कर्मकाण्डी वैदिकों के लिये क्रमबद्ध प्रयोग लिखा गया है। इसमें आरम्भ से अन्त तक लगने वाली सभी सामग्री की सूची दी गई है। पूर्वार्द्ध में शास्त्रीय ऊहापोह दिया गया है।

उत्तरार्ध में मन्त्रों के साथ सविस्तर प्रयोग-विधि लिखी गयी है, जिसके आधार पर कुशल वैदिक कर्म कर सकें। इसमें अनेक प्रकार के न्यास, भूशुद्धि, भूतशुद्धि आदि कर्म निर्दिष्ट हैं। सूर्य के अनेक विशेष न्यास भी उपवर्णित हैं। सविस्तर सूर्य-पूजा पद्धति के बाद 'महासौर' मन्त्रों से उपस्थान का प्रकार भी दिखाया गया है। प्रति रविवार द्वादश ब्राह्मणों को भोजन कराना आवश्यक है। आचार्य का कथन है कि **तुष्टेषु ब्राह्मणेष्वेव कर्मपूर्तिर्नान्यथा**' अर्थात् ब्राह्मणों का सन्तोष होने पर ही कर्म की यथाविधि पूर्ति होती है, अन्यथा नहीं होती।

आचार्य ने अन्त में कहा है कि विस्तृततर पद्धति पण्डितों और राजाओं को काम्यकर्म में आवश्यक है। इस पद्धति से भी अधिक विस्तृत या थोड़ी विस्तृत-कल्प, संक्षिप्त, संक्षिप्ततर, संक्षिप्ततम, अतिसंक्षिप्त भी अधिकारिभेद से पद्धति-रूप प्रयोगविधि पूर्वनिर्णीत विषयों में वैकल्पिक पक्षों का आलोडन कर बनाई जा सकती है।

नित्य-काम्य भेद से शक्तितारतम्य देखकर ज्ञान और अज्ञान का तारतम्य देखते हुए देश, काल, धन आदि की भी व्यवस्था को देखकर बुद्धिमान्, अमत्सर, धर्मशील विद्वान् इस ग्रन्थ से सैकड़ों प्रयोग के प्रकार बना सकते हैं। इसके आगे प्रयोगों के लिये उपयुक्त मुद्राओं के लक्षण दिये गये हैं। यज्ञ-कृत्य में मुद्राओं का प्रयोग आवश्यक हैं; क्योंकि शास्त्र का कथन है–

यज्ञकृत्येषु चेच्छक्तौ हस्तौ मुद्रादिषु क्षमौ ।
तदा मुद्रां विधायैव तत्तत्कृत्यं समाचरेत् ॥

इसके बाद अर्घ्याङ्ग और प्रधान दो प्रकार से होम-विधि का विवेचन किया गया है। होम-विधि के भी अनेक प्रकार प्रदर्शित किये हैं। होम के बाद आचार्य का पूजन, गोदान आदि बताया गया है—

'ततो होमावसाने तु भक्त्याऽऽचार्यं प्रपूजयेत्।
गन्धैः पुष्पैस्तथा वस्त्रैरलङ्कारादिभिस्तथा॥
एवं सम्पूज्य गां दद्यात्सवत्सां कांस्यदोहिनीम्।
सवस्त्रां सहिरण्यां च श्रीमद्भास्करतुष्टये॥
उपानहौ च छत्रं च आसनं च कमण्डलुम्।
आचार्याय प्रदातव्यं सर्वकामार्थसिद्धये'॥

इत्यादि वचन इसके प्रमाण हैं। इसके आगे 'नमस्कार' पर विचार किया गया है। सूर्य की उपासना में 'नमस्कार' का बहुत महत्त्व है। **'नमस्कारप्रियो भानुः'** यह वचन प्रसिद्ध है। यह भी कायिक, वाचिक, मानसिक भेद से तीन प्रकार का है। कायिक के सात भेद बताये गये हैं—त्रिकोण-षट्कोण-अर्धचन्द्र-प्रदक्षिण-दण्ड-अष्टाङ्ग-उग्र इत्यादि। मानसिक के भी अनेक प्रकार उक्त हैं। भक्ति-तन्त्र में अड़सठ भेद बताये हैं। विभिन्न देवताओं की प्रिय आराधना के विषय में कुछ वचन मिलते हैं—

उपवासप्रियो विष्णुरभिषेकप्रियः शिवः।
दुर्गाऽर्चनप्रिया नूनं मार्तण्डो नतिवल्लभः॥
दीपप्रियः कार्तवीर्यो गणेशस्तर्पणप्रियः।

इससे सूर्य को नमस्कार प्रिय है, यह ज्ञात होता है; परन्तु नमस्कार के साथ और बातें भी प्रिय हो सकती हैं। अतः देवताओं की किसी में विशेष प्रीति दिखलाना ही शास्त्र का लक्ष्य है, न कि अन्य विशेष का निषेध है। ब्रह्मपुराण में सूर्य-नमस्कार के लिये कहा है—

मानसं वाचिकं वाऽपि कर्मजं यच्च दुष्कृतम्।
सर्वं सूर्यः प्रणामेन तदशेषं व्यपोहति॥

सूर्य की प्रसन्नता के लिये व्रत

ब्रह्मपुराण में षष्ठी या सप्तमी को एकाहार या निराहार रहकर जो सूर्य की उपासना करता है, उसे सूर्यलोक की प्राप्ति होती है, यह कहा है। इसी प्रकार कृष्णपक्ष की सप्तमी के दिन जितेन्द्रिय रहकर सभी रत्नों के उपहार से जो सूर्य की आराधना करता है, वह भक्त कमल सदृश यान में बैठकर सूर्यलोक जाता है अथवा, शुक्लपक्ष की सप्तमी को जब रविवार हो, वह सप्तमी 'विजया' कहलाती है। उसमें किया हुआ स्नान, दान, जप, होम आदि महाफलप्रद हैं। सप्तमी के दिन 'अर्क' वृक्ष के दोने में जल पीकर रहें। उसकी संख्या क्रम से बढ़ानी तथा

घटानी चाहिये। दो.वर्षों तक इस नियम का पालन करने से सम्पूर्ण फलों की प्राप्ति होती है अथवा, एक व्रत और सूचनीय है–उदय से लेकर सूर्य के अस्त हो जाने तक खड़े होकर सूर्य को देखते हुए जप करना चाहिये। यह आदित्यव्रत महापातकनाशन है। इस प्रकार नाना शास्त्रों और पुराणों में उपलब्ध कुछ व्रतों का संकेत किया गया है।

यन्त्रधारणविधि

इस प्रकरण के आगे धारण करने मात्र से रोग आदि बाधाओं के नाशक यन्त्र का विधान विस्तार से वर्णित है। उसकी कुछ मुख्य बातें हम यहाँ पर दे रहे हैं। इसका विधान 'यन्त्रसार' नामक ग्रन्थ से उद्धृत है–

प्रणवं साध्यसमेतं विलिख्य षट्कोणकर्णिकामध्ये।
ॐ ह्रीं हंसः सोहं षड्वर्णानालिखेच्च कोणेषु॥

इत्यादि कारिकायें इसकी विधायक हैं। संक्षेप में यन्त्रलेखन का यह प्रकार है– पहले षट्कोण और वृत्त लिखे, चतुर्दल पद्म वृत्त से युक्त लिखे, अष्टदल पद्म शुद्ध वृत्त और चतुरस्र लिखे। बीच में प्रणव (ओङ्कार) लिखे। यह प्रणव यन्त्र सामान्य नियम से सिद्ध-साध्य (नाम) से गर्भित ह्रींकार को आवेष्टन कर लिखे। चतुर्दल के केसर भाग में 'ॐ ह्रीं हंसः' इस सौरमन्त्र के चार वर्णों को चारों दलों में पूर्वादि क्रम से 'उद्यन्नद्येति' मन्त्रों के चारों पादों को लिखे। अष्टदल के केसरों में 'घृणिः सूरि य आदित्यः' यह आठ सौर के अक्षर लिखना चाहिये। यहाँ पर 'सूर्य' पद में विकर्ष 'सूर्य इति त्रिणीति' प्रमाणों से सिद्ध है। आठ दलों में 'शुकेषु मे' इसका तथा 'उदगादयं' इस ऋचा के आठों पाद लिखना चाहिये। इसके ऊपर के बाह्य वृत्त को मातृका से वेष्टित करना चाहिये। मातृकावेष्टन यन्त्र सामान्य विधि से ही सिद्ध है।

इस प्रकार यन्त्रविधानपूर्वक सिद्ध कर धारण करने पर कुष्ठ आदि रोगों का नाशक होगा तथा तेज, लक्ष्मी आदि की वृद्धि करनेवाला होगा, अथवा समतल आँगन की भूमि पर हरिद्रा आदि का चूर्ण फैलाकर उसमें यह यन्त्र लिखे और उसमें सूर्य की आवाहनादि विधि से पूजा करे। पूर्वोक्त रीति से 'तृच' से अर्घ्यदान करे। इस कर्म का अनेक शुभ फल ग्रन्थों में वर्णित है, अथवा ताम्रादि धातु के पत्र में यन्त्र उत्कीर्ण कर घर में गाड़ दे, इससे रोगादि उपसर्ग नष्ट होते हैं, अथवा सुवर्णपट्ट में साधित लिखित यन्त्र को तैल में डाले, उस तैल को स्पर्श कर एक हजार तृचमन्त्रों से अभिमन्त्रित करे। उसे लगाने से कुष्ठादि महाव्याधियाँ नष्ट होती हैं, अथवा नवनीत (मक्खन) में अभिमन्त्रित यन्त्र रखकर उसके भक्षण से उदरशूल आदि व्याधियाँ नष्ट होती हैं। यद्यपि तृचार्घ्यदान- पद्धतियों में लेखकों ने इस यन्त्र के विषय में कुछ लिखा नहीं है; परन्तु आचार्य श्रीभास्करराय



श्रीतृचभास्करग्रन्थोक्त सौरयन्त्रम्

ने इस विषय को प्रासंगिक समझकर अन्य ग्रन्थों से लिया है। इस यन्त्र के साथ अर्घ्यदान प्रयोजनतिलक नामक मन्त्र से या सौर अष्टाक्षर मन्त्र से करना चाहिये। इन दोनों का विधान भी आगे लिखा गया है।

पुराणों और तन्त्रों के भेद से अर्घ्यदान के अनेक प्रकार उपलब्ध हैं। षष्ठी, सप्तमी आदि व्रत के साथ भी अर्घ्यदान आवश्यक है; क्योंकि **'अर्घ्येण सहितं कर्म सर्वं साङ्गं भवेद् द्विज !** यह ब्रह्मपुराण का वचन है। अतः अर्घ्यदान स्वतन्त्र और अंगभूत दोनों प्रकार का है। अतः 'अवेष्टिन्याय' से दो प्रकार का प्रयोग सिद्ध होता है।

प्रसंगवश सौर अष्टाक्षर मन्त्र के यन्त्र की रचना के सम्बन्ध में लिखा है– साध्यनाम आदि बीच में लिखने लायक बड़ा अवकाश देकर बड़े आकार का ह्रींकार लिखे, उसके बीच में साध्यनाम आदि लिखे। ह्रींकार को आवेष्टन कर प्रणव लिखे। उसके ऊपर त्रिकोण लिखे। तीनों कोणों में तीन ह्रींकार लिखे। उसके बाहर अष्टदल पद्म लिखे। इस यन्त्र के पूर्व आदि दिशाओं में 'घृं णिं सूं रिं यं आं दिं त्यं' इन एक-एक अक्षरों को लिखे। उसके बाहर मातृका के वर्णों से वेष्टन करे। उसके बाहर भूगृह (चतुरस्र) लिखे। उसके कोणों में प्रणव और ह्रींकार लिखे। इस यन्त्र की प्रतिष्ठा के समय होम के सम्पात आज्य से साधित घृत का सेवन करने से सभी रोग नष्ट हो जाते हैं।

इसमें आचार्य लिखते हैं कि बहुत से पुराण और तन्त्रों को देखने वाले प्राचीन पण्डितों ने इसके अतिरिक्त भी सूर्योपासना के कर्म लिखे और ग्रन्थों में उनका उल्लेख भी किया है। हमने तो उन सबका सारांश लेकर दिग्दर्शन मात्र किया है। जबकि इस समय यह एकमात्र विचारपूर्ण ग्रन्थ उपलब्ध है। इन सब कर्मों को करते हुए भाव (भक्ति) की प्रधानता आवश्यक है। विश्वास और भक्ति के विना किया हुआ कर्म व्यर्थ होता है। ब्रह्मपुराण में मुनियों के प्रति ब्रह्मा का कथन है–

अर्घ्यादिनिखिलं कर्म भास्करस्य द्विजोत्तमाः।
भक्तिं श्रद्धां समाधिं च......................... ॥
मनसा भावनं भक्तिरिच्छा श्रद्धेति कीर्त्यते।
ध्यानं समाधिरित्युक्तं तच्छृणुध्वं समाहिताः ॥

भक्ति चित्तवृत्तिविशेष भगवद्विषयक परम अनुराग है। भक्तितन्त्र में 'सा पराऽनुरक्तिरीश्वरे' इस अधिकरण में भाष्यकारों ने व्याख्या की है और भी लिखा है–

'तत्कथां श्रावयेद्यस्तु भक्तिमान् पूजयेत्तु वा'।
गच्छन् तिष्ठन् स्वपन् जिघ्रन् उन्मिषन्निमिषन्नपि।
यः स्मरेद् भास्करं नित्यं स वै भक्ततरो नरः ॥

इस प्रकार विस्तार के साथ कथाश्रवण, गुण-नाम कीर्तनादि रूप गौण-भक्ति का स्वरूप प्रतिपादित किया है। यह भक्ति समाधि और श्रद्धा के लिये उपयुक्त होती है। श्रद्धा गौण-भक्ति का अङ्ग है। इस पर **'गौण्या तु समाधिसिद्धिः'** इत्यादि सूत्र की व्याख्या में अधिक विचार किया गया है। अन्ततः भक्तिपूर्वक कर्म ही देवता ग्रहण करते हैं, भक्तिशून्य कर्म का कोई फल नहीं है, यह शास्त्रों का निष्कर्ष है। इस सम्बन्ध में ये वचन भी हैं–

पत्रं पुष्पं फलं तोयं यद्भक्त्या समुपाहृतम्।
प्रतिगृह्णन्ति तद्देवा नास्तिकान् वर्जयन्ति च॥
शुद्धभावैः कृतं कर्म यथोक्तफलदं भवेत्।
भावशुद्धिविहीनं चेत् साङ्गमप्यफलं भवेत्॥

इसके आगे यन्त्र सामान्य विधि पर आचार्य ने लेखन किया है–यहाँ पाषाण-आदि का विचार किया है। शालग्राम, **'बाणलिङ्ग,**, सूर्यकान्त, शोणभद्र आदि पर देवता का पूजन यन्त्रों के अभाव में किया जाता है। मुख्य रूप से तत्तद् देवता का शास्त्रोक्त यन्त्र बनाकर पूजन करना ही मुख्य पक्ष है। सूर्य के विषय में भी यही नीति उचित होगी। धातु सम्बन्धी यन्त्रों के लिये निश्चित काल की अवधि मानी है–

यावज्जीवं सुवर्णे स्याद्रौप्ये द्वाविंशतिः समाः।
ताम्रे द्वादशवर्षाणि तदर्धं भूर्जपत्रके॥

इत्यादि निर्दिष्ट समय के बाद पुनः प्रतिष्ठा करनी चाहिये। इसेक आगे पीठ-निर्माण में लम्बाई, चौड़ाई, विशालता, घनता आदि के प्रमाण दिये हैं। यन्त्र-लेखन के लिये भी लेखन में पटु एवं जानकार व्यक्ति आवश्यक होता है। यन्त्र-लेखन में प्रयोगों के भेद से लेखनी नाना प्रकार की होती है। स्याही या अन्य रंग भी आवश्यकतानुसार विभिन्न ही ग्राह्य हैं। इनका प्रमाण दिया हुआ है–

सुदिने शुभनक्षत्रे सुदेशे शल्यवर्जिते।
वश्याकृष्टौ लिखेत्पुष्येऽहिभे विद्वेषणे स्मृतम्॥इत्यादि।

क्वचित् ग्रन्थों में यन्त्र के दस अङ्गों का वर्णन भी मिलता है। वचन इस प्रकार है–

जीवः प्राणस्तथा शक्तिर्दृष्टिर्वश्यादिकं तथा।
मन्त्रयन्त्रस्य गायत्र्यौ प्राणस्थापनको मनुः॥
भूतदिक्पालबीजानि यन्त्रस्याङ्गानि वै दश।

इस वचन के अनुसार प्रासाद परा (ह्सौः) बीज यन्त्र का बीज है, जो बीच में लिखा जाता है। मध्य बीज ही शक्ति बीज (ह्रीं) है। 'हंसः सोऽहं' यह प्राणबीज है। 'सोऽहं' यह आत्मा का मन्त्र है। इन सबका यथास्थान लेखन पद्धति

के अनुसार करना चाहिये । कहीं पर तो बीस यन्त्रों के अंगों का उल्लेख भी मिलता है–

'इत्यङ्गानां विंशतिर्लेखनीया यन्त्रे यन्त्रे सम्प्रदायानुसारात्' ।

इत्यादि वचन हैं । इस प्रकार मन्त्र के सम्बन्ध में अतिविस्तृत विचार आचार्य ने दिया है तथा स्थान-स्थान पर यन्त्र-लेखन में भी मीमांसा के न्यायों का उपयोग किया है । उदाहरणार्थ- यदि यन्त्र में किसी अंश अष्टदल कमल आदि का उल्लेख न हो, तो भी आवश्यकता और सम्प्रदाय के अनुसार कल्पना की जा सकती है ।

'अनपायो हि कालस्य लक्षणं हि पुरोडाशौ' ।

इस जैमिनि के सूत्र में काल पुरोडाश पदों को देश-पात्र आदि का उपलक्षण माना गया है । 'उपलक्षणाऽपायेऽप्युपलक्ष्याऽनपाय:' इस न्याय से व्याख्या करने में दोष नहीं है ।

इस प्रकार अत्यन्त विस्तार के साथ आचार्य ने यन्त्र-लेखन आदि विधियों का सप्रमाण विवेचन कर सूर्योपासना सम्बन्धी विषय का उपसंहार किया है । शास्त्रीय विचार अत्यन्त गहन है । एक ही विषय पर अनेक वचन विभिन्न आशय के मिलते हैं । यन्त्र-लेखन भी इसी तरह अत्यन्त दुरूह कार्य है । एक-वचन के दूसरा वचन बाधित होता है, ऐसी स्थिति में शास्त्र का पूर्ण ज्ञान, मीमांसा पद्धति से वचनों का बाध्यबाधकभाव का विवेचन तथा परिशुद्ध गुरु-सम्प्रदाय से क्रियात्मक ज्ञान ये सभी आवश्यक हैं । उसमें भी त्रुटि के लिये परम शिव, महाविष्णु का स्मरण या लेखन आवश्यक है, ऐसी शास्त्रीय मर्यादा है ।

इस प्रकार सौर-सिद्धान्त पर आचार्य की लेखनी से एक अत्यन्त उपादेय ग्रन्थ उपलब्ध है, जिसके लिये विद्वत्समाज सदा ऋणी रहेगा ।

"ईश्वरता कर्तृत्वं स्वतन्त्रता चित्स्वरूपता चेति ।
एतेऽहन्तायाः किल पर्यायाः सद्भिरुच्यन्ते" ॥

यह कहा गया है । पराहन्ता के विना इदन्ता का स्फुरण संभव न होने से 'अहं' और 'इदं' का सम्बन्ध रहता है, अतः 'इदं' पद से लभ्य दृश्य का अहन्तारूप शक्ति से या तद्विशिष्ट ब्रह्म से उत्पत्ति माननी चाहिये । वह दृश्य भी उसका 'परिणाम' ही है । वामकेश्वर तन्त्र (४/५) का वाक्य है–**'तस्यां परिणतायां तु न कश्चित्पर इष्यते'** । **'वाचारम्भणं विकारः'** (छान्दो० ६।१।४) इत्यादि श्रुतियों का इसी अर्थ में तात्पर्य है ।

शक्ति और शक्तिमान् का, उपादान और उपादेय का अत्यन्त अभेद है । वेदान्तियों की तरह भेदाभेद नहीं है । इसीलिये **'सर्वं खल्विदं ब्रह्म'** इस वाक्य में सामानाधिकरण्य अभेद के अर्थ में नहीं है । इस प्रकार सभी अद्वैत श्रुतियों का अभिप्राय मानना चाहिये । सभी प्रमाणों में श्रेष्ठतर श्रुतियों ने, उसका अनुसरण करने वाले तन्त्रों ने 'अद्वैत' की प्रतिष्ठा की है । इसलिये उसके (अद्वैत के) विरुद्ध भासमान कार्य और कारण के बीच का भेदांश ही कल्पित (मिथ्या) है, न कि समस्त **'नेह नानास्ति किञ्चन'** (बृहदारण्य० ४।४।१९) इत्यादि श्रुतियों में भी भेदांश का ही निषेध है, प्रपञ्च का नहीं है । **'एकमेवाऽद्वितीयम्'** इत्यादि स्थल में भेदवान् प्रपञ्च का अभाव ही निर्दिष्ट है, जो विशेषण के अभाव से स्पष्ट है । इसीलिये 'भामती 'ग्रन्थ में हाटकमुकुट के उदाहरण में भेद ही हाटक से न्यून सत्ता वाला है, मुकुट नहीं है, यह कहा है । परिणाम सर्वदा परिणामी की समान सत्ता का होता है । **'मायामात्रमिदं द्वैतम्'** (गौड०१-१७) इत्यादि ग्रन्थ में भी द्वैत शब्द से भेद को ही मिथ्या सिद्ध किया है । भेदवान् को मिथ्या नहीं सिद्ध किया । अन्यथा विचार करने पर अनुयोगि-प्रतियोगि भाव से अनुयोगिता के कारण ब्रह्म पर मिथ्यात्व दोष आयेगा । अतः श्रुति को भी परिणामवाद ही सम्मत है, यह सिद्ध होता है । भगवान् व्यास ने भी **'प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्'** (ब्र. सू. १।४।२३) इस अधिकरण में एकविज्ञान से सर्वविज्ञान सिद्ध कर, मृद्घट, नख- निकृन्तन आदि दृष्टान्तों से और **'बहु स्यां प्रजायेय'** (तै. उ. २ ।७) आदि के द्वारा, परिणामवाद सिद्ध करते हुए **'आत्मकृतेः परिणामात्'** (ब्र. सू. १।४।२६) इस सूत्र में अपने स्पष्ट शब्दों में परिणामवाद को माना है ।

यद्यपि उक्त स्थल में भाष्यकार श्रीशङ्कराचार्य ने विवर्तवाद के अनुसार व्याख्या की है; परन्तु सौन्दर्यलहरी स्तोत्र (श्लोक ३५) में **'मनस्तत्वं व्योमत्वम्'** इस श्लोक में **'त्वयि परिणतायां नहि परम्'** इत्यादि शब्दों से अपना अभीष्ट परिणामवाद ही स्पष्ट किया है । इस पक्ष में ललितासहस्रनाम (श्लोक १९३) के एक नाम **'मिथ्याजगदधिष्ठाना'** में वर्णित मिथ्यात्व वस्तुतः अपने से अतिरिक्त कुछ नहीं है,

इस अर्थ में है। अर्थात् घटादिरूप से अनित्य है और ब्रह्मरूप से नित्य है। मृत् और घट का अभेद होने पर भी घटरूप से ध्वंस होता है, मृत् रूप से ध्वंस नहीं होता इत्यादि विचारों से विरुद्ध धर्मों का निरास किया जा सकता है। इस विषय पर 'शाम्भवानन्दकल्पलता' नामक ग्रन्थ में विस्तार से विचार किया गया है। (सम्भवतः उक्त ग्रन्थ की रचना श्रीभास्करराय जी के गुरु श्रीनरसिंहाध्वरी ने की थी।) इस प्रकार आचार्य ने अपने नवीन सिद्धान्त की प्रतिष्ठा की है। इस विषय पर 'वामकेश्वरतन्त्र' की 'सेतुबन्ध' टीका के विचारप्रसङ्ग में विस्तार से लिखा गया है। आगे की कारिकाओं में शिव की विमर्शशक्ति का महत्त्व उपवर्णित है, जिसके द्वारा ही शिव के पञ्चकृत्य (सृष्टि, स्थिति, संहार, निग्रह और अनुग्रह) सम्भव होते हैं। उस शक्ति को जानना आवश्यक है, जिसके परिणामस्वरूप अर्थमयी, शब्दमयी, चक्रमयी और देहमयी सृष्टि हुई है।

शिवादि से पृथ्वी तक अर्थमयी है, परा से वैखरी तक शब्दमयी है, बिन्दु से भूपुर तक चक्रमयी है, सूक्ष्म से स्थूल तक देहमयी सृष्टि है। उस सृष्टि को जानने के लिये संसार में उपाय स्वरूप चौदह विद्याएँ उत्पन्न हुई। उनमें सारभूत वेद है, उसमें भी गायत्री प्रधान है। उस पूर्वोक्त सृष्टि को जानने के उपाय ही चतुर्दश विद्यायें हैं। धर्मशास्त्र में तन्त्रों का अन्तर्भाव होता है, इस बात का समर्थन आचार्य ने अपने 'बाह्यवरिवस्याविधि' में किया है। आचार्य लिखते हैं– 'तन्त्रराज की व्याख्या में तन्त्रों का धर्मशास्त्र में अन्तर्भाव विस्तार से किया जायेगा'। परन्तु तन्त्रराज पर आचार्य की व्याख्या उपलब्ध नहीं है।

उस गायत्री के दो रूप हैं–एक स्पष्ट और दूसरा अस्पष्ट (गोपनीय) है। त्रिपदा गायत्री प्रसिद्ध है, चतुर्थपाद गोपनीय है। यह तो अपररूप हुआ। चारों वेदों का सारभूत गोपनीयतर श्रीविद्या उसका पर रूप है।

इसके आगे कादि और हादि इन दो विद्याओं की समानता होने पर भी श्रीविद्यापरक सभी ग्रन्थों में विशेषतः **'चत्वार ईं बिभ्रति क्षेमयन्तो'** (ऋ. सं. ५।४७।४) इत्यादि श्रुतियों में भी कादि विद्या ही प्रधान मानी गई है। अतः उसी का प्रतीक लेकर आचार्य ने विषय आगे बढ़ाया है–वेदपुरुष भी **'कामो योनिः कमला'** इत्यादि सांकेतिक शब्दों से ही उस विद्या का उद्धार करता है, प्रकट शब्दों में नहीं करता। इससे गोपनीयता सिद्ध होती है। इसके आगे विद्यान्तर्गत अक्षरों का क्रमशः साङ्केतिक शब्दों से वर्णन किया गया है। बीज अक्षर समूहात्मक हैं, उन्हें 'कूट' कहा जाता है।

हृल्लेखा (ह्रीं) बीज का निरूपण करते हुए उसके सभी अवयवों का स्पष्टीकरण किया गया है–व्योम (हकार), अग्नि (रकार), वामलोचना (ईकार) और उसके बाद 'बिन्दु' में क्रमशः बिन्दु, अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद, नादान्त, शक्ति,

व्यापिका, समना, उन्मना नामक अवयव हैं। इस प्रकार हकार से लेकर उन्मना तक द्वादश पदार्थों का समुदाय ही ह्रींकार बीज होता है।

'बिन्दु' से लेकर नाद तक नौ पदार्थ भी 'नाद' के ही अन्तर्गत हैं। ये बिन्दु आदि नौ पदार्थ उत्तरोत्तर सूक्ष्म, सूक्ष्मतर, सूक्ष्मतम कालों से उच्चारित होने वाले ध्वनि विशेष हैं या वर्णविशेष हैं। इन पदार्थों को वर्ण माना जाय या नहीं, इस पर आचार्य ने विचार करते हुए कहा है कि शिक्षाशास्त्र की दृष्टि से ये भी वर्ण हैं; क्योंकि वहाँ पर **'त्रिषष्टिश्चतुःषष्टिर्वा वर्णाः शम्भुमते मताः, अनुस्वारो विसर्गश्च'** (पाणिनीयशिक्षा। ३,५) इत्यादि को भी वर्ण माना गया है।

'नाद' को भी अक्षर पद से योगिनीहृदयादि तन्त्रों में कहा गया है। इस विद्या में प्रथम और तृतीय कूट अष्टादशवर्णात्मक हैं, मध्यमकूट में चार अक्षर अधिक हैं। सब मिलाकर मूलविद्या में अठावन अक्षर माने जाते हैं। वर्णों के उच्चारण में काल-विभाग करते हुए निम्नाङ्कित गणना की गई है–लघु अक्षर के उच्चारण का काल 'मात्रा' कही जाती है। उससे दुगुना 'गुरु' अक्षर का काल होता है। इस प्रकार से मन्त्र में आये हुए वर्णों में कामकला, कमला और त्रिकोणा का दो मात्रात्मक काल है। हृल्लेखा में दोनों व्यञ्जनों की एक मात्रा और कामकला की दो मात्राएँ हैं–इस तरह तीन मात्राएँ होती हैं।

अन्य अकार सहित ककार आदि दश वर्णों का अर्धमात्रात्मक काल है। **'व्यञ्जनं त्वर्धमात्रकम्'** यह कहा गया है। अर्धचन्द्ररोधिनी आदि उत्तरोत्तर पदार्थों का पूर्व पदार्थ से आधा काल होता है–अर्थात् जैसे अर्धचन्द्र का आधा काल रोधिनी का, रोधिनी का आधा काल नाद का इत्यादि। इस विषय में और स्पष्टीकरण करते हुए आचार्य लिखते हैं–काल का परमाणु 'लव' कहा जाता है। वचन (यो. व्या. १।२८) भी है–

'नलिनीपत्रसंहत्याः सूक्ष्मसूच्यभिवेधने।
दले दले तु यः कालः स कालो लवसंज्ञितः॥
अतः सूक्ष्मतमः कालो नोपलभ्यो भृगूद्वह'॥

दो सौ छप्पन (२५६) लवों से एक मात्रा होती है। 'बिन्दु' में एक सौ अठाईस (१२८) लव होते हैं। 'अर्धचन्द्र' में चौसठ (६४) लव होते हैं। रोधिनी में बत्तीस (३२) हैं। नाद में सोलह हैं। नादान्त में आठ हैं। शक्ति में चार हैं, व्यापिका में दो लव हैं। समना में एक लव है। उन्मना का काल नहीं है।

यद्यपि योगिनीहृदय (१।२८) में चक्र-सङ्केत के अवसर में **'दीपाकारोऽर्धमात्रश्च'** इत्यादि शब्दों से बिन्दु का काल बताकर अर्धचन्द्र से लेकर शक्ति तक चतुर्थांश, अष्टमांश, षोडशांश इत्यादि दुगुने भागों से अन्तर बताकर सामान्य रीति से निरूपण किया है। **'चतुःषष्टिस्तदूर्ध्वं तु द्विगुणं द्विगुणं ततः'** (योगिनी० १।३४)

इत्यादि वचनों से मात्रा का पाँच सौ बारहवाँ भाग 'उन्मना' का होगा। मात्रा का स्वरूप तो पाँच सौ बारह लव ही है। इसीलिये–**'देशकालानवच्छिन्नं तदूर्ध्वं परमं महत्'** (योगिनी० १।३५) इस प्रकार उत्तर ग्रन्थ में भी उन्मना के आगे काल की सीमा नहीं है, तो भी 'चतुःषष्टिः' इत्यादि श्लोक का तात्पर्य है कि शक्ति का चतुःषष्टितम भाग मात्रा-भाग है, उसके ऊपर द्विगुण व्यापिका का एक सौ अठाईस भाग है, उससे द्विगुण समना का दो सौ छप्पन भाग है, इस प्रकार के अर्थ से 'ततस्तदूर्ध्वं' पदों से दो बार 'द्विगुण' पद के प्रयोग से भी स्पष्ट मालूम होता है। इसीलिये उत्तरार्ध में–**'शक्त्यादीनां तु मात्रांशो मनोन्मन्यास्तथोन्मनी'** (योगिनी० १।३४) मनोन्मनी पद को समना का पर्याय मानकर 'समनापर्यन्तानाम्' ऐसी व्याख्या करते हुए शक्त्यादि तीनों की ऐसी व्याख्या अमृतानन्दनाथ ने की है। वाग्भव (प्रथम) कूट में ग्यारह मात्रायें हैं, मध्यकूट (द्वितीय) में साढ़े ग्यारह मात्रायें हैं, शक्तिकूट (तृतीय) में साढ़े आठ मात्रायें हैं। इस प्रकार एक-एक लव को न्यून मानकर मात्रा की स्थिति है। कुल मिलाकर तीन लवों से कम एकतीस मात्रायें मन्त्र में हैं। इसके आगे अक्षरों के उत्पत्ति-स्थान का विचार निम्नाङ्कित रीति से किया गया है–पञ्चदशाक्षरी मन्त्र में तीन ककार, दस अकार, चार इकार का उत्पत्ति-स्थान 'कण्ठ' है। द्वितीय अक्षर का स्थान कण्ठतालु है। चारों 'ई'कार का स्थान तालु है। तीन 'ल'कार और दो 'स'कार का स्थान दन्त है। तीनों रेफ का स्थान मस्तक है। बिन्दु आदि नवक (नव का समूह) तीनों की नासिका है। इसके आगे प्रयत्न के सम्बन्ध में विचार है–ककार स्पृष्ट यत्न के हैं, अकार संवृत के हैं, ईकार और एकार विवृत के हैं। रेफ और लकार ईषत्स्पृष्ट के हैं। हकार और सकार ईषद्विवृत के हैं, बिन्दु आदि संवृततम हैं। इस प्रकार यह आभ्यन्तर यत्न हुआ।

'क'कार विवार, श्वास, अघोषवान् और अल्पप्राणवान् हैं, दोनों 'स'कार महाप्राणवान् और विवारादिमान् हैं। स्वर सभी उदात्त हैं। रेफ और लकार संवार, नाद, घोष तथा अल्पप्राणवान् हैं। 'ह'कार संवारादि तीन गुणों से युक्त महाप्राणवान् हैं। 'बिन्दु' आदि तो आत्यन्तिक (सर्वथा) संवार आदि चार गुणों वाले हैं। इस प्रकार बाह्य प्रयत्नों का निरूपण किया गया है।

अब इसके आगे वर्णों की स्थिति, स्थान और रूप एवं आकार के सम्बन्ध में विचार किया है–प्रथम बीज मूलाधार से लेकर अनाहत चक्र तक ध्येय है और इसका स्वरूप प्रलयकालिक अग्नि के समान है। उस अनाहत चक्र से द्वितीय बीज आज्ञा-चक्र तक ध्येय है, इसका स्वरूप कोटिसूर्य सदृश है। उस आज्ञा-चक्र से ललाटमध्य भाग तक तृतीय बीज की भावना विहित है, इसका स्वरूप कोटि चन्द्रों के सदृश है। ये तीनों स्थान 'बिन्दु' आदि से रहित दोनों कूटों के हैं। यहाँ पर

चक्रों के सम्बन्ध में यह ज्ञातव्य है–'सुषुम्णा' नामक नाड़ी के मूल और अग्रभाग में दो सहस्रदल कमल हैं और बीच में अष्टदल, षड्दल आदि तीस पद्म हैं, जिनका विस्तृत वर्णन स्वच्छन्दसङ्ग्रह आदि ग्रन्थों में वर्णित है। संक्षेप में कहा जावे तो– 'गुद' इन्द्रिय के ऊपर दो अङ्गुल ऊर्ध्वभाग में, लिङ्ग स्थान में, नाभि में, हृदय में, कण्ठ में, भ्रूमध्य में क्रमशः मूलाधार-स्वाधिष्ठान-मणिपूर-अनाहत-विशुद्धि-आज्ञा नामक क्रमशः चार, छः, दस, बारह, सोलह, दो दलों वाले दो-दो ग्रन्थियों से बीच में बँधे हुए 'चक्र' नाम के छः कमल हैं।

इस प्रसङ्ग में शब्द-सृष्टि प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए आचार्य ने कुछ विषय इस प्रकार लिखा है–जिस प्रकार वटवृक्ष के बीज में वटवृक्ष का सम्पूर्ण सूक्ष्म रूप रहता है, वैसे ही शब्द-सृष्टि का सूक्ष्म रूप धारण करने वाली पूर्वोक्त श्रीत्रिपुर-सुन्दरी ही सूक्ष्म रूप धारण करने के कारण 'परा' शब्द से कही गई। वही 'माति, तरति, कायति' इस व्युत्पत्ति के अनुसार 'मातृका' शब्द से निर्दिष्ट हुई। यद्यपि स्वभावतः वह निर्विकार है; परन्तु अनादिसिद्ध प्राणियों के अदृष्ट से उसके अन्दर पहले संहृत विश्व के लिये 'सिसृक्षा' (सृष्टि की इच्छा) उत्पन्न होती है। उसके बाद स्रष्टव्य (सृष्टि करने योग्य) पदार्थों की आलोचना उत्पन्न होती है। इसी को श्रुतियों ने कहा है–'**तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय**' (छान्दो॰ ६।२।३)। उस पर्यालोचन या ईक्षण को निमित्त मानकर उस परा का 'पश्यन्ती' नाम होता है। वह पश्यन्ती नामक वाणी करणों (इन्द्रियों) से उत्तीर्ण होने के कारण 'उत्तीर्णा' भी कही जाती है। उसी के अवयव वामा आदि आठ शक्तियों के नाम से अन्य ग्रन्थों में उपवर्णित हैं।

इस प्रकार वही वाणी व्यष्टि और समष्टि वेषों से नव प्रकार की होती है। उसके बाद अविकृत, शून्य आदि नव नाद उत्पन्न हुए। उन सबका समुदायात्मक समष्टिरूप, नाद, ध्वनि पदों से वाच्य (परा की तरह अतिसूक्ष्म भी नहीं और वैखरी के तुल्य अतिस्थूल भी नहीं) 'मध्यमा' नाम की मातृका हुई। उस मध्यमा के अवयव रूप नव नाद अविकृत, शून्य, स्पर्श, नाद, ध्वनि, बिन्दु, शक्ति, बीज, अक्षर इन नामों वाले क्रमशः मूलाधार आदि षट्चक्रों में और आगे नाद, नादान्त, ब्रह्मरन्ध्र में रहते हैं। इन नव नादों से अ-क-च-ट-त-प-य-श-ळ-नामक नव वर्गों में विभक्त 'वैखरी' नामक मातृका हुई। इसकी व्युत्पत्ति इस प्रकार है–**वै निश्चयेन स्पष्टतरत्वात् खं कर्णविवरवर्तिनभोरूपश्रोत्रेन्द्रियं राति गच्छति**', अर्थात् 'इन्द्रियजन्य ज्ञान का विषय बनती है। इस प्रकार 'क'कार आदि में 'क'त्वादि वर्णधर्म और षड्जत्वादि ध्वनिधर्म भी रहता है; क्योंकि परिणाम में परिणामी अनुस्यूत रहेगा ही, जैसे पूर्वचर्चित मृद्घट दृष्टान्त में कहा गया है। अतः वर्णों में नाद अनुस्यूत है।

यहाँ पर एक कारिका है–'**आधारोत्थितनादो गुण इव परिभाति वर्णमध्यगतः**' । इस पर आचार्य की व्याख्या है–तन्तु समुदाय से बननेवाला पट (कपड़ा) वर्णक शब्द से प्रसिद्ध है । यहाँ पर 'क' प्रत्यय छोड़ने पर अक्षरवाचक वर्णपद श्लेष से लिया गया है । जैसे वस्त्र में तन्तु (गुण) की स्थिति होती है या माला में मणियों के बीच आधार-सूत्र होता है, इस प्रकार 'नाद' अवस्थित है । दो वर्णों के मध्यभाग में और वर्ण-शरीर के अन्तर्भाग में नाद की स्थिति है । तात्पर्य यह है कि दो वर्णों के मध्यभाग में दो मणियों के मध्यभाग स्थित सूत्र की तरह शुद्ध नाद का भान होता है और वर्ण-शरीर के अन्तःभाग में वस्त्र के अन्तर्गत तन्तु की तरह पट से अभेद ही प्रतीत होगा, वैसे ही नाद की स्थिति रहती है, अथवा घट के अन्तर्गत मृत्तिका की भी यही स्थिति रहती है । अर्थात् वहाँ पर नाद की प्रतीति वर्ण से अभिन्न ही होगी । मणियों के अन्तर्गत सूत्र का दृष्टान्त यहाँ उपयोगी नहीं है, यतः मणि से सूत्र अत्यन्त भिन्न रहता है ।

इसके आगे 'बिन्दु' आदि नव पदार्थों की स्थिति, स्थान एवं आकार का निम्नाङ्कित उपवर्णन किया गया है–फाल या भाल के बीच में 'बिन्दु' दीप के समान है और उसका आकार वर्तुल (गोल) है । उसके ऊपर 'अर्धचन्द्र' है, जो नाम के अनुसार ही अर्धचन्द्र के समान कान्ति और आकृति वाला है । उसके ऊपर 'रोधिनी' है, जिसका आकार त्रिकोणात्मक है तथा वर्ण चन्द्रिका के तुल्य है ।

'नाद' का स्वरूप अण्डाकार दो बिन्दुओं के बीच में सूक्ष्म केश के समान या 'शेव' (मैदे से बना खाद्य विशेष) के समान सूक्ष्म है, उसका वर्ण पद्मराग मणि के तुल्य है । इसके ऊपर 'नादान्त' की स्थिति है, जिसका वर्ण विद्युत् के समान है और उसका आकार दक्षिण के भाग में उठे हुए हल के समान है तथा उसके वाम भाग में एक बिन्दु है । 'शक्ति' का आकार दो समानाकार एक के आगे दूसरा इस प्रकार के बिन्दु के रूप में वाम भाग के बिन्दु से निकलती हुई सूक्ष्म शिरा रेखा से बनता है । 'व्यापिका' का स्वरूप बिन्दु से संस्पृष्ट त्रिकोण का आकार है, बिन्दु से लगा हुआ त्रिकोण है ।

'समना' के आकार के विषय में कहा गया है कि ऊपर और नीचे दो बिन्दुओं का स्पर्श करती हुई रेखा ही 'समना' का स्वरूप है । यहाँ यह स्मर्तव्य है कि 'शक्ति' के बिन्दु तिर्यग् हैं, अर्थात् एक रेखा में हैं; परन्तु 'समना' के बिन्दु ऊपर और नीचे हैं । 'समना' का स्थान ब्रह्मरन्ध्र में है । इसको ही 'मनोन्मनी' भी कहा गया है । 'समना' तक मन का अभ्यास से ऊर्ध्व-गमन होता है, इसके ऊपर मन का रूपान्तर हो जाता है, अतः उसे 'उन्मना' कहा है । इसके आकार के विषय में कहा है कि समना में दो बिन्दु हैं, इसमें ऊर्ध्व बिन्दु नहीं है, शेष आकार 'समना' के तुल्य है । उन्मना के ऊपर 'महाबिन्दु' ही श्रीचक्रराज का स्थान है । यह त्रिविध भावनाओं

के अन्तर्गत 'निष्कल' भावना में ही उपयुक्त होता है। शक्ति, व्यापिका और समना का स्वरूप बारह सूर्य के सदृश है। इनके विषय में 'स्वच्छन्दसङ्ग्रह' में पर्याप्त विवेचन उपलब्ध है। इन बिन्दु आदि सूक्ष्म अवयवों को शास्त्रकारों ने प्राचीन महर्षियों, संहिताकारों की उक्ति के आधार पर लिखा है। वस्तुतः साधकों की अनुभव-भूमिका में ही इनकी उपलब्धि सम्भव है, जिस प्रकार समाधि दशा में अनुभव हुआ, वही आकार बताया गया है।

इस प्रकार वर्णों (बिन्दु आदि) का स्थान जानकर अर्थात् 'कण्ठ' आदि उत्पत्ति-स्थान और मूलाधार आदि स्थिति-स्थान को जानकर आन्तर और बाह्य प्रयत्नों से मन्त्र का उच्चारण करना चाहिये। उच्चारण का सम्बन्ध 'वाचिक' जप से है। मानसिक जप से तो स्थान और प्रयत्नों की भावना मात्र होती है। 'मन्त्र' के उच्चारण काल में नाद (यहाँ नाद शब्द से बिन्दु आदि नौ पदार्थों को समझना चाहिये) प्रथम कूट प्रथम बीज से द्वितीय बीज तक और द्वितीय का नाद तृतीय बीज के साथ उच्चरित होगा, अर्थात् अलग उच्चारण न होकर एक धारा में ही होगा। तृतीय बीज में पूर्वतन प्रथम और द्वितीय बीजों के बिन्दु आदि नव अवयवों का मेलन कर उच्चारण होगा। बिन्दु आदि समनान्त सभी वर्ण तृतीय कूट में समाहित होंगे। इस उच्चारण को भी उन्मनी के अन्तर्गत विभावित मानना चाहिये।

इसके पहले विद्या (मन्त्र) के स्वरूप में काल का निर्देश किया था, अब उच्चारण काल का पूरा स्वरूप स्पष्ट करते हुए आचार्य लिखते हैं कि–प्रथम कूट में दस मात्राएँ हैं, मध्य कूट में साढ़े दस हैं, तृतीय कूट में आठ मात्राएँ हैं। इस प्रकार मन्त्र के जप में (वाचिक जप में) एक लव से न्यून उन्तीस (२९) मात्राएँ हैं। तीन कूटों का साथ उच्चारण जपकाल में होने से सभी मात्राएँ तृतीय कूट में जाकर विश्रान्त होती हैं।

अन्यत्र न्यासादि विधियों में सन्ध्या के अङ्गभूत प्रत्येक कूट का पृथक् जप करने में उनकी मात्राएँ वहाँ सार्थक हैं, सम्पूर्ण जप में तो तृतीय कूट में ही मात्राएँ संलग्न हो जाती हैं। कूटों (मन्त्र-बीजों) के व्यष्टि और समष्टि के भेद से चार प्रकारों के स्वरूप होते हैं। अतः तीन बीजों को भी चार प्रकार से माना जायेगा। इनके नाम क्रमशः सृष्टि, स्थिति, संहार, अनाख्या ये हैं, अर्थात् इस प्रकार की भावना करनी चाहिये। ये चारों प्रकार के बीज पुट, धाम, तत्त्व, पीठ, अन्वय, लिङ्ग, मातृका–ये सात और इनकी समष्टि के ही रूपान्तर हैं। इन पदार्थों का स्पष्टीकरण आचार्य ने व्याख्या में इस प्रकार किया है–शिव के पञ्चकृत्यों में संहार के बाद निर्दिष्ट अनाख्या, तिरोधान और अनुग्रह का सम्मिलित रूप है अथवा पाँचों कृत्यों में औदासीन्य का अवलम्बन करना 'अनाख्या' कही जा सकती है।

'पुट' आदि छः पदार्थ और धाम-सप्तक प्रत्येक में तीन-तीन रूप हैं और एक समष्टि रूप भी है। इस प्रकार प्रत्येक भेद में चार-चार भेद हुए। जैसे–'पुट' से ज्ञाता, ज्ञान, ज्ञेय और उनका सामरस्य लिया जायेगा। धाम, चक्र, नाथ, दशा, शक्तित्रय रूप से सात पदार्थ होंगे। उसमें 'चक्र' शब्द से–अग्निचक्र, सूर्यचक्र, सोमचक्र और दो ब्रह्मचक्र लिये गये। 'नाथ' शब्द से मित्रेशनाथ, षष्ठीशनाथ, उड्डीशनाथ, चर्यानन्दनाथ सूचित हुए।

'दशा' शब्द से जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुरीय दशाएँ सूचित हुईं। 'शक्ति' पद से क्रमशः वामा, ज्येष्ठा, रौद्री और शान्ता ली गईं और इच्छा, ज्ञान, क्रिया और अम्बिका भी ली गईं और कामेश्वरी, वज्रेश्वरी, भगमालिनी और महात्रिपुरसुन्दरी भी। 'आत्मा' पद से आत्मा, अन्तरात्मा, परमात्मा, ज्ञानात्मा ये लिये गये। 'तत्त्व' शब्द से आत्मतत्त्व, विद्यातत्त्व, शिवतत्त्व और सर्वतत्त्व सूचित हुए।

'पीठ' पद से कामरूप, पूर्णगिरि, जालन्धर, ओड्याण नामक पीठ लिये गये। 'अन्वय' पद से प्राक्, दक्षिण, पश्चिम और उत्तर अन्वय सूचित हुए। ये ही 'समय' शब्द से या 'आम्नाय' शब्द से शास्त्रों में उपवर्णित हैं। 'लिङ्ग' शब्द से स्वयंभू, बाण, इतर और पर लिये गये। मातृका शब्द से पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी, परा चार प्रकार की वाणी कही गई। 'धाम' शब्द से लिया गया 'शक्तित्रय' भी मातृ शब्द का अर्थ हो सकता है।

सृष्टि आदि के भेद से त्रिविध कर्म भी प्रत्येक तीन भेदों वाला है, जैसे–सृष्टि-सृष्टि, सृष्टि-स्थिति, सृष्टि-संहृति। ऐसे ही स्थिति-सृष्टि, स्थिति-स्थिति, स्थिति-संहृति। ऐसे ही संहृति-सृष्टि, संहृति-स्थिति, संहृति-संहृति। इस प्रत्येक 'त्रिक' में ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, भारती, पृथिवी, रुद्राणी के साथ क्रमशः उनके अधिपति हैं। इस प्रकार प्रथम कूट में 'क'कार ब्रह्मा का ही रूप है, 'त्रिकोणा' भारतीस्वरूप है, तुर्य स्वर (ई) विष्णुस्वरूप है। 'ल'कार पृथिवी का रूप है, 'ह'कार रुद्रस्वरूप है। 'रेफ' रुद्राणीस्वरूप है, 'तुर्य' स्वर तो शान्ता और अम्बिका का सम्मिलित रूप है।

द्वितीय कूट में मध्यम 'ह'कार को छोड़कर अवशिष्ट अक्षरों का पूर्वोक्त ही क्रम समझना चाहिये। तृतीय कूट में द्वितीय कूटस्थ छोड़े हुए 'ह'कार को ब्रह्मा का रूप मानने से 'भारती' से लेकर 'स'कार से आरम्भ होता है। शक्तिकूट होने से शक्ति की प्रधानता से प्रथम निर्देश किया गया है। इस प्रकार प्रत्येक अक्षरों की स्थिति सूचित की गई है। वरिवस्यारहस्य के द्वितीय भाग में 'शाक्तार्थ' के निरूपण में विषय और स्पष्ट होगा। अब अवशिष्ट 'बिन्दु' आदि के विषय में विचार इस प्रकार किया गया है–

प्रथम कूट में जो हृल्लेखा (ह्रीं) है, उसके अन्तर्गत कामकला (ई) है, उसमें भी गुरु-मुख से लभ्य जो सपरार्धकला (कामकला का ऊपर का अर्धभाग) है, उसे वह्नि-कुण्डलिनी कहा जाता है। वही पुनः द्वितीय कूट में सूर्य-कुण्डलिनी कही जाती है। तृतीय कूट में उसे सोम-कुण्डलिनी कहा गया है। 'बिन्दु' आदि से 'बिन्द्वर्ध-चन्द्ररोधिन्यो' (श्लोक १२) आदि के अनुसार नव पदार्थों की समष्टिरूप नाद उसी कुण्डलिनी से उत्पन्न होकर दीपशिखा के अग्रभाग स्थित कज्जलरेखा के समान है।

इस प्रकार 'अनाहत' चक्र से आरभ्य उत्थित नाद त्रैलोक्यमोहन-सर्वाशा-परिपूरक-सर्वसंक्षोभण नामक तीनों चक्रों की त्रिविध सृष्टि का अपर रूप है। भ्रूमध्य से लेकर चलने वाला नाद सर्वसौभाग्यदायक-सर्वार्थसाधक-सर्वरक्षाकर इन तीनों चक्रों के त्रिविध स्थिति रूप का अपर रूप है। 'बिन्दु' स्थान से उत्थित नाद सर्वरोगहर-सर्वसिद्धिप्रद-सर्वानन्दमय इन तीन चक्रों के संहृति-त्रय का अपर रूप है। तात्पर्य यह है कि इस प्रकार की भावना करनी चाहिये।

इसके बाद तन्त्रों में निर्दिष्ट जप-काल में विभावनीय अवस्था-पञ्चक, शून्य-षट्क, विषुवत्सप्तक पर प्रकाश डाला गया है। कर्मेन्द्रिय पाँच हैं—वाक्, पाणि, पाद, पायु और उपस्थ। ज्ञानेन्द्रिय भी पाँच हैं-घ्राण, रसन, चक्षु, त्वक् और श्रोत्र। इन दसों इन्द्रियों का अपने-अपने विषयों की उत्पादकता ही व्यवहार है। यह जागरावस्था मानी गयी है। इसका कारण जो ज्ञान है, उसका रूप न होने से भावना के समय तृतीय कूटस्थ रेफ को ही प्रकाशात्मक ज्ञान के रूप में मानना चाहिये।

मन, बुद्धि, अहङ्कार, चित्त ये चार प्रकार अन्तःकरण के स्वरूप हैं। इनसे होने वाला व्यवहार 'स्वप्नदशा' है। इस दशा का बोधक प्रकाश तृतीय हृल्लेखा (ह्रीं) की कामकला से होता है। उसकी भावना कण्ठ-स्थल में या द्वितीय कूट के 'ल'कार में करनी चाहिये। आन्तरवृत्तियों के लय से आत्म, सुख, अज्ञान विषयक तीन अविद्या वृत्तियाँ मानी गई हैं, अर्थात् अन्तःकरणपरिणामरूपिणी वृत्तियों के लय से लीनप्राय 'जीव' की स्थिति 'सुषुप्ति' दशा है। उसकी विभावना ललाट स्थित तृतीय बिन्दु में की जाती है। वार्तिककार के मत में वृत्ति का सामान्याभाव ही 'सुषुप्ति' कही गई है।

'चित्' शक्ति का अभिव्यञ्जक नाद का अनुभव करना ही तुर्यावस्था है, इसकी भावना अर्धचन्द्र-रोधिनी-नाद इन तीनों में व्याप्ति मानकर करनी चाहिये। इसके आगे तुर्यातीत दशा की भावना का स्वरूप कहा है, जो आनन्दैकघन और वाणी का विषय नहीं है। इस अवस्था की भावना 'नादान्त' आदि अवशिष्ट पाँच वर्णों में करनी चाहिये। इसके आगे 'अवस्थापञ्चक' का निरूपण समाप्त कर

'शून्य-षट्क' की व्याख्या की गई है। यह विषय अत्यन्त जटिल है; परन्तु यथा-सम्भव आचार्य के ही शब्दों में व्याख्या की जा रही है। कारिका का शब्दार्थ इतना ही है—तृतीय रेफस्थान में, बिन्दु में, रोधिनी में, नादान्त और व्यापिका में पाँच शून्य विभावनीय हैं। उन्मनी में रूपरहित षष्ठ महाशून्य की भावना करनी चाहिये। इस पर विवेचना करते हुए आचार्य लिखते हैं—मयूर (मोर) के पंखों के अग्रभाग में चन्द्राकार शून्य होता है, जिसके विषय में स्वच्छन्दसङ्ग्रह में लिखा है—

'शिखिपक्षचित्ररूपैर्मण्डलैः शून्यपञ्चकम्।
ध्यायतोऽनुत्तरे शून्यं परं व्योमतनुर्भवेत्'॥

यद्यपि (**योगिनीहृदय** ३।१७७) नामक ग्रन्थ में कुछ दूसरी रीति से व्याख्या की गई है। जैसे—

'अग्न्यादिद्वादशान्तेषु त्रींस्त्रींस्त्यक्त्वा वरानने।
शून्यत्रयं विजानीयाद् एकैकान्तरितं प्रिये॥
शून्यत्रयात् परे स्थाने महाशून्यं विभावयेत्'।

इस प्रकार रेफ से लेकर महाबिन्दु तक बारह स्थानों में बीच में तीन-तीन को छोड़कर एक-एक को अन्तरित (छोड़ते हुए) करते हुए मध्य स्थित तीन शून्यों को जानना चाहिये, अर्थात् अर्धचन्द्र, शक्ति और महाबिन्दु में तीन शून्यों को और उसके ऊपर चतुर्थ शून्य को जानना चाहिये, अथवा आदि और अन्त में तीन-तीन को छोड़कर मध्यवर्ती अर्धचन्द्र से लेकर व्यापिका तक छः स्थानों में एक-एक के व्यवधान से तीन शून्यों का ग्रहण करे। उसके बाद चतुर्थ शून्य को जाने। इस प्रकार अर्धचन्द्र, नाद, शक्ति में तीन शून्य और व्यापिका में महाशून्य यह अर्थ स्पष्ट प्रतीत होता है; परन्तु—

शून्यषट्कं सुरेशानि अवस्थापञ्चकं पुनः।
विषुवत्सप्तरूपं च भावयन् मनसा जपेत्॥

इस प्रकार के उपक्रम से विरोध आता है, अतः दूसरी पद्धति से अर्थ करना चाहिये। 'अग्न्यादि' यह पद भिन्न मानकर इसका सम्बन्ध शून्य-त्रय से करना चाहिये। 'अन्त' शब्द चरम अवयव का वाचक है, अर्थात् चरम (अन्तिम) हृल्लेखा (ह्रीं) के सम्बन्धी बारह अवयवों में (पूर्वोक्त बिन्दु आदि में) 'ह'कार से लेकर 'उन्मना' तक। अग्न्यादि अर्थात् रेफ से लेकर शून्यों के दो समूह को शून्यषट्क जानना चाहिये। वह रेफादि से संलग्न नहीं है; किन्तु बीच में एक-एक को छोड़ते हुए संलग्न जानना चाहिये। इसीलिये मूल ग्रन्थ में **'एकैकान्तरितम्'** लिखा है। प्रथम शून्य रेफ से प्रारम्भ हुआ, पर बाद में व्यवधान है, अर्थात् 'ह'कार, 'ई'कार, अर्धचन्द्र, नाद, शक्ति और समना। इस प्रकार छः स्थानों से

स्थिति सिद्ध होती है। इसीलिये द्विगुण तीन-तीन छोड़ना लिखा गया है, अर्थात् छः हुए। निर्धारण के अर्थ में षष्ठी विभक्ति है। उनके बीच में पर अर्थात् चरम स्थान में उन्मनी में महाशून्य की भावना करनी चाहिये। यह भावना-व्यापार अत्यन्त रहस्य होने से शास्त्रकारों ने क्लेश से (परिश्रम से) समझाया है। इसके बाद क्रम से प्राप्त 'सप्त विषुव' का वर्णन किया गया है–आत्मा, प्राण और मन का ऐक्य ही प्राणविषुव कहा जाता है। 'क'कारात्मक वायु ही प्राण है। अब इसके आगे 'मन्त्रविषुव' का विचार किया गया है–प्रथमकूट के नाद में चारों बीजों का ऐक्य होता है। अपने आधार से उत्थित नाद के साथ ऐक्य होता है, प्राथमिक 'अनाहत' से आरब्ध नाद से नहीं। यहाँ पर कादिमत का वचन है–

'आधारोत्थितनादे तु लीनं बुद्ध्वाऽऽत्मरूपकम्।
संयोगेन वियोगेन मन्त्रार्णानां महेश्वरि॥
अनाहताद्याधारान्तं नादात्मत्वविचिन्तनम्।
विषुवम्...' ॥

संयोग का तात्पर्य समष्टिरूप से, वियोग का तात्पर्य व्यष्टि रूप से है। आधाराणाम्, अर्थात् आधारों का अन्त ब्रह्मरन्ध्र ही है। 'आधारान्तान्तम्' यहाँ पर एक साथ दो 'अन्त' पदों के कारण ब्रह्मरन्ध्र तक–यह अर्थ लिया गया है। इसको 'आ-आधारान्तम्' इस प्रकार स्पष्ट करना आवश्यक है।

इसके आगे 'नाडीविषुव' की व्याख्या की गई है। मूलाधार से लेकर षट्चक्रों के ऊपर और नीचे एक-एक ग्रन्थि (गाँठ) है, इस प्रकार बारह ग्रन्थियाँ हैं। उनका भेदन करती हुई सुषुम्णा नाडी मूलाधार से ब्रह्मरन्ध्र तक व्याप्त है। उसी मार्ग से नाद और वर्णपंक्तियों का नाडी के साथ संयोग की भावना से उच्चारण करना 'नाडीविषुव' कहा गया है। अब 'प्रशान्तविषुव' का परिचय इस प्रकार है–तृतीय कूटस्थ रेफ में कामकलाक्षर में हार्द कला में बिन्दु से नादान्त तक उत्तरोत्तर सूक्ष्मतर नाद की दशा होती है। अभिघात के बाद कांस्यताल (कांसे के वाद्य) में जैसे नाद उत्तरोत्तर सूक्ष्म होता है, उसी प्रकार से उस नाद की शक्ति में लय की भावना करना ही 'प्रशान्तविषुव' कहा गया है। अब 'शक्ति-विषुव' का स्वरूप देखा जाय–'शक्ति' के स्थान से पुनरुज्जीवित नाद, जो सूक्ष्मतम होता है, उसका 'व्यापिका' का उल्लङ्घन कर 'समना' में लय करना 'शक्ति-विषुव' कहा गया है।

समना की ऊर्ध्व-दशा में पुनः उज्जीवित सूक्ष्मतम नाद का 'उन्मनी' में लय करना 'काल-विषुव' कहा जाता है। अब 'तत्त्व-विषुव' के विषय में विवेचन द्रष्टव्य हैं–साधना काल में अन्तःस्थित बत्तीस पद्म माने गये हैं। उनमें नीचे के दो अन्तिम 'अकुलपद्म' कहे जाते हैं, शेष सभी 'कुलपद्म' हैं। उनमें यद्यपि मूलाधार

नामक कुलपद्म से ही श्रीविद्या के अक्षरों का प्रारम्भ माना गया है, तथापि चक्रराज की सकलाख्य भावना नीचे वाले सहस्र-दल कमल से ही मानी गयी है। 'अकुले विषुसंज्ञे च' इत्यादि शब्दों से चतुःशती शास्त्र में कहा है। अतः कुलाकुल विद्याओं का अभेद मानकर श्रीविद्या का वहीं से तन्त्रों में आरम्भ दिखाया है। अध्युष्ट का अर्थ साढ़े तीन है, निमेष नेत्र का स्पन्दन काल है। इस सम्बन्ध में परिभाषा है–

स्वस्थे नरे समासीने यावत् स्पन्दति लोचनम्।
तस्य त्रिंशत्तमो भागस्तत्परः परिकीर्तितः।
तत्परस्य शतांशस्तु त्रुटिरित्यभिधीयते॥

इस प्रकार दस हजार आठ सौ सत्रह (१०८१७) त्रुटियों तक विद्या के अवयवभूत अक्षरों के साथ नाद का उच्चारण होने पर तत्त्व का अर्थात् स्वसंवित् के अभेद का बोध होता है। इस उच्चारण को 'तत्त्वविषुव' कहा गया है। इस प्रकरण का उपसंहार करते हुए 'जप' के स्वरूप पर आचार्य का कथन है–अवस्था आदि चतुष्टय में संख्या-चतुष्टय का क्रम से सम्बन्ध है। तीन नादों की तीन चक्रों में भावना पहले कही जा चुकी है और चक्रसङ्केत में भी 'त्रितय' की भावना निर्दिष्ट है। चक्रभावना तीन प्रकार की है–सकल, निष्कल और सकलनिष्कल। उसमें अकुलसहस्रार, मूलाधारादि पाँच, सूक्ष्मजिह्वा, भ्रूमध्य और बिन्दुस्थान इन नौ स्थानों में त्रैलोक्यमोहन आदि नव चक्रों की भावना 'सकल' कही जाती है। बिन्दु से 'उन्मनी' तक चक्र-भावना द्वितीय 'निष्कल' है। महाबिन्दु में ही भावना तृतीय 'सकलनिष्कल' है।

मन्त्र के अर्थ का अनुसन्धान करते हुए विद्या के अट्ठावन (५८) अक्षरों में से प्रथम कूट एवं द्वितीय बिन्दु आदि दो नवक (१८) छोड़कर अवशिष्ट चालीस (४०) अक्षरों का उच्चारण ही 'जप' शब्द से अभिहित है। इस प्रकार प्रथमांश में शब्दस्वरूप एवं उच्चारण के सूक्ष्म प्रकारों का वर्णन आचार्य ने किया है।

द्वितीयांश

'जप' लक्षण कर्म का विचार करने के प्रसङ्ग में अर्थज्ञान रहित शब्दोच्चारण की निन्दा की गई है, उससे पाप का अनुमान होता है। वचन भी है–

यदधीतमविज्ञातं निगदेनैव शब्द्यते।
अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित्॥

अतः अर्थज्ञान आवश्यक है। अर्थ न जानने वाले नानाविध शब्दमात्र का पाठ वाले पुरुष की तुलना चन्दन का बोझ ढोने वाले गर्दभ से की गई है। **'यथा खरश्चन्दनभारवाही'** इत्यादि मन्त्र में 'खर' का उपमान किया गया है; परन्तु यहाँ पर 'उपमेयश्चक्रीवान् मलयजभारस्य वोढैव' में गर्दभ को उपमेय कहा है; क्योंकि

उपमालङ्कार में गुणाधिक्य उपमान में होता है। गुणन्यूनता उपमेय में होती है, अथवा प्रतीप अलङ्कार मानकर उपमान-उपमेय का व्यत्यास (परिवर्तन) किया गया है। पुरुषार्थों (धर्म, अर्थ काम, मोक्ष) को चाहने वाले पुरुषों को अर्थज्ञान अवश्य करना चाहिये। 'अर्थ' का अनादर करने पर 'अनर्थ' ही प्राप्त होगा, जो पाप का कारण बनता है। अतः अर्थज्ञान नित्य है, यह सिद्ध हुआ। वे अर्थ तन्त्रों और उपनिषदों के भेद से भगवान् शिव ने नाना प्रकार के कहे हैं। उनका सङ्ग्रह आगे प्रदर्शित रीति से ज्ञात होगा।

प्रथम पूर्ण गायत्री (चतुर्थपाद सहित) का प्रतिपाद्य पहला अर्थ है। आगे क्रमशः भावार्थ, सम्प्रदायार्थ, निगर्भार्थ, कौलिकार्थ, रहस्यार्थ, महातत्त्वार्थ, नामार्थ, शब्दरूपार्थ, नामैकदेशार्थ, शाक्तार्थ, सामरस्यार्थ, समस्तार्थ, सगुणार्थ और महा-वाक्यार्थ हैं। इस प्रकार पञ्चदशी विद्या के अपने विद्या वर्णों के समान ही पन्द्रह अर्थ हैं। सम्प्रदायार्थ के प्रसङ्ग में कादि विद्या के सैंतीस वर्ण स्पष्ट किये जायेंगे।

त्रिपुरोपनिषद् में प्रतिपादित गायत्र्यर्थ अब प्रस्तुत है–गायत्री के अन्तर्गत प्रथम 'तत्' पद का अर्थ ब्रह्म ही है, ऐसा '**ॐ तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः**', '**तदिति ब्रह्म शाश्वतम्**' इत्यादि श्रुतिवचन कहते हैं। इधर श्रीविद्या के प्रथम 'क'कार का भी वही अर्थ है। 'क ब्रह्म' यह कहा गया है, अथवा 'कामयते' (इच्छा करता है) इस व्युत्पत्ति के द्वारा और 'कामयते कामी जायते स एव निरञ्जनोऽ-कामत्वेनोज्जृम्भते...कामोऽभिधीयते, तत्परिभाषया कामः ककारं व्याप्नोति' इन श्रुति-वाक्यों से 'कामेश्वर' यह अर्थ निष्पन्न होता है।

दूसरा वर्ण 'सवितुः' है। यह 'तु'-प्रत्ययान्त है, '**पुरा वत्सानामपाकर्तोः**' इत्यादि कल्पसूत्र में प्रयुक्त है। यह प्राणियों के प्रसव का कारण या योनिस्थान है। वह भी साधारण न होकर सर्वश्रेष्ठ भजनीय है अतः 'वरेण्यम्' कहा गया है। इन दोनों पदों से 'जगद्योनि' सिद्ध हुई। उससे 'कामेश्वरी' यह अर्थ निकला। वही अर्थ मन्त्र में 'ए'कार का है; क्योंकि 'एकार' त्रिकोण स्वरूप है। यह बात श्रुति ने भी प्रतिपादित की है–

'सवितुर्वरेण्यमिति **षूञ् प्राणिप्रसवे, सविता प्राणिनः सूते**' इत्यादि के आगे '**त्रिकोणा शक्तिरेकारेण महाभगेन प्रसूते तस्मादेकार एव गृह्यते**' इत्यादि इसी का उपबृंहण वामकेश्वरतन्त्र में निर्दिष्ट है–

'यदेकादशमाधारं बीजं कोणत्रयात्मकम्।
ब्रह्माण्डादिकटाहान्तं जगदद्यापि दृश्यते'॥

'**देव**' पद का अर्थ सर्वान्तर्यामी है। '**देवो मध्यवर्ती**' यह श्रुति है। 'धत्त इति धीः', 'दधत्' अर्थात् जगत् का आधार यह अर्थ है। '**धीरो धीत्येवं धार्यते**' यह श्रुति है। '**भर्ग**' शब्द स्पष्ट रूप से शिव का वाचक है। उससे सर्वान्तर्यामी सर्वाधार शिव की

प्रतीति हुई। मन्त्र में 'ई'कार का भी यही अर्थ होगा। **'भर्गो देवस्य'** की व्याख्या में कहा गया है–**'तुरीयमक्षरं सर्वान्तर्भूतम्'**। तुरीय अक्षर पदों के मध्य में है। श्रुति का कथन है–**'तस्माद्भर्गो देवस्य धीत्येवमीकारः'** मन्त्र में 'ई'कार तृतीय होने पर भी मातृका-क्रम में चतुर्थ होने से 'तुर्यार्थ' कहा गया है।

'धी' और **'मही'** की व्याख्या में कहा है कि मही (पृथ्वी) महत्त्व के कारण और काठिन्य के कारण 'मही' शब्द से अभिहित है। वस्तुतः यह पाँचों महाभूतों का उपलक्षण है। 'मृद्घट' इत्यादि प्रयोग में समान विभक्ति के द्वारा सामानाधिकरण्य मानकर पृथ्वी रूप अर्थ परिणत हुआ। यही पृथ्वी के बीज 'ल'कार का भी अर्थ है। 'मही' पद के व्याख्यान-प्रसङ्ग में **'ससागरं सपवर्तम्'** इत्यादि शब्दों से **'भूमण्डल-मेवोक्तं लकारेण'** यह श्रुति उद्धृत की गई। यहाँ गायत्री के तृतीय एवं तुरीय पाद का मायाबीज से अभेद प्रतिपादन करते हुए व्याख्या की है। **'धियो यो नः प्रचोदयात्'** का अर्थ है–हम लोगों की बुद्धि के बाहर (परवर्ती) वस्तु अर्थात् निष्प्रपञ्च ब्रह्म के विषय में प्रेरणा कर रही है। इससे परतत्त्व के विषय में ज्ञान-जनकता सिद्ध हुई।

अब चतुर्थ पाद **'परो रजसे सावदोम्'** के विषय में विवरण है–'रजसः परं परो रजसे' अर्थात् रजोगुण से अतीत, निर्मल या निर्गुण 'रजः' शब्द धूलि का वाचक है, उससे तीनों गुणों का उपलक्षण हुआ। अतः त्रिगुणातीत वस्तु यह अर्थ निकला। 'परो रजसे' में 'पर' पद भिन्न नहीं है। **'सुब्रह्मण्यनिगद'** में भी प्रयोग देखा गया है–'परोरजास्ते पञ्चमः पादः'। अब 'सावदोम्' पर व्याख्या द्रष्टव्य है–

प्रणव दो प्रकार का है–सवदः तथा अवदः। उच्चारण के योग्य और उच्चारण के लिये असम्भव क्रमशः यह अर्थ है। शब्दों के द्वारा अभिधा शक्ति से बोध्य नहीं होता; क्योंकि परमतत्त्व में कोई भी शक्यतावच्छेदक धर्म (घट में घटत्व की तरह) की स्थिति नहीं है। लक्षणा वृत्ति से तो बोध हो सकता है। सत्य-ज्ञान आदि पदों के शक्यार्थविशिष्ट तादात्म्य सम्बन्ध से बोध की स्थिति सम्भव है; क्योंकि श्रुतियों और स्मृतियों के वचन इसी तात्पर्य को स्पष्ट करते हैं, जैसे–**'यतो वाचो निवर्तन्ते'**, **'वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यः'** इत्यादि। 'लक्ष्यार्था लक्षणागम्या' इत्यादि श्रुति है।

प्रणव का अर्थ परतत्त्व है, जो अकार, उकार, मकार से ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र से अभिन्न है। यही अर्थ हृल्लेखा (ह्रीं) का है। 'ह्'कार का अर्थ हृदय है। उसमें 'ई' शब्द से गता यह अर्थ निकला। 'इटकिटकटी गतौ' यहाँ पर हृ-श्लिष्ट यह धातु है। श्रुति भी कहती है–**'हृदयागारवासिनी हृल्लेखा'**।

इस प्रकार गायत्री और श्रीविद्या-मन्त्र के प्रथम कूट का यह अर्थ निष्पन्न हुआ- सर्वजगत् की सिसृक्षा रूपी कामना वाले कामेश्वर और जगत्कारणरूपा

कामेश्वरी, शिव सर्वान्तर्यामी सर्वाधार पञ्चमहाभूतों के रूप से परिणत, परवस्तु-विषयक निर्विकल्पक ज्ञान के जनक, निरञ्जन, निर्गुण, वेदों से लक्षणा वृत्ति के द्वारा ज्ञेय, अभिधा से अज्ञेय ब्रह्मा, विष्णु, रुद्रात्मक परमतत्त्व । इसके बाद द्वितीय और तृतीय कूटों के अर्थ पर विचार किया जा रहा है–

गायत्री में वर्णित तीन पद, मन्त्र-विद्या के द्वितीय कूटस्थ तीन वर्णों से बोध्य हैं । तीन अवयव के वर्णों का ही 'त्रिवर्ण' शब्द से निर्देश किया गया है । जैसे– 'त्रिगुणसचिवः', 'नवरसरुचिराम्' इत्यादि समास की तरह यहाँ पर भी समास होगा । तत्पदार्थ ब्रह्म-शिव वाचक 'ह'कार का अर्थ है । 'तदिति परमात्मा' यहां से आरम्भ कर 'हकाराक्षरं शिवरूपम्' यहाँ तक बतलाकर, अन्त में तत्पद की व्यावृत्ति सूचित कर 'शक्तिं दर्शयति' यह बात श्रुति ने कही है । 'स'कार का 'सविता' अर्थ है, 'क'कार का 'वरेण्य' अर्थ है । उसके बाद चतुर्थ 'ह'कार, पदत्रय के बाद जो गायत्री की षडक्षरी (छः अक्षर) है, वह 'भर्गो देवस्य धी' का बोधक है ।

तृतीय विद्याकूट में दो अक्षर हैं–स, क । उन दोनों से 'धी' शब्द तक गायत्री का अर्थ प्रतिपाद्य होता है । इन दोनों द्वितीय और तृतीय विद्या-कूटों में वर्तमान 'ल'कार और हृल्लेखा (ह्रीं) से पूर्व प्रदर्शित रीति से पञ्चमहाभूतादि अर्थ की निष्पत्ति होती है । इस प्रकार चतुश्चरणात्मिका गायत्री की तीन बार आवृत्तियों से जो अर्थ निकलता है, उसी के प्रतिपादक श्रीविद्या के तीन कूट हैं । यह अर्थ त्रिपुरातापिनी उपनिषद् में उपवर्णित है और देवीभागवत में भी यही अर्थ प्रकट किया गया है । देवीभागवत के प्रारम्भ में त्रिचरणात्मक गायत्री उपनिबद्ध है–

'सर्वचैतन्यरूपां तामाद्यां विद्यां च धीमहि ।
बुद्धिं या नः प्रचोदयात्' ।

इसकी व्याख्या में प्राचीन आचार्यों ने 'आद्या विद्या' शब्द से श्रीविद्या का ही ग्रहण किया है और उसकी ब्रह्मरूपता तथा गायत्री मन्त्र से प्रतिपाद्यता आदि भी मानी है । 'भागवत' शब्द से 'श्रीदेवीभागवत' ही ग्राह्य है; क्योंकि उसका लक्षण–

'हयग्रीवब्रह्मविद्या यत्र वृत्रवधस्तथा ।
गायत्र्या च समारम्भस्तद्वै भागवतं विदुः' ॥

उसी ग्रन्थ में समन्वित होता है, न कि 'जन्माद्यस्य यतः' इत्यादि विष्णु-भागवत में । इस प्रकार पूर्ण गायत्री (चतुष्पदा) का श्रीविद्या से सम्बन्ध एवं अन्तःस्थ अभेद का निरूपण किया गया । अब इसके आगे योगिनीहृदय में कथित 'भावार्थ' आदि छः अर्थों का विचार किया जा रहा है–

परमतत्त्व प्रकाश और विमर्श इन शब्दों से विभक्त है । तदनुसार प्रकाश की अंशभूत तीन शक्तियाँ वामा, ज्येष्ठा, रौद्री नाम वाली हैं । उन्हीं का पुंरूप (पुरुषात्मक रूप) ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र हैं । इन सब की समष्टि (समूहात्मक)

'शान्ता' नामक चतुर्थ शक्ति है। 'विमर्श' की अंशभूत तीन शक्तियाँ इच्छा, ज्ञान और क्रिया नामक हैं, जो पूर्वनिर्दिष्ट ब्रह्मा आदि देवों के स्त्री रूप में क्रमशः भारती, पृथिवी, रुद्राणी हैं। इनका समष्टिरूप 'अम्बिका' नामक चतुर्थ शक्ति है। इसमें प्रथम मिथुनत्रय (युगलत्रय) विद्या के 'ई'कार रहित तीन कूटों का अर्थ माना गया है। तुरीय मिथुन 'ई'कार का अर्थ है। आगे शाक्तार्थ के निरूपण के अवसर पर तो प्रत्येक कूट के रेफ तक छः वर्णों का मिथुन-त्रय रूप ही अर्थ माना गया है, यह भेद है। 'योगिनीहृदय' (२।१६-१७) में कहा है—

अक्षरार्थो हि भावार्थः केवलः परमेश्वरि।
योगिनीभिस्तथा वीरैर्वीरेन्द्रैः सर्वदा प्रिये॥
शिवशक्तिसमायोगाज्जनितो मन्त्रराजकः।

इसकी व्यवस्था में अमृतानन्द योगी का कथन है—"भारती आदि योगिनियों और ब्रह्मादि वीरेन्द्रों से जो कूटत्रय के वाच्य अर्थ हैं, उनमें शिव-शक्ति समष्टि रूप मिथुन स्वरूप से 'ई'कार वाच्य होकर यह मन्त्रराज वीरों (उपासकों) से आराध्य है"। इस पर आचार्य की अपनी व्याख्या इस प्रकार है—वस्तुतः 'सकल' आदि नाम वाले तीन प्रकार के उपासक हैं (जिनके विषय में आगे चर्चा है)। इन्हें 'वीर' शब्द से कहा जाता है। 'वीर' शब्द के विषय में 'परापञ्चाशिका' (श्लोक-५०) में कहा गया है—

'अहमि प्रलयं कुर्वन्निदमः प्रतियोगिनः।
पराक्रमपरो भुङ्क्ते स्वात्मानमशिवापहम्'॥

इससे 'वीर' शब्द का 'अर्थ साधक ही है। इसीलिये ब्रह्मा आदि उपासकों में श्रेष्ठ हैं, अतः 'वीरेन्द्र' कहे गये हैं। ऐसी स्थिति में तीनों भारती आदि योगिनियाँ, तीनों 'सकल' आदि साधक, तीनों ब्रह्मा आदि वीरेन्द्र हृल्लेखारहित तीनों विद्या-कूटों से प्रतिपाद्य सिद्ध होते हैं।

हृल्लेखा का तो शिव-शक्तिसामरस्यात्मक चतुर्थ मिथुन अर्थ है। '**ह्रींकार उभयात्मकः**' यह वचन है। इस प्रकार योगिनी और वीर-वीरेन्द्रों की स्पष्ट व्याख्या की गई। इसी विषय की प्रकारान्तर से व्याख्या करते हुए आचार्य लिखते हैं—वीर-पद योगिनियों का विशेषण भिन्न लिङ्ग होने पर भी ग्राह्य है; क्योंकि ब्रह्मा आदि देवों को वीरपति-वाचक वीरेन्द्र शब्द से अभिहित किया है।

योगिनी और वीरेन्द्र पदों से शाक्तार्थ के निरूपण में आगे कहे जाने वाले छः अक्षरों की ब्रह्मा-भारती आदि के अर्थ की अभिन्नता द्योतित की गई है। 'शिवशक्ति-समायोग' पद से 'कामकला' का परामर्श किया गया है। उसमें दोनों के योग की चर्चा आगे की जायेगी। इस प्रकार त्रिरावृत्त (तीन बार दुहराये हुए) सात अक्षरों से मन्त्रराज (विद्या) उत्पन्न हुआ। इस 'सप्तक' (सप्त अक्षर) का

'मन्त्र' परिणाम है, तदात्मक (उससे अभिन्न) है। इसे 'प्रसारपरमार्थन्याय' कह सकते हैं, अर्थात् जिन अवयवों से मन्त्र की रचना हुई, उनका ही मन्त्र-परिणामात्मक प्रसार है। इस प्रसङ्ग में 'मन्त्र' की उत्पत्ति और अनादित्व के सम्बन्ध में विवेचन प्रस्तुत किया गया है–यहाँ आप 'जनितः' इत्यादि शब्द का प्रयोग कर क्या मन्त्र की उत्पत्ति मानते हैं ? यदि उत्पत्ति मानी गई, तो 'मन्त्र' की अनादि सत्ता का खण्डन होगा। इस पर समाधान निम्न पद्धति से किया गया है–

एक निर्विशेष ब्रह्म को छोड़कर सभी पदार्थों की सृष्टि के प्रतिपादक शास्त्रीय वचन उपलब्ध हैं। अतः ब्रह्मातिरिक्त सभी 'जन्य' माना जा सकता है। सविशेष शक्ति की तरह अजन्यत्व रूप अनादित्व संम्मत नहीं है।

प्रवाह की अनादिता मानने से भी 'जन्यत्व' मानने में कोई दोष नहीं आता। प्रत्येक कार्यमात्र स्थूल और सूक्ष्म रूप से दो प्रकार है और पहले से ही कारण के अन्दर सूक्ष्म रूप से रहता है। हमारा सिद्धान्त सत्कार्यवादी होने से 'अनादित्व' के प्रतिपादक वचनों का उसी प्रकार अर्थ किया जायेगा। अतः पूर्वनिर्दिष्ट दो पक्षों में 'जनित' पद का अर्थ तात्पर्यग्राही नहीं है। इसीलिये उत्तर ग्रन्थ में 'भारती' आदि सप्तक की समष्टि रूप परदेवता का 'मन्त्र' से अभेदप्रतिपादन सङ्गत होता है। वाचक अक्षरों की समष्टि रूप मन्त्र का और वाच्यार्थ समष्टि रूप परदेवता का वाच्य और वाचक के अभेदवादी हम लोगों की दृष्टि में 'अभेद' ही न्यायतः सिद्ध और प्रामाणिक भी है। इस विषय में वचन भी है, जो विचारणीय है–

"तन्मयीं परमानन्दनन्दितां स्पन्दरूपिणीम्।
निसर्गसुन्दरीं देवीं ज्ञात्वा स्वैरमुपासते॥
शिवशक्त्यात्मसंघट्टरूपे ब्रह्मणि शाश्वते।
तत्प्रथाप्रसराश्लेषशालिन्यैन्द्रोपलक्षिते ॥
ज्ञातुर्ज्ञानमयाकारकरणान्मन्त्ररूपिणीम् ।
तेषां समष्टिरूपेण पराशक्तिस्तु मातृका"॥

यहाँ पर 'तन्मयीं' का अर्थ है मन्त्रराज से अभिन्न। आनन्दमय, चिन्मय इत्यादि के सदृश यहाँ पर अभेद के अर्थ में 'मयट्' प्रत्यय है। अन्य व्याख्याकारों की दृष्टि में तुरीय कूट का यह अर्थ है। 'तन्मयी' का अर्थ उनकी दृष्टि में 'चतुर्मिथुनवाचक बीजत्रयात्मक समष्टि रूप मन्त्र से वाच्य' यह अर्थ है। यह व्याख्या सन्दर्भ के अनुकूल नहीं है। 'मयट्' यहाँ वाच्यार्थ के लिये प्रयुक्त भी नहीं है।

'स्पन्द' का अर्थ है–छत्तीस तत्त्वों के रूप से परिणति। तद्रूपिणीं अर्थात् उससे अभिन्न। इससे देवता से अभिन्न विश्व का भी मन्त्र से अभेद सिद्ध होता है। अव्याकृत नाम-रूप प्रपञ्च की जो उत्पत्ति के प्रति उन्मुखता है, उसे ही स्पन्द,

उन्मेष, व्याकरण आदि शब्दों से कहा गया है। **"नास्ति किञ्चन मिषत्"**, **"नामरूपे व्याकरवाणि"**, "**न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि**" इत्यादि प्रयोग हैं। अतः अव्याकृत नाम-रूपात्मक जगत् का ही 'स्पन्द' शब्द से तन्त्रों में प्रायः निर्देश किया गया है। इस प्रकार मन्त्र, देवता और जगत् के अभेद का अनुसन्धान करते हुए ' मन्त्र ' का जप करना चाहिये, इस अभिप्राय से कहा गया है–**"स्वैरमुपासते"**। लिङ्ग के अर्थ में यह पाँचवाँ लकार है। '**मुखं व्यादाय स्वपिति**' इत्यादि उदाहरणों की तरह समानकालिक होने पर भी 'ज्ञात्वा' में प्रत्यय का प्रयोग किया गया है। इस प्रकार देवता और मन्त्र का अभेद युक्तियों से सिद्ध कर 'मन्त्र' पद की अवयव शक्ति भी अपेक्षित है, इस आशय से आगे की पङ्क्तियाँ है–"शिवशक्त्यात्मसंघट्ट" इत्यादि।

शिव, शक्ति और आत्मा का संघट्ट अर्थात् सामरस्य रूप वाले। 'शाश्वत' का अर्थ अनादिनिधन है। तस्य–उस ब्रह्म की, प्रथा पृथुत्वेन प्रसरः अर्थात् जगद्रूप से विस्तार। 'ऐन्द्रोपलक्षिते' पद का अर्थ है–जगद्रूप ऐश्वर्य से उपलक्षित, जैसे–'काक' गृह का उपलक्षण होता है। जगदैश्वर्य उपलक्षण मात्र है "जगदैश्वर्य-विशिष्ट" यह अर्थ नहीं है। यहाँ पर 'सप्तमी' विभक्ति विषय के अर्थ में है।

अब मन्त्र शब्द के विषय में आचार्य ने आगे व्याख्या प्रस्तुत की है–सत्यत्व, ज्ञानत्व आदि से उपलक्षित शुद्ध ब्रह्मैकविषयक निर्विकल्प ज्ञानशाली साधकश्रेष्ठ का ज्ञानमय स्वसंविद्रूप, जो ब्रह्मभाव का आकार है, उसको धारण करनेवाले उक्त ज्ञानरूप मननशाली पुरुष को 'त्रायते' भय जनक द्वितीय पदार्थ मात्र का निरास करने से रक्षा करता है, वह 'मन्त्र' है। अन्यत्र भी कहा है–'**मननत्राणरूपत्वान्मन्त्र इत्यभिधीयते**'। 'तद्रूपिणी' यह 'देवी' पद का विशेषण है।

'मन्त्र' पद का देवी में सम्बन्ध और स्थिति सिद्ध कर 'तत्' पद का अर्थ पञ्चदशी मन्त्र से अभिन्न है, यह पहले साधारण रूप से कहा गया है। यहाँ पुनः कारण का प्रदर्शन कर और स्पष्ट कर रहे हैं–'तेषां समष्टिरूपेण' इत्यादि से इसमें 'तु' शब्द हेतुवाचक है। जिस कारण से 'भारती' आदि पूर्वोक्त शक्तियों के समष्टि रूप से 'माता' (परदेवता) उपलक्षित है, अतः उसमें उन देवताओं के वाचक अक्षर समुदायात्मक 'विद्या' का भी अभेद उत्पन्न होगा, अथवा इसकी एक दूसरी व्याख्या भी आचार्य करते हैं–

'मन्त्र' पद की अभी तक 'अवयव' से प्रवृत्ति बताई गई। 'समुदाय-शक्ति' से भी बताने के लिये 'मन्त्रराज' के पदों का शक्यतावच्छेदक (धर्म) भारत्यादि सप्तक समष्टिरूप परदेवता में संयोज्य है। 'समष्टि' शब्द का यहाँ पर भावप्रधान निर्देश है। 'समष्टित्व' रूप शक्यतावच्छेदक धर्म से परदेवता युक्त है। अतः 'रूढ़ि' से भी मन्त्रराज पदों से वाच्यता माननी उचित है। अतः मन्त्रराज और परदेवता का अभेद भी ठीक है। इसी तात्पर्य को निष्कर्ष के रूप में आगे दो श्लोकों से कहा

गया है–'**वामेच्छायाः** से 'न **भिद्यते**' तक। इन श्लोकों पर कुछ विस्तार से विवेचन किया गया है, जिसका निम्नलिखित तात्पर्य है–

इस मन्त्र से परदेवता का लेशमात्र भेद नहीं है। इस मन्त्र में तृतीय वर्ण ज्येष्ठा शक्ति का वाचक है। अतः 'वामा' आदि छः शक्तियों के अन्तर्गत होने के कारण अवशिष्ट हृल्लेखा स्थित कामकलाओं का 'ई'कार पद से परामर्श किया गया है। अतः '**त्रिरावृत्तैः**' इस कथन में संख्या का विरोध नहीं होता।

शाक्तार्थ से पुनरुक्ति भी नहीं होती; क्योंकि उसमें वामा आदि का षट्क कामकला से अभिन्न माना गया है। यहाँ पर तो वामा से कामकला तक सप्तक से अभिन्न मन्त्र षट्त्रिंशत् तत्त्वों से अभिन्न माना गया है। इस पर व्याख्या-भेद है, अथवा दूसरे प्रकार से विचार करने पर शिव-शक्ति-समायोग रूप समष्टि से जन्य होने से मन्त्रराज और स्पन्द (जगद्विस्तार) और व्यष्टिरूप से शिवशक्तिमयता है। इससे जगत्, मन्त्र और देवी की अभेद-भावना को भावार्थ कहा जाये। इसी विषय का उपसंहार करते हुए योगिनीहृदय (२।२३-२५) में लिखा है–

"........................चलत्ता संस्थितस्य तु।
धर्माधर्मस्य वाच्यस्य विषामृतमयस्य च॥
वाचकाक्षरसंयुक्तैः कथिता विश्वरूपिणी।
तेषां समष्टिरूपेण पराशक्तिं तु मातृकाम्॥
कूटत्रयात्मिकां देवीं समष्टिव्यष्टिरूपिणीम्।
आद्यां शक्तिं भावयन्तो भावार्थ इति मन्वते"॥

इस पर आचार्य अपनी शैली में विवेचन करते हैं–'पराऽहन्ता' इत्यादि भावार्थक त्व, तल् प्रत्ययों से वाच्य होने से धर्म शक्ति है। निर्धर्मक होने से अधर्म शिव है। स्पन्द-जनन (प्रपञ्चोत्पत्ति) के प्रति शक्ति से पृथक् शिव अक्षम है, इस बात को अन्वय-व्यतिरेक के द्वारा सौन्दर्यलहरी (श्लोक-१) में भगवत्पाद ने '**शिवः शक्त्या युक्तो**' द्वारा स्पष्ट किया है। व्याख्याकारों ने भी इसी आशय को लिखा है। अतः शक्ति को भवचक्रात्मक स्पन्द के प्रतिकारणतावच्छेदकत्व या कारणत्व मानना ही पड़ेगा। इसलिये जनन, मरण आदि क्लेशमय संसार की जनक होने से शक्ति को 'विष' कहा गया है। उन बातों (जननादि क्लेश) से रहित होने से शिव को 'अमृत' कहा गया। उन दोनों के वाच्यार्थ के वाचक जो दो अक्षर 'ह'कार और 'स'कार हैं, उन दोनों 'व्यस्त' अक्षरों का समावेश कामकलाक्षर में होता है और उससे 'चलत्तासंस्थित' अर्थात् नश्वरतायुक्त जगत् का और प्रस्तुत मन्त्रराज का परिणाम-परिणामिभाव से सम्बन्ध होने के कारण यह विद्या 'विश्वरूपिणी' कही गई।

एक 'समान' आकार से उत्पन्न वस्तुओं का अभेद होता है। अतः शिव-शक्ति-सामरस्य रूप, पराशक्ति, जगदम्बा आदि शब्दों से वाच्य कारण का, विश्व और विद्या रूप कार्य का अभेद सूचित करते हुए 'तेषां' इत्यादि शब्दों से उपसंहार किया गया है। इस पक्ष में योगिनी इत्यादि से भावित इस प्रकार परिशेष की व्याख्या की जा सकती है। भावार्थ का स्वरूप तो शिव-शक्ति-समायोग से जन्यत्व ही है, जनकता के अंश में योगिनी आदि का निवेशन होगा। उस प्रकार दो प्रधान अक्षरों से उत्पन्न होने के कारण 'अक्षरार्थ ' भी कह सकते हैं। इसके आगे कुछ विस्तार के साथ आचार्य ने अर्थ के विषय में मौलिक दार्शनिक सिद्धान्तों की पृष्ठभूमि का विवेचन किया है।

यह सृष्टि परब्रह्म का परिणाम है, यह बात पहले ही कही जा चुकी है। वह सृष्टि दो प्रकार की है—अर्थमयी और शब्दमयी। चक्रमयी और देहमयी, ये दो सृष्टियाँ तो बालकों के क्रीडार्थ स्थूल गृह के समानाकार सूक्ष्म गृह के निर्माण तुल्य हैं और अर्थसृष्टि के ही अन्तर्गत हैं। उससे अत्यन्त भिन्न नहीं हैं।

वह दोनों प्रकार की सृष्टि समान काल में ही उत्पन्न होती है। समान काल में ही अभिवृद्धि भी प्राप्त करती है। जैसे—बीज से अङ्कुर और उसकी छाया देखकर वृक्ष का अनुमान करना अनुभव से सिद्ध है। छाया में वृक्ष के समान आकार होना तथा वृक्ष के विना न रहना सिद्ध किया जा सकता है। इसी प्रकार प्रत्यक्ष संवाद (व्यवहार) का विषयभूत समस्त शब्द और उसका अर्थ उसके (शब्द के) साथ अविनाभूत (अलग नहीं किया जा सकता) है। अर्थज्ञानविषयक ज्ञान की जनकता शब्द में ही है। अतः **'वागर्थाविव संपृक्तौ'** यह कालिदास की उक्ति यथार्थ है। ऐसे ही अर्थ की समानाकारता भी माननी चाहिये; क्योंकि जितने अबयव शब्द में होंगे, उतने ही अर्थ में और उसके ज्ञान में मान्य हैं। 'चैत्रस्तण्डुलं पचति' इस स्थल में—चैत्रपद, सुप्रत्यय, तण्डुल पद, अम् प्रत्यय, पचि धातु, तिप् प्रत्यय इन छः अवयवों का शब्दसमूह है। इसका क्रमशः अर्थ होगा—कर्तृत्व, कर्मत्व, तेजःसंयोग, कृति और विशकलित। इन सबको परस्पर जोड़ने से परस्पर सम्बन्ध विशेष रूप अर्थ होगा। तत्तत् पदार्थ विशिष्ट भावना ही वाक्यार्थ है, ऐसा मीमांसक मानते हैं। तत्तत् की इतरों से व्यावृत्ति ही वाक्यार्थ है, ऐसा भी किसी का मत है।

इस प्रकार उनका ज्ञान भी छः पदार्थों और उनके सम्बन्धों को अपने विषय में लेकर तत्समानाकार होता है। यदि यह न मानें तो ज्ञानों की परस्पर विलक्षणता सिद्ध न होगी। अन्तःकरण का परिणाम विशेष ही ज्ञान है और उसमें तत्तदाकार रूप से परिणति की कल्पना की जाती है। इसीलिये **'चैत्रस्तण्डुलं पचति'** (चैत्र चावल पका रहा है) इस प्रकार का ज्ञान होता है। यह सभी शास्त्रकारों को

मान्य है। निराकारवादी भी इसे स्वीकार करते हैं। इन दोनों पूर्वोक्त सृष्टियों (शब्दार्थ-सृष्टियों) का ज्ञान-जनक मन ही है। वह शब्द को श्रोत्रेन्द्रिय (कान) से ग्रहण करता है। अर्थ में कुछ तो साक्षात्, कुछ चक्षुओं से ग्रहण करता है।

वे दोनों पूर्वोक्त सृष्टियाँ स्थूल, सूक्ष्म, सूक्ष्मतर, सूक्ष्मतम इन भेदों से प्रत्येक चार प्रकार की हैं। श्रोत्रेन्द्रिय और मन का अर्थ के अन्तर्गत होने से चतुर्विधता है। इस प्रकार स्थूल श्रोत्र से स्थूल शब्द श्रवण करने से स्थूल अर्थ का मन से ज्ञान होगा। सूक्ष्म श्रोत्र से सूक्ष्म शब्द श्रवण करने से सूक्ष्म अर्थ का सूक्ष्म मन से ज्ञान होगा, यह पद्धति जाननी चाहिये। श्रोत्र और मन की सूक्ष्मता आदि का ज्ञान शास्त्राभ्यास और योगकुशलता से सम्भव है। इसको योगशास्त्र में– **"निर्विचारवैशारद्येऽध्यात्मप्रसादः"** इस सूत्र में तथा **"ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा"** इस सूत्र में स्पष्ट किया गया है। इसीलिये श्रुति कहती है–

"चत्वारि वाक्परिमिता पदानि तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।
गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति" ॥

उन वाणियों के नाम वैखरी, मध्यमा, पश्यन्ती, परा हैं। श्रुति में तुरीय पद का अर्थ वैखरी है; क्योंकि श्रुति को सृष्टिक्रम ही अभीष्ट है। इन चार शब्दों के अर्थ भी क्रमशः ज्ञातव्य हैं। जैसे–मस्तकादि अवयव, इन्द्रिय और प्राणदशक ये वस्तुएँ स्थूल जगत् की अभिव्यक्ति में, तत्काल उत्पन्न शिशु में, पिपीलिका आदि में भी समान हैं; परन्तु यह विशेष है कि स्थूल अवयव स्थूल रूप में तथा अल्प अवयव अल्प रूप में रहते हैं। इस प्रकार वैखरी के रूप से घट पद का वाच्यार्थ और मध्यमा के रूप से घट पद का वाच्यार्थ भिन्न है। वे पदार्थ सङ्कोच ग्रहण करने में अपने अवयवों का भी सङ्कोच कर लेते हैं। कुछ तो सङ्कुचित होने वाली जलौका (कीट विशेष) या कछुए की तरह होते हैं, जिनके सभी अवयव स्पष्ट नहीं हो पाते। अवयवों का न्यूनाधिक भाव (कम या ज्यादा होना) भासित होता है; परन्तु परिमाण का भेद होने पर भी द्रव्य का भेद नहीं होता, यह बात मीमांसाशास्त्र में मानी गई है। इन चार प्रकार के वाचक शब्दों का चार प्रकार के वाच्यार्थ से भेद भी स्थूल आदि पूर्वोक्त रीति से चार प्रकार ही मानते हैं। इन चारों प्रकार की सृष्टियों का मूलभूत बिन्दु बीज स्थानापन्न है। उससे आगे भी सूक्ष्मतम से सूक्ष्मतम उस वाचक तत्त्व से अभिन्न शब्दार्थ रूप 'शब्दब्रह्म' पद से निर्दिष्ट वस्तु 'ब्रह्म' ही है। वह तत्त्व प्रकाशैकस्वरूप अर्थ से अत्यन्त भिन्न 'शब्दब्रह्म' पद से भी नहीं कहा जा सकता। अतः शास्त्रों में उसे 'अनिर्देश्यम्, अग्राह्यम्, अशब्दम्, अस्पर्शम्' इत्यादि विशेषण निषेधपूर्वक कहे गये हैं।

वस्तुतः दोनों सृष्टियों का मूलभूत सूक्ष्म रूप विशेषात्मक होने से अभिन्न शब्दार्थात्मक 'शब्दब्रह्म' आदि पदों से कहा गया तत्त्व 'ब्रह्म' ही है। वह प्रकाशैक

रूप है। 'घटः स्फुरति, पटः स्फुरति' इत्यादि अनुभव से प्रत्येक पदार्थ में स्फुरण नामक वस्तुविशेष उन पदार्थों से अभिन्न होकर भासित होता है। इस प्रकार प्रकाश का स्फुरण भी मानना चाहिये, 'प्रकाशः स्फुरति' यह भी व्यवहार होता है। वह स्फुरण ही 'शक्ति' पदार्थ है। प्रकाश और स्फुरण दोनों मिलकर ही जगत् के लिये कारण बनते हैं। दोनों में से कोई भी स्वतन्त्र रूप से कारण नहीं बन सकता। यह विषय 'कामकलाविलास' की व्याख्या में स्पष्ट किया गया है।

अतः शुद्ध शिव के विषय में या शुद्ध शक्ति के विषय में जहाँ भी जगत् के प्रति कारणता कही गई है, वहाँ शिव-शक्ति दोनों की सम्मिलित कारणता माननी चाहिये। उनमें प्रकाश 'अ'कार स्वरूप है और उससे वाच्य भी है। स्फुरता 'ह'कार रूप है और उससे वाच्य है। वे ही दोनों 'अकार, हकार' परा के रूप में सूक्ष्मतम पहले निर्दिष्ट किये गये हैं।

'परा' आदि सृष्टि के मूलभूत बीज स्थानीय 'बिन्दु' विशेष के व्यक्ताऽव्यक्त से विलक्षण वाचक हैं। उसके (बिन्दु के) भी जनक परब्रह्म के तो केवल अव्यक्त रूप से शून्य स्वरूप वाचक हैं। उनकी शून्य स्वरूपता के कारण ही **'यतो वाचो निवर्तन्ते'** (तै. उ. २।४) इत्यादि श्रुतियों में उनकी अवाच्यता कही गयी है। 'वाचः' इस बहुवचन से परा आदि चतुष्टय का ग्रहण किया गया है। इस विषय में वचन भी है–

"अहमित्येकमद्वैतं यत्प्रकाशात्मविभ्रमः।
अकारः सर्ववर्णाग्र्यः प्रकाशः परमः शिवः॥
हकारोऽन्त्यः कलारूपो विमर्शाख्यः प्रकीर्तितः।
अनयोः सामरस्यं यत् परस्मिन्नहमि स्फुटम्" ॥

'अक्षराणामकारोऽस्मि' यह गीता (१०।३३) का वचन है। **'शून्याकाराद्विसर्गान्ताद् बिन्दुप्रस्पन्दसंविदः'** यह योगिनीहृदय (१।१०) का कथन है। यहाँ पर अर्थ यह है– "शून्याकार शून्यमात्र स्वरूप जो विसर्ग का अन्तिम भाग (षोडश स्वरान्त्यभाग) है, उससे बिन्दु विशेष उत्पन्न हुआ। उससे अकार और हकार शून्याकार शब्द से उपवर्णित हैं, यह ज्ञात हुआ। कुछ व्याख्याकार इसकी व्याख्या करते हुए लिखते हैं–**"शून्यश्चाऽसौ अकारश्चेति"**, "विसर्गो हकारः, स एवाऽन्ते यस्येति विग्रहप्रदर्शनपूर्वकं हकारविशिष्टादकारादिति व्याचक्षते"। इस व्याख्या में 'ह'कार में शून्य का लाभ कठिन है। यहाँ पर सृष्टिक्रम पर्यालोचनीय है, जैसे कोई पुरुष उत्पन्न होने वाले पुत्रादि के अदृष्टवशात् उत्पादनेच्छा से युक्त होता है। अपनी उत्पादन शक्ति को देखकर अपनी अर्धशरीरात्मक पत्नी के अन्तरङ्ग में शुक्ल रूप से प्रवेश करता है। यहाँ 'पतिमेकादशं कृधि', 'आत्मा वै पुत्रनामासि' इत्यादि श्रुति प्रमाण है। प्रवेश्यमान

पदार्थ के अपने से भिन्न होने के कारण स्थूलतर भेद से भिन्न होने से यहाँ पर अभेद का भान नहीं है।

उसके बाद उस शुक्ल (अन्दर शोणित) बिन्दु रूप से भार्या प्रवेश करती है। उससे वह 'बिन्दु' उच्छून होता है, जैसे-वट, उदुम्बर आदि वृक्षों के बीज की स्थिति है, वैसे ही इसे समझना चाहिये। उससे अङ्कुर आदि विशेष विकास-क्रम से कालान्तर में पुत्रादि की उत्पत्ति होती है। अथवा दूसरे प्रकार से विचार किया जाय, तो जैसे सूर्य के अभिमुख रखे हुए दर्पण में उसके भीतर प्रविष्ट किरणों से उभयविध किरणों के सङ्कलन से दीवाल पर तेजोविशेष रूप 'बिन्दु' उत्पन्न होता है। इसी प्रकार प्राणियों के अदृष्टवशात् अपने में संहृत विश्व की सिसृक्षा के कारण प्रकाशरूप ब्रह्म अपनी शक्ति को देखने के लिये उसके अभिमुख होकर उसके अन्दर तेजोरूप से प्रवेश कर शुक्ल बिन्दु रूप से अवभासित होता है। उसके बाद उस बिन्दु में रक्त वर्ण शक्ति प्रवेश करती है। उससे वह सम्मिश्र बिन्दु उच्छून (वृद्धिगत) होता है। उसमें 'हार्दकला' नामक एक पदार्थ विशेष होता है, उसे गुरुमुख से ही जानना चाहिये, वह पुस्तकों में नहीं लिखा जाता। वह बिन्दु समष्टि रूप से एक है, 'स्फुट शिव-शक्ति-सामरस्य' इस नाम से व्यवहृत है या '**कामो रविरग्नीषोमात्मकः**' इत्यादि शब्दों से कहा गया है।

व्यष्टिरूप से दो बिन्दु हैं। उनमें भी शुक्ल को 'इन्दु' और रक्त को 'अग्नि' कहा गया, दो बिन्दुओं से इसे 'विसर्ग' भी कहा है। इसीलिये रवि की रात्रि में अग्नि में और अमावास्या में चन्द्र में प्रवेश की बात श्रुतियों ने कही है। अतः समष्टि बिन्दु 'रवि' हैं।

इसी प्रकार कामाख्य बिन्दु, विसर्ग और हार्दकला, इन तीन अवयवों से बना एक पदार्थ अणादि प्रत्याहार की तरह 'कामकला' शब्द से सूचित हुआ है। यही सृष्टि का बीज है। इसीलिये 'अ'कार और 'ह'कार के बीच में सभी अक्षरों की स्थिति है। 'ळ'कार लकार से अभिन्न है, 'क्ष'कार 'क' और 'ष' के योग से उत्पन्न है, अतः इसे पूर्वोक्त वर्णों से पृथक् नहीं मानना चाहिये। इन सबका मूलभूत 'ब्रह्म' तो 'तुरीय बिन्दु' कहा जाता है।

उस प्रकार के शून्य स्वरूप अकार और हकार से उत्पन्न 'कामकला' व्यक्त और अव्यक्त से विलक्षण है और 'अहं' पद से वाच्य है। अकार-हकार उभयात्मक शिवशक्तिद्वयरूप ही 'अहं' पद का तात्पर्यार्थ है। इसीलिये उससे उत्पन्न होने वाली समस्त सूक्ष्म से स्थूल तक अखिल सृष्टि का 'अहं' पद से ही व्यवहार होता है। जैसे 'उदुम्बर' शब्द से वाच्य बीज से उत्पन्न होने वाले परस्पर से विलक्षण पर्ण, काष्ठ, कुसुम और कृमियों को उदुम्बर ही कहा जाता है, अर्थात् 'उदुम्बरपर्ण, उदुम्बरकृमि' ऐसा ही व्यवहार होता है। इस विषय में श्रुतियाँ कहती हैं–'**ब्रह्म वा**

इदमग्र आसीत्, तदात्मानमेवावेदहं ब्रह्माऽस्मीति' (बृहदारण्य० १।४।११) । '**त्वं वा अहमहं वै त्वम्**', (ऐतरेय०)। '**कस्त्वमित्यहमिति होवाच त्वमेवेदं सर्वं तस्मादहमिति सर्वाभिधानम्**' (तापनीय० ३४)।

आचार्य पाणिनि ने भी अस्मत् शब्द को सर्वनाम कहा है । इसी प्रकार शास्त्रों में अन्यत्र भी '**तद्वा एतद् ब्रह्माद्वयम्**' (नृसिंहोत्तर० ९।१७) इत्यादि रूप से ब्रह्म का स्वरूप बताकर उसकी उपासना पूर्णाहंभावरूप बताई गयी है और 'हंसः सोऽहं' इत्यादि का परिचय दिया गया है । यह सब प्रकार अतिरहस्य होने से गुरु-कृपा से ही प्राप्य है । कादिमत का वचन है

'बन्धनं योनिमुद्राया मन्त्राणां वीर्ययोजनम् ।
गुरोर्लक्षणमेतावदादिमान्त्यं तु वेदयेत्' ॥

आदिम अकार है, अन्त्य हकार है । उन दोनों का समाहार 'अहं' है । बिन्दु की स्थिति सिद्ध करने के लिये ही इतरेतर-द्वन्द्व समास न मानकर समाहार-द्वन्द्व माना गया है । छान्दोग्योपनिषद् (७।२५।१) में भी–'**अहमेवाधस्तादहमुपरिष्टादहं पश्चादहं पुरस्तादहं दक्षिणतोऽहमुत्तरतोऽहमेवेदं सर्वम्**' इत्यादि कहा है । विरूपाक्ष-पञ्चाशिका में भी–

'स्वपरावभासनक्षम आत्मा विश्वस्य यः प्रकाशोऽसौ ।
अहमिति स एक उक्तोऽहन्तास्थितिरीदृशी तस्य' ॥

इत्यादि इस विषय पर हजारों वचन हैं । इस प्रकार 'अहं' पदार्थ का जैसे 'अहं' पद वाचक है, वैसे ही उत्तमपुरुष का एकवचन भी वाचक है । क्रियापद में परस्मैपद और आत्मनेपद के रूप से दो भेद होने पर भी 'मिप इटः' और इसका 'इ'कार से अनुगम होने से 'इत्व' ही शक्ततावच्छेदक है; क्योंकि '**अन्यायश्चाऽनेकशब्दत्वम्**' यह न्याय है ।

वह धातु के बाद होने से अथवा उत्तमपुरुषत्व से उसकी उपस्थिति पदार्थ की स्मारकता में कारण है । 'एर्णल' आदि में भी लुप्त का स्मरण होता है । उसके अभाव में शक्तिभ्रम से बोध होता है, इत्यादि बातें शास्त्रों में प्रतिपादित हैं । उसमें (उत्तम-पुरुषादि वचन में) अकार और 'ह'काररूपी अवयवों के न दिखाई देने पर भी शास्त्रानुसार सूक्ष्मरूप से स्थिति मानी गई है । उसी की 'हार्दकला' के योग से दीर्घता भी हो जाती है । अतः तुरीय स्वर (ई) को कामकला रूप से मन्त्ररहस्य के जानने वालों ने माना है, जैसा योगिनीहृदय (२।२१) का वचन है–

'मध्यबिन्दुविसर्गान्तः समास्थानमये परे ।
कुटिलारूपके तस्याः प्रतिरूपं वियत्कले' ॥

मध्य बिन्दु 'काम' नाम का है, वह तुरीय बिन्दु और विसर्ग के मध्य में है । समष्टि को भी व्यष्टि के मध्य में माना जाता है । विसर्ग का अर्थ है–व्यष्टिरूप दो

बिन्दु। उन दोनों के बीच में सम्यक् चैतन्य रूप से अवस्थान है–**समास्थानम्**। तन्मय-तत्प्रधान रूप वाले। पर अर्थात् चरम अकार रूप अक्षरों में। मातृका के क्रम से पाठ करने के क्रम में 'ह'कार चरम अक्षर, व्युत्क्रम से पाठ में 'अ'कार चरम अक्षर होगा और ये अक्षर '**कुटिलरूपके**' अर्थात् अकुलकुण्डलिनी और कुलकुण्डलिनी के ही रूपान्तर हैं। इससे काम और विसर्ग की स्थिति क्या हुई, इसका समाधान करने के लिये अग्रिम पंक्ति है–'**तस्याः प्रतिरूपं वियत्कले**' अर्थात् उन दोनों कुण्डलिनियों में वियत् पद से शून्याकार काम लिया गया है और कला पद से हार्दकला रूप विसर्ग लिया गया है। सारांश यह है कि काम और विसर्ग दोनों कुण्डलिनी के प्रतिबिम्ब हैं, अतः कुण्डलिनी से अभिन्न 'अ'कार, 'ह'कार रूप भी उनका सम्भव है। इस प्रकार योगिनीहृदय के श्लोक की साम्प्रदायिक व्याख्या है।

इस प्रकार अकार-हकार स्वरूप ही कामकला सिद्ध हुई, उससे उत्पन्न मन्त्र में विजातीय अक्षरों का रहना ठीक नहीं लगता; परन्तु उन दोनों अक्षरों के गर्भ में सूक्ष्म रूप से अनेक वर्णों की तथा अर्थसृष्टि की स्थिति वटबीज में काष्ठपर्णादि के सदृश माननी चाहिये और यह भी ध्यान देना चाहिये कि वट आदि के बीजों का स्फोट होने पर ही अङ्कुरादि उत्पन्न होते हैं। स्फोट-क्रिया में बीज के पूर्वार्द्ध और उत्तरार्द्ध का वियोग (पृथक्करण) होता है। यह तो सर्वसम्मत है। वह दोनों अर्धभाग बड़े वृक्ष के किस भाग में है, यह जानना कठिन है। इसी तरह मन्त्र में दोनों बीजांशों की अकार, हकार की अवस्थिति कैसी है, यह सङ्केतभाषा से योगिनीहृदय (२।२२) में कहा गया है–

'मध्यप्राणप्रथारूपस्पन्दव्योम्नि स्थिता पुनः।
मध्यमे मन्त्रपिण्डे तु तृतीये पिण्डके पुनः॥
राहुकूटाद्वयस्फूर्जत् ....'।

इसका अर्थ यह होगा–'कला' और 'काम' के बीच में विसर्ग का जो प्राण या चैतन्य है, उसकी प्रथा पृथुत्वेन श्रूयमाणता (स्फुट रूप से अवगति) या स्थूलरूपता तद्रूप जो स्पन्दात्मक व्योम 'ह'कार है। '**हकाराद् व्योम सम्भूतम्**' (योगिनीहृदय, २।२९) ऐसा वचन भी कोई कहते हैं। तात्पर्य है कि मध्यात्मक विसर्गाभिन्न जो प्राणरूप 'ह'कार, उसकी प्रथा रूप स्पन्द (उत्पत्ति) है, अथवा इसको स्थूलरूप सृष्टि कह सकते हैं। तद्रूप ही व्योम 'ह'कार है, यह अर्थ ठीक होगा। '**हः शिवो गगनं प्राणः**' (मातृकाकोष)। 'मध्यम' पद का दो बार अन्वय होगा। उसमें एक पद 'मन्त्रपिण्ड' के साथ सामानाधिकरण्य से लगेगा, दूसरा वैयधिकरण्य से लगेगा। मध्यम कूट के मध्यम व्यञ्जन में अर्थात् द्वितीय 'ह'कार में। द्वितीय कूट स्थित सात व्यञ्जनों में वह चतुर्थ होने से 'मध्यम' कहा गया। उसमें रहने वाली

स्त्रीलिङ्ग का सम्बन्ध शक्ति पद से है। तृतीय कूट में तो 'सकार' में 'अकार' मूल बीज का ही है, इसकी व्याख्या की है–'राहुकूटा' इत्यादि। लघुषोढान्यास के अन्तर्गत 'ग्रह-न्यास' में राहु का 'श ष स ह' इन चार वर्णों से मुख में न्यास निर्दिष्ट है।

'वक्त्रेशादिचतुर्वर्णैः सहितं राहुमेव च' (यो. हृ. ३।२४) यह वचन है। उससे शादिचतुष्टय राहूकूट बना, उसमें **'द्वयाद् भिन्नोऽद्वयस्तृतीयः सकारः'** ऐसी व्याख्या करने पर, उसमें स्फूर्जत् शोभमान यहाँ नपुंसकलिङ्ग के द्वारा विशेष्यभूत ब्रह्म या 'शिव को ही लिया गया है। इस प्रकार आचार्य ने अत्यन्त दुर्ज्ञेय पंक्ति का रहस्यार्थ प्रकट किया है। इन्हीं पूर्वोक्त व्याख्याओं को क्रमबद्ध कर आचार्य ने इस ग्रन्थ के ६९ से ७३ तक की कारिकाओं में निष्कर्ष पुनः स्पष्ट किया है–

अकार-हकार शिव-शक्ति रूप हैं। ये शून्याकार हैं; परन्तु परस्पराश्लिष्ट रहते हैं। इसमें शक्ति स्फुरणात्मिका और शिव प्रकाशात्मक हैं और यही उपनिषदों में प्रतिपादित परब्रह्म है। ब्रह्म को विश्व की सिसृक्षा (सृष्टि की इच्छा) होने पर अपनी अर्धाङ्गी शक्ति को वह देखता है और 'बिन्दु' बन जाता है। उस बिन्दु रूप इन्दु में रक्तबिन्दुरूपा शक्ति प्रवेश करती है। ये दोनों पिण्ड विसर्ग नामक 'ह'कार का चैतन्य है और दोनों का मिश्रबिन्दु समष्टि रूप है और रविरूप काम नामक है। वह 'अ'कार का चैतन्य है। इस मिश्रण से बनी 'अहं' पद से प्रतिपाद्य तुर्य स्वर (ई) रूपिणी 'कामकला' कही जाती है और यही शब्दार्थ रूप सृष्टि का बीज है। इसी से विश्व अहन्तामय है। अन्त्य (तृतीय) बीज के प्रथमाक्षर में और 'मध्य कूट' के चतुर्थाक्षर में पूर्वोक्त अक्षरों की अभिव्यक्ति होती है। अतः अम्बा परमशिवा के साथ जगत् का अभेद, यही 'भावार्थ' सिद्ध होता है।

आगे सम्प्रदायार्थ का निरूपण प्रस्तुत है–

व्योम शब्द से आकाश; आदि पद से वायु, अग्नि, जल, भूमि की सूचना मिलती है। इन पाँच वस्तुओं के जनक जो 'हकरसल' वर्ण हैं, उनके कारण विद्या पञ्च-महाभूतों से अभिन्न है। योगिनीहृदय (२।२९-३०) का वचन है–

'हकाराद् व्योम संभूतं ककारात्तु प्रभञ्जनः।
रेफादग्निः सकाराच्च जलतत्त्वस्य सम्भवः॥
लकारात्पृथिवी जाता तस्माद्विश्वमयी च सा'।

यहाँ पर यह विचारणीय है कि यद्यपि प्रकाश-विमर्श-सामरस्यात्मक वस्तुविशेष ही शब्दार्थ-सृष्टि का जनक है, उसमें भी प्रकाशांश का ही अर्थ-सृष्टि में और विमर्शांश का शब्द-सृष्टि में जनकत्व सिद्ध है; परन्तु उन दोनों के परस्पर सापेक्षभाव से ही अपने-अपने कार्य के विषय में जनकत्व श्रुति-स्मृति से सिद्ध है। एक की स्वकार्यविषयक जनकता में दूसरे की कारणतावच्छेदकता आवश्यक है।

इस प्रकार कारणतावच्छेदक और कारणता का विशेषण-विशेष्य भाव विनिगमना के अभाव में (एकतर पक्ष में निर्णय न होने से) दोनों की प्रातिस्विक (प्रत्येक की) कारणता सिद्ध होती है। इसी अभिप्राय से तन्त्रों में दोनों में से एक की कारणता भी मानी गई है।

भगवान् व्यास ने भी **'शब्द इति चेन्नातः प्रभवात्प्रत्यक्षानुमानाभ्याम्'** (ब्र. सू. १।३।२८) इस सूत्र के द्वारा 'शब्द से जगत् की सृष्टि श्रुति-स्मृति सिद्ध है' यह स्वीकार किया है और सूत्र के भाष्य में भी विषय स्पष्ट किया गया है। इस प्रकार पहले विमर्श-शक्ति से 'ह'कार उत्पन्न हुआ, उसके बाद प्रकाश से व्योम (आकाश) हुआ, फिर विमर्श से 'क'कार हुआ, पुनः प्रकाश से वायु हुआ, फिर विमर्श से 'रेफ' हुआ और प्रकाश से 'अग्नि' हुआ, पुनः विमर्श से 'स'कार हुआ, फिर प्रकाश से जल हुआ, फिर विमर्श से 'ल'कार हुआ और प्रकाश से पृथिवी हुई।

इस प्रकार पञ्च-महाभूतों की उत्पत्ति होने पर भी 'ह'कार की तरह विमर्श-विशिष्ट प्रकाश की ही 'व्योम' के प्रति कारणता सिद्ध होगी। इस रीति से कारणतावच्छेदकता 'ह'कार में सिद्ध होने से विनिगमना के अभाव में कारणत्व भी सिद्ध होगा। यही रीति 'क'कार आदि अन्य वर्णों में भी लागू होगी।

इसमें एक शङ्का की गई है—'ह'कारादि वर्ण 'वायु' आदि के प्रति भी कारण क्यों न माने जायें ? पूर्वोक्त रीति से परम्परा से कारणता में वे भी तो अवच्छेदक हैं। इसी प्रकार 'व्योम' आदि के प्रति 'क'कार आदि की कारणता होगी। इसका समाधान यह है कि उनकी अन्यथासिद्धि (अन्य कारणों से सिद्धि) है और शास्त्र से वही मान्य है। 'विद्या' में पञ्चभूतात्मक पाँच ही वर्ण रहें, अधिक वर्णों की क्या आवश्यकता है ?

इसके उत्तर में कहा गया—आकाश पाँच प्रकार का है, वायु चार प्रकार का है, अग्नि तीन प्रकार का है, जल दो प्रकार का है, पृथिवी एक ही प्रकार की है, यह सब प्रक्रिया पञ्चीकरण-वार्तिकादि में प्रसिद्ध है। पञ्च इत्यादि संख्या वाले आकाशादि के गुण शब्द आदि भी उसी संख्या के होंगे। उससे 'व्योमादि' पञ्च में पाँच शब्द, 'वायु' आदि चार में चार स्पर्श, 'अग्नि' आदि तीन में तीन रूप, 'जल-भूमि' में दो रस, 'पृथिवी' में एक गन्ध, इस प्रकार पन्द्रह गुण हैं, जो 'विद्या' में वर्तमान पञ्चदश वर्णों से अभिन्न होंगे। इस प्रकार पन्द्रह वर्णों की उपपत्ति सिद्ध हुई। इन पञ्चदश गुणों का पञ्चदश अक्षरों से अभेद माना गया, तो प्रश्न होता है—उपदानोपादेय भाव से या वाच्य-वाचक भाव से या धर्मि-धर्म भाव से माना जाये और वह सम्भव नहीं हो रहा है; क्योंकि पञ्चदश संख्या प्रधानतया 'अच्' वर्णों (स्वरों) की है। व्यञ्जनों को उनका अङ्गभूत मानकर उपपन्न की जाये ? **'एष वै सप्तदश प्रजापतिः'** यह वेद में और **'चतुरश्छ्यतावाद्यक्षरलोपश्च'**

(कात्यायनवार्ति० ५।२।५१) यह पाणिनीय सूत्र के वार्तिक में, **'चतुःशतमुत्कृतिः'** इत्यादि छन्दसूत्र में उसी प्रकार से निर्णय लिया गया है। इस बात का आचार्य ने "छन्दोभास्कर" में विस्तार के साथ विवेचन किया है।

इसमें (विद्या में) निर्दिष्ट पञ्चदश 'अच्' वर्णों का गुणजनकत्व या गुणवाचकत्व या गुणाश्रयत्व सम्भव नहीं है; क्योंकि इसमें कोई प्रमाण नहीं है। यदि हम कहें कि 'ह'कार का पञ्चक व्योमपञ्चक का जनक होने से उसका वाचक होने से अभेद सिद्ध हुआ, तो उसके गुण शब्द आदि से भी अभेद मानना चाहिये; क्योंकि गुण और गुणी का अभेद होता है और गुणी से जो अभिन्न है, वह भी अभिन्न हो जायेगा। **'गुण्यभिन्नाऽभिन्नत्वम्'** यह बात न्यायसिद्ध है। जैसे वाच्य-वाचक भाव से अभेद होता है, वैसे ही लक्ष्य-लक्षक भाव से भी होगा। प्रस्तुत प्रकरण में 'ह'कार शब्दों का लक्षक है, शब्द 'ह'कार के लक्ष्य के सम्बन्धी हैं। इसीलिये योगिनीहृदय (२।३६) में **'व्योमबीजैस्तु विद्यास्थैर्लक्षयेच्छब्दपञ्चकम्'** यह कहा है। शक्यार्थ सम्बन्ध को बताने वाली कारिका उसी ग्रन्थ (२।३७) में कहा है—

'भवेद् गुणवतां बीजं गुणानामपि वाचकम्।
कार्यकारणभावेन तयोरैक्यविवक्षया'॥

यहाँ पर लक्षक के लिये भी 'वाचक' पद का प्रयोग किया है, उसकी उपपत्ति यह है कि 'स्वबोध्याऽभेदव्याप्यता' से (अर्थात् वाच्य और लक्ष्य का भी अन्ततः अभेद सम्बन्ध होता ही है, उसके द्वारा) लक्षक में भी समानता का प्रदर्शन गौणवृत्ति से सम्भव है। इसी प्रकार वायु वाचक आदि वर्णों का स्पर्शादि गुणों से अभेद उपपन्न हो सकता है, तो भी पन्द्रह 'अच्' वर्णों का उनसे अभेद सम्भव नहीं है, यदि ऐसा कहें तो दूसरी दृष्टि से समाधान लेना चाहिये।

प्रस्तुत प्रकरण में 'अच्' वर्ण ही विवक्षित हैं, यह नहीं कहा जा सकता; क्योंकि 'ह'कार आदि व्यञ्जनों से भी पञ्चदश संख्या उपपन्न हो सकती है। यदि इस पक्ष में संख्या की अधिकता का विरोध आयेगा, तो अधिकता में भी **'सहस्रे शतं सम्भवति'** यह न्याय मान लिया जायेगा और भी उपपत्ति यह है कि 'गुणाः पञ्चदशाख्याता भूतानां तन्मयी शिवा' (यो. हृ. २।३०)। इस वचन में 'तन्मयी' पद से भूतमयी, गुणमयी, पञ्चदश संख्याक-अवयवमयी, विद्या, देवी, शिवा यह अर्थ भी किया जा सकता है; परन्तु इस पर भी आगे विचार करना पड़ेगा—

'व्याप्ता पञ्चदशार्णैः सा विद्या भूतगुणात्मिका।
पञ्चभिश्च तथा षड्भिश्चतुर्भिरपि चाक्षरैः'॥ (यो. हृ. २।३२)

इस स्पष्ट वचन से पूर्वोक्त व्याख्या से विरोध होता है। वहाँ (पूर्व स्थल में) सामान्य रूप से पञ्चदश संख्या वाले अक्षरों को मानकर सम्भावित विविध

शङ्काओं के परिहार के लिये पृथक्-पृथक् रूप से कूटत्रय की अक्षर-गणना व्यञ्जनों से सहित 'अच्' वर्णों से ही संख्यापूर्ति स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई है।

यहाँ पर इस विवाद को समाप्त करते हुए आचार्य ने स्पष्टीकरण किया है– यह सच है कि 'अच्' वर्णों से ही पञ्चदश संख्या सिद्ध है, तो भी 'ह'कार आदि व्यञ्जनों का गुणों से अभेद है; क्योंकि वही उनके वाचक हैं। इसमें शक्यताव-च्छेदक (धर्म) तो पञ्चदश संख्या समवायित्वसमानाधिकरण हकारत्वादिक है, अर्थात् समवाय सम्बन्ध से 'ह'कार आदि में पञ्चदश संख्या का सम्बन्ध है, न कि केवल शुद्ध 'ह'कारत्वादिक होगा। अन्यथा 'ह'कार व्योम का वाचक होने से प्रस्तुत शब्द की लक्षणा में एक साथ दो वृत्तियों का (शब्द व्यापारों का) विरोध उपस्थित होगा। शब्द एक होने पर भी 'शक्ततावच्छेदक' रूप दो धर्मों से (भेद से) दो अर्थों की प्रतीति मानी जा सकती है। अन्यथा मीमांसक मत में 'लिङ्' आदि में शब्दभावना और अर्थभावना शक्ति से भान और लक्षणा से कर्ता की उपस्थिति क्यों मानी जाती?

इसलिये पूर्वोक्त श्लोक में **'गुणानामपि वाचकम्'** इतना ही कहा है। इसके पहले पूर्व श्लोक में **'लक्षयेत्'** पद है, उसका अर्थ **'तद् बोधयेत्'** इतना ही होगा अथवा लक्षणा भी हो, भिन्नधर्मावच्छिन्न पद की धर्मपर्याप्ततावच्छेदकताकशक्ततालक्षकता रूप दो वृत्तियों का एक साथ रहना ही तो विरोध है। 'वाचक' पद को ही प्रतिपक्ष में रहने के कारण 'उपक्रम न्याय' से अन्वित करना चाहिये।

वस्तुतः तात्पर्य यह है–जो गुणवान् का वाचक बीज है, वही गुणों का भी वाचक है, ऐसा अन्वय करना चाहिये। बीज में गुणवान् की वाचकता परिकरा-लङ्कार की तरह 'हेतुत्व' का अभिप्राय गर्भ में मानकर सिद्ध होगी। **'अलङ्कारः परिकरः साभिप्राये विशेषणे'** परिकर का लक्षण चन्द्रालोक में इस प्रकार से है। 'ह'कार की शब्दवान् में शक्ति है, न कि केवल आकाशमात्र में। इसलिये गुण शक्यतावच्छेदक होने से और शक्यतावच्छेदक में भी प्राचीनों ने शक्ति मानी है। अतः गुणों के भी वाचक वे वर्ण हो सकते हैं।

अतः **'लक्षयेत्'** यह पद केवल ज्ञानार्थक मानना उचित है। इससे एक ही शक्ति दोनों जगह है। अतः दो वृत्तियों का कोई विरोध न होगा, और न तो शक्यतावच्छेदक भेदक (धर्म) की गवेषणा करनी पड़ेगी। पञ्चदश वर्णों की पञ्चदश गुणों से अभेद की स्थिति तो 'दश सम्पद्यन्ते, दशाक्षरा विराट्, अन्नं विराट्' इत्यादि रूप से स्तुतिमात्रपरक है, यह बुद्धिमान् पुरुष को जानना चाहिये।

अब इसके बाद **'प्रधानं तेजसो रूपं तद्बीजेन हि जन्यते'** (यो. हृ. २।४०) इस वचन का तात्पर्य देखते हुए गुणों का गुणिबोधक अक्षर से बोध्यत्व की तरह तज्जनक अक्षर से जन्यत्व भी है। अतः अभेद सम्भावित है। अतः

'तत्तज्जनकैर्वर्णैस्तत्तत् संख्यैस्तु' (श्लो. ७५) इत्यादि कारिका के द्वारा विषय की अवतरणिका की गई है। इसका स्पष्टीकरण निम्न रीति से होगा—

तज्जनक अर्थात् व्योमादि जनक, तत्संख्या से पञ्च आदि संख्या ली गई। 'तद् गुणाः' से व्योम आदि के गुण, वे भी पञ्च संख्या वाले लिये गये। मूल विद्या में तीन माया बीजों में तीन 'ह'कार हैं, मध्यम कूट में दो 'ह'कार हैं। इस तरह पाँच 'ह'कार से पाँच शब्द उत्पन्न हुए। अतः उनका अर्थ शब्द ही है—**'ये ये यद्यज्जनकास्तेषां त एवार्थाः'** (श्लो. ७६) यह आगे कहा जायेगा। अन्यत्र (यो. हृ. २।३६) भी कहा है—**'व्योमबीजैस्तु विद्यास्थैर्लक्षयेच्छब्दपञ्चकम्'** । इसमें प्रसङ्ग से कुछ शङ्का की गई है—

भावार्थ प्रकरण में मध्यम 'ह'कार को विद्या के मूल बीजात्मक 'कामकला' के अर्थ में माना गया है। अतः उसकी शक्तिवाचकता ही ठीक है, न तो शब्द-वाचकता। यह बात भी ठीक नहीं है; क्योंकि एक का वाचक दूसरे का लक्षक नहीं होता, ऐसा कोई नियम नहीं है। दो वृत्तियों का एक साथ रहने में विरोध के परिहार का प्रकार पहले कहा जा चुका है। 'गङ्गायां घोषमत्स्यौ' जैसे उदाहरण में दो वृत्तियों का समावेश होता है। वस्तुस्थिति यह है—

शिव-शक्ति रूप मूल बीजात्मक 'अ'कार-'ह'कार तो सूक्ष्मतम से भी अत्यन्त सूक्ष्मरूप हैं और पूर्वोक्त व्याख्या-प्रसङ्ग में वैखर्यात्मक स्थूल रूप वाले स्वरूप की ही अन्य अर्थों में व्याख्या की गयी है। अतः पूर्वोक्त व्याख्या में 'मध्यप्राण' शब्द से सूक्ष्मरूप बताकर 'तस्य प्रथारूपो यः स्पन्दः' इस व्याख्या से स्थूलात्मिका सृष्टि उस रूप के 'ह'कार में स्थित है, यह कहा गया है। अतः स्थूल 'ह'कार को 'शक्ति' नहीं माना है। योगिनीहृदय (२।३७) में कहा भी है—**'तेषां कारणरूपेण स्थितं ध्वनिमयं परम्'**।'तेषां' अर्थात् शब्दों की या समस्त शब्द-सृष्टि की कारणभूत 'शक्ति' है और उसका रूप सूक्ष्मतम से भी पर है। उस रूप के होने से ध्वनिमय अर्थात् ध्वनि से अभिन्न परब्रह्म ही है। सभी वर्णों में वर्णांश और ध्वन्यंश दोनों परस्पर संसृष्ट हैं, जैसे सुवर्ण में पार्थिव और तैजस अंश परस्पर संसृष्ट हैं। कत्वादि वर्ण धर्मों का और तारत्व-मन्द्रत्व-षड्जत्व आदि ध्वनि धर्मों का सभी वर्णों में अनुभव होता है। इसीलिये शारीरक-भाष्य के देवताधिकरण में स्फोट का खण्डन करने के लिये वर्णों की नित्यता स्वीकार करते हुए उनकी एक-एक व्यक्तिरूपता उपपन्न कर विलक्षण प्रतीति सभी ध्वनि स्वरूप से सिद्ध की गई है।

अतः मध्यम 'ह'कार में ध्वन्यंश परब्रह्म का वाचक है, वर्णांश शब्द का लक्षक है। जो लोग हादि विद्या के पक्षपाती हैं, वे सम्पूर्ण योगिनीहृदय तन्त्र का हादि विद्या में ही तात्पर्य मानकर अन्यथा व्याख्या करते हैं। जैसे—**'परं षष्ठं हाक्षरं तेषां पञ्चानामपि शब्दानां कारणभूतो यो ध्वनिर्नादस्तन्मयं तद्वाचकम्'** इत्यादि। उनका

व्याख्यान ग्रन्थ के स्वारस्य के प्रतिकूल है, अतः पूर्वोक्त व्याख्यान ही स्वीकार करना उचित होगा। यह बात आगे भी यथावसर स्पष्ट की जायेगी। पुनः एक शङ्का होती है–वायु के जनक 'क'कारों की चतुर्विध स्पर्शजनकता आवश्यक है और 'क'कार चार हैं नहीं, इसकी क्या उपपत्ति होगी ? इसका **'कामकलाभिः'** इत्यादि से उत्तर होगा। महामाया में तीन 'ई'कार हैं और चौथा तृतीय अक्षर के रूप में है। इस प्रकार चार 'ई'कारों से चतुर्धा स्पर्श उत्पन्न हुआ, न कि 'क'कारों से। योगिनीहृदय (२।३८-३९) का वचन भी है–

'महामायात्रयेणाऽपि कारणेन च बिन्दुना।
वाय्वग्निजलभूमीनां स्पर्शानां च चतुष्टयम्॥
उत्पन्नं भावयेद् देवि स्थूलसूक्ष्मविभेदतः'।

अर्थात् महामाया में त्रय अर्थात् 'ई'कार का त्रय उससे और केवल कारण रूप 'ई'कार से, उसको पूर्वविचार में विश्व का कारण कहा गया है। 'बिन्दुना' यह चारों कामकलाओं का विशेषण है; क्योंकि वहाँ पर त्रिबिन्दु रूप है, अथवा तुरीय बिन्दु से जन्य है। यह कथन वायुमण्डल बिन्दु से लांछित है, इस सूचना के लिये है। स्थूल व्यापक वायुगत है, सूक्ष्म व्याप्य अग्नि आदि तीन में हैं। हादि विद्या के पक्षपाती यहाँ पर 'क'कारों और 'कामकलाओं' की हादि विद्या में तीन-तीन संख्या मानकर चतुर्थ न मिलने से तीनों बिन्दुओं का विभाग मानकर गणना करते हैं। उनके इस पक्ष में एक-एक कामकला की तीन-तीन बिन्दुरूपता मानने से नव संख्या होगी।

विसर्ग रूप से बिन्दु-द्वय की एकरूपता मानकर तीन विसर्ग और तीन काम इस तरह छः संख्या होगी। **'कामत्वेन'** तीनों की एकरूपता मानने पर **'विसर्गत्वेन'** भी एकरूपता मानकर तीनों का ऐक्य मानने पर दो संख्या होगी। तुरीय बिन्दु को भी मिलाने से विभाग में द्वादश संख्या होगी। उसको न मानने पर तो तीन संख्या होगी। इस तरह चतुःसंख्या कथमपि सिद्ध न होगी। 'महामाया में, कामकला में जो बिन्दु-त्रय है, उससे और चतुर्थ कारण बिन्दु से' ऐसी व्याख्या करने पर दो 'ई'कारों की व्यर्थता सिद्ध होगी। यदि ऐसा कहें कि गुण और गुणी का एक ही कारण होता है, जैसे 'कपाल' आदि घट और तद्गत रूप से प्रतिकारण होता है, इस नियम से व्योम शब्द जनक 'ह'कार पृथक् न होगा। यह कथन भी ठीक नहीं है। पाक से भी रूपादि की उत्पत्ति होना सामान्य बात है। त्रिविध रूप तो माया के अन्तर्गत तीन रेफों से उत्पन्न होता है–

'रूपाणां त्रितयं तद्वत् त्रिभी रेफैर्विभावितम्'। (यो. हृ. २।४०)

यह वचन है। इस प्रकार से 'रसद्वय' (जल-तत्त्व) दो 'स'कारों से प्राप्य है। **'विद्यास्थैश्चन्द्रबीजैस्तु स्थूलः सूक्ष्मो रसः स्मृतः'** (यो. हृ. २।४१) यह वचन है।

चन्द्रबीज 'स'कार' है। स्थूल अर्थात् व्यापक जलगत है, सूक्ष्म व्याप्य भूमिगत है। **'पदमभ्यधिकाभावात्स्मारकान्नातिरिच्यते'** इस न्याय से पदार्थोपस्थिति स्मृतिरूप होने से 'स्मृतः' यह कहा है। यद्यपि कादि विद्या में दो ही 'स'कार हैं, तो भी 'विद्यास्थैश्चन्द्रबीजैः' इन बहुवचनों से रस की द्विविधता बताई गयी है। प्राचीन प्रयोग में **'अक्षीणि मे दर्शनीयानि'**, **'पादा मे सुकुमाराः'** इत्यादि महाभाष्य के अनुसार 'द्वित्व' संख्या ही प्रतीत होती है। इसीलिये स्थूल और सूक्ष्म पदगत प्रत्येक एकवचनों से 'द्वित्व' संख्या ही सूचित की गई है। आगे और कुछ विचार है– व्योमबीज से व्योमगुण की लक्षणा करनी चाहिये शक्यार्थ के सम्बन्ध से। चन्द्र-वाचक बीज तो चन्द्रगत अमृत का लक्षक होगा, जलगत रस का लक्षक न होगा। असंबद्ध लक्षणा में अतिप्रसङ्ग दोष होगा। यदि यह कहें कि व्योमवाचक की भी वायु आदि गत शब्द की लक्षकता है; क्योंकि उसमें आकाश के गुण की व्यापकता रहने से 'स्वशक्यसमवेतव्याप्यत्वरूप' सम्बन्ध है ही। इसीलिये **'प्रधानं तेजसो रूपं तद्बीजेन हि जन्यते'** (यो. हृ. २।४०) इस वचन से तेजोरूप की व्यापकत्वलक्षण प्रधानता शक्य सम्बन्ध के प्रदर्शन के लिये ही कही गई। वही न्याय 'ह'कार आदि में तुल्य मानने से कोई दोष नहीं होगा। उस तरह अमृतव्याप्यत्व जल रस का सम्भव नहीं है; क्योंकि वह 'तदभाववद्वृत्ति' (उससे भिन्न अधिकरण में) है। यह बात भी ठीक नहीं; क्योंकि अमृत में भी 'रस' समवेत है, यह लक्षणा से मान्य है। इसीलिये कहा भी है–

'सम्बन्धो विदितो लोके रसस्याप्यमृतस्य च'। (यो. हृ. २।४१)

अमृत और रस का आश्रयाश्रयिभाव रूप अभेद लक्षण सम्बन्ध लोक-प्रसिद्ध है, अतः लक्षणा में कोई विवाद न होगा। शक्यतावच्छेदक में भी शक्ति है, इस पक्ष में रस और अमृत का अभेद लोकसिद्ध होने से **'रसाभिन्नामृतवति'** शक्त (समर्थ) 'स'कार का रस भी शक्यतावच्छेदक कहा जायेगा।

हादि विद्या पक्ष वालों ने **'चन्द्रबीजैः'** इस बहुवचन की अपने पक्ष में अनुकूलता मानकर 'तीन सकारों से रस लक्षित होते हैं' ऐसी व्याख्या की है। यदि रस दो ही प्रकार का है, तो तृतीय 'स'कार की क्या स्थिति है ? इसके समाधान में अमृतगत भी एक 'सकार' है और ग्रन्थ उसी को लक्षित करता है, यह व्याख्या की है। यदि यह माना जाय, तो तृतीय 'रस' का आधार भू, जल के भेद से षष्ठ महाभूत भी मानना पड़ेगा, अतः **'सम्बन्धो विदितः'** इत्यादि ग्रन्थ की अवतारणा कर, जल और अमृत का सम्बन्ध तो लोक-प्रसिद्ध है, वह अमृत जलनिधि में ही उत्पन्न हुआ था। अतः उसका जल में ही अन्तर्भाव होगा, ऐसी व्याख्या करते हैं। इस व्याख्या के प्रकार में **'रसस्य'** पद की 'जलनिधि' में लक्षणा करनी पड़ेगी। पूर्वोक्त स्थूल-सूक्ष्म पदों से प्रत्येक एक-एक के निर्देश से प्राप्त 'द्वित्व' संख्या से विरोध

होगा। जल में ही अन्तर्भाव सिद्ध होने पर सारी कल्पना व्यर्थ सिद्ध होगी। इसके लिये तो 'जल' और 'अमृत' का अभेद मानकर प्रातिस्विक (प्रत्येक में) अमृत का वाचक 'स'कार अपेक्षित नहीं है, यही अर्थ करना चाहिये। इसी प्रकार 'ल'कार का गन्धबोधकत्व भी है–

'वसुन्धरागतो गन्धस्तल्लिपिर्गन्धवाचिका'। (यो. हृ. २।४२)

यह वचन है। यहाँ पर शङ्का होती है कि एक 'ल'कार से एक प्रकार के ही गन्ध का बोध होगा, शेष दो व्यर्थ हो जायेंगे। इसका समाधान यह है–तीन भुवनों के सम्बन्ध से वाच्य-वाचक भाव सम्बन्ध से 'ल'कार तीन तरह का है अथवा जन्य-जनक भाव सम्बन्ध से भी माना जाये; क्योंकि इसके लिये वचन है–

'भुवनत्रयसम्बन्धात् त्रिधात्वं तु महेश्वरि'। (यो. हृ. २।४२)

अब जो वायुजनक 'क'कार हैं, उनका अन्य भी अर्थ है। अतः **'ये ये यद्यज्जनकाः'** (श्लो. ७६) इत्यादि सामान्य नियम का बाध (अपवाद) होगा। 'क'कार का दूसरा अर्थ आगे इस प्रकार निर्दिष्ट हुआ, यह तात्पर्य है। उपासक तीन प्रकार के हैं–प्रमाता, साधक, पशु अर्थात् अधम, मध्यम और उत्तम। इन्हीं को अशुद्ध, मिश्र, शुद्ध पदों से भी कहा गया है। सकल आदि पदों से भी इनका व्यवहार होता है। क्रमशः उनका यह स्वरूप है–प्रथम में भेदैकदृष्टि वाले, शिवाहं भावना से विहीन, कर्ममात्र में रत अधम हैं। जिनका मन और कर्म परिपक्व हो चुका है–

'चितिश्चैत्यं च चैतन्यं चेतनं द्वयकर्म च।
जीवः कला शरीरं च सूक्ष्मं पुर्यष्टकं भवेत्'॥

इस श्लोकोक्त रीति से द्वितीय में सूक्ष्म पुर्यष्टक सम्बन्ध वाले कर्म और ज्ञानमार्ग में समान मध्यम हैं। तीसरे प्रकार में शिवैकदृष्टि वाले पूर्ण ज्ञानी उत्तम हैं। इन पर स्वच्छन्दतन्त्र में विस्तार से लिखा गया है। ये ही तीनों तीन 'क'कारों के वाच्यार्थ स्वरूप हैं। जैसा कि योगिनीहृदय (२।४३) में वचन है–

'अशुद्धशुद्धमिश्राणां प्रमातॄणां परं वपुः।
क्रोधीशत्रितयेनास्य विद्यास्थेन प्रकाश्यते'॥

'क्रोधीश' ककार का नाम है। पृथक् 'अ'कारों को आगे बताया जायेगा। एक-एक हलात्मक ही 'ह'कार-'क'कार आदि के यहाँ वाचक माने गये हैं। तब 'क'कार में जश्-भाव से 'ग'त्व की आपत्ति होगी, यह शङ्का व्यर्थ है; क्योंकि यहाँ पर एक हल ही पद माना गया है। अतः पदान्त संज्ञा न होगी और 'टकितौ' 'सुप्पितौ' इत्यादि के तुल्य व्यपदेशिवद्भाव अनित्य होता है।

पञ्चदशी मन्त्र में द्वितीय, तृतीय वर्णों और तीनों हृल्लेखाओं को छोड़कर दस अक्षरों में दस 'अ'कार हैं। उनका वाच्यार्थ समस्त जीव समुदाय है। यद्यपि एक

से ही अर्थ बन जाता है परन्तु जीवों की अनन्तता को सूचित करने के लिये दस अक्षरों का प्रयोग हुआ है। तृतीयकूट के आद्य अक्षर (सकार) में ध्वनिस्वरूपता है। भावार्थ प्रकरण में उसको मूलबीज का अंश कहा गया है। अतः कोई विरोध न होगा। एकादश स्वर (एकार) मूल बीज से उत्थित वृक्ष का अन्तरङ्ग प्राणस्वरूप है, वह स्वयं ही अपना वाचक है। लोकव्यवहार में भी कटे हुये वृक्ष का पुनः प्ररोहण देखने से आध्यात्मिक वायु सम्बन्ध की वृक्षादि में कल्पना की जाती है। **'अन्तःसंज्ञा भवन्त्येते सुखदुःखसमन्विताः'** यह स्मृति-वचन है। इस विषय में योगिनीहृदय (२।४४-४५) का वचन है—

'श्रीकण्ठदशकं तद्वदव्यक्तस्य हि वाचकम्।
प्राणभूतः स्थितो देवि तद्वदेकादशः स्वरः॥
एकः सन्नेव पुरुषो बहुधा जायते हि सः'।

यहाँ श्रीकण्ठ का अर्थ 'अ'कार है, 'अव्यक्त' जीव का वाचक है, एकादश 'ए'कार है, 'सन्धिरेकादशो भद्रा पद्मनाभः कुलाचलः' यह कोष है और भी—

'यदेकादशमाधारं बीजं कोणत्रयात्मकम्।
ब्रह्माण्डादिकटाहान्तं जगत्.............'॥

इत्यादि प्रयोग से यह शब्द योगरूढ है। उसका शुद्ध योग की अपेक्षा से परत्व है ही। वह प्रस्तुत प्रकरण में एक ही दृश्य होने पर भी अनेक रूपों वाला है। इसी बात को कादिमत में कहा है—

'यदेकादशमाधारं बीजं कोणत्रयात्मकम्।
ब्रह्माण्डादिकटाहान्तं जगदद्यापि दृश्यते'॥

हादि पक्ष वालों ने अपनी व्याख्या में शुद्ध यौगिक रूप मानकर एकादश पद की श्रीकण्ठपरक व्याख्या की है—**'परो द्वादशः पुरुषः परः शिवः तद्वाचकः'**। यह व्याख्या क्लिष्ट है, 'स्वर' यह विशेष्य अकार का व्यावर्तक है—यह सूचित किया गया है।

यदि श्रीकण्ठदशक (दस अकार) का एक ही श्लोक में सम्बन्धितया निर्देश किया है, अतः 'एकादश का अर्थ भी श्रीकण्ठ है' ऐसी शङ्का करें, तो वह भी ठीक न होगी। ऐसी व्याख्या का प्रयोजन नहीं है। अन्यथा ज्ञानार्णव के मन्त्रोद्धार की क्या व्यवस्था होगी ? ज्ञानार्णव का वचन है—

'आद्यं वाग्भवमुच्चार्य कामबीजं द्वितीयकम्।
कुमार्यास्तु तृतीयं तु त्रिपुरा परमेश्वरी'॥

यह त्रिपुराचक्रेश्वरी का मन्त्रोद्धार है। यहाँ यद्यपि कुमारी विद्या का सम्बन्ध द्योतित है; परन्तु 'आद्य' और 'द्वितीय' शब्दों से मातृका सम्बन्धी प्रथम और द्वितीय वर्ण ही विवक्षित हैं। दक्षिणामूर्तिसंहिता आदि ग्रन्थों में भी 'अं आं सौः' इसी प्रथम चक्रेश्वरी के मन्त्र का उद्धार किया गया है। अन्यथा बाला को ही

त्रिपुराचक्रेश्वरी कहना पड़ेगा। अतः मातृका में से एकादश का ही यहाँ पर ग्रहण समुचित है। तृतीय कूट का प्रथम वर्ण पहले ही निर्दिष्ट होने से यहाँ पुनः नहीं कहा गया–यह व्याख्या हादिपक्ष में भी सङ्गत होगी।

परन्तु साम्प्रदायिक लोगों ने वैसी व्याख्या नहीं की है, तो भी 'कौन प्राणवाचक अकार है या कौन जीववाचक है' ? यह निर्णय उनके पक्ष में भी करना कठिन होगा। इसके आगे योगिनीहृदयस्थ पद्य का आशय लाघव और स्पष्ट रूप से आचार्य ने कहा है–**बिन्दुभिस्त्रिभिः** (श्लो. ७९) इत्यादि श्लोकों से तीन बिन्दुओं से रुद्र, ईश्वर और सदाशिव सूचित हुए। शान्ति, शक्ति और शम्भु–ये तीन नादों से प्रतिपादित हुए। रुद्र तेजस्तत्त्व हैं, '**रुद्रो वा एष यदग्निः**' यह श्रुति कहती है। उससे पुरुष-नियति-काल-राग-विद्या-कला-मायातत्त्वों का सङ्ग्रह सूचित हुआ। स्वच्छन्द-संग्रह का वचन है– '**पुरुषादिकमायान्तं तेजस्तत्त्वं महेश्वरि**'।

शान्ति, प्रकृति और शुद्धविद्या अर्धचन्द्र से लेकर उन्मना तक वर्णाष्टक 'नाद' पद से कहा जाता है। इसके विषय में प्रथम अंश में विचार किया जा चुका है। इसका समास 'नादत्रितयमेव बोधनं येषां ते' इस प्रकार करना होगा। इस प्रकार सैंतीस (३७) पदों से यह महाविद्या छत्तीस (३६) तत्त्वों और एक तत्त्वातीत की अभिधायक है। इस प्रकार 'एवं पद' से पूर्वोक्त छः श्लोकों की रीति से–यह तात्पर्य है। गणना इस प्रकार होगी–व्योमबीजपञ्चक-पाँच, कामकला-चार, चन्द्रबीज–दो, रेफ-भूबीज-क्रोधीश-बिन्दु-नाद ये प्रत्येक तीन-तीन होंगे, अर्थात् पन्द्रह (१५), श्रीकण्ठदशक (१०), एकादश स्वर (११) इस प्रकार ३७ सैंतीस संख्या हुई। उनसे ही छत्तीस तत्त्व और एक तत्त्वातीत 'ब्रह्म' भी लिया गया। ये छत्तीस तत्त्व प्रसिद्ध हैं–

शिव, शक्ति, सदाशिव, ईश्वर, शुद्धविद्या, माया, कला, विद्या, राग, काल, नियति, पुरुष, प्रकृति, अंहकार, बुद्धि, मन, श्रोत्र, त्वक्, चक्षु, जिह्वा, घ्राण, वाक्, पाणि, पाद, पायु, उपस्थ, शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध, आकाश, वायु, तेज, आप तथा पृथिवी। इनका स्वरूप और उत्पत्ति-क्रम 'सौभाग्य-सुधोदय' में द्रष्टव्य है।

इनमें शिव-शक्ति-शुद्धविद्या-प्रकृति–ये तत्त्व ही बिन्दु के अर्थस्वरूप हैं। सदाशिव से लेकर पुरुष तक नव–नादार्थक हैं। शब्दादि, आकाशादि, श्रोत्रादि, वागादि प्रत्येक पाँच-पाँच 'ह'कारादि के अर्थ हैं। अहंकारादि त्रितय ककारत्रय के अथवा श्रीकण्ठों के अर्थ हैं। एकादश स्वर का तत्त्वातीत पदार्थ 'अर्थ' है। यद्यपि 'ह'कार आदि की शब्दादि अर्थ में कल्पना की तरह इन्द्रियादि में भी अर्थ हो सकता है; परन्तु उसे नहीं कहा गया है, तथापि–

"स्वरव्यञ्जनभेदेन सप्तत्रिंशत्प्रभेदिनी।
सप्तत्रिंशत्प्रभेदेन षट्त्रिंशत्तत्त्वरूपिणी॥
तत्त्वातीतस्वभावा च विद्यैषा भाव्यते मया"।

योगिनीहृदय (२।३३-३४) के इस वचन के अनुसार पूर्वोक्त अर्थों की कल्पना की गई है। यदि सैंतीस वर्णों की सैंतीस तत्त्वों में क्रम से शक्ति मानी जावे, तो 'ह'कार आदि में स्वीकृत शक्ति को छोड़कर अन्य शक्ति माननी पड़ेगी। यदि इस पर कोई कहे कि आपके पक्ष में एक ही वर्ण की अनेकार्थता मानने का दोष है, तो उसका उत्तर यह है कि एक जगह शक्ति होगी, तो अन्यत्र लक्षणा मानी जायेगी। फिर भी एक साथ दो वृत्तियों का समावेश (युगपद्वृत्तिद्वयविरोध) तो होगी ही। इस पर समाधान यह है कि पूर्वोक्त वचन के बल से ही 'सप्तत्रिंशत्व' धर्म को शक्ततावच्छेदक मानने से पूर्ववत् अदोष सिद्ध होगा।

यदि केवल 'ह'कार के व्योमवाचकत्व को लेकर विरोध की उद्भावना करें, तो वृत्तिद्वय-विरोध की आपत्ति का कोई महत्त्व नहीं है, यह कहा जायेगा। प्रमाणों से प्रमित (निश्चित) होने से आपाततः (सामान्य रीति से) अनेकार्थता भी 'हरि' आदि पदों की तरह दोषावह न होगी। निश्चित शक्ति का परित्याग तो प्रामाणिक नहीं होता। अब एक और शङ्का हो रही है–

ग्रन्थ भाग के प्रथम अंश में विद्या में अष्टपञ्चाशत् (५८) वर्ण बताये गये थे और यहाँ पर गणना सप्तत्रिंशत् (३७) की गई है। इसका उत्तर यह होगा कि यह संख्या वर्णगत है, ऐसी कण्ठरव से नहीं कही गई, जो शङ्का का कारण बने ?

श्रूयमाण संख्यामात्र तो पदनिष्ठ मानने से भी उपपन्न हो सकेगी। 'अर्धचन्द्र' आदि आठ वर्णों को एक पद भी माना जा सकता है, चार अवयवों वाली 'कामकला' की तरह अष्टावयव नाद को भी एक पद मानने में बाधा नहीं है। इसीलिये त्रिपुरा-मन्त्र में समूह के मूलकारणीभूत (मेरुमन्त्र) महामेरु में अर्धचन्द्र आदि आठों को 'अर्धचन्द्रत्व' रूप एकवर्णात्मक ही माना है–'**नवाक्षरो महामेरुरयं ब्रह्माण्डगोलकः**' (ज्ञाना. त. १२।१) इत्यादि तन्त्रों में उल्लिखित है। वस्तुतः विचार करने पर 'अर्धचन्द्र' आदि का स्थान, स्वरूप आदि में भेद होने से 'एकवर्णता' माननी उचित नहीं है। 'कामकला' के अवयवों में यह बात नही है। इसीलिये मूलग्रन्थ में 'पदैः' यह कहा गया है। '**शक्तं पदं**' इस लक्षणानुसार '**पदैः शक्तैः**' ऐसा अर्थ होगा।

यदि '**सुप्तिङन्तं पदम्**' इस पाणिनि सूत्र से और '**ते विभक्त्यन्ताः पदम्**' इस न्यायसूत्र से और '**शक्तं पदं**' इस आधुनिक कल्पित परिभाषा से आपके तन्त्रोक्त पदों का स्वरूप भिन्न है। अतः 'पद' संज्ञा कैसे होगी? शङ्का ठीक है; परन्तु अर्थवत्ता के कारण प्रत्येक अक्षरों में प्रातिपदिक संज्ञा से 'सुप्' की उत्पत्ति होगी। कहीं पर व्यत्यय आदि से, कहीं पर शाकल्य के मत से, कहीं पर 'सुपां सुलुक्' से भी लोप का स्वीकार होगा। इस प्रकार से 'क'कार आदि में 'जश्त्व' की आपत्ति न होगी। 'किति', 'पिति' इत्यादि ज्ञापकों से एकाक्षर पद में उसकी अनित्यता सूचित की गई

है। पूर्वोक्त मूल ग्रन्थ में **'स्वरव्यञ्जनभेदेन'** यह पद है। स्वर और व्यञ्जनों की अभेद विवक्षा नहीं है, इसीलिये 'भेदेन' यह कहा है। अभेद विवक्षित हो तो उन दोनों का अङ्गाङ्गिभाव सिद्ध होगा, जैसे–व्यञ्जन तो स्वरों के अङ्ग हैं। उनमें 'क'कार, 'स'कार, 'ह'कार, 'ल'कार दस हैं, जो अपने पूर्ववर्ती अव्यवहित क्षणों मे उच्चार्यमाण 'श्रीकण्ठों' के अङ्ग हैं। हृल्लेखा के आदि 'ह'कार तो अपने पूर्व में उच्चार्यमाण 'ल'कारीय 'श्रीकण्ठों' के अङ्ग हैं, यह बात 'संयोगादि' (प्रा. २१।४) इस सूत्र से मालूम होती है। तो भी **'नान्तस्थापरमसवर्णम्'** (प्रा. २१।७) इस सूत्र से दूसरे के अङ्ग हैं, यह कहना पड़ेगा। 'रेफ' तो सबिन्दुक कामकलाओं के और अनुस्वार भी उन्हीं के अङ्ग हैं, यह वस्तुस्थिति है। यह सभी विषय यजुर्वेद के प्रातिशाख्य-सूत्रों और उनके त्रिभाष्यरत्न आदि व्याख्यानों से स्पष्टतर प्रतिपादित हैं।

प्रस्तुत प्रसङ्ग में यह बात ध्यान देने की है–बिन्दु तो स्वोत्तरोच्चार्यमाण (अपने उच्चारण के बाद उच्चार्यमाण) 'नाद' नामक स्वर के ही अङ्ग हैं, कामकलाओं के अङ्ग नहीं हैं। 'तत्परस्वरम्' इस प्रातिशाख्यसूत्र (२१।२) की यहाँ प्रवृत्ति नहीं होगी। स्वर का पूर्ववर्ती अनुस्वार, जिसका उच्चारण नहीं किया जाता, वही अपने पूर्व स्वर का अङ्ग बनता है, यह बात **'अनुस्वारः'** (तै. २१।६) इस सूत्र का विषय है। लोक या वेद में कहीं भी संहिता में अनुस्वार के बाद स्वर का उच्चारण नहीं होता है। 'म'कार और 'न'कार की विद्यमानता में 'हलि', 'झलि' में और पर में अनुस्वार की विधि है। **'मोऽनुस्वारः'** (८।३।२३) **'नश्चापदान्तस्य झलि'** (८।३।२४) इन पाणिनि-सूत्रों में निर्देश है। उसके **'ययि परे'** परसवर्ण की वर्णान्तरता की आपत्ति के कारण 'श ष स ह' रूप राहुकूट में 'हंसः' इत्यादि स्थल में स्वरूप-लाभ होता है, इस आशय से वेदमात्र में अधिकार से प्रवृत्त होने वाले प्रातिशाख्य मुनि ने अनुस्वार मात्र की पूर्वाङ्गता **'अनुस्वारः'** (तै. २१।६) इस सूत्र से मानी है। उसके भी **'व्यञ्जनमपराङ्गं विरामे लुप्यते'** इत्यादि सामवेद के फुल्लसूत्र आदि में निर्दिष्ट साम विशेष के प्रयोजनों का यहाँ अनावश्यक विवेचन नहीं किया है।

प्रस्तुत विषय में प्रथम-द्वितीय कूटस्थ दो अनुस्वारों की स्थिति 'ह'कार-'स'कार पूर्ववर्ती होने से परसवर्णादिक के वर्णान्तर भाव के अभाव से पूर्वाङ्गता की आपत्ति होगी, यह भी कहना कठिन होगा; क्योंकि कूटों के पृथक् उच्चारण में स्वरपरत्व होने से सम्मिलित उच्चारण में तो 'बिन्दु' आदि नव अवयवों का उत्तरकूट में प्रवेश मानने से 'ह'कारादि पूर्वता नहीं मानी जा सकती। वस्तुतः 'हल्त्व' ही व्यञ्जनत्व है, नहीं तो **'हलोऽनन्तराः संयोगः'** (१।१।७) इस सूत्र के द्वारा उक्त संयोग संज्ञा 'हंसः' के 'स'कार में भी होगी और उसके विना हकारस्थ 'अ'कार में **'संयोगे गुरु'** (१।४।११) इस सूत्र से गुरु संज्ञा सिद्ध न होगी और वह संज्ञा अपेक्षित है।

यह विषय छन्दःशास्त्र के 'प्रादिपरः' इस पिङ्गलसूत्र के 'छन्दोभास्कर' भाष्य में श्रीभास्करराय जी ने विचार किया है और भी 'संयोगादि' (प्रा. २१।४) इस प्रतिशाख्य सूत्र से संयुक्ताक्षर के प्रथम व्यञ्जन की पूर्वाङ्गता मानकर (समाधान कर) 'अनुस्वारः' (प्रा. २१।६) इसका पृथक् योग व्यर्थ माना गया है। न तो अवसान में या पर स्वर में, लोक या वेद में अनुस्वार कहीं नहीं माना गया है, जिससे उसकी सार्थकता मानी जावे। इसलिये पृथक् सूत्र के निर्माण का विषय श्रीविद्यागत अनुस्वार ही है, यह अवश्य कहना पड़ेगा। अतः कामकलाओं के ही 'बिन्दु' अङ्ग हैं। नाद तो द्वितीय-तृतीय स्वर की तरह व्यञ्जन का अङ्ग न होकर 'स्वर' मात्र होगा। यह अङ्गाङ्गि भाव **'चतुर्विंशत्यक्षरा गायत्री'** (छान्दो॰ ३।१६।१) इत्यादि वेद में, लौकिक छन्दों में और प्रस्तुत विषय में 'पञ्चदशत्व' या 'षोडशत्व' आदि की उपपत्ति के लिये उपयुक्त है। अङ्ग और अङ्गी की अभेद की विवक्षा से उनसे अभिन्न प्रधान अक्षरों की गणना से ही संख्या की पूर्ति आवश्यक है, यह वस्तुस्थिति है। इसका अपवाद दिखाने के लिये ही **'स्वरव्यञ्जनभेदेन'** यह कहा है। यहाँ पर अङ्ग और अङ्गी का भेद ही करना है, अभेद विवक्षित नही है।

'हादि विद्या' में तो द्वितीय और तृतीय अक्षरों में व्यञ्जन होने से साठ अक्षर हैं। 'अर्धचन्द्र' आदि की एकवर्णता मानने पर भी उनतालीस (३९) संख्या होगी। 'बिन्दुओं' को भी 'नादों' में मिलाने से 'एकवर्णता' मानने पर छत्तीस (३६) संख्या होगी। चालीस वर्ण ही उसमें 'शक्त' होंगे। व्योमबीज छः, तीन माया, एक कारण बिन्दु, रेफ-चन्द्रबीज-भूबीज-क्रोधीश-बिन्दु और नादों की तीन-तीन संख्या, बारह श्रीकण्ठ, इस प्रकार अर्थ लगाने से किसी प्रकार भी सप्तत्रिंशत् (३७) संख्या नहीं बनती।

यद्यपि उस सम्प्रदाय (हादि विद्या) के व्याख्याकारों ने स्वर पन्द्रह, व्यञ्जन अठारह, बिन्दु तीन, सर्व वर्णों की समष्टि एक, इस प्रकार की गणना से सैंतीस संख्या का उपपादन किया है, जैसा कि 'कामकलाविलास' (श्लो. १८) में निर्दिष्ट है–

अज्व्यञ्जनर्बिन्दुत्रयसमष्टिभेदैर्विभाविताकारा ।
षट्त्रिंशत्तत्त्वात्मा तत्त्वातीता च केवला विद्या ॥

इस पर भी यह चिन्तनीय है कि संख्या की गणना स्वभावतः पृथक् स्वरूप से होती है। अतः 'व्यष्टि' रूप से गणित वस्तु की पुनर्गणना गौण होगी और पञ्चदशी में षोडशीत्व का विधान होगा, और भी विचारणीय है कि अङ्गाङ्गियों का अभेद लोक से सिद्ध है, उसको हटाने के लिये 'भेदेन' शब्द से (कण्ठरव से) कहा गया है। इसलिये लोक में सिद्ध भेद वाले पञ्चदश (१५) वर्णों की अभेद-गणना कैसे मान्य होगी ? यह विचारणीय है।

यद्यपि भेद शब्द के अर्थ के प्रसङ्ग में **'सम्भेदः सिन्धुसङ्गमः'** इत्यादि स्थल में सङ्गम के अर्थ में प्रसिद्ध होने से यहाँ पर सभी स्वरों और व्यञ्जनों के भेद से अर्थात् मिलाने से यह अर्थ भी किया जा सकता है, तो भी भेद पद की शक्ति का अनुपयोग और 'सम्' उपसर्ग से रहित पद कीं उस अर्थ में वाचकता न होना इत्यादि दोष आ जायेंगे, और भी विचारणीय है, जैसे–**'व्याप्ता पञ्चदशार्णैः सा'** इन शब्दों से सामान्य रूप से पञ्चदश संख्या के अक्षर बताकर इसकी उपपत्ति के लिये अग्रिम ग्रन्थ में **'पञ्चभिश्च तथा षड्भिः'** इस प्रकार विशेष रूप से कहना और भी **'स्वरव्यञ्जनभेदेन सप्तत्रिंशत्प्रभेदिनी'** (यो. हृ. २।३३) इत्यादि के द्वारा सामान्य रूप से सप्तत्रिंशत् (३७) संख्या मानकर आगे के ग्रन्थ में **'व्योमबीजैस्तु विद्यास्थैः'** (यो. हृ. २।३३) इत्यादि और **'नादत्रितयबोधना'** (यो. हृ. २।४६) इत्यादि से भी उपपादन करना तो ठीक है; परन्तु इस सभी प्रक्रिया में चालीस अक्षरों का उपपादन करने से उपक्रम-उपसंहार का विरोध तो अवश्य होगा और भी–

"बिन्दुभिस्त्रिभिरुच्यन्ते रुद्रेश्वरसदाशिवाः।
शान्तिः शक्तिश्च शम्भुश्च नादत्रितयबोधनाः" ॥ (श्लो० ७९)

इस एक ही श्लोक में बिन्दुत्रय और नादत्रय के अर्थ के वर्णन से बिन्दुत्रय का सप्तत्रिंशत् (३७) की संख्या के लिये उल्लेख करना और नादत्रय को छोड़ देना, यह तो स्पष्ट ही पक्षपात मालूम होता है। इससे कादिविद्या के विषय में सैंतीस संख्या सिद्ध करने के लिये द्वितीय और तृतीय अक्षरों को सन्ध्यक्षर मानकर प्रत्येक 'द्वयात्मक' (दो संख्या वाला) मानना यह प्राचीनों का गणना क्लेश व्यर्थ है; क्योंकि हृल्लेखाओं में भी वही आपत्ति उपस्थित होगी और बाधा होगी। अतः 'नादत्रितय' के मिलाने से ही सप्तत्रिंशत् संख्या उपपन्न होगी। इस बात को 'योगिनीहृदय' (२।५३) में स्पष्ट कहा है–**'हृल्लेखात्रयसंभूतैस्तिथिसंख्यैस्तथाक्षरैः'**। इस प्रकार अनेक बार प्रत्येक हृल्लेखा में पाँच अक्षरों की गणना निर्दिष्ट है। इस प्रकार 'योगिनीहृदय' में सम्पूर्ण सम्प्रदायार्थ का प्रकरण 'कादिविद्या' में ही वस्तुतः समन्वित होता है। इस विषय का निम्नाङ्कित सारांश है–

तत्तद् विभिन्न अक्षरों से वाच्य और लक्ष्य पदार्थों को उद्देश्य कर एकादश स्वर से तत्त्वातीत ब्रह्म से अभेद सिद्ध किया गया है। इस प्रकार से विद्या के अक्षर समूहों से वाच्य पदार्थ समुदायात्मक होने से **'विश्वं विद्याऽभिन्नम्'** (यह विश्व विद्या से अभिन्न है) इसका विधान प्रतीत होता है। भावार्थ के बोध का प्रकार निम्नांकित रीति से शास्त्रीय शैली में कहा जायेगा–शिवशक्तिजन्यत्वज्ञापक-शिवशक्त्यभेदविधेयक-विद्याजगदुभयोद्देश्यक एक बोध होगा। दूसरा इस प्रकार है–विश्वजनकजन्यत्वज्ञापक-विश्वाभेदविधेयक- विद्योद्देशक बोध होगा; परन्तु यहाँ अर्थात् सम्प्रदायार्थ प्रकरण में दो प्रकार के बोध होंगे, जैसे–'विद्योद्देश्यक-

विश्वान्तर्गत-यावत्पदार्थप्रातिस्विकवाचकाक्षरैकघटितत्वज्ञाप्यकविश्वाभेदविधेयक'–एक और 'विश्वोद्देश्यक-विद्याभेदविधेयक'–दूसरा बोध है। यहाँ पहली बोधशैली से भेद है। यहाँ पर आचार्य ने न्यायशास्त्रीय शैली से उद्देश्य-विधेय भाव की कल्पना कर विद्या, विश्व, वाचक, शब्द और जगत् के सम्बन्ध प्रदर्शित किये हैं। अर्थ करने की शैली में भेद के कारण ही बोध में भी भेद होता है। इसी बात को और स्पष्ट और संक्षिप्त रीति से अग्रिम कारिका के द्वारा भी स्पष्ट किया है।

इस सम्प्रदायार्थ में जन्य और जनक का भेद न होने से और वाच्य और वाचक का भी वैसे ही भेद न मानने से, ब्रह्म में जगत् का और जगत् में विद्या का अभेद-ज्ञान ही सम्प्रदायार्थ समझना चाहिये। यह ज्ञान सम्यक् गुरु-शिष्य परम्परा-क्रम से आई हुई मर्यादा के अनुसार दिया जाता है, अतः 'सम्प्रदायार्थ' यह संज्ञा सार्थक है।

अब आगे निगर्भार्थ का वर्णन किया जा रहा है–

विद्या के तीन कूटों में क्रमशः उपदिष्ट भावनाओं का उपपादन है। परमशिव (कामकला स्वरूप के निर्णय-प्रसङ्ग में कथित ब्रह्म) में निष्कलता अर्थात् तद्भिन्न पदार्थ का अभाव; क्योंकि तद्भिन्न सभी दुःखजनक है, **'द्वितीयाद्वै भयं भवति'** यह श्रुति भी कहती है। यह प्रथम कूट का अर्थ हुआ। उस ब्रह्म से अपने देशिकेन्द्र (गुरु) का अभेद, उनकी ब्रह्माभेद भावना दृढ़ होने से ब्रह्माभेद सिद्ध ही है, यह द्वितीय कूट का अर्थ हुआ।

उस गुरु की करुणा से शिष्य के द्वारा की गई अव्यभिचरित (सर्वथा एकनिष्ठ) भक्ति के साथ दृढ़तर सेवा से सम्पादित प्रसाद से जन्य गुरु के करुणा-कटाक्ष के निरीक्षण के बल से (इसे दृग्दीक्षा भी कहते हैं) अपने में (शिष्य में) भी ब्रह्म का अभेद हो जायेगा, यह तृतीय कूट का अर्थ होगा।

शिष्य का गुरु के द्वारा शिव के गर्भ में प्रवेश सम्पादन करने से इस ज्ञान का शिव, गुरु और शिष्य (आत्मा) का ऐक्य (ज्ञान) ही विषय है, अतः यह निगर्भार्थ कहा गया है।

अब इसके आगे 'कौलिकार्थ' का निरूपण करने के लिये प्रकरण प्रारम्भ किया गया है। संक्षेप में परदेवता का, विद्या का, चक्रराज का, श्रीगुरु का और अपना (साधक का) एकीभाव करना ही कौलिकार्थ समझना चाहिये। ये सभी ब्रह्म से अभिन्न होने के कारण सजातीय हैं। सजातीयों का समुदाय ही 'कुल' पद से वाच्य होता है–'सजातीयैः कूलं यूथम्' यह अमरकोष है। पूर्वोक्त पाँच वस्तुओं का अभेद समान धर्मवत्ता के कारण करना है। वह समान धर्म तन्त्रराजोक्त स्तोत्र में उक्त है।–

"गणेशग्रहनक्षत्रयोगिनीराशिरूपिणीम् ।
देवीं मन्त्रमयीं नौमि मातृकां पीठरूपिणीम्" ॥

इस श्लोक के आधार से 'गणेशादि षट्कात्मकत्व' रूप हैं। अतः परदेवता में पहले गणेशात्मकता का प्रतिपादन किया जा रहा है–'**न तत्र सूर्यो भाति**' इत्यादि श्रुतियों के अनुसार प्रतिपादित निरवधिक तेजोमय ब्रह्म की किरणें ही आवरण-देवताएँ है। उनकी संख्या एक सौ ग्यारह है। तन्त्रभेद से संख्या में ही और भी भेद हैं। उस प्रकार के सभी देवतागणों के 'ईशी', 'ईश्वरी' होने से परदेवता 'गणेशी' कही जाती है।

इच्छा, ज्ञान और क्रिया इन तीन शक्तियों को समष्टिरूप माना गया है, जो सङ्केतपद्धति में स्पष्ट है–

इच्छा शिरः प्रदेशेऽथ ज्ञाना च तदधोगता।
क्रिया पदगता ह्यस्याः .... ॥

गुणों से विशिष्ट शबल ब्रह्म के अवयव रूप ही 'गुण' कहे जाते हैं। आदित्यादि ग्रह नव संख्यावाले हैं। अतः इस स्थिति में 'नवसंख्याक-अवयव-शालित्व' ही ग्रहत्व विवक्षित है। यही प्रकार नक्षत्रादि में भी लागू होगा। इस प्रकार से इच्छादि तीन शक्तियों की समष्टि रूप गुणत्रय से युक्त अग्नि-चन्द्र-रवि रूप तीन नेत्रों वाली माता नव संख्या के योग से 'ग्रहरूपा' कही गई।

अब नक्षत्रात्मकता का विवरण प्रस्तुत है–

इन्द्रियों के दशक (१०) से, अन्तःकरण चतुष्टय (४) से, विषयों के दशक (१०) से, प्रकृति, पुरुष और गुणतत्त्वों (३) से माता सत्ताईस संख्या के कारण **नक्षत्र-रूपिणी सिद्ध होती है** ज्ञानेन्द्रिय श्रोत्रादि पाँच हैं, कर्मेन्द्रिय वाक् आदि पाँच हैं, इस तरह दस इन्द्रिय हुए। मन, बुद्धि, अहङ्कार, चित्त यह अन्तःकरण चतुष्टय हुआ। शब्द-आदि और वचन-आदि विषय दस हुए। गुणत्रय की साम्यावस्था प्रकृति है, पुरुष और सत्त्वादिगुणत्रय समष्टिरूप सुख-दुःख-मोह का मूलभूत गुणतत्त्व है। इस प्रकार २७ संख्या से नक्षत्रात्मकता सिद्ध हुई।

अब योगिनीरूपता के लिये विषय की अवतारणा की गई है–'**नरपतिरविकाष्ठा**' (श्लो. ८६) आदि सें नरपति षोडश (१६) हैं। सूर्य द्वादश (१२) हैं। काष्ठा (दिशाएँ) दश (१०) हैं। ऊर्ध्व और अधः ये दोनों दिशाएँ भी आठ के साथ आ जाती हैं। समुद्र चार (४) हैं। '**पयोधरीभूतचतुःसमुद्राम्**' (कालिदास) इत्यादि प्रयोग से समुद्र-संख्या सिद्ध है। पूर्वोक्त षोडश आदि संख्याओं का क्रमशः 'अ'कारादि अक्षरों से सम्बन्ध है। 'अ'कार आदि षोडश स्वर 'अमृता' आदि देवताओं के उपलक्षक हैं। 'क' से लेकर 'ठ' तक बारह वर्ण 'कालरात्रि' इत्यादि के उपलक्षक हैं। 'ड' से 'फ' तक दस वर्ण 'डामरी' आदि के उपलक्षक हैं। 'ब' से 'ल' तक छह वर्ण 'बन्धिनी' आदि के उपलक्षक हैं। 'व' से 'स' तक चार वर्ण 'वरदा' आदि के उपलक्षक हैं। 'ह' और 'क्ष' हंसवती और क्षमावती के उपलक्षक हैं। 'डरलकसह' इत्यादि

पङ्क्ति का अर्थ है–'ड'कार आदि छः वर्ण जिनके आदि में हैं, वे 'डाकिनी' आदि योगिनियाँ है।

अतः 'अमृता' आदि से आवृत 'डाकिनी', कालरात्रि आदि से आवृत 'राकिनी', इस प्रकार से छः योगिनियों का स्वरूप बतलाया गया है। ये क्रमशः त्वक्, असृक्, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा की अधिपति हैं और विशुद्धि, अनाहत, मणिपूर, स्वाधिष्ठान, मूलाधार और आज्ञाचक्र में अपनी आवरण-देवताओं के समान संख्यावाले दलों से युक्त कमलों में अधिष्ठित हैं। कमलों के बीच कर्णिका में इनका स्थान है। इनके नाम क्रमशः डाकिनी, राकिनी, लाकिनी, काकिनी, साकिनी और हाकिनी हैं। ये सभी 'योगिनी' पद से वाच्य हैं। यद्यपि 'त्वगसृङ्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः' इस तरह वैद्यों ने सप्त धातुओं का विवरण दिया है और उनकी अधिपति भी 'याकिनी' नाम से सहस्रार पद्म में 'अमृता' आदि सम्पूर्ण शक्तियों से अधिष्ठित कमलदल में तन्त्रों में उपवर्णित प्रसिद्ध है। षोढान्यास प्रकरण में भी उसका न्यास सूचित किया है, तो भी योगिनीहृदय में छः योगिनियों के न्यास का ही विधान होने से 'अमृता' आदि तत्तद् दल में वर्णित देवताओं के अतिरिक्त आवरण-शक्तियों को न दिखाने के कारण और पूर्वोक्त 'षट्क' समुदाय के अतिरिक्त उल्लेख न रहने से छः ही योगिनियाँ मानी गई हैं, जैसा कि योगिनीहृदय (३।३३-३४) का वचन है–

विशुद्धौ हृदये नाभौ स्वाधिष्ठाने च मूलके।
आज्ञायां धातुनाथाश्च न्यस्तव्या डादिदेवताः।
अमृतादियुताः सम्यग्ध्यातव्याश्च सुरेश्वरि।

नाग, कूर्म, कृकर, देवदत्त, धनञ्जय ये पाँच और प्राण, अपान, व्यान, उदान और समान ये पाँच और जीवात्मा, परमात्मा इन द्वादश वस्तुओं के योग से बारह मेषादि राशिरूपिणी माता मानी गई। पीठ एकपञ्चाशत् (५१) हैं, उनकी और गणेशों की संख्या समान होने के पृथक् गणना नहीं की गई है।

अब गणेशों के विषय में निरूपण हैं–मूल विद्या में अकारादि षोडश स्वरात्मक तृतीय कूट है, कादि-तान्त अक्षर समुदायात्मक द्वितीय कूट है, थकारादि-सकारान्त अक्षरात्मक प्रथम कूट है। 'परा' आदि वाक्चतुष्टय (परा, पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी) व्यष्टि और समष्टि के भेद से दो प्रकार का है। अतः इन समस्त शब्द गण की 'ईशी' अर्थात् अधिष्ठात्री होने से श्रीविद्या गणेश रूप भी है।

अब 'ग्रह' और 'नक्षत्रों' के तादात्म्य पर विचार किया जा रहा है–

बिन्दु और नाद से रहित कूट एक, बिन्दु एक, नाद एक, इस तरह प्रत्येक कूट में तीन-तीन स्वरूप जानना चाहिये। जैसा कि वचन है–**'बीजबिन्दुध्वनीनां च त्रिकूटेषु ग्रहात्मिका'** (यो. हृ. २।६४)। बिन्दु भी ध्वनि भी इस

द्वन्द्व समास के बाद 'बीजानां बिन्दुध्वनयः' यह तत्पुरुष समास है। इससे बीज-बिन्दु-ध्वनि पदों से षट् (६) संख्या गणित हुई। इन छहों के तीन कूटों में अर्थात् तदतिरिक्त स्वरूप में मेलन से यह अर्थ होगा, या षष्ठी विभक्ति से 'सम्बन्धित्व' अर्थ लिया जायेगा। इन छहों के मिलाने से (कूटों के सम्बन्ध से) विद्या ग्रहात्मिका होगी। अन्य व्याख्याकार कहते हैं–

बीज पद से 'ह'कार, 'रेफ', 'ई'कार का समूहमात्र है। वे ही **'बिन्दवश्च ध्वनयश्च'** इत्यादि से त्रिपद द्वन्द्व समास से सूचित हैं और बीज मात्र से अवयवों का विश्लेष मानकर 'ग्रहत्व' सिद्ध होता है। इस व्याख्या में इतरांश व्यर्थ हो जायेगा। सम्पूर्ण विद्या का ही गणेश-नक्षत्रादि रूप माना गया है। अतः प्रस्तुत प्रकरण में विद्या के एक देश में ही ग्रहत्व की उपपत्ति मानना और कहीं एकदेश में, कहीं सम्पूर्ण में, इस तरह व्याख्या में असङ्गति आयेगी। 'योगिनी' आदि में एकदेशता की आपत्ति नहीं आती है यह आगे स्पष्ट होगा। और भी 'बिन्दु' रहित तो बीज होता ही नहीं। अतः 'बीज' पद से परामर्श करना ठीक नहीं है। यदि ऐसा न होता तो मातृकान्यास के प्रकरण में **'शुद्धं बिन्दुयुतम्'** इत्यादि दशविध न्यासों के अन्तर्गत शुद्ध मातृका के प्रकरण में बिन्दुरहित अवस्था में केवल अक्षरों का बीजत्व न होगा। 'बिन्दुयुत' न्यास से पौनरुक्त्य होने पर भी शुद्ध न्यास भी बिन्दु सहित ही करना चाहिये–यह साम्प्रदायिक विद्वानों की उक्ति है, उसकी सङ्गति कैसे लगेगी ?

सम्प्रदायार्थ प्रकरण में सैंतीस (३७) वर्ण कहे गये हैं। उनमें दस श्रीकण्ठों की अपने-अपने व्यञ्जनों के साथ गणना करने पर दश संख्या बाधित होकर सप्तविंशति (२७) होती है, उससे नक्षत्ररूपता सिद्ध होगी। योगिनीहृदय (२।५३) का वचन भी है–

'हृल्लेखात्रयसम्भूतैस्तिथिसंख्यैस्तथाक्षरैः।
अन्यैर्द्वादशभिर्वर्णैरेषा नक्षत्ररूपिणी'॥

पुनः गणना को स्पष्ट करते हुए शास्त्र-वचनों की सङ्गति की जा रही है–हृल्लेखात्रय तथा तद्रहित कूटत्रय इन छः वस्तुओं के योग से यह विद्या योगिनी-रूपा है। तीन हृल्लेखाओं की पूर्व वर्ण 'ल'कारों के साथ गणना करने से द्वादश संख्या (१२) के अवयव बनते हैं, उससे विद्या राशिरूपा भी हुई। योगिनीहृदय (२।६६) का वचन है–

'विद्यान्तर्भूतशक्त्याद्यैः शाक्तैः षड्भिरथाक्षरैः।
योगिनीत्वं च विद्याया राशित्वं चान्त्यवर्जितैः'॥

इसका अर्थ हुआ–विद्या के अन्तर्गत जो शक्ति के आदि भाग चार, पाँच, तीन अक्षरों वाले तीन हैं, उन्हें ही **'शाक्तैः शक्तिभिः'** कहा है। स्वार्थ में तद्धित प्रत्यय है अथवा साहित्य रूप सम्बन्ध के अर्थ में माना जाय– तीन शक्तियों सहित अर्थात्

षट् संख्या के रूप में बनने वाले । इस पर अन्य टीकाकार लिखते हैं—'शाक्त' पद से तीन 'ल'कार लिये गये, उन्हीं का **शक्त्याद्यैः** इत्यादि विशेषण है । इससे शक्ति-साहित्य का द्योतन होता है । उससे षट् संख्या की पूर्ति होगी— **'त्रिभिर्लकारैः तिसृभिर्लज्जाभिः'** इत्यादि ।

उनके मत में विद्या का एकदेश ही योगिनी रूप होगा, मूल-ग्रन्थ में **'योगिनीत्वं च विद्यायाः'** इस उक्ति का स्वारस्य भङ्ग होगा और विद्या के एकदेश में 'विद्या' पद की लक्षणा करनी पड़ेगी । यहाँ एक बात विचारणीय है—**शक्त्याद्याः** कहने से तीन 'ल'कार शाक्त हुए और 'स'कार भी तीन हुए, यह भी स्पष्ट है । 'हादिविद्या' के पक्ष में इसका स्वारस्य होने पर 'शक्त' पद की 'ल'कार के अर्थ में उन पक्ष वालों ने क्यों व्याख्या की ?

'अन्त्यवर्जितैः' इस पद के अर्थ में अन्त्यों (माया पदों) की पृथक् गणना नहीं करनी चाहिये—यह अर्थ है, अर्थात् सन्निहित 'ल'कारों के मेलन के विषय में यह सूचना है । जो पूर्वोक्त अपना व्याख्यान मानते हैं, उनके पक्ष में **'विद्यायाः'** इस सम्पूर्ण विद्यावाचक पद का स्वारस्य नष्ट होगा अथवा सपादनक्षत्रद्वयात्मकता (ढाई नक्षत्रों की स्थिति) राशियों की लेकर नक्षत्रात्मकता मानने से पूर्ण विद्या का राशित्व सिद्ध हो जायेगा । एकदेश में भी वह है, यह सूचित करने के लिये ही **'अन्त्यवर्जितैः'** पद का प्रयोग किया गया है ।

इस प्रकार गणेशादिषट्कत्व (छहों का समुदाय) का विद्या में देवी का अभेद-साधकत्व सिद्ध है, तो भी विद्या में 'देवी' रूप से अन्य रूप की भी अभेद-सिद्धि राम-कृष्णादिवत् अभेद मानने से भी 'षट्कत्व' सिद्ध करते हैं—'देवी' का अन्य स्वतन्त्र रूप होने के कारण और विद्या के साथ उसका अभेद होने से देवी भी गणेश-ग्रह-नक्षत्र-योगिनी-राशि-पीठरूपिणी सिद्ध हुई । यहाँ **'तदभिन्नस्य तदभिन्नाभिन्नत्वम्'** इस शास्त्रीय न्याय के अनुसार अभेद सिद्ध हुआ ।

अब 'चक्रराज' में गणेश आदि के समन्वय पर विवेचन होगा—

चक्र के चतुरस्र की रेखाएँ तीन-तीन वृत्त (वर्तुल), दल चतुर्विंशति (२४), कोण पैंतालीस (४५), इनसे गणेशों का अभेद होगा । त्रैलोक्यमोहन से सर्वानन्दमय चक्र तक नव आवरणों से **ग्रहों** का अभेद माना जायेगा । जिनके मत में मध्य त्रिकोण की तीन रेखाओं के 'अकथ' वर्णों की गणना से गणेशत्व माना गया है, उनके मत में चक्र के एकदेश में ही अभेद होगा, न कि सम्पूर्ण चक्र में । अब दो पद्मदलों के दो वृत्त तथा एक बहिर्वृत्त इस तरह तीन और तीन भूगृह की रेखाएँ, मन्वस्र के चौदह कोण और अवशिष्ट सात चक्रों की संख्या से चक्रराज की नक्षत्ररूपता सिद्ध होगी । कुछ लोग वृत्तत्रय-मन्वस्र-बहिर्दशारों से यह गणना करते हैं ।

बिन्दु, त्रिकोण, वसुकोण यह संहारचक्र है। दो दशार, एक चतुर्दशार यह स्थितिचक्र है और शेष भाग सृष्टिचक्र है, यह बात चक्रसङ्केत में स्पष्ट कही गई है। पद्म दो प्रकार के अष्टदल एवं षोडशदल हैं। वृत्त-एक, भूगृह-एक मानने पर छः संख्या का योग बनने से श्रीचक्र की योगिनीरूपता सिद्ध होगी। अष्टकोणों से ब्राह्मी आदि योगिनी की कल्पना करना तो सर्वथा अज्ञान है। स्वाभिमुख अग्रभाग वाले त्रिकोण 'शक्ति' कहे जाते हैं—वे पाँच हैं। पराङ्मुख अग्र वाले 'अनल' कहे जाते हैं—वे चार हैं। कहा भी है—'**पञ्चशक्तिचतुर्वह्निसंयोगाच्चक्रसम्भवः**'। (यो. हृ. १।७४)

वृत्त मे दो पद्मवलय गर्भित हैं तथा भूगृह और बिन्दु मिलाकर १२ संख्या होने से चक्रराज की राशिरूपता सिद्ध होती है। जो व्याख्याकार नव त्रिकोण, दो पद्म, एक भूगृह जोड़ते हैं, उनका 'बिन्दु' का छोड़ना अनुचित है। चक्र की उत्पत्ति विद्या के अक्षरों से मानने से भी अभेद सिद्ध होने के कारण षड्रूपता (गणेशग्रहनक्षत्रादि) दृढ़ होती है। यद्यपि मूल तन्त्र में चक्र में विद्या का अभेद उसके (विद्या के) अक्षरों से उत्पत्ति के कारण ही है, षड्रूपता अलग नहीं कही हैं, तो भी—'**एवं विश्वप्रथाकारा चक्ररूपा महेश्वरी**' (यो. हृ. २।६७) इत्यादि वचनों से षड्रूपता सिद्ध है—यह साम्प्रदायिक व्याख्या है। इनमें गणेश आदि पाँचों के मेलन से पचपन (५५) संख्या बनती है। 'गणेश' को एकविध ही माना है। रेखा, दल और कोणों में पचहत्तर संख्या रहने पर भी '**एको गणेशः**' यही व्यवहार किया गया है।

पीठ यद्यपि कामरूप से लेकर छायाछत्र तक एकपञ्चाशत् (५१) हैं, तो भी उनमें प्रधानों की गणना करते समय 'ओजापूकानाम्' (ओड्याण, जालन्धर, पूर्णगिरि, कामरूप) इस तरह से पचपन (५५) हैं। इस तरह इन पाँचों के समष्टि रूप से गणना के कारण 'पीठत्व' सिद्ध होगा। इस अभिप्राय से तन्त्रों में पुनः पीठरूपता नहीं कही गई, यह बात आगे स्पष्ट की जा रही है।

जितनी मातृकाएँ हैं, उतने ही पीठ हैं; परन्तु उनकी गणना 'ओ जा पू का' सङ्केत से की गई। '**नामैकदेशे नामग्रहणम्**' के अनुसार ये संज्ञायें बनी हैं। '**भादि**' पद से '**नक्षत्र-योगिनी-राशि**' लिये गये। शशी एक संख्या है। निधि नव हैं। तारा सत्ताईस हैं। 'सारा' इस पाठ में भी 'स'कार सप्त संख्या का वाचक होगा, रेफ दो संख्या का। '**अङ्कानां वामतो गतिः**' इस नियम से २७ संख्या हुई। यह नियम वररुचि की परिभाषा में कहा गया है—

'**पादयः पञ्च याद्यष्ट कादयष्टादयो नव।**

एतद्भिन्नाक्षरं बिन्दुः संख्या तन्मेलनोद्भवा'॥

ऋतु से छः सूर्य से द्वादश संख्या हुई। इसके आगे चक्रराज की उत्पत्ति विद्या के अक्षरों से हुई, इसका उपपादन किया गया है। क्रमशः नव चक्रों का निर्माण बताया जा रहा है–

'इच्छाज्ञानक्रियारूपमादनत्रयसंयुतम्।
सदाशिवासनं देवि महाबिन्दुमयं परम्' ॥ (यो. हृ. २।५५)

इस वचन के अनुसार इच्छा आदि तीन शक्तियाँ **'रूप्यन्ते जन्यन्ते'** ऐसा अर्थ करने पर वह हुआ 'ई'कार, वह और उसके साथ मादन अर्थात् 'क'कारों का त्रय इन दोनों से मिलकर 'महाबिन्दुमय' सदाशिवासन बना। ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर ये पाद बने, फलक सदाशिव बना। इस प्रकार से सर्वानन्दमयचक्र का रूप हुआ, अथवा व्याख्या-भेद से **'इच्छाज्ञानक्रियारूपाश्च ते मादनाश्च त्रयं चेति'** द्वन्द्वसमास मानें। 'त्रय' शब्द से तीन बिन्दुओं से बना 'ई'कार ही सूचित होगा। इसी बात को 'कत्रितयादी०' (श्लो० ९९) कारिका से कहा है।

सर्वसिद्धिप्रद-सर्वरोगहर नामक दोनों चक्र भी मिलकर नवयोन्यात्मक हैं। इसकी उत्पत्ति तीन लज्जा बीजों से हुई है। वचन भी है–

'हृल्लेखात्रयसम्भूतैस्तिथिसंख्यैस्तथाक्षरैः।
बिन्दुत्रययुतैर्जातं नवयोन्यात्मकं प्रिये' ॥ (यो. हृ. २।५३)

इसके आगे सर्वरक्षाकर-सर्वार्थसाधक-सर्वसौभाग्यदायक नामक चक्रों की समष्टि रूप स्थितिचक्र-त्रय तीन शक्तियों तीन अनलों से बना, अर्थात् 'ह'कारद्वय और एकादश स्वर से निर्मित हुआ। वचन है–

मण्डलत्रययुक्तं तु चक्रं शक्त्यनलात्मकम्।
व्योमबीजत्रयेणैव.......................... ॥ (यो. हृ. २।५४)

दशार-द्वय और मन्वश्र यह दोनों मण्डलत्रय हुआ। **'व्योमबीजे च त्रयम्'** ऐसा समास होगा। 'त्रय' पद से कोण-त्रयात्मक होने से 'ए'कार लिया है अथवा **'व्योमनी च बीजं च'** इस प्रकार समास कर या **'व्योमबीजान्येव त्रयं वा'** ऐसा भी विग्रह कर सकते हैं। 'बीज' पद से 'ए'कार है। वह ब्रह्माण्डादि कटाहान्त पदार्थों के लिये बीजभूत है ही। **'यदेकादशमाधारं बीजं कोणत्रयात्मकम्'** यह प्रयोग भी है। 'हादि' के पक्ष में भी कोई क्लेश न होगा। इसी बात को 'तत्परेत्यादि एकारेण च' यहाँ तक कहा है। तत्पर चक्र है–सर्वसंक्षोभण, सर्वाशापरिपूरक। कहा भी है–**'सरोरुहद्वयं शाक्तैः', 'शाक्तैः सकाराभ्याम्'**। बहुवचन की उपपत्ति पूर्व प्रदर्शित रीति से **'अक्षीणि'** में इत्यादिवत् मानी जायेगी।

जन्य और जनक की समान संख्या सम्भव होने पर माननी चाहिये। इसीलिये 'हृल्लेखात्रय०' श्लोक में 'बिन्दुत्रययुतैः' इस विशेषण की सार्थकता है। पन्द्रह अक्षरों में बिन्दु-नादत्रय की 'ई'कार के साथ सङ्गति करने से हृल्लेखा में हकार, रेफ,

ईकार यह तीनों रहेंगे। उस 'त्रिक' से, नवाक्षर समूह से नवयोन्यात्मक दो चक्रों की उत्पत्ति होगी। 'बिन्दु' शब्द का अर्थ बिन्दु से लेकर उन्मनी तक समूहपरक है। स्वरूपकीर्तन मात्र व्याख्या तो व्यर्थ है। **चतुरस्राणि** त्रैलोक्य मोहनचक्र है, दोनों जगह बहुवचन 'त्रित्व' संख्या का सूचक है।

अपने गुरु पूर्वोक्त त्रितय (देवता, विद्या और चक्र) से अभिन्न हैं, अतः गणेश आदि षट्पदार्थ रूप गुरु हुए। उस गुरु के साथ अभेद-भावना की दृढ़ता से (सतत अभ्यास से) स्वयं साधक भी गुरु की कृपा से गणेशादिमय (तद्रूप) होगा। इस पर शास्त्र का वचन है–

'देव्या देहो यथा प्रोक्तो गुरुदेहस्तथैव च।
तत्प्रसादाच्च शिष्योऽपि तद्रूपः सन् प्रकाशते' ॥ (यो. हृ. २।६७)

अर्थात् देवी के देह में जो अवयव जिन रूपों में माने गये हैं, तत् अवयव वाले ही गुरु और शिष्य के देह भी होंगे। इसमें एक शङ्का हो सकती है–गणेशादि षट् पदार्थों के ज्ञानविषयता मात्र से पाँचों का अभेद कैसे सम्पन्न होगा ? 'गण' पद समुदायबोधक है, समुदाय समुदायिका सापेक्ष है, समुदायियों में देवता, अक्षर, रेखाएँ है, इनका परस्पर भेद है, अतः समुदाय का अभेद कैसे होगा ? ऐसे ही नक्षत्र आदि में भी संख्या मात्र अनुगत धर्म हैं; परन्तु संख्यावान् तो विरुद्ध धर्म के अधिकरण हैं, संख्या वालों का भेद सिद्ध होने से भिन्न, भिन्नता माननी होगी।

अतः एक भी इनमें से धर्म अभेदव्यापक नहीं है, तब उनके ज्ञापक का अभेद कैसे होगा ? इस पर आचार्य ने समाधान दिया है कि–वचन के बल से ही समुदायियों और संख्यावानों का अभेद सिद्ध होगा। उपक्रम-उपसंहारादि के द्वारा जिसका तात्पर्य निर्णीत हो चुका है, ऐसे शब्दों की प्रत्यक्षादि समस्त प्रमाणों से भी प्रबलता सिद्ध है। जैसा उपनिषदों की व्याख्या में 'चान्द्रप्रादेशिकत्वादि' (भ्रम में चन्द्रमा एक बित्ते का है) यह सिद्ध किया गया है। साथ ही इसमें एक परिष्कार के द्वारा स्पष्टीकरण है–'स्वाश्रयसमानजातीयाश्रितस्वातिरिक्तस्वव्यापकसंख्याविरह-सहकृतस्वत्वरूपसंख्यामात्रत्वम् अपि साधकमेव, बाधकाभावात्'। पूर्वोक्त परिष्कार का तात्पर्य यह है कि गणेश, नक्षत्र आदि पदार्थों में एक विशिष्ट संख्या जैसे ५१,२७ आदि है, उसी संख्या से सभी का एकत्व बोध होगा।

इसमें आगे अनुमान का भी प्रकार दिखलाया है, जैसे–'विद्यादेवता-स्वरूपादभिन्ना नवसंख्यामात्राश्रयत्वाद् देवतास्वरूपवत्' इत्यादि। इसीलिये एकत्व संख्या मात्र के आश्रय से आकाश, काल, दिक्, ईश्वर इन पदार्थों का अभेद दीधितिकार ने माना है। इस प्रकार यह अनुमान-आगम सहित प्रमाण ही विषय के 'प्रमात्व' (यथार्थत्व) को पुष्ट करता है, अतः घटत्व और पटत्व में अभेदा-

पत्ति की शङ्का न होगी। इस प्रकार यह निष्कर्ष निकला—माता, विद्या, चक्र, स्वगुरु, स्वयं (साधक) इन पाँचों में मन्त्र का अभेद है, यही कौलिकार्थ है।

अब क्रमप्राप्त सर्वरहस्यार्थ पर विवेचन प्रस्तुत है—

सूर्य की कलाएँ 'तपिनी' आदि बारह हैं। 'क'कार आदि वर्णों के अनुलोम सम्बन्ध से तथा 'भ'कार आदि के प्रतिलोम सम्बन्ध से युक्त हैं, जैसे—प्रयोग में 'कं भं तपिन्यै नमः' इत्यादि। चन्द्रकलाएँ षोडश हैं। 'अमृता' आदि नामावली षोडश स्वरों (अं, आं इत्यादि) से युक्त है। अग्नि की कलाएँ दस 'धूम्रार्चि' प्रभृति 'य'कारादि दस वर्णों से युक्त हैं।

इस तरह पञ्चाशत् वर्णों से अभिन्न देह वाली कुलकुण्डलिनीबिसतन्तुतनीयसी (कमल के अन्दर स्थित सूक्ष्म सूत्र की तरह पतली), तडित्कोटिप्रख्या (हजार बिजलियों की तुल्य प्रभा वाली) है। वह मूलाधार चक्र (कमल) के मध्य में विद्यमान त्रिकोण के ऊपर सार्धत्रिवलयाकार (साढ़े तीन वेष्टनों के रूप में) अधोमुखी रहती है। योगिजन योगशक्ति से उसे ऊर्ध्वमुखी बनाकर उठाते हैं। वह शक्ति मूलाधार, अनाहत, आज्ञा-चक्रों में स्थित क्रमशः वह्नि-सूर्य-सोम मण्डलों का भेदन करती है।

'द्वादशान्तं ललाटोर्ध्वं कपालोर्ध्वावसानकम्।
द्व्यङ्गुलोर्ध्वं शिरोदेशं परं व्योम प्रकीर्तितम्' ॥

इस लक्षण के अनुसार परम व्योम में विद्यमान चन्द्रमण्डल (जो अधोमुख सहस्रदल कमल के रूप में है) में स्थित अकुलकुण्डलिनी के साथ कुलकुण्डलिनी सङ्गम करती है। उससे अमृतपूर का स्राव होता है, जिससे 'डाकिनी' आदि षट्-चक्रों में अवस्थित योगिनीमण्डल का आप्लावन होता है। कुण्डलिनी स्वयं भी अमृतपान से मत्त होकर पुनः उसी मार्ग (सुषुम्णामार्ग) से लौटकर अपने स्थान पर आकर सुख से सोती है। यह सब क्रियाएँ योगिजनों के ही लिये अनुभव-गम्य हैं।

योगशास्त्र की मर्यादा का ज्ञान रखनेवाले विद्वानों के लिये यह विषय परोक्ष ज्ञान गोचर है, अतः गुरु के मुख से ही विचारपूर्वक जानना उचित है। इस प्रकार से उपवर्णित कुण्डलिनी शक्ति विद्यारूपा है और जगन्माता भी उससे अभिन्न है तथा माता एवं विद्या का साधक से अभेद है। यही 'सर्वरहस्यार्थ' का निष्कर्ष है।

अब महातत्त्वार्थ पर विचार किया जा रहा है—

सकल तत्त्वों के मूलभूत परब्रह्म तत्त्व में आत्मा का साधक के द्वारा नियोजन ही महातत्त्वार्थ है। इस पर निम्नाङ्कित स्पष्टीकरण भी है—जो ब्रह्म वागिन्द्रिय से अगम्य है, अर्थात् जिसमें शब्दशक्यतावच्छेदक का अभाव है और जो इन्द्रियों से

भी अगम्य है। घ्राणज आदि षड्विध प्रत्यक्ष का विषय नहीं है। **'यतो वाचो निवर्तन्ते अप्राप्य मनसा सह'**, **'अशब्दमस्पर्शमरूपम्'** यह श्रुति है।

यदि वह परम तत्त्व सर्वथा ज्ञान का अविषय है, तो मिथ्या क्यों न होगा ? शब्दों से लक्षणा के द्वारा गम्य है, शाब्द प्रत्यक्ष का विषय भी है। वह शिवादि-पृथिव्यन्त छत्तीस तत्त्वों से भी अतीत है। वह महान् से भी महान् है और अणु से भी अणुतर है।

आकाश आदि से भी पर है, आकाश आदि का भी जनक होने से 'पर' कहा गया है। इसीलिये महत्तर भी कहा है और स्थूल दृष्टि का विषय न होने से 'अणुतर' भी कहा गया। वस्तुतः यहाँ पर 'अणु' आदि शब्दों से कोई परिमाण विवक्षित नहीं है; क्योंकि उस तत्त्व में 'परिमाण' की कोई स्थिति नहीं है। अतः **'अणोरणीयान् महतो महीयान्'** इस श्रुति में परस्पर विरोध न होगा।

'व्योम के ऊपर' कहने से आकाशादि समस्त ब्रह्माण्ड-मण्डल के ऊपर उपासना के लिये कल्पित स्थान विशेष का ग्रहण करना चाहिये। **'अनेककोटिब्रह्माण्डकोटीनां बहिरूर्ध्वतः'** इत्यादि रुद्रयामल का वचन स्मर्तव्य है और वह तत्त्व विश्वा भिन्न है, विश्व का परिणामितत्त्व है। चिद्रूप अर्थात् स्वप्रकाश है। आनन्दात्मक अर्थात् सुखैकस्वरूप भी है। उस परब्रह्म में स्वात्मा का नियोजन करना है, उस तत्त्व के साथ अभी तक अज्ञानवशात् अप्राप्त अभेद को प्राप्त करना है। **'ब्रह्म वेद ब्रह्मैव भवति'** यह श्रुति का कथन है। यह अर्थ सकल तत्त्वों का मूलभूत होने से **'महातत्त्वार्थ'** इस शब्द से निर्दिष्ट किया गया है। अब इसके आगे नामार्थ और शब्द-रूपार्थ का विवरण प्रस्तुत है।

श्रीविद्या ही नाना वर्णस्वरूपिणी है, नाना वर्णों के अर्थ स्वरूप से भी वही है, इसी को नामार्थ और शब्दरूपार्थ कहा है, इस विषय का विचार निम्नाङ्कित है–

'वर्ण' शब्द से 'क'कार आदि ५८ वर्ण या ३७ वर्ण या पञ्चदश (१५) वर्ण लिये जाते हैं। ये सभी 'ब्रह्म' के वाचक होने से 'सहस्रशीर्षाः पुरुषः' इत्यादिवत् सामानाधिकरण्य से अन्वय सिद्ध होने पर **'अस्तिर्भवन्तीपरः प्रथमपुरुषोऽप्रयुज्यमानोऽप्यस्ति'** इस कात्यायन के वचन में 'भवन्तीपर' का अर्थ 'लट्' लकार पर है, यह व्याख्यान है। उससे 'अस्ति' पद को शेष पूरण मानकर वाक्यार्थ सिद्ध होता है। इस रीति से नामार्थ तीन प्रकार का होगा–अष्टपञ्चाशन्नामक (५८), सप्तत्रिंशन्नामक (३७) तथा पञ्चदश नामक (१५)। इन तीनों पक्षों में 'क'कार आदि में से कोई भी ब्रह्म का वाचक है। अन्य पुनरुक्त 'अ'कार, 'क'कार आदि की व्यर्थता का परिहार तो 'अकारो ब्रह्मविष्णवीशकमठेष्वङ्गणे रणे' इत्यादि विश्वप्रकाशकोशादि के अनुसार उन-उन अक्षरों की अनेकार्थ वाचकता को मानकर होगा। उनकी योग्यता (अर्थबोधनशक्ति) मानकर अर्थ किया जा सकता

है। **'पदार्थे तत्र तद्वत्ता योग्यता परिकीर्तिता'** यह मुक्तावली का वाक्य है। एक और न्याय भी है–**'शतकृत्वोऽपि पथ्यं वदितव्यम्'**। इससे उन स्थलों में पुनरुक्ति की गणना दोष में न होगी। इस प्रकार सभी अक्षरों की तत्तदर्थवाचकता या रूढ़ि से प्रत्यक्षर में 'सु' प्रत्यय का लोप मानकर प्रातिपदिक मात्र मानकर या उपासक समुदाय की प्रसिद्धि को मानकर, सम्भावना मानकर या परिपक्वार्थरूपता देखकर 'नामार्थ' यह संज्ञा स्वीकार्य होगी। **'नामधेयं च नाम च'** अमरकोष का वचन है। यद्यपि आथर्वण गोपथब्राह्मण में–**'ओङ्कारं पृच्छामः को धातुः किं प्रातिपदिकं किं नामाख्यातम्'** इत्यादि प्रयोग देखा गया है, तथाऽपि **'सत्त्वप्रधानानि नामानि'** इस यास्क के प्रयोग से 'नाम' पद से प्रातिपदिक का भी ग्रहण हो सकता है। अव्ययगण में **'नाम प्राकाश्य-सम्भाव्यक्रोधोपगमकुत्सने'** ऐसा कोष कहा है। 'नाम' की व्युत्पत्ति भी इस प्रकार है–**'आमोऽपक्वः, तद्भिन्नो नामः'** यहाँ पर 'न'कार के साथ ही समास है, उससे **'न लोपो नञः'** इत्यादि सूत्र की आपत्ति न होगी, इसके 'नास्तिक' इत्यादि उदाहरण हैं। परिपक्वता का अर्थ है–विरसत्व का अभाव। इसी तरह **'तत्तद्वर्णस्वरूपेयम्'** इस कारिकांश में भी पूर्ववत् तीन पक्ष हैं। अब इसमें कुछ शङ्का हो सकती है–'क'कारादि स्वरूपता का अर्थ होगा–नामतः शब्द से अभेद, वह 'क'कार का अर्थ नहीं है; क्योंकि शब्द स्वरूप में तो शक्ति नहीं है। 'घटमानय' इत्यादि स्थल में 'घट' शब्द का आनयन क्रिया में अन्वय तो नहीं होता। इसीलिये शब्द और अर्थ का अभेद पक्ष भी ठीक नहीं है, अन्यथा 'वह्नि' शब्द के उच्चारण से मुख में दाह-क्रिया होने लगेगी।

इस पर समाधान यह है कि शब्द की अपने स्वरूप में भी शक्ति 'तन्त्र-वार्तिकादि' में मानी गयी है। भर्तृहरि ने भी कहा है–

ग्राह्यत्वं ग्राहकत्वं च द्वे शक्ती तेजसो यथा।
तथैव सर्वशब्दानामेते पृथगवस्थिते॥

अतः **'शब्दार्थयोस्तादात्म्यमेव शक्तिः'** यह बात नव्य-शाब्दिक मानते हैं। इस प्रकार 'ककारादि वर्णरूपा' यह मन्त्रार्थ भी होता है। यहाँ पर शब्द स्वरूप ही अर्थ होने से इसे शब्दरूपार्थ कहा जायेगा।

अब नामैकदेशार्थ पर विचार किया जा रहा है–

ललितानामत्रिशती स्तोत्र में 'ककाररूपा' अक्षरों से आरम्भ कर उन नामों के प्रत्येक अक्षर पर बीस-बीस नाम कहे गये हैं। वे सब मिलाकर तीन सौ (३००) होते हैं। वे सभी मन्त्र के अक्षरों का अर्थप्रकाशन करते हैं, जैसे–'क'कार का **'ककाररूपा कल्याणी कल्याणगुणशालिनी'** इत्यादि बीस (२०) अर्थ है। इसी प्रकार 'ए'कार आदि अक्षरों के भी पृथक् बीस अर्थ कहे गये हैं। उन सभी अर्थों में प्रसिद्ध कोष, व्याकरण आदि की रीति से 'शक्ति' सम्भव नहीं है, अतः नामों के ही

बल से कल्पना करना अर्थापत्ति से सम्भव है अथवा अन्यथाऽनुपपत्तिरूप अर्थापत्ति का **'नामैकदेशे नामग्रहणम्'** इस न्याय से बाध मानकर उन नामों के एकदेश 'क'कारादि मानने पड़ेंगे। इसीलिये भगवत्पाद शङ्कर ने सौन्दर्यलहरी (श्लो० ३२) में—**'शिवः शक्तिः कामः'** इत्यादि श्लोक में उद्धृत वर्णों को नामावयव शब्द से स्पष्ट कहा है—**'भजन्ते वर्णास्ते तव जननि नामावयवताम्'**।

नामैकदेश में नामग्रहण के अनेक दृष्टान्त प्रसिद्ध है—**'भीमो भीमसेनः'**, **'सत्या सत्यभामा'**, **'गुरुर्लघुर्गलौ च'**, **'अनुष्टुभि, यज्ञायज्ञीये, उद्गीथोपान्त्यम्, गायत्रीषु, जराबोधीये, रथन्तरे, प्रतिहारादिः'** इत्यादि इन शब्दों के विषय में 'ष्टुभि, ज्ञीये, बोधीये, तरे, हारादिः' इत्यादि प्रयोग सामवेदियों के फुल्लसूत्र में बहुत मिलते हैं।

उसमें भी 'क'कार आदि नामों के अनन्त होने से 'क'कार के अर्थ भी अनन्त होंगे, अतः यही नियमित अर्थ हैं—यह 'त्रिशती' के शब्दों का आशय है। उनमें प्रत्यक्षर में प्रथम नाम के नामार्थ और शब्दरूपार्थ से पौनरुक्त्य होने से उन्नीस ही अर्थ विवक्षित होंगे। अतः नामैकदेशार्थ भी उन्नीस प्रकार का ही होगा। इस पञ्चदश संख्यावली विंशिकाओं (२० अक्षरों के पन्द्रह समुदाय) में प्रथम नाम को छोड़कर द्वितीय नाम ही उट्टङ्कित हैं। प्रथम नाम पहले अर्थ से ही प्राप्त है।

अब इन नामैकदेश के नामों की एक गणना-पद्धति बतलाई जा रही है—इन पूर्वनिर्दिष्ट बीस अर्थों में 'क'कार का 'ककाररूपा' यह अर्थ करने के बाद, 'ए'कार का एकाररूपा, 'ई'कार का ईकाररूपिणी इत्यादि ही अर्थ करना चाहिये, यह कोई नियम नहीं है। ककाररूपा का एकाक्षरी, ईप्सितार्थप्रदायिनी इत्यादि अर्थ भी किया जा सकता है।

अतः पञ्चदश (१५) अक्षरों को लिखकर प्रत्येक अक्षर के ऊपर बीस (२०) अङ्क लिखा जावे, उनके गुणन से परस्पर अन्तिम अक्षर में जो संख्या निष्पन्न होगी, वह इस प्रकार से ज्ञेय है—नामों के नामार्थों में तृतीय पक्ष के एक नामैकदेशार्थ के उन्नीस के योग से पूर्वोक्त रीति से गुणा करने पर तिथि अर्थात् पन्द्रह संख्या से सम्मित जो बिन्दु समुदाय है, उसके आगे गज-आठ, रस-छः, गिरि-सात, दस्र-दो, राम-तीन इन संख्याओं को लिखना चाहिये।

'अङ्कानां वामतो गतिः' इस नियम के अनुसार पहले पन्द्रह बिन्दुओं को लिखे, उनके वामभाग में गजादि संख्याओं को लिखे, वामगति में वामभाग ही उत्तर होगा अथवा समास में **'बिन्दुगण उत्तरो येभ्यस्ते गजादयः'** ऐसा कहा जाये। गजादि को वामगति से लिखकर होनेवाले अङ्कसमूह के उत्तर में दक्षिण गति से बिन्दुओं को लिखे, यह क्रम है। इस प्रकार सत्ताईस परार्ध तीन सौ छः मध्य और आठ अन्त्य, त्रिशती के अर्थों के भेद होंगे। अङ्कों के अनुसार—

३२,७६८,000,000,000,000,000 भेद हुए।

इन अङ्कों के ज्ञान का प्रकार–"चरमाङ्कमारभ्य पूर्वपूर्वाङ्कदशदशगुणिता उत्तरोत्तराङ्काः" इस परिभाषा के अनुसार है। उसका नियम लीलावती में निर्दिष्ट है–

एकादशशतसहस्रायुतलक्षप्रयुतकोटयः क्रमशः।
अर्बुदमब्दं खर्वनिखर्वमहापद्मशङ्कवस्तस्मात्॥
जलधिश्चान्त्यं मध्यं परार्धमिति दशगुणोत्तरं संज्ञाः॥

इसके आगे अंकों का विस्तार आचार्य के स्वरचित छन्दःकौस्तुभ के अष्टम अध्याय में द्रष्टव्य है।

अब आगे 'शाक्तार्थ' पर विवेचन प्रस्तुत है–

शाक्तार्थ दो प्रकार का है–अवयवार्थ और शक्तिसमूहार्थ। उनमें अवयवार्थ से तात्पर्य देवी के अवयवों का वर्णन करना है।

देवी के शरीर में निम्नांकित रीति से मन्त्र की स्थिति है–किरीट से लेकर मुखमण्डल तक वाग्भव कूट (प्रथम कूट) से अभेद है। कण्ठ से कटिपर्यन्त कामराजकूट (द्वितीय कूट) से अभेद है। कटि से लेकर पादाग्र तक शक्तिकूट (तृतीय कूट) से अभेद है। इसीलिये वाच्य और वाचक का अभेद सूचित करने के लिये ललितासहस्रनाम में कहा गया है–

श्रीमद्वाग्भवकूटैकस्वरूपमुखपङ्कजा।
कण्ठाधःकटिपर्यन्तमध्यकूटस्वरूपिणी॥
शक्तिकूटैकतापन्नकट्यधोभागधारिणी।
मूलमन्त्रात्मिका मूलकूटत्रयकलेवरा॥

शक्तिसमूहार्थ के विषय में कहा है–प्रथम मन्त्र कूट के रेफ तक छः वर्णों के क्रमशः (इसमें 'ह'कार और 'रेफ' की पृथक् गणना है) ब्रह्मा-भारती, माधव-लक्ष्मी, रुद्र-पार्वती ये अर्थ होंगे। दुर्वासादि उपासित मन्त्रों में उसी प्रकार की अक्षर-गणना सम्भव होने से तदनुसार कहा है। ये सभी देवताएँ भी कामकला (ई) रूप ही हैं; क्योंकि सर्वत्र कामकला का सामानाधिकरण्य है। यहाँ पर कारिका (सं. ११६) में 'ता एताः सकलाः' इस तरह स्त्रीलिङ्ग से निर्देश बुद्धिपूर्वक किया गया है। आगे भावार्थ-प्रकरण में ब्रह्म-विष्णु-महेश्वरों की स्त्रीरूपता कही है। अतः **'पुमान् स्त्रिया'** इत्यादि से एकशेष का प्रयोग नहीं किया है। पूर्वोक्त सामानाधिकरण्य समान विभक्ति रूप है। प्रत्येक अक्षर में विद्यमान 'सु' का लोप है। वाक्य में संहिता (सन्धि) अविवक्षित मानकर 'ई'कार से सन्धि नहीं है। इसी तरह द्वितीय तथा तृतीय कूट का अर्थ है; परन्तु द्वितीय कूट का मध्यम 'ह'कार तृतीय कूट के प्रथम भाग में अन्वित होगा। वह 'ह'कार उक्त कूट में चतुर्थ संख्या पर होने पर भी सजातीय 'ह' में द्वितीय होने से द्वितीय कहा गया है। इस तरह उन दोनों कूटों

में भी प्रत्येक रेफान्त वर्ण छः ही होंगे, अतः पूर्वोक्त रीति से ही अर्थ किया जायेगा। इस अर्थ में प्रत्यक्षर में एक-एक शक्ति है, अतः **'शक्तानां अर्थः शाक्तार्थः'** इस तरह व्याख्या करेंगे। स्वार्थ में अण् प्रत्यय है अथवा शाक्तों का, उपासकों का अर्थ प्रयोजन अथवा **'शक्तिसमूहः प्रतिपाद्यते येन'** इस तरह तीन प्रकार से निर्वचन किया जा सकता है। भावार्थ के साथ इसकी पुनरुक्ति नहीं होगी, यह बात पहले ही स्पष्ट की है।

अब 'सामरस्यार्थ' पर विवेचन प्रस्तुत है–

कादिविद्या में 'क'कार तीन हैं, 'ह'कार दो हैं। उनका अर्थ शिव है। ऐसे ही 'ल'कार तीन हैं, 'स'कार दो हैं, इनका अर्थ शक्ति है। इसीलिये मन्मथ (काम) बीज में ककार-लकार का योग है। पराप्रासाद में 'ह'कार-सकार' का योग है। शुद्ध अज्वर्ण (ए, ई) द्वितीय, तृतीय का 'शक्ति' अर्थ है। लज्जाबीज (माया) का उभय सामरस्यात्मक परब्रह्म ही अर्थ है। व्योमाग्नि तुरीय स्वर बिन्दुओं (ह, र, ई) से प्रकाश-ग्रास-सामरस्य-तादात्म्यापन्न परब्रह्म का अर्थ १४६वें श्लोक में स्पष्ट करेंगे। अन्ततः शिव, शक्ति, उभयविध ब्रह्म ही प्रत्येक कूट का अर्थ हुआ। त्रिशती (श्लो० ९) का वचन है–

'कत्रयं हद्वयं चैव शैवो भागः प्रकीर्तितः।
शेषाणि शक्त्यक्षराणि ह्रींकार उभयात्मकः'॥

अब समस्तार्थ का निरूपण करेंगे–

'कन्यते प्रकाश्यते अनेन' इस व्युत्पत्ति से 'कं प्रकाशकं' हुआ। बाहुलक से नलोप हुआ अथवा औणादिक 'अमन्तात् डः' इससे 'ड' प्रत्यय हुआ। 'इङ् अध्ययने' इस धातु से अधिपूर्वक होने पर भी प्रस्तुत आर्ष प्रयोग के कारण उपसर्ग नहीं लिया है। अतः 'इङ्' को 'क्विप्' प्रत्यय में, कित्त्व में भी गुण माना है अथवा 'विज्' प्रत्यय होगा। 'अधीयतेऽनेन' इस व्युत्पत्ति से अध्ययनकरण बुद्धि होती है। इन दोनों का कर्मधारय समास है। सन्धि आर्ष होने से नहीं है। इसके बाद 'ई'कार षष्ठी तत्पुरुष समास होगा। 'लहरी' इसमें 'अ'कार का लोप होगा। 'माङ् माने' इस धातु से क्विप् से उसका लोप कर 'प्रातिपदिकाद् धात्वर्थे बहुलमिष्टवच्च' इससे 'णिच्' करने पर 'णेरनिटि' इससे टिलोप होने पर 'म्' यह सिद्ध होगा। इस प्रकार **'कन्' दीप्ति** से प्रकाशकत्व 'क'कार का अर्थ हुआ, **इङ्** से अध्ययनार्थकता हुई, **'ए'कार** से करण अर्थ हुआ, इन दोनों वर्णों के मेलन से 'प्रकाशिका बुद्धि' यह अर्थ हुआ। **'ई' व्याप्तौ** इससे उसकी व्याप्ति तृतीय वर्ण से ज्ञात हुई, उसकी **'लहरी'** आधिक्य अर्थ हुआ और उसका निर्माण 'म'कार का अर्थ हुआ। इस प्रकार सूक्ष्म बुद्धि का अधिक व्यापन ही प्रथम कूट का अर्थ हुआ।

अब द्वितीय कूट का अर्थ प्रदर्शित किया जा रहा है—

'हन्यतेऽनेन' इस व्युत्पत्ति से 'हं' शौर्य यह अर्थ हुआ, **'अनुदात्तोपदेशवनतितनोत्यादीनामनुनासिकलोपो झलि क्ङिति'** इस सूत्र से 'न' का लोप हुआ। **'षोऽन्तकर्मणि'** अथवा **'षूञ् अभिषवे'** इस धातु से करणार्थक 'ड' प्रत्यय से 'सम्' यह रूप बना। 'सीयते' या 'सूयते' इस व्युत्पत्ति से सं अर्थात् 'द्रव्य' यह अर्थ हुआ। 'काम्यते' इस अर्थ से 'कं' का अर्थ हुआ—स्रक्, चन्दन, वनिता आदि भोग्यपदार्थ। 'ह' से 'क' इन अक्षरों का द्वन्द्व समास करना होगा। उसके बाद प्राप्त्यर्थक 'ह' का षष्ठी तत्पुरुष समास से सम्बन्ध होगा। उसके आगे 'लहरी' पद से तत्पुरुष समास से सम्बन्ध होगा। इसके कीर्ति के अर्थ में 'ई'कार से द्वन्द्व समास करना पड़ेगा। इसके आगे 'म'कार से तत्पुरुष समास होगा। इन सम्बन्धों के द्वारा शौर्य-धन-स्त्री प्रभृति की उत्तम प्राप्ति और कीर्तिलाभ यह द्वितीय कूट का अर्थ हुआ। इस बात को निम्नांकित कारिका (श्लो० १२७) द्वारा संक्षेप किया गया है—

'वाग्भवकूटस्यार्थः सूक्ष्ममतिव्यापनाधिक्यम्।
शौर्यधनस्त्रीयशसामाधिक्यं कामराजार्थः'॥

अब तृतीय कूट का अर्थ हो रहा है—

पूर्वोक्त दोनों कूटों का द्वन्द्व समास से सम्बन्ध होगा। अब तृतीय कूट 'एते' इन दोनों के निर्माण में 'सम्यक् कलयति' सम्यक्-सम्बन्ध करते हैं, इस अर्थ में 'सकला' शब्दों का प्रयोग हुआ। 'म'कार का लोप हुआ। 'हरतीति' इस व्युत्पत्ति से बना 'ह्' । 'ई दीप्तौ' दीप्ति का अर्थ सृष्टि और स्थिति है। 'ह्'कार–'ई'कार का कर्मधारय समास करने पर 'यण्' करने पर 'ह्रीः' बना। सृष्टि आदि पञ्चकृत्यकर्त्री यह उपलक्षण की रीति से अर्थ होगा, अथवा 'हरति' अर्थात् सभी पदार्थों का विषयीकरण होता है। अतः 'ह्' उसके आगे 'क्विप्' हुआ। आगमशास्त्र को अनित्य मानकर प्रकृत स्थल में 'तुक्' न होगा। वह पूर्वोक्त 'ह्' का अर्थ दहराकाश हुआ। 'तत्र प्रकाशते' उसमें प्रकाशित होता है, इस अर्थ में 'ह्रीः' बना। ह्रीकारान्त पद का 'म'कार से कर्मधारय समास होगा। यद्यपि तीनों कूटों में 'म'कार नहीं है, तन्त्रों में 'अनुस्वार' ही उद्धृत है, तो भी 'म'कार का ही लक्षणवश 'अनुस्वार' है—यह बात दोनों कूटों के विषय में कही जा सकती है। अन्तिम कूट में 'अनुस्वार' ही विशेष्य है। अतः बुद्धि, शौर्य, धन, स्त्री, यश आदि को बढ़ानेवाला, निखिल जगत् की सृष्टि आदि करने वाला, दहराकाश में रहनेवाला, नादात्मक, चिद्रूप ब्रह्म ही मन्त्र का अर्थ सिद्ध हुआ।

यह अर्थ ब्रह्मसूत्रों की शक्तिपरक योजना प्रदर्शित करने वाले भाष्यकार ने विस्तार से लिखा है। अतः यहाँ पर संक्षेप से लिखा गया है। उसमें कहीं-कहीं व्याकरण से विरोध मालूम होता है; परन्तु मन्त्र और मन्त्रार्थ ऋषिप्रोक्त होने से

प्रामाणिकता सिद्ध है और भी **'प्रयोगशरणाः वैयाकरणाः'** इस प्रसिद्धि के अनुसार व्याकरण के लक्षणों की कल्पना की जा सकती है। यही परिहार है।

व्याकरणादि विषय में परिहार की पद्धति को दिखाया जा रहा है–धातु अनेकार्थपरक होते हैं जैसे **'कुर्दखुर्दगुर्दगुद-क्रीडायामेव'**। यहाँ पर 'एव'कार से, अन्यत्र 'तनूकरणे तक्षः' इत्यादि स्थल में अर्थनिर्देश के बल से 'सत्ता' आदि अर्थों का निर्देश उपलक्षण मात्र होने से धातुओं की अनेकार्थकता सिद्ध है। उससे 'स्यति' का अर्थ 'अन्तकर्म' होने पर भी उपभोगार्थकता अविरुद्ध है। इसीलिये अधिपूर्वक 'इङ्' का केवल प्रयोग सम्भव न होने के कारण **'इटकिटकटी गतौ'** इस जगह 'ई'कार मात्र ही उस अर्थ में प्रयुक्त हो सकता है। जितने गत्यर्थक हैं, वे सभी ज्ञानार्थक भी होते हैं। बहुलग्रहण भी विचारणीय है–

'क्वचित् प्रवृत्तिः क्वचिदप्रवृत्तिः क्वचिद्विभाषा क्वचिदन्य एव।
विधेर्विधानं बहुधा समीक्ष्य चतुर्विधं बाहुलकं वदन्ति'॥

यह बाहुलक का लक्षण है। इससे 'ल ह्री' में अकार का लोप होता है। 'रण्डः' इत्यादि पद की सिद्धि के लिये डित न होने पर भी अमन्त से 'ड' का डित्त्व भी सिद्ध होता है। पृषोदरादि से भी कार्य होता है–**'पृषोदरादीनि यथोपदिष्टम्'**। पृषोदरादि शब्द जैसे शिष्टों ने प्रयोग किया है, वैसे ही मान्य है, उसमें अन्य लक्षण करने की आवश्यकता नहीं होती। ऐसा मानते हुए अन्य स्थलों में भी 'ल ह्री' इत्यादि प्रयोग की आपत्ति नहीं मानी जायेगी। जो जहाँ पर स्वीकृत है, उतना ही मान्य होगा। इसीलिये कहीं प्रयुक्त 'गूढोऽऽत्मा' यह प्रयोग अन्यत्र मान्य नहीं होता। इसलिये विष्णुसहस्रनाम के भाष्य में **'न्यग्रोधोदुम्बरोऽश्वत्थः'** यहाँ पर पृषोदरादित्व से सन्धि है, यह शङ्कराचार्य का वाक्य है। गणपाठ के अभाव में आकृति गणपाठ मानना चाहिये। 'षूञ्' धातु में 'ड' प्रत्यय देखकर उणादि से सिद्धि मानी गई है–

'संज्ञासु धातुरूपाणि प्रत्ययाश्च ततः परे।
कार्याद्विद्यादनूबन्धमेतच्छास्त्रमुणादिषु'॥

इस वचन से 'टि' के लोप के लिये 'डित्त्व' की कल्पना की गई है। **'छन्दसि सर्वविधीनां वैकल्पिकत्वम्'** वेद में सब विधि विकल्प से ग्राह्य हैं। इस नियम से मन्त्रार्थ करने में उपयोग किया जा सकता है और विशेषतः सिद्धों द्वारा आदिष्ट इन अर्थों के विषय में व्याकरण के अनुशासन को भी मान्यता देनी पड़ेगी।

इस प्रकार 'समस्तार्थ' पद के विषय में कहा है कि अनेक बार समास होने के कारण अथवा समस्त पुरुषार्थों का प्रतिपादक होने से अथवा समस्त संक्षिप्त होने से 'समस्तार्थ' यह संज्ञा भी सफल है।

अब सगुणार्थ का विवेचन प्रस्तुत है। तदनुसार यह प्रथम कूट की व्याख्या है–

प्रथम कूट के 'ए'कार के उत्तर पूर्वरूपता से 'अ'कार का प्रश्लेष माना जावे। वह 'शिव' का वाचक है–**'अकारो ब्रह्मविष्ण्वीशकमठेषु'** यह कोष है। **'कः प्रजापतिरुद्दिष्टः'** और **'एकार उच्यते विष्णुः'** इस एकाक्षर निघण्टु के द्वारा इन वर्णों की ब्रह्म-विष्णुपरता सिद्ध है। 'ईड स्तुतौ' इस धातु के 'अच्' में 'स्तुत्य' यह अर्थ हुआ। यह ऋग्वेदात्मक होने से 'अज्' द्वय के मध्यगत 'ड'कार के स्थान पर 'ळ'कार का आदेश होगा जैसे–**'अग्निमीळे पुरोहितम्'**। बह्वृचप्रातिशाख्य (१।१०) में निर्दिष्ट है–**'द्वयोश्चास्य स्वरयोर्मध्यमेत्य सम्पद्यते स डकारो ळकारः'**। यही ज्ञापक प्रथम कूट की ऋग्वेदात्मकता और द्वितीय-तृतीय कूट की यजुर्वेदात्मकता तथा सामवेदात्मकता का है। यद्यपि **'कामो योनिः कमला वज्रपाणिः'** इत्यादि मन्त्र में वज्रपाणि शब्द से 'ल'कार का उद्धार है. तो भी 'ल' और 'ळ' का अभेद माना गया है।

अतः कहीं-कहीं तन्त्रों में तीनों खण्डों में तीनों 'मोहार्ण' शब्द से 'ळ'कार ही उद्धृत है। 'ह्री' यह परब्रह्मवाचक होने से नपुंसक है अथवा इसे अव्यय ही कहना ठीक होगा; क्योंकि स्वरादि आकृतिगण में है। इसीलिये त्रिशतीस्तोत्र में एकोनशत (९९) संख्या के नाम के 'नमः' प्रयोग में चतुर्थी विभक्ति प्राप्त रहते हुए भी 'ह्रीं नमः' ऐसा ही साम्प्रदायिकों का प्रयोग मान्य है।

अब द्वितीय कूट का विवरण करते हैं–

'हसः' का हास्यम् अर्थ हुआ, 'अर्श आदित्वात् मत्वर्थीयोऽच्' प्रत्यय से। उसके 'क'कार से मुखवाचक शब्द मानकर बहुव्रीहि समास होगा। 'हसः को यस्य तत्' यह विग्रह वाक्य बनेगा अथवा हास (आनन्द) से जन्य होने के कारण आनन्द के अर्थ में हस पद की लक्षणा होगी। आगे–'कश्च हश्च कहौ, कहौ लौ यस्य तत् कहलम्' इस व्युत्पत्ति से 'क' सूर्यवाचक हुआ, 'ह' चन्द्र का वाचक हुआ, ये दोनों 'लौ' अर्थात् आँखें हैं जिसकी, अर्थात् सूर्य-चन्द्रात्मक नेत्र वाला, यह अर्थ हुआ। उससे तात्पर्य रूप से प्रकाशक तत्त्व होने से चिद्रूप तथा ब्रह्म-विष्णु-गिरिशों से पूज्य हुआ। अतः अमितानन्दात्मक चिद्ब्रह्म ही पर्यन्ततः द्वितीय कूट का अर्थ निकला। कोषादि प्रमाण भी हैं–**'मुखे सूर्येऽपि कः स्मृतः'**, **'हः कोपे वरुणे चन्द्रे'**, **'इन्द्रेऽपि लोचने लः स्यात्'** इत्यादि एकाक्षर निघण्टु है। इन क ह ल पदों का कर्मधारय समास है। 'हसत्व', 'कहलत्व' ही ब्रह्मादि के द्वारा पूज्यता में कारण है। अतः 'ह्रीं हसकहल', आगे 'ह्रीं कएईल' ऐसा अन्वय होगा।

तृतीय कूट का अर्थ निम्नांकित है–सम्पूर्ण कलाओं से सहित 'सकल' ब्रह्म ही तृतीय कूट का अर्थ है। इसमें सर्वत्र 'सु'लोप शास्त्रसम्मत है। इस प्रकार गुण-गणों के कथन से यह सगुणार्थ भी हुआ।

अब अन्तिम अर्थ महावाक्यार्थ है, उसके विषय में विचार प्रस्तुत है–

'क'कार, 'ए'कार और 'अ'कार क्रमशः ब्रह्मा, विष्णु, शिव के वाचक हैं। ये सृष्टि, स्थिति और संहार के जनक लक्षणा से ज्ञात होते हैं। 'ई'कार ईश्वर का वाचक है–नामैकदेशन्याय से। 'ड'कार 'सदाशिव' का वाचक है। इन दोनों की क्रमशः निग्रह और अनुग्रह की कर्तृता विवक्षित है, इस प्रकार शिव के पञ्चकृत्य निर्दिष्ट हुए।

इससे 'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते' इत्यादि श्रुतिप्रतिपादित 'ब्रह्म' का तटस्थ लक्षण सिद्ध हुआ। इसके आगे **'सत्यं ज्ञानमनन्तं ब्रह्म'** इस प्रकार का स्वरूप लक्षण द्वितीय कूट से प्रतिपाद्य है। 'हस' आनन्द का वाचक है, सत्य का भी है। **'सखा कश्च बुधैः प्रोक्तः'** इस कोष से 'क'कार सखिवाचक है। 'सखित्व' का अर्थ है–आप्तत्व (यथार्थ वक्तृत्व)। वह प्रस्तुत स्थल में शक्यार्थ सम्बन्ध से सत्य ही विवक्षित है। ऐसे ही 'ह'कार व्योम बीज होने से व्योम अनन्त है, अतः अनन्त अर्थ होगा।

प्रत्यक्ष ज्ञानवाचक 'लोचन' के वाचक 'ल'कार का ज्ञान अर्थ है। इस प्रकार तटस्थ और स्वरूप लक्षणों से 'ब्रह्म' का निर्णय किया गया। अब उसका जीव के साथ अभेद तृतीय कूट से कहा जायेगा–

जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति रूप तीन कलाओं से सहित होने से 'सकल' पद जीव-परक है, अतः शक्तिबीज 'तृतीय कूट' ब्रह्मपरक है। सामानाधिकरण्य से लक्षित और शुद्ध का अभेद रूप अर्थ सिद्ध हुआ अथवा 'सर्वं खल्विदं ब्रह्म' यह कथन न्यून मानकर उसे और पुष्ट करने के लिये तृतीय कूटगत 'सकल' पद का उपयोग माना जाये। इस प्रकार अवान्तर वाक्यों से जीव और ब्रह्म का स्वरूप बताकर उनका अभेद सिद्ध करना ही महावाक्यार्थ है। इसकी व्याख्या में आचार्य लिखते हैं–

'तत्त्वमसि' इस महावाक्य में तत्पदार्थ और त्वंपदार्थ के एक विभक्ति में निर्देश के कारण सामानाधिकरण्य से अभेद प्रतिपादित हुआ। वह दो वाच्यार्थों का सम्भव नहीं है, अतः जहदजहल्लक्षणा से लक्ष्य पदार्थों का ही अभेद ग्राह्य है। उसमें तत्पद का वाच्यार्थ सृष्ट्यादि कृत्य-पञ्चक का जनक यह है। उसी को **'यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते'** इत्यादि शब्दों के द्वारा श्रुति ने कहा है। लक्ष्यार्थ तो कृत्यातीत निर्विशेष ब्रह्म ही है। वह भी 'सत्यं ज्ञानं' इत्यादि से प्रतिपादित है। ऐसे ही 'त्वं' पद का वाच्यार्थ जाग्रदादि अवस्था-पञ्चक विशिष्ट है। उसे भी श्रुति

ने 'तद्यथाऽस्मिन्नाकाशे श्येनो वा सुपर्णो वा विपरिपत्य श्रान्तः संहत्य पक्षौ संलयायैव ध्रियत एवमेवाऽयं पुरुष एतस्मा अन्ताय धावति । तद्यथा महामत्स्यः' इन शब्दों से कहा है।

लक्ष्यार्थ तो अवस्थादि-अतीत ब्रह्म है । वह भी 'योऽयं विज्ञानमयः प्राणेषु हृद्यन्तर्ज्योतिः पुरुषः, न दृष्टेर्द्रष्टारं पश्येः' इन शब्दों से श्रुति के द्वारा उक्त है। इस प्रकार अवान्तर वाक्यों से वाच्यार्थ और लक्ष्यार्थ का निर्णय होने पर, महावाक्य में दोनों लक्ष्यार्थों का अभेद-बोध होता है । यद्यपि श्रुतियों में कृत्य-त्रय या अवस्था-त्रय ही वर्णित है, तो भी तन्त्रों के अनुसार उसको पञ्चक का उपलक्षण मानकर व्याख्या करनी चाहिये, वैसे त्रिवृत्करण की पञ्चीकरणपरता की जाती है।

इस प्रकार प्रस्तुत प्रसंग में तृतीय कूटस्थ 'सकल' पद से' कलाभिः अवस्थाभिः सहितः' यह अर्थ करने से वाच्यार्थ कहने पर भी लक्ष्यार्थ न कहने की न्यूनता होगी। इसलिये 'कूटद्वय' की दो बार आवृत्ति से 'त्वं' पदार्थ की वाच्यार्थ-लक्ष्यार्थ दोनों के सम्बन्ध की व्याख्या अपेक्षित है, अथवा तान्त्रिकों के मत में वाच्यार्थों के भी अत्यन्ताभेद की मान्यता शाम्भवानन्दकल्पलताकार आदि ने मानी है, तदनुसार दोनों कूटों से सृष्टिकर्तृत्वादि विशिष्ट की स्थिति वाच्यार्थ में माननी चाहिये । तृतीय कूट में उन दोनों का अभेद या सम्पूर्ण जगत् का अभेद-बोध मानना चाहिये। यहाँ पर जितना वक्तव्य अंश है, उस सबके कहने से सम्पूर्ण वेदान्तशास्त्र की आरम्भणीयता उपस्थित होगी, अतः उस पर कुछ कहना ठीक नहीं है।

महावाक्यार्थ का विग्रह 'महांश्चासौ पूर्वश्च वाक्यार्थ इति', 'महाशब्दः पूर्वो यस्मिन् वाक्ये शब्दे तस्य महावाक्यस्यार्थः' इस तरह होगा । ये सभी अर्थ उपलक्षणभूत हैं। अतः तन्त्रों में यथास्थान निर्दिष्ट अन्य अर्थों का भी सङ्ग्रह करना चाहिये। जैसे–योगिनीहृदय (१।३६) में 'आत्मनः स्फुरणं पश्येद्यदा सा परमा कला' इत्यादि ग्रन्थ से आरम्भ कर कुछ चार-चार पदार्थों को बताकर उसका वाचकत्व, कूटत्रय और तुरीयविद्या ये चार शब्द प्रतिपादित किये गये हैं।

कूटत्रितययुक्तस्य सकलस्य मनोः पुनः।
एतानि वाच्यरूपाणि कुलकौलमयानि तु ॥ (यो. हृ. १।४८)

इत्यादि, अर्थात् जितने चतुष्क होंगे उतने ही मन्त्रों के अर्थ हैं। उनको इस वरिवस्यारहस्य के प्रथम अंश में 'पुटधाम' इत्यादि के व्याख्या-प्रसंग में कहा है। वहाँ पर यद्यपि कूटों का पुटादि से अभेद ही कहा है, तो भी वह वाच्यवाचक भाव रूप से पर्यवसित है। शब्दार्थों का तादात्म्य ही 'शक्ति' रूप से पातञ्जलभाष्य में और मञ्जूषा में स्पष्ट रूप से प्रतिपादित है और भी कादिमत में पैंतीसवे पटल में तीन व्याकुलाक्षर श्लोकों से अर्थ वर्णित है–

णै: याभिलिर्वतास्त्रिल तेर्थोधीकयलाऽभिस ।
णदेरूपेपेणवीशे तम् दिमीनरिस्यादते ॥ १ ॥
त्स्नं तोगशेत्कृषजअ तमृत्ममील्लेरिखाकहृ ।
त:र्थकस्याथिश्चास्तुत त:न्त्रेगोर्वपितषुस ॥ २ ॥
त्वंकामाम्नानप्रशव्यो नानमसग्निमात्वग्र ।
रोमईयोकार्विर्शत नमृतभान्दुलनान्निबि ॥ ३ ॥

इनका वाचन क्रम–

'देवतारथगोमूक:' (८४६२७३५१) इति यो वेत्ति न क्रमम् ।
स व्याकुलाक्षरे मूको देवतारथगोऽपि सन्' ॥

इसके अनुसार है ।

तृतीय कूट में तीन वर्णों का सर्वार्थकत्व है, तुरीय अक्षर देव्यर्थक है, उससे यह अर्थ बना–यह प्रथम श्लोक का अर्थ है । सभी जगत् देवीरूप है, यह अर्थ अन्य तन्त्रों में गोपित है–यह द्वितीय श्लोक का अर्थ है । लज्जा बीज स्थित चारों अक्षरों से जो प्रकाशक है, जो ग्रासशील है, उन दोनों का सामरस्य और तादात्म्य द्वितीय में प्रतिपादित है–यह तृतीय श्लोक का अर्थ है । प्रकाश और ग्रास ये शब्द उत्पत्ति और संहार के या विद्या और अविद्या के वाचक हैं । यह भी अर्थ 'अत्यल्पमिदं कथितं' इस कारिका (श्लो० १४६) से सूचित किया है । इस प्रकार इस विषय में 'पुटधाम०'इस तैंतीसवें श्लोक के त्रयोदश (१३) अर्थ हैं । गायत्री आदि पन्द्रह अर्थों में भावार्थ चार हैं, नामार्थ तीन हैं, शाक्तार्थ दो हैं, कौलिकार्थ में भी गणेशादि रूप से देवी-विद्या-चक्र के भेद से त्रैविध्य है, महावाक्यार्थ में भी द्वैविध्य है, इस प्रकार चतुर्दश (१४) हुए । बचे हुए अर्थ दस हैं । सब मिलकर सप्तत्रिंशत् (३७) अर्थ हैं । नामैकदेशार्थ के अनन्त भेद कहे गये हैं । इस प्रकार बहुतन्त्रावलोकन से अन्य अर्थ भी सङ्ग्राह्य होंगे । पूर्वनिर्दिष्ट व्याकुलाक्षर श्लोकों का उद्धार निम्नलिखित रूप से है–

ललितायास्त्रिभिर्वर्णै: सकलार्थोऽभिधीयते ।
शेषेण देवीरूपेण तेन स्यादिदमीरितम् ॥ १ ॥
अशेषतो जगत् कृत्स्नं हृल्लेखात्मकमीरितम् ।
तस्याश्चार्थस्तु कथित: सर्वतन्त्रेषु गोपित: ॥ २ ॥
व्योम्ना प्रकाशमानत्वं ग्रसमानत्वमग्निना ।
तयोर्विमर्श ईकारो बिन्दुना तन्निभालनम् ॥ ३ ॥

शक्ति या लक्षणा से 'मन्त्र' के जो अर्थ प्रदर्शित किये गये हैं, उनमें कोई विवाद न होगा; क्योंकि प्रत्यक्षादि प्रमाणों से (शक्तिग्राहक व्याकरणकोशादि से तथा शक्य सम्बन्ध के स्पष्ट प्रतिपादन से) उनकी सिद्धि हो चुकी है । अभी तक जो मन्त्र के भावार्थ आदि छ: अर्थ बतलाये गये हैं, उनमें शक्ति और लक्षणा न

भी स्वीकार की जावे अर्थात् शक्तिग्राहक प्रमाणों के अभाव से और शक्य सम्बन्ध की कल्पना न हो, तो भी कोई हानि न होगी। व्यक्तिरूप ' व्यञ्जना ' नामक तीसरी वृत्ति तो हो ही सकती है–

"वक्तृबोद्धव्यकाकूनामन्यसन्निधिवाच्ययोः।
प्रस्तावदेशकालादेर्वैशिष्ट्यात्प्रतिभाजुषाम्" ॥

इत्यादि के अनुसार व्यञ्जना से अर्थबोध हो सकेगा। यहाँ 'आदि' पद से उपासना भी होनी चाहिये। यदि व्यञ्जना को भी बहुत लोग नहीं मानते, तो ऐसी स्थिति में यह मानना उचित है कि शक्ति आदि तीनों शब्द-शक्तियों से विलक्षण प्रक्रिया वाली कोई शक्ति है, जिससे अर्थ का बोध होता है अथवा 'शिव' वचन की प्रामाणिकता के आधार से अर्थों को माना जावे और इसे भी 'शक्ति' ही कहना उचित होगा। '**एतस्मादयमर्थो बोद्धव्यः**' (श्लो० १५१) इस प्रकार शिवेच्छा रूप शब्दशक्ति मानने से कोई वाद शेष न रहेगा।

अब इसमें कुछ और विचार उपस्थापित किया गया है– 'यह पद इस अर्थ को बोध करावे' ऐसी इच्छा में अर्थबोधजनकत्वनिष्ठप्रकारतानिरूपितविशेष्यता-शालित्वेन अर्थात् अर्थबोधजनकता को लेकर ही शब्द का सम्बन्ध होने से 'पद' भी विषय है और इस मन्त्रार्थ के प्रकरण में प्रति पद अर्थ को नहीं दिखाया है, तब शक्ति की स्थिति कैसे होगी? अतः 'यह वाक्य इस अखण्डार्थ का बोध कराये' इस प्रकार की इच्छा की कल्पना करनी पड़ेगी। वाक्य की 'अखण्डता' वैयाकरणों ने मानी ही है। अर्थ की अखण्डता के विषय में '**प्रकृष्टप्रकाशश्चन्द्रः**' इत्यादि का वाक्यार्थ वर्णन करते हुए वेदान्तियों ने अखण्डार्थता मानी है। उसका भी विचार करने पर 'विशिष्ट' का 'अतिरिक्त' में ही पर्यवसान होता है। अतः जहाँ पर प्रति पद अर्थ का विचार होगा, वहाँ यही रीति मानी जायेगी। जहाँ पर वह न होगा, वहाँ पर सम्पूर्ण को 'एक पद' माना जायेगा। यदि यह कहें कि एक पद की विशिष्ट, बहु अर्थवाचकता कहीं नहीं है, तो दृष्टान्त के लिये घट-घटत्व-समवायों का उदाहरण द्रष्टव्य है; क्योंकि 'घट' पद मात्र से ये अर्थ ग्राह्य हैं अथवा 'आसेचनक' पद को भी ले सकते हैं, जिसका अर्थ ही है कि जिसे देखने से कभी पूरी तृप्ति न हो। '**तदासेचनकं तृप्तेर्नास्त्यन्तो यस्य दर्शनात्**' यह कोष है। जैसे– नैयायिकों की 'व्याप्ति' का अर्थ करते हुए '**हेतुसमानाधिकरणात्यन्ताभावाप्रतियोगि-साध्यसामानाधिकरण्यम्**' यह कहा गया है, वैसे ही 'उपाधि' आदि पदों में भी स्थिति है। अतः ईश्वरेच्छा में 'पद' की ही विशेष्यता मानने से प्रस्तुत प्रसंग में विलक्षण इच्छा मानने की कोई आवश्यकता नहीं है।

अब 'पद' मानने पर 'अनेकार्थता' के दोष का निवारण करने के लिये उपाय बताया जा रहा है–'हरि', 'सैन्धव' आदि पदों में एक के ही अनेक अर्थ देखे गये

हैं, उनमें प्रकरण आदि से तात्पर्य-निर्णय होता है; परन्तु प्रस्तुत मन्त्रों के प्रसंग में प्रकरणादि ज्ञान नहीं है; अपितु सम्पूर्ण अर्थों का बोध भी इष्ट ही है। अतः विशेष की अलग आकांक्षा नहीं है अथवा सम्पूर्ण अर्थों में शक्ति की एकता 'पुष्पवन्तौ' आदि पदों की तरह स्वीकार करनी चाहिये। ईश्वर की इच्छा से एक ही पद में अनेक अर्थों की उपस्थिति-क्षमता जैसे सूर्य और चन्द्र दोनों में मानी गई है, उसी प्रकार से यहाँ पर मन्त्रार्थ के विषय में भी बोध होगा।

जहाँ पर प्रति पद अर्थ है, वहाँ 'वाक्यत्व' माना जावे, जैसे—गायत्र्यर्थ, नामार्थ आदि में। अन्यत्र कहीं पर अवान्तर वाक्यत्व है, जैसे सगुणार्थ, अवयवार्थ आदि में। अवान्तर वाक्य वह है, जो वाक्यसमूह से भिन्न होने पर भी पदसमूह रूप है। प्रस्तुत विषय में महावाक्य का उपाधिरूप नहीं है। समस्तार्थ में समासवाक्य है, अन्तिम अर्थ में महावाक्य है।

एक का ही अनेक अर्थों में विनियोग होने से वेदों में भी अर्थबाहुल्य स्वीकृत है, जैसे 'पुरुषसूक्त' का विभिन्न देवताओं की पूजा में विनियोग होने से अनेकार्थता स्पष्ट है। केवल इतना ही भेद है कि पूजाओं में तत्तद्देवताविषयक अर्थों का स्मरण विहित है, यहाँ मन्त्र में तो सभी अर्थों के स्मरण से अदृष्टोत्पत्ति मानी जाती है। '**सिद्धे प्रमाणदार्ढ्यम्**' (श्लो॰ १५७) में इस नियम का दृष्टान्त देते हुए कहा है—

'**ज्योतिष्टोमेन स्वर्गकामो यजेत**' आदि वेदवाक्यों में तृतीया विभक्ति रूप श्रुति से याग की जनकता और स्वर्ग का जन्यत्व यद्यपि प्रतीत होता है, तो भी दोनों की भिन्नकालिकता है, अतः सम्बन्ध नहीं बैठता। देवता-प्रसाद, यागध्वंस आदि कारणों की कल्पना से भी समाधान सम्भव नहीं है। अतः 'अपूर्व' नामक वस्तु मानकर उससे उपपत्ति की गई है।

इस प्रकरण में पूर्ववर्णित पञ्चदश (१५) अर्थों का संग्रह करते हुए कहा गया है—

विद्या में वर्णों की इयत्ता (संख्या) अष्टपञ्चाशत् (५८) वर्णात्मक है। विद्या का उद्धार '**क्रोधीशः श्रीकण्ठारूढः**' (श्लो॰ ९) इत्यादि शब्दों से कहा है। विद्या तीन लवों से न्यून एकतीस (३१) मात्रात्मक है। उच्चारण का काल एक लव से न्यून उनतीस (२९) मात्रात्मक है। '**इत्येवं वर्णानां**' (श्लो॰ २९) इत्यादि साढ़े तीन श्लोकों से उच्चारण सूचित किया जा चुका है। उत्पत्ति-स्थान 'कण्ठे च कण्ठतालुनि' (श्लो॰ १९) इत्यादि कहा गया है। यत्न बाह्य और आन्तर, रूपादित्रय '**प्रलयाग्निनिभं**' (श्लो॰ २०) इत्यादि से निर्दिष्ट है। '**स्वं रूपं' व्यष्टि-समष्टिविभेदात्**' (श्लो॰ ३२) इत्यादि से सूचित है। विभाव्य (विभावना) अवस्था-**पञ्चक** आदि कहा है। अर्थ गायत्री का अर्थ आदि के रूप में कथित है। ये

सब बातें 'मन्त्र' के अन्तरंग के सम्बन्ध में ज्ञातव्य होने से उपासकों के लिये आवश्यक हैं।

अब बाह्य अंगों का परिगणन करते हैं, जैसे—ऋषि, छन्द, देवता आदि। ऋषि-हयग्रीवादि, छन्द-पंक्ति आदि, देवता—त्रिपुरसुन्दरी, विनियोग-इष्टार्थजनकत्व, बीज—वाग्भव आदि, शक्ति—परा आदि, कीलक—कामराज आदि, न्यास—ऋष्यादि-न्यासजाल, ध्यान—'**अरुणां करुणातरङ्गिताक्षीम्**' इत्यादि, नियम—पुण्ड्रेक्षुदण्ड-भक्षण-वर्जन संकल्प आदि, पूजा—पात्रासादनादि शान्तिस्तवान्त व्यापार। वह भी नित्य, नैमित्तिक, काम्यभेद से तीन प्रकार की है, परा-अपरादि भेद से भी तीन प्रकार की है, केवल आदि भेद से पाँच प्रकार की भी उक्त है। आदि पद से होम-तर्पण आदि का भी संग्रह करना चाहिये। ये सब बहिरंग रूप से आवश्यक हैं तथा प्राय: प्रसिद्ध हैं। इनका स्पष्टीकरण आचार्य के प्रकाशवरिवस्याविधि में विस्तार से द्रष्टव्य है। अत: यहाँ संक्षेप से निर्देश किया है। अन्तरंग विषय दुर्लभ होता है, वह अन्तर्मुख लोगों के लिये ही उपयुक्त होता है। जो विषयों में अनासक्त हैं, वे ही अन्तरंग उपासना के अधिकारी हैं। ललितासहस्रनाम में भी वचन है—'**अन्तर्मुखमाराध्या बहिर्मुखसुदुर्लभा**'। वैसे अधिकारियों के लिये ये विचार प्रकट किये गये हैं। इस अन्तरंग भावना को छोड़कर बाह्य आडम्बर मात्र की उपासना बहिरंगों का विस्तार मात्र करना प्राणहीन देह की तरह या सूत्रहीन पुतली की तरह है। बीज से मूल, मूल से क्षेत्र का अन्त:स्थ और बाह्य विस्तार होता है, यद्यपि दोनों में समानता है; परन्तु तो भी अन्तरंग की प्रधानता रहती है। प्रस्तुत मन्त्रार्थ में बीज है—कामकला, मूल है—मन्त्रशरीर, क्षेत्र से शरीर या केदार का बोध होगा। यद्यपि बीजजन्यत्व मूल और क्षेत्र दोनों में है; परन्तु अन्तरंग मूल ही प्रधान होता है। शास्त्रकारों की उक्ति भी है—'**अन्तरङ्गनाशे बाह्याङ्गसहितवृक्षनाश:, बाह्याङ्गमात्रनाशेऽपि न वृक्षस्य न वान्तरङ्गस्य नाश:**'। ये सब बातें प्रसंगत: इस ग्रन्थ में निबद्ध की गई हैं; परन्तु पाण्डित्य के बल से गुरु की अपेक्षा न कर विद्या का स्वीकार या विचार पापजनक है।

सद्गुरु की कुलपरम्परा से, गुरुकृपा से प्राप्त विद्या ही पुरुषार्थ-प्रद होती है। दूसरे अर्थ में सद्गुरु श्वसुर के कुल से विधिवत् प्राप्त कन्या ही पुरुषार्थ में सहायक होती है। निज बुद्धि मात्र से उत्पन्न (विद्या) अपनी कन्या के समान सम्बन्धयोग्य न होने से पाप या हानिप्रद होती है। सद्गुरु का लक्षण '**सुन्दर: सुमुख: स्वस्थ:**' इत्यादि शब्दों से तन्त्रराज में उक्त है। उनकी सेवाजनित प्रसाद से ही विद्या लभ्य है। अन्यथा दोष भी कहा है—

'पारम्पर्यविहीना ये ज्ञानमात्रेण गर्विता:।
तेषां समयलोपेन विकुर्वन्ति मरीचय:' ॥

अर्थात् अनधिकार चेष्टा करने पर धातुविकार आदि दोष आपत्तियाँ आती हैं। शास्त्रों की मर्यादा के अनुसार– '**मङ्गलादीनि मङ्गलमध्यानि मङ्गलान्तानि हि शास्त्राणि**' इत्यादि वचनों का अनुसन्धान करते हुए आचार्य ने अन्तिम पद्य (श्लो॰ १६६) में पुनः मङ्गल की रचना की है–

अकथासनं हळक्षान्तरं समासाद्य मामकं ज्ञानम्।
मामकमेवानन्दं मह्यं ददतो जयन्ति गुरुचरणाः॥

जो कथा (वचनों) का विषय नहीं है। 'ह' निश्चय के अर्थ में है, ळ क्ष है अन्तर जिसका, ऐसा 'मामकं' अर्थात् अभिन्न ज्ञान लेकर उसे अपने से अभिन्न कर आनन्द रूप से देने वाले श्रीगुरुचरणों की जय हो।

अन्य पक्ष में मस्तक स्थित सहस्रदल कमल के नीचे अष्टदल द्वादशान्त नामक कमल में, अ क थ इन अक्षरों से बने त्रिकोण में, जिसके भीतर के कोणों में 'ह', 'ळ', 'क्ष' वर्ण की स्थिति है, उसमें श्रीगुरु विराजमान हैं। उनके चरणों से ज्ञानधारा का प्रवाह प्रवृत्त होकर शिष्य को आप्लावित करता है। यहाँ पर 'मामक' शब्द का अर्थ आत्मा से अभिन्न यह है।

श्रीगुरुचरण ही जिनके एकमात्र सहायक (पालक) हैं, उन भास्करराय ने जगन्माता की वरिवस्या (पूजा) का अतिरहस्य विषय जो वीरों से वन्दनीय है, ग्रन्थरूप से निबद्ध किया। यहाँ पर 'वीर' शब्द भी विशेष अर्थ में प्रयुक्त है– अहन्तारूप रणांगण में इदन्तारूप शत्रु का नाश करने वाला ही 'वीर' कहा जाता है। 'परापञ्चाशिका' (श्लो॰ ५०) आदि ग्रन्थों में लिखा भी है–

'अहमि प्रलयं कुर्वत् इदमः प्रतियोगिनः।
पराक्रमपरो भुङ्क्ते स्वात्मानमशिवापहम्' ॥

महार्थमञ्जरी में बीसवीं कारिका की व्याख्या में भी एक पद्य उद्धृत है–

अहङ्क्रिया नित्यमहङ्क्रियायां पराक्रमो यस्य पराक्रमे च।
स एव वीरो ननु तस्य शास्त्रं विमर्शशाणोल्लिखिता स्वशक्तिः॥
वस्तु प्रस्तुतमस्तु निस्तुलमहःस्तोमास्तितावास्तु नो
हस्तन्यस्तसमस्तपुस्तकभरध्वस्ताऽसदेनस्तति।
शस्तस्वस्तिकृदस्तदुस्तरतमः स्वस्तोकसौवस्तिकं
गीस्तोयस्तनयित्नुसुस्तनयुगं वास्तोष्पतिप्रस्तुतम्॥

निरुपम प्रकाशशाली, हाथ में पुस्तक धारण करनेवाला, सम्पूर्ण अज्ञान और पापों का नाशक, सभी देवों से आराधित, ज्ञानधारा को देनेवाला, सरस्वती का तेज सर्वदा हमारे सामने उपस्थित रहे।

यह अनुप्रासप्रधान चित्रकाव्य है, लक्षणामूल ध्वनि के द्वारा वाग्देवता का महत्त्व इसमें व्यञ्जित होता है।

●

आरम्भ में आचार्य ने जगद्‌गुरु शंकराचार्य का वन्दन किया है। आचार्य शङ्कर ही सभी सम्प्रदायों के आदि प्रवर्तक हैं। विद्यारण्य यति के 'श्रीविद्यार्णव' ग्रन्थ के अनुसार श्रीशङ्कराचार्य शक्ति-उपासना के मूर्धन्य आचार्य थे। उनकी शिष्य-परम्परा दो धाराओं में विभक्त थी–एक गृहस्थ शिष्य और दूसरी संन्यासी शिष्य। इनकी नामावली भी श्रीविद्यार्णव में दी गई है। गृहस्थ शिष्यों की परम्परा में श्रीभास्करराय जी का स्थान है।

इस विषय पर कुछ चर्चा गणेशसहस्रनाम की 'खद्योत' टीका का परिचय देते हुए हमने भी की है। श्रीशङ्कराचार्य के विषय में आचार्य ने 'विष्णुधर्मोत्तर' पुराण का उल्लेख किया है। श्लोक इस प्रकार है–

श्रीरामं प्रति पुष्कराभिधमहायक्षेण वेदत्रय-
व्याख्यानावसरे विशिष्य कथितं श्रीविष्णुधर्मोत्तरे।
तां धेनुं समुपाह्वयामि सुदुघामित्यग्रतं
शङ्कराचार्यं शिष्यचतुष्टयेन सहितं वन्दे गुरूणां गुरुम्॥

इसका अर्थ यह है–श्रीराम के प्रति 'पुष्कर' नामक किसी महायक्ष ने वेदों की व्याख्या के समय 'विष्णुधर्मोत्तर'पुराण में आचार्य शङ्कर का निर्देश किया है। जिस वेदमन्त्र का प्रसंग है, वह **उपह्वये सुदुघां धेनुमेतां** इत्यादि है। उन चारों शिष्यों के सहित भगवान् गुरुओं के गुरु शङ्कराचार्य को मैं प्रणाम करता हूँ"। वेद और पुराण भूत, भविष्यत् दोनों बातों का संकेत करते हैं, तदनुसार आचार्य शंकर का निर्देश ठीक ही है। इसी प्रकार से 'देवीकवच' की टीका के प्रारम्भ में एक पद्य आचार्य भास्करराय का है–

ॐ सत्सम्प्रदायप्रथनाय तिष्ये शिष्यैश्चतुर्भिः सह योऽवतीर्णः।
उक्तो बृहत्सङ्गमतन्त्रराजे श्रीशङ्कराचार्यगुरुं तमीडे॥

इस पद्य के अनुसार 'शक्तिसङ्गमतन्त्र' में आचार्य शङ्कर का उल्लेख है कि चारों शिष्यों के साथ सम्प्रदाय की प्रवर्तना के लिये शङ्कराचार्य अवतीर्ण हुए हैं। इससे श्रीभास्करराय दीक्षित जी अपनी परम्परा की शुद्धि पर प्रकाश डालते हैं। 'गुप्तवती' टीका के अन्त के श्लोकों से इसका रचनाकाल, स्थान आदि सूचित किया गया है–

चतुष्टये पीठिकानां प्राचीनानां च तुष्टये।
चमत्कृतिकरी भूयान्नवीनानां च मत्कृतिः॥

यहाँ तन्त्रों के अनुसार पीठ-चतुष्टय कामरूप, ओड्याण, पूर्णगिरि तथा जालन्धर हैं।

साधुच्छायाप्रमितप्रमोदवर्षे चिदम्बरे जनिता।
साधुच्छायाप्रमितप्रमोदवर्षे चिदम्बरे तनुतात्॥

इसमें चिदम्बर क्षेत्र का उल्लेख किया गया है। यमक अलङ्कार के साथ लेखन का समय भी कहा है। एक पद्य गुरु की महत्ता पर है–

गुरुरेव शिवो गुरुमेव भजे गुरुणैव सहास्मि नमो गुरवे।
न गुरोरधिकं शिशुरस्मि गुरोर्मतिरस्तु गुरौ जय नाथ गुरौ॥
श्रीकाशीपुरवासिसोमपसुधीगम्भीरराड्भारती-
पुत्रेणाऽग्निचिता मया रचितया चण्डीस्तुतेष्टीकया।
या नन्दादिषु सप्तमी भ्रमरिणी भीमातटे सन्नति-
क्षेत्रे नः कुलदेवता वसति सा श्रीचन्द्रला प्रीयताम्॥

काशी में रहनेवाले सोमयाजी गम्भीरराय भारती के पुत्र अग्निहोत्री मैंने (श्रीभास्करराय ने) चण्डीस्तुति की यह टीका लिखी। इससे भीमा नदी के तट पर सन्नति क्षेत्र में निवास करनेवाली 'नन्दा' आदि अवतारों में जो सातवीं हैं, वह 'भ्रामरी' भगवती चन्द्रला हमारी कुलदेवता प्रसन्न होवें। इसके नीचे पुष्पिका है–

इति श्रीमत्पदवाक्यप्रमाणपारावारपारीणधुरीणसर्वतन्त्रस्वतन्त्रश्रीमद्गम्भीरराय-दीक्षितात्मजभास्कररायभारतीदीक्षितमहाग्निचिता विरचिता गुप्तवतीसमाख्या सप्तशतीव्याख्या समाप्ता॥

आचार्य ने अपने सभी ग्रन्थों में अपने पूज्य पिता का उल्लेख कर उसके बाद ही अपना नाम दिया है। टीका का नाम 'गुप्तवती' क्यों रखा गया? इस विषय में आचार्य ने लिखा है–

कवचार्गले च कीलकमादौ मध्ये त्रयोदशाध्यायी।
अन्ते प्राधानिकवैकृतिके मूर्तित्रयं रहस्यानाम्॥
इति मार्कण्डेयपुराणाध्यायेषूनविंशतौ गुप्तान्।
अर्थान् प्रकटीकुरुते भास्कररायोऽग्निचित् कतिचित्॥

इसका अभिप्राय यह है कि मार्कण्डेयपुराण में यह सप्तशती है, जो त्रयोदश (तेरह) अध्यायों में है। उसके साथ प्रारम्भ में कवच, अर्गला, कीलक ये तीन और अन्त में प्रधान, वैकृतिक तथा मूर्ति के रहस्य रूप तीन अध्याय हैं, सब मिलाकर उन्नीस अध्याय हैं। इनके गुप्त-रहस्यभूत या महत्त्वपूर्ण अर्थों का विवरण इस टीका में हुआ है। सप्तशती के अर्थज्ञान का लोप देखकर आचार्य को खेद हुआ था। अतः विद्वानों और साधकों को निगूढ और प्रामाणिक अर्थों का ज्ञान कराने के लिये ही यह प्रयास किया गया है।

काव्य, व्याकरण, तर्क, उपनिषद् के विद्वानों ने इस पर टीकाएँ लिखीं; परन्तु उनमें जप, होम, तर्पण, मार्जन आदि विषयों का ही विवेचन है, सूक्ष्म अर्थ का नहीं है। अतः जिज्ञासु के लिये 'गुप्तवती' का विशेष उपयोग होगा–यह आचार्य का कथन है। आचार्य को विश्वास है कि उनकी इस कृति को विद्वान् लोग स्वयं

ही मनोयोग से पढ़ेंगे। आरम्भ में प्रसंगवश 'चण्डीसपर्याक्रमकल्पवल्ली' नामक ग्रन्थ का नाम दिया है। सम्भवतः यह कोई प्राचीन ग्रन्थ है, अथवा आचार्य की रचना है। इसके आगे सप्तशती के जिन विषयों पर आचार्य ने विचार किया है उसकी अनुक्रमणिका श्लोकबद्ध लिखी है—

मङ्गलाचरणं ग्रन्थप्रतिपाद्यार्थसङ्ग्रहः।
ततश्चण्डीतिशब्दस्य तदर्थस्य च निर्णयः॥ १ ॥
तन्मन्त्रस्य नर्वाणस्योद्धारस्तस्यार्थवर्णनम्।
चण्डीस्तवेऽपि हृल्लेखा वाग्भवं चेतनी रमा॥ २ ॥
कामः कामकला विघ्नो वाराही नारसिंहिकाः।
पराप्रासादतद्योगसर्वमङ्गलकालिकाः॥ ३ ॥
नवार्णश्चेति सर्वेषां मन्त्रोद्धारप्रवेशनम्।
संक्षेपेण नवार्णस्य साधनक्रमवर्णनम्॥ ४ ॥
अङ्गाङ्गिभावनिष्कर्षश्चण्डीस्तवनवार्णयोः।
ततः सप्तशतीशब्दस्तदर्थस्तत्प्रशंसनम्॥ ५ ॥
शापोद्धारोत्कीर्तने च तत्स्तोत्रपठनक्रमः।
तत्पुरश्चरणं काम्यप्रयोगे बलिनिर्णयः॥ ६ ॥
आवृत्तौ पाठवैचित्र्यं ऋत्विजां दक्षिणाक्रमः।
कवचस्यार्गलायाश्च कीलकस्यार्थवर्णनम्॥ ७ ॥
ततो रहस्यतन्त्रस्थगुरुकीलकलेखनम्।
तदर्थवर्णनं कात्यायनीतन्त्रस्य मुख्यता॥ ८ ॥
तत्राद्यपटलव्याख्या परोक्ताभासखण्डनम्।
ततस्तत्सङ्ग्रहशतश्लोक्या अंशेन लेखनम्॥ ९ ॥
स्तोत्राद्यचरितव्याख्या द्वितीयपटलस्य च।
तत्सङ्ग्रहांशो व्याख्यानं मध्यमेऽथ चरित्रके॥ १० ॥
तृतीयपटलव्याख्या ततस्तत्सङ्ग्रहांशकः।
तृतीयचरितेऽध्यायषट्कमन्त्रार्थवर्णनम्॥ ११ ॥
चतुर्थपटलव्याख्या ततस्तत्सङ्ग्रहांशकः।
एकादशादित्रितयमन्त्राध्यायार्थवर्णनम्॥ १२ ॥
अथ यामलतन्त्रोक्तः प्रकारस्तस्य संग्रहः।
ततस्तन्त्रातरप्रोक्तसङ्ग्रहांशसमापनम्॥ १३ ॥
प्राधानिकरहस्यस्य व्याख्या वैकृतिकस्य च।
ततो मूर्तिरहस्यस्येत्यनुक्रमणिका मता॥ १४ ॥

इस प्रकार चौदह श्लोकों में गुप्तवती के प्रतिपाद्य विषय का परिचय दिया गया है।

चण्डी-शब्दार्थ

'चण्डी' परब्रह्म की पट्टमहिषी देवता का नाम है। चण्डभानु, चण्डवाद आदि प्रयोगों में इयत्तानवच्छिन्न (जिसकी कोई सीमा नहीं है) ऐसे असाधारण गुणों वाले का ही बोध होता है। इयत्ता तीन प्रकार की होती है–देशकृत, कालकृत और वस्तुकृत। इस त्रिविध परिच्छेद से रहित केवल एकमात्र 'परब्रह्म' ही हैं, अर्थात् यह परिच्छेदशून्यता ब्रह्म में ही रहती है। यद्यपि 'चडि कोपे' इस धातु से चण्डी शब्द बना; परन्तु **'कस्य बिभ्यति देवाश्च जातरोषस्य संयुगे'** इत्यादि तथा–

'प्रसादो निष्फलो यस्य कोपोऽपि च निरर्थकः।
न तं भर्तारमिच्छन्ति षण्ढं पतिमिव स्त्रियः'॥

इत्यादि सूक्ति के अनुसार महाभयजनक होने से ही कोप की सफलता होती है। अतः उस प्रकार के 'कोप' के अर्थ में 'चडि' धातु का मुख्यार्थ मानना चाहिये। इसी कारण रुद्राध्याय में **'नमस्ते रुद्रमन्यव'** इत्यादि से 'मन्यु' (क्रोध) को ही प्रथम नमस्कार किया गया है। श्रुति भी कहती है–**'भीषाऽस्माद्वातः पवते भीषोदेति सूर्यः भीषाऽस्मादग्निश्चेन्द्रश्च मृत्युर्धावति पञ्चमः'**।

इन श्रुतियों से वायु आदि देवताओं को भी भयजनक कोप जिसका हो, वह 'परब्रह्म' ही हो सकता है। अतः **'महद्भयं वज्रमुद्यतम्'** इस श्रुतिवाक्य में वज्र पद से ब्रह्म का ही बोध होता है। कोई आयुध विशेष से तात्पर्य नहीं है; क्योंकि भयजनकता का लिंग ब्रह्म का ही है। यह बात उत्तरमीमांसा के कम्पनाधिकरण में निर्दिष्ट है। अतः उस 'चण्ड' शब्द से पुंयोगलक्षण में 'ङीष्' प्रत्यय के द्वारा 'चण्डी' पद की निष्पत्ति होती है। इसी बात को श्री अप्पयदीक्षित जी ने 'रत्नत्रयपरीक्षा' में **'नित्यं निर्दोषगन्धं निरतिशयसुखं ब्रह्मचैतन्यमेकम्'** इत्यादि श्लोक से कहा है।

इसका तात्पर्य यह है–एक ही ब्रह्म अनादिसिद्ध माया से धर्म और धर्मी दोनों रूपों को ग्रहण करता है। यह स्थिति सृष्टि के प्रारम्भ काल की है। इसी को प्राथमिक ईक्षण कहा है। **'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय', 'सोऽकामयत', 'तत्तपोऽकुरुत'** इस प्रकार की त्रिविध श्रुतियों से सिद्ध, ज्ञान-इच्छा-क्रिया का समष्टिरूप होना ही 'ब्रह्म' का धर्म है। वह भी धर्मी से अभिन्न ही है। **'स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च'** इस श्रुति के अनुसार धर्म को ही 'शक्ति' संज्ञा दी गई। इसीलिये **'अथातो धर्मजिज्ञासा'** इस कौलोपनिषद् के प्रथम सूत्र में जैमिनि-शास्त्र के प्रथम सूत्र की तरह धर्म शब्द चोदना-लक्षण अर्थ रूप जड पदार्थ के विषय में नहीं है; किन्तु ब्रह्म धर्म रूप

चिच्छक्तिपरक है। इसलिये उस स्थल में धर्म पद हटाकर ब्रह्म पद का निवेश करना अनभिज्ञों का काम है। यह बात आचार्य ने उसके भाष्य में स्पष्ट की है।

इसी धर्म की अन्य संज्ञाओं को बताते हुए आचार्य ने नागानन्द-सूत्र में धर्म के स्वरूप की विशेष विवेचना की है। जैसे–'**एष एव विमर्शश्चितिः चैतन्यमात्मा स्वरसोदिता परावाक् स्वातन्त्र्यं परमात्मौन्मुख्यमैश्वर्यं सत्तत्त्वं सत्ता स्फुरत्ता सारो मातृका मालिनी हृदयमूर्तिः स्वंसवित् स्पन्द इत्यादिशब्दैरागमैरुद्घोष्यते**' इति। इनमें प्रत्येक पद का प्रवृत्त-निमित्त (अर्थोपयोगिता) उसी भाष्य में निरूपित है।

वही धर्म महाविष्णु और भवानी के भेद से दो प्रकार का हुआ और जगत् के सृष्टि-स्थिति-लय-तिरोधान-अनुग्रहरूप पञ्चकृत्यों को करने लगा, जैसे–जपाकुसुम में ही रञ्जकता होने पर भी शुद्धस्फटिक में उसकी छाया आ जाती है, वैसे ही शुद्ध धर्मी का भी सान्निध्य मात्र से कर्तृत्व व्यवहार होता है। उसमें रहने वाला धर्म जड़ नहीं है, जीव भी नहीं है; किन्तु '**चितिः स्वतन्त्रा विश्वसिद्धिहेतुः**' इत्यादि शक्तिसूत्र से प्रतिपादित 'ब्रह्म' ही है, यही उपनिषदों का सिद्धान्त है। यही बात अप्पय दीक्षित जी के श्लोकों के तात्पर्य में भी है। स्रष्टव्य पदार्थ की आलोचनात्मिका वृत्ति ज्ञानेच्छाकृतिरूपा है, '**घटमहं जानामि**' इत्यादि रूप है। भावि घटविषयक ज्ञानादि के आकार-भेद से परस्पर विलक्षण तीन प्रकार की स्वयं जड़ और घन अथवा जड़–घन अन्तःकरण के परिणाम स्वरूप है। घनों का और जड़ों का विषयीकरण रूप सम्बन्ध से भी घन ही विशिष्ट, स्वयं भी परिच्छन्न, परिच्छिन्न परिचारों से युक्त, परिच्छिन्न जड़ घन के अंहकार के सम्बन्ध से अध्यास युक्त होती है।

शुद्ध ब्रह्म की प्राथमिक ईक्षा तो सर्वांश में कोमल होने के कारण वृत्ति रूप होने पर भी हमारे वृत्ति के धर्मों से रहित है। अतः अत्यन्त विलक्षण होने से उसको ब्रह्मकोटि के अन्तर्गत ही माना जायेगा। इस बात को बृहद्वासिष्ठ के उत्पत्ति प्रकरण में बारहवें सर्ग में सृष्टि के आरम्भकालिक ब्रह्म सत्ता मात्र का विचार करते हुए कहा है–

तदात्मनि स्वयं किञ्चिच्चैत्यतामधिगच्छति।
अगृहीतात्मकं संविदहंमर्शनपूर्वकम्॥
भाविनामार्थकलनैः किञ्चिदूहितरूपकम्।
आकाशादणु शुद्धं च सर्वस्मिन् भाति बोधनम्॥
ततः सा परमा सत्ता सचेतश्चेतनोन्मुखी।
चिन्नाम योग्या भवति किञ्चिल्लभ्यतया तदा॥
घनसंवेदना पश्चाद् भाविजीवादिनामिका।
सम्भवत्याप्तकलना यदोद्यति परं पदम्॥ इत्यादि।

उस ग्रन्थ की टीका में भी 'सन्मात्रस्य ब्रह्मणः', 'स ईक्षत लोकान्नुसृजा' इति **श्रुतिसिद्धमीक्षणभावं दर्शयति. तदिति त्रिभिः 'अगृहीतात्मकम्' अहङ्काराध्यासरहितम्, अत एव संविन्मात्रेण अहन्ताविमर्शः, 'सर्वस्मिन्नपि' सृज्यविषयीभाविनामरूपसन्धानांशेऽपि किञ्चिदेव संपृक्तमिव । अत एव 'आकाशादण्वेष' न तु घनम्, अत एव शुद्धमेव घनमालिन्यभावाद् ब्रह्मैव चेत्यतां गच्छतीव सती 'सचेतश्चेतना' ईक्षणवृत्त्यभिव्यक्तचैतन्यं तदुन्मुखी तत्प्रधाना सती किञ्चिल्लभ्यतया वाक्यविषयधर्मलाभेन तदा चिन्नाम योग्या भवतीत्यर्थः । पश्चात्तु सैव वृत्तिः चिरावृत्त्या घनीभूता सम्यगेव आत्तकलना सूक्ष्म-प्रपञ्चात्मभावलक्षणपरिच्छेदग्राहिणी सती परं पदमपरिच्छिन्नभूमानन्दात्मभावं यदा विस्मरति तदा भाविहिरण्यगर्भाख्यसमष्टिजीवादिनामिका भवतीत्याह—घनेति । ईदृशे-क्षणाद्यात्मकचण्डी चिदादिनामकसमष्टिवृत्तिरूपधर्मात्मकशुद्धब्रह्माभिन्नानां ज्ञानेच्छाक्रियाणां तिसृणां व्यष्टीनां महासरस्वती महाकाली महालक्ष्मीरिति प्रवृत्ति-निमित्तवैलक्षण्येन नामरूपान्तराणि'।**

ऊपर उल्लिखित ग्रन्थ-सन्दर्भ से शुद्ध ब्रह्म की ही रूपान्तर ये देवताएँ भिन्न-भिन्न रूपों से अवतीर्ण हुई हैं, यह सिद्ध होता है। इसके बाद उस प्रकार के तीन अवतारों के नाम रूप विशिष्ट तीन देवताओं की समष्टि को प्रवृत्ति-निमित्त (व्यवहारयोग्यता) मानने पर धर्म में 'चण्डिका' पद का व्यवहार किया गया। इन्हीं तीनों का व्यष्टिरूप वामा-ज्येष्ठा-रौद्री, पश्यन्ती-मध्यमा-वैखरी, ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र इन प्रकारों से है। समिष्टरूप की भी संज्ञा अम्बिका, शान्ता, परा इत्यादि तन्त्रभेद से अनेक हैं। तीनों की समष्टि होने से ही यह शक्ति 'तुरीया' है, यह बात शक्ति-रहस्य आदि ग्रन्थों से स्पष्ट है। आचार्य शंकर ने भी सौन्दर्यलहरी में कहा है—

गिरामाहुर्देवीं द्रुहिणगृहिणीमागमविदो
हरेः पत्नीं पद्मां हरसहचरीमद्रितनयाम् ।
तुरीया काऽपि त्वं दुरधिगमनिःसीममहिमा
महामाये ! विश्वं भ्रमयसि परब्रह्ममहिषि ॥

इसी बात को 'लक्ष्याऽलक्ष्यस्वरूपा सा' की व्याख्या में 'अलक्ष्य' पद से स्पष्ट किया है। इस प्रकार के नाम-रूप उपाधि धारण करने वाले शक्ति रूप ब्रह्म के उपासना के प्रकाशक अनेक मन्त्रों में 'नवार्ण' और 'सप्तशती' ये दो उत्तम हैं। उसमें भी प्रथम नवार्ण-मन्त्र यद्यपि चौबीस वर्णों से बना है; परन्तु व्यञ्जनों को स्वर के अंग मानकर स्वतन्त्र संख्या नहीं दी गई; क्योंकि उसका व्यवहार में उपयोग नहीं है। उदाहरण के लिये 'एष वै सप्तदशः प्रजापतिर्यज्ञेऽन्वायत्त' इत्यादि की तरह स्वर संख्या से नवार्णता है। 'अर्ण' शब्द भी वर्णपरक है। सुवर्ण को स्वर्ण पद से भी कहा जाता है। किसी का कथन है कि वर्ण शब्द में ही च्युतकालङ्कार

से वकार प्रतीकारादेश का प्रयोग होता है। **'सर्वे वै देवा देवीमुपतस्थुः काऽसि त्वं महादेवि?'** इस देवताओं के प्रश्न के बाद वह बोलीं– **'अहं ब्रह्मस्वरूपिणी'** इत्यादि। नाना प्रकार के सगुण एवं निर्गुण स्वरूपों के भेद देवी ने उत्तर के रूप में बताये। उसके आगे **'ते देवा अब्रुवन्'** इत्यादि से लेकर **'नमो देव्यै महादेव्यै'** इस श्लोक-मन्त्र से और अन्य ऋचाओं से नमस्कार आदि करने के बाद देव्यथर्वशीर्ष में श्रीविद्या-मन्त्र का उद्धार किया गया है। उसी के तीन कूटों (बीजों) का वाक्, काम और शक्ति नामों से बाला-बीज के रूप में वर्णन किया गया। आगे शक्ति-बीज मात्र को अन्य प्रकार के **वियदीकारसंयुक्तम्** (हृल्लेखा) के रूप में उद्धृत किया है। उसके बाद तीन बीजों से बना हुआ 'नवार्ण' मन्त्र दिखलाया है। नवार्ण का उद्धार निम्न प्रकार से है–

वाङ्माया ब्रह्मसूस्तस्मात् षष्ठं वक्त्रसमन्वितम्।
सूर्योऽवामश्रोत्रबिन्दुसंयुक्तष्टात्तृतीयकः॥
नारायणेन संमिश्रो वायुश्चाधरयुक् ततः।
विच्चे नवार्णकोऽणुः स्यान्महदानन्ददायकः॥

वाक्–वाग्भवबीज (ऐं), माया–शक्ति बीज अर्थात् हृल्लेखा (ह्रीं), ब्रह्मसू–काम (क्लीं), उस कामबीज के प्रथमोपस्थित 'क'कार से षष्ठ अक्षर 'च'कार हुआ। उसको मुखवृत्त से 'आ'कार से समन्वित करना चाहिये अर्थात् 'चा'। सूर्य–'म' है, अवामश्रोत्र–पञ्चम स्वर उकार, बिन्दु अनुस्वार है, इसका रूप बना–'मुं'। टात्-टकार से तृतीय वर्ण 'ड'कार है, उसे नारायण से 'आ'कार से संमिश्र करने पर 'डा' यह रूप हुआ। वायु 'य'कार है, उसे अधरोष्ठ 'ऐ' से युक्त करें। आगे 'विच्चे' इन अक्षरों का योग है। 'अणु' का अर्थ मन्त्र है। यह महान् उपासकों को आनन्ददायक अर्थात् ब्रह्मसायुज्यप्रद है। डामर आदि तन्त्र-ग्रन्थों में इसके विषय में अधिक लिखा है। इस मन्त्र का अर्थ भी श्लोकों में दिया है–

निर्धूतनिखिलध्वान्ते नित्यमुक्ते परात्परे।
अखण्डब्रह्मविद्यायै चित्सदानन्दरूपिणि॥
अनुसंदध्महे नित्यं वयं त्वां हृदयाम्बुजे।

अर्थात् इस नवार्ण मन्त्र का मुख्य तात्पर्य ब्रह्मविद्या की प्राप्ति के लिये भगवती से प्रार्थना करना है। इसको भी यथाविधि गुरु की परम्परा से प्राप्त करना चाहिये, ऐसा शास्त्र का आदेश है–

एतमर्थं गुरोर्लब्ध्वा तस्मै दत्वा च दक्षिणाम्।
आशिषं च परां लब्ध्वा मन्त्रसिद्धिमवाप्नुयात्॥

प्रथम श्लोक में तीन सम्बोधन हैं, आगे चतुर्थ्यन्त है। पुनः तीन सम्बोधन हैं। इस प्रकार से सात पदों का विभाग किया गया है। सच्चिदानन्दात्मक परब्रह्म का

धर्म होने से शक्ति भी तीन रूपों की है। उसमें चिद्रूपा महासरस्वती वाग् बीज से सम्बोधित है। ज्ञान से ही अज्ञान का नाश होने के कारण **'निर्धूतनिखिलध्वान्ते'** पद दिया गया है। नित्यत्व का अर्थ है–त्रिकाल से अबाधित होना, इसीलिये 'मुक्त' भी है। 'मुक्त' का अर्थ है–कल्पित वियदादि (आकाशादि) प्रपञ्च का निरास कर अधिष्ठान के रूप में रहना। इसलिये सद्रूपात्मक महालक्ष्मी स्वरूप का हृल्लेखा से सम्बोधन है। पर उत्कृष्ट सभी से अनुभव द्वारा संवेद्य आनन्द ही पुरुषार्थ है। **'आत्मनः कामाय सर्वं प्रियं भवति'** इस श्रुति से अन्य आनन्द उसी मूलभूत आनन्द के लिये हैं, अतः आनन्द सभी का 'शेषी' है और वह 'पर' भी है। श्रुति में मानुषानन्द से लेकर उत्तरोत्तर शतगुण अधिक रूप से वर्णित है। उनमें परमातिशायी **'स एको ब्रह्मण आनन्दः'** इसी को परम अवधि के रूप में प्रदर्शित किया है। वही परात्मपर है। ललितासहस्रनाम में भी कहा है–**'स्वात्मानन्दलवीभूतब्रह्माद्यानन्दसन्ततिः'**।

अतः आनन्दप्रधानता के कारण महाकाली स्वरूप का काम-बीज से सम्बोधन हुआ है। 'चामुण्डा' शब्द मोक्ष के लिये कारणीभूत निर्विकल्पक चित्तवृत्ति के अर्थ में प्रयुक्त है। तादर्थ्य में चतुर्थी का प्रयोग किया है। इसका अर्थ है–**'चमुं'** अर्थात् वियदादिरूपिणी सेना को, 'डाति' (लाति) अर्थात् आत्मस्वरूप में विलीन करती है। पृषोदरादि सूत्र से योजना करनी चाहिये। **'मया तवात्रोपहृतौ चण्डमुण्डौ महापशू'**– यहाँ पर 'पशु' पद के द्विवचन से तूल और मूल नामक भेद से दो प्रकार की अविद्या सूचित हुई। उन दो प्रकार की अविद्या को ग्रहण कर अपने स्वरूप में विलीन करना ही 'चामुण्डा' शब्द का तात्पर्य है।

"यस्माच्चण्डं च मुण्डं च गृहीत्वा त्वमुपागता।
चामुण्डेति ततो लोके ख्याता देवी भविष्यसि" ॥

इस श्लोक से तूल और मूल अविद्या के आदान को 'गृहीत्वा' पद से कहकर अण्डब्रह्मविद्या, यही चामुण्डा शब्द का अर्थ किया है। अब 'विच्चे' इस पद में तीन अंश है–वित्, च, इ। ये तीनों पद बीज-क्रम से चित्, सत् और आनन्द के वाचक हैं और सम्बोधनान्त हैं। 'अस्य स्त्री ई' इसका ह्रस्व रूप 'इ' अर्थात् आनन्दब्रह्म की महिषि। 'वित्' पद ज्ञानपरक प्रसिद्ध ही है। 'च'कार नपुंसक है और 'सत्य' के अर्थ में है। 'अनुसन्दध्महे' को अन्त में लगाया जायेगा। इससे मन्त्रार्थ यह हुआ कि-'हे महासरस्वत्यादिरूपे चिदादिरूपे चण्डिके! तुम्हारा ब्रह्मविद्या-प्राप्ति के लिये हम सर्वदा ध्यान करते हैं'। इसी बात को संग्रहश्लोक से कहा है–

महासरस्वति चिते महालक्ष्मि सदात्मके।
महाकाल्यानन्दरूपे त्वत्तत्त्वज्ञानसिद्धये ॥
अनुसन्दध्महे चण्डि वयं त्वां हृदयाम्बुजे ॥

यद्यपि 'श्रीं' ही महालक्ष्मी का बीज प्रसिद्ध है; हृल्लेखा नहीं है; किन्तु 'ह'कार और 'श'कार ऊष्मवर्ण होने से सजातीय हैं। अतः अधिक भेद नहीं है। इसीलिये कहा है-**'ह्रीश्च ते लक्ष्मीश्च पत्न्यौ'**। अन्य शाखा में 'ह्री' पद के स्थान में 'श्री' पद का पाठ है। इसी प्रकार कामबीज में लकार के स्थान में रेफ योजना से काली बीज होता है, इन दोनों में अन्तःस्थ होने से एकता है। अन्य तन्त्रों में काली और सरस्वती का वास्तविक अभेद मानकर बीजों को विपरीत मानकर व्यवहार हुआ है। ये बातें यद्यपि प्राचीनों ने लिखी हैं; परन्तु स्पष्ट न होने से पुनः विचार किया गया। वस्तुतः छान्दस प्रयोग में लक्षण विरोध होने पर भी पृषोदरादि पाठ-कल्पना से समाधान करना उचित है। अन्य भी प्रकार है, जैसे– **'चमु अदने'** इस धातु से अदनीय (भक्षणीय) पदार्थ हुआ और वह ब्रह्म से अतिरिक्त सम्पूर्ण प्रपञ्च ही है; क्योंकि **'अत्ता चराचरग्रहणात्'** इस अधिकरण में ऐसा ही निर्णय किया है। **'तं डापयति उड्डापयति न विषयीकुरुते'** इस व्युत्पत्ति के अनुसार ब्रह्ममात्रविषयिणी यह अर्थ निकला, अथवा 'च'कार एकाक्षर निघण्टु के अनुसार चन्द्र का वाचक है। आह्लाद और प्रकाश के कारण वह ज्ञानपरक या आनन्दपरक माना जाये, तो ब्रह्म का ही वाचक बनता है। **'तत् आसमन्तात् मुण्डयति इति चामुण्डा'** इस तरह अर्थ करने से मुण्डन का अर्थ है–आधार की अपेक्षया न्यून सत्ता की वस्तु का निरास करना। मस्तक के चर्मभाग से केश न्यून हैं, अतः उनका निराकरण मुण्डन कहा जाता है।

गौडपादीय भाष्य में शरीरराहित्य ही 'मुण्डता' है। मुण्डकोपनिषत् में जिसे शरीर-विशेष के लिये और अमुण्डता के लिये निर्देश किया है, वही 'चामुण्डात्व' है, अथवा **'चानां बुद्धीनां सुखानां वा मुण्डमिव शीर्षमिव स्थिता'** अर्थात् बुद्धि और सुख के शीर्ष स्थान में स्थित है। तात्पर्य यह है कि सर्वोत्तम चरमवृत्ति रूप ब्रह्म-विद्यारूपिणी है, अथवा चण्डिका रूप देवतापरक ही 'चामुण्डा' शब्द है; क्योंकि मन्त्र के अन्त में वह्निजाया (स्वाहा) के योग से होम काल में **'चामुण्डाया इदं न मम'** ऐसा ही त्याग पढ़ा जाता है और विधि शब्द ही मन्त्र होता है, यह अधिकरणन्याय से सिद्ध है।

चतुर्थी विभक्ति के बल से 'नमः' पद का अध्याहार होगा। तीनों बीज अव्यय रूप हैं; परन्तु चतुर्थ्यन्त की कल्पना होगी। व्यष्टिरूप से तीनों देवताओं का वाचक होने से अभेद द्योतक है। उसका विशेषण 'विच्चे' यह भी अखण्ड है और अव्यय है। मोचन इसका अर्थ है। स्वरादि आकृतिगण हैं। मन्त्र के पदों के खण्डशः न्यास के अवसर पर इन दोनों का विभाजन करते हुए न्यास का विधान है। भगमालिनी नित्या आदि मन्त्रों में इस प्रकार के अनेक प्रयोग देखने से अन्य सामान्य तन्त्रोक्त रीति से निर्वाह न होगा। अन्ततः हे अम्ब ! बन्धन की

कारणीभूत इस रज्जु (रस्सी) की ग्रन्थि खोलकर हमें मुक्त करो' यह स्त्री-देवता-विषयक सम्बोधन से मोक्ष-प्रार्थना ही इसका अर्थ हुआ।

दक्षिणामूर्तिसंहिता में भगमालिनी मन्त्र के देवता-गणों में '**अमोघां चैव विच्चां च तथेशीं क्लिन्नदेवताम्**' इस पाठ में 'विच्चा' नामक कोई देवता सूचित की गई है। वह भी परिकरालङ्कार से अभिप्रायपूर्वक 'चामुण्डा' का ही विशेषण है। मोचन करने वाली– यही उसका अर्थ है। उसी अर्थ में कर्णाट और आंध्र-भाषा में भी प्रयोग देखा गया है।

वेदों में '**पृणीयादिन्नाधमानायतव्यान्**' इस शब्द में 'तव्य' पद का अर्थ सूप आदि भक्ष्य पदार्थ है। '**नुवन्तं याच्ञयामुपेति**' यहाँ 'नौति' का अर्थ दुःखपरता है। '**तासां वायुः पृष्ठे व्यवर्तत**' यहाँ पर 'पृष्ठ' पद योनिपरक है। '**पढ़मञ्ची हंसपदम्**' इस प्राकृत पिङ्गलसूत्र में 'मञ्ची' पद सुन्दरता के अर्थ में है। इसी प्रकार अनेक पद कार्णाट, आंध्र, द्रविड़ भाषाओं में उसी अर्थ में प्रयुक्त होते हैं। इसीलिये 'पिकनेमाधिकरण' विशेष रूप से प्रवृत्त हुआ। आचार्य ने भाट्टचन्द्रोदय में इस विषय पर लिखा है। भाषाओं में संस्कृत-अपभ्रंश आदि का अपेक्षित अर्थों में विरोध नहीं होता और उससे निर्णय होता है। तन्त्रों में उद्धृत मन्त्रों में भाषा-मिश्रण भी देखा गया है। चरणायुधादि देवता-मन्त्रों में 'पुंकोली' इत्यादि शब्दों का कुक्कुट आदि के अर्थ में प्रयोग हुआ है। अस्तु, मन्त्रार्थ का निष्कर्ष निम्नांकित श्लोक में हैं–

काल्यै लक्ष्म्यै सरस्वत्यै चण्डिकायै नमोऽस्तु ते।
अविद्यापाशहृदयग्रन्थिं विस्रंस्य मुञ्च माम्॥

रहस्यतन्त्र में महावाक्य की तरह ही जीव और ब्रह्म का अभेद ही मन्त्रार्थ है–ऐसा कहा है। उसका अनुभव तो गुरुकृपा से ही हो सकता है।

अब देवताओं के विषय में मतान्तर का विवेचन प्रस्तुत है–प्राचीन लोग कहते हैं कि तीनों देवियों का 'तुरीया' के साथ सामान्य रूप से अभेद मानने पर भी प्राधानिक रहस्य में महालक्ष्मी को ही तुरीया के स्थान पर '**सर्वस्याद्या महालक्ष्मीः**' इत्यादि शब्दों से माना है। शेष दो देवियों की उत्पत्ति इस महालक्ष्मी से ही मानी है। महालक्ष्मी की उत्पत्ति पृथक् नहीं है। उपास्य देवता तुरीया होने पर भी उसमें रजोगुण की प्रधानता एवं शेष गुणों का तिरस्कार मानना आवश्यक है। इस रीति का अनुसरण कर महालक्ष्मी की बोधक हृल्लेखा को ही नवार्ण मन्त्र में प्रधान बीज रूप मानकर उसी रूप से पुनः स्वतन्त्र उद्धार भी देव्यथर्वशीर्ष में दिखलाया है। इससे प्रधानता ध्वनित होती है। सप्तशती स्तोत्र में प्रथम श्लोक में बिन्दुरहित उस विद्या का उद्धार होने से समष्टि और व्यष्टि के भेद से चार मन्त्रों का उद्धार भी है। यह कहने वाले प्राचीन टीकाकार अप्पय दीक्षित के 'देवीचन्द्रकलास्तव' के अनुसार ही लिखते हैं, उदारहण के लिये–

'सावर्णिः सूर्यतनयो यो मनुः कथ्यतेऽष्टमः ।
निशामय तदुत्पत्तिं विस्तराद्गदतो मम' ॥

इसका अर्थ है– यकार से अष्टम 'ह'कार, सूर्यतनय–अग्नि अर्थात् रेफ । सायंकाल में सूर्य का तेज अग्नि में समाविष्ट होता है । पिता का धन जैसे पुत्र को प्राप्त होता है, इसी तुलना से अग्नि को सूर्य का पुत्र कहा गया । वर्णों से सहित 'सवर्णा', **'अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णाम्'** इस श्रुति से प्रसिद्ध मूल प्रकृति हुई । उसके वाचक पुत्रत्व सम्बन्ध से 'इ' प्रत्यय से **सावर्णिः** 'ई'कार हुआ । इससे बिन्दुरहित 'ह्री'कार सिद्ध हुआ । वही **'मनुः'** मन्त्र कहा गया । मन्त्र और देवी का अभेद है । उसके अवतार मेरे मुख से सुनो–ऐसा अर्थ करते हैं ।

आर्षवाक्य सर्वतोमुख (अनेक अर्थ के) होने से भले ही पूर्वोक्त अर्थ भी माना जाय; परन्तु गुप्तवतीकार आचार्य का मत कुछ भिन्न है । वे कहते हैं–**'अम्'** गत्यादि के अर्थ में धातु है, निशामयतीति व्युत्पत्ति से **'निशां चन्द्रो बिन्दुः अयति'** यही धातु है । 'इट्किट्कटी गतौ' इस नियम में प्रश्लिष्ट 'इ'कार रूप भी है । 'सूर्यतनय' शब्द आवृत्ति से बिन्दुपरक भी है । जल के मण्डल में सूर्यकिरणों के प्रवेश से चन्द्रात्मतया परिणाम होता है । 'पतिर्जायां प्रविशति' इस न्याय के अनुसार चन्द्र सूर्य का पुत्र होने से **'नवो नवो भवति जायमानः'** इस ऋचा में **'योऽह्नां केतुरुषसामग्र उदेति स एव देवेभ्यो भागं विदधत् पुनः पुनर्जायमानश्चन्द्रमा भवति'**, अर्थात् जो उषा के आगे उदित होता है, वही सूर्य देवताओं को भाग (अंश) देते हुए बारम्बार चन्द्र के रूप में परिणत होता है और भी चतुर्थ स्वर का वर्ण कहने पर स्त्रीलिंग न होने से नदी संज्ञा न होगी । अतः पञ्चमी में 'यः' यही रूप होगा । अर्थ हुआ– 'ईकारात्' । दिग्योग पञ्चमी से ईकारात्परतः अर्थ हुआ । 'परित्यज्य' कहकर ल्यब्-लोप में भी पञ्चमी कह सकते हैं । उससे तत्पर अष्टम हुआ–द्वादश स्वर । बिन्दु पूर्ववत् रहेगा । इस तरह वाग्भव 'ऐं' बीज का उद्धार होता है । और भी– **'यः अष्टमः'** । इन दोनों शब्दों में किसी की भी द्विरावृत्ति से **'एकारात्परो अष्टमः, ईकारात्पूर्वः कार्य इति वा'** इस व्याख्या से, तथा हूंकार से अष्टम उससे भी विलोमाष्टम ऐसी व्याख्या करें । उसके बाद चतुर्दशस्वर 'औकार' है, ऐसा मानें । इससे त्र्यक्षरी त्रैपुरकन्दा नाम की विद्या प्रकट होती है । इसके विषय में तन्त्रराज में **'एषा त्रैपुरकन्दा स्यात्'** कहा है । अन्य तन्त्रों में इसको 'चेतनी' नाम से सम्बोधित किया है । इसका उद्धार योगिनीतन्त्र में इस प्रकार है–

शिवाष्टमं केवलमादिबीजं भगस्य पूर्वाष्टमबीजमन्यत् ।
परं शिवान्तं मनुयुक् त्रिवर्णा सङ्केतविद्या गुरुवक्त्रगम्या ॥

'शिवा' ईकार है, 'शिव' उकार है, उसका अष्टम, उससे आगे या उससे लेकर अष्टम-द्वादश स्वरात्मक केवल अर्थात् बिन्दुरहित । **'भगस्य ऐकारः'** या एकार का

पूर्वाष्टम, उसके पूर्व में या उससे लेकर विलोम अष्टम 'चतुर्थ स्वर' होता है। 'शिव' अनुस्वार जिसके अन्त में है। उसके बाद 'मनुयुक्' चतुर्दश स्वर से युक्त त्र्यक्षरी विद्या स्त्री देवता की संकेतगम्या गोपनीय है, ऐसा व्याख्याकार लिखते हैं। इससे 'ऐं ईं औं' यह विद्या सिद्ध हुई।

अकारः सर्ववर्णाग्र्यः प्रकाशः परमः शिवः।

हकारोऽन्त्यःकलारूपो विमर्शाख्यः प्रकीर्तितः॥

अकारादिहकारान्तं मातृकामण्डलं त्विदम्।

इत्यादि व्यवहार से 'ळ'कार का 'ल'कार में अन्तर्भाव होने से 'क्ष'कार संयुक्ताक्षर होने से पृथक् नहीं है। अतः उनचास (४९) ही मातृका मण्डल है। इस व्याख्या के अनुसार व्युत्क्रम से गणना करने पर चतुर्थ स्वर से अष्टम 'श'कार और रेफ, इकार, बिन्दु के योग से रमा बीज का उद्धार होता है। और भी–'**यो मनुः यकाराच्चतुर्दश**' ऐसी व्याख्या कर ईकार बिन्दु के योग से 'कामकला' का उद्धार होगा। और भी–'अष्टम' शब्द से कादि नवकादि परिभाषा से एकपञ्चाशत् अक्षर निकला, अर्थात् 'क्ष'कार। उसका रेफ, औकार और बिन्दु के योग से नारसिंह मन्त्र (क्ष्रौं) का उद्धार होता है।

'**गदतो मम**' यह श्लोक 'ग'कार स्वरूपपरक है। दकार छोड़कर 'मम' पञ्चकद्वय से दशम 'ल'कार निकला। उसके ओंकार-बिन्दुयोग से वाराही बीज (ग्लौं) की उत्पत्ति होती है, और भी '**यो मनुः**' जो मन्त्र ईकार से चतुर्दश है, अर्थात् 'क'कार और उसका लकार तथा 'ई'कार बिन्दु के योग से काम-बीज (क्लीं) का स्वरूप बनेगा। 'ग' यह स्वरूप है, बिन्दु के योग से गणपति-बीज बनता है। '**सवर्णः**' पुत्रत्व की विवक्षा में स्वार्थ में 'इन्' से योग हुआ। सूर्यतनय (यम) 'ह'कार है। मनु 'औ'कार है, इसके वर्तमान विसर्ग को '**अनचि चेति**' नियम से प्रश्लेष के द्वारा परा या पराप्रासाद या दोनों के योगरूप मन्त्रों का उद्धार होता है। परा (सौः), प्रासाद (ह्रौं) तथा दोनों का योग- ह्सौं स्हौः।

इस प्रकार अन्यत्र अनेक स्थलों में मन्त्रोद्धार हैं, जो बुद्धिमान् तथा शास्त्रज्ञ ही समझ सकते हैं। '**मेधासि देवि विदिताऽखिलशास्त्रसारा**' इस श्लोक में पाद के भेद से वाक्, सर्वमंगला, लक्ष्मी बीजों का उद्धार है। शास्त्र शब्द वेदपरक है। शास्त्रयोनित्वाधिकरण में व्यास ने भी यही कहा है। 'अखिल' शब्द से त्रयी ली गई। यहाँ पर व्यञ्जनों को अविवक्षित मानकर आदि और अन्त के दोनों 'अ'कार और मध्य के 'इ'कार को लेने से तीनों वेदों के आद्यक्षर आ जाते हैं। '**अग्निमीडे**' (ऋग्वेद), '**इषेत्वोर्जेत्वा**' (यजुर्वेद), 'अग्न आयाहि' (सामवेद)। इनमें मध्य के दो स्वरों की क्रम से सन्धि करने पर गुण से 'ए'कार आता है, अवशिष्ट वर्णों की व्युत्क्रम से सन्धि करने पर वृद्धि से 'ऐ'कार आता है। यहाँ पर साद्यस्क्रिय

पशुत्रयालम्भ साहित्यन्याय से मध्यभाग में मिलित वेदत्रयी के आदि अक्षरों से वाग्भव बीज (ऐं) की उत्पत्ति होती है, यह तन्त्रराज का भी मत है। इससे, सकल शास्त्र का सारभूत है–यह अर्थ निकला। इस सम्बन्ध में सत्यवाक्य मुनि की कथा का उल्लेख पृथ्वीधराचार्य कृत श्लोक में है–

ऋक्सामयोर्यजुषि सन्धिवशादुदीर्णं
बीजं सरस्वति ! सकृत्तव ये जपन्ति।
ते सत्यवाक्यमुनिवद्विदितत्रयीका
आथर्वणादिकमवाप्य सुखीभवन्ति॥

यहाँ 'सुखीभवन्ति' का अर्थ है–मुक्त होना। इसी तरह **'दुर्गासि दुर्गभवसागर-नौरसङ्गा'** इस श्लोक में 'भव' शब्द से शिव है, सकार सागररूप जल का वाचक है, उसका रूप 'व'कार है। 'नौः असङ्गा' व्यञ्जनरहित 'औकार' हुआ, इससे 'स्वौं' सर्वमङ्गला दुर्गा का बीज बना। पूर्वोक्त श्लोक के उत्तरार्द्ध में **'श्रीकैटभारि-हृदयैककृताधिवासा'** इत्यादि में 'श्री' बीज स्पष्ट ही कहा है। **'शशिमौलि'** शब्द से बिन्दु का योग होने से 'श्रीं' बीज बना। **'त्वं स्वाहा त्वं स्वधा त्वं हि वषट्-कारस्वरात्मिका'** यहाँ पर 'क'कार के साथ रेफ चतुर्थ स्वर से 'क्रीं' काली बीज बना। **'स्वधा त्वमक्षरे नित्ये'** यहाँ पर तकार को छोड़ने पर 'वं' अमृतबीज बनता है।

'त्रिधा मात्रात्मिका स्थिता' इत्यादि श्लोक से प्रणव (काली बीज) अर्धमात्रा के अनुसार **'यानुच्चार्या विशेषतः'** इससे नाद भी सूचित किया है। **'यस्याः प्रभावमतुलं भगवाननन्तो'** इत्यादि श्लोक में नवार्ण के अन्तर्गत चौबीस वर्णों का उद्धार है। इस मन्त्र में आकार आदि चार तथा एकार दो बार आवृत्त स्वर हैं। इनमें आकार, ईकार, ऐकार दो बार आवृत्त हैं। नव स्वर हुए, चार बिन्दु हैं, कचटतपादि पाँच और हकार दस व्यञ्जन हैं। उसमें 'च'कार दो बार आया है। 'विच्चे' का प्रथम चकार तकार रूप रहने से कुल मिलाकर चौबीस हुए। उनमें **'वमतुलं'** से चार व्यञ्जन, पञ्चम स्वर और बिन्दु इन छः का निर्देश है। 'अ'कार उच्चारणार्थक है, भग 'ए'कार है। 'वातीति वान्' शत्रन्त प्रयोग है। उससे वायु रूप 'य'कार, अनन्त 'आकार' है, ब्रह्मा 'क'कार है, 'ह र' यह मूल स्वरूप है, 'च'कार भी स्वरूप है। 'वक्तुं' से वाग्भव लिया गया। 'ए'कार का दो बार अन्वय है।

'आचण्डिके:' पद से आकारादि से इकारान्त पाँच वर्णों से तथा दो ईकारों से सहिता सा चण्डिका यह शब्दार्थ है। 'चण्डिका' में दो पदों का तुर्य स्वर वाचक (ई) विरूप एक शेष करने से, स्वार्थ में 'क' प्रत्यय से 'इ'कार एक ही हुआ। 'लं च' इन दो बिन्दुओं का दो-दो बार अन्वय होगा। इस प्रकार चौबीस वर्ण होते हैं। अनन्त आदि तीन पदों का नवार्ण मन्त्र के द्रष्टा ऋषियों के अर्थ करने पर (पुनः अन्वय करने पर) अक्षर और ऋषि जिस देवी के 'प्रभा' या किरण समूह हैं, यह

अर्थ होता है। बल अर्थात् तत्त्व को नहीं बता सकते, वह भगवती अखिल जगत् के परिपालन के लिये असुरों के भय का निवारण करने के लिये अनुग्रह करे।

इसी प्रकार तृतीय चरित्र में त्रिपदा गायत्री के मन्त्र अक्षर विभाग से ज्ञात होते हैं, वे भी तीन-तीन बार पुनरावृत्त होते हैं। जिस पर आगे कहा जायेगा। वे कात्यायनीतन्त्र के अनुसार बाईस हैं। अन्य तन्त्रों में धृति, पुष्टि दो अधिक देवताएँ मानी गई हैं। उनकी चौबीस संख्या होती है। ये सब प्रस्तुत मन्त्र प्रत्येक वर्णों के उद्धार में आते हैं; परन्तु अधिक सूक्ष्म अर्थ करने में नानाविध-कोष, व्याकरणादि का अनपेक्षित विस्तारभय से आचार्य ने संक्षेप में लिखा है। भगवती अम्बा की कृपा के तारतम्य से यह सभी स्तोत्र मन्त्रोद्धारगर्भित ही दिखाई देता है। इसी अभिप्राय से वेदागम का कथन है—

निर्विशेषपरा मन्त्राः सविशेषपराश्च ये।
प्रत्यध्यायं निगूढास्ते तेनेयं सर्वतः परा॥

अर्थात् प्रत्येक अध्याय में निर्गुण एवं सगुण ब्रह्मरूपपरक मन्त्र गूढतया कहे गये हैं, अतः यह सप्तशती सभी ग्रन्थों में श्रेष्ठ है। इसीलिये रहस्य का वाक्य भी है—'चक्षुष्मन्तोऽनुपश्यन्ति नेतरेऽतद्विदो जनाः' अर्थात् ज्ञानी पुरुष ही गूढ़ मन्त्रों को जान सकते हैं।

अब दूसरा विचारणीय विषय है कि यह नवार्ण मन्त्र स्वतन्त्र उपास्य है या सप्तशती के अंग के रूप में? कुछ लोग दोनों प्रकार मानते हैं। वस्तुतः सप्तशती के साथ ही नवार्ण विद्या उपास्य है।

अब नवार्ण का साधन-प्रकार संक्षेप में कहा जा रहा है। इस विषय में प्राचीन श्लोक हैं—

नवाक्षरस्य ऋषयो ब्रह्मविष्णुमहेश्वराः।
छन्दांस्युक्तानि मुनिभिर्गायत्र्युष्णिगनुष्टुभः॥
देव्यः प्रोक्ता महापूर्वाः काली लक्ष्मीः सरस्वती।
नन्दाशाकम्भरीभीमाः शक्तयोऽस्य मनोः स्मृताः॥
स्याद्रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामर्यो बीजसन्ततिः।
अग्निर्वायुः सूर्यस्तत्त्वं फलं वेदत्रयोद्भवम्॥
सर्वाभीष्टप्रसिद्ध्यर्थे विनियोग उदाहृतः।
ऋषिच्छन्दोदैवतानि शिरो-मुख-हृदि न्यसेत्॥
शक्तिबीजानि स्तनयोस्तत्त्वानि हृदये पुनः।
ह्रीं चण्डिकायै व्यस्तेन सर्वेण च षडङ्गकौ॥

ये अन्तिम पाँच वर्ण और एक समस्त अक्षरों से अङ्गुष्ठादि न्यास तथा हृदयादि न्यास करना चाहिये। आगे और भी सूचक श्लोक हैं—

खड्गिनी शूलिनीत्यादि पठित्वा श्लोकपञ्चकम्।
आद्यं कृष्णतरं बीजं ध्यात्वा सर्वाङ्गके न्यसेत्॥

आद्य का तात्पर्य वाग्भव (ऐं) बीज से हैं, खड्गिनी इत्यादि श्लोक मूल में ही है।

विश्वातीतमहामन्त्रात् प्रोच्य श्लोकचतुष्टयम्।
ध्यात्वा सूर्यनिभं बीजं द्वितीयं सर्वतो न्यसेत्॥

द्वितीय पद से हृल्लेखा (ह्रीं) बीज लिया गया। कहीं पूर्वोक्त तीन चरणों के पाठ में भेद भी मिलता है। **'शूलेन पाहि नो देवि'** इत्यादि चार श्लोकों को पढ़कर 'सूर्यसदृश' की विश्वातीत महामन्त्र पद की व्याख्या की गई है।

तन्त्रों में सूर्य की तापिनी, तपिनी आदि बारह कलायें हैं। उनमें 'क'कार आदि क्रम से और 'भ' कार आदि व्युत्क्रम से लगाये जाते हैं, जैसे–'कं भं तपिन्यै नमः' इत्यादि।•बारह अक्षरों का युग्म योग कहा गया है। उनमें नवम 'विश्वा' नामक कला में झकार और तकार का योग रहने पर भी प्रस्तुत विषय में 'विश्वा' पद से 'त'कार ही विवक्षित है। अतः 'त'कार शून्य श्लोक से लेकर यह अर्थ हुआ। किसी भी प्रकार सप्तशती में वैसा श्लोक मन्त्र न होने से अतिप्रसंग की सम्भावना नहीं है। **'एकं जग्राह केशेषु'** इस श्लोक में बत्तीस अक्षरों के बाद व्यञ्जनरूप 'त'कार आता है। **'इत्थं निशम्य देवानां'** इस श्लोक में 'थ'कार के योग से श्रुत है। **'हन्यमानं महासैन्यं'** इस श्लोक में 'अभ्यधावत्' पद के अन्त में पदच्छेद करने पर 'त'कार व्यक्त होता है। **'चुक्षुभुः सकला लोकाः'** पूर्व और उत्तर मन्त्र का उत्तर-पूर्वार्ध रूप है, अखण्ड मन्त्र नहीं है, अतः तकार शून्य है। **'शूलेन'** इत्यादि मन्त्र में भी नहीं है। **'ततो देवा ददुस्तस्याः'** इस अर्थ को माना जाय तो 'चुक्षुभुः' इत्यादि का भी दोष निवृत्त हो जायेगा। इस प्रकार परम्परा से अनेक स्थानों पर सूक्ष्म विचार हुआ है। आगे तृतीय-बीज के सम्बन्ध में कहा गया है–

सर्वस्वरूप इत्यादि श्लोकानां पञ्चकं पुनः।
पठित्वा स्फटिकाभासं तृतीयं स्वतनौ न्यसेत्॥

तृतीय काम-बीज (क्लीं) है। यहाँ पर प्रथम और तृतीय बीज महासरस्वती-महाकाली रूप होने पर, श्वेत और कृष्ण वर्ण होने पर भी विपरीत पद्धति से रूप-निर्देश, वास्तविक अभेद होने से रहस्य में सरस्वती से कृष्ण वर्ण विष्णु की उत्पत्ति आदि के कथन से और काली से श्वेत वर्ण शिव की उत्पत्ति मानने से अन्तःस्थित अभेद स्पष्ट होगा। उसके आगे षडङ्ग न्यास का विधान है–

ततः षडङ्गं कुर्वीत विभक्तैर्मूलमन्त्रकैः।
एकैकेन चैकेन चतुर्भिर्युगलेन च।
समस्तेन च मन्त्रेण कुर्यादङ्गानि षट् सुधीः॥

इत्यादि । इसके आगे तीनों ध्यान हैं, जो प्रसिद्ध हैं–

(१) खड्गं चक्रगदेषुचापपरिघान्० - महाकाली
(२) अक्षस्रक्परशुं० - महालक्ष्मी
(३) घण्टाशूलहलानि० - महासरस्वती

इस प्रकार ध्यान करने के बाद मानसिक अन्तर्याग करना चाहिये । उसके बाद 'यन्त्र' में बहिर्याग का विधान है । यन्त्र लेखन के विषय में वचन है–

लिखेदष्टदलं पद्मं कुङ्कुमागुरुचन्दनैः ।
पद्ममध्ये लिखेच्चक्रं षट्कोणं चण्डिकामयम् ॥
षट्कोणचक्रमध्यस्थमाद्यं बीजत्रयं न्यसेत् ।
पूर्वादिकोणषट्के तु बीजान्यन्यानि विन्यसेत् ॥

'बीजानि' कहने से सभी में बिन्दुयोग आवश्यक सूचित हुआ । लेखन भी प्रादक्षिण्य क्रम से दक्षिण से वामभाग में करना चाहिये ।

एवं कृत्वा जपेल्लक्षचतुष्कं तद्दशांशतः ।
पायसान्नेन जुहुयात्पूजिते हेमरेतसि ॥

इत्यादि विधान है । यह एक पुरश्चरण की विधि है अथवा नवरात्र का विधान बताया गया है–

आश्विनस्य सिते पक्षे आरभ्याग्नितिथिं सुधीः ।
अष्टम्यन्तं जपेल्लक्षं दशांशं होममाचरेत् ॥

अग्नितिथि प्रतिपत् है । दोनों प्रयोगों में मन्त्र के अन्त में 'स्वाहा' की योजना कर हवन करना चाहिये । तर्पणकाल में मन्त्र के अन्त में 'चण्डिका तृप्यतु' का उच्चारण करना चाहिये । यह दोनों प्रकार का जप सप्तशती स्तोत्र से सम्पुटित करना उचित है । डामरतन्त्र का वचन है–

मार्कण्डेयपुराणोक्तं नित्यं चण्डीस्तवं पठन् ।
पुटितं मूलमन्त्रस्य जपेनाप्नोति वाञ्छितम् ॥

तात्पर्य यह है कि स्तव का पाठ 'मूल-मन्त्र' के लिये सम्पुट (दोनों ओर) बन सके, ऐसा करना चाहिये । इसके बाद स्तव के ऋष्यादि न्यास करने पर चरित्रत्रय का पाठ करे, बीच में स्वसंकल्पित संख्या के अनुसार (सहस्र-आदि) नवार्ण जप कर पुनः चण्डीस्तव का पूर्ववत् पाठ करे । पुनः इसके बाद मूलमन्त्र का अष्टोत्तरशत जप करे, उसके बाद निवेदन करना चाहिये । यह जप अंगभूत है, प्रधान संख्या में परिगणित नहीं है । यह बात भी वचनों से स्पष्ट है–

एवं संस्मृत्य ऋष्यादीन् ध्यात्वा पूर्वोक्तमार्गतः ।
सार्थस्मृतिं पठेच्चण्डीस्तवं स्पष्टपदाक्षरम् ॥
समाप्तौ तु महालक्ष्मीं ध्यात्वा कृत्वा षडङ्गकम् ।
जपेदष्टशतं मूलं देवतायै निवेदयेत् ॥ इत्यादि ।

कुछ व्याख्याकार कहते हैं कि मूल मन्त्र के जप से पुटित चण्डीस्तव का पाठ करना चाहिये। अन्तिम श्लोक का विधान संख्यामात्रपरक है; परन्तु यह बात ठीक नहीं है, इसमें अङ्गाङ्गिभाव विपरीत हो जाता है। अनेक तन्त्रों में नवार्ण को उद्देश्य कर उसी प्रकरण में सप्तशती का विधान देखने से नवार्ण जप ही प्राकरणिक है, अतः दूसरे का अंग नहीं हो सकता। उसमें विद्यमान फलश्रुति भी प्रयाज-फलश्रुति 'वसन्तमेवर्तुनाम' इत्यादि की तरह अविवक्षित है। 'मरीचिकल्प' में भी दो वैदिक-सूक्तों से सम्पुटित सप्तशती पाठ का विधान है; परन्तु 'आरम्भणीयेष्टि' की तरह नवार्ण-जप स्तोत्र-जप के प्रारम्भ का अंगमात्र है। जपाधिकारितावच्छेदक (जप करना नियमप्राप्त है) है। इसमें अपेक्षित सामान्य विधि और अन्य विशेष बातें कल्पवल्लीकार ने लिखी हैं।

नवार्ण के बाद दूसरा अंश चरित्र-त्रयात्मक श्लोकसमूह रूप मन्त्र है। वह वामनपुराण, देवीभागवत, मार्कण्डेयपुराण, लक्ष्मीतन्त्र आदि ग्रन्थों में नाना प्रकार का है। उसमें भी मार्कण्डेयपुराण के तिहत्तरवें अध्याय के बाद छियासी अध्याय तक पठित है–**'सावर्णिः सूर्यतनयः'** से आरम्भ कर **'सावर्णिर्भविता मनुः'** यहाँ तक तेरह अध्यायों से परिच्छिन्न है। यह श्लोकसमूहात्मक मालामन्त्र है। यह डामरतन्त्र का आशय है।

इसके विषय में–वाराही-तन्त्र, कात्यायनी-तन्त्र, मरीचि-तन्त्र, हरगौरी-तन्त्र, लक्ष्मी-तन्त्र इत्यादि ग्रन्थों की एकवाक्यता से श्रेष्ठता और प्रामाणिकता सिद्ध है। यह स्तोत्र पुरुषार्थ एवं क्रत्वर्थ दोनों है, यह बात आगे कही जायेगी। पाठ आदि का विधान मूल में ही बारहवें अध्याय में कहा है। अन्य तन्त्रों में इसके अनेक प्रकार के विधान उपलब्ध होते हैं।

इस स्तोत्र-मन्त्र का 'सप्तशती' शब्द से व्यवहार श्लोक-संख्या से नहीं हुआ है; क्योंकि श्लोक-संख्या छः सौ से भी कम ही है और न तो कवचादि-त्रय और रहस्य-त्रय की संख्या जोड़ने से वह संख्या होगी; किन्तु संख्या अधिक हो जायेगी। अतः 'शकार' और 'सकार' का अभेद मानकर **'सप्तानां सतीनां देवीनां प्रतिपादनात्'** यह अर्थ करना उचित है। इस पर भी विविध पक्ष हैं–

तुरीया एक, महाकाल्यादि तीन, उनके द्वारा निर्मित मिथुनत्रय का देवीत्रय इस प्रकार प्राधानिक रहस्य में सात देवियों को निर्देश है; परन्तु यह बात भी विचारणीय है; क्योंकि नन्दजा, रक्तदन्ती, शताक्षी, शाकम्भरी, दुर्गा, भीमा, भ्रामरी इन सात रूपों का भी मूल में ही प्रतिपादन है, अतः निर्णय करना कठिन है। अतः जप के लिये एकमन्त्रात्मक भी माला-मन्त्र का होमांगतया सात सौ बार विभाग करने से शतरुद्रिय की तरह मन्त्र-विभाग के कारण विरोध न होगा। अतः 'सप्तशती' व्यवहार हो सकता है। मन्त्रों के विभाग में भी यामल, वाराही,

कात्यायनी तन्त्रों का कुछ परस्पर भेद है, उनका मन्त्र की व्याख्या के समय विचार होगा। यद्यपि कात्यायनीतन्त्र में पाँच सौ अठहत्तर श्लोक कहे गये हैं, यामल में उन्यासी हैं, वाराहीतन्त्र में अठासी और आधा श्लोक है; परन्तु सबको भी वेदों में शाखा-भेद से, पुराणों में कल्प-भेद से, मनु, पराशर, हारीत आदि स्मृतिकारों का भी वृद्ध-तरुण भेद से भिन्न-भिन्न स्मृतियों में भेद होता है। पाठ के भेद भी प्रामाणिक माने जाते हैं।

वाराही-तन्त्र के अनुसार कवच का पचास और एक अर्ध, अर्गला के तेईस, कीलक के लघु-गुरु भेद से दो प्रकार के क्रमशः चौदह और तेईस इन सबके साथ मिलकर एक कम सात सौ श्लोक-संख्या होती है। रहस्य-त्रय को अंग मानने में विवाद है, उसकी संख्या नहीं ली गई; परन्तु 'पञ्चाशत्पीठरूपिणी' पद की ललिता-सहस्रनाम की व्याख्या के अनुसार कम या अधिक संख्या को मान लिया जाता है। कात्यायनीतन्त्रोक्त विभाग में दो अन्तिम श्लोकों की तरह एक श्लोक की आवृत्ति मानी जा सकती है; परन्तु 'जपेत्सप्तशतीं चण्डीं कृत्वा तु कवचं पुरा' इत्यादि कथनानुसार कवच को न मिलाने पर भी 'सप्तशती' की संख्या-पूर्ति हो जाती है। दोनों कीलकों से प्रतिपाद्य अर्थ का अंगत्व होने पर भी 'रहस्य' की तरह उसमें कोई प्रमाण नहीं है। दूसरी दृष्टि से—

'कवचं बीजमादिष्टमर्गला शक्तिरिष्यते।
कीलकं कीलकं प्राहुः सप्तशत्या महामनोः'॥

इस गौडपाद-उद्धृत वचन से अङ्गता भी मानी जा सकती है। कुछ प्रान्तों में साढ़े छः श्लोक माने गये हैं, कहीं उससे भी अधिक हैं, वह भगवती ही जानें; परन्तु विधायक तीनों तन्त्रों में उसकी कोई व्यवस्था नहीं मिलती। इस सप्तशती-स्तव की उत्तमता के विषय में अनेक वचन हैं। यथा—

यथाश्वमेधः क्रतुषु देवानां च यथा हरिः।
स्तवानामपि सर्वेषां तथा सप्तशतीस्तवः॥

'कलौ चण्डीविनायकौ' यह प्रसिद्धि है ही। वाराही-तन्त्र में सभी स्तोत्रों को परशुराम का शाप बताकर उससे (शाप से) रहित कतिपय स्तोत्र कहे हैं—

भीष्मपर्वणि या गीता सा प्रशस्ता कलौ युगे।
विष्णोर्नामसहस्राख्यं महाभारतमध्यगम्॥
चण्ड्याः सप्तशतीस्तोत्रं तथा नामसहस्रकम्।
भार्गवाख्येन रामेण शप्तान्यन्यानि कारणात्॥ इत्यादि।

यद्यपि अन्य तन्त्रों में भी इस स्तव को शिव-शाप और उसका कीलक, ये दो सिद्धि के रोधक कहे गये हैं; परन्तु उन्हीं ग्रन्थों में अंगभूत कर्मों में शापोद्धार और उत्कीलन का भी विधान मिलता है, जो एक बार ही करना है, न करने पर

सिद्धिहानि भी कही गयी है। इसका तात्पर्य यह कि वह कर्ममात्र करना है, यह अर्थवाद है।

शापोद्धार का क्रम ऐसा है–त्रयोदश-प्रथम , द्वादश-द्वितीय, एकादश-तृतीय, दशम-चतुर्थ, नवम-पञ्चम, अष्टम-षष्ठ अध्यायों को पढ़कर सप्तम अध्याय को दो बार पढ़े। इस सम्बन्ध में श्लोक है–

अन्त्या १३ द्या १ के १२ द्वि २ रुद्र ११ त्रि ३ दिग १० ब्ध्यं
४ के ९ ष्वि ५ मर्त्तवः ६ ।
अश्वो ७ ऽश्व इति सर्गाणां शापोद्धारे मनोः क्रमः ॥

उत्कीलन के लिये चरित्रों का मध्य-आद्य-अन्त्य का पाठ कहा है। **'ददाति प्रतिगृह्णाति नान्यथैषा प्रसिद्ध्यति'** इस प्रकार विहित महोत्कीलन की व्याख्या कीलकाध्याय में होगी। इस प्रकार गुरु सम्प्रदाय-ज्ञान पूर्वक पाठ निर्दोष एवं कलियुग में शीघ्र फलप्रद भी होगा। अब इसके वाचन-क्रम पर भी विचार किया जा रहा है। वाराहीतन्त्र में–

यावन्न पूर्यतेऽध्यायस्तावन्न विरमेत्पठन् ।
यदि प्रमादादध्याये विरामो भवति प्रिये ॥
पुनरध्यायमारभ्य पठेत्सर्वं मुहुर्मुहुः ।
अनुक्रमात्पठेदेव शिरःकम्पादिकं त्यजेत् ॥
न मानसं पठेत् स्तोत्रं वाचिकं तु प्रशस्यते ।

इस प्रकार कतिपय नियमों की सूचना दी गई है। यदि कण्ठस्थ पाठ न कर सके, तो पुस्तक से ही पाठ करे। इस पुस्तक के लिखने के विषय में भी कहा है– **'न स्वयं लिखितं स्तोत्रं नाब्राह्मणलिपिं पठेत्'**। और भी कहा है–

'आधारे स्थापयित्वा तु पुस्तकं वाचयेत्ततः ।
हस्तसंस्थापनादेव भवेदर्धफलं ध्रुवम्' ॥

इत्यादि। आधार पर रखकर पाठ की विधि का तात्पर्य यह है कि सहस्र श्लोक संख्या से न्यून संख्या हो तो विना पुस्तक के ही पाठ करें और यदि अधिक हो तो पुस्तक से पाठ करे। सहस्र से अधिक संख्या वाले को कण्ठस्थ होने पर भी आधार में पुस्तक रखकर ही पढ़ना चाहिये। यही तात्पर्य है कि प्रस्तुत 'चण्डीस्तोत्र' सहस्र संख्या से न्यून है और आगे वैकृतिकरहस्य में कहा है–**'ततः कृताञ्जलिपुटः स्तुवीत चरितैरिमैः'**। अतः मौखिक पाठ ही उत्तम है; परन्तु कण्ठस्थ न होने की स्थिति में आधार पर रखकर ही पढ़ना उचित होगा। यहाँ पर 'सहस्र' शब्द से बत्तीस अक्षरों के श्लोक को एक मानकर अनुष्टुप् छन्दों की सहस्र-संख्या निर्दिष्ट की गयी है। शक्तिसङ्गमतन्त्रराज में कहा है–

'द्वात्रिंशतः स्वरैर्युक्त एको ग्रन्थो निगद्यते ।
स एव गदितः श्लोकस्तारानेत्रसमुद्भवः' ॥

इस प्रकार बत्तीस अक्षरों की श्लोक-रूपता न केवल पद्य में है; किन्तु गद्यात्मक-मालामान्त्रों में भी यही गणना की जायेगी। स्तोत्र के पूर्व एवं उत्तरभाग का पाठ न करने से निष्फल होता है—इत्यादि बातें भी "शक्तिसङ्गम" में ही कही गयी हैं। अन्य नियमों के सम्बन्धी वचन भी हैं—

ऋषिच्छन्दोदेवतादि पठेत् स्तोत्रे समाहितः।
यत्र स्तोत्रे न दृश्येत प्रणवन्यासमाचरेत्॥

डामरतन्त्र में चरित्रों के ऋष्यादि के सम्बन्ध में लिखा है—

सप्तशत्याश्चरित्रे तु प्रथमे पद्मभूर्मुनिः।
छन्दोगायत्रमुदितं महाकाली तु देवता॥
वाग्बीजं पावकस्तत्त्वं धर्मार्थे विनियोजनम्।
मध्यमस्य चरित्रस्य मुनिर्विष्णुरुदाहृतः॥
उष्णिक्छन्दो महालक्ष्मीर्देवता बीजमद्रिजा।
वायुस्तत्त्वं धनप्राप्त्यै विनियोग उदाहृतः॥
उत्तमस्य चरित्रस्य ऋषिः शङ्कर ईरितः।
त्रिष्टुप् छन्दो देवताऽस्य महापूर्वा सरस्वती॥
कामो बीजं रविस्तत्त्वं कामार्थे विनियोजनम्।
ह्रीं चण्डिकायै व्यस्तेन समस्तेन षडङ्गकौ॥

वाक्, अद्रिजा (ह्रीं), काम, इन नवार्ण के प्रथम तीनों बीजों के ध्यान नवार्णवत् होंगे। इसके पुरश्चरण के सम्बन्ध में मरीचिकल्प में कहा गया है—

कृष्णाष्टमीं समारभ्य यावत् कृष्णचतुर्दशी।
वृद्ध्यैकोत्तरया जाप्यं पूर्वसम्पुटितं तु तत्॥
एवं देवि मया प्रोक्तः पौरश्चरणिकः क्रमः।
तदन्ते हवनं कुर्यात् प्रतिश्लोकेन पायसम्॥
रात्रिसूक्तं प्रतिऋचं तथा देव्याश्च सूक्तकम्।
हुत्वाऽन्ते प्रजपेत् स्तोत्रमादौ पूजादिकं मुने॥

पूर्वसम्पुटितं का अर्थ है—रात्रिसूक्त और देवीसूक्त से सम्पुटित। **प्रतिश्लोकेन** यह मन्त्र-विभाग का उपलक्षण है। कात्यायनीतन्त्रादि—तन्त्रोक्त सप्तशती मन्त्रों का विभाग हवनादि-विधि के प्रति वाक्यशेष है, उससे ही वैध पदार्थ का अर्थ-निर्णय आवश्यक है। '**यन्न दुःखेन**' इत्यादि स्थलान्तर की उक्ति भी अग्निहोत्रादि विधि का शेष है, उससे ही स्वर्ग पदार्थ का निर्णय वैदिकों को मान्य है। होम संख्या तो स्तोत्र की तीन बार आवृत्ति से है, ऐसा वृद्ध लोग कहते हैं। रात्रिसूक्त और देवीसूक्त ऋग्वेद की शाकलशाखा में प्रसिद्ध हैं। 'तथा' पद से जपोक्त क्रम और सम्पुट का आकार सूचित किया। 'तत्' शब्द पूर्व विषय का परामर्श करता है।

उस पद को श्लोक-पूरक मानने से दोनों सूक्तों से संपुटित तीन बार सप्तशती होम के बाद ही पाठ-क्रम के अनुसार होम होगा। **'विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीम्'** यह रात्रिसूक्त है और **'नमो देव्यै महादेव्यै'** यह देवीसूक्त है–ऐसा लोगों का कथन है; परन्तु **'प्रतिश्लोकेन'**, 'प्रतिऋचम्' इस प्रतिनियत निर्देश का विरोध होता है। **'ऋक्'**, 'सूक्त' आदि शब्द वैदिक मन्त्रों के लिये ही रूढ हैं। 'मत्स्यसूक्त' आदि क्वचित् तान्त्रिकों का व्यवहार केवल यौगिक अर्थ में है।

समुद्रमनोध्यानादि विधि में 'बृहद्रथन्तर' पदों की प्रतिनियत निर्देश बल से लक्षणा व्यवस्था की तरह ही मानी जाय, तो निर्णीत शक्ति की ही दृढ़ता कैमुतिक-न्याय से सिद्ध होती है। यदि रूपान्तर से विचार किया जाय–

विश्वेश्वर्यादिकं सूक्तं दृष्टं तद् ब्रह्मणा पुरा।
स्तुतये योगनिद्राया मम देव्याः पुरन्दर !॥
महिषान्तकरीसूक्तं सर्वसिद्धिप्रदं तथा।
देव्या ययादिकं दिव्यं दृष्टं देवैर्महर्षिभिः॥
देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीदेत्यादिकं तथा।
नारायणीस्तुतिर्नाम सूक्तं परमशोभनम्॥
अमुष्याः स्तुतये दृष्टं ब्रह्माद्यैः सकलैः सुरैः।
नमो देव्यादिकं सूक्तं सर्वकालफलप्रदम्॥

इस प्रकार विशकलित वेष से (पृथक् रूप से) पाञ्चरात्र, लक्ष्मी-तन्त्र में व्यवहार देखने से, इन स्तोत्रों को अपौरुषेय मानकर 'सूक्त' और **'ऋचा'** पद से भी व्यवहार हो सकता है। कात्यायनीतन्त्र में **'विश्वेश्वरीं'** इस श्लोक से पहले 'ब्रह्मोवाच' यह पाठ नहीं है, आगे ही पाठ है। अतः **'त्वं स्वाहा त्वं स्वधा'** इत्यादि से ही स्तोत्र का प्रारम्भ होगा। वह योगनिद्रात्मक रात्रिदेवता का है, अतः मरीचितन्त्र में 'रात्रिसूक्तम्' पद से व्यवहार हुआ है। इससे 'सूक्त' आदि पदों का समाधान होता है; परन्तु इस तन्त्र के अनुसार **'विश्वेश्वरीं०'** यह श्लोक अंगहोम में प्रयुक्त न होगा। स्तोत्र के अन्तिम श्लोक का द्विधा विभाग न होगा। 'देवीसूक्त' में भी अंगहोम में त्रिधा विभाग न होगा। प्रधान विशेष के अंगविधि में अन्वय न होने के कारण 'प्रतिऋचम्' पद में लक्षणा करनी उचित नहीं है। इस प्रकार मन्त्र-सिद्धि होने पर क्रोडतन्त्र में–

प्रत्येकावर्तनं देवि हयमेधेन सम्मितम्।
त्रिरावृत्त्या लभेत्कामान् पञ्चावृत्त्या रिपून् जयेत्॥

इत्यादि फल बताये हैं। काम्यप्रयोग में कुछ विशेष बातें कही गई हैं। कात्यायनीतन्त्र की उक्ति में–

एकावृत्तादिपाठानां प्रत्यहं पठतां नृणाम् ।
संकल्पपूर्वं सम्पूज्य न्यस्याङ्गेषु मनून् सकृत् ।
पश्चाद् बलिप्रदानेन फलं प्राप्नोति मानवः ॥

इत्यादि नियमों का विधान है । 'बलि' के विषय में ब्राह्मण आदि वर्णभेद के अनुसार करने की व्यवस्था कालिकापुराण में उपवर्णित है । उसमें असमर्थ लोगों के लिये कहा है कि–

कूष्माण्डभिक्षुदण्डं च मद्यमासवमेव च ।
एते बलिसमाः प्रोक्तास्तृप्तौ छागसमाः स्मृताः ॥

अर्थात् असमर्थ पुरुषों के लिये कूष्माण्ड (कोंहड़ा), इक्षुदण्ड (ईख) और मद्य, आसव आदि भी बलिदान के लिये प्रतिनिधि के रूप में वर्णित हैं । **'छागसमाः'** कहने से 'पचीस वर्षों तक तृप्ति देने वाला' ऐसा अर्थ करते हैं । वहीं पर दूसरा वचन भी है–

अजाविकानां रुधिरैः पञ्चविंशतिवार्षिकीम् ।
तृप्तिमाप्नोति परमां शार्दूलरुधिरैस्तथा ॥

वस्तुतः विचार करने पर **'न हिंस्यात्सर्वभूतानि'** इस निषेध-वाक्य का संकोच किये विना यदि छागके समान तृप्ति हो सके, तो छागबलि ब्राह्मणों को नहीं देना चाहिये । इसी प्रकार मद्य और आसव के सम्बन्ध में भी समझना चाहिये ।

'वरं प्राणाः प्रगच्छन्तु ब्राह्मणो नार्पयेत् सुराम्' ।
'ब्राह्मणो मदिरां दत्वा ब्राह्मण्यादेव हीयते' ॥

इत्यादि बृहत्संगमतन्त्रों के वचन हैं । इसीलिये उक्त पदार्थों का प्रतिनिधि भी कालिकापुराण में निर्दिष्ट है–

अवश्यं विहितं यत्र मद्यं तत्र द्विजः पुनः ।
नारकेलजलं कांस्ये ताम्रे वा विसृजेन्मधु ॥

इत्यादि व्यवस्था है । इसी प्रकार अन्य विषयों पर कात्यायनीतन्त्र के वाक्य हैं–

उपसर्गोपशान्त्यर्थं त्रिरावृत्तं पठेन्नरः ।
ग्रहदोषोपशान्त्यर्थं पञ्चावृत्तं वरानने ॥
महाभये समुत्पन्ने सप्तावृत्तमुदीरयेत् ।

इत्यादि प्रकार से विशेष कार्य और उनके फल हेतु पाठ की व्यवस्था बताई गयी है । अन्तिम उपसंहार-वाक्य से शतावृत्ति पाठ से सर्वकामसिद्धि का फल कहा है–

अथवा बहुनोक्तेन किमनेन वरानने ।
चण्ड्याः शतावृत्तिपाठात् सर्वाः सिद्ध्यन्ति सिद्धयः ॥

इत्यादि । इससे भी अधिक 'सहस्रचण्डी' आदि प्रयोग भी तन्त्रों में उक्त हैं । 'हरगौरीतन्त्र' में कामना के भेद से पाठक्रम के विभिन्न प्रकार कहे गये हैं–

श्रीकामः पुत्रकामो वा सृष्टिमार्गक्रमेण तु ।
जपेत् शक्रादिमारभ्य शुम्भदैत्यवधावधि ॥
आदिमारभ्य प्रजपेत् पश्चात् शेषं समापयेत् ।
शान्त्यादिकामः सर्वत्र स्थितिमार्गक्रमेण तु ॥
सावर्णिः सूर्यतनयः सावर्णिर्भविता मनुः ।
सङ्कटे चान्त्यमारभ्य पश्चादादि समापयेत् ॥

इत्यादि कामना-भेद से पाठ के प्रकार बताये हैं। कुछ तो कतिपय श्लोक मात्र के पाठ और उनके प्रयोग-भेद भी बताये हैं। डामर आदि अन्य तन्त्रों में इनका विचार किया गया है।

केरल सम्प्रदाय में प्रत्येक दिन एक ही चरित्र पढ़ें, इस तरह तीन दिनों का क्रम कहा गया है। तीन दिन में एक आवृत्ति होगी। दूसरे पक्ष में—'चन्द्रा१ऽक्षि-वेद४ करे२ न्दु१ दस्र२' इस क्रम से दिन-भेद से अध्यायों को पढ़ना चाहिये। इस प्रकार सात दिनों में एकावृत्ति यह भी मत है। इसमें दूसरे पक्ष को **'पाठोऽयं विप्रकारः'** इस शब्द से सप्ताक्षर सूत्र से मानकर बहुत इस मत का अनुगमन करते हैं। इसमें **'कटपयवर्गभवैरिह'** इत्यादि परिभाषा से 'प'कार, 'य'कार, 'क'कार एक संख्या के अर्थ में 'ठप्ररेफ' दो संख्या में, 'वि' शब्द चार संख्या में माना गया है। इसमें मूलभूत तन्त्रों का उन लोगों ने उल्लेख नहीं किया है, तो भी एक दिन में आवृत्ति करने में असमर्थ पुरुष के लिये तन्त्रों में पाठ के प्रकार निर्दिष्ट हैं। उस प्रकार का प्रयोग कात्यायनीतन्त्र में मन्त्रविभाग के अन्त में हैं—

होमे स्वाहान्तिमा एते पूजायां तु नमोऽन्तिमाः ।
तर्पणे तर्पयाम्यन्ता ऊहनीया बुधैर्मताः ॥

इस वचन के अनुसार सप्त-शत (सात सौ) ब्राह्मणों के भोजन में प्रति व्यक्ति एक-एक मन्त्र से काण्डानुसमय से षोडश उपचारों का पदार्थानुसमय से या पञ्चोपचारों का भी करना कठिन है। अतः स्वेच्छा से अध्याय-भेद से अनेक दिन साध्य एक प्रयोग करने के पक्ष में पूर्वोक्त वचनों से विभाग हो सकता है। इन प्रयोगों में स्वयं पाठ में असमर्थ पुरुष या राजा आदि के लिये ब्राह्मण द्वारा प्रयोग भी स्वीकृत है। उस पक्ष में दक्षिणा के विषय में—

पञ्चस्वर्णाः शतावृत्तेः पक्षावृत्तेस्तु तत्त्रयम् ।
पञ्चावृत्तेः स्वर्णमेकं त्रिरावृत्तेस्तदर्धकम् ।
एकावृत्तौ पादमेकं देयाद्वा शक्तितो बुधः ।

इत्यादि शक्ति के अनुसार विभाग किया है। इसका तात्पर्य है कि दाता उदार और सम्पन्न हो, तो अधिक से अधिक देवे, अन्यथा अपनी शक्ति और सीमा के अनुसार देवे।

यहाँ तक उपोद्धात प्रकरण है।

सप्तशती-प्रयोगविधि

अब पुरश्चरण के सम्बन्ध में कतिपय विधानों पर प्रकाश डाला गया है, जैसे दुर्गाप्रदीप का वचन है–

जपेद् बिल्वं समाश्रित्य मासमेकं तु यो नरः।
हुत्वा बिल्वदलैर्मासं मधुरत्रययोगतः॥
हुत्वा दशांशतो वाऽपि कमलैः क्षीरसंयुतैः।
धनदेन समां लक्ष्मीं प्राप्नुयादुत्तमां ध्रुवम्॥

यह लक्ष्मीप्रद प्रयोग है। अन्य प्रयोग कात्यायनीतन्त्र में निर्दिष्ट हैं–प्रतिश्लोक आदि और अन्त में मन्त्र जपने से मन्त्रसिद्धि होती है। प्रणव के साथ अनुलोम तीन व्याहृतियाँ (भूः, भुवः, स्वः) पहले पढ़ें और अन्त में उसी का प्रतिलोम पढ़ें, तो शतावृत्ति पाठ से शीघ्र सिद्धि होती है। प्रतिश्लोक के आदि में **'जातवेदसे०'** इस ऋचा को पढ़ें, तो सर्वकामसिद्धि होगी। अपमृत्यु-निवारण के लिये पाठ के आदि और अन्त में सौ बार **'त्र्यम्बकं०'** मन्त्र पढ़ें, अथवा प्रतिश्लोक उस मन्त्र का जप करें। प्रतिश्लोक 'शरणागत०' इत्यादि मन्त्र पढ़ने से सर्वकार्यसिद्धि होती है। प्रतिश्लोक **'करोतु सा नः शुभहेतु०'** इत्यादि श्लोकार्ध पढ़ें, तो सर्वकाम-प्राप्ति होगी। अपना अभीष्ट वर पाने के लिये **'एवं देव्या वरम्०'** इस श्लोक को प्रतिश्लोक पढ़ें। सभी आपत्तियों के निवारण के लिये प्रतिश्लोक **'दुर्गे स्मृता०'** का पाठ करें। इस केवल श्लोक का भी सहस्र-शत आदि पाठ करने से अभीष्ट-प्राप्ति होती है। **'सर्वाबाधा०'** इस श्लोक के लक्ष जप से उक्त फल मिलता है। **'इत्थं यदा यदा०'** इस श्लोक के जप से महामारी की शान्ति होती है। **'ततो वव्रे नृपो राज्यम्०'** इसके लक्ष जप से पुनः स्वराज्य प्राप्त होता है। **'हिनस्ति दैत्यतेजांसि०'** इस मन्त्र से दीपयुक्त बलिदान और घण्टा-वादन से बाल-ग्रहों की शान्ति होती है।

पाठ-क्रम में प्रथम आवृत्ति अनुलोम क्रम से तेरह अध्यायों की करने के बाद विपरीत क्रम से द्वितीय आवृत्ति करें, पुनः अनुलोम से तृतीय आवृत्ति, इस प्रकार तीन आवृत्ति प्रतिदिन करने पर सभी कार्य की शीघ्र सिद्धि होती है। सभी आपत्तियों के नाश के लिये **'दुर्गे स्मृता०'** इस अर्थ-मन्त्र का पाठ करें।

'ततो यदन्तिके यच्च दूरके०' यह ऋचा, इसके आगे 'दारिद्र्यदुःख०' यह अर्धभाग कार्यानुसार लक्ष, सहस्र, शत बार पढ़ें, तो कार्य की सिद्धि होगी।

'कांसोस्मितां०' इस मन्त्र को प्रतिश्लोक पाठ करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। मारण के लिये **'एवमुक्त्वा समुत्पत्य०'** इस श्लोक के पाठ से मारणोक्त आवृत्ति करने से फल-प्राप्ति होती है। **'ज्ञानिनामपि चेतांसि०'** इस श्लोक के जप मात्र से तत्काल मोहन होता है, प्रतिश्लोक पाठ से तो निश्चित ही है। **'रोगानसेषान०'** इस श्लोक से या इसके सम्पुट से सकल रोग-निवारण प्रसिद्ध ही है।

'इत्युक्ता सा भगवती०' इस श्लोक का प्रतिश्लोक पाठ या पृथक् जप करने से विद्याप्राप्ति होती है और वाणी के विकार नष्ट होते हैं।

'भगवत्या कृतं सर्वम्०' इत्यादि एक सौ बारह अक्षरों का मन्त्र सर्वकामप्रद और आपत्तिनिवारक है। **'देवि प्रपन्नार्तिहरे प्रसीद०'** इस श्लोक का कार्यानुसार लक्ष, दस सहस्र आदि जप करने से या प्रतिश्लोक पाठ से आपत्ति निवारण और अभीष्ट की प्राप्ति होती है।

इन प्रयोगों में प्रतिश्लोक दीप के आगे केवल नमस्कार करने से अतिशीघ्र फलसिद्धि होती है। प्रतिश्लोक कामबीज-सम्पुटित एकतालीस दिन त्रिरावृत्ति पाठ से सभी फल सिद्ध होते हैं। इक्कीस दिन तक पूर्वोक्त रीति से तेरह आवृत्तियों से वशीकरण होता है। मायाबीज से पुटित और 'फट्' पल्लव से सहित सात दिनों तक त्रयोदश आवृत्ति से उच्चाटनसिद्धि होती है। इसी प्रयोग से चार दिन तक ग्यारह आवृत्ति से सभी उपद्रव शान्त होते हैं। उनचास दिनों तक प्रतिश्लोक लक्ष्मीबीज से सम्पुटित पन्द्रह आवृत्तियों से लक्ष्मी की प्राप्ति सिद्ध है। प्रतिश्लोक 'ऐं' बीज से सम्पुटित शतावृत्ति से विद्या की प्राप्ति होती है, इत्यादि।

॥ सप्तशती-प्रयोगविधि समाप्त ॥

देवी कवच

कवच में श्रीभास्करराय जी की विशेष व्याख्या नहीं है; किन्तु अन्तिम श्लोकों में अङ्गाङ्गिभाव पर कुछ विचार अवश्य हैं–**"जपेत्सप्तशतीं"** इत्यादि। यहाँ पर **'कवचं पुरा कृत्वा सप्तशतीं जपेत्'** इस विधि में 'कृत्वा' शब्द से सप्तशती में अङ्गता का अनुवाद है। 'कवच' शब्द की समाख्या से ही तथा अन्य वचनों से भी 'कवच' चण्डीपाठ का अङ्ग है, यह सिद्ध है। इसके पहले जो अनेक फल लिखे हैं, वे 'अवेष्टिन्याय' से अन्यत्र स्वतन्त्र प्रयोगों में उपयगी मानकर लिखे गये हैं। **'यावद् भूमण्डलं धत्ते'** इत्यादि वचन पूर्णतया फलश्रुति के समान अर्थवाद हैं। 'पुरा' यह पूर्वकाल मात्र की विधि है। बीच में अव्यवधान की बात नहीं कही गई। सूक्तपुटित का 'रात्रिसूक्तं पठेदादौ' यह विवरण है। आदि-मध्य-अन्त पदों और 'क्रम' पद से विवरण करने से श्रौतक्रम हुआ और इसका बाध नहीं होगा। अतः रात्रिसूक्त के पूर्व ही 'नवार्ण' का निवेश करना चाहिये। इसी प्रकार अर्गला स्तुति के विषय में भी **'इदं स्तोत्रं पठित्वा तु महास्तोत्रं पठेन्नरः'** इससे अङ्गाङ्गिभाव मात्र का बोध होगा। लौकिक व्यवहार में भी 'अद्य भुक्त्वा श्वो व्रजति' की तरह 'क्त्वा' प्रत्यय से व्यवधान होने पर भी श्रौतक्रम में विरोध नहीं होता।

कवच और अर्गला के पाठ से ही क्रम का ज्ञान होता है। जैसे–**'दशहोतृ-व्याहृतिहिंकारसामिधेनीनां दशहोतारं वदेत् पुरस्तात् सामिधेनीनां सामिधेनीरनुवक्ष्यन् व्याहृतीः पुरस्तान्निदधाति हिंकृत्य सामिधेनीरन्वाह'** इत्यादि मीमांसाशास्त्रीय उदाहरण में सङ्कर्षणोक्त क्रम-न्याय से व्यवस्था है। उसी तरह कवच-अर्गला-नवार्ण-रात्रिसूक्त-चण्डीस्तवों का क्रम भी मान्य होगा। स्तव की जपसंख्या के बाद देवी-सूक्त, नवार्ण, रहस्यों का क्रम है।

कीलक

कीलक के सम्बन्ध में आचार्य का कथन है कि **'ददाति प्रतिगृह्णाति'** इस वाक्य से दो धातुओं द्वारा 'दान–प्रतिग्रह' नामक एक ही कर्म सूचित किया गया है। इसके आगे रहस्यतन्त्र के गुरुकीलक पर विवरण आचार्य ने ही लिखा है। अन्य किसी भी टीकाकार ने कोई विचार प्रकट नहीं किया है। इसका निम्नाङ्कित आशय है–पिता की संपत्ति को छोड़कर मन्त्र-ग्रहण के बाद स्वयं अपने श्रम से अर्जित द्रव्य के विषय में मास की कृष्णचतुर्दशी या कृष्णाष्टमी के दिन देवी के समीप बैठकर देशकालादि संकल्पपूर्वक **'दानप्रतिग्रहाख्येन कर्मणा देवीं प्रीणयिष्ये'** ऐसा संकल्प करें।

'त्वत्प्रसूतस्त्वदाज्ञप्तः' इन तीन श्लोकों को अर्थानुसंधानपूर्वक पढ़ें। **'राष्ट्रं बलं कोषगृहं'** इस श्लोक-मन्त्र से 'देवी के चरणों में अर्पित है' ऐसी भावना करें। फिर प्रसन्न देवी के द्वारा 'आज्ञा प्राप्त है' ऐसी भावना कर देवी से अर्पित वस्तु प्राप्त करें। उस संपत्ति में से पाँचवा भाग गुरु को या उनके पुत्रादि को देवें। अवशिष्ट चतुर्थांश अपने गृहस्थ-धर्म पञ्चयज्ञादि के लिये अलग कर, बचे भाग को इच्छानुसार खर्च करें। इसमें अमान्त चान्द्रमास ही ग्राह्य है। अमा तक अर्जित का उत्तर मास में दान करना है। यथोचित संकल्प में ऊह करना चाहिये। यह 'दान-प्रतिग्रह' का एक प्रकार हुआ। इस प्रकार मन्त्र-ग्रहण करनेवाले भक्तिमान् उपासक तीन प्रकार के हैं—अधम-मध्यम-उत्तम। उनकी स्थिति और भावना के अनुसार ही कर्म होगा। उसमें भी ज्ञानपूर्वक कर्म करने का प्रधान महत्त्व है। नवाक्षरमन्त्र का अर्थ जीव-ब्रह्मैक्य है, यह गुरुमुख से जानकर 'आज से लेकर जीवन-पर्यन्त सप्तशती का पाठ नियमपूर्वक करूँगा' यह संकल्प करें, और भी आश्विनशुक्ल प्रतिपदा या चैत्रशुक्ल प्रतिपदा से नवमी पर्यन्त कल्पों के विधान से पूजा का व्रत ग्रहण करें। इस प्रकार विभिन्न प्रकारों से विधिपूर्वक अनुष्ठान करने वाले उपासक को सभी सफलतायें प्राप्त होती हैं—यही कीलक का आशय है।

सप्तशती-मन्त्रविभाग

यह 'सप्तशती' नामक मन्त्र श्लोक संख्याओं के भेद से तीन प्रकार का होने पर भी एक व्यवस्था के साथ तीन तन्त्रों से प्रतिपादित है। अतः कोई भेद नहीं है। शाखान्तराधिकरण न्याय से 'कर्म' की तरह, सर्ववेदान्तप्रत्यय न्याय से 'विद्या' की तरह, यह 'मन्त्र' भी स्वरूपतः एक ही है। कहीं थोड़ा भेद होने से भी कोई मौलिक भेद नहीं है। मनु, चन्द्रादि से उपासित श्रीविद्या के भेद तन्त्रभेद से हैं। उनका उद्धार भिन्न है, तो भी मन्त्रशास्त्रज्ञों की दृष्टि में अर्थ की एकता होने से भेद नहीं है, यह बात 'सेतुबन्ध' टीका में कही गयी है। अनुष्ठान में ऐच्छिक विकल्प हो सकता है; क्योंकि प्रामाणिकता में कोई भेद नहीं है, तो भी यामल आदि तन्त्रानुसार पाठों के बीच में 'सप्तशत' संख्या को पूरा करने के लिये एक जगह बत्तीस बार 'नवार्ण' की आवृत्ति मानी गयी है। अन्य स्थान में 'श्वेतानना' आदि सोलह नामों की दो बार आवृत्ति मानी है। इन दोनों पक्ष के अनुसार 'स'कार से 'नु'कार तक 'सप्तशत' संख्या का मन्त्र है। गौणी लक्षणा से सृष्टिन्याय से यह बात मान ली गयी है।

कात्यायनी-तन्त्रोक्त पाठ को मानने पर मुख्य पक्ष ही मान्य होगा। इसमें अन्तर्गत मन्त्रों का मेलन नहीं है—इसी को अधिकांश शिष्टों ने माना है। 'सकारादिः' यह कहना मार्कण्डेयपदादि 'म'कार का उपलक्षण है। प्रधान मन्त्र से अभिप्राय भी हो सकता है। 'उवाच' पदाङ्कित मन्त्रों का तृतीय पटल में पाञ्चमिक

विभाग के संख्या-पिण्ड की गणना के समय अङ्गमन्त्र नौ ही है, यह स्पष्ट होगा। 'म'कारादि ही वहाँ मुख्य पाठ होगा; परन्तु तन्त्रों में कथित मन्त्र-विभाग जो न्यायगर्भित है, उसे न जाननेवाले लोगों ने क्वचित् अन्यथा विभाग किये हैं, उन सभी भ्रमों को नष्ट करने के लिये तन्त्रों के सिद्धान्तानुसार प्रामाणिक मन्त्र-विभाग कहेंगे। इस विषय में कात्यायनीतन्त्र में बीसवें से लेकर चार पटल तक साठ श्लोक हैं। उनमें प्रथमाध्याय स्थित मन्त्र विभाजन करनेवाले पटल में तेरह श्लोक हैं। श्लोक हैं—

ईश्वर उवाच—

मार्कण्डेय उवाचाद्यो मन्त्रः श्लोकात्मकस्ततः।
व्योमादिवर्णमारभ्य द्वितीयस्वरसंयुतम्॥
नृपमित्यन्तिमा मन्त्रा भवन्त्यष्टादश प्रिये।

व्योम 'ह'कार है, उसका आदिवर्ण 'स'कार है, उसको द्वितीय स्वर 'आ'कार से संयुत कर अर्थात् **'सावर्णि'** पद से आरम्भ कर **'प्रश्रयावनतो नृपम्'** यहाँ तक अठारह मन्त्र होते हैं। **'प्रिये'** यह देवी के प्रति शिव का सम्बोधन है। यद्यपि वे श्लोक सत्रह ही होते हैं। आधा भाग और है, पूरे अठारह नहीं हैं, तो भी एक श्लोक में अर्धश्लोकात्मक ही मन्त्र है—यह मानने से संख्या का विरोध नहीं होता।

'मध्येऽर्धश्लोकमन्त्रास्तु चतुर्विंशतिरीरिताः' इस तरह पटल के अन्त में निर्देश भी है। श्लोकात्मक अठारह हैं यह कथन **'सप्तदशसृष्टीरुपदधातीति'** की तरह संख्या की सूचना मात्र है। श्लोक शब्द के चार चरणों से बना हुआ यह अर्थ पद्यों के विषय में रूढ है। द्विचरण आदि श्लोकों की गणना 'गाथा' के रूप में की गई है; परन्तु परस्पर से अन्वित एकार्थप्रतिपादकता को मानकर 'श्लोक' शब्द का व्यवहार गौण रीति से किया जा सकता है। ब्रह्मोत्तरखण्ड में प्रयोग है—

बहुनाऽत्र किमुक्तेन श्लोकार्धेन वदाम्यहम्।
ब्रह्महत्याशतं पापं शिवपूजा विनाशयेत्॥

देवीभागवत में भी—

वटपत्रशयानाय विष्णवे बालरूपिणे।
श्लोकार्धेन तदा प्रोक्तं भगवत्याखिलार्थदम्॥

यहाँ से उपक्रम कर **'सर्वं खल्विदमेवाहं नान्यदस्ति सनातनम्'** यह संक्षिप्त भागवत की उक्ति है। इसीलिये उस पुराण के प्रथम पद्य में त्रिचरणात्मक गायत्री है— **'सर्वचैतन्यरूपां तामाद्यां विद्यां धीमहि। बुद्धिं या नः प्रचोदयात्'** यह भी गाथारूप ही है। इसमें भी श्लोक पद का व्यवहार गौण ही है। इसीलिये मत्स्यपुराण में—

गायत्र्या च समारम्भस्तद्वै भागवतं विदुः।
यत्राधिकृत्य गायत्रीं वर्ण्यते धर्मविस्तरः॥

इस तरह गायत्री नाम से व्यवहार हुआ है, न कि श्लोक के रूप से। श्लोक न होने पर भी चतुर्विंशत्यक्षरा गायत्री तो है ही। अतः चार या उससे कम पाद वाली गाथाओं का श्लोक शब्द से व्यवहार किया गया है। अतः व्यवहार 'सृष्टिन्याय' से मानना चाहिये।

परन्तु इसमें कुछ विचारणीय है–उन श्लोकों में कौन-सा मन्त्र अर्धश्लोकात्मक है ? इस पर कोई कहता है कि सावर्ण्यादि सत्रह श्लोक मन्त्र हैं। उसके अन्त में विद्यमान '**प्रत्युवाच स तं वैश्यः प्रश्रयावनतो नृपम्**' यह अर्धश्लोकात्मक मन्त्र है। इसमें प्रतिप्रश्न यह होता है कि सबके आगे पठित '**सावर्णिः सूर्यतनयो यो मनुः कथ्यतेऽष्टमः**' इस अर्धश्लोक को ही क्यों न मन्त्र माना जावे ? परिशेष के कारण यदि आखिरी को मानना है, तो प्रथम उपस्थित न्याय और सूचीकटाह न्याय से प्रथम अंश को मानना भी ठीक है। यदि इस पर तर्क करें कि 'यो मनुः' इसमें '**यच्छब्द**' का 'तदुत्पत्तिं' पद से सम्बन्ध मानकर दोनों को मिलाकर एक श्लोक ही माना जायेगा। 'मन्त्रत्व' को परिपूर्ण वाक्यत्व से 'व्याप्य' मानने का निर्णय '**अर्थैकत्वादेकं वाक्यं साकाङ्क्षं चेद्विभागे स्यात्**' इस जैमिनि के लक्षण के अनुसार मान्य होगा। इसको परिष्कार की भाषा में '**एकमुख्यविशेष्यकबोधजनकत्वे सति विभागे साकाङ्क्षत्वम्**' इस प्रकार कहा जायगा, अर्थात् विशेष्यांश एक और प्रधान है। विभाग होने पर दूसरे अंश से भी सम्बन्ध रहेगा। इस प्रकार '**यो मनुः, तदुत्पत्तिं**' इन दोनों के विभाग करने में परस्पर आकाङ्क्षा है। अतः उभयघटित एक वाक्य ही एक मन्त्र होगा, यदि ऐसा निर्णय करें, तो–

यैर्निरस्तो भवांल्लुब्धैः पुत्रदारादिभिर्धनैः।
तेषु किं भवतः स्नेहमनुबध्नाति मानसम्॥

इसमें श्लोकार्ध के दो मन्त्र नहीं माने जायेंगे और भी अन्यत्र–'**मम वैरविशं यातः**' इस मन्त्र के उत्तरार्ध का '**ये ममानुगता नित्यं प्रसादधनभोजनैः**' इसका '**अनुवृत्तिं ध्रुवं तेऽद्य कुर्वन्त्यन्यमहीभृताम्**' इस उत्तर मन्त्र के पूर्वार्ध के साथ साकाङ्क्षता होने से उन दो अर्थों की एक मन्त्ररूपता होने लगेगी।

कारकों की स्वाभाविक परस्पर आकाङ्क्षा से जहाँ एक क्रिया के अन्वय से परिपूर्णता हो जाय, वह अवान्तर एकवाक्य होगा। इस तरह के दो वाक्यों की आकाङ्क्षा नाम से एकवाक्य की कल्पना करने पर वह महावाक्य कहा जायगा। इस तरह महावाक्यों की कल्पना करनी होगी। 'एकमन्त्रत्व' तो उभय साधारण (दो अंशों से सम्बद्ध) एकवाक्यत्व से व्याप्य कहा जायगा। वेदों में '**भगो वां विभजतु पूषा वां विभजतु**' इत्यादि अवान्तर वाक्यों की भिन्न मन्त्रस्वरूपता की '**ममाग्ने वर्चो विहवेष्वस्तु वयन्त्वेन्धानास्तनुवं पुषेम मह्यं नमन्तां प्रदिशश्चत-**

स्रस्त्वयाऽध्यक्षेण पृतना जयेम' इन अवान्तर चार वाक्यों से, जो स्वयं परिपूर्ण (निराकाङ्क्ष) हैं, इनके साथ चार पादों में एक मन्त्रता मानी गई है।

प्रस्तुत पूर्वोक्त सप्तशती के वाक्य में यत् तत् शब्दों से परिपूर्ण होने पर वाक्य की वाक्यान्तर से एकवाक्यता की नियामक आकाङ्क्षा उत्पन्न होने से आकाङ्क्षा की पूर्ति न होने पर भी अवान्तरवाक्यता सिद्ध ही है। यत् तत् शब्दों को छोड़ने से निराकाङ्क्षता का अनुभव होता ही है। अतः '**तस्मिन् सीदामृते प्रतितिष्ठ व्रीहीणां मेघसुमनस्यमानः**' इस तत् शब्द से घटित अर्थ की भी '**स्योनं ते सदनं करोमि**' इत्यादि पूर्ववाक्य से एकवाक्यता अनावश्यक है। अतः यहाँ पर मीमांसकों ने मन्त्रभेद माना है।

इसीलिये '**महामायानुभावेन यथा मन्वन्तराधिपः**' इस द्वितीय श्लोक में 'यथा' इस यच्छब्द से घटित होने से, 'तथा' इस अध्याहार के द्वारा, 'निशामय' इस पूर्व श्लोक से एकवाक्यता होने पर भी उसकी आवश्यकता नहीं है। श्लोक से अधिक मन्त्र की कल्पना करने से तन्त्रों से विरोध होने से उतने अंशों को भिन्न मन्त्र ही माना गया है। उसी न्याय से '**यैर्निरस्तः**' इन दो अर्धों का भी भिन्न मन्त्ररूप मानना चाहिये। इसीलिये—'**यैः समिति**' इत्यादि श्लोक में आदिम और अन्तिम अक्षर के प्रतीक रूप दो लेने से दो मन्त्र हैं, यह तन्त्र की उक्ति ठीक है, ऐसा यदि निर्णय माना जाय, तो '**सावर्णिः**' इस स्थल में भी 'यत्' शब्द को हटाकर निराकाङ्क्षता मानकर वह दोष (दो भिन्न मन्त्रों की स्थिति) आ जायगा। कोई नियामक न होने से दोनों न्याय नियामक बन सकते हैं।

यह भी कोई नियम नहीं है कि पूर्ण अंश के निवेश के बाद ही 'अर्ध' का निवेश हो; क्योंकि वेदों में—'**षष्टिश्चार्धर्चश्चेति**' सार्धषष्टि सौर ऋचाओं की गणना में '**यत्राचक्रुः**' इस अर्ध का '**ऋचामशीतिः पादैश्च**' इस सम्पूर्ण ऋग्वेदपारायण लक्षण में '**भद्रं न**' इस पाद का मध्य में ही निवेश किया गया है। यदि ऐसा ही विचार किया जाय, तो आपके पक्ष में 'निशामय' से लेकर सत्रह श्लोकों का मन्त्रत्व अनिवार्य होगा, फिर अर्धश्लोक को मन्त्र मानने से तन्त्रोक्त संख्या से विरोध होगा और भी '**निशामय**' इन अर्ध अंशों और '**स बभूव**' इन अर्ध अंशों की किसी प्रकार एकवाक्यता की कल्पना करने पर भी श्लोकरूपी मन्त्रत्व सम्भव है; परन्तु '**सुरथो नाम राजाऽभूत्**' इस श्लोक के उत्तरार्ध में स्थित '**तस्य पालयतः**' इस षष्ठ्यन्त पद का उससे अनन्वित उत्तरश्लोक स्थित शत्रुपद से अन्वय होने के कारण 'अवान्तरवाक्यता' भी भग्न होती है, तो एकमन्त्ररूपता कैसे होगी ?

इसी तरह '**एवं बभूवुः**' इत्यादि तीन श्लोकों में कथञ्चित् 'मन्त्रता' सम्भव होने पर भी '**कोशो बलं च**' इत्यादि श्लोकस्थित '**मृगयाव्याजेन**' इसका उत्तर श्लोक स्थित 'जगाम' पद से ही अन्वय होने से उस जगह भी 'मन्त्रत्व' का भङ्ग होगा। अतः

उसके लिये **'ममाग्ने वर्च०'** इत्यादि की तरह प्रथम श्लोक में ही महावाक्यात्मक एकमन्त्रत्व को स्वीकार करना चाहिये। यदि आप ऐसा कहें, तो आपकी दृष्टि दूर तक नहीं जाती–यह कहना पड़ेगा। आपके पक्ष में और उसके आगे वाले श्लोकों में **'मद्भृत्यैस्तैरसद्वृत्तैः'** इत्यादि अनेक श्लोकों में कैसे 'मन्त्रत्व' का भङ्ग होगा ?

यदि यह कहा जाय कि 'अनन्यगतिक' होने से तत्तत् स्थलों में उचित पदों का अध्याहार कर वाक्यपूर्ति माननी पड़ेगी, जैसे 'इषे त्वा' इत्यादि में 'छिनद्मि' का अध्याहार कर अवान्तरवाक्यत्व स्वीकार किया गया है। इसीलिये बारहवें अध्याय में **'पशुपुष्पार्घधूपैश्च'** इन दो श्लोकों का **'अरण्ये प्रान्तरे वाऽपि'** इत्यादि चार श्लोकों के साथ एकान्वय होने पर अवान्तरवाक्यात्मक दो मन्त्रों की मान्यता होगी, तो भी प्रतिश्लोक भिन्न मन्त्ररूपता प्राचीनों ने मानी है। इसी प्रकार अन्य गति न होने से मानना पड़ता है। किन्तु, ठीक है यह प्रश्न यह है कि **'सुरथो नाम'**, **'कोशो बलं च'** इन दोनों श्लोकों में अध्याहारादि-कल्पना करना या **'मद्भृत्यैस्तैरसद्वृत्तैः'** इत्यादि में करना यह संदिग्ध है। और यदि 'सप्तदशश्लोकी' के आदि और अन्त में अर्ध श्लोक को माना जाय, तो इन दोनों पक्षों में कहीं पर मन्त्रभङ्ग का अध्याहार से निरास आवश्यक होने से, युक्ति समान होने से, विकल्प ही क्यों न माना जाय ! आचार्य कहते हैं, ये विचार भ्रान्तिमूलक हैं।

अध्यवसाय से प्रयुक्त विकल्प की उक्ति मीमांसा न्याय से विरुद्ध है। यदि **'तस्य तैरभवद्युद्धं'** इत्यादि बहुत से अर्धांशों की स्वघटक (अपने में वर्तमान) पदों से ही निराकाङ्क्षता मानकर अवान्तरवाक्यता स्वीकार कर उनमें किसी भी एक की 'मन्त्रता' मानी जाय, तो भी विनिगमनाविरह (निर्णय न होना) दोष आयेगा। तो भी यह भार नहीं है, उन श्लोकों में ऐसा ही 'अर्ध' खोजना होगा, जिसमें मन्त्रत्व की पर्याप्ति स्वीकार की जा सके, इससे किसी की मन्त्ररूपता में दोष नहीं आयेगा, विशेषतः उत्तरार्ध का।

ऐसी स्थिति में दोनों जगह अध्याहार की कल्पना तो सभी ने मान ली है और यही 'नियामक' है। **'अणुरपि विशेषोऽध्यवसायकरः'** यह न्याय यहाँ पर मान्य होगा। तन्त्रों में प्रतीक विशेष को लेकर 'अर्धमन्त्र' कहीं भी नहीं कहा गया है, जिससे **'किं हि वचनं न कुर्यात्'** इस न्याय से अनेक स्थलो में क्लिष्ट कल्पना करनी पड़ेगी। अल्प भाग में नियम नहीं लगेगा। यदि आप मित्र भाव से पूछें कि यह अर्धश्लोकात्मक मन्त्र कौन सा है ? तो कहना पड़ेगा–

"सोऽचिन्तयत्तदा तत्र ममत्वाकृष्टमानसः"।

यही है। इसीलिये पटल के अन्त में **'मध्ये चतुर्विंशतिः'** इस उक्ति में 'मध्य' पद का तात्पर्य लगता है। इसी को मन्त्रत्व की पर्याप्त्यधिकरणता मानने से इसके आगे और पीछे के श्लोकों की पूर्णता मान्य होगी। तन्त्रों में प्रतीक ग्रहण से निर्देश न

होने से 'पारिशेष्यक' जो अप्राप्त है, उसको भी छोड़कर अपनी इच्छा से किसी को 'अर्धमन्त्र' मानने में कैसे विश्वास होगा? ठीक ऐसे स्थलों के लिये 'न्याय' ही निर्णायक होंगे। जिनका परिशोधन के साथ जैमिनि आदि आचार्यों ने विवेचन किया है। इस प्रकार की अपनी आस्तिकता को प्रकट करते हुए आपने भी त्रयोदश-अध्याय में तन्त्रों में सप्त अर्धों को ही मानने पर भी 'समुदित-संख्याविरोधादि न्याय' से नव अर्धों को माना है। उसी जगह अन्य लोगों ने एकादश अर्धों को माना है।

वस्तुतः वहाँ पर तन्त्रानुसार सात ही अर्धश्लोक हैं, यह आगे कहा जायेगा। इसलिये न्यायों से निर्णीत विषय को न मानने से निर्णय की परम्परा ही उच्छिन्न हो जायेगी; परन्तु यह सब बातें मन्त्र के लक्षण में एकवाक्यता का निवेश करने पर ही सम्भव हैं, और वही अभी तक निर्णीत न हो सकी। **'तच्चोदकेषु मन्त्राख्या'** इस सूत्र में मन्त्र-प्रसिद्धि ही मन्त्र का लक्षण जैमिनि ने माना है और मन्त्रत्व तथा वाक्यत्व का परस्पर व्याप्य-व्यापकभाव भी नहीं है; क्योंकि ब्राह्मणादि-वाक्यों में मन्त्रत्व नहीं माना गया है। 'हुं फट्' आदि पदात्मक मन्त्रों में वाक्यत्व तो नहीं है। यह बात तो ठीक है। मन्त्रत्व और वाक्यत्व का सामान्य रूप से सामानाधि-करण्य मान लेते हैं; परन्तु साकाङ्क्ष पदमात्र में मन्त्रत्व की पर्याप्ति का सूचक प्रमाण मिलने पर ही बाधकता न होगी। उस प्रकार के अपवादात्मक प्रमाण के विना मन्त्रत्व और वाक्यत्व का सम्बन्ध मान सकते हैं। यदि ऐसा न मानें, तो मन्त्र के अन्तर्गत पदों में लक्षणा नहीं करनी पड़ेगी।

'मन्त्रैरेव मन्त्रार्थः स्मर्तव्यः' इस नियम को पदों के वाच्यार्थ स्मरण मात्र से जप के मन्त्रों की तरह उपपन्न मान लिया जायेगा। यदि कहीं तात्पर्यविषयीभूत-वाक्यार्थपरता मन्त्र में हो, तो अन्यथानुपपत्ति के कारण लक्षणा का उपयोग हो सकता है। **'अग्नये जुष्टं निर्वपामि'** इस अंश की तरह ही **'मार्कण्डेय उवाच स्वाहा'** इस मन्त्र में 'स्वाहा' पद अनुष्ठेय अर्थ का प्रकाशक होने से **'सवितुः प्रसवे'** इत्यादि अंशों की तरह ही मार्कण्डेय पदों को अदृष्टार्थ मानकर उनकी परस्पर से अन्वित एकार्थपरता न होने पर भी 'मन्त्रत्व' और 'दृष्टार्थत्व' का भङ्ग नहीं होगा। यदि ऐसी कल्पना करें, तो कहना पड़ेगा कि सवित्रादि पदार्थों का प्रकाशन अदृष्टार्थ होने पर भी 'सवितुः' इत्यादि की 'निर्वपति' क्रिया के साथ एकवाक्यता से वाक्य-प्रमाण से कर्माङ्गता का बोध होता है। अतः उस अंश में कर्माङ्गता की दृष्टार्थता है।

यदि यह न मानें, तो **'अग्निरिदं हविरजुषत'** इत्यादि स्थल में 'हविः' इत्यादि अंश की भी देवता के द्वारा हवि स्वीकार न होने से अदृष्टमात्रार्थता होगी और उसके प्रकाशक अनेक देवताविषयक विकृतियों में **'मारुतसप्तकपालादि'** वचनों के

ऊह करने की आपत्ति भी न होगी। अतः 'मार्कण्डेय ने जिसके माहात्म्य को कहा, उसी को यह हवि प्रदान किया गया' इस व्याख्या के अनुसार आभासमान वाक्यार्थ की अनुगुणता से तत्तत् उचित पदों के बोधक अध्याहार कर प्रस्तुत कर्म में सम्बन्ध मानना ही उचित है। अतः भासमान एकवाक्यता को अपवादक बलवान् प्रमाणान्तर से अपनी इच्छा से भङ्गकर 'मन्त्रत्व' की क्लिष्ट कल्पना उचित नहीं है।

वैश्यवाक्यं ततः श्लोका व्योमाद्यात् पञ्चमन्त्रकाः।
नृपस्योक्तिर्मान्तमवर्णाद्द्वादशस्वरसंयुतात् ॥
सकारो बिन्दुयुक्तोऽन्ते मन्त्रौ द्वावीदृशो मतौ।

इसका विवरण निम्नांकित है–

व्योम 'ह'कार है, उसका आद्य 'स'कार, उससे लेकर वे श्लोक चार ही हैं; परन्तु पाँच की गणना की जाती है। अर्धश्लोकात्मक दो मन्त्र हैं और तीन श्लोक हैं। यद्यपि वैश्य की उक्ति को मिलाकर यह संख्या बनती है; परन्तु इसके पूर्व मार्कण्डेय की उक्ति के विना ही संख्या को स्वीकार करने से तथा पटल के अन्त में 'अर्धश्लोक' संख्या का ग्रहण भी तात्पर्यग्राहक होने से पूर्वोक्त व्याख्या ठीक है। वे दोनों श्लोक भी '**किन्तु तेषां**' इस चतुर्थ श्लोक के पूर्वार्ध एवं उत्तरार्ध के रूप में हैं। चतुःश्लोकी के आदि और अन्त के अर्ध को ग्रहण करना उचित नहीं है; क्योंकि '**पुत्रदारैर्निरस्तश्च**' यहाँ 'च'कार के स्वारस्य से पूर्वार्ध के 'उत्पन्न' पद से अन्वय मानने पर उत्तरार्ध का सम्बन्ध यदि कहा जाय, तो '**दारैः पुत्रैः**' इत्यादि की पुनरुक्ति हो जाती है।

राजा की उक्ति '**राजोवाच**' यह मन्त्र मान्त अर्थात् 'य'कार और उसके साथ द्वादश स्वर 'ऐ'कार से संयुक्त है, उससे लेकर 'स' अर्थात् सबिन्दुक अक्षर तक। इस प्रकार दो मन्त्र अर्धश्लोकात्मक हैं।

ततो वैश्य उवाचेति स्वरैकादश आदितः।
वह्निबीजं बिन्दुयुक्तमन्ते स्यान्मनुपञ्चकम् ॥

स्वरों में एकादश 'ए'कार है। '**सन्धिरेकादशो भद्रा पद्मनाभः कुलाचलः**' यह नन्दनकोष का वचन है। वह्निबीज 'रेफ' है। आगे भी चार श्लोकों में अन्त के दो अर्धश्लोकात्मक मन्त्र हैं। '**नाद्यान्त्यौ येः सन्त्यज्य**' इत्यादि कथनानुसार पूर्व श्लोक से सम्बन्ध नहीं है। उत्तरार्धगत 'तत्' शब्द का, 'हार्द च०', 'कर्मणश्च' कर्म का भी अन्वय होगा। इसी तरह उत्तर श्लोक में इन पदों को देखना होगा।

मार्कण्डेय उवाचैकस्ततो मन्त्रत्रयं भवेत्।
तादिवर्णं च भुवनस्वरयुग्वारुणान्तिमम् ॥

भुवन चतुर्दश हैं, वारुण 'व'कार है, इसमें पहले के ही दो अर्धश्लोक मन्त्र हैं। उत्तर श्लोक में 'कृत्वा' इस पद से समानकर्तृक उत्तरकालिक अन्य क्रिया की

आकाङ्क्षा प्रतीत होती है और उसका सम्बन्ध 'उपविष्टो' पद से उत्तरार्ध के अंश से ही है, अतः अन्तिम अर्ध भाग को पृथक् मन्त्र मानना ठीक नहीं है और अन्य मन्त्रों के विषय में कहा है–

राजोवाचेति षण्मन्त्रा भादितान्ताः शुभानने ।
अथोवाच ऋषिर्ज्ञानमस्तीत्यारभ्य पार्वति ।
सर्वे सर्वेश्वरीत्यन्ता मन्त्रा द्वादश कीर्तिताः ॥

'**भगवंस्त्वामिति**' पाँच श्लोकों में आदि और अन्त के अर्ध भाग प्रत्येक पूर्ण हैं। आगे '**अयं च निष्कृतः**' इत्यादि का उत्तरोत्तरार्ध से ही सम्बन्ध है, अतः उसका भङ्ग न हो, इसलिये प्रथम श्लोक में ही दो अर्धात्मक मन्त्र मानना उचित है। उनमें 'यत्-तत्' शब्दों की साकाङ्क्षता होने पर भी अवान्तर वाक्य में विरोध नहीं होगा।

'**न ज्ञानमस्ति**' इत्यादि एकादश श्लोकों में अन्तिम श्लोक का अर्ध भाग ही दो मन्त्रात्मक है, प्रथम श्लोकार्ध नहीं है। '**ज्ञानेऽपि सति**' इत्यादि का उत्तरार्ध स्थित 'कणमोक्ष' आदि वाक्य से ही अन्वय है। इसी प्रकार अन्य स्थलों पर भी विचार है।

उपान्त्य श्लोक को भी दो मन्त्रों के रूप में देखा जा सकता है; परन्तु 'उवाच' के सामीप्य से ही दो अर्धश्लोक अन्यत्र भी माने गये हैं। अतः यहाँ भी वही नियम मान्य होगा। मीमांसाशास्त्र में सवनीय पश्वालम्भनस्थलगत दैक्षानुबन्धी सामीप्य को प्रकृति में आर्थिक मानने पर भी 'साद्यस्क' में उसका आदर से निर्णायकत्व माना जाता है।

राजोवाचाथ भगवन्नादावन्ते विदांवर।
मन्त्रत्रयमिदं ख्यातं पश्चाद् ऋषिरुवाच ह ॥
नित्यैव सा जगच्चादौ प्रभुरन्तेऽष्टमन्त्रकः ॥

'भगवन्' इत्यादि दो श्लोकों में उत्तरार्ध ही दो अर्धश्लोकात्मक मन्त्र हैं। प्रथमार्ध नहीं है; क्योंकि 'भवान्' इस पद का 'ब्रवीति' के साथ अन्वय है। '**नित्यैव सा**' इन सात श्लोकों में प्रथम श्लोक के पूर्व और उत्तरार्ध का पृथक् मन्त्रत्व है, चरम श्लोक के उत्तरार्ध का नहीं है; क्योंकि '**योगनिद्रामभजत्**' इस तरह आगे अन्वय होता है।

'**स नाभिकमले**' यह अर्धत्रयात्मक है। अतः इसको एक मन्त्र नहीं माना जा सकता। '**दृष्ट्वा**' इसका '**स्थितः**' इस पद के साथ अन्वय है। यत्नान्तर से शून्य होकर यह इसका तात्पर्य है। यहाँ पर '**स्तौमि निद्रां भगवतीं विष्णोरतुलतेजसः**' यह अर्धपाठ कहीं पर देखा जाता है। यह पाठ अन्य तन्त्रों की दृष्टि से ठीक ही है। '**विश्वेश्वर्यादिकं सूक्तं दृष्टं तद् ब्रह्मणा पुरा**' इस ज्ञापक वचन से 'विश्वेश्वरी' इसके

पहले ही 'ब्रह्मोवाच' यह पाठ है। तो भी इस तन्त्र के अनुसार चलने वाले 'कात्यायनीतन्त्र' के अनुयायी को वह क्रम नहीं लेना चाहिये; किन्तु **'निद्रां भगवतीं विष्णोरतुलां तेजसः प्रभुः'** इतना ही ग्राह्य है। **'प्रभुरन्ते'** इत्यादि वचन से ही प्रमाणित है। 'प्रभु' पद से भी 'तेजसः प्रभुः' इसी का परामर्श होता है, न कि 'भगवान् प्रभुः' इस अंश का; क्योंकि यह ब्रह्मा का वाक्य नहीं है और उससे अष्टसंख्या भी नहीं होती।

अथ ब्रह्मोवाच ततस्त्वं स्वाहा त्वं स्वधादिमाः।
महासुरान्तिमा मन्त्रा मताः पञ्चदश प्रिये॥

'त्वं स्वाहा' इत्यादि चतुर्दशश्लोकी में अन्त में अर्धश्लोक ही दो मन्त्र हैं, आरम्भ के नहीं। उसके साथ स्तुतिरूप श्लोकों में सभी अर्धों को पूर्णत्व मानना सम्भव होने पर भी **'यच्च किञ्चित्'** इत्यादि श्लोकों का अपने उत्तरार्ध से अन्वय ठीक लगने से, अव्यवस्थित कल्पना शास्त्रीय नहीं मानी जायेगी। अतः उवाचात्मक मन्त्रों के बीच में अर्धश्लोकात्मक दो मन्त्रों का इस अध्याय में कहीं भी व्यवधान नहीं होता है। इसलिये ऐसे स्थान में व्यवहित या अव्यवहित को समान मानकर मन्त्र माना जाय, यह 'काण्व' का मत निर्मूल है; क्योंकि प्रथम श्लोक के उत्तरार्ध में भी पूर्वार्ध से आनेवाले 'त्वं' की अनुवृत्ति देखकर उसे पूर्वार्धान्वयी माना जाता है।

अतः प्रथम श्लोक में या अन्य स्थल में 'यच्च' इत्यादि श्लोक के अविरोध से दो अर्धों की कल्पना आदि करना अनावश्यक है। यदि थोड़ा भी सप्रमाण हो तो मानना उचित होगा। **'यैर्निरस्तः'** इत्यादि, **'भवेतामद्य'** इत्यादि भाग उवाचद्वय का मध्यवर्ती होने से वहाँ पर आदिम और अन्तिम अर्धों को मन्त्र मानने का निर्णय मानने से यही निर्णय अन्यत्र माना जायेगा। 'एकत्र **निर्णीतः शास्त्रार्थोऽसति बाधके अन्यत्रा पि'** यह न्याय लागू होगा; परन्तु यह भी ठीक नहीं है; क्योंकि उस पूर्वोक्त स्थल में अन्त्य और उपान्त्य का तथा आद्य और उपाद्य का अव्यवधान के कारण 'मन्त्रत्व' सिद्ध हो सकता है। अन्यत्र तो आदिम और अन्तिम इन दोनों में व्यवधान की बाधा हो सकती है।

ऋषिरेव स्तुतेत्याद्याः सप्त स्युः केशवान्तिमाः।
ततो भगवदुक्तिः स्याद् भवेतामित्युभौ मनू॥
अथर्षिर्वञ्चिताभ्यामित्येतन्मन्त्रद्वयं शिवे।
ऋष्युक्तिश्च तथेत्युक्तेत्यादिमन्त्रद्वयं भवेत्॥

इत्यादि तन्त्रगत श्लोक नियामक हैं।

'एवं स्तुता' इत्यादि छः श्लोकों में अन्तिम श्लोक ही अर्ध-मन्त्रात्मक है, वहाँ पर **'तावपि'** इस प्रथम अर्ध में **'जातौ'** इस पद का अध्याहार करने में पूर्णता हो सकती है। **'एवं स्तुता'** इस अर्ध की मन्त्रत्वकल्पना में उत्तरार्ध स्थित **'निहन्तुं'** इस पद का पूर्व भाग से अन्वय उचित होने से उत्तर भाग में अन्वय न होने से

'मन्त्रत्व' का भङ्ग होगा । इसी प्रकार 'निर्गम्य' इत्यादि स्थल पर विचार होगा । 'वञ्चिताभ्यां' इस श्लोक के बाद **'प्रीतौ स्वस्तव युद्धेन श्लाघ्यस्त्वं मृत्युरावयोः'** यह अर्धभाग कहीं पर देखा जाता है; परन्तु वह अधिक है; क्योंकि आगे अध्याय-श्लोकों की और अर्धश्लोक मन्त्रों की एकत्र संख्या जोड़ने में विरोध उत्पन्न होगा । इसीलिये **'आवां जहि'** इत्यादि अर्धश्लोक ही मन्त्र है । सार्ध-तीन, सार्ध-चार, इस प्रकार से तीन-चार पूर्ण मन्त्रों के बाद के भाग में ही अर्ध का निवेश परम्परा से सिद्ध है । सामान्यशास्त्र के रहते विना विशेष कारण अपवादशास्त्र प्रवृत्त नहीं होता ।

'विलोक्य' इस अर्ध की पूर्वार्धोक्त कर्म से ही साकाङ्क्षता है । 'काण्व' ने यहाँ पर 'उवाच-द्वय के मध्यवर्ती एक ही श्लोक के रहने पर अन्तिम ही लेना चाहिये'; किन्तु इस नियम के लोकसिद्ध और पूर्व स्वीकृत होने पर भी उसे छोड़कर 'वञ्चिताभ्यां' इस अर्ध को मन्त्र माना है । इसीलिये काण्वों की बुद्धि आपात-ग्राहिणी (स्थूल) होती है । यह बात तो स्पष्ट कर दी गयी है । वस्तुतः काण्वकृत कारिकाओं में बहुत-सी निर्मूल बातें लिखी हैं । सामान्य-विशेष नियमों का पालन ठीक से नहीं किया है । कारिका में अपशब्द भी अनेक आ गये हैं, ऐसी स्थिति में उनके आधार पर अनुष्ठान करने वाले को कितना कष्ट होगा । विना सम्प्रदाय और शास्त्राधार के व्याख्या करना दुःसाहस और धर्मविप्लव ही है ।

सर्वे श्लोका इहाध्याये त्वष्ट्युक् सप्ततिर्मताः ।
मध्येऽर्धश्लोकमन्त्रास्तु चतुर्विंशतिरीरिताः ॥
उवाचान्तास्तत्र बोध्या मन्त्रा भुवनसंख्यकाः ।
संहत्याहुतयो ज्ञेयाश्चतुर्भिरधिकं शतम् ॥

इस गणना के अनुसार अठहत्तर श्लोकों में अर्धश्लोक के युगल बारह श्लोक घटाने पर छाछठ ही श्लोक-मन्त्र होते हैं । 'ब्रह्मा' और 'भगवान्' एक-एक, 'वैश्य' और 'मार्कण्डेय' दो-दो, 'राजा' तीन, 'ऋषि' पाँच, इस प्रकार चौदह उवाचान्त मन्त्र होते हैं । यह विवेचन कात्यायनीतन्त्र के बीसवें पटल पर है ।

मन्त्रविभाग-कारिका

इस पूर्वोक्त मन्त्र-विभाग को संक्षेप में याद रखने के लिये आचार्य ने उन्नीस श्लोकों की सूची बनाई है । उनका कथन है कि कात्यायनी-तन्त्रानुसार ही मन्त्रविभाग उचित है, अपवाद स्वरूप कहीं अधिक लिया है, तो उसका उपयोग कात्यायनीतन्त्र वालों को नहीं करना चाहिये । ये श्लोक निम्नाङ्कित हैं–

ऋणमिष्टमदत्त्वैव त्वन्नाम जपतो मम ।
शिवे कथमपर्णेति रूढिर्भारायते न ते ॥ १ ॥

श्रीचण्डीस्तवमन्त्राणां विभागः सप्तभिः शतैः ।
कात्यायन्यादितन्त्रेषु त्रिषु त्रेधा प्रकीर्तितः ॥ २ ॥
गुप्तवत्यां प्रकारास्ते न्यायैः संशोध्य दर्शिताः ।
तत्त्रयं भास्करेणेह शतश्लोक्या निबध्यते ॥ ३ ॥
मार्कण्डेय उवाचेति मन्त्रः प्राथमिको मतः ।
सावर्ण्याद्याः मुनिवराश्रमान्ताः श्लोकका दश ॥ ४ ॥
सोऽचिन्तयत्तदा तत्रेत्यर्धश्लोकात्मको मनुः ।
मत्पूर्वैरित्युपक्रम्य सप्तश्लोका नृपान्तिमाः ॥ ५ ॥
अथ वैश्यः समाध्याद्याः संस्थितान्तास्ततस्त्रयः ।
किं नु तेषां कथं ते किमित्यर्धश्लोकको मनू ॥ ६ ॥
राजोवाच ततो यैस्तेष्वित्यर्धश्लोकमन्त्रकौ ।
वैश्योक्तिरेवमित्याद्या बन्धुष्वन्तास्ततस्त्रयः ॥ ७ ॥
तेषां कृते करोमीति द्वावर्धश्लोकमन्त्रकौ ।
मार्कण्डेयस्ततस्तौ समाधिः श्लोकार्धमन्त्रकौ ॥ ८ ॥
कृत्वा तु ताविति श्लोको राजोक्तिर्भगवन्निति ।
दुःखायेति च मन्त्रौ द्वावर्धश्लोकात्मकौ मतौ ॥ ९ ॥
ममत्वाद्या मूढतान्ताश्चत्वारोऽथ ऋषेर्वचः ।
ज्ञानमस्तीत्युपक्रम्य मुक्तये तास्ततो दश ॥ १० ॥
सा विद्येति संसारेऽत्यप्यर्धश्लोकको मनू ।
राजोक्तिर्भगवन् केति श्लोको यत्तदिति द्वयम् ॥ ११ ॥
अर्धश्लोकात्मकमृषिर्नित्यैवेति तथाऽपि तत् ।
द्वावर्धश्लोकमन्त्रौ स्तो देवानां कार्यमादितः ॥ १२ ॥
तेजसः प्रभुरित्यन्ताः श्लोकाः षट् ब्रह्मणोऽथ वाक् ।
त्वं स्वाहा त्वं स्वधेत्याद्याः श्लोकमन्त्रास्त्रयोदश ॥ १३ ॥
प्रबोधं चेति बोधश्चेत्यर्धश्लोकात्मकौ मनू ।
ऋषिरेवं स्तुतेत्यादि विभ्वन्तं श्लोकपञ्चकम् ॥ १४ ॥
तावपीत्युक्तवन्तावित्यर्धश्लोकमनुद्वयम् ।
भगवांश्च भवेतां किमन्येनेत्यर्धयुग्मकम् ॥ १५ ॥
ऋषिवाक्यं वञ्चिताभ्यामित्येकः श्लोकमन्त्रकः ।
आवां जहीत्यर्धमृषिस्तथेति श्लोकयोर्युगम् ॥ १६ ॥
इत्यष्टसप्ततिश्लोकैरध्यायः प्रथमात्मनः ।
प्रथमस्य चरित्रस्य सर्वे मन्त्राश्चतुःशतम् ॥ १७ ॥

तेषूवाचाङ्किता मन्त्रा द्व्येकद्व्येकत्रिपञ्चभिः ।
मृकण्डुपुत्रभगवद्वैश्यब्रह्मनृपर्षिभिः ॥ १८ ॥
चतुर्दश स्युः श्लोकार्धाश्चतुर्विंशतिरीरिताः ।
अवशिष्टास्तु षट्षष्टिः श्लोकमन्त्रा इति स्थितिः ॥ १९ ॥

इसके आगे आचार्य का कथन है कि यथास्थान अपेक्षित अंशों की ही व्याख्या मैं कर रहा हूँ। वे भी कात्यायनीतन्त्रानुसार जो हैं, उन्हीं की होगी। इस प्रकार कात्यायनीतन्त्रानुसार मन्त्र-विभाजन दिखाया गया है।

कथा-भाग

प्रथम अध्याय

इसके आगे कथा-भाग में 'गुप्तवती' टीका संक्षिप्त रूप से ही लिखी गई है; परन्तु कहीं कहीं महत्त्वपूर्ण संकेत मिलते हैं, जिनका उल्लेख करना आवश्यक है।
'त्वं स्वाहा त्वं स्वधा' की व्याख्या—

एकैव शक्तिः परमेश्वरस्य भिन्ना चतुर्धा विनियोगकाले ।
भोगे भवानी पुरुषेषु विष्णुः कोपेषु काली समरेषु दुर्गा ॥

इत्यादि प्रमाणों से विष्णु और काली की एकरूपता सिद्ध है। अतः विष्णु रूप से कालिका ने ही मधु-कैटभ को मारा। 'स्वाहा' शब्द की व्युत्पत्ति करते हुए कहा है—'स्वान् आजिहीते स्वान् धत्ते'। अतः केवल अव्यय मात्र नहीं कहा जा सकता। अतः 'स्वाहायै नमः, स्वधायै नमः' इत्यादि प्रयोग भी व्याकरण के अनुसार हैं। वषट्कार वौषट् इत्यादि, आश्रावय इत्यादि सप्तदशाक्षरी का उपलक्षण है। इससे सर्वयज्ञात्मकता सिद्ध हुई। **'सप्तदशप्रजापतिर्यज्ञेऽन्वायत्त'** यह श्रुति है।

श्लोक में ५५ में अनुच्चार्या का अर्थ है—अर्धचन्द्ररोधिन्यादि आठ प्रकार की ध्वनिस्वरूपिणी। योगिनीहृदय की व्याख्या 'सेतुबन्ध' में इस पर विस्तार से लिखा गया है।

श्लोक ५९ में कालरात्रि-महारात्रि-मोहरात्रि—ये तीन नाम तीन प्रकार के प्रलय के सूचक हैं—दैनन्दिनप्रलय, ब्रह्मप्रलय और महाप्रलय। वस्तुतः शक्तिसङ्गम-तन्त्रराज में विशिष्ट तिथियों और उनकी अभिमानिनी देवताओं और उनके मन्त्रों के लिये ये नाम कहे गये हैं। इन तीनों का समष्टि रूप ही 'योगनिद्रा' है, 'रात्रिसूक्त' उसका प्रतिपादक है। सामविधि-ब्राह्मण में **'अथ यः कामयेत् पुनर्न प्रत्याजायेयम्'** इत्यादि के द्वारा 'रात्रीं प्रपद्ये' इस मन्त्र का विधान कहा है। इसी को देवीचन्द्रकलास्तव के अन्तिम श्लोक में अप्पय दीक्षित जी ने भोग और मोक्ष फलदायक कहा है। इस पर 'हरिवंश' में भी लिखा गया है। इसी देवता से अधिष्ठित होने से तन्त्रों में 'रात्रिसूक्त' शब्द से व्यवहार किया गया है।

श्लोक ६८ में—यहाँ पर 'तामसी' शब्द में कुछ रहस्य है। तीनों चरित्रों की देवताएँ महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती क्रम से बाहर तम, रज, सत्त्व गुणात्मिका हैं। अन्तस् में सत्त्व, रज, तमोरूपा हैं। सात्त्विकादि पद से इनका उल्लेख है और दैत्य-संहार की कथा भी है। इसीलिये महिषासुर के हनन के समय मधुपान से आरक्तवर्णता तथा चण्ड, शुम्भादि के हनन में श्यामवर्णता कही गई है।

श्लोक ६९ में—उस प्रकार तामसी रूप का परित्याग कर पुरुष रूप से मधु-कैटभ का संहार किया है। पुरुष रूप से बाहुयुद्ध किया है। **'मधुकैटभौ दुरात्मानौ'** (श्लोक ७१) में एक अक्षर अधिक है; परन्तु वृत्तचन्द्रोदय में इसका समाधान दिया गया है। प्रथम चरित्र के अन्तिम श्लोक (७८) की टीका में 'उवाच' पद से अंकित मन्त्रों पर विचार किया गया है। वे चार प्रकार के हैं—अपेक्ष, अनपेक्ष, सद्भाव और असद्भाव। उसमें 'सावर्णिः' यह किसकी उक्ति है, इसकी आकांक्षा होने पर 'मार्कण्डेय उवाच' यह मन्त्र अपेक्षित है। वह मन्त्र **'वैश्यमेकं ददर्श सः'** यहाँ तक सम्बन्ध रखता है। इसके आगे का श्लोक राजा की उक्ति होने पर भी **'राजोवाज च'** शब्द की अपेक्षा नहीं है। **'स पृष्टस्तेन'** इत्यादि से उसका अर्थ स्पष्ट हो जाता है।

ऐसे ही राजा की उक्ति का व्यवधान होने पर भी उत्तर श्लोक के आरम्भ में पुनः **'मार्कण्डेय उवाच'** इसकी अपेक्षा होने पर भी **'इत्याकर्ण्य'** इस श्लोक के अन्तर्गत **'इति'** शब्द से राजोक्ति आ जाती है। पूर्वक्रम से अनुवृत्ति चली आती है और मार्कण्डेय की उक्ति बीच में मानकर उसका पुनः उल्लेख नहीं किया गया है।

इसी प्रकार **'इत्याकर्ण्य'** इस श्लोक में ही **'वैश्यः प्रत्युवाच'** यह स्पष्ट होने से उत्तर ग्रन्थ के आरम्भ में **'वैश्य उवाच'** इस मन्त्र की अपेक्षा नहीं है। तो भी अपेक्षा है, ऐसा मानकर अन्य गति न होने से उस अंश को सार्थक बनाने के लिये अपेक्षित अंश का स्मरण करना चाहिये। दूसरे उपाय से अर्थस्मरण नहीं होगा।

पहले श्लोक की मन्त्रार्थ-दशा में ज्ञात अर्थ के पुनर्बोध को 'अदृष्टार्थ' माने या 'चतुर्भिरभ्रिमादत्ते' इत्यादि विहित मन्त्रों में द्वितीय मन्त्रार्थबोध की तरह यहाँ भी समाधान हो सकता है। अन्य तन्त्रों में **'वैश्य उवाच'** यह मन्त्र ही नहीं है। तब उस पक्ष में नियम-अदृष्टादि कल्पना का कोई प्रसंग ही नहीं आता। अतः **'राजोवाच'** इत्यादि उवाच-षट्क का स्थान अपेक्षित ही है। उसके बाद 'ब्रह्मोवाच' इसकी विशेष अपेक्षा नहीं है। उसके ऋष्यादि-त्रय अपेक्षित ही हैं।

इसके आगे **'आवां जहि'** इस अर्ध के आरम्भ में **'मधुकैटभौ ऊचतुः'** यह अपेक्षित होने पर भी (और भी कहीं पुस्तकों में पठित है) **'ताभ्यां गदितः'** इसी से गतार्थ हो जाता है। इसके लिए **'ऋषिरुवाच'** इसकी भी अपेक्षा नहीं है। ऋषिवाक्य

निकटवर्ती होने से 'गदितः' इसके साथ 'इति' शब्द से ऋषिवाक्य का अभिप्राय आ जाता है। यामल के पाठ में यह मन्त्र नहीं है।

द्वितीय अध्याय

इसके आगे मध्यम चरित्र के प्रारम्भ में कात्यायनीतन्त्रानुसार गुप्तवती में मन्त्र-विभाग किया गया है। कात्यायनीतन्त्र में नव श्लोकों से द्वितीय से लेकर तीन अध्यायों का मन्त्र-विभाजन किया गया है–

ईश्वर उवाच–

द्वितीये ऋषिवागष्टषष्टिः श्लोका इति क्रमः ।
ततस्तृतीयेऽध्याये तु ऋषिः प्रोवाच देशिके ॥
पञ्चत्रिंशत्ततः श्लोकमन्त्रा ज्ञेया वरानने ।
देव्युवाच ततः श्लोकमन्त्र एको महेश्वरि ॥
ऋषिरुक्तिः पुनः श्लोकमन्त्राः पञ्च सनातनाः ।
एवमाहुतयस्तत्र चत्वारिंशच्चतुर्युताः ।

इसका आशय यह है–द्वितीय अध्याय में **'ऋषिरुवाच'** यह एक मन्त्र है। **'देवासुरम्'** इत्यादि अड़सठ श्लोक-मन्त्र हैं। इस प्रकार उनहत्तर हुए। तीसरा ऋषि के दो वाक्य हैं। **'देव्युवाच'** यह एक है। चालीस और चार-चौआलीस श्लोक होते हैं। तन्त्र के अनुसार **'ऋषिरुवाच'** एक मन्त्र है। आगे छब्बीस श्लोक हैं। पुनः ऋषि की उक्ति है, दो श्लोक-मन्त्रात्मक हैं। **'एवं स्तुता'** इत्यादि भी अतिगुह्य मन्त्र है। देवी की उक्ति **'व्रियतां'** इत्यादि षोडशाक्षर मन्त्र है। **'देवा ऊचुः'** इसके आगे **'भगवत्या कृतं सर्वं'** इत्यादि एक सौ बारह अक्षरों का मन्त्र है। इसके बाद **'ऋषिरुवाच'** मन्त्र है, **'इति प्रसादिता'** इत्यादि चार श्लोक चार मन्त्र हैं। कहीं तन्त्रभेद से एक श्लोक अधिक पढ़ा जाता है, वह कात्यायनीतन्त्रोक्त नहीं है। **'भगवत्या कृतं सर्वं'** इत्यादि से **'अम्बिके'** तक यह एक ही मन्त्र है; क्योंकि मूल मन्त्र में **'मन्त्रोऽयं'** इस प्रकार एकवचन से निर्देश किया है और प्रार्थना रूप एक ही विषय होने से भी एकार्थता सिद्ध होती है।

परन्तु इसमें कुछ विचारणीय है–तन्त्रोक्त पटल के अन्त में इस अध्याय के मन्त्रों की संख्या और उनके विवेचन से कुछ विरोध आता है। **'तावन्त एव ते'** इत्यादि वचनों से तत् शब्दों से कुछ व्यवधान से निर्दिष्ट अध्युष्ट (साढ़े तीन) श्लोकों को कहकर **'तावन्त एव'** इत्यादि के द्वारा चतुर्मन्त्रात्मकता सिद्ध की गई है, अन्यथा वचन की उपपत्ति नहीं लगेगी। अतः एक अर्धश्लोक मन्त्र है, तीन श्लोक-मन्त्र हैं, यह सिद्ध होता है।

यद्यपि 'काण्व' नामक व्याख्याकार ने प्रथमार्ध मात्र को निराकाङ्क्ष माना था; परन्तु उत्तर श्लोकों से ही निराकाङ्क्षता ठीक होती है। अतः पूर्वनिर्दिष्ट सामान्य

नियम से उत्तरार्ध को लेकर ही मन्त्रत्व की कल्पना करनी ठीक होगी। **'यश्च मर्त्यः'** इस मन्त्र को यदि सार्धश्लोक मानें, तो अवाक्यता अध्याहारादि के द्वारा की जा सकती है, जैसे पूर्व स्थल में विचार किया गया है। अथवा 'वित्तर्धिविभवैः' इसको एक पद न मानें किन्तु 'वित्त', 'ऋद्धि' ये दो पद मानें। इसका अर्थ इस प्रकार करेंगे–**'वित्ता तत्सम्बन्धिज्ञानविषयीभूता सती सम्पदां विभवे ऋद्धिं समर्धय'**। 'ऋध्नोति' इत्यादि का विकरण-व्यत्यय छान्दस प्रयोग माना जायेगा। इससे धन और वित्त पदों की पुनरुक्ति का भी परिहार होता है।

वास्तविक स्थिति यह है कि चारों मन्त्रों को एक संख्या के अन्तर्गत मानने से एक ही कहने से मन्त्र का अर्थ भी परस्पर की आकाङ्क्षा का पूरक है। अतः एक ही मानना उचित है। हाँ, आहुति के प्रकरण में कुछ भेद अवश्य होगा। इसका भी अन्यत्र विचार किया है कि एकार्थबोधकता और एकाहुतिकरणता इनका भी कहीं अपवाद माना गया है।

श्लोकाश्चतुर्थेऽध्याये तु षट्त्रिंशत्परमेश्वरि।
अर्धमन्त्रद्वयेनैव चत्वारिंशद् द्वियुक् पुनः॥

इसके अनुसार देवताओं की तथा देवी की एक उक्ति है। ऋषि के तीन वाक्य दो अर्धश्लोक हैं। पैंतीस श्लोक-मन्त्र हुए। इस तरह बयालीस मन्त्र होते हैं।

एवं मध्यचरित्रस्य पञ्चाशच्च शतोत्तरम्।
तथा पञ्चयुतं मन्त्रा महालक्ष्म्या विभेदतः॥

'महालक्ष्म्या' पद से द्वितीय चरित्र की देवता का निर्देश है। इस तरह आगे सरस्वती आदि देवताओं का अध्याय-भेद से यथास्थान निर्देश से प्रथमाध्याय में परिशेष कल्पना से 'महाकाली' देवता मानी गयी।

द्वादश, त्रयोदश अध्यायों में तन्त्र में देवता का निर्देश नहीं है; परन्तु सामान्य नियम से चामुण्डा या चण्डिका ही देवता हैं। अथवा तृतीय चरित्र के अन्तर्गत होने से 'महासरस्वती' को ही देवता मान सकते हैं। इस प्रकार कात्यायनीतन्त्र के इक्कीसवें पटल का विवेचन प्रस्तुत किया गया। इसमें आगे सात संग्रह श्लोकों में विषय निर्दिष्ट है–

ऋषिवागष्टषष्टिः स्युः श्लोका देवासुरादयः।
एवं द्वितीयकेऽध्याये मन्त्रा एकोनसप्ततिः॥ १॥
ऋषिर्निहन्यमानाद्याः पञ्चत्रिंशत्तु मन्त्रकाः।
देव्योक्तिर्गर्जगर्जेति श्लोक एव ऋषेर्वचः॥ २॥
पञ्चश्लोका इति चतुश्चत्वारिंशत्तृतीयके।
ऋषिः शक्रादयः श्लोकाः षड्विंशतिरथर्षिवाक्॥ ३॥

श्लोकद्वयमथो देवी श्लोकार्धं व्रियतामिति ।
देवा ऊचुस्त्रयः श्लोका भगवत्या कृतादिकाः ॥ ४ ॥
वृद्धयेऽस्मत्प्रसन्ना त्वमित्यर्धश्लोकको मनुः ।
ऋषेर्वचश्चतुःश्लोकीत्यध्याये तु चतुर्थके ॥ ५ ॥
मन्त्रा द्विचत्वारिंशत्स्युरध्यायत्रितयात्मनः ।
मध्यमस्य चरित्रस्य पञ्चपञ्चाशदुत्तराः ॥ ६ ॥
शतं मन्त्रास्तेषु देव्या वचसी द्वे ऋषेस्तु षट् ।
देवा नामेकमर्धे द्वे अन्ये श्लोका इति स्थितिः ॥ ७ ॥

इन सात संग्रह श्लोकों से मध्यम चरित्र की मन्त्रसंख्या की परिगणना की गयी है। इस द्वितीय चरित्र में महिषासुर-वध की कथा है। इसकी उत्पत्ति के सम्बन्ध में वराहपुराण और देवीभागवत से निम्न कथा उपलभ्य है—विप्रचित्ति नामक दैत्य की पुत्री माहिष्मती नामक थी। उसने तपस्या में तत्पर सिन्धुद्वीप नामक ऋषि को महिषी (भैंस) के रूप से डराया था। तब उस ऋषि ने कहा कि तुम महिषी हो जाओ। उसी ऋषि का शुक्र जो दैत्यकन्या के दर्शन से च्युत हुआ था, उसे पीकर महिषासुर नामक दैत्य को उसने जन्म दिया था।

श्लोक ९ की व्याख्या—'**मदीयाः शक्तिलेशा ये तत्तद्देवशरीरगाः**' इस लक्ष्मीतन्त्र के वचनानुसार उन सभी देवों और उनके आयुधों में रहनेवाला शक्तिपुंज एकत्र होकर अष्टादश भुजा वाली नारी-शक्ति के रूप में परिणत हुआ। '**दिशो भुजसहस्रेण**' श्लोक (३८) में '**समन्ताद् व्याप्य संस्थिता**' के आगे '**अष्टाशीतिसहस्रेण सखीभिः परिवारिताम्**' यह अधिक पाठ भी कहीं पर मिलता है। '**अयुतानां शतैः षड्भिः**' (श्लोक ४२) में

'गजवाजिसहस्रौघैरनेकैरुग्रदर्शनः।
उग्रश्चात्युग्रवीर्यश्च त्रिनेत्रश्च महाबलः' ॥

यह अधिक पाठ मिलता है। श्लोक ४३ में '**विडालाख्यो**' के स्थान पर '**बिडलाक्षो**' यह पाठ उचित है। वामनपुराण के सन्दर्भ से यही ठीक है।

तृतीय अध्याय

श्लोक ३३ में तुरीयारूपिणी चण्डिका ने प्रधान शत्रु का हनन करने के लिये रजोगुण का अधिक आविर्भाव व्यक्त करने के लिये महालक्ष्मी स्वरूप धारण कर पान किया। इसीलिये आगे 'अरुणलोचना' शब्द का प्रयोग है।

श्लोक ३५ में लक्ष्मी और सुरा का मादकत्व धर्म है। '**वा एतद्देवताया यन्मधु**' इत्यादि श्रुति भी कहती है।

श्लोक ३६ में '**मधु यावत् पिबामि**' के अर्थ में 'जब तक महालक्ष्मी का आवेश प्राप्त करूँ' यह है।

श्लोक ३९ में उस देवी ने मधुपान के द्वारा राजलक्ष्मी रूप ग्रहण कर दैत्य को गिराया, यह तात्पर्य है।

चतुर्थ अध्याय

श्लोक १ में **'शक्रादयः'** का अर्थ महर्षिगणों से है। **'महिषान्तकरीसूक्तं दृष्टं देवैर्महर्षिभिः'** यह अन्य तन्त्र का वचन है।

श्लोक ६ में **अव्याकृता** का अर्थ है–नाम और रूप की पूर्वावस्था में रहने वाली।

श्लोक ७ में 'सुरता' शब्द की व्याख्या में कहा है **'सुरता देवता', 'देवात्तल् इति देवशब्दोऽर्थपरः'** अथवा **'सुरसमूहः सौमाः पौष्णं त्रैतमालभेत'** इस वाक्य में तीन यमलों का समूह ही 'त्रिता' है। उसमें तत्र भवस्त्रैतः की तरह प्रस्तुत श्लोक में **'गजसहाभ्यां च'** इस वार्तिक में चकार से अन्यत्र ग्रहण सूचित किया है।

श्लोक ८ में **'ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा'** इस योगसूत्र के अनुसार 'असत्त्वविषयकत्वादि दोषरहित बुद्धिवाले तपस्वियों से' यह अर्थ किया है।

श्लोक ९ में **शब्दात्मिका** अर्थात् नादब्रह्मरूपिणी, **उद्गीथः** पञ्च-भक्ति वाले साम की द्वितीय भक्तिरूपा, रम्यपदपाठ से तात्पर्य है–देवताविषयक पदस्तोम से कालपूरण करना। इस श्लोक से भगवती की पञ्चकृत्यपरायणता स्पष्ट की गयी है।

श्लोक ११ में **'ईषत्सहासं**–इस प्रकार के मुख का अवलोकन मात्र करने से कामादि षड्विकारों का नाश होता है और परतत्त्व का बोध भी; परन्तु पापाधिक्य से महिष को तत्काल नहीं हुआ; परन्तु **'दृष्ट्वा तु देवि'** इस श्लोक से उसका पुण्योदय भी सूचित किया है।

श्लोक १३ में **'देवि प्रसीद परमा भवती भवाय'** इसकी व्याख्या में आचार्य लिखते हैं 'मा च भा च माभे श्रीधियौ ऐश्वर्यपाण्डित्ये परे उत्कृष्टे माभे लभ्येते यस्मात् स परमाभः प्रसादः तद्वती'।

श्लोक २१ में **'वरदे'** पद की व्याख्या दो प्रकार से की है–'वरान् ददासि इति वरदा' अथवा 'वरान् दैत्यान् हंसि खण्डयसि इति वरदा'।

श्लोक ३२ में **'वृद्धयेऽस्मत्प्रसन्ना'** की व्याख्या में कहा है–**'अस्मत्'** यह निमित्त में पञ्चमी विभक्ति है। तात्पर्य यह है कि मानव के अपराध को निमित्त बनाकर क्रोध न करो। यही भाव चण्डी-रहस्य नामक स्तोत्र में नीलकण्ठ दीक्षित ने भी अभिव्यक्त किया है।

श्लोक ३६ में इस चण्डीस्तव में देवताओं से कृत तीन स्तोत्र हैं। अतः उनके आरम्भ में 'देवा ऊचुः' यह पद आवश्यक है। वैसे ही देवताओं के द्वारा वर की प्रार्थना में भी दो बार आरम्भ में उक्त वचन आवश्यक है। इस प्रकार अन्य तन्त्रों

में पाँच बार देवों की उक्ति है; परन्तु स्तोत्रों के प्रारम्भ में वह बात नियमतः स्पष्ट रूप से कही गई है। अतः पुनरुक्ति का परिहार करने के लिये तीन बार की आवश्यकता नहीं है। अतः यामल के पाठ में प्रार्थना के प्रारम्भ में दो बार देवों की उक्ति मानी है; परन्तु प्रस्तुत तन्त्र (कात्यायनीतन्त्र) में प्रथम स्तव और अन्तिम स्तव के आरम्भ को छोड़कर इसके आगे स्तव के आरम्भ में और दो बार प्रार्थना के आरम्भ में, इस तरह तीन बार देवताओं की उक्ति मानी गयी है।

इसलिये प्रथम श्लोक के बाद 'देवा ऊचुः' कहने की अपेक्षा नहीं है। इस अध्याय में अन्यत्र बीच-बीच में कई श्लोक कहीं पर दिखाई देते हैं; परन्तु उन पर विचार करना अनावश्यक है।

पञ्चम से दशम अध्याय

इस अध्याय के आरम्भ में भी काण्व नामक किसी पुराने टीकाकार ने मन्त्र-विभाजन तथा संख्या के सम्बन्ध में जो असम्बद्ध निर्णय लिये थे, उनका खण्डन करते हुए कात्यायनीतन्त्र के बाईसवें पटल के अनुसार 'गुप्तवती'कार ने अनेक उदाहरण एवं शास्त्रीय न्यायों से निर्णय किया है, जिसका सारांश आगे दिया जा रहा है—

उसका मूल भाग है—**'ऋषिवाक्यं पुरेत्याद्या'** इत्यादि से लेकर **'एवं मन्त्रा अशीतिः स्युरथो ऋषिरुवाच ह'** यहाँ तक। **'नमो देव्यै महादेव्यै'** से आरम्भ कर तीस श्लोक हैं। इसका अन्तिम चरण **'सर्वापदो भक्तिविनम्रमूर्तिभिः'** यह पढ़ा जाता है। उन तीस श्लोकों में **'विष्णुमायेति शब्दिता'** से लेकर **'भ्रान्तिरूपेण संस्थिता'** तक द्वितीय चरण वाले श्लोक इक्कीस हैं। शेष तीन चरण सभी में समान हैं। अतः असाधारण मध्यम प्रतीक का ग्रहण किया गया है। वे श्लोक एक रूप ही भासित होने पर भी महाकाली-महालक्ष्मी-महासरस्वती रूप चण्डिका के तीनों अवतारों के प्रतिपादक होने से उन्हें पृथक् मन्त्रस्वरूप ही मानना उचित है। प्रत्येक तीन-तीन मन्त्र रूप हैं। अतः पुनः कहे गये मन्त्रों से तीन-तीन आहुतियाँ दी जायेंगी। इस प्रकार तिरसठ संख्या होती है। कारिका में **'एकविंशतिस्त्रिषष्टिः'** कहने से अन्य तन्त्रों में लक्ष्मी के आगे धृति और तुष्टि के आगे पुष्टि इस प्रकार दो मन्त्र अधिक हैं। स्फूर्ति और मेधा भी पठित हैं; परन्तु उस तन्त्र के अनुसार नहीं हैं। **'चितिरूपेण'** इस मन्त्र की भी तीन बार आवृत्ति है। अतः छाछठ संख्या हुई। तीस श्लोक जो अवशिष्ट हैं और आठ **'पुरा शुम्भनिशुम्भाभ्यां'** इत्यादि चौदह आहुतियों को लेकर अस्सी मन्त्र होते हैं।

ऋषि और देवों के वचनों को अङ्गमन्त्रों में पृथक् कहेंगे। बीच में ही संख्या का जोड़ बताने से श्लोक-संख्या से मन्त्र-संख्या के भेद में ध्यान रहेगा। ऋषि और देवों के वचन की गणना अध्याय-समाप्ति का भ्रम न हो इसलिये है। यहाँ पर

एक-एक श्लोक से बनने वाले मन्त्रों का पृथक् तीन अवतार से सम्बन्ध होने से प्रतिपाद्य भेद-मूलक भेद है। शब्दों की आनुपूर्वी (क्रम) में परस्पर भेद नहीं मालूम होता है। **'नमस्तस्यै'** इन चार अक्षरों की एकरूपता होने पर भी उनका शब्दार्थ महाकाल्यादि रूप अलग है। सभी जगह 'सहस्रनाम' आदि स्थलों में पुनरुक्ति आभासमान होती है; परन्तु अर्थभेद मानकर ही संख्या की न्यूनता का निराकरण होता है। यह बात भगवत्पाद शंकर आदि ने भी स्पष्ट की है।

मन्त्रों का अनुसन्धान प्रधान होने से उसके भेद के स्वरूप और संख्या का भी भेद मान्य होगा। प्रस्तुत प्रकरण में पूर्वार्ध प्रति मन्त्र का पूर्व भाग में सम्बन्ध है। आगे वाले चार अक्षरों का मन्त्र के अन्त में सम्बन्ध है। यहाँ पर मीमांसा की दृष्टि से कुछ विचार है—

'या॰ ते अग्ने अयाशया रजाशया हराशया तनूवर्षिष्ठा गह्वरेष्ठा उग्रं वचो अपावधीस्त्वेषं वचो अपावधीः' इस मन्त्र में अयाशयादि तीन शब्दों के पूर्व भाग में 'या ते अग्ने' इसके आगे 'तनुः' इत्यादि को जोड़ने से मन्त्र-त्रय स्वरूप का अनुषङ्ग और वाक्यसमाप्ति मानी है। **'सर्वेषु तुल्ययोगित्वात्'** इस अधिकरण में निर्णय देखा गया है। उसी न्याय से नमक के अन्तिम मन्त्र के एक बार पाठ को भी होम में विभाग कर तीन मन्त्रों की कल्पना की अपेक्षा में **'ये पृथिव्यां'** इत्यादि तीन मन्त्रों में **'नमो रुद्रेभ्य'** इस पूर्वभाग का तथा **'एषस्तवेभ्यः'** इत्यादि उत्तरभाग का पूर्व और उत्तर स्थान में प्रत्येक क्रम से तीन मन्त्र माने गये हैं। उससे—

या देवी सर्वभूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता।
नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

इस प्रकार चौबीस अक्षरों वाला आठ अक्षर के तीन पादों से युक्त गायत्री छन्द का मन्त्र सिद्ध हुआ। इसको तीन बार पढ़ा जायेगा। देवता का भिन्न अनुसन्धान करना होगा। ऐसी स्थिति में काण्व व्याख्याता ने 'पहला बीस अक्षरों का' दूसरा चार अक्षरों का तथा तीसरा आठ अक्षरों का मन्त्र है' यह बात किस न्याय अथवा नियम से कही—यह चिन्तनीय (भ्रान्तिमूलक) है। यदि यह कहें कि **'नमस्तस्यै'** यह तीन प्रत्येक परिपूर्ण वाक्य होने से तीन मन्त्र हैं, **'तस्मिन् सीदामृत'** की तरह तच्छब्दप्रयुक्त आकाङ्क्षा पूर्णत्व की विघटक नहीं होती, यह बात आपने स्वीकार की है। उसी न्याय से **'या देवी'** इत्यादि में प्रत्येक को मन्त्र मानने में प्रति श्लोक तीन ही मन्त्र होंगे—इस नियम से कहीं पर अन्यतराकाङ्क्षी मात्र से सम्बन्ध स्थापित कर स्वाव्यवहित (अपने से निकट) पर पदार्थ से योग की कल्पना की जाती है, उसी से निराकाङ्क्षता सम्भव होगी। ऐसे ही **'नमो नमः'** इसकी भी स्वाव्यवहित-पूर्वपद से होगी, मध्यस्थ पद का तो किसी से योग नहीं होगा। **'अयाशया'** इत्यादि पूर्ववर्णित वेदमन्त्र स्थल में तो आगे **'ये पृथिव्यां'** इत्यादि के साथ

निराकाङ्क्ष न होने के कारण उभयाकाङ्क्षा से कल्पित योग निश्चायक प्रमाण के अभाव में (विनिगमनाविरह) तीनों में सिद्ध होता है—यह भेद है।

'अर्थभेद से शब्दभेद' का जो नियम है, वह उस नाम के अर्थवाले अनेक शब्दों के कारण नहीं चल सकता। यह बात ललितासहस्रनाम की व्याख्या में, बोधायनीय सहस्रभोजनखण्ड की व्याख्या में पहिले ही लिखी गई है। इसीलिये **'ऋताषाडृतधामाग्निर्गन्धर्वस्तस्यौषधयोऽप्सरस ऊर्जो नाम स इदं ब्रह्म क्षत्रं पातु ता इदं ब्रह्म क्षत्रं पान्तु तस्मै स्वाहा ताभ्यः स्वाहा'** यह पूरा मन्त्र होने से **'ता इदं ब्रह्म'** इस अंश का सम्बन्ध (अनुषङ्ग) छोड़कर ही मन्त्रत्व स्वीकार किया है।

यदि कहें कि 'सङ्कर्ष' के कारण ऐसा प्रयोग है, तो भी उचित नहीं है; क्योंकि वाक्य में शेष और शेषी का आनन्तर्य (क्रम) प्रयोजक नहीं होता। बहुत शेष अंश वाले का भी लाघव की दृष्टि से पढ़ने के लिये कहीं भी सन्निवेश हो सकता है। इसीलिये जैमिनि का सूत्र है—**'आनन्तर्यमचोदना'**। यदि ऐसा न होता तो **'चित्पतिस्त्वा पुनातु, वाक्पतिस्त्वा पुनातु , देवस्त्वा सविता पुनातु'** ये तीनों वाक्य परिपूर्ण होने पर **'अच्छिद्रेण पवित्रेण वसोः सूर्यस्य रश्मिभिः'** इस शेष भाग का आकाङ्क्षा मात्र से योग एक से ही हो सकता था; परन्तु भाष्यकारादि तीनों वाक्यों से योग मानते हैं।

यदि ऐसा न होता तो शतरुद्रिय में **'देवानां हृदयेभ्यः'** इसकी **'नमो वः किरिकेभ्यः'** इस अव्यवहित पूर्वभाग के अन्वयमात्र से आकाङ्क्षा विश्रान्त है; परन्तु **'नमो विक्षीणत्केभ्यः'** इत्यादि का **'नमस्तस्यै'** इत्यादि पूर्ण मन्त्रों की भी आकाङ्क्षा के उठने से उस भाग को पुनः पुनः आकर्षण कर पढ़ने से बहुशेषता की मान्यता सर्वसम्मत होती है।

अतः अन्यतर की आकाङ्क्षा से उठने वाली पर की आकाङ्क्षा अन्यतर-निश्चय न होने से तीनों शेषित्वयोग्य से सम्बन्ध करती है। अतः तीनों आवृत्तियों से शेष का अन्वय मानना चाहिये। ऐसे ही **'ताभ्यः स्वाहा'** की तरह **'ता इदं'** यह भी पूर्ण होने से और अन्यतराकाङ्क्षा भी न होने से वाक्यान्तर के सन्दर्भ में पठित होने से किसी अनुषङ्ग की आवश्यकता नहीं है।

अन्य ऋषियों के मतानुसार उसकी (आकाङ्क्षा) प्रसक्ति यदि मानी जाय, तो उसी रीति से **'स्वाहा'** इसकी भी अनुषङ्ग से सिद्धि मानने पर दो बार पाठ की व्यर्थता होगी। इसी कारण उतने अंश को भिन्न मन्त्र मानने से दोष न होगा, तो भी यदि **'य इदं'**, **'या इदं'** इत्यादि स्थल में 'यच्छब्द' का योग है, उसके अनुषङ्ग का कथमपि निवारण न होगा। तच्छब्द का पाठ होने पर दोनों की निराकाङ्क्षता होगी। अतः अनुषङ्ग नहीं होगा। यही सङ्कर्ष स्थल के जैमिनीय अधिकरण का

आशय है। अतः उदाहरण में **'स्वाहा'** शब्द की तरह प्रस्तुत 'नमः' शब्द का प्रत्येक में पाठ होने से उतने ही अंश की मन्त्रत्व-कल्पना सम्भव नहीं है।

शेष भाग का **'या देवी'** इस तरह यच्छब्दघटित होने से वचन के बल से स्वतन्त्र मन्त्रत्व नहीं होता और तीनों जगह आकाङ्क्षा उठानी पड़ेगी। **'पूजायां तु नमोऽन्तिमाः'** इस वचन से अन्त्यभाग में ही योजनीय लौकिक **'नमः'** शब्द की अथवा साथ ही में **'नमो नमः'** इस शब्द की भी पूजा-मात्रोपयोगिता है, जैसे **'स्वाहाकृतस्य समुतृप्णुतर्भुवः स्वाहा'** इत्यादि मन्त्र के मध्य में पठित स्वाहा पद का प्रयोजन हविर्द्रव्य त्याग मात्र है। ऐसे ही 'नमः' हवि-त्याग में न होने से केवल पाठमात्रोपयोगी है। अतः उसका मन्त्रत्व नहीं सिद्ध हो सकता।

इसलिये काण्व आदि के द्वारा किया गया मन्त्र-विभाग शास्त्रीय मर्यादा के विरुद्ध है। यदि उसको दुराग्रह से मान भी लिया जावे, तो यहाँ पर बड़ी अव्यवस्था हो जायेगी। जैसे पूर्वार्ध एक मन्त्र हुआ, उत्तरार्ध में **'समं स्यात्'** इस न्याय से दो पाद और दो मन्त्र हुए , अथवा बाइस अक्षर, चार अक्षर और षडक्षर यह तीन मन्त्र होंगे, अथवा विंशत्यक्षर और षडक्षर ये दो मन्त्र हुए। मध्यम मन्त्र का **'नमो हिरण्यबाहवे'** की तरह उभयतः नमस्कार सम्भव है, अथवा द्वितीय और तृतीय 'नमः' शब्दों का पहले और बाद में दो बार अन्वय माना जाय।

'नमो भवाय च रुद्राय च नमः शर्वाय च' इत्यादि स्थल में द्वितीय आदि 'नमः' शब्दों की काकाक्षिन्याय से उभयतः आवृत्ति स्वीकार कर उनका दोनों तरफ से नमस्कार का सम्बन्ध करने का पक्ष भी मान्य है। इससे बाइस, छः, आठ अक्षरों वाले तीन मन्त्र होते हैं। **'नमो नमः'** यह अथवा **'नमः'** इतना ही भिन्न मन्त्र माना जा सकता है। मध्यम मन्त्र षडक्षर, अष्टाक्षर, दशाक्षर या चतुरक्षर इनमें का कोई अंश होगा।

वशिष्ठ-स्मृति में शूद्रधर्म प्रकरण में **'अस्याभ्यनुज्ञातो नमस्कारो मन्त्रः'** इस वाक्य में 'नमः' शब्द मात्र दो अक्षर का मन्त्र है—ऐसी व्याख्या देखी गई है। अतः 'नमः' शब्द दोनों भिन्न हैं, अन्य 'सर्व' एक हैं, इत्यादि सारी व्यवस्था व्याकुल हो जायेगी। यद्यपि अर्थभेद में मन्त्रभेद का खण्डन हुआ, यह कहना भी ठीक नहीं है। ललितासहस्रनाम में पुनरुक्तता हटाने के लिये इसका विचार किया है; परन्तु जो सम्भव हो वही मानना चाहिये। सहस्रभोजन में एक ही ब्राह्मण को दो बार भोजन कराने का निषेध दिखलाया है; परन्तु अन्य ब्राह्मण न मिलने पर उसकी भी स्वीकृति है। विष्णुसहस्रनामादि स्थल में भी ऐसी व्यवस्था माननी पड़ती है।

'नाम' शब्द प्रातिपदिकपरक है, 'अर्थवत् शब्द' रूप उसकी विशिष्टता तथा अर्थैक्य मान्य है; परन्तु शब्दभेद मात्र से शब्दैक्य मानकर भी अर्थभेद मात्र से भेद

को **'विशेष्याभावादिप्रयुक्तविशिष्टाभाव'** अनिवार्य है और हमने यथास्थान उसका समर्थन भी किया है। **'अवतारैः पृथङ्मन्त्राः'** इस वचन से अर्थभेद की सिद्धि है। अतः प्रस्तुत प्रकरण में मन्त्र की भिन्नता और सजातीयता सिद्ध होती है।

एक ही मन्त्र को तीन बार पढ़ने से 'अभ्यास' से मन्त्र-भेद सिद्ध हो जाता है। जैसे **'ऋचां दशसहस्राणि'** इत्यादि के द्वारा ऋग्वेद के मन्त्रों की समस्त संख्या पिण्ड (समुदाय) माना जाता है। कुछ ऋचाओं **'अश्वावती गोमतीः'** का पुनः प्रतिपादन करना, **'सावर्णिर्भविता मनुः'** इस अन्तिम चरण का एक बार करना, ऐसे स्थल में तुम्हारे (प्रतिपक्षी) विचार के अनुसार दो बार उच्चार मात्र से, एक मन्त्र से दूसरे मन्त्र का भेद स्वीकार करना, अथवा एकजातीय का ही तीन बार उच्चारण करने से तीन मन्त्रों को अर्थापत्ति से मानना इत्यादि स्थितियों में शब्दभेद की आवश्यकता नहीं है, यह स्पष्ट होता है।

वस्तुतः त्रयोदशाध्याय के अन्तिम दो श्लोक का ही पुनरुच्चारण का विधान है, केवल चरण का नहीं है। यह बात आगे कही गयी है। अतः **'भद्रं नो अपि वातय मनः'** इस दशाक्षर को अन्य ऋचा का अवयव और पृथक् भी माना है, ऐसे ही **'सावर्णिः'** इस चरण में पूर्वश्लोक का शेषत्व और स्वतन्त्र रूप मानने से दृष्टान्त से भेद होने पर भी कोई हानि नहीं है। चरम श्लोकद्वय ही दृष्टान्त हो सकता है। अतः गायत्री-छन्द में बद्ध एक-एक मन्त्र ही अवतार-भेद के अनुसन्धान के साथ तीन-तीन बार पढ़ना चाहिये।

इसके आगे तृतीय चरित्र के मन्त्रों की श्लोकबद्ध तालिका इस प्रकार दी गई है–

आदावेवं स्तवादि स्यादन्ते कस्मान्न गृह्यते।
इति सप्तदशश्लोकमन्त्रा अथ ऋषेर्वचः॥
निशम्येत्यादयः श्लोका गिरेत्यन्तास्ततस्त्रयः।
अथ दूत उवाचेति देवि दैत्येश्वरादयः॥
व्रजान्ता नव मन्त्राः स्युरथो ऋषिरुवाच ह।
इत्युक्त्वा सा तदेत्येकः श्लोकमन्त्रः सरस्वती॥
देव्युवाचाऽथ चत्वारः श्लोकाः सत्यादयो लघु।
दूतोक्तिरवलिप्तासि मैवमित्यादयस्ततः॥
श्लोका गमिष्यसीत्यन्ताश्चत्वारो देव्युवाच हि।
एवमेतद् बली दैत्यः स च युक्तं करोतु यत्॥
इत्यन्तौ द्वौ मनू श्लोकावङ्गमन्त्राश्च ते नव।
इत्यूनत्रिंशदधिकाः शतं मन्त्राः प्रकीर्तिताः॥

इसमें 'लघु' पद लघु अन्त वाला इस अर्थ में है। सरस्वती शब्द देवी का विशेषण है। तृतीय चरित्र में वही देवता है। संख्या पिण्ड (समुदाय) का कथन अध्याय की समाप्ति का सूचक है।

ऋष्युक्तिरित्याकर्ण्येति श्लोकाश्चत्वार ईरिताः।
पुनर्ऋषिरुवाचेति तेनाज्ञप्ता इति त्रयः॥
श्लोकात्मकास्ततो मन्त्रा देव्युवाच ततः परम्।
दैत्येश्वरेण प्रहित इत्येकः श्लोकमन्त्रकः॥
अथर्षिवाक्यमित्युक्तः सोऽभ्यधावदिति ह्यमी।
श्लोका द्वादश मन्त्राः स्युः षष्ठेऽध्याये तु संहताः॥
चतुर्विंशतिसंख्याका देवताहुतयः क्रमात्।
ऋष्युक्तिराज्ञप्तेत्याद्यास्त्रयोविंशति मातरः॥
ऋषिवाक्यं ततस्तावानीतौ द्वौ मातराविति।
सप्तविंशतिसंख्याका भवन्त्याहुतयः प्रिये॥
अत्राध्यायद्वये देवी धूम्राक्षीति प्रकीर्तिता॥

यह भी संग्रह-कारिकाएँ हैं। देवता और मन्त्रों के भेद से 'मातृ' पद से मन्त्र ही लिये गये हैं।

ऋषिश्चण्डे च निहते इत्यध्यायावसानकाः।
त्रिषट्याहुतयः प्रोक्ता एकत्रार्धाहुतिर्मता॥
रक्ताक्षी देवताष्टौ च महाशक्त्यः प्रकीर्तिताः॥

इसका तात्पर्य है—ऋष्याद्याः, अर्थात् अध्यायसमाप्तिपर्यन्त तिरसठ मन्त्र हैं, उनमें एक अर्धश्लोकात्मक है—'ऋषिरुवाच'। एकसठ श्लोक-मन्त्र हैं। इस अध्याय में नव देवता है। उनमें एक रक्ताक्षी है, जो चण्डिका के ललाट से प्रकट हुई है। अन्य ब्रह्मा, ईश, गुह, विष्णु, वराह, नृसिंह, शक्र और चण्डिका की आठ शक्तियाँ हैं। '**क्तिच् क्तौ च संज्ञायाम्**' इससे शक्ति शब्द में 'क्तिच्' करने पर 'कृदिकारात्' से 'ङीष्' करने से '**शक्त्यः**' यह रूप बनता है।

वह अर्धश्लोक है—**मुखेन काली जगृहे रक्तबीजस्य शोणितम्**'। इसे मानने से ही 'ततोऽसावाजघानाथ' इत्यादि उत्तरवर्ती छः श्लोकों का सामञ्जस्य सिद्ध होता है। इसलिये किसी ने भ्रान्तिवश 'तेषां मातृगण॰' इत्यादि को अर्धमन्त्र माना। यह दोष है।

राजा विचित्रमित्यादिश्लोकद्वयमथो ऋषिः।
चकार कोपमतुलमित्याद्याः श्लोकरूपकाः॥
सप्तत्रिंशच्च विज्ञेया देवतामन्त्ररूपकाः।
इत्येकचत्वारिंशत् स्युर्नवमाहुतयः शिवे॥

देवता भैरवी तारा शृणु गोप्यं वरानने ।
ऋषिर्निशुम्भं निहतमिति श्लोकावुभौ मनू ॥
ततो देवीवचः प्रोक्तमेकैवाहमिति द्वयम् ।
देव्युवाच ततश्चाहं विभूत्येत्येकलो मनुः ॥
ऋषिस्ततः प्रववृते सार्धा द्वाविंशतिर्मताः ।
द्वात्रिंशन्मनवः सर्वे तेष्वेकोऽर्धमनुर्मतः ॥
दशमे सिंहमारूढा शूलपाशविधारिणी ।
मुख्या चतुर्भुजा बाणचापहस्ता शुभेक्षणा ॥

एकल अर्थात् एकमन्त्र । 'तत्राऽपि सा निराधारा युयुधे तेन चण्डिका' यह अर्धश्लोक मन्त्र है । सबसे अन्तिम ऐसा अर्थ नहीं है । 'नियुद्धं खे तदा' इत्यादि श्लोक की व्यवस्था न हो पायेगी । यह कात्यायनीतन्त्र के बाइसवें पटल की व्याख्या एवं विचार-विमर्श है । इस पर संग्रह-श्लोक साढ़े तेइस हैं । 'ऋषिवाक्', 'पुरा शुम्भ' इत्यादि छः श्लोक हैं । 'देवा ऊचुः', 'नमो देव्या' इत्यादि पाँच श्लोक हैं ।

ततः श्लोकैकविंशत्या प्रतिश्लोकं त्रिशस्त्रिशः ।
तद्विभागानुषङ्गाभ्यां त्रिषष्ट्याहुतयो यथा ॥
महाकाल्याद्यर्थभेदान्नमस्तस्या इति त्रयः ।
मन्त्रात्पूर्वोत्तरौ शेषौ या देव्यर्धं नमो नमः ॥
तेषामाद्यन्तयोर्योज्यौ प्रतिमन्त्रक्रमेण तु ।
तेन पर्यवसन्नः स्यादेकैको मन्त्र ईदृशः ॥
या देवीत्यर्धमुच्चार्य नमस्तस्यै नमो नमः ।
इत्युच्चरेत् त्रिपाद्गायत्र्येषा त्वदवसानिकाः ॥
एते पूर्वार्धतुर्याङ्घ्रियोगोऽस्या एकविंशतिः ।
भवन्ति विष्णुमायादिभ्रान्त्यन्तपदगर्भिताः ।
प्रथमा विष्णुमायोक्ता द्वितीया चेतना ततः ।
बुद्धिर्निद्रा क्षुधा छाया शक्तिस्तृष्णा तथाष्टमी ॥
क्षान्तिर्जातिरथो लज्जा शान्तिः श्रद्धा त्रयोदशी ।
कान्तिर्लक्ष्मीस्ततो वृत्तिः स्मृतिरूपेण संस्थिता ॥
दया तुष्टिस्ततो माया भ्रान्तिरित्येकविंशतिः ।
स्वस्थानवृद्ध्या त्रिः प्रोक्ता त्रिषष्टिर्मनवः स्मृताः ॥
इन्द्रियाणामिति श्लोक एको मन्त्रस्तदुत्तरः ।
चितिरूपेण येत्येष प्राग्वन्मन्त्रत्रयात्मकः ॥
स्तुता सुरैरिति श्लोकावृषिरेवं स्तवादिकाः ।
श्लोकाः सप्तदशार्थर्षिर्निशम्येति मनुत्रयम् ॥

दूतोक्तिर्देवि दैत्येति नवश्लोका ऋषेर्वचः ।
इत्युक्त्वाँसा तदेत्येकः श्लोको देवीवचस्ततः ॥
सत्यमुक्तमिति श्लोकचतुष्कमथ दूतवाक् ।
अवलिप्तेति चत्वारः श्लोका देव्यास्ततो वचः ॥
एवमेतदिति द्वाविंत्येकोनत्रिंशदुत्तरम् ।
शतं मन्त्राः पञ्चमे षट्सप्ततिश्लोकमण्डिते ॥
अथर्षिरित्याकर्ण्येति चतुःश्लोकी ऋषेर्वचः ।
तेनाज्ञप्त इति श्लोकत्रयं देवीवचस्ततः ॥
दैत्येश्वरणेत्येकोऽथ ऋषिरित्युक्त इत्यमी ।
द्वादशेति मताः षष्ठे चतुर्विंशतिमन्त्रकाः ॥
अथर्षिवाक्यमाज्ञप्ता इत्याद्यास्त्र्याढ्यविंशतिः ।
ऋषिस्तावित्युभावित्थं सप्तमे सप्तविंशतिः ॥
अथर्षिवाणी चण्डे चेत्यारभ्याभिजघान तम् ।
इत्यन्ताः पञ्चपञ्चाशच्छ्लोका मन्त्रास्ततः परम् ॥
मुखेन काली जगृह इत्यर्धश्लोकमन्त्रकः ।
ततोऽसाविति षट्श्लोकास्त्रिषष्टिश्चेत्थमष्टमे ॥
राजा विचित्रमित्यादिश्लोकद्वयमथो ऋषिः ।
चकार कोपमित्याद्याः सप्तत्रिंशदुदीरिताः ॥
इत्येकचत्वारिंशत् स्युर्नवमाध्यायमन्त्रकाः ।
ऋषिर्निशुम्भं निहितमिति द्वावम्बिकावचः ॥
एकैवेति द्वयं देवी तत एकोऽमित्यृषिः ।
ततः प्रववृते युद्धमिति श्लोकास्त्रयोदश ॥
तत्राऽपि सा निराधारेत्यर्धश्लोकात्मको मनुः ।
नियुद्धं खे तदा दैत्य इत्याद्या मनवो नव ॥
इत्येवं दशमेऽध्याये द्वाविंशन्मनवो मताः ॥

इस प्रकार प्रत्येक चरित्र तथा अध्याय में श्लोक-संख्या और मन्त्र-संख्या का शास्त्रीय विभाजन कर आचार्य ने अतिसूक्ष्म भेदों को भी स्पष्ट किया है । कारिकाओं में विषयसंक्षेप में आ जाता है तथा श्लोकबद्ध होने से याद रहता है । अतः विषय को श्लोकबद्ध किया गया है । इस विषय पर अधिक विस्तार में जाने से अन्यत्र संक्षेप करना पड़ेगा । अतः आगे के विषयों में जो अत्यन्त महत्त्वपूर्ण हैं उन्हीं की चर्चा होगी ।

'शुम्भ' शब्द तालव्यादि पढ़ना ठीक नहीं है । इसमें दक्षिणामूर्ति-संहिता से विरोध आता है ।

ज्वालामालिनी नित्या के प्रकरण में 'जातवेदसे' इत्यादि मन्त्र की देवताओं की गणना की है, जिसमें जाग्रती, तपिनी, वेदगर्भा, दहनरूपिणी, सेन्दुखण्डा सुम्भहन्त्री, नभश्चारिणी इत्यादि नाम हैं। द्रविड़ देश में दन्त्यादि पाठ ही प्रचलित है।

'**शक्रादयः सुरगणा**' इत्यादि चतुर्थ अध्याय की स्तुति देवता और ऋषियों ने मिलकर की थी। '**महिषान्तकरीसूक्तं दृष्टं देवैर्महर्षिभिः**' यह तन्त्र-विशेष का वचन है। 'दृष्टं' कहने से वेद के तुल्य मन्त्रदर्शन माना गया है।

श्लोक १० में श्लोक के चरणों में अक्षर अधिक भासित होते हैं; परन्तु आचार्य का कथन है कि 'दुर्गाया' इत्यादि तीन चरण 'वक्त्र' वृत्त के हैं। चतुर्थ चरण 'पथ्या' वृत्त का है। आचार्य ने हलायुध के पिङ्गल सूत्र की व्याख्या पर छन्दोभाष्यराज में इस विषय का विचार किया है।

एकादश अध्याय

एकादशअध्याय के प्रथम श्लोक की व्याख्या में पूर्ववत् मन्त्रों और मन्त्र-संख्या का विभाग विस्तार से किया है। कात्यायनीतन्त्र के चतुर्थ पटल में एकादश से त्रयोदश तक अध्यायों के श्लोक और मन्त्रों का विभाजन किया है। कात्यायनी-तन्त्रोक्त रीति पर ही आचार्य को अधिक विश्वास है। अन्यान्य तन्त्रों में भी मन्त्रों पर विभाग हैं; परन्तु वह देश-विशेष या सम्प्रदाय-विशेष को ही मान्य होगा। अङ्गाङ्गिभाव, एकवाक्यता, साकाङ्क्षता , अर्धश्लोकों की व्यवस्था इस पर पहले के अध्यायों विस्तार से कहा गया है। अतः यहाँ पर हम विस्तार नहीं करेंगे। कहीं पर दण्डकलित न्याय से मन्त्रों का पुनरुच्चारण भी होता है। इस विषय में सङ्कर्षसूत्र का निर्देश किया गया है, यथा–'**वाच्यकालत्वाद् यथा याज्यासम्प्रैषो यथा याज्यासम्प्रैषो यथा याज्या सम्प्रैष**' इति, यह शास्त्र-समाप्ति का सूचक है। इसी प्रकार कतिपय अर्धमन्त्रों के सम्बन्ध में विचार है। इस पर बाइस संग्रह-श्लोक हैं, जिनके अन्त में गणना का संक्षेप करते हुए आचार्य लिखते हैं–

इति सप्ताधिकपञ्चाशदुवाचपदाङ्किता अमी अधिकाः।
द्वाविंशतिशतमेषां श्लोकैर्योगेन मन्त्रसप्तशती॥
इति विभजनमुक्तं प्रतिमन्त्रं कात्यायनीतन्त्रे।
तस्मादेतत्प्रकृतिकमपूर्णमन्यत्तु यामलप्रभृति॥
श्लोकमन्त्रस्त्रिधा मन्त्रः पुनरुक्तोऽर्धमन्त्रकः।
उवाचाङ्कित इत्येवं मन्त्रः प्रोक्तोऽत्र पञ्चधा॥

अर्थात् पूर्णश्लोक-मन्त्र, तीन बार कहे गये मन्त्र, पुनरुक्त–मन्त्र, अर्ध-मन्त्र, उवाचाङ्कित-मन्त्र इस प्रकार मन्त्रों के पाँच प्रकार कहे गये हैं।

द्वादश अध्याय

श्लोक ११ में 'शरत्काले महापूजा' में वासन्त और शारद नवरात्र के साथ आषाढ और पौष में भी नवरात्र-पूजा का उल्लेख देवीभागवत के आधार पर माना गया है।

त्रयोदश अध्याय

'स च वैश्यस्तपस्तेपे देवीसूक्तं परं जपन्'(श्लो. ७)में **'देवीसूक्त'** के **सम्बन्ध** में चार पक्ष उपस्थापित किये गये हैं। एक ऋग्वेद में प्रसिद्ध है, दूसरा अन्य तन्त्रों में प्रसिद्ध तीन अध्यायों के रूप में है। मालामन्त्रात्मक गद्यमय उड्डामरतन्त्रोक्त तीसरा है। लक्ष्मीतन्त्र के अनुसार 'नमो देव्या' इत्यादि चतुर्थ है।

इसमें आगे यामलोक्त मन्त्रभाग पर विचार किया गया है। आचार्य की दृष्टि में कात्यायनी-तन्त्रोक्त विभाग ही मुख्य है। कात्यायनीतन्त्र पूर्णतन्त्र है अर्थात् अङ्गी है, यामलादि अपूर्ण अर्थात् अङ्ग हैं; परन्तु परस्पर विरोध नहीं होना इनका साजात्य होने से प्रकृति-विकृति भाव है। जैसे दर्श और सौर्य याग का होता है।

इस मत में तेरह अध्याय वाक्यों का मन्त्रत्व भी माना है। आचार्य के अनुसार अध्याय के अन्त में ऐसी पंक्ति पढ़ी जानी चाहिए–'मार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये मधुकैटभवधः' इसके आगे 'प्रथमोऽध्यायः' पद जोड़ना उचित नहीं है; क्योंकि मार्कण्डेयपुराण में वही अध्याय चतुःसप्तति (७४) संख्या वाला है। कल्पित पदों को जोड़ने से मन्त्र-स्वरूप की हानि होगी। कोई ऊह-प्रापक नियम भी नहीं है। यामलानुसार संख्यापूर्ति के लिये 'नवार्णमन्त्र' की अनेक आवृत्तियाँ की गई हैं।

'सप्तशती' नाम की सार्थकता के सम्बन्ध में तन्त्रोक्त चतुःश्लोकी का उद्धरण लिया गया है–

ब्रह्मैको भगवानेको मार्कण्डेयास्तु मार्गणाः।
दूतवैश्यौ पुनर्द्वौद्वौ राजोवाचेति शाखिनः॥
देवाः पञ्चर्षयस्त्रिंशद्देव्युवाचेति भास्कराः।
श्लोकाश्चतुरशीतिस्तु तथा पञ्चशतान्यपि॥
अर्धानि सप्त च द्वेऽत्र अध्यायास्तु त्रयोदश।
पदानि पूर्वपदयोस्तथा षोडश षोडश॥
तानि श्वेताननादीनि सत्यन्तानीति षोडश।
एते मिलित्वा मन्त्राः स्युः सप्तशत्यभिधानकाः॥

शाखिनः अर्थात् चार वेद की संख्या, **सप्त च द्वे** अर्थात् नव। इस पक्ष का भी विवरण पन्द्रह श्लोकों में किया है। अन्य तन्त्रों के अनुसार मन्त्रविभाग में स्थान-स्थान पर संख्यापूर्ति और मन्त्रत्व की गणना में अनेक बाधाएँ उपस्थित

होती हैं। आचार्य ने उन सबकी भी परिश्रम से उपपत्ति लगाई है; परन्तु उनका अन्ततः यह कथन ठीक है–**'स्वीकर्तुं न्याय्यमपि प्रत्यक्षवचनविरोधात् तन्त्रद्वयसाङ्कर्येण कल्पितपक्षान्तरस्य समञ्जसस्याऽपि अविश्वसनीयत्वाच्च त्यक्तव्यमेवेति ध्वनितम्'**। आचार्य की दृष्टि में कात्यायनीतन्त्रोक्त मन्त्रविभाग की प्रधानता है। **'यावदपेक्षमन्यतो ग्राह्यम्'** इस नियम के अनुसार अन्य तन्त्रों की भी अङ्गता है; परन्तु अन्यथा मन्त्रविभाग स्वीकार्य नहीं है।

इसके आगे तन्त्रस्थ चतुःश्लोकी का विवरण है। इसमें अध्याय-भेद से मन्त्र-विभाग पर प्रकाश डाला गया है। भिन्न-भिन्न देशों के पाठों को देखते हुए तदनुसार मन्त्र-विभाग किया गया है। क्वचित् सम्प्रदाय-भेद के कारण श्लोक-संख्या कम-ज्यादा भी है; परन्तु आचार्य का कथन है कि जो ग्रन्थान्तर संवाद (मूल तन्त्र) से सिद्ध हो, वही ग्राह्य है। अन्त में सामूहिक संख्या को इन शब्दों द्वारा सूचित किया है–

विधिभगवन्तौ दूतविशौ देवमृकण्डुजौ शशिद्विशिराः।
नृपदेवृषयोऽब्ध्यर्कत्रिंशत् संख्यास्त्रयोदशाध्यायाः॥

इस श्लोक में संख्याओं का संकेत है–

श्लोकाः स्युः पञ्चशतानि चतुरशीतिर्नवाऽर्धानि।
नाम्नां षोडशभिः सम्पुटिता तन्त्रान्तरोक्ता सप्तशती॥

इस प्रकार पाँच सौ चौरासी और नव अर्ध श्लोक–यह श्लोक-संख्या हुई। इन श्लोक-विभागों में प्राच्य-उदीच्य-प्रतीच्य देश में सम्मति है। दक्षिण देश तथा अन्यत्र में कुछ भेद है। इस प्रकार श्लोक-संख्या, मन्त्र-विभाग आदि करते समय 'वाक्य', 'मन्त्र', 'अध्याहार' इत्यादि के द्वारा निर्णय किया जाता है। अन्य मन्त्रगत पद की आकाङ्क्षा विना वचन के मान्य नहीं होगी।

इस प्रकार मन्त्र-संख्या, लक्षण आदि के विषय में परिश्रमपूर्वक निर्णय किया है, जिससे साधकों को भ्रान्ति न हो। इसके नीचे कुछ श्लोक हैं–

इति मन्त्रपरिच्छेदो भास्करसंख्यावदात्मनैव कृतः।
देव्युक्तिपरिच्छेदे भास्करसंख्यावदात्मनैव यतः॥

इस प्रकार बारह प्रकार से मन्त्र-विभाग सर्वप्रथम आचार्य भास्कर ने ही किया है–

चण्डिकास्तवविभागांशे बालोऽप्युत्कण्ठितो यदि।
स्यादनेन निबन्धेन शतश्लोकेन पण्डितः॥
इति श्रीधीरगम्भीररायसोमसुतः सुतः।
भारत्यधात् शतश्लोकीं काशीस्थो बह्वृचोऽग्निचित्॥

आचार्य से पहले किसी 'काण्व' विद्वान् ने मन्त्र-विभाग किया था, उसमें बहुत सी त्रुटियाँ थीं। उन सबका शोधन कर आचार्य ने मन्त्र-संख्या के विभाजन का कठिन कार्य सम्पादित किया।

रहस्यत्रय

(१) प्राधानिक रहस्य–

'इदं रहस्यं' (श्लो. ३) की व्याख्या में कहा है कि ग्रन्थ के आरम्भ में वर्णित धर्मरूप ब्रह्म ही चण्डिका पद से वाच्य है। उसके तीन व्यष्टिरूप हैं–महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती और समष्टिरूप चण्डिका तुरीया (चौथी) धर्मिरूप और निर्गुण है।

(२) सर्व-आद्या महालक्ष्मी–

यह महालक्ष्मी विष्णुपत्नी नहीं है; किन्तु सदाशिव की शक्ति है। शिवपुराण में कहा है–

सदाशिवाङ्कमारूढा शक्तिरित्याह्वया शिवा।
महालक्ष्मीरिति ख्याता सर्वदेवगुणान्विता॥

'लक्ष्यालक्ष्यस्वरूपा' इस विशेषण से रहस्यार्थ भी ध्वनित होता है–बाह्यरूप से महालक्ष्मी और अन्तःस्वरूप में श्रीविद्या है। देव्यथर्वशीर्ष में भी कहा है–**'यस्या ग्रहणं नोपलक्ष्यते तस्मादुच्यतेऽलक्ष्येति'**। इसकी व्याख्या 'स्वाविषयकज्ञानस्वरूपा' है। इस देवी के ध्यान का भी परिचय विचारणीय है। 'लिङ्गं' यह पुरुष-चिह्न रुद्र का सूचक है। **'योनिः'** स्त्री-चिह्न विष्णु का सूचक है। अतः स्त्री-पुरुष उभयात्मिका सिद्ध हुई। 'विष्णुर्योनिं कल्पयतु' यह श्रुति भी कहती है। परिशेष से 'नाग' को ब्रह्मा का रूप समझना चाहिये। इससे देवता की ब्रह्म-विष्णु-रुद्रात्मकता तथा स्त्री-पुरुषात्मकता स्पष्ट होती है। इसी महालक्ष्मी ने प्रलयकाल में शून्य ब्रह्माण्ड को अपने तेज से भर दिया था। महालक्ष्मी ही महाकाली रूप से परिणत हुई।

'एवं युवतयः सद्यः पुरुषत्वं प्रपेदिरे' इसका तात्पर्य यह है कि तीन मिथुनों (पुत्र और पुत्री रूप) की सृष्टि महालक्ष्मी ने ही की। कन्यादान के लिये दम्पती आवश्यकता होती है और यहाँ पर कोई अन्य पुरुष नहीं था। इस अवस्था में शक्तियों ने स्वयं के दो रूप धारण किये। महालक्ष्मी ब्रह्मा के रूप में, महाकाली रुद्र के रूप में और महासरस्वती विष्णु के रूप में अवस्थित हुईं। इसका दृष्टान्त देते हुए आचार्य ने लिखा है कि **'शरावस्थजलातपन्यायेन'** अर्थात् मिट्टी के पात्र में जल और सूर्य का आतप दोनों दिखाई देते हैं, वैसे ही पुरुषत्व और स्त्रीत्व दोनों की सत्ता भासित होती है।

महालक्ष्मी साकार और निराकार दोनों रूप में अवस्थित हैं। यह समष्टिरूपिणी हैं; परन्तु व्यष्टि रूप की अवस्था में तम, सत्त्व अप्रधान रहते हैं,

रजोगुण प्रधान रहता है। यद्यपि पुराणान्तर में इसे शुद्धसत्त्वात्मिका माना है; परन्तु यहाँ रजःप्रधान है और दोनों गुण उसके अनुकूल सन्निविष्ट हैं।

सप्तशती में चार स्तोत्र हैं। उनमें देवीसूक्त, महाकाली आदि तीनों की अभेदरूपिणी 'तुर्या' के लिये है। शेष तीन स्तोत्र गुणविशिष्ट मूर्तियों के विषय में प्रतिपादित हैं। कुछ टीकाकार अन्यथा व्याख्या करते हैं कि 'तुर्या' ही उपास्य है। तीन व्यष्टिरूपिणी देवताएँ उससे निम्न कोटि में हैं और तीनों चरित्र व्यष्टिरूपिणी शक्ति के हैं और 'नवार्ण' की देवता 'तुर्या' है। इस मत के अनुसार फलित अर्थ यह होगा कि सप्तशती में 'व्यष्टिरूप' उपास्य है, समष्टिरूप नहीं। यह मत दोषयुक्त है; क्योंकि पाञ्चरात्र-लक्ष्मीतन्त्र में परदेवता और इन्द्र का संवाद है। उसमें महालक्ष्मी को ही प्रधान मानकर उसके दश अवतारों का वर्णन किया है। स्पष्टरूप से कहा भी है–

एतासां परमा प्रोक्ता कूटस्था सा महीयसी।
महालक्ष्मीर्महाभागा प्रकृतिः परमेश्वरी॥
अमुष्याः स्तुतये दृष्टं ब्रह्माद्यैः सकलैः सुरैः।
नमो देव्यादिकं सूक्तं सर्वकामफलप्रदम्॥ इत्यादि।

इससे सिद्ध होता है कि ' तुर्या ' ही सर्वप्रधान है, उसका बाह्य रूप महालक्ष्मी है। अतः सप्तशती सम्पूर्ण महालक्ष्मी के अभेद वेष से रहने वाली 'तुर्या' की ही प्रतिपादक है। अतः पाठ-विधि के प्रसंग में '**एकेन वा मध्यमेन**' यह विधान संगत होता है।

वैकृतिक-रहस्य

इसमें प्रथम महाकाली का स्वरूप उपवर्णित है। 'शर्वा' शब्द में पुंयोग के अभाव में 'ङीष्' नहीं हुआ। इसमें महालक्ष्मी का विशेषण 'सहस्रभुजा' भी है। इसका तात्पर्य अनन्तभुजा भी है। इसमें तीनों देवताओं की अवस्थिति का क्रम बताया गया है। 'दक्षिण' और 'वाम' भाग मूल प्रधान देवता के अनुसार हो–यह तात्पर्य है। वस्तुतः चण्डीस्तव के उपासकों के लिये अष्टादश-भुजा मध्यम चरित्र की देवता महालक्ष्मी का पूजन ही नित्य और काम्य दोनों रूप से आवश्यक है। शेष दो शक्तियों का पूजन कृताकृत (करें या न करें) है। इसी अभिप्राय से '**अष्टादशभुजा चैषा**' (श्लो. २४) इत्यादि श्लोक उल्लिखित हैं।

बलिदान के विषय मे आचार्य कहते हैं कि ब्राह्मण आदि जातिभेद से उचित कार्य (पूजा) करनी चाहिये। इस पर पहले भी विचार किया गया है। 'स्तुवीत चरितैरिमैः'–इस पर आचार्य का कथन है कि तीनों चरित्रों का पाठ अथवा केवल मध्यम चरित्र का पाठ अथवा चारों स्तोत्रों का ही पाठ किया जाना चाहिये। यह उपासक की क्षमता पर निर्भर है।

हवन के विषय में कहा है कि '**प्रतिश्लोकं च जुहुयात्**' । इसके आधार पर कुछ लोग कवच का भी हवन करते हैं, वह सर्वथा निषिद्ध है । इसके लिये दोष बताया है—

रक्षाकवचगैर्मन्त्रैर्होमं तत्र न कारयेत् ।
मौर्ख्यात् कवचगैर्मन्त्रैः प्रतिश्लोकं जुहोति यः ॥
स्याद्देहपतनं तस्य नरकं च प्रपद्यते ।
अन्धकाख्यो महादैत्यो दुर्गाहोमपरायणः ॥
कवचाहुतिजात् पापान्महेशेन निपातितः ।

अर्थात् कवच की आहुतियाँ देकर अन्धकासुर शिव के द्वारा मारा गया ।

मूर्तिरहस्य

इसमें सात मूर्तियों नन्दा आदि की उपासना का निर्देश है । '**पतिं नारी वानुरक्ता**' (श्लो. ६) इसमें भ्रम नहीं करना चाहिये । यहाँ पर अनुराग मात्र से तात्पर्य है , पति-पत्नी भाव से नहीं । अतः अंशतः दृष्टान्त है । इसी प्रकार '**पतिं प्रियमिवाङ्गना**' इस पंक्ति का भी अर्थ करना उचित होगा ।

●

सौभाग्यभास्कर
(श्रीललितासहस्रनाम-भाष्य)

"श्रीललितासहस्रनाम" श्रीविद्या सम्प्रदाय का अतिप्रसिद्ध स्तोत्र है। भारतवर्ष में अनेक स्थानों से इसका मुद्रण और प्रकाशन हो चुका है।

मूल रूप में पाठ-विधि के लिये लोगों ने अनेक बार इसे मुद्रित किया है। विशेषतः दक्षिण भारत के देवी-मन्दिरों में एवं भक्तगणों में इसका प्रचार-प्रसार पर्याप्त रहा है। विदेशों तक में इसके भक्त हैं।

काशी के अन्नपूर्णा मन्दिर में एक सचल श्रीचक्र है, दक्षिण भारत से आने वाले यात्रीगण उस पर सहस्रनामावली से कुङ्कुमार्चन अवश्य करते हैं। इसके अतिरिक्त इसी मन्दिर में ही शिवलिङ्ग पर श्री भास्कर रायजी द्वारा स्थापित एक अन्य श्रीचक्र भी है।

वस्तुतः यथाविधि मन्त्र-दीक्षा ग्रहण करने के बाद ही किसी भी व्यक्ति को सहस्रनाम पाठ या उसके द्वारा पूजन करन का अधिकार प्राप्त होता है। यह शास्त्रीय मर्यादा है; परन्तु भक्तिवश वैसे भी पाठ आदि करने की परम्परा चल पड़ी है।

प्रस्तुत "सौभाग्यभास्कर" (टीकासहित सहस्रनाम) का प्रथम प्रकाशन सन् १९१४ ई. (शक १८३६) में बम्बई के प्रसिद्ध निर्णय-सागर प्रेस से पं. वासुदेव लक्ष्मण शास्त्री पणशीकर के सम्पादकत्व में हुआ था। निर्णय-सागर अपने साफ-सुथरे मुद्रण के लिये प्रसिद्ध है, अतः उसका संस्करण प्रशंसनीय रहा।

इस प्रथम संस्करण में पं. पणशीकर शास्त्री ने अपनी संक्षिप्त भूमिका और श्रीभास्करराय के सम्बन्ध में जनश्रुति के आधार पर कुछ बातें लिखी हैं।

उस जनश्रुति में कुछ अनैतिहासिक एवं अतिरञ्जित बातें होने से पुनः चतुर्थ संस्करण के प्रकाशन के समय भी भास्करराय की परम्परा एवं इतिहास को जानने वाले सम्प्रदायाचार्य श्रीरघुनाथ शास्त्री जी गोडबोले की आज्ञा से उनके शिष्य स्व. महामहोपाध्याय नारायण शास्त्री खिस्ते तथा सूरत के ज्योतिर्विद् कृष्ण शङ्कर केशवराय रैक्व ने नई भूमिका लिखने में पं. पणशीकर शास्त्री को सहायता दी, जिसका उल्लेख शास्त्री जी ने किया है।

इससे इतिहास के अन्वेषण का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। इस निर्णयसागर के संस्करण की एक और विशेषता है कि इसके प्रारम्भ में श्रीभास्करराय जी के प्रमुख शिष्य "तञ्जावर" के राजा के आश्रित पं. जगन्नाथ शुक्ल के द्वारा विरचित "भास्कर-विलास" काव्य भी मुद्रित हुआ था, जो श्रीभास्करराय जी की जीवनसम्बन्धी प्रमुख घटनाओं की सूचना देता है, तथा उनके कतिपय पद्यों को भी प्रदर्शित करता है।

यह चतुर्थ संस्करण सन् १९३५ में प्रकाशित हुआ था। इस सहस्रनाम-भाष्य का एक संस्करण पीताम्बरापीठ दतिया के प्रसिद्ध स्वामी जी ने भी प्रकाशित कराया है; परन्तु उसका मुद्रण सन्तोष-प्रद नहीं है।

इस सहस्रनाम-भाष्य का संक्षिप्त रूप (केवल नामों की व्याख्या) "सौभाग्य-भास्करबालातपा" नाम से काशी के किसी नागर ब्राह्मण ने किया था, उसकी हस्तलिखित प्रति सरस्वतीभवन पुस्तकालय में मैंने कुछ वर्षों पूर्व देखी थी।

वैसे तो इस सहस्रनाम का विविध भाषाओं में अनुवाद आदि हो चुका है। जयपुर के हरिशास्त्री दाधीच ने "ललितासहस्रम्" नाम से प्रत्येक नाम पर एक-एक पद्य बनाकर संस्कृत-काव्य के रूप में ग्रन्थ लिखा है। वस्तुतः इसके प्रचार-प्रसार का क्षेत्र काफी विस्तृत है। इस विषय में स्वतन्त्र अन्वेषण की आवश्यकता होगी।

यह श्रीललितासहस्रनाम-स्तोत्र संस्कृत वाङ्मय के स्तोत्र-साहित्य में सर्वथा अद्भुत एवं बेजोड़ है। इसकी रचना-शैली अत्यन्त मधुर, ललित, प्रसन्न तथा गम्भीर अर्थों से भरी हुई है। उस पर श्रीभास्करराय जी का "सौभाग्यभास्कर" भाष्य भी समस्त शास्त्रों के ऊहापोह के साथ प्रतिपादन करने वाला अपूर्व ग्रन्थ है। यथास्थान प्रसङ्ग-अनुप्रसङ्ग से नाना शास्त्रों की बातें लिखी गई हैं; परन्तु परम्परा का महत्त्व यथास्थान सुरक्षित है।

इन आचार्य के ये दो ग्रन्थ "सौभाग्यभास्कर" और वामकेश्वरतन्त्रान्तर्गत नित्याषोडशिकार्णव पर लिखी "सेतुबन्ध" टीका को श्रीविद्या सम्प्रदाय का विश्व-कोष कहा जा सकता है। "सेतुबन्ध" के सम्बन्ध में हमने अन्यत्र विचार किया है। उपोद्घात (पूर्वपीठिका) के श्लोकों से विदित है कि आठ वाग्देवताओं ने इस सहस्रनाम की रचना की थी, जो भगवती के आज्ञा से ही हुई। अतः दिव्यप्रतिभा से निर्मित स्तोत्र का वैशिष्ट्य स्वयं सिद्ध है। जो लोग पौराणिक बातों पर विश्वास न भी करते हों, उन्हें भी इस स्तोत्र की रचना का अपूर्व सौन्दर्य स्वीकार करना पड़ता है। एम. कृष्णमाचारियर ने अपने संस्कृत-साहित्य के इतिहास में इसकी रचना को अद्भुत एवं अलौकिक माना है।

इस प्रसङ्ग में एक किंवदन्ती है कि विजया नगर साम्राज्य के संस्थापक एवं राजगुरु विद्यारण्य स्वामी (सायणाचार्य के ज्येष्ठ भ्राता माधवाचार्य) ने ललिता-सहस्रनाम पर टीका लिखना प्रारम्भ किया था। उन्हें स्वप्न में भगवती का आदेश हुआ कि आप इसे न लिखें, इसको लिखने वाला पुरुष आगे आयेगा। इस पर भी स्वामी जी लिखने लगे तो उनकी नेत्रज्योति मन्द होने लगी, तब स्वयं इस कार्य से विरत हो गये। इस किंवदन्ती से भी श्रीभास्करराय के वैदुष्य एवं वैशिष्ट्य की पुष्टि होती है।

उपलब्ध ब्रह्माण्डपुराण में यह सहस्रनाम नहीं मिलता, सम्भवतः उसके अन्य अनुपलब्ध किसी खण्ड में होगा। "ब्रह्माण्डपुराण" का ही "ललितोपाख्यान" भी प्रसिद्ध है, जिसमें भगवती के प्रादुर्भाव से लेकर भण्डासुर-वध, श्रीपुर-निर्माण आदि कथाएँ हैं। इन ग्रन्थों का विशेष प्रचार दक्षिण भारत में था।

इस भाष्य के प्रारम्भ में श्रीभास्करराय ने अपने गुरु श्रीनृसिंहाध्वरी द्वारा विरचित "छलार्णसूत्र" के अनुसार बनी परिभाषाएँ दी हैं। साथ ही प्रथम भाग (पूर्वपीठिका) तथा अन्य भागों की श्लोक-संख्या का विवरण भी दिया है। श्री नृसिंहानन्दनाथ जी का मङ्गल पद्य है–

"त्रिपुरां कुलनिधिमीडेऽरुणश्रियं कामराजविद्धाङ्गीम्।
त्रिगुणैर्देवैर्निनुतामेकान्तां बिन्दुगां महारम्भाम्"॥

इस श्लोक की व्याख्या करने के बाद आचार्य ने नामों के विभाजन की पद्धति स्पष्ट की है–

"त्रिपुरा" पद में "पकार एक संख्या का वाचक है, "रेफ" दो संख्या का वाचक है। इसमें वररुचि का गणनाविषयक यह श्लोक उद्धृत है–

"कटपयवर्गभवैरिह पिण्डान्त्यैरक्षरैरङ्काः।
नेत्रे शून्यं ज्ञेयं तथा स्वरे केवले कथिता"॥

"पिण्डान्त्य" का अर्थ व्यञ्जनसमूह है, व्यञ्जनसमूह का अन्तिम अक्षर ही साङ्केतिक होता है। **"अङ्कानां वामतो गतिः"** इस नियम के अनुसार "पुर" शब्द से २१ संख्या हुई। इसी प्रकार अन्य स्थलों में भी कल्पना की गई है। उससे "त्रि" पद से प्रारब्ध "त्रिनयना" से लेकर "त्रिकोणा" तक इक्कीस नाम हुए। "निधि" पद से नव संख्या का बोध होता है। "कुल" पद से प्रारब्ध नाम नव हैं–**"कुलामृतैकरसिका"** से लेकर **"कुलरूपिणी"** तक। "अरुणा" पद से द्वादश सूर्यों का बोध होता है। "श्री"पद से प्रारब्ध नाम **"श्रीमाता"** से लेकर **"श्रीशिवा"** तक बारह है (यद्यपि बीच में अन्य नाम आये हैं) "राज" पद से सोलह संख्या सूचित होती है–"काम" पद से प्रारब्ध नाम **"कामेशबद्धमाङ्गल्य"** से लेकर **"कामकेलितरङ्गिता"** तक सोलह हैं। "वि" पद से प्रारब्ध नाम उनतालीस (३९) हैं। **"विशुक्रप्राणहरणा"** से लेकर **"विरागिणी"** तक। गुण तीन हैं, अतः गुण शब्द वाले नाम तीन ही हैं–"गुणनिधि, गुरुप्रिय, गुणातीता"। "नि" वर्ण से प्रारब्ध नाम साठ (६०) **"निजारुण...."** से लेकर **"निरालम्बा"** तक। "त"कार से एक ही नाम है–**"ताम्बूलपूरितमुखी"**। "बिन्दु" पद से तीन नाम हैं–**"बिन्दु-मण्डलवासिनी, बैन्दवासना, बिन्दुतर्पणसन्तुष्टा"**। "महा" पद से प्रारब्ध बयालीस (४२) नाम हैं। **"महालावण्य"** से लेकर **"महेशी"** तक।

छलाक्षरसूत्र से नाम-विभाग करने में कुछ विलम्ब तथा दुर्बोधता होती है, अतः आगे सरल शब्दों में स्पष्ट किया है–

प्रथम भाग (पूर्वपीठिका) में इक्यावन (५१) श्लोक हैं। आगे (मूल पाठ के अन्त में) सहस्त्रभोजन का प्रयोग बताया है। यदि वह अनेक दिनों से साध्य हो, तो पहले दिन ५१ श्लोकों का ही पाठ होगा। ध्यान-श्लोक तो प्रतिदिन पढ़ा जायेगा। अतः विभाग के साथ व्याख्या की है। बीच के "नाम भाग" में एक सौ बयासी (१८२) और अर्ध श्लोक है। अन्त के फलश्रुति भाग में छियासी (८६) और अर्धश्लोक है। सब मिलाकर श्लोक-संख्या "विंशतिशतत्रय" अर्थात् तीन सौ बीस (३२०) है।

पूर्व भाग में अगस्त्य, सूत, हयग्रीव तथा पुनः हयग्रीव और एक श्लोक से ध्यान है। इनव्यक्तियों केऊपर निर्दिष्ट संख्या की क्रमशः दस, एक, सोलह और आधा, साढ़े तीन, नव और आधा, छः और साढ़े तीन है। एक से ध्यान है।

अब इस भाष्य के प्रारम्भ एवं अन्त के आचार्यप्रणीत श्लोकों पर विचार प्रस्तुत है—इनमें से कुछ श्लोक आचार्य ने "सेतुबन्ध" आदि अन्य ग्रन्थों में भी उद्धृत किये है। यह परिचयात्मक श्लोक सुप्रसिद्ध है—

"श्रीगम्भीरविपश्चितः पितुरभूद्यः कोनमाम्बोदरे
विद्याष्टादशकस्य मर्मभिदभूद्यः श्रीनृसिंहाद्गुरोः।
यश्च श्रीशिवदत्तशुक्लचरणैः पूर्णाभिषिक्तोऽभव-
त्स त्रेता त्रिपुरा त्रयीति मनुते तामेव नाथत्रयीम्" ॥

भावार्थ–जो गम्भीरराय भारती नामक विद्वान् पिता से, माता कोनमाम्बा के उदर से उत्पन्न हुआ, श्रीनृसिंहांध्वरी गुरु की शिक्षा से जो अष्टादश विद्याओं का मार्मिक वेत्ता बना और श्रीशिवदत्त शुक्ल महागुरु के चरणों की कृपा से जिसने "पूर्णाभिषेक" दीक्षा प्राप्त की, वह भास्करराय त्रेता अग्नित्रय (गार्हपत्य, आहवनीय, दक्षिणाग्नि), त्रिपुरा (भगवती), त्रयी (वेदत्रयी) इन तीनों को नाथत्रयी (गुरु, परमगुरु, परमेष्ठिगुरु) के रूप से ही मानता है, अर्थात् गुरु तत्त्व में ही सबका समावेश स्वीकार करता है।

इस मङ्गलाचरण से आचार्य की वेद और आगम के प्रति समन्वयात्मक दृष्टि की झलक मिलती है। आचार्य स्वयं अग्निहोत्री सोमयाजी थे तथा तन्त्रानुष्ठान के महान् पक्षधर भी। "वैदिकस्तान्त्रिको मिश्र इति मे त्रिविधो मखः" इस सिद्धान्त के अनुसार शाङ्कर परम्परा के आचार्य ने "मिश्र" को ही प्रश्रय दिया, यह प्रतीत होता है।

दूसरा श्लोक है—

गुरुचरणसनाथो भासुरानन्दनाथो
विवृतिमतिरहस्यां वीरवृन्दैर्नमस्याम्।
रचयति ललिताया नामसाहस्रिकाया
गुरुकृतपरिभाषाः संविवृण्वन्नशेषाः ॥

भावार्थ—गुरुचरणों की कृपा से समर्थ यह भासुरानन्दनाथ (आचार्य का दीक्षा-नाम) श्रेष्ठ साधकों से वन्दनीय तथा गोपनीय ललितासहस्रनाम माला की व्याख्या गुरुकृत परिभाषाओं को स्पष्ट करते हुए कर रहा है।

तीसरा श्लोक है—

अष्टाभिर्वाङ्मयानामधिपतिभिरमोघोक्तिभिर्देवताभि-
र्मात्राज्ञप्ताभिरग्र्यं यदरचि ललितादिव्यनाम्नां सहस्रम्।
यद् ब्रह्माणीरमेशप्रभृतिदिविषदां विस्मयाधानदक्षं
तत्रैकस्यापि नाम्नो कथमिव विवृतिं मादृशः कर्तुमीष्टे॥

भावार्थ—स्वयं भगवती ललिता की आज्ञा से अमोघवाक् शक्तिशाली अष्टवाङ्मय की देवताओं ने (ये वशिन्यादि वाग्देवताएँ आठ हैं, इनका श्रीचक्र के सप्तम आवरण में पूजन किया जाता है), जो सर्वश्रेष्ठ दिव्य सहस्रनाम बनाया और जिसकी रचना को देखकर सरस्वती-विष्णु आदि देवता भी विस्मित होते हैं उनमें एक भी नाम की व्याख्या लिखना क्या मुझ जैसे साधारण व्यक्ति के लिये साध्य होगा ?

(आचार्य ने इस श्लोक के द्वारा कार्य की गुरुता तथा अपना विनय प्रदर्शित किया है)।

चतुर्थ श्लोक है—

तथाऽपि श्रीमात्रा दहरकुहरे सूत्रधरया
समादिष्टा वाचामधिपतिषु काऽप्यन्यतमिका।
मदीड्यश्रीनाथत्रयचरणनिर्णेजनजलैः
पवित्रे जिह्वाग्रे नटति ममता सा मम मता॥

भावार्थ—तो भी दहराकाश (हृदय-कमल) में रहने वाली सूत्रधारिणी (प्रेरिका) श्रीमाता की आज्ञा से आठ वाग्देवताओं में से कोई एक गुरुत्रयी के चरण-रजों से पवित्र मेरे जिह्वा स्थान पर नृत्य करती है, यही मेरी ममता (अस्तित्व) है। यही मेरी भावना है।

(इस पद्य से आचार्य की वाक्-सिद्धि का सङ्केत मिलता है,जैसा कि "भास्कर-विलास" काव्य में उनके शिष्य जगन्नाथ शुक्ल ने लिखा है कि बाल्यावस्था में पिता के निर्देश से सारस्वत साधना करने से उन्हें वाक्सिद्धि प्राप्त हुई थी)।

पंचम श्लोक (यह प्रायः अपने सभी ग्रन्थों में आचार्य ने दिया है)—

आप्राचः कामरूपाद् द्रुहिणसुतनदप्लाविताताप्रतीचो
गान्धारात् सिन्धुसार्द्राद्रधुवररचितादा च सेतोरवाचः।
आकेदारादुदीचस्तुहिनगहनतः सन्ति विद्वत्समाजा
ये ये तानेष यत्नः सुखयतु समजान् कश्चमत्कर्तुमीष्टे॥

इसका आशय है–पूर्व दिशा में ब्रह्मपुत्र नद से सिक्त कामरूप से लेकर, पश्चिम दिशा में गान्धार देश से लेकर और दक्षिण दिशा में रघुपति से बाँधे हुए समुद- तटवर्ती सेतुबन्ध से लेकर तथा उत्तर दिशा में हिमाच्छन्न केदार-क्षेत्र से लेकर, जो जो विद्वानों (उपासकों) का समाज है, उसे मेरा यह प्रयत्न सन्तुष्ट करे। जो समज (असंस्कारी पशु) है, उनको भला क्या चमत्कार का अनुभव होगा ?

इस भाष्य के अन्तिम भाग में भी कतिपय श्लोक हैं, जिनके द्वारा अपना वक्तव्य आचार्य ने स्पष्ट किया है–

श्रीविश्वामित्रवंश्यः शिवभजनपरो भारती सोमपीथी
काश्यां गम्भीरराजो बुधमणिरभवद्भास्करस्तस्य सूनुः।
मोदच्छायामितायां शरदि शरदृतावाश्विने कालयुक्ते
शुक्ले सौम्ये नवम्यामतनुत ललितानामसाहस्रभाष्यम्॥

भावार्थ–विश्वामित्र गोत्र में उत्पन्न, शिवभजन में तत्पर, सोमयाग करने वाले गम्भीरराज भारती नामक विद्वान् काशी में हुए। श्रीभास्करराय उनके पुत्र हैं, जिन्होंने वै. संवत् १७८५ में शरत्काल में आश्विनशुक्ल नवमी (महानवमी) बुधवार के दिन यह ललितासहस्रनाम का भाष्य लिखकर पूर्ण किया।

द्वितीय श्लोक है–

श्रुतिस्मृतिन्यायपुराणसूत्रकोशागमश्रीगुरुसम्प्रदायात्।
निश्चित्य निर्मथ्य कृताऽपि टीका शोध्यैव सद्भिर्मयि हार्दवद्भिः॥

इस टीका का लेखन करते हुए मैंने श्रुति, स्मृति, न्याय (मीमांसा-न्याय), पुराण, सूत्र, कोश, आगम आदि अनेक शास्त्रों से तथा परम्परागत गुरु-सम्प्रदाय की दृष्टि से पूर्ण मनन कर व्याख्या में उपयोग किया है। तो भी मुझ पर प्रेम रखने वाले विद्वानों से अनुरोध है कि वे उचित स्थलों पर शोधन करें।

तृतीय श्लोक–

प्रमादो मेऽवश्यं भवति मतिमान्द्यादलसतः
पदार्थन्यायानामपि दुरवगाहत्वनियमात्।
परं त्वन्तः सन्तः सदयहृदया नाममहिमा-
प्यपूर्वस्तस्मान्मे न खलु खलपापोभयभयम्॥

मेरी असावधानी अवश्य हो सकती है, यतः मेरी बुद्धि मन्द है और आलस्य भी हो सकता है। पदार्थ न्याय (मीमांसा-पद्धति से विषय-विवेचन) दुरूह होने से भी त्रुटि सम्भव है; परन्तु सज्जन पुरुष स्वभावतः दयालु होते हैं, और नाम की महत्ता भी अपूर्व है, अतः मुझे खलों का और पाप का भी भय नहीं है।

चतुर्थ श्लोक–

अम्ब ! त्वत्पदयोः समर्पितमिदं भाष्यं त्वया कारितं
त्वन्नामार्थविकासकं तव मुदे भूयादथ त्वां भजन् ।
यो नैतत्परिशीलयेन्न च पठेद् यः पुस्तकस्याऽपि वा
सङ्ग्राहं न करोति तस्य ललिते ! माभूद् भवत्यां मतिः ॥

हे अम्ब भगवति ! यह भाष्य तुमने ही मेरे द्वारा लिखवाया है, अतः तुम्हारे चरणों में समर्पित है । यह तुम्हारे नामों के अर्थों का विकासक है, अतः तुम्हारे लिये प्रीतिकर होवे और जो तुम्हारा भजन करता हुआ भी इस भाष्य का परिशीलन न करे और इसे न पढ़े या इसके पुस्तक का सङ्ग्रह न करे, उसकी तुम्हारे विषय में बुद्धि स्थिर न होगी (भक्ति न होगी) ।

पंचम श्लोक–

नामैकं मामनयन्नामसहस्राम्बुधेः परं पारम् ।
जलबिन्दुर्भवजलधेर्येषां ते मे जयन्ति गुरुचरणाः ॥

भवसागर से उठाये जलबिन्दु की तरह जिन एकमात्र नाम ने मुझे सहस्रनाम रूपी समुद्र के पास पहुँचाया है, उन गुरुचरणों की जय हो ।

पूर्वपीठिका के विचार

पूर्वपीठिका में हयग्रीव और अगस्त्य के संवाद के द्वारा सहस्रनाम की उत्पत्ति की कथा बताई गई है ।

भगवान् विष्णु का मस्तक "वन्नि" नामक कीटों के द्वारा धनुष की प्रत्यञ्चा काटने से उड़कर भग्न हो गया था । भगवान् विष्णु अनेक कार्यों से श्रान्त होकर सो गये थे; परन्तु देवताओं को अपने कार्यवश उन्हें उठाना था । विष्णु भगवान् धनुष की कोटि पर सिर रखकर सोये थे, अतः प्रत्यञ्चा कटने से मस्तक अलग होकर लुप्त हो गया । इस घटना से दुःखी देवतागणों ने भगवती त्रिपुरसुन्दरी की प्रार्थना की तथा उनके आदेश से अश्व का मस्तक विष्णु भगवान् को लगाया, ये ही "हयग्रीव" कहे गये । यह कथा देवीभागवत के प्रथम-स्कन्ध में है । प्रस्तुत प्रकरण में हयग्रीव और अगस्त्य गुरु और शिष्य के रूप में हैं ।

हयग्रीव ने अपने शिष्य को भगवती ललिता के प्रादुर्भाव की कथा, पट्टाभिषेक, भण्डासुर-वध आदि बताया था । साथ ही श्रीपुर का परिचय, पञ्चदशाक्षरी मन्त्र की विशेषता एवं न्यासखण्ड, पूजाखण्ड, जपविधि, होमखण्ड इत्यादि सभी बातें कही थीं । अङ्गभूत विद्या, मन्त्रिणी और दण्डिनी का विषय तथा सहस्रनाम आदि भी कहा था; किन्तु ललितासहस्रनाम का उपदेश नहीं किया था । अतः अगस्त्य ऋषि ने नम्रतापूर्वक प्रश्न किया कि अभी तक उसे आपने क्यों नहीं बताया ? इस पर हयग्रीव ने प्रसन्नता से कहा कि हे लोपामुद्रापते ! यह सहस्रनाम अत्यन्त

रहस्य होने से अभी तक तुम्हें नहीं बतलाया था; परन्तु तुम अधिकारी और भक्त हो, अतः बता रहा हूँ। यहाँ पर "लोपामुद्रापते" यह सम्बोधन भी विशेष अर्थ का सूचक है–पति की अभिमत देवता की आराधना करना पत्नी की विशेषता सूचित करता है। वस्तुतः गुरुमण्डलक्रम में श्रीलोपामुद्रा के बाद अगस्त्य का नाम आता है। अतः श्रीलोपामुद्रा अगस्त्य की गुरु हैं। यह कथा अन्य ग्रन्थों में भी है। अथवा "लोपामुद्रा" शब्द लोपामुद्रा से उपासित त्रिपुरसुन्दरी के मन्त्र का वाचक भी है, इस पक्ष में "लोपामुद्रा" नामक मन्त्र, पति अर्थात् आराध्य जिसका है, इस प्रकार समास होगा। इस पर आचार्य ने पर्याप्त विचार लिखा है। त्रिशती स्तोत्र में भी लिखा है–

"पत्न्यस्य लोपामुद्राख्या मामुपास्तेऽतिभक्तितः।
अयं च नितरां भक्तस्तस्मादस्य वदस्व तत्" ॥

श्रीदेवी के बारह मन्त्रों के विभिन्न उपासक हैं, उनमें अगस्त्योपासिता और लोपामुद्रोपासिता विद्या भी है। मन्त्रों के स्वरूप में भेद होने पर भी मूलविद्या रूप से कोई भेद नहीं होता। जैसे शाखान्तराधिकरणन्याय से एक ही मन्त्र अनेक जगह पढ़ा जाता है। दृष्टान्त के लिये आचार्य ने **"अप्स्वन्तरमृतम्"** इस मन्त्र का उल्लेख करते हुए कहा है कि यही मन्त्र याजुष, आथवर्ण, बह्वृचशाखाओं में भिन्न छन्दों से पठित है; परन्तु मन्त्र का स्वरूप एक ही है। ऐसा ही अगस्त्य एवं लोपामुद्रा से उपासित मन्त्रों के विषय में समझना चाहिये।

भक्तियुक्त शिष्य को ही रहस्य विषय कहना चाहिये। अतः हयग्रीव ने अगस्त्य को यह सहस्रनाम बताना स्वीकार किया।

विना मन्त्र-दीक्षा के इस स्तोत्र के पाठ का अधिकार प्राप्त नहीं होता, यह बात **"श्रीविद्याराजवेदिने"** इस विशेषण से स्पष्ट की है। **"उपासकाय"** इस पद का अर्थ आचार्य ने किया है–नित्य-नैमित्तिक कर्माचरणपूर्वक सभी विषयों में देवी की अभेद-भावना रूप क्रिया ही उपासना है। इसको करने वाला ही उपासक है। इस भगवती ललिता के सहस्रनाम सद्यः सिद्धि देने वाले मन्त्र अनेक हैं, परन्तु उनमें यही मुख्य सहस्रनाम है। प्रसङ्गवश "मन्त्र" और "विद्या" शब्दों का अर्थ यह कहा है कि पुरुष देवता के "मन्त्र" होते हैं और स्त्री देवता के मन्त्र "विद्या" शब्द से कहे जाते हैं; परन्तु यहाँ पर दोनों को अभिन्न मानकर प्रयोग हुआ है। इसीलिये देवता के ध्यान में ऐच्छिक विकल्प कहा गया है–

"पुंरूपं वा स्मरेद् देवि स्त्रीरूपं वा विचिन्तयेत्।
अथवा निष्कलं ध्यायेत् **सच्चिदानन्दलक्षणम्"** ॥**इत्यादि**।

अथवा यह विद्या तीन कूटों से बनी होने पर भी पञ्चदश अक्षरों से बनी है। अतः "मन्त्राणां" यह बहुवचन भी ठीक है। प्रसङ्गवश मन्त्रों का स्वरूप बताते हुए उनके भेद ये बताये हैं–

"मन्त्रा एकाक्षराः पिण्डाः कर्तर्यो द्व्यक्षरा मताः।
वर्णत्रयं समारभ्य नवार्णावधिबीजकाः॥
ततो दशार्णमारभ्य यावद् विंशतिमन्त्रकाः।
तत ऊर्ध्वं गता मालास्तासां भेदो न विद्यते"॥

इस प्रकार मन्त्रों के नाम क्रमशः पिण्ड, कर्तरी, बीज, मन्त्र और माला हैं। श्रीविद्या के कादि और काली दो सम्प्रदाय हैं। तन्त्रराज में **"कादिसंज्ञा भवद्रूपा सा शक्तिः सर्वसिद्धये"** यह वचन है। इसका उद्धार त्रैपुरसूक्त (त्रिपुरोपनिद्) में **"कामो योनिः कमला वज्रपाणिः"** इत्यादि दिया है। (**यह** त्रिपुरोपनिषद् के विवेचन में द्रष्टव्य है।) तन्त्र-भेदों से उद्धृत सभी श्रीविद्या मन्त्रों का तात्पर्य मूल-विद्या में ही **"सर्ववेदान्तप्रत्ययन्याय"** से ब्रह्म की तरह है। वरिवस्यारहस्य में "भावार्थ आदि सभी अर्थों का समन्वय इसी विद्या में होता है"–यह लिखा है, अतः यह प्रधान है। आचार्य का कहना है कि हादि विद्या में भी समन्वय सम्भव है परन्तु कादि का प्राधान्य मान्य है। "त्रिशती" आदि में भी यही प्रधान है। त्रिपुरोपनिषत् में **"षष्ठं सप्तममथ वह्निसारथिं"** इत्यादि मन्त्र हादि विद्या के प्रदर्शक हैं। सौन्दर्यलहरी के **"शिव शक्तिः कामः"** इत्यादि श्लोक की व्याख्या दोनों मन्त्रों में सङ्गत होती है। उपासकों में "शिव" को सर्वश्रेष्ठ कहने का आशय यह है कि उपासना का परम फल है–उपास्य से अभेद प्राप्ति और वह शिव में सर्वदा सिद्ध है। अतएव उन्हें "आदिनाथ" कहा गया और परम्परया गुरुक्रम से उनसे उपासक गण भी अभेद प्राप्त करते हैं। देवी के अभेदानुसन्धान बल से सिद्ध गुरु से शिष्य भी अभेद-लाभ कर सकता है। अतः देवी से अभेद-लाभ के लिये गुरु ही उपाय है। यही उपासना-सिद्धान्त का रहस्य है।

इसके पाठ के सम्बन्ध में आचार्य का कथन है–**"श्रीमातुः प्रीतये तस्मादनिशं कीर्तयेदिदम्"**। यहाँ पर मीमांसा की रीति से "प्रीतये" इस तादर्थ्य चतुर्थी विभक्ति से "सर्वेभ्यः कामेभ्यः" की तरह "कीर्तनकरणक भावना-भाव्यत्व प्रतीति" होती है। "इदं" शब्द धात्वर्थ का कर्म "सक्तून्" की तरह है। इसीलिये उसी न्याय से विनियोग भङ्ग के कारण मत्वर्थ लक्षणा से **"नामसहस्रकीर्तनेन श्रीमातृप्रीतिं भावयेत्"** इस विधि का पर्यवसान होता है।

अथवा "सोम" आदि द्रव्य याग-साधन होने से तृतीया श्रुति प्रत्यक्ष होने से उस स्थल पर वाक्यार्थ-वर्णन ठीक है; परन्तु प्रस्तुत स्थल में नामों में वर्णों की अनित्यता मानने वालों की दृष्टि से तालु, ओष्ठ-पुट आदि के व्यापार रूप-कीर्तन

जन्य होने से कीर्तन नित्य मानने पर भी ध्वनि को अनित्य स्वीकार कर कीर्तन-जन्य ध्वनि से अभिव्यङ्ग्यता को वर्णात्मक द्रव्यों में स्वीकर करने के कारण अनुत्पन्न या अनभिव्यक्त की कीर्तनजनकता नहीं होगी । अतः **"नामाभिव्यञ्जक-कीर्तनेन इष्टं भावयेत्"** यह अर्थ करना होगा ।

कीर्तन शब्द से वाचिक और मानसिक दोनों व्यापार मानना चाहिए । नाम-पाठ की तरह नाम-स्मरण के विषय में भी फलजनक वचन हैं । **"श्रीमातुः प्रीतये तस्मादनिशं कीर्तयेदिदम्"** यहाँ पर "तस्मात्" यह हेत्वधिकरणन्याय से अर्थवाद है । अतः अग्निहोत्रवत् यह कर्म नित्य और काम्य उभय रूप है ।

यद्यपि बिल्वपत्र, तुलसी, धात्रीपत्रों से चक्रराज के अर्चन का कहीं निषेध भी कहा है; परन्तु यहाँ पर **"बिल्वपत्रैश्चक्रराजे"** इत्यादि विशेष विधान होने से पूर्वोक्त निषेध सहस्रनामातिरिक्त अर्चन के विषय में लागू होगा । नित्य क्रम के विषय में **"चक्राधिराजमभ्यर्च्य"** इत्यादि श्लोकों से प्रथम अर्चन, उसके बाद जप और उसके बाद सहस्रनाम पाठ का क्रम निर्दिष्ट है । नित्य से तात्पर्य एक पाठ से है । **"दर्शपूर्णमासाभ्यामिष्ट्वा सोमेन यजेत"** की तरह यह कालार्थक संयोग है । अर्चन, जप, कीर्तन तीनों की प्रत्येक पृथक् विधि होने से फल में विनियोग है । इसीलिये जप-पूजा आदि का लोप लक्षणार्थक है । **"अनपायो हि कालस्य लक्षणं हि पुरोडाशः"** इस न्याय से उन दोनों के अभाव में भी प्राप्त कर्तव्यता का अनुवाद किया है– **"जपपूजाद्यशक्तोऽपि पठेन्नामसहस्रकम्"** । यहां "आदि" पद से न्यासादि लेना चाहिये ।

उपासना के प्रति जपादि सभी अङ्ग हैं, नित्य कर्मों के अङ्गों को यथाशक्ति लेना चाहिये–यह सिद्धान्त है । असमर्थता से जपादि न करने पर भी उसका उत्तर कालत्व न होने पर भी तदुपलक्षित काल तो है ही, अतः एक पुरोडाश वाली इष्टि में उपांशुयाजवत् सहस्रनाम कीर्तन करना ही चाहिये ।

इसके आगे प्रश्न है–यह नाम-कीर्तन समर्थ पुरुष के लिये है या असमर्थ के लिये ? समर्थ के लिये तो कोई विवाद ही नहीं है । उसके लिये नित्य-कर्म होने से आवश्यक ही है । अतः पुनः अनुवाद करना व्यर्थ होगा । असमर्थ के लिये विधि भी प्राप्त नहीं है, अनुवाद की तो बात दूर रही । **"आख्यातानामर्थं ब्रुवतां शक्तिः सहकारिणी"** इस न्याय से आगे कहा है–साङ्गोपाङ्ग अर्चन (आवरण-देवता-पूजन सहित प्रधान-देवता-पूजा), साङ्गजप (कुल्लुकासेतु महासेतु जप सहित विद्या का जप) और न्यास आदि का जो फल है, उसकी प्राप्ति के उद्देश्य से पाठ करना चाहिये । अर्थात् यदि न्यास, अर्चन, जप, कीर्तन इनमें से कोई एक ही करना हो, तो न्यायतः विकल्प प्राप्त होने पर उसका अपवादक रूप से कीर्तन का ही विधान होगा । जैसे–**"यदि सत्राय दीक्षितानां साम्युत्तिष्ठासेत्सोममपभज्य विश्वजिता यजेत"** यहाँ

पर सत्र के अभाव में विहित विश्वजित् याग प्रतिनिधि है; परन्तु प्रस्तुत विषय में वचन-बल से पूजादि फल प्राप्त भी है। विश्वजित् से सत्र का फल नहीं होता।

उपासना के प्रति यह सहस्रनाम-पाठ अवैकल्पिक अङ्ग है, इस आशय से **"कीर्तयेन्नित्यकर्मवत्"** यह कहा है। "उपासने" इस सप्तमी विभक्ति से "तत्र जयान् **जुहुयात्"** की तरह "अङ्गित्व" का बोध है।

अतः त्रैलोक्यमोहन कवचादि पाठ करने से विशेष अभ्युदय हो सकता है, पाठ न करने से अङ्गन्यूनता का दोष नहीं है। अतः इन स्तोत्रों में क्रत्वङ्गत्वबोधक तत्प्रकरणस्थ वचनों का विकल्प में पर्यवसानसूचक पूर्वोक्त वाक्य है और अन्यत्र भी **"नवलक्षप्रजप्ताऽपि तस्य विद्या न सिद्ध्यति"** इत्यादि वचनों का सिद्धि पद तत्तत् पाठजन्य अभ्युदय से विशिष्ट विद्या की फलपरक है।

अतः "नित्यकर्मवत्" शब्द में "वति" प्रत्यय" स्वाभाविक प्रतियोगिक विकल्पा-सहत्वमात्र" है, अर्थात् उसका कोई विकल्प नहीं है। अतः संयोग-पृथक्त्वन्याय से कीर्तन, क्रत्वर्थ और पुरुषार्थ दोनों है। **"चक्रराजार्चनं देव्या जपो नाम्नां च कीर्तनम्"** यहाँ पर अर्चनादि के साथ ही पाठ से उपासना में इसकी अङ्गता पुष्ट की गई है।

इस प्रकार विशिष्ट फलदान शक्ति को पुष्ट करने के लिये ही आगे देवता की सम्पूर्ण शिव-शक्ति-गणेशादि के द्वारा उपास्यता के साथ सहस्रनाम के रचना की कथा प्रस्तुत की है–

"तत्र हेतुं प्रवक्ष्यामि शृणु त्वं कुम्भसम्भव।
पुरा श्रीललितादेवी भक्तानां हितकाम्यया" ॥ इत्यादि।

भगवती ने भक्तों की हितकामना से ही वशिन्यादि वाग्देवताओं को बुलाकर सहस्रनाम बनाने की आज्ञा दी।

"वाग्देवीर्वशिनीमुख्याः"–इसमें हेतुगर्भ विशेषण होने से परिकर अलङ्कार है (**"अलङ्कारः परिकरः साभिप्राये विशेषणे"**–चन्द्रालोक)। "दिव्" धातु के अर्थ–क्रीडा, विजिगीषा, द्युति, स्तुति, व्यवहार, मोद, मद, कान्ति और गति हैं, जो इन देवताओं में समन्वित होते हैं। सम्पूर्ण वाङ्मय मात्र में इन देवताओं का स्वतन्त्र अधिकार होने से इन्हें ही स्तोत्र-निर्माण के लिये बुलाया गया।

"प्रोल्लसद्वाग्विभूतयः" पद में "प्र" उपसर्ग है, जिसका अर्थ प्रकर्ष है। आचार्य ने प्रकर्ष" और "उत्कर्ष" के लक्षण बताये हैं– **"इतरवैलक्षण्यं प्रकर्षः", "सर्वोत्तमत्वमुत्कर्षः"**। श्रीविद्या की अङ्गभूत "नकुली" आदि अन्य वाग्देवतायें भी हैं; परन्तु उनका विनियोग तो ललिता-भक्तों के विरोधियों के वाक्स्तम्भन के लिये है। अतः वशिन्यादि देवियों को ही इस स्तोत्र-निर्माण का कार्य दिया गया।

इन देवताओं का विशेषण है **"मच्चक्रस्य रहस्यज्ञाः"** इसका तात्पर्य यह है-बिन्दु से भूपुरान्त चक्र के वासनामय शरीर को जानने वाली। यहाँ पर प्रसङ्गवश

शैवशास्त्र की दृष्टि से आचार्य लिखते हैं–विमर्शरूपा स्वसंवित् (आत्म-शक्ति) है, वह अपने स्वरूप में विषयान्तर का अवभास नहीं करती। उसका सहसा उच्छलनरूप प्रतिभोन्मज्जनात्मक अन्तःपरिस्पन्द है, जिसे "पूर्णाहंभाव" या "तुर्यावस्था" भी कहते हैं। उसकी शक्तियाँ अनन्त प्रकार की हैं, उनके समूह को ही "चक्र" यह संज्ञा दी जाती है। उसका अनुसन्धान करना यह एक गुरुमुख से ही प्राप्य रहस्य है। उसके अनुभूत होने पर "स्व" से भिन्न सभी वस्तु का "स्व" में ही उपसंहार हो जाता है। अतः शिवसूत्र में भी कह है–**"शक्तिचक्रानुसन्धाने विश्वसंहारः", "गुरुरुपायः"**। इसी का नाम चक्ररहस्य है-जो वाग्देवताएं जानती हैं।

यदि यह कहें कि अरुणोपनिषद्, गुह्योपनिषद्, त्रिपुरोपनिषद् आदि में भी चक्ररहस्य निर्दिष्ट है, अतः इनकी क्या विशेषता है ? इसके लिये एक विशेषण और है–**"मम नामपरायणाः"** नाम शब्द देवतावाचक प्रातिपदिकपरक और मन्त्रपरक भी है। इसीलिये सौन्दर्यलहरी के मन्त्रोद्धार-श्लोक में **"शिवः शक्तिः कामः"** और इसके अन्त में कहा गया है–**"भजन्ते वर्णास्ते तव जननि नामाऽवयवताम्"**।

अतः उपनिषदों की अपेक्षया इस सहस्रनामस्तोत्र का यह वैशिष्ट्य है–नामोपदेश के व्याज से चक्ररहस्यों का कथन और साथ ही मन्त्रों का उद्धार। अतः इस प्रकार के अपूर्व स्तोत्र के निर्माण में वशिन्यादि देवताओं का ही अधिकार है।

"तस्मादाज्ञापयामि वः" इस वाक्य में तस्मात्–यह पाँच करणों से, इस अर्थ में है। **"कुरुध्वमङ्कितं स्तोत्रं मम नामसहस्रकैः"** इसमें अङ्कन शब्द का अर्थ है–अन्तिम श्लोक में प्रधान नाम का निर्देश करना, जैसे–साहित्य-ग्रन्थों में प्रतिसर्ग एक विशिष्ट शब्द होता है। किरातार्जुनीयम् में "लक्ष्मीः" अङ्कन है। माघकाव्य में "श्रीः" अङ्कन है, नलचम्पू में "हरचरणसरोज" अङ्कन है। इसी प्रकार यद्यपि अम्बा के अनन्त नाम हैं परन्तु "ललिता" यह असाधारण नाम है। गुणी, रुद्र, ईश्वर आदि की पत्नी को भवानी" आदि नाम से कहा जाता है। अतः वे साधारण नाम हैं। 'त्रिपुरसुन्दरी' यह नाम भी तन्त्रों में प्रतिपत् की तिथि नित्या का वाचक है। इसीलिये सहस्रनाम के अन्तिम श्लोक में एवं फलश्रुति के अन्तिम श्लोक में भी **"ललिताम्बिका"** नाम का ही उल्लेख है।

"रहस्यैर्नामभिर्दिव्यैश्चक्रुः स्तोत्रमनुत्तमम्" का अभिप्राय है–चक्रराज के मन्त्रोद्धार और रहस्यों के साथ। **"ब्रह्माणी ब्रह्मकोटयः"** यहाँ कोटि शब्द अनेक कोटियों का वाचक है; क्योंकि रुद्रयामल में सर्वमङ्गला ध्यान के प्रकरण में लिखा है **"आवृतां ब्रह्मसहितब्रह्माणीकोटिकोटिभिः"**। आशय यह है कि इन देवताओं का आवाहन इसीलिये किया है कि अनन्त ब्रह्माण्डों में इस स्तोत्र की प्रसिद्धि होवे। **'शक्तयो**

विविधाकारा: का आशय है—शक्तियों के अनेक यूथ जो अपने सजातीय और विजातीय रूप से प्रसिद्ध हैं उनमें से कुछ का उल्लेख रुद्रयामल ने किया है—

"परा शक्तिश्चादिशक्तिरिच्छाज्ञानक्रिया बला" इत्यादि। उन सभी का नाम-निर्देश सम्भव न होने के कारण **"तासां संख्या न विद्यते"** यह कहा है।

दिव्यौघ, सिद्धौघ, मानवौघ शब्दों से दिक्पालादि देवतागण दिव्यौघ, विश्वामित्रादि **ब्रह्मर्षि मानवौघ,** एवं सनक-नारदादिसिद्धौघ—यह एक व्याख्या है। दूसरी व्याख्या यह है—परप्रकाशानन्दनाथ आदि—सात परमगुरु, गगनानन्दनाथादि—आठ परापरगुरु, भोगानन्दनाथादि—अपरगुरु। ये ही दिव्यौघादि तीन ओघ है। प्रसङ्गवश "ओघ" शब्द की संख्यावाचकता का भी विचार किया गया है—"शङ्कु", "महाशङ्कु" आदि से लेकर महौघ तक उत्तरोत्तर लक्ष-लक्ष गुणित दस संख्याएँ होती हैं। **"शतं समुद्रसाहस्रमहौघ इति विश्रुतम्"** इत्यादि कहा है। यह परम्परा कामराज सन्तान (परम्परा) के अनुसार है। लोपामुद्रा सन्तान (परम्पर) तथा अन्य विद्याओं (मन्त्रों) के भेद से मित्रीशानन्दनाथ आदि अनेक ओघ "ज्ञानार्णव" आदि ग्रन्थों में सूचित हैं। दिव्यादि गुरु-क्रम अपने गुरूपदेश से जानना चाहिये। **"सर्वेषां दर्शनं ददौ"** इस वाक्य से संख्या विशेष रूप महौघ समझना चाहिये।

यजुर्वेद में संख्यात्मक पाठ में **"परार्धस्वाहा"** से लेकर **"सर्वस्मै स्वाहा"** तक आठ मन्त्र हैं। उत्तरोत्तर लक्षगुणों की वृद्धि से संख्या जोड़ी जाती है। रामायण में निर्दिष्ट "शङ्कु" ज्योतिषशास्त्र के "परार्ध" का ही वाचक है। भले ही सर्व पद की संज्ञा वाचकता मानकर "सर्वनाम" माना जाये। "सर्वनाम" का अर्थ अन्वित होने से चरम संख्या वाचक "सर्व" पद समस्त का वाचक होगा। इसीलिये श्रुति में "सर्वस्मै" यह स्मायादेश ठीक ही है। प्रयोग छान्दस होने से सुडागम भी ठीक है। **"यथाक्रमम्"** पद से बैठने की रीति "विश्वकर्मशास्त्र" में कही है। राजा के दक्षिण-भाग में और पुत्र के वाम-भाग में आठ मन्त्री बैठते हैं, इसकी सूचना मिलती है।

सहस्रनाम-पाठ सुनकर शब्द और अर्थ के अलङ्कारों की पुष्टि से और निर्दोषता से प्रसन्नता और विस्मय होना उचित ही है। जैसे "विष्णुसहस्रनाम" में **"क्षेत्रज्ञोऽक्षर एव च"** इत्यादि निरर्थक अव्ययों का प्रयोग हुआ है, सैकड़ों नामों की पुनरुक्ति भी हुई है। यद्यपि भगवत्पाद शङ्कराचार्य ने उन स्थलों में अर्थभेद प्रदर्शित किया है। अर्थ-भेद से नाम-भेद का स्वीकार करना नानार्थ के उच्छेद के भय से अनन्यगति से मानना पड़ता है। अर्थ का अभेद रहते भी उच्चारण-भेद से भी भेद की आपत्ति आ सकती है; परन्तु इस सहस्रनाम में कहीं भी स्तोभ या पुनरुक्ति नहीं है। और भी चक्ररहस्य, मन्त्रोद्धार आदि अनेक रहस्यार्थों का चमत्कार इसमें वर्तमान है। यद्यपि उन सभी को गुरुमुख से जानना चाहिये;

परन्तु विद्वानों (उपासकों) के चित्त-चमत्कार के लिये अर्थान्तरों का कहीं-कहीं आचार्य ने दिग्दर्शन कराया है।

"ममाज्ञयैव वाग्देव्यश्चक्रुर्नामसहस्रकम्" में अम्बा का कथन है–'मेरी आज्ञा से ही वशिन्यादि देवताओं ने इस स्तोत्र की रचना की है, अतः इसकी उत्कृष्टता में कोई आश्चर्य नहीं है। यह प्राथमिक विधि है और पूर्वोक्त इसका अनुवाद भी वक्तृगत और श्रोतृगत विधि से दो प्रकार का है। पुनः श्रवण भी अन्यपरक न होने से शाखाभेद से श्रुत अग्निहोत्र विधियों की तरह कर्मभेदकता (भिन्न कर्मता) नहीं है। काम्यकर्म में तो असकृदावृत्ति (अनेक पाठ) होता है; परन्तु सहज सकृत् पाठ (एक पाठ) करने वाले को भी मैं सभी अभीष्ट प्रदान करती हूँ', यह अम्बा का वाक्य है।

"दाक्षायण-यज्ञविधि" की तरह काम्य-प्रयोग में आवृत्ति न करने पर भी इसकी आवृत्ति की फलवत्ता है। अन्यथा होमविधि में अग्र बिन्दु के गिरने मात्र से शास्त्रार्थ की सफलता की तरह सकृत् पाठ से ही सिद्धि मानकर आवृत्ति न करेंगे। अतः परिसंख्या से "सकृत्" का विधान व्यर्थ हो जायेगा। यतः पहले कहा है **"तत्पठध्वं सदा यूयम्"**। अतः आगे भी श्रीचक्रपूजन, मूलविद्या का जप और उसके बाद नाम-कीर्तन का क्रम निर्दिष्ट है। **"उपलक्षणापायेऽप्युपलक्ष्यानपायः"** यह एक न्याय है, तदनुसार असमर्थ व्यक्ति को जपार्चनादि का फल नाम-पाठ मात्र से भी मिलेगा–यह कहा है।

"इति श्रीललितेशानी शास्ति देवान् सहानुगान्" इस वाक्य से "शास्ति" यह वर्तमानकालिक निर्देश है; क्योंकि भगवती की इच्छारूप आज्ञा शासन ही है और वह नित्य प्रवर्तमान है। भागवत का प्रयोग है–"आक्रुश्यपुत्रमघवान् यदजामिलोऽपि नारायणेति म्रियमाण इयाय मुक्तिम्"। इसमें भी प्रवृत्ति की सदातनता सूचित है।

"तत्र हेतुं प्रवक्ष्यामि" इस श्लोक से प्रारब्ध अर्थ का उपसंहार **"आवश्यकत्वे हेतुस्ते मया प्रोक्तो मुनीश्वर"** इस वचन से किया है। आगे न्यास आदि का विधान लिखा है।

इस ललितासहस्रनामस्तोत्र रूपी मालामन्त्र के वशिन्यादि वाग्देवताएँ ऋषि हैं। अनुष्टुप् छन्द है। श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी ललिताम्बा देवता हैं। क ४ बीज है। स ३ शक्ति है। ह ५ कीलक है। चतुर्विध पुरुषार्थसिद्धि के लिये विनियोग है। मूल मन्त्र के कूटों से अथवा बालाबीजों से षडङ्गन्यासादि करना चाहिये। ऋषि गुरु होने से उनका न्यास मस्तक में, ध्येय होने से देवता का न्यास हृदय में, छन्द अक्षर होने से जिह्वा में–इत्यादि प्रपञ्चसारादि ग्रन्थों के अनुसार विधान है। शैव-शाक्तादि भेद से न्यास में मुद्राविशेष का उपयोग होता है। "पदार्थादर्श" आदि में



श्रीमहाकामेश्वरसहिता श्रीललिताम्बा

निर्दिष्ट तत्तत् वासनाओं के साथ जप-प्रकरण में निर्दिष्ट विधि का पालन करना चाहिये। इसके आगे ध्यान है–

सिन्दूरारुणविग्रहां त्रिनयनां माणिक्यमौलिस्फुरत्
तारानायकशेखरां स्मितमुखीमापीनवक्षोरुहाम्।
पाणिभ्यामलिपूर्णरत्नचषकं रक्तोत्पलं बिभ्रतीं
सौम्यां रत्नघटस्थरक्तचरणां ध्यायेत्परामम्बिकाम्॥

भगवती का शरीर सिन्दूर के समान रक्तवर्ण है, तीन नेत्र हैं, माणिक्य से बने किरीट के ऊपर चन्द्रकला सुशोभित है, मुख पर मन्दहास है, परिपुष्ट स्तनयुगल सुशोभित हैं, दोनों हाथों से मद्यपूर्ण रत्नपात्र और रक्तकमल धारण किये हैं तथा रत्नघट के ऊपर लालचरण लम्बित है। इस विशेषण का एक रहस्यार्थ भी आचार्य ने किया है–"रक्तचरण" और "शुक्लचरण" ये दो तन्त्रों के पारिभाषिक सङ्केत हैं। शुक्लचरण शिव का अंश और रक्तचरण शक्ति का अंश है। आचार्य ने शब्दार्थ की व्याख्या की है–"रत्नघट में रहे तो जैसा दृश्य हो, वैसा पञ्चम द्रव है जिसका"। इस प्रकार परिभाषाओं के चार श्लोकों से सहस्रनाम के प्रथम भाग (पूर्वपीठिका) की व्याख्या समाप्त हुई।

द्वितीया तापिनी कला के प्रकरण के आरम्भ में श्रीनृसिंहानन्दनाथ कृत परिभाषाओं का पहले विवेचन कर तदनुसार आगे व्याख्या प्रस्तुत है–

अब परिभाषामण्डल में नामों के आरम्भ के वर्णों को ही विभाजक उपाधि मानकर बत्तीस प्रकार के नामों का विवेचन करने के लिये इक्यावन मातृकाओं में से ग्राह्य वर्णों का सङ्ग्रह करने के लिये निम्नाङ्कित परिभाषाएँ प्रदर्शित हैं–

"अक्षु शराच्छरवर्णांस्ततः समानन्त्यमौ कचयोः।
अथ मध्यान्यांस्तपयोर्द्वितीयमन्त्ये त्यजेन्नवमम्"॥

अक्षुः–सोलह स्वरों के बीच में, **मध्ये शरात्**–पहले पाँच अक्षरों को लेकर, **शरवर्णान्**–षष्ठ से दशमान्त पाँच वर्णों को छोड़ देवे। उसके आगे एकादशादि षोडशान्त वर्णों के बीच में मध्य के सम वर्णों अर्थात् बारह, चौदह, सोलह को छोड़ देवे। क-वर्ग और च-वर्ग के क्रमशः अन्तिम घकार, ङकार और झकार, ञ कार को छोड़े। इसके आगे ट-वर्ग में मध्य से अन्त्य अर्थात् ड कार से भिन्न चार वर्णों को। त-वर्ग और प-वर्ग के क्रमशः थ कार और फ कार को, अन्त्य अर्थात् य-वर्गादि दश अक्षरों में नवम "ळ" कार को छोड़े। इस परिभाषा का तात्पर्य यह है कि इसमें परिवर्जित वर्णों से प्रारब्ध नाम नहीं है। इसीलिये सूतसंहिता की उक्ति इसी अभिप्राय की सूचक है–"द्वात्रिंशद्भेदभिन्ना या तां वन्दे परात्पराम्"। इसके आगे परिभाषा है–

"इत्थं शिष्टानुष्टुब्वर्णारब्धेषु नामसु तु संख्याः ।
अर्वनटत्रिद्वीष्वेकद्विचतुः कञ्जपानवरधीराः" ॥

पूर्वोक्त उन्नीस वर्णों के त्याग से बचे अनुष्टुब्वर्ण बत्तीस अक्षर हैं । उनसे प्रारब्ध होने वाले नामों की संख्या बताई जा रही है–इसमें एक-एक पद एक-एक अक्षरादि नामों की संख्या का सूचक है । अर्व–"अ"कारादि नाम चालीस हैं । नट–"आ"कारादि नाम दस हैं । "इकारादि तीन हैं । "ईकारादि दो हैं । "उ"कारादि पांच हैं । "इषु" शब्द बाणपरक है अतः "पांच" संख्या का सूचक है । "ए"कारादि नाम एक है । "ओ"कारादि दो हैं । "अ"कारादि चार हैं । कञ्ज–"क"कारादि इक्यासी हैं । पान–"ख"कारादि एक है । "प"कार से पूर्व "न"कारीय बिन्दु का लेखन छन्दोनुरोध से किया है और वह अनिष्ट भी नहीं है । वर–"ग"कारादि चौबीस है । धीरः– "ध"कारादि उनतीस हैं । आगे परिभाषा है–

"किंधूपद्विस्तम्भच्छलभयमांसे पदे वरः सङ्गः ।
प्रकटगयाजलवाटीधुसिधर्ममाखखोल्कटीकाधीः"॥

किं–छकारादि एक नाम है । धूप–"ज"कारादि उन्नीस हैं । "ड"कारादि दो हैं । स्तम्भ–"त"कारादि छियालीस हैं । छल–"द"कारादि सैंतीस हैं । भय–"ध"कारादि चौदह हैं । मांसे–"न"कारादि पचहत्तर हैं । पदे–"प"कारादि इक्कासी हैं । वरः–"ब"कारादि चौबीस हैं । सङ्गः–"भ"कारादि सैंतीस हैं । प्रकट–"म"कारादि एक सौ बारह हैं । गय–"य"कारादि तेरह हैं । जल–रेफादि नाम अड़तीस हैं । वाटी–"ल"कारादि चौदह हैं । धुसि–"व"कारादि उन्यासी हैं । धर्मे– "श"कारादि उनसठ हैं । मा–"ष"कारादि पांच हैं । खखोल्क–"स"कारादि एक सौ बाईस हैं । टीका–"ह"कारादि ग्यारह हैं । धीः–"क्ष"कारादि नौ हैं ।

इसके आगे अन्तिम कारिका है–

"इत्थं नामसहस्रं साधकलोकोपकारकं विहितम् ।
गुणगणसदसद्भावावाश्रित्य ब्रह्मणोऽम्बायाः" ॥

इस प्रकार पूर्वोक्त रीति से साधक लोकों के (तत् मातृकाभिमानिनी "अमृता" आदि से "क्षमावती" तक) देवताओं को सिद्ध करने वाले लोगों के लिये उपकारक–यह आचार्य ने कहा । तात्पर्य यह है कि तत्तत् अक्षरों से आरब्ध नाम संख्या के ज्ञान से भी सद्यः पापों से विमुक्ति होती है । इस स्तोत्र में "श्रीमाता" पद से "ललिताम्बा" की तरह मातृका-सरस्वती का और तदभिन्न "अमृता" आदि शक्तियों का भी सङ्ग्रह होता है ।

अथवा देवी के अनन्त नामों में से शीघ्र ही साधकों के लिये उपकारक नाम ही वाग्देवताओं ने सङ्गृहीत किये । इसमें एक प्रश्न है कि स्वभावतः निर्गुण "ब्रह्म" में धर्म का लेश भी नहीं हैं, तब गुण-क्रिया-जाति-रूढि-रूप शब्दप्रवृत्ति के निमित्त

भी उसमें सम्भव नहीं है। अतः चतुष्टयी शब्दप्रवृत्ति इसमें कैसे होगी ? इसके लिये "ब्रह्मणोऽम्बायाः गुणगणसदसद्भावावाश्रित्य नामसहस्रं विहितम्" यह कहा है।

इस बात को आचार्य ने विस्तारपूर्वक उपपादित किया है–ब्रह्म दो प्रकार का है–सकल और निष्कल, "द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये परञ्चापरञ्च" यह श्रुति-स्मृति का वचन है। उसमें "सकल" अपर है। वह भी दो प्रकार का है–जगन्नियामक और जगदात्मक। कहा भी है–"जगन्नियन्ता जगदात्मकश्च", और भी वचन हैं–

"शिवः कर्ता शिवो भोक्ता शिवः सर्वमिदं जगत्", "देवी दात्री च भोक्त्री च देवी सर्वमिदं जगत्", "स्थितिसंयमकर्ता च जगतोऽस्य जगच्च सः"।

"सोऽकामयत बहु स्यां प्रजायेय" यह श्रुति है। "अकामयत" इस निमित्त की "बहुस्याम्" इससे परिणामी उपादानता की प्रतीति होती है। "प्रकृतिश्च प्रतिज्ञा-दृष्टान्तानुपरोधात्" इस अधिकरण में–"आत्मकृतेः परिणामात्" यह ब्रह्मसूत्र है। उसमें जगदात्मक "ब्रह्म" चराचर भेद से दो प्रकार का है। ये दो प्रकार भी हिरण्यगर्भ आदि भेद से या "वियत्" आदि भेद से अनेक प्रकार का है। जगन्नियामक ब्रह्म भी नियमन के सृष्टि-स्थिति-लय-तिरोधान-अनुग्रह भेद से अनेक प्रकार का होकर ब्रह्म, विष्णु, रुद्र आदि भेद से अनेक प्रकार का है।

उनमें भी प्रत्येक तत्त्व भक्तजनों के अनुग्रहार्थ तत्तद् वासना के भी अनुसार कार्य-भेद से परिगृहीत नाना रूपों से अनन्त होने से तत्तद् विशिष्ट वेष से अनन्त ही हैं। जैसा सुप्रभेदागम में कहा है–

"यतीनां मन्त्रिणां चैव ज्ञानिनां योगिनां तथा।
ध्यानपूजानिमित्तं हि तनूर्गृह्णाति मायया"॥

कालिकापुराण में भी–

"मायैका भिन्नरूपेण कमलाख्या सरस्वती।
सावित्री सा च सन्ध्या च भूता कार्यस्य भेदतः"॥

"बृहन्नारदीय" पुराण में जगत्कर्त्री शक्ति के विषय में–

"उमेति केचिदाहुस्तां शक्तिं लक्ष्मीं तथापरे।
भारतीत्यपरे चैनां गिरिजेत्यम्बिकेति च॥
दुर्गेति भद्रकालीति चण्डी माहेश्वरीति च।
कौमारी वैष्णवी चेति वाराही च तथाऽपरे॥
ब्राह्मीति ब्रह्मविद्येति मायेति च तथा परे।
प्रकृतिश्च परा चेति वदन्ति परमर्षयः"॥

इसी बात को श्रुति भी कहती है–"एकधा बहुधा चैव दृश्यते जलचन्द्रवत्" देवीपुराण में भी–

"देव्या वा एष सिद्धान्तः परमार्थो महामते ! ।
एष वेदाश्च यज्ञाश्च स्वर्गश्च सकलं जगत् ॥
देव्या व्याप्तमिदं विश्वं जगत् स्थावरजङ्गमम् ।
इज्यते पूज्यते देवैरन्नपानात्मिका च सा ॥
सर्वत्र शाङ्करीदेवी तनुभिर्नामभिश्च सा ।
वृक्षेषूर्व्यां तथा वायौ व्योम्न्यप्स्वग्नौ च सर्वशः" ॥

"निष्कल" ब्रह्म तो एक ही प्रकार का है । यह सब विषय कूर्मपुराण में हिमवान् के प्रति देवी के वचनों से स्पष्ट होता है–

अशक्तो यदि मां ध्यातुमैश्वरं रूपमव्ययम् ।
तदा मे सकले रूपे कालाद्येऽनन्तभेदिनि ॥
यदेव रूपं मे तात मनसो गोचरस्तव ।
तन्निष्ठस्तत्परो भूत्वा तदर्चनपरो भव ॥
यत्तु मे निष्कलं रूपं चिन्मात्रं केवलं शिवम् ।
सर्वोपाधिविनिर्मुक्तमेकमेवामृतं परम् ॥
ज्ञानेनैकेन तल्लभ्यं क्लेशेन परमं पदम् ।

इन विचारों के अनुसार सगुण ब्रह्म के विषय में शक्ति (अभिधा) से शब्द की प्रवृत्ति निर्बाध है; क्योंकि उनके लिये प्रवृत्ति-निमित्त भूत धर्म हैं; परन्तु निर्धर्मक ब्रह्म में शब्दों की प्रवृत्ति लक्षणा से होगी । विशिष्ट और केवल का तादात्म्य रूप शक्य-सम्बन्ध सम्भव है । "निर्गुण" में मिथ्यारूप सम्बन्ध का स्वीकार करने पर भी वह निर्धर्मकता "स्वसमानसत्ताकधर्मशून्यत्वरूप" है और वह ब्रह्म में विद्यमान है । जैसे अतीत या अनागत घटादि विषयक ज्ञानीय विषयता सम्बन्ध का अन्यतर में संसर्गमात्र से सम्बन्ध माना जाता है, वैसे ही "तादात्म्य" को भी सम्बन्ध माना जा सकता है । इसीलिये त्रिशतीस्तोत्र में **"लक्ष्यार्था लक्षणागम्या"** ये नाम हैं । इस दृष्टि से भगवती के नाम अनन्त हैं । इसी स्तोत्र में आगे हयग्रीव नें कहा भी है– **"देवीनामसहस्राणि कोटिशः सन्ति कुम्भज"** । सौरसंहिता में याज्ञवल्क्य के प्रति माया के विषय में सूर्य का वचन है–

"अस्या नामान्यनन्तानि तानि वर्णयितुं मया ।
न शक्यानि मुनिश्रेष्ठ ! कल्पकोटिशतैरपि" ॥

देवीभागवत में भी–

"असंख्यातानि नामानि तस्या ब्रह्मादिभिः सुरैः ।
गुणकर्मविधानाद्यैः कल्पितानि च किं ब्रुवे" ॥

अधिक क्या कहा जाये–शब्दमात्र ब्रह्मपरक है । इसीलिये प्रस्तुत स्तोत्र में कुछ नाम जीवावस्था के भेदपरक हैं–"विश्वरूपा, **तैजसात्मिका"** आदि । कुछ जीव

विशेषपरक हैं–"मालिनी" आदि । स्थावर विशेषपरक–"मही" आदि । सगुणब्रह्म विशेषपरक–"मुकुन्दा" इत्यादि । तत्तत् शक्तिपरक जैसे "रमा" इत्यादि । तत्तत् अवतार विशेष की गुण-क्रिया के सूचक हैं जैसे–"भण्डासुरेन्द्रनिर्मुक्तशस्त्र–प्रत्यस्त्रवर्षिणी" । कुछ निर्गुण ब्रह्मपरक हैं–"परं ज्योतिः इत्यादि । इस प्रकार नामों की अनेक श्रेणियाँ सम्भव हैं ।

इस प्रकार यद्यपि सभी शब्द समूह देवी का नाम हो सकता है, तब सहस्रनामों की गणना का प्रयास क्यों किया जावे ? तो भी जिन-जिन नामों से पुरातन महापुरुषों ने देवी की स्तुति कर प्रसन्नता प्राप्त की और अपने मनोरथों की सफलता भी प्राप्त की और स्वयं देवी के मुख से "इन नामों का माहात्म्य बढ़े" इस प्रकार वर भी प्राप्त किये, अथवा पाठकों के लिये स्वयं ही वर दिये, उन नामों की गणना का प्रयास अवश्य ही सार्थक और सफल माना जायेगा । यह बात अन्य देवताविषयक सहस्रनामों में भी समान ही है ।

परन्तु इन ललितासहस्रनामों का उनसे भी अधिक महत्त्व है । इन्हें अधिक तपस्वियों विद्वानों ने स्वीकार किया है । ये नाम शीघ्र फलप्रद हैं । अन्य नामों से असाध्य फल को देने में ये समर्थ हैं । इन सब कारणों की चर्चा पहले भी की जा चुकी है और आगे भी होगी ।

इन बातों की दृष्टि से विष्णुधर्मोत्तर में कहा है–

एकस्यैव समस्तस्य ब्रह्मणो द्विजसत्तम ।
नाम्नां बहुत्वं लोकानामुपकारकरं शृणु ॥
निमित्तशक्त्यो नाम्नां भेदिन्यस्तदुदीरणात् ।
विभिन्नान्येव साध्यन्ते फलानि द्विजसत्तम ॥
यच्छक्तिमन्नाम यस्य तत्तस्मिन्नेव वस्तुनि ।
साधकं पुरुषव्याघ्र ! सौम्यक्रूरेषु वस्तुषु ॥

इस कथन से यह सिद्ध हुआ कि अन्नकाम (**अन्नार्थी**) पुरुष "अन्नदायै नमः" का जप करे, इसी प्रकार वसुकाम (धनार्थी) "वसुदायै नमः", भीत व्यक्ति "भयापहायै नमः", बद्ध पुरुष "बन्धमोचिन्यै नमः" इत्यादि जप करें । कहीं पर तो सामान्य रूप से सभी देवी-नामों का फल बन्धमोचन कहा है । जैसे–वायुपुराण में–

"अरण्ये प्रान्तरे वाऽपि जले वाऽपि स्थलेऽपि वा ।
व्याघ्रकुम्भीरचौरेभ्यो भयस्थाने विशेषतः ॥
स्वपंस्तिष्ठन् व्रजन्मार्गे प्रजपन् भोजने रतः ।
कीर्तयेत् सततं देवीं स वै मुच्येत बन्धनात्" ॥

वामकेश्वरतन्त्र में भी वचन है–

"मनसा संस्मरत्यस्या यदि नामाऽपि साधकः ।
तदैव मातृका चक्रे विदितो भवति प्रिये" ॥

इस प्रकार **नाम**-स्मरण मात्र से मातृकाचक्रान्त प्रसिद्धि को फल रूप से कहा **है,** तो भी चतुर्थाकरणन्याय से विष्णुधर्मोत्तर वचन से इसका उपसंहार मानकर सामान्य भी नाम शब्द "भयापहा" आदि नाम विशेषपरक मानना चाहिये। इसीलिये नामविशेष का आश्रय लेने से फलविशेष की प्राप्ति काशीखण्ड में उपवर्णित है–

"उमानामामृतं पीतं येनेह जगतीतले।
न जातु जननीस्तन्यं स पिबेत्कुम्भसम्भव ॥
उमेति द्व्यक्षरं मन्त्रं योऽहर्निशमनुस्मरेत्।
न स्मरेच्चित्रगुप्तस्तं कृतपापमपि द्विज !" ॥

अब प्रश्न यह है कि फलश्रुति के विषय में **सर्वफलप्रदता** का भी पूर्वोक्त न्याय से उपसंहार क्यों न माना जावे ? तब "सर्वरोगप्रशमनी" इत्यादि नामों का आगे कहा जाने वाला सर्वफलप्रदत्व कैसे सङ्गत होगा ? यदि यह कहें कि अर्थवाद मानकर उनकी सार्थकता स्वीकार की जाये। इस पर आचार्य का कथन है कि वेदों में अर्थवाद मान्य है, पुराणों में नहीं। बृहन्नारदीयपुराण का कथन है–

पुंराणेष्वर्थवादत्वं ये वदन्ति द्विजाधमाः।
तैरर्जितानि पुण्यानि तद्वदेव भवन्ति वै ॥
समस्तकर्मनैर्मूल्यसाधनानि नराधमः।
पुराणान्यर्थवादानि ब्रुवन्नरकमश्नुते ॥

यहाँ पर यह बात विचारणीय है–विभिन्न तत्तत् नामों का शक्ति-भेद से फल-भेद तो होगा ही; परन्तु सर्वफलप्रदत्व उसके समष्टि के अनुवाद से सार्थक होगा। यदि अनुवाद को भी अर्थानुवाद के अन्तर्गत मानने से उक्त निषेध-वाक्य से विरोध होगा, तो वहां के "अर्थवाद" शब्द को "आत्मवपोत्खेदन" वाक्य की तरह मानकर "गुणवाद" मानना चाहिये।

जैसे उदाहरण के लिये–"**प्रतिमासु शिलाबुद्धिं कुर्वाणो नरकं व्रजेत्**" इत्यादि वाक्य से "शिलात्व" होने पर **भी, शिलाबुद्धिनिषेध** का **'शिला'** शब्द का तात्पर्य– जिसमें देवता का आविर्भाव न हुआ हो, ऐसी शिला से है, यह कहा गया है।

वास्तविक दृष्टि से तो "**सर्वेभ्यः कामेभ्यो दर्शपूर्णमासौ**" इस वाक्य का "**दर्शपूर्णमासाभ्यां स्वर्गकामो यजेत**" इस फलांश से उपसंहार होता है। "**न हिंस्यात्सर्वभूतानि**" इस निषेध का "**न ब्राह्मणं हन्यात्**" इससे भी उपसंहार नहीं होता यही सिद्धान्त है। "विशेषाकाङ्क्षी" होने पर ही उपसंहार का प्रसङ्ग आता है। इन पूर्वोक्त विधि और निषेध का स्वरूप "सर्व" पद से युक्त होने से विशिष्य-विशिष्य (अलग-अलग रूप से) सभी फलों और प्राणियों की उपस्थिति होती है। तब भावना के अन्वय में

"किस प्रकार का फल किस प्रकार का प्राणी" इत्यादि विशेषाकाङ्क्षा का उदय ही नहीं होता। तन्त्रवार्तिक में कहा है—

सामान्यविधिरस्पष्टः संह्रियेत विशेषतः।
स्पष्टस्य तु विधेर्नान्यैरुपसंहारसम्भवः॥

प्रस्तुत प्रसङ्ग में "सर्वेभ्यः कामेभ्य एकैकं नाम" इस प्रकार के विधि का पर्यवसान आवश्यक होने से "यच्छक्तिमन्नाम यस्य" इत्यादि विष्णुधर्मोत्तर, पाद्म, वायवीय आदि के सामान्य देवी नामाश्रितं विधि में उपसंहार नामांश में स्वीकार होने पर भी फलांश में नहीं है। सर्व पद घटित ही विधि का पर्यवसान अनेक वचनों से सिद्ध है। सहस्रनाम के अन्त में देवी का वचन भी इस आशय को पुष्ट करता है—

कीर्तयेन्नामसाहस्रमिदं मत्प्रीतये सदा।
मत्प्रीत्या सकलान् कामांल्लभते नाऽत्र संशयः॥

कालिकापुराण में भी कहा है—

ये स्तुवन्ति जगन्मातर्भवतीमम्बिकेति च।
जगन्मयीति मायेति सर्वं तेषां प्रसिद्ध्यति॥

विष्णुपुराण में देवी के प्रति विष्णु का वचन है—

ये त्वां मायेति दुर्गेति वेदगर्भाम्बिकेति च।
भद्रेति भद्रकालीति क्षेम्या क्षेमङ्करीति च॥
प्रातश्चैवाऽपराह्णे च स्तोष्यन्त्यानम्रमूर्तयः।
तेषां हि प्रार्थितं सर्वं मत्प्रसादाद् भविष्यति॥

याज्ञवल्क्यस्मृति में भी—

विनायकस्य जननीमुपतिष्ठेत्ततोऽम्बिकाम्।
दूर्वासर्षपपुष्पाणां दत्वार्घ्यं विनिवेदयेत्॥

इस प्रकार विधान बताकर उपस्थान मन्त्र और लिङ्ग का स्मरण किया है—

रूपं देहि यशो देहि भगं भगवति देहि मे।
पुत्रान् देहि धनं देहि सर्वान् कामांश्च देहि मे॥

देवीभागवत में भी कहा है—

न तदस्ति पृथिव्यां वा दिवि प्राप्यं सुदुर्लभम्।
प्रसन्नायां शिवायां यदप्राप्यं नृपसत्तम!॥
ते मन्दास्तेऽतिदुर्भाग्या रोगैस्ते समुपद्रुताः।
येषां चित्ते न विश्वासो भवेदम्बार्चनादिषु॥

हरिवंश में भी—

ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च चन्द्रसूर्याग्निमारुताः।
अश्विनौ वसवश्चैव विश्वे साध्यास्तथैव च॥

महेन्द्रः सहपर्जन्यो धाता भूमिर्दिशो दश।
गावो नक्षत्रवंशाश्च ग्रहा नद्यो ह्रदास्तथा॥
सरितः सागराश्चैव नानाविद्याधरोरगाः।
तथा नागाः सुपर्णाश्च गन्धर्वाप्सरसां गणाः॥
कृत्स्नं जगदिदं प्रीतं देवीनामानुकीर्तनात्॥

यदि इस प्रकार पर्यवसित विधि "अन्नदा", "वसुदा" आदि नामभेद से नाना प्रकार का है, तब सभी कामनाओं के लिये **"अन्नदा इति नामकीर्तयेत्"** इस विधि से ही सिद्धि होगी। उस स्थिति में विष्णुधर्मोत्तरीय वचनों का (अन्न कामोऽन्नदेति नाम कीर्तयेत् इत्यादि का) विशेष विधि व्यर्थ हो जायेगा। यह पर्यनुयोग (विपरीत प्रश्न) स्वर्गकाम विधि में भी समान है। "इसी विधि से ही स्वर्गफलकता का ज्ञान कर अनुष्ठान करने से स्वर्ग-प्राप्ति होगी अन्यथा न होगी "इत्यादि अभ्युदय शिरस्कत्व आदि समाधान भी तुल्य ही है। वास्तविक विचार करने पर यह जानना आवश्यक है कि "तन्त्र" स्मृति रूप हैं परन्तु मन्वादि स्मृतियां कर्मकाण्ड की शेष हैं और "तन्त्र" ब्रह्मकाण्ड के शेष हैं। इस सिद्धान्त के अनुसार उत्तरमीमांसा के देवताधिकरणन्याय से देवता-विग्रह (शरीर) तान्त्रिकों को मान्य है; इसीलिये तत्तत् कामनापूरकत्वादि गुणयुक्त ब्रह्म ध्यातव्य है। यही विशेष विधि का प्रयोजन है। श्रुति भी कहती है–**"अन्नादो वसुदानो विन्दते वसु य एवं वेद"** इत्यादि। इसका अर्थ भी यही हुआ **"अन्नं आसमन्तादत्त इत्यन्नादः","वसुनो धनस्य दानं यस्मात् स वसुदानः"**। इस प्रकार के परमेश्वर को जो जनता है अर्थात् उपासना करता है, वह वसु और अन्न प्राप्त करता है।

"अन्नदायै नमः" इस मन्त्र को सर्वकाम वचन मानकर भयहरण काम्य प्रयोग करने से भयापहरत्वप्रकारक स्मृतिजनकता भी सिद्ध होगी, अर्थात् भयापहरण-क्षमता का अनुसन्धान भी होगा; परन्तु मुख्यवृत्ति से तो अन्नकाम प्रयोग में अन्नप्रदत्वप्रकारक स्मृतिजनकता ही उपस्थित होगी और देवता का भी उसी विषय में शीघ्र प्रसाद मिलेगा, अतः **"गौणमुख्याधिकरणन्याय"** से प्रधान और अप्रधान कार्य और फल मानना चाहिये। इसीलिये स्कन्दपुराण में, सूतगीता में नामों के विषय में गौण-मुख्य भेद से फल-भेद का स्मरण किया है–

नामानि सर्वाणि तु कल्पितानि स्वमायया नित्यसुखात्मरूपे।
तथाऽपि मुख्यास्तु शिवादिशब्दा भवन्ति संकल्पनया शिवस्य॥
मुख्यशब्दजपतो मुनीश्वराः सत्यमेव परमेश्वरो भवेत्।
तस्य वक्त्रकमले सदाशिवो नृत्यति स्म परमेशया सह॥ **इत्यादि।**

अब आचार्य इस विषय को यहाँ समाप्त करते हैं। इसके आगे छलाक्षर-सूत्रोक्त रीति से ही प्रत्येक नामों की अक्षर-संख्या की गणना करने के लिये सूत्रकार श्लेष से गुरु को प्रणाम करते हैं—

"मन्त्राद्यो जयति गुणी नवचरणस्त्रिंशदर्धाभः।
एकार्धत्रयदेहो भूमदहारीत सप्तपाल्लेशः" ॥

इसका आशय—मन्त्रों के आदि मूलकारण श्रीगुरु सार्वभौम की जय हो।

"मोक्षस्य मूलं **यज्ज्ञानं** तस्य मूलं महेश्वरः।
तस्य पञ्चाक्षरो मन्त्रो मन्त्रमूलं गुरोर्वचः" ॥

यह वचन है। अब विशेषणों के द्वारा विवरण प्रस्तुत है—गुणी वस्तुतः निर्गुण होने पर भी **"विद्यावतारसंसिद्ध्यै स्वीकृतानेकविग्रह"** इस सिद्धान्त के अनुसार सगुण हुए। **नवचरणः**—नव अर्थात् नित्य-नूतन रक्त-शुक्ल नामक जिनके चरण हैं। **"रक्तशुक्लप्रभामिश्रमतर्क्यं त्रैपुरं महः"** इत्यादि वचन हैं, अथवा **"पवित्रं चरणं चक्रं लोकद्वारं सुदर्शनम्"** इस कोष के अनुसार नवचक्रात्मक स्वरूप वाले, त्रैलोक्यमोहन से लेकर सर्वानन्दमय तक नवचक्रात्मक श्रीचक्र से अभिन्न। **त्रिंशतामर्ध**—तीस का आधा पन्द्रह, इससे पञ्चदशाक्षरी श्रीविद्या से साम्य सिद्ध हुआ। अभेद में भी साम्य की कल्पना की जाती है, "निरञ्जनः परमं **साम्यमुपैति**" इत्यादि श्रुति भी है।

एकार्धत्रयदेहः—एक अर्थात् मुख्य और अर्ध और त्रय। इसे ही तन्त्र की भाषा में "अध्युष्ट" कहा गया है। सार्धत्रिवलयाकार कुण्डलिनी ही सर्व देवता रूप है, वही गुरु है। **भूमदहारी**—भू तुल्य महामद का हरण करने वाले, अथवा भूमा ब्रह्मानन्द है, उसको देने वाले, अतएव हारी मनोहर। **"यो वै भूमा तत्सुखम्"** श्रुति है। **सप्तपाल्लेशः**—"प्ता" शब्द जटा का वाचक है, **"प्ताभिः सहितः सप्तः परमशिवः" "तस्य पादौ लाति आदत्ते"** इस समास के अनुसार "सप्तपाल्ला" का अर्थ है शिवपद-भक्ति। इसके आगे "इता प्राप्ता सप्तपाल्ला येन सः, अत एव ईशः परमशिवः," इत्यादि व्युत्पत्ति से शिवभक्ति के बल से उनसे प्राप्त करने वाले ऐसा अर्थ हुआ। **"प्ता"** यह एकाक्षर जटा का वाचक प्रसिद्ध है। सूर्यशतक का प्रयोग है— **"सप्ताः सप्ताश्वनुन्नारुणकिरणनिभाः पातु बिभ्रत् त्रिनेत्रः"**।

आदित्यपुराण में प्रसिद्ध पश्चिम समुद्र के तटवर्ती सप्तकोटीश्वर के नाम-निर्वाचन में यह श्लोक है—

"अद्याप्यस्ति विपश्चितामपि महत् सन्देहकोटिद्वयं
यः श्रुत्या जगदीश्वरो निगदितः सप्तः किमप्तोऽथ सः।
तत्रेशः प्रथमैव कोटिरिति किं निश्चायनाय स्वयं
नाम्नैव **प्रथितोऽभवत्परशिवः** श्रीसप्तकोटीश्वरः ॥

यह श्लोक "सेतुबन्ध" व्याख्या के अन्त में श्रीभास्करराय जी ने दिया है। इसमें "सप्त" और "अप्त" ये शब्द सजट और निर्जट के वाचक होकर शिव और विष्णु के बोधक हैं। इस रीति से आगे के उत्तर श्लोकों का प्रकृत और अप्रकृत अर्थ बताया जा सकता है; परन्तु अप्रासङ्गिक और निष्प्रयोजन होने से नहीं लिखा गया। अब आगे नाम-विभागपरक व्याख्या लिखी जायेगी–

"मन्त्राद्यो जयति"–मन्त्रों के प्रारम्भ में उच्चारणीय प्रणव की जय हो। **"ॐकारो वर्तुलस्तारो मन्त्राद्यः प्रणवो ध्रुवः"**–मातृकाकोष। कालिकापुराण में भी **"स्रवत्यनोंकृतं पूर्वं परस्ताच्च विशीर्यते"** कहा है। इस तरह आदि और अन्त में प्रणव का उच्चारण विहित है। इसीलिये शाट्यायन का कथन है–**"दानयज्ञतपःस्वाध्यायजपध्यान-सन्ध्योपासनप्राणायामहोमदेवपित्र्यमन्त्रोच्चारणब्रह्मारम्भादीनि प्रणवमुच्चार्य प्रवर्तयेत्"**। कात्यायन ने भी प्रणव के विषय में **"ब्रह्मारम्भे विरामे च यागहोमादिषु शान्ति-पुष्टिकर्मसु चान्येष्वपि काम्यनैमित्तिकादिषु सर्वेषु विनियोगोऽस्य"** यह लिखा है। दाल्भ्यपरिशिष्ट में भी वचन है–

"ब्रह्मयज्ञो जपो होमो देवर्षिपितृकर्म च।
अनोङ्कृत्य कृतं सर्वं न भवेत्सिद्धिकारकम्"॥

इसीलिये **"ओङ्कारेण सर्वावाक् सन्तृण्णा"** यह श्रुति है। सभी मन्त्र ओङ्कार-सम्पुटित होने चाहिये, यह तात्पर्य है। "उतृदिर् हिंसानादरयोः" इस धातु से समुप-सृष्ट होने पर उभय मेलनार्थकता से दीर्घसोम होने पर "संतृण्णौ" इस विधि में **"न संतृणत्यसंतृणे हि हनु"** इस निषेध में भी प्रयोग देखा गया है।

अब दूसरी शङ्का की जा रही है–यदि सहस्रनाम स्तोत्र को **"मन्त्र"** माना गया हो तो प्रणव का सम्पुट उचित है; परन्तु वही सिद्ध नहीं है। यदि यह कहें कि "त्रिशतीस्तोत्र" में मन्त्रत्व का विधान किया है–

"मन्त्रात्मकत्वमेतेषां नाम्नां नामात्मताऽपि च"।

इस पर भी विचारणीय है–**"तच्चोदकेषु मन्त्राख्या"** इस अधिकरण में जो मन्त्र रूप से प्रसिद्ध हो (वेद-भाग), वहीं मन्त्र पद से कहा जाता है। इस स्तोत्र में तान्त्रिकों का "मालामन्त्र" शब्द से व्यवहार है।

"शिवशङ्कररुद्रेशमहेश्वरमृडाव्यय"–इत्यादि सन्दर्भों में मन्त्रतया प्रसिद्धि नहीं है, अतः केवल नामरूपता ही मान्य है। "सहस्रनाम" शब्द से प्रसिद्ध में यह बात नहीं है। इसीलिये गणेशसहस्रनामादि ग्रन्थों में **"सहस्रनाममन्त्रोऽयं जपितव्यः शुभा प्तये"** कहा है, अतः आदि और अन्त में प्रणव की योजना आवश्यक है। उसके लिये वर्ण-भेद से स्वर-भेद आदि कालिकापुराण में निर्दिष्ट हैं–

"स उदात्तो द्विजातीनां राज्ञां स्यादनुदात्तकः।
प्रचितश्चोरुजातानां मनसाऽपि तथा स्मरेत्॥

चतुर्दशस्वरे योऽसौ शेष औकारसंज्ञकः।
स चानुस्वारचन्द्राभ्यां शूद्राणां सेतुरुच्यते ॥
शूद्राणामादिसेतुर्वा द्विसेतुर्वा यदृच्छया।
द्विसेतवः समाख्याताः सर्वथैव द्विजातयः" ॥

द्विजाति अर्थात् ब्राह्मण, राज्ञां–क्षत्रिय, उरुजात–वैश्य का "मनसाऽपि" यह केवल वैश्य के लिये है। चन्द्र का अर्थ नाद है। प्रणव का उच्चार करना है। दूसरे द्विजाति शब्द का अर्थ त्रैवर्णिक है।

आथर्वण-ब्राह्मण में वेद-भेद से स्वर की व्यवस्था कही गई है। स्वरितोदात्त एकाक्षर ओङ्कार ऋग्वेद में, त्रैस्वर्य उदात्त एकाक्षर ओङ्कार यजुर्वेद में, दीर्घप्लुतोदात्त एकाक्षर ओङ्कार सामवेद में, ह्रस्वोदात्त एकाक्षर ओङ्कार अथर्ववेद में इत्यादि तत्तत् वेदमात्र की व्यवस्था है। प्रस्तुत में उसका विचार अनावश्यक है।

इस प्रकार प्रणव का विचार कर "श्रीमाता" इत्यादि तिरसठ नामों का विभाग बना रहे हैं–"गुणीत्यादि" भाग से। यद्यपि यहाँ पर मूल परिभाषाकार के द्वारा स्वशास्त्र के लिये दी गयी उपयुक्त परिभाषा की विद्वद्गण स्वयं कल्पना कर सकते हैं, यह सोचकर विस्तार नहीं किया; परन्तु शिष्यों के बुद्धिगम्य होने के लिये आचार्य लिख रहे हैं–

"कटपयवर्गभवैः" इत्यादि पूर्व श्लोक में "ङ"कार और "ञ"कार का सङ्केत शून्य में किया है; परन्तु उसकी गणना "दशत्व" **संख्या** में की जायेगी। उसकी ही अपेक्षा है, शून्य की नहीं। "क"कार आदि से द्योतित संख्याओं के आश्रय एक-एक नामान्तर्गत अक्षर स्वररूप हैं। **"चतुरश्छयतावाद्याक्षरलोपश्च"** इस पाणिनि के सूत्र में और **"एष वै सप्तदशः प्रजापतिः"** इत्यादि श्रुतियों में भी संख्या स्वरमात्र में आश्रित है, यह स्पष्ट है। एक आदि (एक, दो, तीन आदि) संख्यावाचक पद तो जहाँ "पाद" या "अर्ध" विशेष्य हो, वहाँ पर वे पद पदार्थात्मक नामसंख्यापरक होते हैं। जहाँ पर विशेष्य के निर्देश के विना ही प्रयुक्त होते हैं, वहाँ समसंख्याक अक्षरनाम के संख्यापरक होते हैं। वहाँ पर अर्ध के, दो अर्धों की, या अनेक अर्धों की समाप्ति तक जो नाम होंगे, वे तत्पर (उतने ही अंशों पर) ही होंगे। त्रिपाद-पञ्चपाद के अन्तर्गत नामपरक न होंगे। एक, दो, तीन, चार पादों के अन्तर्गत वर्णों का साङ्केतिक अर्थ में प्रयोग न होगा। इन सभी के उदाहरण और न्याय यथावसर स्पष्ट किये जायेंगे। "गुणी" पद के "ग"कार और "ण"कार तीन और पांच संख्यापरक हैं, उस संख्या की नामविषयक विशेष्यता में तीन और पाँच नाम यह पर्यवसान हुआ, उससे भी कितने अक्षरों से एक-एक नाम हैं, यह आकाङ्क्षा निवृत्त नहीं होती। अतः आकाङ्क्षित का विधान ही ठीक है। अतः **"सोमचयनेष्टि-**

अधिकरण" न्याय से अक्षरों को ही विशेष्य मानना उचित है। उनका भी अन्य नामों से साङ्कर्य होने से विशेष्यता मानने में पूर्वोक्त दोष पुनः होगा। अतः "एक नाम के तीन अक्षर हैं" इत्यादि अर्थ ही ठीक होगा। चतुरक्षरान्तर्गत तीन अक्षरों का "अवयुत्यनुवाद" करना व्यर्थ है। इससे **"अज्राद्"** इस छलाक्षर सूत्र में स्वरों का सोलह संख्या में सङ्केत है। यह संख्या अक्षरनिष्ठ है, **हल्** उक्त संख्या तो नामपरक है। यह स्वीकार करने पर "एकनामत्र्यक्षर है" इत्यादि अर्थ करने का श्रम बच जाता है। प्रस्तुत में वर्ण एक होने से एक ही नाम है, यह अर्थ स्पष्ट होता है। "प्रथम नाम" यह तो वर्ण की प्रथमता से सिद्ध है, यह अंश सूत्रों में और यहाँ पर भी समान है। नव चरण जिस वाक्यसमूह में हैं, वह "नवचरण" है। उसका नौ प्रकार से विभाग करने से एक-एक चरणों की एक-एक नामात्मकता ध्वनित होती है। फलतः नव-शब्द की संख्या नाम में ही अन्वित होती है, अक्षरों में नहीं। इसमें नवशब्द से नवत्व संख्या की तरह "न"कार और "व"कार से उदित दस और चार संख्याओं की शीघ्र प्रतीति नहीं होती। अतः प्रतीति की शीघ्रता एवं शिथिलता से संख्यावाचक पदों के अक्षरों का मिलकर एकार्थप्रत्यायकत्व (प्रतिपादकत्व) है।

एक जगह "चरण" आदि शब्दों के सहभाव से संख्यावाचक शब्दों का नामधेयान्वित स्वार्थकत्व (नाम से अन्वित अर्थ होना) है, न कि अक्षरान्वित स्वार्थकत्व (अक्षरों से अन्वित अर्थ) है। अतः "चरण" आदि विशेष्यसूचक पद के विना भी नामान्वित स्वार्थकत्व बदला नहीं जा सकता।

एक जगह निर्णीत शास्त्रार्थ बाधक विशेष के अभाव में अन्यत्र भी स्वीकृत किया जाता है, यह न्याय है।

"आदित्यः प्रायणीयः", "पयसिचरुः" यह विधि अस्थाली वचन होने पर भी "चरु" शब्द के **"अदितिमोदनेन"** इस वाक्य शेष के बल से ओदनार्थकत्व **निर्णीत** होता है, ऐसे ही "सौर्य चरुं" इत्यादि स्थल में वाक्य-शेष न होने पर भी ओदनार्थकता स्वीकार की जाती है। इस प्रकार के साङ्कर्य को सिद्ध करने के लिये ही अक्षर-संख्या को कहने के समय "गुण" आदि अन्य शब्दों का ही प्रयोग किया है। नव, दश आदि संख्या पदों का प्रयोग नहीं किया, यह व्यवस्था है।

"त्रिंशदर्धाः"—समांश के भी "अंशत्व" मात्र की विवक्षा में "अर्ध" शब्द अनियतलिङ्ग है। **"अर्धनपुंसकम्"** इस सूत्र में "कः पुनः पुल्लिङ्गः" इत्यादि भाष्य की अनियतलिङ्गपरक ही कैयट ने व्याख्या की है। "वा पुंस्यर्धम्" यह कोष भी है। इससे सोलह-सोलह अक्षरों वाले तीस नाम हैं, यह अर्थ हुआ। "भ" कार से चार अक्षरों वाला एक नाम सूचित हुआ। इसके "एक" पद के आगे एक नाम है यह सिद्ध होने पर पूर्वोक्त न्याय से द्वादशाक्षर सिद्ध हुआ। एक अर्थ में उतना ही

परिशेष होता है। अर्ध के आगे "अर्धान्तर" ग्रहण से उस बीच में नाम-समाप्ति न होगी। "यतिर्विच्छेदे" इस पिङ्गल सूत्र से अर्धान्त में अवसान का विधान है। अवसान से पदसमाप्ति ही सूचित होती है। अर्ध से न्यून ही नाम समाप्त हो यह नहीं कह सकते, ऐसी स्थिति में एक पद व्यर्थ होगा। "रूप" पद से द्वादश संख्या उक्त परिभाषा के अनुसार बनने पर भी "द्व्यक्षर" और "एकाक्षर" नाम हैं, ऐसा भ्रम न हो, अतः वह नहीं कहा गया। इसलिये दस से अधिक संख्या पारिभाषिक अनेक अक्षरों से साध्य होने से यहाँ परिभाषा में निर्दिष्ट नहीं हैं, यह नियम भी जानना चाहिये। उसके बाद अर्धत्रय–तीन नाम हैं, उसके आगे आठ-आठ अक्षरों से दो नाम हैं। इसके आगे क्रमशः चार, पाँच, आठ, दो–इन अक्षरों में छः नाम हैं। उसके बाद सात चरणों से सात नाम हैं। उसके बाद तीन और पाँच से दो नाम हैं। यह परिभाषा-श्लोक का अर्थ हुआ।

अब नामों का अर्थ प्रस्तुत किया जा रहा है–

उनमें स्त्री-पुं-नपुंसक लिङ्गों वाले नामों के विशेषण रूप से उनकी क्रमशः "चिदात्मा", "ब्रह्म" इत्यादि विशेष्य समर्पक पद निर्दिष्ट हैं। पद के अनुसार ही लिङ्ग हैं क्योंकि वास्तविक रूप से ब्रह्म में एक भी लिङ्ग नहीं है। **"न स्त्री न षण्ढो न पुमान् न जन्तुः"** (विष्णुभागवत) और–

"न त्वमम्ब पुरुषो न चाङ्गना चित्स्वरूपिणि न षण्ढताऽपि ते।
नापि भर्तुरपि ते त्रिलिङ्गता त्वां विना न तदपि स्फुरेदयम्" ॥

यह कालिदास की उक्ति है। इसीलिये देवता के ध्यान में भी ऐच्छिक विकल्प कहा गया है–

"पुंरूपं वा स्मरेद् देवि स्त्रीरूपं वा विचिन्तयेत्।
अथवा निष्कलं ध्यायेत् सच्चिदानन्दलक्षणम्" ॥

विशेष्य के निर्देश के लिये ही लिङ्गत्रय में साधारण "प्रणव" का प्रथम प्रयोग होता है। उस समस्त का अर्थ ब्रह्म ही है। **"ओं तत्सदिति निर्देशो ब्रह्मणस्त्रिविधः स्मृतः"** यह भगवान् का वचन है, अथवा अकार, उकार, मकार, नाद, बिन्दुओं से अलग-अलग रूप से ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र, ईश्वर और सदाशिव के कथन से उनका "पञ्चक" रूप भी है। बृहन्नारदीय में कहा है–

"अकारं ब्रह्मणो रूपमुकारं विष्णुरूपवत्।
मकारं रुद्ररूपं स्यादर्धमात्रं परात्मकम्॥
वाच्यं तत्परमं ब्रह्म वाचकः प्रणवः स्मृतः।
वाच्यवाचकसम्बन्धस्तयोः स्यादौपचारिकः" ॥

"रूप" पद वाच्य और वाचक के अभेदाभिप्राय से "अभिन्न" अर्थ में हैं। इसीलिये भेदघटित वाच्य-वाचक भावसम्बन्ध औपचारिक और अमुख्य है, अर्थात्

"व्यावहारिक" है। इसी आशय से पुष्पदन्त ने भी कहा है–"**समस्तं व्यस्तं त्वां शरणदगृणात्योमिति पदम्**"।

यज्ञवैभवखण्ड में नानाविध अर्थ किये हैं–

"ज्ञातार्थे ज्ञातमित्येवं वक्तव्ये सति तद् विना।
ओमिति प्राह लोकोऽयं तेन ज्ञातस्य वाचकः॥
अज्ञातार्थे तथा ज्ञातमिति प्राप्ते तु वाचके।
ओमिति प्राह लोकोऽयं तेन ज्ञातस्य वाचकः॥
संदिग्धार्थे तु संदिग्धमिति प्राप्ते तु वाचके।
ओमिति प्राह लोकोऽयं तेन संदिग्धवाचकः॥
आकाशादिपदार्थानां ये शब्दा वाचका भुवि।
विना तानखिलान् शब्दान् लोक ओमिति भाषते॥
अतः प्रयोगबाहुल्यात् घटकुड्यादिशब्दवत्।
आकाशादिपदार्थानां वाचकः प्रणवः स्मृतः॥
सर्वावभासकत्वेन ब्रह्मणा सदृशः स्मृतः।
सर्वावभासकं मन्त्रमिमं जपति यो द्विजः॥
सर्वमन्त्रजपस्योक्तफलं स लभतेऽचिरात्" । इत्यादि ।

बृहत्पाराशर-स्मृति भी कहती है–

"प्रणवो हि परं तत्त्वं त्रिवेदं त्रिगुणात्मकम्।
त्रिदैवतं त्रिधामं च त्रिप्रज्ञं त्रिरवस्थितम्॥
त्रिमात्रं च त्रिकालं च त्रिलिङ्गं कवयो विदुः।
सर्वमेतत् त्रिरूपेण व्याप्तं हि प्रणवेन तु॥
अग्निः सोमश्च सूर्यश्च त्रिधामेति प्रकीर्तितम्।
अन्तःप्रज्ञं बहिःप्रज्ञं घनप्रज्ञमुदाहृतम्॥
हृत्कण्ठे तालुके चेति त्रिस्थानमिति कीर्त्यते।
अकारोकारमकारैस्त्रिमात्र उच्यते स तु॥
कर्मारम्भेषु सर्वेषु त्रिमात्रं तं प्रकीर्तयेत्।
स्थित्वा सर्वेषु शब्देषु सर्वं व्याप्तमनेन हि॥
न तेन हि विना किञ्चिद् वक्तुं याति गिरा यतः"।

गोपथ-ब्राह्मण में भी कहा है–"**ओङ्कारं पृच्छामः–को धातुः, किं प्रातिपदिकम्, किं नामाख्यातम्, किं लिङ्गम्, का विभक्तिः, कः स्वरः**"। इत्यादि विस्तृतखण्ड से उसके स्वरूप का निर्णय है। प्रपञ्चसार के प्रणव पटल में व्याख्याकार पद्मपादाचार्य ने भी पर्याप्त लिखा है। प्रणवार्थदीपिका आदि अन्य ग्रन्थों में इस पर पर्याप्त विस्तार से विवेचन किया गया है।

यहाँ तक पूर्वपीठिका का आचार्य का विचार प्रस्तुत किया गया । इसके आगे मूल सहस्रनाम भाग है, उसके प्रत्येक नाम के भाष्य का उद्धरण एवं विवेचन करना सम्भव नहीं है, अतः विशेष स्थलों में जो सिद्धान्तविषयक बातें हैं, उनका ही हम यथासम्भव विचार प्रस्तुत करेंगे ।

इस भाष्य का नाम **"सौभाग्यभास्कर"** अर्थात् सूर्य है, तदनुसार सूर्य की बारह कलाओं में इसका विभाग किया गया है । तपिनी, तापिनी, धूम्रा, मरीचि, ज्वालिनी, रुचि, सुषुम्णा, भोगदा, विश्वा, बोधिनी, धारिणी और क्षमा—ये बारह सूर्य की कलायें हैं । तत्तत् प्रकरण के अन्त में उस "कला" का निर्देश किया है । जैसे—

"इति श्रीभासुरानन्दकृते सौभाग्यभास्करे ।
उपोद्घातपरैः श्लोकैः प्रथमा तपिनी कला" ॥

अन्त में उत्तरपीठिका फलश्रुति के बाद यह श्लोक है

"इति भास्कररायेण कृते सौभाग्यभास्करे ।
जाता फलश्रुतिः श्लोकैः क्षमाख्या द्वादशी कला" ॥

तन्त्रवाङ्मय में "कला" का बहुत महत्त्व है । दार्शनिक दृष्टि से प्रमाता-प्रमाण-प्रमेय की त्रिपुटी में अग्नि प्रमाता है, सूर्य प्रमाण है, चन्द्र प्रमेय है । प्रयोग में अर्घ्यस्थापन-विधि में इन कलाओं का पूजन अत्यावश्यक है ।

यहाँ के नाम-भाग में भाष्य के विशेष अर्थों और सिद्धान्तों का दिग्दर्शन किया जा रहा है—

प्रथम नाम है **"श्रीमाता"** और अन्तिम नाम है **"श्रीललिताम्बिका"** । **"श्रीमाता"** नाम के अनेक अर्थ करते हुए आचार्य ने कहा है कि दुःख दशा में "माता" का स्मरण सबको होता है; परन्तु लौकिक माताएँ त्रि-ताप (आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक) हरण में समर्थ नहीं होतीं । अतः दुरन्त दुःखहरण करने में समर्थ जगन्माता ही हैं, उनकी दया पाने के लिये मातृ-शब्द से उसे प्रार्थना करनी चाहिये ।

श्रीशब्द के भी अनेक अर्थ हैं । उनमें लक्ष्मी और सरस्वती यह भी अर्थ है, अर्थात् लक्ष्मी-सरस्वती दोनों की भी यह माता हैं । इसीलिये लक्ष्मी, गौरी, सरस्वती इत्यादि की भी जननी होने से "परशिवमहिषी" परा भट्टारिका देवता है । निरवधिक संपत्ति मोक्ष ही है । श्रुति ने कहा है—**"सा हि श्रीरमृता सताम्"** । वेदरूप "श्री" का परिच्छेद मान करती है, तो व्यासरूपा यह भी अर्थ होता है । "श्री" विषवाचक है उसे कण्ठ में शिव ने नियन्त्रित किया । इस अर्थ में "श्रीमाता" शब्द पुल्लिङ्ग माना जायेगा । शिव और शक्ति का अभेद होने से सङ्गति में बाधा नहीं है ।

"अभियुक्तानां नाम श्रीपदपूर्वं प्रयुञ्जीत" इस नियम के अनुसार श्रेष्ठ और वन्दनीयों के लिये श्रीशब्द-योजना आवश्यक होती है।

"श्रीमाता" इस पद की मन्त्रोद्धारपरक व्याख्या भी है। "हसकलरड" इन छः व्यञ्जनों का बाला-मन्त्र के तीन स्वरों की योजना से बनने वाला मन्त्र "माता" कहा जाता है। **"माया कुण्डलिनी क्रिया मधुमती"** इत्यादि लघु स्तुति के पद्य में **"माता कुमारीत्यसि"** कहा है। उक्त मन्त्र का "माता" यह नाम है–यह भी व्याख्या हुई।

दूसरा नाम है–**"श्रीमहाराज्ञी"** इस पर व्याख्या है–नान्त (हलन्त) राजन् शब्द के बाद "ङीप्" करने पर "महत्" शब्द के साथ समास में "आन्महतः" इस नियम के अनुसार "आत्व" होने पर श्रीयुक्ता महाराज्ञी यह मध्यमपदलोपी समास कर ही प्रस्तुत "श्रीमहाराज्ञी" शब्द सिद्ध होगा। महाराज शब्द से टित्वात् ङीप् न होगा, अन्यथा महाराजी यह रूप बनता (यह व्याकरणशास्त्रीय विचार है)। इसका अर्थ है–सम्पूर्ण विश्व के पालन की अधिकारिणी। राजशब्द के शक्यतावच्छेदक नृपत्व में पालन का अर्थ निहित है। श्रुति भी है–**"येन जातानि जीवन्ति"**। इस नाम में श्रीविद्या में छिपे हुए तीन अक्षरों का उद्धार है। जिनमें एक को "षोडशी कला" कहा गया है। **"सच्छिष्यायोपदेष्टव्या गुरुभक्ताय सा कला"** इस वचन के अनुसार आधुनिक अनेक लोगों ने गुरुमुख से जाना होगा। **"शिवः शक्तिः कामः"** इत्यादि सौन्दर्यलहरी के व्याख्यान में प्रकट चार लक्ष्मी-मन्त्रों में प्रथम मन्त्र इसमें व्यक्त हुआ। शेष दो अक्षर प्रकाश-विमर्शरूप हैं; क्योंकि सङ्केत- पद्धति का वचन है–

"अकारः सर्ववर्णाग्र्यः प्रकाशः परमः शिवः।
हकारोऽन्त्यः कलारूपो विमर्शाख्यः प्रकीर्तितः"॥

यह दोनों भी रहस्य रूप होने से योगिनीहृदय में गूढार्थ श्लोक से ही निर्दिष्ट हैं–

"मध्यबिन्दुविसर्गान्तः समास्थानमये परे।
कुटिलारूपके तस्याः प्रतिरूपं वियत्कला"॥

इसकी व्याख्या वरिवस्यारहस्य और सेतुबन्ध में आचार्य ने की है। इसी नाम में "राज्ञी" इस अंश से "मायाराज्ञी" मन्त्र का उद्धार है। इसीलिये "टच्" प्रत्ययान्त प्रयोग नहीं हुआ।

तीसरा नाम है–**"श्रीमत्सिंहासनेश्वरी"**। इसकी व्याख्या निम्नाङ्कित है–राजा से अधिष्ठित आसन को सिंहासन कहा जाता है। आसनों में सिंह शब्द श्रेष्ठ के अर्थ में है। राजदन्तादित्व के कारण पूर्वनिपात है। श्रीमत् प्रपञ्चसाम्राज्यलक्ष्मी की तरह जो सिंहासन है, उसकी ईश्वरी स्वामिनी, अथवा सिंह से अभिन्न आसन यह अर्थ है। देवी का सिंह आसन है। देवीपुराण में नाम-निर्वचनाध्याय में वचन है–

"सिंहमारुह्य कन्यात्वे निहतो महिषोऽनया।
महिषघ्नी ततो देवी तथा सिंहासनेश्वरी"॥

अथवा सिंह शब्द हिंसार्थक है। वैयाकरणों का कथन है–

"हिसिधातोः सिंहशब्दो वशकान्तौ शिवः स्मृतः।
वर्णव्यत्ययतः सिद्धौ पश्यकः कश्यपो यथा" ॥

उससे सिंह शब्द से असन-क्षेपण या शत्रु-निरास यह अर्थ है। "असु क्षेपणे" इस धातु से ल्युट्-प्रत्यय है, अर्थात् संहार करने में समर्थ। श्रुति भी कहती है– **"यत् प्रयन्त्यभिसंविशन्ति"**, अथवा "म"कार पञ्चसंख्या का सूचक है।

सिंहासन नाम से प्रसिद्ध चैतन्यभैरवी से सम्पत्प्रदा भैरवी तक आठ मन्त्र हैं। उनमें तीन युग्म रूप हैं, दो एक-एक रूप हैं, इस प्रकार पाँच ही हैं। इन्हें दिशाओं में एवं मध्य में रखते हुए ज्ञानार्णव ने सूचित किया है–

"पञ्चसिंहासनगता कथं सा त्रिपुरा परा।
कथयस्व महेशान कथं सिंहासनं भवेत्" ॥

इस प्रश्न के बाद उत्तर में–

"प्रथमं शृणु देवेशि ब्रह्मा सृष्टिकरो यदा।
निश्चेतनोऽथ देवेशीं तदा त्रिपुरसुन्दरीम् ॥
समाराध्याभवत्कर्त्ता सृष्टेस्तु परमेश्वरि।
ब्रह्माणं तं समाराध्य तपसा महता प्रिये ॥
शक्रोऽभूद्देवराजोऽयं पूर्वस्यां दिशि पालकः।
तदा प्रसन्ना त्रिपुरा पूर्वसिंहासने स्थिता" ॥

इत्यादि विवरण किया है, उन पाँच सिंहासनों का ईश्वरी इत्यादि मन्त्रोद्धार भी किया गया है।

इस प्रकार प्रारम्भ में सृष्टि, स्थिति और लय के कर्तृत्व से "ब्रह्म" को लक्षित कर प्रस्तुत पुराण (ब्रह्माण्डपुराण) में निर्दिष्ट माता के प्रादुर्भाव आदि कथा-भाग को क्रमशः कहने के लिये तथा तिरोधान और अनुग्रह नामक बन्ध और मोक्षप्रदा भी वही है, यह सब सूचित करते हुए **"चिदग्निकुण्डसम्भूता"** आदि नाम प्रवृत्त होते हैं। यहाँ से लेकर "शिवशक्त्यैक्यरूपिणी" तक यही विषय का लक्ष्य है।

चिदग्निकुण्डसम्भूता–

चित् शब्द से केवल ब्रह्म लिया गया, वही अग्निकुण्ड है, अविद्यात्मक अन्धकार का विरोधी होने से। **"अन्तर्निरन्तरनिरिन्धनमेधमाने मोहान्धकारपरिपन्थिनि संविदग्नौ"** इस प्राचीन उक्ति में "चिद्वह्नि" यह रूपकात्मक प्रयोग देखा गया है। शक्तिसूत्र भी है–**"चिद्वह्निरवरोहपदे छन्नोऽपि चिन्मात्रया मेयेन्धनं पुष्यति"**। इसका भाष्य है–**चितिरेव विश्वग्रसनशीलत्वात् वह्निः**। उसमें सम्यक् अभेद से भूत स्थित चैतन्याख्य धर्मरूप से अवस्थित है, जात (उत्पन्न) नहीं है। "तत्र जातः, "तत्र भवः" इस प्रकार पाणिनि ने "भू" और "जनि" धातु को भिन्न माना है और शक्ति-शक्तिमान् का अभेद कहा है।

संक्षेपशारीरकाचार्य भी कहते हैं–**"चिच्छक्तिः परमेश्वरस्य विमला चैतन्यमेवोच्यते"** अथवा प्रसिद्ध अग्निकुण्ड ही चित् है। यहाँ चिदग्नि पदों का उपमित समास मानकर व्याख्या है। **"ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात् कुरुतेऽर्जुन"** इत्यादि प्रसिद्ध है। उसके कुण्ड से सम्भूत अर्थात् प्रादुर्भूत हुई। **"धुन्धुमारस्ततोऽभवत्"** इत्यादि स्थल में "भवति" का उत्पत्ति के अर्थ में भी प्रयोग है।

रेणुकापुराण में कहा गया है–**"रेणुनामाभवत्पुत्र इक्ष्वाकुकुलवर्धनः"** यहाँ से आरम्भ कर उसका तप करना और देवी से वर प्राप्त करना इत्यादि वर्णन करने के बाद लिखा है–

"एतस्मिन्नन्तरे यज्ञे वह्निकुण्डाच्छनैर्द्विजाः।
दिव्यरूपान्विता नारी दिव्याभरणभूषिता" ॥

इत्यादि प्रारम्भ कर–

"वह्नेः शीतांशुबिम्बाभा सहसा निर्गता बहिः।
एकैव तु जगद्धात्री द्वितीया नास्ति काचन" ॥

यहाँ तक। ब्रह्माण्डपुराण में भी भण्डासुर से पीड़ित इन्द्र को देखकर **"कुण्डं योजनविस्तारं सम्यक्कृत्वाऽतिशोभनम्"** इत्यादि कथा में चिदग्निकुण्ड में देवताओं के द्वारा अपने मांस की आहुति देने पर आगे लिखा है–

"होतुमिच्छत्सु देवेषु कलेवरमनुत्तमम्।
प्रादुर्बभूव परमं तेजःपुञ्जमयं महत् ॥
कोटिसूर्यप्रतीकाशं चन्द्रकोटिसुशीतलम्।
तन्मध्यतः समुदभूत् चक्राकारमनौपमम् ॥
तन्मध्यतो महादेवीमुदयार्कसमप्रभाम्" ॥

इत्यादि कथा के आगे–

"तां विलोक्य महादेवीं देवाः सर्वे सवासवाः।
प्रणेमुर्मुदितात्मानो भूयो भूयोऽखिलात्मिकाम् ॥"

इत्यादि कथा का सविस्तार वर्णन है।

जो "नित्या" है, अर्थात् नित्य ही वर्तमान है, उसकी उत्पत्ति कैसे मानी जाय? इस बात की सङ्गति अग्रिम नाम से की जाती है।

देवकार्यसमुद्यता–

भण्डासुर, महिषासुर आदि का नाश करना देवताओं के लिये ही है। इसलिये अवतार का हेतु भी लोकानुग्रह ही है। मार्कण्डेयपुराण में कहा है–

"देवानां कार्यसिद्ध्यर्थमाविर्भवति सा यदा।
उत्पन्नेति तदा लोके सा नित्याप्यभिधीयते" ॥

और कूर्मपुराण में भी कहा है–

"अहं वै याचिता देवैः संस्मृता कार्यगौरवात् ।
विनिन्द्य दक्षं पितरं महेश्वरविनिन्दकम् ॥
धर्मसंस्थापनार्थाय तवाराधनकारणात् ।
मेनादेहात्समुत्पन्ना त्वामेव पितरं श्रिता" ॥

यह हिमवान् के प्रति देवी का वाक्य है।

यहाँ तक चिद्रूप से प्रकाशात्मकता बताकर आगे विमर्शात्मक रूप कहा जा रहा है।

उद्यद्भानुसहस्राभा–

उदय काल के लाल सूर्य की सहस्र-संख्या के सदृश आभा अर्थात् कान्ति वाली। स्वतन्त्रतन्त्र का वचन है–

"स्वात्मैव देवता प्रोक्ता ललिता विश्वविग्रहा ।
लौहित्यं तद्विमर्शः स्यादुपास्तिरिति भावना" ॥

वामकेश्वरतन्त्र का भी वाक्य है–**"स्वयं हि त्रिपुरा देवी लौहित्यं तद् विमर्शनम्"**। इन उल्लिखित वचनों का आशय यह है कि स्वात्मा ही श्रीललिता देवी है, वही विश्वरूपिणी है और उसका लौहित्य लालवर्ण है। इस भावना का ही नाम उपासना है। यही विमर्श या स्वरूप परामर्श है। शैवशास्त्रों में प्रकाश-विमर्शात्मक ही परमतत्त्व माना गया है।

इस प्रकार प्रकाश और विमर्श की सामरस्यात्मिका भगवती के तीन रूप हैं– स्थूल, सूक्ष्म और पर। कर-चरणादि युक्त स्थूल है, मन्त्रात्मक सूक्ष्म है और वासनात्मक पर है। योगवासिष्ठ में कहा है–

"सामान्यं परमं चेति द्वे रूपे विद्धि मेऽनघ ! ।
पाण्यादियुक्तं सामान्यं यत्तु मूढा उपासते ॥
परं रूपमनाद्यन्तं यन्ममैकमनामयम् ।
ब्रह्मात्मा परमात्मादिशब्दैनैतदुदीर्यते" ॥

अन्य भी वचन है–**"सामान्यं द्विविधं प्रोक्तं स्थूलसूक्ष्मविभेदतः"**। गङ्गा आदि नदियों का जलादिमय रूप है, जो स्थूलतर कहा जायेगा। सूक्ष्म भी तीन प्रकार का है। उनमें स्थूल का निर्देश कर रहे हैं–

चतुर्बाहुसमन्विता–

ध्यानोक्त अवयवों या मन्त्रों का यह उपलक्षण है अथवा "इच्छा" है। इसे बाहु मात्र परक माना जाता है। बाहु-प्रसङ्ग से आयुधों का त्रिविध रूप स्पष्ट किया है।

रागस्वरूपपाशाढ्या–

राग अनुरक्ति नामक चित्तवृत्ति विशेष है अथवा "इच्छा" है। इस स्थूल पाश का राग ही वासनामय स्वरूप है। उससे आढ्य वाम बाहु नीचे का है।

क्रोधाकाराङ्कुशोज्ज्वला—

क्रोध द्वेष नामक चित्तवृत्ति है। "आकार" शब्द में "अर्श" आदि से "अच्" मानकर सविषयक ज्ञान लिया गया है। "घटोऽयम् इत्याकारकं ज्ञानम्" ऐसे प्रयोग में भी विषय के लिये आकार शब्द का प्रयोग किया जाता है। "क्रोध" पद ही ज्ञानपरक है, यह भी किसी का मत है। यह बात "क्रोधोऽङ्कुशः" इस श्रुति की विरोधी है। आगे कहे गये स्मृतिवचन से ज्ञान पद की क्रोधपरता सम्भव होगी, अतः यह मत उपयुक्त नहीं है। अतः द्वेष-ज्ञान उभयात्मक अङ्कुश से उज्ज्वला— यह अर्थ है। यह आयुध दक्षिण भाग के नीचे वाले हाथ में है। पूर्व चतुःशती शास्त्र का मत है—"**पाशाङ्कुशौ तदीयौ तु रागद्वेषात्मकौ स्मृतौ**"। तन्त्रराज के वासना पटल में भी कहा है—

"मनो भवेदिक्षुधनुः पाशो राग उदीरितः।
द्वेषः स्यादङ्कुशः पञ्चतन्मात्रा पुष्पसायकाः" ॥ इत्यादि ।

उत्तरचतुःशती शास्त्र में प्रकारान्तर से कहा है—

"इच्छाशक्तिमयं पाशमङ्कुशं ज्ञानरूपिणम्।
क्रियाशक्तिमये बाणधनुषी दधदुज्ज्वलम्" ॥

मनोरूपेक्षुकोदण्डा—

संकल्प-विकल्पात्मक क्रियारूप मन ही जिसका रूप है, इस प्रकार का इक्षुदण्डात्मक (ईख का दण्ड) कोदण्ड अर्थात् धनुष वामभाग के ऊपर वाले हाथ में है।

पञ्चतन्मात्रसायका—

पाँच संख्या की तन्मात्रायें अर्थात् शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध। यही पञ्च महाभूतों का वास्तविक रूप है। महास्वच्छन्द-सङ्ग्रह का वचन है—

"भूतमात्रस्वरूपोऽर्थविशेषाणां निरूपकः।
शब्दस्तु शब्दतन्मात्रं मृदूष्णकविनिश्चयः॥
विशिष्टस्पर्शरूपश्च स्पर्शतन्मात्रसंज्ञकः।
नीलपीतत्वशुक्लत्वविशिष्टं रूपमेव च॥
रसतन्मात्रसंज्ञं तु सौरभ्यादिविशेषतः।
गन्धः स्याद् गन्धतन्मात्रं तेभ्यो वै भूतपञ्चकम्" ॥

ये ही तन्मात्रायें भगवती के बाण हैं, जिन्हें दाहिने ऊर्ध्व हस्त में धारण किया है। वामकेश्वर-तन्त्र में भी उक्ति है-

"शब्दस्पर्शादयो बाणा मनस्तस्याभवद् धनुः"।

कादिमत में–

"बाणास्तु त्रिविधाः प्रोक्ताः स्थूलसूक्ष्मपरत्वतः।
स्थूलाः पुष्पमयाः सूक्ष्मा मन्त्रात्मानः समीरिताः॥
पराश्च वासनायां तु प्रोक्ताः स्थूलान् शृणु प्रिये।
कमलं कैरवं रक्तं कल्हारेन्दीवरे तथा।
सहकारकमित्युक्तं पुष्पपञ्चकमीश्वरि" ॥ इत्यादि।

कालिकापुराण में इनके नाम भी कहे हैं–

हर्षणं रोचनाख्यं च मोहनं शोषणं तथा।
मारणं चेत्यमी बाणा मुनीनामपि मोहदाः॥ इत्यादि।

ज्ञानार्णव में भी रूपान्तर से नाम कहे गये हैं–

क्षोभणं द्रावणं देवि ! तथाकर्षणसंज्ञकम्।
वश्योन्मादौ क्रमेणैव नामानि परमेश्वरि॥

तन्त्रराज में–

मदनोन्मादनौ पश्चात्तथा मोहनदीपनौ।
शोषणश्चेति कथिता बाणाः पञ्च पुरोदिताः॥

अब पूर्वोक्त नामों से आचार्य ने आयुधमन्त्रों का उद्धार प्रदर्शित किया है– "रश्च अगश्च स्वं च तेषां समाहारो रागस्वम्"। "अग" शब्द से स्थाणु (शिव) "ह"कार हुआ। "**हः शिवो गगनं स्थाणुः**" यह कोश है। "स्वं" सबिन्दुक ईकार है। उससे रेफ हकार–ईकार बिन्दुओं का समाहार करने से सूक्ष्म रूप पाश सिद्ध हुआ। "ह" कार के आगे रेफ सम्प्रदायानुसार मान्य है।

क्रोधाकाराङ्कुशोज्ज्वला–

क्रो च धश्च आ च क्रोधाः । इसके आगे "कार" प्रत्यय द्वन्द्वान्त में होने से प्रत्येक में लगेगा–क्रोकार धकार आकार। "अङ्कुशेन उज्ज्वला" का अर्थ है– अनुस्वार से सुशोभित। "कौ शेत इति कुशः, अङ्काराभिन्नः कुशः अङ्कुशः" यह भी व्याख्या होगी।

मनोरूपेक्षुकोदण्डा–

"मन"–यह "थ"कार की संज्ञा है। "थ"कार के अधिकार में "दक्षनासाधिपो मनः" यह कोष है। "कोदण्ड" अनुस्वार का नाम है। "अङ्कारश्चञ्चुकोदण्डः" यह कोष है। मनोरूप कोदण्ड "थ"कार से अभिन्न ओङ्कार है। क्रोधाकारादि नामों में दकार, रेफ, ककार, लकार, यकार, सकार, वकार हैं, जिनके साथ क्रमशः आ, ई, ऊ स्वर सबिन्दुक विवक्षित हैं। यह आयुध-मन्त्रों का सङ्केत है। बाणबीज शिव और शक्ति के यां रां लां वां सां तथा द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः हैं। सम्प्रदायानुसार इनका विधान है। बीजों का विभाग एवं व्यवहार गुरु-परम्परा से जानना चाहिये।

निजारुणप्रभापूरमज्जद्ब्रह्माण्डमण्डला--

भगवती के अरुण प्रभा के पूर (प्रवाह) में समस्त ब्रह्माण्ड-मण्डल मग्नवत् भासमान हो रहा है। प्रातःकालिक सौभाग्यादि न्यास-प्रकरण में इस प्रकार का ध्यान निर्दिष्ट है।

इसके आगे भगवती की अग्निकुण्ड से स्थूल रूप की उत्पत्ति के कारण उसमें प्रथमतः मस्तक ही दृश्य है, अतः मस्तक से ही वर्णन आरम्भ हुआ है। अन्यत्र सामान्य नियम है कि मानवों का वर्णन मस्तक से पैर तक तथा देवताओं का पैर से मस्तक तक किया जावे। इसका अपवाद भी है–आचार्य शङ्कर के स्तोत्रों में शिवपादादि केशान्त वर्णन और शिवकेशादि पादान्त वर्णन उपलब्ध होता है। प्रस्तुत स्थल में "महायाग" के अग्निकुण्ड से प्रादुर्भाव के समय मस्तक ही दृश्य होगा, अतः वही क्रम लिया गया है।

चम्पकाशोकपुन्नागसौगन्धिकलसत्कचा–

चम्पक आदि शब्द वृक्ष के अर्थ में होने पर भी उनके पुष्पों में भी निरूढ लक्षणा से बोधक हैं। यहाँ पर पुष्प तो शोभाधायक हैं ही; परन्तु "लसत्" क्रिया को अन्तर्भावित ण्यर्थ मानने पर केशों का सौरभ भी पुष्पों में आता है, यह भी अर्थ होता है। प्राचीन कवि की उक्ति की है–

जानासि पुष्पगन्धान् भ्रमर त्वं ब्रूहि तत्त्वं मे।
देव्याः केशकलापे गन्धः केनोपमीयेत॥

कुरुविन्दमणिश्रेणीकनत्कोटीरमण्डिता–

कुरुविन्द नामक पद्मराग मणि हैं, जो कामादि रागवर्धक है। गरुडपुराण के रत्नाध्याय में लिखा है–

"तस्यास्तटेषूज्ज्वलचारुरागा भवन्ति तोयेषु च पद्मरागाः।
सौगन्धिकोत्थाः कुरुविन्दजाश्च महागुणाः स्फाटिकसम्प्रसूताः" ॥

सौगन्धिक-कुरुविन्द-स्फटिकादि के अन्तर्गत पाषाण-भेद है। उनमें कुरुविन्द के गर्भ से ही पद्मरागों की उत्पत्ति होती है। "तस्याः" का तात्पर्य रावण-गङ्गा से है। कहा भी है–

"ये तु रावणगङ्गायां जायन्ते कुरुविन्दकाः।
पद्मरागा घनाकारं बिभ्राणाः सुस्फुटार्चिषः" ॥

इनका वर्ण (रंग) भी अनेक प्रकार का उपवर्णित है–

"बन्धूकगुञ्जाशकलेन्द्रगोपजपाशशासृक्समवर्णशोभाः।
भ्राजिष्णवो दाडिमबीजवर्णास्तथापरे किंशुकवर्णभासः" ॥ इत्यादि।

इनकी विशेष गुणवत्ता भी कही है–

"कामानुरागः कुरुविन्दजेषु
शनैर्न तादृक् स्फटिकोद्भवेषु ।
माङ्गल्ययुक्ता हरिभक्तिदाश्च
वृद्धिप्रदास्ते स्मरणाद् भवन्ति" ॥ इत्यादि ।

इस प्रकार के मणियों की पङ्क्ति से दीप्यमान कोटीर अर्थात् मुकुट से मण्डित । तात्पर्य यह है कि इस प्रकार के देवी के ध्यान से भक्ति आदि गुणों की वृद्धि होती है ।

अष्टमीचन्द्रविभ्राजदलिकस्थलशोभिता–

चन्द्र की आठवीं कला जिस तिथि में बढ़ती या घटती है, वह तिथि अष्टमी नामक है, उसका चन्द्र आठ कलाओं से युक्त अर्ध-चन्द्र होता है । भगवती का ललाट स्थल अर्धचन्द्र के समान शोभित है ।

मुखचन्द्रकलङ्काभमृगनाभिविशेषका–

मुख ही चन्द्र है, यह रूपक हुआ । उसके कलङ्क के तुल्य मृगनाभि अर्थात् कस्तूरी का विशेषक तिलक है जिसका । कलङ्क और तिलक में उपमान-उपमेय भाव है ।

अब इसके आगे बीच-बीच में नामों को छोड़ते हुए ही हम विशिष्ट व्याख्या का आशय लिख रहे हैं ।

वक्त्रलक्ष्मीपरीवाहचलन्मीनाभलोचना–

मुखकान्ति के परीवाह अर्थात् जलपूर में चंचल रहने वाले मीनों (मत्स्यों) के समान भगवती के नयन हैं । इसमें यह ज्ञातव्य है कि मत्स्यों के देखने मात्र से उनके बच्चों की अभिवृद्धि होती है । वे स्तनपान नहीं करातीं । उससे यह तात्पर्य हुआ कि भगवती के कटाक्षपात मात्र से भक्तों का पोषण होता है ।

ताटङ्कयुगलीभूततपनोडुपमण्डला–

सूर्य और चन्द्र भगवती के कर्णाभरण बने । अतः अभूत तद्भाव में "च्वि" प्रत्यय किया गया । इस विषय में वचन है–

"सूर्यचन्द्रौ स्तनौ देव्यास्तावेव नयने स्मृतौ ।
उभौ ताटङ्कयुगलमित्येषा वैदिकी श्रुतिः" ॥

शुद्धविद्याङ्कुराकारद्विजपङ्क्तिद्वयोज्ज्वला–

"सा भवति शुद्धविद्या येदन्ताऽहन्तयोरभेदमयतिः" इत्यादि दत्तात्रेय-संहिता के अनुसार श्रीविद्या का उस विद्या से अभेद मानकर ही शुद्ध-विद्या कहा गया है ।

अविद्या रूपी मल की प्रतिस्पर्धिनी होने के कारण शुद्ध-विद्या शब्द से कही गई षोडशी विद्या के अङ्कुरों के समान भगवती की दोनों दन्त-पङ्क्तियाँ हैं, उससे शोभित होने वाली। श्रीमाता के मूलाधार चक्र से लेकर परा-पश्यन्ती आदि क्रम से वैखरी वर्णों के रूप में षोडशी विद्या मुख से निकली। कालान्तर में गुरु-शिष्य-परम्परा से कर्णोपदेश से प्रवृत्त हुई। उसमें शब्दब्रह्म रूप बीज की उच्छूनता अवस्था परा है, स्फुटितावस्था पश्यन्ती है, मुकुलित और अव्यक्त दलद्वय की अवस्था मध्यमा है। सम्यक् विकास के बाद फैलने वाले दलद्वय की अवस्था वैखरी है। उसे ही "अङ्कुर" कहा गया है। उस अवस्था में दाँतों से तुलना की जा सकती है। सोलह अङ्कुरों में प्रति अङ्कुर दो दल मानकर बत्तीस दातों की संख्या होगी। अतः वे ही अङ्कुर मूर्तिमान् भगवती के दन्त हैं। यहाँ पर "द्विज" शब्द के श्लेष द्वारा अन्य अर्थ भी समासोक्ति अलङ्कार से ज्ञेय हैं; क्योंकि वेदादि सभी विद्याएँ ब्राह्मणों के आश्रय में ही रहती हैं–**"विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम"** यह श्रुति है।

उसमें प्रतिष्ठित होकर अन्यत्र भी विस्तार को प्राप्त करती है। इस कारण से ब्राह्मण ही विद्याङ्कुर हैं। उससे यह अर्थ निकला–शुद्ध अर्थात् निर्मल या जो विद्याङ्कुराकार ब्राह्मणों की पङ्क्तियाँ ही दन्त रूप हैं, उनसे उज्ज्वला। **"ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्"** इत्यादि प्रमाणानुसार अम्बा के मुख से उनकी उत्पत्ति हुई है, अतः वे ही मूर्तिमान् दन्त हैं, अथवा–**"शुद्धविद्या च बाला च द्वादशार्धा मतङ्गिनी"** इत्यादि के क्रम से अनुत्तर पर्यन्त द्वात्रिंशत् (बत्तीस) दीक्षायें तन्त्रों में प्रसिद्ध हैं। उन्हीं को द्विज-पङ्क्ति शब्द से कहा है। दीक्षा भी जन्म का रूप है। उपनयन से यह द्वितीय है, अतः **"दीक्षाजन्म तृतीयं स्यात्"** कहा गया है। अर्थात् माता के उदर से जन्म को लेकर दीक्षा तृतीय जन्म होती है। अथवा शुद्धविद्या त्र्यक्षरीविद्या वही अङ्कुर अर्थात् आरम्भ है, जिसका आकार में दो "अ"कार मानकर अनुत्तर-दीक्षा पर्यन्त यह अभिविधि रूप अर्थ भी होगा।

"शुद्धविद्याङ्कुरा च सा आकारा च सा द्विजपङ्क्तिश्चेति" ऐसा कर्मधारय समास करने के बाद उसके द्वय से उज्ज्वला भासमान हैं, यह अर्थ होगा। तात्पर्य यह है कि–सम्प्रदाय-क्रम से लभ्य बत्तीस दीक्षाओं से शुद्धान्तःकरण बने पुरुष-श्रेष्ठों से ही यह विद्या लभ्य है।

मन्दस्मितप्रभापूरमज्जत्कामेशमानसा–

स्मित का अर्थ मन्द हास है, वह भी मन्द है, उसके प्रभापूर लावण्यप्रवाह में "मज्जत्" अर्थात् मग्न हो रहा है, न कि मग्न हुआ ; क्योंकि जो एक जगह मग्न होगा, वह अन्य अवयवों में जा नहीं सकता, अतः वर्तमानकालिक निर्देश है।

"कामकला" के शरीर में रहने वाला बिन्दु, जिसे अग्नीषोमाख्य "रवि" कहा गया है। कामकलाविलास में लिखा है–

"बिन्दुरहङ्कारात्मा रविरेतन्मिथुनसमरसाकारः।
कामः कमनीयतया कला च दहनेन्दुविग्रहो बिन्दुः" ॥

वही ईश्वर राजराजेश्वर है। उसका मानस मग्न हो रहा है। मीमांसक के मत में मन विभु है। उसका मज्जन कहने से प्रभापूर की निरवधिकता द्योतित हो रही है।

लक्ष्यरोमलताधारतासमुन्नेयमध्यमा–

इस नाम की व्याख्या में न्यायशास्त्रीय शैली का चमत्कार है, **"लक्षयितुं योग्या लक्ष्या ज्ञाप्यमाना"** (रोमलता)। ज्ञायमान लिङ्ग ही अनुमिति के प्रति कारण होता है। लिङ्गज्ञान मात्र के कारणतावाद में भी लिङ्ग और ज्ञान के परस्पर विशेष्य-विशेषण भाव में विनिगमना (निर्णय) न होने से दोनों तरह से कारणता माननी पड़ सकती है। अनागत भी बोधाकार हो सकता है। गौतम-सूत्र भी कहता है– **"बुद्धिसिद्धं तदसत्"**। लक्ष्य तो रोमलता की आधारता रोमावली रूप वल्ली लगाने का स्थान है। आधारता सम्बन्ध से रोमलता ही लिङ्ग है–यह अर्थ हुआ। उससे सम्यक् उन्नेय अनुमेय या प्रमानुमिति विषय है मध्यभाग (वलग्न), जिसकी यह व्याख्या हुई। **"नाभ्यधःप्रदेशो मध्यमाख्यघनावयववान् रोमलतात्वात्"** यह अनुमान का प्रयोग हुआ। मध्यम का रोमलता से समर्थन करने से काव्यलिङ्ग अलङ्कार भी है।

यहाँ पर "आधारता" पद में पादान्त यति का भङ्ग आभासमान है; परन्तु इसके विषय में आचार्य का कथन है कि रातमाण्डव्यादि छन्दःशास्त्र के प्रवर्तकों ने यति को माना ही नहीं है। उनकी दृष्टि से कोई दोष नहीं आता। पिङ्गलसूत्र तो कलियुगीय ग्रन्थों के विषय में है, अतः दिव्य रचना में उस दोष का विचार नहीं होगा, यह बात छन्दोभास्कर ग्रन्थ में आचार्य ने कही है।

शिवकामेश्वराङ्कस्था–

भगवती के स्थूल रूप का निरूपण कर अब अवस्थिति (बैठने का स्थान) के विषय में यह नाम कहा जा रहा है। कमनीय (अभिलषणीय) होने से काम कहा जाता है। **"कामः कमनीयतया"** वचन है। "कामं यथेच्छं रूपं अस्य इति कामः" अर्थात् इच्छानुसार रूप ग्रहण करने वाला। इसी अर्थ में कामदेव के लिये "काम" पद का प्रयोग कालिकापुराण में प्रदर्शित है–

"जगत्सु कामरूपत्वे त्वत्समो नैव विद्यते।
अतस्त्वं कामनाम्नाऽपि ख्यातो भव मनोभव" ॥

अथवा "प्रज्ञान" काम है। श्रुति-वचन है–**"यदेतद्धृदयं मनश्चैतत्संज्ञानमज्ञानं विज्ञानं प्रज्ञानं मेधा दृष्टिर्धृतिर्मतिर्मनीषा जूतिः स्मृतिः संकल्पः क्रतुरसुः कामो वश इति**

सर्वाण्येवैतानि प्रज्ञानस्य नामधेयानि भवन्ति"। यहाँ पर प्रज्ञान शब्द से "शिव" का ही निर्देश है। स्कन्दपुराण के ब्रह्मगीता में इसका उपबृंहण किया है–**"शङ्कराख्यं तु विज्ञानं बहुधा शब्द्यते बुधैः"**।

"केचिद् हृदयमित्याहुः"–इत्यादि से आरम्भ कर

वश इत्यास्तिकाः केचित्सर्वाण्येतानि सन्ततम्।
प्रज्ञानस्य शिवस्यास्य नामधेयान्यसंशयम्॥"

यहाँ तक है। जगत्सिसृक्षावान् जगत् के सृष्टि की इच्छा करने वाला ईश्वर ही "काम" पद से वाच्य है। बृहदारण्यक-श्रुति है–**"आत्मैवेदमग्र आसीदेक एव सोऽकामयतेत्याद्येतावान्वै कामः"**। **"शिवश्चासौ कामश्चासौ ईश्वरश्च"** ऐसा समास होगा। इससे गुणी रुद्र और काम से व्यावृत्ति होगी, उसके अङ्क अर्थात् वाम उत्सङ्ग में बैठी हुई।

शिवा–

शिव-कामेश्वर के वामाङ्ग में रहती है, अतः वह "शिवा" है। **"वश कान्तौ शिवः स्मृतः"** इससे कान्ति अर्थात् इच्छारूपा। परशिव की इच्छाशक्ति। इच्छारूप शक्ति का आधार शिव ही है अथवा शिव से अभेद के कारण भी शिवा है। शैवागम में शिवपद की निरुक्ति निम्नाङ्कित है–

"वृत्तेः साक्षितया वृत्तिप्रागभावस्य च स्थितः।
बुभुत्सायास्तथा ज्ञोऽस्मीत्यापातज्ञानवस्तुनः॥
असत्यालम्बनत्वेन सत्यः सर्वजडस्य तु।
साधकत्वेन चिद्रूपः सदा प्रेमास्पदत्वतः॥
आनन्दरूपः सर्वार्थसाधकत्वेन हेतुना।
सर्वसम्बन्धवत्त्वेन सम्पूर्णः शिवसंज्ञितः॥
जीवेशत्वादिरहितः केवलः शिव एव सः"।

अथवा "शिवं करोति" इस व्युत्पत्ति से शिव शब्द से "तत्करोति" इससे ण्यन्त से पचाद्यचि "टाप्" मानकर "शिवा", अथवा "शेतेऽस्मिन् सर्वम्" यह व्युत्पत्ति मानकर भी शिवा। "सर्वनिघृष्वरिषु" इत्यादि से कर्तृभिन्न औणादिक निपात से भी सिद्धि होगी। "शिवाः शोभना गुणा अस्यां सन्तीति" इस अर्थ से भी शिवा, अर्श आदि से अच्।

जैनेन्द्र-व्याकरण में "शिवादयश्च" यह सूत्र है। इसकी सुभूतिचन्द्र ने व्याख्या की है–"शाम्यतीति शिवः"। "क्वन्" इत्व और अङ्गलोप भी है, इससे शब्द निपातित हुआ।

"समेधयति यं नित्यं सर्वार्थानामुपक्रमम्।
शिवेति यन्मनुष्याणां तस्मादेव शिवः स्मृतः"॥

यह भारत की उक्ति है। और भी वचन हैं–

"समा भवन्ति मे सर्वे दानवाश्चामराश्च ये।
शिवङ्करोऽस्मि भूतानां शिवत्वं तेन मे सुराः" ॥

"यो योनिं योनिमधितिष्ठत्येको यस्मिन्निदं स च विचेति विश्वम्" यह श्रुति है। "त्रिलोचनं नीलकण्ठं प्रशान्तम्" इत्यादि वचनों का विषय आचार्य ने शिवाष्टोत्तर-शतनाम व्याख्यान में स्पष्ट किया है–

"प्रकृत्या नैर्मल्यादमलगुणयोगादपि शमात्
जगत्याधारत्वाद् भजदमृतदानाच्च भवतः।
बलादिच्छाशक्तेः परमशिव! वेदान्तनिकरै-
रसाधारण्येन व्यवहृतिमयासीः शिव इति" ॥

अथवा शिवाभेद के कारण शिवा। इस अभेदरूपी अर्थ की प्रवृत्ति-निमित्तता (व्यवहारयोग्यता) लिङ्गपुराण में प्रदर्शित है–

"यथा शिवस्तथा देवी यथा देवी तथा शिवः।
तस्मादभेदबुद्ध्यैव शिवेति कथयन्त्युमाम्" ॥

उसी पुराण में अन्यत्र लिखा है–

"उमाशङ्करयोर्भेदो नास्त्येव परमार्थतः।
द्विधाऽसौ रूपमास्थाय स्थित एको न संशयः" ॥
"परमात्मा शिवः प्रोक्तः शिवा सैव प्रकीर्तिता"।

यज्ञवैभवखण्ड में–

"चिन्मात्राश्रयमायायाः शक्त्याकारे द्विजोत्तमाः।
अनुप्रविष्टा या संविन्निर्विकल्पा स्वयंप्रभा ॥
सदाकारा परानन्दा संसारोच्छेदकारिणी।
सा शिवा परमा देवी शिवाभिन्ना शिवङ्करी" ॥

इत्यादि वर्णन से आरम्भ कर–

"करुणासागरामेनां यः पूजयति शाङ्करीम्।
किं न सिद्ध्यति तस्येष्टं तस्या एव प्रसादतः" ॥

यहाँ तक। अथवा वायु की पत्नी का नाम "शिवा" है। लिङ्गपुराण का कथन है–

"समस्तभुवनव्यापी भर्ता सर्वशरीरिणाम्।
पवनात्मा बुधैर्देव ईशान इति कीर्त्यते ॥
ईशानस्य जगत्कर्तुर्देवस्य परमात्मनः।
शिवा भार्या बुधैरुक्ता पुत्री चास्य मनोजवा" ॥
"बालेन्दुशेखरो वायुः शिवः शिवमनोरमा" ॥ इत्यादि।

वायुपुराण में भी–

"ईशानस्य चतुर्थी या तनुर्वायुरिति स्मृता ।
तस्य पत्नी शिवा नाम पुत्रश्चास्य मनोजवः" ॥

अथवा "शिवं मोक्षं ददाति इति शिवा" अर्थात् मोक्ष को देने वाली । देवीपुराण कहता है–

"शिवा मुक्तिः समाख्याता योगिनां मोक्षदायिनी ।
शिवाय जयते देवी ततो लोके शिवा स्मृता" ॥

आगम में–

"पावकस्योष्णतेवेयं भास्करस्येव दीधितिः ।
चन्द्रस्य चन्द्रिकेवेयं शिवस्य सहजा शिवा" ॥

यह वचन है । इस प्रकार "शिवा" शब्द पर आचार्य ने प्रमाणों की परम्परा दिखलायी है । प्रायः उत्तरोत्तर नामों का पूर्ववर्ती नामों से सम्बन्ध दिखाते हुए आचार्य ने व्याख्या की है ।

प्रस्तुत प्रसंग में भगवती को "इच्छा" आदि धर्म के रूप में उपवर्णित किया है; परन्तु "धर्मी" के प्रति यह शक्ति गुणभूत (अप्रधान) नहीं है, इस आशय से अग्रिम नाम है–

स्वाधीनवल्लभा–

स्व अर्थात् अपने अधीन है वल्लभ कामेश्वर जिसका, यह अर्थ हुआ । शिव का स्वरूप-लाभ शक्ति के ही अधीन है, अतः धर्मी (शिव) ही धर्म के अधीन है । कालिकापुराण की उक्ति है–

"नित्यं वसति तत्राऽपि पार्वत्या सह नर्मकृत् ।
मध्ये देवीगृहं तत्र तदधीनस्तु शङ्करः" ॥

आगम में भी–

"शक्तो यया स शम्भुर्भुक्तौ मुक्तौ च पशुगणस्यास्य ।
तामेनां चिद्रूपामाद्यां सर्वात्मनाऽस्मि नतः" ॥

स्कन्दपुराण में–

"जगत्कारणमापन्नः शिवो यो मुनिसत्तमाः ।
तस्याऽपि साभवच्छक्तिस्तया हीनो निरर्थकः" ॥

सौन्दर्यलहरी में शङ्कराचार्य की उक्ति प्रसिद्ध है–

"शिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुं ।
नो चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि" ॥ इत्यादि ।

दूसरी व्याख्या है–**"स्वाधीनो वल्लभो यया"** । जिन नारियों ने भगवती की कृपा को प्राप्त किया है, उनमें कुछ उदाहरण दिये हैं–शर्याति की कन्या सुकन्या के पति

को अश्विनीकुमारों ने अपने समान स्वरूप का बना दिया था। उस समय भगवती की कृपा से ही पति की उपलब्धि उसको हुई। यह कथा देवीभागवत के सप्तम स्कन्ध में है। वहाँ के श्लोक ये हैं–

"शरणं ते जगन्मातः प्राप्ताऽस्मि भृशदुःखिता।
रक्ष मेऽद्य सतीधर्मं नमामि चरणौ तव"॥

इसके आगे सन्दर्भ है–

"एवं स्तुता तदा देवी तया त्रिपुरसुन्दरी।
हृदि तस्या ददौ ज्ञानं येनाऽधीनः पतिर्भवेत्"॥ इत्यादि।

इसी प्रकार शची को अपने पति इन्द्र की प्राप्ति हुई थी, यह षष्ठ स्कन्ध में कथा है।

अब अग्रिम नाम का सन्दर्भ जोड़ने के लिये प्रश्न है कि भक्तिमीमांसा में **"तत्प्रतिष्ठागृहपीठवत्"** इस सूत्र से "गृहे तिष्ठति", "पीठे तिष्ठति" इत्यादि प्रयोगानुसार दोनों प्रकार के अधिकरण (आधार) मुख्य ही हैं; परन्तु घर में "गृहे क्व तिष्ठति" यह आकाङ्क्षा हो सकती है, पीठ के विषय में नहीं होती। अतः पीठ के साथ अन्य अधिकरणों का तारतम्य है। उसी न्याय से मुख्यरूप से कामेश्वर के वाम उत्सङ्ग को बताकर अन्य स्थलों की सूचना देने के लिये आरम्भ किया है–

"सुमेरुमध्यशृङ्गस्था" इत्यादि से लेकर **"सुधासागरमध्यस्था"** इस नाम तक अवस्थान के भेद दिखलाये हैं। "कामाक्षी", "कामदायिनी" इन नामों की व्याख्या के बाद बीच में परिभाषा की व्याख्या की है। परिभाषा है–

"अर्धचतुर्विंशतितनुदोद्धव.....गुणगणो दशपात्।
दम्भावहगोमेदाभावेह चतुर्गुणा गुणैर्गङ्गा"॥

अर्धों की चतुर्विंशति इससे तकार से षडक्षर एक नाम हुआ। आगे नकार से दशाक्षर नाम है। यद्यपि नकार का सङ्केत शून्य में है; परन्तु उतने से नामाक्षरों की संख्या नहीं बनेगी। अकारान्तर का सहभाव अपेक्षित है, अतः प्रथमोपस्थिति न्याय से एक अङ्क का समावेश करने पर दश-संख्या वाचकता बनेगी। "ट"वर्ग में दशम होने से भी उसकी सिद्धि होगी, अतः दशपात् कहा है। उसमें एकादशपादात्मक नामों के रहने पर भी छन्द के अनुरोध से "अवयुत्यनुवाद" से एकादशपाद पृथक् उत्तरार्ध में "द" कार से निर्दिष्ट है। "चतुः" पद से चार नाम लिये हैं, न कि चार अक्षरों का एक नाम। यदि ऐसा अर्थ करना होता, तो एक ही घकार, ढकार आदि अक्षरों से सिद्ध होने पर अधिक उक्ति की आवश्यकता नहीं है। एक, द्वि आदि संख्यावाचक पद के अक्षरों से भिन्न ही वर्णों से अक्षर-संख्या का व्यवहार सङ्कीर्ण न होने के लिये किया गया है। अतः चार नामों के कितने अक्षर हैं ? इस आकाङ्क्षा में परस्पर अक्षर-संख्या की विषमता में प्रमाण न होने से

"समं स्यादश्रुतत्वात्" इस न्याय से सम संख्या वाले अक्षर सिद्ध हुए। अर्ध पद से–अर्धस्य, अर्धयोः, अर्धानां वा के मध्य में ही यह नियम होने से चार या आठ-आठ अक्षर सिद्ध होते हैं, नव-नव नहीं। अर्ध के आगे द्वितीय नाम की समाप्ति सम्भव होने से छन्दःसूत्र के विरोध से यह अनिष्ट ही है। चार या आठ में से अन्यतर का नियत तो "भक्तिप्रिया, भक्तिगम्या, भक्तिवश्या, भयापहा" इत्यादि में अर्ध का पर्यालोचन करने वाले व्युत्पत्तिशाली लोगों के लिये स्पष्ट ही है। यह परिभाषाभाग सहस्रनाम के अक्षरों के उद्धार के लिये हमारे गुरुचरणों ने नहीं किया है, किन्तु ज्ञात अक्षरों के प्रति विभाग दिखाने के लिये किया है। अतः अक्षर-ज्ञान से सापेक्ष होने से व्युत्पन्न पुरुष चार-चार अक्षर हैं, यह जान सकते हैं।

यदि कोई कहे कि व्युत्पन्न लोग अन्यत्र भी इसी प्रकार समझ लेंगे, परिभाषा की क्या आवश्यकता है ? व्युत्पन्नों को भी सन्देह होता है। अन्यथा छलाक्षरसूत्र भी व्यर्थ ही होंगे। तो भी यदि अष्टाक्षर दो नामों का विभाग करना हो तो "गुणैः" इसके "ग" कार से, "शरच्चन्द्रनिभानना" इस नाम से "शरच्च" इन तीन अक्षरों की भिन्ननामता की आपत्ति होगी। उसमें भ्रम से भी इष्टापत्ति मानने वाले तो अनधिकारी हैं। इसीलिये योगवासिष्ठ की उक्ति है–**"नात्यन्तमज्ञो नोत ज्ञः सोऽस्मिन् शास्त्रेऽधिकारवान्"**। इस प्रकार आक्षेप और समाधान सभी शास्त्रों में समान हैं।

अब इसके आगे स्थूल रूप के कार्यों को स्पष्टतया कहते हुए रहस्यभूत पररूप रहस्योक्तियों से ही प्रारम्भ किया जा रहा है–**"देवर्षिगणसङ्घातस्तूयमानात्मवैभवा"** इत्यादि। इसके आगे भण्डासुर के वध-प्रसङ्गों के परिचायक नाम हैं। इसके आगे का नाम है–

हरनेत्राग्निसंदग्धकामसञ्जीवनौषधिः–

इसकी व्याख्या में आचार्य लिखते हैं कि हर के तृतीय नेत्र वाले अग्नि से सम्यक् प्रकार से भस्मीभूत कामदेव को जीवनदान देने वाली औषधि भगवती है। विरक्ततर भगवान् कामेश्वर को अपने अभिमुख करने से ब्रह्मादि देवताओं की प्रार्थना स्वीकार कर ललिताम्बा ने मन्मथ को पुनः जीवित किया था, यह कथा ब्रह्माण्डपुराण में है। इससे **"पित्रा निर्भर्त्सितो बालो मात्रैवाश्वास्यते किल"**, अर्थात् पिता के द्वारा दण्डित बालक को माता ही आश्वासन देती है, इस न्याय की सूचना मिलती है। इसी आशय से ब्रह्मवैवर्तपुराण में कहा है–**"हरौ रुष्टे गुरुस्त्राता गुरौ रुष्टे न कश्चन"** इस वाक्य में "हरि" पद उपास्य देवता का उपलक्षक है। अतः त्रिपुरसुन्दरी के कोप से त्राण करने वाले परमशिव ही होंगे, गुरुपरम्परा में प्रथम होने के कारण ऐसी कल्पना नहीं की जा सकती। परमशिव श्रीविद्या के उपासक

हैं और उपासना गुरु के विना सम्भव नहीं है और त्रिपुरसुन्दरी ही उनकी गुरु हैं। इसी आशय से योगिनीहृदय में शिव ने पार्वती के प्रति कहा है–

"अन्यायेन न दातव्यं नास्तिकानां महेश्वरि।
एवं त्वयाऽहमाज्ञप्तो मदिच्छारूपया प्रभो !" ॥

प्रवृत्ति के प्रति इच्छा ही कारण है और शिव की प्रवर्तिका भगवती है। अतः उसका ही गुरुत्व सिद्ध होता है। इसीलिये **"गुरुमूर्तिः"** यह नाम भी है।

"शक्त्या विना शिवे सूक्ष्मे नाम धाम न विद्यते" इस चतुःशती शास्त्र के अनुसार इच्छाशक्तिविशिष्ट ही परमशिव का **"आदिनाथ"** नाम से तन्त्रों में निर्देश है। अतः त्रिपुरसुन्दरी के गुरु-मण्डल में आदिनाथ के पूर्व में देवी की गणना की आवश्यकता न होगी; क्योंकि महास्वच्छन्दतन्त्र में उक्त है–

"गुरुशिष्यपदे स्थित्वा स्वयमेव सदाशिवः।
प्रश्नोत्तरपरैर्वाक्यैस्तन्त्रं समवतारयत्" ॥

"स्वयमेव" इसका आशय यह है–प्रकाश-विमर्श के अंशों का विभाजन कर गुरु-शिष्य भाव सूचित किया। प्रवर्तकत्व और प्रष्टृत्व देवीनिष्ठ हैं, वक्तृत्व और प्रवर्त्यत्व शिवनिष्ठ हैं। यही गुरुत्व और शिष्यत्व का अवच्छेदक भेद है। अतः कोई विरोध नहीं है। इसी बात का उद्योतन करने के लिये–"मदिच्छारूपया" यह विशेषण तथा "प्रभु" पद से सम्बोधन भी है।

वस्तुतः आदिनाथ के पहिले आदिशक्त्यम्बा नाम से दूसरे स्थान में गणना की जाती है, अतः पूर्वगणना की शङ्का न होगी। "सदाशिव" नामक तृतीय गुरु के प्रति आदिनाथावच्छिन्न आदिशक्ति ही गुरु है, अतः द्वितीय स्थान में ही गणना है। अतः उन दोनों के पौर्वापर्य में सन्देह करना व्यर्थ है, अथवा **"हरणं हरः"** आत्मस्वरूप का अपहार, अथवा **"हरन्तीति हराः"** आत्मापहर्ता गण उनका नेता नायक- वही आ समन्तात् व्याप्त अग्नि है। अग्नि का स्वभाव है-'वस्तु के स्वरूप को बदलना या नष्ट करना, अर्थात् मूलाज्ञान। उसमें मूलाज्ञान अधिक है। उससे सम्यक् दग्ध जो काम अर्थात् जीवभावापन्न कामेश्वरस्वरूप आत्मा है, उसके सम्यक् आवरण को बदलकर जीवन में स्व-स्वरूप में स्थिति करने वाली औषधि-रूपा। इसकी विद्यारूप उपासना से अविद्यानिवृत्ति से स्व-स्वरूपावाप्तिरूप मोक्ष प्राप्त होता है, यह तात्पर्य है।

मन्मथ का दाह के पूर्व शरीर था, बाद में अशरीर रूप के दृष्टान्त से आत्मा भी पूर्व दशा में ब्रह्म था; परन्तु अविद्यात्मक शरीर से बद्ध था। उसकी निवृत्ति होने पर ब्रह्मैक्यप्राप्ति होती है, यह अर्थ ध्वनित हुआ। इसी को शैवशास्त्र के अन्तिम अधिकरण में ध्वनित किया है–"**भूयः स्यात् प्रोक्तमिलनम्**"–उसके वार्तिक में लिखा है–

"पुनश्च प्रोक्तचैतन्यस्वरूपमिलनात्मकम् ।
परायोगादिरूढस्य भवेत्परमयोगिनः ॥
भूयः स्यादिति वाक्यस्य स्फुट एवायमाशयः ।
यच्छिवत्वममुष्योक्तं नाऽपूर्वं तत्तु योगिनः ॥
स्वभाव एव तन्मायाशक्तिप्रोत्थापितान्निजात् ।
नानाविकल्पदौरात्म्यात्पराभूतमिव स्वतः ॥
विमृष्टं गुरुनिर्दिष्टप्रोक्तोपायक्रमेण तत् ।
शिवत्वं व्यक्तमेतीति शिवेनोदीरितं शिवम्" ॥

शक्ति-शास्त्र के अन्तिम अधिकरण में भी कहा है–**"निजसंविद्देवता-चक्रेश्वरत्वप्राप्तिः"** । इस सूत्र के अवयव में "निज" पद से वही अभिप्राय सूचित हुआ है । इस प्रकरण से पररूप सूक्ष्मतर होने से सूक्ष्मरूप के और पररूप के बाद कहना चाहिये; परन्तु रहस्य का विषय होने से भण्डासुर-वध रूप स्थूल कार्य के साथ श्लेष की सरणि के द्वारा बताकर क्रमप्राप्त सूक्ष्मरूप भी स्थूलरूप से अभिन्न बताया जा रहा है–

श्रीमद्वाग्भवकूटैकस्वरूपमुखपङ्कजा इत्यादि नामों से प्रारम्भ होता है । तीन नामों से भगवती का मन्त्रमय शरीर बताया है । इसकी व्याख्या भी सङ्ग्राह्य है– सूक्ष्मरूप भी सूक्ष्म, सूक्ष्मतर और सूक्ष्मतम इन भेदों से तीन प्रकार का है । क्रमशः पञ्चदशीविद्या, कामकलाक्षर और कुण्डलिनी, ये तीनों के रूप हैं । उसमें से पहले रूप को तीन नामों से प्रदर्शित किया है ।

श्रीमत् ज्ञानदायक होने से माहात्म्यशील "वाग्भवत्यस्मात्" इस व्युत्पत्ति से "वाग्भव" नामक कूट पाँच अक्षरों का समुदाय ही एक मानें, मुख्य निजरूप वाला मुखपङ्कज जिसका है । वचन है–**"नेत्रोष्ठापरगलवर्णशालिवाचा सम्भूतिर्मुखमिति वाग्भवाख्यकूटम्"** ।

कण्ठाधःकटिपर्यन्तमध्यकूटस्वरूपिणी–

कण्ठ से नीचे कटि तक मध्यभाग है, वही मध्यस्थ कामराज नामक छः अक्षरों के समूह से अभिन्न है । **"चकोरपारणपटुज्योतिष्मतीलोचने"** इत्यादि प्रयोग की तरह यहाँ भी कर्मधारय के बाद मत्वर्थीय प्रत्यय है ।

शक्तिकूटैकतापन्नकट्यधोभागधारिणी–

सर्वजनों की शक्तिमत्ता होने के कारण "शक्ति" नामक चार अक्षरों से बने कूट के कटि से नीचे का भाग अभिन्न है । वचन है–

"कामस्ते हृदि वसतीति कामराजं
स्रष्टृत्वात्तदनु तवाम्ब ! शक्तिकूटम्" ।

मूलमन्त्रात्मिका–

चतुर्विध पुरुषार्थों का मूल कारण होने से मूल अर्थात् पञ्चदशाक्षरी विद्या। वही "मननात् त्रायते" इस व्युत्पत्ति से मन्त्र है। वही आत्मा स्वरूप जिसका है। वचन है–

"पूर्णाहन्तानुसन्ध्यात्मा स्फूर्जन्मननधर्मतः।
संसारक्षयकृत्त्राणधर्मतो मन्त्र उच्यते" ॥

मूलकूटत्रयकलेवरा–

मूलमन्त्र के उक्त रूप तीनों कूट ही जिसके कलेवर अर्थात् स्थूलरूप हैं। अथवा कूटत्रय ही कलेवर सूक्ष्मरूप है। वस्तुत "मूल" शब्द से कामकला का अक्षर लिया जाता है। "कूटत्रय" पद से तीन संख्या के समुदायघटक अवयव सूचित होते हैं। अवयव में "तयप्" का विधान है। कामकला शरीर में ऊर्ध्व बिन्दु एक है, उसके नीचे तिर्यक् स्थित दो बिन्दु हैं, उसके नीचे सार्ध कला है। इस प्रकार तीन अवयव गुरुमुख से ही ज्ञेय हैं।

वे ही अवयव क्रम से विद्या के कूट हैं। स्थूलरूप मुखादि अवयवात्मकतया परिणत हुए हैं, यह सूक्ष्मतर रूप है। "कुण्डलिनी" नामक सूक्ष्मतम रूप है। यही समष्टि और व्यष्टि भेद से पूर्वोक्त नामों से सूचित किये गये हैं। इसका 'नाथचरणागम' में विस्तार है।

यहाँ तक ब्रह्माण्डान्तर्गत रूप का निर्देश किया, आगे पिण्डाण्ड के अन्तर्गत "कुण्डलिनी" नामक रूप का परिचय देने के लिये नाम आते हैं।

यह कुण्डलिनी मूलाधार नामक चक्र में सार्धत्रिवलयाकार रूप में (साढ़े तीन वेष्टन) प्रसुप्त है। योगिगण उसको जागृत कर षट्चक्रों और ब्रह्म-विष्णु प्रभृति ग्रन्थियों का भेदन कर सहस्रार-मण्डल में ले जाते हैं। वहाँ पर सहस्रार की कर्णिका स्थित चन्द्रमण्डल से वह अमृत का स्राव करती है। अयोगिजन (योगियों से भिन्न सामान्य) भी भावना मात्र के बल से उक्त सारी प्रक्रिया कर लेते हैं। उसी प्रक्रिया को कहने के लिये "कुलामृतैकरसिका" इत्यादि नाम प्रवृत्त हैं–

कुलामृतैकरसिका–

कुल का अर्थ है–सजातियों का समूह। वह समूह एक ज्ञान-विषयतारूप साजात्य से युक्त ज्ञातृ-ज्ञान-ज्ञेयरूप तीन वस्तुओं का होता है। "घटमहं जानामि" यह ज्ञान का आकार है। ज्ञान की उपलब्धि में "अनुव्यवसाय" की अपेक्षा करने पर दीप की प्रभा के लिये अन्य दीप की आवश्यकता होगी। इसीलिये आचार्य शङ्कर भगवत्पाद ने कहा है–"**जानामीति तमेव भान्तमनुभात्येतत् समस्तं जगत्**"।

यही त्रिपुटी कुलशब्द से वाच्य है। चिद्गगनचन्द्रिका का कथन है–

"मेयमातृमितिलक्षणं कुलं प्रान्ततो व्रजति यत्र विश्रमम्"।

स्वच्छन्दसङ्ग्रह आदि ग्रन्थों में ऊपर से नीचे तक अन्तःस्थ बत्तीस कमल उक्त हैं। उनमें सबसे नीचे का पद्म त्रिपुटी का सम्बन्ध न होने से "अकुल" कहा जाता है। उसके ऊपर के पद्म "कुलपद्म" कहे गये हैं।

अथवा **"कुः पृथ्वीतत्त्वं लीयते यत्र"** इस परिभाषा से वह कुल आधारचक्र है, उसके सम्बन्ध में लक्षणा से सुषुम्णा मार्ग भी कहा गया है। इसलिये सहस्रार से स्रवित अमृत ही कुलामृत है। **"शरीरं कुलमित्युक्तम्"** इस स्वच्छन्दसङ्ग्रह के वचन के अनुसार शरीर सम्बन्धी होने से वह कुलामृत है। उसकी "रसिका" अर्थात् उसके रसास्वादन में तत्पर। अथवा **"पुष्पितायाः कुलागारं दृष्ट्वा यो जपते नरः"** इत्यादि कालीतन्त्र के प्रयोगानुसार तत्रस्थ अमृतरहस्य की रसिका।

कुलसङ्केतपालिनी–

उपास्य और उपासक वस्तुओं का चिद्रूपतया साजात्य होने से उस समुदाय का प्रतिपादक शास्त्र भी "कुल" शब्द से वाच्य है। परशुरामकल्पसूत्र का प्रयोग है– **"कुलपुस्तकानि च गोपायेत्"**, **"दर्शनानि तु सर्वाणि कुलमेव विशन्ति हि"** यह आगम का वाक्य है। **"न कुलं कुलमित्याहुराचारः कुलमुच्यते"** इस भविष्योत्तरपुराण के वचन के आचार भी कुल हैं, उनके सङ्केतों अर्थात् रहस्यार्थों का पालन करती है, अनधिकारियों (पशुओं) को उपदेश नहीं करती, साम्प्रदायिक परम्परा की रक्षा के लिये प्रकाशित कर तन्तु (सम्प्रदाय) को प्रवृत्त करती है। इस विषय को अन्यत्र सङ्केतादि शब्दों में व्यक्त किया है–

"चक्रसङ्केतको मन्त्रपूजासङ्केतकाविति।
त्रिविधस्त्रिपुरादेव्याः सङ्केतः परमेश्वरि" ॥

यह आगम है। चिन्तामणिस्तव में भी कहा गया है–

"कुलाङ्गनैषाऽप्यथ राजवीथीः प्रक्रिश्य सङ्केतगृहान्तरेषु।
विश्रम्य विश्रम्य वरेण पुंसा सङ्गम्य सङ्गम्य रसं प्रसूते" ॥

कुलाङ्गना–

"कुल" शब्द का अर्थ पातिव्रत्य आदि गुणराशियुक्त ंश है, तत्सम्बन्धिनी अङ्गना जैसे गुप्त रहती है, वैसे ही यह विद्या भी अविद्यारूप जवनिका से गुप्त (आच्छन्न) रहने के कारण कुलाङ्गना कही जाती है। कुलार्णव का वाक्य है–

"अन्यास्तु सकला विद्याः प्रकटा गणिका इव।
इयं तु शाम्भवी विद्या गुप्ता कुलवधूरिव" ॥

परशुरामकल्पसूत्र भी कहता है–**"अन्या विद्या वेश्या इवातिप्रकटाः"**।

कुलान्तःस्था–

कुल के अन्तः अर्थात् मध्य में मातृ-मेय के मध्य में "मिति" रूप से रहने वाली, अथवा कुलशास्त्र के मध्य में ज्ञेय रूप से स्थित है, अथवा प्रतिगृह, प्रतिदेश

प्रतिदेह, प्रतिवंश जो पूज्यरूप से स्थित है। कोष है–"कुलं जनपदे गृहे। सजातीय-गणे गोत्रे देहेऽपि कथितं कुलम्" । इसीलिये भविष्योत्तरपुराण की उक्ति है–

"पूजनीया जनैर्देवी स्थाने स्थाने पुरे पुरे ।
गृहे गृहे शक्तिपरैर्ग्रामे ग्रामे वने वने" ॥

अधोभाग में स्थित रक्तवर्ण सहस्रदल कमल भी कुल है । उसकी मध्यस्थ कर्णिका में कुलदेवी और दलों में कुल-शक्तियाँ अवस्थित हैं, यह बात स्वच्छन्दतन्त्र में विस्तार से वर्णित है ।

कौलिनी–

पूर्वोक्त अर्थानुसार कुल-पद के आगे सम्बन्ध-सामान्य के अर्थ में तद्धित प्रत्यय से "कौल" शब्द बना है ।

"कुलं शक्तिरिति प्रोक्तमकुलं शिव उच्यते ।
कुले कुलस्य सम्बन्धः कौलमित्यभिधीयते" ॥

इस तन्त्रोक्त व्युत्पत्ति के अनुसार शिव और शक्ति का सामरस्य कौल है । उससे विशिष्ट कौलिनी हुई । बाह्य आकाश के अवकाश में चक्र लिखकर उसकी पूजा करना "कौल" है, ऐसी किसी की व्याख्या है ।

कुलयोगिनी–

पूर्ववर्णित कुल में योग होने से यह नाम है । छलाक्षर सूत्रकार ने **"कौलिनी कुलयोगिनी"** इसको अष्टाक्षर नाम माना है । उसकी उपपत्ति पर दशम शतक में लिखा है ।

अकुला–

सुषुम्णा से ऊर्ध्वभाग में स्थित सहस्रार पद्म को "अकुल" कहा है । स्वच्छन्दसंग्रह में–**"अधश्चोर्ध्वं सुषुम्णायाः सहस्रदलसंयुतम्"** इत्यादि से आरम्भ कर **"पङ्कजद्वयमीशानि कुलाकुलमयं शुभम्"** यहाँ तक निर्दिष्ट है । तद्रूप होने से या तन्निष्ठ (रहने वाली) होने से भी अकुला है, अथवा कुल-देह-वंश आदि जिसका नहीं है, यह अर्थ भी है ।

समयान्तःस्था–

दहराकाश के मध्य में चक्र की भावना कर उसकी पूजा आदि करना "समय" है, यह रूढि से अर्थ है । यह अर्थ सभी योगियों ने एक मति से माना है, अतः सङ्केतात्मक होने से भी "समय" पद से वाच्य है ।

इसके प्रतिपादक होने से वसिष्ठ-शुक-सनक-सनन्दन-सनत्कुमार नामक पाँच तन्त्रों को "समय" नाम से कहा गया है । उनके अन्तस् में प्रतिपाद्य रूप से रहती है ।

अथवा **"समं साम्यं याति इति समयः शिवः"** इस व्युत्पत्ति से **"आतोऽनुपसर्गे कः"** समया देवी भी हुई। उन दोनों का एकशेष समाप्त करने पर भी अर्थ सम्भव है। शिव और शक्ति का साम्य पाँच प्रकार का है–अधिष्ठानसाम्य, अनुष्ठानसाम्य, अवस्थानसाम्य, नामसाम्य और रूपसाम्य। अधिष्ठान–पूजा आदि का साधन-चक्र इत्यादि। अनुष्ठान–सृष्टि आदि पञ्चकृत्य। अवस्थान–नृत्यादि-क्रिया। नामसाम्य–भैरवादि। रूपसाम्य–आरुण्य आदि। इस विषय पर विस्तार वासनासुभगोदय के व्याख्यान में आचार्य लल्ल ने किया है–उनके अन्तःस्वरूप में रहने वाली। **"अन्तः प्रान्तेऽन्तिके नाशे स्वरूपेऽतिमनोहरे"** यह विश्वकोष है।

समयाचारतत्परा–

रुद्रयामल में दस पटलों में उपदिष्ट आचार ही " समयाचार " कहा जाता है। अथवा दीक्षित पुरुष का गुरुकृपा-कटाक्ष से षड्विध ऐक्य या चतुर्विध ऐक्य दोनों में से कोई अनुसन्धान दृढ होने पर महावेध नामक संस्कार होता है। वह महानवमी में होने पर मूलाधार चक्र से उत्थित देवी मणिपुर में प्रत्यक्ष होती है। उसकी उसी स्थान में पाद्य से भूषणान्त उपचारों से पूजा संपन्न कर अनाहत चक्र में लाकर ताम्बूलान्त पूजा होती है। पश्चात् विशुद्धि चक्र में ले जाकर वहाँ के चन्द्रकला रूप मणियों से पूरित कर आज्ञाचक्र में नीराजन करना चाहिये। सहस्र-दल कमल स्थित सरघामद्य में सदाशिव के साथ देवी का संयोग होता है। साधक तिरस्करिणी (परदा) को फैलाकर मन्दिर के समीप तब तक प्रतीक्षा करता है, जब तक भगवती पुनः बाहर आकर मूलाधार कुण्ड में प्रवेश करती है। तब तक समय की प्रतीक्षा करता है। यह गुरुमुख से ज्ञेय समयाचार है। इन दोनों प्रकार के आचार में तत्पर अर्थात् आसक्त है।

इसके आगे के नाम "कुण्डलिनी" शक्ति और उसके विविध चक्र में संचार के विषय में हैं। विस्तार के भय से उन पर विचार न कर आगे का विषय प्रस्तुत किया जा रहा है।

भावनागम्या

भावना दो प्रकार की है–शाब्दी भावना और आर्थी भावना। उनमें शाब्दी वैदिक-शब्दों में रहने वाली आचार्य की इच्छा के अनुसार कार्य करने वाली होती है। वह "ईश्वरेच्छा" ही है, यह आचार्य ने मीमांसावादकौतूहल में लिखा है।

आर्थी भावना प्रवृत्ति रूप है, यह कारकों के परस्पर सम्बन्ध रूप वाली है। इन दोनों प्रकार की भावनाओं से अगम्या या गम्या अर्थात् कर्ममार्ग का विषय होना अथवा तज्जन्य चित्तशुद्धिरूपा भी है अथवा भावना तीन तरह की है। कूर्मपुराण में वाक्य है–

"ब्राह्मी माहेश्वरी चैव तथैवाक्षरभावना।
तिस्रस्तु भावना रुद्रे वर्तन्ते सततं द्विजाः" ॥

अन्यत्र भी निर्देश है–

"त्रिविधां भावनां ब्रह्मन् प्रोच्यमानां निबोध मे।
एका मद्विषया तत्र द्वितीयाऽव्यक्तसंश्रया॥
अन्त्या तु सगुणा ब्राह्मी विज्ञेया त्रिगुणा त्रिधा" ॥

यह कूर्मावतार भगवान् का इन्द्रद्युम्न के प्रति वचन है। इन लक्षणों का निष्कर्ष रत्नत्रयपरीक्षा में अप्पय दीक्षित ने किया है, जो द्रष्टव्य है, अथवा–

"आज्ञान्तं सकलं प्रोक्तं ततः सकलनिष्कलम्।
उन्मन्यन्ते परे स्थाने निष्कलं च त्रिधा स्थितम्" ॥

यह योगिनीहृदय में तीन भावनाओं के स्वरूप बताये हैं। उनसे गम्या अर्थात् जानने योग्य है।

भक्तिप्रिया–

भक्ति दो प्रकार की है–मुख्या और गौणी। उनमें ईश्वर विषयक अनुरागाख्य चित्तवृत्ति विशेष ही मुख्य भक्ति है। भक्तिसूत्र में लिखा है–**"सा पराऽनुरक्तिरीश्वरे"**। **"अथातो भक्तिजिज्ञासा"** इस सूत्र से उपात्त भक्ति ही पूर्वनिर्दिष्ट तत्पदार्थ है। उसका "परा" यह विशेषण है। परा अर्थात् मुख्य भक्ति को उद्देश्य कर अनुरक्ति का लक्षण रूप से विधान किया है। इसीलिये "परा" शब्द से गौणी की व्यावृत्ति होती है, यह भाष्य है। **"गौण्या तु समाधिसिद्धिः"** इस सूत्र में गौणी भक्ति सेवारूपा कही गयी है। गरुडपुराण का वचन है–

"भज इत्येष वै धातुः सेवायां परिकीर्तितः।
तस्मात्सेवा बुधैः प्रोक्ता भक्तिसाधनभूयसी" ॥

उसके स्मरण-कीर्तनादि अनेक भेद हैं। उससे–

"भक्तिरष्टविधा ह्येषा यस्मिन् म्लेच्छेऽपि वर्तते।
स विप्रेन्द्रो यतिः श्रीमान् स मुनिः स च पण्डितः" ॥

इत्यादि गरुडपुराण के वचन और **"भक्तिर्नवविधा राजन्"** इत्यादि भागवत के वचन, **"भक्तिर्दशविधा ज्ञेया पापारण्यदवोपमा"** इत्यादि बृहन्नारदीयपुराण के वचन और इस तरह के अन्य भी वचन अवयुत्यनुवाद हैं। उसी एकरूपता को स्पष्ट करते हैं। इस प्रकार भक्तिपदार्थ जिसे प्रिय है। शिवपुराण का भी कथन है–

"कृतकृत्यस्य तृप्तस्य मम किं क्रियते नरैः।
बहिर्वाऽभ्यन्तरे वाऽपि मया भावो हि गृह्यते" ॥

यहाँ पर "भाव" शब्द से बाह्यसेवा रूप चेष्टा और आभ्यन्तर अभिप्राय दोनों लिये गये हैं।

भक्तिगम्या–

भक्ति-संराधन (आराधन) से गम्य अर्थात् प्रत्यक्ष होने वाली। श्रुति कहती है–"पराञ्चि खानि व्यतृणत्स्वयंभूस्तस्मात्पराक् पश्यन्ति नान्तरात्मन्। कश्चिद् धीरः प्रत्यगात्मानमैक्षदावृत्तचक्षुरमृतत्वमिच्छन्"। स्मृति भी है–"योगिनस्तं प्रपश्यन्ति भगवन्तं सनातनम्"। "ईश्वरप्रणिधानाद्वा" इस योगसूत्र का आशय भी यही है। "प्रणिधान" पद की भक्तिपरक व्याख्या राजमार्तण्ड में की गई है। भक्तिसूत्र भी है– "अपि संराधने प्रत्याक्षानुमानाभ्याम्" अव्यक्त भी ब्रह्मभक्ति से प्रत्यक्ष होता है, यही श्रुति और स्मृति का आशय है।

"भक्त्या त्वनन्यया शक्य अहमेवंविधोऽर्जुन।
ज्ञातुं द्रष्टुं च तत्त्वेन प्रवेष्टुञ्च परन्तप!"॥

इस भगवद् वचन में "प्रवेष्टुं" का अर्थ ब्रह्मभावात्मक मोक्ष ही है। वह भी भक्ति से ही लभ्य है, यह तात्पर्य है। अतः प्रस्तुत "गम्या" पद की "प्राप्या" यह व्याख्या करनी चाहिये। "**ब्रह्मसंस्थोऽमृतत्वमेति**" इस श्रुति में निष्ठा के पर्याय भक्तिवाचक संस्था पद से वही बात प्रतिपादित की गई है। इसीलिये भक्तिमीमांसा में–"**तत्संस्थस्यामृतोपदेशात्**" सूत्र है।

ब्रह्ममीमांसा में भी–"**तन्निष्ठस्य मोक्षोपदेशात्**" यह सूत्र है। नित्यातन्त्र में भी भक्ति का लक्षण कहकर उसकी अखिल पुरुषार्थ देने की चर्चा की है। वचन ये हैं–

"उक्तलक्षणसंपन्ने गुरौ तत्प्रोक्तयोस्तथा।
विद्यानुष्ठानयोः स्थैर्यधियः संशयनाशनी॥
तारकत्वाप्रमत्तत्वे भक्तिरुक्ताखिलार्थदा।
यया विहीना नियतमिहामुत्र च दुःखिताः"॥

अथवा भक्ति का अर्थ लक्षणा वृत्ति है, उससे गम्या बोध्या। विशिष्ट शक्तिवाले सत्य-ज्ञान-आनन्द आदि पदों का निर्धर्मक ब्रह्मवाचकत्व सम्भव नहीं है। इसीलिये त्रिशतीस्तोत्र में नाम है–"**लक्ष्यार्था लक्षणागम्या**"। "**सर्वेषां वैकमन्त्र्यमैतिशायनस्य भक्तिपावनत्वात्सर्वमानाधिकारो हि**" इस जैमिनिसूत्र में भक्तिपद का लक्षणा के लिये प्रयोग है। आचार्य के शिवमहिम्नस्तव में–

"न मे शक्तिः श्रीमन्महिमपरमाणोरपि नुतौ
तथाऽपि त्वद्भक्तिं व्यतनवमवष्टभ्य किमपि।
न मन्त्राः क्रोशन्ति प्रवचनमथापि प्रववृते
यथा लोके भक्त्या परशिव! न शक्त्या स्वगतया"॥

यहाँ पर भी भक्ति-शब्द लक्षणा के लिये प्रयुक्त है।

निरीश्वरा–

मीमांसाशास्त्र और सांख्यशास्त्र दो प्रकार का है–सेश्वर और निरीश्वर। ये दोनों रूप होने से निरीश्वरा कही गई, अथवा सर्वेश्वरी भगवती का कोई ईश्वर अन्य नहीं है, अतः निरीश्वरा है।

महाचतुःषष्टिकोटियोगिनीगणसेविता–

ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाओं में एक-एक ही अंशभूत अक्षोभ्यादि आठ-आठ शक्तियाँ हैं। इस तरह चौंसठ योगिनीगण हुआ। उनकी भी प्रत्येक योगिनी के अंश से उत्पन्न कोटि-संख्या वाले समुदाय हैं, उनसे सेवित होने वाली यह एक व्याख्या हुई। महाषोढा-न्यास में इनका उल्लेख मिलता है। वस्तुतः तन्त्रराजोक्त संख्या का ग्रहण करना चाहिये।

जैसे–**"ललिताचक्रनवके प्रत्येकं शक्तयः प्रिये। चतुःषष्टिमिताः कोट्यः"** इत्यादि कहा है। वे सभी मिलाकर पाँच अब्ज, सात अरब, छः कोटि होती हैं, इसीलिये नाम में "महत्" पद और "कोटि" पद का विशेषण के रूप में उपयोग है। महत्त्व का अर्थ नवगुणित है।

पञ्चप्रेतासनासीना–

ब्रह्मा आदि पांचों देव "वामा" आदि अपनी शक्तियों से रहित होने पर कार्य में असमर्थ होने के कारण "प्रेत" कहे जाते हैं। उनसे बनाये हुए आसन में बैठी हुई। ज्ञानार्णव का कथन है–

"पञ्च प्रेतान्महेशान ब्रूहि तेषां तु कारणम्।
निर्जीवा अविनाशास्ते नित्यरूपाः कथं वद"॥

इस देवी के प्रश्न के बाद ईश्वर की उक्ति है–

"साधु पृष्टं त्वया भद्रे पञ्चप्रेतासनं कथम्।
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ईश्वरश्च सदाशिवः॥
पञ्च प्रेता वरारोहे ! निश्चला एव ते सदा।
ब्रह्मणः परमेशानि कर्तृत्वं सृष्टिरूपकम्॥
वामा शक्तिस्तु सा ज्ञेया ब्रह्मा प्रेतो न संशयः।
शिवस्य करणं नास्ति शक्तेस्तु करणं यतः॥

इत्यादि से प्रारम्भ कर–

सदाशिवो महाप्रेतः केवलो निश्चलः प्रिये।
शक्त्या विनाकृतो देवि कथञ्चिदपि न क्षमः"॥

यहाँ तक सूचित है।

पञ्चब्रह्मस्वरूपिणी—

ब्रह्मा से लेकर सदाशिव तक पाँचों देवों का ब्रह्मकोटि में अन्तर्भाव होने के कारण पञ्चब्रह्म इसके ही स्वरूप हैं। इस पर त्रिपुरा-सिद्धान्त का वचन है—

"निर्विशेषमपि ब्रह्म स्वस्मिन्मायाविलासतः।
ब्रह्मा विष्णुश्च रुद्रश्च ईश्वरश्च सदाशिवः॥
इत्याख्यावशतः पञ्च ब्रह्मरूपेण संस्थितम्" ॥

अथवा ईशान-तत्पुरुष-अघोर-वामदेव-सद्योजात नामक पाँच ब्रह्म हैं। लिंग-पुराण में "क्षेत्रज्ञप्रकृतिबुद्ध्यहङ्कारमनांसि श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वोपस्थानि शब्दादि पञ्च-तन्मात्राणि" इन सबको पञ्चब्रह्म स्वरूप बताकर उनसे ही आकाशादि पञ्च-महाभूतों की उत्पत्ति उपवर्णित है। तद्रूप होने से यह नाम सार्थक है। यज्ञवैभवखण्ड में भी कहा है—

"एक एव शिवः साक्षात् सत्यज्ञानादिलक्षणः।
विकाररहितः शुद्धः स्वशक्त्या पञ्चधा स्थितः" ॥

सृष्टि—स्थिति आदि पञ्चकृत्य की शक्तियों से सद्योजात आदि रूप से पाँच प्रकार हुए। गरुडपुराण में कथन है—

"लोकानुग्रहकृद्विष्णुः सर्वदुष्टविनाशनः।
वासुदेवस्य रूपेण तथा सङ्कर्षणेन च॥
प्रद्युम्नाख्यस्वरूपेणाऽनिरुद्धाख्येन च स्थितः।
नारायणस्वरूपेण पञ्चधा ह्यद्वयस्थितः" ॥

आचार्य ने भी कहा है—

"पुंभावलीला पुरुषास्तु पञ्च यादृच्छिकं संलपितं त्रयी ते।
अम्ब ! त्वदक्ष्णोरणुरंशुमाली तवैव मन्दस्मितबिन्दुरिन्दुः" ॥

आगे उन्नीस नामों से जीव और ईश्वर के भेदप्रदर्शक विचारों से तदात्मक देवी की स्तुति है—"विश्वरूपा जागरिणी" इत्यादि।

विश्वरूपा—

सृष्टिक्रम में प्राथमिक सर्ग "तमस्" का है। उसके बाद "महत्" का है और बाद में त्र्यात्मक अहङ्कार का है। उसके बाद 'पञ्चतन्मात्रा' रूप सूक्ष्मभूत शब्द आदि होते हैं। उनमें पाँच ज्ञान-शक्तियाँ और पाँच क्रिया-शक्तियाँ होती हैं। उनमें पहले की व्यष्टि रूप से श्रोत्र आदि पाँच ज्ञानेन्द्रियों को उत्पन्न करती हैं, समष्टिरूप से अन्तःकरण को उत्पन्न करती हैं। दूसरा वर्ग भी व्यष्टि रूप से वाक् आदि पाँच कर्मेन्द्रियों को उत्पन्न करता है और समष्टिरूप से प्राण को उत्पन्न करता है। धर्मिभूत शब्द आदि गगन आदि स्थूल भूतपञ्चक को उत्पन्न करते हैं। यह वस्तुस्थिति है।

उसमें व्यष्टिभूत स्थूलभूतों की उपाधियों से, सूक्ष्मभूतों की उपाधियों से, कारणोपाधियों से उपहित चैतन्य क्रम से विश्व, तैजस, प्राज्ञ पद से वाच्य होता है और समष्टिभूतों से उपहित चैतन्य-क्रम से वैश्वानर, हिरण्यगर्भ, ईश्वर पदों से वाच्य होता है। अन्तःकरण से उपहित परमात्मा हिरण्यगर्भ है, प्राण कारण उपहित सूत्रात्मा है। दोनों अविभक्त कारणों से मिलकर उपहित वही अन्तर्यामी कहा जाता है। ये ही तीनों ब्रह्मा-विष्णु-रुद्र नामों से वाच्य होते हैं। यह अभी तक का विवरण व्यष्टि जीवात्मा, समष्टि जीवात्मा और परमात्मा का प्रत्येक के तीन प्रकार उपनिषदों के मतानुसार बताये हैं। उनके मत में जाग्रत्-स्वप्न-सुषुप्ति नामक अवस्थाओं और सृष्टि-स्थिति-संहार नामक तीन स्वरूपों को ही स्वीकार किया गया है।

तान्त्रिक मत में तुर्य और तुर्यातीत अवस्थाओं, तिरोधान और अनुग्रह इन दो-दो कृत्यों की अधिकता से तत्तदवस्थापन्न जीवात्मा और परमात्मा को अधिक मानने से प्रत्येक में पाञ्चविध्य (पाँच प्रकार) है।

इससे कोई वैमत्य नहीं होता। त्रिवृत्करण और पञ्चीकरण प्रक्रियाओं की स्थूल-सूक्ष्म दृष्टिभेद से व्यवस्था उपपन्न हो सकती है; परन्तु सुषुप्ति में ही प्राज्ञ की ब्रह्मभाव संपत्ति होने से उससे आगे वाली दो अवस्थाओं में आत्मा का जीवभाव नहीं है। अविद्या-लेश की अनुवृत्ति होने से परमात्मभाव भी नहीं है। इसीलिये सुषुप्तिदशापन्न जीवोपाधि का कारण शरीर शब्द से व्यवहार होता है। **"तत्परश्च शिवतुल्यो जायते"** इस शिवसूत्र में उस अवस्था का शिवतुल्य शब्द से निर्देश किया है। अर्धसाम्य से अर्धशिव है, यह तात्पर्य है। इसीलिये इसके और आगे परस्वरूप को **"निरञ्जनः परमं साम्यमुपैति"** इस श्रुति में अभेद का ही परमसाम्य पद से निर्देश उचित है। इसी आशय से पूर्ण जीवता या पूर्ण शिवता का उस दशा में न रहने से उपनिषद् के मत में पृथग् गणना नहीं की गई। इसीलिये **"मुग्धेऽर्धसम्पत्तिः परिशेषात्"** इस अधिकरण में मूर्छावस्था की पृथक् गणना न करने के लिये पूर्वोक्त हेतु ही उन लोगों ने कहा है अथवा पञ्चविध जीवोपाधियों की गणना पञ्चकोष पद के व्यवहार से हैं। परमात्मा की तो तिरोधान-अनुग्रह नामक बन्ध-मोक्ष दान की उपाधियों के कारण **"ईश्वरो बहिरुन्मेषो निमेषोऽन्तः सदाशिवः"** इत्यादि शैवतन्त्रोक्त लक्षणों के अनुसार रुद्र के आगे और दो भेद सर्वथा मान्य हैं।

इस प्रकार विचार करने से विश्व में स्थूलभूतोपहित जागरावस्थापन्न चैतन्यात्मक जीव और उनके समष्टिरूप वैश्वानर नामक चैतन्य की दृष्टि से आत्मा है जिसका, ऐसी व्याख्या कर **"विश्वरूपा"** पद की सार्थकता मानी जाये।

अथवा इसके पूर्व धर्मिधर्मभाव से विवर्जित है, यह कहा था। अतः जगत् से अभेद सिद्ध होता है। अतः विश्वरूपा कह सकते हैं। इस पक्ष में विश्व ही जिसका रूप है, न कि विश्वाधार स्वरूप से धर्मिभूत अन्य है, यह अर्थ होगा। विष्णुपुराण में कहा है–

"यथा हि कदलीनाम त्वक्पत्रान्या न दृश्यते।
एवं विश्वस्य नान्यत्वं त्वत्स्थादीश्वर दृश्यते" ॥

देवीभागवत में भी उक्त है–

"वटपत्रशयानाय विष्णवे बालरूपिणे।
श्लोकार्धेन तदा प्रोक्तं भगवत्याऽखिलार्थदम् ॥
सर्वं खल्विदमेवाहं नान्यदस्ति सनातनम्" ॥

अथवा साक्षात् ब्रह्म का जीवभाव होना अत्यन्त निम्नकोटि का रूप है, अतः शुनक के तुल्य है। इसीलिये नीच-सेवात्मक वृत्ति को "शववृत्तिः" कहा गया है। पशुभाव नीचतर है। उस प्रकार का स्वरूप जिसकी कृपा से विगत हो जाता है, वह विश्वरूपा है। अथवा षोडशकलात्मिका त्रिपुरसुन्दरी है, यह बात निर्विवाद है। वासनासुभगोदय में कहा है–

"दर्शाद्याः पूर्णिमान्ताश्च कलाः पञ्चदशैव तु।
षोडशी तु कला ज्ञेया सच्चिदानंन्दरूपिणी" ॥

चन्द्रमण्डल में "सादा" नामक कला ह्रास-वृद्धि से रहित है। शेष पन्द्रह कलायें आती जाती रहती हैं। उससे अभिन्न श्रीदेवी की भी चिद्रूपा कला "त्रिपुरसुन्दरी" पद से वाच्य है। अन्य कामेश्वरी से लेकर चित्रा तक तिथि-भेद से परिवर्तित होती रहती है। उनसे अभिन्न पञ्चदशी में एक अक्षर जो गुरुमुख सें वेद्य है और चिद्रूप है। अतः इसकी "श्रीविद्या" संज्ञा हुई। अन्य पन्द्रह अक्षर सभी उपासकों से श्रुत तथा नित्यारूप हैं।

इस प्रकार चन्द्रमण्डल देवी और पञ्चदशी का ऐक्य होने से तत् कला के अक्षरों का भी ऐक्य ही है। इसीलिये पञ्चदश संख्या का, तिथियों का एवं अक्षरों का "त्रिखण्डत्व" है, जैसे–नन्दा, भद्रा, जया, रिक्ता, पूर्णा इस तरह त्रिरावृत्ति भेद से और वाग्भव आदि कूटभेद से भी है। इसीलिये खण्डत्रय से ही तैत्तिरीय लोग शुक्लपक्ष की रात्रियों के पञ्चदश नामों को घोषित करते हैं–

"दर्शा दृष्टा दर्शता विश्वरूपा सुदर्शना। आप्यायमानाप्यायमानाप्यायसूनृतेरापूर्यमाणा पूर्यमाणा पूरयन्ती पूर्णा पौर्णमासी"। इनके दिवसों के भी खण्डत्रय से ही नाम कहे जाते हैं–**"संज्ञानं विज्ञानं प्रज्ञानं जानदभिजानत्। संकल्पमानं प्रकल्पमानमुपकल्पमान-मुपक्लृप्तं क्लृप्तं श्रेयोवसीय आयत् संभूतं भूतम्"** ॥ इन दोनों अनुवाकों का दिवस और रात्रि नाम-परता है और बात भी वहीं कही है। **"संज्ञानं विज्ञानं दर्शा दृष्टा"** ये

अनुवाक पूर्वपक्ष के अहोरात्रियों के नाम हैं। यहाँ पर खण्डत्रय भी समान संख्या का है, तो भी एकादशी का दशमी से वेध होने पर दशमी ही मानी जाती है, **"उपोष्या द्वादशी शुद्धा"** इस वचन से द्वादशी ही एकादशी है। इसी प्रकार चरम-खण्डान्तर्गत तिथि के मध्यखण्ड में प्रवेश से मन्त्र में द्वितीय और तृतीय खण्ड षडक्षर और चतुरक्षर हो जाता है। इसीलिये वेध के अभाव के पक्ष में सूर्यादि अन्य विद्याओं में तीनों कूट समानाक्षर ही होते हैं। इसी आशय से सुभगोदय की टीका में आचार्य लल्ल ने कहा है–

"आपूर्णमाणायाः कलायाश्चन्द्रखण्डान्तः स्थिताया अपि सौरखण्डेऽन्तर्भावः। इराकलाप्रभेदत्वादिरापूर्यमाणयोरैक्यमनुसन्धेयम्"।

उक्त श्लोक में "दर्शाद्या" इस पद का शुक्ल-प्रतिपदाद्या यह अर्थ है। पूर्वोदाहृत श्रुति में प्रतिपत् का दर्शनाम कहने से उन तिथियों का मन्त्राक्षरों का प्रत्येक में शिव-शक्ति-माया-शुद्धविद्या आदि की तत्त्वात्मकता कौलिक और सामयिक मत-भेद से तत्तदुपासना का प्रकार चन्द्रकला में द्रष्टव्य है।

इस प्रकार परस्पर अभेद के कारण शुक्लपक्ष की चतुर्थी की रात्रि का संज्ञात्मक "विश्वरूपा" पद, वाग्भवकूट के चतुर्थाक्षर और शुद्धविद्या तत्त्व का प्रतिपादक है। अतः पूर्वोक्त त्रितय की अभिन्नता होगी।

अथवा "विश्वरूपम्" यह नपुंसक पद है। उसकी "मिथ्याजगदधिष्ठाना" (नाम-व्याख्या) की तरह स्त्रीलिङ्गता हो जायेगी। वह पद कृष्णपक्ष की पञ्चमी दिवस का वाचक है। श्रुति भी है–

"प्रस्तुतं विष्टुतं संस्तुतं कल्याणं विश्वरूपम्।
शुक्रममृतं तेजस्वि तेजः समिद्धम्।
अरुणं भानुमन्मरीचिमदभितपत्तपस्वत्।
सुता सुन्वती प्रसूता सूयमानाऽभिषूयमाणा।
पीति प्रपासंपा तृप्तिस्तर्पयन्ती।
कान्ता काम्या कामजाती युष्मती कामदुघा।
प्रस्तुतं विष्टुतं सुता सुन्वती" ॥

यह दोनों अनुवाक अपरपक्ष के दिन और रात्रियों के नामपरक हैं। उससे तद्रूपा विश्वरूपा है, यह सिद्ध हुआ।

इस प्रकार रात्रि-विशेष और दिवस-विशेष को उपलक्षण मानकर श्लेष की पद्धति से एक-एक का उपादान करने पर भी सर्व रात्रिरूपा, सर्व दिवसरूपा-यह अर्थ पर्यवसित हुआ। इस प्रकार के ज्ञान से भी विशेष फल होता है–यह कहा है–**"स यो ह वा एता मधुकृतश्च मधुवृषांश्च वेद कुर्वन्ति हास्यैता अग्नौ मधु नास्येष्टापूर्त**

धयन्ति । अथ यो न वेद न हास्यैता अग्नौ मधु कुर्वन्ति धयन्त्यस्येष्टापूर्तम्" ॥ यहाँ पर "मधुकृत्" शब्द रात्रिपरक है, मधुवृष शब्द दिवसपरक है । इसके आगे **"या एता पूर्वपक्षापरपक्षयो रात्रयस्ता मधुकृतो यान्यहानि ते मधुवृषाः"** यह वाक्यशेष है । **"मधु कुर्वन्ति वर्षन्ति"** यह अवयवशक्ति से अर्थ है । इनको जो जानता है उसके लिये ये दिवससहित रात्रियां अग्नि में अर्थात् बैन्दव स्थान से ब्रह्मरन्ध्र से मधु का स्राव करती हैं । उसके इष्टापूर्त आदि कर्मसमूह को नहीं पी जातीं, अर्थात् उनका लोप नहीं करती हैं । इसके व्यतिरेक में अनिष्ट की सूचना के लिये **"अथ यो न वेद"** इत्यादि कहा है । इसका यह तात्पर्य है कि कुण्डलिनी के उत्थापन से मधुस्राव से डाकिनी आदि योगिनीमण्डल का आप्लावन रूप कर्म होने पर ही बाह्य यज्ञादि-कर्म सफल होते हैं । उसके विना जिस काल में कर्म किये जाते हैं, वह काल ही उन कर्मों के लिये काल बन जाता है, अर्थात् मृत्युरूप हो जाता है । यही विषय चन्द्रज्ञानतन्त्र में उपबृंहित है–

"अन्तरग्नौ मधुस्रावं कुर्वतां शिशिरात्मनाम् ।
इष्टापूर्तादिकर्माणि फलन्ति किल कालतः ॥
अन्तःस्रावविहीनानां सदा संतप्तचेतसाम् ।
कर्माणि क्रियमाणानि कालो ग्रसति तत्क्षणात् ॥
कालकर्षणिकैवान्तः करोति मधुवर्षति ।
इति यो वेद तस्य स्याद् ब्रह्मरन्ध्रात्सुधास्रुतिः ॥
वैदेही जनयामास सरघा कालकर्षणी ।
अहोरात्रैरिमां विद्यां दशपञ्चभिरक्षरैः' ॥

इसमें तृतीय और चतुर्थ श्लोक का यह अर्थ है–कालकर्षणी नामक देवी **"मधुकरोति मधुकृत्"** इस नाम से रात्रिरूपा है । **"मधुवर्षतीति मधुवृषा"** दिनरूपा है । इस प्रकार से रात्रि और दिवस से अभिन्न जो जानता है ।

"विगतो देहो यस्य स विदेहः (कामः)" अर्थात् कामेश्वर, उसके सम्बन्ध से वैदेही कामेश्वरी हुई । उसने दिन और रात्रियों के भेद से पञ्चदश वर्णों से इस पञ्चदशी विद्या को उत्पन्न किया । श्रुति कहती है–**"जनको ह वैदेहोऽहोरात्रैः समाजगाम"** । यही मधुकृत होने से सरघा या मधुमक्षिका है । **"सरघा मधुमक्षिका"** यह कोष है । श्रुति ने भी कहा है–**"इयं वाव सरघा तस्य अग्निरेव सारघं मधु"** ॥ इस प्रकार "विश्वरूपा" नाम पर वेद और तन्त्र की समन्वयात्मक व्याख्या आचार्यपाद ने प्रस्तुत की है ।

सर्वावस्थाविवर्जिता–

जीव की पाँचवी भी एक अवस्था है। उसका रूढ़ि से कोई नाम न होने से और तुर्यावस्था से अतीत होने से "तुर्यातीता" यही यौगिक व्यवहार है। तुर्यावस्थातीत पुरुष के लिये प्राथमिक तीनों अवस्थाओं का अतिक्रमण आवश्यक है, इसलिये इस नाम से **"सर्वाभिश्चतसृभिरवस्थाभिः विशेषेण पुनरावृत्त्यभावपूर्वकं वर्जितो रहितः"** यह व्याख्या करनी होगी। वह जीव तुर्यातीत है, उसकी समष्टि और व्यष्टि से भगवती अभिन्न होने से "सर्वावस्थाविवर्जिता" है। वह अवस्था तुर्यावस्था की दृढता से होती है–**"तुर्यावष्टम्भतो लभ्यं तुर्यातीतं परं पदम्"** वचन है। वरदराज का कथन है–

"तुर्याभ्यासप्रकर्षेण तुर्यातीतात्मकं पदम्।
सम्प्राप्तः साधकः साक्षात्सर्वलोकान्तरात्मना॥
तुल्यः शिवेन चिन्मात्रस्वच्छन्दानन्दशालिनी"॥

पञ्चमदशापन्न का स्वरूप कहने के लिये तीन सूत्र हैं–**शरीरवृत्तिर्व्रतम्, कथा-जपः, दानमात्मज्ञानम्**। स्वात्मानुसन्धानात्मक शिवपूजा का साधन होने से शरीर धारण भी व्रत ही है, न कि तुच्छ है। इसीलिये भट्टोत्पल ने शरीर धारण के लिये प्रार्थना की है–

"अन्तरुल्लसितस्वच्छभक्तिपीयूषपोषितम्।
भवत्पूजोपभोगाय शरीरमिदमस्तु मे"॥

स्वैर अभिलाप अर्थात् भाषण मात्र ही जप हैं; क्योंकि उस पुरुष का चित्त सत्य मात्र का ग्रहण करता है। यही बात दो योगसूत्रों ने कही है–**"निर्विचार वैशारद्येऽध्यात्मप्रसादः", "ऋतंभरा तत्र प्रज्ञा"**।

"यद्धि मनसा ध्यायति तद्वाचा वदति" इस श्रुति ने 'उस पुरुष की उक्तियाँ सभी यथार्थ होने से मन्त्ररूप होती हैं'-यह कहा है। योगवासिष्ठ का भी कथन है–

"सदा सन्तोऽभिगन्तव्या यद्यप्युपदिशन्ति नो।
या हि स्वैरकथास्तेषामुपदेशा भवन्ति ताः"॥

दूसरों को आत्मोपदेश करना ही दान है। यह बात कृष्णदास ने कही है–

"प्रोक्तचैतन्यरूपस्य साक्षात्करणमात्मनः।
यत्तज्ज्ञानं तदेवास्य दानं यत्तेन दीयते"॥

यह तीनों सूत्र उपलक्षणपरतया मानते हुए आचार्य शङ्कर ने भी लिखा है–

"जपो जल्पः शिल्पं सकलमपि मुद्राविरचनम्" इत्यादि।

वार्तिककार ने भी कहा है–

"इति प्रोक्तं व्रतं कुर्वन् जपं चर्यां च पालयन्।
शिवतुल्यः सदा स्वात्मा शिवाराधनतत्परः॥

अयमेव महायोगी महामन्त्रधुरन्धरः ।

अन्तेवासिजनस्यान्तस्तत्त्वतस्तत्त्वबोधकः " ॥

इस प्रकार अविद्यावशीकृत जीव की पाँच दशाओं का निरूपण कर वशीकृत मायावच्छिन्न ईश्वर के कृत्यभेद दिखलाने के लिये आगे के नाम **"सृष्टिकर्त्री ब्रह्मरूपा"**, **"गोप्त्री गोविन्दरूपिणी"** इत्यादि प्रवृत्त होते हैं ।

नारायणी–

"नरस्य अपत्यम्" इस अर्थ में नडादित्व से "फक्" प्रत्यय करने पर नारायण शब्द बना । यह शिव, विष्णु दोनों का वाचक है । **तस्येयं**–उसकी यह नारायणी । मनुस्मृति में नारायण पद की निरुक्ति है–

"आपो नारा इति प्रोक्ता आपो वै नरसूनवः ।

अयनं तस्य ता यस्मात्तेन नारायणः स्मृतः" ॥

ब्रह्मवैवर्त में **"नराणामयनं यस्मात्तस्मान्नारायणः स्मृतः"** । यहाँ नार शब्द जीवपरक है । "नॄ नये" इस धातु के अभिप्राय से **"नयतीति नरः प्रोक्तः परमात्मा सनातनः"** यह देवीभागवत की उक्ति है । "नरस्येमे नारा" यह व्युत्पत्ति भी है । महाभारत में कहा है–

"नराज्जातानि तत्त्वानि नाराणीति विदुर्बुधाः ।

तान्येव चायनं तस्य तेन नारायणः स्मृतः" ॥

इस प्रकार के नारायण परमशिव की स्त्री नारायणी । तुरीय स्वरूप को लेकर **"स श्रीपतिः सोऽपि च पार्वतीपतिः"** यह काशीखण्ड की उक्ति है, अथवा लक्ष्मी से अभेद मानकर भी यह नाम सम्भव है । वस्तुतः **"पुंयोगादाख्यायाम्"** इस सूत्र में पुंयोगपद से केवल वधू-वर सम्बन्ध ही अपेक्षित नहीं है, पितृ-पुत्री भावरूपी सम्बन्ध का भी उदाहरण दिया गया है । अतः यहाँ पर भ्रातृ-भगिनी भावरूप पुंयोग में ङीप् हुआ है । अतः नारायण की भगिनी यह अर्थ हुआ । इसीलिये–

"तस्मै तमालरुचिभासुरकन्धराय

नारायणीसहचराय नमः शिवाय" ।

इत्यादि प्रयोग है । नारायण का गौरी के साथ अभेद भी होने के कारण नारायणी है । कूर्मपुराण में गुणि-शिव का कथन है–

"अहं नारायणो गौरी जगन्माता सनातनी ।

विभज्य संस्थितो देवः स्वात्मानं परमेश्वरः ॥

न मे विदुः परं तत्त्वं देवाद्या न महर्षयः ।

एकोऽहं वेद विश्वात्मा भवानी विष्णुरेव च" ॥

यह सुपार्श्व क्षेत्र में प्रसिद्ध है ।

पद्मपुराण में देवीक्षेत्राध्याय में कहा है–**"नारायणी सुपार्श्वे तु त्रिकूटे भद्रसुन्दरी"** ।

ह्रींकारी ह्रीमती–

ह्रीं अर्थात् लज्जा को करने वाली ह्रींकारी। कर्मण्यण् के बाद ङीप् से सिद्धि। द्वितीया का अलुक् समास है अथवा "ह्रीं" यह स्वरादि के आकृति-गण होने से अव्यय है। इसीलिये त्रिशतीस्तोत्र में एकोनशत (९९) नाम का चतुर्थ्यन्तरूप "ह्रीं नमः" यही प्रयोग होता है। इसका अर्थ स्वतन्त्रतन्त्र में व्याकुलाक्षर श्लोक द्वारा प्रदर्शित है–"**त्वं कामाम्नानप्रशव्यो नानमसग्निमा त्वग्रारोमईयो कार्विर्शतानन्त-फादुलानान्निबिम्**"।

"**देवतारथगो मूक इति यो वेत्ति न क्रमम्।**
स व्याकुलाक्षरे मूको देवतारथगोऽपि सन्"॥

यह पाठनक्रम का सङ्केत है। सृष्टि, स्थिति और संहार इसके अर्थ हैं, उनको करने वाली ह्रींकारी। अथवा "वर्णात्कारप्रत्ययः" मानकर गौरादि के आकृतिगण से ङीप् है। भुवनेश्वरी बीजरूपा यह अर्थ हुआ। "**ह्रीः अस्या अस्तीति**" इस व्युत्पत्ति से ह्रीमती श्रुति भी है–

"**लज्जामती तुष्टिरिष्टा च पुष्टा**" (**त्रिपुरोपनिषद्**)।

"परा" से "वैखरीरूपा" तक–

यदि शब्दार्थ का तादात्म्य ही शक्तिपदार्थ है, तब निर्गुण ब्रह्म भी शब्दब्रह्म से अभिन्न होने के कारण किसलिये उसमें सत्य-ज्ञान आदि पदों की लक्षणा की जाये ? इस आशङ्का का समाधान करने के लिए वैखर्यात्मक पदों का विराट् पुरुष के साथ तादात्म्य होने से शुद्ध ब्रह्म से तादात्म्य नहीं है इत्यादि विषयों का स्पष्टीकरण करते हुए वाणी का विभाग किया गया है। इसमें निम्नाङ्कित विचार हैं–

प्रलयकाल में सृज्यमान प्राणियों के कर्मों की अपरिपाक की दशा में उन कर्मों से अभिन्न मायावच्छिन्न ब्रह्म रहता है। उसी को घनीभूत कहते हैं। कालवशता से कर्मों का परिपाक होने पर विनश्यदवस्थ (जिसका विनाश हो रहा है) परिपाक का प्रागभाव (पूर्व की उपस्थिति न होना)–इसको "विचिकीर्षा" कहते हैं। इसके बाद परिपाक के क्षण में मायावृत्ति उत्पन्न होती है। उस प्रकार का परिपक्व कर्माकार से परिगणित मायाविशिष्ट ब्रह्म "अव्यक्त" पद से वाच्य है। इसीलिये उसकी उत्पत्ति भी मानी है–"**तस्मादव्यक्तमुत्पन्नं त्रिगुणं द्विजसत्तम**" इत्यादि। वही जगदङ्कुर का कन्दरूप होने से 'कारणबिन्दु" पद से व्यवहृत होता है। यह बात प्रपञ्चसार में उक्त है–

"**विचिकीर्षुर्घनीभूता सा चिदभ्येति बिन्दुताम्**"।

इस कारण बिन्दु से क्रम से "कार्यबिन्दु", उसके बाद "नाद", उसके बाद "बीज"–ये तीन पदार्थ उत्पन्न हुए। यही तत्त्व पर-सूक्ष्म-स्थूल शब्दों से भी कहा

जाता है। चिदंश, चिदचिदंश, अचिदंश यह उनके क्रमशः रूप हैं। यह बात रहस्यागम में कही है–

"कालेन भिद्यमानस्तु स बिन्दुर्भवति त्रिधा।
स्थूलसूक्ष्मपरत्वेन तस्य त्रैविध्यमिष्यते॥
स बिन्दुनादबीजत्वभेदेन च निगद्यते"॥

यह कारणबिन्दु आदि चारों पदार्थ हैं, इनकी अधिदेवताएँ अव्यक्त, ईश्वर, हिरण्यगर्भ, विराट् नामक हैं। ये ही शान्ता, वामा, ज्येष्ठा, रौद्री रूप हैं और अम्बिका, इच्छा, ज्ञान, क्रिया रूप भी हैं। इनका अधिभूतरूप कामरूप, पूर्णगिरि, जालन्धर, ओड्याण पीठरूप से है। यह बातें नित्याहृदय में स्पष्ट हैं और अध्यात्मरूप में कारणबिन्दु जो शक्ति, कुण्डली आदि शब्दों से वाच्य है, वह मूलाधार स्थित है।

"शक्तिः कुण्डलिनीति विश्वजननव्यापारबद्धोद्यमां
ज्ञात्वेत्थं न पुनः स्पृशन्ति जननीगर्भेऽर्भकत्वं नराः"।

इत्यादि शब्दों से आचार्यों ने जिसका विवरण किया है, वह अविभागावस्था का कारणबिन्दु ही है।

यही जब कार्यबिन्दु आदि चार पदार्थों की उत्पत्ति के अभिमुख होता है तथा भेद-दशा में आता है, तब "अव्यक्त" नाम से शब्दब्रह्म का रव उसमें उत्पन्न होता है। कहा भी है–

"बिन्दोस्तस्माद् भिद्यमानादव्यक्तात्मा रवोऽभवत्।
स रवः श्रुतिसंपन्नैः शब्दब्रह्मेति गीयते"॥

यह "रव" कारणबिन्दु के तादात्म्य के कारण सर्वगत होने पर भी व्यञ्जक यत्न से प्रेरित पवन के बल से प्राणियों के मूलाधार में ही अभिव्यक्त होता है। वचन है–

"देहेऽपि मूलाधारेऽस्मिन् समुदेति समीरणः।
विवक्षोरिच्छयोत्थेन प्रयत्नेन सुसंस्कृतः॥
स व्यञ्जयति तत्रैव शब्दब्रह्माऽपि सर्वगम्"।

यह कारणबिन्द्वात्मक अभिव्यक्त शब्दब्रह्म स्वप्रतिष्ठित होने से निष्पन्द है, वही "परावाक्" शब्द से कहा जाता है। उसके बाद वही नाभिपर्यन्त आने वाले उस पवन से अभिव्यक्त होकर विमर्शात्मक मन से युक्त होकर सामान्य स्पन्द-प्रकाशात्मक कार्यरूप बिन्दुमय होकर "पश्यन्ती, वाक्" कहा जाता है। उसके बाद वही शब्दब्रह्म उसी वायु से हृदयपर्यन्त अभिव्यज्यमान होकर निश्चयात्मक बुद्धि से युक्त होता है और विशेष स्पन्दप्रकाशात्मक नादमय बनकर "मध्यमा" वाक् कहा जाता है।

आगे वही मुखपर्यन्त उसी वायु से प्रेरित होकर कण्ठ आदि स्थानों में अभिव्यक्त होकर अकारादि वर्णों का रूप ग्रहण करता है और श्रोत्रेन्द्रिय से ग्रहण

योग्य स्पष्टतर प्रकाशरूप बीजात्मक बनकर 'वैखरीवाक्" नाम से निर्दिष्ट होता है। आचार्यों की उक्ति है–

"मूलाधारात्प्रथममुदितो यश्च भावः पराख्यः
पश्चात्पश्यन्त्यथ हृदयगो बुद्धियुङ्मध्यमाख्यः।
व्यक्ते वैखर्यथ रुरुदिषोरस्य जन्तोः सुषुम्णा-
बद्धस्तस्माद्भवति पवने प्रेरिता वर्णसंज्ञा" ॥

नित्यातन्त्र में भी–

"मूलाधारे समुत्पन्नः पराख्यो नादसम्भवः।
स एवोर्ध्वतयानीतः स्वाधिष्ठाने विजृम्भितः ॥
पश्यन्त्याख्यामवाप्नोति तथैवोर्ध्वं शनैः शनैः।
अनाहते बुद्धितत्त्वसमेतो मध्यमाभिधः ॥
तथा तयोर्ध्वनुन्नः सन् विशुद्धौ कण्ठदेशतः।
वैखर्याख्यः.................................." ॥ इत्यादि ।

इस प्रकार चार प्रकार की मातृकाओं में परादि तीनों को न जानने वाले मानव स्थूलदृष्टि के कारण वैखरी को ही वाणी समझते हैं। श्रुति की उक्ति है–

"तस्माद्यद्वाचोऽनाप्तं तन्मनुष्या उपजीवन्ति"।

"अनाप्तं" अर्थात् अपूर्ण तीन दशाओं से रहित, यह वेदभाष्य में अर्थ है। इसी प्रकार–"चत्वारिवाक् परिमितापदानि" इत्यादि प्रसिद्ध है। स्कन्दपुराण के यज्ञवैभवखण्ड में कहा है–

"अपदं पदमापन्नं पदं चाप्यपदं भवेत्।
पदापदविभागं च यः पश्यति स पश्यति" ॥

अर्थात् अपद गतिरहित निःस्पन्द शब्दब्रह्म ही परा आदि चार रूपों में विभक्त हुआ। यह पदचतुष्टय ज्ञात होने पर "अपद" ब्रह्म ही होता है। इस प्रकार श्रुति और स्मृति से पद की चतुर्विधता मान्य होने से **"ते विभक्त्यन्ताः पदम्"** इस गौतमसूत्र और **"सुप्तिङन्तं पदम्"** इस पाणिनिसूत्र से प्रतिपादित है। पदलक्षण के अन्तर्गत "सु" प्रत्यय की भी चतुर्विधता होने के कारण परात्मक "तत्" पद का भी त्रिगुण अव्यक्त मात्र से तादात्म्य के कारण तथा उससे भी परतर निर्गुणब्रह्म से तादात्म्य न होने से वैखरीरूप 'तत्" पद का तादात्म्य तो कथमपि सम्भव ही नहीं है। अतः **"शब्दार्थयोस्तादात्म्यमेव शक्तिः"** इस पक्ष में भी "तत्" पद की केवल लक्षणा ही स्वीकार करनी होगी। मातृका-भेदों में तीनों से पर होने से "परा" कही गई है। त्रिपुरासिद्धान्त में प्रकारान्तर से भी व्युत्पत्ति प्रदर्शित की गयी है–

"श्रीपरानन्दनाथस्य प्रसन्नत्वात् परेति सा।
परानन्दाभिधे तन्त्रे प्रसिद्धत्वाच्च सा परा ॥
प्रासादरूपिणी चेति परा सा शाम्भवीपरा" ॥

प्रत्यक्चितीरूपा–

"प्रतिकूलं स्वात्माभिमुखमञ्चति" अर्थात् स्वरूप को पुनः देखती है, अतः "प्रतीची" हुई। "सा च सा चिती च" इस समास से प्रत्यक्चिती अव्यक्त नामक ब्रह्मरूपिणी हुई, वह रूप है जिसका। पश्यतीति पश्यन्ती (देखने वाली)। इसका दूसरा नाम "उत्तीर्णा" भी है। सौभाग्यसुधोदय का वचन है–

"पश्यति सर्वं स्वात्मनि करणानां सरणिमपि यदुत्तीर्णा।
तेनेयं पश्यन्तीत्युत्तीर्णेत्यप्युदीर्यते माता" ॥

परदेवता–परा उत्कृष्टा देवता है। उपास्य ईश्वरस्वरूप है। मध्यमा–मध्य में स्थित होने के कारण मध्यमा। कहा भी है–

"पश्यन्तीव न केवलमुत्तीर्णा नाऽपि वैखरीव बहिः।
स्फुटतरनिखिलावयवा वाग्रूपा मध्यमा तयोरस्मात्" ॥

वैखरी–**"विशेषेण खरः कठिनस्तस्येयं वैखरी"** इस व्युत्पत्ति के अनुसार वैखरी ही जिसका रूप है, अर्थात् घनभाव को प्राप्त करने वाली। सौभाग्यसुधोदय में व्युत्पत्ति दी है–**"वै निश्चयेन खं कर्णविवरं राति गच्छति"**। अथवा **"प्राणेन विखराख्येन प्रेरिता वैखरी पुनः"** इस योगशास्त्र के वचनानुसार विखर नामक वायु से प्रेरित।

सन्ध्या–

आदित्यावच्छिन्न चैतन्य के साथ अपनी अभेद-भावना ही सन्ध्या है। **"सम्यक् ध्यायन्त्यस्याम्"** यह व्युत्पत्ति है। महाभारत में कहा है–

"सन्ध्येति सूर्यगं ब्रह्म सन्धानादविभागतः।
ब्रह्माद्यैः सकलैर्भूतैस्तदंशैः सच्चिदात्मनः॥
तस्य दासोऽहमस्मीति सोऽहमस्मीति या मतिः।
भवेदुपासकस्येति ह्येवं वेदविदो विदुः" ॥

उसके अभेद से ही यह देवी भी "सन्ध्या" पद से वाच्य है। व्यास का कथन है–

"न भिन्नां प्रतिपद्येत गायत्रीं ब्रह्मणा सह।
साऽहमस्मीत्युपासीत विधिना येन केनचित्" ॥

भारद्वाजस्मृति में भी कहा है–

"ब्रह्माद्याकारभेदेन या भिन्ना कर्मसाक्षिणी।
भास्वतीश्वरशक्तिः सा सन्ध्येत्यभिहिता बुधैः" ॥

त्रिपुरामहिमस्तोत्र में भी–

"गायत्री सशिरास्तुरीयसहिता सन्ध्यामयीत्यागमै-
राख्याता त्रिपुरे त्वमेव महतां शर्मप्रदा कर्मणाम्" ॥

इसलिये सन्धि-काल में उपास्य देवतापरक यह शब्द है। यह माधव का कथन है। सम्यक् ध्येय होने से सन्ध्या। **"आतश्चोपसर्गे"**, **"कर्मण्यण्"** यह परिजातकार ने कहा है। यह ब्रह्मा की मानस-पुत्री है। कालिकापुराण में लिखा है–

"तदा तन्मनसो जाता चारुरूपा वराङ्गना।
नाम्ना सन्ध्येति लोकेऽस्मिन्नस्याः ख्यातिर्भविष्यति" ॥

भगवतीपुराण में भी कहा है–

"या सा सन्ध्या ब्रह्मसुता मनोजाता पुराऽभवत्।
तपस्तप्त्वा तनुं त्यक्त्वा सैव भूता ह्यरुन्धती" ॥

रेणुकापुराण में कुछ भिन्न प्रकार का मत है–

"इडैकास्य महाकाली महालक्ष्मीस्तु पिङ्गला।
एकवीरा सुषुम्णेयमेवं सन्ध्या त्रयात्मिका" ॥

एक वर्ष की कन्या का नाम भी "सन्ध्या" है। धौम्य का वचन है–**"एकवर्षा भवेत्सन्ध्या"**।

कौलमार्गतत्परसेविता–

अपनी वंशपरम्परा से प्राप्त मार्ग ही कुल सम्बन्धी होने से "कौल" है। व्रतखण्ड में कहा है–

"यस्य यस्य हि या देवी कुलमार्गेण संस्थिता।
तेन तेन च सा पूज्या बलिगन्धानुलेपनैः" ॥
"नैवेद्यैर्विविधैश्चैव पूजयेत् कुलमार्गतः"।

अथवा समयमत, कौलमत, मिश्रमत, इस प्रकार विद्या की उपासना में तीन मत हैं। शुक-वसिष्ठादि संहितापञ्चक से उक्त वैदिक-मार्ग से बना प्रथम मत है। चन्द्रकुलादि आठ तन्त्रों से उक्त मिश्रमत है। यतः वह कुल और समय दोनों का अनुसरण करता है। इनसे भिन्न तन्त्रों से प्रतिपाद्य कौलमत है। **"कौलेर्मृग्यते"** इस व्युत्पत्ति से कर्म में "घञ्" हुआ। विभिन्न उपासनाओं के भेद और अधिकार के भेद उन तन्त्रों में द्रष्टव्य हैं। उनमें तत्पर लोगों से संवित् सेवनीया है।

माता–

सबकी जनक होने से माता अथवा मातृका स्वरूप है। **"मन्त्राणां मातृभूता च मातृका परमेश्वरी"** यह स्कन्दपुराण का वचन है। प्रमाता के अर्थ में पुल्लिङ्ग भी नाम हो सकता है। प्रकाश इसमें विशेष्य होगा अथवा दशमी तिथि की नित्या के मन्त्र की "माता" यह संज्ञा है। नामपारायण में भी देखा गया है। **'माता-कुमारीत्यसि"**, यह लघुस्तव का वचन है।

वामदेवी–

वाम वन्दनीय देव वामदेव हैं। श्रुति कहती है–"**तं देवा अब्रुवन्नयं वै नः सर्वेषां वाम इति तस्माद् वामदेवः**" अथवा "**वामेन भागेन दीव्यति**" इस व्युत्पत्ति से भगवान् अर्धनारीश्वर वामदेव कहे गये। अथवा–

"**कुङ्कुमक्षोदसङ्काशं वामाख्यं वनवेषधृत्।**
वक्त्रमुत्तरमीशस्य प्रतिष्ठायां प्रतिष्ठितम्" ॥

इस शिवपुराण के वचनानुसार सदाशिव-व्यूह के अन्तर्गत मूर्ति विशेष भी वामदेव है, उसकी वामा सुन्दरी देवी वामदेवी हुई। अथवा वाम का अर्थ कर्मों का फल है–उसकी देवी, अधिष्ठानदेवता। अथवा वामाचार में रत वाम हुए।

"**पूजकोऽपि भवेद्वामस्तन्मार्गे संततं रतः**" इस कालिकापुराण के अनुसार उनकी देवी यह अर्थ हुआ। देवीपुराण का कथन है–

"**वामं विरुद्धरूपं तु विपरीतं तु गीयते।**
वामेन सुखदा देवी वामदेवी ततः स्मृता" ॥

आगे बासठ नामों से योगिनीन्यास के क्रमानुसार "विशुद्धि" आदि सात चक्रों की अधिष्ठात्री डरलकसहयादि-योगिनीसप्तक के स्वरूप में भगवती के नाम प्रस्तुत किये गये हैं। योगिनीन्यास प्रकरण में "नित्योत्सव" आदि ग्रन्थों में उनका विस्तृत रूपवर्णन, अक्षर, बीज आदि का परिचय दिया गया है। उनमें एक नाम है–

महावीरेन्द्रवरदा–

विविध ईरा या इरा जिनकी है, वे वीर कहे गये। दोनों शब्दों से तात्पर्य यह है–चमत्कारजनक वाणी का प्रयोग करने वाले अथवा महावीर नामक सौमिक यज्ञपात्र विशेष है। "**महावीरं तु विबाधमृजीषम्**" इत्यादि श्रुति से उक्त है, लक्षणा से पानपात्र रूप अर्थ है। उसके आगे मत्वर्थीय अच् प्रत्यय है। तात्पर्य यह है– "**ब्रह्मरसामृतपानशीलाः**"। इसीलिये "इन्द्राः" अर्थात् ब्रह्मविद्। "इदम्" इस प्रकार से अपरोक्षतया जो साक्षी बनकर स्वात्मभूत "ब्रह्माहमस्मीति" भाव का साक्षात्कार करते हैं, वे "इन्द्र" पद से वाच्य हैं। श्रुति भी कहती है–

"**इदमदर्शमिदमदर्शमिति तस्मादिन्द्रो नामः**"।

अथवा शैवशास्त्रानुसार "**त्रितयभोक्ता वीरेशः**" इस शिवसूत्रानुसार जागरादि तीनों अवस्था में तुरीय का अनुसन्धान करने वाले वीरेन्द्र कहे जाते हैं। वरदराज ने भी कहा है–

"**वीरेश इति वीराणां भेदव्यसनकारिणाम्।**
अन्तर्बहिर्विसरतामिन्द्रियाणामधीश्वरः" ॥

अथवा महावीर शब्द से प्रह्लाद, इन्द्र लिये गये। उन दोनों का दिव्य शत वर्ष पर्यन्त युद्ध होने के बाद दोनों ने भगवती की स्तुति की थी। भगवती ने दोनों को वर दिया। यह कथा देवीभागवत के चतुर्थ स्कन्ध में है।

मधुप्रीता–

मधु अर्थात् मद्य या शहद, उससे सन्तुष्ट होने वाली। श्रुति कहती है– **"यन्मधुना जुहोति महतीमेव तद्देवतां प्रीणाति"**। महादेवी को सन्तुष्ट करता है, यह अर्थ हुआ।

विमर्शरूपिणी–

प्रकाशात्मक परब्रह्म का स्वाभाविक स्फुरण विमर्श कहा जाता है। सौभाग्य-सुधोदय का कथन है–

"स्वाभाविकी स्फुरत्ता विमर्शरूपास्य विद्यते शक्तिः।
सैव चराचरमखिलं जनयति जगदेतदपि संहरति" ॥

वही रूप या शक्ति जिसकी है, अथवा विमर्श का अर्थ 'वाचक' शब्द है, वही रूप अर्थात् निरूपक या निरूप्य जिसका है। मातृकाविवेक में कहा है–

"वाचकेन विमर्शेन विना किं वा प्रकाश्यते।
वाच्येनापि प्रकाशेन विना किं वा विमृश्यते ॥
तस्माद् विमर्शो विस्फूर्तौ प्रकाशं समपेक्षते।
प्रकाशश्चात्मनो ज्ञाने विमर्शं समपेक्षते" ॥

इसीलिये मोक्षप्रद ज्ञानस्वरूपिणी होने के कारण अग्रिम नाम है–"विद्या"।

माध्वीपानालसा–

"माध्वी" शब्द "परिपन्थि" शब्द की तरह छान्दस होने पर भी लोक व्यवहार में प्रयुक्त है। प्रसिद्ध है–

"स्वब्रह्मभावहन्त्रीं साधुविनिन्द्यां सुरां च सरणिं च।
अहह कथं नु भजध्वे माध्वीं गौडीं च मोहिनीं मन्दाम्" ॥

अतः **"छन्दसि परिपन्थि परिपणौ"** कीतरह है **"ऋत्व्यवास्त्व्यवास्त्वमाध्वीहिरण्ययानि छन्दसि"** इस प्रयोग के अनुसार भाषा में व्यवहृत होने से भाषा समुच्चय के अर्थ में सूत्र के एकदेश में व्याख्येय है। छान्दस होने पर भी "वा" शब्द से दोष नहीं आता।

माध्वी द्राक्षाजन्य मदिरा के पान से अलस। अन्तःस्वरूप में प्रतिष्ठित होने से शीतल, यह अर्थ है।

मत्ता–

मत्ता के समान है, अतः मत्ता। अथवा–मंत् शब्द अहमर्थ में है, उसका भाव हुआ मत्ता। परशिवनिष्ठ पराहन्तास्वरूपिणी यह तात्पर्य है।

कामसेविता—

काम का अर्थ महाकामेश्वर है—उससे सेविता उपासिता अथवा काम अनङ्ग है—उससे सेवित अर्थात् स्यूत (सीली हुई) हुई। **"सीवनं सेवनं स्यूतिः"** यह कोष है।

अरुणोपनिषद् की श्रुति कहती है—**"पुत्रो निर्ऋत्या वैदेहः। अचेता यश्च चेतनः। स तं मणिमविन्दत्। सोऽनङ्गुलिरावयऽत्। सोऽग्रीवः प्रत्यमुञ्चत्। सोऽजिह्वो असश्चत। नैनमृषिं विदित्त्वा नगरं प्रविशेत्। यदि प्रविशेत् मिथो चरित्वा प्रविशेत्। तत्सम्भवस्य व्रतम्"** ॥

"निर्ऋति अर्थात् लक्ष्मी का पुत्र वैदेह अनङ्ग मन्मथ है। अनङ्ग होने से ही नेत्र, अङ्गुलि, ग्रीवा, जिह्वा से रहित है। उस अन्ध ने मणि अर्थात् विद्यारत्न को पाया। उसके बाद "आवयत्" अर्थात् सी दिया। उसके बाद ग्रीवा में बाँधा और आस्वाद भी पाया। अतः मन्त्रद्रष्टा होने के कारण यही ऋषि है। इसका ज्ञान होने पर ही नगर में बाह्य चक्र में प्रवेश होता है। पूजा का आरोप व्यर्थ होने से और उसका प्रयोजन समाप्त होने से आवश्यक नहीं है। यदि पूजा की सर्वथा इच्छा है, तो शिवशक्तिसामरस्यात्मक मिथुनीभाव को जानकर ही करना चाहिये। वह सामरस्य ही चित्तसम्भव मन्मथ का रहस्यतर व्रत है" यह पूर्वोक्त अरुणोपनिषद् की व्याख्या है।

कलात्मिका कलानाथा—

यहाँ पर "कला" शब्द से अग्नि की दश कलायें, सूर्य की द्वादश कलायें और चन्द्र की षोडश कलायें ली गई हैं और भी ब्रह्म-विष्णु-रुद्र-सदाशिव की कलायें मिलाकर अनेक कलायें पूजन में प्रयुक्त होती हैं। अथवा चतुःषष्टिकला विभिन्न शास्त्रों से प्रसिद्ध हैं। अथवा—

"उत्पत्तिर्जागरो बोधो व्यावृत्तिर्मनसः सदा।
कलाचतुष्टयं जाग्रदवस्थायां व्यवस्थितम्॥
जाग्रत्सर्वगुणैः प्रोक्ता केवलं शक्तिरूपिणी"।

और भी—

"मरणं विस्मृतिर्मूर्च्छा निद्रा च तमसाऽऽवृता।
सुषुप्तेषु कला ज्ञेयास्ताः सर्वाः श्रीकलात्मिकाः"॥

और अन्य भी हैं—

"अभिलाषो भ्रमश्चिन्ता विषयेषु पुनः स्मृतिः।
कलाचतुष्टयं देवि स्वप्नावस्था विधीयते॥
शिवरूपाः शक्तिरूपास्ताः कलास्त्रिपुरात्मिकाः"।

अन्य भी—

"वैराग्यं च मुमुक्षुत्वं समाधिविमलं मनः।
सदसद्वस्तुनिर्धारस्तुर्यावस्थाः कला इमाः"॥

दूतीयाग के प्रकरण में सोलह कामकलाएँ कही हैं। अन्तरदूतीप्रकरण में श्रीविद्या की षोडश कलाएँ निर्दिष्ट हैं। इसी तरह बिन्दु, अर्धचन्द्र, रोधिनी आदि की पृथक् कलाएँ स्वच्छन्दभैरवादि तन्त्रों में उक्त हैं। उस प्रकार की निखिल कलाओं का स्वरूप इसी का है।

उमा—

"उ"कार शिव का वाचक है, उसकी "मा" लक्ष्मी अथवा **"उं परशिवं माति परिच्छिनत्ति"** शिव का परिच्छेद (विश्लेषण) करती है।

अतसी-पुष्प के समान वर्ण होने से उससे अभेद मानकर "उमा" है। "उमा" अतसी का भी नाम है। ऐसे ही हरिद्रावर्ण के अर्थ में भी प्रयोग होगा, अथवा कीर्ति और कान्तिरूपिणी है। **"या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता"** इत्यादि वचन हैं। **"उमाऽतसी हैमवती हरिद्राकीर्तिकान्तिषु"** यह विश्वकोष है। "उ" यह आमन्त्रक के अर्थ में है, " मा " निषेध में है। बाल्यकाल में तपस्या के लिये उद्यत भगवती को माता ने निषेध किया था। कालिकापुराण में वचन है—

"यतो निरस्ता तपसे वनं गन्तुं तु मेनया।
उमेति तेन सोमेति नाम प्राप तदा सती" ॥

ब्रह्मपुराण में भी—

"अपर्णा तु निराहारा तां माता प्रत्यभाषत।
उमा इति निषेधन्ती उमेत्येव तदाभवत् ॥
सा तथोक्त्वा तया मात्रा देवी दुश्चरचारिणी।
तेनैव नाम्ना लोकेषु विख्याता सुरपूजिता" ॥

पद्मपुराण के पुष्करखण्ड में—

"ततोऽन्तरिक्षाद्दिव्या वागब्रवीद् भुवनत्रये।
उमेति तु त्वया मेने यदुक्तं तनयां प्रति ॥
उमेति नाम तेनास्या भुवनेषु भविष्यति" ॥

महाकवि कालिदास ने भी कहा है—

"उमेति मात्रा तपसो निषिद्धा पश्चादुमाख्यां सुमुखी जगाम"।

अथवा—

उः उत्तमा च सा मा चित्तवृत्तिश्चेति वा।

सूतसंहिता में कहा है—

परानुभूतिं भवपाशनाशिनीं सदाशिवस्याप्यतिशोभनाढ्याम्।
उमाभिधामुत्तमचित्तवृत्तिं नमामि नानाविधलोकवैभवाम्" ॥

अथवा प्रणव के घटक अकार, उकार, मकार, इनसे विष्णु, शिव, ब्रह्म वाचकों से घटित होने से उमा त्रिमूर्तिरूपिणी है, इत्यादि प्रणवपरक व्याख्यान है। इसीलिये

इस नाम को "देवीप्रणव" शब्द से रहस्यविद् व्यवहार करते हैं। लिंगपुराण में भगवती के प्रति परशिव ने ही कहा है–

"अकारोकारमकारा मदीये प्रणवे स्थिताः।
उकारं च मकारं च अकारं च क्रमेरितम् ॥
त्वदीयं प्रणवं विद्धि त्रिमात्रं प्लुतमुत्तमम्" ॥

महावासिष्ठ में–

"ओंकारसारशक्तित्वादुमेति परिकीर्तिता।"

उसी में विचार है–

"सुप्तानामथ बुद्धीनाममात्रोच्चारणाद् हृदि।
नित्यं त्रैलोक्यभूतानामुमेतीन्दुकलोच्यते" ॥

"सभी प्राणियों की स्वापदशा या बोधकदशा में हृदय में अनाहत नाद रूप से अकारादिमात्रात्रय शून्य शब्दब्रह्मात्मक प्रणवनाद भाग के नित्य उच्चारण से हृदय-कमल के छिद्ररूप दहराकाशात्मक शिव के मस्तक में इन्दुकला बिन्दुरूप से स्थित है" ऐसा पूर्वोक्त ग्रन्थ की टीका में लिखा है। वायवीय-संहिता में भी–**"ओंकाराक्षरं ब्रह्म"** इत्यादि कहकर उसके अवयव बताये हैं। आगे **"अर्धमात्रात्मको नादः श्रूयते लिङ्गमूर्धनि"** यह कहा है।

हंसोपनिषद् में हृदयकमल के दलों के भेद से हंस की अवस्था बताकर मतिभेद कहे हैं। लिङ्ग में सुषुप्ति, पद्मत्याग में तुरीया, हंस के लिङ्ग-मूर्धस्थान में देवी यह कहकर लय होने पर तुर्यातीतावस्था होती है। अथवा **"इच्छाशक्तिरुमा-कुमारी"** इस शिवसूत्र में योगियों की इच्छा को ही "उमा" संज्ञा से कहा है। इस पर विवरण करते हुए कृष्णदास ने लिखा है–

"परभैरवतामुक्तां ग्रसमानस्य शाश्वतीम्।
तस्यैव योगिनो येच्छाशक्तिस्तां निगदन्त्युमाम्' ॥

यह देवी विनायक पीठ की अधिष्ठात्री भी है। **"उमादेवी विनायके"** यह पद्मपुराण में है। **"उमा सिन्धुवने नाम्ना"** यह भी उसी पुराण में है, अथवा छः वर्ष की कन्या का नाम "उमा" है।

अपरिच्छेद्या–

अभाव का प्रतियोगित्व ही परिच्छेद्यत्व है। वह नहीं है, अतः अपरिच्छेद्या हुई। देश से परिच्छेद तो अत्यन्ताभाव ही होगा। काल से परिच्छेद ध्वंस और प्रागभाव है। वस्तुतः अन्योन्याभाव है। इस प्रकार के परिच्छेदों से रहित है, यह तात्पर्य है।

योगिनी योगदा योग्या–

योग का अर्थ एकत्व की भावना है। उससे विशिष्ट है अथवा उसको देने वाली है योगिनी। अथवा उसके योग्य है योगदा–योग्या। "योगाद्यच्च" इससे यत् प्रत्यय है। विष्णुपुराण का कथन है–

"ज्ञानेन्द्रियाणि सर्वाणि निगृह्य मनसा सह।
एकत्वभावनायोगः क्षेत्रज्ञपरमात्मनोः" ॥

"तं विद्याद्दुःखसंयोगवियोगं योगसंज्ञितम्" यह गीता का वाक्य है। **"योगश्चित्त-वृत्तिनिरोधः"** यह पातञ्जलसूत्र है। योग भी मन्त्र, लय, हठ, राज, इस प्रकार चार प्रकार का है। राजयोग भी सांख्य, तारक, अमनस्क, इन भेदों से विभक्त है। आकरग्रन्थों में इनका विस्तार द्रष्टव्य है। अथवा मङ्गला से सङ्कटा तक आठ योगिनियाँ छब्बीस वर्षों में पुनः-पुनः परिवर्तनशील ज्योतिषशास्त्र में कही गई हैं। "डाकिनी" आदि सात योगिनियाँ मन्त्रशास्त्र में हैं, तद्रूप होने से भी "योगिनी" शब्द से वाच्य है। अथवा योग का अर्थ विषयसङ्ग भोग है। उससे भोक्तृ-भोगप्रद-भोग्य तीनों रूपों से रहने वाली यह पूर्वोक्त तीन नामों का क्रमशः अर्थ हुआ। यह बात श्वेताश्वतरोपनिषद् में कही गई है–

"भोक्ता भोग्यं प्रेरितारं च मत्त्वा
सर्वं प्रोक्तं त्रिविधं ब्रह्मैतत्"।

यहाँ पर कुछ विचार है–माया प्रधान और स्वतन्त्र है, यह सांख्यों का कथन है। शिव की वह शक्ति है, ऐसा वेदान्ती कहते हैं। "शक्ति" कहने से परतन्त्रता द्योतित है, यह विवरणाचार्य का मत है। यह त्रिगुणात्मिका है। गुण परस्पर के अभिभावक हैं।

"रजस्तमश्चाऽभिभूय सत्वं भवति भारत।
रजः सत्त्वं तमश्चैव तमः सत्त्वं रजस्तथा" ॥

यह गीता की उक्ति है। अतः वह तीन प्रकार की हुई। रजस् और तमस् के अत्यन्त अभिभव से विशुद्ध सत्त्वात्मिका एक हुई। ईषत् थोड़े उद्बुद्ध रजस् और तमस् से मलिनसत्त्वा दूसरी हुई। अत्यन्त अभिभूत रजस्, तमस् वाली प्राया (केवला) तमोमयी तीसरी हुई। उनमें से प्रथम प्रकार से अवच्छिन्न "चिदीश्वर" नाम वाली भोगप्रदा को "योगदा" कहा जाता है। द्वितीय से अवच्छिन्न जीव नामक 'भोक्त्री' योगिनी है। तृतीय से अवच्छिन्न जड वस्तु नामक भोग्या 'भोग्या, कही जाती है, यह विचार प्रदर्शित है।

इच्छाशक्ति-ज्ञानशक्ति-क्रियाशक्तिस्वरूपिणी–

मालिनीविजयतन्त्र में कहा है–

"या सा शक्तिर्जगद्धातुः कथिता ब्रह्मणा पुरा।
इच्छात्वं तस्य सा देवी सिसृक्षोः प्रतिपद्यते ॥

एवमेतदिति ज्ञेयं नान्यथेति सुनिश्चितम् ।
ज्ञापयन्ती झडित्यन्तर्ज्ञानशक्तिर्निगद्यते ॥
एवंभूतमिदं वस्तु भवत्विति यदा पुनः ।
ज्ञात्वा तदेव तद्वस्तु कुर्वन्त्यत्र क्रियोच्यते" ॥

वासिष्ठरामायण में–

"शिवं ब्रह्मविदुः शान्तमवाच्यं वाग्विदामपि ।
स्पन्दशक्तिस्तदिच्छेयं दृश्याभासं तनोति सा ॥
साकारस्य नरस्येच्छा यथा वै कल्पनापुरम्" ।
"दृश्याभासानुभूतानां करणात्सा क्रियेति च" ।

"दृश्याभास में अनुभूत उत्पत्ति आदि विकृति संस्कृति नामक चतुर्विध फलों के करने से" इस प्रकार इस ग्रन्थ की टीका में व्याख्या है ।

सर्वाधारा–

"सर्वमाधारो यस्याः" ऐसी भी व्याख्या होगी । सभी में अन्तर्यामितया स्थित है, अथवा सभी की आधाररूपा है । मार्कण्डेयपुराण का कथन है–

"येऽर्था नित्या ये विनश्यन्ति चान्ये
येऽर्थाः स्थूला ये च सूक्ष्माच्च सूक्ष्माः ।
यच्चामूर्तं यच्च मूर्तं समस्तं
यद्यद् भूतेष्वेकमेकं च किञ्चित् ॥
येऽर्था भूमौ येऽन्तरिक्षेऽन्यतो वा
तेषां देवि ! त्वत्त एवोपलब्धिः" ॥

इस पक्ष में स्त्रीलिङ्ग की अनुपपत्ति की शङ्का नहीं है । **"परवल्लिङ्गं द्वन्द्वतत्पुरुषयोः"** यह सूत्र है ।

"आधारोऽधिकरणम्" इस सूत्र के अनुसार आधार पद की पुंल्लिङ्गता मालूम होती है । वस्तुतः निर्गुण ब्रह्म के विषय में वही अधिक उपयुक्त है । यतः सत्त्व आदि गुणत्रय का उपचय ही पुंस्त्व है, अपचय स्त्रीत्व है, साम्य नपुंसकत्व है । लिङ्ग, योनि और उन दोनों का अभाव रूप उनकी अचेतन पदार्थों में अव्याप्ति होगी । सम्पूर्ण जगत् त्रिगुणात्मक है, यह बात देवीभागवतादि में प्रतिपादित है, अतः उन लिङ्गों की सर्वत्र सम्भावना है । उपचय आदि पदार्थ सावधिक होने से प्रतिपादित अर्थ में किञ्चिदपेक्षा कर उपचय-अपचयादि होते ही हैं । अतः लिङ्गत्रय भी केवलान्वयि होने से विवक्षानुसार व्यवस्था मानकर प्रयोग होता है । यही सब विचार कर महाभाष्य में–

"संस्त्यानप्रसवौ लिङ्गमास्थेयौ स्वकृतान्ततः" ।
"संस्त्यानं स्त्यायतेर्डट्स्त्री सूतेः सप् प्रसवः पुमान् ।
उभयोरन्तरं यच्च तदभावे नपुंसकम्" ॥

"लिङ्गमशिष्यम्" इत्यादि कहा गया है। **"सम्बन्धमनुवर्तिष्यते कोऽसावनुमानो नाम"** ऐसा भी प्रयोग है। **"बन्धुनि बहुव्रीहौ"** यह सौत्र प्रयोग भी है।

ऐसी स्थिति में अव्यवस्था न हो, इसलिये लिङ्गानुशासन की प्रवृत्ति नियमादृष्ट मात्र के लिये प्रयुक्त है। चेतनों में तो उभयविध लिङ्ग के समुच्चय की विवक्षा से "अजाद्यतष्टाप्" इत्यादि विधान है। उससे पशु की एकता की तरह लिङ्ग भी विवक्षित है, ऐसा कहने पर "लिङ्गम्" इस अधिकरण से विरोध होगा। अतः त्रिगुणातीत चिच्छक्तिरूपिणी जगन्माता त्रिपुरसुन्दरी में दोनों प्रकार के स्त्रीलिङ्ग की सगुण अन्य चेतन पदार्थ की अपेक्षा से असङ्कुचित वृत्ति है। अतः व्यवहार अप्रतिबन्ध है। इस आशय से वाग्देवताओं ने स्त्रीलिङ्ग में ही प्रयोग किया है। तथापि नियमादृष्ट का अनुसरण करने के लिये उन-उन नामों के विषय में आचार्य ने लिङ्गानुशासन की अनुकूलता प्रदर्शित की है। अपशब्द का निराकरण उनका उद्देश्य नहीं है, वस्तुतः वह अपशब्द हो ही नहीं सकता।

भावाऽभावविवर्जिता—

भाव द्रव्यगुणादि पदार्थ रूप है, अभाव प्रागभावादि हैं, उन दोनों से विवर्जित (रहित)। इसमें शङ्का हो सकती है कि दोनों स्थिति का अभाव भी अभाव रूप होने से तद्वत्ता तो आती है, तब कैसे अभाव विवर्जिता कहेंगे ? और प्रागभाव, ध्वंस, अत्यन्ताभाव आदि भी द्रव्यगुणादि पदार्थ प्रतियोगिक ही होते हैं। दूसरा कोई प्रकार नहीं है। तब द्रव्याभाव के अभाव में द्रव्यत्व और द्रव्य के अभाव में द्रव्याभाव ही आता है। तब इसका समाधान व्यासचरणों ने ही किया है। स्कन्द-पुराण के यज्ञवैभवखण्ड में कहा है—

> **"अधिष्ठानावशेषो हि नाशः कल्पितवस्तुनः।**
> **भावस्यैव ह्यभावत्वं नाशो भावस्य भावता॥**
> **भावाभावस्वरूपाभ्यामन्य एव हि कल्पितः।**
> **अधिष्ठानस्य नाशो न सत्यत्वादेव सर्वदा"॥**

अधिष्ठान समसत्ताक—पदार्थ प्रतियोगिक अभाव की और उसके अभाव की अधिष्ठान से भिन्नतया स्थिति होने से उसमें वृत्तिता है। अधिष्ठान से विषम सत्ताक अभाव तो अधिष्ठान स्वरूप ही है, उससे भिन्न नहीं है और अधिष्ठान तो सत्य होने के कारण कभी नष्ट नहीं होता, यही पूर्वोक्त प्रमाण श्लोकों का तात्पर्य है।

दीक्षिता—

'धियं ज्ञानं क्षिणोति' अर्थात् ज्ञान को प्राप्त कराती है।

"अथाऽतो दीक्षा कस्यस्विद्धेतोर्दीक्षित इत्याचक्षते" यहाँ से आरम्भ कर **"तं वा एतं धीक्षितं सन्तं दीक्षित इत्याचक्षते"** यहाँ तक आथर्वणब्राह्मण में कहा है—

"शिष्येभ्यो मन्त्रदानेन पापं क्षपयतीति वा।
दीयते कृपया शिष्ये क्षीयते पापसंचयः॥
तेन दीक्षेति कथिता......................."॥

वह जिसको हुई है, वह दीक्षित है, उससे अभिन्न होने से दीक्षिता।

देशकालापरिच्छिन्ना–

देश और काल से अपरिच्छिन्न अर्थात् उन दोनों के परिच्छेद से रहित। योगसूत्र का कथन है–**"स पूर्वेषामपि गुरुः कालेनाऽनवच्छेदात्"**। वह ईश्वर पूर्व ब्रह्मादिकों का भी गुरु (पिता) है, यतः वह काल से सीमित नहीं है।

"इह नास्तीति" ऐसी प्रतीति का विषय अत्यन्ताभाव देशकृत परिच्छेद है, **"पूर्वं नासीदग्रे न भविष्यति"** इस प्रतीति के विषय प्रागभाव और प्रध्वंस कालकृत परिच्छेद हैं। **"अधुना नास्ति"** यह तो अत्यन्ताभाव ही है। देश की वृत्ति में, काल के काल में, वृत्ति में देश की अवच्छेदकता का नियम होने से "इस समय गोष्ठ में गौ है, मन्दुरा में नहीं है" ऐसी प्रतीति होने के कारण "इह", "अधुना" इन दोनों में एक अधिकरण है, दूसरा अवच्छेदक है। इस प्रकार का विचार अन्य ग्रन्थों में किया गया है।

इस प्रकार के परिच्छेद का अभाव अर्थात् तत्प्रतियोगित्व का अभाव, या प्रतियोगित्व सम्बन्ध से उन दोनों का अभाव। उससे विशिष्ट तद्वती। सौरसंहिता का कथन है–

"पुमानाकाशवद् व्यापी स्वातिरिक्तं मृषा यतः।
देशतः कालतश्चाऽपि ह्यनन्तो वस्तुतः स्मृतः"॥

अनन्त शब्द का अर्थ ही परिच्छेद का अभाव है।

यहाँ पर और एक शङ्का है–क्या यहाँ परिच्छेदाभाव भी लिया गया है? "अयमयं न" ऐसी प्रतीति वाला "अन्योन्याभाव" वस्तु से परिच्छेद है, तत्प्रतियोगित्वाभाव क्यों नहीं कहा गया? वह वादि-प्रतिवादियों की शङ्काओं का विषय होने से उसका अनेक नामों से समर्थन किया जा सकता है, उसे पृथक् कहेंगे। इसी अभिप्राय से आगे का नाम "सर्वगा" है।

गुरुमण्डलरूपिणी–

"गुरवः परमशिवादिस्वगुरुपर्यन्ताः" अर्थात् परमशिव से लेकर स्वगुरु तक गुरुओं का मण्डल या परम्परा है। वही रूप या निरूपण है जिसका। अविच्छिन्न गुरु-पारम्पर्य क्रम से आगत यह रहस्य है, पुस्तकों में नहीं लिखा जाता। योगिनी-हृदय का वचन है–

"कर्णात्कर्णोपदेशेन सम्प्राप्तमवनीतलम्"।

नामपारायणप्रीता–

अ-आ-इ-ई से आरम्भ कर क्ष-क्षा तक भगवती के नाम हैं। अकार एक, ककार आदि पैंतीस–इस प्रकार छत्तीस अक्षर हैं। ये ही छत्तीस वर्षों के सूचक हैं। उनमें से प्रत्येक का सोलह स्वरों से योग करने पर उतने मास होते हैं। उससे पाँच सौ छिहत्तर (५७६) वर्ण होते हैं। ये प्रथम अक्षर हैं। इनमें एक-एक को प्रथम मानकर दूसरे वर्ण के स्थान में छत्तीस वर्णों के क्रम से विन्यास करना चाहिये और अन्त में "आई" यह पल्लव लगाना चाहिये। उससे बीस हजार सात सौ छत्तीस (२०,७३६) अक्षर (नाम) होते हैं। लघुस्तव में इस विषय में लिखा है–

"आईपल्लवितैः परस्परयुतैर्द्वित्रिक्रमाद्यक्षरैः
कादिक्षान्तगतैः स्वरादिभिरथ क्षान्तैश्च तैः सस्वरैः।
नामानि त्रिपुरे ! भवन्ति खलु यान्यत्यन्तगोप्यानि ते
तेभ्यो भैरवपत्नि ! विंशतिसहस्रेभ्यः परेभ्यो नमः" ॥

देवी-भागवत के तृतीय स्कन्ध में भी–

"अकारादिक्षकारान्तैः स्वरैर्वर्णैस्तु योजितैः।
असंख्येयानि नामानि भवन्ति रघुनन्दन !" ॥

यह लिखा है। इनके पारायण का प्रकार कादिमत में पाँच तरह से निर्दिष्ट है–

"दिनतो वारतः पक्षान्मासात् षट्त्रिंशतो दिनैः" इत्यादि।

इसी को नामपारायण कहा गया है। ऐसे ही सहस्रनाम पाठ के विषय में भी योगरूढ़ि के पहिले का तथा यौगिकवृत्ति से दूसरे का ग्रहण किया जा सकता है। इस नामपारायण नामक कर्म से प्रीत अर्थात् सन्तुष्ट होने वाली। फलश्रुति में कहा ही है–

"मामर्चयतु वा मा वा विद्यां जपतु वा न वा।
कीर्तयेन्नामसहस्रमिदं मत्प्रीतये सदा" ॥

मिथ्याजगदधिष्ठाना–

मिथ्यारूप जगत् की अधिष्ठानभूत रजत के भान के लिये शुक्ति के समान। **"मायामात्रमिदं द्वैतमद्वैतं परमार्थतः"**, **"नेह नानास्ति किञ्चन"** इत्यादि श्रुति है। **"सर्वं खल्विदमेवाहं नान्यदस्ति सनातनम्"** देवीभागवत और "यत्र त्रिसर्गो मृषा" विष्णुभागवत में है। गुणत्रय की अपचय विवक्षा से स्त्रीलिङ्ग का प्रयोग है। अथवा "अधिष्ठा" शब्द ही अधिष्ठानपरक है, उससे जगदधिष्ठा रूप "ब्रह्म" ही अनः (प्राण) है जिसका, यह समास होगा। अथवा अधिष्ठान शब्द मत्वर्थीय "अच्" प्रत्यय से आधेयपरक है। उससे मिथ्या जगत् अधिष्ठान अर्थात् अधिष्ठित जिसमें है, यह समास होगा। वस्तुतः जगत् को ब्रह्म का परिणाम मानने वाले तान्त्रिकों के मत में

जगत् की सत्यता ही है, मृत् और घट की तरह ब्रह्म और गगन का अत्यन्ताभेद है। अतः ब्रह्म सत्य होने से जगत् की सत्यता भी है, भेद-मांत्र मिथ्या है। इस मत को मानने से सम्पूर्ण अद्वैत श्रुतियों का निर्वाह हो सकता है। भेद मिथ्या होने से भेदघटित आधाराधेय भावरूप सम्बन्ध भी मिथ्या ही है। इतने से ही विरोध की निवृत्ति होने से सम्पूर्ण जगत् की मिथ्यात्व कल्पना वेदान्तियों ने जो की है, वह व्यर्थ ही है।

यह विषय शाम्भवानन्दकल्पलता में विस्तार से निर्दिष्ट है। अतः मिथ्याभूत जगत् का अधिष्ठान-भेदघटित-सम्बन्ध से अवस्थान जिसमें है, यह समास कर स्त्रीलिङ्ग की उपपत्ति करनी होगी।

"भवदावसुधावृष्टिः" से लेकर आठ नाम परम्परित रूपकालङ्कार से घटित हैं।

पराकाशा—

पर उत्कृष्ट आकाश ही पराकाशा है। निर्गुण होने से स्त्रीलिङ्ग है। परब्रह्म ही अर्थ है। **"आकाश इति होवाचाकाशो ह्येवैभ्यो ज्यायानाकाशः परायणम्"** इस तरह छान्दोग्य उपनिषद् में आकाश पद से परब्रह्म का ही ग्रहण किया है। भूताकाश से तात्पर्य नहीं है। "आकाशस्तल्लिङ्गात्" यह ब्रह्मसूत्र से भी निर्णीत है। कूर्मपुराण में भी—

"यस्य सा परमा देवी शक्तिराकाशसंस्थिता"।

कहा है। और—

"इत्थं हि सा जगतो योनिरेका
सर्वात्मिका सर्वनियामिका च।
माहेश्वरी शक्तिरनादिसिद्धा
व्योमाभिधाना दिवि राजतीव"॥

यह भी वाक्य है। अथवा **"परमे व्योमन् प्रतिष्ठिता"** इत्यादि श्रुति से सिद्ध व्योम ब्रह्माण्ड-पिण्डाण्ड भेद से दो प्रकार का होने पर भी पराकाश अर्थात् ब्रह्म की अभिव्यक्ति का स्थान है, तद्रूपा। चिद्गगनचन्द्रिका का कथन है—

"हृत्क्रियात्मशशिभानुमध्यगः खेचरत्यनलदृष्टिधाम यः।
यत्तदूर्ध्वशिखरं परं नभस्तत्र दर्शय शिवं त्वमम्बिके"॥

स्वच्छन्दसंग्रह में भी—

"द्वादशान्तं ललाटोर्ध्वं कपालोर्ध्वावसानकम्।
द्व्यङ्गुलोर्ध्वं शिरोदेशात् परं व्योम प्रकीर्तितम्"॥

कहा है। अथवा सात समुद्रों से परतर आकाश ही पराकाश है, उसमें ललिता प्रति सोलहवें वर्ष में रहती है, तब पराकाशा कह सकते हैं। कादिमत का कथन है—

"कृतादिवर्षादारभ्य प्रतिवर्षमिति स्थिता।
द्वितीयादिषु वर्षेषु क्रमात्ताः परिवृत्तिभिः॥
षोडशेऽब्दे परे व्योम्नि ललिता सलिलाम्बुधौ।
चित्रा च भवतीत्थं हि भजन्ते परिवर्तनम्" ॥

"मेरुपर्वत, सप्तद्वीप, सप्तसमुद्र, पराकाश इन सोलह स्थानों में कृतयुग के प्रथमवर्ष में ललिता, कामेश्वरी, भगमालिनी इत्यादि क्रम से चित्रा तक षोडश-नित्यायें रहती हैं। दूसरे वर्ष में ललिता जम्बुद्वीप में अवतरण करती है। कामेश्वरी तो क्षाराम्बुधि (लवणसागर) को जाती है। वहाँ पूर्वस्थित भगमालिनी उसके आगे के स्थान पर जाती है। इस पद्धति से पराकाश में ज्वालामलिनी और मेरु में चित्रा वास करती है। तीसरे वर्ष में क्षाराम्बुधि में ललिता इत्यादि क्रम से उत्तरोत्तर स्थानों में गमन के क्रम से जम्बुद्वीप में चित्रा आ जाती है" इत्यादि क्रम जानना चाहये। अथवा पराक शब्द कृच्छ्रविशेष (तपोविशेष) का वाचक है। अतः तप का उपलक्षक है, उसकी आशा दिक्। तपोगम्य मार्ग यह अर्थ हुआ। अथवा **"पराकमश्नाति"** इससे पराकादिजन्य फल की भोक्त्री यह अर्थ हुआ। **"परे उत्कृष्टे अके पापदुःखे अश्नाति नाशयति"** इस व्युत्पत्ति से भी अर्थ होगा। उपमार्थक-प्रतीकाश-प्रतिस्पर्धि-पराकाश शब्दों से "अनुपमा" यह भी अर्थ है।

मार्ताण्डभैरवाराध्या–

श्रीपुर के वर्णन में बाईस और तेईसवें प्राकारों के मध्य में मार्ताण्डभैरव श्रीदेवी के उपासक हैं। दुर्वासाकृत ललितास्तवरत्न में कहा है–

"चक्षुष्मतीप्रकाशनशक्तिच्छायासमारचितकेलिम्।
माणिक्यमुकुटरम्यं मन्ये मार्ताण्डभैरवं हृदये" ॥

"मणिमल्ल" नामक दैत्य के नाश के लिये अश्वारूढ होकर पृथ्वी पर आने वाले शिव का ही अवतार "मल्लारि" नाम से प्रसिद्ध मार्ताण्डभैरवं है। यह बात महाराष्ट्र में तथा तन्त्रचिन्तामणि ग्रन्थ में प्रसिद्ध है। अथवा मार्ताण्ड सूर्य प्रसिद्ध हैं। **"मृतेऽण्डे येन सञ्जातो मार्ताण्डस्तेन भास्करः"** यह स्कन्दपुराण है। शकन्ध्वादि से पररूप हुआ। "तत्र जातः" इससे तद्धित है। भैरव-बटुकभैरव इत्यादि अनेक हैं। सूर्य के द्वारा आराधना की बात पद्मपुराण में है–

"देव्या रत्नमयीं मूर्तिं भक्त्या नित्यं दिवाकरः।
पूजयित्वाप्तवान् दिव्यं सूर्यत्वं शुभमुत्तमम्" ॥

कालिकापुराण में भी भैरवकृत आराधना सूचित है। अथवा **"भीरूणां समूहो भैरवः"** उनसे आराधित। देवीस्तुति में–**"दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः"** इत्यादि प्रसिद्ध है। अथवा "उद्यमो भैरवः" इस शिवसूत्र से प्रतिपादित उद्योग ही भैरव है,

वही मोहरूप अन्धकार का नाशक होने से मार्ताण्ड है। "**मोहजयादनन्ताभोगात्सहजं विद्याजयः**" इस सूत्र के वार्तिक में लिखा है—

"मोहस्तमो निजाख्यातिस्तज्जयात्तत्पराभवात्।
उद्यमार्कोत्थितोऽनन्तः संस्कारप्रशमावधिः॥
आभोगो यस्य विस्तार ईदृशाद्दर्शितात्मनः।
भवेत्सहजविद्याया जयो लाभोऽस्य योगिनः" ॥

मार्ताण्ड के तुल्य भैरव (उद्योग) से आराध्या (लभ्या), यह अर्थ हुआ।

मन्त्रिणीन्यस्तराज्यधूः—

मन्त्रिणी श्यामलाम्बा का नाम है। राज्य के उपयोगी विचार के वाचक "मन्त्र" शब्द से "इनि" प्रत्यय करने के बाद "ङीप्" हुआ। उसके ऊपर जिसने समस्त राज्यभार का दायित्व रखा है। ब्रह्माण्डपुराण में राजश्यामलाम्बा के विषय में लिखा है—

"ललितापरमेशान्या राज्यचर्चा तु यावती।
शक्तीनामपि या चर्चा सर्वा तस्या वशंवदा" ॥

अथवा "मन्त्र" के उपासक मन्त्री कहे जाते हैं। मनन और त्राण धर्म होने से निर्मल चित्त ही मन्त्र है, तद्वान् मन्त्री हुए। "तान् नयति" भगवती से ऐक्य प्राप्त कराती है, इस अर्थ से मन्त्रिणी प्रयत्नविशेष अर्थ हुआ। उस मन्त्रिणी में न्यस्त निवेशित है स्वसाम्राज्य रूप ऐक्य रहस्य की धू तज्जनकतावच्छेदक धर्म (उसकी उत्पत्ति का कारण)। उपासकों-योगियों की प्रयत्नविशेष से ऐक्यताप्ति भी देवी के अधीन है, यह तात्पर्य हुआ। इस बात को शिवशास्त्र की दृष्टि से देखना चाहिये— **"चित्तं मन्त्रः। प्रयत्नः साधकः। विद्या शरीरस्फुरत्ता मन्त्ररहस्यम्"** इन तीन शिवसूत्रों से व्यक्त किया गया है। इसकी व्याख्या कृष्णदास ने की है—

"चेत्यतेऽनेन परमं स्वात्मसत्त्वं विमृश्यते।
इति चित्तं स्फुरत्तात्मप्रासादादिविमर्शनम्॥
तदेव मन्त्र्यते गुप्तमभेदेनान्तरैश्वरम्।
स्व-स्वरूपमनेनेति मन्त्रस्तेनाऽस्य देशिकैः॥
पूर्णाहन्तानुसन्ध्यात्मस्फूर्जन्मननधर्मतः॥
संसारक्षयकृत्त्राणधर्मतो रविरुच्यते।
तन्मन्त्रदेवतामर्शप्राप्ततत्सामरस्यभूः॥
आराधकस्य चित्तं च मन्त्रस्तद्धर्मयोगतः।
अस्य चोक्तस्य मन्त्रस्य मननत्राणधर्मिणः॥
उक्तमन्त्रानुसन्धानावष्टम्भोद्यन्त्रणात्मकः।
प्रयत्नोऽन्तःस्वसंरम्भः स एव खलु साधकः॥

यतो मन्त्रयितुर्मन्त्रो देवतैक्यसमप्रभः ।
ईदृक् साधकयुक्तेन योगिना प्रथमोदितम् ॥
पूर्णाहन्तानुसन्ध्यात्मवीर्यं मन्त्रस्य लभ्यते ।
विद्येति परमाद्वैतसंप्रवेदनरूपिणी ॥
शरीरं यस्य भगवान् शब्दराशिः स उच्यते ।
तस्य सम्यक् समस्ताध्वपूर्णाहन्तास्वरूपिणी ॥
स्फुरत्ता सैव मन्त्राणां मननत्राणधर्मिणाम् ।
गुप्तार्थता जनानां तु रहस्यमिति कथ्यते" ॥

परापरा–

"पर" शब्द, "अपर" शब्द या "परापर" शब्द जिसका वाचक है, तत् स्वरूप होने से परापरा हुई । पर का अर्थ अन्य है, अपर तद्भिन्न होने से स्वीय हुआ । अथवा पर उत्कृष्ट है, अपर निकृष्ट है ।

"ब्रह्मदासा ब्रह्मदाशा ब्रह्मेति कित वा उत" यह श्रुति है । पर वैरी है, अपर मित्र है, **"न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः"** यह स्मृति है । पर दूरस्थ है, अपर निकटस्थ है, **"दूरस्थं चान्तिके च तत्"** स्मृति है । **"परः स्यादुत्तमानाप्तवैरिदूरेषु केवलः"** यह विश्वकोष है । पर-अपर द्विविध सामान्य है । परापराख्य तृतीय है । "ब्रह्म" के केवल और शबल भेद से क्रम से पर और अपर दो प्रकार कहा जाता है । **"एतद्वै सत्यकाम परं चापरं च"** यह श्रुति है । **"द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये परं चापरमेव च"** स्मृति कहती है । परंब्रह्म शब्द से पर विशेषण शक्ति है, अपरं पूर्व का विशेष्य है–शिव । वस्तुतः– **"सामरस्यसम्बन्धेन शक्तिविशिष्टः शिव एव हि परंब्रह्म"** अर्थात् सामरस्य सम्बन्ध से शक्ति से विशिष्ट शिव ही परंब्रह्म है ।

"युजे वां ब्रह्मपूर्व्यं नमोभिः" इस श्रुति में **युवयोः** आप दोनों के मध्य में पूर्व विशेष्यभूत ब्रह्म को **नमोभिर्युनज्मि** नमस्कार करता हूँ, यह अर्थ है । शिव नमस् के शेषि हैं, अतः "पूर्व्य" इस निर्देश से स्वार्थ में यत्-प्रत्यय है ।

"एषो उषा अपूर्व्या व्युच्छति प्रिया दिवः" इस श्रुति में अपूर्व्या पूर्व से भिन्न परा यह देवी के लिये निर्देश है । सृष्टि के आदिकाल में ईक्षणात्मक उषःकालात्मक शक्ति की यहाँ पर स्तुति का प्रसङ्ग है । इस विषय में शिवानन्दलहरी में विवेचन किया गया है ।

व्योम भी पर और अपर दो तरह का है । विद्या भी परा और अपरा मुण्डकोपनिषद् में कही गयी है । लिङ्गपुराण का कथन है–

"द्वे ब्रह्मणी वेदितव्ये परा चैवापरा तथा ।
अपरा तत्र ऋग्वेदो यजुर्वेदो द्विजोत्तमाः ॥

सामवेदस्तथाथर्ववेदः सर्वार्थसाधकः ।
शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्द एव च ॥
ज्योतिषं चापराविद्या पराक्षरमिति स्थितम् ।
तददृश्यं तदग्राह्यमगोत्रं तदवर्णकम्" ॥ इत्यादि ।
"असंवृतं तदात्मैव परा विद्या न चान्यथा" ।

पर और अपर भेद से प्रणव भी दो प्रकार का है । स्कन्दपुराण के यज्ञवैभव-खण्ड में कहा है—

"परापरविभागेन प्रणवो द्विविधो मतः ।
परः परतरं ब्रह्म प्रज्ञानन्दादिलक्षणम् ॥
प्रकर्षेण नवं यस्मात्परं ब्रह्म स्वभावतः ।
अपरः प्रणवः साक्षात् शब्दरूपः सुनिर्मलः ॥
प्रकर्षेण नवत्वस्य हेतुत्वात्प्रणवः स्मृतः ।
परमप्रणवप्राप्तिहेतुत्वात्प्रणवोऽथवा" ॥

पर और अपर वेदार्थ भी दो प्रकार का है । उसी ग्रन्थ में अन्यत्र कहा है—

"परापरविभागेन वेदार्थो द्विविधः स्मृतः ।
वेदार्थस्तु परः साक्षात्परात्परतरं परम् ॥
अपरो धर्मसंज्ञः स्यात्तत्परप्राप्तिसाधनम्" ।

योगशास्त्र में पर, अपर, परापर तीन प्रकार का ज्ञान कहा है—

"ज्ञानं तत्त्रिविधं ज्ञेयं परापरविभेदतः ।
तत्राद्यं परमं ज्ञानं पशुपाशात्मदर्शनम् ॥
द्वितीयं परमं ज्ञानं केवलं पाशदर्शनम् ।
यथा दृष्ट्यन्तरं रात्रौ नरमार्जारनेत्रयोः ॥
तथा विलक्षणं ज्ञानं परापरमुदीरितम्" ॥

परा, अपरा, परापरा यह तीन प्रकार की पूजा भी है । नित्याहृदय में कहा है—

"तव नित्योदिता पूजा त्रिभिर्भेदैर्व्यवस्थिता ।
परा चाप्यपरा गौरि ! तृतीया च परापरा ॥
प्रथमाऽद्वैतभावस्था सर्वप्रचरगोचरा ।
द्वितीया चक्रपूजा च सदा निष्पाद्यते मया ॥
एवं ज्ञानमयी देवि ! तृतीया स्वप्रथामयी" ॥

परा और अपरा वाणी दो प्रकार की है । अपरा तो पश्यन्ती आदि भेद से तीन है । परा, अपरा दो अवस्थाएँ हैं । उसमें तुर्या परा है । अपरा तो जाग्रत् आदि भेद से तीन प्रकार की है । विज्ञानभैरवभट्टारक में कहा है—

"यत्र यत्र मनो याति बाह्ये वाऽभ्यन्तरे प्रिये ।
तत्र तत्र परावस्था व्यापकत्वात् प्रसिद्ध्यति" ॥

पर और अपर होम भी दो प्रकार है। उनमें अपर-स्थूल और सूक्ष्म के भेद से दो प्रकार है। यह बात स्वतन्त्रतन्त्र में कही है। प्रसिद्ध स्थूल होम के बाद मूलाधार स्थित अग्नि में प्राणाग्निहोत्र के समान सूक्ष्म होम बताकर उसके अन्त में कहा है–

"वाच्यार्थानामशेषेण वेद्यवेत्तृविदात्मनाम्।
स्थितिः परो भवेद्धोमः सर्वभेदविलापनात्॥
स्वात्मरूपमहावह्निज्वालारूपेषु सर्वदा।
निरुद्धेन्धनरूपेषु परमार्थात्मनि स्थिरे॥
निर्व्युत्थानविलापस्तु परहोमः समीरितः"।

मन्त्रपारायण के अन्तर्गत मन्त्रविशेष भी परापरा है। देवी भी त्रिविध है-परा, अपरा, परापरा। वराहपुराण में त्रिमूर्ति के प्रसङ्ग में वचन है–

"तत्र सृष्टिः परा प्रोक्ता श्वेतवर्णस्वरूपिणी।
या वैष्णवी विशालाक्षी रक्तवर्णस्वरूपिणी॥
अपरा सा समाख्याता रौद्री चैव परापरा।
एतास्तिस्रोऽपि सिद्ध्यन्ति यो रुद्रं वेत्ति तत्त्वतः"॥

इस प्रकार परापर का विभाग करने से सत्रह अर्थों के मिलाने से और पाँच भी मिलने से बाइस अर्थ होंगे। और भी मिल सकते हैं।

ब्रह्माणी ब्रह्मजननी–

"ब्रह्मरूपा अणी पुच्छरूपा", **"अणी माण्डव्यः"** इस संज्ञा में शूलाग्र के चिह्न मात्र से माण्डव्य मुनि के विषय में शब्द प्रवृत्त हुआ। **"अणिरक्षाग्रकीले स्यादणिः पुच्छेऽग्निसोमयोः"** यह शाश्वतकोष है। आनन्दमय कोषस्थ पुच्छरूपा यह अर्थ हुआ। **"ब्रह्मण आणीस्थः"** यह श्रुति भी है। **"ब्रह्माणमानयति जीवयति"** इस अर्थ में भी तात्पर्य है। **"ब्रह्माणी ब्रह्मजननाद् ब्रह्मणो जीवनेन च"** यह देवीपुराण है। ब्रह्म शब्द पितामहपरक है, उसकी स्त्री। ब्रह्म जो मुक्तों से प्राप्य ज्ञान वह स्वात्माभिन्नरूप है। विष्णुपुराण का कथन है–

"प्रत्यस्तमितभेदं यत् सत्तामात्रमगोचरम्।
वचसामात्मसंवेद्यं तज्ज्ञानं ब्रह्मसंज्ञितम्'॥

अर्थात् सम्पूर्ण प्रपञ्च की उत्पादक होने से जननी। यहाँ पर वकारादि नाम के प्रायपाठ के स्वारस्य को देखते हुए पूर्वोक्त देवीपुराण से एकवाक्यता मानकर ब्रह्माणी पद के निर्वचनपरतया "ब्रह्मजननी" यह एक पद स्वीकार करना उचित होगा। इस पक्ष में "सर्वान्तर्यामिणी" पद में भी "सर्वा" यह भिन्न पद मानना होगा। "अन्तर्यामिणी" यह सकारादि नाम के साथ है, अतः विरोध होगा। "अन्तर्यामि" पद मात्र से सर्वथा सर्वान्तर्यामित्व सिद्ध होने से एक पद के पक्ष में सर्व पद व्यर्थ हो जायेगा। अतः प्रायपाठ विरोध रहने पर भी उसकी सार्थकता माननी होगी।

"विश्वमाता जगद्धात्री विशालाक्षी विरागिणी" इत्यादि स्थलों को देखते हुए तत्प्रायपाठ में वही नाम होना चाहिये, यह नियम भी अनित्य हैं।

पञ्चाशत्पीठरूपिणी–

यहाँ पर पञ्चाशत् शब्द लक्षणा से एकपञ्चाशत् का बोधक है। सान्निध्यरूप शक्यसम्बन्ध से लक्षण हुई। इसीलिये–**"नित्यानन्दवपुर्निरन्तरगलत्पञ्चाशदर्णैः क्रमात्"** इस शारदातिलक के श्लोक में पञ्चाशत् पद की एकपञ्चाशत् रूप से व्याख्या हर्षदीक्षित ने की है। प्रायः दश, विंशति आदि दशकों के शब्दों की और शत-सहस्र आदि शब्दों की एक, दो, तीन के न्यून या अधिक रहने पर भी बहुत्वविवक्षा से लोकव्यवहार में प्रयोग देखा गया है।

अथवा "सहस्र में शत" इस न्याय से अवयुत्यनुवाद भी होता है। नव अवतारों को दशावतार या जगत्पति को अयोध्यापति इत्यादि व्यवहार कोई विशेष अवान्तर उपाधि (कारण) मानकर किया जाता है।

अधिक क्या कहें द्वात्रिंशत् (बत्तीस) शब्द भी पञ्चत्रिंशत् (पैंतीस) व्यञ्जनों के लिये सूतसंहिता में प्रयुक्त हैं। अतः इस स्थान में पचास मातृकाओं का ही अन्तर्मातृका न्यास में विनियोग होने से "ळ" और "ल" के अभेद से अथवा "क्ष"कार को पृथक् न मानने से (क्योंकि अक्षमाला में उसका मेरु में ही निवेश है) मणि भी पचास होने से पञ्चाशत् मातृका ऐसा व्यवहार है; परन्तु यह शब्द एकपञ्चाशत् पर ही माना जायेगा। इसी कारण बहिर्मातृका के न्यासप्रकरण में भी–**"पञ्चाशल्लिपिभिर्विभक्तमुखदोर्यन्मध्यवक्षस्थलम्"**, **"पञ्चाशद्वर्णभेदैर्विहितवदनदोःपाद-युक्कुक्षिवक्षः"** इत्यादि कवियों के प्रयोग हैं।

एकपञ्चाशत् का न्यास बताकर अन्त में–**"पञ्चाशद्वर्णरूपेयं कन्दर्पशशिभूषणे"** यह ज्ञानार्णवादि तन्त्रों का प्रयोग भी ठीक ही है।

मातृका के ही भेद के अन्तर्गत आने वाले–**"श्रीकण्ठाद्याश्च पञ्चाशत् पञ्चाशत्केशवादयः"** इत्यादि तन्त्रसारसङ्ग्रह का वाक्य एकपञ्चाशत्परक है।

अतः कामरूपादि छायाछत्रान्त एकपञ्चाशत् पीठ ही जिसके रूप हैं, यह व्याख्या होगी। इसीलिये षोढान्यासान्तर्गत पीठन्यास में एकपञ्चाशत् पीठों का न्यास है। ब्रह्माण्डपुराण में स्पष्ट ही कहा है–**"ततः पीठानि पञ्चाशदेकं चक्रमतो न्यसेत्"** यहाँ से आरम्भ कर **"लिपिक्रमसमायुक्तान् लिपिस्थानेषु विन्यसेत्"** यहाँ तक।

योगिनीहृदय में भी–**"पीठानि विन्यसेद् देवि मातृकास्थानके प्रिये"** इससे आरम्भ कर **"एते पीठाः समुद्दिष्टा मातृकारूपकाः स्थिताः"** यहाँ तक मातृका स्थानों की उक्ति से एकपञ्चाशत् संख्या की सूचना ही दी है। उसकी व्याख्या में भी अकार से क्षकार तक प्रत्येक का एक-एक वर्ण आदि में कहकर **"तत् तत् स्थानेषु पीठानां न्यासं कुर्यात्"** यह कहा है। "इससे इन नामों का तात्पर्य देखते हुए पीठन्यास में भी क्षकार का

स्थान छोड़कर पचास ही लेना चाहिये" यह सुन्दरीमहोदयकार का कथन तो दुःसाहस मात्र है; क्योंकि ये नाम विधिरूप नहीं हैं, जिससे पीठन्यास में एक पीठ की परिसंख्या की जाये। न तो ज्ञानार्णव के वाक्य **"पञ्चाशत्पीठसञ्चयात्। पञ्चाशत् पीठविन्यासं मातृकावत् स्थले न्यसेत्"** इस उपक्रम और उपसंहार से वैसी कल्पना करनी उचित होगी। पञ्चाशत् पद की एकपञ्चाशत्परता कही गई है। अन्यथा वहीं की एकपञ्चाशत् गणना विरुद्ध होती। इसी तरह **"कालेश्वरमहापीठं प्रणवं च जयन्तिका"** इस पाठ को काल्पनिक कहकर **"महापीठं जयन्तिका"** इस पाठ को प्रामाणिक कहना भी महा साहस है। **"ओङ्कारं च जयन्तिका"** इस योगिनीहृदय के संवाद से प्रणवपाठ ही प्रामाणिक है। वस्तुतः **"शैलो मेरुस्ततो गिरिः"** इस ब्रह्माण्डपुराण के वाक्य में गिरि पद की मेरु से पृथक् गणना की है। **"पीठानि पञ्चाशदेकं च"** इस स्पष्ट उपक्रम का प्रकारान्तर से समाधान न होगा। बीच में "ततः" पद से व्यवधान भी है। इससे **"जलेशं मलयं शैलं मेरुं गिरिविरं तथा"** इस योगिनीहृदय का **"मलयं च महापीठं श्रीशैलो मेरुको गिरिः"** इस ज्ञानार्णव के वचनों से संवाद है। अतः भिन्न पद के स्वारस्य से "मेरुपर्वत" ऐसा न कहने से भी पूर्वोक्त पाठ ही प्रामाणिक है।

सुभगार्चा, रत्नसुभगार्चापारिजात आदि पद्धतियों में वही क्रम लिया गया है। प्राच्य लोगों में "गिरिनाथ" नामक पीठ प्रसिद्ध है। इससे ज्ञानार्णव में एकपञ्चाशत् गणेश-न्यास के अन्त में **"एतांस्तु विन्यसेद् देवि ! मातृकान्यासवत्प्रिये"** कहा है और कामरतिन्यास के अन्त में–**"मातृकार्णैर्न्यसेद् देवि मातृकावत्सदानघे"** यह कहा है। पीठन्यास में भी **"मातृकावत् सदा न्येसत्"** इन उक्तियों से एकरूपता सिद्ध होती है। बहिर्मातृकान्यास में विशेष रूप से "एकपञ्चाशत्" कहा है। उसी साम्य से पूर्वोक्त न्यास में वही संख्या सिद्ध है। और जब अन्य तन्त्रों से एकवाक्यता भी मिल रही है, तो नई बात कहना व्यर्थ है। हाँ, यदि प्रकृत नाम में (पञ्चाशत्पीठरूपिणी) एक पद अपेक्षित ही है, ऐसा आग्रह हो, तो तब रूपपद को एक संख्या के अर्थ में ले सकते हैं।

"रूपे शून्यम्" इस पिङ्गलसूत्र में हलायुधादि की व्याख्या वैसे ही है।

विशृङ्खला–

शृङ्खला कर्मादि का बन्धन निगड के समान बन्धन का साधन है। इसीलिये आचार्यों ने कहा है–

"पातकप्रचयवत् ममतावत् पुण्यपुञ्जमपि नाथ लुनीहि।
काञ्चनी भवतु लोहमयी वा शृङ्खला यदि पदोर्न विशेषः"॥

विगत है शृङ्खला बन्धन जिसका। विधिनिषेधादि शास्त्र अविद्या वालों के लिये हैं। अथवा नग्ना यह भी अर्थ है। "अलंपुर" आदि पीठों में वैसी ही देवी की मूर्ति

है। **"स्वयोनिदर्शनान्मुह्यत्पशुवर्गामनुस्मरेत्"** इत्यादि तिरस्करिणी के ध्यान में उल्लेख है। जवनिका को अन्य जवनिका (परदा) की आवश्यकता नहीं होती, अतः वैसा ध्यान ठीक ही है। **"शृङ्खला स्यात्कटीवस्त्रबन्धेऽपि निगडेऽपि च"** यह विश्वकोष है।

छन्दःसारा शास्त्रसारा मन्त्रसारा–

"छन्दः" शब्द वेदपरक, गायत्र्यादिपरक या पिङ्गलशास्त्रपरक है। **"छन्दः पद्ये च वेदे च स्वैराचाराभिलाषयोः"** विश्वकोष है। पर (वादी), सार शब्द न केवल पुल्लिङ्ग में हैं; किन्तु **"संसारे किं सारम्"**, **"सा दशा वै तान्तवी"** इत्यादि प्रयोग हैं।

"सारो बले मज्जनि च स्थिरांशे न्याय्ये च नीरे च धने च सारम्।
वेदेऽन्यवत्सारमुदाहरन्ति" (विश्वकोष)

स्थिरांश शब्द निष्कृष्टांशपरक है। अनिष्कृष्ट तो अस्थिर होता है। अतः वेदों में, उपनिषद्भाग में इसका (विद्या का) स्वरूप निष्कर्ष है। **"छन्दःसु सारो निष्कर्षो यस्याः"** इस व्युत्पत्ति से समास है। गायत्री आदि छन्दों में निष्कृष्ट रूप है- गायत्रीमन्त्र। और उसका भी निष्कर्ष है–पञ्चदशी मन्त्र। यह बात वरिवस्यारहस्य में आचार्य ने कही है–

"तज्ज्ञानार्थमुपाया विद्या लोके चतुर्दश प्रोक्ताः।
तेष्वपि च सारभूता वेदास्तत्राऽपि गायत्री॥
तस्या रूपद्वितयं तत्रैकं यत्प्रपठ्यतेऽस्पष्टम्।
वेदेषु चतुर्ष्वपि परमत्यन्तं गोपनीयतरम्॥
कामो योनिः कमलेत्येवं सङ्केतितैः शब्दैः।
व्यवहरति न तु प्रकटं यां विद्यां वेदपुरुषोऽपि"॥

आथर्वण सोलह ऋचा वाले त्रैपुरसूक्त में–

"कामो योनिः कमला वज्रपाणिर्गुहा हसा मातरिश्वाभ्रमिन्द्रः।
पुनर्गुहा सकला मायया च पुरूच्यैषा विश्वमाता च विद्या"॥

इस ऋचा में कादि विद्या का उद्धार है।

पैङ्गलतन्त्र (पिङ्गलसूत्र) में–**"द्विकौ ग्लौ। मिश्रौ च"**। इन दो सूत्रों से महा-प्रस्तार प्रतिपादित है। वह निरवधिक शब्दजाल को निःशेषतया जानने का उपाय है। उसे आचार्य ने छन्दःशास्त्र के ग्रन्थ छन्दोभास्कर में स्पप्ट किया है। वही सार या बल है जिसका, अर्थात् वैखरी रूप सरस्वती का। अथवा–

"यत्र यत्र मनस्तुष्टिर्मनस्तत्रैव धारयेत्।
तत्र तत्र परानन्दस्वरूपं संप्रकाशते"॥

इस विज्ञानभैरवभट्टारक की उक्ति के अनुसार श्रेष्ठ की जहाँ इच्छा हो, वही धर्म है, जहाँ इच्छा न हो, वही अधर्म है। शाकुन्तल नाटक में भी कहा है–

"सतां हि सन्देहपदेषु वस्तुषु प्रमाणमन्तःकरणप्रवृत्तयः"।

समयाचारस्मृति से कथित बन्धन भी प्रौढोल्लास तक ही है। **"प्रौढान्तं समयाचारा:"** यह कल्पसूत्र का कथन है। इन्हीं बातों को लेकर कौलोपनिषद् में कहा गया है– **"धर्मोऽधर्म:", "अधर्मो धर्म:"** इत्यादि। योगिनीहृदय में भी–

"पिबन् नृत्यन् वमन् खादन् स्वैराचारपरः स्वयम्।
अहन्तेदन्तयोरैक्यं भावयन् विहरेत्सुखम्" ॥

इत्यादि से। इस प्रकार की मानसिक समाधि वालों की इच्छा का जो विषय हो, वह नियमतः धर्म ही होता है। यह अभिप्राय है।

स्मृतियों में भी–**"श्रुतिः स्मृतिः सदाचार आत्मनस्तुष्टिरेव च"** इत्यादि स्थल में मनःप्रवृत्ति की गणना पूर्वोक्त समाहित मन वाले व्यक्तियों के लिये ही है। अन्यथा तो अतिप्रसङ्ग होगा। इस प्रकार का स्वैराचरण सार अर्थात् न्याय्य है जिसका। अभिलाष इच्छा सार निष्कृष्टरूप है जिसका, यह भी अर्थ है; क्योंकि देवी इच्छाशक्तिरूपा है। "सार" पद का अर्थ यदि श्रेष्ठपरक है, तो विशेष्यनिघ्न मानकर स्त्रीलिङ्ग मानने में बाधा नहीं है। ऐसे ही आगे के दो नामों (शास्त्रसारा, मन्त्रसारा) के विषय में **"शास्त्रयोनित्वात्"** इस सूत्र से और व्रीहिशास्त्र, यवशास्त्र इत्यादि मीमांसा के प्रयोगों से शास्त्र शब्द वेदपरक या तदनुसारी मीमांसा शास्त्रपरक है। भामतीकार ने कहा है–

"प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा नित्येन कृतकेन वा।
पुंसां येनोपदिश्येत तच्छास्त्रमभिधीयते" ॥

इसी तरह मन्त्रशब्द भी **"कास्प्रत्ययादाममन्त्रे लिटि"** इत्यादि व्यवहार से वेदपरक है या तान्त्रिकमन्त्रपरक है, या चतुःषष्टितन्त्रपरक है। उनमें सारा श्रेष्ठ-यह तीनों नामों का तात्पर्य हुआ।

क्षयविनिर्मुक्ता–

क्षय अर्थात् मरण से विनिर्मुक्त अर्थात् रहित, अथवा **"क्षये गृह एव विशिष्य निर्मुक्ता यया"** घर में रहकर ही जिसके भक्त मुक्त हो जाते हैं, उन्हें बाहर की यात्रा की आवश्यकता नहीं है। मुमुक्षु लोग विषयों के डर से गृहत्याग करते हैं; परन्तु सुन्दरी के उपासक तो गृह में ही मोक्ष प्राप्त करते हैं। यह बात शिवस्तुति में आचार्य ने लिखी है–

"यदि परमिच्छसि धाम त्यज मा नाम स्वकं धाम।
परपदनियमनदाम स्मर हृदि कामद्विषो नाम" ॥

भगवान् दुर्वासा ने भी अपने स्तोत्र में उक्त बात कही है–

"गेहं नाकति गर्वितः प्रणमति स्त्रीसङ्गमो मोक्षति" इत्यादि।

निरालम्बा स्वात्मारामा–

जो सबका आलम्बन है, उसको अन्य आलम्बन की आवश्यकता नहीं है, अतः निरालम्बा; परन्तु इससे अनवस्था की शङ्का न हो, अतः आगे का नाम है "स्वात्मारामा" । अपने में ही आराम अर्थात् क्रीडन है जिसका । अपने को ही द्विधा विभाग कर परस्पर क्रीडा करने वाली ।

माध्यन्दिनश्रुति कहती है–**"स वै न रेमे तस्मादेकाकी न रमते स द्वितीयमैच्छत् स ह्येतावानास यथा स्त्रीपुमांसौ संपरिष्वक्तौ स इममेवात्मानं द्वेधापातयत्ततः पतिश्च पत्नी चाभवताम्"** ।

अथवा–स्वात्मा ही आराम कृत्रिम वन है, वही विचित्र जगत् जिसका है । जगत् के निर्माण और संहारकाल में जिसका स्वात्मरूप मात्र अवशेष रहता है । वायुपुराण का कथन है–

"एकस्तु प्रभुशक्त्या वै बहुधा भवतीश्वरः ।
भूत्वा यस्माच्च बहुधा भवत्येकः पुनस्तु सः" ॥

स्वं अपना जगत् और आत्मा ब्रह्म इन दोनों का आराम अर्थात् क्रीडा-विहार जिसकी वृत्ति है । मार्कण्डेयपुराण कहता है–

"त्वमक्षरं परं देवि यच्च सर्वं प्रतिष्ठितम् ।
अक्षरं ब्रह्म परमं जगच्चैतत् क्षरात्मकम् ॥
दारुण्यवस्थितो वह्निर्भौमश्च परमाणवः ।
तथा त्वयि स्थितं ब्रह्म जगच्चेदमशेषतः" ॥

विश्वभ्रमणकारिणी–

विश्व अर्थात् ब्रह्माण्डों का भ्रमण सृष्टि-स्थिति-नाशरूप यातायात को करने वाली ।

"स्वाभावमेके कवयो वदन्ति कालं तथाऽन्ये परिमुह्यमानाः ।
देवस्यैष महिमा तु लोके येनेदं भ्राम्यते ब्रह्मचक्रम्" ॥

यह श्रुति है । देवनिष्ठ महिमा ही शक्तिरूप है और वही भ्रमण कराता है । **"भ्रामयन् सर्वभूतानि यन्त्रारूढानि मायया"** यह स्मृति है । अथवा विश्वशब्द का अर्थ विष्णु है–**"विश्वं विष्णुर्वषट्कारः"** इत्यादि, उसको भ्रमण कराने वाली । कालिकापुराण में कथा है–विष्णु किसी समय गरुडारूढ होकर आकाश-मार्ग से जा रहे थे । नीचे नीलाचलवासिनी कामरूप देश में कामाख्या देवी थी, उसको प्रणाम न कर आगे चले, तो देवी के कोप से समुद्र में गिरे और वहीं भ्रमण करने लगे । कुछ समय के बाद लक्ष्मी, जो उनका अन्वेषण कर रही थी, उसने नारद के मुख से यह बात जानी । वह स्वयं कामाख्या के पास गई और तप से उसे प्रसन्न कर विष्णु को भ्रमण से मुक्त कराया ।

तत्त्वाधिका तत्त्वमयी–

प्रलयपर्यन्त स्थायीरूप से रहने वाले तत्त्व छत्तीस हैं। घटादि पदार्थ तत्त्व नहीं कहे जाते। आचार्यों ने कहा है–

"आप्रलयं यत्तिष्ठति सर्वेषां भोगदायि भूतानाम्।
तत्तत्त्वमिति प्रोक्तं न शरीरघटादि तत्त्वमतः" ॥

उन सबसे अधिक, उनका नाश होने पर भी जो रहती है। तत्त्वमयी, तत्त्व-प्रचुरा, अथवा तत्त्व शिवतत्त्व है, उससे भी अधिक और चिन्मयी, यह दोनों नामों का अर्थ है। सम्प्रज्ञात और असम्प्रज्ञात समाधिरूपा यह तात्पर्य है। ज्ञानार्णव का कथन है–

"स्वयं प्रज्ञातसंज्ञस्तु शिवाधिक्येन जायते।
असम्प्रज्ञातनामा तु शिवतत्त्वेन वै भवेत्" ॥

इन दोनों के लक्षण भी वहीं पर निर्दिष्ट हैं–

"स्वयम्प्रज्ञातभेदस्तु तीव्रतीव्रतरो भवेत्।
असम्प्रज्ञातभेदस्तु मन्दमन्दतरस्तथा ॥
हास्यरोदनरोमाञ्चकम्पस्वेदादिलक्षणः ।
तीव्रतीव्रतरो देवि ! समाधिरुपलक्षितः ॥
निमेषवर्जिते नेत्रे वपुस्तल्लक्षणं स्थितम्।
मन्दमन्दतरो देवि समाधिरुपलक्षितः" ॥

यह दोनों अवस्थायें तेजोविशेष में मनोधारणा से होती हैं। वह तेज अपने नाथ (गुरु) के मुख से ज्ञेय है। अथवा आत्मतत्त्व, विद्यातत्त्व, शिवतत्त्व, इन तीन तत्त्वों का स्वरूप धारण करने वाली। तत्समष्टिरूप सर्वतत्त्वात्मिका भी होने से त्रिविध तत्त्वों से अधिक। चतुर्विध तत्त्वों का स्वरूप प्राचीनों ने कहा है–

"मायान्तमात्मतत्त्वं विद्यातत्त्वं सदाशिवान्तं स्यात्।
शक्तिशिवौ शिवतत्त्वं तुरीयतत्त्वं समष्टिरेतेषाम्" ॥

सत्तत्त्व, चित्तत्त्व, आनन्दतत्त्व ये ही तीनों का स्वरूप है। सच्चिदानन्दात्मक ब्रह्म से उत्पन्न हुए शिवादि-क्षित्यन्त तत्त्वों में शिव और शक्ति का आनन्दांश अनावृत है। सदाशिव, ईश्वर, शुद्धविद्या का चिदंश अनावृत है। सत्, चित्, आनन्दों के उत्तरोत्तर आवरण के अभाव का पूर्व-पूर्व आवरण के अभाव के व्याप्यत्व नियम से शिवतत्त्व में तीनों भाग अनावृत हैं। विद्यातत्त्व में सच्चित् अंश अनावृत हैं। आनन्दांश में अल्प आवरण है। आत्मतत्त्व में तो चिदानन्दांश पूरी तरह आवृत हैं। आत्मशब्द भी "आत्मलाभ" इत्यादि प्रयोग में अस्तित्वमात्र-सूचकतया प्रसिद्ध है। विद्या शब्द ज्ञानरूप चित्परक है। "शिव" शब्द मोक्षरूप आनन्द में प्रसिद्ध है। उससे तीन शब्दों से ही सच्चिदानन्दांशवत्ता ज्ञात होती है, यह रहस्य है।

अथवा, षडध्वात्मक परमात्मा के शरीर में षट्त्रिंशदात्मक तत्त्वाध्वा भी एक अवयव है, अतः तत्त्वमयी कहा है। कामिकागम में कहा है–

"पृथिव्यादीनि षट्त्रिंशत्तत्त्वान्यागमवेदिभिः।
उक्तान्यमुष्य तत्त्वाध्वा शुक्रमज्जास्थिरूपधृक्" ॥

तत्त्वमर्थस्वरूपिणी–

महावाक्यस्थ तत् पद त्वं पदों का अर्थ-शिव और जीव जिसका स्वरूप है।

सामगानप्रिया सौम्या–

सामगान जिसे प्रिय है अथवा "सामगाः छन्दोगाः" (सामवेदी) अनवत् प्राणवत् प्रिय है जिसके। **"सोममर्हति यः"** इस सूत्र से प्रत्यय के द्वारा सोमयागार्हा सौम्या हुई। अथवा–**"उमया सहितः सोमः अवयवो अस्याः"** इस अर्थ में **"मये च"** इस सूत्र से यत्प्रत्यय है। अथवा–**"सोमः कर्पूरचन्द्रयोः"** इस कोष के अनुसार सोम-चन्द्र के समान आह्लाद देने वाली, इस अर्थ में शाखादित्व से य-प्रत्यय होगा। अथवा **"तत्र साधुः"** इस नियम से "य" प्रत्यय होगा। "सौम्या" इत्यादि वृद्धिपाठ में तो चातुर्वर्ण्यादित्व से स्वार्थ में "ष्यञ्" प्रत्यय होगा।

सव्यापसव्यमार्गस्था–

इस नाम पर आचार्य का भाष्य अतिमहत्त्वपूर्ण और मननीय है, जिसका भावार्थ नीचे दिया जा रहा है–

सव्य और अपसव्य और मार्ग इनका समास हुआ "सव्यापसव्यमार्गाः"। उनमें स्थित अर्थात् अधिकृत है। वितरण, पालन, अधिकार आदि देने में समर्थ। इन तीनों की "स्था" अर्थात् "स्थिति" जिसमें है। सूर्यमण्डल के उत्तर-दक्षिण-मध्यभाग के भेद से तीन मार्ग हैं। अश्विनी आदि तीन-तीन नक्षत्रों से एक-एक वीथी है, उस प्रकार की तीन-तीन वीथियों से एक-एक मार्ग होता है। यह बात वायुपुराण में विस्तार से कही गई है–

"अश्विनी कृत्तिका याम्या नागवीथीति शब्दिता।
रोहिण्यार्द्रा मृगशिरो गजवीथ्यभिधीयते ॥
पुष्याश्लेषा तथाऽऽदित्या वीथी चैरावती स्मृता।
एतास्तु वीथयस्तिस्र उत्तरो मार्ग उच्यते ॥
तथा द्वे चापि फल्गुन्यौ मघा चैवार्षती मता।
हस्तश्चित्रा तथा स्वाती गोवीथीति तु शब्दिता ॥
ज्येष्ठा विशाखानुराधा वीथी जारद्गवी मता।
एतास्तु वीथयस्तिस्रो मध्यमो मार्ग उच्यते ॥

मूलाषाढोत्तराषाढा अजवीथ्यभिशब्दिता ।
श्रवणं च धनिष्ठा च मार्गी शतभिषस्तथा ॥
वैश्वानरी भाद्रपदे रेवती चैव कीर्तिता ।
एतास्तु वीथयस्तिस्रो दक्षिणो मार्ग उच्यते" ॥

याम्या भरणी, आदित्या अदिति देवता वाली पुनर्वसु है, मार्गी मृगवीथी । यहाँ पर सव्य आदि तीनों शब्द भी प्रत्येक मार्गत्रय के वाचक भी हो सकते हैं; क्योंकि "**वामं शरीरं सव्यं स्यादपसव्यं तु दक्षिणम्**" इस कोष के अनुसार प्रस्तुत में सव्य-शब्द से नागवीथी-गजवीथी-ऐरावतवीथी रूप उत्तरमार्ग विवक्षित है । अपसव्य-शब्द से तो अजवीथी-मृगवीथी-वैश्वानरवीथी स्वरूप दक्षिणमार्ग सूचित है । मार्ग-शब्द सामान्यवाचक होने पर भी उससे परिशिष्ट (बचे हुए) आर्षतवीथी-गोवीथी-जारद्गववीथी रूप मध्यममार्ग विवक्षित हुआ ।

अथवा उत्तरमार्ग मृगशीर्षनक्षत्र के सम्बन्ध से "मृगस्यायं मार्गः" इस व्युत्पत्ति से "मार्ग" पद से कहा गया है । "मध्यम" को सव्यपद से कहा है, दक्षिणमार्ग से "सव्य" स्थान में होने के कारण । अपसव्य तो यथास्थित है ही ।

अथवा "**सव्यं दक्षिणवामयोः**" इस कोष के अनुसार दक्षिण-मध्य मार्ग ही सव्यापसव्य शब्दों से कहे गये हैं । उत्तर को "मार्ग" पद से कहा है । इन तीनों मार्गों का बाएँ से (वामतः) निर्देश किया है । अथवा दक्षिणमार्ग को ही मृगवीथी सम्बद्ध होने के कारण पूर्वोक्त व्युत्पत्ति से "मार्ग" शब्द से कहा जाये । "मध्यम" को "सव्य" शब्द से मार्ग से वाम होने के कारण, और उत्तरमार्ग की अपेक्षा से दक्षिण होने से "सव्य" पद से और उसके विरुद्ध होनें से उत्तरमार्ग अपसव्य कहा गया है । इस प्रकार दक्षिण-संस्थक्रम (दाहिनी ओर से परिगणन करने से) भी निर्देश सम्भव है । यह एक व्याख्या हुई ।

अथवा दूसरी व्याख्या–"सव्य" देवयान अर्चिरादि मार्ग जो निवृत्तिपरों से प्राप्य है । "अपसव्य" पितृयान धूम्रादिमार्ग प्रवृत्तिपरों से प्राप्य है । मार्गस्थ शब्द "मार्गेषु स्था स्थितिर्यस्मात्;" इस व्युत्पत्ति से ध्रुव में अवस्थितिशाली विष्णुलोक-परक है । आदित्यादि ग्रहों को अपने-अपने मार्ग में स्थापन करना यह कार्य ध्रुव के अधीन है । इस प्रकार का तीन मार्ग ही जिसका रूप हैं । इसका विशद वर्णन विष्णुपुराण के द्वितीय अंश में दिया है–

"उत्तरं यदगस्त्यस्य अजवीथ्याश्च दक्षिणम् ।
पितृयाणः स वै पन्था वैश्वानरपथाद्बहिः ॥
तत्रासते महात्मानो ऋषयो ह्यग्निहोत्रिणः ।
भूतारम्भकृतं ब्रह्म शंसन्तो ऋत्विगुद्यताः ॥
प्रारम्भन्ते तु ये लोकास्तेषां पन्थास्तु दक्षिणः ।
चलितं ते पुनर्ब्रह्म स्थापयन्ति युगे युगे ॥

सन्तप्ततपसा चैव मर्यादाभिः श्रुतेन च।
जायमानाश्च पूर्वे च पश्चिमानां गृहेषु वै॥
पश्चिमाश्चैव पूर्वेषां जायन्ते निधनेष्विह।
एवमावर्तमानास्ते तिष्ठन्ति नियतव्रताः॥
सवितुर्दक्षिणं मार्गं श्रिता ह्याचन्द्रतारकम्"।

लोकालोक पर्वत का उत्तरशृङ्ग ही अगस्त्य स्थान कहा जाता है। मत्स्यपुराण में कहा है–

"लोकपालाः स्थिता ह्येते लोकालोके चतुर्दिशम्।
तस्योत्तरमगस्त्यस्य शृङ्गं देवर्षिपूजितम्"॥

अजवीथी के मूल आदि तीन नक्षत्रों के वैश्वानरमार्ग से आखिरी तीन नक्षत्रों से भूतारम्भकृतं अर्थात् ब्रह्म के प्रवृत्ति मार्ग के बोधक कर्मकाण्डात्मक वेद-भाग। जायमाना का तात्पर्य यह है कि अपने ही कुल में पुनः पुनः उत्पन्न होने वाले। यही समुदायार्थ है, और भी वहीं पर लिखा है–

"नागवीथ्युत्तरं यच्च सप्तर्षिभ्यश्च दक्षिणम्।
उत्तरः सवितुः पन्था देवयानस्तु स स्मृतः॥
तत्र ते वशिनः सिद्धा विमला ब्रह्मचारिणः।
सन्ततिं ये जुगुप्सन्ति तस्मान्मृत्युजितश्च ते॥
अष्टाशीतिसहस्राणि मुनीनामूर्ध्वरेतसाम्।
उदक्पन्थानमर्यम्णः स्थिताश्चाभूतसंप्लवम्॥
ते सम्प्रयोगाल्लोभस्य मैथुनस्य च वर्जनात्।
इच्छाद्वेषाप्रवृत्त्या च भूतारम्भविवर्जनात्॥
पुनश्चाकामसंयोगादिच्छादेर्दोषदर्शनात्।
इत्येवं कारणैः शुद्धास्तेऽमृतत्वं हि भेजिरे॥
आभूतसंप्लवं स्थानममृतत्वं हि भाष्यते।
त्रैलोक्यस्थितिकालोऽयमपुनर्मार उच्यते॥" इत्यादि।

नागवीथ्युत्तरं का अर्थ है–अश्विन्यादित्रय के आगे। भूतारम्भ-विवर्जन का तात्पर्य है–प्रवृत्ति मार्ग का परित्याग। तृतीयमार्ग से फल का भेद दिखाने के लिये कहा है–"आभूतसंप्लवम्"। उसी के आगे और बातें हैं–

"ऊर्ध्वोत्तरमृषिभ्यस्तु ध्रुवो यत्र व्यवस्थितः।
एतद्विष्णुपदं दिव्यं तृतीयं व्योम्नि भासुरम्॥
निर्धूतदोषपङ्कानां यतीनां संयतात्मनाम्।
स्थानं तत्परमं विप्र पुण्यपापपरिक्षये॥

अपुण्यपुण्योपरमे क्षीणाशेषार्तिहेतवः ।
यत्र गत्वा न शोचन्ति तद्विष्णोः परमं पदम् ॥
दिवीव चक्षुराततं योगिनां तन्मयात्मनाम् ।
विवेकज्ञानदृष्टं च तद् विष्णोः परमं पदम्" ॥ इत्यादि ।

यह दूसरी व्याख्या हुई ।

अथवा उपासना-क्रम में दो मार्ग दिखाई देते हैं—वाममार्ग और दक्षिणमार्ग । उनमें अपने वर्णाश्रम धर्म से विहित जितने कर्म हैं, श्रौत—अग्निहोत्रादि, स्मार्त—अष्टकादि, तान्त्रिक—मन्त्रसिद्ध्यादि, उन सबमें जो जो देवता प्रधानभूत हो या अङ्गभूत हो, उन उन स्थानों में स्वोपास्य देवता की ही सर्वत्र भावना करे । तत्तद् देवतावाचक पद के आगे विशेष्य के रूप में स्वदेवतावाचक पद सभी मन्त्रों में रखे । यह वाममार्ग का स्वरूप है । इस प्रकार के मार्ग में देवर्षि पितृऋण का शोधन न होने से तदभावजन्य पातक होता है । दक्षिण मार्ग में तो श्रौत आदि तत्तद् कर्माङ्गदेवता के स्थान में स्वोपास्य देवता की ही भावना करे, ऐसा नियम नहीं है; किन्तु तत्तद् देवताविषयक तन्त्रों में जो कर्म विहित हैं, तदङ्गतया ही कर्म करने से किसी उपरोध की आशङ्का नहीं है, अतः इस मार्ग में वैसा पातक नहीं है । अतः शीघ्र मोक्ष सुलभ है । वाममार्ग में विलम्ब से मोक्षप्राप्ति है । ऋणशोधन न होने से कुछ काल तक प्रतिबन्ध होता है ।

अब प्रश्न यह होता है कि अनुष्ठान में भी कठिन और मोक्षांश में भी विलम्बकारक वाममार्ग में शिष्टों की प्रवृत्ति क्यों होती है ? इसका उत्तर यह है कि ऐहिक सभी प्रकार के फलों को इसी जन्म में प्राप्त करने के लिये मोक्ष में थोड़ा विलम्ब भी सहन किया जा सकता है । यह मार्ग भुक्ति-मुक्तिप्रद होने से वैषयिक (विषयानुरागी) शिष्टों की भी इसमें प्रवृत्ति होती है । ऐहिक भोग से विरक्त शिष्टों की तो मोक्ष में विलम्ब असह्य होने से दक्षिणमार्ग में ही प्रवृत्ति होती है । यही निष्कर्ष है ।

इस बात को कालिकापुराण में सविस्तार बताया है—

"सर्वत्र देवीमन्त्रेषु वैदिकेष्वपि भैरवीम् ।
त्रिपुरां चिन्तयेन्नित्यं वेदमन्त्रेषु च क्रमात् ॥
देवनामसु सर्वेषु भैरवीति पदं सदा ।
कुर्याद्विशेषणं नित्यं नोच्चार्यं निर्विशेषणम् ॥
आपः पुनन्तु पृथिवीमुक्त्वा त्रिपुरभैरवीम् ।
कुर्यादाचमनं विप्रो द्रुपदायां तथा चरेत् ॥
इदं विष्णुर्भैरवस्तु विचक्रम इतीरितम् ।
मृदालम्बनकृत्येषु मन्त्रमेतं नियोजयेत् ॥

गायत्रीं त्रिपुराद्यां तु भैरवीमुच्चरन् शिवाम् ।
मार्ताण्डभैरवायेति सूर्यायार्घ्यं निवेदयेत् ॥
उदुत्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः ।
दृशे विश्वाय सूर्यं तु शेषे भैरवमीरयेत् ॥
तर्पणादौ प्रयुञ्जीत तृप्यतां ब्रह्मभैरवम् ।
आवाहने च स्वपितॄन्भैरवानिति तर्पयेत् ॥
तृप्यतां भैरवीमातः पितृभैरव तृप्यताम् ।
आदौ च त्रिपुरां पूर्वं तर्पणेऽपि प्रयोजयेत् ॥
ज्योतिष्टोमाश्वमेधादौ यत्र यत्र प्रपूजयेत् ।
तत्र भैरवरूपेण देवीमपि च भैरवीम् ॥
एवं तु वाम्यभावेन यजेत् त्रिपुरभैरवीम् ।
एषा वामेन मार्गेण पूज्या दक्षिणतां विना ॥
ऋषीन् देवान् पितॄंश्चैव मनुष्यान् भूतसञ्चयान् ।
यो यजेत्पञ्चभिर्यज्ञैः ऋणानां परिशोधनैः ॥
विधिवत् स्नानदानाभ्यां सर्वं यद्विधिपूजनम् ।
क्रियते सरहस्यं तु तद्दाक्षिण्यमिहोच्यते ॥
सर्वत्र पितृदेवादौ यस्माद् भवति दक्षिणः ।
देवी च दक्षिणा यस्मात्तस्माद्दक्षिण उच्यते ॥
या देवी पूज्यमाना तु देवादीनामशेषतः ।
यज्ञभागान् स्वयं भुङ्क्ते सा वामा तु प्रकीर्तिता ॥
पूजकोऽपि भवेद्वामस्तन्मार्गे सततं रतः ।
पञ्च यज्ञान्न वा कुर्यान्न कुर्याद् वामपूजने ॥
अन्यस्य पूजाभागं हि यतो गृह्णाति वामिका ।
यः पूजयेद्वाम्यभावेन न तस्य ऋणशोधनम् ॥
पितृदेवनरादीनां जायते तु कदाचन ।
सर्वत्र त्रिपुरायोगस्तेन मार्गेण गच्छतः ॥
यदा जायेत प्राज्ञस्य तदा मोक्षमवाप्नुयात् ।
चिरेण लभते मोक्षं वामेन त्रैपुरो नरः ॥
ऋणशोधनजैः पापैराक्रान्तत्वेन भैरव ।
इह लोके सुखैश्वर्ययुक्तः सर्वत्र वल्लभः ॥
मदनोपमकान्तेन शरीरेण विराजता ।
सराष्ट्रकं च राजानं वशीकृत्य समन्ततः ॥

मोहयन् वनिताः सर्वाः कुर्वंश्च मदविह्वलाः ।
सिंहान् व्याघ्रान् तरक्षूंश्च भूतप्रेतपिशाचकान् ॥
वशीकुर्वन् विचरति वायुवेगो ह्यवारितः ।
बालां वा त्रिपुरां देवीं मध्यां वाप्यथ भैरवीम् ॥
यो यजेत्परया भक्त्या पञ्चबाणोपमः कृती ।
कामेश्वरीं तु कामाख्यां पूजयेत्तु यथेच्छया ॥
दाक्षिण्यादथवा वाम्यात्सर्वथा सिद्धिमाप्नुयात् ।
महामायां शारदां च शैलपुत्रीं तथैव च ॥
यथा तथा प्रकारेण दाक्षिण्येनैव पूजयेत् ।
यो दाक्षिण्यं विना भावं महामायादिमर्चति ॥
स पापः सर्वलोकेभ्यश्च्युतो भवति रोगधृक् ।
अन्यास्तु शिवदूत्याद्या या देव्यः पूर्वमीरिताः ॥
ता दाक्षिण्याद् वामतो वा पूजनीयास्तु साधकैः ।
किन्तु यः पूजको वामः सोऽन्याशापरिलोपकः ॥
सर्वाशापूरको यस्माद् दक्षिणस्तत उत्तमः" । इत्यादि ।

यह सभी वचन बेताल और भैरव के प्रति शिव के वाक्य हैं ।

इस पक्ष में "सव्यापसव्यौ च तौ मार्गौ" ऐसा कर्मधारय समास करना होगा । उसमें रहने वाली–सव्यापसव्यमार्गस्था । दोनों मार्ग से उपासित होने वाली, यह तात्पर्य है । वाममार्ग से ही उपास्य त्रिपुरभैरव्यादि देवताओं का, दक्षिणमार्ग से ही उपास्य शारदादि देवताओं का, दोनों तरह विकल्प से उपास्य शिवदूत्यादि देवताओं का परमार्थ विचार करने पर तो त्रिपुरसुन्दरी से अभेद ही है । यह और व्याख्या हुई ।

अथवा **"किमत्र सव्यापसव्यसौषुम्णेषु"** इस शिवसूत्र में प्रयोग देखने से इडा, पिङ्गला, सव्य और अपसव्य हुई और सुषुम्णा मार्ग-पद से सूचित हुई । परिशेष में ध्रुवमार्ग के ग्रहण से तीन-तीन पदों के द्वन्द्वसमास से सव्यापसव्य मार्ग इन तीन पदों का तथा द्विपदक द्वन्द्वगर्भक कर्मधारय से एक पद का रूप बनता है । चारों पदों का तो द्वन्द्व का अपवाद एकशेष कर चारों व्याख्याओं का समुच्चय होता है ।

श्रुति कहती है–**"अथ य एतौ पन्थानौ न विदुस्ते कीटाः पतङ्गाः यदिदं दन्दशूकम्"** इत्यादि, अर्थात् जो लोक दोनों मार्गों से भ्रष्ट हैं, कष्टदायक आपत्ति में पड़े हैं, उन भक्तों की आपदाओं को भी अनायास नाम-स्मरण आदि साधनों से दयापूर्वक दूर करती है । इस आशय से आगे नाम है–

सर्वापद्विनिवारिणी–

"सर्वा आपदो विशिष्य नितरां वारयति" इस व्युत्पत्ति के अनुसार सभी आपत्तियों का निर्मूलन करती है। कूर्मपुराण में देवी का वाक्य है–

"ये तु सङ्गान् परित्यज्य मामेकं शरणं गताः।
उपासते सदा भक्त्या योगमैश्वरमाश्रिताः॥
सर्वभूतदयावन्तः शान्ता दान्ता विमत्सराः।
अमानिनो बुद्धिमन्तस्तापसाः संयतव्रताः॥
मच्चित्ता मद्गतप्राणा मज्ज्ञानकथने रताः।
संन्यासिनो गृहस्थाश्च वनस्था ब्रह्मचारिणः॥
ये चोक्तैर्लक्षणैर्हीना अपि मन्नामजापकाः।
तेषां नित्याभियुक्तानामापदां पर्वतानपि॥
नाशयामितरां ज्ञानदीपेन न चिरादिह"।

हरिवंश में देवी के प्रति विष्णु का वाक्य है–**"नृणां बन्धं वधं रोधं पुत्रनाशं धनक्षयम्"** इत्यादि आपत्ति परम्परा का उल्लेख कर अन्त में कहा है–**"आपत्सु निखिलासु त्वं रक्षस्येव न संशयः"** इत्यादि। वराहपुराण में भी ब्रह्मादिकृत देवीस्तोत्र के अन्त में–

"शरणं त्वां प्रपद्यन्ते ये देवि परमेश्वरि।
न तेषामापदः काश्चिज्जायन्ते क्वापि सङ्कटे"॥

यह कहा है। प्राचीनों की यह स्तुति भी है–

"आपदि किं करणीयं स्मरणीयं चरणयुगलमम्बायाः।
तत्स्मरणं किं कुरुते ब्रह्मादीनपि च किङ्करीकुरुते"॥

स्वस्था–

दुःखकृत चञ्चलता न होने से स्वस्था, अपने ही स्वरूप में स्थित रहने वाली। **"स भगवः कस्मिन् प्रतिष्ठित इति स्वे महिम्नीति होवाच"** यह श्रुति है। अथवा शोभन-सुन्दर है, अस्था–स्थिति का अभाव, गतिविशेष जिसका।

स्वभावमधुरा–

स्वभाव से ही किसी उपाधि के संसर्ग के विना ही मधुरा सबसे अभिलषणीय है।

"मधुरं रसवत् स्वादु प्रियेषु मधुरोऽन्यवत्।
मधुरा शतपुष्पायां मधूलीनगरीभिदोः"॥

इत्यादि कोष के अनुसार मीनाक्षी देवी के स्थान हालास्य-क्षेत्र में रहने वाली या तद्रूपा। अथवा स्वस्य अपनी भायां प्रतिभा में जो अवम अर्थात् प्रथम गणनीय है, अर्थात् आत्मज्ञानोत्तम है, उसकी धुरा की तरह धुरा अग्रणी है। धूः यह हलन्त

मानकर भागुरि के मत से टाप् किया गया है। रथ की धुरा जैसा सर्वश्रेष्ठ अङ्ग है, उसी तरह यह आत्मज्ञानवान् लोगों की निर्वाहक है। "अवम" पद निकृष्टपरक है, ऐसा भ्रम नहीं करना चाहिये। अवम- उत्तम ये दोनों पद प्रथम-चरम के रूप में प्रयुक्त हैं। **"अग्निरग्रे प्रथमो देवतानां संयतानामुत्तमो विष्णुरासीत्"** इत्यादि '**अग्ना वैष्णवेष्टियाज्याऽनुवाक्या**' मन्त्र में सर्व देवताओं के प्रथम और चरमभूत अग्नि और विष्णु के ग्रहण में प्रत्याहार न्याय से मध्यस्थ अखिल देवताओं का ग्रहण दीक्षणीय इष्टि में सिद्ध होता है, इसका प्रतिपादनपरक व्याख्यारूप मन्त्र है–**"अग्निर्वै देवानामवमो विष्णुः परमः"** यह बह्वृचब्राह्मण में है। इसमें प्रथम पद को "अवम" पद से कहा गया है। अतः दोनों पद पर्यायभूत हैं।

"स्वभाम् आत्मज्ञानं ये वमन्ति सृजन्ति साधयन्ति तेषु धूः उत्तमा" ऐसी व्याख्या भी है। इससे "न निर्धारणे" इस षष्ठीसमास के निषेध का विरोध न होगा। "पुरुषोत्तम" इत्यादि की तरह सप्तमीसमास स्वीकार होगा।

अथवा **"शोभना अभावाः स्वभावाः"**। अभाव में शोभनत्व विशेषण देने से उसके प्रतियोगी भावों का अशोभनत्व हुआ। उससे राग-द्वेष-वैषम्य-नैर्घृण्य आदि से होने वाले अभावों से मधुरा यह अर्थ हुआ।

अथवा **"स्वेषु आत्मीयेषु भक्तेषु भावेन अवस्थानेन मधुरा"** अपने भक्तों में रहने से मधुरा। अथवा अपने भाव से, भक्ति से मधु सत्फल को "राति ददाति" यह अर्थ करें। इस प्रकार अभिप्राय, अवतार आदि के विषय में भाव पद के अर्थों की योजना करनी चाहिये।

चैतन्यार्घ्यसमाराध्या चैतन्यकुसुमप्रिया–

चैतन्य का अर्थ है चिद्रूप। **"चैतन्यमात्मा"** यह शिवसूत्र है। वही अर्घ्य है– पूजायोग्यजलादिरूप, उससे समाराध्या। "निराधारा" नामक पूजा में चित् की अभेद भावना ही है और "ज्ञानमर्घ्यम्" यह भावनोपनिषत् श्रुति भी है। स्कन्द-पुराण का कथन है–

> **"स्वानुभूत्या स्वयं साक्षात्स्वात्मभूतां महेश्वरीम्।**
> **पूजयेदादरेणैव पूजा सा पुरुषार्थदा"॥**

अथवा चैतन्य-आत्मा के अर्घ्य अर्थात् ज्ञान से स्वानुभूति से तात्पर्य है। **"अर्घ्यः पूजाविधौ मूल्येऽप्यर्घ्यो विद्याद्बुमूलयोः"** यह विश्वकोष है। **"अर्घ्ये साधुः"** इस अर्थ में यत्प्रत्यय है। अथवा चातुर्वर्ण्यादि आकृतिगण से स्वार्थ में ष्यञ् होगा। अथवा "अर्घ्य" ऐसा भी पदच्छेद है। अथवा चैतन्यवाचक अर्घ्य, विद्या स्त्रीदेवता का मन्त्र है। उससे भुवनेश्वरीमन्त्र से समाराध्य यह भी अर्थ हुआ। **"स्त्रीदेवतास्तु विद्याः स्युर्मन्त्राः पुंदेवता मताः"** यह वचन है। सूतसंहिता का कथन है–

> **"जपित्वा दशसाहस्रं मन्त्रं चैतन्यवाचकम्।**
> **महापातकसंघैश्च मुच्यते पातकान्तरैः"॥**

इस श्लोक में "चैतन्यवाचक मन्त्र" इस पद की भुवनेश्वरीमन्त्रपरक व्याख्या की गई है। अथवा चेतना ही चैतन्य अर्थात् संविद्रूप रस है। **"चेतना संविदि प्रोक्ता वाच्यवत् प्राणिनि स्मृता"** विश्वकोष है। वही अर्घ्य अर्थात् पूजा-द्रव्य है। विशेषार्घ्यपात्र में परिपूरण करने और संस्कार से पूजायोग्य बनाने से उसका उपयोग होता है। उससे सम्यक् तर्पणादि के द्वारा आराध्या।

"संविदासवयोर्मध्ये संविदेव गरीयसी" यह रुद्रयामल का वाक्य है। संवित् का प्रचलित अर्थ भाँग है।

तान्त्रिकों के द्वारा कुण्डगोलोद्भव शब्द से व्यवहृत पाञ्चमिक रस भी चैतन्य है; क्योंकि वह प्राणियों से ही होता है। चैतन्यं चित् ही कुसुम है महाफल-प्रदाता होने से। **"जडानां चैतन्यस्तबकमकरन्दस्रुतिझरी"** (सौन्दर्यलहरी) इत्यादि प्रयोग में कुसुम का रूपक कवि सम्प्रदाय में स्वीकृत है, वह जिसको प्रिय है। वह अष्टपुष्पों का उपलक्षण है।

"अहिंसा प्रथमं पुष्पमिन्द्रियाणां च निग्रहः ।
क्षान्तिः पुष्पं दयापुष्पं ज्ञानपुष्पं परं मतम् ॥
तपःपुष्पं सत्यपुष्पं भावपुष्पमथाष्टमम्"।

इत्यादि प्राचीनों का कथन है। यहाँ पर भी संवित् आदि जो दो पक्ष हैं, उनका भी समावेश करना चाहिये। इनमें कुसुम होने के कारण 'चैतन्यस्य कुसुमम्' ऐसा ही समास होगा।

दक्षिणा दक्षिणाराध्या–

दक्षिणा से दक्षिण अर्थात् कुशल लोगों से आराधित। अथवा दक्षिण (पण्डित) और अदक्षिण (मूर्ख) दोनों से भक्तिपूर्वक आराध्या। दक्षिण-मार्गोपासक और वाममार्गोपासक दोनों से आराध्या। अथवा केवल कर्म के जिज्ञासु दक्षिण कहे जाते हैं–

"विद्यया तदारोहन्ति यत्र कामाः परागताः।
न तत्र दक्षिणा यान्ति नाविद्वांसस्तपस्विनः" ॥

इस श्रुति में पूर्वोक्त व्याख्या है। अदक्षिण अर्थात् ब्रह्मवित् उनसे भी आराध्या है।

"चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ" ॥

यह गीता की उक्ति है।

कौलिनीकेवला–

इस नाम के सम्बन्ध में छलाक्षर सूत्रकार से व्याख्याकार का कुछ मतभेद है। छलाक्षर सूत्रकार ने प्रथम आये **"कौलिनी कुलयोगिनी"** पद को एक पद माना है और यहाँ पर कौलिनी और केवला दो पृथक् नाम माने हैं; परन्तु यहाँ पर अनेक

उपपत्तियाँ देकर "कौलिनीकेवला" को एक पद ही स्वीकृत किया है और पूर्वोक्त दो नामों को पृथक् माना है। शास्त्रीय और व्याकरण सम्बन्धी भी उपपत्ति दी गई है। कौल धर्मवती और केवलाख्य ज्ञान वाली, यह इसका अर्थ है। वस्तुतः **"केवलकौलधर्मवती"** यही अर्थ है। विशेषण-विशेष्यभावादि से परस्पर अन्वय होने पर भिन्न पदों की एकनामता होती है। अथवा "दत्ताभार्यः" इस पद में दानक्रिया-निमित्तक दत्ता पद को संज्ञारूपता मानकर "संज्ञापूरण्योश्च" इससे पुंवद्भाव का निषेध जैसे वैयाकरण मानते हैं, वैसे ही यहाँ पर भी "कौलिनी" पद संज्ञा होने के कारण **"कौलिन्यः केवला ज्ञानवत्यो यया"** यह बहुव्रीहि भी किया जा सकता है। अथवा **"कौलिनीभिः केवला निर्णीता"** यह तृतीया-समास भी हो सकता है। "तृतीया तत्कृतार्थेन गुणवचनेन" इस सूत्र में गुणोपसर्जन द्रव्य वचन परक भी है। **"गुणमुक्तवान् गुणवचनः"**, **"कृत्यल्युटो बहुलम्"**, भूतार्थकता में ल्युट् यह निर्णय भी गुण होने से तत्कर्मवाची केवल पद भी गुणवचन है।

विशालाक्षी—

विशाल विस्तीर्ण हैं आँखें जिसकी। यह वाराणसी पीठ की देवता है— **"वाराणस्यां विशालाक्षी"** (पद्मपुराण)। विशाला शब्द बदरिकाश्रम का भी वाचक है। हिमवान् का क्षेत्र सम्बन्ध होने से यह नाम नेपालपीठपरक भी है। पीठन्यास के प्रकरण में नेत्र में नेपालपीठ का स्थान है। उससे विशाल पीठ ही अक्षि स्थान है जिसका। यह विवरण ब्रह्माण्डपुराण में है।

मनोमयी—

शुद्ध ब्रह्म का स्थान मन है, अतः मनोमयी। महावासिष्ठ रामायण का कथन है—

"स भैरवश्चिदाकाशः शिव इत्यभिधीयते।
अनन्यां तस्य तां विद्धि स्पन्दशक्तिर्मनोमयी" ॥

मनःप्रधाना होने से भी मनोमयी। **"मनसैवानुद्रष्टव्यम्"** इस श्रुति में अपना ज्ञान जानने के लिये मन को ही प्रधान साधन कहा है।

पञ्चयज्ञप्रिया—

पञ्च संख्या वाले यज्ञ पञ्चयज्ञ हुए। यहाँ मध्यमपदलोपी समास है। उससे "द्विगोः" इससे ङीप् न होगा। वे पञ्च यज्ञ जिसको प्रिय हैं। वे ये हैं—**"स एष यज्ञः पञ्चविधोऽग्निहोत्रं दर्शपूर्णमासौ चातुर्मास्यानि पशुः सोमः"** यह श्रुति कहती है। स्मृति में प्रसिद्ध—देवयज्ञ, ब्रह्मयज्ञ, भूतयज्ञ, पितृयज्ञ, मनुष्ययज्ञ—ये हैं। पाञ्चरात्रागम में अभिगमन, उपादान, इज्या, स्वाध्याय, योग—इन पाँच प्रकार की पूजा है। कुलागम में केवल, यामल, मिश्र, चक्रयुक्, वीरसंकर—यह पाँच प्रकार की पूजा है। नित्यातन्त्र में—**"हेतिभिर्मध्यमाद्यं स्याद् द्वितीयं नवयोनिषु"** इत्यादि से आरम्भ कर **"इति**

पञ्चप्रकारार्चा प्रोक्ता सर्वार्थसिद्धिदा" यहाँ तक कही है। बृहत्तन्त्रकौमुदी और तन्मूलक मन्त्रमहोदधि में आतुरी, सौतकी, दौर्बोधी, त्रासी, साधना, भावनी—यह पाँच प्रकार की पूजा है। **"अग्निहोत्रे हूयमाना दुग्धादिरूपा आपः सोमद्युपृथिवीपुरुषयोषिद्रूपकुण्डपञ्चके पुनः पुनर्हूयन्ते तदा ता एव आपः शरीरभावं भजन्ति"** इत्यादि उपनिषदों के विवरण में और रंहत्याद्यधिकरण में ये पाँच प्रकार के कुण्डों का वर्णन उपलब्ध है। ये ही पञ्च यज्ञ हैं।

अथवा "पचि" विस्तारे धातु से घञर्थ में "क" प्रत्यय के विधान से पञ्च अर्थात् विस्तृत है अथवा यज्ञ विश्वसृष्टि के अयनादि प्रिय हैं जिसके; यह भी अर्थ है।

पञ्चमी—

ब्रह्मादि पाँच देवताओं में से पञ्चम सदाशिव की स्त्री—अतः पञ्चमी। सूतगीता में उसको भी भगवती का सहाय कहा है—

"त्रिषु रुद्रो वरिष्ठः स्यात्तेषु मायी परः शिवः।
मायाविशिष्टात्सर्वज्ञात्साम्बः सत्यादिलक्षणः॥
सदाशिवो वरिष्ठः स्यान्नात्र कार्या विचारणा"।

"पञ्चमी" शब्द वाराही में निरूढ है। वह यद्यपि ब्राह्मी आदि क्रम में पञ्चम है, पञ्चरत्न देवताओं में अन्तिम है, पञ्चकोष देवताओं में भी है, अतः यह शब्द यौगिक मालूम होता है, तो भी दक्षिणामूर्तिसंहिता में—

"..............................पूजयेत् पञ्चमीसुतम्।
घटं स्पृष्ट्वा हृदि ध्यात्वा पञ्चमीं परमेश्वरीम्।
पञ्चमीशकटं यन्त्रं त्रिषु लोकेषु दुर्लभम्"॥

इत्यादि प्रकरण में वाराही के विषय में ही अधिकतर प्रयोग दर्शन से योगरूढ भी माना जायेगा।

"म"कारों में पञ्चम आनन्दरूप होने से तदाकारा यह भी अर्थ है। कल्पसूत्र का वाक्य है—

"आनन्दं ब्रह्मणो रूपं तच्च देहे व्यवस्थितम्।
तस्याभिव्यञ्जकाः पञ्च मकारास्तैरथार्चनम्"॥

इसीलिये पाँच मकारों का समाहार "पञ्चमी" पद से वाच्य है। उन्हें त्रैपुरसूक्त में कहा है—**"परिस्रुतं झषमाद्यं पलं च योनीः सुपरिष्कृतानि"** इत्यादि। इनकी शुद्धि की इतिकर्तव्यता को गुरुमुख से जानना चाहिये। **"पञ्चमाहुतावापः पुरुषवचसो भवन्ति"** इस श्रुति से प्रसिद्ध योषित्कुण्ड में रेतो हवि की आहुति उक्त यज्ञों में पञ्चमी है, अतः तद्रूपा। कैवल्य नामक मुक्ति भी पञ्चमी है, तदभिन्न मानकर भी पञ्चमी है।

अभ्यासातिशयज्ञाता–

बारम्बार–"**आसुप्तेरामृतेः कालं नयेद् वेदान्तचिन्तया**" इस विधान के अनुसार ब्रह्मात्मैक्य के अनुसन्धान की सतत आवृत्तियों से ज्ञात होने वाली। इस विषय में व्याससूत्र और कपिलसूत्र भी कहता है–"**आवृत्तिरसकृदुपदेशात्**"। ब्रह्माण्डपुराण भी कहता है–

"**ध्यानैकदृश्या ज्ञानाङ्गी विद्यात्मा हृदयास्पदा।**
आत्मैक्याद् व्यक्तिमायाति चिरानुष्ठानगौरवात्"॥

षडध्वातीतरूपिणी–

अध्वा छः हैं–पदाध्वा, भुवनाध्वा, वर्णाध्वा, तत्त्वाध्वा, कलाध्वा, मन्त्राध्वा। इनमें तीन विमर्शांश हैं और तीन प्रकाशांश हैं। विरूपाक्षपञ्चाशिका में कहा है–

"**अस्य विमर्शस्यैकर्णः पदमन्त्रार्णात्मकस्त्रिधा भवति।**
पुरतत्त्वकलात्मार्थो धर्मिण इत्थं प्रकारशस्य"॥

उससे ज्ञानार्णव में "**अस्मिंश्चक्रे षडध्वानो वर्तन्ते वीरवन्दिते**" इत्यादि से लेकर "**एवं षडध्वविमलं श्रीचक्रं परिचिन्तयेत्**" यहाँ तक लक्षणों के साथ निर्दिष्ट है। ऐसे ही दक्षिणामूर्तिसंहिता में भी "**षडध्वरूपमधुना शृणु योगेशि साम्प्रतम्**" इत्यादि और "**एवं षडध्वभरितं श्रीचक्रं परिचिन्तयेत्**" इत्यादि निरूपण किया है, उनसे अतीत है रूप जिसका।

अथवा शैव-वैष्णवादि छः उपासना मार्गों से अतीत अर्थात् अनन्तर प्राप्य है रूप जिसका; क्योंकि ये उपासनायें पूर्वभूमिका हैं। कुलार्णव के अनुसार–

"**शैववैष्णवदौर्गार्कगाणपत्येन्दुसम्भवैः।**
मन्त्रैर्विशुद्धचित्तस्य कुलज्ञानं प्रकाशते"॥

इन उपासनाओं से जन्मान्तर में ही सुन्दरी की उपासना प्राप्त होती है। इन्दुसम्भव का अर्थ है–जैनदर्शन।

आबालगोपविदिता–

"बालान् ब्रह्मादिकान् गोपयति इति बालगोपः"– ब्रह्मादि की रक्षा करने वाले सदाशिव। दूसरा शब्द 'बालश्चासौ गोपश्च' बालगोपौ–बालक और गोप अर्थात् अज्ञ लोक, "तौ अभिव्याप्य आबालगोपं तादृशेन विदितं ज्ञानं यस्याः सा"। इसमें प्रथम बालगोप शब्द सदाशिवपरक या कृष्णावतारपरक है, दूसरा पामरों का उपलक्षक है। तात्पर्य यह है कि हरि-हरादि से लेकर साधारण पामर तक जिसे जानते हैं। स्कन्दपुराण का वचन है–"तामहं प्रत्ययव्याजात्सर्वे जानन्ति जन्तवः"।

इस पर यह आशङ्का हो सकती है कि "अतिपरिचयादवज्ञा" इस न्याय से सभी अनादर करने लगेंगे। अतः अग्रिम नाम, जो उसका समाधान करता है, सर्वानुल्लङ्घनीय है। इस आशय को भगवान् शङ्कराचार्य ने कहा है–

"जगत्सूते धाता हरिरवति रुद्रः क्षपयति
तिरस्कुर्वन्नेतत्स्वमपि वपुरीशस्तिरयति ।
सदा पूर्वः सर्वं तदिदमनुगृह्णाति च शिव-
स्तवाज्ञामालम्ब्य क्षणचलितयोर्भ्रूलतिकयोः" ॥

श्रीशिवाशिवशक्त्यैक्यरूपिणी

श्रीयुक्ता शिवा श्रीशिवा मोक्ष या परमैश्वर्ययुक्त । शिव और शक्ति का सामरस्य ही रूप है जिसका । वायुसंहिता में उक्त है–

"शिवेच्छया पराशक्तिः शिवतत्त्वैकतां गता ।
ततः परिस्फुरत्यादौ सर्गे तैलं तिलादिव" ॥

यहाँ पर सामरस्य या समरसता परम साम्य या अत्यन्ताभेद है । यह बात सौरसंहिता में कही है–

ब्रह्मणोऽभिन्नशक्तिस्तु ब्रह्मैव खलु नापरा ।
तथा सति वृथा प्रोक्तं शक्तिरित्यविवेकिभिः ।
शक्तिशक्तिमतोर्विद्वन् भेदाभेदस्तु दुर्घटः ॥

वासिष्ठ रामायण में भी–

यथैकं पवनस्पन्दमेकमौष्ण्यानलौ यथा ।
चिन्मात्रं स्पन्दशक्तिश्च तथैवैकात्म सर्वदा ॥

अथवा शिवचक्रों और शक्तिचक्रों का ऐक्य ही रूप है जिसका । ब्रह्माण्डपुराण का कथन है–"**त्रिकोणे बैन्दवं श्लिष्टमष्टारेऽष्टदलाम्बुजम्**" इत्यादि से प्रारम्भ कर–

"शैवानां चैव शाक्तानां चक्राणां च परस्परम् ।
अविनाभावसम्बन्धं यो जानाति स चक्रवित्" ॥

यहाँ तक । शिव और शक्ति का ऐक्य जिसमें प्रतिपाद्य है, ऐसा हंस मन्त्र ही जिसका रूप है । यज्ञवैभवखण्ड की उक्ति है–

"शान्तान्तं शक्तिरस्योक्ता तदन्तं बीजमुच्यते ।
विद्याशक्तिर्भवेद् बीजं शिव एव न चान्यथा ॥
तेनायं परमो मन्त्रः शिवशक्त्यात्मकः स्मृतः" ।

"शषसह" इन वर्णों के क्रम में शकार के अन्त में षकार है, उसके अन्त में सकार है और उसके अन्त में हकार है । यह पूर्वोक्त श्लोक का अर्थ है । अथवा शिव की शक्तियाँ धूमावती आदि पाँच हैं, उनका ऐक्य (समष्टि) ही जिसका रूप है । उनका निरूपण विरूपाक्षपञ्चाशिका में है–

धूमावती तिरोधौ भास्वत्यवभासनेऽध्वनां शक्तिः ।
क्षोभे स्पन्दा व्याप्तौ विभ्वी ह्लादा तु पुष्टौ मे ॥
धूमावती पृथिव्यां ह्लादाप्सु शुचौ तु भास्वती प्रथते ।
वायौ स्पन्दा विभ्वी नभसि व्याप्तं जगत्ताभिः ॥

इस प्रकार यहाँ तक पहले तीन नामों से जगत् की सृष्टि-स्थिति-संहार कारक रूप से देवता का लक्षण कर तिरोधान और अनुग्रह के विषय अनन्त होने के कारण **"चिदग्निकुण्डसम्भूता"** इस नाम से प्रारम्भ कर यहाँ तक उन दोनों के विषय का ही विस्तार किया गया है। अब इस प्रकार के पञ्चकृत्य करने वाली देवता को असाधारण और विशेष्यभूत नाम से निर्देश करते हैं–

ललिताम्बिका–

"ललते असौ ललिता, ललिता च सा अम्बिका च ललिताम्बिका" यह समास होगा। पद्मपुराण में कहा है–**"लोकानतीत्य ललते ललिता तेन सोच्यते"**, **"लोक्यन्त इति लोकाः"** इस व्युत्पत्ति के अनुसार किरणरूप आवरण-देवताएँ हैं, उनका अतिक्रमण कर उनके ऊर्ध्व स्थित बिन्दु स्थान में ललते अर्थात् अत्यन्त शोभित होती है, यह अर्थ है।

शोभा विलासो माधुर्यं गाम्भीर्यं स्थैर्यतेजसी।
लालित्यं च तथौदार्यमित्यष्टौ पौरुषा गुणाः॥

इनमें प्रसिद्ध "ललितत्व" भी है। **"ललितं रतिचेष्टितम्"** यह कामशास्त्र में है। **"सौकुमार्यं तु लालित्यम्"** यह प्रसिद्ध सभी गुण इसमें हैं, अतः ललिता कही गई। अन्यत्र भी कहा है–

"ललितेति नाम युक्तं तव किल दिव्या नवावृतयः।
धनुरैक्षवमस्त्राण्यपि कुसुमानि तथाखिलं ललितम्"॥

"ललिते सुन्दरम्" यह शब्दार्णव है। यह प्रयागपीठ की अधिपति देवता का नाम है–**"प्रयागे ललितादेवी"** (पद्मपुराण)।

इस प्रकार सहस्रनाम के मध्य भाग से विशिष्ट नामों और उनके भाष्य का विवरण दिया गया है। विस्तार के डर से सभी नामों पर विचार नहीं लिखा है। हमारा उद्देश्य आचार्य की बहुमुखी प्रतिभा एवं व्यापक ज्ञान तथा साम्प्रदायिक तत्त्वों का निरूपण दिखाना है, वह कार्य इतने से सफल होगा, ऐसा मैं समझता हूँ।

अब इस पाठ के अन्त में भी "प्रणव" का उच्चारण करना चाहिये, उसका स्वरूप प्रारम्भ में ही विस्तार से कहा है। वर्णभेद से उच्चारण के भेद की व्यवस्था भी पहले कही जा चुकी है। यद्यपि पाठ के प्रारम्भ और अन्त में उच्चारणीय प्रणव सहस्रनाम-वाक्यार्थ से सम्बद्ध नहीं है; परन्तु उससे कोई दोष नहीं होगा। उनके उच्चारण का प्रयोजन मङ्गलसूचकता है।

"ॐकारश्चाथशब्दश्च द्वावेतौ ब्रह्मणः पुरा।
कण्ठं भित्त्वा विनिर्यातौ तेन माङ्गलिकावुभौ"॥
"स्रवत्यनोङ्कृतं पूर्वं परस्ताच्च विशीर्यते"।

इत्यादि वचनों से ओङ्कार के विना प्रत्यवाय सुनने से उसका उच्चारण अदृष्ट मात्र का उपयोगी है। अर्थज्ञानपूर्वक उच्चारण ही अदृष्टोपयोगी होता है, अतः अर्थ वर्णन भी आवश्यक है। इसी नियमानुसार सहस्रनाम पाठ भी अदृष्टजनक है; परन्तु परस्पर विशेष्य-विशेषण भाव से आकाङ्क्षा, योग्यता आदि रहने से क्रिया के अन्वय को मानकर एक महावाक्यार्थ भी माना जायेगा; परन्तु क्रिया प्रत्यक्ष न होने पर भी क्रियापद का अध्याहार किया जायेगा। कात्यायन की उक्ति प्रसिद्ध है–**"अस्तिर्भवन्तीपरः प्रथमपुरुषेऽप्रयुज्यमानोऽप्यस्ति"**। भवन्तीपरः का अर्थ लट्परक है। अथवा दोनों प्रणवों की भी विशेषणता मानें और महावाक्यार्थ से उनका अन्वय भी होवे। इससे समस्त और व्यस्त के भेद से पुनरुक्ति का निरास भी होगा। इसीलिये परिभाषाकार ने "गदन्तं" पद में तकार को प्रणव सहित मानकर षट् संख्या मानी है। इसके आगे परिभाषा-मण्डल में नामों में शतक के आदिभागों की सूचना दी है–

श्रीमाता-१, मणिपूरान्तरुदिता-२, सद्गतिप्रदा-३, ह्रींकारी-४, विविधाकारा-५, गुडान्नप्रीतमानसा-६, दरान्दोलितदीर्घाक्षी-७, देशकालापरिच्छिन्ना-८ पुष्टा-९, नादरूपिणी-१०, ये दस नाम प्रथम आदि शतकों के आरम्भ में हैं।

दशम शतक के अन्त में कतिपय परिभाषायें दी हैं, जिनमें नामों की गणना के सम्बन्ध में तथा पुनरुक्ति के परिहार के विषय में और सन्धिविच्छेद के आदि के विषय में विचार किया गया है।

फलश्रुति का ग्रन्थभाग ८६ और अर्धश्लोकात्मक है। उसमें प्रथमतः २० और आधे श्लोक से सहस्रनाम कीर्तन की विविध फल के प्रति साधनरूपता प्रतिपादित है। इस तरह फलभेद से कीर्तनकरणक भावनाओं के भेद से इति-कर्तव्यता का भी भेद होता है, जिसे छियालीस श्लोकों में प्रतिपादित किया है। "सर्वरोगप्रशमनम्" इत्यादि पूर्वपीठिका में निर्दिष्ट क्रम से ही उत्तरपीठिका में उन उन फलों के लिये प्रयोग का विधान किया है और पूर्वपीठिका में **"श्रीमातुः प्रीतये तस्मादनिशं कीर्तयेदिदम्"** यहाँ प्रीति ही "भाव्यतया" उक्त है। वह भी विविध फलों के साथ प्रधान हो सकती है। पूर्वमीमांसा में "अपूर्व" की तरह यहाँ तन्त्रशास्त्र में देवता-प्रीति भी प्रधान हो सकती है। फलजनन के साथ भी हो सकती है। इस प्रकार प्रीतिजनक कीर्तनोपयोगी नामसहस्र का परिचय देकर उसका उपसंहार करते हुये फलों की पृथग् विवेचना के लिये भगवान् हयग्रीवाचार्य उत्तरग्रन्थ सन्दर्भ की अवतारणा करने के लिये प्रारम्भ करते हैं–**"इत्येवं नाम साहस्रं कथितं ते घटोद्भव"** इस श्लोक से। इति शब्द समाप्ति की सूचना के साथ "सहस्रसंख्या" की शुद्ध परिगणना की भी सूचना देता है। "इत्येवं" शब्दों से पूर्वोक्त प्रकार से यथावत् प्रतिपादन से यह अभिप्राय भी है कि अन्य सरस्वती–गङ्गा आदि देवताओं के

सहस्रनामों में सहस्र संख्या की शुद्ध पूर्ति न होने से "सहस्रनाम" शब्द का व्यवहार गौण है, उससे यहाँ की स्थिति सर्वथा भिन्न है। **"रहस्यानां रहस्यम्"** कथन का अर्थ है-न्यास-जप आदि रूप रहस्यों में भी यह रहस्यतम है। निर्धारण के अर्थ में षष्ठी विभक्ति है।

उसमें भी **"ललिताप्रीतिदायकम्"** यह कहने से सर्वोत्कृष्ट देवता के लिये यही प्रिय है, अतः अन्य स्तोत्रों से उसकी तुलना नहीं हो सकती।

इस प्रकार का "सहस्रनाम" स्तोत्र त्रिकाल में भी नया न होगा। यह भी वस्तुस्थिति है। इस स्तोत्र के अनेक असाध्य कार्यों के लिये प्रयोग हैं, जो **"सर्वरोगप्रशमनम्"** इत्यादि श्लोकों से प्रदर्शित हैं। यद्यपि अन्य वैदिक और तान्त्रिक प्रयोग हैं, जो सर्वफलप्रद हैं–सर्वकामप्रद दर्शपूर्णमास-ज्योतिष्टोमादि के एक बार करने से भी एक ही फल होता है। अल्पफलप्रद कर्मों में ही "तत्र सर्वे विशेषात्" इत्यादि चतुर्थाधिकरण का तात्पर्य है।

देवता-प्रीति तो लोक से विलक्षण है, इसीलिये नाम भी पढ़े गये हैं–**"लोकातीता गुणातीता सर्वातीता शमात्मिका"** इत्यादि। कर्मों में भी पूर्वोक्त न्याय को कुछ ऋषियों ने माना है। हिरण्यकेशी सूत्र में कहा है–**"एकप्रयोगे सर्वान् कामान् कामयीत प्रयोगपृथक्त्वे चैकैकम्"**।

"पुरुषार्थप्रदायकम्" की व्याख्या में आचार्य का कथन है कि पुरुषार्थ शब्द से मुख्य रूप से मोक्ष ही लिया जाता है, अर्थात् निष्काम पुरुष को मोक्षफल के लिये पाठ करना चाहिये। वस्तुतः चतुर्वर्ग (धर्म-अर्थ-काम-मोक्ष) को देने वाला यह स्तोत्र है। पद्मपुराण के पुष्करखण्ड में कहा है–

"अतः परं च देवानामर्चनं कारयेद्बुधः।
गणेशं पूजयेद्यस्तु विघ्नस्तस्य न बाधते॥
आरोग्यार्थेऽर्चयेत् सूर्यं धर्ममोक्षाय माधवम्।
शिवं धर्मार्थमोक्षाय चतुर्वर्गाय चण्डिकाम्॥

यदि यह कहा जाय कि बहुफलप्रद और अल्पायाससाध्य-गङ्गा, श्यामलादि के सहस्रनाम हैं। उनमें भी परम्परया गङ्गा आदि देवियों के प्रीति-जनन से ललिता की प्रीति हो सकती है, अतः इसी नामपाठ का क्या महत्त्व है? इस शङ्का का निराकरण करने के लिये ही कहा है–**"इदं विशेषात् श्रीदेव्याः स्तोत्रं प्रीतिविधायकम्"**। अन्य स्तोत्र-पाठादि से अत्यधिक प्रीति इसी स्तोत्र से होती है। अतः प्रीतिविशेषजनक और रहस्यतम भी है। इससे अग्निहोत्र-दर्शपूर्णमास-ज्योतिष्टोम-विश्वजित् आदि कर्मों से, परिश्रम तारतम्य से, एक समान स्वर्गरूपी फलजनकत्व नहीं हो सकता। अतः स्वर्गरूपी फल में भी तारतम्य की कल्पना

करनी होगी। यह पूर्वतन्त्र (मीमांसा) का सिद्धान्त है। इसी प्रकार देवता-प्रीति में भी स्तोत्रों में तारतम्य से फलजनकत्व मानना चाहिये।

इससे भी अधिक आयाससाध्य अन्य कर्मों से होने वाली देवता-प्रीति भी उसी न्याय से अधिक होगी। यदि ऐसी शङ्का हो तो उसके समाधान के लिये पहले ही कहा है कि–

"इदं विशेषात् श्रीदेव्याः स्तोत्रं प्रीतिविधायकम्"।

इससे ही इस स्तोत्र की रहस्यतमता सिद्ध होती है। अतः प्रकृष्ट यज्ञ के साथ ललितोपासक को यावज्जीवन इसका जप करना चाहिये।

"प्रातः स्नात्वा विधानेन" यहाँ विधान शब्द से वैदिक तथा तान्त्रिक दोनों प्रकार सूचित हैं। "समर्चयेत्" पद में स्वार्थ में "णिच्" है, प्रयोजककर्ता के द्वारा यह भी अर्थ है।

"विद्यां जपेत्सहस्रं वा त्रिशतं शतमेव वा" यहाँ पर पूर्व-पूर्व की प्रधानता है तथा उत्तरोत्तर विकल्प है। "पश्चात्" पद से विद्या जप और पुष्पाञ्जलिदान के बीच में यह तात्पर्य है। अतः **"जप्त्वा पुष्पाञ्जलिं दद्यात्"** इस उक्ति में पौर्वापर्य अव्यवहित नहीं है; किन्तु सहस्रनाम पाठ से व्यवहित ही है। जैसे वेद-वेदीकरण का क्षुताचमन से या वेदाध्ययन-स्नान का मीमांसाध्ययन से व्यवहितत्व माना गया है। यहाँ पर "प्रातः स्नात्वा" इत्यादि सभी विध्यन्तर से प्राप्त अनुवाद हैं। सहस्रनाम पाठ के विषय में काल मात्र विधेय है। इसीलिये जप और पाठ का परस्पर अङ्गाङ्गिभाव भी नहीं है। उन दोनों की प्रातिस्विक विधि से ही फलवत्ता है, सहस्रनाम कीर्तन की भी विध्यन्तर से फलार्थता अवगत है। अतः **"दर्शपौर्णमासाभ्यामिष्ट्वा सोमेन यजेत"** इस स्थल की तरह कालार्थक ही संयोग मानना चाहिये। अथवा स्नान आदि पाँचों का वितनिरूप क्रम ही विधेय मानना चाहिये। उससे अन्यतम-प्रधान के न करने पर भी **"अनुपायो हि कालस्य"** इस न्याय से वैगुण्य न होगा। अतः फलानुत्पत्ति की शङ्का भी नहीं है।

"श्रीदेव्याः स्तोत्रं प्रीतिविधायकम्", इसमें "विशेष" पद से सूचित प्रीति- दायकता के लिये साढ़े ग्यारह श्लोकों से उसका परिमाण सूचित किया है–**"तस्य पुण्यफलं वक्ष्ये शृणु त्वं कुम्भसम्भव"** इत्यादि के द्वारा। पूर्वोक्त प्रकार से जन्म के बीच में एक बार पठित सहस्रनाम के अन्तर्गत एक-एक नाम के कीर्तन से आगे जो पुण्यराशि कहा है, वह सहस्रगुणित होने पर जो फल है, वह एक बार सम्पूर्ण सहस्रनाम के पाठ से ही होगा। यावज्जीवन किये गये स्तोत्र-पाठ की जितनी आवृत्तियाँ होंगी, उतनी ही बार उसके फल को गुणाकर उससे होने वाली देवताप्रीति का भी परिमाण निकालकर जानना चाहिये। इसी तात्पर्य से आगे अनेक उदाहरणों से फलवत्ता

की व्यापकता दिखाई गयी है। अविमुक्त (वाराणसी) क्षेत्र में लिङ्गस्थापन और कुरुक्षेत्र में सूर्यग्रहण में दान आदि अनन्तफल के सूचक हैं।

यहाँ पर आचार्य ने गणित की पद्धति से "समुद्र" संख्या तक पुण्य की गणना की है। वायुपुराण में समुद्र का यह लक्षण है–

"सहस्रं तु सहस्राणां कोटीनां दशधा पुनः।
गुणितं चेत्समुद्रं तं प्राहुः संख्याविदो जनाः" ॥

यह केवल सहस्रनाम का फल नहीं है; किन्तु उसमें से एक नाम के पाठ का फल है–**"रहस्यनामसाहस्रे नाम्नोऽप्येकस्य कीर्तनात्"**।

पुण्यराशि-जनकता की तरह पापराशि-नाशकता भी इस स्तोत्र की स्वतः सिद्ध है, जिसे कतिपय श्लोकों से निदर्शित किया है। यद्यपि स्मृतिग्रन्थों में–

"विहितस्याननुष्ठानात् निन्दितस्य च सेवनात्।
अनिग्रहाच्चेन्द्रियाणां नरः पतनमृच्छति" ॥

इस प्रकार तीन ही प्रकार कहे हैं, तथापि **"तत्सर्वं नश्यति द्रुतम्"** कहने से सभी प्रकार लिये गये और "द्रुतम्" से अन्य किसी प्रायश्चित्त की आवश्यकता नहीं है, यह भी सूचित हुआ। इसमें भी पुण्यराशि की अनेक निरवधिक संख्या की तरह असंख्य पापराशिनाशकता गणित से सिद्ध है।

यदि कोई श्रीविद्योपासक इस स्तोत्र से पापनाशन न मानकर स्मार्त विधि से प्रायश्चित्त करना चाहता है, तो इस स्तोत्र के अनादर से जन्य पापराशि उन स्मार्त प्रायश्चित्तों से सम्भव न होगा। जैसे बिच्छू के भय से भागने वाला साँप के मुख में पड़ता है, वह स्थिति होगी। यह बात निदर्शनालङ्कार के द्वारा कही है–

"यस्त्यक्त्वा नामसाहस्रं पापहानिमभीप्सति।
स हि शीतनिवृत्त्यर्थं हिमशैलं निषेवते" ॥

इत्यादि **"प्रीताभीष्टं प्रयच्छति"** यह कहने से पुण्यराशिजनन और पापराशिनाशन दोनों ही लिये जाते हैं।

यहाँ पर यह विचारणीय है–**"इदं विशेषात् श्रीदेव्याः"** इत्यादि कथन के अवसर में चार विशेषणों का उल्लेख लेना चाहिये–उपासककर्तृकत्व, सम्पूर्णस्तोत्रकर्मकत्व, यावज्जीवक्रियमाणत्व, प्रातःस्नानादिप्रधानचतुष्टयसाहित्य। उन्हीं का इस उपसंहार श्लोक में पुनः परामर्श किया गया है।

उपक्रम और उपसंहार की एकरूपता के कारण ये सभी विशेषण विवक्षित ही हैं। उनमें प्रथम विशेषण से प्रायश्चित्त शास्त्रों की व्यर्थता का निरास किया है; क्योंकि उपासक-भिन्न व्यक्तियों के लिये वह विशेषण सार्थक है। दूसरे विशेषण से एक-एक नाम मात्र के पाठ से अपने को कृतकृत्य समझने वालों का निरास होता

है। एक-एक नाम पाठ का पृथक् प्रयोग प्रमाणित नहीं है, अतः पूर्वोक्त महाफलजनक न होगा।

इस पर यदि कहा जाय कि **"नाम्नोऽप्येकस्य कीर्तनात्"**, **"नामैकमपि यः पठेत्"** इसकी क्या उपपत्ति होगी ? इस पर आचार्य का कथन है कि–उपक्रम और उपसंहार से एकवाक्यता सिद्ध होने पर उन दोनों के बीच में पठित इन वाक्यों का अवयव के द्वारा अवयवी में तात्पर्य माना जायेगा। जैसे जातेष्टि-वाक्य के मध्य में आये अष्टाकपालादि वाक्यों की व्यवस्था मानी गयी है। जब एक नाम का इतना फल है, तो सम्पूर्ण स्तोत्र का क्या फल होगा। इस प्रकार कैमुतिक न्याय से स्तोत्र-प्रशंसा ही है अथवा एक नाम का भी यदि इतना फल है, तो इससे सहस्रगुणित स्तोत्र का फल तो इससे अत्यधिक ही होगा, इस प्रकार स्तोत्र की फलवत्ता में ही तात्पर्य है। दो जगह तात्पर्य मानने पर वाक्यभेद आ जायेगा।

इसीलिये **"एकं वृणीते"** इत्यादि वाक्य **"त्रीन् वृणीते"** इसका उपपादक माना है। एक अक्षर से षोडशाक्षरान्त नामों का तुल्यफलकत्व सम्भव नहीं है। यदि वैसा मानें तो इतर का वैयर्थ्य-दोष आयेगा।

तृतीय विशेषण में अनियम से कुछ दिनों तक ही पाठ से पूर्वोक्त फलप्राप्ति का खण्डन होता है।

"जन्ममध्ये सकृच्चापि य एवं पठते सुधीः"।

यह वचन भी एक वाक्य के मध्य में पठित है और "अपि" शब्द के स्वारस्य से दोनों बातें समझी जा सकती हैं।

चतुर्थ विशेषण से आग्नेयादि छः कर्मों के परस्पर साहित्य के अभाव में फल की उत्पत्ति जैसे नहीं होती, वैसे ही यहाँ पर जानना चाहिये; परन्तु इतना भेद है कि आग्नेयादि का दर्शपूर्णमास वाक्य से सहितों की ही फलवत्ता है, यदि उसमें अन्यतम न हो तो फलोत्पत्ति न होगी। यहाँ पर सहस्रनाम पाठ के अभाव में अन्यान्य प्रधान कर्मों से तत्तत् फल की उत्पत्ति होगी।

यदि प्रधानान्तर के साहित्य के विना सहस्रनाम पाठ की निष्फलता कही जाय, तो इसके लिये प्रयोगजन्य फलविशेष में प्रमाण न होने से तथा फल न होने पर भी नाम-स्मरणजन्य अन्य फलों को मानने के कारण सर्वथा निष्फलता कदापि सम्भव नहीं है।

उपासकों के लिये उपास्य देवता की प्रीति ही प्रधान प्राप्य है। अन्य पुरुषार्थों में उनकी आग्रह-बुद्धि नहीं होती; परन्तु यथानियम कर्म तो वे भी करते हैं। भक्तों के विषय में आचार्य विभाग करते हुए कहते हैं कि–

चतुर्विधा भजन्ते मां जनाः सुकृतिनोऽर्जुन।
आर्तो जिज्ञासुरर्थार्थी ज्ञानी च भरतर्षभ॥

इस गीतावाक्य के अनुसार आर्तों को पापनिवृत्ति के लिये, जिज्ञासु भक्तों को निष्काम होने पर भी चित्तशुद्धि के लिये, अर्थार्थी भक्तों की अर्थसिद्धि के लिये, ज्ञानी भक्तों को लोकसङ्ग्रह के लिये, कीर्तन आवश्यक होने से भजकतावच्छेदक शरीरघटक नाम-कीर्तन है, अर्थात् भजन आवश्यक है। ये सब विषय भक्तिमीमांसाभाष्य में **"महापातकिनां त्वार्तौ"** इत्यादि अधिकरण में स्पष्ट किया गया है।

नित्य सङ्कीर्तन में असमर्थ पुरुषों के लिये वैकल्पिक व्यवस्था के लिये **"नित्यसङ्कीर्तनाशक्तः"** इत्यादि से कुछ प्रकार बताये हैं। उसमें विशिष्ट पर्व, तिथि, जन्मदिन आदि के विषय में सम्प्रदायानुसार व्यवस्था माननी चाहिये।

"तन्त्राणां बहुरूपत्वात् कर्तव्यं गुरुसम्मतम्"

यह वचन है। इस प्रसङ्ग में अनेक पक्ष बताकर पौर्णमासी का विशेष विधान किया है।

यहाँ तक रहस्यतमत्व और ललिताप्रीतिकरत्व इन दोनों विशेषणों पर विवेचन किया गया। इससे भी विस्तार से उन्हीं दोनों विशेषणों का विचार करते हुए पहले शरीर विषयक फलों में रोग-प्रशमन आदि के विषय में कुछ काम्य प्रयोग बताये हैं, जिनमें पौर्णमासी में चन्द्रमण्डल में ध्यान से आयुष्कर प्रयोग वर्णित है। इसमें तिथिनिर्णय करते हुए औदयिकी तिथि को ही प्रधानता दी है। तिथिनिर्णय भी तान्त्रिक वचनों के अनुसार ग्राह्य है।

चन्द्रबिम्ब अर्थात् चन्द्र के पूर्ण मण्डल में "सादा" नामक एक कला सर्वदा रहने वाली त्रिपुरसुन्दरी स्वरूप रहती है और अन्य पन्द्रह कलाएँ वृद्धि-ह्रास वाली होती हैं। वे कामेश्वरी से लेकर चित्रा तक पन्द्रह तिथि-नित्यायें हैं। अतः उनकी संख्या पूर्ण होने पर सोलह नित्याओं से और अणिमादि किरण देवताओं से पूर्ण चन्द्रमण्डल प्रत्यक्ष श्रीचक्रात्मक बनता है। इसी आशय से **"चन्द्रमण्डलमध्यगा"** यह नाम भी आया है। जैसे शालग्राम, बाण, लिङ्ग आदि में हरि और हर का सर्वथा सान्निध्य मानकर आवाहन करने की आवश्यकता नहीं होती, वैसे ही यहाँ चन्द्रमण्डल में त्रिपुरसुन्दरी का सान्निध्य होने के कारण आवाहन और तत्सम्बन्धी मुद्राओं का प्रदर्शन करना नहीं चाहिये। उसमें वर्णित प्रकार से अवयवसम्पन्न देवता का ध्यान करना चाहिये। ध्यान के बाद गन्ध-पुष्पादि पञ्चोपचार से पूजन करना चाहिये। इसमें **"तद् योऽहं सोऽसौ योऽसौ सोऽहं तत्त्वमेव त्वमेव तत्"** इत्यादि श्रुति के अनुसार परस्पर प्रतियोगिकरूप स्वात्मा और देवता की अभेद भावना करनी चाहिये। इन्हीं उपचारों के प्रति पद्मपुराण का विधिवाक्य है—

"अश्वमेधसहस्राणि वाजपेयशतानि च।
ललितापूजनस्यैते लक्षांशेनापि नो समाः।

स दाता स मुनिर्यष्टा स तपस्वी स तीर्थगः ।
यः सदा पूजयेद् देवीं गन्धपुष्पानुलेपनैः" ॥

इस प्रकार पूजा का फल-संयोग कहा है । उपचारों की तो फलवदफलन्याय से अङ्गता है । इसीलिये "गन्धपुष्पानुलेपनैः", "पञ्चोपचारैः" इत्यादि में तृतीया विभक्ति प्रयुक्त है और जो पद्मपुराण में "**गन्धानुलेपनं कृत्वा ज्योतिष्टोमफलं लभेत्**" तत्तद् उपचारों में फलश्रवण हैं, वे सब पर्णतान्याय से अर्थवाद रूप हैं । और भी–

"चन्दनागुरुकर्पूरैः सूक्ष्मपिष्टैः सकुङ्कुमैः ।
आलिप्य ललितां लोके कल्पकोटीर्वसेन्नरः" ॥

इत्यादि वचन हैं । वे वचन गोदोहनवत् अङ्गाश्रित गुणफल सम्बन्ध का विधान सूचित करते हैं । अथवा "**अन्तर्यागबहिर्यागौ गृहस्थः सर्वदा चरेत्**" इत्यादि से दो प्रकार की पूजा ज्ञात होती है, अतः ऐक्य भावना अन्तर्याग है । बाह्यपूजा तो गन्धपुष्पादि का निवेदन करना मानसिक संकल्प है । उनमें गन्धादि करण होने से अङ्ग है । "**गन्धादीनि निवेदयेत्**" इत्यादि में सक्तुन्याय से विनियोग अङ्ग है । यन्त्र आदि में गन्धादि का प्रक्षेप ही उपचार पद वाच्य है और निवेदन का अङ्ग है । उनमें षोडश आदि संख्याओं की समप्रधानता और यथावचन साहित्य से फलकरणत्व है, इत्यादि जानना चाहिये ।

सभी पूजाओं में "क्रमपूजा" प्रकृति है । काम्य, नैमित्तिक आदि अन्य पूजाओं में इसी से धर्मातिदेश किया जाता है । यह पूजा तो अपूर्व ही है ।

पञ्चोपचार प्रकृत अङ्ग हैं, उनके पुनः श्रवण से गृहमेधीयन्याय से चोदक का लोप है । इन उपचारों से करणमन्त्र "**श्रीललिताम्बिकायै नमः**" इतना ही है ।

"**विधिशब्दस्य मन्त्रत्वम्**" इस अधिकरणन्याय से कल्पित नियम में वैध पद का नियम है अथवा तृतीयकूट ही करणमन्त्र है । "**विद्यातृतीयकूटेन कुर्यात्सर्वोपचारकान्**" यह तन्त्रराज का वचन है । यदि यह कहें कि यह वचन प्रकृति के प्रकरण में पठित है, अतः क्रमपूजा का अङ्ग है और चोदक के अभाव में अपूर्व पूजा में इस वचन की प्राप्ति कैसे होगी ?

प्रधानभूत पूजा अपूर्व होने पर भी तदङ्गभूत उपचार प्राकृत उपचार के विकृतिरूप हैं, इतिकर्तव्यता की आकाङ्क्षा में नामातिदेश उपचारों का अङ्ग होने से उसकी धर्मप्रापकता में कोई बाधा नहीं है । अन्यथा गृहमेधीय प्रकरण में आज्यभागाङ्गभूत याज्या-अनुवाक्या मन्त्रों की प्राप्ति न होती । इसीलिये अपूर्व अवभृथ में साङ्गप्रधानार्थक प्राकृत होतृवरण की आज्यभागाङ्गतया प्राप्ति सम्भव है, और "**न होतारं वृणीते**" यह निषेध भी युक्त है, यह बात मिश्र ने कही है । इसी से नैवेद्य का अङ्गभूत आचमनादि भी जानना चाहिये । "सम्पूज्य" यहाँ पर ल्यप्-

प्रत्यय से पूजाकरणक भावना पाठकरणक भावना की अङ्ग है, यह ज्ञात होता है। "पठेत्" इससे तो पाठकरणक-भावना प्रधान है, यह ज्ञात होता है।

"वारवन्तीयमग्निष्टोमसामकृत्वा पशुकामो ह्येतेन यजेत" इस वाक्य में भावना-विशिष्ट भावनान्तर विधि की तरह पूजाकरणक भावना रूप अङ्ग के उत्तरकालिक नामसहस्र वाले पाठ से रोगनाशादिरूप इष्ट की भावना करे, यह अर्थ हुआ। यहाँ पर "ध्यात्वा" इस पद का पुनः अन्वय होने से "त्वा" प्रत्यय का **"मुखं व्यादाय स्वपिति"** की तरह समान-कालिक अर्थ है। अतः शत्रन्त में ही तात्पर्य है और इससे "ध्यायन् पठेत्" यही सम्प्रदाय सूचित होता है।

इसके आगे आचार्य ने सुगम रूप से करने के लिये संक्षेप में प्रयोगविधि भी लिखा है।

नित्य-नैमित्तिक कर्मों को यथाविधि करने वालों का ही काम्यकर्म में अधिकार है, यह सूचना भी अन्त में दी है। इस आयुष्कर प्रयोग के बाद ज्वरहर प्रयोग का भी विवरण और विधि का विवेचन किया है। इसके ग्रह और विष-बाधा के लिये दो प्रयोग बताये हैं।

"सुधासागरमध्यस्थाम्" की व्याख्या करते हुए लिखा है—श्रीपुर जहाँ जहाँ है, उन उन स्थानों में एक सुधामय ह्रद (जलाशय) है। सगुण ब्रह्मोपासकों से प्राप्य अपराजिता नामक नगरी में, अरण्य नामक दो सुधाह्रद हैं। ब्रह्मरन्ध्र में भी एक है। जैसा उपासक हो वह अपने अधिकार के अनुसार ध्यान करे।

इसके आगे वन्ध्या के लिये पुत्रप्रद प्रयोग लिखा है। सन्तान का सम्बन्ध स्त्री से होने के कारण स्त्री की प्राप्ति में बाधा होने पर वनिताऽऽकर्षण प्रयोग का प्रकार दिया गया है—**"देव्याः पाशेन सम्बद्धाम्"** इत्यादि। **"ध्यात्वाऽभीष्टां स्त्रियं रात्रौ"** इत्यादि प्रयोग पर विचार करते हुए कुछ शङ्काएँ और उनके समाधान भी आचार्य ने लिखा हैं—

यहाँ पर "अभीष्ट" शब्द से निर्दिष्ट स्त्री स्वीया है या परकीया ? यदि स्वीया है, तो **"यद्यप्यन्तःपुरं गता"** इसका विरोध होता है। उससे तो राजमहिषी प्रतीत हो रही है। क्या वह प्रयोग राजा ही करे ? ऐसा भी नहीं है; क्योंकि राजसूयादि वाक्य की तरह यहाँ कोई नियम नहीं दिया है और उसके लिये अन्तःपुर में कोई कठिनाई नहीं है। न तो केवल कौतुक से ऐसा प्रयोग किया जायेगा। "यद्यपि" शब्द से दुःसाध्यता सूचित है, अतः कौतुकार्थ प्रयोग नहीं है। तब यह कहना उचित होगा कि अपनी स्त्री का ही बलात्कार या अपहरण दूसरा कोई करे, तब यह विधि सार्थक होगी। हनुगुण्ठपीठ-माहात्म्य में यह इतिहास है—नारायण नामक मुनि की चन्द्रवदना नामक भार्या का इन्द्र के पुत्र सेतुराज ने अपहरण कर लिया था। मुनि ने देवी की आराधना से ही उसे पुनः प्राप्त किया था अथवा परकीया

के आकर्षण में धर्म का अविरोधी कोई अन्य फल हो तो कोई दोष न होगा अथवा संभोगार्थ ही आकर्षण हो तो भी उसका भावना में भाव्यत्वेन अन्वय होने से विधेयत्व न होगा। तन्त्रवार्तिक में लिखा है–

"फलांशे भावनायाश्च प्रत्ययो न विधायकः।
वक्ष्यते जैमिनिश्चात्र तस्य नित्यार्थलक्षणा" ॥

परकीया का अभिलाष विहित न होने के कारण उसमें धर्मत्व नहीं है। उसके करणीभूत प्रकृति-प्रयोग में तो श्येनयागवत् धर्मत्व भी है।

"सर्वासामेव योषाणां कौलिकः प्रथमः पतिः" इत्यादि जो श्यामारहस्यकार के वचन हैं, उनके अर्थ का निष्कर्ष और धर्मत्व गुरुमुख से ज्ञातव्य है।

इसके आगे राजाकर्षण प्रयोग का सविस्तार विचार है। आगे प्रसङ्गतः संमोहन प्रयोग भी लिखा है।

इसके आगे जो साधक यावज्जीवन नित्य एक बार भी इस स्तोत्र का पाठ करते हैं, उनके लिये अन्य देवतागण स्वयं ही उसकी विभिन्न प्रकार की सहायता करते हैं, यह बात **"यस्त्विदं नामसाहस्रं सकृत् पठति भक्तिमान्"** इत्यादि श्लोकों से कही गयी है। भगवान् नृसिंह के भी अहङ्कार का मर्दन करने वाले शरभेश्वर साधक के शत्रुओं को नष्ट करते हैं। इसी प्रकार प्रत्यङ्गिरा, मार्ताण्डभैरव, क्षेत्रपाल, नकुलीश्वरी, दण्डिनी आदि देवताएँ पृथक् आराधना के विना ही स्वयं होकर पाठ करने वाले की रक्षा का भार वहन करती हैं। तात्पर्य यह है कि सभी षट्कर्म के प्रयोग इसके पाठ करने वाले को सुलभ हैं। उसका कार्य अनायास ही अन्य देवताओं के द्वारा हो जाता है।

इसके आगे दो प्रयोग लक्ष्मीप्रद और वाक्सिद्धिप्रद लिखे हैं। लक्ष्मी स्थिर होकर रहती है, अतः **"लक्ष्मीश्चाञ्चल्यरहिता"** कहा है। उसी प्रकार सरस्वती भी अधिक परिश्रम के विना सर्वदा वास करती है। इसके आगे पक्ष-मात्र से साध्य सम्मोहन प्रयोग बताया है। इस प्रकार अर्थ और काम के प्रयोग बताकर धर्मप्रद प्रयोगों को अनेक रूपों में बताया है–

"यः पठेन्नामसाहस्रं जन्ममध्ये सकृन्नरः।
तद्दृष्टिगोचराः सर्वे मुच्यन्ते सर्वकिल्बिषैः" ॥

एक बार भी इसका पाठ करने वाले पुरुष के दृष्टिगोचर सभी जीव अपने पापों से मुक्त हो जाते हैं।

धर्मप्रद प्रयोगों में दान का स्थान महत्त्वपूर्ण है, अतः उसे आगे निर्दिष्ट किया है–

"यो वेत्ति नामसाहस्रं तस्मै देयं द्विजन्मने" इत्यादि। स्वयं उपासक उपासक को ही दान आदि देवे। अन्य उपासनारहित ब्राह्मणों को भी दान देना चाहिये; परन्तु

सहस्रनाम पाठ में जिन्हें आदर नहीं है, उन्हें कदापि देना उचित नहीं है; क्योंकि आगे लिखा है–**"श्रीदेवीप्रीतिमिच्छता"**।

इन श्लोकों से ही ब्राह्मणों की पात्रता एवं वर्गीकरण टीकाकार ने किया है। मन्त्रराजवेत्ता, श्रीचक्र का पूजक, नामकीर्तन करने वाला, ये तीन गुण ब्राह्मण की पात्रता के लिये आवश्यक हैं; परन्तु मन्त्रोपदेश से रहित पाठ मात्र करने वाला अधिकारी न होगा, अनुपनीत के वेदाध्ययन की तरह उसका अधिकार नहीं है।

इनमें गुणत्रयवान्, गुणद्वयवान्, एकगुणवान् और गुणरहित चार प्रकार के पाठकों का विवेचन किया गया है। इसलिये मन्त्रदीक्षा रहित केवल नामपाठ करने वाला संस्कारहीन होने से पशु (पशुतुल्य अर्थात् अदीक्षित) है। उत्तमाधिकारी का विवेचन करने के बाद साधारण पुरुष को भी यह स्तोत्र धर्मप्रद है, यह बात लिखित पुस्तक के पूजन के द्वारा प्रमाणित की गई है।

उपासक हो या अनुपासक हो, नामकीर्तन के अधिकार के अभाव में भी पुस्तकार्चन में अधिकार है ही। इस न्याय से "पुस्तकार्चन से भी सन्तुष्ट होती है, तो कीर्तन से होती है, यह कहा जाये" इस कैमुतिक न्याय से कीर्तन में ही तात्पर्य सिद्ध होता है। आगे के वाक्यों में **"तस्मात्कीर्तयेदिदम्"** यह उपसंहार वाक्य है। तो भी **"स्वाध्यायो ध्येतव्यः"** इस वचन में अध्ययन पद का अर्थ गुरु-मुखोच्चारणानूच्चारण में होने पर भी तत्करणक अर्थज्ञानभाव्यकभावना विधान पर है, वैसे ही यहाँ पर भी–**"नामानि कीर्तयेत्"** यह विधि की अर्थज्ञानपर्यन्तता निर्विवाद है। उससे–

"अप्येकं नाम यो वेत्ति धात्त्वर्थनिगमादिभिः।
सोऽपि श्रीललितालोके कल्पकोटीर्वसेन्नरः"॥

इस देवीपुराण के वचन और–

"अनधीतमविज्ञातं निगदेनैव पठ्यते।
अनग्नाविव शुष्कैधो न तज्ज्वलति कर्हिचित्"॥

इन अन्य वचनों के अर्थज्ञान की प्रशंसा और अज्ञान की निन्दा सुविदित है।

अर्थज्ञान तक जाने का सामर्थ्य या योग्यता न होने पर वह भावना निगदपाठ तक भी कही जा सकती है। **"आख्यातानामर्थं ब्रुवतां शक्तिः सहकारिणी"** यह न्याय है। इसीलिये श्रुति में **"योऽर्थज्ञ इत्सकलं भद्रमश्नुते नाकमेति ज्ञानविधूतपाप्मा"** इस वचन में अर्थज्ञान के फल में "सकल" विशेषण से शब्द-ज्ञान मात्र में भी कुछ विकल फल अवश्य है, यह बात ज्ञापित होती है।

इसी तुल्य न्याय को मानकर शब्दपाठ में भी असमर्थ के लिये पुस्तक-सङ्ग्रह करना न्यायतः उचित प्रतीत होता है। उच्चारण का फल अन्य जन्म में अर्थज्ञान

है, इसी तरह पुस्तक-सङ्ग्रह का भी उच्चारणप्रदत्व जन्मान्तर में अवश्य मानना चाहिये।

इसीलिये तन्त्रराज आदि ग्रन्थों में असम्प्रदाय से अङ्गहीन भी की हुई उपासना जन्मान्तर में साङ्ग-शुद्धसम्प्रदाय-प्राप्ति के लिये साधन बनती है, यह लिखा है। उससे पुस्तकार्चन मात्र भी धर्म ही है और वह अनुपासक के लिये निषिद्ध नहीं है और उसे जन्मान्तर में उपासना-प्राप्ति के लिये करना चाहिये।

उपासक के लिये तो नाम-पाठ में असमर्थ होने पर भी "नाम पठेत्" इस विधि का यथाशक्ति पालन आवश्यक ही है।

परन्तु कल्पसूत्र में **"कुलपुस्तकानि गोपयेत्"** इस विधि से विरोध आने पर अनुपासक को पुस्तक के अर्चन में अधिकार कैसे होगा ? उक्त कल्पसूत्र की विधि अर्थज्ञान के दूषक दुर्जनों के लिये है, न कि भक्तिमान् अनुपासक के लिये। अतः भाविक और उपासना के इच्छुक सज्जनों के लिये उक्त निषेध लागू न होगा। नाम-पाठ में समर्थ उपासकों के लिये पुस्तकार्चन में कोई बाधा नहीं है। यही न्याय इस सहस्रनाम के अर्थज्ञान के लिये उपायभूत भाष्य के अध्ययन में भी समान ही है। इसी आशय से ग्रन्थ के अन्त में आचार्य ने लिखा है–

"अम्ब! त्वत्पदयोः समर्पितमिदं भाष्यं त्वया कारितं
त्वन्नामार्थविकासकं तव मुदे भूयादथ त्वां भजन्।
यो नैनत्परिशीलयेन्न च पठेत् यः पुस्तकस्यापि वा
संग्राहं न करोति तस्य ललितोपास्तिर्वृथा जायताम्"॥

इस प्रकार यह स्तोत्र उपासकों का रक्षक तो है ही और अनुपासकों की भी रक्षा करता है, यह सिद्ध हुआ। इसी आशय से कहा है–**"तस्मादुपासको नित्यं कीर्तयेदिदमादरात्"**। इसके आगे अत्युत्कृष्ट धर्मप्रद कतिपय प्रयोगों को कहते हुए **"पद्मैर्वा तुलसीपुष्पैः"** इत्यादि विविध पुष्पों से सहस्रनाम के अर्चन का विधान किया है।

तुलसी-पत्रों के विषय में देवीपूजा के लिये वचन है कि– **"तुलसीदलवर्जितैः"**। अतः तुलसी-पुष्प का अर्थ मञ्जरी करना चाहिये। **"अन्यैः सुगन्धिकुसुमैः"** इससे सुगन्धिपुष्पों का प्रधान रूप होने पर निर्गन्ध जपापुष्प आदि रक्तपुष्प देवी के प्रिय होने से ग्राह्य हैं। इससे पुण्यफल को महेश्वर (पञ्च प्रेतों में चतुर्थ) भी नहीं कह सकते। अतः अनन्तफलदायकता के कारण श्रीदेवी ही इसके फल को बता सकती है। यह कहा है–

"सा वेत्ति ललिता देवी स्वचक्रार्चनजं फलम्" इत्यादि।

यहाँ तक त्रिवर्ग (धर्म, अर्थ, काम) फल के प्रदायक प्रयोग बताकर आगे कैवल्याख्य पञ्चम मुक्तिप्रदायक प्रयोग बताने के लिये प्रतिमास पौर्णमासी के दिन

यावज्जीवन पूर्वोक्त किसी भी पुष्प से नामार्चन बताया है। इसका फल उपास्य देवता से अभेदरूपता-प्राप्ति है। पुन पुनः अर्चनों की आवृत्ति से ललितैकरूपता प्राप्त होती है।

"स एव ललितारूपस्तद्रूपा ललिता स्वयम्।
न तयोर्विद्यते भेदो भेदकृत्पापकृद् भवेत्"॥

वास्तविक भेद होने पर उपमेयोपमालङ्कार से इस उक्ति का समर्थन किया जाता; परन्तु उस अलङ्कार का तात्पर्य तृतीयसदृशव्यवच्छेद यहाँ नहीं है; किन्तु सर्वथा तादात्म्य ही है। यदि कोई तर्क करे कि देवता और भक्त में मर्त्य-अमर्त्य, पूज्य-पूजक आदि पृथग् भाव होने से भेदसाधक अनुमान होगा, तो उत्तर यह है कि अद्वैतप्रतिपादक शास्त्र का विरोध सम्भव नहीं है, प्राणी की अशुचिता का कारण भी सम्भव नहीं है। **"न तस्य प्राणा उत्क्रामन्त्यत्रैव समवलीयन्ते"** इस श्रुति ने ही भेदवाद निरस्त कर दिया है।

आगे इससे भी सुलभ चतुर्विध मुक्ति का फल देने वाला महानवमी का पूजन कहा है।

नवरात्र के अन्तिम दो दिन को "महानवमी" संज्ञा दी गई है। यह दिन शिव-शक्तिसामरस्यात्मक है। इसमें सभी वर्णों, जातियों को देवीपूजा का अधिकार है।

वैसे नवरात्र दो हैं–शारद और वासन्त। **"शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी"** इस मार्कण्डेयपुराण के वचन का **"वर्षस्य वत्सरस्यादौ भवा वार्षिकी"** यह व्याख्या की गई है। "वर्षर्तौ भवा" यह व्याख्या सङ्गत नहीं है; क्योंकि पूजा शरत्काल में की जाती है।

"सौभाग्यरत्नाकर" में आषाढ़ और पौष मास में भी नवरात्र माना है। इसके आगे महानवमी तिथि के सम्बन्ध में विस्तृत शास्त्रीय विवेचन भी दिया गया है। अष्टमी-नवमी तिथि के वेध का भी विचार किया है। वस्तुतः अष्टमी और नवमी दोनों को लेकर ही "महानवमी" पूजा का शास्त्रीय व्यवहार है।

"अष्टम्यां च नवम्यां च जगन्मातरमम्बिकाम्।
पूजयित्वाऽऽश्विने मासि विशोको जायते नरः"॥

इस भविष्योत्तरपुराण के वचन से तथा **"अष्टमीनवमीयुग्मे"** इस वचन से भी एक प्रयोग सूचित होता है। इस पूजा का समय मध्यरात्रि है। अतः अष्टमी-नवमी को दिन की पूजा कहने वाले भ्रान्त हैं।

इसके आगे भोग-कैवल्य-उभय-फलदायक शुक्रवार के पूजन का प्रयोग बताया है। इस प्रयोग से सम्पूर्ण ऐहिक भोग पुत्र-पौत्रादियों के साथ प्राप्त कर अन्त में साधक श्रीदेवी के साथ सायुज्य प्राप्त करता है।

अभी तक सभी फल बताए गये; परन्तु अल्प प्रयत्न से साध्य एक अन्य प्रयोग बताया है–जो भक्त इन सहस्रनामों से अधिकारी उपासक सहस्र ब्राह्मणों को बुलाकर तत्तत् नाम-मन्त्रों से उन परदेवता का आवाहन और पूजन कर पायस, अपूप तथा षड्रसात्मक भोजन से उन्हें सन्तुष्ट करता है, उस पर भगवती ललिता प्रसन्न होकर अपना साम्राज्य देती है, ऐसे भक्त के लिये तीनों लोकों में कुछ दुर्लभ नहीं है।

यहाँ पर कुछ विचार है–साम्राज्य का अर्थ है अत्यन्त अभेद रूप कैवल्य। यह बात **"जगद्व्यापारवर्जं प्रकरणादसंनिहितत्वाच्च"** औपनिषद् अधिकरण के अनुसार कही है। वास्तव में तो साम्राज्य शब्द जगद्व्यापार का ही रूढ़ि से वाचक है। हमें श्रुतहानि और अश्रुत-कल्पना का दोष नहीं करना है। इसीलिये पूर्व प्रयोग से इस प्रयोग में अधिक फल कहा है। श्रीविद्योपासक सहस्र ब्राह्मणों के आशीर्वाद के पुञ्ज से पूर्वोक्त ही फल योग्य है।

इसमें एक शंका यह की गई कि यदि अनेक भक्त एक साथ (युगपत्) इस प्रकार का अनुष्ठान करें, तो सभी को एक ही समय में जगद्व्यापार में स्वतन्त्रता की प्राप्ति हो जायेगी और परस्पर वैमत्य होने से जगत् का ही विलोप हो जायेगा। उस अधिकरण का यह दोष आ जायेगा। इस शङ्का का भय नहीं है; क्योंकि सृज्यमान प्राणियों के कर्मानुसार ही भगवान् की प्रवृत्ति होती है। वे लोक औपनिषद् भी मानते हैं। अन्यथा वैषम्य और नैर्घृण्य दोष की सम्भावना होगी। ब्रह्मसूत्र में **"वैषम्यनैर्घृण्ये न सापेक्षत्वात्तथा हि दर्शयति"** इत्यादि लिखा है।

अतः कर्मानुसार होने वाली समनस्क बहुत लोगों की प्रवृत्ति समान आकार की हो सकती है। इसमें कोई बाधा नहीं है। न तो परस्पर की इच्छा के अनुसार व्यापार होने पर स्वातन्त्र्य का भङ्ग होता है। स्वेच्छानुसारी प्रवृत्ति ही तो स्वातन्त्र्य है और उसका सभी में अवस्थान है। इस प्रसङ्ग में दृष्टान्त देते हुए कहा है–

वासिष्ठ रामायण में कुन्ददन्त के उपाख्यान में मथुरा के आठ भाइयों को सप्तद्वीपा एक ही भूमि का आधिपत्य अम्बा के वर से प्राप्त हुआ था, यह वर्णित है। अतः सृज्यमान प्राणियों के कर्मों के अनुसार आपाततः आर्थिक इच्छा संवाद (इच्छा की समानरूपता) बाधक नहीं होती।

यदि यह कहें कि ईश्वर का स्वाभाविक जगत्साम्राज्य है, इन्द्र आदि की तरह कर्मजन्य नहीं है, ऐसी स्थिति में दूसरे का धर्म दूसरे के पास कैसे जायेगा ? ईश्वर के लिये स्वाभाविक होने पर भी अन्य का कर्मजन्य हो सकता है, उसमें कोई बाधा नहीं है। सालोक्यादि फल में यह बात देखी गई है।

इससे नित्य-सिद्ध ईश्वर को मानकर जगदुत्पत्ति आदि मानने से तन्त्रोपासक तो वहाँ सन्निहित नहीं है। अतः उनको जगद्व्यापार-कर्तृत्व का अधिकार नहीं है;

यह कहना ठीक नहीं है। उपासकों का अधिकार आगन्तुक (नवीन तप से प्राप्त) है। अतः उसकी पूर्वावस्था में न होना स्वाभाविक है; परन्तु उपासकों को साम्राज्य का अधिकार अक्षुण्ण प्राप्त है। श्रुति कहती है–**"आप्नोति स्वाराज्यम्"**, **"सर्वमस्मै देवा बलिमावहन्ति"**, **"तेषां सर्वेषु लोकेषु कामचारो भवति"** इत्यादि। ये वचन सावग्रह (सङ्कुचित) साम्राज्यपरक नहीं हैं; क्योंकि सङ्कोच मानने में कोई हेतु नहीं है।

यदि इसके आगे **"आप्नोति मनस्पति"** इस उत्तरश्रुति से ईश्वर ही प्राप्तव्य हैं और यह परिशेष प्रमाण है, यदि ऐसा कहें तो भी ठीक न होगा; क्योंकि स्वाराज्य रूप ईश्वर का असाधारण धर्म प्राप्त होने पर अभेद से धर्मि-प्राप्ति ही होती है। इसी आशय से उत्तरश्रुति हमारे पक्ष में अनुकूल है। इसी तरह **"वाक्पतिश्चक्षुष्पतिः श्रोत्रपतिर्विज्ञानपतिर्भवति"** इत्यादि श्रुतियाँ सभी इसी पक्ष में सङ्गत हैं, औपनिषत् पक्ष में नहीं है। ऐसे ही आथर्वण शौनकशाखीय स्पष्टरूप से उपासक की विश्वसृष्टि-विधायकता को स्वीकार करते हैं–**"सर्वं सर्वस्य जगतो विधाता भर्ता हर्ता विश्वरूपत्वमेति"**।

अब प्रश्न यह है कि उस प्रकार का उपासक धौरेय ईश्वर से भिन्न है या नहीं। आपके मत में भी सायुज्याख्य चतुर्थ मुक्ति को प्राप्त करने वाला और कैवल्याख्य पञ्चम मुक्ति को चाहने वाला भिन्न है या नहीं ?

यदि आप कहें कि हमारे मत में उसको जगद्व्यापार न होने से जगद्व्यापार की सत्ता और असत्ता से भेद हैं, तो हम कहेगें कि जगद्-व्यापार होते हुए भी समनस्कत्व और अमनस्कत्व से भेद हो सकता है। यदि यह कहें कि उक्त आथर्वण-मन्त्र के प्रथमार्ध की अर्ध ऋचा में कहा है–**"परिस्रुता पावितेन हविषा प्रसङ्कोचे गलिते वै मनस्तः"** यहाँ पर उपासक के लिये विमनस्कत्व कहा है। इसका तात्पर्य यह है कि–**"सङ्कोचे गलिते सति"** इस उक्ति से–

"घृणा शङ्का भयं लज्जा जुगुप्सा चेति पञ्चमी।
कुलं जातिश्च शीलं चेत्यष्टौ पाशाः प्रकीर्तिताः" ॥

इत्यादि कुलार्णवोक्त चित्तवृत्तिविशेष रूप अष्टपाशों का उदय नहीं होता, इस उक्ति से उनकी उक्ति गौण है।

और जो **"भोगमात्रसाम्यलिङ्गाच्च"** इस सूत्र के लिये श्रुति वे उद्धृत करते हैं– **"तथैतां देवतां सर्वाणि भूतान्यवन्त्येवंविदं सर्वाणि भूतान्यवन्ति ते नो एतस्यै देवतायै सायुज्यं सलोकतां जयति"**। यह भी भेद का व्यपदेश मात्र करते हैं, यह पूर्वोक्त अर्थ का साधक है।

और एक प्रश्न है–अधिकार सुख का साधन है या नहीं ? यदि नहीं है, तो सभी लोगों की स्वर्गादि साधनीभूत कर्मों में प्रवृत्ति न होगी। और यदि सुख का साधन है, तो जगद्व्यापार भी अधिकार विशेष रूप होने से सुख-साक्षात्कार रूप

भोग मात्र की तुलना से (लिङ्ग से) उपासक का निरवग्रह (बाधारहित) ऐश्वर्य ही सिद्ध होता है, तो उसी हेतु से उसका अभाव कैसे माना जायेगा ?

यदि यह कहें कि एक अधिकार एक साथ अनेक लोगों का उपकारक कैसे होगा ? तो इसमें दृष्टान्त यह है–सत्रयाग में एक ही प्रक्षेप बहुत से यजमानों का उपकारक होता है । एक ही ब्रह्मलोक एक साथ अनेक उपासकों के लिये उपकारक होता है । तो क्या यह मुक्ति का षष्ठ प्रकार या षष्ठी मुक्ति मानी जायेगी ?

हमें इसमें इष्टापत्ति है और उपपत्ति से भी ठीक है । सालोक्य से सायुज्य तक मुक्तियों में उत्तरोत्तर उत्कर्ष की तरह उत्तरभूमिका रूप से कैवल्य के पूर्व इसे मानना चाहिये । तो "पञ्चविधा मुक्ति" इस तान्त्रिक व्यवहार की क्या गति होगी ? सूतसंहितादि ग्रन्थों में **"मुक्तिश्चतुर्विधा ज्ञेया"** इत्यादि वचनों की जो व्यवस्था की गई, वही इसमें भी उपपन्न होगी । यदि अवान्तर भेद की विवक्षा से भेद है, तो उसी तरह सावग्रह-निरवग्रह का भी भेद मान्य होगा ।

अतः उपासकों का सृष्टि-स्थिति-लयकर्तृत्व सिद्ध है । इसीलिये शैवतन्त्रों में **"चित्तस्थितिवत् शरीरकरणबाह्येषु"** इस सूत्र पर वार्तिककार ने लिखा है–

> **"एवं स्वानन्दरूपस्य शक्तिः स्वातन्त्र्यलक्षणा ।**
> **यथेष्टं भावनिर्माणकारिणी भवति स्फुटम्" ॥**

"स्थितिलयौ" इस सूत्र में भी ऐसी ही व्याख्या है । **"स्वशक्तिप्रचयो विश्वम्"** इस सूत्र पर भी लिखा है–

> **"शक्तयोऽस्य जगत्सर्वं शक्तिमांश्च महेश्वरः ।**
> **इत्यागमदिशा विश्वं स्वशक्तिप्रचयो यथा ॥**
> **शिवस्य तत्समस्याऽपि तथाऽस्य परयोगिनः" ।**

इसी आशय से मूल में कहा है–

> **"न तस्य दुर्लभं वस्तु त्रिषु लोकेषु विद्यते" ।**

उपनिषदों से प्रतिपादित सर्वोत्तम उपासनाशील के लिये **"संकल्पादेवास्य पितरः समुत्तिष्ठन्ति"** इत्यादि छोटे-बड़े फल प्राप्त हैं; परन्तु एक दुर्लभ है–जगत्साम्राज्य, जो वेदान्तियों के लिये आशास्य (अभिलक्षणीय) है, अर्थात् दुर्लभ ही है; परन्तु इस शिव-योगी के लिये वह भी सुलभ है । अतः अतिरहस्य होने से इसकी इतिकर्तव्यता यहाँ नहीं कही गई; किन्तु त्रिशत-भोजन प्रकरण में (त्रिशतीस्तव में) उसके धर्म बताकर यहाँ पर केवल शब्द से अतिदेश किया है, उसी के प्रकरण में ब्रह्माण्डपुराण में कहा है–

> "रहस्यनामसाहस्रभोजनेऽप्येवमेव हि ।
> आदौ नित्याबलिं कुर्यात्पश्चाद्ब्राह्मणभोजनम्" ॥

इसका अर्थ है–पहले नित्याबलि और त्रिशत भोजन का जो पूर्वापर भाव कहा है, वैसे ही नित्याबलि और सहस्त्र भोजन का भी है।

इसके आगे नित्याबलि, त्रिशतभोजन, सहस्रनामभोजन आदि के विषय में अङ्गाङ्गिभाव आदि का विचार मीमांसापद्धति से किया है।

इसके आगे आचार्य ने विस्तार से भोजन-प्रयोग की विधि मीमांसा विधि से लिखी है। आचार्य ने बौधायनसूत्रोक्त सहस्रभोजन विधि पर भी ग्रन्थ लिखा है, जिसका इस विधि के अन्त में उल्लेख किया है। अन्ततः नित्याबलि त्रिशतभोजन का अङ्ग है, यही सिद्धान्त माना है।

आगे निष्काम साधक के लिये ब्रह्मज्ञानावाप्ति फल कहा गया है। आचार्य का कथन है कि सामान्य रूप से कोई भी कर्म करते समय देवताप्रीत्यर्थ 'श्रीत्रिपुरसुन्दरीप्रीत्यर्थम्' ऐसा संकल्प कर पाठ करने से उतने से ही ब्रह्मज्ञान का लाभ होगा। प्रीति भी कामना है, तो यह प्रयोग निष्काम कैसे माना जाय? विषय-कामना के उल्लेख में ही सकामता होती है, देवताप्रीत्यर्थ में नहीं।

निष्काम-प्रयोगशील भी यदा कदा धनादि की कामना से प्रयोग करता है, तो उसे कामना का ही फल मिलेगा, निष्कामता का नहीं। वस्तुतः निष्काम प्रयोग करते हुए अदृष्टवश सकाम की ओर जाने पर भी पथभ्रष्ट नहीं होता। अम्बा की कृपा से भोग और मोक्ष दोनों भक्त के लिये प्राप्य हैं।

आशय यह है कि भोग से प्रच्युत को मोक्ष और मोक्ष से प्रच्युत को भोग और दोनों चाहने वाले को दोनों ही भगवती देती है। उसमें भी पहले भोग और अनन्तर मोक्ष यही क्रम है। इसीलिये मूल की पंक्ति है–

"कीर्तनीयमिदं तस्माद् भोगमोक्षार्थिभिर्नरैः"।

ब्रह्माण्डपुराण में कहा है–

"तस्मादशेषलोकानां त्रिपुराराधनं विना।
न स्तो भोगापवर्गौ तु यौगपद्येन कुत्रचित्॥
तन्मनास्तद्गतप्राणस्तद्याजी तद्गतेहकः।
तदात्मैक्येन कर्माणि कुर्वन् मुक्तिमवाप्स्यसि॥
एतद्रहस्यमाख्यातं सर्वेषां हितकाम्यया"।

अधिक क्या कहा जाय, जिन्हें तन्त्रोक्त कर्मों में वैसा आदर नहीं है और श्रौत-स्मार्त पर ही विशेष जोर देते हैं, उनको भी अशेष अनुष्ठान के वैकल्य की परिपूर्ति इस नाम-पाठ से होती है। ब्रह्मचर्यादि संन्यासान्त आश्रमों का पालन करते हुए अनेक त्रुटियाँ निश्चय ही सम्भव हैं; क्योंकि सर्वाङ्गोपसंहार समर्थ को ही फल मिलता है और सर्वाङ्गोपसंहार मनुष्य मात्र के लिये अशक्य है। आचार्य ने स्वयं शिवस्तव में यह बात लिखी है–

"स्वाभिन्नाङ्गेषु सर्वेष्वपि सुविरचितेष्वेव कर्माणि किञ्चित्
तुच्छं यच्छन्ति नो चेन्निरयदुरवटे संशयं वासयन्ति।
मन्त्रैर्यन्त्रार्थबोधान् गुरुकुलनियमान् देशकालार्थशोधाद्
गाढं गूढं च तत्त्वात्कथमतिकठिनोपेयुषी शेमुषी नः" ॥

अतः दुरवगाह (दुष्परिहर) अङ्गलोप अवश्य होता है। तज्जनित पाप हटाकर सद्गुण (भोगमोक्षादि) देने के लिये यह स्तोत्र सभी के लिये आवश्यक है। देवीभागवत के तृतीय स्कन्ध में देवों के प्रति भगवती का वाक्य है–

"मन्नामोच्चारणात्सर्वे मखेषु सकलेषु च।
सदा तृप्ताश्च सन्तुष्टा भविष्यध्वं सुराः किल"।

इस प्रकार संयोग-पृथक्त्व न्याय से क्रत्वर्थ और पुरुषार्थ रूप उभय-सिद्धि इसके द्वारा है।

अब इसके आगे परिभाषा के अनुसार बीस श्लोकों की व्याख्या है–

"नामस्मरणावश्यकतोक्तिः सार्धत्रयोदशश्लोकैः।
उपसंहारः सार्धैः पञ्चभिरेकेन सूतोक्तिः"।

आगे अन्तिम एक श्लोक सूत की उक्ति कहने से इसके पूर्ववर्ती श्लोक हयग्रीव की उक्तियाँ हैं। वहां से लेकर यहाँ तक अन्य कोई वक्ता नहीं है। "अध्युष्टम्" (सार्धत्रि) यह उक्ति पूर्वभाग से सम्बद्ध है।

कर्मविशेष के अङ्गलोप के प्रति समाधान हेतु विभिन्न स्थलों में प्रायश्चित्त-विधि बताये हैं। उनसे ही कर्मों की साद्गुण्यसिद्धि (परिपूर्णता) हो जायेगी तब सहस्रनाम-पाठ की क्या आवश्यकता है ? इसके लिये कहा है–

"कलौ पापैकबहुले धर्मानुष्ठानवर्जिते।
नामानुकीर्तनमुक्त्वा नृणां नान्यत्परायणम्"।

नामानुकीर्तन को छोड़ कोई दूसरा साधन कर्मों के वैगुण्य का पूरक नहीं है। नामों का अनादर या उपेक्षा कर अन्य श्रुति-स्मृति-तन्त्रोक्त कोई प्रायश्चित्तपरायण आश्रय नहीं है, यह तात्पर्य है। नामानुकीर्तन तो समस्त वैगुण्य का पूरक है ही। इसके लिये कुछ वचन हैं–

"प्रायश्चित्तान्यशेषाणि तपः कर्मात्मिकानि वै।
यानि तेषामशेषाणां कृष्णानुस्मरणं परम् ॥
यत्कृत्यं तन्न कृतं यदकृत्यं कृत्यवदाचरितम्।
उभयोः प्रायश्चित्तं शिव! तव नामाक्षरद्वयं कथितम् ॥
किमन्येन मुनिश्रेष्ठाः प्रायश्चित्तेन कर्मणा।
प्रायश्चित्तमघौघस्य देवीनामानुकीर्तनम् ॥"

इसमें तीसरे वचन के **"प्रायश्चित्तेन कर्मणा"** इन शब्दों से सूचित होता है कि प्रायश्चित्त भी कर्मविशेष रूप हैं। अतः उनका साङ्ग अनुष्ठान होने पर ही फलजनकत्व है और साङ्गता पूर्वोक्त विचारों के अनुसार दुष्कर ही है। अब प्रायश्चित्त की त्रुटि में उसका भी अन्य प्रायश्चित्त यदि मानें, तो अनवस्था दोष होता है।

यदि यही शङ्का नामस्मरण के विषय में करें, तो यह जानना चाहिये कि दुरवगाह अङ्गों को छोड़कर केवल नामस्मरण मात्र में भी पाप-नाशकता सिद्ध है। विष्णुभागवत का श्लोक है–

"सांकेत्यं पारिहास्यं वा स्तोभं हेलनमेव वा।
वैकुण्ठनामग्रहणमशेषाघहरं विदु"ः॥

सांकेत्य–पुत्रादिनाम, स्तोभ–अर्थविहीन शब्द। शिवरहस्य में वचन है–

"अवशेनाऽपि यन्नाम्नः कीर्तनान्मुच्यते नरः।
स कथं न महादेवः सेव्यते बुद्धिशालिभिः" ॥

देवीभागवत के तृतीयस्कन्ध में–

'अस्पष्टमपि यन्नाम प्रसङ्गेनाऽपि भाषितम्।
ददाति वांछितानर्थान् दुर्लभानपि सर्वथा' ॥

शक्तिरहस्य में भी–

"मदात्प्रमादादुन्मादाद् दुःस्वप्नात् स्खलनादपि।
कथितं नाम ते गौरि ! नृणां पापापनुत्तये"।

मद–सुरापान आदि से जन्य, प्रमाद–असावधानी, उन्माद–भूतादि का आवेश, दुःस्वप्न–निद्रा दशा में बोलना, स्खलन–बोलते समय गलत बातें मुख से निकलना। महाभाष्य में "कूपखानकन्याय" है। तृषा की निवृत्ति और मिट्टी को धोना, इन दोनों फलों के लिये कूप का खनन करने के बाद तृषा और पङ्कलेप निवृत्त हो जाता है। ऐसे ही "राजन् ङस्पुरुषसु" इत्याकारक अपशब्द-प्रयोगजन्य पातक तज्जन्य "राजपुरुषः" इस परिनिष्पन्न रूप के प्रयोग से नष्ट हो जाता है, यह बात कही है। उसी न्याय के अनुसार प्रस्तुत प्रकरण में भी–

"नामस्मरणनाश्यतावच्छेदकपापत्वावच्छिन्नत्वाविशेषात्" अर्थात् नामस्मरण की शक्ति से सभी पाप नष्ट होने के कारण नामस्मरण के अङ्गलोपजन्य पातक भी उसी नामस्मरण से ही नष्ट होंगे। अतः इसमें अनवस्था दोष नहीं आता। इसी आशय से ग्रन्थ के अन्त में आचार्य कहेंगे–

"तथाप्यन्तः सन्तः सदयहृदया नाममहिमाऽ–
प्यपूर्वस्तस्मान्मे न खलु खलपापोभयभयम्" ॥

नाम-महिमा अपूर्व अर्थात् स्वाङ्गलोपजनित पातकों का निवर्तक है। इसके पहले प्रायश्चित्तादि कृत्यों में कहीं सन्निवेशित नहीं है।

यदि यह कहें कि श्रौत-स्मार्त आदि प्रायश्चित्त की साङ्गता के लिये नामकीर्तन का उपयोग है, तो **"तद्धेतोरेवास्तु तद्धेतुत्वं किं तेन"** इस न्याय का विरोध होगा। यह सब बातें आचार्य ने अपने शिवस्तव में कही हैं–

"वेधावैधापराधानपि शिव बहुधा तान् समाधातुमाधात्"
प्रायश्चित्तानि वित्ताधिपजनसुविधेयानि वैषम्यभाञ्जि।
कच्छेऽपच्छेदमाप्ते पुनरपि यजनं पूर्णयज्ञान्तराये
त्वेकाल्पाज्येन पूर्णाहुतिरिति बहुशस्तत्त्वमेतन्न जाने॥
कृत्यस्याऽकरणेऽप्यकृत्यकरणेऽप्युक्तं पुराणादिषु
प्रायश्चित्तगणे परं शिवशिवेत्युच्चारणं भक्तितः।
कृत्वा कर्म महेश तत्प्रतिसमाधानाय चेत् त्वत्स्मृतिः
सादावेव कृता न तारयति किं तस्मात् त्यजामि क्रियाः"।

कर्म के समाधान के लिये प्रायश्चित्त और उसके भी समाधान के लिये कर्मान्तर "प्रतिसमाधान" शब्द से कहा है। अन्ततः नामानुकीर्तन ही परायण है यह सिद्ध हुआ।

सामान्यतः नामकीर्तन मात्र पापनाशक सिद्ध होने पर भी प्रस्तुत सहस्रनाम के प्रसङ्ग में क्या तात्पर्य है? सभी पवित्र नाम पापनाशक होने पर भी जैसे अन्धकारहरण करने वाले खद्योत-अग्नि-चन्द्र-सूर्य की उत्तरोत्तर तेजस्विता अधिक है और उसी परिमाण में अन्धकारनाशकता भी है। इस नियम के अनुसार लौकिक वचनों से लेकर श्रीदेवी के नामों तक उत्तरोत्तर सारालङ्कार की पद्धति से नामों की श्रेष्ठता और अधिक प्रभावशालिता वर्णित है।

लौकिक घट-पटादि शब्दों के प्रयोग में भी कुछ पुण्य है। **"एकः शब्दः सम्यग्ज्ञातः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके च कामधुग्भवति"** यह कहा है। लोक में भी साधारण शब्दों के बाद विक्रमार्क आदि राजाओं के नाम श्रेष्ठ हैं, इसका भी भागवतादि में प्रमाण है। इसके आगे विष्णुनाम की श्रेष्ठता और उससे आगे शिव नाम की उत्तमता। विष्णु के नामसहस्र से भी शिव का एक नाम श्रेष्ठ है। इसमें भी पुराणानुसार अवान्तर भेद विचार है। देवताओं के व्यूह के भेद से प्रधान-अप्रधान विचार शास्त्रों में बहुत हैं; परन्तु यहाँ केवल त-तमभाव को दृष्टि में रखकर विचार प्रस्तुत है।

शिवनामसहस्र से देवी का एक नाम भी उत्तम है। शिवनामों में भी "कामेश्वर" सर्वश्रेष्ठ हैं। कामेश्वर का आधिक्य सिद्ध होने पर उनसे अभिन्न शक्ति की श्रेष्ठता स्वयं ही सिद्ध हो जाती है।

"देव्या नामैकमुत्तमम्" यहाँ पर समासरहित "देव्याः" पद को पृथक् दिखाने का तात्पर्य है—देवी परशिवाभिन्न मुख्य त्रिपुरसुन्दरी ही है। देवी की सर्वोत्तमता त्रिपुरोपनिषद् आदि उपनिषदों में **"निवेदयन् देवतायै महत्यै"** आदि शब्दों से स्पष्ट ही घोषित है।

कर्मकाण्ड में भी प्रसङ्गवश अन्य देवताओं का वर्णन करते हुए उनके असाधारण स्वरूप की चर्चा में देवी त्रिपुरा के लिये **"महत्यै वा एतद्देवतायै रूपम्"**, **"महतीमेव तद्देवतां प्रीणाति"** इत्यादि वाक्य प्रयुक्त हैं। इसी आशय को रुद्रयामल में प्रकाशित किया गया है—

"अनेकजन्मपुण्यौघैर्दीक्षितो जायते नरः।
तत्राप्यनेकभाग्येन शिवविष्णुपरायणः॥
तत्राप्यनेकपुण्यौघैः शक्तिभावः प्रजायते।
महोदयेन तत्राऽपि सुन्दरीभावतां व्रजेत्"।

इस प्रकार विभिन्न शास्त्रों में इसका समर्थन किया गया है। देवीनामसहस्र में भी दस मुख्य हैं। वे ये हैं—

"गङ्गा भवानी गायत्री काली लक्ष्मीः सरस्वती।
राजराजेश्वरी बाला श्यामला ललिता दश"॥

अथवा त्रिपुरसुन्दरी के ही तन्त्रभेद से दस सहस्र नाम हैं। यह भी कहते हैं।

उपसंहार वाक्य में कहा है कि—**"तस्मात्सङ्कीर्तयेन्नित्यं कलिदोषनिवृत्तये"**। प्रधान कर्मों और अङ्गभूत कर्मों का कुछ न कुछ लोप या त्रुटि सर्वत्र सम्भव है, उसके परिहार के लिये यह सहस्रनाम पाठ ही उपाय है।

स्वकर्मानुसार मायामोहित चित्तवाले पुरुषों की अल्पदेवता में महत्त्व-बुद्धि होती है अथवा क्रमशः चित्तशुद्धि के लिये मन्द अधिकारियों को अल्पदेवता में प्रवृत्ति उत्पन्न कर क्रमशः आगे की ओर भगवती ही प्रवृत्त करती है, अतः उन शास्त्रों की भी उपयोगिता है। चिरकाल तक श्रौत-स्मार्त कर्मों से चित्तशुद्धि होने पर विष्णु आदि देवताओं की ओर प्रवृत्ति होती है, उसमें भी विष्णु, शिव, उसके बाद शक्ति और शक्तियों में सबसे अन्त में सुन्दरी की उपासना और सहस्रनाम-पाठ आदि प्राप्त होता है। इसीलिये ब्रह्माण्डपुराण का वचन है—

"यस्य नो पश्चिमं जन्म यदि वा शङ्करः स्वयम्।
तेनैव लभ्यते विद्या श्रीमत्पञ्चदशाक्षरी"॥

अन्य देवताओं की उपासना से जन्मान्तर में आगे की उपासना प्राप्त होती है, परन्तु यह तो उपासना चरम जन्म में ही मिलती है, अतः इससे अधिक कोई अन्य प्राप्य फल नहीं है, यह बात ऊपर के वचन से सिद्ध है। उपासक शब्द का अर्थ यह है कि गुरु-मन्त्र-देवता और आत्मा की जिसे अभेद-सिद्धि प्राप्त हो।

बाह्य आचार-ज्ञान सुलभ होने पर भी उपासनाविषयक रहस्य-आचार सभी ग्रन्थों से प्राप्य नहीं हैं; किन्तु गुरुमुख से ही वेदनीय हैं। अतः कहा है–**"यथैव विरला लोके श्रीविद्याचारवेदिनः"**। अतः मन्त्रजप, चक्रराजार्चन और रहस्य-सहस्रनाम पाठ तीनों का एकत्र मिलना बड़ी तपस्या से सम्भव है। अतः **"नाल्पस्य तपसः फलम्"** कहा है।

इस प्रकार अन्वय और व्यतिरेक से नामसाहस्र पाठ की उत्तमता और आवश्यकता प्रतिपादित की है। नाम-सहस्र की पाठविधि को बताकर फल-कथन का भी उपसंहार करते हुए कहा गया है–**"तस्माद्रहस्यनामानि श्रीमातुः प्रयतः पठेत्"** इत्यादि। मन्त्रोपदेश से रहित और अभक्त को नहीं देना चाहिये, अन्यथा योगिनियाँ क्रुद्ध होती हैं।

जब विद्यावान् को बताने में गोपनीयता कही गई है, तो अगस्त्य को कैसे बताया ? इसका समाधान करते हुए हयग्रीव ने कहा–**"ललिताप्रेरणादेव मयोक्तं स्तोत्रमुत्तमम्"**, **"कलशोद्भव"** इस सम्बोधन में देवीपुत्र इस अर्थ की ध्वनि है। **"कलं शुके कलौ जीर्णे कलो नादेऽतिमञ्जुले"** इस कोष के अनुसार **'कले नादे शेते इति कलशी देवी"** यह अर्थ हुआ। अगस्त्य देवीपुत्र होने से उनके लिये गुरु को भगवती की स्वयं प्रेरणा हुई।

अन्त में एक शङ्का और समाधान आचार्य ने किया है–इसमें नामकीर्तनविधि बार-बार कहा है, तो अभ्यास (पुनः पुनः आवर्तन) से कर्मों का भेद प्राप्त होगा। अथवा एक ही के इतने फल होंगे, यह भी ठीक नहीं है। भावना-भेद मात्र से इसकी उपपत्ति हो सकती है। फल तो उपादेय नहीं है। उस विशेष के उद्देश्य से कर्म का ही पुनः पुनः विधान करने पर भी अन्य परक होने से पुनः श्रवण अभ्यास रूप नहीं है। जैसे "अपः प्रणयति" इस विधि का अर्थवाद-वैचित्र्य के लिये छः बार श्रवण होने पर भी कर्मभेद नहीं माना गया। अनुपादेय गुणों का सहभाव होने पर भी असन्निधि नहीं है। अतः प्रकरणान्तर की शङ्का भी नहीं होगी। यहाँ पर व्याख्या समाप्त होती है।

परिभाषा की अन्तिम कारिका यह है–

"इति परिभाषामण्डलमुदितं नरसिंहयज्वना विदुषा।
सत्सम्प्रदायगमकं शिवभक्तानन्दनाय शिवम्" ॥

मण्डल शब्द से चालीस संख्या (४०) है। विदुषा–विद्वान् अष्टादश विद्याओं को जानने वाले या श्रीविद्या के रहस्यज्ञ। शिवयोः- शिव और शिवा के भक्तों को दुर्लभतर सम्प्रदाय-ज्ञान से आनन्द देने के लिये। शिव का अर्थ मङ्गल है। यहाँ पर द्वादश कलात्मक 'सौभाग्यभास्कर-भाष्य' समाप्त होता है।

ग्रन्थ के अन्त में आचार्य ने पाँच श्लोक और लिखे हैं। क्रमशः उनका भावार्थ दिया जा रहा है—

"श्रीविश्वामित्रवंश्यः शिवभजनपरो भारती सोमपीथी
काश्यां गम्भीरराजो बुधमणिरभवद्भास्करस्तस्य सूनुः।
मोदच्छायामितायां शरदि शरदृतावाश्विने कालयुक्ते
शुक्ले सौम्ये नवम्यामतनुत ललितानामसाहस्रभाष्यम् ॥

इसका यह अर्थ है—श्रीविश्वामित्र गोत्र में उत्पन्न शिवभक्त सोमयाजी पण्डित-श्रेष्ठ गम्भीरराय काशी में हुए। भास्कर उनके पुत्र हैं। मोदच्छाया (वि. सं. १७८५) में शरदऋतु और आश्विन शुक्ल मास की नवमी, काल संवत्सर, सोमवार को यह ललितासहस्रनाम का भाष्य श्रीभास्कर ने लिखकर पूर्ण किया।

"श्रुति-स्मृति-न्याय-पुराण-सूत्र-कोषागम-श्रीगुरुसम्प्रदायात्।
निश्चित्य निर्मथ्य कृताऽपि टीका शोध्यैव सद्भिर्मयि हार्दवद्भिः ॥

श्रीभास्कर ने वेद, धर्मशास्त्र, मीमांसा, न्याय, पुराण, सूत्र, कोष, आगम आदि शास्त्रों और गुरुसम्प्रदाय से सूक्ष्म विचार एवं मन्थन कर यह टीका लिखी है; परन्तु अनुरोध है कि प्रेमी सज्जन विद्वान् यदि कोई त्रुटि हो, तो उसका शोधन कर देवें।

"प्रमादो मेऽवश्यं भवति मतिमान्द्यादलसतः
पदार्थन्यायानामपि दुरवगाहत्वनियमात्।
परं त्वन्तः सन्तः सदयहृदया नाममहिमाऽ-
प्यपूर्वस्तस्मान्मे न खलु खलपापोभयभयम् ॥

मुझसे असावधानी हो जाती है; क्योकि बुद्धि मन्द है और आलस्य भी है और शास्त्रीय पदार्थ (विचारों के नियम) दुरवगाह हैं, दुर्बोध हैं; परन्तु गुणग्राही सज्जन हृदय से दयावान् होते हैं और भगवती के नामों की महिमा लोकोत्तर है। अतः मुझे दुष्टों से और पापों से कोई भय नहीं है।

"अम्ब! त्वत्पदयोः समर्पितमिदं भाष्यं त्वया कारितं
त्वन्नामार्थविकासकं तव मुदे भूयादथ त्वां भजन्।
यो नैनत्परिशीलयेन्न च पठेद् यः पुस्तकस्यापि वा
संग्राहं न करोति तस्य ललिते माभूद् भवत्यां मतिः ॥

हे अम्ब! यह भाष्य तुमने ही मुझसे करवाया है। अतः तुम्हारे चरणों में समर्पित है और यह तुम्हारे नामों के अर्थों का विकासक है। अब मेरी प्रार्थना यही है कि जो तुम्हारा भजन करते हुए इसका परिशीलन न करे अथवा पुस्तक का संग्रह भी न करे, तो उसकी तुम्हारे चरणों भक्ति न होवे।

"नामैकं मामनयन्नामसहस्राम्बुधेः परं पारम् ।
जलबिन्दुर्भवजलधेर्येषां ते मे जयन्ति गुरुचरणाः" ॥

जिस प्रकार एक जलबिन्दु प्रवाह के साथ समुद्र में जा मिलता है, उसी तरह जिनका एकमात्र नाम मुझे सहस्रनाम समुद्र के पार पहुँचा सका, उन श्रीगुरुचरणों की जय हो ।

इस प्रकार यह सौभाग्यभास्करसार-संक्षेप समाप्त होता है ।

विषय अत्यधिक होने से प्रधान स्थलों का ही परिचय और विवरण दिया गया है, तो भी उससे आचार्य के सिद्धान्तों की व्यापकता और गम्भीरता ज्ञात होगी, यह मैं समझता हूँ ।

सेतुबन्ध
(श्रीवामकेश्वरतन्त्रान्तर्गत 'नित्याषोडशिकार्णव' की व्याख्या)

यह श्रीविद्या का उपासनापरक तन्त्र-ग्रन्थ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण तथा परम्परा से विद्वानों से स्वीकृत और प्रामाणिक है। शिव और देवी के संवाद के रूप में इसका प्रणयन हुआ है। श्रीविद्या की बाह्य और अन्तरंग दोनों प्रकार की उपासना का सविस्तर विवेचन ही इसका लक्ष्य है।

इसकी भाषा प्राचीन एवं संकेतात्मक होने से व्याख्या के विना विषय का ज्ञान सम्भव न था। अतः श्रीभास्करराय जी ने 'सेतुबन्ध' नामक विस्तृत व्याख्या लिखी है। यद्यपि इस ग्रन्थ पर प्राचीन 'दीपिका' नामक व्याख्या अमृतानन्द योगी की है; परन्तु वह अवशिष्ट तीन अध्यायों पर ही है। उस ग्रन्थ को 'योगिनीहृदय' नाम से जाना जाता है। इसका प्रकाशन राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी की सरस्वती-भवन-ग्रन्थमाला से दो बार हो चुका है। यह 'नित्याषोडशिकार्णव' वामकेश्वरतन्त्र का एक भाग है। सम्पूर्ण वामकेश्वरतन्त्र एक बहुत बड़ा ग्रन्थ या ग्रन्थकोष रहा होगा। जैसे 'रुद्रयामल' नाम से एक बड़े ग्रन्थ का बोध होता है और रुद्रयामल के अनेक छोटे बड़े ग्रन्थ, स्तोत्र आदि प्राप्त होते हैं, वैसे ही वामकेश्वरतन्त्र भी एक विशालकाय ग्रन्थ-कोष होना चाहिये, जिसके अन्तर्गत अनेक प्रकरण होंगे। प्रायः प्राचीन बड़े ग्रन्थों में ऐसी स्थिति मिलती है, अतः वामकेश्वरतन्त्र को किसी सीमा में बाँधना उचित नहीं है।

विख्यात विद्वान् म.म. गोपीनाथ कविराज जी तथा उनके शिष्य प्रो. व्रजवल्लभ द्विवेदी जी ने अनेक तर्कों से नित्याषोडशिकार्णव और योगिनीहृदय को दो पृथक् ग्रन्थ माना है तथा इसके कुछ प्रमाण भी दिये हैं; परन्तु श्रीभास्करराय जी की रीति से यह दोनों भाग मिलाकर एक ही ग्रन्थ है। इस पर आगे विचार किया है। श्रीभास्करराय जी का ज्ञान परम्परा से था तथा उन्होंने विचार कर पूर्व और उत्तर भाग की परस्पर सम्बद्धता सिद्ध की है।

सुन्दरी-विषयक तन्त्रों में जो कुलार्णव-ज्ञानार्णव-स्वच्छन्द-परानन्द-भैरवी-दक्षिणामूर्ति इत्यादि तन्त्र हैं, उनमें प्रायः बहिर्याग का अधिकतर विस्तार किया है, अन्तर्याग अल्प है। वामकेश्वर-तन्त्र में ठीक उससे विपरीत अर्थात् अन्तर्याग का विवरण अधिक है। अतः सब तन्त्रों में उत्तम होने से अन्तरङ्ग उपासना करने वाले श्रेष्ठ उपासकों का ही इसमें अधिकार है। आचार्य शंकर के निम्नांकित श्लोकानुसार–

चतु:षष्ट्या तन्त्रैः सकलमभिसन्धाय भुवनं
स्थितस्तत्तत्सिद्धिप्रसवपरतन्त्रः पशुपतिः।
पुनस्त्वन्निर्बन्धादखिलपुरुषार्थैकघटनात्
स्वतन्त्रं ते तन्त्रं क्षितितलमवातीतरदिदम् ॥

इस तन्त्र के प्रारम्भ में चतु:षष्टि-तन्त्रों का उल्लेख कर पुनः देवी के प्रश्न करने से (इस लिंग से) पञ्चषष्टितम (पैंसठवाँ) यही तन्त्र है, ऐसा आशय द्योतित होता है। 'स्वतन्त्र' पद ज्ञानार्णव के विषय में है, यह सौन्दर्यलहरी के टीकाकार गौरीकान्त का मत है। कुछ लोग 'स्वतन्त्र' यह विशेषण तन्त्रराज-तन्त्र के लिये है, ऐसा भी कहते हैं। देवी का एक प्रश्न यह भी सुना गया है—

तेषामन्योन्यसापेक्ष्याज्जायते मतिविभ्रमः ।
तस्मात्तु निरपेक्षं मे तन्त्रं तासां वद प्रभो ! ॥

वस्तुस्थिति यह है कि मोक्ष के बहिरंग साधन बहिर्याग में तन्त्रराज आदि पर्याप्त हो सकता है; परन्तु अन्तरंग के साधन अन्तर्याग के विषय में यह तन्त्र दूसरों से निरपेक्ष अर्थात् अपने में पूर्ण है। अतः इस 'नित्याषोडशिकार्णव' को स्वतन्त्र शब्द से कहा जा सकता है। तन्त्रराज को भी इस तन्त्र की अपेक्षा है, यह उसी के वचन से स्पष्ट होता है—

'नित्याहृदयसम्प्रोक्तस्फुटोपायेन भावयेत्'।

इस तन्त्र के उत्तरार्ध योगिनीहृदय की ही नित्याहृदय संज्ञा है। इसमें बहिर्याग के अंग अल्प होने पर भी अन्तर्याग का विशेष विवेचन किया गया है। अतः अन्तरंग उपासनाशील साधकों की लक्ष्यपूर्ति इसी ग्रन्थ से सम्भव है। वैसे परस्पर सापेक्षता का विचार महत्त्वपूर्ण है; परन्तु वामकेश्वर का यह भाग अपने में पूर्ण है। अतः निरपेक्ष होने से पूर्ण तन्त्र कहा जा सकता है।

यद्यपि गुणोपसंहार न्याय से सभी की एकवाक्यता मानी जाती है; परन्तु सर्वत्र वह सम्भव नहीं है। इसीलिये कुछ वचन ऐसे हैं, जो अपने आवश्यक गृह्यसूत्र आदि से कर्म की पूर्णता सिद्ध करते हैं। जैसे—

बह्वल्पं वा स्वगृह्योक्तं यस्य यावत् प्रकीर्तितम् ।
तस्य तावति शास्त्रार्थे कृते सर्वः कृतो भवेत् ॥

सापेक्षता का विचार करने पर तन्त्रान्तरोक्त दीक्षा वालों को यथा- शक्ति तन्त्रराजोक्त अंगों का उपसंहार करने से फलाधिक्य होगा। केवल तन्त्रराज से दीक्षा ग्रहण करने वालों का इतर-निरपेक्ष ही फल है।

इस पर आचार्य का मत है कि जो जो आवश्यक अंग हैं, उन्हें कल्पसूत्र से सभी ले सकते हैं। विभिन्न शाखा के अपेक्षित अंगों की पूर्ति के लिये ही कल्पसूत्र का निर्माण होता है। मन्त्र-दीक्षा-पुरश्चरणादि पर विस्तृत विचार इस ग्रन्थ में न

होने से यह तन्त्र अन्यसापेक्ष है, यह कहना भी उचित नहीं है; क्योंकि यथास्थान सूक्ष्मरूप से उनका उपपादन भी किया गया है। अतः तन्त्रराज और नित्याषोडशिकार्णव भी अपने स्वरूप में पूर्ण तन्त्र हैं।

काण्व आदि पन्द्रह शाखाओं में एक ही कात्यायन-सूत्र मान्य है, उसी प्रकार परशुरामकल्पसूत्र सभी सुन्दरी-तन्त्रों में प्रधान उपयोगी है। अतः तन्त्रराज आदि ग्रन्थों में भी कल्पसूत्र का विषय लेना अनुचित नहीं है। समप्रधानभूत तन्त्रों में अन्य तन्त्र की अपेक्षा नहीं होती, यह कहना भी ठीक नहीं है; क्योंकि इस वामकेश्वर तन्त्र में भी अपेक्षानुसार अविरुद्ध अंश को लेना उचित माना गया है। अतः सन्ध्या-स्नानादि विधियों का ग्रहण कल्पसूत्र से ही करना चाहिये।

वामकेश्वरतन्त्र के दोनों भागों की एकरूपता–

योगिनीहृदय की भूमिका में म.म. डॉ. गोपीनाथ कविराज तथा प्रो. व्रजवल्लभ द्विवेदी ने दीपिकाकार के वचनों का उल्लेख करते हुए 'योगिनीहृदय' को पृथक् ग्रन्थ माना है। दीपिका के आरम्भ में अमृतानन्द की उक्ति है–

तद्वामकेश्वरे तन्त्रे सूचितार्थान् परापरान्।
व्यक्तीकर्तुं प्रयतते योगिनीहृदयेऽधुना॥

'वामकेश्वरतन्त्रे चतुःशतीशास्त्रे' इत्यादि उक्तियों से तथा जयरथाचार्य की वामकेश्वरीमत पर टीका भी होने से काश्मीर परम्परा में वामकेश्वरतन्त्र १ से ५ पटल तक और आगे के तीन पटल 'योगिनीहृदय' नाम से प्रसिद्ध है, ऐसा ज्ञात होता है; परन्तु श्रीभास्करराय जी का इस पर यह मत है कि यह वामकेश्वरतन्त्र पूर्वोत्तरचतुःशती मिलकर एक ही ग्रन्थ है, अर्थात् श्रीभास्करराय की पूर्व-परम्परा ऐसा ही मानती आई है। श्री भास्करराय भी सम्प्रदाय को सर्वाधिक महत्त्व देते हैं। उन्होंने अपने ज्येष्ठ गुरुबन्धु के पास बैठकर इस तन्त्र का यथावत् अध्ययन करने के बाद ही 'सेतुबन्ध' नामक व्याख्या लिखी है, जो अन्तिम निम्न पद्य से स्पष्ट होता है–

ज्येष्ठात्सतीर्थ्यात्सरहस्यमेत-
त्ससम्प्रदायं समधीत्य तन्त्रम्।
तन्त्राणि चान्यानि विचार्य टीका-
मेकामकार्षीद् भुवि भास्करार्यः॥

अतः यह उनका अपना मात्र मत नहीं है। उनका कथन है कि इस तन्त्र के उपक्रम और उपसंहार अष्टशती मानने पर ही संगत होते हैं, परन्तु अन्य ग्रन्थों में वामकेश्वर के नाम से अनेक विधियाँ प्राप्त होती हैं, जैसे चक्रसंस्कारविधि वामकेश्वर में है, यह बात तन्त्रसार में लिखी है। कुछ स्तोत्र भी इसी तन्त्र के नाम से प्रसिद्ध हैं। सौभाग्यरत्नाकर में लिखित षट्शती और ललितार्चनचन्द्रिका

आदि ग्रन्थों में लिखित कुछ वचन भी वामकेश्वर के नाम से मिलते हैं। वे सब इस 'अष्टशती' में नहीं मिलते, तब उनकी उपपत्ति विचारणीय है। इसीलिये कुछ विचार कर ऋजुविमर्शिनीकार ने लिखा है–

श्रीवामकेश्वरं नाम शास्त्रं तन्त्रं प्रकाशते।
मध्ये शास्त्रस्य तस्यास्ति नित्याषोडशिकार्णवः॥
तत्र च द्वे चतुःशत्यौ..............................।

तन्त्रराज के मनोरमा-टीकाकार ने '**नित्यानां षोडशानां च नवतन्त्राणि कृत्स्नशः**' इस श्लोक की व्याख्या करते हुए नित्याषोडशिकार्णव-सुन्दरीहृदय-वामकेश्वरतन्त्र इन तीनों की पृथक् गणना की है; परन्तु योगिनीहृदय में ही–

'वामकेश्वरतन्त्रेऽस्मिन्नज्ञातार्थास्त्वनेकशः'।

इस निर्देश के विरुद्ध है। यहाँ पर आचार्य का आशय यह मालूम होता है कि 'तन्त्रेऽस्मिन्' इस निर्देश से ही योगिनीहृदय और वामकेश्वर भिन्न नहीं हैं यह बात सूचित होती है।

पूर्व और उत्तर चतुःशती की एकवाक्यता (एक ग्रन्थ होना) निर्विवाद है। पूर्व-उत्तर समाख्या भी यह सूचित करती है। विधि भाग की दृष्टि से पूर्व-तन्त्र में कहे गये करशुद्धिन्यास आदि उत्तर तन्त्र में नहीं हैं तथा उत्तरभाग में उद्धृत मूर्तिविद्या पूर्वभाग में नहीं है। इस ज्ञापक से दोनों भागों की सापेक्षता सिद्ध है। यहाँ पर यह विचारणीय है कि प्राचीन ऋजुविमर्शिनी टीकाकार भी '**तत्र च द्वे चतुःशत्यौ**' यह बात स्पष्ट कहते हैं और भी '**श्रीवामकेश्वरं नाम शास्त्रं तन्त्रं प्रकाशते**' इस उक्ति से वामकेश्वरतन्त्र एक बहुत बड़ा शास्त्र या आकरग्रन्थ रुद्रयामल आदि की तरह होना चाहिये। वेद की लुप्त शाखा की तरह आगमों में भी विभिन्न शाखाएँ सम्पूर्ण नहीं मिलतीं, उनमें से कुछ अंश ही मिलते हैं और वे अंश सुदीर्घ परम्परा से चले आते हैं। अतः उन्हें सर्वथा अप्रमाण कहना भी पुष्ट प्रमाण के अभाव में दुःसाहस ही होगा।

श्रीभास्करराय जी कहते हैं–दोनों चतुःशती की प्राचीन विद्वानों ने टीकाएँ लिखी हैं। परन्तु वे टीकाएँ अनपेक्षित स्थान में विस्तृत हैं और अपेक्षित स्थान में संकुचित हैं। कहीं न्यायों से विरुद्ध हैं (वाक्यार्थ-योजना में अपेक्षित मीमांसा-शास्त्रीय न्याय), कहीं पर सम्प्रदायविरुद्ध हैं (अविच्छिन्न गुरुपरम्परा से आया ज्ञान ही सम्प्रदाय है), कहीं पर मूल ग्रन्थों के स्वारस्य से विरुद्ध हैं, कहीं पर मूल श्लोकों को भी छोड़ दिया है, कहीं पर अपेक्षित तन्त्रान्तर से विरुद्ध हैं, कहीं पर पक्षपात या दुराग्रह से कलुषित हैं। इन सब कारणों से उन सब अंशों का परिमार्जन या परिहार करते हुए और सर्वथा निष्कर्ष निकाल कर इतर अंशों में

उन्हीं की प्रदर्शित रीति से संक्षेप करते हुए यह व्याख्या लिखने का उद्योग सफल हो सकेगा, यह बात सहृदय विद्वानों को जाननी चाहिये।

'सेतुबन्ध' टीका का उपक्रम एवं प्रथम पटल का सार-संक्षेप

अन्य स्वनिर्मित ग्रन्थों की तरह इस टीका के प्रारम्भ में आचार्य भास्करराय ने कतिपय परिचयात्मक पद्य लिखे हैं, जिनमें से कुछ 'सौभाग्यभास्कर' आदि ग्रन्थों में भी आ चुके हैं। उनमें प्रथम पद्य पिता, माता, विद्या-गुरु एवं दीक्षा-गुरु के परिचय का प्रदर्शक है–

श्रीगम्भीरविपश्चितः पितुरभूद्यः कोनमाम्बोदरे
विद्याष्टादशकस्य मर्मविदभूद्यः श्रीनृसिंहाद् गुरोः।
यश्च श्रीशिवदत्तशुक्लचरणैः पूर्णाभिषिक्तोऽभवत्
स त्रेता त्रिपुरा त्रयीति मनुते तामेव नाथत्रयीम् ॥

दूसरा श्लोक है–

वामकेश्वरतन्त्रस्थे नित्याषोडशिकार्णवे।
पूर्वोत्तरचतुःशत्यौ व्याचष्टे भास्करः सुधीः ॥

वामकेश्वरतन्त्र के अन्तर्गत नित्याषोडशिकार्णव ग्रन्थ की पूर्वचतुःशती और उत्तरचतुःशती की व्याख्या बुद्धिमान् भास्कर ने की है। तीसरा श्लोक है–

नित्याषोडशिकार्णवनाम्नि तन्त्रे शिवैकपरतन्त्रे।
अतिगहने फणिपटले स्पन्दितुमपि कः क्षमो मनुजः ॥

नित्याषोडशिकार्णव नामक तन्त्र जो शिव मात्र से ज्ञेय है, अतिदुर्गम सर्प की फणाओं में चलने के समान उस पर चलना (विचार करना) साधारण मनुष्य का काम नहीं है। चतुर्थ श्लोक है–

यद्यप्येवमथापि तु पूर्वाचार्यैः प्रदर्शितं सेतुम्।
दृढबन्धैरुद्धर्तुं गुरुभक्त्यैव प्रवर्तितोऽस्मि बलात् ॥

यद्यपि इस ग्रन्थ की दुरूहता सिद्ध है, तो भी पूर्वाचार्यों के द्वारा बनाये 'सेतु' (पुल) को पुनः यथास्थान दृढ बन्धों से पुष्ट करने के लिये गुरुभक्ति से ही मैं प्रवृत्त हुआ हूँ, न कि अभिमान से।

आचार्य का आशय यह है कि ग्रन्थ का नाम 'नित्याषोडशिकार्णव' है। अर्णव अर्थात् समुद्र। उसमें प्राचीनों की टीकाएँ पुल का काम करती हैं; परन्तु उनमें स्थान-स्थान पर कुछ त्रुटियाँ या शिथिलता रह गई है। उसको मैं गुरुभक्ति से प्रवृत्त होकर बाँध रहा हूँ। आगे श्लोक है–

नित्याषोडशिकाम्भोधेः परं पारं यियासवः।
विश्रामैरष्टभिर्युक्तं सेतुबधं भजन्त्विमम् ॥

नित्याषोडशिका रूपी समुद्र के उस पार जाने के लिये यह आठ विश्रामों से युक्त 'सेतुबन्ध' उपाय स्वरूप है। इससे लोग पार जा सकेंगे। इसके आगेवाला श्लोक प्रसिद्ध है तथा 'सौभाग्यभास्कर' आदि में आ चुका है–

आ प्राचः कामरूपाद् द्रुहिणसुतनदप्लावितादा प्रतीचो
गान्धारात् सिन्धुसार्द्राद्रघुवररचितादा च सेतोरवाचः।
आ केदारादुदीचस्तुहिनगहनतः सन्ति विद्वत्समाजा
ये ये तानेष यत्नः सुखयतु समजान् कश्चमत्कर्तुमीष्टे॥

इसके आगे आचार्य ने इस ग्रन्थ का उपोद्धात लिखा है, जो न केवल इस ग्रन्थ के लिये उपयोगी है; किन्तु सम्पूर्ण श्रीविद्योपासना की पूर्व-भूमिकाओं का और विभिन्न शास्त्रों के समन्वय का प्रदर्शक है। वह आगे दिया जा रहा है–

इस संसार में सम्पूर्ण जनों के लिये अभिलक्षणीय सुख ही पुरुषार्थ है। वह सुख कृत्रिम और अकृत्रिम दो प्रकार का क्रम से 'काम' और 'मोक्ष' शब्दों से व्यवहृत होता है। उन दोनों सुखों की प्राप्ति के लिये धर्म अपेक्षित है और धर्म का साधन होने से अर्थ भी सबके लिये अभिलक्षित है। यद्यपि इनमें तारतम्य है, तो भी ये चारों पुरुषों से अर्थित होने के कारण पुरुषार्थ शब्द से अभिहित हैं। कल्पसूत्र में कहा है कि '**स्वविमर्शः पुरुषार्थः**'। वह अकृत्रिम सुख रूप मोक्ष की प्रधानता को सूचित करता है। इससे कोई विरोध नहीं होता। वे पुरुषार्थ उन विशिष्ट ज्ञान और विज्ञान से साध्य हैं, जो शास्त्रों में निर्दिष्ट हैं। उन ज्ञान और विज्ञानों को प्राप्त करने के लिये अनुकूल चित्तवृत्ति की आवश्यकता होती है। अतः विविध कर्मों के परिपाक से प्रभावित विविध प्रकार के चित्तशाली लोगों पर अनुग्रह करने वाले परम कारुणिक भगवान् परमेश्वर ने परस्पर विलक्षण या भिन्न मालूम पड़नेवाली; परन्तु प्रत्यक्ष या परम्परा से परम पुरुषार्थ को ही बताने वाली क्रियाओं का प्रवर्तन किया है।

श्रुति इस बात को कहती है–"**ईशानः सर्वविद्यानाम्। यो ब्रह्माणं विदधाति पूर्वं यो वे वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै**" इत्यादि। इस मन्त्र में 'च' कार अन्य विद्याओं का समुच्चायक (संग्राहक) है; क्योंकि इसका निम्नांकित उपबृंहण है–

'**तस्मै वेदान् पुराणानि दत्तवानग्रजन्मने**'।

स्मृति भी कहती है–

अष्टादशानामेतासां विद्यानां भिन्नवर्त्मनाम्।
आदिकर्ता कविः साक्षात् शूलपाणिरिति श्रुतिः॥

अतः जगत् के परम आप्त परमशिव से निर्मित होने के कारण सभी विद्याएँ अधिकारी के भेद से प्रमाणभूत हैं, यह बात सूतसंहिता में कही है। अधिकार के विषय में जैसे नास्तिकों का ही आर्हत आदि दर्शनों में अधिकार है और वैदिक

मार्ग में ही त्रैवर्णिक (द्विजों) का अधिकार होता है। वैदिक मार्ग में भी अधिकार पुरुष-भेद से भिन्न है और एक पुरुष का भी चित्तशुद्धि के तारतम्य से अधिकार नाना प्रकार का होता है। धर्म की व्यवस्था वर्णभेद-आश्रम भेद से दोनों प्रकार से मान्य है। अतः यह सिद्ध होता है कि तत्तद् विद्याओं के प्रशंसा-वचन उनके अधिकारियों के लिये प्रवर्तक हैं और जो उन विद्याओं के निन्दा-वचन हैं वे उनके अनधिकारियों के लिये निवर्तक होते हैं। निन्दा के न्याय से विधेय के स्तावक नहीं होते। इसमें लौकिक दृष्टान्त देते हुए कहा है–

प्रारम्भिक शैशव दशा में खिलौने देने वाले अभिभावक अवस्था बढ़ने पर किशोरों को क्रीड़ा से निवृत्त करते हैं। विचार करने पर शास्त्रों की सारभूत प्रक्रिया यह मालूम होती है कि उत्पन्न पुरुष का प्रारम्भ में क्रीड़ा में अधिकार होता है, उसके आगे अक्षर-ज्ञान में अभ्यास कराया जाता है। उसके आगे छन्द, भाषा आदि के ज्ञान के लिये काव्याध्ययन में प्रवर्तन किया जाता है। दोष-गुणालंकार आदि के ज्ञान से भाषा और व्यवहार का ज्ञान होता है। अग्निपुराण आदि में काव्यशास्त्र भी उपदिष्ट है।

व्युत्पत्ति प्राप्त होने के बाद काव्य को छोड़ने के लिये **'काव्यालापांश्च वर्जयेत्'** इत्यादि निषेध होता है। काव्याध्ययन का प्रयोजन समाप्त होने के बाद उसी में समय बिताना निरर्थक है। अतः आगे की भूमिका में जाना उचित है। देहादि से भिन्न 'आत्मा' को जानने के लिये न्यायशास्त्र के अध्ययन की विधि आगे आती है–**'शुङ्गेनाऽऽत्मानमन्विच्छेत्'** इत्यादि। शुङ्ग का अर्थ है–हेतु या अवयवसमुदायात्मक न्याय। देहादि से अतिरिक्त परलोक तक यातायात में समर्थ आत्मा का ज्ञान होने के बाद तदनुकूल कर्म में अधिकार प्राप्त करने के लिये न्यायविद्या की निन्दा सुनी जाती है–

'आन्वीक्षिकीं तर्कविद्यामनुरक्तो निरर्थिकाम्'।

इस प्रकार पूर्वभूमिका का निषेध होता है। **'धर्ममेवाऽऽचरेत्प्राज्ञः'** इत्यादि विधि उत्तरभूमिका के प्रवर्तक होते हैं। उसके उपयोग के लिये पूर्वमीमांसा का और वेदों के कर्मकाण्ड का अध्ययन प्राप्त होता है। यहाँ तक धर्म-अर्थ-काम को प्राप्त करने के बाद चतुर्थ पुरुषार्थ को प्राप्त करने हेतु और पूर्वभूमिका का त्याग करने के लिए **'नास्त्यकृतः कृतेन'** इत्यादि कर्मनिन्दा प्रारम्भ होती है। यहाँ तक की सभी अज्ञान-भूमिकाएँ कही जाती हैं। ये भी परस्पर में अन्तर्भाव करने से सात ही हैं ऐसा वसिष्ठ का आशय है। इसके आगे की ज्ञान-भूमिकाएँ हैं। **'तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्'**, **'आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः'** इत्यादि ब्रह्मज्ञान के विधि उत्तरभूमिका में प्रवर्तक हैं। उत्तरभूमिकाएँ अनेक हैं। **'वदन्ति बहुभेदेन ज्ञानिनो योगभूमिकाः'** यह वचन है। भगवान् वसिष्ठ के मत में ये सात ही हैं–

'अवबोधं विदुर्ज्ञानं तदिदं साप्तभूमिकम्'

उनके क्रमशः ये नाम हैं-विविदिषा, विचारणा, तनुमानसा, सत्त्वापत्ति, असंसक्ति, पदार्थभाविनी, तुर्यगा । इनके लक्षण वसिष्ठ के ज्ञानशास्त्र में द्रष्टव्य हैं । इस उत्तरभूमिका में उपयोगी उपनिषद्-काण्ड का और उत्तरमीमांसा का अध्ययन करना चाहिये ।

ब्रह्मज्ञान दो प्रकार का है–शाब्द और अपरोक्षानुभवरूप । शास्त्रों का वचन है–

शास्त्रदृष्टिर्गुरोर्वाक्यं तृतीयः स्वात्मनिश्चयः ।
अन्तर्गतं तमश्छेत्तुं शाब्दो बोधो न हि क्षमः ॥

शाब्दभूमिका का लाभ होने के बाद उसी में जीवनयापन व्यर्थ है । इस आशय से **'पाण्डित्यान्निर्विद्य बाल्येन तिष्ठासेत्'** इत्यादि वचन कहे गये हैं ।

सात पूर्वोक्त भूमिकाओं के अन्तर्गत द्वितीय और तृतीय भूमिकाओं (विचारणा-तनुमानसा) के बीच में 'भक्ति' नामक एक महती भूमिका आती है । उसके ज्ञान के लिये भक्तिमीमांसा का अध्ययन करना चाहिये । 'भक्ति' पाँचवीं भूमिका (असंसक्ति) तक चलती है । उसका लाभ होने के बाद अपरोक्षानुभव रूप षष्ठ भूमिका का लाभ होता है । वही जीवन्मुक्ति है । उसके अव्यवहित उत्तर-काल में ही विदेह कैवल्य प्राप्त होता है । **'ज्ञानादेव तु कैवल्यम्'** यहाँ पर ज्ञानपद का अर्थ अनुभव है । न्याय आदि शास्त्रों में अपनी-अपनी भूमिका के लाभ मात्र से मोक्षप्राप्ति का वर्णन करना उत्तरोत्तर भूमिकाओं को छिपाने के लिये ही है । पुरुषार्थों की प्राप्ति में विलम्ब की शंका से किसी की शास्त्रों की ओर प्रवृत्ति ही न होगी । अतः वह अपलाप (छिपाना) दोष नहीं है ।

कुछ ऐसे भी वचन हैं–**'कर्मणैव हि संसिद्धिः', 'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः'** । इन वचनों में 'एव' कार स्वभूमिका-साध्य उत्तरभूमिका के अधिकार रूप फल में अन्य साधनों के निषेध के लिये है, न कि उत्तरभूमिका के अभाव का सूचक है । **'ज्ञानादेव तु'** इत्यादि स्थल में अनुभव के बाद कोई साधना की भूमिका न होने से उसके अभाव का बोधक है । इस प्रकार तत्तद् विद्याप्रवर्तक सभी ऋषियों का कोई परस्पर विरोध नहीं है ।

इन पूर्वनिर्दिष्ट भूमिकाओं की प्रत्येक में अवान्तरभूमिकाएँ भी बहुत हैं, उनको गिनाना सम्भव नहीं है । बुद्धिमान् पुरुष उनमें से उचित का ग्रहण करते हैं । जैसा योग-वासिष्ठ का वचन है–

इत्यवस्था मया प्रोक्ताः सप्ताज्ञानस्य राघव !
एकैका शतसंख्याऽत्र नानाविभवरूपिणी ॥

इस प्रकार अनेक भूमिकाओं में से एक-एक भी अनेक जन्मों से ही साध्य होती हैं । इस विचार के अनुसार असंख्य जन्मों से बड़े प्रयत्नों से परब्रह्म के

शाब्दतत्त्व निश्चय की भूमिका तक क्रम से पहुँचने वाले पुरुष की 'संसार में न तो अत्यन्त आसक्ति और न तो दृढ निर्वेद' इस प्रकार की एक विलक्षण चित्तशुद्धि होती है। अब यह भक्तिमार्ग का अधिकारी हो जाता है। कहा भी है—**'न निर्विण्णो न चाऽऽसक्तो भक्तियोगोऽस्य सिद्धिदः'**।

वह भक्ति दो प्रकार की है—गौणी और परा। उनमें पहली सगुण ब्रह्म के ध्यान-अर्चन-जप-नामकीर्तन आदि रूप है। परा-भक्ति तो इन पूर्वोक्त व्यापारों से होने वाले अनुराग विशेष को कहते हैं। प्रथम भक्ति की भी अवान्तरभूमिकाएँ अनेक हैं। उनमें पहली '**योषामग्निं ध्यायीत**' इत्यादि भावना सिद्धि रूप है। दूसरी '**मनो ब्रह्मेयुपासीत**' इत्यादि विहित उपासनात्मक है। तीसरी ईश्वरोपासना है। ईश्वर के भी सूर्य, गणेश, विष्णु, रुद्र, परशिव, शक्ति आदि अनेक भेदों के कारण यह भी उपासना विभिन्न रूप की है। शक्ति भी छाया, वल्लभा, लक्ष्मी आदि अनेक रूप से अनेकविध है।

इस पूर्वनिर्दिष्ट क्रम से इन भूमिकाओं को अनन्त जन्मों से अनुभव करने के बाद साधक की उत्तरभूमिका की दशा प्रारम्भ होती है, उसकी त्रिपुरसुन्दरी के प्रति गौणी-भक्ति उत्पन्न होती है। उसमें अच्छी तरह आरूढ होने के बाद परा-भक्ति का उदय होता है। इस विषय में निम्नांकित वचन हैं—

शैववैष्णवदौर्गार्कगाणपत्यादिकैः क्रमात्।
मन्त्रैर्विशुद्धचित्तस्य कौलज्ञानं प्रकाशते॥
सर्वेभ्यश्चोत्तमा वेदा वेदेभ्यो वैष्णवं परम्।
वैष्णवादुत्तमं शैवं शैवाद्दक्षिणमुत्तमम्॥
दक्षिणादुत्तमं वामं वामात्सिद्धान्तमुत्तमम्।
सिद्धान्तादुत्तमं कौलं कौलात्परतरं नहि॥

इन भूमिका-क्रमों के विषय में और भी बहुत से वचन है, जो विस्तार के कारण यहाँ नहीं लिखे गये; परन्तु 'सौभाग्यभास्कर' में कुछ प्रदर्शित हैं।

श्रीमहात्रिपुरसुन्दरी की गौणी-भक्ति का इतिकर्तव्यता सहित निरूपण करने के लिये ऐदम्पर्य से (उसी विषय के लिये) सुन्दरीतापिनीपञ्चक, भावनोपनिषद्, कौलोपनिषद्, गुह्योपनिषद्, महोपनिषद्, इत्यादि वेदशिरोभाग प्रवृत्त हुए। वेदों में पूर्वकाण्ड के शेष रूप से आश्वलायन आदि कल्पसूत्र और मनु आदि स्मृतियाँ प्रवृत्त हुईं और उपनिषद्-काण्ड के शेष रूप से परशुराम आदि के कल्पसूत्रों की और यामलादि तन्त्रों की प्रवृत्ति हुई। पुराण तो दोनों काण्डों (धाराओं) के प्रति शेष रूप से अंगभूत है। अतः स्मृति-तन्त्र-पुराणों का वेदमूलक ही प्रामाण्य मानना चाहिये। इनमें जो भाग प्रत्यक्ष श्रुतियों से विरुद्ध हों या जो अंश विरुद्ध हों, उनका विरोधाधिकरण न्याय से मूलश्रुति न मिलने से अनुष्ठान न करने से

अप्रामाण्य है। जो सभी अंशों से विरुद्ध ही होवे, जैसे–कुछ पाशुपतविशेष या पाञ्चरात्रविशेष, उनका उपयोग पूर्वोक्त भूमिका में आरूढ पुरुष के लिये नहीं है। प्रत्युत जो पहले श्रौत और स्मार्त कर्मों का अधिकारी रहा हो; परन्तु बाद में किसी पाप से च्युत हुआ हो, उसको ही उन पाशुपत-पाञ्चरात्रादि में जाने की व्यवस्था है। इसीलिये–

पाञ्चरात्रं भागवतं तथा वैखानसाभिधम्।
वेदभ्रष्टान् समुद्दिश्य कमलापतिरुक्तवान्॥

इत्यादि वचनों में कतिपय लोगों की ही गणना की गई है। इसीलिये–

श्रुतिभ्रष्टः श्रुतिप्रोक्तप्रायश्चित्ते भयं गतः।
क्रमेण श्रुतिसिद्ध्यर्थं मनुष्यस्तन्त्रमाश्रयेत्॥

इस वचन में 'तन्त्र' सामान्य पद तन्त्रविशेषपरक है।

'पत्युरसामञ्जस्यात्' इत्यादि अधिकरण (ब्रह्मसूत्र) उन्हीं विशिष्ट तन्त्रों को सूचित करता है, जो राम, कृष्ण, नृसिंह, रुद्र, परशिव, सुन्दरी आदि देवताओं के उपासनाबोधक अगस्त्य आदि के तन्त्र हैं। उनकी मूलभूत रामतापनी आदि उपनिषदें तो प्रत्यक्ष ही हैं। अतः इन उपासनाओं के अप्रामाण्य की शंका भी व्यर्थ है।

श्रीसुन्दरी की उपासना दो प्रकार की है–बहिर्याग और अन्तर्याग के भेद से। अन्तर्याग भी तीन प्रकार का है-सकल, सकलनिष्कल और निष्कल। उससे यह सिद्ध हुआ कि ये चार भूमिकाएँ हैं। पूर्व-पूर्व भूमिका में आरूढ पुरुष का ही उत्तरोत्तर भूमिका में अधिकार होता है।

अब जो बहिर्याग के केवल, यामल, मिश्र, चक्रयुक्, वीरसंकर ये पाँच भेद कहे हैं और अभिगमनादि या दौर्बोध्यादि (पूजाविशेष) पाँच-पाँच तन्त्र भेदों से प्रतिपादित हैं। इन सबसे विशिष्ट बहिर्याग एक ही है (एक ही भूमिका है)। केवल देश, काल, शक्ति इत्यादि के भेदमात्र से उनकी व्यवस्था में कुछ भेद होता है। चित्तशुद्धि का कोई भेद नहीं है। भूमिकाओं के भेद में चित्तशुद्धि का तारतम्य ही विभाजक बनता है। अतः सुन्दरी-तन्त्रों में तथा अन्य तन्त्रों में भी बहिर्याग का विस्तार अधिक है और अन्तर्याग का न्यून है ; परन्तु वामकेश्वर या नित्याषोडशिकार्णव में अन्तर्याग का ही विशेष विवरण है। अतः उसकी व्याख्या की जा रही है।

इसमें उपास्य परमेश्वरी के उपासना योग्य तीन स्वरूप हैं–स्थूल, सूक्ष्म और पर। उनमें प्रथम स्थूल स्वरूप कर, चरण आदि अवयवों वाला मन्त्र सिद्धिशाली पुरुषों के नेत्र, कर आदि इन्द्रियों से ग्राह्य होता है। **'ततः पद्मनिभां देवीं बालार्ककिरणारुणाम्'** इत्यादि आगे कहेंगे। द्वितीय सूक्ष्मरूप मन्त्रात्मक है, जो

पुण्यवान् पुरुषों के श्रवणेन्द्रिय, वागिन्द्रिय से ग्राह्य होता है। उसी को रहस्य सहस्रनामों में **'श्रीमद्वाग्भवकूटैकस्वरूपमुखपङ्कजा'** इत्यादि शब्दों से कहा है और सभी मन्त्रों की मूलभूत मातृका सरस्वती रूप भी है; क्योंकि इसी तन्त्र के पञ्चम पटल में कहा है–**'एतस्यां साधितायां तु सिद्धा स्यान्मातृका यतः'**। तृतीय रूप वासनात्मक (मूलभूत तेज) है, जो पुण्यवान् साधकों के लिये मनसा गम्य है, जिसे **'चैतन्यमात्मनो रूपम्'** इत्यादि शब्दों से कहा गया है। इन तीनों प्रकार के रूपों से भी अतीत वाणी और मन से अगोचर मुक्त-पुरुषों के द्वारा 'अहं' भाव से अनुभूयमान अखण्ड है।

इसके आगे द्वादश-श्लोकी स्तोत्र है, जो सूत्रभूत भाषा में मातृका और त्रिपुरसुन्दरी का अभेदात्मक वर्णन कर मुख्य सिद्धान्तों का परिचय देता है। आचार्य का कथन है कि उस मूलभूत अखण्ड स्वरूप का वर्णन वाणी से अतीत होने के कारण करना सम्भव नहीं है। अतः परम्परा से स्थूलारुन्धती न्याय से (बड़ी वस्तु को दिखाकर सूक्ष्म को दिखाना) शास्त्रकर्ता परमशिव मंगल के रूप में प्रस्तुत करते हैं–**'गणेशग्रहनक्षत्र'** इत्यादि से आरम्भ कर **'नौमि श्रीत्रिपुरामहम्'** इन बारह श्लोकों की रचना से। यह द्वादश-श्लोकी स्तोत्र इस तन्त्र का अंग होने पर भी स्वतन्त्र है; क्योंकि **'देव्युवाच'** इससे ही मूल ग्रन्थ का आरम्भ होता है; परन्तु यह द्वादशश्लोकी इस समस्त ग्रन्थ में प्रतिपाद्य त्रैपुरसिद्धान्त की सूची या सूक्ष्म सूचना है। अतः संक्षेप में टीकाकार का आशय दिया जा रहा है–

गणेशग्रहनक्षत्रयोगिनीराशिरूपिणीम्।
देवीं मन्त्रमयीं नौमि मातृकां पीठरूपिणीम्॥

इस स्तोत्र के प्रारम्भ में गणेश का स्मरण या उच्चारण विघ्ननिरास के लिये किया गया है और 'महागणपति की उपासना महाविद्या की साधना में आवश्यक है' यह कल्पसूत्र का आशय भी ध्वनित किया गया है।

यहाँ पर 'मातृका' शब्द से मूलविद्या श्रीपञ्चदशाक्षरी और एकपञ्चाशत् अक्षररूपिणी मातृका दोनों अभीष्ट हैं। वस्तुतः दोनों का अभेद है। इसमें गणेश, ग्रह, नक्षत्र, योगिनी, राशि और पीठ इन देवताओं का न्यास, जो लघुषोढान्यास नाम से तन्त्रों में प्रसिद्ध है, सूचित किया गया है। मातृका ही सप्तकोटि महामन्त्ररूपिणी है। गणेशादि न्यास में भी यथोचित मातृका के अक्षरों का प्रयोग होता है। टीकाकार ने विस्तार से न्यासविधि का प्रकार लिखा है। वे ही मातृकाएँ बारम्बार विभिन्न देवताओं के न्यास में प्रयुक्त होती हैं। उससे कोई भ्रम नहीं होना चाहिये। परस्पर अनेकता भी मूलतः एकरूपता ही है; क्योंकि देवताओं की शक्ति अचिन्त्य है। शास्त्रोक्त रीति ही उसकी नियामक है। अतः कल्पसूत्रकार ने कहा है–**'मन्त्राणामचिन्त्यशक्तिता'**। महाभारत की भी उक्ति है–**'अचिन्त्याः खलु ये भावा न**

तांस्तर्केण योजयेत्। इसमें 'मातृका' ही विशेष्यभूत है, गणेशादि देवताओं का समूह उसमें विशेषण है। इसी प्रकार अन्य तन्त्रों से सूचित महाषोढान्यास की भी सूचना इस न्यास से मिल जाती है; क्योंकि वह भी मातृका-वर्णों से ही घटित है। '**देवीं**' और '**मातृकां**' ये दोनों पद भी उसके सूचक हैं। अन्यत्र कहा है–'**महाषोढोदिता-शेषदेवतागणसेविताम्**'।

इस प्रसंग में अन्य टीकाकारों की असंगत व्याख्याओं का आचार्य ने खण्डन कर कल्पसूत्र के तात्पर्य पर जोर दिया है। आचार्य का कथन है कि लोक-वेद के अधिकरण न्याय से और पद-पदार्थ की सम्यक् व्युत्पत्ति से ग्राह्य अर्थ ही संगत होता है, न कि केवल कल्पना करने से होगा। इस श्लोक में '**देवीं मन्त्रमयीं**' इन दो नामों से यह ज्ञान होता है कि देवता स्वरूप का निष्कर्ष और मन्त्र निष्कर्ष ही इस तन्त्र का प्रतिपाद्य विषय है।

प्रणमामि महादेवीं मातृकां परमेश्वरीम्।
कालहल्लोहलोल्लोलकलनाशमकारिणीम्॥

काल का हल्लोहल अर्थात् वेग, उसके उल्लोल तरंगों का ऊपर-नीचे जाना, उसकी कलना अर्थात् बन्धन, उसका भी शम या निरास करने वाली कालचक्र के महातरंगों के आघातों से भी रक्षा करनेवाली–यह आशय है। इसकी अन्य व्याख्या भी आचार्य ने की है। आशय यह है कि सम्पूर्ण संसार को काल अपना ग्रास बना लेता है और यह शक्ति अपने भक्तों को कालातीत शिवभाव प्रदान करती है। इस श्लोक में 'महादेवी' पद 'महाविद्या' परक है।

यदक्षरैकमात्रेऽपि संसिद्धे स्पर्धते नरः
रवितार्क्ष्येन्दुकन्दर्पशंकरानलविष्णुभिः॥

अर्थात् जिस मातृका के एक अक्षर मात्र भी सिद्ध होने से साधक रवि आदि सातों देवताओं से स्पर्धा कर सकता है। 'मातृकाविवेक' आदि ग्रन्थों में एकैक अक्षरों के साधना के विधान बताये हैं।

सूर्य के गुण तेजस्विता देवताधिष्ठानता आदि हैं। तार्क्ष्य के विषापहरणादि हैं। इन्दु के अमृतमयत्व आह्लाददायकत्वादि हैं। काय के सौन्दर्य जगद्वशीकरण-सामर्थ्य आदि हैं। शंकर के अखिल विद्याधिपतित्व सर्वदेवप्रधानत्वादि हैं। विष्णु के जगत्पालकत्वादि हैं। इस प्रकार अवयवों के फलों से अवयवी (देवी) की पूर्णफल-प्रदान क्षमता सिद्ध है।

इसमें एक प्रश्न उठाया गया है कि शिव, विष्णु दोनों को जगद्-व्यापार का अधिकार दिया है, तो वह साधक को तो नहीं मिल सकता? इस पर आचार्य का समाधान यह है कि '**जगद्व्यापारवर्जनम्**' यह वैयासिकसूत्र दहरादि-विद्योपासकों के लिये लागू होता है। त्रिपुरसुन्दरी के उपासकों को तो जगद्व्यापार का भी

अधिकार प्राप्त है। इस विषय पर ललितासहस्रनाम के भाष्य सौभाग्यभास्कर में **'तस्मै श्रीललितादेवी स्वसाम्राज्यं प्रयच्छति'** इसकी व्याख्या में पूरा विचार किया है। इस श्लोक का अन्य अर्थ करते हुए आचार्य लिखते हैं कि अर्धबिन्दु-विसर्गादिरहित मन्त्र के अक्षर मात्र को भी भक्ति से जपनेवाले को सिद्धि प्राप्त हुई थी। पुराणों में सत्यवाक् को बिन्दुरहित वाग्भव बीज के उच्चारण से भी सर्वज्ञता मिली और क्लीब पद के बिन्दुरहित उच्चारण से भी सुदर्शन को देवी का अनुग्रह प्राप्त हुआ था। यह कथा देवीभागवत के तृतीय स्कन्ध में है।

यदक्षरशशिज्योत्स्नामण्डितं भुवनत्रयम्।
वन्दे सर्वेश्वरीं देवीं महाश्रीसिद्धमातृकाम्॥

इस मातृका में या महाविद्या में शशि (चन्द्रमा) बिन्दु रूप से है। उसकी ज्योत्स्ना से सम्पूर्ण भुवन ज्ञातृ-ज्ञान-ज्ञेय रूप मण्डित है। 'बिन्दु' से सम्पूर्ण जगत् की उत्पत्ति है, यह बात कामकलाविलास आदि ग्रन्थों से स्पष्ट है। **'तन्नानारूपं ग्राह्यग्राहकभेदात्'** यह शक्तिसूत्र है, अथवा महाविद्या के बिन्दुत्रय से रुद्र-ईश्वर-सदाशिव उत्पन्न हुए, यह बात इसी ग्रन्थ के उत्तरभाग में कही है अथवा देवी के भाल भाग में स्थित अक्षर-शशि अविनश्वर चन्द्र से ही समस्त जगत् आप्लावित है। विद्या के अन्तर्गत 'सकार चन्द्रबीज उसकी स्तुति है, यह भी किसी की व्याख्या है—महाश्रीसिद्धमातृका अर्थात् श्रीकण्ठादि देवताओं की भी जननी।

यदक्षरमहासूत्रप्रोतमेतज्जगत्त्रयम्।
ब्रह्माण्डादिकटाहान्तं तां वन्दे सिद्धमातृकाम्॥

जिस मातृका के एकपञ्चाशत् अक्षरों से (सूत्रों से) ब्रह्माण्ड से कटाह तक प्रोत है, व्याप्त है। सभी जगत् के पदार्थ मातृका से वाच्य होते हैं। विद्या (मन्त्र) के पक्ष में उसके अन्तर्गत 'अकार और 'हकार लेना चाहिये। इसी के अन्दर समस्त जगत् निरूढ है। **'एतद्वै तदक्षरं गार्गि सूर्याचन्द्रमसौ विधृतौ तिष्ठतः'** इस श्रुति ने भी यही कहा। **'अम्बरान्तधृतेः'** इस अधिकरण में यह विषय स्पष्ट किया गया है। **'सिद्धा च सा मातृका च'** अथवा **'सिद्धानां मातृका'** यह भी समास होगा।

यदेकादशमाधारं बीजं कोणत्रयोद्भवम्।
ब्रह्माण्डादिकटाहान्तं जगदद्यापि दृश्यते॥

जिस मातृका का ग्यारहवाँ अक्षर 'एकार है, जो त्रिकोण से बना है। आचार्य लिखते हैं कि नागरी लिपि में यह त्रिकोणाकार ही लिखा जाता है जैसे—'ए', इसका थोड़ा आगे परिवर्तन हुआ। वह ब्रह्माण्डादि समस्त जगत् का आधार स्वरूप है। आचार्य का कथन है कि सन्धि के नियमानुसार यह बीज बना। अकार परमशिव है, तस्य स्त्री 'ई' पुंयोग लक्षण से 'ङीष्' हुआ। उन दोनों (अ और ई) के संयोग

से एकार निष्पन्न हुआ। वस्तुतः शिवशक्ति-संयोग ही जगत् का बीज है, उससे अभिन्न होने से वह अक्षर भी बीज कहा गया।

सुन्दरीतापनीयोपनिषद् में 'सवितुर्वरेण्यं' अंश का पर्याय ही 'ए' कार माना है। 'आधारं' यह नपुंसक प्रयोग आर्ष है। त्रिंशिकाशास्त्र में कहा है–

अनुत्तरानन्दचितिरिच्छाशक्तौ नियोजिता।
त्रिकोणमिति तत्प्राहुर्विसर्गामोदसुन्दरम्॥

इसमें भी अनुत्तर और इच्छा पद से एकार ही लिया गया है और भी कादि विद्या (पञ्चदशी) में द्वितीय अक्षर की यह स्तुति है। आचार्य ने एक विलक्षण अर्थ भी किया है। पूर्वोक्त श्रुति में 'एतद्वैतत्' पद से 'ए' ही जगदाधार ब्रह्म है तत्पद से। कुछ लोग 'योन्याकार ही जगत् का मूल है' ऐसी व्याख्या करते हैं। योनिजन्यत्व प्रत्यक्षसिद्ध है, यह काश्मीर के व्याख्याकार लिखते हैं।

इस स्तोत्र में मातृका, देवी, विद्या तीनों का परस्पर अभेदात्मक सम्बन्ध स्थापित करते हुए ही निरूपण है। प्रसंगानुसार कहीं पर किसी एक को प्रधान माना है।

अकचादिटतोन्नद्धपयशाक्षरवर्गिणीम्।
ज्येष्ठाङ्गबाहुपादाग्रमध्यस्वान्तनिवासिनीम्॥

इसमें आदि शब्द का अन्वय अकारादि तीनों वर्गों में है। अतः अकारादि सोलह, ककारादि पाँच और चकारादि भी पाँच ऐसे ही उन्नद्ध शब्द भी सन्नद्ध का वाचक है। उसका भी 'टकार-'तकार' में अन्वय करने से वे भी पाँच-पाँच लिये गये। पयश अक्षरात्मक हुए और वर्ग भी। अतः पादि-पाँच, यवर्ग यादि-चार, शवर्ग शादि-छह। इस प्रकार वर्गाष्टकवती मातृका आगे निर्दिष्ट आठ स्थानों में रहती है। उसको संख्यानुसार ज्येष्ठांग अर्थात् मस्तक में स्वरों के रूप में, दक्षिण बाहु में कवर्ग के रूप में ग्रहण करना है। '**ज्येष्ठाङ्गं च बाहू च पादौ चाग्रं च**' इत्यादि समास होगा। 'ज्येष्ठ' प्रथम अंग है–मस्तक से घण्टिका तक भाग। 'अग्र' आगे का अंग–हृदय से सीवनी तक का भाग। 'मध्य' पद से कण्ठादि स्तनान्त भाग। शरीरपद से वाच्य यह पूर्वोक्त तीन भाग रूप प्रकाण्ड (तना) है। केश, हस्त, पाद-ये क्रम से तीनों भागों की शाखाएँ हैं। इसीलिये कामकला-न्यास में तीनों मन्त्रकूटों को तत्तशाखाओं से युक्त उन भागों में ही दिखाया है। इसलिये 'अग्र' पद का अर्थ दोनों पार्श्व भाग, पृष्ठ, नाभि और जठर यही अर्थ उपयुक्त है। इसीलिये शीर्ष भाग को प्रथमांग कहा है। 'स्वान्त' शब्द से हृदय यह अर्थ हुआ।

तन्त्रराज का पाठ है–'**ज्येष्ठाङ्गबाहुहृत्पृष्ठकटिपादनिवासिनीम्**'। उसमें मस्तक से पादान्त अवयवक्रम लिया गया है और पूर्वोक्त पाठ में मातृकान्यास का क्रम है,

यही भेद है। इस श्लोक में मातृका और देवता का परस्पर अभेद भी सूचित किया है।

तामीकाराक्षरोद्धारां सारात्सारां परात्पराम्।
प्रणमामि महादेवीं परमानन्दरूपिणीम्॥

ईकार रूप अक्षरों से प्रधानतया इस विद्या का उद्धार शास्त्रों में है, अर्थात् कादिविद्यारूपिणी महादेवी को मैं प्रणाम करता हूँ। ऋग्वेद का यह मन्त्र है–

'चत्वार ईं बिभ्रति क्षेमयन्तो दशगर्भे चरसे धापयन्ते।
त्रिधातवः परमा अस्य गावो दिवश्चरन्ति परि सद्यो अन्तान्'॥

इस मन्त्र में चार ईकारवाली विद्या का ही स्पष्ट रूप से वर्णन है अथवा ईकार अक्षर को उत्कर्ष से धारण करने वाली। तृतीय श्लोक में वर्णित माहात्म्य की सूचना भी इससे होती है। उसमें भी बिन्दुरहित ईकार के निर्देश से कादि-विद्या ही यहाँ अभीष्ट है-यह सिद्ध होता है। उसमें भी तृतीयाक्षर बिन्दुरहित ईकार है। त्रिशती में भी कादिविद्या-क्रम से नाम हैं। सुन्दरीतापिनी उपनिषद् में भी कादि-विद्या के कूटों की गायत्री से समानार्थकता सूचित की है। ब्रह्माण्ड-पुराण का भी वचन है–'**श्रीविद्यैव तु मन्त्राणां तत्र कादिर्यथा परा**'। इन्हीं कारणों से '**सारात्सारां परात्पराम्**' यह कहा है–श्रेष्ठ मन्त्रों में भी श्रेष्ठ है।

इन व्याख्याओं से हादिविद्यापरक व्याख्या करना असंगत है, यह सिद्ध होता है। त्रिकोणाक्षर (एकार) भी हादिविद्या में नहीं आता। परमानन्द मोक्ष को देने वाली श्रुति भी कहती है–'**एतस्यैवाऽऽनन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति**'। काश्मीरी टीकाकारों ने भी 'कामकला की अभेद-भावना से परमानन्द होता है' यह कहा है।

अद्यापि यस्या जानन्ति न मनागपि देवताः।
केयं कस्मात् क्व केनेति सरूपारूपभावनाम्॥

अभी तक मन्त्र स्वरूप पर विचार किया गया। अब देवता के सम्बन्ध में मुख्य बात कही जा रही है। मनुष्यों की बात ही क्या है, देवतागण भी जिसके सरूप और अरूप की भावना को आज तक नहीं जान पाए। तात्पर्य यह है कि देवीविषयक भावना दो प्रकार की है–सरूपा और अरूपा। पहली स्थूलरूप का अनुसन्धान करना है। पररूप का अनुसन्धान करना अन्तिम है। सूक्ष्मरूप का अनुसन्धान करने वाली जो मध्यम भावना हैं, उसे पूर्व श्लोक में ही लिखा है।

इस ग्रन्थ के पूर्व और उत्तरचतुःशती का विषय यह दोनों भावनाएँ ही हैं। इन दोनों प्रकार की भावना में चार प्रकार हैं–केयम्? अर्थात् इस स्थूल देवी का क्या स्वरूप है? यह किससे उत्पन्न हुई? यह कहाँ रहती है? और किसके साथ

रहती है ? कुछ व्याख्याकार पररूप में भी यह चारों प्रश्न लगाते हैं; किन्तु आचार्य की दृष्टि में वे अनावश्यक हैं।

वन्दे तामहमक्षय्यामकाराक्षररूपिणीम्।
देवीं कुलकलोल्लोलप्रोल्लसन्तीं परां शिवाम्॥

'अकारो वै सर्वा वाक्', **'अक्षराणामकारोऽस्मि'** इत्यादि श्रुति-स्मृति वचनों से अकार ही अक्षर अविनाशिस्वरूप है। वह भी इसी का रूप है; क्योंकि प्रकाश और विमर्श में अभेद है। इसीलिये अक्षय्य है, नाशरहित है। कुल का अर्थ सुषुम्ना मार्ग है। कल या नादार्णव के उल्लोल महातरंग हैं, उनमें उल्लसन्ती विहार करने वाली अथवा कुल षट्त्रिंशत्तत्त्वसमूह है। कला शब्द से चतुःषष्टि कलाएँ यह भी अर्थ है। उल्लोल ऊपर-ऊपर, उल्लसन्तीं अर्थात् वैखरी रूप से जाने वाली, यह काश्मीरी व्याख्या है। **'अक्षय्यक्षकाराक्षररूपिणीं'** ऐसा पाठ भी कहीं मिलता है।

वर्गानुक्रमयोगेन यस्यां मात्रष्टकं स्थितम्।
वन्दे तामष्टवर्गोत्थमहासिद्ध्यष्टकेश्वरीम्॥

वर्णों के वर्ग पहले निर्दिष्ट किये जा चुके हैं, उसी क्रम से जिसके स्वरूप में ब्राह्मी आदि अष्ट-वर्गरूपिणी देवताएँ स्थित हैं। अष्टवर्गजन्य अणिमादि महासिद्ध्यष्टक की वह स्वामिनी है। **'तां देवीं वन्दे'**।

सर्वे वर्णात्मका मन्त्रास्ते च शक्त्यात्मकाः प्रिये !
शक्तिस्तु मातृका ज्ञेया सा च ज्ञेया शिवात्मिका॥

इस कथन के अनुसार वर्णों का और देवता का अभेद है। काश्मीर की टीका में व्याख्या भिन्न रूप से की गयी है।

कामपूर्णजकाराढ्यश्रीपीठान्तर्निवासिनीम्।
चतुराज्ञाकोषभूतां नौमि श्रीत्रिपुरामहम्॥

सृष्टि, स्थिति, लय करने वाले ब्रह्मादि देव रूप तीन और उनकी समष्टि रूप चौथी, इस प्रकार वामा, ज्येष्ठा, रौद्री, अम्बिका नामक चार शक्तियाँ हैं। इन्हीं के अधिष्ठान स्वरूप चार पीठ हैं—कामरूप, पूर्णगिरि, जालन्धर और उड्डियान। इन पीठों का नाम एकदेश से लिया है। श्रीपीठ शब्द से उड्डियान का ग्रहण होता है। पीठ अनेक होने पर भी ये चार ही प्रधान हैं। उसमें भी अम्बिका का अधिष्ठान प्रधान है। अतः उसे 'श्रीपीठ' शब्द से कहा है। चारों आज्ञाएँ (चारों वेद) जिस विद्या के कोष हैं, अर्थात् जैसे खड्ग आदि शस्त्र कोष (म्यान) के अन्दर सुरक्षित रहते हैं, वैसे ही वेदों के अन्दर यह विद्या सुरक्षित है। कूर्मपुराण में भगवती का वचन है—

ममैवाऽऽज्ञा पराशक्तिर्वेदसंज्ञा पुरातनी।
ऋग्यजुःसामरूपेण सर्गादौ सम्प्रवर्तते॥

'शास्त्रयोनित्वात्' इस अधिकरण के अनुसार यह परब्रह्म का असाधारण लिङ्ग है। अतः ब्रह्मरूपिणी यही अर्थ हुआ।

अथवा चतुराज्ञा शब्द से पूर्व, दक्षिण, पश्चिम, उत्तर नामक आम्नायों को लेना चाहिये। अतः यह ग्रन्थ आम्नायों के सारतत्त्व का प्रतिपादक है, यह भी सूचना मिलती है। कल्पसूत्र भी चतुराम्नाय का सारभूत है। अतः इस तन्त्र में जहाँ अपेक्षित विषय लेना हो, कल्पसूत्र से ही लेना चाहिये, यह भी ध्वनित हुआ; क्योंकि कल्पसूत्र के प्रारम्भ में कहा है—**'पञ्चभिर्मुखैः पञ्चाऽऽम्नायान् परमार्थ-सारभूतान् प्रणिनाय तत्रायं सिद्धान्तः'**। चतुराम्नाय शब्द से उर्ध्वाम्नाय का उपलक्षण होता है। इस प्रकार की त्रिपुरा को मैं प्रणाम करता हूँ। यहाँ पर सभी वेदान्तों (उपनिषदों) का अद्वैत ब्रह्म में ही तात्पर्य है। अतः तदनुयायी आम्नायों का भी अखण्डानन्द रूप ब्रह्म ही प्रधान तात्पर्य विषय है। यह बात **'सारात्सारां'** इत्यादि शब्दों से ध्वनित हो चुकी है। 'कोश' पद से भी श्लेष के द्वारा पञ्चकोष विद्या और आनन्दमयै कोषातीत स्वरूप भी ग्राह्य है। 'त्रिपुरा' पद की व्याख्या 'सौभाग्य-भास्कर' में पहले प्रदर्शित की जा चुकी है। इस स्तोत्र में सगुण के द्वारा निर्गुण ब्रह्म की ही स्तुति हुई है। इसीलिये तन्त्रराज में इस द्वादश-श्लोकी के बाद यह श्लोक पढ़ा जाता है—

इति द्वादशभिः श्लोकैः स्तवनं सर्वसिद्धिकृत्।
देव्यास्त्वखण्डरूपायाः स्तवनं तव तद्यतः॥

अधिक क्या कहा जाय, इस सम्पूर्ण तन्त्र में सगुणोपासना के द्वारा मुक्तोपसृप्य (मुक्त लोगों से प्राप्य) ब्रह्म ही उपास्य रूप से प्रस्तुत है, यही ध्वनित होता है। यह बात प्रथम श्लोक में सूचित होने पर भी यहाँ उपसंहार करते हुए **'नमामि त्रिपुरां'** यह न लिखकर **'नौमि श्रीत्रिपुरामहम्'** यह लिखा है। यहां पर 'अहं' शब्द अहंकार का वाचक है। वह भी शास्त्रों में तीन प्रकार का उक्त है—

'वैकारिकस्तैजसश्च तामसश्चेत्यहं त्रिधा'।

वह वस्तुतः दो प्रकार का है—पर और अपर। जीवों के द्वारा अपने देहादि विषय में लिया गया 'अपर' है। दूसरा परब्रह्म में छत्तीस तत्त्वात्मक जगत् की सृष्टि के अनुकूल ज्ञान, इच्छा और यत्न के साथ प्राथमिक सर्व विश्वविषयक उत्पन्न होने वाला 'अहं' इस आकार का अभिमान ही 'पर' है।

ज्ञानात्मक ब्रह्म की इस प्रकार की पराहन्ताविषयता मात्र से धर्म-धर्मिभाव की कल्पना कर, उसमें धर्म को त्रिपुरसुन्दरी रूप से और धर्मी को कामेश्वर रूप से माना गया है। यह बात 'त्रिपुरा' पद के समानाधिकरण 'अहं' पद के निर्देश से ध्वनित होती है।

अन्यथा प्रथम श्लोक में 'नौमि' इस क्रिया से कर्ता की उपस्थिति होती है, तब यहाँ पर पुनः 'अहं' पद व्यर्थ होगा। यदि यह कहें कि 'अहं' पद को द्वितीया विभक्ति मानना पड़ेगा। स्वरादि आकृतिगण होने से उसे 'अव्यय' मान लेने से उसका लोप हो जायेगा।

'अहमि प्रलयं कुर्वन्निदमः प्रतियोगिनः', 'नमांसि कुर्मः' इत्यादि प्रयोग शब्द और अर्थ का अभेद मानकर होते हैं। अतः शब्दपरक व्यवहार में बाधा नहीं है। यह द्वादश-श्लोकी स्तोत्र सम्पूर्ण ग्रन्थ के प्रतिपाद्य विषय का सारांश है। अब इसके आगे ग्रन्थ-व्याख्या प्रारम्भ है। हम उसका भी संक्षेप में सारांश ही देंगे।

इस प्रकार मंगलाचरण के द्वारा शास्त्र का विषय-प्रयोजन आदि की सूचना देकर 'तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्' इत्यादि श्रुतियों ने 'एव'कार से साक्षात् गुरु के पास ही जाना चाहिये, न कि पुस्तकादि उपायों से विद्या ग्रहण करनी चाहिये, यह कहा है। इसीलिये स्वयं भगवान् परम शिव अद्वितीय होते हुए भी प्रकाश और विमर्श के भेद से दो शरीर बनाकर विमर्शांश से प्रष्टा और प्रकाशांश से वक्ता बनकर शास्त्र की अवतारणा करते हैं। 'श्रीदेव्युवाच' इत्यादि से स्वच्छन्दतन्त्र का वचन है—

गुरुशिष्यपदे स्थित्वा स्वयमेव सदाशिवः।
प्रश्नोत्तरपरैर्वाक्यैस्तन्त्रं समवतारयत्॥

कल्पसूत्र में भी कहा है—'**भगवान् परमशिवभट्टारकः श्रुत्याद्यष्टादश विद्याः सर्वाणि दर्शनानि लीलया तत्तदवस्थापन्नः प्रणीय संविन्मय्या भगवत्या भैरव्या स्वात्माभिन्नया पृष्टः पञ्चभिर्मुखैः पञ्चाम्नायान् प्रणिनाय**'। अतः एक ही तत्त्व दो रूपों से प्रश्नोत्तरों के द्वारा शास्त्रों की सृष्टि करता है, यह ज्ञात हुआ।

अनद्यतन भूतकाल का प्रयोग विषय की चिरन्तन स्थिति का सूचक है। इन्द्रियगोचर न होने से परोक्षकाल का प्रयोग है। इसके आगे तेरह श्लोकों में देवीकृत तन्त्रविषयक प्रश्न हैं—

भगवन् सर्वमन्त्राश्च भवता मे प्रकाशिताः।
चतुःषष्टिश्च तन्त्राणि मातृणामुत्तमानि च॥

इत्यादि श्लोकों से आरम्भ है। 'महामायाशम्बरं च' इत्यादि उनके नामों की गणना साढ़े आठ श्लोकों से की है।

एवमेतानि शास्त्राणि तथाऽन्यान्यपि कोटिशः।
भवतोक्तानि मे देव सर्वज्ञानमयानि च॥

ये महामाया से विशुद्धेश्वर तक चतुःषष्टितन्त्र परिगणित हैं। शास्त्राणि का अर्थ है— ये वेद रूप हैं; क्योंकि तन्त्रों को उपनिषदों का शेषभाग माना है। 'शासनात् शास्त्रम्' इस व्युत्पत्ति के अनुसार प्रवर्तना या निवर्तना में से कोई भी

शासन शास्त्र है। इसे शब्द-भावना कहते हैं और ये भगवती के आज्ञास्वरूप हैं। शास्त्र का लक्षण भी है–

प्रवृत्तिर्वा निवृत्तिर्वा नित्येन कृतकेन वा।
पुंसां येनोपदिश्येत तच्छास्त्रमभिधीयते॥

अतः मुख्यरूप से वेद ही शास्त्रपद से वाच्य है। महर्षिव्यास का प्रयोग भी है–"**शास्त्रयोनित्वात्**', '**शास्त्रदृष्ट्या तूपदेशो वामदेववत्**' इत्यादि। वेद के अंग होने से व्याकरणादि विद्याओं को भी शास्त्र कहा जाता है। तन्त्र तो प्रत्यक्ष ही वेदतुल्य हैं, अतः उनको शास्त्र कहने में कोई विवाद नहीं है और वैदिक होने से उनके प्रामाण्य में भी कोई वैमत्य नहीं है। भगवान् परशुराम ने भी कहा है– '**पञ्चाम्नायान् परमार्थसाररूपान् प्रणिनाय**'।

इस स्थिति में सौन्दर्यलहरी की लक्ष्मीधर की व्याख्या में जो कहा है कि ये तन्त्र अवैदिक हैं, यह बात भ्रान्तिपूर्ण और अश्रद्धेय है; परन्तु अन्य तन्त्रों में जहाँ कौलाचार की निन्दा की गई है, वह केवल निन्दा न होकर निन्दान्याय से तत्तत् तन्त्रों के स्तुतिपरक वाक्य हैं; क्योंकि कौलप्रकरण में कुछ वचन ऐसे मिलते हैं।

पशुशास्त्राणि सर्वाणि मयैव कथितानि हि।
मूर्त्यन्तरं तु सम्प्राप्य मोहनाय दुरात्मनाम्॥
महापापवशान्नृणां तेषु वाञ्छाऽभिजायते।
तेषां हि सद्गतिर्नास्ति कल्पकोटिशतैरपि॥

ये वचन अनधिकारियों को निवृत्त करने के लिये हैं। वस्तुस्थिति यह है कि कौलोपासना अन्तिम भूमिका है और उसके अधिकारी दुर्लभ होते हैं। अतः अपना अधिकार न समझ कर उसमें प्रवृत्त होने वाले अवश्य ही विरुद्धाचरण करते हैं। अतः पूर्वोक्त निन्दा शिव ने स्वयं की है। अधिकार कुछ हो जाने पर भी अतिरहस्य में प्रवृत्ति न हो, इस कारण से भी निन्दा-वाक्य की उपपत्ति लगती है। इसीलिये 'कुलार्णव' का कथन है–

कुलमार्गरतो देवि न मया निन्दितः क्वचित्।
आचाररहिता येऽत्र निन्दितास्ते न चेतरे॥

अन्यत्र भी कहा है–

कुलधर्ममिमं ज्ञात्वा मुच्येयुः सर्वमानवाः।
इति मत्वा कुलेशानि मया लोके विगर्हितम्॥

कौलज्ञान-प्राप्ति की भूमिका का क्रम निम्नांकित है–

पुराकृततपोदानयज्ञतीर्थजपव्रतैः।
शुद्धचित्तस्य शान्तस्य धर्मिणो गुरुसेविनः।
अतिगुप्तस्य भक्तस्य कौलज्ञानं प्रकाशते॥

इन वचनों का विचार करने से गौरीकान्त, लक्ष्मण आदि टीकाकारों का कुलमार्ग को अप्रमाण कहना सर्वथा अज्ञानमूलक है, यह बात जाननी चाहिये। भगवान् शिव का वचन है–

कुलधर्मं हि मोहेन योऽन्यधर्मेण दुर्मतिः।
सकृत् साधारणं ब्रूयात् सोऽन्त्यजो नान्त्यजोऽन्त्यजः॥

इसी प्रकार के अन्य वचन कुलार्णव, दक्षिणामूर्तिसंहिता, सनत्कुमारसंहिता, परानन्दतन्त्र आदि में उल्लिखित हैं। 'सर्वज्ञानमयानि' इसका तात्पर्य है सर्वज्ञत्व का दान ही जिनका प्रधान कार्य है, अर्थात् अधिकारिभेद से चतुर्विध पुरुषार्थ देने में ये शास्त्र समर्थ हैं। इसके आगे इस तन्त्र का नाम नित्याषोडशिकार्णव है। अतः नित्याओं के विषय में देवी का प्रश्न आरम्भ होता है–

नित्याः षोडश देवेश ! सूचिता न प्रकाशिताः।
इदानीं श्रोतुमिच्छामि तासां नामानि शङ्कर॥

इत्यादि प्रश्नों से प्रारम्भ होने पर '**श्री भैरव उवाच**' इससे शिव का उत्तर प्रारम्भ होता है–

शृणु देवि महाज्ञानं नित्याषोडशिकार्णवम्।
न कस्यचिन्मयाऽऽख्यातं सर्वतन्त्रेषु गोपितम्॥
'तत्राऽऽदौ प्रथमा नित्या महात्रिपुरसुन्दरी'। इत्यादि।

श्रीपरमशिव से अभिन्न शक्ति ही 'नित्या' शब्द से उक्त है। उसके पन्द्रह किरण उसी के समान आकार वाले परन्तु कामेश्वरांक स्थिति को छोड़कर हैं। इतर रूप में समानता है। इससे कामेश्वर के अंक में स्थित त्रिपुरसुन्दरी 'महानित्या' कही जाती है। अन्य शक्तियां केवल 'नित्या' शब्द से वाच्य हैं। यह बात तन्त्रराज, संकेतपद्धति आदि ग्रन्थों में भी कही है। संकेतपद्धति के अनुसार–

एक एव प्रकाशाख्यः परः कोऽपि महेश्वरः।
तस्य शक्तिर्विमर्शाख्या सा नित्या गीयते बुधैः॥
विमर्शाख्या तु नित्या सा पाञ्चविध्यं समागता।
आकाशानिलसप्तार्चिःसलिलावनिभेदतः।
एकैकगुणवृद्ध्या तु तिथिसंख्यात्वमागता॥

इससे एक-एक गुण बढ़ाने से पन्द्रह संख्या मानी गई है। जैसे–आकाश में एक गुण, वायु में दो, तेजस् में तीन, जल में चार, पृथिवी में पाँच, इस प्रकार पन्द्रह भेद हुए। सुभगोदय में भी लिखा है–

दर्शाद्याः पूर्णिमान्ताश्च कलाः पञ्चदशैव तु।
षोडशी तु कला ज्ञेया सच्चिदानन्दरूपिणी॥

'दर्शा' शब्द से शुक्लपक्ष की प्रतिपदा की रात्रि कही जाती है इत्यादि विषय विश्वरूपा' नाम के प्रसंग में 'सौभाग्यभास्कर' की विवेचना में स्पष्ट किया गया है। इन्हीं नित्याओं के विषय में शिव के उत्तर हैं—**'तत्रादौ प्रथमा नित्या महात्रिपुरसुन्दरी'** इत्यादि।

इसके आगे सुन्दरीतापिनी उपनिषद् के द्वितीयोपनिषद् के **'श्रीचक्रं व्याख्यास्यामः'** से लेकर **'चक्रं व्याख्यातम्'** यहाँ तक कण्डिका के निर्देशानुसार प्रस्तुत तन्त्र के **शक्त्याशक्तिं विनिर्भिद्य'** इत्यादि से लेकर **'चतुर्द्वारोपशोभितम्'** यहाँ तक के श्लोकों से आचार्य ने श्रीचक्रलेखन-पद्धति का सविस्तर विवेचन किया है, जो रेखागणित के सिद्धान्तों और पारिभाषिक संकेतों से समझाया गया है। श्रीचक्र के विषय में निम्नांकित श्लोक प्रसिद्ध है—

बिन्दुत्रिकोणवसुकोणदशारयुग्म-
मन्वस्रनागदलसंयुतषोडशारम्।
वृत्तत्रयं च धरणीसदनत्रयं च
श्रीचक्रराजमुदितं परदेवतायाः॥

त्रिपुरोपनिषद् की व्याख्या में श्रीचक्र के विषय में पर्याप्त प्रकाश डाला गया है। यहाँ का विषय विस्तृत तथा दुरूह होने से संक्षेप में ही परिचय दिया जा रहा है। श्रीचक्र में तीन भाग हैं—बिन्दु, त्रिकोण, अष्टकोण—एक, दशारद्वय तथा चतुर्दशार—दो, अष्टदल, षोडशदल और भूपुर—तीन। ऊर्ध्वमुख चार शिव त्रिकोण एवं अधोमुख पाँच त्रिकोणों से शिव-शक्त्यात्मक यन्त्र बनता है। वचन भी है—

चतुर्भिः शिवचक्रैश्च शक्तिचक्रैश्च पञ्चभिः।
शिवशक्त्यात्मकं ज्ञेयं श्रीचक्रं शिवयोर्वपुः॥

तन्त्रभेद से श्रीचक्र-लेखन के अनेक प्रकार हैं; परन्तु अन्ततः रूप की निष्पत्ति एक ही है। आचार्य ने विविध ग्रन्थों के उद्धरण यथास्थान से लिये हैं; परन्तु तापिनीयोपनिषद् और परशुराम-कल्पसूत्र को ही प्रधान माना है। इन नव चक्रों के नाम भी क्रमशः सर्वानन्दमय, सर्वसिद्धिप्रद, सर्वरोगहर, सर्वरक्षाकर, सर्वार्थ-साधक, सर्वसौभाग्यदायक, सर्वसंक्षोभण, सर्वाशापरिपूरक, त्रैलोक्यमोहन, ये बिन्दु से लेकर भूपुर तक के हैं। ऊपर निर्दिष्ट श्रीचक्र के अवान्तर तीन विभागों में बिन्दु, त्रिकोण, वसुकोणात्मक चक्रत्रय को संहार-चक्र कहते हैं। दो दशार और चतुर्दशार को स्थिति-चक्र कहा है। अष्टदल और षोडशदल तथा भूपुर ये चक्र सृष्टि-चक्र हैं। इसमें भी सूक्ष्म रीति से सृष्टि आदि का चक्र घूमता रहता है, जैसे—भूगृह सृष्टि-सृष्टि है, षोडशार सृष्टि-स्थिति है, अष्टार सृष्टि-संहार है, मन्वस्र स्थिति-सृष्टि है, बहिर्दशार स्थित-स्थिति है, अन्तर्दशार स्थिति-संहार है, वसुकोण संहार-सृष्टि है, त्र्यस्र संहार-स्थिति है, बिन्दु संहार-संहार है।

अन्य तन्त्रों में बिन्दु आदि चक्र के तीन-तीन भागों को सोम- सूर्य- अनलात्मक कहा है। यह भी प्रस्तुत ग्रन्थ मे भी '**तृतीयं तु हुताशनः**' इत्यादि वाक्यों से सम्मत हो रहा है। चक्रों की विविध संज्ञायें वासनात्मक (भावनात्मक) अनुसन्धान में उपयोगी हैं। इसके आगे चक्रराज की महाप्रभावता की सूचना देने के लिए अनेक श्लोक हैं, जिनका आरम्भ इस प्रकार है–'**एवमेतन्महाचक्रे महाश्रीत्रिपुरामयम्**' से लेकर '**न शक्यते महादेवि ! कल्पकोटिशतैरपि**' इत्यादि(श्लोक ४८ से श्लोक ६४ तक)। चक्रराज के अर्चन से पूर्वोक्त फलों की भावना करनी चाहिए, इस रूप का विधि सिद्ध होता है। यदि यह कहें कि भाव्य तो अनेक हैं, तब वाक्यभेद का दोष होगा ? उसका उत्तर यह है, '**सर्वकार्यार्थसाधकम्**' इस एक पद से सम्पूर्ण फलों को ही कहा है। यहाँ पर '**सर्वेभ्यः कामेभ्यो ज्योतिष्टोमः**' इस वाक्य के सर्व पद का विवरण करते हुए '**एकस्मै वा अन्ये यज्ञक्रतवः कामायाऽऽह्रियन्ते**' इस वाक्यशेष से मीमांसकों ने वाक्य- भेद का परिहार किया है, वैसे ही पूर्वोक्त स्थल पर मानना चाहिये। इसके आगे श्रीचक्र-लेखन की दूसरी पद्धति भी समझाई गई है, जो विस्तारभय से हम छोड़ रहे हैं।

चक्रोद्धार के बाद पूजाविधि-निरूपण से पहले मन्त्रोद्धार बताना आवश्यक है। अतः चौवालीस श्लोकों द्वारा उसी का विस्तार किया है।

संस्थिताऽत्र महाचक्रे महात्रिपुरसुन्दरी।
शृणु देवि यथा साऽत्र पूज्यते साधकोत्तमैः॥

बाणलिङ्ग आदि में सर्वदा शिव-तेज रहता है, पार्थिवलिङ्ग में केवल पूजा-काल तक ही रहता है; परन्तु श्रीचक्र में तो दोनों स्थितियों में सार्वकालिक स्थिति है। इसीलिये पूर्वोक्त श्लोक में दो बार 'अत्र' शब्द का प्रयोग हुआ है। लेखन उपलक्षण है, अतः सुवर्ण-स्फटिक आदि में निर्मित भी चक्रपूजा के लिये ग्राह्य है, यह बात कल्पसूत्र आदि की एकवाक्यता से भी मान्य है।

इसके आगे 'वशिनी' आदि सप्तम चक्र की देवताओं का मन्त्रोद्धार वर्णित है। "**वर्गानुक्रमयोगेन देवताष्टकसंयुता**" (श्लोक ८३) इत्यादि। यद्यपि वशिनी आदि अंग-विद्याओं की भी फलश्रुति पठित है। '**अङ्गेषु फलश्रुतिरर्थवादः**' यह न्याय है इससे फलश्रुति नहीं होनी चाहिये; किन्तु उपासनाशास्त्र में तत्तद् अङ्गदेवताओं की ही प्रधानता होने पर फलप्राप्ति होती है, यह बात मानी गई है। आगम का वचन है–

एकत्र तत्पराणां च मन्त्राणां शेषशेषिता।
यद्यपि स्यात्तथाऽप्येते मन्त्राः स्युः सर्वसिद्धिदाः॥

'मन्त्रदेवताप्रकाश'कार का मत है कि मासाग्निहोत्र आदि का कौण्डपायियों के अयन के प्रति अंगता होने पर भी स्वतन्त्र अनुष्ठान में प्राधान्य न्यायसिद्ध मानना

ही चाहिये। वाग्देवताष्टक के यन्त्रोद्धार के बाद प्रधान विद्या की अंगभूत त्रैलोक्य-मोहन आदि नव चक्र की अधिष्ठात्री नवचक्रेश्वरी देवियों के मन्त्रों का उद्धार-प्रकार दिया गया है। ये आठ चक्रेश्वरी विद्यायें प्रत्येक तीन बीजों से बनी हैं। नवम चक्रेश्वरी तो मूलविद्या ही है। यद्यपि इन आठ त्र्यक्षरी विद्याओं का स्वरूप प्रत्येक भिन्न है, तो भी इनके तीनों बीजों को क्रमशः वाग्भव, कामराज और शक्तिबीज यही संज्ञा दी गई है। देवीभागवत तथा ज्ञानार्णव में भी ऐसा ही संकेत लिखा है—

वाग्भवं कामराजं च मायाबीजं तृतीयकम्।
चित्ते यस्य भवेत्तं तु न कश्चिद् बाधितुं क्षमः॥ इत्यादि।

नव चक्रेश्वरी विद्याओं के उद्धार-प्रसंग में भी विभिन्न ग्रन्थों से उद्धरण एवं समीक्षा की गई है। जैसे—

करशुद्ध्यादिविद्यानामेकैकं परमेश्वरि।
रुद्रयामलतन्त्रे तु कर्म प्रोक्तं मया पुरा॥ इत्यादि।

इस प्रकार क्रमशः नव चक्रेश्वरी विद्याओं की विभिन्न कर्मों में आवश्यकता प्रदर्शित कर मन्त्रोद्धार विधि दिखाया है। इसके आगे मूलविद्या का सन्दर्भ निम्नांकित उक्ति से प्रारम्भ किया है—

एवमेता महाविद्या देवि सर्वार्थसिद्धिदाः।
महात्रिपुरसुन्दर्या मूलविद्यां शृणु प्रिये॥

प्रधान विद्या के सम्बन्ध में कुछ विचार किया गया है। प्रधान विद्या भी तन्त्रभेद से तथा श्रुतियों में तथा मनु-चन्द्र आदि द्वादश उपासकों के भेद से अनेक प्रकार की है। उनमें परस्पर अंगांगिभाव नहीं है, न तो इसका कोई प्रमाण है। न तो उनमें कोई परस्पर में उत्कर्ष या अपकर्ष है और न तो तत्त्वतः भेद ही है। शब्दान्तर होने से भी भेद नहीं है; क्योंकि 'विदि' धातु तो एक ही है। न तो अभ्यास से (पुनरावृत्ति से) भेद कहना सम्भव है। 'तत्त्वमसि' इस वाक्य का नौ बार अभ्यास करने पर भी ब्रह्मविद्या की एकरूपता बनी रहती है। मनु आदि से उपासित होने से गुणान्तर विधान से जो पुनः श्रुति है, वह अन्यपरक (मन्त्रविशेषपरक) है। उदाहरण के लिये 'अपः प्रणयति' इत्यादि वाक्य को अर्थवाद के भेद के लिये छः बार सुनने पर भी 'प्रणयन' का भेद नहीं होता। न तो संख्या से भेद होगा। द्वादश महाविद्या इस संख्याबोधक वाक्य से उपासकनिष्ठ संख्या और उपास्य का सम्बन्ध इतना ही ज्ञात होता है और वास्तविक संख्या करना असम्भव है। तन्त्र-आगम आदि भेद से श्रीविद्या के अनन्तभेद उपवर्णित हैं।

ब्रह्मा, विष्णु, महेश्वर तीन हैं, यह कहने से सृष्ट्यादि कृत्यनिष्ठ संख्या से ही संख्यावान् का बोध होता है और उनका वास्तविक अभेद विघटित नहीं होता। न तो मनु, चन्द्र आदि संख्याओं का भेद मान्य होगा। वह संख्या तो केवल उपासकगत है। किसी तन्त्र में हादिविद्या पञ्चदशी की 'लोपामुद्रा' संज्ञा है, अन्य तन्त्र में कादिविद्या की सप्तदशाक्षरी को 'लोपामुद्रा' कहा है। इस प्रकार व्यवस्था करनी सम्भव नहीं है। कहीं पर एक ही विद्या को 'अगस्त्य' और 'लोपामुद्रा' शब्द से सम्बोधित किया गया है। न तो गुण मानने से भेद होगा। परस्पर से अनन्वयी गुण नहीं देखे गए। जो तन्त्रभेद से अंगों के भेद हैं, वे स्वयं भेदक नहीं हो सकते।

'अग्निहोत्र' आदि कर्मों का शाखाभेद से कर्मगत वैलक्षण्य देखने पर भी मूलतः अभेद शाखान्तराधिकरण सिद्धान्त से सिद्ध ही है। कहा भी है–'**सर्वशाखाप्रत्ययमेकं कर्म**'। उत्तरमीमांसा में भी '**सर्ववेदान्तप्रत्ययं चोदनाद्यविशेषात्**' इस अधिकरण में उपनिषदों के भेद से प्रतिपादित दहर आदि विद्याओं की अंगभेद से विलक्षणता होने पर भी अभिन्नरूपता ही मानी गई है। इसीलिये परस्पर गुणोपसंहार मानना भी ठीक है। इसके आगे और भी शंका की गई है कि ये विद्याएँ मानसक्रिया-विशेष रूप हैं। उनकी अधिकरण न्याय से समान-जातीयता तो हो सकती है; किन्तु प्रस्तुत रूप में मन्त्रात्मक अवयवी द्रव्य रूप ये विद्याएँ अपने-अपने अवयवात्मक अक्षरों के भेद से तो भिन्न ही हैं, अतः एकरूपता कैसे हो ? इसका उत्तर देते हुए आचार्य ने कहा है कि सभी विद्याओं की उत्पत्ति मेरुमन्त्र से हुई है। अतः अवयवों का भेद भी नहीं है। मेरुमन्त्र नव अक्षरों से बना है तथा समस्त पञ्चदशाक्षरी विद्याओं में वे ही वर्ण लिये गये हैं। अतः मूलतः सभी विद्याओं का अभेद मानना उचित है। ज्ञानार्णव में मेरुमन्त्र का संकेत निम्नांकित है–

भूमिश्चन्द्रः शिवो माया शक्तिः कृष्णाध्वमादनौ।
अर्धचन्द्रश्च बिन्दुश्च नवार्णो मेरुरुच्यते॥

कहीं पर थोड़ा अवयव-भेद होने पर परिमाण में भेद मालूम होता है; किन्तु उससे द्रव्य का भेद नहीं होता। जो मैं बाल्यकाल में माता-पिता को देखता था, वही मैं इस समय पोते-परपोते को देख रहा हूँ, इस प्रत्यभिज्ञा के अनुसार वस्तु की एकता सिद्ध होती है।

शिव, विष्णु आदि शरीर का भेद होने पर भी (द्रव्यभेद रहते हुए भी) उन दोनों का अभेद ही माना जाता है। '**युञ्जन्ति हरी इषिरस्य**' इस ऋचा का ऋग्वेद और सामवेद में पाठभेद रहते हुए निदानसूत्रादि के अनुसार ऐक्य है, यह बात आचार्य ने वृत्तचन्द्रोदय में लिखी है। अतः विरुद्धधर्माधिकरणता भी तात्त्विक अभेद में बाधक नहीं है। व्यावहारिक भेद मानकर 'इन्द्रार्जुनौ' की तरह समाधान मानना चाहिये।

इससे एक विद्या की उपासना में अन्य तीन विद्याओं की अंगपूजा में विनियोग देखकर तारतम्य करना असंगत है। एक ही विद्या की स्थानभेद से पूजा देखी जाती है, परन्तु उसकी अभिन्नता बनी रहती है। इसी बात को स्पष्ट करते हुए कल्पसूत्रकार ने कहा है–

'कामेश्वर्यादिचतुर्थी, नित्यानां षोडशी, योगिनीचक्रदेवीनां नवमी, बिन्दुचक्रस्था चेत्येकैव न तत्र मन्त्रदेवताभेदः कार्यः, तन्महादेव्या एव चतुर्षु स्थलेषु विशेषार्चनमावर्तते'।

'हादिविद्या निष्कीला है और कादिविद्या सकीला है' इत्यादि कथन से हादि को श्रेष्ठ कहना भी पक्षपात मात्र है। निष्कीलन मन्त्र का हादिविद्या के प्रसंग में पाठ होने पर भी **गुणोपसंहारन्याय** से सभी विद्याओं में उसका सम्बन्ध है। **'श्रीविद्यैव तु मन्त्राणां तत्र कादिर्यथापरा'** इत्यादि वचन सहस्रनामोत्कीर्तन का विधिशेष है। अतः सहस्रनाम पाठ प्रशस्तिपरक है, उसका स्वार्थ में तात्पर्य नहीं है। जैसे **'विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः'** इत्यादि अन्य तात्पर्य वाले मन्त्र से इन्द्र की सर्वोत्तमता नहीं की गई है। 'कादि ही उत्तम है हादि नहीं, इत्यादि वचन जो प्रकरणविशेष में आये हैं, उनका भी **'नहि निन्दान्यायेन विधेयस्तावकत्वं'** कहकर उत्कर्ष नहीं सिद्ध होगा।

इससे **'विद्याद्वयमिदं भद्रे दुर्लभं भुवनत्रये'** इन ज्ञानार्णवादि वचनों से दोनों कादि-हादि विद्याओं की श्रेष्ठता सिद्ध है। उन दोनों में भी 'कामराजोपासिता कादिविद्या ही श्रेष्ठ है' इत्यादि कथन भक्तिपरता-द्योतक है, निषेधक नहीं है, तो भी त्रिपुरोपनिषद् आदि में अन्य विद्याओं की प्रकृतिभूत होने के कारण कादिविद्या का ही प्रथम उद्धार दिखाया है, दोनों विद्याओं की प्रतिपादक महोपनिषद् में प्रथम कादि का ही उद्धार है और **'चत्वार ईं बिभ्रति क्षेमयन्तः'** इत्यादि मन्त्र में कादि का ही उद्धार है। इस प्रकार के बहुविध श्रुतिवचनों के कारण और इस ग्रन्थ के प्रारम्भ में **'तामीकाराक्षरोद्धारां सारात्सारां परात्पराम्'** इत्यादि उपक्रम होने से तन्त्रोपदेष्टा इसी विद्या का 'मादनं तदधः शक्तिस्तदधो बिन्दुमालिनी' इत्यादि क्रम से उद्धार करते हैं। इस पूर्व सन्दर्भ में कादिविद्या के प्राधान्य और विवरण-योग्यता पर आचार्य ने विचार किया है। मन्त्रोद्धार के प्रकरण में प्रथमतः त्रिपुरातापिनी तथा अन्य वेदमन्त्रों को प्रथमता देकर तदनुसार प्रस्तुत तन्त्र की व्याख्या दी गई है। अतः दोनों धाराओं का समन्वय आचार्य करते हैं।

इस प्रकरण में आचार्य ने ऋजुविमर्शिनीकार की तीव्र आलोचना की है; क्योंकि उन्होंने केवल हादि पक्ष में ही योजना लिखी है। सौभाग्यरत्नाकर ने कादि पक्ष के बाद हादि पक्ष में भी सम्भावना मानी है। इस पर आचार्य कटाक्ष करते हुए लिखते हैं–'तस्मान्महतामपि वाक्यमिदं स्वोपास्यविद्या पक्षपातमूलकतया लोभमूलस्मृतिवदप्रमाणमेवेत्यवधयेम्'। इस मूल विद्या का निरूपण समाप्त होने पर आगे उपसंहार-वाक्य है–

एवमेषा महाविद्या महात्रिपुरसुन्दरी।
संस्मृतैव महेशानि त्रैलोक्यवशकारिणी॥

यहाँ पर महात्रिपुरसुन्दरी से अधिष्ठित श्रीविद्या का उससे अभेदपूर्वक निर्देश मन्त्र देवता का सूक्ष्म रूप है, यह सूचित करने के लिये है। त्रैलोक्य का वश में रहना परशिव का धर्म है। अतः परशिव-भाव की प्राप्ति ही इस विद्या का फल है, यह सूचित हुआ।

आचार्य यहाँ पर लिखते हैं–'**सर्वेभ्यः कामेभ्यो दर्शपौर्णमासौ**' इत्यादि स्थल मे करण और भाव्य के कीर्तन से भावना की तरह ही प्रस्तुत प्रकरण में भी उसका अनुसरण कर '**श्रीविद्याजपेन परशिवभावादिकं भावयेत्**' यह अर्थ निष्पन्न होता है। यहाँ पर फलसंयोग से जप की प्रधानता सिद्ध होने पर फलवदफलन्याय से वशिन्यादि मन्त्रों की श्रीविद्या में अंगता सिद्ध होती है।

इससे इसके आगे पठित '**अर्चिताः पुरुषस्याऽऽशु प्रकुर्वन्ति वशं जगत्**' इत्यादि फलबोधक वाक्यों की आमनहोम के अर्थवाद के समान प्राशस्त्यमात्रबोधकता है, फलविधि नहीं है। इसमें सन्देह का कोई कारण नहीं है; क्योंकि–

शृणु देवि महानित्यामादौ त्रिपुरसुन्दरीम्।
त्वमेव तासां रूपेण क्रीडसे विश्वमोहिनि॥

इत्यादि बारम्बार परामर्श देखने से प्रधान रूप से त्रिपुरसुन्दरी के उपासना-विधान में ही तात्पर्य सिद्ध होता है।

यह उपासना मानसी क्रिया विशेष रूप है। '**जीवमुख्यप्राणलिङ्गान्नेति चेन्नोपासात्रैविध्यादाश्रितत्वादिह तद्योगात्**' इत्यादि ब्रह्मसूत्रों में वैसी ही व्याख्या की गई है। देवताविषयक अनुराग ही उपासना है, ऐसा भी किसी का मत है; परन्तु वह ठीक नहीं है क्योंकि; 'भक्तिमानुपासीत' इत्यादि विधि में भक्ति से उपासना का पृथक् निर्देश किया है। अनुराग ही तो भक्तिपद से वाच्य है। '**अथातो भक्तिजिज्ञासा**', '**सा पराऽनुरक्तिरीश्वरे**' यह शाण्डिल्य का सूत्र है। अतः अँनुराग से भिन्न क्रिया ही उपासना है। वह दो प्रकार की है–उपास्य की मन्त्रजपात्मिका तथा यन्त्रपूजारूपा। '**जप मानसे च**' इस धातुपाठ से जप को मानसक्रियाविशेष रूप ही माना है। पूजा भी ध्यानादि के कारण वैसी ही है। उपचार समर्पण करते हुए भी '**न मम**' इस प्रकार के मानस संकल्प की स्थिति रहती है। अतः त्रिपुरसुन्दरीयन्त्र-पूजा के विषय में सत्रह श्लोकों से फलराशि पहले कही जा चुकी है, तब बीच में फलवदफलन्याय से सन्देह उत्पन्न करना व्यर्थ है। यदि यह कहें कि जप भी पूजा का अंग ही हैं, तो–

जप्येनैव तु संसिद्ध्येद् ब्राह्मणो नात्र संशयः।
कुर्यादन्यन्न वा कुर्यान्मैत्रो ब्राह्मण उच्यते॥

इस मनुस्मृति के वचनानुसार सिद्धि की करणता केवल जप में ही आ जाती है और भी **'चक्रराजार्चनं देव्या जपो नाम्नां च कीर्तनम्'** इत्यादि वचन और **'यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि'** इत्यादि तथा **'जपाच्छ्रान्तः पुनर्ध्यायद् ध्यानाच्छ्रान्तः पुनर्जपेत्'** इत्यादि प्रधानप्राय पाठ से उपांशु-याग की तरह जप की ही प्रधानता सिद्ध होती है। इससे उत्तरतन्त्र में **'चक्रपूजां विधायेत्थं जपं कुर्यात् समाहितः'** इस वचन में कालार्थक ही संयोग है। दर्श-सोम की तरह दोनों की कृतार्थता मान्य होगी। अन्य स्थल में स्वतन्त्र जप की भी पूजा में करणता होने से अंगता 'वचनादिवत्' होगी। सांप्रदायिकों की यही व्याख्या है। इसका सम्बन्ध उत्तरपटल से सूचित होगा।

इस प्रकार १२५ श्लोकों से चक्रोद्धार, मन्त्रोद्धार आदि का निरूपण करने के बाद आगे इस प्रथम पटल की समाप्तिपर्यन्त ७९ श्लोकों से चक्रपूजा का प्रकार बता रहे हैं—**'एतयैतस्य चक्रस्य'** इत्यादि से आरम्भ कर **'क्षमस्वेति विसर्जयेत्'** यहाँ तक। 'महादेवी' के अर्चन में ही इस विधान का उपयोग है, अन्य देवता के लिये नहीं है। इसके आगे साधक के कर्त्तव्य-वेषादि की विधि का प्रदर्शन किया है—

> **"कुङ्कुमारुणदेहस्तु रक्तवस्त्रादिसंयुतः।**
> **ताम्बूलपूरितमुखः ....इत्यादि।**
> **मनः संकल्परक्तो वा ....इत्यादि।**

इसके आगे चक्रलेखन और अर्घ्यपात्रासादन का विधान प्रस्तुत किया गया है, जिसमें विभिन्न ग्रन्थों के वाक्यों का विरोध और समन्वय भी सिद्ध किया है। ज्ञानार्णव, दक्षिणामूर्तिसंहिता, ललितार्चनचन्द्रिका आदि निबन्धों से पर्याप्त ऊहापोह किया गया है।

इसके आगे सगुण-ध्यानविशेष विस्तार के साथ वर्णित है, उसका मूल भी आचार्य की दृष्टि में श्रुति (त्रिपुरातापिनी) ही है—**"सर्वलक्ष्मीमयीं सर्वलक्षणसंपन्नाम्"** इत्यादि वाक्यों का उपवृंहण ही यहाँ विस्तार से किया है। **'तत पद्मनिभां देवीं बालार्ककिरणारुणाम्'** से लेकर **'सर्वलक्ष्मीमयीं नित्यां परमानन्दनन्दिताम्'** यहाँ तक बाईस श्लोकों में ध्यान उपवर्णित है।

इसके आगे त्रिखण्डा-मुद्रा से आवाहन का प्रकार बताया है। आवाहन के विषयों में अन्य टीकाकारों की व्याख्या देने के बाद आचार्य ने उसका आशय इस तरह स्पष्ट किया है—सर्वत्र व्याप्त परशिव की दीप्ति को अपनी बुद्धि के अनुसार परिच्छिन्न बनाना आवाहन शब्द का अर्थ मानने पर मूर्ति की कल्पना करना आवाहन पदार्थ का अवयव नहीं हो सकता।

अतः त्रिखण्डा-मुद्रा में अन्तरंग के तेज को "नमोऽन्त" आवाहन विद्या से लाकर पुष्पों के साथ बिन्दु में निक्षेप कर उसके बाद ध्यान-श्लोक के अनुसार मूर्ति की कल्पना कर पूजन करना चाहिये, यही मूल ग्रन्थ का आशय है। **"ततः पूजां**

समारभेत्" का अर्थ है–पाँच, दस, षोडश या चतुःषष्टि उपचारों से पूजन करना। पूजा के मन्त्रों में द्वितारी (माया-लक्ष्मी) इस तन्त्र के अनुसार योजनीय है। कल्पसूत्र में त्रितारी (वाक्-माया-कमला) का विनियोग निर्दिष्ट है।

त्रिपुरा, त्रिपुरेशी, त्रिपुरसुन्दरी, त्रिपुरवासिनी, त्रिपुराश्री, त्रिपुरमालिनी, त्रिपुरासिद्धा, त्रिपुराम्बा और महात्रिपुरसुन्दरी-ये नव चक्रों की अधिष्ठात्री नव देवियाँ हैं। इनको और प्रत्येक आवरण की देवियों को लेकर समष्टि मन्त्र में प्रकटा आदि नाम नवचक्रों के निर्दिष्ट हैं। "समस्त-प्रकट-गुप्त-गुप्ततर-सम्प्रदाय–कुलोत्तीर्ण-निगर्भ-रहस्य-अतिरहस्य-परापररहस्ययोगिनी" शब्दों से नवचक्रों का समष्टि-मन्त्र बनता है। त्रिपुरा आदि के आगे चक्रेश्वरी, प्रकटा आदि के आगे योगिनी और अणिमादि के आगे सिद्धि, कामाकर्षणी आदि के आगे कला पद की योजना सम्प्रदाय तथा ज्ञापक से सिद्ध है। त्रिपुरातापिनी में सूचित "**प्रथमं चक्रं त्रैलोक्यमोहनं भवति**" इत्यादि क्रम को ही तन्त्र में लिया है और संहार-क्रम से पूजा (भूपुर से बिन्दु तक) प्रदर्शित की है। इसके आगे पूजन में दिशा के सम्बन्ध में मत-मतान्तरों का विचार करने के बाद आचार्य ने कुलार्णव के अनुसार दिशा की कल्पना को प्रमाण माना है। "**सर्वस्यामपि त्रिपुरसुन्दरीपूजायां पूज्यपूजकयोर्मध्यं प्रतिचीतिनियमः: पर्यवसन्नः**"। प्रथम आवरण में अणिमा, महिमा आदि शब्द "टाप्" प्रत्ययान्त हैं, इमनिच् नहीं है। "सिद्धि" पद के साथ समास करने पर भी पुंवद्भाव नहीं होगा, यह सम्प्रदाय है। इसी तरह ईशित्वा, वशित्वा आदि शब्द भी टापन्त ही हैं। इसके आगे आवरण-देवताओं के पूजन के विषय में विविध तन्त्रों के वचनों का ऊहापोह किया है।

पूजा-विधि के प्रसंग में तर्पण और पूजन दोनों की प्राप्ति का विचार कर विभिन्न पद्धतिकारों ने प्रयोगभेद दिखाया है; परन्तु आचार्य ने कल्पसूत्र का उद्धरण देकर तर्पण और पूजन का साहित्य ही प्रमाणित किया है; क्योंकि प्रकृतिभूत महागणपति-पद्धति में आवरणार्चन के समय वहाँ लिखा है–"सर्वत्र देवतानामसु श्रीपूर्वं पादुकामुच्चार्य पूजयामीत्यष्टाक्षरं योजयेत्"। अतः सभी पूजन-विधियों में "श्रीपादुकां पूजयामि" यही अष्टाक्षर मन्त्र पूजन और तर्पण का बोधक है। वामहस्त की तत्त्वमुद्रा से तर्पण एवं दक्षिण हस्त की ज्ञानमुद्रा से पूजन का विधान है। प्रथमावरण में भूपुर की तीन रेखायें प्रचलित हैं, कहीं पर दो रेखायें ही हैं, कहींपरएकरेखा भी हो सकती, है ऐसी स्थिति में सम्प्रदायानुसार ही पूजा-विधि माननी चाहिये।

इसके आगे द्वितीयावरण में षोडशदल-कमल में कामाकर्षणी आदि षोडश देवता पूजनीय हैं–

"**षोडशारे महादेवि वामावर्तेन पूजयेत्**"।

इस अन्तिम उक्ति का रत्नावली-टीकाकार 'वाम मार्ग से पूजन करना चाहिये' ऐसा अर्थ करते हैं; परन्तु यह उनका भ्रम है। वामावर्त से (वामभाग से) दक्षिण भाग की ओर देवताओं का पूजन करना है। वाममार्ग और दक्षिण मार्ग के सम्बन्ध में अनेक भ्रान्तियाँ पण्डितों में भी हैं। आचार्य ने ललितासहस्रनाम के "सव्यापसव्य-मार्गस्था" इस नाम की व्याख्या में सभी विचारों का स्पष्ट विवरण दिया है। कुछ लोगों का यह भ्रम है कि वीर-द्रव्य से पूजन करना ही वाममार्ग है, यह भी भ्रम है। दक्षिण मार्ग से अर्चन करने में भी करण-द्रव्य ही कारण है। व्रीहि और यव की तरह यहाँ पर वैकल्पिक विधान नहीं है। गुडोदक आदि का मुख्य द्रव्य न मिलने पर ही प्रतिनिधि रूप से प्रयोग स्वीकृत है। **"शक्तः प्रथमकल्पस्य नानुकल्पं समाचरेत्"** यह निषेध भी है। ललितासहस्रनाम के पूर्वोक्त सन्दर्भ में इसका पूर्ण ऊहापोह किया गया है, अतः उसे हम यहाँ छोड़ रहे हैं। कामाकर्षण्यादि देवताओं के नाम के आगे "नित्या-कला" शब्द सम्प्रदाय से प्राप्त है। इसके आगे अष्टदलकमलात्मक तृतीयावरण की अनंगकुसुमादि देवताओं का पूजन है।

आगे चतुर्दशाररूप चतुर्थ आवरण की सर्वसंक्षोभिणी देवताओं का निर्देश है, इनका पूजन वामावर्त-क्रम से ही है।

इसके बाद बहिर्दशार में पूजनीय सर्वसिद्धिप्रदा आदि दस देवियों का निर्देश है। यहाँ भी पूजन वामावर्त से ही होगा। आवरणों की कल्पना तन्त्रभेद से कहीं-कहीं भिन्न मालूम होती है। उसमें मूल सम्प्रदाय के आधारभूत तन्त्रों का भेद ही कारण है। नवावरणात्मक पूजा में तो कोई भेद नहीं है। भूपुर और वृत्तमय के सम्बन्ध में कुछ भेद है। नव आवरणों में प्रत्येक तीन-तीन आवरणों को सृष्टि, स्थिति और संहार रूप से माना है, ऐसी स्थिति में उनमें तीनों में प्रथम, द्वितीय आदि का निर्देश तन्त्र ने किया है, अतः भ्रम नहीं होना चाहिये।

इसके आगे अन्तर्दशार की देवताओं की **"सर्वज्ञा सर्वशक्तिश्च"** इत्यादि गणना की है। **"स्वनामसदृशोदयाः"** कहने से उनके सर्वज्ञत्वादि गुण भी प्रतीत होते हैं। इसके आगे अष्टार चक्र में वशिन्यादि वाग्देवताओं का पूजन प्राप्त है। चक्रलेखन-प्रकार में रेखांकन की दशा में यह चक्र मध्य में आता है, अतः इसे **"मध्यचक्रे महेशानि"** इत्यादि कहा है। वाग्देवता पूजा मे रक्त पुष्पों को महत्त्व देने के कारण मूल में **"रक्तपुष्पैर्महेश्वरि"** यह कहा गया है।

इसके आगे अष्टकोण और त्रिकोण की मध्य वीथी में चारों दिशाओं में आयुध-पूजा का विधान किया है। आयुध-पूजा में कामेश्वर और कामेश्वरी दोनों के आयुध लिये गये हैं। अतः "कामबाणान्" पद की व्याख्या में "कामश्च कामी च" यह "पुमान् स्त्रिया" से एकशेष समास होगा। वासना प्रकरण में लिखा भी है—
"आश्रयाश्रयिभेदेन अष्टधा भिन्नहेतिमत्"।

इसके आगे उत्तर चक्रों की (त्रिकोण और बिन्दु की) पूजा निर्दिष्ट है। इसके बाद उत्तरपूजा की सूचना है। आगे नवमुद्राओं का प्रदर्शन विहित है। इसके बाद "कामकला" ध्यान का निर्देश है।

ग्रन्थारम्भ में "तामीकाराक्षरोद्धाराम्" इत्यादि से श्रीविद्या का मुख्य रहस्य अक्षर-कामकला शब्द से अभिहित है। उसकी अपने साथ अभेद भावना करना ही ध्यान पदार्थ है। इस कामकला में तीन अवयव हैं–ऊपर काम नामक बिन्दु है, उसके नीचे अग्नि-षोमात्मक दो बिन्दु हैं, उसके नीचे हकारार्ध रूप कला नामक तृतीय अवयव है। इसी को प्रत्याहारन्याय से "कामकला" कहा जाता है।

शरीर में भी तीन ही अवयव होते हैं–मस्तक से घंटिका तक, कण्ठ से स्तन तक, हृदय से सीवनी तक। केश, हस्त, पाद आदि तो तत्तत् अङ्गों की शाखा स्वरूप हैं। अतः यथाक्रम अक्षरों के अवयवों को देवी के अवयव रूप से भावना कर देवी और अक्षरों की अभेद भावना करे और अपने देह का भी उससे अभेद स्थापित करे।

"कामादिविषमोक्षाणामालयं परमेश्वरि।
तदेव तत्त्वप्रवरं निजदेहं विचिन्तयेत्" ॥

कामादि से काम, अर्थ, धर्म तीन तो विष हैं, मोक्ष ही अमृत है, उनका यह बीज जनक है, अर्थात् ध्यान के प्रभाव से चतुर्विध पुरुषार्थ की प्राप्ति होती है। इसी बात को शंकराचार्य ने–

"मुखं बिन्दुं कृत्वा कुचयुगमधस्तस्य तदधो
हरार्धं ध्यायेद्यो हरमहिषि! ते मन्मथकलाम्"।

इत्यादि शब्दों में कहा है। "तत्त्वप्रवरं" कहने से षट्त्रिंशत्-तत्त्वातीत है और यही पारमार्थिक सत्य है, यह तात्पर्य हुआ।

इसके आगे आवरण-देवताओं सहित त्रिपुरसुन्दरी (मूल देवता) का ध्यान और खेचरी मुद्रा से विसर्जन है। तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार पूजा के आरम्भ में देवी के शरीर से किरणों के रूप में आवरण-देवताएँ निकली थीं, उन्हें पुनः किरणाकार भावना कर श्रीदेवी में विलीन कर श्रीदेवी को भी तेजोरूप से परिणत मानकर खेचरी मुद्रा से अन्तःश्वासानुसार हृदय में लाकर ध्यान और पञ्चोपचार पूजा के बाद कुण्डलिनी के रूप में स्थापित करना चाहिये। यह बात कल्पसूत्र के शब्दों से स्पष्ट होती है–

"खेचरीं बद्ध्वा क्षमस्वेति विसृज्य तामात्मनि योजयेत्"।

यहीं पर पूजा समाप्त होती है। तन्त्र भेद से इसके आगे भी कुछ कर्म देखने में आते हैं; परन्तु वे कृताकृत हैं, आवश्यक नहीं हैं। हविष्प्रतिपत्ति आदि जो कुछ आवश्यक कर्म हैं, उनको उत्तरतन्त्र के मूल भाग में ही कहा है।

द्वितीय विश्राम

द्वितीय विश्राम में मन्त्र-साधन के प्रकारों का विवरण है। प्रथम पटल में दो सौ चार श्लोकों से सुन्दरी के उपासकों का आह्निक बताया गया था।

इस विद्या के अधिकारी प्रायः मुमुक्षु ही होते हैं। अतः उनकी स्वभावतः काम्यकर्म में प्रवृत्ति कम होती है। वचन भी है–**"नित्यनैमित्तिकैरेव कुर्वाणो दुरितक्षयम्"**। प्रारब्धवशात् काम्यकर्म की प्रवृत्ति होने पर भी उससे मन को हटाना चाहिये; परन्तु बारम्बार मन का प्रत्याहार करने पर चित्त-क्षोभ भी होता है। ऐसी स्थिति में हठी बालक की तरह चित्त को थोड़ा बहुत अभीष्ट देकर परावृत्त करना उचित होता है। ज्ञानवासिष्ठ का वचन है–

अशुभेषु समाविष्टं शुभेष्वेवावतारयेत्।
स्वं मनः पुरुषार्थेन बलेन बलिनां वर॥
अशुभाच्चालितं याति शुभं तस्मादपीतरत्।
जन्तोश्चित्तं तु शिशुवत्तस्मात्तच्चालयेद् बलात्॥
समतासान्त्वनेनाऽऽशु न द्रागतिशनैः शनैः।
पौरुषेण प्रयत्नेन लालयेच्चित्तबालकम्॥

और भी **"तस्मात्केनाप्युपायेन मनः कृष्णे निवेशयेत्"** इस वचन से निषिद्ध भी कुछ मान लिया जाता है, यह भक्तिशास्त्र का सिद्धान्त है। तात्पर्य यह है कि उपेय-प्राप्ति के लिये उपाय कोई भी ग्राह्य होता है। उपायगत दोष का पीछे परिमार्जन हो ही जाता है, जो बात महाभाष्य के **"कूपखानकन्याय"** से विदित है। अतः ज्ञान-भूमिका में चलने वाले मुमुक्षु पुरुष के लिये भी काम्यकर्म का प्रसंग आ जाता है। अतः उनका दिग्दर्शन इस द्वितीय विश्राम में किया गया है।

वह साधन चार पदार्थों का है–श्रीचक्र, करशुद्ध्यादिन्यास, प्रधानबीजत्रय, तत्समष्टिरूप मूलविद्या। इनमें करशुद्ध्यादि विद्याओं को यहाँ न कहकर चतुर्थ पटल में कहा है। चक्र का अर्चन द्वारा फलजनकत्व है, शेष मन्त्रादि शब्द रूप हैं। अतः उनका जप से फलजनकत्व है। चक्र या मन्त्रों का काम्यकर्म में विनियोग तत्तत् सिद्धि के विना नहीं हो सकता। उनका उपयोग कर सकना ही तो सिद्धि है। अतः कर्म ये हैं–चक्रसाधन, बीजसाधन तथा मन्त्रसाधन। इन्हीं को पुरश्चरण कहा जाता है। वायु-संहिता का वचन है–

"साधनं मूलमन्त्रस्य पुरश्चरणमुच्यते।
पुरतश्चर्यमाणत्वात् विनियोगाद्धि कर्मणाम्॥
पुरतो विनियोगस्य चरणाद्वा तथोदितम्"।

"मन्त्र" पद "यन्त्र" का भी उपलक्षण है। विश्वालयकतन्त्र में नवग्रह यन्त्र को चम्पकशाखा की लेखनी से बारंबार लिखना यही पुरश्चरण है। पुरश्चरण का

लक्षण सौभाग्यरत्नाकर में इस प्रकार है–**"काम्यकर्मफलसिद्धिजनकक्रियात्वं पुरश्चरणम्"** । 'वस्तुतः काम्यकर्म में ही पुरश्चरण की आवश्यकता होती है, नित्य-नैमित्तक करने वाले को नहीं, यह आचार्य का कथन है । ज्ञानार्णव में पहले नित्य-नैमित्तक कर्म और चक्रपूजन बताकर आगे–

अनेन विधिना यस्तु श्रीचक्रक्रममुत्तमम् ।
पूजयेत्तत्र सकलं वशीकुर्यान्न संशयः ॥

इस उक्ति से काम्य का बाद में निर्देश किया है । "वशीकुर्यात्" इत्यादि फलवत्ता का उपलक्षण है । "वशीकुर्यात्" यह उपलक्षण सभी प्रकार की फलसिद्धियों के लिये है । आगे **"एवं लक्षत्रयं जप्त्वा"** इत्यादि से आरम्भ कर **"पुरुषा योषितो वश्याश्चराचरमयाः प्रिये"** इत्यादि वचनों से उपसंहार किया गया है । "चराचरमय" शब्द से सभी फलों का सङ्ग्रह हो ही जाता है; क्योंकि चराचर से अतिरिक्त तृतीय तो कुछ भी नहीं है । इस अविरोध से उपक्रम के "सकलं वशीकुर्यात्" इस वाक्य का "सर्वाणि फलानि स्वात्मसात्कुर्यात्" यह अर्थ "संदिग्धेषु वाक्येशषात्" इस न्याय से सङ्गत होता है और वह फल आगे जो काम्य कर्मों का निर्देश हुआ है, उन्हीं के फलों को "सकल" पद से कहा है, अन्य फलों को नहीं । जैसे–**"एकस्मै वा अन्ये यज्ञक्रतवः कामायाऽऽह्रियन्ते, सर्वेभ्यः कामेभ्यो ज्योतिष्टोमः"** इस वाक्य में "सर्वकाम" पद से सर्वज्ञत्व, आकाश-गमन आदि फलों को नहीं लिया जाता, यह सिद्धान्त है । भेद केवल इतना ही है कि वैदिक वाक्यों में वाक्य-शेष से सर्वक्रतुफल का सान्निध्य माना है और इस तन्त्र-वाक्य में पाठ से ही माना है । इस प्रकार काम्य के प्रसङ्ग में **"क्रमपूजनेन तादृशयोग्यतां भावयेत्"** यही प्राथमिक विधि ज्ञात होता है । इस प्रकार फल-संयोग से क्रम पूजा की ही प्रधानता सिद्ध होती है, अतः उस प्रकरण में पठित लक्षत्रय जप आदि का पृथक् फल न होने से फलवदफलन्याय से आमनहोत्रादिवत् लक्षत्रय जप अङ्गमात्र होगा । इस प्रकरण में अनेक ग्रन्थों में नवलक्ष जप तक का विधान मिलता है ।

"नवलक्षप्रमाणं हि जपेत् त्रिपुरसुन्दरीम् ।
रुद्रमूर्तिः स्वयंकर्त्ता हर्ता साक्षान्न संशयः" ॥

इत्यादि वचन हैं । "मन्त्रसाधन" और "चक्रसाधन" में कुछ भेद है । मन्त्रसाधन में क्षेत्रपरिग्रह आदि पूर्वाङ्ग करने के बाद पूजा कर जप ही प्रधान रूप से किया जाता है । "चक्र साधन" में तो प्रतिदिन अर्चन आवश्यक होता है । इस विषय में ज्ञानार्णव, दक्षिणामूर्तिसंहिता आदि तन्त्रों में कुछ भिन्नता के साथ विषय का प्रतिपादन है । इस प्रकरण में सौभाग्यरत्नाकर, सुन्दरीमहोदय आदि विभिन्न ग्रन्थों के निरूपण की समीक्षा आचार्य ने की है ।

तन्त्रकार अपनी व्याख्या में भिन्नता क्यों देते हैं ? इस प्रश्न के उत्तर में आचार्य का कथन है कि **"न हि तन्त्राणामविरोधेन एकवाक्यता केनापि सुकरा"** । सम्पूर्ण तन्त्रों की एकवाक्यता सिद्ध करना असम्भव है, अर्थात् संप्रदाय भेद के कारण विधियों में भेद भी अवश्य मानना पड़ता है । उदाहरण के लिये इसके आगे सात श्लोकों से चक्रसाधन का उपक्रम किया है–

"शृणु देवि प्रवक्ष्यामि मन्त्रयोगं यथाविधि ।
यत्रानेन विधानेन साधकेन प्रपूज्यते ॥
देशे वा नगरे ग्रामे तत्र क्षोभः प्रजायते" ॥ इत्यादि ॥

यहाँ पर "मन्त्रयोग" शब्द चक्रपूजा का वाचक है । **"योगः सन्नाहनोपायध्यान-सङ्गतियुक्तिषु"** इस कोष के अनुसार "चक्रसन्नाह" यह अर्थ होता है । इसका फल आगे सभी स्त्रियों–भूतल, पाताल, स्वर्गवासिनियों का मनःक्षोभ बताया है, अर्थात् वे स्वयं आकृष्ट होकर साधक को व्यामोहित करती हैं ।

"एवं लक्षत्रयं जप्त्वा व्रतस्थः साधकोत्तमः ।
संक्षोभयति देवेशि ! त्रैलोक्यं सचराचरम्" ॥

इसमें "व्रतस्थ" पद की व्याख्या है– **"बलवत्तरविघ्नसमूहेऽपि अस्खलितब्रह्मचर्यः"** । इस प्रकार के विघ्नों को जीतकर साधना पूर्ण करने वाला साधक ही चराचर त्रैलोक्य का वशीकरण कर सकता है । इसके आगे चक्र सिद्ध होने पर "काम्यार्चन" आदि तैंतालीस प्रयोगों का विवरण पटल की समाप्ति तक दिया गया है ।

सामान्य रूप से काम्य-फल छः प्रकार के होने से उनके साधन भी छः प्रकार के होते हैं – शान्ति-वश्य-स्तम्भन-विद्वेषण-उच्चाटन-मारण । इनके भी भेद-प्रभेद शास्त्रों में उपवर्णित हैं । इनके भी कुछ अङ्ग हैं, जो सौभाग्यरत्नाकर के तेइसवें तरङ्ग में द्रष्टव्य हैं ।

वश्य प्रयोग के लिये–**"लिखित्वा विपुलं चक्रं तन्मध्ये प्रतिमां यदा"** इत्यादि सन्दर्भ से सविस्तार वर्णन किया है । **"सर्वरक्तोपचारैस्तु पूजयेन्मुद्रया युतम्"** इसकी व्याख्या में "मुद्रा" शब्द अनेक अर्थों में प्रयुक्त होने के कारण स्पष्ट किया है कि साधकों के लिये गुरु-मुख मात्र से वेद्य योनिमुद्राबन्ध नामक क्रिया विशेष है, जो मन्त्रदोष निवृत्ति के लिये आवश्यक है । अतः सम्प्रदायानुसार "मुद्रा" शब्द योनिमुद्राबन्ध का सूचक है । इसी प्रकार दूसरा प्रयोग "कामकला" ध्यानमात्र से निर्दिष्ट है– **"महाकामकलाध्यानात् क्षोभयेत् सर्वयोषितः"** यह भी स्वतन्त्र प्रयोग है ।

इसके आगे अर्चन के विना भी केवल तिलक धारण से वशीकरण का प्रयोग कहा है–**"रोचनाकुङ्कुमाभ्यां वा सप्तभागं तु चन्दनम्"** इत्यादि । इसके बाद विभिन्न वस्तुओं का अभिमन्त्रण कर देने से भी वशीकरण होता है, यह बात सूचित की है–

तथा पुष्पं फलं गन्धं पानं वस्त्रं महेश्वरि !
अष्टोत्तरशतं जप्त्वा यस्याः संप्रेष्यते स्त्रियाः ।
सद्य आकृष्यते सा तु..........................॥

इत्यादि । इसके आगे साढ़े ग्यारह श्लोकों से एक आकर्षण का प्रयोग उपवर्णित है–"**लिखेद्रोचनयैकान्ते प्रतिमामवनीतले**" इत्यादि से "**भ्रमन्तीमानयेन्नारीं योजनानां शतैरपि**" तक । इसमें नारी का वर्णन करते हुए शब्द आते हैं–"लिखितामिव", "निःसंज्ञामिव", "निलीनामिव", "निश्चेष्टामिव" । इन स्थलों में "इव" उत्प्रेक्षा-व्यंजक है; क्योंकि अलंकारशास्त्र में कहा है–

"मन्ये शङ्के ध्रुवं प्रायो नूनमित्येवमादयः ।
उत्प्रेक्षा व्यज्यते शब्दैरिवशब्दोऽपि तादृशः" ॥

इसके बाद दो प्रयोग रक्षाकर बताये हैं–

चक्र के बाहर मातृकाक्षरों से वेष्टन कर बाहु में धारण करना चाहिये । इसका फल किसी भी आक्रमण से रक्षा होना है । इसके आगे निकायिन्याय से (पूर्व-पूर्व से सम्बद्ध उत्तरोत्तर का कथन) कुछ प्रयोगों को लिखा गया है । इसके आगे पुनः वश्य प्रयोग बताये हैं–"**एवं देवि विधानेन रोचनागुरुकुङ्कुमैः**" इत्यादि ।

"**मध्यं गतेन बीजेन महाकामकलात्मना**" इत्यादि मूल व्याख्या में विभिन्न टीकाकारों की व्याख्या का खण्डन कर आचार्य ने प्रकृत विषयानुसार "**धारिता चक्ररूपिणी**" इस स्पष्ट उल्लेख के अनुसार "मध्य" शब्द का "बहिः" यही अर्थ माना है । नामाक्षरों के ग्रथन क्रम को भी स्पष्ट किया है, जैसे–"**आदौ कामकूटम्, ततो देवदत्तप्रथमाक्षरं पुनः कूटं वकारः पुनः कूटं द कारः कूटं तकारः कूटमिति ग्रथनक्रमः**" । इसी के आगे "नगरक्षोभकर" प्रयोग भी स्पष्ट किया है । आगे तो 'साधक की तीव्र साधना और तपस्या के प्रभाव से सम्पूर्ण पृथ्वी का भी आकर्षण-वशीकरण आदि सम्भव है' यह लिखा है–

"एतन्मध्यगतां पृथ्वीं सशैलवनकाननाम् ।
चतुःसमुद्रपर्यन्तां ज्वलन्तीं चिन्तयेत् प्रिये" ॥

इसी प्रकार विशिष्ट दिशा आदि का वशीकरण बताया है ।

इसके आगे चोर-ग्रह-व्याधि-शत्रु-हिंस्र जन्तु आदि बाधाओं की निवृत्ति के लिये विशिष्ट औषधि-द्रव्य से लिखित चक्र को धारण करने की विधि निर्दिष्ट है–

"**अर्कक्षीरं कुङ्कुमं च धत्तूररकरसं तथा,** इत्यादि ।

इसके आगे प्रतिवादी के वाक्-स्तम्भन के लिये प्रयोग बताया है । आगे मारण और उच्चाटन के लिये विधान लिखा गया है । महापातक-निवृत्ति के लिए भी एक प्रयोग लिखा गया है–

"महापातकयुक्तात्मा यदि देवीं प्रपूजयेत् ।
शमीदूर्वासहाश्वत्थपल्लवैरथ वार्कजैः ॥
मासेन हन्ति कलुषं सप्तजन्मकृतं नरः" ॥

आगे पृथक् दिशाओं के लिये भिन्न वर्णों "रंगों" से चक्रलेखन सूचित किया है, अन्य भी दुग्ध, गोमूत्र, तक्र आदि द्रव्यों में चक्र को रखकर प्रयोग बताये हैं ।

इसके आगे साधक को खेचरत्वसिद्धि के लिये विशिष्ट प्रयोग बताया है– एकान्त में चतुष्पथ के समीप सिन्दूर से चक्र लिखकर मातृका-वर्णों से उसका विन्यास करना चाहिये और रात्रि के समय कुलाचार क्रम से उसका पूजन करना चाहिये । इससे साधक खेचर हो जाता है । यह केरल सम्प्रदाय से सिद्ध-मातृका-लेखन का प्रकार है, जिसका उल्लेख "सुन्दरीमहोदय" में भी द्रष्टव्य है ।

इसके आगे समस्त सिद्धियों के लिये एक ही प्रयोग कहा गया है ।

महाभूतदिने वाऽपि श्मशाने यदि पूजयेत् ।
पूर्ववन्निशि देवेशि साधकः स्थिरमानसः ॥
पादुकाखड्गवेतालसिद्धद्रव्यमनःशिलाः ।
अञ्जनं विवरं चेटी पक्षी दूरगतिस्तथा ॥
यत्किञ्चित् सिद्धिसन्तानं विद्यते भुवनत्रये ।
तत्सर्वमेव सहसा साधयेत् साधकोत्तमः ॥

कृष्णपक्ष की चतुर्दशी तथा मङ्गलवार प्रशस्त हैं, ऐसा भी टीकाकारों का कथन है । दक्षिणामूर्तिसंहिता के अनुसार छः मास तक प्रयोग करने से सिद्ध होता है । इसके अतिरिक्त अनेक प्रयोग और उनके फल तन्त्रों में उपवर्णित हैं; परन्तु यहाँ **"यत्किञ्चित् सिद्धिसन्तानम्"** यह कहने से सभी अनुक्त प्रयोग भी इसी के अन्तर्गत हो जाते हैं, यह तात्पर्य है । जैसे **"यत्किञ्चित् प्राचीनमग्नीषोमीयात्"** इत्यादि स्थल में ऐसा अर्थ किया गया है ।

तृतीय विश्राम

पूर्व पटल में इक्यासी श्लोकों से चक्रसाधन और उससे साध्य चालीस प्रयोगों का निरूपण किया है । चक्रसाधन के साथ ही साथ मुद्राओं की सिद्धि भी आवश्यक है; अतः इस पटल में मुद्राओं का रचना-प्रकार और उनका उपयोग तथा सिद्धियों का प्रकार स्पष्ट किया जा रहा है ।

देवता की प्रसन्नता ही मुद्रा का मुख्य प्रयोजन है । ये मुद्रायें दोनों हाथ और उनके अङ्गुली सन्निवेश से बनती हैं, शब्दों में वर्णन करने पर भी प्रत्यक्ष प्रयोग के विना इनका ठीक ज्ञान सम्भव नहीं है । "मुद्रा" शब्द की व्युत्पत्ति भी "मुदं हर्ष

राति ददाति इति मुद्रा" यही है। इसीलिये पूजाकाल तथा जपकाल में इनका प्रयोग विहित है। मूलकार का वचन है–

शृणु देवि प्रवक्ष्यामि मुद्राः सर्वार्थसिद्धिदाः।
याभिर्विरचिताभिस्तु संमुखा त्रिपुरा भवेत्॥

"संमुखा" यह प्रयोग "स्वाङ्गोपसर्जनात्" इससे पक्षान्तर में "टाप्" प्रत्यय से हुआ है। आवाहन पूजा में प्रथम है, अतः "त्रिखण्डा" मुद्रा का स्वरूप पहले बताया गया है–"**परिवर्त्य करौ स्पृष्टावङ्गुष्ठौ कारयेत् समौ**" इत्यादि।

इसके आगे "सर्वसंक्षोभिणी" आदि क्रम से मुद्राओं का विवेचन किया है। इस विषय में ज्ञानार्णव, तन्त्रराज आदि ग्रन्थों के निरूपण में कुछ भेद भी देखा जाता है। सर्वसंक्षोभिणी, सर्वविद्राविणी और सर्वाकर्षिणी ये तीनों मुद्राएँ थोड़े अन्तर से बनती हैं। इसके आगे चतुर्थ मुद्रा है, जिसे सर्वविशकरी या सर्ववशङ्करी भी कहा जाता है। इसके बाद "सर्वोन्मादिनी" का रूप बताया है। आगे "सर्वमहाङ्कुशा" मुद्रा का स्वरूप है। इसके आगे "सर्वखेचरी" का वर्णन है। इस मुद्रा का विशेष प्रभाव बताया गया है। खेचरी मुद्रा को समयमुद्रा भी कहा है।

"एतया ज्ञातया देवि योगिनीनां भवेत्प्रियः।
यतः समयमुद्रेयं सर्वासां परिकीर्तिता"॥

"समय" का अर्थ संकेत है। आचार्य के अनुसार खेचरीमुद्रा बन्ध सभी शक्तियों के लिये समय-बन्ध है। अतः इसके प्रदर्शन से अन्य लोगों का तेजोऽपहरणादि होता है तथा देवताएँ प्रसन्न होती हैं। यहाँ "समय" शब्द से साम्प्रदायिक गूढ़ संकेत ऐसा अर्थ प्रतीत होता है। इस मुद्रा के और भी विशेष फल उपवर्णित हैं, साधक किसी भी स्थिति में इसका यदि उपयोग करे, तो तत्काल खेचरत्व उसे प्राप्त होता है। "खेचरीचिन्नभश्चरी" यह अन्यत्र विवरण मिलने से खेचरत्व का अर्थ कुण्डलिनी जागरण या चिदाकाश का सम्बन्ध यह अर्थ मानना चाहिये। मूल ग्रन्थ में–

प्रयतोऽप्रयतो वाऽपि शुचौ देशेऽथवाऽशुचौ।
उत्थितो वोपविष्टस्तु चंक्रमन्निश्चलोऽपि वा।
पार्थिवे स्थानके युक्त्वा सद्यः खेचरतां व्रजेत्॥

इत्यादि कहा है। पार्थिवस्थान शब्द का अर्थ मस्तक स्थित महाबिन्दु का स्थान कहा गया है।

इसके आगे "सर्वबीजा" मुद्रा का वर्णन है–

"परिवर्त्य करौ स्पृष्टावर्धचन्द्राकृती प्रिये"।

इत्यादि तन्त्र-भेद से मुद्राओं का प्रकार कहीं-कहीं भिन्न भी होता है। तन्त्रराज, ज्ञानार्णव आदि में कुछ प्रकार भेद है। अन्त में योनिमुद्रा का वर्णन है, इसको

"सर्वयोनि" भी कहा है। इसी को "महायोनि" मुद्रा भी कहते हैं। "सर्वत्रिखण्डा" मुद्रा में ही अंगुष्ठों को आगे लगाने एवं कनिष्ठकाओं को पृष्ठ भाग में रखने से इसका रूप बनता है। इसको **"एषा तु प्रथमा मुद्रा योनिमुद्रेति या स्थिता"** इस प्रकार "प्रथमा" शब्द से अभिहित किया है।

आचार्य की दृष्टि में "प्रथमा" से तात्पर्य यह है कि चक्र-निर्माण बिन्दु से प्रारम्भ होता है और यह मुद्रा "बिन्दु-चक्र" में प्रदर्शनीय है। अतः इसे प्रथमा कहा गया। अथवा सभी मुद्राओं की मूल प्रकृति यही मुद्रा होने से "प्रथमा" कही गयी है; क्योंकि अन्य ग्रन्थों में यह बात कही है–

"एका चैषा महामुद्रा योनिमुद्रात्वमागता।
तया विभक्तः स्वात्मा तु संक्षोभादिप्रभेदतः"॥

इस प्रकार सभी मुद्राओं की जननी होने से प्रथमा है अथवा "प्रथमा" पद से "देवी" ही कही जाती है–**"अहमस्मि प्रथमजा ऋतस्य"** यह श्रुति है। सहस्रनामों में भी **"पूर्वजा त्रिपुराम्बिका"** कहा गया है। सभी पदार्थों की उत्पत्ति रूप अर्थ से सर्वकारणत्व सिद्ध होता है। अतः "प्रथमा" पद देवी का भी वाचक है, अथवा पूर्वोक्त दस मुद्राओं में "त्रिखण्डा" का ही प्रथम निरूपण किया है। अतः उसे भी प्रथमा कह सकते हैं। अतः यह योनिमुद्रा त्रिखण्डा ही है, अर्थात् उससे कुछ भिन्न है। तन्त्रराज में इसी आशय से दोनों का साथ नाम-ग्रहण किया है। "महायोनिस्त्रिखण्डिका"। अथवा चक्र-पूजा संहारक्रम की तरह सृष्टिक्रम से भी तन्त्रान्तर में उपवर्णित है। तदनुसार पूजाविधि में भी सर्वसंक्षोभिण्यादि क्रम से मुद्रा-प्रदर्शन सम्भव न होगा; क्योंकि नव चक्रों की मुद्रायें नियमित हैं। इसीलिये "मध्यचक्रपूजा" नामक संक्षेप के पक्ष में संक्षोभिण्यादि क्रम नहीं होगा; किन्तु तत्तत् चक्रों की ही मुद्रायें प्रदर्शनीय होंगी। अतः सृष्टिक्रम-पूजन के अभिप्राय से "प्रथमा" कहना सङ्गत होता है। इससे सृष्टि-क्रम के अर्चन की भी सूचना होती है। अन्त में उपसंहार इस प्रकार है–

एता मुद्रा महेशानि ! त्रिपुराया मयोदिताः।
पूजाकाले प्रयोक्तव्या यथानुक्रमयोगतः॥

यथानुक्रम शब्द से संहार-क्रम में, संक्षोभिण्यादि क्रम से सृष्टि-क्रम में योन्यादि क्रम से प्रयोग करना चाहिये, यह सूचित होता है। "संयोग पृथक्त्वन्याय" से इन मुद्राओं का पुरुषार्थपरत्व और क्रत्वर्थत्व दोनों है। उसमें भी फलकामनार्थ प्रयोग सिद्धचक्र-पुरुष ही करे, यह बात चक्रसाधन के बाद निरूपण से स्पष्ट है। यदि समिदादि फल-श्रवण की तरह मुद्रा-फल श्रुति को अर्थवाद मानें, तो भी उचित न होगा। प्रकरण पाठ और बहिः पाठ से भेद सिद्ध है। सुन्दरीतापिनी के तृतीय उपनिषद् में मुद्राओं का स्वतन्त्र रूप से निरूपण किया गया है।

चतुर्थ विश्राम

तृतीय पटल में साढ़े अट्ठाइस श्लोकों से मुद्रास्वरूप बताया गया। चक्रसाधन का विषय पूरा करने पर अब मन्त्रसाधन का निरूपण करने के लिये **"नागृहीत-विशेषणाबुद्धिर्विशिष्टे चोपजायते"** इस न्याय के अनुसार विशेषण स्वरूप मन्त्र के प्रत्येक कूट का स्वरूप अन्य आवश्यक विवरणों के साथ चतुर्थ पटल की व्याख्या में प्रस्तुत है। यहाँ पर मूल में देवी का प्रश्न है–

भगवन् सर्वमाख्यातं मुद्राणां ज्ञानमुत्तमम्।
वदेदानीं महादेव्या एकैकाक्षरसाधनम्॥
महाज्ञानं प्रभावं च व्याप्तिं स्थानं भवं लयम्।
स्थूलसूक्ष्मविभेदेन शरीरे परमेश्वर॥

इस प्रश्न में महादेव्या का अर्थ है–श्रीदेवी। "महत् च तत् ज्ञानम्" इस समास से अर्थ होता है कि ज्ञान में महत्त्व यह है कि अपने सिद्धि के बाद जिसमें ज्ञातव्य अंश कुछ नहीं बचता। श्रुति भी कहती है–"**यस्मिन् विज्ञाते सर्वमिदं विज्ञातं भवति**"। प्रभाव का अर्थ है–ज्ञानमाहात्म्य, व्याप्ति का अर्थ है–विश्वात्मना परिणाम, स्थान का अर्थ है–जगत् की स्थिति, भव का अर्थ है–जन्म, लय का अर्थ संहार है। "शरीरे" यह द्विवचन है। "च"कार से अनुक्त अन्य सम्बद्ध विषय भी लिये गये हैं। इस प्रसङ्ग में आचार्य ने शिवशक्त्यात्मक सृष्टि का एक महत्त्वपूर्ण विवेचन किया है–

धुला हुआ अतिशुभ्र सूक्ष्मतम (बारीक) बहुमूल्य कपड़े जैसी स्थिति निर्गुण परशिव की है। उसी को अतिशुभ्र अन्न के रस से (माड़ी से) सर्वांश में विलेपन करने पर उसे ही "घटित" कहा जाता है। इसी को शक्तियुक्त कहा जायेगा। उस पट पर आगे चित्राङ्कन करने के लिये पेन्सिल या कूँची से सूक्ष्म रेखाङ्कन किया जाता है, तो उसे "लांछित" कहा जायेगा। इस प्रकार सूक्ष्म सृष्टि विशिष्ट परशिव "सूत्रात्मा" कहा जाता है। उसके बाद विविध प्रकार के रंगों से रंजित पट ही विराट् पुरुष कहा जायेगा। यह हुआ शिव और शक्ति का सृष्टिक्रम का सम्बन्ध। अब यही बात शास्त्रीय सिद्धान्त के रूप से कही गई है। यहाँ पर "परशिव" नामक परब्रह्म स्वभाव से ही अनन्त शक्ति संपन्न होता है।
ज्ञानवासिष्ठ का कथन है–

"सर्वशक्ति परं ब्रह्म नित्यमापूर्णमव्ययम्"।

उस परशिव में रहने वाली शक्ति समुदायों की समष्टि ही त्रिपुरसुन्दरी है। "देवात्मशक्तिं स्वगुणैर्विगूढाम्" इत्यादि श्रुति-प्रमाणों से तथा शक्ति और शक्तिमान् के अभेद के कारण "ब्रह्म" की निर्धर्मकता खण्डित नहीं होती। इस बात को पद्मपादाचार्य ने भी स्पष्ट किया है–

"आनन्दो विषयानुभवो नित्यत्वं चेति सन्ति धर्माः ।
अपृथक्त्वेऽपि चैतन्यात् पृथगिवावभासन्ते" ॥

आनन्द, विषयानुभव, नित्यत्व ये धर्म हैं, वस्तुतः ये धर्म अभिन्न हैं; परन्तु चैतन्य के प्रभाव से पृथक् मालूम देते हैं । "अतः उस प्रकार की शक्ति से विशिष्ट ही परब्रह्म है" यह तन्त्रों का सिद्धान्त है । इससे शक्ति को भी ब्रह्मरूप मानना चाहिये । संक्षेपशारीरक में भी लिखा है–**"चिच्छक्तिः परमेश्वरस्य विमला चैतन्यमेवोच्यते"** ।

पूर्वोक्त उदाहरण में शुद्ध वस्त्र पर रंगों का विन्यास सम्भव न होने के कारण उस पट को घना बनाने के लिये अन्न रस के तुल्य शक्ति ही सृष्टि का कारण बनती है । परशिव तो सान्निध्य मात्र से कारण है, वह भी शास्त्र की भाषा में कारणतावच्छेदकताभू का पर्याय है । अतः यह सिद्ध होता है कि शिवनिष्ठ शक्ति ही सृष्टि रूप से परिणत होती है । इस विचार के पक्ष में विवर्तवादियों से उद्भावित दोषों का आचार्य ने वरिवस्यारहस्य में समाधान किया है । अन्न रस के पट में सर्वांश में सम्बन्ध से आगे होने वाली दो प्रकार की सृष्टि रूप परिणाम ही "व्याप्ति" शब्द से कहा गया है । लांछन सूक्ष्मशरीर है, रज्जन स्थूल स्वरूप है । दोनों इन शरीरों का आद्य क्षण का सम्बन्ध ही "भव" है । उनका कुछ काल तक अवस्थान है अथवा सूक्ष्म शरीर है, "उत्पत्ति और स्थूल शरीर ही स्थिति है", ऐसा भी कह सकते हैं । उसी पूर्वोक्त चित्र को धो देने पर पट में अन्न रस का गन्ध मात्र का रहना "लय" है । इस प्रकार के तत्त्व का अनुभव करना ही "महाज्ञान" है । उसका फल रूप मोक्ष ही "प्रभाव" है । इस प्रकार मूल तन्त्र के शब्दों पर विचार किया गया है । अन्य व्याख्याकारों ने इन शब्दों की अन्यथा व्याख्या भी की है; परन्तु उसका मूल से सम्बन्ध न होने से वह अग्राह्य है । इसी आशय से आगे का वाक्य है–

श्रीभैरव उवाच–

शृणु देवि महाज्ञानं सर्वज्ञानोत्तमं परम् ।
येनानुष्ठितमात्रेण भवाब्धौ न निमज्जति ॥

सभी परिणामों की अपेक्षा से परिणामी विषयक ज्ञान ही "महाज्ञान" है, जिस ज्ञान के उदय मात्र से चरम लक्ष्य सिद्ध होता है । आगे त्रिपुरा-तत्त्व का निरूपण महत्त्वपूर्ण है-

त्रिपुरा परमा शक्तिराज्ञा ज्ञानादितः प्रिये ।
स्थूलसूक्ष्मविभेदेन त्रैलोक्योत्पत्तिमातृका ॥

सम्पूर्ण संसार के प्रलयकाल की अवधि तक विनष्ट हुए प्राणियों के कर्मों को सूक्ष्म रूप से निगरण कर (अपने अन्दर रखकर) एक ही अद्वितीय ब्रह्म रहता है ।

उन कर्मों के परिपाक की विचित्रता के कारण ही यह सिसृक्षादिरूपा ब्रह्मशक्ति, जो पूर्वकाल में अव्यक्त रही, वही पुनः अभिव्यक्त होती है। यही त्रिपुरा नामक परमाशक्ति सृष्टि की आद्या प्रथमा अर्थात् कारणभूत है। उससे भी पूर्व यद्यपि परब्रह्म है, तो भी प्रलय के प्रथम क्षण से लेकर उसके चरम क्षण तक विद्यमान वह ब्रह्म सृष्टि में समर्थ नहीं था। यह तो सिसृक्षादिरूप शक्ति स्वयं व्यक्त होकर उत्तरोत्तर सृष्टि करती है, इसी आशय से इसे "आद्या" कहा गया है।

यद्यपि यह शक्ति इच्छा रूप है; परन्तु निर्विषयक चिन्मात्र से हुई है, अतः तद्रूपा भी है। यह शक्ति ज्ञान-ज्ञाता-ज्ञेय की त्रिपुटी की कल्पना से सापेक्ष है, अतः "ज्ञानादितः" कहा है। तात्पर्य यह है कि यह त्रिपुटी से पहले की है। इसीलिये "त्रिभ्यः पुरा" इस व्युत्पत्ति की सूचना के लिये त्रिपुरा का विशेषण है; क्योंकि वह स्वयं भी ज्ञान रूप है। "आदितः" पद का अर्थ सर्वादिभूत ब्रह्म से ऐसा कोई अर्थ करते हैं; परन्तु ज्ञान-इच्छा-क्रिया से आद्या है, यही अर्थ है। ज्ञानेच्छा क्रिया की समष्टि "शान्ता" नामक है। यह शक्ति आगे होने वाले सूक्ष्म त्रैलोक्य और स्थूल त्रैलोक्य की उत्पत्ति में मातृकाजनिका है। अन्य टीकाकारों में अर्थ रूपान्तर से भी है।

प्रलयकाल में त्रैलोक्य की उपलब्धि नहीं है, तब उत्पत्ति कैसे मानी जावे, इस शंका के निवारण हेतु अग्रिम पंक्ति है–

"कवलीकृतनिःशेषतत्त्वग्रामस्वरूपिणी"।

प्रलयकाल में वही शक्ति सम्पूर्ण षट्त्रिंशत्तत्त्व समूह को अपने अन्दर निगीर्ण कर लेती है। अतः सूक्ष्मरूप से अपने अन्तर्निहित विश्व को सृष्टिकाल में वह प्रकट करती है। इस बात को वसिष्ठ ने मयूराण्डरसन्याय से माना है–

"यथाऽण्डान्तर्जले वर्ही सर्वास्तीदं तथात्मनि" इत्यादि।

इस प्रसङ्ग में शिव को ही क्यों न मूल कारण मान लिया जाये, बीच में "शक्ति" की क्या आवश्यकता है ? इस पर कुछ विचार-विमर्श किया गया है, जैसे– सम्पूर्ण विश्व को निगलने वाली शक्ति भी सूक्ष्म रूप से परशिव में ही निलीन है। अतः शक्ति सहित जगत् के कारण परशिव को ही मानने से बीच में अधिक शक्ति का प्राधान्य क्यों माना जाये ? **"तद्धेतोरेव तदस्तु किं तेन"** इस न्याय के अनुसार पृथक् कारण मानना अनावश्यक है। इस शङ्का का निरास करने के लिये मूल में पङ्क्ति है–

"तस्यां परिणतायां तु न कश्चित्पर इष्यते"।

यहाँ पर "तु" शब्द पूर्वपक्ष का व्यावर्तक और शक्ति की आवश्यकता का सूचक है। आशय यह है कि "शक्तिपरिणाम" की कल्पना आवश्यक है, उससे ही उप-

पत्ति हो जाती है, उलटे परशिव की कल्पना व्यर्थ हो जाती है। इसे और स्पष्ट करते हुए आगे का विवेचन द्रष्टव्य है–

औपनिषदों (वेदान्त) का पक्ष है–पर चिद्रूप ब्रह्म की शक्ति का नाम माया है और वह जड़ है। वही जगत् का परिणामी उपादान है। परब्रह्म तो विवर्त का उपादान है। इसलिये जगत् भी मायिक होने से जड़ और मिथ्या है। अद्वैतपरक श्रुतियाँ 'पारमार्थिक व्यक्ति एक ही है' इस आशय की हैं। 'सर्वं ब्रह्म' यह सामानाधिकरण्य बाधा में है।

तान्त्रिकों का यह पक्ष है–परचिन्निष्ठ जो चिच्छक्ति, जिसे औपनिषद भी मानते हैं, वही अनन्तरूपा होने से "माया" कही जाती है। श्रुति भी कहती है– **"परास्य शक्तिर्विविधैव श्रूयते", "माया चाविद्या च स्वयमेव भवति"**। उसका परिणाम ही प्रपञ्च है। अतः चिद्रूप ही है। **"चिद्विलासः प्रपञ्चोऽयम्"** यह वसिष्ठ की उक्ति है। इसीलिये सत्य भी है। "सर्वंब्रह्म" इसके सामानाधिकरण्य का अत्यन्ताभेद में ही स्वारस्य है। इससे अद्वैत-श्रुतियों से विरोध न होगा। विरोधापादक भेद को ही मिथ्या मानने से कोई दोष न होगा। **"प्रकृतिश्च प्रतिज्ञादृष्टान्तानुपरोधात्", "आत्मकृतेः परिणामात्", "तदनन्यत्वमारम्भणशब्दादिभ्यः"** इत्यादि व्यास-सूत्रों का भी इसी अर्थ में स्वारस्य मानना चाहिये। इस प्रकार दोनों पक्षों में प्रपञ्च की कारणीभूत शक्ति आवश्यक होने से "परशिव" ही अन्तरङ्गभूत है। अतः औपनिषदों का पक्ष नहीं मानना चाहिये।

घट के प्रति परिणामी मृत्तिका से अतिरिक्त विवर्तरूप कोई अन्य कारण तो मिलता नहीं। इसीलिये एक विज्ञान से सर्व विज्ञान की प्रतिज्ञा कर **"यथा सौम्यैकेन मृत्पिण्डेन विज्ञातेन"** इत्यादि दृष्टान्त भी श्रुतियों में उपपन्न होता है। आगे एक और शङ्का है–दाहकत्व आदि शक्ति वह्नि में रहती है, अतः धर्मी के विना धर्म रूप शक्ति का अवस्थान कैसे सम्भव होगा ? अतः शक्ति की सत्ता को स्थिर करने के लिये "परशिव" की कल्पना आवश्यक है। इस शंका का समाधान मूलग्रन्थ की कारिका ने ही किया है–

परोऽपि शक्तिरहितः शक्तः कर्तुं न किञ्चन।
शक्तस्तु परमेशानि शक्त्या युक्तो यदा भवेत्॥

तात्पर्य यह है कि "शक्ति" को मानने का कोई दुराग्रह नहीं है; किन्तु सभी पृथिव्यादि प्रपञ्च रूप कार्य के लिये कारणभूत ईश्वर को तार्किक भी मानते हैं और वेदान्ती भी मानते हैं, अर्थात् उसी बात को स्वीकार करते हैं। भूतपञ्चक-विवेक में विद्यारण्य का कथन है–

निस्तत्त्वा कार्यगम्याऽस्य शक्तिर्मायाग्निशक्तिवत्।
नहि शक्तिं क्वचित् कश्चित् बुद्ध्यते कार्यतः पुरा॥

अत: यदि कार्य की अन्यथा अनुपपत्ति से परशिव की कल्पना आवश्यक है, तो उसकी निर्धर्मकता सम्भव नहीं होगी, अत: उसमें एक शक्ति मानना आवश्यक ही होगा। यही बात देवीभागवतादि ग्रन्थों में भी कही गई है। "**चितिः स्वतन्त्रा विश्वसिद्धिहेतुः**" यह शक्तिसूत्र भी है।

यदि यह कहें कि शक्ति-कारणतावादियों के मत में "परशिव" को न मानने से कार्यत्वानुपपत्ति का दोष फिर भी रहेगा। तो उसका उत्तर यह है कि–एक ही वस्तु की धर्म-धर्मि भाव रूप कल्पना से उसका परिहार हो जायेगा। शक्ति और शक्तिमान का अभेद औपनिषद भी मानते हैं।

कर्तृत्व का लक्षण है–"**उपादानगोचरापरोक्षचिकीर्षाकृतिमत्व**", अर्थात् साक्षात् सम्बन्ध से सिसृक्षा करने की प्रवृत्ति। वह कर्तृता इच्छा, ज्ञान, क्रिया इन तीन शक्तियों से ही बनती है। इन शक्तियों से सहित ही परशिव कार्यक्षम बनता है। परन्तु शक्ति के लिये शिव के साथ अन्वयव्यतिरेक की कल्पना अनावश्यक है। इस प्रकार जगत्कर्तृत्व की व्यवस्था होने पर भी कर्मठों को कर्म का फल देने के लिये, ज्ञानियों की मुक्ति के लिये और उपासना के लिये "परशिव" आवश्यक है; क्योंकि कर्म तो जड़ हैं और वे फल देने में असमर्थ हैं। निर्गुण स्वरूप तो मुक्त पुरुषों से ही प्राप्य है और उपास्य के विना उपासना सम्भव नहीं है। इसके उत्तर में आगे का सन्दर्भ है–

शक्त्या विना शिवे सूक्ष्मे नाम धाम न विद्यते।
ज्ञातेनापि महादेवि शर्म कर्म न किञ्चन॥
ध्यानावष्टम्भकाले तु न रतिर्न मनःस्थितिः।

आशय यह है कि धर्मरहित परतत्त्व की नामकीर्तनादि रूप उपासना भी सम्भव नहीं है। शक्यतावच्छेदक और लक्ष्यतावच्छेदक रूप धर्मों का निर्धर्मक में सम्बन्ध नहीं होगा। "पद" में जैसी बोधकत्व शक्ति है, ऐसी ही अर्थ में बोध्यत्व रूप भी शक्ति है, अत: शक्तिविशेष रूप कारण को मानने से ही यदि उपपत्ति हो जाती है तो "परशिव" की भी आवश्यकता न रहेगी।

ऊपर निर्दिष्ट मूल की पंक्ति में 'शक्त्या' का तात्पर्य है–शक्यतावच्छेदकादि रूप धर्म। वह प्रवृत्तिनिमित्त सूक्ष्म परशिव में सम्भव नहीं है, अर्थात् वाचक-लक्षक आदि पदों की उसमें प्रवृत्ति न हो सकेगी। "धाम" का अर्थ है–प्रकाशरूप पदजन्य ज्ञान। वह भी सम्भव नहीं है।

इससे यह जानना चाहिये कि श्रीचक्र में मध्यभाग में जो बिन्दु लिखा जाता है, वही कामेश्वर का स्वरूप है। कामेश्वर के अंक में देवी का रहना गुरुमुखवेद्य रहस्य है। उसी दशा में कामेश्वर का पूजन होता है, पृथक् पूजन नहीं होता। अत: कामेश्वर केवल सूक्ष्म रूप होने से उनमें नाम-धाम आदि की स्थिति नहीं

है। "नेति-नेति" इत्यादि श्रुतियों से सर्वनिषेध शेष रूप में ज्ञेय होने से वे सगुण नहीं हैं। इसीलिये आगे के ग्रन्थ-भाग में कामेश्वर के आयुधों की पूजा देवी के आयुधों के साथ ही निर्दिष्ट है। बिन्दु ही कामेश्वर है-इस बात को अन्य तन्त्रों में भी लिखा है। आगे यह प्रश्न आता है कि कल्पित धर्म का आरोप कर शब्दों का व्यवहार और ज्ञानविषयता भी होती है "वन्ध्यापुत्रादिवत्"। धर्म में धर्मि समान सत्ता अनावश्यक है। इस पर पंक्ति ही कहा है—

"ज्ञातेनापि महादेवि शर्म कर्म न विद्यते"

यथा कथंचित् परशिव का ज्ञान मानने पर भी उसमें मोक्षजनकता या कर्मोपयोगिता का कोई सम्बन्ध नहीं है, वह तो सार्वदिक एक रूप ही ज्ञान है— **"तमेव भान्तमनुभाति सर्वम्"** यह श्रुति है। आगे प्रश्न आता है "घटमहं जानामि" इत्यादि ज्ञान में ब्रह्म का भान होने पर भी सविकल्पज्ञान पुरुषार्थ का साधन नहीं होगा; किन्तु सकल धर्मशून्य एकविषयक निर्विकल्पक ही ज्ञान उपयुक्त होगा। इसका ही उत्तर है—

"ध्यानावष्टम्भकाले तु न रतिर्न मनःस्थितिः"।

शुभाशुभ धर्मों से हीन तो स्पृहणीय नहीं होता और उसमें मनःप्रवृत्ति भी नहीं हो सकती, कुछ समय तक बलात् प्रवृत्ति करने पर भी उसमें स्थिरता नहीं आयेगी। ध्यानावष्टम्भ रूप स्थैर्य "निर्विकल्पक समाधि" उसमें नहीं होगी। फलतः पुरुषार्थ-सिद्धि भी नहीं होगी।

शक्ति तो धर्म-धर्मि उभयात्मक है, अतः उसमें नाम, धाम, शर्म, कर्म, रति, स्थिति ये सभी उपपन्न होते हैं। इसी आशय से देवीभागवतादि ग्रन्थों में कहा है—

"एवं सर्वगता शक्तिः सा ब्रह्मेति विविच्यते।
धर्मार्थकाममोक्षाणां स्वामिनी सा निराकुला॥
ददाति वाञ्छितानर्थानर्चिता विधिपूर्वकम्"॥

अभी तक तो परशिव के विना शक्ति नहीं रह सकती, इसका उत्तर दिया गया। अब इस शक्ति के व्याप्ति, भव, स्थान, लय इन पारिभाषिक शब्दों की व्याख्या के द्वारा प्रधानता स्पष्ट की जा रही है—

यह शक्ति वामा, ज्येष्ठा और रौद्री तीन स्वरूपों में प्रकट होती है। प्रथमतः "वामा" पर विचार प्रस्तुत कर रहे हैं। मूल कारिका है—

"प्रविश्य परमार्गान्तः सूक्ष्माकारस्वरूपिणी।
कवलीकृतनिःशेषबीजाङ्कुरतया स्थिता"॥

इसको ही "वामा-शिवा" आगे कहा है। परशिव ही मार्ग है; क्योंकि यही व्याप्ति का आधार है। परशिव का जितना मार्ग या व्याप्ति-स्थान है, उस सभी के अन्दर प्रवेश कर यह शक्ति शून्याकार भी परशिवरूपी इन्दु या बिन्दु रूप इन्दु को

उच्छून बनाती है और उसका वेध कर सूक्ष्म आकार और स्वरूप धारण करती है। इस दशा में अपने अन्दर पूर्व दशा में कवलीकृत (निगले हुए) निःशेष छत्तीस तत्त्वों के बीजों के सूक्ष्म शरीर और स्थूल शरीरों तथा उनके अङ्कुरों को अपने रूप में धारण करने पर यह शिवा "वामा" कही जाती है। "वामा" शब्द की व्युत्पत्ति है–"वामा विश्वस्य वमनात्"। आकार शब्द का अर्थ है–अवयव-संस्थान, जैसे–वृक्ष के पुष्प-फल-शाखादि। स्वरूप का अर्थ है–संघटित आकार, जैसे–सम्पूर्ण वृक्ष। इसमें पट का उदाहरण भी दिया है, जैसे पट में गन्ध रूप से अवस्थित अन्नरस अपने घनीभाव से पूरे पट को पहले व्याप्त करता है, इसके बाद उत्पन्न होने वाले चित्रों के बिन्दुओं (रेखाओं) और आगे स्फुट रेखाओं से व्याप्त होता है। अंकुर से लेकर फल तक अवयवों वाला जो रूप षड्भाव विकारों से परिणत होता है, यह परिणाम ही स्थिति है। इस स्थिति में दो दलों के निकलने का रूप शृङ्ग कहा जाता है। इसी को आगे त्रिकोण रूप से लिया गया है। यह "ज्येष्ठा" नामक शक्ति का स्वरूप है। इसको "शृङ्गाटाकारतां गता" कहा है।

शृङ्गाकार दो दक्षिण–वाम रेखायें ऊपर की तिर्यक् रेखा से मिल जाती हैं, अतः इसे "शृङ्गाटा" (सिंघाडा) फल विशेष के तुल्य कहा है। इस प्रकार प्रपञ्च का उद्‌भव और स्थिति-काल सूचित हुआ। इसके बाद तीसरी "रौद्री" है जो स्थिति काल के बाद जगत् का ग्रास करती है। अतएव "रौद्री" यह नाम भी सार्थक है। इन तीनों शक्तियों की समष्टिरूपिणी ही "त्रिपुरा" है। अब इसमें एक प्रश्न है। पहले तो "त्रिपुटी" ज्ञान-ज्ञातृ-ज्ञेय के पहले रहने से "त्रिपुरा" कहा था, अब इन तीन शक्तियों से उसकी व्याप्ति कही गई है। वस्तुतः सभी दशाओं में महादेवी का "त्रिपुरा" स्वरूप रहता ही है। इसको अगले सन्दर्भ में स्पष्ट किया है–

"एषा सा परमा शक्तिरेकैव परमेश्वरी।
त्रिपुरा त्रिविधा देवी ब्रह्मविष्ण्वीशरूपिणी" ॥

इत्यादि। वामा, ज्येष्ठा, रौद्री शक्तियाँ ही पुरुष रूप में ब्रह्मा, विष्णु, रुद्र होती हैं और उनकी शक्तियाँ भारती-पृथिवी-रुद्राणी ही ज्ञान, इच्छा और क्रिया नामक शक्तियाँ कही जाती हैं। इनके प्रत्येक के लक्षण मालिनीविजय तन्त्र में दिये गये हैं। **"स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च"** यह श्रुति भी कहती है। 'बल' शब्द इच्छा का सूचक है। ये तीनों ही ब्रह्म का स्वभाव हैं, अर्थात् उससे भिन्न नहीं हैं। अतः सृष्टि के समय तथा उसके बाद भी सर्वदा "त्रिपुरा" की स्थिति सिद्ध है।

इसके आगे लयकाल में भी "त्रिपुरा" की स्थिति का वर्णन भगवान् शिव ने स्वैरिणी नारी के साम्य से समासोक्ति अलङ्कार द्वारा किया है–

स्थिति-काल की अवधि समाप्त होने पर क्षित्यादि स्थूल प्रपञ्च को शृङ्गाट रूप से पूराकर वही शक्ति उलटे मार्ग से ऊपर चलती है। अतः उसे कुटिलरूपिणी

कहा है। वह पहले शिव रूप अर्कमण्डल, जिसे उच्छून बिन्दु या काम कहा जाता है, उसका भेदन कर पूर्वोक्त शून्याकार बिन्दु, जो अमृतमय होने से इन्दु कहा गया है, उसका भी भेदन कर उसका विद्रावण करती है। उससे स्रुत होने वाले अमृत-स्त्रावरूपी परमानन्द से आनन्दित होती है, अर्थात् सामरस्य का अनुभव करती है। यही प्रपञ्च के लय का प्रकार है।

"कामकला" के स्वरूप में मुख रूप से परिणत बिन्दु सूर्यरूप है, उससे भी सूक्ष्म तुरीय बिन्दु चन्द्ररूप है, यह तान्त्रिकों का सिद्धान्त है। इस सम्पूर्ण क्रियाकलाप को इन शब्दों में मूलकार ने लिखा है–

कुलयोषित् कुलं त्यक्त्वा परं पुरुषमेति सा।
निर्लक्षणं निर्गुणं च कुलरूपविवर्जितम्॥
ततः स्वच्छन्दरूपा तु परिभ्राम्य जगत्पुनः।
तेनाचारेण सन्तुष्टा पुनरेकाकिनी सती॥
रमते स्वयमव्यक्ता त्रिपुरा ख्यातिमागता।
तत्त्वत्रयविनिर्दिष्टा वर्णशक्तित्रयात्मिका॥

यहाँ पर कुलाङ्गना का पर-पुरुष के साथ विहार का वर्णन वाच्य है और व्यङ्ग्य है पराशक्ति का शिव के साथ सम्बन्ध और सृष्टिक्रम। इसी बात को अन्य तन्त्रों में शब्दान्तर से कहा है–

अकुलस्यास्य देवस्य कुलप्रमथशालिनी।
कौलिकी सा पराशक्तिरवियुक्तो यया प्रभुः॥

शिव-शक्ति का सामरस्य ही प्रलय है; परन्तु उसके बाद भी अपने सामर्थ्य से नानाविध प्रपञ्च का विलास करती रहती है। स्वयं यह "अव्यक्ता" है; परन्तु तत्त्वत्रयरूप से अर्थात् आत्मतत्त्व, विद्यातत्त्व और शिवतत्त्व रूप से शास्त्रों में निर्दिष्ट है। षट्त्रिंशत् तत्त्वों का भी इन तीन तत्त्वों में अन्तर्भाव होता है और "वर्णशक्तित्रयात्मिका" है, अर्थात् एकपञ्चाशत् मातृका रूप वर्ण-सृष्टि को अपने से अभिन्न तीन मन्त्र-कूटों में अन्तर्हित करती है। तीनों कूट क्रमशः अकथादि हळक्ष रूप ही हैं और चक्रसृष्टि को, शक्तिवृन्द को, इच्छा-ज्ञान-क्रिया रूप सूक्ष्म शक्तियों में समाविष्ट करती है। इस प्रकार व्यक्त और अव्यक्त दोनों दशाओं में त्रिरूप होने से "त्रिपुरा" नाम सार्थक है।

यहाँ तक शक्ति की सृष्टि का विषय विस्तार से दिया गया है। आगे के अंश को संक्षेप में प्रस्तुत किया जायेगा।

यह चतुर्थ-पटल मन्त्रसाधन के लिये ही प्रवृत्त है। अतः पूर्वोक्त शक्तिस्वरूप के विवेचन का सम्बन्ध उस त्रिपुरा शक्ति की मन्त्र से अभिन्नता सिद्ध करने के लिए है। इसके तीन बीज क्रमशः वाग्भव और कामराज तथा शक्ति कहे गये हैं।

वाग्भव में वागीश्वरी मोक्षप्रदा ज्ञानशक्ति है। कामराज में कामकला क्रियाशक्ति है, जो कामप्रदा है। शक्तिबीज में इच्छाशक्ति धर्मप्रदा है। यही त्र्यक्षरी महात्रिपुर-सुन्दरी विद्या है। इस विद्या का महाज्ञान परमशिवादि स्वगुरुपर्यन्त अविच्छिन्न पारम्पर्योपदेश से ही होने पर भवबन्ध का भेद हो सकता है। अन्य साधनों से (पुस्तकादि से) प्राप्त ज्ञान हानिकारक है। आगे कहा भी है–

पारम्पर्यविहीना ये ज्ञानमात्रेण गर्विताः।
तेषां समयलोपेन विकुर्वन्ति मरीचयः॥

गुरु, सम्प्रदायानुसार गृहीत विद्या ही ऐहिक और पारलौकिक सभी फलों को देने में समर्थ होती है। इसके आगे प्रत्येक बीज का पृथक् साधन-प्रकार विस्तार से बताया है–

"एतस्याः शृणु देवेशि बीजत्रितयसाधनम्" इत्यादि प्रत्येक बीज के साधन के लिये विभिन्न स्वरूप का देवता, ध्यान तथा तदनुकूल वेषविन्यास, पूजासामग्री आदि विहित हैं। जैसे वाग्भव-साधन के लिये–

धवलाम्बरसंवीतो धवलावासमध्यगः।
पूजयेद्धवलैः पुष्पैर्ब्रह्मचर्यपरो नरः॥ इत्यादि।

जपसंख्या एक लक्षात्मक है। मन्त्र सिद्ध होने पर उसके विविध काम्य-प्रयोग भी बताये हैं। इसके फल भी उपवर्णित हैं–**"पदगुम्फैर्महाकाव्यकर्ता देवेशि जायते"** इत्यादि।

आचार्य ने शास्त्रों का अन्तर्भाव चार भेदों में किया है–पदशास्त्र, पदार्थशास्त्र, वाक्यशास्त्र और वाक्यार्थशास्त्र। इस साधन से इन सभी का ज्ञाता होता है। कहा भी है–**"सर्ववाङ्मयवेत्ता च सर्वज्ञो देवि जायते"**।

इसी प्रकार द्वितीय कामराजसाधन का भी सविस्तार वर्णन है–

तथा कामकलारूपा मदनाङ्कुरगोचरे।
उद्यदादित्यबिम्बाभा समुज्ज्वलवपुः प्रिये॥

इत्यादि। इस बीज के साधन तथा फल का भी निरूपण है–"धारणासंप्रयोगेण करोति वशगं जगत्" इसी प्रसङ्ग में पञ्चकामबीजात्मक कामकलाचक्र का उपदेश किया है, जिसमें पञ्च कामबीजों का यन्त्रात्मक सन्निवेश उपवर्णित है। वैदिक विवाह-प्रसङ्ग में यह मन्त्र आता है–**"क इदं कस्मा अदात् कामः कामाय कामो दाता कामः प्रतिग्रहीता"** इत्यादि। इसकी प्रस्तुत काममन्त्रपरक व्याख्या सर्वथा सङ्गत मालूम पड़ती है। सुन्दरीतापिनी तथा दक्षिणामूर्तिसंहिता आदि अन्य ग्रन्थों की एकवाक्यता भी आचार्य ने स्थापित की है। यहाँ पर प्रसङ्गवश आचार्य ने अपने परमगुरु के द्वारा प्रणीत "पुरश्चरणकौस्तुभ" नामक ग्रन्थ का उल्लेख किया है। पञ्चकाम यन्त्र के विषय में अनेक सन्दर्भों के साथ **"क इदं कस्मा अदात्"** इत्यादि

श्रुतिप्रतिपादित मन्त्र की विशद व्याख्या यहाँ पर की गई है, वस्तुतः द्वितीय बीज (कामराज) के साधन के प्रसङ्ग से उसका भी अवसर आया था।

तृतीय-बीज (शक्तिबीज) के विषय में रूपादिकृत विशेष विस्तार नहीं है, मन्त्रसाधन पर ही जोर दिया गया है।

भगवती त्रिपुरा सम्पूर्ण जगत् की सृष्टि कर पालन करने के बाद जब संहारोन्मुखी होती है, उपसञ्जिहीर्षा के कारण ही शक्तिबीज पद से वाच्य होती है। कुल-पद्म से अकुल-पद्म पर्यन्त कुण्डलिनी के प्रयाण का नाम सृष्टि है और अकुल-पद्म से कुल-पद्म तक परावर्तन ही संहार है, इन दोनों की अवधि का स्वशरीर में चिन्तन करना चाहिए—**"सृष्टिसंहारपर्यन्तं शरीरे परिचिन्तयेत्"** ।

इस ध्यान के भी नाना फल आगे उपवर्णित हैं—**"ततो भवति देवेशि वैनतेय इवापरः"** इत्यादि।

इसके आगे तीनों कूटों की एक साथ साधना और उसका फल-निर्देश है—

"अथवा येन विद्येयं परिपूर्णा विचिन्त्यते" से **"तस्याष्टगुणमैश्वर्यमचिरात् संप्रवर्तते"** ॥ इत्यादि तक।

आशय यह है कि जो एक-एक कूट का साधन पहले कर चुके हैं, उन्हें ही तीनों कूटों का विशेष प्रयोग करने का अधिकार प्राप्त होता है, न कि सम्पूर्ण विद्या के पुरश्चरण मात्र से। यहाँ पर भी अन्य तन्त्रों की समीक्षा की गई है। इस त्रिकूटा के सम्पूर्ण साधन के साधकों के लिये कुछ फल स्वभावतः प्राप्य होते हैं—

मन में स्मरण करने मात्र से मातृकाचक्र (अशेष वाङ्मय) का सम्बोध होता है या मातृकाओं योगिनियों के मण्डल में विदित होता है, अर्थात् वह शक्तियां उसकी रक्षा करती हैं।

जब साधक मूल विद्या का जप करता है, तो अशेष योगिनीमण्डल की आज्ञा-शक्ति (प्रभाव-सामर्थ्य) साधक के शरीर में उत्पन्न होती है, अथवा "आज्ञा, सङ्क्रमण" का अर्थ एक विशेष प्रकार की दृग्दीक्षा है, जो गुरु अपने शिष्य पर करता है। यह कार्य स्वयं योगिनीगण ही करती हैं। इसका कारण बताते हुए कहा है कि श्रीचक्र के प्रत्येक आवरण में चतुःषष्टि योगिनियाँ हैं। इसीलिये मूल में ही कहा है—

चतुःषष्टिर्यतः कोट्यो योगिनीनां महौजसाम्।
चक्रमेतत्समाश्रित्य संस्थिता वीरवन्दिते॥

इसके आगे भी एक वशीकरण का प्रयोग निर्दिष्ट है। नवचक्रेश्वरियाँ भी त्रिपुरा की ही पृथक् रूप हैं। उनके भी अलग-अलग प्रयोग अन्य तन्त्रों में उपवर्णित हैं। उनका प्राधान्य न होने से इस तन्त्र में निर्देश नहीं किया गया।

इसके आगे आयुध-बीजों की चर्चा है। ये दो प्रकार के हैं–कामेश्वर तथा कामेश्वरी के। इनके द्वारा भी वशीकरण आदि का विषय बताया गया है। इस प्रसंग में "महावज्रप्रस्तार" नामक तन्त्र का उल्लेख किया गया है। आयुध-बीजों का भी संकेत व्याख्या से किया गया है। इस तन्त्र में प्रधान विद्या का ही विषय प्रतिपाद्य होने से अङ्गविद्याओं के विषय में विस्तार नहीं किया गया है। इसी का प्राधान्य दो उदाहरणों से भी स्पष्ट किया है। भगवान् का मोहिनी रूप धारण करना और कामदेव का सर्वाधिक सामर्थ्य, इसी विद्या की उपासना से सम्भव हुआ था–

एतामेव पुराऽऽराध्य विद्यां त्रैलोक्यमोहिनीम्।
त्रैलोक्यमोहनं रूपमकार्षीद् भगवान् हरिः॥
कामदेवोऽपि देवेशि महात्रिपुरसुन्दरीम्।
समाराध्याभवल्लोके सर्वसौभाग्यसुन्दरः॥ इत्यादि।

इस विद्या की अत्युत्तमता के कारण स्वयं तन्त्रवक्ता भगवान् अपने को भी अत्युत्तम उपासक कहते हैं तथा उपासना का नियमानुसार पालन करना अपना भी धर्म है, यह बात स्पष्ट की है–

"मयाप्येतद् व्रतस्थेन क्रियतेऽद्यापि सुव्रते।
जप्यं त्रिसन्ध्यमेतस्यास्तदेतत्पदसिद्धये॥

"मयापि" इत्यादि वाक्य का आशय यह है कि कर्मपाश से निर्मुक्त होने पर भी मैं यथानियम व्रत-ग्रहणपूर्वक त्रिकाल सन्ध्या-वन्दनादिपूर्वक उपासना करता हूँ। तब साधारण पुरुषों को भी यथानियम करना चाहिये, इस बात को कहने की आवश्यकता नहीं है। भगवान् भी अपने अभिन्न इस ब्रह्म पद की प्राप्ति के लिये उपासना के आचारों का पालन शिष्य-शिक्षा हेतु करते हैं। वैसे भगवान् तो स्वरूप में नित्य स्थित हैं ही। इसके आगे पूजा के कुछ प्रकार (भेद) बताये हैं। आपत् काल में संक्षिप्त अर्चन की भी शास्त्राज्ञा है।

चक्रराज की पूजा के ये प्रकार है–१. आयुधादि बिन्द्वन्ता, २. वशिन्यादि बिन्द्वन्ता, ३. चतुर्दशारादि बिन्द्वन्ता, ४. भूगृहादि बिन्द्वन्ता, पाँचवाँ प्रकार कुरुकुल्ला पटल में है, ऐसा निर्देश किया है। आचार्य के अनुसार वह भूगृह, अष्टदल, नवयोनि पूजा रूप है। इनमें एक ही सम्पूर्ण है, शेष पूजा में संक्षेप रूप है। इस प्रसङ्ग में आचार्य ने "बाह्य, मध्य" आदि पदों के व्याख्यान में अन्य टीकाकारों की असंगति का खण्डन किया है। अन्य मतों का निराकरण करते हुए "ज्ञानार्णव" की एकवाक्यता के द्वारा स्पष्ट रूप से पूजा के तीन भेद सिद्ध होते हैं–नवावरण पूजा प्रथम पक्ष है। इसके अभाव में चतुर्दशारादि

छह आवरण। इससे भी संक्षिप्त अन्तिम तीन आवरण। इसी का समर्थक ज्ञानार्णव का श्लोक है–

चक्रं समर्चयेद् देवि सकलं नियतव्रतः।
बाह्यमध्यगतं वापि मध्यं वा चक्रमर्चयेत्॥

पञ्चम विश्राम

चतुर्थ पटल में बीजसाधन के निरूपण के बाद इस पञ्चम पटल में मन्त्र-साधन का वर्णन प्रस्तुत है। "**इदानीं जपहोमानां विधानं वद शंकर**" इत्यादि श्लोकों से प्रकरण आरम्भ होता है। प्रश्न के बाद भैरव (शिव) क्रमशः जप-होमादि विधान कहते हैं–यावज्जीवन नियतसंख्यात्मक जप और विशेष पुरश्चरण करना चाहिए। ऐहिक काम्य-प्रयोग के लिये पुरश्चरण के विना अधिकार नहीं होता। आमुष्मिक (पारलौकिक या मोक्षार्थ) के लिये पुरश्चरण के विना भी नित्य जपमात्र से निर्वाह होता है।

पूर्वोक्त पूजा-प्रकारों में किसी भी प्रकार पूजा करने के बाद साधक व्रतस्थ होकर नियमित सहस्र जप करे तो यह अनन्त फल प्रद होगा। बीच में अन्य टीकाकारों के मत का खण्डन भी किया गया है। जप के लिये पूजन आवश्यक नहीं है, केवल मानस-पूजन कर भी जप किया जा सकता है। मूल की उक्ति है–

ध्यात्वा वा हृद्गतं चक्रं तत्रस्थां परमेश्वरीम्।
पूर्वोक्तध्यानयोगेन सञ्चिन्त्य जपमारभेत्॥

जपकाल में उच्चारण के भेद से तीन भेद होते हैं–निगद (स्पष्ट उच्चारण), उपांशु (स्वकर्णमात्रगोचर) तथा मानस (मनोमात्रगोचर)। इसमें उत्तरोत्तर प्रकार श्रेष्ठ है। गुरुमुखमात्र वेद्य योनिमुद्राबन्ध जपकाल में आवश्यक हैं। इसकी जपमाला के विषय में अनेक प्रकार बताये हैं, जैसे–"**मुक्ताफलामलमणिस्फीतवैदूर्य-सम्भवाम्**" इत्यादि। नाना प्रकार के रत्नों की मालायें तथा कामना-भेद से विशिष्ट रत्नों का ग्रहण भी आगमों में निर्दिष्ट है। मुख्यरूप से अक्षमाला अकार से क्षकार तक वर्णमयी माला ही ग्राह्य है, इसके जप का प्रकार भी अन्यत्र है। इसके आगे अनेक श्लोकों से एक लक्ष से नव लक्ष तक जपसंख्या और उसके विभिन्न फल बताये गये हैं–

"नवलक्षप्रमाणं तु जप्त्वा त्रिपुरसुन्दरीम्।
विधिवज्जायते मन्त्री रुद्रमूर्तिरिवापरः॥
प्रसन्नो मुदितो धीरः स्वच्छन्दगतिरीश्वरः"।

इसके जप के लिये समुचित स्थानों का निर्देश किया गया है। जप की समाप्ति के बाद उसका अङ्गहोम करना भी आवश्यक है–**"होमं कुर्याद् दशांशेन कुसुमैर्ब्रह्मवृक्षजैः"** इत्यादि। होम अङ्ग होने पर प्रधान भी है। "हृदयमुपांशुयाज" इत्यादि शास्त्रों में उपांशुयाग की प्रधानता कही गई है। जप के पुरश्चरण के तथा संख्या के अनेक प्रकार शास्त्रकारों ने दिये हैं। किसी मत में पूर्ण संख्या पैंतालीस लाख जप तक भी है, जैसे–सौभाग्यरत्नाकर आदि में। द्वादशकपाल इष्टि और अष्टकपाल इष्टि की तरह पृथक्-पृथक् जपसंख्या और उसका विधान भी मान्य है। इस प्रकरण में आचार्य ने मीमांसा के अनुसार कर्मभेद आदि का विस्तृत विवेचन किया है। अनेक दिनों तक चलने वाले जप में बीच में बाधा की सम्भावना रहती है, अतः नियत संख्या का जप और उसके दशांश होमादि को साथ में ही करना चाहिये, यह आचार्य का विचार है।

इसके आगे होम के लिये उपयुक्त विभिन्न फल देने वाले कुण्डों की रचना के प्रकार निर्दिष्ट हैं–

योनिकुण्डे भगाकारे वर्तुले वाऽर्धचन्द्रके।
योनिकुण्डे भवेद्वाग्मी भगे चाऽऽकृष्टिरुत्तमा।
अष्टकोणे तु सुभगे समीहितफलं भवेत्।

इत्यादि आठ प्रकार के कुण्डों का उल्लेख किया गया है।

इन प्रकारों का त्रिपुरातापिनी श्रुति और ज्ञानार्णव आदि तन्त्रों से भी सम्बन्ध सूचित है। विविध गुणों की कामना के लिये भी पुष्पविशेष का हवन विहित है–**"मल्लिकामालतीजातिपुष्पैराज्यमधुप्लुतैः"** इत्यादि। वस्तुतः संयोग-पृथक्त्वन्याय से यह हवन-कर्म क्रत्वर्थ और पुरुषार्थ दोनों रूप से है। इस प्रकरण में आचार्य ने अन्य तन्त्रों के साथ तुलना प्रस्तुत करते हुए मतान्तर का खण्डन एवं विषय की एकरूपता प्रतिष्ठापित की है।

आचार्य का कथन है कि प्रस्तुत तन्त्र मुमुक्षु जनों के उद्देश्य से ही प्रवृत्त है। अतः अन्त में कुछ काम्य-प्रयोग बताने के बाद केवल इस मन्त्रराज के हवन मात्र से सभी प्रकार की सिद्धि साध्य है, यह मूल तन्त्र में स्पष्ट ही कहा है–

"समस्तमन्त्रकल्पोक्तैर्ध्यानहोमजपादिभिः ।
प्रयोगाः कथिता देवि ! सिद्ध्यन्त्येव न संशयः ॥

इसकी व्याख्या में आचार्य लिखते हैं–समस्त सप्तकोटि आदि संख्या वाले मन्त्रों के जो कल्प अर्थात् तन्त्र हैं, उनमें निर्दिष्ट ध्यान मात्र से साध्य और होममात्र से साध्य, जपमात्र से साध्य, आदि पद से अर्चनादि से साध्य प्रयोग इससे सिद्ध होते हैं, यही शिव का आशय है। केवल इतना ही नहीं; किन्तु अन्य तन्त्र में विभिन्न मन्त्रों के द्वारा निर्दिष्ट प्रयोगों में भी उन मन्त्रों के स्थान में इस विद्या की

योजना करने पर सभी सिद्धि प्राप्त होती है। इसका कारण है कि यह श्रीविद्या मातृका से अभिन्न है और मातृका ही समस्त मन्त्रों की जननी है। अतः इसके द्वारा सभी सिद्धियाँ प्राप्त होना स्वभावतः सिद्ध है। सभी मन्त्रों की मातृका-सरस्वती प्रकृति है और शेष मन्त्र उसी की विकृति हैं, प्रकृति सिद्ध होने पर विकृति का सिद्ध होना आवश्यक ही है। इसीलिये मूल में वचन है—**"एतस्यां साधितायां तु सिद्धा स्यान्मातृका यतः"**। वस्तुतः किसी भी मन्त्र को मातृका-सम्पुटित कर जपने से सभी सिद्धियाँ प्राप्त होती हैं। सम्पुटीकरण के भी अनेक प्रकार हैं।

अब इस विषय में एक शंका हो सकती है कि नानातन्त्रों में विभिन्न देवताओं के जो नानाविध प्रयोग बताये गये हैं, इसके करने से वे व्यर्थ हो जायेंगे और प्रयोगों का सांकर्य भी हो जायेगा। इस पर समाधान यह है कि स्थूल दृष्टि से भेद होने पर भी सूक्ष्म रूप से सभी की एकता ही है। अतः सूक्ष्म ध्यानादि भी जानना चाहिये—

"न ध्यानं मुखमुद्रादिकलानां परिकल्पनम्।
ध्यानं शक्तिसमावेशात्सुहमत्सामरस्यकम्" ॥

इसका आशय यह है—मुखादि अवयव या वराभयादि मुद्रा रक्त-श्वेत इत्यादि वर्गकला अर्थात् अवयव की कल्पना इत्यादि तात्त्विक नहीं हैं; किन्तु मनःकल्पित हैं। यह बात निषेध रूप निन्दा नहीं है, किन्तु वस्तुतत्त्व की प्रशंसा ही है। ब्रह्म स्वरूप जो शुद्ध चैतन्य है, वही आणव, कार्मण और मायीय नामक तीन मलरूप अविद्याबन्ध से युक्त होकर "जीव" कहा जाता है। अतः जीव में भी ब्रह्म में रहने वाली सभी शक्तियाँ हैं; परन्तु ये तिरोहित हैं।

तिरोधान निवृत्त होने के लिए आणव-शाम्भव-शाक्त नाम से तीन प्रकार के उपाय शिवसूत्र में उपवर्णित हैं। उन उपायों से स्वनिष्ठ शक्तियों का उल्लास होने पर जीव पुनः ब्रह्म ही हो जाता है। इस विषय में ये सूत्र द्रष्टव्य हैं—**"स्वशक्तिप्रचयो विश्वम्", "शक्तिचक्रानुसन्धानाद्विश्वसंहारः", "महाह्रदानुसन्धानान्मन्त्र-वीर्यानुभवः", "शिवतुल्यो जायते", "भूयः स्यात् प्रोक्तमीलनम्"**।

इस पर आचार्य क्षेमराज की व्याख्या द्रष्टव्य है। इसी आशय से **'न ध्यानं मुखमुद्रादि'** इत्यादि श्लोक हैं।

इसी प्रकार जप भी स्थूल वैखरी रूप वास्तविक नहीं है; किन्तु आभ्यन्तर नाद ही सभी वर्णों का प्रकृतिभूत होने से वही यथार्थ जप है।

इसी तरह स्थूल अग्नि में हविर्द्रव्य का प्रक्षेप यथार्थ होम नहीं है; किन्तु सर्वभक्षक आत्मा ही अग्नि है। उसमें संकल्प-विकल्पात्मक मन ही हविर्द्रव्य है। अतः मनःपूर्णाहुति ही वास्तविक होम है। अतः जब तक आत्मा रूप अग्नि में विश्व की पूर्णाहुति न होगी, तब तक पूर्ण होम न होगा। अतः अन्तर्होम सिद्ध

होने पर ही बर्हिगत होम भी सफल हो सकता है। विश्वविषयक मनोविकल्पों का विलापन करना ही तो होम है। इस विषय में प्राचीन श्लोक है–

'अन्तर्निरन्तरमनिन्धनमेधमाने
मोहान्धकारपरिपन्थिनि संविदग्नौ।
कस्मिंश्चिदद्भुतमरीचिविकासभूमौ
विश्वं जुहोमि वसुधादिशिवावसानम् ॥

तन्त्रराज का भी कथन है–"**होमो विश्वविकल्पानामात्मन्यस्तमयो मतः**" इस प्रकार के स्वात्मोपासक के लिये सभी प्रयोग समान होने के कारण साङ्कर्य नहीं है; परन्तु त्रिपुरा की उपासना में क्या उपयोग है ? इस शंका का निराकरण करने के लिये उसका "सूक्ष्मतम भाग स्पष्ट रूप से प्रतिपादित है–"**स्वसंवित् त्रिपुरादेवी**" इत्यादि। अपनी संवित् ही त्रिपुरा है, त्रिपुटी से पूर्वकालिक होने से तथा द्योतमान होने से। उसका विमर्श इतर विषय न होते हुए केवल तन्मात्रगत चिन्तन है। यही स्वात्मविषयक अनुराग का स्वरूप होने से लौहित्य (आरुण्य) है। रागात्मक तत्त्व पाश का सूक्ष्म रूप है। पाश का धर्म बन्धकत्व है। अङ्कुश का सूक्ष्म रूप द्वेष रूप क्रोध है। द्वेष्य का अर्थ वारकत्व है। शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध ये पञ्च-तत्त्वात्मक विषय ही पुष्प-बाण रूप से गृहीत हैं। धनुष इक्षुकोदण्ड मनस्तत्त्व है। विषयात्मक इन्द्रियों को तत्तद् विषयों में प्रेरित करना बाण का धर्म है।

विश्वविषयक स्फूर्तिजनिका मनोवृत्तियाँ ही क्रम से बिन्दुचक्र तक वर्तमान आवरण देवता या शक्तिरूप हैं।

मन्त्रवैभवपटल के अनुसार पाँच अब्ज सात अरब छः कोटि संख्या वाली "गुप्त" नामक शक्तियाँ नव चक्रों में विद्यमान रहती हैं। ये सभी मनोवृत्ति-विशेष रूप हैं। प्राचीन वचन भी है–

ललिता चक्रनवके प्रत्येकं शक्तयः प्रिये।
चतुःषष्टिर्मताः कोट्यस्ताः सम्भूय पुरोदिताः ॥

परन्तु ये शक्तियाँ अणिमादि देवताओं से भिन्न ही हैं। श्रीचक्र के पूर्व–पश्चिम द्वार ही क्रमशः प्राण और अपान रूप हैं। काल (एक), धामत्रय (जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति) तथा पञ्चमहाभूत, ये ही क्रम से नव चक्र हैं।

इस प्रकार वासनात्मक सूक्ष्मरूप का आचार्य ने अतिमहत्त्वपूर्ण विवेचन किया है। आगे विभिन्न टीकाकारों की यत्र-तत्र आलोचना भी की है तथा उनकी त्रुटियाँ दिखलाई हैं। इन पाँच पटलों में चार सौ तीस और एक आधा ऐसी श्लोक-संख्या है; परन्तु इसका पूर्वचतुःशती नाम से (समाख्या से) निर्देश किया गया है। अन्य टीकाकारों ने संख्या के लिये कतिपय श्लोकों को लिया तथा कुछ छोड़ दिया, यह बात अनुचित है; क्योंकि "समाख्या" ही बलवती होती है।

शारदातिलक में "पञ्चाशदर्णैः" का अर्थ एकपञ्चाशत् माना गया है और सूतसंहिता में भी–

एकधा च द्विधा चैव तथा षोडशधा स्थिता ।
द्वात्रिंशद्भेदभिन्ना वा या तां वन्दे परात्पराम् ॥

यहाँ पर "द्वात्रिंशत्" का पञ्चत्रिंशद् व्यञ्जन अर्थ लिया गया है। पटल के अन्त में पूजा की सूक्ष्म वासना को निम्नाङ्कित श्लोक में कहा है–

करणेन्द्रियचक्रस्थां देवीं संवित्स्वरूपिणीम् ।
विश्वाहङ्कृतिपुष्पैस्तु पूजयेत् सर्वसिद्धये ॥

ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रियों का समूह ही चक्र (पूजाचक्र) है और देवता त्रिपुरा संवित्स्वरूपिणी निर्विषयक ज्ञानमात्ररूपा है। उसका पूजन षट्त्रिंशत्तत्त्वात्मक समुदाय में सर्वत्र अहंभाव रूप (सर्वदा पराहन्ता का अनुसन्धान) पुष्पों से, अर्थात् पूजाद्रव्यों से करना चाहिये। आचार्य का कथन है कि जब अनुसन्धान सम्भव न हो (स्वप्न-आदि दशा में), तब भी ब्रह्ममयत्वभावना का अनुसन्धान स्थिर रखना ही पूजा का वास्तविक स्वरूप है। अन्यत्र भी वचन हैं–

ज्ञाता स्वात्मा भवेज्ज्ञानमर्घ्यं ज्ञेयं बहिःस्थितम् ।
श्रीचक्रं पूजनं तेषामेकीकरणमीरितम् ॥

तन्त्रराज में भी **"गुरुराद्या भवेच्छक्तिः"** इत्यादि वासनाओं का विवेचन किया गया है। इस प्रकार इस पटल में मन्त्रसाधन का बाह्य और आभ्यन्तर दोनों प्रकारों का निरूपण है। आचार्य का कथन है कि आगे का ग्रन्थभाग प्रधानरूप से आन्तर विषयों का ही प्रदर्शक है।

षष्ठ विश्राम

इसके पूर्व पञ्चम पटल में बाह्ययाग को ही विशेषरूप से बताया था, अब शिव अन्तर्याग को विशेषरूप से बतायेंगे। तदनुसार देवी का प्रश्न होता है–

"देवदेव महादेव परिपूर्णप्रथामय ।
वामकेश्वरतन्त्रेऽस्मिन्नज्ञातार्थास्त्वनेकशः ॥
तांस्तानर्थान् विशेषेण वक्तुमर्हसि भैरव" ! ॥

इस प्रश्न वाक्य की आचार्य ने विस्तृत व्याख्या की है, जिसका तात्पर्य यह है कि प्रकाशस्वभाव परमेश्वर ही महादेव हैं। "दिव्" धातु का अर्थ क्रीड़ा भी है, जो सब जीवों में समाविष्ट होकर क्रीड़ा करते हैं। इन विभिन्न विशेषणों से शिव की सर्वज्ञानों में व्यापकता सिद्ध की है।

वाम का अर्थ सुन्दर है। उन अर्थों के प्रकाशन में ईश्वरत्व सामर्थ्य शिव को ही है। "तन्त्रेऽस्मिन्" इस उक्ति से उत्तरचतुःशती भी इसी तन्त्र की है और पूर्वोत्तर भाग मिलाकर यह एक ही शास्त्र है, यह भी सिद्ध होता है।

कर्मकाण्ड और ब्रह्मकाण्डरूप भेद होने पर जैसे वेदैकविषयता के कारण दोनों शास्त्रों की एकरूपता कही गई है, वैसे ही पूर्वोत्तर चतुःशती मिलकर एक शास्त्र है। अज्ञात अर्थ तीन प्रकार के हैं–चक्रसङ्केत, मन्त्रसङ्केत और पूजासङ्केत। भैरव पद की व्याख्या करते हुए शैवागमों के लक्षण का उल्लेख किया है–

उद्यमोऽन्तःपरिस्पन्दः पूर्णाहंभावनामकः।
स एव सर्वशक्तीनां सामरस्यादशेषतः॥
विश्वतो भरितत्वेन विकल्पानां विभेदिनाम्।
अलं कवलनेनापीत्यन्वर्थादिव भैरवः॥

"वद" न कहकर "वक्तुमर्हसि" प्रयोग करना गुरु रूप से प्रार्थना सूचित करता है। इस प्रश्न के बाद शिव का उत्तर है–

शृणु देवि महागुह्यं योगिनीहृदयं परम्।
त्वत्प्रीत्या कथयाम्यद्य गोपितव्यं विशेषतः॥ इत्यादि।

अत्यन्त रहस्य होने से ही महागुह्य है। उपासना के दो प्रकार हैं–बाह्य और आभ्यन्तर। बहिर्यागानुष्ठान से चित्त शुद्ध होने पर ही अन्तर्याग में साधक को अधिकार होता है। "योगिनीहृदय" शब्द की व्युत्पत्ति इस प्रकार है–

"योगिन्यास्त्रिपुरसुन्दर्या हृच्चित्तं प्रत्ययते गच्छति प्राप्नोति देवीमनोगतम्"।

इसी पटल के उक्त नाम के कारण इन अवशिष्ट तीन पटलों की "योगिनी-हृदय" के नाम से प्रसिद्धि हुई है। शिव का आशय है कि अत्यन्त रहस्य होने से आज तक यह रहस्य प्रकाशित नहीं किया; परन्तु तुम मेरी इच्छा रूपा हो और तुम्हारी आज्ञा का अतिक्रमण मैं नहीं कर सकता, अतः कहूँगा। तन्त्र के अन्त में देवी कही भी हैं–**"एवं त्वयाऽहमाज्ञप्ता मदिच्छारूपया प्रभो"**। **"गोपितव्यं विशेषतः"** का आशय है–योग्य और सुपरीक्षित शिष्य को ही बताना चाहिये।

यह शास्त्र गुरु-शिष्य की कर्णोपदेश परम्परा से ही ऊर्ध्वलोक से भूलोक तक आया है। अतएव तन्त्रों में दिव्यौघ, सिद्धौघ और मानवौघ तीन प्रकार की गुरु-परम्परा उपवर्णित है।

इस प्रकरण में प्रसङ्गवशात् गुरु-शिष्य व्यवहार के विषय में आचार्य ने विस्तृत विचार किया है, जिसका सारांश यह है कि परशिष्य, नास्तिक, शुश्रूषा में आलसी और अनर्थप्रदायी इस प्रकार चार शिष्य विद्योपदेश के लिये अधिकारी नहीं होते। श्रुति में भी **"विद्या ह वै ब्राह्मणमाजगाम"** इत्यादि मन्त्रों से यही बात कही गई है और इस बात का उपबृंहण आत्मपुराण में भी है–

ब्रह्मविद्याऽतिसंखिन्ना ब्रह्मिष्ठं ब्राह्मणं ययौ।
वाराङ्गनासमां मा हि मा कृथाः सर्वसेविताम्॥ इत्यादि।

यहाँ पर विद्या शब्द से तात्पर्य श्रीविद्या से है। यहाँ पर एक विचार किया गया है कि परशिष्य यदि किसी अन्य सद्गुरु के प्रति भक्तिमान् हो, एकाध वर्ष से अधिक सेवा कर रहा हो और आस्तिकता आदि सामान्य गुणों से युक्त हो, तो क्या उसका स्वीकार करना अनुचित है ? और शास्त्र भी कहते हैं–

मधुलुब्धो यथा भृङ्गः पुष्पात्पुष्पान्तरं व्रजेत्।
ज्ञानलुब्धस्तथा शिष्यो गुरोर्गुर्वन्तरं श्रयेत्॥

अन्य वचनों के अनुसार **"लब्ध्वा कुलगुरुं सम्यङ् न गुर्वन्तरमाश्रयेत्"** यह भी निषेध है। तो इसका तात्पर्य यह जानना चाहिये कि कौल-धर्म का गुरु प्राप्त होने पर वैष्णवादि धर्मों के गुरु का आश्रय नहीं लेना चाहिये; अथवा कौलधर्म भी अतिगहन है, अतः उसके लिये अनेक गुरुओं से ज्ञान ग्रहण करना चाहिये। इसी आशय से "मधुलुब्धौ" इत्यादि दृष्टान्त दिया है। शक्तिरहस्य में भी कहा है– **"कौलिके गुरवोऽनन्ताः"** । **"एकगुरूपास्तिः"** इस कल्पसूत्र का आशय है कि सम्पूर्ण ज्ञानशाली एक गुरु के प्राप्त होने पर अन्य गुरु के पास जाने की आवश्यकता नहीं होती।

यहाँ पर "परशिष्य" पद का अर्थ यह है कि अपने गुरु से अधिक दूसरे गुरु में ही जिसका विश्वास हो। इसमें शास्त्र का आशय यह है कि पूर्व गुरु के प्रति अनादर होने से शिष्य का अकल्याण हो सकता है; क्योंकि पूर्व गुरु का चित्त-क्षोभ उसके लिये अकल्याणकारी होगा। अतः पूर्व गुरु की अनुमति से अन्य गुरु का आश्रय लेवे। यदि शिष्य अपनी बुद्धि से यह निर्णय कर सके कि पूर्व गुरु अल्पज्ञ है और दूसरा गुरु विशेषज्ञ है, तो पूर्व गुरु की अनुमति से दूसरे गुरु का शिष्य हो सकता है। यदि पूर्व गुरु दुराग्रही हो और शिष्य को अनुमति न दे, तो पूर्व गुरु उत्पथगामी है, यह निर्णय होने पर उसका परित्याग कर सकता है; क्योंकि शास्त्र-वचन है–

गुरोरप्यवलिप्तस्य कार्याकार्यमजानतः।
उत्पथप्रतिपन्नस्य परित्यागो विधीयते॥

यदि शिष्य दोनों गुरुओं के ज्ञान का तारतम्य जानने में असमर्थ हो, तो "इस जन्म में मेरा ज्ञानादृष्ट नहीं है" यह सोचकर पूर्व गुरु की ही सेवा करता रहे। निर्णय यह है कि यदि परशिष्य गुणसम्पन्न है और भक्तिमान् है, तो उसके पूर्व गुरु के न रहने पर उसे निःशङ्क भाव से ग्रहण करना चाहिये। यदि पूर्व गुरु जीवित है; परन्तु उत्पथगामी है, तो उसकी अनुमति के विना भी शिष्य का ग्रहण करना चाहिये। यदि उत्पथ प्रतिपन्न नहीं है, तो उसकी अनुमति से शिष्य को लेना चाहिये। यह सारा विचार "परशिष्य" पद से सम्बन्ध रखता है। नास्तिक तो सर्वथा अनधिकारी स्पष्ट ही है। जो छल-कपट से केवल विद्या जानना चाहता हो,

(गुरुशुश्रूषा) गुरु के उपदेश को सुनना या शुश्रूषा सेवा करने में पराङ्मुख हो, अनर्थप्रदायी, शत्रुपक्षाश्रित या अनिष्ट कार्य करने वाला हो, ये सब अनधिकारी हैं। अथवा धनादि से सेवा न करनेवाला यह भी अर्थ होगा; क्योंकि शास्त्र का कथन है—**"गुरुशुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा"**। इस प्रकारण में अन्य तन्त्रों का भी ऊहापोह किया गया है। इसी बात को पुष्ट करने के लिये आगे का वाक्य है—

परीक्षिताय दातव्यं वत्सरोर्ध्वोषिताय च।
एतज्ज्ञात्वा वरारोहे सद्यः खेचरतां व्रजेत्॥

शील-स्वभाव जानने के लिये कुछ समय आवश्यक होता ही है। कहीं-कहीं तीन वर्ष शिष्य का परीक्षा-काल लिखा है।

गुरु-शिष्य सम्बन्ध अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। उसमें यदि कुछ भी विपर्यास हो, तो दोनों अनिष्टभागी होते हैं; क्योंकि अयोग्य शिष्य के ग्रहण से गुरु को भी कष्ट उठाना पड़ता है।

तस्मादेवंविधं शिष्यं न गृह्णीयात् कथंचन।
यदि गृह्णाति मोहेन तत्पापैर्व्याप्यते गुरुः॥

ऐसा भी कहा है— इस प्रसङ्ग में आचार्य ने अनेक विकल्पों का समाधान किया है, जिसका सारांशमात्र ही ऊपर लिखा है। इसके आगे पूर्वोक्त तीन सङ्केतों की चर्चा है—चक्रसङ्केत, मन्त्रसङ्केत और पूजासङ्केत। इनको पूरी तरह जाने विना "परमाज्ञाधर" नहीं होता, अर्थात् शुद्धविद्या का प्रकाश तब तक नहीं होता। चक्र के वासनात्मक रूप की आगे व्याख्या की गई है—

"पञ्चशक्ति-चतुर्वन्हि" आदि से तात्पर्य है—पञ्च शक्ति-त्रिकोण और चार शिव-त्रिकोण। इसी से आगे चक्र का विस्तार हुआ है। यहाँ पर "संयोग" शब्द से पद्मद्वयभूगृह भी लिया जायेगा। यद्यपि "बिन्दु" का उल्लेख नहीं है; परन्तु कर्काटक (परकाल) से वृत्त बनाते समय स्वभावतः बिन्दु बन जायेगा। अतः मूल में बिन्दु का उल्लेख नहीं है।

सामान्य रूप से समस्त चक्र की उत्पत्ति की वासना को निम्नाङ्कित शब्दों से अभिव्यक्त किया है—

"यदा सा परमा शक्तिः स्वेच्छया विश्वरूपिणी।
स्फुरत्तामात्मनः पश्येत्तदा चक्रस्य सम्भवः"॥

यहाँ पर विचारणीय है कि अनेक शास्त्रों के प्रामाण्य से जगत् के सृष्टि-प्रलय दोनों सिद्ध हैं। उनकी अभिव्यक्ति के भेद से क्रमशः एक के बाद दूसरी प्रतीति भी घटीयन्त्र की तरह माननी चाहिये। तो सृष्टि का वर्णन करते समय किसी प्रलय को लेकर ही चलना पड़ेगा। प्रलय का स्वरूप यह है कि अनन्त शक्तिसम्पन्न ब्रह्म का स्वरूपमात्र से कुछ काल तक अवस्थान। जैसे सुषुप्ति काल में जीव की दशा

रहती है। पूर्वसृष्टि के समय जो ज्ञान का उदय न होने से मुक्त नहीं हुए, ऐसे समस्त जीव और उनके अदृष्ट तथा पञ्चमहाभूत, ये सब स्थूल और सूक्ष्म रूप से कपास के बीज में वस्त्र की तरह प्रलयकालीन ब्रह्म में रहते हैं। इसी का दृष्टान्त अन्यत्र **'यथाऽण्डान्तर्जले बर्ही'** इत्यादि दिया है। अतः सुप्त जीव के उत्थान में उसका कर्म ही कारण होता है। पूर्वसृष्टिकालिक प्राणियों के अदृष्ट से ही शक्ति सहित ब्रह्म में प्राथमिक वृत्ति (स्फुरत्ता) उत्पन्न होती है। वह वृत्ति इच्छारूपा है। स्फुरत्ता का ज्ञान भी कारण है, यदि ऐसा कहें, तो भी कोई बाधा नहीं होगी। वस्तुतः **'तदैक्षत बहु स्यां प्रजायेय'** इत्यादि श्रुतियों में ईक्षण में "बहु स्याम्" का आकार होने से प्राथमिकी वृत्ति इच्छा-ज्ञान उभयरूपा है। **"सोऽकामयत बहु स्याम्"** इत्यादि अन्य वचनों से एकवाक्यता होती है। अधिक क्या कहा जाय **"तत्तपो कुरु"** इत्यादि वचनों से वही वृत्ति क्रियारूपा भी सिद्ध होती है। ज्ञानेच्छा क्रियाओं का साङ्कर्य श्रुति के लिङ्ग से माना जा सकता है—**"स्वाभाविकी ज्ञानबलक्रिया च"** कहा गया है।

इच्छा-ज्ञान-क्रिया तीनों के धर्मी (ब्रह्म) के साथ अभेद होने के कारण उसमें उत्पद्यमान वृत्ति भी स्वभावतः त्रिरूपा ही होगी। एकवचन और कर्मधारय समास से भी अभेद सिद्ध होता है। आत्मनिष्ठ स्फुरत्ता सृष्टि ही है। प्रकाश का यह स्वभाव है कि विषय की व्याप्ति को लेकर स्फूर्ति करना। जैसे दीप प्रभा, आतप, चन्द्रिका, गृह, अङ्गण आदि के सम्बन्ध से ही व्यक्त होते हैं, अन्तरिक्ष में भी तृण-पर्ण, वृक्षादि के साथ प्रकाश की अभिव्यक्ति होती है। यदि यह कहें कि दीप विषयसम्बन्ध के विना भी भासमान होता है, अतः विषय-सम्बन्ध के नियम का व्यभिचार हुआ। दीप रत्न की तरह अपने प्रभापटल से भिन्न है। यदि प्रभापटल से भिन्न है, तो तैजसत्व कैसे माना जाये ? तो रत्न की तरह ही उसे मानिये। यदि हम कहें कि रत्न में गुरुत्व और घनत्व होने से पार्थिव अंश अधिक है, दीप में नहीं है।

वस्तुतः पञ्चीकरण प्रक्रिया सर्वत्र समान है, अतः जिसमें जितना पार्थिव और तैजस अंश होगा, उतना ही माना जायेगा। प्रभापटल की अपेक्षा से दीप में घनता अधिक है, अतः उसमें पार्थिवांश की सत्ता माननी होगी। तैजसत्व व्यवहार तो अपेक्षित अंश के अनुसार कांस्य आदि धातुओं में भी है ही; क्योंकि वह भी प्रकाश का आश्रय है।

अतः निष्कर्ष यह हुआ कि प्रकाशमात्र की स्फूर्ति विषय-सापेक्ष है और विषय भी प्रकाश के सम्बन्ध से ही स्फुरित होता है। स्फुरण ज्ञान भी प्रकाशरूप है। इसलिये विषय के साथ सम्बन्ध विषय-विषयि भावात्मक है और यही स्फुरत्ता पदार्थ है। तद्वत्ता प्रतियोगित्व-अनुयोगित्व तादात्म्य इनमें किसी सम्बन्ध से होगी।

इससे 'ज्ञानं स्फुरति, घटः स्फुरति, तयोः सम्बन्धः स्फुरति' इस प्रकार तीनों प्रकार का व्यवहार उपपन्न होगा। ब्रह्म भी प्रकाशैक रूप होने से तन्निष्ठ स्फुरत्ता का विषयिता सम्बन्ध से सृष्टिरूप विषयत्व होने से स्फुरत्ता पद का अर्थ सृष्टि ही है। विषय और तत्संसर्गनिष्ठ स्फुरत्ता का भेद नहीं है, इसकी सूचना "आत्मनः" पद से दी गई है। यह सृष्टि ही क्रिया है।

"स्वेच्छया स्फुरत्तां पश्येत्" इन तीन पदों से इच्छा-कृति-ज्ञान तीनों का ऐक्य ध्वनित होने से इच्छादि-त्रयसमष्टिरूपिणी शान्तादेवी का स्वरूप ही ईक्षण है, यह सिद्ध होता है।

अतः निष्कर्ष यह हुआ–"मैं सृष्टि करूँ" इत्याकारक प्राथमिकी वृत्ति इच्छा-ज्ञान-क्रियात्मिका शान्ता नामक जब हुई, तभी तत्काल ही चक्र की उत्पत्ति होती है; क्योंकि **"इच्छामात्रं प्रभोः सृष्टिः"** इत्यादि वचनों से उसमें विलम्ब नहीं होता। यह शान्ता रूप प्रथम वृत्ति ही "बिन्दु" चक्र की वासना है। इस पर मूल कारिका है–

शून्याकारादिसर्गान्ताद्बिन्दुप्रस्पन्दसंविदः।
प्रकाशपरमार्थत्वात् स्फुरत्तालहरीयुतात्।
प्रसृतं विश्वलहरीस्थानं मातृत्रयात्मकम्॥

इस पर आचार्य की विस्तृत व्याख्या है, जिसका सार निम्नाङ्कित है–

इसमें पाँच विशेषण हैं, उनका अन्वय विशेष्यभूत ब्रह्म से है, जो आक्षेपलभ्य है। "मातृत्रयात्मकम्" से इच्छा, ज्ञान, क्रियारूप देवियों की समष्टि ली गई। मातृपद से इच्छादि की तरह वामा, रौद्री, ज्येष्ठा और पश्यन्त्यादि मातृकाओं से सम्बन्ध सूचित होता है। मातृरूप होने से ही विश्वलहरी स्थान है, अर्थात् षट्त्रिंशत् तत्त्वात्मक लहरियाँ ही उनका आधार हैं, तरङ्गों का आधार समुद्र ही होता है। अतः वह वृत्ति समुद्र की तरह व्यापक है।

उस तरह की वृत्ति उत्पन्न होने के बाद ही समस्त सृष्टि का क्रम चलता है। यह कारिका बिन्दु-चक्र की वासना को ही बताती है। कुछ लोग त्रिकोणपरक भी व्याख्या करते हैं। इसी के विषय में श्रुतियों में **"अष्टाचक्रा नवद्वारा देवानां पूरयोध्या। तस्यां हिरण्मयः कोषः"** इत्यादि उपवर्णित है। शून्याकारादि विशेषणों का तात्पर्य है– आकारादिरहित प्रलयकालीन अवस्था के ब्रह्म से ज्ञानस्वरूप जीवों का स्पन्दन (उत्पत्ति)। भेद मालूम होता है वास्तविक भेद नहीं है। प्रकाश ही परमार्थ अर्थात् सत्य है। इसमें भी रहस्यार्थ ज्ञातव्य है– अर्थसृष्टि और शब्दसृष्टि दोनों की एक साथ अङ्कुर और उसकी छाया की तरह परस्पर संयुक्त उत्पत्ति होती है। पदार्थमात्र शब्द से अनुविद्ध है। **"अनुविद्धमिव ज्ञानं सर्वंशब्देन भासते"** यह उक्ति है। **"वागर्थाविव संपृक्तौ"** यह महाकवि की उक्ति है।

इसलिये सृष्टि के कारणीभूत "ब्रह्म" में जो कि शिवशक्त्यात्मक है, उसमें शब्दत्व और अर्थत्व भी अन्तर्निहित हैं। उसमें "अ"कार शिव का रूप और "ह"कार शक्ति का रूप है। सङ्केत-पद्धति की उक्ति है–

"अकारः सर्ववर्णाग्र्यः प्रकाशः परमः शिवः।

हकारोऽन्त्यः कलारूपो विमर्शाख्यः प्रकीर्तितः" ॥

ये दोनों अकार-हकार वैखरी की तरह अतिस्पष्ट नहीं हैं; किन्तु सूक्ष्मरूप में हैं; क्योंकि वैखरी से सूक्ष्म-सूक्ष्मतर-सूक्ष्मतम मध्यमा-पश्यन्ती-परारूप त्रिविध वर्ण हैं। इससे भी सूक्ष्म विचार वरिवस्यारहस्य में किया गया है। इसके आगे पुनः आचार्य ने सिंहावलोकन न्याय से **"शून्याकारात्"** इत्यादि कारिका की व्याख्या की है। जिसकी कुछ प्रधान बातें यह हैं–

शून्यात्मक अकार से विसर्गान्त अर्थात् हकार तक शब्दब्रह्म रूप एक अखण्ड है। शून्याकार कहने से अकार एक बिन्दुरूप और हकार दो बिन्दुओं के रूप में है। यद्यपि विसर्ग-पद से षोडश स्वर "अः" की उपलब्धि होती है; परन्तु "अन्त" पद से विमर्शानुबद्ध प्रकाशरूप यह अर्थ भासित होता है।

यहाँ पर दृष्टान्त विधि से यह रहस्य समझाया गया है। लोक-व्यवहार में स्त्री और पुरुष की सामरस्य दशा में ब्रह्मरन्ध्र स्थित शुक्ल बिन्दु काममन्दिर में प्रविष्ट होकर शोण बिन्दु से एकाकार हो जाता है। उस समय बाह्य तथा आभ्यन्तर भान से रहित आनन्दमात्रावशेष ब्रह्म ही भासित होता है, यह बात अनुभवसिद्ध है। श्रुति में भी यही बात कही है–**"यथा प्रियया संपरिष्वक्तो न बाह्यं किञ्चन वेद नाऽऽन्तरम्"**।

सुषुप्ति दशा में अज्ञान वृत्ति रहती है; परन्तु सामरस्य में वह नहीं रहती। इस प्रकार उस सामरस्य की आनन्दात्मकता से गर्भोत्पादकता स्वभावसिद्ध है। इसी प्रकार सृष्टि के प्राक्कालिक शिव-शक्ति सामरस्य में भी कल्पना करने पर अलौकिक प्रक्रिया से सृष्टिजनकता सिद्ध है। पूर्वोक्त विषय में ब्रह्मरन्ध्र स्थित बिन्दु जो कहा गया, वह सम्पूर्णतया कामालय में प्रवेश नहीं करता; किन्तु अंशतः ही करता है, अन्यथा पुनः सामरस्य सम्भव न होगा। अतः ब्रह्मरन्ध्र स्थित जो बिन्दु तुरीयबिन्दु है, उसका कोई नाम नहीं है। उसका अंशभूत जो काममन्दिर में प्रवेश करता है, उसका ही नाम "काम" है, उपास्य दशा में वही कामेश्वर है। शक्तिस्पर्श के विना उस शिवबिन्दु का कोई अस्तित्व नहीं है। **"शक्त्या विना शिवे सूक्ष्मे नाम धाम न विद्यते"** यह पहले लिखा जा चुका है।

कामबिन्दु का शोणबिन्दु के साथ परस्परानुप्रवेश होने पर ही विस्पष्ट बिन्दुद्वयात्मक "ह"कार या विमर्श कहा जाता है। केवल शिव की तरह केवल शक्ति की भी सृष्टिजनकता नहीं है। अन्यथा परशिव को मानना ही व्यर्थ होता।

इसके पूर्व परशिव के अस्तित्व का खण्डन जो किया गया था, वह शक्ति-निरासवादियों का उत्तर देने के लिये जल्पात्मक वाद था, । यह "ह"कार रूपा शक्ति ही "कला" कही जाती है और ये दोनों मिलकर "कामकला" शब्द से वाच्य होते हैं । इस प्रकार समष्टिरूप कामकला का "ई"कार से निर्देश करते हैं । ईकार के लेखन में पृथक् अवयवों से समझाना यह एक स्थूल उपाय है ।

कामकला के लेखन के समय साम्प्रदायिक लोग प्रथम बिन्दु और उसके नीचे दो तिर्यक् बिन्दु और उससे नीचे "हंस" पद लिखते हैं । आनन्द तो लेख का विषय नहीं है, उसकी अभिव्यक्ति के द्योतक कामालय को "हंस" शब्द द्वारा द्योतित किया जाता है ।

"मुखं बिन्दुं कृत्वा" इत्यादि सौन्दर्यलहरी के पद्य के "हरार्ध" पद का अर्थ भी है– "हरस्यार्धं नारी शक्तिस्तत्प्रतीकरूपा च योनिः" । "हकारार्ध" कहने पर भी हकार रूपी विमर्श का अर्थ शक्ति ही है । "सपरार्ध" का अर्थ भी सकारात्परो हकार है । यह सब कामकला के स्थूलरूप से प्रदर्शन की व्याख्या है । **"बिन्दुप्रस्यन्दसंविदः"** का तात्पर्य है कि जिस बिन्दु से त्रिकोण उत्पन्न हुआ, वह कामकला रूप है, अतः श्रीचक्र भी परिणामतः कामकलात्मक है । आगे कहा भी है– **"चक्रं कामकलारूपं प्रसारपरमार्थतः"** । वस्तुतः समस्त विश्व प्रकाशात्मक है । समुद्र में अनन्त तरङ्गों के उन्मेष होने पर भी जलमात्ररूपता है, उसी तरह अनन्त शक्तिगर्भित प्रकाशतत्त्व ही बिन्दुचक्र की वासना है, यह आचार्य का अभिप्राय है ।

अन्य व्याख्याकारों की भी यथास्थान आलोचना की गई है; परन्तु वह इतनी प्रासङ्गिक नहीं है । इसके आगे त्रिकोण की वासना को नवयोन्यात्मक चक्र के साथ ही मूलकार ने लिखा है–**"बैन्दवं चक्रमेतस्य त्रिरूपत्वं पुनर्भवेत्"** इत्यादि । इस नवयोन्यात्मक चक्र की वासना भी नवात्मक है । नवधा मन्त्र भी वशिन्यादि आठ वाग्देवताओं और मूलविद्या को लेकर होते हैं । वामा, ज्येष्ठा, रौद्री इन तीन शक्तियों की समष्टि अम्बिका है । यह इच्छा, ज्ञान, क्रिया की समष्टि शान्ता का और पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी की समष्टि परा का उपलक्षण है । अकारादिबिन्द्वन्त पन्द्रह स्वरों से युक्त त्रिकोण है, जिसमें नित्यादेवियों का स्थान है और बिन्दु में विसर्ग है, जो मूलविद्या का स्थान है । इसीलिये "स्वरावृतम्" कहा है । वस्तुतः बिन्दु से त्रिकोण सहित अष्टार का उद्भव है, बिन्दु से त्रिकोण और बाद में अष्टार यह क्रम नहीं है । जैसा त्रिशतीपरिशेष का वचन है–

त्रिकोणे बैन्दवं श्लिष्टमष्टारेऽष्टदलाम्बुजम् ।
दशारयोः षोडशारं भूगृहं भुवनाश्रके ॥

इसके आगे अन्तर्दशार की वासना है–

नवत्रिकोण और उनकी एक समष्टि इनकी प्रभा ही अन्तर्दशारचक्र है और इसमें "म"कार से "ह"कार तक नव और दसवां "क्ष"कार, ये वर्ण अधिष्ठित हैं ।

इसके आगे बहिर्दशार की वासना निम्नाङ्कित रूप से है–

पञ्चमहाभूत और उनकी पञ्चतन्मात्रायें इसकी वासना हैं और "क"कार से दस वर्ण भी इसके आश्रित हैं। कामकलाविलास के अनुसार मध्यगत नवकोणात्मक की प्रभा से उसकी द्विगुण छाया दो दशारचक्रात्मक है। इसके बाद चतुर्दशारचक्र है, जिसकी वासना का रूप निम्नांकित है–

इस चक्र में बिन्दु, अष्टार और दो दशार इनकी प्रभा का रूप है। इसमें ज्ञानेन्द्रिय पञ्चक और कर्मेन्द्रिय पञ्चक तथा अन्तःकरण चतुष्टय का अधिष्ठान है और इसमें "ट"कारादि चतुर्दश वर्णों की स्थिति है। इसके आगे चक्रों की पृथक् वासना का उपसंहार करते हुए समष्ट्यात्मक वासना को पुनः कहा है–

यह पञ्चशक्तित्रिकोण तथा चतुःशिवत्रिकोणात्मक नाना वासनागर्भित रहते हुए भी समष्टिरूप से "रौद्री" शक्ति का ही आश्रय है। इसके आगे अवशिष्ट तीन चक्रों की वासना को एक साथ संक्षेप में कहा है– **"ज्येष्ठारूपं चतुष्कोणं वामारूपं भ्रमित्रयम्"**। **'भ्रमित्रयम्'** अर्थात् वृत्तत्रय शब्द से अष्टदल और षोडशदल पद्मों का ग्रहण होता है। यह "वामा" शक्ति का रूप है। भूगृह **"ज्येष्ठा"** शक्ति का रूप है। यहाँ पाठक्रम से अर्थक्रम को प्रधान मानकर व्याख्या की गई है।

पूर्वोक्त विस्तृत भावना में असमर्थ के लिये और संक्षिप्त चक्रभावना का **'चिदंशोऽन्तस्त्रिकोणं च'** से लेकर **'चतुष्कोणविराजितम्'** तक। इसके आशय में आचार्य की व्याख्या है कि "आकाशाद्वायुः" इत्यादि श्रुतिप्रोक्त रीति से ही भूत-पञ्चक में पाँच "कला" नामक शक्तियाँ हैं–शान्त्यतीता, शान्ति, विद्या, प्रतिष्ठा और निवृत्ति। श्रीचक्र के नव चक्रों में बिन्दु और त्रिकोण चिच्छक्ति रूप हैं, वसुकोण शान्त्यतीता है, शान्ति का ही रूप दो दशार है, विद्याकला अष्टदल है, प्रतिष्ठा षोडशदल है, निवृत्ति भूपुर है। इस प्रकार कला रूप की वासना है।

इससे भी संक्षेप में समझाने के लिये शिव ने प्रत्येक चक्र को नाद आदि नव रूपों से अधिष्ठित कहा है–भूगृह-नाद, षोडशदल-बिन्दु, अष्टदल-कला, चतुर्दशार-ज्येष्ठा, बहिर्दशार-रौद्री, अन्तर्दशार-वामा, अष्टार-विषघ्नी, त्रिकोण-दूतरी और बिन्दु-सर्वानन्द। इसी प्रकार आगे इच्छा–ज्ञान–क्रियाशक्ति में ही सब चक्रों की व्याप्ति प्रदर्शित की गयी है।

इस प्रकार विभिन्न प्रकार की वासनाओं की भावना अधिकारानुसार गुरु के द्वारा शिष्य को बताई जाती है। इसमें सङ्कर नहीं करना चाहिये। ये वासनाएँ पूजाकाल में और उसके बाहर भी स्वतन्त्र रूप से की जा सकती हैं। किसी भी एक वासना को यावज्जीवन अभ्यास करना चाहिये, यह उपासनाकाण्ड का सिद्धान्त है।

इस प्रसङ्ग में आचार्य ने पूर्वमीमांसा-न्यायों के उदाहरण देते हुए उपास्ति कर्मों की कहीं स्वतन्त्रता तथा कहीं पूजा में अङ्गता का निर्णय किया है। वासना का सम्बन्ध भावनाप्रधान होने से अन्तरङ्ग है। अतः किसी एक गुरूपदिष्ट प्रकार का आमरणान्त अभ्यास करना चाहिये, यह निष्कर्ष है।

इन पूर्वोक्त चारों प्रकार की वासनाओं का स्वरूप भी वस्तुतः कामकलात्मक है, अतः चक्र की कामकला रूप से ही भावना करनी चाहिये–

"चक्रं कामकलारूपं प्रसारपरमार्थतः"।

यहाँ तक बहिश्चक्राधिकारियों के लिये वासनाएँ बताई गई हैं। आगे ब्रह्माण्ड और पिण्डाण्ड की ऐक्य भावना करने वाले साधकों के लिये भावना विशेष का प्रयोग निर्दिष्ट है–

"अकुले विषुसंज्ञे च शाक्ते वह्नौ तथा पुनः"। इत्यादि।

इस पंक्ति के द्वारा "अकुल" से "महाबिन्दु" तक उन्नीस स्थान बताये हैं। आचार्य का विवरण है कि लिङ्ग-शरीर में सुषुम्ना नाड़ी के आश्रय में बत्तीस पद्म हैं। उनमें आदि और अन्त में क्रमशः ऊर्ध्वमुख और अधोमुख दो सहस्रार कमल हैं। सबसे नीचे वर्तमान सहस्रदल कमल के ऊपर अष्टदल तथा षड्दल दो कमल हैं, उसके बाद उसके ऊपर मूलाधार आदि चक्रों की स्थिति है। उनमें मूलाधार के अधःस्थित षड्दल कमल का ही नाम कुलपद्म है। उससे अधःस्थित अष्टदल और सहस्रदल ये दोनों कुलपद्म से भिन्न होने के कारण "अकुल" कहे जाते हैं।

इसमें अन्य टीकाकारों की व्याख्या की आचार्य ने सूक्ष्म समीक्षा कर अपने विचारों की पुष्टि की है। निर्दिष्ट उन्नीस स्थानों में श्रीचक्र के नव आवरणों की तीन बार भावना करनी चाहिये। इसमें "इन्दु" शब्द बिन्दु का वाचक है। बिन्दु से उन्मनी तक के भाग देह और मन्त्र में समान हैं, महाबिन्दु देह में ही हैं, मन्त्र में नहीं है। स्पष्ट जानने के लिये मूल श्लोक उल्लेखनीय है–

अकुले विषुसंज्ञे च शाक्ते वह्नौ तथा पुनः।
नाभावनाहते शुद्धौ लम्बिकाग्रे भ्रुवोऽन्तरे॥
इन्दौ तदर्धे रोधिन्यां नादे नादान्त एव च।
शक्तौ पुनर्व्यापिकायां समनोन्मनगोचरे।
महाबिन्दौ पुनश्चैवं त्रिधा चक्रं तु भावयेत्॥

तीन प्रकारों की चक्रविषयक भावनाओं का अधिकारिभेद से स्थान-भेद भी है।

"अकुल" से आज्ञा तक नव स्थानों में त्रैलोक्यमोहन से लेकर बिन्दु-चक्र में क्रम से भावना करनी चाहिये। यह सकल नामक अशुद्ध उपासकों का कर्त्तव्य है। इसके बाद इन्दु से लेकर उन्मनी तक नव स्थानों में पूर्ववत् त्रैलोक्यमोहनादि बिन्द्वन्त चक्र में क्रम से विभावना सकल-निष्कल नामक शुद्ध और अशुद्ध दोनों

स्वरूप वाले प्रलयाकल नामक उपासकों का कार्य है। इसके बाद परस्थान अर्थात् महाबिन्दु में सम्पूर्ण नव चक्रों की परस्पर भेदरहित निर्विषयक संविन्मात्रस्वरूप कामकला में पर्यवसित विभावना करना निष्कल नामक उपासकों का कार्य है। ये ही शुद्ध और विज्ञान-केवल कहे जाते हैं।

इन त्रिविध उपासकों के विषय में आचार्य ने सौभाग्यभास्कर-भाष्य में **"पशुपाशविमोचिनी"** नाम की व्याख्या करते हुए पर्याप्त विवरण दिया है। इस कारिका के प्रसङ्ग में अन्य व्याख्याकारों की भी समीक्षा की गई है।

इसके आगे बिन्दु से उन्मनी तक सङ्केतों का स्थान, आकृति, रूप और काल के विषय में विवरण दिया है। इस विषय पर आचार्य ने "वरिवस्यारहस्य" में भी विस्तार से लिखा है। उनका हिन्दी अनुवाद हमने भी यथास्थान किया है, अतः पुनः उसे लिखने की आवश्यकता नहीं है।

अब प्राथमिक विस्तृत वासनाओं में अनिर्दिष्ट ब्रह्माण्ड और पिण्डाण्ड की ऐक्यभावना की दृढ़ता के सिद्धिशाली उत्तम अधिकारियों के लिये सकलादि भावनाओं के बाद प्रसङ्ग से मध्यत्रिकोण वासना का रूप विशेष रूप से स्पष्ट किया जा रहा है—**"आत्मनः स्फुरणं पश्येत्"** इत्यादि।

पूर्व प्रसङ्ग में परमा शक्ति ईक्षणात्मिका वृत्ति शान्ता नामक जो विश्व की कारणभूत उपवर्णित हुई है, उससे शब्द और अर्थ दो प्रकार की सृष्टियाँ होती हैं। उनमें अर्थसृष्टि के ब्रह्मा, विष्णु और रुद्र कारण हैं। वे भी शक्ति के विना कार्य में अक्षम होने से शक्तिविशिष्ट जब होते हैं, तो वामा, ज्येष्ठा, रौद्री कहे जाते हैं। उनकी शक्तियाँ तो भारती, पृथिवी और रुद्राणी रूप से प्रसिद्ध हैं और वही इच्छा, ज्ञान और क्रियारूपा हैं। शब्द-सृष्टि के कारण पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी हैं। सभी कारणों की कारणभूत ईक्षण वृत्ति ही हैं, अतः वह इच्छादि-त्रय की समष्टि और वामादि-त्रय की समष्टि और पश्यन्त्यादि-त्रय की भी समष्टिरूप हैं। कारणत्व और समष्टित्व में भेद नहीं है। पत्र-पुष्प-फल-शाखादि के सूक्ष्म रूपों की समष्टि ही तो वट-बीज है। अतः इस एक ही ईक्षण वृत्ति में इच्छादि-त्रयजनकत्व को प्रवृत्ति-निमित्त मानकर शान्ता पद की स्थिति होती है। वही वृत्ति वामादि-त्रयजनक होने से अम्बिका भी कही गई है। पश्यन्त्यादि-त्रयजनकता से (उसे शक्यतावच्छेदक मानकर) "परा" पद से भी निर्दिष्ट होती है।

इस प्रकार की वृत्ति की आश्रयभूत देवी भी वृत्ति के प्रति परिणामी उपादान कारण है। परिणाम और परिणामी दोनों का अभेद होने से "शान्ता" पद से व्यवहार होता है।

वही शक्ति स्वगर्भान्तःस्थित बीजभावापन्न विश्व का बहिर्निस्सारण करती है, तब विश्व वमन करने के कारण "वामा" कही जाती है।

अङ्कुश का आकार उसका प्रतीक है। वस्तुतः अङ्कुशाकार त्रिकोण की वाम-रेखा का सूचक है। सृष्टि के प्रति प्रवृत्ति-निमित्त मानकर वामा या ब्रह्मा अपर नामक कहा जाता है। जनकत्व रूप शक्ति को कारण मानकर पितामह शक्ति भारती अथवा "इच्छा" पद की प्रवृत्ति भी होती है। शब्द-शक्तिजनकता सम्बन्ध से पश्यन्ती भी कही जाती है।

इसी तरह स्थिति-काल में या स्थिति-काल को प्रवृत्ति-निमित्त मानकर विष्णु और ज्येष्ठा पद की प्रवृत्ति है और उनकी शक्तिरूप पृथिवी या ज्ञानशक्ति भी कहा जाता है। शब्दस्थिति की दृष्टि से मध्यमा पद की प्रवृत्ति भी पूर्वोक्त क्रम से ही जाननी चाहिये।

स्थिति-काल का प्रतीक ऋजु (सरल) रेखा है। इसीलिये ज्येष्ठा, ज्ञाना और मध्यमा की त्रिकोण की मध्यवर्तिनी सरल रेखा में भावना करनी चाहिये।

आगे संहार दशा पर विचार है। वही शक्ति बिन्दुरूप से ही सृष्टि का प्रारम्भ करती है तथा रूपान्तर ग्रहण करने के बाद पुनः अपने बैन्दव स्वरूप में ही लौटती है, तब विश्व की संहार दशा को प्रवृत्ति-निमित्त मानकर रौद्री, क्रिया इन नामों से अभिहित होती है। वह ऋजुरेखा से दक्षिण-रेखा तक आ जाती है। इस प्रकार एक ही देवी नाना धर्मों के वैशिष्ट्य से तीन रेखा युक्त त्रिकोण-देहात्मिका श्रीचक्र में अवस्थित रहती है। इन्हीं रेखाओं से ककारादि वर्णों की उत्पत्ति और तत्तत् अर्थज्ञान भी उत्पन्न होता है। यह शास्त्र का सिद्धान्त है; क्योंकि सभी शास्त्र वैखरीरूप ही हैं।

इस प्रकार त्रिकोण की तीन रेखायें और एक बिन्दु को लेकर क्रम से इच्छा, ज्ञान, क्रिया, शान्ता और वामा, ज्येष्ठा, रौद्री, अम्बिका और पश्यन्ती, मध्यमा, वैखरी, परा—इन देवियों की वासनाओं का निरूपण किया गया है।

इस आगम-सिद्धान्त में पिण्डाण्ड और ब्रह्माण्ड में वे ही शक्तियाँ समान रूप से मानी गई हैं। इसीलिये मानव शरीर भी चतुर्दश लोकात्मक है। महाषोढान्यास प्रकरण में भुवन न्यास में यह बात स्पष्ट हो जाती है।

बाह्य सृष्टि में ये ही शक्तियाँ कामरूप, पूर्णगिरि, जालन्धर, ओड्याण पीठों के रूप में हैं। अन्तःस्वरूप में क्रमशः कन्द (मूलाधार), पद (हृदय), बिन्दु (भ्रूमध्य), निष्कल (ब्रह्मरन्ध्र) इन स्थानों में हैं। इसे तान्त्रिक परिभाषा में "का पू जा ओ" कहा जाता है। यही पीठ क्रमशः क्षिति, पवन, जल, अग्नि मण्डल रूप भी हैं। इनके आकारों का भी वर्णन किया गया है—क्रमशः चतुरस्र पीतवर्ण, वर्तुल (षड्बिन्दु-लांछित) धूम्रवर्ण, अर्धचन्द्र श्वेतवर्ण यह स्वरूप है। इन पूर्वोक्त पीठों में स्वयम्भु, बाणलिङ्ग, महालिङ्ग, परमलिङ्ग नामक लिङ्गों का भी वर्णन किया गया है। परलिङ्ग सभी लिङ्गों का समष्टिरूप है। ये ही चारों लिङ्ग तीन बीजाक्षरों से

सम्पूर्ण मन्त्र (पञ्चदशाक्षरी) वाच्यरूप भी हैं और ये ही जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति और तुर्य अवस्थात्मक भी हैं।

इस प्रकार चक्र-सृष्टि की पृथक् वासनाओं के बाद उसमें अधिष्ठित देवता की वासना भी जाननी चाहिये।

इस प्रकार बिन्दुरूप स्थान से अतीत या उसमें अधिष्ठित **"परं तेजः"** कहा गया है; क्योंकि सभी तेजों का वह प्रकाशक है। सूर्यादि से लेकर मन तक उससे ही प्रकाशित होते हैं। श्रुति भी कहती है–**"ज्योतिषां ज्योतिः"**। यह तेज स्वसंविद्रूप है। इसकी व्याख्या में आचार्य कहते हैं–स्वेतराविषयक ज्ञान और जो षड्भाव विकार (अस्ति, जायते इत्यादि) से रहित होने से सर्वदा उदयात्मक है। स्वेच्छामात्र से विश्वमय चित्र का निर्माण करने वाला है और वह चैतन्य रूप है तथा विषय-सम्पर्करहित स्वाभाविक आनन्द से मनोहर है।

यह तेज सृष्टिकाल में मेय, मातृ, प्रभा, मान रूपों से कुछ सङ्कुचित मालूम होता है। इसी का सङ्केत श्रुति भी करती है–**"पादोऽस्य विश्वा भूतानि त्रिपादस्यामृतं दिवि"**।

इस शक्तिरूप तेज का आधार शिव है। विश्वात्मना परिणाम का आधार परिणामी उपादान का अपना ही परिणामितावच्छेदकरूप शिव ही आधार भाव से अवस्थित है। आचार्य के अनुसार शिवविशिष्ट शक्ति ही जगत् का कारण है, अतः शिव कारणतावच्छेदक रूप में हैं। वही कामकला के अन्तर्गत कामरूप बिन्दुस्वरूप महाकामेश्वर हैं। उनके अङ्क-पर्यङ्क में सन्निविष्ट हैं। अङ्क-पर्यङ्क की अवस्था से ही **'अतिसुन्दरम्'** कहा है।

इससे सामरस्य द्योतित होता है। इस भगवती के रूप में आयुधों की गणना इस प्रकार है–इच्छाशक्तिमय पाश है। इच्छा ही बन्धजनक है। अङ्कुश ज्ञानरूप है। विषयों पर नियन्त्रण करता है। क्रियाशक्तिमय बाण और धनुष हैं। शब्दादि विषय बाण हैं, मन धनुष रूप है; क्योंकि इनसे संयोजनादि क्रिया होती है। यह तेज आश्रय (कामेश्वर)–आश्रयि (शक्ति) रूप से आठ आयुधों को (चार कामेश्वर के तथा चार शक्ति के आयुध हैं) धारण करता है। अष्टकोणात्मक होने पर भी बिन्दु को लेकर नवचक्रात्मक आसन में अवस्थित है।

इस प्रकार यह परम तेज ही श्रीचक्राकार परिणत हुआ है और उन चक्रों में मूलदेवी की देह किरणों के रूप से अणिमादि शक्तियों से अधिष्ठित है। संक्षेप में इस प्रसङ्ग में अन्यत्र पठित एक श्लोक देना उचित होगा। वासनाओं का संक्षिप्त स्वरूप यह है–

मेरुमन्त्रात्मकं चक्रं श्रीत्विषस्तत्र देवताः।
कामेश्वरः प्रकाशात्मा श्रीविमर्शस्तदङ्कगः॥
इत्येवं वासनारूपमभेदं च परस्परम्।
ज्ञात्वा श्रीगुरुवक्त्राब्जात् कृता पूजा महाफला॥

इसके आगे के भाग में मुद्रासङ्केत पर प्रकाश डाला गया है। प्रत्येक आवरण में मुद्रा-प्रदर्शन विहित है। ये दश मुद्रायें हैं। मुद्रापद का स्वरूप मूलानुसार निम्नाङ्कित है–

चिदात्मभित्तौ विश्वस्य प्रकाशामर्शने यदा।
करोति स्वेच्छया पूर्णविचिकीर्षासमन्विता॥
क्रियाशक्तिस्तु विश्वस्य मोदनाद् द्रावणात्तदा।

जब यह चिच्छक्ति अपने से अभिन्न भित्तिरूप अधिकरण में स्वेच्छा से ही सम्पूर्ण विकारों (प्रसारों) का प्रकाशन करना चाहती है, तब क्रियाशक्ति रूप से मोदन और द्रावण नामक दो व्यापारों से "मुद्रा" शब्द वाच्य होती है।

भगवती त्रिपुरसुन्दरी स्वान्तःस्थित सृष्टि की सत्ता का पर्यालोचन करने के बाद विश्व के द्वितीय आदि विकारों (छत्तीस तत्त्वों के अवभास) की इच्छा करती है। यही विचिकीर्षा है। इस प्रकार विश्व की उत्पत्ति और अभिवृद्धि रूप प्रकाशन और आमर्शन करती है। अनुमोदन का अर्थ है–'स्वेतरक्रियमाणक्रियानुकूल्य' अर्थात् भिन्न क्रिया द्वारा अनुमोदन। द्रावण का अर्थ है–सङ्कुचित विषय को प्रशिथिलावयव बनाना (विस्तार करना) और यही षट्त्रिंशत्तत्त्व प्रकारों से होता है। इसका निष्कर्ष यह हुआ कि इस प्रकार के मोदन और द्रावण रूप दो धर्मों से विशिष्ट पूर्वोक्त क्रियाशक्ति से अभिन्न त्रिपुरसुन्दरी ही "मुद्रा" शब्द का अर्थ है।

इन दश मुद्राओं में "त्रिखण्डा" मुद्रा सब में प्रधान है; क्योंकि इसके द्वारा मूलदेवता का आवाहन किया जाता है और इसकी व्याप्ति सम्पूर्ण चक्र में है तथा यह त्रिकलात्मिका अर्थात् वामादि शक्तियों की समष्टिरूप भी है। पूजन क्रम में नवावरण पूजा के बाद अखण्डावरण में इसका प्रदर्शन विहित है।

इसके बाद आवरण-क्रम से मुद्राओं का परिचय दिया है–प्रथमावरण त्रैलोक्यमोहनचक्र में सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा है। पूर्वोक्त क्रियाशक्ति से अभिन्न अम्बिका शक्ति ही अनेक योनियों से, नानाविध कार्य-कारणों से सृष्टि-संक्षोभ जब उत्पन्न करती है, तब "वामा" शक्ति प्रधान होने से सर्जन क्रिया के कारण सर्वसंक्षोभिणी कही जाती है। इसमें हाथों की अङ्गुलियों से स्वभावतः छः योनियों का निर्माण हो जाता है।

दूसरे सर्वाशापरिपूरक चक्र में सर्वविद्राविणी मुद्रा की स्थिति है। संक्षोभिणी के द्वारा क्षुब्ध (आन्दोलित या उत्पादित) विश्व की यह स्थिति करती है। इसमें ज्येष्ठा शक्ति है, ज्येष्ठा ही स्थिति की देवता है। शब्दों का सूक्ष्मरूप नाद और स्थूलरूप अक्षर हैं, वे कला-संख्या से षोडश स्वर लिये गये। उनका इनमें अवस्थान है और अनुग्रहरूपिणी है। विद्रावण ही अनुग्रह है।

इसके आगे तृतीय सर्वसंक्षोभण चक्र में सर्वाकर्षिणी मुद्रा की स्थिति है। पूर्वोक्त दोनों संक्षोभिणी और विद्राविणी मुद्राओं का स्वभाव लेकर यह मुद्रा प्रवृत्त होती है। इसमें ज्येष्ठा और वामा दोनों शक्तियाँ समभाव से अनुप्रविष्ट हैं। वामा का धर्म सृष्टि होने से आगे चारों अङ्गुलियाँ वक्रभाव से इसमें प्रदर्शनीय होती हैं। यह तृतीय चक्र की मुद्रा हुई।

इसके बाद चतुर्थ आवरण चतुर्दशार में सर्वविशकरी (कहीं पर सर्ववशङ्करी) मुद्रा का स्थान है। इसमें परस्पर हाथों की अङ्गुलियों को भीतर उलट कर बाँधने का आकार है। उसकी वासना यह है कि जितना बाह्य आकाश है, उतना ही हृदयाकाश भी है। उन दोनों के एकीकरण या शिवशक्ति दोनों का परस्पर गाढ आश्लेष ही इसका अन्तःस्थरूप है। अतः संवित् शक्ति के आनन्दरूप से ही वर्तमान है। अतः इसे 'सर्वविशकरी' कहा गया है।

इसके बाद पञ्चमावरणस्थ सर्वोन्मादिनी नामक मुद्रा के वासनात्मक स्वरूप की व्याख्या है। पूर्वोक्त शिव-शक्त्यात्मक मध्यवर्ती बिन्दु में सूक्ष्मरूप से शिखा या वह्निरेखा के स्वरूप में इसकी स्थिति है। "नीवारशूकवत् तन्वी" इत्यादि श्रुति का भी कथन है। इसमें ज्येष्ठा शक्ति की प्रधानता है। सरल अनामा और तर्जनी ज्येष्ठा की अभिव्यञ्जक हैं। यह बाह्यदशार में स्थित है। अब यही मुद्रा जब वामा-शक्ति-प्रधान होकर वक्र तर्जनियों से अभिव्यक्त होती है, तो "सर्वमहाङ्कुशा" कही जाती है। "**विश्ववमनाद् वामा**" यह व्युत्पत्ति पहले भी कही गई है। यह बहिर्दशार और षष्ठ आवरण में स्थित है। यह भी बिन्दु मध्यवर्ती सूक्ष्म शिखारूपा है।

इसके आगे सप्तम आवरण में सर्वखेचरी मुद्रा है। इसके स्वरूप के विषय में आगे विवरण है। इस मुद्रा का बन्धन दोनों हाथों को परस्पराश्लिष्ट कर ऊपर योनिमुद्रा-बन्धन से होता है। अतः यह धर्म और अधर्म के संघट्ट से उत्पन्न होने वाले विकल्प से तज्जन्य क्रियालोप रूप दोष का परिहार करती है। विकल्परूप रोगों का हरण करती है। अतः "परा" और "खेचरी" कही गई है। धर्माधर्म सम्बन्धी विकल्पजन्य दोषों का शिवशक्तिसमादेशरूप चिदाकाश में विलय करती है, यही तात्पर्य है। आचार्य ने लिखा है—"**निर्विषयकज्ञानपरा क्रियाशक्त्यभिन्ना त्रिपुरसुन्दर्येव खेचरीमुद्रा भूत्वा सर्वरोगहरे चक्रे स्थिता**"।

इसके आगे अष्टम आवरण में "सर्वबीजा" नामक मुद्रा की स्थिति है। इसकी वासना का रूप है—शिव और शक्ति के गाढाश्लेष से अन्तर्गर्भित व्योम में सूक्ष्मरूप से स्थित विश्व की यह स्थिति सूचित करती है। इसके बाह्यरूप में अङ्गुलियाँ व्यत्यस्त होकर भीतर की ओर जाती हैं। आचार्य का कथन है कि वटबीज में भी कुछ व्योम (आकाश) है ही। आकाश तो विभु (व्यापक) है। उस सूक्ष्मतम

आकाश में सूक्ष्मरूप से सम्पूर्ण वृक्ष की स्थिति भी मान्य ही होगी। वस्तुतः व्योम भी सृष्टिक्रम में आता है, अतः उसके पूर्व उस व्योम को यदि शिव-शक्ति-गर्भ कहें, तो उचित होगा। तात्पर्य यह है कि विश्व का प्राथमिक सत्तारूप जो भाव विकार है, तदभिमानविशिष्टा देवी ही सर्वबीजा मुद्रात्मिका है।

इसके आगे सर्वानन्दमय नामक नवम आवरण में "योनिमुद्रा" की स्थिति है। यह सम्पूर्ण प्रकाशात्मक परशिव की अभिव्यक्ति करती है, अतएव कलारूपा है। कामकला स्वरूप के निरूपण में जो "कला" नामक अवयव कहा था, तद्रूप है, अर्थात् बिन्दुद्वयात्मक है।

यहाँ पर यह योनिदेवता मुद्रारूप क्यों है ? इसका उत्तर मूलग्रन्थ की कारिका के अनुसार यह है–

क्रियाचैतन्यरूपत्वादेवं चक्रमयं स्थितम्।
इच्छारूपं परं तेजः सर्वदा भावयेद् बुधः॥

इसका आशय यह है कि पूर्ववर्णित जो क्रिया-शक्ति मोदन और द्रावण धर्मों से विशिष्ट हैं, तद्रूप चैतन्य ही "कला" से अभिव्यक्त होकर योनिमुद्रा कही जाती है। इस पर अन्य टीकाकारों की व्याख्याओं का पर्याप्त विचार कर असङ्गत तत्त्वों का खण्डन किया गया है। "एवं" पद से प्रकरण का उपसंहार द्योतित है। परज्योतिःस्वरूपिणी देवी की इच्छा से ही यह सम्पूर्ण चक्र उत्पन्न हुआ है, अतः इच्छाविशिष्टा देवी ही चक्ररूपा है, यह भावना अहर्निश करना साधक का कर्तव्य है।

पूर्वचतुःशती में प्रकरणानुसार सकल, बाह्यगत और मध्यगत तीन प्रकार के चक्रों की पूजा पूर्व-पूर्व में असमर्थ के लिये उत्तरोत्तर पूजन के रूप में उपवर्णित है। वासना-ज्ञान के साथ पूजा करने वाले साधक का भी तत्तत् चक्र से तादात्म्य सिद्ध है। अतः वह प्रकार त्रिधा और नवधा दोनों रूप से परिगणित है। इसके विषय में ब्रह्माण्डपुराण में (त्रिशतीस्तव की फलश्रुति में) **"त्रिकोणे बैन्दवं श्लिष्टारेऽष्टदलाम्बुजम्"** इत्यादि श्लोकों में चक्रों के अन्तःसम्बन्ध प्रतिपादित हैं। इसी चक्र-संरचना को पुनः समझाने के लिये कुछ श्लोकों से पृथक् रचना-क्रम **"वह्निनैकेन शक्तिभ्यां"** इत्यादि के द्वारा समझाया गया है। विन्यासक्रम से प्रथम त्रिकोण, नवकोण, दो दशार, चतुर्दशार, अष्टदल, षोडशदल, तीन भूपुर समझाया है।

इनसे एक भाग बिन्दुत्रिकोणात्मक है। दूसरा भाग नवयोनि, दो दशार और चतुर्दशार है। तीसरा भाग अष्टदल-षोडशदल-भूपुरत्रयरूप है। इस चक्र में बिन्दु में पहले प्रधान देवता का पूजन कर आवरण-पूजा के लिये दो प्रकार हैं। उनमें नवयोन्यादि भूगृह तक पूजन-सृष्टिक्रम कहा जाता है; क्योंकि इसी प्रकार से सृष्टि

का वर्णन किया गया है। इससे विपरीत (उल्टा) संहार-क्रम है। ये दोनों क्रम शास्त्र से मान्य हैं–

सृष्टिः स्यान्नवयोन्यादिपृथ्व्यन्तं संहृतिः पुनः।
पृथ्व्यादिनवयोन्यन्तमिति शास्त्रस्य निश्चयः॥

इससे सम्प्रदायानुसार दोनों प्रकारों की मान्यता है, यह बात भी प्रमाणित हुई। इस समष्टिरूप श्रीत्रिपुराचक्र को जानने वाला त्रैपुर-सिद्धान्त का ज्ञाता होता है।

इसके नव चक्रों के स्वरूप और नाम भी श्लोकों से निर्दिष्ट हैं–**"चक्रस्य नवधात्वं च कथयामि तव प्रिये"** इत्यादि। त्रैलोक्यमोहन से लेकर सर्वानन्दमय तक नव चक्रों के नाम हैं। इस चक्र में महादेवी महात्रिपुरसुन्दरी पूजनीय है। यह सब तत्त्वों से परिपूर्ण चक्र साधक को अजरामरत्व प्रदान करता है।

त्रैलोक्यमोहन आदि संज्ञायें योगरूढ शब्दात्मक हैं। नाम के अनुसार उनके अर्थ की भावना भी करनी चाहिये। आगे न्यास प्रकरण में उनका उपयोग भी कहा है। यह महाचक्रसङ्केत का ज्ञान त्रिपुरा से उपासक को अभेद-सिद्धि रूप जीवन्मुक्ति देने वाला है।

सप्तम विश्राम

इसके पूर्व पटल में छियासी और आधे श्लोकों से चक्रसङ्केत का सविस्तर विवरण देने के बाद क्रमप्राप्त मन्त्रसङ्केत के विवरण के लिये सप्तम विश्राम का आरम्भ होता है। प्रारम्भ इस प्रकार है–

"मन्त्रसङ्केतकं दिव्यमधुना कथयामि ते।
यद्वेत्ता त्रिपुराकारो वीरचक्रेश्वरो भवेत्"॥

यहाँ पर अज्ञातार्थ के लिए "क" प्रत्यय है। अभी तक जो अज्ञात था, वह अब मैं (शिव) कहूँगा। "वीर" शब्द से "सकल" आदि तीन प्रकार के उपासक सूचित होते हैं। उनमें "शुद्ध" उत्तम हैं। मन्त्रसङ्केत के ज्ञान से वे त्रिपुरा से सारूप्य, सायुज्य आदि पाते हैं। एक ही त्रिपुरा-मन्त्र नव चक्रेश्वरियों के रूपभेद से नव प्रकार का हुआ। इनका उद्धार प्रथम पटल में किया गया है। यहाँ पर केवल नामों से उनकी गणना की गई है–

१–करशुद्धि विद्या, २–आत्मरक्षा विद्या, ३–आत्मासन विद्या, ४–चक्रासन विद्या, ५–सर्वमन्त्रासन विद्या, ६–साध्यसिद्धासन विद्या, ७–मूर्ति विद्या (इसका पहले उद्धार न होने के कारण यहाँ **"मायालक्ष्मीपरामयी"** से उद्धार किया है), ८–आवाहनी विद्या तथा ९–पराभैरवी मूलविद्या।

इन विद्याओं का पूजाविधि के अन्तर्गत जपकाल में न्यास का विधान है। जपकाल में चतुर्थ न्यास चौदह अवयवों वाला निर्दिष्ट है। परा-न्यास के बाद चक्रेश्वरी-न्यास करना चाहिये। **"अन्ते तु बादरायणः"** इस न्याय से प्राप्त क्रम में अप्राप्त क्रम को अन्त में करने का निर्णय है। कोई पूजाकाल में ही इसका उपयोग मानते हैं। इसका न्यास-क्रम निम्नाङ्कित है–पादाग्रों में, जङ्घाओं में, जानुओं में, ऊरुओं में, गुद में, लिङ्गाग्र में क्रम से छः विद्याओं का न्यास कर मूलाधार में सप्तम विद्या का न्यास करे। उसके ऊपर अष्टमी विद्या का न्यास है और नवम मूलविद्या से सर्वाङ्गों में व्यापक न्यास करना चाहिये। यही न्यास अन्तरङ्ग चक्रों में भिन्न रूप से कर्तव्य है। क्रमशः अकुल, विषु, आधार, स्वाधिष्ठान; मणिपूरक, अनाहत, विशुद्धि, इन्द्रयोनि, आज्ञा इन नव स्थानों में तत्तद् विद्यामन्त्रों के तत्तत् चक्रेश्वरी और चक्र नाम के साथ न्यास करना चाहिये। प्रयोग का स्वरूप "अं आं सौः त्रिपुरासहिताय त्रैलोक्यमोहनचक्राय नमः" इत्यादि रीति से होगा। बाह्य अङ्गों में अनामिका-अङ्गुष्ठ-संयोगपूर्वक न्यास करना चाहिये। अन्तरङ्गों में केवल चिन्तन से ही न्यास होगा। दक्षिणामूर्तिसंहिता का वचन है–

"पुष्पैर्वाऽनामया वाऽपि मनसा वा न्यसेदणुम्" ।

इसका आशय है–देवता शरीर में पुष्प से, अपने बाह्यशरीर में अनामा से, अन्तःशरीर में मन से। इसमें "वा"कार से विकल्प-व्यवस्था सूचित की गई है।

"नवचक्रम्" इस एक वचन से एक बार ही न्यास करने की सूचना है, अन्यथा बिन्दु-अर्धचन्द्रादि में पुनः न्यास का प्रसङ्ग आयेगा। इसके आगे यथाक्रम नव चक्रेश्वरियों के नाम सूचित किये हैं–

१–त्रिपुरा, २–त्रिपुरेश्वरी, ३–त्रिपुरसुन्दरी, ४–त्रिपुरवासिनी, ५–त्रिपुराश्रीः, ६–त्रिपुरमालिनी, ७–त्रिपुरासिद्धा, ८–त्रिपुराम्बा तथा ९–महात्रिपुरसुन्दरी।

इस प्रकार शिव की यह आद्या शक्ति एक रूप होने पर भी पूजाकाल में नवधा प्रकट होती है, इसके ज्ञान से अजरामरत्व प्राप्त होता है।

उस आदिशक्ति का मन्त्रसङ्केत भी नाना प्रकार का है, उसकी विद्या का साङ्केतिक अर्थ छः प्रकार है; परन्तु उसका मन्त्र भी एक ही नहीं है। इसलिये एक ही मन्त्र के छः अर्थ हों, ऐसा नियम नहीं है। प्रधानतया लोपामुद्रा और कामराज दो ही मन्त्र प्रचलित हैं। उनमें कुछ अर्थ कादिविद्या के पक्ष में तथा कुछ अर्थ हादिविद्या के पक्ष में सङ्गत होंगे। कुछ दोनों ही विद्या के पक्ष में भी सङ्गत हैं। अतः हादिविद्या की सब व्याख्या मानना प्राचीनों का दुराग्रह ही है। यथार्थ अर्थबोध भी परम्परा से ही प्राप्य है। ये अर्थ छः हैं, जिनके नाम निम्नाङ्कित हैं–

"भावार्थः सम्प्रदायार्थो निगर्भार्थश्च कौलिकः।
तथा सर्वरहस्यार्थो महातत्त्वार्थ एव च" ॥

इन अर्थों के विषय में "वरिवस्यारहस्य" के सारांश और अनुवाद के समय लिखा गया है, अतः यहाँ पर संक्षेप से निर्देश मात्र किया जायेगा।

भावार्थ

भावार्थ अक्षरार्थ है। अर्थप्रतिपादकता अक्षरों का स्वभाव है, अतः वृत्तियों (शब्द-शक्तियों) से लभ्य अर्थ ही भावार्थ है।

योगिनियाँ (इच्छा, ज्ञान, क्रिया और सरस्वत्यादि तीनों से) विमर्शांश से उद्भूत हैं। वीर तीन प्रकार के अशुद्ध, मिश्र और शुद्ध हैं। वीरेन्द्र प्रकाशांशभूत वामा–ज्येष्ठा–रौद्री से अभिन्न ब्रह्मादि रूप तीन हैं। जागरादि तीनों अवस्था में स्वात्मानुसन्धान जिनका च्युत नहीं होता, वही वीरेन्द्र हैं। उनसे और शिवशक्ति-समायोग–एक। इस प्रकार दस वस्तुओं से इस महामन्त्र की उत्पत्ति है।

इस विद्या में पन्द्रह अक्षर हैं, जिनमें तीन हृल्लेखायें देवी की वाचक प्रसिद्ध हैं। "ह्रींकारवाच्या", "ह्रींकारवेद्या" इत्यादि त्रिशती की उक्ति है। तन्त्रराज में भी यही उपपत्ति कही है। द्वितीय-तृतीय कूटों में एक-एक अक्षर "ह"कार और "स"कार रूप हैं। इससे अवशिष्ट दस ही अक्षर होते हैं, अतः पूर्वोक्त योगिन्यादि रूप उनका अर्थ होता है और उनका हृल्लेखा से उपात्त देवी से सामानाधिकरण्य से अभेद ही होता है।

आगे यह भी कहेंगे कि इस विद्या में सैंतीस अक्षर हैं। उनका भी समन्वय पीछे की पुनरुक्ति न कर गणना करने पर दस ही बचते हैं–अकार, लकार, सकार, हकार, ईकार, एकार, रेफ, ककार, नाद और बिन्दु। वस्तुतः सभी श्रीविद्या-मन्त्रों में इतने ही वर्ण होते हैं। ज्ञानार्णव में कहा है–

भूमिश्चन्द्रः शिवो माया शक्तिः कृष्णाध्वमादनौ।
अर्धचन्द्रश्च बिन्दुश्च नवार्णो मेरुरुच्यते॥
महात्रिपुरसुन्दर्या मन्त्रा मेरुसमुद्भवाः।

इनमें नौ की गणना है–एक "अकार" व्यञ्जनों से पृथक् न होने से मानना होगा, अथवा पूर्वोक्त श्लोक केवल प्रथम कूट का ही निर्देश करता है। समास का प्रकार इस रूप में है–

काश्च, एश्च, यश्च, लाश्च इनका द्वन्द्व मानकर "ह्री"कार के साथ कर्मधारय होगा। हल्ङ्यादि से सुलोप है। समास में भी सन्धि का अभाव आर्ष है। ककार आदि को भिन्न पद मानने पर भी एकार और लकार का सुलोप आर्ष है।

इसके आगे मूलग्रन्थ में तृतीय-कूट की व्याख्या की गई है–

तन्मयीं परमानन्दनन्दितां स्पन्दरूपिणीम्।
निसर्गसुन्दरीं देवीं ज्ञात्वा स्वैरमुपासते॥

तन्मयीं–योगिन्यादि चतुष्टय से अभिन्न। पूर्व व्याख्या में वीरों में अधम-मध्यम की गणना भी की है, अतः दुःखसम्पर्क की सम्भावना हो सकती है। उसको हटाने के लिये–"**परमानन्दनन्दिताम्**" कहा है। "दुःखासम्पृक्त" ही परम आनन्द है।

स्पन्दरूपिणीं–षट्त्रिंशत्तत्त्वात्मक स्पन्द से अभिन्नरूपवाली। असुन्दर पदार्थों से भी अभेद मानने की आशङ्काओं को मिटाने के लिये "**निसर्गसुन्दरीं**" कहा गया है। **देवीं** से हृल्लेखात्मक स्वरूप से अभेद सिद्ध किया गया है। इस प्रकार की देवी की मन्त्रात्मकता जानकर साधक स्वैराचार (कुलाचार) से उपासना करते हैं। यहाँ पर "**ज्ञात्वा**" और "**उपासते**" की क्त्वा प्रत्यय से समानकालिकता "**मुखं व्यादाय स्वपिति**" की तरह समझनी चाहिये। इसके आगे मध्यम-कूट का विवरण है–

शिवशक्त्यात्मसंघट्टरूपब्रह्मणि शाश्वते।
तत्प्रथाप्रसराश्लेषभुवि त्वैन्द्रोपलक्षिते॥
ज्ञातुर्ज्ञानमयाकारकरणान्मन्त्ररूपिणीम्।

शिव और शक्ति संघट्ट अर्थात् सामरस्यरूप ही ब्रह्म है। उस ब्रह्मरूप विषय में ज्ञाता की ज्ञानमयाकारता चिन्मयता करने से ही मन्त्ररूपिणी देवी है।

"मन्तारं त्रायते" इस व्युत्पत्ति से मन्त्ररूपा है। इसी विषय को तन्त्रों ने कहा है–"**चित्तं मन्त्रः**" (शिवसूत्र), "**चितिरेव चेतनपदावरूढा चैत्यसंकोचिनीचित्तम्**" (शक्तिसूत्र)। उस ब्रह्म की प्रथा प्रसर अर्थात् विश्वात्मना विस्तार से उपलक्षित ऐश्वर्यशालिनी है।

तात्पर्य यह है कि विश्वात्मकता का विस्तार उसका उपलक्षण मात्र है, न कि विशिष्ट धर्म है, अतः धर्मिमात्ररूपता में अखण्डज्ञानस्वरूपता अक्षुण्ण रहती है। अखण्डत्व का परिष्कार आचार्य ने किया है–

"**सविकल्पकप्रज्ञाविलक्षणविषयिताशालित्वम्**"।

यह मध्यमकूट की छायारूप व्याख्या है।

"**कत्रयं हृदयं चैव शैवो भागः प्रकीर्तितः।**
शक्त्यक्षराणि शेषाणि ह्रींकार उभयात्मकः"॥

इस ब्रह्माण्डपुराण के अनुसार "ह"कार शिव रूप और "स"कार शक्ति रूप है। "आत्म" पद से सामरस्य या उभयाभेद की सूचना से इन दोनों अक्षरों का कर्मधारय समास होगा। मन्त्रार्थ करते हुए लिखा है कि 'हं च तत्सं च हसं' अर्थात् परस्पर समरसापन्न शिव-शक्तिरूप। ब्रह्म में यह "क"कार का अर्थ है। "**कं ब्रह्म**" यह श्रुति है। 'हसं च तत्कं च हसकं समरसशिवशक्त्यात्मकं ब्रह्म'। "तत्प्रथा" इत्यादि पूर्व श्लोक से "हसक" पदों की लक्षणा से धर्मिमात्रपरता सिद्ध की है, शक्यतावच्छेदकविशिष्टपरता नहीं है।

हसकं हन्तीति हसकहा–उस प्रकार के ब्रह्मविषयक ज्ञानवान् । "हन्ति" गत्यर्थ है और 'ये गत्यर्थास्ते ज्ञानार्थाः" इस नियम के अनुसार उपपत्ति होगी । यह समास "ब्रह्मणि" इस विषय-सप्तमी से सूचित हुआ । "हन्ति" की ज्ञानार्थकता "ज्ञातुः" पद से सूचित है । हसकहलं लाति आदत्ते स्वाभिन्नं करोति–इस व्युत्पत्ति से "हसकहला" हुई । यह बात भी ज्ञानमयाकारकरणात्–इस पङ्क्ति से सिद्ध होती है । इन शब्दों का ह्ल्लेखा के साथ समास करने पर "पुंवद्भाव" करने पर सम्पूर्ण मध्यमकूट की रूपसिद्धि होती है । इस अवयवशः कहे हुए अर्थ का "मन्त्ररूपिणीम्" पद से समष्टिरूप से निर्देश किया है । इसका तात्पर्य आचार्य ने संग्रह-श्लोक से निर्दिष्ट किया है–

शिवशक्त्यभिदारूपा ब्रह्मविष्णुहरात्मिका ।
वाण्यपर्णारमारूपा त्रिविधोपासकात्मिका ॥
मिथः समरसापन्नशिवशक्त्युभयात्मनः ।
ब्रह्मणो निर्विकल्पत्वमाददाना निजात्मना ॥
सर्वतत्त्वात्मिका देवी महात्रिपुरसुन्दरी ।

इसी का समष्टिरूप से निर्देश करते हुए मूलकार ने कहा है–"**तेषां समष्टिरूपेण पराशक्तिस्तु मातृका**" । प्रत्येक कूटों के अर्थरूप से वर्णित विशेषणों का समष्टि रूप से एकीकरण कर पराशक्ति माता या मन्त्रार्थ होता है ।

इसके आगे देवी की मन्त्र से अभिन्नता और विश्व से अभिन्नता कहने पर मन्त्र और विश्व के मृत्तिका से अभिन्न घट-शराव आदि की तरह अभेद को एक ही उपादान और उपादेयत्वरूप से समझाने के लिये 'मध्यबिन्दुविसर्गान्तः' से 'राहुकूटद्वयास्फूर्जत्' तक की व्याख्या अत्यन्त गहन रूप से प्रतिपादित है, जिसका तात्पर्य यह है–

कामकला -लेखन का प्रकार पहले सन्दर्भ में आ चुका है । उसमें प्रथम बिन्दु को तुरीय कहा गया है, उसके नीचे "काम" नामक बिन्दु है और उसके नीचे विसर्गसंज्ञक दो बिन्दु हैं । उसके भी नीचे हार्धकला है । इनमें तुरीय और विसर्ग के बीच में जो काम नामक बिन्दु है और आगे विसर्ग है–उन दोनों के अन्तश्चैतन्यरूप से अवस्थित दो अक्षर हैं–कामान्तर्गत "अ"कार और विसर्गान्तर्गत "ह"कार; परन्तु ये दोनों वैखरीरूप में नहीं हैं; किन्तु "परे" अर्थात् परामातृकारूप से शून्याकार ही हैं । ये वकार हैं, अतएव वामारूप होने से सृष्टिजनक हैं । उस देवी के प्रतिरूप (रूपान्तर) अर्थ-शब्दात्मक परब्रह्म के दो रूप हैं । इनको "वियत्कले" कहा है । वियत् से "ह"कार और कला से "अ"कार ग्राह्य है । यह परारूप अक्षरद्वय मूलमन्त्र में भी हैं । मन्त्र के द्वितीय कूट में "ह"कारत्रय के मध्यगत द्वितीय "ह"कार है । वही प्राणप्रथा रूप विसर्गान्तर्गत परारूप हकार है । वही वैखरी का जनक है,

अत: आकाशरूप भी है; क्योंकि आगे कहा है–**"हकाराद् व्योमसंभूतम्"** ।[६] उसमें भी हकारात्मिका परा-मातृका स्थित है । यही हकार मध्यम और तृतीय मन्त्रभाग में भी अवस्थित है ।

आगे षोढान्यास प्रकरण में ग्रहन्यास में "शषसह" इन अक्षरों से "राहु" का न्यास कहा है । उसमें अद्वय आरम्भ के दो अक्षर छोड़कर "स" और "ह" ही आते हैं । उसमें तृतीयकूट में "स"कार ही आता है । इसमें "पुन:" शब्द के प्रयोग से "द्वितीय वार" यह अर्थ लेकर तात्पर्य यह होता है कि ये अक्षर वैखरी से भिन्न परामातृका रूप हैं ।

अक्षरमात्र में दो अंश हैं–ध्वन्यंश और वर्णांश, जैसे न्यायशास्त्र में सुवर्ण में पार्थिव और तैजस दोनों अंश परस्पर संसृष्ट रहते हैं । इसीलिये तारत्वादि ध्वनि के धर्म का वर्णों में अनुभव होता है । वह वर्णगत ध्वनि सभी वर्णों का जनक नाद ही है । नाद ही पहले परारूप से मूलाधार से चलकर मणिपूर, अनाहत में आकर प्राण और मन के संयोग से पश्यन्ती और मध्यमारूप को ग्रहण कर वैखरीरूप बाह्य वर्णस्वरूप ग्रहण करता है, यह शास्त्र का सिद्धान्त है । सभी वर्णों के लिये कारणीभूत उस नाद में सभी वर्ण सूक्ष्मरूप से रहते हैं, जैसे बीज में फल-पुष्प आदि रहते हैं ।

जैसे बीजरूप सम्पुट में पूर्वार्ध-परार्धात्मक दो भाग होते हैं, द्विधा भिन्न भागों में विविध अवयव वाला सम्पूर्ण वृक्ष छिपा रहता है, उसी तरह "अ"कार और "ह"कार रूप से द्विधा भिन्न नाद-ब्रह्म में सभी वर्णात्मक वैदिक और लौकिक प्रपञ्च अन्तर्हित हैं । इसीलिये "अ"कार और "ह"कार के मध्य में ही सभी वर्णों का पाठ है । "ळ"कार "ल"कार से अभिन्न है । "क्ष"कार तो ककार और षकार के योगरूप से बना । अत: उसकी पृथक् गणना नहीं होती ।

"ब्रह्म" अकार और हकार समाहाररूप है, अत: श्रुतियों में उसकी अहंरूपता प्रदर्शित की गई है । बृहदारण्यक में–**"ब्रह्म वा इदमग्र आसीत् तदात्मात्मानमेवावेदहम्"** तथा ऐतरेय में–**"तत्राऽहमहम्"**, **"कस्त्वमित्यहमिति"** इत्यादि अनेक वचन हैं । शिवसूत्र में वरदराज ने भी लिखा है–

अतोऽकारहकाराभ्यामहमित्यपृथक्तया ।
प्रपञ्चं शिवशक्तिभ्यां क्रोडीकृत्य प्रकाशते ॥

तात्पर्य यह है कि सभी पदार्थ अकार-हकार-सामरस्यात्मक हैं । मन्त्र भी वैसा है । अत: मन्त्र में वे दोनों वर्ण हैं ही । जैसे वटवृक्ष में जनक बीज के समानाकार अनन्त बीज रहते हैं । मूल बीजांश भी कहीं रहता है; परन्तु वह दुर्ज्ञेय होता है । वैसे ही प्रस्तुत विषय में ब्रह्मस्वरूप निखिल शब्द-प्रपञ्च से अभिन्न मातृका और

उससे अभिन्न श्रीविद्या के जनक नादात्मक परारूप अकार और हकार की स्थिति अवश्य माननी चाहिये।

परन्तु वह साधारण पुरुषों के लिये दुर्ज्ञेय है, अतः सर्वज्ञ जगद्गुरु शिव ने नाना सङ्केतों से उन्हें समझाया है।

प्रकृत भावार्थ-वर्णन में "चलत्तासंस्थितस्य तु.........विश्वरूपिणी" इत्यादि कारिका से आशय स्पष्ट किया है। धर्म का अर्थ ब्रह्मधर्मरूपिणी शक्ति है। अधर्म निर्धर्मक परशिव है। विष संसार है। अमृत मोक्ष है। अनित्य संसारात्मना परिणत शक्ति वाच्य है, अक्षर "ह"कार है। नित्य-मोक्षात्मक परशिव की वाच्यता वाचक अक्षर "अ"कार है। इन दोनों से संयोग से मन्त्र शिव-शक्तिरूप है। विश्व भी शिवशक्तिजन्य होने से तद्रूप ही है। इस प्रकार पूर्वनिर्दिष्ट तृतीयकूट के अर्थ की उपपत्ति की गई है।

इस प्रकार कूटत्रय को अवान्तर वाक्य रूप से मानकर त्रिविध अर्थ बताया गया। तीनों की अब एकवाक्यता कर महावाक्यरूप मन्त्रार्थ में उपसंहार किया गया है। **"तेषां समष्टिरूपेण पराशक्तिं तु मातृकाम्"** इत्यादि कारिकाओं से सविस्तर निरूपण किया है। आचार्य ने यह भावार्थ कादिविद्यापरक ही योजित किया है। अन्य टीकाकारों ने हादिविद्या के पक्ष में लगाया है; परन्तु अनेक प्रमाणों तथा तर्कों से पहला पक्ष ही आचार्य ने स्थापित किया है। वरिवस्यारहस्य में यह विषय आ चुका है, अतः यहाँ उसका विस्तार नहीं किया है। इसके आगे सम्प्रदायार्थ का विचार है।

सम्प्रदायार्थ

इसके प्रतिपादन में **"सम्प्रदायो महाबोधरूपो गुरुमुखे स्थितः"** इत्यादि कारिकायें हैं। इस अर्थ-प्रकरण में पूर्वापेक्षया भेद है। शिवशक्त्यात्मक मूलविद्या से सम्पूर्ण जगत् व्याप्त है, पञ्चभूतमय जगत् उससे अभिन्न हैं। वह भी तन्मयी है और मूलविद्या भी तद्रूप है। पहले भी मन्त्र और विश्व का अभेद सिद्ध किया था; परन्तु इस प्रक्रिया में भेद है। एक उदुम्बरबीज से नाना प्रकार के फल-पत्र-कृमि-काष्ठादि उत्पन्न होते हैं, अतः मन्त्र की विश्वात्मना परिणति को उपादान-उपादेय भाव से जानना चाहिये।

आगे सम्प्रदायार्थ का अतिविस्तार से वर्णन है। हम आवश्यक अंशों का ही सारांश दे रहे हैं–

पहले देवी का मन्त्र से अभेद कहा है। मनन-त्राण नामक व्यापार से देवी और मन्त्र का अभेद ही प्रधान रूप से विवक्षित है। विश्व षट्त्रिंशत्तत्त्वात्मक है। "पञ्चभूतमयम्" कहने से छत्तीस तत्त्वों का भी पञ्चधा विभाग स्वीकार किया है। विश्व और सनातनी देवी मूलविद्या–इन तीनों की षट्त्रिंशत्तत्त्वमयता सिद्ध है।

विश्व में प्रसिद्ध इस देवी में भी विश्वपरिणामित्व सर्वथा सिद्ध है। यद्यपि मूलविद्या और जगत् दोनों शिव-शक्तिवाचक "अ"कार और "ह"कार से हैं; परन्तु कृमि-काष्ठ की तरह अत्यन्त भेद आवश्यक न होने से सम्पूर्ण जगत् के रूप से कैसे परिणत हुए ? इस आशङ्का के कारण "महाबोध" की आवश्यकता कही गई। गुरु-परमगुरु आदि वंशपरम्परा से आने वाले धन की तरह सुरक्षित ज्ञान ही सम्प्रदायार्थ है।

इसकी उपपत्ति आगे **"हकाराद्व्योम संभूतम्"** इत्यादि से आरम्भ कर पञ्च-भूतात्मकता बताकर **"तस्माद्विश्वमयी च सा"** कहा है।

इस पर कोई यह शङ्का करे कि शब्द से अर्थ की उत्पत्ति तो नहीं होती ? इस पर आचार्य कहते हैं कि व्याससूत्र में **"शब्द इति चेन्नातः प्रभवात्प्रत्यक्षानुमानाभ्याम्"** शब्द से अर्थ की उत्पत्ति श्रुति-स्मृति के द्वारा प्रमाणित की गई है। क्रमशः मन्त्राक्षरों से विश्व की उत्पत्ति दिखाई गई है। इसी आशय से मूलकारिका है–

हकाराद्व्योम संभूतं ककारात्तु प्रभञ्जनः।
रेफादग्निः सकाराच्च जलतत्त्वस्य संभवः॥
लकारात्पृथिवी जाता तस्माद्विश्वमयी च सा॥ इत्यादि।

आचार्य का कथन है कि विना किसी बीज या प्रयोजन के कोई वस्तु सिद्ध नहीं होती। सर्वज्ञ ईश्वर भी इस नियम से बाहर नहीं है। इसलिये वस्तुमात्र में अपने-अपने प्रयोजनों की जनकता में समर्थ शक्ति है–'स्वत्वप्रयोजनजनकत्व-सामर्थ्यरूपा। वही विमर्श है और उसका आधार प्रकाश (शिव) है। लिङ्गपुराण में कहा है–

"स्त्रीलिङ्गमखिलं गौरी पुल्लिङ्गं नीललोहितः"।

यह मूल पञ्चदशाक्षरी विद्या स्वरों और व्यञ्जनों के भेद से सैंतीस अक्षरों की होती है। उससे छत्तीस तत्त्व और एक तत्त्वातीत का सङ्ग्रह किया जाता है। इस प्रसङ्ग में आचार्य ने अतिविस्तार से वर्णों के विषय में व्यापक विवेचन किया है। विभिन्न वेदों के प्रातिशाख्यों के भी मत यथास्थान उद्धृत हैं। व्याप्य-व्यापक भाव से शब्दादि गुणों की व्यवस्था है। इनमें पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति तत्तद् अक्षरों से सम्भव है। वर्णों के उत्पत्ति-प्रसङ्ग में कुछ सम्प्रदाय की महत्त्वपूर्ण बातें भी आचार्य लिखते हैं, जैसे–

शैवदीक्षा से दीक्षित भी मालिन्य के तारतम्य से तीन प्रकार के प्रमाता (उपासक) होते हैं। उनका दीक्षारूप जन्मान्तर होने के बाद "परं वपुः" श्रेष्ठ शरीर विद्या स्थित तीन "क"कारों से कहा जाता है। यहाँ यह बात जानने योग्य है–

अणु, कर्म, माया ये तीन पाश हैं। उसमें अणु का अर्थ अज्ञान है। वह दो प्रकार का है–चैतन्य स्वरूप आत्मा में आत्मतया ज्ञान न होना और देह आदि अनात्मा में आत्मज्ञान होना। यह दोनों मिलकर "आणवमल" कहा जाता है। अपरिच्छिन्न आत्मा का परिच्छेद करने से "अणु" कहा गया। सौरसंहिता का वचन है–

"आत्मनोऽणुत्वहेतुत्वादणुर्मालिन्यतो मलम्"।

विहित और निषिद्ध क्रियाओं से जन्य शरीर दान में समर्थ अदृष्ट कर्म, वह भी पुण्य-पाप के भेद से दोनों मिलकर "कार्मणमल" बनता है।

एक ही आत्मा की नानाविधता है-माया। वह अनेक प्रकार की होने पर भी उसका मूलस्वरूप "मायीयमल" है। इन तीनों में उत्तरोत्तर पूर्व-पूर्व से व्याप्य हैं। इस पर शिवसूत्रभाष्य तथा प्रत्यभिज्ञादि ग्रन्थों में निरूपण है। इनमें तीनों पाशों से बद्ध पशु (जीव) 'अशुद्ध' है। अणु और कर्म दो से बद्ध "मिश्र" है। अणुमात्र से बद्ध "शुद्ध" है। इन्हीं को अन्य तन्त्रों में क्रमशः सकल, प्रलयाकल, विज्ञान-केवल कहा है।

इन संज्ञाओं को छोड़कर "अशुद्ध" आदि पद से व्यवहार, उनके लक्षण स्पष्ट करने के लिये हैं। उसमें शुद्ध पद मल सामान्याभाव कहें, तो वह ब्रह्मातिरिक्त कहीं सम्भव नहीं है। अतः कुछ मल है, कुछ नहीं है, यही अर्थ होगा। उनमें एक मल आणव है। कार्मण और मायीय पूर्व-पूर्व से व्याप्य होने के कारण एकमात्र नहीं रहते।

इस प्रकार "अशुद्धत्व" निर्णीत न होने से सर्वमलयुक्त यही अर्थ है। "मिश्रत्व" में शुद्ध और अशुद्ध लक्षणों का साङ्कर्य है, अर्थात् शुद्ध लक्षण आणव और अशुद्ध लक्षण कार्मण का योग होगा। इनमें प्रारम्भ के दो मल और पाक के कारण प्रत्येक दो प्रकार के हैं। अन्तिम कलुष की समाप्ति और असमाप्ति से दो प्रकार का है। उनमें अशुद्ध जो पक्वमलत्रय हैं, वे क्रोधभट्टारक आदि एक सौ अठारह उपासक हैं। अन्यों पर आचार्यरूप से शिव ही अनुग्रह करते हैं; परन्तु जो अपक्वमलत्रय हैं, उनको भोग के द्वारा मलपाक करने के लिये नाना योनियों में नियुक्त करते हैं। यह भी अनुग्रह ही है। वचन भी है–

मलादीनामपाके तु सामान्यानुग्रहो भवेत्।
नानायोनिषु पाकाय नियुङ्क्तेऽनुजिघृक्षया॥

मिश्र पक्वमल वाले लोकपाल आदि आधिकारिक पुरुष हैं। अपक्वमल मिश्र कर्मवश से उत्तम योनियों में ही होने वाले पुरुष होते हैं। समाप्त-कलुष शुद्ध विद्येश्वर नवनाथादि हैं। असमाप्तकलुष शुद्ध सप्तकोटि महामन्त्र हैं। उन्हें जड़ नहीं समझना चाहिये; क्योंकि शब्दशरीर जड़ होने पर भी शरीरी पुरुष की तरह

उनमें चेतनत्व है। इसीलिये अपक्व आणव मल वाला जीव, इस अर्थ से ही मन्त्रों की "अणु" संज्ञा है। मृगेन्द्रसंहिता का वचन है–

अथानादिमलापेतः सर्वकृत्सर्वदृक् शिवः।
पूर्वं व्यत्यासितस्याणोः पाशजालमपोहितः॥

"व्यत्यासित" का अर्थ है–आधिकारिक जन्म हटाकर मन्त्ररूप जन्म को प्राप्त करने वाला। इस प्रकार दो-दो रूप वाले प्रमाता मूलविद्या "क"कारमय बोध्य होते हैं।

जो अपक्व मलत्रय अशुद्ध जीव हैं, वे भी दो प्रकार के हैं। एक वीर कर्मठ और उनसे भिन्न। अनभ्यर्हित आखिरी वाले अनन्त हैं, अतः उनका निर्देश बहुत से "अ"कारों से किया गया है–

"श्रीकण्ठदशकं तद्वदव्यक्तस्य हि वाचकम्"।

"अ"कार शिव और जीव दोनों का वाचक है। तात्पर्य यह है कि दस अकारों से मनोबुद्धि-अहङ्कारविशिष्ट प्रकृति का स्वरूप प्रतिपादित है। तत्त्वातीत परम शिव "ए"कार द्वारा वाच्य है। आरम्भ की स्तुति में–

"यदेकादशमाधारं बीजं कोणत्रयोद्भवम्"।

इससे यद्यपि शक्ति ही "ए"कार से वाच्य है, तो भी शक्ति के सान्निध्य से शिव में भी सृष्टिकारणत्व माना जाता है, यह बात पीछे कही गई है। तदनुसार "ए"कार शिव का भी वाचक है। मूलकार का कथन है–

प्राणभूतः स्थितो देवि तद्वदेकादशः परः।
एकः सन्नेव पुरुषो बहुधा जायते हि सः॥

कादि और हादि में कुछ भेद से वर्णों की योजना की गई है। हादिविद्या में यद्यपि बारह श्रीकण्ठ (अकार) हैं। उनमें एक वायुगत स्पर्श पर है, शेष एकादश पूर्ववत् हैं। अवशिष्ट एकादश तत्त्व मन्त्रस्थ बिन्द्वक्षर और नादाक्षर से परिगृहीत हैं।

नियति, काल, राग, विद्या, कला, माया, शुद्धविद्या, ईश्वर, सदाशिव, शक्ति और शिव ये एकादश तत्त्व हैं। रुद्र, ईश्वर, सदाशिव तीन बिन्दुओं से बोध्य हैं। शान्ति, शक्ति और शिव ये तीन नादों से बोध्य हैं। इन छत्तीस तत्त्वों में क्षिति से श्रोत्रान्त, उसके आगे प्रकृति तक, उसके आगे माया तक, उसके आगे सदाशिव तक, उसके आगे शिव तक पञ्चधा विभाग मानकर पञ्चभूतमय विश्व है, जो मूलविद्या से अभिन्न है। इसी प्रकार तत्त्वत्रय में भी अन्तर्भाव उपवर्णित है। क्षित्यादि-मायान्त सद्रूप प्रकट है, इसमें चिदानन्दांश आवृत हैं। अतः यह आत्मतत्त्व है। शुद्धविद्यादि तीन तत्त्वों में सच्चित् अंश अनावृत हैं, आनन्दांश आवृत है। अतः इनकी विद्यातत्त्वरूपता है। शक्ति और शिव का तो कोई भी

अंश आवृत नहीं है, अतः शिवतत्त्वरूपता है। इनका भी विद्या से अभेद है। शक्ति और शिव "शक्तिशम्भु" पद से उक्त हैं। "शान्ति" पद से सत्त्वातीत ब्रह्म ही ग्राह्य है। **"ब्रह्म शान्तिः"** यह श्रुतिवचन है।

यद्यपि शान्ति पद की ब्रह्मपरता के कारण उसे अन्त में कहना चाहिये; परन्तु तत्त्वातीत ज्ञान की स्वनिष्ठ ईक्षणात्मक शक्ति ज्ञान में कारणता मानकर और शिव-ज्ञान की कारणता मानकर भगवान् ने वही क्रम स्वीकार किया है।

इस प्रकार "सम्प्रदायार्थ" को अतिसूक्ष्म विचारों से आचार्य ने स्पष्ट किया है तथा जगह-जगह प्राचीनों की असङ्गतियाँ भी दिखलायी हैं। इस अर्थ की परम्परामात्र से लभ्यता का भी निर्देश किया है।

"वागुरामूलवलये" इत्यादि कारिका है। इसका आशय यह है कि मत्स्य के बाँधने के जाल में मूल में एक गाँठ होती है, जो लोहे की घुण्डी के आधार पर रहती है, वैसे ही सभी मन्त्ररूप सूत्रों का यही मूलवलयभूत (आधारभूत) है, अर्थात् श्रीविद्या ही समस्त मन्त्रों की आधारभूत है। यह अर्थ भी भगवान् कहते हैं—'मैंने गुरुक्रम से प्राप्त किया और तुम भी पारम्पर्यक्रम से उपदेश देना'। इसके आगे कुछ महत्त्वपूर्ण विवेचन है—

सर्वप्रथम निर्गुण ब्रह्म से ध्वनिरूप "उन्मना" रूप से सूक्ष्म वाक् उत्पन्न हुई। वही स्वच्छन्दभैरव है, जो निर्गुण ब्रह्म का प्रथम शिष्य है, जिसने संक्षेप रूप से मन्त्रों का प्रणयन कर अपने शिष्य अनाश्रितेश्वर को बताया। उसने विस्तारपूर्वक शान्त्यतीता देवी को उपदेश दिया। उसने यह शास्त्र सदाशिव को दिया। उसने पञ्चाम्नायादि भेद से असंख्य-अप्रमेय अत्यन्त विस्तृत शास्त्र ईश्वर को दिया। इस प्रकार ईश्वर, विद्येश्वर, श्रीकण्ठादि रुद्र इत्यादि क्रम से परम्परा विकसित हुई। ये बातें प्राचीन तन्त्रों में निर्दिष्ट हैं।

इस प्रकरण में तत्त्वातीतविशेष्यक सकलतत्त्वप्रकारक अभेदसंसर्गक बोध सैंतीस पदों के सामानाधिकरण्य से लभ्य है; परन्तु तत्तद् वर्णजन्यत्व से भी इस प्रकार में अर्थ की उपलब्धि मानी है, उसकी भी शाब्दबोधविषयता आवश्यक है। उसके विना विद्या और विश्व का अभेद भान सम्भव न हो सकेगा; क्योंकि कहा है—

ग्राह्यत्वं ग्राहकत्वं च द्वे शक्ती तेजसो यथा।
तथैव सर्वशब्दानामेते पृथगवस्थिते॥

इसके अनुसार व्योम और उसका गुण शब्द और उसका इन्द्रिय, यह सब अर्थ "ह"कार से निकला।

जहाँ पर अक्षरजन्यता मानने में कुछ बाधक हो, वहाँ पर अक्षराभेदमात्र उसके अर्थ में विशेषण होगा, यथायोग्य तत्तदक्षरजन्यता से तत्तदक्षरभिन्नता से

उनसे निकलने वाले तत्तद् वाच्य और लक्ष्य अर्थों को उद्देश्य कर उनमें नादाभिन्न तत्त्वातीत का अभेद रूप शाब्द (शब्दजन्य) माना जायेगा और अन्ततः विश्वजनक होने से देवी और विद्या का अभेदबोध मानस आखिरी का होगा । इस प्रकार सम्प्रदायार्थ के सम्बन्ध में सूक्ष्म विचार किया गया है । इसके आगे निगर्भार्थ का विषय है ।

निगभार्थ

इसमें शिव, गुरु और आत्मा की परस्पर अभेद-भावना से शाब्दबोध माना गया है । उसका प्रकार **"निष्कलत्वं शिवे बुद्ध्वा"** इत्यादि कारिका से प्रतिपादित है ।

आशय यह है कि परमशिव में निर्गुणता का अनुसन्धान प्रथमोपस्थित वाग्भव-कूटजन्य बोधविषय बनाकर अपने गुरु की भी निष्कलता (निर्गुणता) क्रम से प्राप्त द्वितीय कूट के अनुसन्धान से (निष्कलता के अभेदानुसन्धान की दृढ़ता से) मानकर, उनके कृपापूरित कटाक्ष-निरीक्षण के सामर्थ्य से लब्ध अपनी (साधक की) निष्कल शिवात्मकता की तृतीय कूट के अभेदानुसन्धान से भावना करनी चाहिये । यहाँ पर हादिविद्या के अक्षरार्थ की भी योजना की गई है ।

क्रमशः विद्या के प्रत्येक कूट से शिव, गुरु और शिष्य का अभेद सम्बन्ध स्थापित किया गया है । उदाहरणार्थ–ह्रस्व-स्थूलरूपोज्झित केवल संस्कारात्मना अवस्थित है । कला गुण जिसमें है, इस समास से "हसकलः" यह अर्थ हुआ और हृल्लेखावाच्य परमशिव से उसका अभेद स्थापित हुआ । उसको हलति आकर्षयति अभेद से अनुसन्धान करता है । इस अर्थ में "हसकहलो गुरुः" यह सिद्ध हुआ । वह भी हृल्लेखा से वाच्य है । तृतीय कूट में "सकल" पद उपासक विशेष वाचक है और आत्मपरक भी है । वह भी हृल्लेखा के सम्बन्ध से निष्कल ही है । यह निष्कलता कैसे सम्भव है ? इसके उत्तर में मूल में ही कहा है–

"भावयेत् भक्तिनम्रः सन् शङ्कोन्मेषाकलङ्कितः" ।

अर्थात् कला रूप उपाधियों रहित गुरु-देवता की दृढ़ भक्ति से ही होता है । प्रसिद्ध ही है–

यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरौ ।
तस्यैते कथिता ह्यर्थाः प्रकाशन्ते महात्मनः ॥

इसके आगे कौलिकार्थ का उपदेश है ।

कौलिकार्थ

श्रीचक्र, श्रीमाता, श्रीविद्या, श्रीगुरु और स्वात्मा–इन पाँच वस्तुओं का ऐक्य ही कौलिकार्थ है । सजातीयों के समूह को ही कुल कहा जाता है । इसमें साजात्य एकधर्मावच्छिन्नत्वरूप है अथवा गणेशादि षडात्मकत्व है ।

"गणेशग्रहनक्षत्र" इत्यादि मङ्गलाचरण-श्लोक में जो देवी में षडात्मकता कही गयी है, वही पाँचों पूर्वोक्त वस्तुओं में अनुगत एक धर्म है । यही कौलिकार्थ मन्त्रप्रतिपाद्य पञ्चपदार्थाऽभेदरूप है ।

इसी को विस्तार से लकारादि अक्षरों से मन्त्र और श्रीचक्र का अभेद स्थापित कर दिखाया है । विषय विस्तृत है तथा वरिवस्यारहस्य में आ चुका है । अतः यहाँ संक्षेप में ही सूचना दी जा रही है–

गणित की रीति से यहाँ चक्र, देवता, विद्या, गुरु और साधक–इन पाँचों के बीच में अपने से भिन्न प्रत्येक चार पदार्थों का अनुयोगिता सम्बन्ध से अभेद होगा। इससे सब मिलाकर बीस प्रकार के अभेद होंगे । इनमें पुनः अनुयोगि-प्रतियोगी भाव प्रत्येक में मानने से पुनरुक्ति का परिहार करने पर अन्ततः दस ही अभेद बचते हैं ।

आगे विस्तार के साथ गणेश-ग्रह-नक्षत्रादि सभी का मन्त्र, चक्र, विद्या, गुरु और साधक से अभेद प्रदर्शित किया गया है । अन्ततः 'चक्ररूपा महेश्वरी' का साधक तक एकधर्मावच्छिन्न होने से कौलिकार्थ माना गया है । मूल में स्पष्ट ही उपसंहार भी किया है–

एवं विश्वप्रथाकारा चक्ररूपा महेश्वरी ।
देव्या देहो यथा प्रोक्तो गुरुदेहस्तथैव च ॥
तत्प्रसादाच्च शिष्योऽपि तद्रूपः सन् प्रकाशते ॥
इत्येवं कौलिकार्थस्तु कथितो वीरवन्दिते ॥

अर्थ करने के प्रसङ्ग में कहीं-कहीं आभासमान विरोध का भी आचार्य ने परिहार किया है । उन्होंने अर्थ करने के सम्बन्ध में स्वीकृत नियमों को सूचीबद्ध करते हुए लिखा है–

धातोर्बह्वर्थत्वाद् बहुलग्रहणात् . पृषोदरादित्वाद्
आवृतिगणेन पाठात् स्वेच्छानुगुणाद् उणादिकल्पनातः ।
छन्दसि सर्वविधीनां वैकल्पिकतावशादमुष्य मनोः
सिद्धैः कथितेऽर्थेऽस्मिन् वैयाकरणशासनानुमतिः ॥

भाव यह है–धातुओं की अनेकार्थकता है, बहुल ग्रहण से रूपसिद्धि मान्य है, वैसे पृषोदरादि से भी रूप मान्य होता है, आकृतिगण पाठ से भी मान्यता है । विवक्षानुसार उणादि की गण की कल्पना से वेद में सभी विधानों का विकल्प मान्य है और प्राचीन सिद्ध आचार्यों की मान्यता (सम्प्रदाय) से भी अर्थ मान्य होता है । अतः पूर्वोक्त सभी व्याख्याओं की प्रामाणिकता शब्दशास्त्रज्ञों को भी माननी चाहिये ।

इसके आगे महातत्त्वार्थ का विवेचन है–

महातत्त्वार्थ

निरवयव अखण्ड, महान् से महान्, सूक्ष्म से भी सूक्ष्म, इन्द्रियों से अगोचर, भावनामात्र से गम्य, आकाश के भी जनक, चिदानन्दस्वरूप, पारमार्थिक सद्रूप, छत्तीस तत्त्वों से अतीत और उनसे अभिन्न भी परमतत्त्व में जीवात्मा और मन का जीव-शिव की अभेदभावना से योजन करना ही महातत्त्वार्थ है

"भूयः स्यात् प्रोक्तमीलनम्" इस शिवसूत्र के अनुसार जीव और शिव की ऐक्यसिद्धि ही तात्पर्य है।

इस प्रकार का अर्थ अखण्ड होने के कारण उसका ज्ञान भी निर्विकल्पीय विलक्षण विषयताशाली है, उसका जनक मन्त्र भी "तत्त्वमसि" इत्यादि वाक्यों के समान महावाक्य ही है।

इसलिये पद-पदार्थों के विभाग से होने वाला ज्ञान यद्यपि सखण्ड कहा जायेगा; परन्तु उपक्रमादि प्रमाणषट्क से निर्णीत तात्पर्य के अनुसार सर्वपद की लक्षणा से अन्तिम अखण्डार्थबोध को परमशिवोक्ति के तात्पर्य से ग्रहण किया जाता है। अतः उस प्रकार के अखण्ड अर्थ के ग्रहण करने में अखण्ड मन्त्र की शक्ति है, यह मानना उचित है। अतः इसे अखण्डार्थ ही कहा जायेगा। शक्तिग्रह भी परशिव के वचन से होता है। तार्किकों ने ईश्वरेच्छा को शक्ति माना ही है। परशिव की विश्व से अभिन्नता सिद्ध करते हुए आचार्य ने कहा है–

तमोरूप जड़ स्वभाव वाले घटादि पदार्थ अथवा जड़ों के प्रकाशक वृत्तिरूप ज्ञान की प्रकाशमानता का अंर्थ है–तत्तत् स्वभावावच्छिन्न चैतन्यनिष्ठ आवरण का भङ्ग होना। वह तभी होता है जब ब्रह्म का प्रकाश हो। "घटमहं जानामि" इत्यादि ज्ञान में घट और जीवात्मा वृत्तिरूप ज्ञान में विषय है। वह वृत्ति तो ब्रह्म से ही भास्य है और ब्रह्म स्वप्रकाश है। **"तमेव भान्तमनुभाति सर्वम्"** इत्यादि श्रुति है। इसीलिये **"जानामीति तमेव भान्तमनुभात्येतत् समस्तं जगत्"** इत्यादि दक्षिणामूर्तिस्तोत्र में भगवत्पाद ने कहा है।

तार्किकों के मत में "अयं घटः" यह घट ज्ञान का आकार है, उसके बाद का ज्ञान अनुव्यवसायात्मक भिन्न है, यह कहा गया है। औपनिषद मत में अनुव्यवसाय का खण्डन कर व्यवसाय में ही उसका अन्तर्भाव किया गया है। इस प्रसङ्ग में तन्त्रराज की उक्ति विचारणीय है–

यज्ज्ञानमिदमो ज्ञानं यज्ज्ञानमहमस्तथा।
द्वयोरपि च यज्ज्ञानं तज्ज्ञानं विद्धि मे वपुः॥

अतः जब-जब ब्रह्म का प्रकाश होगा, विश्व का भी होगा। इस नियम के अनुसार ब्रह्म विश्वाभिन्न सिद्ध हुआ।

"प्रकाशते महातत्त्वं दिव्यक्रीडारसोज्ज्वले" अर्थात् दिव्य सर्वोत्तम उपासनारूप क्रीड़ा के रस अनुराग से उज्ज्वल शिष्य में भी वह महातत्त्व प्रकाशित होता है। प्राचीन टीकाकार इसको देवी का सम्बोधन मानते हैं। इस अर्थ की महत्ता को पुनः सूचित करते हुए शिव का कथन है–'**निरस्तसर्वसंकल्प**' इत्यादि। इसका अभिप्राय यह है–

सम्पूर्ण संकल्प और विकल्पों का निरास करने वाला, अतएव तत्काल चमत्कार देने वाला यह रहस्यार्थ गुप्त रहता है। यह महाज्ञानार्णवादि तन्त्रों में काशी, काश्मीर आदि विद्यापीठों में, ब्रह्मसूत्रादि ग्रन्थों में सूचित होने से प्रामाणिक है।

इसके अधिकारियों के सम्बन्ध में आगे कहा है–

कौलाचार, पादुकाचार आदि में तत्पर, चक्र-मन्त्र-पूजा आदि की वासनारूप भावना में तत्पर, योगिनीमेलन में उद्युक्त (वृन्द चक्र के पूजन में तत्पर), दीक्षाभिषेक, पूर्णाभिषेक रूप दिव्याभिषेक प्राप्त करने वाले शङ्कारूपी कलङ्क से सर्वथा मुक्त (अर्चन साधनों मकारादि पदार्थों में पशुशास्त्रीय अग्राह्यत्वादि शङ्का से जो मुक्त हों), सदा प्रसन्न रहने वाले और परम्परा से रहस्यार्थ को जानने वाले साधकगण ही इस अर्थ को प्राप्त करते हैं।

योगिनीमेलन शब्द की व्याख्या में लिखा है कि सोलह वर्ष से बत्तीस वर्षों तक की सुवासिनी स्त्री को "योगिनी" कहा जाता है। तीन योगिनियों और एक ऊर्ध्वाम्नायवेत्ता आचार्य का एकीकरण (एकत्र होना), उसे ही श्रीचक्रपूजन कहते हैं। यह बात कुलार्णव तन्त्र के दशम उल्लास में स्पष्ट है।

परम्परा की सर्वाधिक महत्ता है। केवल ज्ञानमात्र से गर्वित होने वाले परम्परारहित पुरुषों का समय लोप होता है और अनेक अनर्थ परम्परायें प्राप्त होती हैं।

जो साधक शिव-शक्तिसामरस्य रूप दिव्य रस के अनुसन्धान से युक्त होकर प्रसन्न अन्तःकरण से देवता की तिथियों (चतुर्दशी आदि) में, पुष्य आदि नक्षत्रों में, सूर्यवार के दिन इत्यादि विशिष्ट पर्वकाल में नियमानुसार चक्रपूजा कर आवरण-देवताओं को प्रसन्न करता है, उसे अखण्डबोधात्मक ज्ञान की प्राप्ति होती है।

इस प्रकार का महाज्ञानमय भाव (चित्तवृत्तिप्रवाह) श्रीगुरु-चरणों की कृपा से ही प्राप्य है। केवल शास्त्रज्ञान से नहीं मिलता।

इस मन्त्र-सङ्केत के उपसंहार में शिव का कथन है–

'यह छः प्रकारों का श्रीविद्या के अक्षरों का पञ्चदश या सप्तत्रिंशत् अक्षरों का ज्ञान अत्यन्त गुह्य है। अपौरुषेय होने के कारण हितार्थबोधक होने से वेदरूप ही है। यह ज्ञान तुम्हारे सेवादिजन्य प्रेम के कारण ही मैंने प्रकट किया है।'

इस अर्थ के प्रकृष्ट बोध से साधक 'वीरचक्रेश्वर' होता है। वीर अर्थात् उपासक उनके चक्र-समूह का ईश्वर होता है। शिवसूत्र में इसका लक्षण है– **"त्रितयभोक्ता वीरेशः"**।

अष्टम विश्राम

इसके पूर्व सप्तम विश्राम में साढ़े पचासी श्लोकों से मन्त्रसङ्केत का उपदेश शिव ने दिया था। अब इस प्रकरण में क्रमप्राप्त पूजासङ्केत पर प्रकाश डाला जायेगा।·श्रीभैरव कहते हैं–

अब जो पूजा-सङ्केत मैं कहने जा रहा हूँ, उसके ज्ञानमात्र से साधक जीवन्मुक्त हो सकता है। तात्पर्य यह है कि यदि ज्ञानमात्र से यह फल है, तो चक्रपूजन के फल की महत्ता स्वयं ही समझनी चाहिये। पूर्वचतुःशती में जो नित्य पूजा कही गई है, उसके तीन भेद हैं–परा, अपरा और परापरा। उनके क्रम से ये लक्षण हैं– अद्वैतभावस्था परा है, अद्वैतज्ञान के अभाव में अपरा, द्वैतविलय और अद्वैत की प्रवेशात्मक स्थिति में परापरा पूजा होती है।

सर्वथा द्वैतशून्य अन्तःकरणवृत्ति में होने वाली और जिसमें सभी इन्द्रियजन्य ज्ञानों के विषय में सच्चिदानन्दांश का अनुगत भान होता हो; परन्तु अनुगत नाम-रूप का भान न हो, वही परा पूजा है। जैसा योगसूत्र का लक्षण है–

"ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा"।

इसी को प्राचीन आचार्यों ने सर्वत्र शुद्धचैतन्य की अभिव्यक्ति के रूप से माना है–

यत्र यत्र मनो याति बाह्ये वाऽऽभ्यन्तरे प्रिये।
तत्र तत्राक्षमार्गेण चैतन्यं व्यज्यते प्रभोः॥

इसके बाद शिव कहते हैं कि जो भूगृहादि-बिन्दु-चक्र पर्यन्त पूजा पहले कही है और जिसे मैं प्रतिदिन करता हूँ, वह द्वितीय अर्थात् अपरा है। शिव का वचन है–**"सदा निष्पाद्यते मया"**। इसका आशय यह है कि परापूजा के अधिकारी को भी यह नित्य करनी चाहिये।

परापरा के विषय में कहते हैं–

चिदेकस्वभावात्मक ब्रह्म में अपना अभेदात्मक प्रस्फुरण होना, या उभयाभेद का अभ्यास। इनमें परा ही उत्तम है, परापरा मध्यम है, अपरा अधम है।

इसके आगे इन पूजाओं की इतिकर्तव्यता के विषय में निरूपण है। **"महापद्म-वनान्तःस्थे वाग्भवे गुरुपादुकाम्"** इत्यादि श्लोकों से कहा है।

व्यापिका और समना के मध्यभाग में सहस्रदल कमल है, जो बहुत दलों वाला होने के कारण "महापद्मवन" कहा जाता है। उसके मध्य में कर्णिका के मध्यभाग में "ए"कारात्मक त्रिकोण है। उसमें गुरुपादुका मन्त्र से प्रतिपाद्य परशिव से अभिन्न स्वनाथरूपिणी अकुलामृत कुण्डलिनी है। वह अपने शिशिर किरणों के प्रसार से चराचर जगत् का आप्यायन कर रही है। ऐसा ध्यान कर उसे अपने से अभिन्न मानने की भावना करे। इस प्रकार की परमाद्वैतभावना से होने वाले मद से (आनन्द से) घूर्णित होवे (एकाकार होवे)। वस्तुतः यह भावना गुरुपूजा के बाद उनके प्रसाद को स्वीकार करना है। कहा भी है—

स्वप्रकाशवपुषा गुरुः शिवो यः प्रसीदति पदार्थमस्तके।
तत्प्रसादमिह तत्त्वशोधनं प्राप्य मोदमुपयाति भावुकः॥

इस प्रसाद-स्वीकार के बाद हृदयाकाश में व्याप्त होने वाले सर्वमन्त्रों के प्रकृतिभूत अनाहत नाद का श्रवण या अनुसन्धान में तत्पर होना चाहिये। इस अवस्था में नाना प्रकार के विकल्पों के संजल्प—वाचिक, मानसिक आदि उच्चारणात्मक जप से सर्वथा पराङ्मुख होवे और अभी तक सङ्कुचित रहने वाली चित्कला का उल्लास होने से परिच्छिन्न भाव से सर्वथा विमुख होवे। अतएव अन्तर्मुख होवे, अर्थात् इन्द्रियसञ्चार का नियमन कर अन्तःस्थित नाद में ही स्थिर होवे। वास्तविक जप यही है। बाह्य जप तो उसका स्थूलरूपमात्र है।

यही साधक अतिसुन्दर है, अर्थात् परापूजा से होने वाले सुन्दरीभावात्मक फल के अनुभव से सर्वश्रेष्ठ है।

वस्तुतः **"नादेवो देवमर्चयेत्"**, **"शिवो भूत्वा शिवं यजेत्"** इत्यादि वचनों से सिद्ध परापूजा, अपरा और परापरा दोनों पूजाओं में अङ्गभाव से संलग्न ही है। अतः परापूजा की समाप्ति के पूर्व ही अपरापूजा को भी जोड़ा गया है—**"इन्द्रिय-प्रीणनैर्द्रव्यैर्विहितस्वात्मपूजनः"** इत्यादि। आशय यह है कि इन्द्रियों के लिये प्रीतिजनक गन्धादि द्रव्यों से आत्मरूप देवता का पूजन करना चाहिये। इसके बाद ही षोढान्यास आदि न्यासों को करना चाहिये।

इस स्थल पर प्राचीन व्याख्यान अस्पष्ट है। आचार्य का कथन है कि **"सर्वप्रचरगोचरा"** से आरम्भ कर **"इन्द्रियप्रीणनैः"** इससे उपसंहार करने के कारण अपरा पूजा में अङ्गता का विधान किया है। उससे गन्धादि से पूजन भी परापूजा का ही शरीर है, आत्मपूजा नहीं है; क्योंकि वह तो न्यास-जाल करने के बाद और पात्रासादन के बाद की जाती है। अतः तात्पर्य यह हुआ—

शिरःस्थित गुरु का, दहरस्थ नादविद्या का, सभी रूप से परिणत देवी का और स्वात्मा का अभेद भान के समकाल में ही सभी इन्द्रियों से विषयों का भोग करते हुए तज्जन्य आनन्दधारा मात्र स्वरूप निर्विकल्पज्ञानैकसारता से इतर समस्त

विषयों का विलय होकर कुछ काल तक स्थिर रहना ही "परापूजा" है–यह शिव का अभिप्राय है। अतः इस प्रकार की परापूजा के साथ ही न्यास करना चाहिये–यह ग्रन्थ का आशय है।

इसके आगे गणेशादि क्रम से षोढान्यास का विधान बताया है। गणेशादि छः न्यासों के समूह का नाम ही षोढान्यास है। तत्प्रख्यन्याय से कर्म का नाम भी वही है। इस न्यास का माहात्म्य बताते हुए शिव ने कहा है कि इस न्यास को करने वाला सभी से पूज्य है, उसे षोढान्यासविहीन पुरुष को प्रणाम नहीं करना चाहिये। अन्यथा उस व्यक्ति का अनिष्ट हो सकता है। इस सम्बन्ध में आचार्य के जीवन की घटना प्रसिद्ध है कि उन्होंने एक संन्यासी के कमण्डलु को प्रणाम किया, तो उसके टुकड़े-टुकड़े हो गये थे।

इसी प्रकार तन्त्रान्तर में शक्तिन्यास के विषय में भी कहा गया है कि उस न्यास को करने वाला साधक न्यासरहित पुरुष को प्रणाम न करे।

इसके आगे गणेशन्यास के देवताओं के नाम परिगणित हैं। मातृका के क्रम से ५१ नामों की सूचना है, जिसमें गणेश और उनकी शक्तियाँ भी वर्णित हैं। पद्धतियों के भेद से न्यास में कुछ प्रकार-भेद हैं।

इस प्रसङ्ग में गणेश-तर्पण के विषय में भी कुछ विचार सूचित हैं। गणेश की चतुरावृत्ति तर्पण पद्धति नित्योत्सवादि ग्रन्थों में निर्दिष्ट है। षोढान्यास में दूसरा न्यास ग्रहों का है। इस न्यास का क्रम पहले से भिन्न है। इसका भी प्रयोग नित्योत्सव में द्रष्टव्य है। ग्रहों के ध्यान भी आगे निर्दिष्ट हैं।

इसके बाद नक्षत्रन्यास आता है–नक्षत्र २७ हैं, इनमें मातृकाओं के मूलतन्त्रानुसार न्यास के अक्षर कम-अधिक हैं–**युग्ममेकं त्रयो वेदा एकमेकं द्वयं ततः।** उदाहरणार्थ–अं आं अश्विन्यै नमः, इं भरण्यै नमः इत्यादि। इसके आगे नक्षत्रों का ध्यान **"ज्वलत्कालानलप्रख्या"** इत्यादि है। इसके आगे योगिनीन्यास आता है। ये योगिनियाँ शरीरस्थित विभिन्न धातुओं की अधिष्ठात्री देवियाँ हैं। क्रमशः विशुद्धि, हृदय, नाभि, स्वाधिष्ठान, मूलाधार, आज्ञा और ब्रह्मरन्ध्र में इनका स्थान है। इनके नाम भी यथाक्रम–डाकिनी, राकिणी, लाकिनी, काकिनी, साकिनी, हाकिनी और याकिनी है। प्रत्येक कमल के दलों में इनकी शक्तियाँ रहती हैं। इनके प्रत्येक नाम भी मातृका अक्षर के अनुसार "अमृता" से लेकर "क्षमावती" तक हैं। यह न्यास भी नित्योत्सव में स्पष्ट है। इसके प्रयोग का रूप इस प्रकार होगा–

"३ डां डीं डमलवरयूं डाकिन्यै नमो ह्रीं श्रीं अं आं मां रक्ष रक्ष त्वागत्मने नमः"। इसके साथ ही दलों में निविष्ट शक्तियों का न्यास होगा। यही क्रम आगे चलेगा। इसी प्रकार अवशिष्ट योगिनियों का न्यास भी यथासम्प्रदाय निर्दिष्ट है।

इस प्रसङ्ग में नवीन टीकाकारों ने "हाकिनी" आदि के न्यास में ब्रह्मरन्ध्र स्थान माना है। वह प्रमाण सङ्गत नहीं है। "द्विदल" शब्द से आज्ञाचक्र का ही ग्रहण होता है। आज्ञा के बाद ब्रह्मरन्ध्र का उल्लेख न होने पर भी **"विशुद्धिचक्रनिलया"** इत्यादि ललितासहस्रनामों का क्रम एवं तात्पर्य देखते हुए तदनुसार ही स्थानों की कल्पना करनी उचित है। तन्त्रान्तर के संवाद से और प्रकरण की अपेक्षा से हाकिनी आदि तथा याकिनी तक का क्रम ही सर्वमान्य है, अतः सुभगार्चारत्न की उक्ति मान्य नहीं है।

इसके आगे राशिन्यास का प्रकरण है। **'पादे लिङ्गे च कुक्षौ च'** इत्यादि उक्ति के द्वारा दक्षिण पाद से लेकर वाम पाद पर्यन्त राशिन्यास माना है। इसमें अक्षरविन्यास भी स्वतन्त्र है, जैसे कर्क और सिंह में दो-दो अक्षर हैं। वृषभ और मिथुन में तीन-तीन अक्षर हैं। मेष में चार हैं। शेष सात राशियों में पाँच-पाँच हैं।

इसके आगे पीठन्यास का क्रम है—

"पीठांस्तु विन्यसेद्देवि मातृकास्थानके प्रिये" इत्यादि।

कामरूप से आरम्भ कर छायाछत्र तक पीठ हैं। "मातृकास्थानके" पद से एकपञ्चाशत् संख्या सूचित है। ब्रह्माण्डपुराण में स्पष्ट ही लिखा है—

"ततः पञ्चाशदेकं च पीठानां विन्यसेत् क्रमात्।
लिपिक्रमसमायुक्तान् लिपिस्थानेषु विन्यसेत्"॥

इस न्यास-क्रम के विषय में अन्य टीकाकारों की भ्रान्ति का आचार्य ने खण्डन किया है। कुछ लोगों ने अक्षरों की आवश्यकता को भी छोड़ दिया है। यह सभी बातें आचार्य ने व्यवस्थित की हैं। न्यास में "पीठ" शब्द का योग भी नहीं है।

यहाँ तक लघुषोढान्यास का निरूपण कर आगे श्रीचक्रन्यास का आरम्भ है—

एवं षोढां पुरा कृत्वा श्रीचक्रन्यासमाचरेत्।

यहाँ पर षोढान्यास और चक्रन्यास शब्द तत्प्रख्य न्यास से कर्म का नाम है। यद्यपि चक्रन्यास सृष्टि, स्थिति, संहार आदि रूप से अनेक प्रकार का है; परन्तु चक्रन्यास एक ही कर्म होने से एकवचन का प्रयोग है और इसीलिये कल्पसूत्र में "षोढाचक्रे न्यस्यान्यस्य वा" कहा गया है। इसमें द्विवचन भी उपपन्न होता है।

इसके आगे त्रैलोक्यमोहनादि चक्र-क्रम से न्यासों का विस्तार प्रदर्शित किया है। इसी प्रकरण में द्वादशान्त पद की व्याख्या में निम्नाङ्कित श्लोक दिया है—

षोडशान्तमिति ख्यातं सहस्रारेन्दुमण्डलम्।
तदधःस्थानके सूर्यबिम्बं द्वादशशक्तिकम्॥
द्वादशान्तं स्मृतं बिन्दोरूर्ध्वं सार्धाङ्गुलात्मकम्।

इसके आगे सर्वाशापरिपूरक और सर्वसंक्षोभण चक्रों का न्यास उपवर्णित है। इसके आगे सर्वसौभाग्यदायक चक्र का न्यास है। इस न्यास के विषय में

निजानन्दनाथकृत 'क्रमोत्तम-पद्धति' से प्रस्तुत ग्रन्थ की एकवाक्यता का समर्थन किया है। अन्य टीकाकारों की भ्रान्ति का खण्डन भी किया है।

इसके आगे सर्वार्थसाधक चक्र-न्यास है। इसकी व्याख्या में अर्थक्रम से पाठक्रम को बाधित कर सम्प्रदायानुसार व्याख्या की गई है, अथवा आचार्य ने एक न्याय यहाँ उद्धृत किया है–**"प्रमाणबलाबलात् प्रमेयबलाबलस्य ज्यायस्त्वात्"**। मूलकारिकागत न्यास स्थानों के स्पष्टीकरण के लिये यहाँ प्रसङ्ग आया है।

इसके आगे सर्वरक्षाकर चक्र-न्यास है। **"दक्षनासा सृक्किणी च स्तनं वृषणमेव च"** इत्यादि न्यासों के स्थान कहे गये हैं। "बहिर्दशार", "अन्तर्दशार" इत्यादि प्रयोग व्यवहार की सुकरता के लिये हैं, अर्थात् "बहिः", "अन्तः" ये पद मन्त्रघटक नहीं हैं। अतः प्राचीनों का न्यास में "अन्तर्दशारचक्राय" यह लिखना असङ्गत है। मूलकारिका में स्तन-वृषण-मुष्क शब्द पुल्लिङ्ग होने पर भी गुणत्रय की साम्यविवक्षा में नपुंसक है। जैसे "बन्धुनि बहुव्रीहौ" इत्यादि। द्वितीय सृक्किणि में ह्रस्व का प्रयोग छान्दस है, अथवा छन्द के अनुरोध से व्याकरण का बाध हो सकता है। यह बात आचार्य ने वृत्तचन्द्रोदय (वृत्तरत्नाकर की टीका) में लिखी है।

इसके आगे सर्वरोगहर चक्र-न्यास है–**"तदन्तश्चाष्टकोणादिचक्राय नम इत्यपि"** इत्यादि। प्राचीन टीकाकार यहाँ भी भ्रान्त हैं, यहाँ पर "आदि" पद छन्द के अनुरोध से है, मन्त्रावयव नहीं है।

इसके आगे आयुध-न्यास का प्रकरण है। हृदयस्थ त्रिकोण के पश्चिमादि दक्षिणान्त क्रम से चारों आयुधों के न्यास हैं। क्रमोत्तमपद्धतिकार के मत में कुछ भेद है। यही सर्वसिद्धिप्रद चक्रन्यास है। इसमें त्रिकोण में कामेश्वर्यादि तीन देवताओं का तथा मध्य में महादेवी का न्यास है। इसी के साथ सर्वानन्दमय चक्रन्यास का भी विवरण है–**"मध्ये देवीं च विन्यसेत्"**।

यद्यपि देवता एक ही होने से यहाँ व्यापक न्यास नहीं कहा है; परन्तु साम्प्रदायिक लोग "बिन्दुचक्राय नमः" इस मन्त्र से व्यापक करते हैं। चक्रन्यास का उपसंहार करते हुए कहा है–

एवं मयोदितो देवि न्यासो गुह्यतमक्रमः।
एतद्गुह्यतरं कार्यं त्वया वै वीरवन्दिते ॥ इत्यादि।

यह न्यास भी समयाचारपरायण शिष्य को ही देना चाहिये।

इस प्रकार संहारक्रम से न्यास का उपदेश करने के बाद चक्रन्यास को पुनः सृष्टिक्रम से करने की सूचना दी गई है–**"मूलदेव्यादिकं न्यासमणिमान्तं पुनर्न्यसेत्"**। इत्यादि। यहाँ पर न्यास शब्द पुनरुक्त नहीं है। "न्यास" पद तत्प्रख्यन्याय से नामधेयपरक है। जैसे कौषीतकि ब्राह्मण में–**"प्रयाजान् यजति"** इत्यादि प्रयोग है। इसी तरह गीतावाक्य में **"ये भजन्ति तु मां भक्त्या"** में भक्ति-पद कर्म का नामधेय है,

यह बात **"नाम्नेति जैमिनिः सम्भवात्"** इस शाण्डिल्यसूत्र में कहा है। यहाँ पर "मूलदेवी" और "अणिमा" शब्द सर्वानन्दमय चक्र से त्रैलोक्यमोहन चक्र तक के न्यास के सूचक हैं।

इस न्यास के क्रम के विषय में अनेक प्रश्न उठाकर उनका समाधान किया है। निष्कर्ष यह है कि व्युत्क्रम से न्यास करने में पदार्थों का ही क्रम विपरीत है। पदार्थों के अवयवभूत देवता न्यास में व्युत्क्रम नहीं है और यह आचारों (पद्धति के क्रम) से सिद्ध है। इसके आगे बिन्दु और त्रिकोण के न्यास-क्रम में कहा है–

'त्रिकोणस्थे महाबिन्दौ' इत्यादि।

आचार्य का कथन है कि बाल्य अवस्था में मस्तक में एक त्रिकोण का आकार दिखाई देता है, उस त्रिकोण के मध्य में महाबिन्दु मानकर देवी का न्यास करना चाहिये और उस त्रिकोण के पूर्व, दक्षिण और उत्तर के कोणों में क्रमशः कामेश्वरी-वज्रेश्वरी-भगमालिनी देवी का न्यास करना चाहिये।

कामेश्वर और कामेश्वरी के आयुधों का न्यास दक्षिण-वाम अवयवों (नेत्रादि) में क्रमशः करना चाहिये। बाणों का नेत्रों में, भ्रुवों में चाप का, कर्णों में दोनों पाशों का न्यास उक्त है।

इसके आगे अष्ट वाग्देवताओं का न्यास मस्तक में धारण की जाने वाली माला के क्रम से (मुण्डमालाक्रमेण) अर्थात् प्रादक्षिण्य क्रम से करना चाहिये। इसके आगे बिन्दु से त्रैलोक्यमोहन (भूपुर) तक चक्रों में आरम्भ में व्यापक न्यास करने की सूचना दी गई है–

"बैन्दवादीनि चक्राणि न्यस्तव्यानि वरानने"।

यहाँ पर चक्र पद लक्षणा से बिन्द्वादि भूगृहरेखान्त स्थानों का सूचक है। सृष्टिक्रम से ही न्यास है। उससे सिद्ध होता है कि "बिन्दुचक्राय नमः" से आरम्भ कर "चतुरस्रप्रथमरेखायै नमः" इत्यादि एकादश मन्त्रों से न्यास करना है। यह व्यापक न्यास है। इसी प्रसङ्ग में आचार्य ने पद्मपुराण में पाण्डुरङ्ग-माहात्म्य का उल्लेख कर उनके क्षेत्र की (पण्ढरपुर की) श्रीचक्ररूपता तथा विट्ठल की एकादश आवरणों के मध्य में स्थिति का उल्लेख किया है।

इसके आगे "सर्वज्ञा" आदि देवियों का न्यास–**"नेत्रमूले त्वपाङ्गे च कर्णपूर्वोत्तरे तथा"** इत्यादि तत्तद् अवयवों में करना है। इस श्लोक में प्राचीन टीकाकारों की भ्रान्ति का खण्डन किया गया है।

इसके बाद "सर्वसिद्धिप्रदा" आदि देवियों का न्यास सूचित है–**"सर्वसिद्ध्यादिकं कण्ठे प्रादक्षिण्येन विन्यसेत्"** इत्यादि। चतुर्दशारस्थ देवताओं का न्यास हृदय में है–

"हृदये मनुकोणस्थाः शक्तयोऽपि च पूर्ववत्" । यहाँ पर द्वितीया के लिये प्रथमा विभक्ति का प्रयोग "सुपां सुपो भवति" इस न्याय से हुआ है।

इसके आगे नाभि स्थित अष्टदल पद्म में दिग्दल और विदिग्दलों में तृतीयावरणस्थ अनङ्गकुसुमा शक्तियों का न्यास उपवर्णित है।

इसके बाद स्वाधिष्ठान में षोडशदल कमल की कल्पना कर कामाकर्षिणी प्रभृति षोडश देवताओं का न्यास करना चाहिये। यहाँ से प्रादक्षिण्य क्रम समाप्त कर अप्रादक्षिण्य के लिये सूचना दी है–**"स्वाधिष्ठाने न्यसेत् स्वस्य पूर्वाद्दक्षावसानकम्"**। इस विषय में प्राचीनों की भ्रान्ति का निरास भी किया है।

इसके आगे त्रैलोक्यमोहन चक्र-न्यास के सन्दर्भ में क्रमशः मुद्राओं, ब्राह्मी आदि का तथा सिद्धियों का न्यास-क्रम निर्दिष्ट है। पूर्व, दक्षिण, पश्चिम, उत्तर दिशा में तथा आग्नेयी से ईशानी तक और मूलाधार कर्णिका ऊर्ध्व तथा अधर भाग में क्रमशः सर्वसंक्षोभिण्यादि दस मुद्राओं का न्यास विहित है। इसके बाद की रेखा में ब्राह्मी आदि आठ मातृकाओं का न्यास ऊर्ध्व-अधर दिशाओं को छोड़कर पूर्ववत् करना चाहिये।

इसके बाद तृतीय रेखा की अणिमासिद्धि आदि शक्तियों का न्यास निर्दिष्ट है– **"वामजङ्घां समारभ्य.....पादतले न्यसेत्"** । इसका क्रम यह है–पूर्व, उत्तर, पश्चिम, दक्षिण तथा ईशानादि आग्नेयान्त विदिशाओं में और अवशिष्ट दो शक्तियों का न्यास दो पादतलों में करना चाहिये। प्राचीन टीकाकार ने यहाँ भी भ्रान्ति की है। इस न्यास का उपसंहार करते हुए इसकी आधारभूत वासना के विषय में कहा है–

सर्वजगत् के कारणीभूत शिवशक्तिसामरस्यापन्न परब्रह्म से यह चक्र न्यासात्मक कर्म दीप से दीप की तरह आगे चला आया है, यह अभेदभावना करनी चाहिये। **"स्वात्माभेदेन चिन्तयेत्"** की व्याख्या में आचार्य का कथन है–"स्व" शब्द जीवपरक है, "आत्म" शब्द देहपरक है।

आशय यह है कि त्रिपुरसुन्दरी से अभिन्न आत्मरूप को जाने और उसके आवरण-देवतासमूह से अपने देह को जाने, यही न्यास का तात्पर्य है।

इसके बाद करशुद्ध्यादि न्यासों का उल्लेख है, जिन्हें पूर्व भाग में कहा जा चुका है, वे हैं–करशुद्धिन्यास, चतुरासनन्यास, रक्षाषडङ्गन्यास और वाग्देवतान्यास।

इसके आगे नवयोनि न्यास की सूचना है–

इस न्यास के विषय में प्राचीन टीकाकारों में कुछ मतभेद है। "बीजत्रय" पद बालाबीजपरक है सौभाग्यरत्नाकर के मत में। सुभगार्चारत्नकार के अनुसार पञ्चदशी का कूटपरक है। आचार्य ने दूसरे पक्ष की ही पुष्टि की है। ज्ञानार्णव के

मत में बालापरक ही है। न्यासों के स्थानों का निर्देश-'**श्रोत्रयोश्चिबुके चैव**' इत्यादि किया गया है।

आचार्य का कथन है कि न्यास बहिरङ्ग और अन्तरङ्ग भेद से दो प्रकार का है। बाह्य तो श्लोक में निर्दिष्ट ही है। अन्तरङ्ग न्यास मूलाधार से लेकर ब्रह्मरन्ध्रान्त नव स्थानों में चतुरस्रावृत स्वाभिमुख नव योनियों की कल्पना कर उनमें करना चाहिये। ऐसा कुछ विद्वानों का मत है; परन्तु इसका प्रमाण उपलब्ध नहीं है। ज्ञानार्णव में कुछ भिन्न प्रकार से कहा है-"**पुनर्बालां समुच्चार्य चतुरस्रं च चिन्तयेत्**" से लेकर "**आधारादिषु मन्त्रवित्**" तक।

आशय यह है कि बहिर्नवयोनिन्यास करने के बाद पुनः बाला का उच्चारण कर चतुरस्रादि गोलक (बिन्दु) पर्यन्त श्रीचक्र की भावना कर मूलाधारादि ब्रह्मरन्ध्र तक नव स्थानों में श्रीचक्र की देवताओं का न्यास करना चाहिये। इस विषय पर आगे पर्याप्त विचार किया है।

इसके आगे श्रीविद्या (वर्ण) न्यास कहा है-"**मूर्ध्नि गुह्ये च हृदये नेत्रत्रितय एव च**" इत्यादि। इस श्लोक से निर्दिष्ट पन्द्रह स्थानों में विद्या के अक्षरों का न्यास करना चाहिये। प्राचीनों ने एक-एक कूट का न्यास मानकर विद्या की पाँच आवृत्तियाँ मानी हैं; परन्तु यह बात कल्पसूत्रादि से विरुद्ध होने से अप्रमाण है; क्योंकि कल्पसूत्र में "**मूलविद्यापञ्चदशार्णाद् मूर्ध्नि मूले**" इत्यादि क्रम सूचित है।

श्रीविद्यान्यास के बाद पुनः करशुद्धि, चतुरासन, रक्षा, षडङ्ग न्यासों को करना चाहिये। उसके आगे श्रीकण्ठादि न्यास कर पुनः वाग्देवता न्यास करना चाहिये।

मूलाधार प्रभृति चार स्थानों में अग्निचक्रादि के चार मन्त्रों के साथ कामेश्वरी आदि चार देवताओं का न्यास भी करना चाहिए। प्राचीन टीकाकार इसकी आवृत्ति नहीं मानते; परन्तु 'पुनः' शब्द से आवृत्ति आवश्यक है। अग्निचक्रादि-न्यास वरिवस्याप्रकाश में आचार्य ने लिखा है।

इसके आगे तत्त्वत्रय के न्यास का क्रम उपवर्णित है। तत्त्वत्रय में क्रमशः विद्या के प्रत्येक कूट का योग होगा – और तुरीयतत्त्व में सम्पूर्ण विद्या का योग होगा। प्रथम तत्त्व पादादि नाभिपर्यन्त, द्वितीय तत्त्व नाभि से कण्ठ तक, तृतीय तत्त्व मस्तक में और तुरीय तत्त्व व्यापक के रूप में किया जायेगा। तत्त्वत्रय से तात्पर्य आत्म-विद्या-शिव तत्त्व से है। प्रथम कूट 'आत्मतत्त्वाय नमः' इत्यादि प्रयोग होगा। प्राचीनों की भ्रान्तियों का यहीं पर निराकरण भी किया है।

इसके साथ संलग्न परा न्यास का निरूपण किया है-चन्द्र और अग्नि के अमृत द्रव से स्वात्माभिन्न देवी का तर्पण करना चाहिये। ब्रह्मरन्ध्र स्थित चन्द्र-मण्डल में अमृतकुण्डलिनी लिङ्गरूप है। मूलाधार स्थित अग्निकुण्डलिनी योनिरूप

है। उन दोनों के अधः तथा ऊर्ध्व प्रसार के सामरस्य से निर्गलित होने वाले सौम्य तथा आग्नेय पदवाच्य अमृतधारा के प्रवाह से आनन्द का अनुभव करे।

इसके बाद न्यास-काण्ड का उपसंहार किया है—

"एवं चतुर्विधो न्यासः कर्तव्यो वीरवन्दिते"।

न्यासों में षोढान्यास छः अवयवों का है, अणिमादिक और मूलदेव्यादिक प्रत्येक एकादश अवयवों का है। करशुद्ध्यादि षोडश अवयवों का है। नवयोनि, विद्यान्यास, श्रीकण्ठादि, अग्निचक्रादि, तत्त्वन्यास, परान्यास ये छः हैं। सप्तम पटल में कथित दो चक्रेश्वरीन्यास हैं। इस प्रकार चौवालीस न्यासों से घटित चार गण-न्यास हैं। इन न्यास समूहों की कालभेद से कर्तव्यता बताई है—

प्रातःकालेऽथवा पूजाकाले वा होमकर्मणि।
जपकालेऽथवा तेषां विनियोगः पृथक् पृथक्॥
पूजाकाले समस्तं वा कुर्यात् साधकपुङ्गवः।

इसके क्रम को और भी अधिक स्पष्ट रीति से टीका में लिखा है—प्रातःकाल-सन्ध्यादि मातृकान्यासान्त कर्म के बाद, पूजाकाल पात्रासादन के पूर्व, जपकाल कुलदीप निवेदन के बाद अथवा पूजाकाल में ही समस्त न्यास करें।

इसके आगे षट्त्रिंशत्तत्त्वात्मक आसन की भावना कर उसके ऊपर ब्रह्मरूप होकर उपवेशन करे; क्योंकि कल्पसूत्र ने भी कहा है—**"पीठमनुनाऽऽसने समुपविष्टः"**। इसके बाद प्रकटादि नवयोगिनियों को अन्नोदकादि रूप बलि प्रदान करना चाहिये।

इसके आगे अन्तरङ्ग विघ्न-निरास के लिये सङ्केतात्मक शब्दों से न्यास बताया है। 'गुह्यहृन्मुखमूर्धसु' अर्थात् गुह्य शब्द से लिङ्ग, मुख शब्द से ललाट है, शेष हृदय और मस्तक इनमें क्रमशः वाग्भवादि कूटों और समस्त विद्या के न्यास से पिण्ड, रूप, पद की ग्रन्थियों का भेदन होने से अन्तरङ्ग विघ्नों का निरास होता है। पिण्ड शब्द से कुण्डलिनी अर्थात् मूलाधार, पद शब्द से तत्समीपवर्ती मणिपूरक और रूप शब्द से आज्ञाचक्र, यह बात स्वच्छन्दसङ्ग्रह से स्पष्ट है। इन पूर्वनिर्दिष्ट तीन स्थानों में ब्रह्म-विष्णु-रुद्र ग्रन्थियाँ हैं। इसके आगे बाह्य विघ्नों के निरास का प्रकार बताया है, जो प्रायः सभी पद्धतियों में प्रसिद्ध है।

"अपसर्पन्तु ते भूता" इत्यादि मन्त्र से भौम और अन्तरिक्षगत विघ्नों का निरास होता है। अस्त्र मन्त्र से तथा क्रूर दृष्टि से दिव्य विघ्नों का निरास है। इसके साथ ही अपने चारों ओर दसों दिशाओं में वह्नि-प्रकार का चिन्तन भी करना चाहिये।

इसके बाद सामान्यार्घ्योदक से मार्तण्ड भैरव का पूजन करना चाहिये। मार्तण्ड भैरव की प्रकाश शक्ति है। उसके तथा समस्त ग्रह परिवार के साथ ही उनका

पूजन विहित है। पद्धतिकारों के अनुसार पात्र निम्नाङ्कित हैं—कलश, सामान्यार्घ्य, विशेषार्घ्य, आत्मपात्र, गुरुपात्र, शक्तिपात्र, बटुकपात्र, भोगपात्र इत्यादि।

इसके बाद चक्र-लेखन के विषय में निर्देश है—गोरोचना, अगुरु, कुङ्कुम द्रव्यों में सौम्याग्नेय द्रव्य तथा कारण मिलाकर चक्र लिखना चाहिये। सौम्याग्नेय से तात्पर्य कुण्डगोलोद्भव से है। लेखनी हैमतार (सोने का तार) हो, यह ज्ञानार्णव में निर्दिष्ट है। इसके अन्य तन्त्रों में भी समान प्रकार के विधान हैं। इस पर मतान्तरों पर भी कुछ विचार किया गया है।

चक्रलेखन के बाद समष्टि मन्त्र से पुष्पाञ्जलि देनी चाहिये, अथवा मणिमुक्ता-प्रवालादि से मूलविद्या के प्रतिलोम पाठ से ढक देना चाहिये। चक्र को शून्य रखना अनुचित है। यह भी क्रिया-विघ्ननिरास का ही अन्तिम अवयव है। इससे कल्पसूत्र के क्रम की एकवाक्यता सिद्ध होती है—"**चक्रं विलिख्यालङ्कृत्य न्यासजालं विदधीत**" इति। कल्पसूत्र में जो आसनों के अवयवों का व्युत्क्रम है, वह अन्य तन्त्रों के अनुसार है।

इसके आगे अर्घ्यस्थापन की विधि प्राप्त होती है—

"**श्रीचक्रस्याऽऽत्मनश्चैव मध्ये त्वर्घ्यं प्रतिष्ठयेत्**"।

आचार्य का कथन है—साधक के अपने आसन स्थान तथा श्रीचक्र के बिन्दुपीठ के ठीक मध्य स्थान में अर्घ्य स्थापन करना है। उसमें मध्य स्थान के तीन विभाग करने होंगे। पूर्व और अपर भाग में एक-एक भाग को छोड़कर मध्य भाग में पात्रासादन करना होगा। प्रत्येक भाग का प्रमाण द्वादशाङ्गुल है।

इसके आगे अर्घ्यस्थापन का प्रकार निर्दिष्ट है—इसके पूर्व क्रम यह है—आसनोपवेशन से वह्नि प्रकार विभावना तक करना, बाद में चक्रलेखन, पुष्पाञ्जलि-प्रदान, पूर्वनिर्दिष्ट परापूजा करने के बाद पात्रासादन किया जावे। कल्पसूत्र के अनुसार भी यही क्रम आता है। मूल ग्रन्थ के श्लोकों का भी इसी प्रकार में तात्पर्य हैं, कहीं-कहीं पाठक्रम से अन्य क्रम की वरीयता होती है। प्रपञ्चसार-सङ्ग्रहादि ग्रन्थों में भी शब्दभेद से ये ही बातें लिखी हैं।

इसके आगे सामान्यार्घ्य स्थापन के प्रकार को विस्तार से समझाया है। "**चतुरस्रान्तरालस्थकोणषट्के सुरेश्वरि**" इत्यादि। किसी विधिविशेष में कुछ बातें शब्दों से न सूचित रहने पर भी ग्रहण की जाती हैं। "वैश्वानरादिहविस्त्रयक्रमविधायके" वाक्य में मीमांसाशास्त्र में विचार है। उसी प्रकार यहाँ पर भी यन्त्र-लेखनादि पूर्व विधियों का सङ्ग्रह होता है। सामान्यार्घ्य की स्थापना में आधारादि में क्रमशः अग्नि, सूर्य, सोम कलाओं का पूजन होता है। जल में (द्रव्य में) नवाक्षर कूट-मन्त्र से अमृतेशी का पूजन आदि विधि है। कला आदि के साथ मातृकायोजनादि

का विभिन्न तन्त्रों में प्रकार-भेद है । अतः समुचित विकल्प का ग्रहण करना चाहिये ।

सामान्यार्घ्य में आधार, पात्र आदि का क्रम तो निर्दिष्ट ही है । आगे अतिदेश के द्वारा अग्रिम कार्य विशेषार्घ्य के लिये बताया है–

"तथैवार्घ्यविशेषेण साधयेत्साधकोत्तमः" अर्थात् सामान्यार्घ्य में जलमात्र का प्रयोग है, उसी प्रकरण में **"विधृते तु पुनर्द्रव्ये"** इत्यादि पङ्क्ति विशेषार्घ्य में स्थापनीय द्रव्य को सूचित करती है । "तु" शब्द क्रम का व्यावर्तक है । इसमें आनन्दभैरव तथा आनन्दभैरवी का पूजन है । इस तन्त्र के अनुसार दो ही पात्र प्रधानतया स्थापनीय हैं । कलश भी आवश्यक नहीं है और दक्षिणामूर्तिसंहिता-ज्ञानार्णव-कल्पसूत्रादि में कलश उक्त नहीं है । केवल सामयिक पूजा में कलशस्थापन है, ऐसा वृद्धों का मत है । वस्तुतः कल्पसूत्र में "वारिधानी" या वर्धिनी पात्र जलपात्र के रूप में स्थापित किया जाता है, उसमें सामान्यार्घ्य के बिन्दुनिक्षेप का विधान है ।

विशेषार्घ्य स्थापन करने के बाद अव्यवहितोत्तर ही गुरुपूजा तथा आत्मयाग विहित है । ये ही बातें निम्नाङ्कित पङ्क्तियों से सूचित होती हैं–

गुरुपादालिमापूज्य भैरवाय ददेत्पुनः ।
तदाज्ञाप्रेरितं तत्तु गुरुपङ्क्तौ निवेदयेत् ॥

विशेषार्घ्य बिन्दु को पात्रान्तर से लेकर मस्तक में गुरुपादुका एवं हृदय में कामेश्वर-कामेश्वरी का तर्पण करे । पुनः आज्ञा लेकर दिव्य-सिद्ध-मानवौघ गुरुओं की पूजा मस्तक पर करे ।

प्राचीन टीकाकारों ने तो असङ्गत अर्थ लगाया है । विशेषार्घ्य को उठाकर मस्तक पर लगाने के बाद गुरुपूजा वे कहते हैं । स्थापित अर्घ्य को पूजा-समाप्ति तक उठाना निषिद्ध है । उनकी व्याख्या भ्रान्त है । इसके आगे आत्मयाग का प्रकार बताया है–**'तदीयं शेषमादाय शिवाग्नौ विश्वतस्त्विषि'** इत्यादि से **'स्वप्रथा-प्रसराकारं श्रीचक्रं पूजयेत् सुधीः'** यहाँ तक । इसका आशय यह है–गुरुसम्बन्धि हविः-शेष लेकर गुरुपादुका और मूलविद्या का जप करते हुए सर्वतो व्याप्त तेजोमय स्वात्माभिन्न शिवाग्नि में हवन करना चाहिये । अपने को वह्नि रूप से तथा विश्व को उसके किरण रूप से समझे, इस भावना से हवन करे । **"जपन् होमं समाचरेत्"**, **"हुत्वा हुत्वा स्वयं चैव"** इत्यादि शतृप्रत्ययादि से मन्त्रहोम की समानकालिकता ज्ञात होती है । इससे क्रियमाण का अनुवाद है, करणमन्त्रत्व नहीं है । मन्त्र-समाप्ति तक पुनः-पुनः ग्रहण से हविःशेष को निःशेष करे । यह आशय "हुत्वा हुत्वा" इस वीप्सा से सूचित किया है ।

यहाँ पर वस्तुतः तीन श्लोकों से तीन विधि हैं। आगे दो श्लोक **"महाप्रकाशे विश्वस्य"** और **"अहन्तेदन्तयोरैक्यं"** पृथक् है। इसी प्रकार की आहुति के सम्बन्ध में अन्य तन्त्रों का श्लोक प्रसिद्ध है—

अन्तर्निरन्तरमनिन्धनमेधमाने
मोहान्धकारपरिपन्थिनि संविदग्नौ।
कस्मिंश्चिदद्भुतमरीचिविकासभूमौ
विश्वं जुहोमि वसुधादिशिवावसानम्॥

अहन्ता स्वात्मनिष्ठ है, इदन्ता विश्वनिष्ठ है। उन दोनों की एकाधिकरण-वृत्तिता ही मथन क्रिया है। अहन्ता और इदन्ता का सामानाधिकरण्य अनाहार्य (अकल्पित) जैसे ज्ञात हो वैसी ही मथन की भावना करनी है, इस प्रकार आत्मनिर्विकल्पक विज्ञानरूप महाहवि को उन्मनीरूप स्रुचि में स्थापित कर शिवाग्नि में हवन करना चाहिये। इसके साथ ही उस प्रकार के ज्ञान को भी अन्ततः अपने में लीन करना चाहिये। इस प्रकार की भावना का निष्कृष्ट स्वरूप सूतगीता में सुन्दर शब्दों में समझाया है—

शास्त्राचार्योपदेशेन तर्कैः शास्त्रानुसारिभिः।
सर्वसाक्षितयाऽऽत्मानं सम्यङ्निश्चित्य सुस्थिरः॥
स्वात्मनोऽन्यतया भातं समस्तमविशेषतः।
स्वात्ममात्रतया बुद्ध्वा पुनः स्वात्मानमद्वयम्॥
शुद्धं ब्रह्मेति निश्चित्य स्वयं स्वानुभवेन च।
निश्चयं च स्वचिन्मात्रे विलाप्याविक्रियेऽद्वये॥
विलापनं च चिद्रूपं बुद्ध्वा केवलरूपतः।
स्वयं तिष्ठेदयं साक्षात् ब्रह्मवित्प्रवरो मुनिः॥
ईदृशीयं परा निष्ठा श्रौती स्वानुभवात्मिका।

इसमें मूल ग्रन्थ पर प्राचीनों की व्याख्या की आचार्य ने समीक्षा की है तथा उसकी त्रुटियों को भी दिखाया है।

इस प्रकार भावनापूर्वक तीन आहुतियों के देने के बाद सहज अर्थात् अकृत्रिम आनन्दरूप ही होकर सुधी साधक समाहित चित्त होकर अपनी ही स्फुरत्ता की लहरियों के रूप में श्रीचक्र का भावनात्मक पूजन करे। **"स्वप्रथाप्रसराकार"** इत्यादि विशेषण से "परापर" पूजा की सूचना मिलती है। अतः पूर्वतन्त्र में कथित अपरा पूजा की अपेक्षया मध्यम पूजा (परापर पूजा) ही सर्वदा करनी चाहिये, यह ज्ञात होता है; क्योंकि अद्वैतभान सहित पूजा ही उत्तम होती है।

इसके आगे पूजा-क्रम की व्याख्या करते हुये पूजनीय देवताओं का निर्देश किया गया है। गणेश, दूतरी से स्वस्तिका तक बाह्य द्वार की देवतायें हैं। त्रिकोण

स्थित मध्यगत बिन्दु के पश्चाद्भाग में तीन पङ्क्ति के रूप में दिव्य-सिद्ध-मानवौघात्मक गुरुमण्डल हैं, जिनकी संख्या क्रमशः सात, चार और आठ है। उनका पूजन करने के बाद बिन्दु-चक्र में महादेवी का पूजन करना चाहिये।

महादेवी महापद्मवन अर्थात् सहस्रार कमल में अवस्थित है। वह कारणानन्द-स्वरूपिणी है, अर्थात् सभी विषयानन्दों के समुदाय का मूलभूत ब्रह्मानन्द ही उनका स्वरूप है। श्रुति कहती है–

"एतस्यैवाऽऽनन्दस्यान्यानि भूतानि मात्रामुपजीवन्ति"।

अथवा कारण द्रव्य में उत्पन्न ही कारण है। "तत्र जातः" इस नियम से अण् प्रत्यय है। वही आनन्द जिसका विग्रह-शरीर है। श्रुति है–

"महत्यै वा एतद्देवतायै रूपम्, यन्मधु"।

परमशिव के पर्यङ्क (वामभाग) में अवस्थित तुमको (महादेवी को) तुमसे अभिन्न उपचारों से पूजन करना चाहिये। भगवान् की उक्ति भी समर्थन करती है–

"ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर्ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्" इत्यादि।

पञ्चभूतात्मक उपचारों से पूजा के विषय में कहा भी है–

"अर्पयेत् सह गन्धेन पृथिवीं कुसुमेन खम्" इत्यादि।

सम्प्रदायार्थ के प्रकरण में देवी को पञ्चभूतमयी कहा है और उनका देवी से अभेद है–

"पञ्चभूतमयं विश्वं तन्मयी त्वं सदाऽनघे"।

अतः उपचारों से देवी का अभेद ही है। अन्य उपचारों में "नैवद्य" का महत्त्व अधिक है। **"नैवेद्यादिभिरर्चयेत्"** इस पङ्क्ति का दो प्रकार से अर्थ किया गया है– नैवेद्य से प्रारम्भ करे या नैवेद्य और आदि से अन्य उपचार भी। श्रीक्रम में पद्धतिकारों ने नैवेद्य को प्रधानता दी है।

कल्पसूत्र के अनुसार आवाहन के अव्यवहित नैवेद्य पात्र देकर आगे पूजन प्रारम्भ होता है और चतुःषष्टि उपचारों के बाद भी गन्धादि-नैवेद्यान्त पूजा की जाती है। उसके बाद ही आवरणार्चन आरम्भ होता है।

इसके आगे श्रीदेवी की स्फुरत्ता (तेज) की प्रतिबिम्ब स्वरूप तिथिमयी नित्याओं का पूजन करना चाहिये। ये नित्यायें पञ्चदश तिथिरूप हैं। उस तिथि की नित्या का पहले पूजन कर बाद में सभी नित्याओं का यथाक्रम पूजन करे।

सभी आवरण-देवताओं को श्रीदेवी के समान आकार वाली समझ कर पूजन करे, अथवा भिन्न ध्यानों के अनुसार पूजन करे। संहिता में कहा गया है–

"अथवा रश्मयः सर्वा देवीरूपेण चिन्तयेत्"।

इसी तिथि-नित्याओं के पूजन-क्रम को विस्तार से कहा है–

"एतस्मिन् समये देवि तिथिनित्यां प्रपूजयेत्" इत्यादि और **"प्रतिपत्तिथिमारभ्य पौर्णमास्यन्तमद्रिजे"** इत्यादि से प्रारम्भ कर **"यजेत् सौभाग्यहेतवे"** तक। इस नित्या-पूजन के नित्य और काम्य दोनों प्रकार से पूजन की चर्चा की गई है। विभिन्न टीकाकारों ने भेद से व्याख्या की है। सम्प्रदाय-भेद से पूजा-भेद सम्भव है, यह आचार्य का कथन है; परन्तु कल्पसूत्र क्रम की ही वरीयता प्रामाणिक है।

इसके आगे त्रैलोक्यमोहन आदि नव चक्रों में प्रति चक्र योगिनी, चक्र, चक्रेश्वरी, सिद्धि और मुद्रा हैं। उनका वासनाक्रम आगे कहा गया है–

त्रैलोक्यमोहनचक्र की योगिनियों को "प्रकट" कहा है। मातृका का स्थूल रूप वैखरी अकचटतपयशवर्ग रूप बाह्य होने से प्रकट है। ये ही अणिमादि सिद्धियाँ हैं और त्वक्, असृक्, मांस, मेद, अस्थि, मज्जा, शुक्र और ओजस् आठ धातु हैं, इनकी अभिमानिनी देवतायें ब्राह्मी आदि अष्टमातृकाएँ हैं। यद्यपि ये दो वर्ग स्थूल होने से "प्रकट" शब्द-वाच्य हो सकते हैं; परन्तु प्राप्तिसिद्धि और सर्वकामसिद्धि का और दशमुद्राओं का "प्रकटत्व" कैसे सिद्ध होगा ? इसका उत्तर देते हुए कहा है– **"योगिन्यः प्रकटा ज्ञेयाः स्थूलविश्वप्रथात्मनि"**। स्थूल विश्व का अर्थ धरणी सदन है। धरणी सदन में अवस्थान के कारण सभी देवतायें "प्रकटा" कही गई हैं।

इसके आगे अणिमादि सिद्धियों और ब्राह्मी आदि मातृकाओं का ध्यान निरूपित है। **"तास्तु रक्ततरा वर्णैर्वराभयकरास्तथा"** इत्यादि और **"ब्रह्माणी पीतवर्णा च"** इत्यादि। ये सभी "प्रकटा" नामक योगिनियाँ प्रथम चक्र में पूजनीय हैं। इस चक्र की चक्रेश्वरी "त्रिपुरा" है। इसका मन्त्र "करशुद्धिकरी विद्या" कहा जाता है। सम्पूर्ण कर्मेन्द्रियों का शोधन करने के कारण ही करशुद्धिकरी कही गई है। प्रतिचक्र में एक सिद्धि और एक मुद्रा पूजनीय है। इस चक्र में अणिमा सिद्धि तथा सर्वसंक्षोभिणी मुद्रा है।

इसके बाद द्वितीय आवरण की वासना निम्नाङ्कित है–इस आवरण में षोडश शक्तियाँ षोडश प्राणों के स्पन्दन का ही प्रतिनिधित्व करती हैं। प्राणापानादि पाँच प्राण और एकादश इन्द्रिय इनका स्वरूप हैं। इन सोलह प्रकारों के प्राणों का सन्दोह एकीकरण ही चमत्कार है, स्वात्मैकतानतारूप चमत्कार है।

"प्राणमनूत्क्रामन्तं सर्वे प्राणा अनुत्क्रामन्ति" इस मन्त्र में प्रथम प्राण शब्द प्राणादिपञ्चकपरक है और द्वितीय प्राण शब्द एकादश इन्द्रियपरक है। ऐसी ही व्याख्या भगवान् भाष्यकार ने भी की है। चमत्कार का अर्थ अन्यत्र भी कहा है– **"स्थैर्यमेव चमत्कारो विना विषयसङ्गतिम्"**। अनुस्वारसहित षोडश स्वरों के साथ इनका पूजन है। त्वक् आदि धातुओं की अपेक्षा से ये अधिक अन्तरङ्ग हैं। अतः

"गुप्तयोगिनी" कही जाती हैं। ये शक्तियाँ सृष्टि की बीजरूप हैं और वामाशक्ति-प्रधान हैं। अतः स्वाग्रभागादि अप्रादक्षिण्य से पूजनीय हैं।

"पाशाङ्कुशधरा एता रक्ता रक्ताम्बरावृता" इत्यादि इनका ध्यान है। **"आत्मेन्द्रिय-मनोयुक्तं भोक्तेत्याहुर्मनीषिणः"** इस श्रुति के अनुसार संघातात्मक भोक्ता आत्मा के ही ये षोडश प्राण हैं। उसकी शुद्धि से अभिन्न लघिमा सिद्धि तथा त्रिपुरेशी इस चक्र में पूजनीय है तथा मुद्रा सर्वविद्राविणीमुद्रा है।

इसके अनन्तर तृतीयावरण की वासना का निरूपण है। तृतीय सर्वसंक्षोभण चक्र में "अनङ्गकुसुमा" आदि आठ योगिनियाँ हैं। ये प्रकृत्यष्टक स्वरूप हैं। सांख्यशास्त्र के अनुसार पचीस तत्त्व हैं–प्रकृति, महत् अहंकार, पञ्चतन्मात्रा, पञ्चभूत, दस इन्द्रिय, मन और पुरुष। इनमें प्राथमिक तत्त्वाष्टक प्रकृतिरूप है। उसको ही प्रकृत्यष्टक शब्द से मूलकार ने लिया है। ये देवियाँ अत्यन्त अन्तरङ्ग होने से "गुप्ततरा" कही गई हैं। इस चक्र में सिद्धि 'महिमा' तथा चक्रेश्वरी 'त्रिपुरसुन्दरी' एवं मुद्रा 'सर्वाकर्षिणी' है।

चक्रेश्वरी की वासना यह है–तत्तद् घटपटादि आकार बुद्धिरूप जो भोग्य है, उसका भोक्ता राजा के सदृश आत्मा है, उसकी पिण्डादि स्थानों में विश्रान्ति सहजानन्दमयी स्थिति के सौन्दर्य गुण को देने वाली या तत्स्वरूपा ही त्रिपुरसुन्दरी चक्रेश्वरी है। कहा भी है–

पिण्डे मुक्ता पदे मुक्ता रूपे मुक्ताः षडानन।
रूपातीते तु ये मुक्तास्ते मुक्ता नात्र संशयः॥

पिण्ड आदि शब्दों से मूलाधार, अनाहत, आज्ञा और सहस्रदल का अर्थ समझना चाहिये। इसी को शुद्धबुद्धि या "ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा" कहा है। यही त्रिपुरसुन्दरी चक्रेश्वरी रूप में है। इस चक्र में पूजनीय है।

इसके आगे चतुर्थ आवरण की वासना का विवरण है–इस चक्र का नाम सर्वसौभाग्यदायक है। इसमें चतुर्दशार है। इस चतुर्दशार की चतुर्दश योगिनियों की स्थिति भूतलिपिवर्णाभिमानी शक्तियों से सम्बद्ध है। इसका प्रकार **"द्वादश-ग्रन्थिभेदेन समुल्लसितसंविदः"** इत्यादि श्लोकों से निरूपित है। व्याकरणशास्त्र में पर "ण"कार से "अण्" प्रत्याहार होता है। वही मन्त्रशास्त्र में भूतलिपिमन्त्र कहा जाता है, जिसका उद्धार अन्यत्र किया गया है–**"पञ्चह्रस्वाः सन्धिवर्णा व्योमवाय्वग्निकं धराः"** इत्यादि। ये वर्ण वैखरी रूप से भासमान होते हैं; परन्तु इन्हें सम्प्रदाय में मध्यमा रूप ही कहा गया है। ये वर्ण मूलाधार स्थित कुलकुण्डलिनी के षट्चक्र- भेदन से अकुल लिङ्ग के संयोग से प्रवाहित अमृतरूप दशा में उत्पन्न हैं। उनमें अकुल लिङ्ग से "अ"कार है, इच्छाशक्ति से "इ"कार। उसके उन्मेष से "उ"कार है। इच्छा और उन्मेष की मिश्रण दशा से कुण्डलिनी से "ऋ"कार तथा "लृ"कार की उत्पत्ति

है। अकुल से उस कुण्डलिनी के संघट्टन से "ए"कार तथा "ओ"कार निष्पन्न हुए। उन दोनों के अकुल से पुनः संघट्टन से "ऐ"कार और "औ"कार हुए। इस प्रकार अन्य वर्णों की भी उत्पत्ति परापञ्चाशिका, सौभाग्यसुधोदय आदि ग्रन्थों में द्रष्टव्य है। क्रमशः इसकी व्याख्या **"द्वादशग्रन्थिभेदेन"** आदि श्लोक के द्वारा आचार्य ने स्पष्ट की है। प्राचीन टीकाकारों की त्रुटियों की भी समीक्षा की है। भेदरहित निरन्तर ज्ञानप्रवाह ही सौभाग्य है। उसको देने के कारण चक्र का नाम भी सर्वसौभाग्यदायक है। ये योगिनियाँ देह तथा इन्द्रियों का शोधन भी करती हैं। ये सर्वसंक्षोभिणी इत्यादि चौदह हैं। इनका पूर्वोक्त अणिमादि के समान ही ध्यान है— **'वराभयकराश्चिन्तामणिधराः'**। इस चक्र में ईशित्वसिद्धि और सर्ववशङ्करीमुद्रा तथा त्रिपुरवासिनी चक्रेश्वरी है। "त्रिपुरवासिनी" शब्द की व्याख्या करते हुए कहा है कि प्रमातृ-प्रमाण-प्रमेय रूप त्रिपुटीस्वरूप ही त्रिपुर है, उसके भेद रूप ज्ञान की वासिनी नाशयित्री है। काष्ठच्छेदन के शस्त्र को वासी कहा जाता है, उसी तरह भेद के छेदन से "वासिनी" शब्द का तात्पर्य है।

इसके आगे पञ्चम आवरण की वासना का स्वरूप है। यह बहिर्दशार चक्र है। इसका नाम सर्वार्थदायक चक्र है। "सर्वार्थसाधक" यह नाम कल्पसूत्र में है। इसमें रहने वाली योगिनियों का नाम कुल, कौल या कुलोत्तीर्ण है। इसमें वशित्वसिद्धि है तथा त्रिपुराश्री चक्रेश्वरी है। सर्वोन्मादिनी मुद्रा है।

इस चक्र की वासना के विषय में कहा गया है कि नीचे से लेकर सुषुम्ना नाड़ी के ऊर्ध्व भाग तक प्रसार में दस पर्व (ग्रन्थियाँ) हैं, उनके बीच नव अवकाश (स्थान) हैं। ये ही नवरन्ध्र कहे जाते हैं। इस प्रकार दस स्थानों तक व्याप्त नाद शरीरपात तक रहता है, इसे नाद के अनुसन्धान से योगिजन अनुभव करते हैं। यही मध्यमा वाणी है। इस एक ही नाद की दस स्थानों की स्थिति से तत्तत् स्थानावच्छिन्न होने से दस संज्ञायें शास्त्र में दी गई हैं—अविकृत, शून्य, स्पर्श, नाद, ध्वनि, बिन्दु, शक्ति, बीज, अक्षर और आरब्ध। ये ही अस्थिर और स्थिर वेध रूप हैं, अर्थात् पञ्चमहाभूत कार्य-कारणरूप से दो प्रकार के हैं। स्थूलभूत व्योमादि कारण स्थिर हैं, सूक्ष्मभूत शब्दादि कार्य हैं। ये अस्थिर हैं मिथ्या होने के कारण। श्रुति भी कहती है—**"वाचारम्भणं विकारो नामधेयं मृत्तिकेत्येव सत्यम्"**। इन पाँच-पाँच कारण-कार्य भूतों के प्रकाशरूपी दस अक्षरों, कवर्ग तथा चवर्ग से अधिष्ठित सर्वसिद्धिप्रदा आदि दस योगिनियाँ हैं। इनका ध्यान है—**"श्वेता वराभयकराः श्वेताभरणभूषिताः"** इत्यादि।

इस चक्रेश्वरी त्रिपुराश्री के नाम की व्युत्पत्ति करते हुए कहा है—यह त्रिभुवन की समृद्धि का कारण है। यहाँ पर भी "लोकत्रय" शब्द त्रिपुटीपरक है। वशित्वसिद्धि का अर्थ भी मन्त्रशुद्धि करने वाली है। मनन और भोग ही शुद्धि है सर्वोन्मादिनी मुद्रा का भी वही तात्पर्य है।

इसके बाद षष्ठ आवरण की वासना है–इस चक्र का नाम सर्वरक्षाकर है। योगिनियों का नाम निगर्भयोगिनी है। त्रिपुरामालिनी चक्रेश्वरी है। इसमें प्राकाम्यसिद्धि भी है। इसकी मुद्रा सर्वमहाङ्कुशा है। इसकी वासना के विषय में कहा गया है–ऊर्ध्व और अधोभाग में कुण्डलिनी की यातायात दशा में सर्वज्ञादि देवियाँ उत्पन्न हैं। यद्यपि निगर्भ शब्द से "नितरां गर्भे स्थिताः" यही अर्थ है, परन्तु "कुलेच्छया" अर्थात् त्रिपुटी-निर्माण की इच्छा से ये प्रकट भी हुई हैं। इसीलिये वैखरी वर्ण रूपों में भी इनकी अभिव्यक्ति मानी गई है। ये दस वर्ण कवर्ग, चवर्ग अथवा मकारादि वर्णपरक हैं। कादि और काली ये दो मतप्रवर्तक देवियों की संज्ञायें हैं। **"कादिः कालीति शक्तीस्तः"** यह तन्त्रराज की उक्ति है। काली शब्द "म"कारपरक भी है।

इस बीच में एक शङ्का आती है–मन्वस्र (चतुर्दशार) में चक्रसङ्केत में टकारादि वर्णों को माना है और पूजासङ्केत में तो "अण्" प्रत्याहार स्थित चतुर्दश वर्णों को माना है। यह परस्पर विरोध होता है। ऐसी स्थिति में आचार्य का कहना है कि विरोध का परिहार नहीं हो सकता, अतः विकल्प मानना उचित होगा।

"स्वरूपावेशरूपके", **"सर्वरक्षाकरचक्रे"** की व्याख्या करते हुए आचार्य ने लिखा है– **"स्वं निजं रूपं ब्रह्म तस्य आवेशः अनावृतत्वेन भानम्"**। ब्रह्मरूप के आवेश से युक्त यह अर्थ होगा। इसीलिये "सर्वरक्षाकर" यह नाम भी है। सर्वात्मना विषयक आवरणभङ्ग ही रक्षा पदार्थ है। हस्तों में पुस्तक और अक्षमाला यह ध्यान है। त्रिपुरामालिनी पद में यद्यपि मल 'मल्ल धारणे' से धारण अर्थ है; परन्तु उसका आशय पोषण करना है। इस चक्र में वर्तमान प्राकाम्यसिद्धि के लिये कहा है– **"विद्याशक्तिविशुद्धिं च सिद्धिं प्राकाम्यसंज्ञिताम्"**। मूलविद्या पञ्चदशी की शक्ति की शुद्धि अर्थात् यथावत् फलदान सामर्थ्य। हर तरह की अवस्था में परिणत हो सकना ही प्राकाम्य है, जो कालिदास की उक्ति से भी स्पष्ट होता है–

द्रवः सङ्घातकठिनः स्थूलः सूक्ष्मो लघुर्गुरुः।
व्यक्तोऽव्यक्ततरश्चापि प्राकाम्यं ते विभूतिषु॥

इसके आगे सप्तम आवरण की वासना का विषय है–इस चक्र का नाम सर्वरोगहर है, इसमें वशिनी आदि अष्ट वाग्देवियाँ हैं, इन्हें रहस्ययोगिनी कहा गया है। इसमें भुक्तिसिद्धि का स्थान है, त्रिपुरासिद्धि (या सिद्धा) चक्रेश्वरी है, सर्वखेचरी मुद्रा है। वशिन्यादि देवता रक्त वर्ण हैं, वराभय-पुस्तक-जपमाला धारण करती हैं। इनके विषय में कहा है कि प्राण और अपान का निरोध होने पर परस्पर के संघट्ट से कार्योन्मुख होने वाली दो ग्रन्थियों से युक्त मूलाधार चक्र से ये उत्पन्न हैं। हृदयान्तर में संवित्ति-ज्ञान है, जो शून्यपुर्यष्टकस्वरूप है। पुर्यष्टक

कर्मेन्द्रियादि तो स्थूल हैं, यहाँ पर सूक्ष्मपुर्यष्टक तात्पर्य है, उस स्वरूप से भी ये उपलक्षित हैं। इनमें प्रयोज्य मातृकाएँ हैं—सबिन्दुक अकारादि षोडश स्वर, क च ट त प य शाख्य वर्ग। प्रत्येक के साथ यथाक्रम मातृका का उच्चारण होगा। ये सूक्ष्म होने से रहस्य पद से वाच्य हैं। संसाररूपी रोग का हरण करने से "सर्वरोगहर" चक्र का नाम भी है। भुक्तिसिद्धि भी शुद्धविद्या की विशुद्धि है, अर्थात् अहन्ता और इदन्ता की ऐक्यबुद्धि शुद्धविद्या है, उसकी भी विशुद्धि का अर्थ है चिन्मात्र में विलापन। इस प्रकार सप्तमावरण की स्थिति है।

इसके बाद अष्टमावरण की वासना की व्याख्या है—इसमें त्रिकोण में क्रमशः कामेश्वरी, वज्रेश्वरी, भगमालिनी नामक तीन और चतुर्थ महादेवी शक्तियाँ हैं। इनको अतिरहस्ययोगिनी कहा गया है। चक्र का नाम सर्वसिद्धिप्रद है। त्रिकोण देवता के साथ कामेश्वर और कामेश्वरी के चारों आयुधों (पाश, अङ्कुश, धनुष, बाण) का भी विशिष्ट बीजों के साथ पूजन इस चक्र में विहित है। इच्छासिद्धि यहाँ पर व्यवस्थित है। त्रिपुराम्बा इसकी चक्रेश्वरी है। सर्वबीजामुद्रा इसमें प्रदर्शनीय है। अब इनकी वासनाएँ निम्नाङ्कित हैं—

इसमें तीनों शक्तियाँ चैतन्यमय किरणों के प्रसार-स्वरूप होने से परमोत्कृष्ट तथा अतिरहस्यरूप हैं। इनकी प्रभा प्रलयाग्नि के तुल्य हैं। अत्यन्त पूर्णतायुक्त जीवन्मुक्ति की सिद्धि ये देने वाली हैं। इसीलिये चक्र का नाम भी सर्वसिद्धिप्रद है। आयुध-देवताओं का पूजन भी इसी के साथ है। इस सूचना के लिये **"आयुधा अपि"** कहा है। आयुध-देवताएँ भी रक्त वर्ण हैं, अपने-अपने आयुधों को मस्तक पर धारण कर रही हैं। वर और अभय इनकी मुद्रा है। ये आयुध समस्त पुरुषों और स्त्रियों को वश में करते हैं।

"पूर्ण-पूर्ण" दो बार कहने से अत्यन्त पूर्णता सूचित होती है, जिसका तात्पर्य जीवन्मुक्ति है, उसकी सिद्धि को देने वाली ये देवताएँ हैं। ये देवताएँ भी परस्पर अभिन्न हैं, जो कल्पसूत्र के निम्नाङ्कित वाक्य से स्पष्ट होता है—**"कामेश्वर्यादिचतुर्थी नित्यानां षोडशी योगिनीचक्रदेवीनां नवमी बिन्दुचक्रस्था चेत्यैकैव न तत्र मन्त्रदेवताभेदः कार्यस्तन्महादेव्या एव चतुर्षु स्थानेषु विशेषार्चनमावर्तते"**।

इनके आयुध-मन्त्रों का उद्धार **"त्वगसृङ्मांसमेदोऽस्थि"** इत्यादि श्लोक से किया है, अर्थात् 'यां रां लां वां सां' ये बीज हैं। ये कामेश्वर के आयुध-बीज हैं। शक्ति के बीजों का उद्धार चतुर्थ पटल में किया जा चुका है, जो इस प्रकार है—द्रां द्रीं क्लीं ब्लूं सः। 'तु' शब्द से बीजमुद्रा का भी ग्रहण होगा।

इसके बाद नवम आवरण की वासनाएँ इस प्रकार हैं—यह चक्र "सर्वानन्द" नामक परब्रह्मरूप ही है। योगिनी (देवी) परापररहस्या नामक महात्रिपुरसुन्दरी ही है। यह स्वयं संवित्तिरूप है; परन्तु वृत्त्यात्मक ज्ञानस्वरूप नहीं है; किन्तु सर्ववृत्तियों

में अनुगत वृत्ति और वृत्ति के प्रागभाव और ध्वंस दोनों की साक्षिणी है और वृत्तियों के सन्धि में भी अनुभूयमान है। अतः कहा है—**"अहन्तेदन्तयोः समा"**। वेदकविषयिणी वृत्ति अहन्ता है और वेद्यविषयिणी वृत्ति इदन्ता है। अन्यत्र परशिव ने ही कहा है—

यज्ज्ञानमहमो ज्ञानं यज्ज्ञानमिदमस्तथा।
तयोरपि च यज्ज्ञानं तज्ज्ञानं विद्धि मे वपुः॥

"स्वैराचारेण सम्पूज्या" का अर्थ है कर्मकाण्ड के बन्धन से निर्मुक्त, अर्थात् परशिवनिष्ठ महास्वातन्त्र्य के अनुभव से। महाकामकलात्मकता पूर्व पटलों में उपवर्णित ही है। पीठविद्या आदिसिद्धि प्राप्तिसिद्धि पूजनीय हैं। महामुद्रा शब्द से "सर्वयोनि" मुद्रा ग्राह्य है। पञ्चदश अक्षररूपा या पञ्चदश नित्या रूपा है। नित्या सादा नामक कलारूपा है। नवमी या पदच्छेद से अनवमी है। नवमी का अर्थ नवम चक्रेश्वरी है, अनवमी सर्वश्रेष्ठा है। भैरवी सर्वविश्व की नियामिका होने से भयङ्करी **"भीषाऽस्माद्वातः पवते"** इत्यादि श्रुति कहती है। "परा" अर्थात् पश्यन्त्यादि तीनों से अतीत है। प्रतिचक्र-स्थिति-मुद्राओं की वासना पहले पटलों में कही जा चुकी है। नित्यक्लिन्नादि नित्याओं का काम्यकर्म के अनुसार भूपुरस्थ चतुरस्र के बीच में या मूलत्रिकोण में पूजन करना चाहिये। इस स्थल पर टीकाकारों की विशेष समीक्षा की गई है।

इसके बाद पूजा का उत्तरार्ध कृत्य निर्दिष्ट है—**"न्धैपितैर्लिङ्गनाशिअ धूपैराराध्य देवताः"** इत्यादि। इसका प्रथम चरण व्याकुलाक्षर है, जो इस तरह पढ़ा जायेगा—**'अलिना पिशितैर्गन्धैः'** अर्थात् शुद्धि से हेतु लेकर तर्पण करे। "गन्धैः" इस बहुवचन से अन्य भी उपचार सूचित किये गये हैं। गन्धादि उपचार आवरणार्चन के पूर्व और उसके बाद भी तन्त्रों में सूचित हैं। जैसे ज्ञानार्णव में "उपचारैः षोडशभिः सम्पूज्य परदेवताम्"।

आवरणार्चन के बाद भी—**"उपचारैः समभ्यर्च्य गन्धपुष्पाक्षतादिभिः"** वचन है। आवरण के बाद गन्धादिक या धूपादिक उक्त हैं। यहाँ पर "आदि" पद से चतुःषष्टि के बहिर्भूत ताम्बूल आदि की सूचना है। चक्रपूजा की सीमा सूचित करने के लिये **"चक्रपूजां विधायेत्थं कुलदीपं निवदयेत्"** कहा है। प्रज्ज्वलित कुलद्रव्य से ही कुलदीप दिया जाता है। कुलदीप की वासना है—अन्तर्बहिर्भासमानतेजोविशेष का चिन्तन। कहा भी है—

अन्तस्तेजो बहिस्तेज एकीकृत्यामितप्रभम्।
त्रिधा दीपं परिभ्राम्य कुलदीपं निवेदयेत्॥

इसके बाद पुष्पाञ्जलि-दान तथा जप का विधान है। अर्चन में अङ्गभूत होने पर भी जप एक स्वतन्त्र क्रिया है, जो अन्य काल में भी की जा सकती है। यहाँ

पर **"बहिरन्तःस्थमुभयमवेष्टिसव(याग)वत्"** यह शाण्डिल्यसूत्र बताया गया है। इससे जप का प्रयोग दो प्रकार का सिद्ध होता है।

जप के प्रसङ्ग से मानस जप की महत्ता प्रदर्शित है। जप निगद (वाचिक), उपांशु (ओष्ठस्फुरणमात्र), और मानस होते हैं। इसके प्रकार को विस्तार से समझाया है– **"कूटत्रये महादेवि कुण्डलीत्रितयेऽपि च"** इत्यादि श्लोकों से। प्रथम सहस्रार, विषु, मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपूरक, अनाहत, विशुद्धि, लम्बिकाग्र, भ्रूमध्य, इन नौ स्थानों में त्रैलोक्य- मोहनादि सर्वानन्दमयान्त नव चक्र हैं, यह बात चक्रसङ्केत में सकल भावना के प्रसङ्ग में आ चुकी है। उनमें तीन-तीन चक्रों में एक-एक कूट होगा। इस तरह से नव चक्रों का कूटत्रय से अभेद होगा। अतः उन स्थानों में ही उन कूटों की भावना करनी चाहिये।

अतः अकुलचक्र के मूल से लेकर मूलाधार के अग्रभाग तक ऊपर-ऊपर "क"कारादि पाँच अक्षरों का भूपुर, षोडशदल, अष्टदल है, इनमें यथाभाग अभिन्न रूप से अग्नि समान वर्ण वाला प्रथम कूट विभावनीय है। इसके आगे जो वह्निकुण्डलिनी है, उसके वाग्भव कूट की हृल्लेखा के अन्त में स्थित कामकला से अभेद-भावना करनी चाहिये। वह्निकुण्डलिनी और कामकला एक स्थान में ही हैं। इस प्रथम कूट के साथ बिन्दु-अर्धचन्द्र आदि सूक्ष्म नौ अक्षर (बिन्द्वर्ध-चन्द्ररोधिन्यादि) केवल नाद रूप होने से आगे के द्वितीय कामराजकूट के छः अक्षरों में स्थित नाद से अभिन्न हैं, यह भावना करनी चाहिये। कामराज के अक्षर तो स्वाधिष्ठान के मूल से प्रारम्भ कर अनाहत के अग्रभाग तक ऊपर-ऊपर चतुर्दशार, बहिर्दशार, अन्तर्दशारों से यथाभाग अभिन्न मानते हुए सूर्य के समान वर्ण वाले प्रथमकूटस्थ वह्निवर्ण वाले नाद से मिश्रित हैं, ऐसी भावना करनी चाहिये। और हृदयाग्र भाग में जो सूर्यकुण्डलिनी है, उसका कामराजकूटस्थ हृल्लेखा की कामकला से अभेद मानना चाहिये। उन दोनों का भी स्थान एक ही है। उसके भी बिन्दु आदि अक्षर-समुदाय का आगे वाले कूट के नाद से अभेद सम्बन्ध मानना चाहिये। उसके बाद शक्तिकूट के चार अक्षर चन्द्रकला के समान वर्ण वाले पीछे के दोनों कूटों के सूर्य, वह्नि, वर्ण नादों से मिश्रित हैं, जो विशुद्धि-चक्र से लेकर भ्रूमध्य के अग्रभाग तक उत्तरोत्तर (ऊपर) अष्टकोण, त्रिकोण और बिन्दु-चक्रों से यथाभाग अभिन्न हैं, यह भावना करनी चाहिए। आज्ञाचक्र के आगे जो सोमकुण्डलिनी अब स्थित है, उसका शक्तिकूटस्थ हृल्लेखा स्थित कामकला से एक स्थान होने के कारण अभेद का अनुसन्धान करना चाहिये; परन्तु इसके बिन्दु-अर्धचन्द्रादि नौ अक्षरों की पृथक् रूप से ललाट-मध्य प्रदेश के ऊपर-ऊपर नव स्थानों में सकल-निष्कल भावनोक्त प्रकार से समाहित चित्त से भावना करनी चाहिये।

इसमें तात्पर्य यह है कि प्रथम और द्वितीय कूट क्रमशः सृष्टि स्थिति रूप हैं। उसमें उत्तरोत्तर संहार रूप बिन्द्वादि नवाक्षर गुप्त हैं। तृतीय कूट तो संहार रूप है। अतः उसमें बिन्दु आदि की विभावना स्पष्ट रूप से की जाती है। इसी विषय का विवरण **"कूटत्रये महादेवि"** इत्यादि श्लोकों में दिया गया है। इस प्रसङ्ग में प्राचीन व्याख्या की असङ्गतियों का भी आचार्य ने दिग्दर्शन किया है।

जपकाल की भावना के सम्बन्ध में कुछ विशेष निर्देश करने के लिये कहा है– **"शून्यषट्कं सुरेशानि"** इत्यादि। शून्यषट्क, अवस्थापञ्चक, विषुवत्सप्तक ये तीन पृथक् विषय हैं।

मयूरपिच्छस्थित चन्द्रक के आकार के पाँच शून्य हैं और एक निराकार शून्य है। जाग्रत्, स्वप्न, सुषुप्ति, तुर्य और तुर्यातीत नामक पाँच अवस्थायें हैं। प्राण, मन्त्र, नाडी, प्रशान्त, शक्ति, काल और तत्त्व ये सात विषुव हैं। मन्त्राक्षरों के साथ इनकी भावना कर्तव्य है। इनको ही स्पष्टरूप से कहा गया है–**"अग्न्यादिद्वादशान्तेषु"**। तृतीय हृल्लेखा स्थित "ह" कार से लेकर उन्मनी तक अक्षर हैं और महाबिन्दु एक है। इस प्रकार तेरह स्थानों के बीच में हकार, ईकार, अर्धचन्द्र, शक्ति, महाबिन्दु और उसके ऊर्ध्व भाग में इस प्रकार छः स्थानों में छः शून्यों की भावना करनी चाहिये। तात्पर्य यह है कि रेफ, बिन्दु, अर्धचन्द्र, शक्ति, महाबिन्दु तदूर्ध्व स्थान में छः शून्यों को जानना चाहिये। इस बात को विज्ञानभैरव में भी उद्धृत किया है–

"शिखिपिच्छचित्ररूपैर्मण्डलैः शून्यपञ्चकम्।
ध्यायतोऽनुत्तरे शून्यं परं व्योमतनुर्भवेत्"॥

इसके आगे अवस्थापञ्चकपरक व्याख्या है–ज्ञानेन्द्रिय तथा कर्मेन्द्रिय इन दोनों से (दश इन्द्रियों से) रेफ स्थान में प्रबोधात्मक जागरावस्था का भान करना चाहिये, जो कि सभी के लिये संवेद्य है। अन्तःकरणचतुष्टय से मनोमात्रजन्य प्रबोध करने से स्वप्नदशा होती है, वह माया रूप है। इसका स्थान गल-प्रदेश है।

अन्तःकरण की वृत्तियों का सम्पूर्ण लय सुषुप्तिकाल में होता है–**"सुषुप्तिकाले सकले विलीने"** इत्यादि श्रुति भी है। इसमें वृत्तियों का भी स्वविषय से लय होता है। वृत्तियों का लय होने से सूक्ष्म रूप से विद्यमान भी अन्तःकरण लीनप्राय ही होता है। उस विशेषण के लीन होने पर तद्विशिष्ट आत्मा भी लीनप्राय होगा क्योंकि गलितान्तःकरण आत्मा का वेदन या आविद्यकवृत्तिविषयता ही सुषुप्ति है। सुषुप्ति में सुख, अज्ञान और अहं इन तीन विषयों की अविद्यावृत्तियाँ रहती हैं, यह बात वार्तिककार कहते हैं। उनमें परस्पर अवच्छेद्य-अवच्छेदक भावना मानकर "अहमज्ञः", "अहं सुखी" इस प्रकार के ज्ञान की सुषुप्ति काल में आपत्ति नहीं है, यह पूर्वोक्त ग्रन्थ का तात्पर्य है। वह सुषुप्त्यवस्था बिन्दु में स्वनिष्ठ-वाच्यतानिरूपित वाचकता सम्बन्ध से स्थित होने पर भी भ्रूमध्य में ही चिन्तनीय

है। **"भ्रूमध्ये बिन्दुसंस्थिता"** इस मूल की व्याख्या 'भ्रूमध्ये बिन्दौ च संस्थिता' ऐसी करनी चाहिये। वह बिन्दु भी तृतीयकूटस्थ ही ग्राह्य है। पूर्व-चतुःशती में कादिविद्या का तृतीयकूट मात्र प्रातिलोम्य से उद्धृत है। इस प्रकरण में प्राचीनों की व्याख्या की आचार्य ने आलोचना की है। प्राचीनों ने 'विष' शब्द को 'विष्लृ व्याप्तौ' इस धातु से निष्पन्न माना है ; परन्तु आचार्य का कथन है कि 'षिञ् बन्धने' इस धातु से पचाद्यचि में व्युपसृष्ट मानकर 'परिनिविभ्यः सेवसितसय' इत्यादि से षत्व के द्वारा उसकी निष्पत्ति माननी चाहिये।

तुर्यावस्था का अर्थ है—चैतन्याभिव्यक्ति के हेतुभूत नाद की अनुसन्धानात्मक दशा। उसकी विभावना बिन्दु, अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद में करनी चाहिये। वृत्त-अर्ध आदि में जिसके हैं, ऐसे चतुष्क का तुर्य के साथ सम्बन्ध वाच्य-वाचक भाव से तथा आधाराधेय भाव से है। नादान्तादिक आगे होने से यहीं पर चतुष्क की स्थिति मानी गयी है। तुर्यातीत दशा का स्वरूप है—नादानुसन्धान के विना ही केवल सुखरूपतया भान होना।

इस प्रकार इसी तृतीय कूट में ही पाँचों अवस्थाओं की भावना कर्तव्य है। इसके आगे विषुसप्तक का विवेचन है—**"योगः प्राणात्ममनसाम्"** इत्यादि। "विषु" शब्द तकारान्त और अकारान्त भी है। मत्वर्थीय अधिकार में **"अन्येभ्योऽपि दृश्यते"** इस सूत्र से विषु शब्द से "व" प्रत्यय और "मतुप्" प्रत्यय का विकल्प से विधान है। **"समरात्रिन्दिवे काले विषुवद्विषुवं च तत्"** यह अग्निपुराण का वचन है। सम दो वस्तुओं के साथ तृतीय की व्याप्ति ही विषु शब्द का प्रवृत्तिनिमित्त है। इसीलिये गवामयन (याग विशेष) में पूर्व और उत्तर पक्षों से संदष्ट (बीच में स्थित) एक सौ अस्सी दिनों के बीच के दिन का नाम विषुवत् कहा है अथवा साम्य को न मानकर भी व्याप्तिमत्ता मात्र के अर्थ में विषुव पद होता है। प्रस्तुत प्रकरण में भी उसी प्रकार धर्मवत्ता मानकर परस्पर सम परिमाण के सम्बन्ध को प्राण-विषुव कहा है। तीनों (प्राण, आत्मा, मन) का स्थान हृदय प्रसिद्ध होने से मूल में नहीं कहा गया।

यहाँ पर प्राचीन टीकाकारों की कुछ आलोचना भी की गई है। तात्पर्य यह है कि मूलाधार स्थित ब्रह्मरूप 'रव' नाभिपर्यन्त आकर पवन और मन से संयुक्त होता है। वही हृदय में आकर बुद्धि से युक्त होता है। वही तीन स्थानों में परा, पश्यन्ती, मध्यमा, इन नामों को धारण करता है। यह प्राण-विषुव पद से वाच्य है, अर्थात् स्थानत्रय में मिली हुई एक ही भावना है। अतः मूल में आया "आत्म" शब्द बुद्धिपरक है।

वस्तुतः मूलाधार में "ब्रह्म" शब्द से प्रसिद्ध "रव" का वायु-कुण्डलिनी से संयोग होता है। वही "रव" नाभिपर्यन्त आकर पवन और मन से संयुक्त होता है। वही

"रव" हृदय तक आकर पवन और बुद्धि से संयुक्त होता है। इसीलिये इन तीन स्थानों में क्रम से परा, पश्यन्ती और मध्यमा इन नामों को धारण करता है। यह बात सौभाग्यभास्कर टीका में कही गई है। इसी को प्राण-विषुव कहा जाता है; क्योंकि तीनों स्थानों में मिलकर एक ही भावना होती है। इसीलिये मूलग्रन्थ में आया "आत्म" शब्द बुद्धिपरक है।

मूलाधार से उत्थित नाद षट्चक्रों के दोनों तरफ विद्यमान दो-दो ग्रन्थियों का भेद करते हुए सुषुम्ना नाडी के मध्य मार्ग से ब्रह्मरन्ध्र तक जाता है। वह नाद वाग्भवकूट वाला द्वितीय तथा तृतीय कूट के अक्षरों में प्रवेश कर उससे अभिन्न हो जाता है। दो अक्षरों की सन्धियों में तो नाद उनसे भिन्न भी होता है, जैसे अन्तःकरण की वृत्तिपरम्परा में अनुप्रविष्ट चित् तत्तत् रूप से भासित होती है। दो वृत्तियों की सन्धि में उन वृत्तियों से भिन्न ही भासित होती है, यही ब्रह्मविदों का अनुभव है।

जैसे मणियों की माला में अन्तःप्रविष्ट सूत्र मणि के गर्भ में भिन्न नहीं दिखाई देता। दो मणियों की सन्धि में तो पृथक् भासित होता है। इतनी ही विशेष बात है कि सूत्र मणियों से सर्वथा भिन्न होने के कारण मणियों के गर्भ में भी भेद से ही रहता है; परन्तु नाद तो अक्षरों के गर्भ में अभेद से ही रहता है; क्योंकि अक्षर भी तो नाद के ही परिणामस्वरूप हैं। इस बात को मूलग्रन्थ में **"संयोगेन वियोगेन मन्त्रार्णानाम्"** इत्यादि कहा है। यहाँ पर "मन्त्र" पद से द्वितीय और तृतीय कूट से तात्पर्य है, प्रथम कूट से नहीं। उस प्रकार के नाद को वाग्भव के अन्त्य स्थान से लेकर हृदयस्थ कामराजकूट के अन्त्याक्षर तक उद्‌गत मानकर उसमें जीवात्मा का विलय मानकर उसे जीवात्मा को कवलित करने वाले नाद को ऊपर ले जाकर ब्रह्मरन्ध्रान्त तक व्याप्त है, ऐसी भावना करे। यही मन्त्रविषुव है।

इस प्रकार के नाद का द्वादशग्रन्थि, भेदनपूर्वक जो सुषुम्ना नाड़ी में प्रवेश-होता है, वही "नाडीविषुव" कहा जाता है। यहाँ की व्याख्या के प्रसङ्ग में आचार्य ने प्राचीन टीकाकारों की पर्याप्त आलोचना की है। नाडीसम्बद्ध नाद जिसके कारण "शक्ति" में लीन होता है, उसे "प्रशान्तविषुव" कहा जाता है। शक्ति में लीन होने वाले अक्षरों की परिगणना करते हुए कहा है कि "ई"कार और बिन्दु के मध्य में निम्ननिर्दिष्ट वर्ण विभावनीय हैं–रेफ, ईकार, मकार, नाद, अर्धचन्द्र, रोधिनी, नाद और नादान्त। यह प्रशान्तविषुव की व्याख्या है।

लीन होने वाले दीप का सूक्ष्म होकर पुनः स्थूल होने के व्यापार के समान शक्ति में लीन नाद का पुनरुज्जीवन होकर व्यापिका का अतिक्रमण कर समना में लीन होना "शक्तिविषुव" है। उसके बाद पुनः उज्जीवन होकर उन्मनी में लीन होना "कालविषुव" है।

यदि यही नाद अविच्छिन्न रूप से साढ़े तीन निमेषों के बाद तीन सौ सत्रह त्रुटि परिमित काल तक उच्चरित हो, तो अन्त में चैतन्य की अभिव्यक्ति होती है। यह "तत्त्वविषुव" है। दस हजार आठ सौ सत्रह त्रुटियाँ होती हैं। तीन हजार त्रुटियों का एक निमेष होता है। इनकी व्याख्या अन्य ग्रन्थों से देते हुए आचार्य ने लिखा है—स्वस्थ पुरुष के जिस समय नेत्र का स्पन्दन होता है, उसका तीसवाँ भाग "तत्पर" है और तत्पर का शतांश "त्रुटि" है।

इस प्रकार नवचक्र, षट्शून्य, पञ्च-अवस्था, सात विषुवत् इन सत्ताईस के कोलाहल से भी अतीत सहजानन्दसुन्दर परंधाम है।

इन सबका चिन्तन यद्यपि क्रत्वर्थ (यागाङ्ग) है; परन्तु स्वतन्त्ररूप से पुरुषार्थ अर्थात् फलप्रद है। इसी आशय को स्पष्ट करने के लिये फल-निर्देश किया है—

एवं चिन्त्यमानस्य जपकाले तु पार्वति!।
सिद्धयः सकलास्तूर्णं सिद्ध्यन्ति त्वत्प्रसादतः।

इस प्रकार जप-विधि का उपसंहार करने के बाद कतिपय गुण-विधियों का निर्देश किया है—**"एवं कृत्वा जपं देव्या"** इत्यादि। **"गुह्यातिगुह्यगोप्त्रीत्वम्"** इत्यादि मन्त्रार्थ का अनुसन्धानपूर्वक जलनिक्षेप करना यह अधिकरण-विधि है। 'वामहस्ते निवेदयेत्,'— तर्पण के उद्देश्य से अनामाङ्गुष्ठ-संयोग से तत्त्वमुद्रा की विधि है। निवेदन के उद्देश्य से व्याकुलाक्षर (गूढाक्षर) श्लोकांश से प्रथमादिद्रव्यत्रय विधि है जो शेष वस्तुओं का भी उपलक्षक है। पादुकाचार-समयाचार दोनों प्रकार के वीरों के साहित्य (सहभाव) की विधि है और कौलाचार से परिभ्रष्टों के सहभाव की परिसंख्या (निषेध) है। इस प्रकार नित्य पूजा का विषय यहाँ समाप्त होता है। इसके आगे नैमित्तिकार्चन के विषय में चर्चा है—**"नित्यं पुष्यदिने वारे सौरे च परमेश्वरि"** इत्यादि।

यद्यपि कुलार्णवादि ग्रन्थों में अनेक नैमित्तिक अर्चन-विधि बताये जाते हैं; परन्तु मुख्यरूप से ही कतिपय दिनों का वर्णन यहाँ किया गया है जो कि अत्यन्त आवश्यक हैं। गुरोर्दिने—गुरु के जन्मदिन तथा निर्वाण दिन में, अपने जन्म-नक्षत्र में, चतुर्दश्यष्टमीषु च' यहां पर बहुवचनों से दोनों पक्ष की तिथियाँ ली जायेंगी। **"चक्रपूजां विशेषेण"** का तात्पर्य यह है कि नित्यपूजा से अधिक योगिनी-वीरादि के साथ तथा भक्ष्य-भोज्यादि के विशेष ग्रहण के साथ पूजन करना चाहिये। नित्यपूजा में विशेष द्रव्य न मिलने पर भी प्रतिनिधि से काम चल सकता है; परन्तु नैमित्तिक में तो प्रत्यक्षद्रव्यादि सामग्री सर्वथा आवश्यक है। कल्पसूत्र का वचन भी है—**"मपञ्चकालाभेऽपि नित्यक्रमप्रत्यवमृष्टिः"**। श्रीचक्र के प्रत्येक आवरण में पृथक्-पृथक् चतुःषष्टिकोटि योगिनियों की स्थिति है। सब मिलाकर पाँच अरब छह कोटि साठ लाख योगिनियाँ होती हैं।

"अष्टाष्टकं तु कर्तव्यम्"–अष्टाष्टक नाम मिथुन भोजनात्मक कर्मविशेष है। असिताङ्गभैरवादि और मङ्गलनाथादि आठ हैं। इन दोनों में से एक अष्टक से एक-एक मिथुन से आठ-आठ कन्यायें उत्पन्न हुईं। उन दोनों वर्ग के परस्पर विवाह से एक एक मिथुन हुए। इस तरह चतुःषष्टि संख्या होती है। इनके नाम तन्त्रों में, सहस्राक्षरीमन्त्र में तथा उनके न्यासों में उक्त हैं। वे सभी मिथुन शिवशक्तिरूप हैं और महाचतुःषष्टिकोटि योगिनीगण के समष्टिरूप से भी हैं। अतः इनको भोजन यथाशक्ति कराना चाहिये। इस भोजन के विषय में इति-कर्तव्यता कुलार्णव के नैमित्तिक प्रकरण में निर्दिष्ट है।

"तु" शब्द से वहीं पर निर्दिष्ट श्रीकण्ठादि एकपञ्चाशत् मिथुन भोजन, इच्छादि त्रिशक्ति भोजन अथवा ब्रह्माण्डपुराणादि में उक्त सहस्रभोजन या त्रिशत भोजनादि की इतनी आवश्यकता नहीं है, यह सूचित किया है। शक्ति के अनुसार करना चाहिये। अतः **"वित्तशाठ्यविवर्जितम्"** कहा है।

शास्त्र का उपसंहार करते हुए कुछ नियमों पर विशेष ध्यान दिया है– **"अज्ञात्वा तु कुलाचारम्"** इत्यादि।

कल्पसूत्र में **"व्यवहारदेशसात्म्येत्यादि"** कुलाचार उपवर्णित है। गुरु-प्रसाद के विना कोई भी कार्य नहीं करना चाहिये।

प्रथम-द्वितीयादि पूजा-द्रव्यों का विधिपूर्वक पूजा में विनियोग करना आवश्यक है। आवाहित आवरण-देवताओं का तेजोमात्र रूप से श्रीदेवी में विलय करना चाहिये। उसके बाद मूलदेवता को भी तेजोरूप से परिणत मानकर ब्रह्मरन्ध्रस्थित गुरु से अभिन्न मानकर अवस्थित कर देना चाहिये।

उसके बाद विशेषार्घ्य-पात्रस्थित अवशिष्ट द्रव्य को प्रत्यक्ष अथवा ब्रह्मरन्ध्र-स्थित गुरु को निवेदन कर उसका उच्छिष्ट भाग प्रसाद रूप से ग्रहण कर आत्माग्नि में हवन करना चाहिये।

यद्यपि इसके बाद योगिनी, बटुक, क्षेत्रपालों को बलि देने की सूचना है; परन्तु पाठ्यक्रम से अर्थक्रम को बलवान् मानकर हविःशेष प्रतिपत्ति के पूर्व ही बलिदान करना चाहिये। कल्पसूत्र में तो एक ही **"सर्वभूतबलि"** है।

इसके आगे व्याकुलाक्षर श्लोक से साधक की गुह्यचर्या का सङ्केत किया है। पूजा से अतिरिक्त समय में भी जगत् का तथा अपना अभेद मानकर साधक को व्यवहार करना चाहिये, अर्थात् सर्वदा पूर्णाहंभावरूप शिवस्वरूप में अवस्थित रहना चाहिये। इससे उसे बाह्य सन्ताप का कष्ट नहीं होगा।

ये पूर्वोक्त तीनों सङ्केत परशिष्यों से गोपनीय हैं। गोपनीय से गुह्य कहा है। अपने शिष्यों में भी कुछ ऐसे हों, जो केवल जप मात्र करते हों, न तो कर्मजाल या रहस्यज्ञान में उनकी प्रवृत्ति हो, उन्हें चुम्बक कहा जाता है। ये भी अयोग्य

हैं। कुछ ऐसे भी होते हैं कि अन्य शास्त्रों की तरह इस शास्त्र की पण्डिताई दिखाने के लिये ग्रहण करते हैं, उन्हें "लुब्धक" कहा गया है। वे भी अधिकारी नहीं हैं।

'अधिकारी शिष्य को भी शास्त्रीय नियमानुसार ही विद्या देनी चाहिये। यही गुरुरूपिणी भगवती का आदेश मुझे (परमशिव को) है" ऐसा स्वयं शास्त्रोपदेष्टा शिव कहते हैं।

नास्तिकों से तो चर्चा भी करनी वर्जित है। इस शास्त्र के अन्त में समस्त दोषों के परिहार के लिये भगवान् शिव स्वगुरुरूपिणी इच्छाशक्त्यात्मिका देवी का स्मरण करते हैं–

"एवं त्वयाऽहमाज्ञप्तो मदिच्छारूपया प्रभो" !

इन पूर्वोक्त सङ्केतत्रय के ज्ञानमार्ग से साधक योगिनियों की कृपा का पात्र होता है और उसके सभी अभीष्ट फल अनायास सिद्ध हो जाते हैं। अन्त में सर्वत्र अभेद-भावना को ही उपासना का लक्ष्य बताते हुए कहा है कि **"यतोऽपि दृश्यते देवि ! कथञ्चिन्न विकल्पयेत्"**। यही बात शिवसूत्रों में **"भूयः स्यात् प्रोक्तमीलनम्"** इन शब्दों से कही गई है। इस शास्त्र की गणना करते हुए आचार्य कहते हैं कि यह अष्टम पटल दो सौ बारह श्लोकों में है। सत्रह न्यून उत्तरचतुःशती है। दोनों चतुःशतियों का योग करने पर आठ सौ साढ़े तेरह श्लोक-संख्या होती है। उनमें **"गणेशग्रह नक्षत्र"** इत्यादि द्वादशश्लोकी मङ्गलाचरण रूप है तथा ग्रन्थ से बाहर है। **"यतोऽपि"** यह अन्तिम पाद भी ग्रन्थ से बहिर्भूत है, अतः "अष्टशती" यह समाख्या ठीक है। एकाध श्लोक कम-ज्यादा होना कोई दोष नहीं है। जैसा **"पञ्चाशल्लिपिभिः"** का अर्थ एकपञ्चाशत् होता है। **"तच्छक्तिपञ्चकं सृष्ट्य०"** यह श्लोक पूर्व तथा उत्तर तन्त्र में दो बार पठित है, उसमें एक की परिगणना नहीं की जायेगी।

इति श्रीभास्करोन्नीते नित्याषोडशिकाम्बुधेः।
व्याख्याने सेतुबन्धाख्ये विश्रामोऽभवदष्टमः॥

इसके आगे पाँच श्लोक आचार्य के परिचय तथा उपसंहार की आवश्यक सूचनाओं के लिये हैं–

श्रीविश्वामित्रवंश्यः शिवभजनपरो भारती सोमपीथी
काश्यां गम्भीरराजो बुधमणिरभवद्भास्करस्तस्य सूनुः॥
क्षेत्रे श्रीसप्तकोटीश्वरपुरि शिवरात्रौ शके शर्मचापे
नित्याषोडश्युदवत्परतटगतये सेतुमेतं न्यबध्नात्॥

श्रीविश्वामित्रगोत्र में उत्पन्न शिवपूजक सोमयाजी श्रीगम्भीरराज पण्डितश्रेष्ठ काशी में थे। भास्कर उनका पुत्र है। उसने श्रीसप्तकोटीश्वरपुर (गोवा) में

शिवरात्रि के दिन (शर्मचापशक-ई. १७४१) नित्याषोडाशकार्णव के पार जाने के लिये यह सेतु (पुल) बाँधा।

ज्येष्ठात्सतीर्थ्यात् सरहस्यमेतत् ससम्प्रदायं समधीत्य तन्त्रम्।
तन्त्राणि चान्यानि विचार्य टीकामेकामकार्षीद्भुवि भास्करार्यः॥

अपने एक ज्येष्ठ सतीर्थ्य (गुरुबन्धु) से रहस्यज्ञान तथा सम्प्रदायज्ञानपूर्वक ग्रन्थ का अध्ययन किया और अन्य तन्त्रों और शास्त्रों का भी विचार करने के बाद इस उत्तम टीका को श्रीभास्करार्य ने लिखा।

श्रुतिस्मृतिन्यायपुराणतन्त्रसूत्रागमश्रीगुरुसम्प्रदायान्। भोजन,
निर्मथ्य निश्चित्य कृताऽपि टीका शोध्यैव विद्भिर्मयि हार्दवद्भिः॥

इस टीका के लेखन में श्रुति, स्मृति, न्याय, पुराण, तन्त्र, सूत्र, आगम तथा श्रीगुरुसम्प्रदाय से सहायता ली गई है। पूर्ण विचारों का मथन कर ही विषयों पर निश्चित मत लिखा गया है। तो भी मेरे ऊपर स्नेह रखने वाले विद्वान् अवश्य त्रुटियों का शोधन करें।

प्रमादो मेऽवश्यं भवति मतिमान्द्यादलसतः
पदार्थन्यायानामपि दुरवगाहत्वनियमात्।
परं त्वन्तः सन्तः सदयहृदया नाथचरणा-
वुदारौ तस्मान्मे न खलु खलपापोभयभयम्॥

मेरी बुद्धि की कमी या आलस्य से कोई गलती हो सकती है; क्योंकि शास्त्रीय विषयों को यथार्थ समझना कठिन है; परन्तु जो सज्जन हैं, वे सर्वदा दयालु होते हैं और श्रीगुरुचरण सर्वदा उदारभाव से कृपा कर रहे हैं। अतः दुष्टों का और पाप का मुझे कोई भय नहीं है।

इसके आगे स्थान-देवता के सम्बन्ध में एक पद्य है—

अद्याप्यस्ति विपश्चितामपि महत्सन्देहकोटिद्वयं
यः श्रुत्या जगदीश्वरो निगदितः सप्तः किमप्तोऽथ सः।
तत्रेशः प्रथमैव कोटिरिति किं निश्चायनाय स्फुटं
नाम्नैव प्रथितोऽभवत्परशिवः श्रीसप्तकोटीश्वरः॥

आज तक विद्वानों को भी महान् सन्देह है कि श्रुति ने जो जगदीश्वर कहा है, वह "प्ता" (जटा) से युक्त है या जटा से रहित है। उसमें जगदीश्वर प्रथम कोटि में ही है, अर्थात् जटायुक्त ही है, इसका निश्चय सिद्ध करने के लिये इस क्षेत्र में भगवान् शिव सप्तकोटीश्वर नाम से प्रकट हुए।



चक्रेशमस्थापयदेष काश्यां गम्भीरनाथं किल कोङ्कणेषु ।
मूलह्लदे श्रीमति पाण्डुरङ्गं कामेश्वरं नाम च सेतुबन्धे ॥
—भास्करविलासे (श्लो. ३६)

परिशिष्ट १

श्रीभास्करराय जी के सामाजिक महत्त्वपूर्ण कार्य

निम्नांकित बातें श्रीजगन्नाथ शुक्ल विरचित भास्कर-विलास काव्य से तथा अन्य विद्वज्जनों की परम्परागत प्रसिद्धि से भी ज्ञात होती हैं–

१–श्रीभास्करराय जी ने सात वर्ष की अवस्था में किसी राजा की सभा में पाण्डित्यपूर्ण उक्ति से शास्त्रविषयक शङ्का का समाधान किया था।

२–लुप्तप्राय होने वाले अथर्ववेद का यथाविधि ग्रहण कर उसकी परम्परा का पुनः प्रवर्तन किया। इस सम्बन्ध में ज्ञातव्य है कि प्राचीन काल में राजा लोग अपने राज्य में अथर्ववेदी पुरोहित को रखते थे, जो आने वाली दैवी और मानुषी आपदाओं से जनता की रक्षा कर सके। श्रीभास्करराय की परम्परा के ही अथर्ववेदी अग्निहोत्री को सुप्रसिद्ध महादाजी सिन्धिया (ग्वालियर के राजा) ने अपने राज्य में बसाया था, जिनका वंश आज भी विद्यमान है।

३–किसी कारण उस समय देवीभागवत का प्रचार बन्द हो गया था। उस ग्रन्थ को आचार्य ने लाकर भक्तों में उसका प्रचार कराया।

४–वाल्मीकि-रामायण के विलुप्त अष्टम अद्भुत काण्ड का भी उद्धार आचार्य ने किया।

५–आचार्य यात्रा करते हुए जगह-जगह अन्न-दान करते थे तथा मार्ग में उन्होंने यात्रियों के सुविधा के लिये जलाशयों का निर्माण कराया था।

६–आचार्य तथा उनके परिवार ने भारतवर्ष के चार स्थानों में शिवलिङ्ग स्थापित किये थे। काशी में–चक्रेश्वर (अन्नपूर्णा मन्दिर में), कोङ्कण में गम्भीरनाथ शिव (पिता के नाम से), मूलह्रद (मुलुमुडु) स्थान में पाण्डुरङ्गेश्वर (पाण्डुरङ्ग इनके पुत्र का नाम है) तथा रामेश्वर में वज्रेश्वर शिव स्थापित किये।

७–आन्ध्र प्रदेश के अन्तर्गत "सन्नति" नामक प्रसिद्ध क्षेत्र में अपनी कुल-देवता श्रीचन्द्रला भगवती का मन्दिर श्रीचक्र के आकार में निर्मित किया।

८–चोल प्रदेश के अन्तर्गत कहोलेश भगवान् की उत्सव-परम्परा का प्रवर्तन किया।

९–श्रीभास्करराय जी की ज्येष्ठ पत्नी ने कावेरी के तट पर (तञ्जौर के निकट) राजा से प्राप्त अग्रहार भूमि में श्रीभास्करेश्वर शिव और पार्वती की प्रतिष्ठा की।

१०–वाराणसी में पञ्चगङ्गाघाट पर बालाजी मन्दिर के नीचे की मञ्जिल में "पातालेश्वर" नामक शिवलिङ्ग है, जिस पर श्रीचक्र है। उसके निकट कुछ मानव-मुखाकृति पाषाणों की हैं। मेरा अनुमान है कि यह भी श्रीभास्करराय जी की कृति होगी।

श्रीभास्करराय दीक्षित का अखिल भारतीय पर्यटन चलता था, इस प्रसङ्ग में उनके अनेक शिष्य हुए। उनके आदेश से विभिन्न विस्तृत तथा संक्षिप्त पूजापद्धतियाँ भी लिखी गईं, जिनमें से कुछ प्राप्त होती हैं। उनके उत्तर भारत के एक पण्डित-शिष्य का भी गुरुपरम्परा में उल्लेख है।

●

परिशिष्ट २
आचार्य के कतिपय ग्रन्थों का परिचय

पूर्वमीमांसावादकुतूहलम्

इस ग्रन्थ में श्रीभास्करराय तथा उनके गुरु-पुत्र श्रीस्वामिशास्त्री के बीच परस्पर पत्रव्यवहार के रूप में जो कौतुकपूर्ण शास्त्रार्थ हुआ था, उसका विवरण है। दक्षिण प्रान्त में कोई मल्लिकार्जुन नामक राजा था। उसकी सभा में पण्डितों के शास्त्रार्थ आदि होते थे किसी समय श्रीभास्करराय जी और श्रीस्वामि शास्त्री जी दोनों वहाँ उपस्थित थे। राजा ने इन दोनों को परस्पर शास्त्रार्थ करने की प्रार्थना की, परन्तु श्रीभास्करराय ने सोचा कि गुरु-पुत्र से शास्त्रार्थ करना ठीक न होगा। शास्त्रार्थ में आवेश में कोई अनुचित बात भी मुँह से निकल जाती है। श्रीगुरुपुत्र भी पूज्य हैं। अतः उन्होंने सुझाव दिया कि प्रश्नोत्तर के रूप में पत्र-व्यवहार किया जावे और अनायास उससे ग्रन्थ बन जायेगा। यह ग्रन्थ अभी मुद्रित नहीं है। सरस्वती-भवन वाराणसी में इसकी पाण्डुलिपि वर्तमान है। इसका विषय पूर्वमीमांसा में "सोमेन यजेत" इस वाक्य की मत्वर्थीय लक्षणा है।

इस ग्रन्थ के आदि और अन्त में कुछ श्लोक हैं, जिनसे पर्याप्त प्रकाश मिलता है। इस प्रसङ्ग को आचार्य ने लिखा है–

विद्वद्वल्लभमल्लिकार्जुनमहीपालं तदीयामलं-
कुर्वाणं समितिं निजं गुरुसुतं द्रष्टुं चिरादागते।
श्रीमद्भास्कररायनामनि बुधे राज्ञा सुविज्ञापितौ
कुर्वाते कुतुकेन कामपि कथां तौ स्पर्धमानाविव॥
श्रीनृसिंहगुरुणाऽनुगृहीतौ स्वामिशास्त्रिबुधभास्कररायौ।
यां कथां रचयतः कृतिनस्तांदोषदृष्टिविधुराः कलयन्तु॥

यह शास्त्रार्थ दोनों सहाध्यायियों का विनोद मात्र था। अन्त में अपने गुरुपुत्र की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए श्रीभास्करराय जी ने गुरुभक्ति का निर्वाह किया है। स्वामिशास्त्री भी बहुत बड़े पण्डित थे। उनके विषय में आचार्य ने लिखा है कि मल्ल राजा की सभा में रघुनाथ भट्टारक नामक माध्व-सम्प्रदाय के यति को अपने वैदुष्य-बल से स्वामिशास्त्री ने पराजित कर उसकी दिन में जलने वाली मशाल और उसकी उपाधियाँ छीन ली थीं।

वस्तुतः गुरुपुत्र से आचार्य का पाण्डित्य उत्कृष्ट था; परन्तु उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिये पुनः-पुनः उनकी प्रशंसा की है। ये स्वामिशास्त्री श्रीनृसिंहाध्वरी जी के सुपुत्र थे। श्रीभास्करराय जी ने प्राचीन शास्त्रीय पक्ष गुरुपुत्र को दिया तथा

नवीन कल्पना करने का पक्ष अपने लिये चुना था । बहुत सुन्दर एक श्लोक दिया है–

गुरुगोत्रोदिता गङ्गा यमुना भास्करोदिता ।
सुकृत्येकावगाह्याऽस्ति यत्र रक्ता सरस्वती ॥

अपनी कल्पना-कोटि को अन्त में रखने का कारण आचार्य ने लिखा है कि छात्र को अन्तेवासी कहा गया है, अतः मेरी कोटि गुरुपुत्र की अन्तेवासी बनी है । इस प्रकार प्रश्नोत्तर शैली का ग्रन्थ लिखकर आचार्य ने एक नवीन शैली की प्रतिष्ठा की है । "श्रीभास्करविलास" में इस विषय में जगन्नाथ शुक्ल का पद्य है–

पूर्वमीमांसाकाग्रसरैःश्लाघितः पूर्वमीमांसयोद्दामकक्ष्याकुलम् ।
वादकौतूहलं नाम चक्रे कृती वादकौतूहली सूनुनाऽसौ गुरोः ॥

चन्द्रलाम्बामाहात्म्यम्

श्रीभास्करराय जी की कुलदेवता चन्द्रला देवी थीं, जिनका स्थान आन्ध्र प्रदेश में "सन्नति" नामक क्षेत्र में है, यह पहले लिखा गया है । इस देवता का स्कन्द-पुराण में माहात्म्य है । स्वभावतः इसकी व्याख्या करना आचार्य का कर्त्तव्य था । यद्यपि जगन्नाथ "वह व्याख्या श्रीभास्करराय ने की" ऐसा लिखते हैं ; परन्तु अन्य कार्यों में व्यस्त होने से उन्होंने अपने दो योग्य शिष्यों को इसकी व्याख्या लिखने के लिये आज्ञा दी थी ।

इसके प्रथम स्कन्ध की टीका के अन्त में दिये श्लोक से यह बात प्रमाणित होती है–

श्रीगम्भीरतनूजभास्करबुधप्रष्ठाग्निचिच्छिष्ययोः
सुब्रह्मण्यमनीषिपण्डितजगन्नाथैकनाम्नोः कृतौ ।
सन्नत्याश्रितचन्द्रलाभगवतीमाहात्म्यटीकाविधौ
स्कन्धः क्षेत्रपदोदितः सुललितः पूर्णोऽयमाद्योऽभवत् ॥

सन्नति क्षेत्र के परम्परानुसारी कुछ भक्तों ने वाराणसी के एक-दो पण्डितों से उसका मराठी में अनुवाद कराना प्रारम्भ किया है, जिसमें मेरे एक सुयोग्य शिष्य जनार्दन शास्त्री रटाटे भी कार्य कर रहे हैं ।

भाट्टचन्द्रिका

मीमांसाशास्त्र के जैमिनि विरचित सूत्रों के बारह अध्यायों पर खण्डदेव ने "भाट्टदीपिका" नामक टीका लिखी थी । खण्डदेव (ई. १६५७ के लगभग) अपने समय के प्रसिद्ध विद्वान् थे; परन्तु इसके आगे के अवशिष्ट चार अध्यायों की व्याख्या खण्डदेव ने नहीं लिखी । इस पर शाबर भाष्य था, ऐसा भी विद्वानों का मत है; परन्तु वह उपलब्ध नहीं है । श्रीभास्करराय जी ने उन चार अध्यायों पर अपनी टीका लिखी, इसको 'सङ्कर्षकाण्ड' कहा जाता है । श्रीभास्करराय इसके

प्रारम्भ में लिखते हैं–"इस प्रकार बारह अध्यायों से प्रकृति-विकृति भेद के द्वारा कतिपय न्यायों से संशोधन करने के बाद उन्हीं न्यायों से इतस्ततः बिखरे हुए वेद-वाक्यों को विषयानुसार निष्कर्ष रूप से प्रतिपादन करने के लिये यह "चतुरध्यायी" प्रारम्भ की जा रही है। इसलिये इस सङ्कर्षकाण्ड में प्रत्येक अधिकरण में सङ्गति की अपेक्षा नहीं है। यद्यपि मीमांसाशास्त्र मूर्तिमती देवता को नहीं मानता; परन्तु इस काण्ड में कहीं-कहीं ऐसे प्रसङ्ग आते हैं, जिससे विग्रहवती देवता को भी स्वीकार करना पड़ता है। सोलहवें अध्याय के "यस्यै" एवं "वा" इन दो सूत्रों पर व्याख्या करते हुए **"यस्यै देवतायै वषट् कुर्यात् तां ध्यायेत्"** इत्यादि विचार करते हुए पूर्वपक्ष में देवता को माना है; परन्तु उसका अर्थवाद में अन्तर्भाव करते हुए **"तस्माद्देवतारूपः शब्द एव ध्यातव्यः"** यही सिद्धान्त अन्त में माना है। इस टीका में मीमांसाविषयक अनेक शङ्काओं पर सुन्दर विचार किया गया है।

अन्त में कुछ श्लोक इस प्रकार हैं–

जैमिनेर्विमलसूक्तितटिन्यां मग्नमाप शुचितां मम चेतः।
तेन खेलतु पिनाकिपदाब्जे येन जन्मनिवहो न पुनः स्यात्॥

